abjectedness –'टि`ड्-नि`स् n. ABJECTION; नीच स्थिति^F^, हीनावस्था^F^।
abjection, abjectness ॲब्जे`क्'शॅन्, –नि`स् nn. (वन०) **अपक्षेप**, अधोगति^F^, अपकर्ष, निकृष्टता^F^, अधमता^F^, निकृष्ट दशा^F^, अवकृष्ट अवस्था^F^, निम्न स्थिति^F^, नीचता^F^, नीच दशा^F^, कमीनापन; (शिक्षा०) **दीनता^F^, दैन्य**, उत्साह-हीनता^F^।
abjoint ॲब्जाऍन्ट्' v.t. उच्छेद करना, काटना।
abjudicate ॲब्जू'डिकेट् v.t. न्याय करना।
abjunction ऐब्जंक्'शॅन् n. उच्छेदन, कटाई^F^।
abjuration ऐब्जुअॅरे`शॅन् n. संत्याग, (का०) **सशपथ त्याग**; प्रतीकार, प्रतिकथन, खण्डन।
abjuratory ॲब्जुअॅ'रॅटॅरि a. संत्यागी।
abjure –रॅ' v.t. संत्याग करना, सशपथ त्याग करना, शपथ^F^पर इनकार करना; स्वदेश-त्यागकी शपथ^F^ लेना; मुकरना; प्रतिषेध करना, खण्डन करना।
abjurement –'मॅन्ट् n. संत्याग, संन्यास, सशपथ त्याग।
abjurer –'रॅर् n. संत्याजक।
abl. ablative.
ablactate ॲब्लैक्'टेट् v.t. स्तन्य-त्याजन कराना, अपस्तनन करना, स्तन्यापनयन कराना, दूध छुड़ाना।
ablactation ऐब्लॅक्टे'शॅन् n. (शिक्षा०) स्तन्य-त्याजन, स्तन्य-निवृत्ति^F^, अपस्तनन, दूधका बन्द होना, दूध छुड़ाना, दूध छुड़ाई^F^।
ablation ऐब्ले'शॅन् n. (ऋतु०) **अपादान**, (शिक्षा०) **अपकर्तन**; अपसारण, अपहरण; (चि०) **अंगच्छेदन**, (विशे० शल्यचि०में) काटना, (चि०) शरीरके किसी अंगको काटकर अलग करना; (प्रा० भू०) **अपक्षरण**, (भूगर्भ०) क्षीणता,^F^ ह्रास, घिसना, चट्टान^F^का घुलना।
ablatious –शॅस् a. अपसारी, अपकर्तनशील, हटाऊ।
ablatival ऐब्लॅटाइ'वॅल् a. अपहारी; पृथक्कारक, बहिष्कारक।
ablative ऐब्'लॅटिव् a. & n. अपादान कारक, पंचमी विभक्ति^F^।
ablator ऐब्ले'टॅर् n. छेदक, छेदक यन्त्र, टोका।
ablaut ऐब्'लॉट् n. अपश्रुति^F^, अपध्वनि^F^; स्वर-सामंजस्य, स्वरक्रम।
ablaze ॲब्लेज्' adv. & pred. a. भासमान्, देदीप्यमान्, प्रदीप्त, प्रज्वलित, दीप्त, जलता-बलता, दमकता हुआ; क्रुद्ध, उत्तेजित।
able* ए'बॅल् a. क्षम, योग्य*, समर्थ, लायक, काबिल; दक्ष, प्रवीण, कुशल, चतुर, होशियार; शक्त, शक्ति-सम्पन्न, साधन-सम्पन्न; सामर्थ्यवान्, वैध (अधिकारी); (अथवा ~*bodied*) **समर्थांग**, सबल-शरीर, तगड़ा; ~bodied seaman **समर्थ नाविक**।
-able के योग्य (*comfort~, eat~*); अब क्रियाओं^F^ एवं संज्ञाओं^F^में भी प्रयुक्त (*bear~, get-at~, clubb~*)।
ablegate ऐब्'लिगॅट् n. पोपका दूत।
ablepsy ऐब्'ले`प्सि n. दृष्टिशून्यता^F^, अन्धापन।
ablequeation ॲब्ले`क्वि-ए'शॅन् n. (वन०) मूलोद्-घाटन, अनावरण।
ablocate ऐब्'लॅकेट् v.t., भाड़ेपर देना, किरायेपर उठना; = LEASE.
abloom ॲब्लूम्' adv. उत्फुल्ल, खिला हुआ।
abluent ऐब्'लुॲन्ट् a. & n. = DETERGENT.
ablush ॲब्लश्'adv. = BLUSHING.
ablution ॲब्लू'शॅन् n. (प्रायः ब० व०) संक्षालन, आचमन, परिमार्जन; अभिषेक, स्नान, नहलाई-धुलाई^F^; (sing. रोमन कैथोलिक संस्कारोंमें) प्रक्षालन, चरणामृत, धोवन।
ablutionary –नॅरि a. उपस्पर्शीय, शुद्धिविषयक; अभिषेक-विषयक, स्नान-सम्बन्धी।
abmodality ॲब्मॅडै'लिटि n. (शिक्षा०) **प्रकार-विच्युति^F^**।
abnegate ऐब्'निगेट् v.t. अपत्यक्त करना, त्यागना, छोड़ देना; अस्वीकार करना, मुकरना, इनकार करना।
abnegation –गे'शॅन् n. अपत्याग, (दर्श०) **त्याग**, परित्यजन; अस्वीकृति^F^, इनकार; सर्वत्याग, प्राणार्पण, आत्मोत्सर्ग, आत्मबलि^F^।
abnegative –'निगेटिव् a. अपप्रतिषेधी, अपत्यागी।
abnegator –टॅर् n. अपत्यक्ता।
abneural ॲब्न्यू'रॅल् a. अभिचेत, उपचेत, प्रतिपेशी।
abnormal ॲब्नॉर्'मॅल् a. स्तरच्युत, विरूप, अपरूप, **अप्रकृत**, अपप्रकृत, (रसा०, प्रा० भू०, चि०, भौ०) **अपसामान्य, असामान्य**, विसामान्य, असाधारण, **विषम**, अप्रसम, अस्वाभाविक; (कृषि०) **अनियमित, नियमविरुद्ध**; अनोखा;
~ demand, ~ milk, ~ number, ~ place, ~ presentation, ~ profit, ~ psychology, ~ valency.
abnormalism –लिज़्म् n. अपप्रकृतता^F^, असामान्यता;^F^ असाधारणतावाद, वैचित्र्यवाद, अनियमवादिता^F^; नियमविरोध।
abnormality, abnormity ऐब्नॉमै'लिटि, ॲब्नॉर्'-मिटि nn. अपप्रकृतत्व, (रसा०) **विसामान्यता^F^**, (चि०)

अपसामान्यता^F, स्तरच्युति^F, असाधारणता^F, वैचित्र्य, वैरूप्य, विलक्षणता^F, अस्वाभाविकता^F; अनियम, विधिविरोध।

abnormous ॲब्नॉर्'मॅस् a. (क्वचित्) असामान्य, असाधारण, गैरमामूली।

aboard ॲबोऑर्ड्' adv. & prep. जलयानपर, **पोतपर, जहाजपर, जहाजमें**, नाव^Fपर; गाड़ी^Fपर, ट्रेनपर ⊙; समीप, पास-पास, करीब; *fall* ~ (जहाजोंका) भिड़ जाना, लड़ पड़ना।

abode¹ ॲबोड्' n. **वास; आवास, वासस्थान,** आलय, निलय, गृह, घर; ठहरने या रहनेकी आदत^F वा अभ्यास; *to make* ~ बसना, रहना।

abode² दे० ABIDE¹।

abolish ॲबॉ'लिश्, v.t. (जमींदारी^F) उन्मूलन करना; उत्सादन करना, नाश करना, (प्रथा^F, रीति^F इत्यादि) **अन्त करना, समाप्त करना,** (विभाग, पद इत्यादि) **तोड़ना,** मिटाना, रद्द करना, हटाना।

abolishable –शॅबॅल् a. उन्मूलनीय, विनश्य, मिटा देने योग्य, हटाने लायक; (वन०) वर्धरुद्ध।

abolisher –शॅर् n. उत्सादक, उन्मूलक, नाशक, मिटा (हटा) देनेवाला।

abolishment –श्'मॅन्ट् n. विलोपन, **उन्मूलन,** उत्सादन, निवर्तन, निवारण, अन्तकरण; विलोप, **अन्त, समाप्ति^F, तोड़ना।**

abolition ॲबॅलि'शॅन् n. ABOLISHMENT; (~ *of slavery*) दास-प्रथोन्मूलन (विशे० नीग्रो जाति^Fकी); विलोपन, लोप; ~ of post **पद समाप्त करना, पद तोड़ना।**

abolitionism –निज़्म् n. दासप्रथोन्मूलनवाद, दासत्वविरोध।

abolitionist –निस्ट् n. दासप्रथाविरोधी, दास-प्रथोन्मूलनवादी।

abomasum ॲबोमे'सॅम् n. (कृषि०, जीव०) **चतुर्थ आमाशय, जठरका चतुर्थ कक्ष,** T.

abominable ॲबॉ'मिनॅबॅल् a. घृणार्ह, जघन्य, गर्हणीय, जुगुप्स्य, जुगुप्साकर; (नैतिक या शारीरिक दृष्टि^Fसे) अमंगल; (अतिशयोक्तियों^Fमें) अत्यन्त अप्रिय, निन्द्य।

abominableness –नॅस् n. घृणार्हता^F, जघन्यता^F, गर्हणीयता^F, गर्हा^F, जुगुप्स्यता^F, घिनौनापन; अमांगल्य, अमंगल।

abominate¹ –नेट् v.t. घृणा^F करना, गर्हा^F करना, जुगुप्सा^F करना, नफरत^Fकरना; (अतिशयोक्तियों^Fमें) निन्दित समझना, नापसन्द करना।

abominate² –नॅट् a. (का०) घृणित, गर्हित, जुगुप्सित, निन्दित, तिरस्कृत।

abomination –ने'शॅन् n. घृणा^F, गर्हा^F, जुगुप्सा^F, घिन^F; घृण्य या तिरस्कार्य वस्तु^F; घृण्य या नीच प्रवृत्ति^F या कार्य।

abominator –मिनेटॅर् a. जुगुप्सक, घृणाकर, तिरस्कर्ता।

a bon droit† (F) न्यायतः।

a bon marche† (F) adv. लाभसे, मुनाफेसे।

abonnement† (F) n. शुल्क, चन्दा।

abor. aborigines; aboriginal.

aboral ॲबो'रॅल् a. (जीव०) **अपमुख, अपमुखीय;** ~ arch, ~ cilia, ~ view.

aboriginal¹ ॲबॅरि'जिनॅल् n. **आदिवासी,** मूलनिवासी; मूलवस्तु^F; आदिम जातियाँ^F।

aboriginal² a. **आद्य, आदिवासी** (~ *family,* ~ *tribe*), **आदिम,** मूल; वनवासी, जंगली; उपनिवेशियोंके पूर्ववर्ती।

aboriginalism –लिज़्म् n. आदिवासितावाद, मूलवासिवाद; मूलनिवासाधिकार, मूलनिवासियोंकी समुचित मान्यता^F।

aboriginality –नै'लिटि n. आदिकालीनता^F, आदिवासीपन, देसीपन।

ab origine† (L) adv. मूलतः, आरम्भसे।

aboriginee ॲबॅरि'जिनी n. आदिवासी, देशज; वनवासी।

aborigines –ज़् n. (sing. *aboriginee*) (इति०) **आदिवासी जातियाँ**^F; दे० ABORIGINAL¹।

abort ॲबॉर्ट्' v.t. & i (चि०) अकालप्रसव होना या कराना; भ्रूणपात करना या होना, गर्भपात होना; पेट गिरना या गिराना, बच्चा गिरना या गिराना; (चि०) रोगवृद्धि^F रोकना; (जीव०) विकासरोधन होना, विकास रुक जाना, विकास रोकना, उठान^F मारना, उठान^Fका मारा जाना, मुरझा जाना।

aborted –'टिड् a. अकालोत्पन्न, असमय प्रसूत; असामयिक; असफल; रुद्धविकास, अविकसित; (जीव०) आदिम, प्राथमिक, प्रारम्भिक।

aborticide –'टिसाइड् n. भ्रूणहनन, (गर्भाशयमें) गर्भहत्या^F, भ्रूणहत्या^F; भ्रूणघातक, गर्भनाशक।

abortifacient –टिफ़े'शॅन्ट् a. & n. भ्रूणघ्न (ओषधि^F), (चि०) गर्भस्रावक (औषध^F), (चि०) **गर्भपातक।**

abortion –र्'शॅन् n. गर्भस्राव, गर्भच्युति^F (चार मास तकके गर्भकी), गर्भपात, कच्चा, (जीव०, कृषि०, चि०) अवरोधन, (वन०) **अवर्धन, वर्धरोध,** वर्धविरोध, अवरुद्ध विकास; अविकसितता^F, विकृत जीव; (चि०) आदिरोधन, कार्यच्युति^F, विफलता^F।

abortionist –निस्ट् n. गर्भस्रावक, गर्भपाती (डाक्टर); अवर्धनवादी।

abortive –टिव् a. गर्भच्युत, अपक्वजन्मा, (का०) **अकालप्रसूत,** कच्चा; गर्भस्रावक, गर्भपाती; **निष्फल,** विफल, अफल, वन्ध्य, अकारथ; (वन०) **अवर्द्धित,** (वन०) **वर्धरुद्ध,** रुद्धविकास, अविकसित, अपुष्ट; (रोग निदान) अपूर्णकालिक, समयसे पूर्व ठीक होनेवाला; ~ child, ~ guidance, ~ medicine, ~ trial.

abortiveness –नॅस् n. गर्भच्युति^F, अपक्व जन्म^F, अकालप्रसव; निष्फलता^F, विफलता^F, अफलता^F, वन्ध्यता;^F वर्धरोध, अविकास, अपुष्टता^F।

abortment –ट्'मॅन्ट् n. (अप्र०) = ABORTION.
abortus –'टॅस् n. पतित भ्रूण।
aboulia ॲबॉउ'लिॲ n. = ABULIA.
abound ॲबाउन्ड्' v.i. प्रभूत होना, प्रचुर होना, सम्बहुल होना, भरपूर होना, काफी होना; सम्पन्न होना, धनी होना; किसी स्थानका भर जाना, भरा-पूरा होना; आप्लावित होना, छलकना, उबल पड़ना।
abounding –'डिंग् a. प्रभूत, प्रचुर, पर्याप्त, बहुत अधिक, समृद्ध, भरपूर (*The vicinity of the Himalayas is ~ in wild beasts)*।
about*[1] ॲबाउट्' adv. & prep. विषयमें, सम्बन्धमें, *बारेमें, बाबत; **माँच** (*~ ship*), **डेकसे ऊपर;** (परि०) **घूमकर,** चक्कर काटकर (*turn ~*); मुँह घुमाकर; हर ओर फिरकर (*read verse ~*); लगभग (*~ half*); समीप, करीब; अत्र-तत्र, इतस्ततः, इधर-उधर, यहाँ-वहाँ, हर कहीं; (किसी केन्द्रके) चारों ओर, इर्द-गिर्द (*look ~ you*); आस-पास (*fields ~ Allahabad University, ~ Law College Building*); फेरमें, चिन्तामें (*what are you ~*); -वाला (*I am ~ to say*); *~ turn* (सेना०) **पीछे मुड़ो;** *be ~* हिलना, करते चलना; *bring ~* कराना; *go ~* करने चलना।
about[2] v.t. (जलपोतकी दिशा^F) बदलकर मार्गपर चलाना; प्रतिमुख या प्रतिदिश चलाना।
above[1] ॲबव्' a. गत, पूर्व, पिछला, पहलेका; उपर्युक्त; उपरिलिखित; उपरि-;
~-cited, ~-given, ~-mentioned, ~-noted, ~-quoted, ~-said.
above[2] adv. ऊर्ध्व, ऊपर, ऊँचेपर, ऊँचाई^Fपर, सिरके ऊपर; बहावके ऊपरकी ओर; चढ़ावपर; स्वर्गमें, आकाशमें; *over and ~* अतिरिक्त, अलावा, साथ ही साथ।
above[3] –'बव् prep. पर, ऊपर (*~ criticism*), अधिक ऊँचा, सिरपरसे; *~ all* सर्वोपरि, अधिक महत्व-पूर्ण; *~board* a. adv. & prep. अगुप्त, अनावृत, प्रकट, खुला हुआ, साफ, ठीक, खरा; निष्कपट, निश्छल, प्रकट रूपसे, खुलमखुला, खुले तौरपर, सबके सामने; *~ ground* a. भूम्युपरिक, पृथ्वी^Fके ऊपर, मर्त्यलोकस्थ; प्राणोपेत, जानदार; *~ my understanding;* समझ^F के परे, पहुँच^Fके बाहर; *~ meanness* नीचता^Fसे परे; *~ par* (का०) **अधिक मूल्यपर, प्रत्यक्ष मूल्यसे ऊपर;** *~ the signature of* के हस्ताक्षर द्वारा।
ab ovo† (L) adv. आदितः, प्रारम्भ से।
ab ovo usque ad mala† (L) आदिसे अन्ततक।
Abp. Archbishop.
abr. abridged, abridgment.
abracadabra ॲब्रॅकॅडॅ'ब्रॅ n. निरर्थक शब्द-समष्टि^F, बड़बड़ाहट^F; मन्त्र, मन्तर, जादू, टोना; (मन्त्र या जादूके) अस्पष्ट बोल; कवच, यन्त्र, जन्तर।
abradant ॲब्रे'डॅन्ट् n. अपघर्षी, रगड़ीला।
abrade –ड्' v.t. अपघर्षण करना, रगड़^F डालना, घिसना, छील देना; (खाल^F आदिपर) खरोंच^F मारना, घाव कर देना।
abrader –'डॅर् n अपघर्षक, रगड़नेवाला।
abrading –डिंग् n. अपघर्षण, घिसाई^F, छिलाई^F, = EROSION.
Abraham-man ऐ'ब्रहैम्-मैन् n. (इति०) सोलहवीं शती ईसवी^Fका घुमक्कड़ भिखारी; झक्की, सनकी, पागल।
abranchiate, abranchial ॲब्रैन्'किॲट्, –किॲल्, n. (जीव०) अक्लोम, क्लोमहीन, बिना गलफड़ेका।
abrase ॲब्रेज़'(स्') v.t. दे० ABRADE.
abrasion –'ज़न् n. (रसा०, चि०, प्रा० भू०, परि०), **घर्षणक्षय, अपघर्ष, अवघर्षण,** घर्षण, (वाणि०) **घर्ष,** (परि०) घिसाव, घिसाई^F, घिस्सा, **रगड़**^F, छिलोर; (परि०) **घिसना,** छिलना; (खाल^F आदिका) आवात, घाव, खरोंच^F, जख्म।
abrasive[1] –'सिव् n. त्वचापघर्षक पदार्थ, खाल^F खरोंचने-वाली वस्तु^F।
abrasive[2] a. (रसा०, चि०, यंत्र०)**अवघर्षक**(*~ resistance*), **घर्षणकारी, अपघर्षी, घर्षी,** छीलनेवाला, खुरचनेवाला, घिसनेवाला, **रगड़नेवाला;** त्वग्विदारक।
abraxas ॲब्रैक्'सॅस् n. गंडा, तावीज^F।
abreaction ऐब्रि ऐक्'शॅन् n. (मनो०) **अनुप्रक्रिया**^F।
abreption ॲब्रे'प्'शॅन् n. अपहरण; वियोजन; वियोग, विछोड़ा।
abreast ॲब्रे'स्ट्' adv. पार्श्वतः, पार्श्वानुपार्श्व, एक साथ, साथ-साथ, पास-पास, **के बराबर**।
abrege† (F) n. संक्षेप।
abreuvoir† (F) n. पशु-जलाशय।
abridge ॲब्रिज्' v.t. संक्षिप्त करना, (का०) **संक्षेप करना, न्यून करना,** छोटा करना, घटाना, **कम करना;** (अधिकार या वस्तु^Fसे) वंचित करना, रहित करना, हीन करना।
abridged –ड्' a. **संक्षिप्त** (*~ notation*), छोटा।
abridgement, —gment –ज्'मॅन्ट् n. (का०) संक्षेप, **संक्षेपण,** प्रतिह्रास, प्रतिह्रासन, (का०) कमी, घटाव, घटी^F; *~ of damages* हानिपूर्ति^Fका **न्यूनन**।
abridger –'जॅर् n. संक्षेपक।
abrin ऐ'ब्रिन् n. (चि०) **गुंजाविष,** T.
abroach ॲब्रोच्' a. निविद्ध, खुला, खुले मुँह।
abroad[1] ॲब्रॉड्' n. विदेश, परदेश, अन्य देश, सुदूर स्थान, (*he's come from ~*)।
abroad[2] adv. आस्तीर्ण, विस्तृत, फैली हुई; सर्वत्र, इधर-उधर, सब दिशाओं^Fमें; विदेशमें, बाहर; अशुद्ध, अण्ट-सण्ट, कुछका कुछ, गलत-सलत।
abrogable ऐब्'रॅगॅबॅल् a. (का०) **निराकरणीय,** निराकार्य, अभिनिषेध्य।
abrogate –गेट् v.t. उत्सादन करना, (का०) **निराकरण करना,** अभिनिषेध करना, रद्द करना, हटा देना।
abrogated –टि'ड् a. उत्सादित, **निराकृत,** अभिनिषिद्ध, रद्द, हटाया हुआ।
abrogation –गे'शॅन् n. उत्सादन, निराकृति,^F (का०,

राज०) **निराकरण**, अभिनिषेध, अपाकरण, रद्द करना।
abrogative –'रॅगेटिव् a. (का०) **निराकारी**, उत्सादक, निराकरणोन्मुख, रद्द करनेवाला।
abrogator –टॅर् n. (का०) **निराकर्त्ता**।
abrupt ॲब्रप्ट् a. प्रवण, विषम, त्रुटित, दुरारोह; ससम्भ्रम, अप्रत्याशित, आकस्मिक; असंगत, असम्बद्ध, भग्न, बेढंगा, कतरा हुआ, छँटा हुआ।
abruption –प्'शॅन् n. (समग्रसे किसी भागका) पृथक्करण, अलगाव; काट^F, छाँट^F।
abruptly –प्ट्'लि adv. सहसा, अकस्मात्, अचानक, एकाएक; झुके हुए; ढलते हुए।
abruptness –'निॅस् n. अप्रत्याशितता^F, आकस्मिकता^F; असम्बद्धता^F, असंगति^F; लम्बत्व,ढालूपन; बेढंगापन।
Abrus ॲब्रस् n. (वन०) **गुंजा**^F, T.; ~precatorious (वन०) **घुँघची**^F, T.
A. B. S. American Bible Society.
abs- दे० AB'. (*~tain, ~tract*)।
abs., absol. absolutely.
abs., abstr. abstract.
abscess ॲब्'सेॅस् n. (चि०) विद्रधि, (चि०) सत्रय गुहा^F, (चि०) **फोड़ा**, पीपदार फोड़ा।
abscind ॲब्'सिंड v.t. विच्छिन्न कर देना, काट देना, अलग कर देना, छाँटना, उड़ा देना।
abscissa ॲब्'सिसे n. (बहुव० *abscises, abscissae*) सूच्याकार भुज, (भौ०, ग०) भुजांक, **भुज**।
abscised –ज़्ड् a. (वन०) **वियोजित** (*~ branch*)।
abscission ॲब्सि'शन् n. संवियोजन, (वन०, रसा०, कृषि०) **वियोजन** (*~ zone*), (चि०) अपच्छेदन, विच्छेदन, अंग-विच्छेद, अलगाव, काट^F, चीर-फाड़^F।
abscond ॲब्स्कॉन्ड् v.i. अपपलायन करना, (का०) **प्रपलायन होना**, अपगोपन करना, (कृषि०) भाग जाना, ले भागना, **उड़ जाना**, **फरार होना**।
absconded –'डिॅड् a. अपपलायित, अपगुप्त, फरार।
abscondence –डॅन्स् n. अपपलायन, पलायनशीलता^F, फरारी^F।
absconder –डॅर् n. अपपलायक, अपगोप्ता, **अपपलायी**, पलायी, भगोड़ा, **फरार**।
absconding –डिंग् a. अपपलायी, अपगुप्त, फरार, (*~ debtor, ~ offender*)।
absence ॲब्'सॅन्स् n. (का०, दर्श०) **अनुपस्थिति**^F, (का०) **गैरहाजिरी**^F; असन्निधि^F, वियोग, विरह, विछोह; (दर्श०) **अभाव**, कमी^F (*~ of defects*); शून्य, शून्य स्थान, रिक्त स्थान; मनोभ्रम, अमनोयोग, अमनस्कता^F; अन्यमनस्कता^F; ~ of mind **शून्यमनस्कता**^F।
absent[1] –न्ट् a. **अनुपस्थित**, प्रोषित, अवर्तमान, अविद्यमान, **गैरहाजिर**; **अमनस्क**, अनवधान, अचेत, भ्रान्त, खोया-खोया; ~ condition **अनुपस्थित उपाधि**^F।
absent[2] ॲब्सॅन्ट् v.t. अनुपस्थित होना या रखना, गैरहाजिर होना या करना।
absentee –न्टी n. (का०) **अनुपस्थाता**, **अनुपस्थित**, अनुपस्थायी, अनुपस्थित व्यक्ति, अदेशस्थ पुरुष, अन्यत्रवासी; ~ allowance, ~ capitalism, ~ interview, ~ landlord, ~ landlordism, ~ statement, ~ voting.
absenteeism –'इज़्म् n. अनुपस्थायिता^F, (अर्थ०) **अनुपस्थिति**^F, अन्यत्रवासिता^F।
absente reo† (L) अभियुक्तकी अनुपस्थिति^F में।
absentminded ॲब्'सॅन्ट्-माइन्'डिॅड् a. अनवधान, (शिक्षा०) **अन्यमनस्क**, **विमनस्क**; शून्यमनस्क, भ्रान्तचित्त, खोया-खोया, अनमना, वेध्यान।
absentmindedness –निॅस् n. अनवधानता^F, (शिक्षा०) **अन्यमनस्कता**^F, **विमनस्कता**^F; शून्यमनस्कता^F, भ्रान्तचित्तता^F, खोयापन^F।
absentness –'सॅन्ट्-निॅस् n. अनुपस्थिति^F, अविद्यमानता^F, अवर्तमानता^F; = ABSENCE; मनोभ्रम।
abs. feb. *absente febre*, while fever is absent.
absidal = APSIDAL.
absinth, absinthe[1] ॲब्'सिंथ् nn. कृमिद्रु, चिरायता; कृमिद्रु-आसव, चिरायतेकी शराब^F; (चि०) अफसंतीनका सुगंध पेय।
absinthiate –थिॲट् v.t. चिरायता भरना।
absinthiated –टिॅड् a. कृमिद्रुयुक्त, चिरायतेवाला; कटु, कड़ुआ; (चि०) अफसंतीनसे युक्त।
absit invidia† (L) adv. ईर्ष्या^F त्यागकर, शत्रुता^F दूर रखकर।
absit omen† (L) ईश्वर करे मेरा भविष्य प्रमाणित न हो, अपशकुन दूर हो।
absolute ॲब्'सॅलू(ल्यू)ट् a. प्रकेवल, केवल, **परिशुद्ध**; (मनो०, रसा०, ग०) **परम**, **पूर्ण**, सम्पूर्ण, **निरपेक्ष**, (ज्या०, रसा०), असीम, अबाधित, मुक्त; शुद्ध, अमिश्रित, खालिस; नितान्त; **एकान्तिक**, स्वतन्त्र, स्वाधीन; **चरम**, **अन्तिम**; **निरंकुश**, स्वेच्छाचारी; अप्रचलित; स्वयंभूत, स्वतःचिन्त्य; (ग०) अचर, स्थिर; ~ conviction दृढ़ सम्प्रत्यय; (का०) **दृढ़ धारणा**^F, **पूर्ण विश्वास**, पक्का विश्वास, ~ ego परमात्म तत्त्व; विश्वात्मा; ~ idea अत्यन्त-भावना^F; ~ music शुद्ध या स्वच्छ वाद्य-संगीत; ~ negation अत्यंताभाव; ~ temperature (भौ०) **परम ताप**, हिमांकसे न प्रारम्भ करके परम शून्यसे = डिग्री सेन्टीग्रेडमें; ~ term **अचर पद**, **स्थिर पद**; the ~ परब्रह्म, निरपेक्ष विचार या पदार्थ; ~ zero (ग०, भौ०) **परमशून्य**, परमतापके मापक्रमपरका शून्य; ~ acceptance, ~ advantage, ~ age, ~ alcohol, ~ ampere, ~ assignment, ~ authority, ~ beauty, ~ capacity, ~ ceiling, ~ co-efficient, ~ contract, ~ convergence, ~ conveyance, ~ darkness, ~ date, ~ dating, ~ density, ~ deviation, ~ discretion, ~ electrometer, ~ error, ~ estate, ~ ethics, ~ extreme, ~ geometry, ~ historigram, ~ humidity,

~ idealism, ~ impression, ~ instability, ~ invariant, ~ law, ~ magnitude, ~ measurement, ~ moment, ~ monarch, ~ monopoly, ~ motion, ~ necessary, ~ observation, ~ occupancy, ~ owner, ~ ownership, ~ parallax, ~ permittivity, ~ pitch, ~ position, ~ pressure, ~ priority, ~ range, ~ rent, ~ right, ~ scale, ~ scaling, ~ scarcity, ~ sensitivity, ~ spirit, ~ standard, ~ symmetry, ~ title, ~ unit, ~ value, ~ variability, ~viscosity, ~ volume, ~ weight.

absolutely –लि adv. नितान्त, सर्वथा, परम; स्वतः, स्वयं, अपने-आप; निरपेक्षतः, बिना शर्त^{F}के; (बोल०) बिलकुल, ऐसा, हाँ, जी हाँ; सर्वथा; वस्तुतः, अन्ततः, फलतः, सम्पूर्णतः, पूर्णतः, निपट, पूरी तरह, बिलकुल।

absoluteness –ट्-निस् n. निरपेक्षता^{F}, परिशुद्धि^{F}, निरंकुशता^{F}, स्वेच्छाचारिता^{F}; असीमता^{F}, अबाधिता^{F}, ध्रुवत्व, निश्चितता^{F}, (राज०) परिपूर्णता^{F}, **सम्पूर्णता**^{F}।

absolution –लू'शन् n. **निर्मुक्ति**^{F}, विमोक्ष, अपमोचन, अपमुक्ति^{F}, निस्तार, छुटकारा, रिहाई^F; दोषमुक्ति^{F}, पापमोचन, उद्धार, क्षमा^{F}, माफी^{F}।

absolutism –'सॅल्यू(लू)टिज़्म् n. मोक्षवाद; (धर्म०) निरपेक्षवाद, परमवाद, **निरपेक्षतावाद**, (राज०) स्वैरितावाद, निरंकुशशासनवाद, परमशक्तिवाद।

absolutist –टिस्ट् n. निरपेक्षवादी, परमवादी, मोक्षवादी, स्वैरितावादी, निरंकुशशासनवादी, परमशक्तिवादी; ब्रह्मवादी।

absolutistic –'टिक् a. निरपेक्ष, परमनिरपेक्षवादी, परमवादी; ब्रह्मवादी।

absolvatory ॲब्ज़ॉल्'वॅटॅरि a. अपमोची, निस्तारक।

absolve ॲब्सॉ(ज़ॉ)ल्व्' v.t. **विमुक्त करना**, अपमोचन करना, दोषमुक्त करना, आमुक्त करना, मुक्ति^{F} देना, क्षमा^{F} करना, छुटकारा देना, छोड़ देना, बरी करना।

absolved –ड्' a. **विमुक्त**, अपमुक्त, दोषमुक्त, बरी।

absolver –'वॅर् n. अपमोचक, निर्मोचक, पापमोचक, (दोषसे) निर्मुक्त करनेवाला।

absonant ॲब्'सॅनॅन्ट् a. विरुद्ध, अयुक्तियुक्त।

absonous –नॅस् a. विरुद्ध; निरर्थक।

absorb ॲब्सॉर्ब्' v.t.(चि०, रसा०) **अवशोषण करना**, प्रचूषण करना, शोषित करना, चूसना, **सोख लेना**, सोखना; ग्रसना, निगल जाना; तन्मय करना, आत्मसात् करना, लीन करना, घुला-मिला लेना; संविलीन करना, समा लेना, खपा लेना।

absorbability –बॅबि'लिटि n. अवशोषणीयता^{F}, अवशोषणशक्ति^{F}, प्रचूषणीयता^{F}, समाई^F।

absorbable –'बॅबॅल् a. अवशोष्य, प्रचूषणीय, चूसने योग्य।

absorbance –बॅन्स् n. (रसा०) **अवशोषणांक**।

absorbate –बॅट् a. (रसा०) **अवशोष्य**।

absorbed –ड्' a. (रसा०) **अवशोषित** (~ *dose*, ~ *energy*), प्रचूषित, (भौ०) **अधिशोषित**, चूसा हुआ।

absorbefacient –बिफ़े'शॅन्ट् a. & n. अवशोषी, प्रचूषी (ओषधि^{F})· (फोड़ेको) सुखानेवाली (ओषधि^{F})।

absorbency –'बॅन्सि n. प्रचूषत्व, प्रचूषिता^{F}, (रसा०) **अवशोषकता**^{F}, **आपेक्षिक अवशोषणांक**।

absorbent –न्ट् a. & n. (चि०, रसा०) **अवशोषक** या प्रचूषक (पदार्थ), (भौ०) अधिशोषक, (~ *cotton*) शोषणकारी (वस्तु^{F}); (n.) ऊर्णा, ऊन ⊙।

absorber –बॅर् n. (रसा०, भौ०) **अवशोषक**, (विद्यु०, प्रा० भू०) **अवशोषी** (~ *circuit*); **अवशोषित्र**; प्रचूषक, सोखता।

absorbing[1] –बिंग् n. प्रचूषण, समाई^F।

absorbing[2] a. **अवशोषक** (~ *power*, ~ *state*), प्रचूषक, शोषक; आकर्षक, मनमोहक, मनोहारी।

absorbiometer –बिऑ'मिटॅर् n. (रसा०) **अवशोषणमापी**।

absorptance –सॉर्प'टॅन्स् n. प्रचूषिता^{F}; (भौ०, चि०) **अवशोषकता**^{F}; **अवशोषण-क्षमता**^{F}; ABSORPTION.

absorptiometer –र्प्शिऑ'मिटॅर् n. (रसा०) **अवशोषणमापी**।

absorption –'शॅन् n. **अवशोषण**, प्रचूषण, (वाणि०, का०) **अन्तर्लयन**, (राज०) **विलयन (राज्यका)**, संविलयन, मिलाना; निमग्नता^{F}, (मनो०, शिक्षा०) **तल्लीनता**^{F}, तन्मयता^{F}, ध्यानमग्नता^{F}; (शिक्षा०) निवेश; (दर्श०)**लय**^{F}, धुन^F, लगन^F;

~ apparatus, ~ bands, ~ blocks, ~ bulb, ~ cell, ~ circuit, ~ coefficient, ~ column, ~ control, ~ cross-section, ~ current, ~ curve, ~ digit, ~ discontinuity, ~ dynamometer, ~ edges. ~ factor, ~ law, ~ limit, ~ lines, ~ loss, ~ mat, ~ pipette, ~ pit, ~ potential, ~ screen, ~ spectrum, ~ system, ~ terrace, ~ tube, ~ unit.

absorptive –'टिव् a. (वन०) **अवशोषक** (~ *root*), (चि०, कृषि०) **अवशोषी**, प्रचूषी, चूषणशील, शोषक।

absorptiveness –निस् n. अवशोषकता^{F}, प्रचूषिता^{F}, चूषणशीलता^{F}, शोषकता^{F}, समाई^F।

absorptivity –टि'विटि n. (भौ०) **अवशोषकता**^{F}, प्रचूषिता^{F}।

abs. re. *absente reo*, the accused being absent.

absque† (L) adv. (का०) **रहित**, **बिना**।

abstain ॲब्स्टेन्' v.i. परिवर्जन, (का०) **परहेज़ करना**, **बचाए रखना**, परे रहना, अलग रहना, अपनेको दूर रखना; स्कूलमें अनुपस्थित रहना; ~ *from drink* शराब^{F}से दूर रहना, शराब^F न पीना।

abstainer –'नॅर n. परिवर्जक, पानवर्जक, मद्य-त्यागी, शराब^F न पीनेवाला।

abstaining[1] –निंग् n. परिवर्जन।
abstaining[2] a. परिवर्जी, मद्य-त्यागी।
abstemious ॲब्स्टी'मिॲस् a. संयमी, जितेन्द्रिय, नियमित, मिताहारी, मिताचारी।
abstemiousness –निॅस् n. संयम, जितेन्द्रियता^F^, नियमितता^F^, मिताहारिता^F^, मिताचारिता^F^।
abstention ॲब्स्टे'न्‌'शॅन् n. = ABSTINENCE; संयमन; (का०) **परहेज़**; निवृत्ति^F^, विरति^F^, विराग; मतदान-का अप्रयोग।
abstentious –शॅस् a. व्रती, संयमशील, यतात्मा।
absterge ॲब्स्टर्ज' v.t. अपमार्जन करना, शोधना, पोंछ डालना, साफ कर देना।
abstergent –'जॅन्ट् a. & n. अपमार्जक, अपक्षालक, प्रक्षालक, परिष्कारक, स्वच्छकारी, रेचक या मलशोधक (ओषधि^F^)।
abstersion –'शॅन् n. अपमार्जन, स्वच्छता^F^, सफाई^F^; रेचन, मलशोधन।
abstersive –'सिव् a. अपमार्जी, = ABSTERGENT.
abstinence, -cy अैब्'स्टिनॅन्स्, –सि nn. परिवर्जन, (अर्थ०) **उपभोगस्थगन**, भोग-त्याग, भोगवर्जन, (दर्श०) **वर्जन, निवृत्ति**^F^, विरति^F^, संयम, इन्द्रिय-निग्रह, मिताचार; (चि०, का०) **परहेज़**; total ~ मद्य-त्याग, मद्यपान-त्याग।
abstinent –न्ट a. संयमी, मिताहारी, मिताचारी, संयत, भगत।
abstract[1] अैब्'स्ट्रैक्ट् n. (चि०) दुग्ध-शर्करा-मिश्रण; **सार** (~ *book*, ~ *sheet*) **सत्त्व**, भाव, **सारांश** (~ *of estimate*), निचोड़, संक्षेप, संक्षिप्ति^F^; सूक्ष्मीकरण, अमूर्त्तीकरण; अस्पष्ट शब्द; सार-सूची^F^; आदर्श; *in the* ~ निरपेक्ष रूपसे।
abstract[2] ॲब्स्ट्रैक्ट्' v.t. पृथक् करना, घटाना, (का०) **निकालना, चोरी**^F^**से निकालना**; संक्षिप्त करना; **सार तैयार करना**; (किसी वस्तु^F^से) ध्यान खींचना, (प्रत्यक्षसे अलग) समझना, परोक्षको समझना, अमूर्त्तपर सोचना, भावजगत्में विचरना; (वक्रोक्ति^F^) चुराना, छिपा देना।
abstract[3] अैब्'स्ट्रैक्ट् a. भाववाची; भावमय; (दर्श०) **गुणवाची**; परोक्ष, (ग०, भौ०) **अमूर्त्त**, अभौतिक (~ *idea*); दुर्ज्ञेय, गूढ़, दुरूह, अव्यक्त, दुर्बोध; आदर्श; निरपेक्ष, केवल, सामान्य, अविशेष, शुद्ध; अव्यावहारिक; **संक्षिप्त** (~ *budget*); काल्पनिक, कल्पित, असम्बद्ध; ~ knowledge भावनाज्ञान; ~ method **निगमन रीति**^F^; ~ noun भाववाचक संज्ञा^F^; ~ reasoning भावात्मक तर्क;
~ ability, ~ algebra, ~ duty, ~ geometry, ~ imagination, ~ number, ~ term, ~ thinking
abstracted ॲब्स्ट्रैक्'टिड् a. अनवधान, अनेकाग्र, अन्यमनस्क, बेसुध, बेखबर।
abstractedness –निॅस् n. अनवधानता^F^, अनेकाग्रता^F^, अन्यमनस्कता^F^, बेसुधी^F^, बेखबरी^F^।
abstraction –ट्रैक्'शॅन् n. अपकर्षण, (प्रा० भू०) **अपाकर्षण**; (शिक्षा०) **पृथक्करण**, विभेद, निःसृति^F^, अलगाव, खिंचाव; **सार** (~ *factor*), (शिक्षा०) **संक्षेप, सारांश**; (शिक्षा०) **विविक्ति**^F^; हरण, अपहरण, **चोरी**^F^, (आसव, शराब^F^ इत्यादि) **चोरी**^F^**से निकालना, उड़ा लेना**, चुराना; संसार-निवृत्ति^F^; वाद, कल्पना^F^; सूक्ष्मीकरण, अमूर्त्तीकरण; शून्य-मनस्कता^F^, (शिक्षा०) **अन्यमनस्कता**^F^, अनवधानता^F^, बेखबरी^F^; (दर्श०) **विविक्त विचारणा**^F^; **सामान्यग्रहण** (~ *experiment*); ध्यान, मनोयोग, भावमयता^F^, भावमग्नता^F^, भावात्मक वस्तु^F^; (चि०) रक्तमोक्षण।
abstractionist –निस्ट् n. कल्पनावादी, भाववादी।
abstractive –ट्रैक्'टिव् a. अपकर्षी, अपकर्षणशील, भावशील; (शिक्षा०) **अमूर्त्त-मूलक**।
abstractness –ट्-निॅस् n. अपकर्षण; भावात्मकता^F^; आदर्शात्मकता^F^; परोक्षता^F^, अमूर्त्तता^F^; मूढ़ता^F^; संक्षिप्तता^F^, संक्षेपण।
abstruse ॲब्स्ट्रूस्' a. दुर्गम, दुरूह, दुर्ज्ञेय, दुर्बोध, जटिल, गूढ़, कठिन, गहन, मुश्किल; सूक्ष्म, अव्यक्त।
abstruseness –निॅस् n. दुर्गमता^F^, दुरूहता^F^, दुर्ज्ञेयता^F^, दुर्बोधता,^F^ कठिनाई^F^।
abstrusity –ट्रू'सिटि n. दुर्बोधता^F^, दुरूहता^F^, गहनता^F^।
absurd ॲब्सर्ड a. असंगत, **विसंगत**, अनर्थक, **अर्थहीन**; अनुचित, **अयुक्त** (~ *act*, ~ *statement*), अनुपयुक्त; विवेकशून्य; अनर्गल; असम्बद्ध; हास्यास्पद, उपहासास्पद; बेढंगा, बेतुका, बेहूदा, ऊल जलूल, वाहियात, लचर, बे सिर-पैरका।
absurdity, absurdness –'डिटि, –निॅस् nn. असंगति^F^, विसंगति^F^, अनौचित्य, अयुक्ति^F^, अनुपयुक्ति, **अयुक्तता**^F^, **अनर्गलता**^F^, अनर्थकता^F^, **अर्थहीनता**^F^, विवेकशून्यता^F^; असम्बद्धता^F^, हास्यास्पदता,^F^ उपहासास्पदता^F^; बेढंगापन, **बेतुकापन**, बेहूदापन।
abulia ॲब्यू'लिॲ n. (शिक्षा०) **संकल्प-दुर्बलता**^F^; (मनो०) शक्तिहीनता^F^, विवशता^F^।
abundance ॲबन्'डॅन्स् n. प्राचुर्य, **प्रचुरता**^F^, वैपुल्य, प्रभूतता^F^, आधिक्य, **बाहुल्य** (~ *ratio*), **बहुलता**^F^, **बहुतायत**^F^; समृद्धि^F^, सम्पत्ति^F^, माल, दौलत^F^; भावोद्वेग, भावोद्रेक (~ *of the heart*); अगणित जन; असंख्य मनुष्य, अपार भीड़^F^।
abundant –न्ट् a. **प्रचुर** (~*proof*), प्रभूत, पर्याप्त, अतिशय, अधिक, बहुत, ज्यादा; सम्पन्न; परिपूर्ण।
ab urbe condita† (L) adv. रोमके संस्थापन-कालसे लेकर।
aburton अैबर'टॅन् v.t. (परि०) **आड़ा लिटाना**।
abusable ॲब्यू'ज़ॅबॅल् a. **दुरुपयोज्य**, तिरस्कार्य।
abuse[1] ॲब्यूस्' n. **दुरुपयोग**, कुप्रयोग (~ *of discretion*), कदाचार, कुव्यवहार, दुर्व्यवहार, कुचाल^F^; तिरस्कार; कुप्रथा^F^, बुरा रिवाज; दोष, अपराध; **अपशब्द**, दुर्वचन, अपकथन, अपभाषण, **गाली**^F^, **गाली-गलौज**^F^, बकवास^F^।

abuse² अॅब्यूज़्' v.t. **दुरुपयोग करना,** कुप्रयोग करना; कदाचार करना, कुव्यवहार करना, दुर्व्यवहार करना; अपशब्द कहना, बुरा-भला कहना, **गाली^F देना,** गाली-गलौज^F बकना।

abuser –'ज़र् n. दुरुपयोजक; कदाचारी, दुर्व्यवहारी; दोषी, अपराधी; अपभाषी, गाली^F देनेवाला।

abusive –'सिव् a. अश्लील, अपभाषित, गाली^F से युक्त; दुरुपयुक्त, दुष्प्रयुक्त; ~ language दुर्वचन, (का०) **अपशब्द, गाली^F**।

abusiveness –निॅस् n. अश्लीलता^F, अपभाषिता^F, बकवासीपन, फूहड़पन।

abut अॅबट्' v.i. (-tt-) स्पर्शन करना, प्रतिस्पर्शन करना, सीमा^F छूना, (का०) **संसक्त होना, साथ लगना, मिलना** (*my land ~s upon yours*)।

abutment –मॅन्ट् n. स्पर्श, प्रतिस्पर्श; (स्था०, यंत्र०, परि०, रेल०) **अन्त्याधार,** पार्श्वावलम्ब, भारावलम्ब; स्तम्भ, खम्भा, थूनी^F, **पीलपाया,** पाया; सन्धि,^F सीमासंयोग, लगाव, मेल, जोड़।

abuttal अॅबॅ'टॅल् n. प्रतिसीमा^F, प्रतिस्पर्शी सीमा^F, अनुसीमा^F, प्रतिस्पर्श, (बहु०) **संसक्त सीमाएँ^F, साथ लगी सीमाएँ^F**।

abutter –टॅर n. प्रतिस्पर्शी, पार्श्वस्वामी, (का०) **संसक्त स्वामी**।

abutting –टिंग्, a. प्रतिस्पर्शी, मिली हुई, (का०) **संसक्त,** संलग्न, **साथ लगा हुआ;** आसन्न; अनुबद्ध; संस्पर्शी; अधःस्थ ; ~ owner प्रतिवेशी, पार्श्वस्वामी।

abysm अॅबिज़्म्' n. (प्रा०) दे० ABYSS.

abysmal –'मॅल् a. अतल, **अगाध** (~ *sea*), अथाह।

abyss अॅबिस्' n. (इति०) **ऋवीस;** भूगर्भ, रसातल, (प्रा० भू०) **वितल,** पाताल; गह्वर, अगाध गर्त, अथाह खाई^F, गहरी खोह^F, गहरा खड्ड; प्राथमिक विप्लव, आदिमकालीन अवस्था^F; गम्भीरता^F।

abyssal –'सॅल् a. **अगाध, अतल,** अथाह, गहरा; **वितलीय,** पातालीय;
 ~ deposits, ~ fauna, ~ flora, ~ injection, ~ life, ~ rock, ~ zone.

abyssinian अैबिसि'निॲन् a. & n. हब्शी, एबीसिनिया या इथोपियाका (निवासी); ~ gold खोटा सोना।

ac- *c, k, qu* से युक्त शब्दों में *AD-* के अर्थ में प्रयुक्त (*~cede, ~knowledge, ~quire*)।

-ac (प्रायः संज्ञाओं^F की भाँति प्रयुक्त) –ia, –ios, –ion में अन्त होनेवाले नामोंसे विशेषण बनानेमें प्रयुक्त (*cadi~, mani~*)।

A. C. Aero club; Air conditioned, Air Council, Alpine club; *Ante Christum*, Before christ; (*elect.*) alternating current; Agricultural Chemist, Asoka Chakra; Assistant Commissioner; audit certificate.

Ac. actinium.

a. c. *Ante cibum*, before meals; alternating current.

a/c. account.

A. C. A. Additional Circle Auditor; Associate Chartered Accountant.

acacia अॅके'शॅ n. कीकर, बबूल; ~ catechu (कृषि०) **खैर, एकेशिया कैटेच्यू ;** ~ gum (चि०) बबूल या^F कीकरका गोंद।

academe अै'कॅडीम् n. = ACADEMY.

academian –डे'मिॲन् n. = ACADEMICIAN.

academic¹ –मिक् n. प्लेटोवादी, अफ़लातून-मतवादी; शंकाशील, संशयशील।

academic² a. वैहारिक, विहारीय; (विधा०, शिक्षा०, चि०) शैक्षणिक, **शैक्षिक, विद्या-सम्बन्धी,** (शिक्षा०) **विद्योचित;** विद्यामूलक, साहित्यिक; सैद्धान्तिक; तर्कपूर्ण; **शास्त्रीय,** बौद्धिक (~ *discussion*); **पंडिताऊ; आधिविद्य; विद्वत्परिषद्–; अकादमिक, अकादमी–;** विश्वविद्यालयीय, अकादमीका; सिद्धान्तवादी, कट्टर;
 ~ council, ~ liberty, ~ method, ~ qualification, ~ session, ~ work, ~ year.

academical –कॅल् a. शास्त्रीय (~ *discussion*), विद्वत्सभा-सम्बन्धी, विद्यालयसम्बन्धी, अकादमी^F का; कालेजका (पहनावा, पोशाक^F)।

academician, academist –ॲकैडॅमि'शन्, –'डॅमिस्ट् nn. (शिक्षा०) **विद्वान्,** विद्याव्यसनी; किसी अकादमी^F का सदस्य, वैहारिक।

academicism, academism अैकॅडे'मिसिज़्म्, ॲकै'डॅमिज़्म् nn. विहार-रीति^F, विहारवाद।

academite ॲकै'डॅमाइट् n. विहार-छात्र, वैहारिक।

academy –मि n. (एथेन्स नगरके समीपका एक बाग जहाँ प्लेटो पढ़ाते थे); प्लेटोवाद; प्लेटोवादी; विहार, विद्यापीठ, संस्थान; गैर-सरकारी स्कूल ⊙; **विद्वत्परिषद्^F,** विद्वन्मण्डल ⊙; (शिक्षा०) **अकादमी^F,** एकेडमी^F; (रॉयल एकेडमी^F की) वार्षिक प्रदर्शनी^F।

acajou अै'कॅज़ू n. भल्लातक, भिलावाँ; = CASHEW.

-acal (प्रायः संज्ञाओं^F की भाँति) विशेषण बनानेमें प्रयुक्त (*cardi~, demoni~, heli~*)।

acalculia ॲकैल्क्यू'लिॲ n. (शिक्षा०) **गणन-अक्षमता^F, गणन-भ्रंश।**

acaleph(e) अै'कॅले(ली)फ़् n. मत्स्य विशेष।

Acamar† (Gk) n. (ज्यो०) **एकामर^F, अष्टम वैतरणी^F।**

acantha ॲकैन्'थॅ n. शिताग्र^F, एक झाड़ी^F; (श० र० शा०) मेरु प्रवर्ध; मेरुदण्ड।

acanthaceous –थे'शिॲस् a. शिताग्री, कण्टकी।

acanthoid –'थाएॅड् a. कण्टकाकार, कण्टकित।

acanthopod –'थॅपॉड् n. (जीव०) कण्टकपाद, काँटेदार पैरोंवाला।

Acanthopterygii –थॉप्टॅर्'जिआई n. शल्यपक्ष मछली^F, T.।

acanthous –'थॅस a. शिताग्री, शल्ययुत, कण्टकी; मेरुदण्डीय।

a capite ad calcem† (L) adv. नख-शिख तक, सिरसे पाँवतक।

acardia अँकार'डिॲ n. हृदयाभाव, हृदयहीनता^F^; अहृदयता^F^; (चि०) हृदयहीन या राक्षस गर्भ।

acardiac –'डिअैक् a. हृदयहीन, अहृदय।

acaricide ॲकॅ'रिसाइड् n. यूकानाशी, जूँमार (दवा^F^)।

Acarida ॲकॅ'रिडॅ n. (जीव०) कुटकी^F^, कीटविशेष।

Acarina –रिनॅ n. = ACARIDA.

acarodomatium अैकेरोडोमे'टिॲम् n. (वन०) कीटगृह; कीटपुञ्ज।

acarpelous ॲकार'पॅलॅस् a. (वन०) अण्डपहीन, स्त्रीकेसर-रहित।

acarpous ॲकार'पॅस् a. वंध्य, वाँझ; अफल, फलहीन।

acatalectic ॲकैटॅले'क्'टिक् n. (का०) अहीनान्त पद।

acatalepsia ॲकैटॅले'प्'सिॲ n. निदान-संशय, अनिश्चय, (शिक्षा०) **बोध-अक्षमता**^F^, (चि०) मूढ़चित्तता^F^।

acatalepsy –'टॅले'प्सि n. अज्ञेयता^F^, रहस्यमयता^F^, अनिश्चय; (चि०) मूढ़चित्तता^F^।

acataleptic –प्'टिक् a. अनिश्चयवादी, अज्ञेयवादी; मूढ़चित्त, संशयग्रस्त।

acataletic ॲकैटॅले'टिक् a. **पूर्णपदी**।

acatamethesia ॲकैटॅमॅथी'सिॲ n. (शिक्षा०) **अर्थ-ग्रहण-अक्षमता**^F^।

acataphasia ॲकैटॅफे'जिॲ n. (शिक्षा०) वाक्य-रचना-अक्षमता^F^।

acategorematic ॲकैटॅगॉरि'मै'टिक् a. (सांख्य०) अयोग्यपद (~ *word*)।

acatharsia ॲकॅथॅर'सिॲ n. (चि०) विरेचनाभाव, अशुचिता^F^।

acathexia अैकॅथे'क्'सिॲ n. (शिक्षा०) **रागाभाव**।

acaulescence ॲकॉ'लॅसॅन्स् n. (वन०) अल्पस्तम्भिता^F^, हीनाक्षता^F^, वृन्तहीनता^F^।

acaulescent –न्ट् (वन०) **अल्पस्तम्भी**, हीनाक्ष, तनारहित।

acauline –लाइन् a. हीनाक्ष; तना विरहित।

acaulose –लोस् a. तने-रहित वृक्ष।

acaulous –लॅस् a. बिना तनेका (वृक्ष)।

acc. account (also **acct, a/c.**); accountant; accusative (also accus.); according.

A.C.C. Army Catering Corps; Auxiliary Cadet Corps; Air-Craft Carrier.

accable† ॲकाब्ले' (F) अभिभूत; दलित।

accede ॲक्सीड्' v.i. अभिगमन करना, उपगमन करना, (का०) **अधिमिलन करना**, सम्मिलित होना, (का०) **शामिल होना**; स्वीकार करना, सहमत होना, मानना (का०) **मान लेना**, राजी होना; पदारूढ़ होना, कार्यभार लेना; अभिवर्धित होना, जुड़ जाना; प्रवेश करना, पाना, पहुँचना।

acceding –'डिंग् a. प्रवेशी, सम्मेली (~ *state*)।

accelerando ॲक्सॅलॅरैन्'डो a. & n. (संगीत) द्रुत, द्रुत गति^F^।

accelerant –'लॅरॅन्ट् a. & n. त्वरक, वेगवर्धक, गतिवर्धक।

accelerate –रेट् v.t. & i. त्वरित करना, **त्वरायित होना**, गतिवृद्धि^F^ करना, गति^F^ बढ़ाना, चाल^F^ तेज करना; वेग बढ़ाना, शीघ्रता^F^ करना; (का०) गति^F^ बढ़ना, त्वरित होना, वेगमय होना, तेज होना, पुरःसर होना, अग्रसर होना, आगे कदम बढ़ाना।

accelerated –टिड् a. द्रुत, **त्वरित**, गतिवर्धित; ~ depreciation, ~ draught, ~ erosion, ~ filtration, ~ groups, ~ motion, ~ progress, ~ promotion, ~ pupil, ~ reaction, ~ velocity.

accelerating –टिंग् a. त्वरावर्धक, गतिवर्धक, वेगवर्धक, **त्वरक**; ~ premium (अर्थ०) **आरोही बढ़ौती**^F^; ~ chamber, ~ electrode, ~ period, ~ tube, ~ voltage.

acceleration –रे'शॅन् n. (ग०, भौ०) **त्वरण**, वेगवर्द्धन, गतिवृद्धि^F^, क्षिप्रकारिता,^F^ तेजी^F^; ~ indicator, ~ lane, ~ vector.

accelerative, acceleratory –'लॅरेटिव्, –टॅरि aa. (गति०) **त्वरक**, त्वरोत्तेजक, त्वराशील, त्वरमाण (~ *motion*)।

accelerator –टॅर् n. त्वरायक, **त्वरक** (~ *nerve*), त्वरक या गतिवर्धक व्यक्ति या वस्तु^F^; **त्वरित्र**, त्वरकयन्त्र।

acceleratory –रि a. **त्वरमान** (~ *motion*); ACCELERATIVE.

accelerograph –लॅ'ग्राफ़ n. त्वरालिख, (ध्वनि०) त्वरण-लेखी।

accelerometer –रॉ'मिटॅर् n. (श्रुत०) त्वरणमान, त्वरणमापी, त्वरामापक।

accendibility ॲक्सॅन्डिबि'लिटि n. ज्वलनशीलता^F^, दाह्यता^F^।

accendible –'डिबॅल् a. दाह्य, जलनशील।

accension –'शॅन् n. दाह, दाह्यकरण।

accensor –'सॅर् n. दाह-कर्ता, जलानेवाला।

accent[1] अैक्'सॅन्ट् n. स्वर (*soft* ~), सुर, उच्चारण; ध्वनिचिह्न, स्वरचिह्न, स्वार-चिह्न; व्याख्यान, भाषण, कथन, गुरूच्चारण; **स्वराघात**, आघात, बल, आरोह-अवरोह, उतार-चढ़ाव; (ला०) प्रखरता^F^, तीव्रता^F^, सूक्ष्म भेद।

accent[2] ॲक्सॅन्ट्' v.t. स्वरमय करना, स्वरांकन करना, स्वरोच्चारण करना, स्वराघातपूर्वक उच्चारण करना; बल देना, स्वराघात-चिह्न लगाना; सुव्यक्त करना, अभिव्यक्त करना; उदात्त करना, ऊँचा करना, उठाना ⊙।

accented –'टिड् a. सस्वर, सस्वार; स्वरांकित, स्वारांकित ⊙; बलाघातहीन।

accentless –ट्-लिॅस् a. अस्वर, अस्वार, अस्वरांकित, सुर-रहित; बलाघातहीन; अनुदात्त, अनुच्च।

accentor –'टॅर् n. सुगायक; गायक पक्षी = WARBLER.

accentual –ट्युॲल् a. स्वरीय, स्वरमय; अक्षरबलीय; ~ prosody *or* verse अक्षरबलयुक्त छन्द ।

accentuate –ॲट् v.t. = ACCENT².

accentuated –टिड् a. उदात्त; सुस्पष्ट, उद्व्यक्त; सस्वर, स्वरवत् ; बलयुक्त ।

accentuation –ॲ'शॅन् n. स्वरांकन, स्वरोच्चारण; सुस्पष्टता^F, उदात्तता^F, उद्व्यक्तता^F; बलयुक्तता^F ।

accentuator –'ट्युॲटॅर् n. स्वरोच्चारक, उद्व्यंजक ।

accept ॲक्से'प्ट् v.t. (का०) **स्वीकार करना,** (का०) प्रतिग्रहण करना, अंगीकार करना, **मानना,** मंजूर करना, राजी होना; **लेना,** सकारना; कृपादृष्टि^F रखना (~ *the person of*); ग्रहण करना, तर्कसंगत समझना; हुण्डी^F की चुकती^F सकारना ।

acceptability, acceptableness –टॅबि'लिटि, –निॅस् nn. **स्वीकार्यता**^F, स्वीकरणीयता^F, प्रतिग्राह्यता^F, समादेयता;^F मनोरमता^F, रुचिरता^F, मनोरंजकता^F ।

acceptable –'टॅबॅल् a. **स्वीकार्य,** स्वीकरणीय,प्रतिग्राह्य, समादेय; प्रिय, रुचिर, मनोरम, मनोरंजक ।

acceptance, acceptancy –टॅन्स् , –सि nn. स्वीकृति^F, **प्रतिग्रहण,** ग्रहण, समादेश, अनुमति^F, मान्यता^F, मंजूरी^F; अनुमान; आस्था^F, प्रतीति^F, विश्वास; हुण्डी^F की स्वीकृति^F, हुण्डी^F सकारना; (बहु०) (का०) **स्वीकृत विपत्र,** सकारी हुई हुण्डी^F; ~ of persons पक्षपात, तरफदारी^F; ~ rate स्वीकार्य दर^F;
~ bond, ~ book, ~ center, ~ credit, ~ house, ~ note, ~ office, ~ register, ~ report, ~ test, ~ therapy.

acceptation –टे'शॅन् n. स्वीकार, स्वीकृति^F, स्वीकरण, ग्रहण, प्रतिग्रहण; सामान्य अभिप्राय, स्वीकृत अर्थ, (का०) **प्रचलित अर्थ, रूढ़ार्थ,** शब्दाशय ।

accepted –'टिड् a. (का०) **स्वीकृत** (~ *stores,* ~ *tenders*), प्रतिगृहीत, सकारा हुआ (~ *contract*); मान्य, विश्वस्त (~ *principle*) ।

accepter, acceptor –टॅर् n. (का०) **स्वीकारक** (~ *atom,* ~ *circuit*), **स्वीकारी, स्वीकर्ता;** (का०) **प्रतिग्रहीता, ग्राही,**प्रतिग्राहक, सकारनेवाला; माननेवाला; ~s' ledger (बैंक) **सकारी खाता** ।

accepting –टिंग् n. (का०) **स्वीकरण;** a. स्वीकारी (~ *house,* ~ *institution)* ।

access ॲक्'सिॅस्, ॲक्से'स् n. प्रवेश, गति^F; (का०) **अभिगम,** अभिगमन, उपागमन, (का०) **प्रवेश,** पैठ^F, (का०, यंत्र०,परि०) **पहुँच**^F(~ *control,* ~ *selector),* गुजर^F; अभिवृद्धि^F, अग्रगति^F, अग्रगमन, पुरागमन; आगम, बढ़ती^F, बढ़ोतरी^F, अभिगमन-साधन, उपाय; गम्य पथ, मार्ग; स्थान; आसक्ति^F, संलग्नता^F, लगाव; अभिवृद्धि^F, विकास, बढ़ती^F; (रोगका) आक्रमण, आरम्भ; (क्रोधका) स्फोट, आवेश, उद्वेग; (भावका) उद्रेक; ~ hole (परि०) **मोखा** ।

accessary ॲक्से'सॅरि, ॲक्'सिसॅरि n. & pred. a. उपसाधन, सहायक, सहकारी, सहयोगी, साथी, सङ्गी; अतिरिक्त, आनुषङ्गिक; युक्त, साथ;
~ ligament, ~ nerve, ~ process.

accessibility –सिबि'लिटि n. (का०) **अभिगम्यता**^F, उपागम्यता^F, प्रवेश-योग्यता^F, (शिक्षा०) **सुगमता**^F, **सुलभता**^F, प्रभावग्रहणशीलता^F ।

accessible –'सिबॅल् a. अभिगम्य, उपागम्य, प्राप्य, (शिक्षा०) **सुगम, सुलभ,** प्रवेश्य, प्रवेश-योग्य, (~ *locality*); प्रभाव्य ।

accession –'शन् n. **अभिगमन, उपागमन,** (रोगका) आरम्भ, आक्रमण; सहमिलन, सम्मिलन, (राज०) **अधिमिलन, शामिल होना; प्रवेश,** संविलयन; (का०) **अनुवृद्धि**^F, **अभिवृद्धि**^F, **अभिवर्द्धना**^F, समायोग, बढ़ती^F; (अर्थ०) **नियुक्ति**^F (~ *rate*), (राज०) **राज्यारोहण, आरोहण,** पदारोहण, सिंहासनारोहण, पद-प्राप्ति^F, (पद-)ग्रहण; (प्रौढ़ता-)प्राप्ति^F; पुस्तक-आगमन (~ *book,* ~ *number*) ।

accessional –नॅल् a. = ADDITONAL.

accessorial –से'सॉ'रिॲल a. सहायकीय, संगी-सम्बन्धी, साथीका ।

accessories –'सॅरीज़् n. (pl.) उपसाधन ।

accessoriness –रि-निॅस् n. सहयोगिता^F, उपसाधन, उपसाधकत्व; साहाय्य ।

accessory –रि, ॲक्'सिसॅरि n. & a. अतिरिक्त (या सहायक) वस्तु^F; **उपांग,** (चि०) **उप**–; (कृषि०, जीव०) **सहायक,** सहकारी, सहयोगी; अपराध-सहायक; (यंत्र) उपसाधन; **उपसहायक, उपसाधक;** गौण, अतिरिक्त; संलग्न, सम्बद्ध, ~ factor उपसाधक; ~ food **उपान्न,** ~ gland **उपग्रन्थि**^F, **अतिरिक्त ग्रन्थि**^F;
~ apparatus, ~ artery, ~ license, ~ ligament, ~ material, ~ mineral, ~ nerve, ~ obligation, ~ organ, ~ process, ~ space, ~ therapeutics.

accidence ॲक्'सिडॅन्स् n. (व्याकरणका) प्रत्यय, (शिक्षा०) **शब्दानुशासन, शब्दरूप-विधान,** शब्दरूप, शब्द रूपावली^F; मूलतत्त्व, प्राथमिक सिद्धान्त ।

accidency –सि n. उपपात, आकस्मिकता^F,अकारणता^F, दैवयोग ।

accidens –स् n. (दर्श०) **अतात्विक गुण, आहार्य गुण;** ACCIDENT.

accident –न्ट् n. आघात^F, घटना^F, **दुर्घटना**^F, उपपात, अप्रत्याशित घटना^F; अनिच्छित कार्य; दुर्दैव, दैवयोग, (का०) संयोग, दुर्भाग्य, दैवदुर्विपाक; (रचना^F में) अनियमितता^F, अक्रमिकता^F, क्रमहीनता^F, बेडौलपन; (दर्श०) **अतात्विक गुण, आहार्य गुण,** अकल्पित गुण, उपलक्षण, आनुषंगिक पदार्थ, सहकारी वस्तु^F; घटनाओं^F का अदृष्ट क्रम; ~ case **दुर्घटना-रोगी; दुर्घटना-मामला;** ~ chest उपचार बक्स; ~ proneness (अर्थ०, शिक्षा०, मनो०) **दुर्घटनाशीलता**^F, **दुर्घटनाप्रवणता**^F, **दुर्घटना-प्रवृत्ति**^F: **दुर्घटना दर**^F;

~ boat, ~ chit, ~ frequency, ~ insurance, ~ policy. ~ spot.
accidental –डे'न्‌'टल्‌ a. & n. दैवकृत, दैवयौगिक, दैवघटित, दैवायत्त, आपाती, नैमित्तिक, **आकस्मिक**, अकारण, औपलक्षणिक; सामयिक, प्रासंगिक; **अयोगी**; गौण, सहायक; (दर्श०) आहार्य गुणी (~ *definition*); ⊙ sharps, flats, naturals (संगी०) इकहरी श्रुतियोंF पर लगाये जानेवाले चिह्न; ~ colours (प्रकाश०) अनुवर्ण, अनुरंग, अनुभूतिगत रंग; ~ light or ~s आकस्मिक वा कृत्रिम प्रकाश;
~ error, ~ evolution, ~ fire, ~ inclusion, ~ loss, ~ morality, ~ proposition.
accidentalism –लिज़्म्‌ n. अकारणवाद; आपातित्व, आकस्मिकत्व ।
accidentally –लि adv. दैवात्‌, विधिवशात्‌, दैवयोगसे संयोगसे, अप्रत्याशित रूपसे; अकस्मात्‌, आकस्मिक रूपसे, काकतालीय न्यायसे, एकाएक, अचानक, अनजाने ही; अनिच्छाFसे ।
accidentalness –ल्‌-निस्‌ n. आकस्मिकताF, आपातित्व ।
accidented –टि'ड a. तरंगित, लहरियादार; उन्नतावनत; (प्रा० भू०) **विषम, ऊबड़-खाबड़**, ऊँचा-नीचा (~ *field*, ~ *plateau*) ।
accimus अैक्‌'सिमस्‌ n. (साहि०) **आपात निषेध** ।
accipitral ॲक्सि'पिट्रल्‌ a. श्येनीय, श्येनवत्‌, बाज-सा ।
accipitrine –ट्रिन्‌ a. श्येन सदृश, श्येनीय, बाजका ।
accite ॲक्साइट्‌' v.t. उकसाना = EXCITE.
acclaim[1] ॲक्लेम्‌' n. जयध्वनिF, जयघोषणाF, जय-जयकारF, धन्य-धन्य, हर्षध्वनिF, प्रशंसोद्गार, शाबाशीF ।
acclaim[2] v.t. जयध्वनिF करना, जयघोषF करना, जय-जयकारF करना, धन्य-धन्य करना, हर्षध्वनिF करना, तालियाँF पीटना; अभिनन्दन करना, स्वागत करना, स्तुतिF करना ।
acclaimer, acclamator –मर्‌, अै'क्लमेटर्‌ nn. समाभिनन्दक, स्तोता, प्रशंसक ।
acclamation अैक्लमे'शन्‌ n. अभिनन्दन, अनुमोदन, समर्थन; (शिक्षा०) **परिवंशानुकूलन**; (राज०) **साधुवाद, समाभिनन्दन**, जय-जयकारF, जयघोषF; सराहनाF, प्रशंसाF, स्तुतिF, शाबाशीF ।
acclimatation ॲक्लाइमटे'शन्‌ n. ACCLIMATIZATION.
acclamatory –लै'मटरि a. समर्थक, अनुमोदन-सूचक, जयकारी ।
acclimate ⊙ ॲक्लाइ'मेट्‌ v.t. वायुजलानुकूलन करना ।
acclimated ⊙ –टि'ड् a. = ACCLIMATIZED.
acclimation ⊙ –मे'शन्‌ n. = ACCLIMATIZATION.
acclimatization –मटाइज़े'शन्‌ n. (इति०, प्रा० भू०) **दशानुकूलन**, (चि०) **दशानुवर्तन**, (जीव०) **परिस्थिति-अनुकूलन**; देश-सात्म्य, जलवायु-सात्म्य, वायु-जलानुकूलन, जलवायु-अभ्यास ।
acclimatize 'मटाइज़्‌ v.t. & i. दशानुकूलित करना, (पशु, वनस्पतिF और स्वयंको) नयी जलवायुFके अनुकूल करना; (क्वचित्‌) किसी जलवायुF या देश-प्रकृतिFसे अभ्यस्त होना, (इस प्रकार) अनुकूल हो जाना ।
acclimatized –ड्‌ a. देशसात्म्यीभूत, जलवायु-अनुकूलित, जलवायुFसे अभ्यस्त ।
acclivitous ॲक्लि'विटस्‌ a. = ACCLIVOUS.
acclivity –टि n. ऊर्ध्वगामिताF, उत्प्रवणताF, चढ़ानF, चढ़ाव, उँचानF, पहाड़की ऊपरी चढ़ाईF ।
acclivous –लाइ'वस्‌ a. उत्प्रवणी, ढलवाँ ।
accolade अैकॅले(ला)ड्‌' n. उपहार, जयप्रतीक; आलिंगन, चुम्बन; (कन्धोंपर तलवारFकी चौड़ाईFसे) थपथपाहटF; (संगी०) खूँटीF, चूड़ीF, बाजेका जोड़ ।
accolated, accole अै'कॅलेटि'ड्‌, अै'कॅले a. प्रतिवेशी, पड़ोसी; प्रातिपार्श्व, पास-पास का ।
accommodate ॲकॉ'मॅडेट्‌ v.t. योग्य बनाना, व्यवस्थाF करना, उपयुक्त बनाना, अनुकूल करना, अनुरूप बनाना, एकरस बनाना, माफिक करना; उपयोजित करना; संवादन करना, मतभेद दूर करना, शान्त करना, कलहF दूर करना, मेल-मिलाप करना; वास देना, **स्थान देना, जगहF देना**, ठौर देना, ठहराना; **निबाहना**, संस्कार करना; गुंजायशF निकालना; एकत्र करना, सँजोना; सज्जित करना; आभारी बनाना, उपकृत करना; कृपाF करना, कृपादृष्टिF करना ।
accommodating –टिंग्‌ a. अनुकूलक, सरल, नम्र, कोमल, सीधा-सादा, लचीला, मान लेनेवाला, दब जानेवाला; शालीन, कृपालु, मिलनसार ।
accommodation –डे'शन्‌ n. संधान, अनुकूलन, व्यवस्थापन; **समंजन-क्षमता**F (~ *of eyes*) **समायोजन**, (भौ०) **स्वतः समायोजन**, उपयोजन; प्रतियोजन; तादात्म्य, सन्धिF, मेल, समझौता;F गुंजायशF; सुविधाF; सहूलियतF; उपयोगी वस्तुF; **स्थान**, निवास-स्थान, (*officers'* ~), (परि०) **आवास**, निवास, वास, ठौर, **जगह**; **निर्वाह**; विनोद, आतिथ्य, मनोरंजन; ऋण, उधार; सहयोगी-वर्ग; (जहाजके ऊपरी हिस्सेके लिए) सीढ़ीF, तागड़F; कर्मान्त; ~ ladder (परि०) **पोत सीढ़ी**F, **तागड़**F; ~ month (रेल०) **वेतन-मास**; ~ train ⊙ सब स्टेशनोंपर रुकनेवाली ट्रेनF, ~ unit मकान, घर;
~ acceptance, ~ allotment, ~ bill, ~ charges, ~ draft, ~ endorsement, ~ endorser, ~ facilities, ~ group, ~ muscle, ~ note, ~ office, ~ paper, ~ sensation, ~ statement, ~ time, ~ train, ~ works.
accommodative 'मॅडेटिव्‌ a. अनुकूलनकारी; व्यवस्थाकारी, अनुग्रहकारी; स्थान (गुंजायशF) देनेवाला ।
accommodator –टर्‌ n. व्यवस्थापक, अनुकूलक ।
accompanied ॲकम्‌'पॅनिड्‌ a. संलग्न, साथका;

~ *by* **सहित, के साथ।**
accompanier –नीॲर् n. सहचारी, साथी।
acccompaniment –निमॅन्ट् n. उपकरण, सहायक, सहवस्तुएँ^F; संगति^F, साथ; आनुषंगिक पदार्थ; (भौ०) **संगत**^F; (संगी०) उपवादन, उपवाद्य, सहध्वनि^F, स्वर-संगति^F।
accompanist –निस्ट n. ACCOMPANYIST.
accompany –नि v.t. सहचरण करना, सहगमन करना; संयोग करना, मिलना, जुड़ना; सम्मिलित होना, शामिल होना; साथ होना, साथ देना, साथ-साथ घटित होना; (संगी०) स्वरसंगत करना, सुर मिलाना।
accompanying –इंग् a. सहगामी, सहवर्ती, **अनुसंगी** (~ *supplies*), संलग्न, साथका (~ *letter*).
accompan(y)ist –नि(इ)स्ट् n. (भौ०, संगी०) **संगत-कार**, सहगायक, सहवादक, उपवादक, सुर मिलानेवाला।
accomplice ॲकॉम्'प्लिस् n. अभिषंगी, संगी, सहकारी, साथी, साझी; दुस्सहाय, पापसहाय, (का०) **सहापराधी**।
accompliceship, accomplicity –शिप्, –प्लि'सिटि nn. संग, साथ, साझेदारी^F; सहापराधिता^F; पापसाहाय्य।
accomplish ॲकॉ(क)म्'प्लिश v.t. निष्पन्न करना, निष्पादन करना, सम्पारण करना, संसाधन करना, परिपूरण करना, सम्पूर्ण करना, समाप्त करना, समापन करना, करना; साध लेना; गुणयुक्त होना, पूर्ण बनना, दक्ष होना, प्रवीण होना।
accomplishable –शॅबॅल् a. साध्य, सम्पाद्य, करणीय।
accomplished –श्ट् a. **सम्पादित**, निष्पन्न, निष्पादित; गुणी, गुणान्वित, **गुण-सम्पन्न**, निष्णात, प्रवीण, पारंगत; पूर्ण, समाप्त।
accomplisher–शॅर् n. निष्पादक, सम्पारक, निष्पन्न करनेवाला, पूरा करनेवाला।
accomplishment –श्-मॅन्ट् n. निष्पादन, सम्पारण, परिपूर्ति^F, समाप्ति^F, समापन, इतिश्री^F; सिद्धि^F, (शिक्षा०) **निष्पत्ति**^F, करनी^F, कमाई^F; शिष्टता^F, शिष्टाचार, सभ्याचार, शालीनता^F, गुण; कौशल्य, प्रवीणता^F, प्रावीण्य, पारंगतता^F; मिथ्या योग्यता^F, कृत्रिम प्रवीणता^F, बाह्य विशेषता^F;
~ age, ~ quotient, ~ ratio.
accompt ॲकॅम्प्ट्', ॲकॉउन्ट्' n. (प्रा०) हिसाब, लेखा।
accomptant –'टॅन्ट् n. (प्रा०) हिसाब करनेवाला, लेखा-कर्त्ता।
accord[1] ॲकॉर्ड्' n. संयति^F, (राज०) **सहमति**^F, एकमनस्कता^F, ऐक्य, (का०) **ऐकमत्य**, मतैक्य, एकचित्तता^F, एका^F, मेल, आपसका राजीनामा (*with one* ~); अभिसन्धि^F, सन्धिसमरसता^F; संवाद, समस्वरता^F, स्वरैक्य, सामंजस्य, ताल-मेल; यदृच्छा^F, स्वेच्छा^F, (*of one's own* ~); (का०) **अभिसंविदा**^F।
accord[2] v.t. & i. संवादी होना; **अनुरूप होना**, एकमत होना, संगति^F में रहना, **मेल खाना**; मिलना; संदान करना, **प्रदान करना, देना**; एकरस होना, सुर मिलाना; सजना, फबना; **सहमति^F देना**, मानना, हामी^F भरना।
accordance, accordancy –'डॅन्स्, –सि n. = ACCORD; अनुसारिता^F; (ग०) **संवेधन**; *in ~ with* के अनुरूप, के अनुसार; ~ *with the form* अनुरूपता^F, अनुसारिता^F।
accordant –न्ट् a. अनुवर्ती, अनुसारी; समरस, **संमत**, सुसंगत; एकसुर, सामंजस्यपूर्ण, मिला हुआ; अनुकूल, अनुसार, अनुरूप, समान।
according –डिंग् adv. अनुवर्ती, अनुसारी, सुसंगत; ~ *as* जिस भाँति, जैसा कि, जिस प्रकार, जिस तरह; मानो; ~ *to* के अनुरूप, **के अनुसार**।
accordingly –लि adv. तदनुसार, (संवि०) **तदनुकूल**, तदनुरूप, अनुरूपेण, यथावत्, तदनुगुण; फलतः, परिणामतः; अतः, अतएव, अस्तु, इसलिए; ~ *as* मानो, जिस भाँति, जैसा कि।
accordion ॲकॉर्'डिॲन् n. (एक प्रकारका) वलिवाद्य, अरगन बाजा; ~ pleating महीन शिकनसाजी^F।
accordionist –निस्ट् n. वलिवादक, आरगन बजानेवाला।
accost[1] ॲकॉस्ट्' n. सम्प्रभाषण, सम्बोधन; अभिनन्दन, अभिवादन, नमस्कार।
accost[2] v.t. संप्रभाषण करना, सम्बोधित करना; बातचीत^F करना; अभ्यर्थना^F करना, अभिनन्दन करना, अभिवादन करना; टोकना; सामना करना; पास जाना।
accostable –'टॅबॅल a. अभिवादनीय, अभिनन्द्य; उपगम्य, उपागम्य।
accosted –टिड् a. सम्बोधित, अभिवादित।
accouchee अैकूशी' n. (चि०) प्रसूता स्त्री^F।
accouchement† (F) n. (चि०) प्रसव, **प्रसूति^F**, बालकोत्पत्ति^F।
accoucheur(er)† (F) n. प्रसावक, प्रसूति वैद्य (पुरुष)।
accoucheuse† (F) n. प्रसाविका^F, (चि०) सूतिका^F (स्त्री^F)।
account*[1] ॲकॉउण्ट्', n. गणन, (विधा०) **गणना**^F, गिनती^F, गिनती^F करना; (वाणि०, अर्थ०, का०) **लेखा***, (वाणि०, अर्थ०) **खाता, हिसाब**, हिसाब-किताब; व्याख्या^F; **कणक**; लाभ; अनुमान, हेतु, निमित्त, कारण; हेतुनिर्देश, हेतुकथन; वर्णन, विवृति^F, वृत्त, (का०) **वृत्तान्त, विवरण**, उल्लेख, बयान, रिपोर्ट^F; अर्हा^F, अर्थ, महत्त्व; ~ book **लेखा-पुस्तक**^F, **बही-खाता**; ~s keeping लेखापालन; **लेखा रखना, हिसाब रखना** ~s officer **लेखा-अधिकारी**; cash ~ रोकड़वही^F; current ~ **सक्रिय लेखा**; चल लेखा, चालू खाता; dead or closed ~ (वाणि०) **निष्क्रिय या खुला लेखा**; great ~ प्रलयकाल, हिसाबका दिन; loss ~ हानि-लेखा, बट्टा; profit ~ लाभ-लेखा, मुनाफेका खाता;

A in ~ with B लेन-देन रखना, हिसाब रखना; *ask, demand an ~* लेखा माँगना, हिसाब माँगना (पूछना); *bring, call, to ~* ख़बर^F लेना; *find one's ~ in* लाभ उठाना; *for ~ of* की ओरसे; *give a good ~ of* (विरोधीको) हराना, खेल जीतना; *give ~ of* स्पष्ट करना, कारण खोजना; *go to* one's (*long*) *~* मरना; *keep ~s* लेखा-जोखा रखना; *lay* one's *~ with* किसीके लेखेमें सम्मिलित करना; आशा^F रखना, भरोसा रखना; *on ~* अन्तरिम भुगतानके रूपमें; *on ~ of* के कारण; *on no ~* कदापि नहीं, किसी भाँति नहीं, बिल्कुल नहीं; *on* one's *~* सेवार्थ, सेवा^Fके लिए; *on this* (*that*) *~* इस (उस) कारण, इस (उस) भरोसे; *take into ~* विचारना, ध्यान रखना;

~ approach, ~ bag, ~ board, ~ clerk, ~ code, ~ days, ~ department, ~ debts, ~ due, ~ duty, ~ entry, ~ forms, ~ heads, ~-holder, ~ machine, ~ matters, ~-number, ~ payee (only), ~ procedure, ~ records, ~ register, ~ relations, ~ render(ed), ~ rules; ~s adjustment, ~ sales, ~s branch, ~s clerk, ~s department, ~s division, ~s examination, ~s foil, A~s Member, A~s Office, ~s payabtle (ledger), ~s procedure, ~s receivable (ledger), ~s section, ~ staff, ~ stated, ~ year.

account*² v.t. गिनना, (का०) **लेखा जोड़ना***, हिसाब लगाना; जानना, मानना; **उत्तरदायी होना**, जिम्मेदार होना; स्पष्ट करना, **कारण बताना**; कारण होना; आखेट खेलना; *~ for* (का०) **लेखा देना**, हिसाब समझना; कारण बताना; **उत्तरदायी होना**।

accountable –'टॅबॅल् a. लेखादेय, व्याख्येय; स्पष्टव्य (*~ articles*); **उत्तरदायी**, उत्तरदेय (*~ receipt*)।

accountableness, accountability –निस्, -बि'लिटि nn. वर्णनीयता^F, उल्लेखनीयता^F; स्पष्टव्यता^F, (राज०, दर्श०) **उत्तरदायित्व**; हिसाबकी जिम्मेदारी^F, लेखादेयता^F।

accountancy –टॅन्सि n. लेखाकर्म, गणना-शास्त्र, (वाणि०) **लेखा-विधि^F**, **लेखाशास्त्र**, (का०) **लेखा-विधा^F**; लेखाकर्म, संख्यान, मुनीमी^F, हिसाब-किताब, T.

accountant –न्ट् n. लेखादायी, हिसाब-किताब रखनेवाला; गणक, गाणनिक; आंकिक, लेखापाल, **लेखाकार**, लेखाकर्मी, संख्यानक, मुनीम, T.; *~ general* महाआंकिक, **महालेखाकार**।

accountantship –शिप् n. गणक पद, गाणनिक पद, लेखापालका पद; लेखाकारी।

accounting –टिंग n. लेखांकन, लेखा करना; **लेखा-विधि^F**, लेखाकला^F, लेखा-पद्धति^F, लेखा-पालन; समाधान; *~ clerk* लेखा क्लर्क;

~ machine, ~ rule, ~ unit, ~ year.

accouplement अॅक'पॅलिमॅन्ट् n. संयोजन; संयोग, जोड़; बन्ध।

accoutre अॅकू'टॅर् v.t. सज्जित करना, सँवारना, सजाना, बनाव-ठनाव करना, लिबास पहनाना।

accoutrements –मॅन्ट्स् n. (pl.) प्रसाधन, सज्जा^F, साज^F, **साज-समान**, सिंगारके सामान; **लवाज़मा**; (सेना^Fमें अन्न-वस्त्रोंके अतिरिक्त) सैनिक सामग्री^F।

accredit अॅक्रे'डिट् v.t. स्वीकार करना, (शिक्षा०) **स्वीकृत करना**, मानना; (शिक्षा०, का०) **प्रत्यायित करना**, अधिकृत करना; मान्यता^F दिलाना, श्रेय देना या दिलाना, विश्वास करना; अधिकार देना; अधिप्रेषण करना; अधिकार-पत्रके साथ भेजना; सम्बन्ध जोड़ना।

accreditation –टे'शॅन् (राज०, का०) **प्रत्यायन**, **प्रत्ययपत्र देना**।

accredited –डिटिॅड् a. अभिज्ञात, प्रतीत; (का०) **प्रत्यायित**, अधिकृत, मान्य, अधिकार-प्राप्त (*~ representative*);

~ agent, ~ correspondent, ~ diplomat, ~ school.

accreditee –टी' n.(अर्थ०) **प्रत्यायिती**, **उधार-पात्र**।

accreditment –'डिट्मॅन्ट् n. (शिक्षा०) **प्रत्यायन**।

accrescence अॅक्रे'सॅन्स् n. वृद्धि^F, संवृद्धि^F, बढ़ती^F; वर्द्धनशीलता^F।

accrescent –न्ट् a. वर्धमान, वर्धनशील, वृद्धिशील, बढ़ता हुआ।

accrete¹ अॅक्रीट्' v.t. & i. (समान वस्तुओं^Fको) एकत्र करना, जोड़ना; साथ-साथ उगना, जुड़वाँ उगना।

accrete² a. (वन०) संरूढ़, समवर्द्धित; संयुक्त, मिला हुआ, जुड़वाँ।

accretion –क्री'शॅन् n. (शिक्षा०, राज०) **उपचय**; **संवर्धन**, उपवृद्धि^F, अधिवृद्धि^F, (प्रा० भू०) **अभिवृद्धि^F**, संवृद्धि^F, संविकास, सहविकास; संघटन, (वन०) **जमा होना**, **इकट्ठा होना**, एक हो जाना; उत्तराधिकारवृद्धि^F (*~ to territory*); (राज०) **भूमि-वृद्धि^F**, **क्षेत्र-वृद्धि^F**; *~* learning (शिक्षा०) **संवर्धी अवगम**; *~ of* level (कृषि०) **तल-उठान^F**।

accretionary, accretive –नॅरि, –'टिव् aa. **संवर्धी**, संवृद्धिशील, संवर्धनकारी, साथ-साथ उगने वा उगानेवाला; *~* growth (शिक्षा) **मात्रात्मक वृद्धि^F**।

accrual¹ अॅक्रू'अॅल् n. = ACCRUEMENT.

accrual² a. प्रोद्भूत, उपार्जित, प्राप्त।

accrue अॅक्रू' v.i. (*to* के साथ) (का०) **प्रोद्भूत होना**, **उद्भूत होना**, **निकलना**, पैदा होना; (संवि०) **प्रापण करना**, उपार्जन करना, उपार्जित होना; (वाणि०) **उपचय होना**; (विकास, लाभ, इत्या०) प्राप्त होना; उठना, बढ़ना; देय होना।

amnion ॲम्'निऑन् n. (बहु० *amnia*) गर्भावरण, गर्भत्वक्^F^, गर्भको घेरनेवाली सबसे भीतरकी झिल्ली^F^; जरायु^F^, अपरायु^F^, जेर^F^, (चि०, जीव०) **उल्व,** T.

amniotic –ऑ'टिक् a. (चि०) उल्व-सम्बन्धी, गर्भ-सम्बन्धी; ~ fluid (चि०) उल्वोदक, गर्भोदक।

A.M.O. Assistant Marketing Officer; Assistant Medical Officer.

amoeba ॲमी'बॅ n. (बहुव० *–ae*) कीटाणु, (जीव०) एमीबा बीजाणु, ऑटोज़आ वर्गका सूक्ष्म जीव; आद्यज, आदि जीव, (चि०, जीव०) **एमीबा।**

amoebaean ॲमीबी'ॲन् a. कीटाण्वीय, अमीबी, अमीबाका।

amoebic ॲमो'बिक् a. (चि०) **अमीबा-** (~ *dysentery*), अमीबाजन्य; बीजाण्विक ।

amoebiform –बिफ़ॉर्म् a. आद्यजरूप, अमीबाकार, एमीबाकी-सी शक्लवाला ।

amoeboid –बाएँड् a. अमीबा-सदृश, कीटाणुरूप, बीजाणुरूप, कामरूपीय; (जीव०) **अमीबाभ, असीबी;** ~ cell, ~ movement, ~ stage.

amok ॲमॉक्' = AMUCK.

a mon avis† (F) adv. मेरी सम्मति^{F}में ।

among(st)* ॲमङ्ग्'(स्ट्') prep. में, मध्यमें, बीचमें*, बीचोबीच, सबमें, समुदायमें; किसी संख्या^{F}में, गिनती^{F}में: (सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूपसे) वितरित (*five shillings ~ us, divided ~ us*); तुलना^{F}में, बराबरी^{F}में (*one ~ many*); सम्मिलित कार्यवाही^{F} द्वारा, मिलकर (*kill him ~ you*); परस्पर, आपसमें (*quarrelled ~ themselves*) ।

amontillado आमॉन्टिला'डो n. सफ़ेद स्पेनी शराब^F; (ला०, गुणवाचक) शुष्क भाषण या व्यवहार ।

amoral ॲमॉ'रॅल् a. नीतीतर, (दर्श०) **निर्नैतिक,** सदाचारेतर, नीतिबाह्य, नीति^{F}से परे; तुल० IMMORAL.

amoralism –लिज़्म् n. नीतीतरता^{F}, सदाचारेतरता^{F}, निर्नैतिकता^{F}, नीतिनिराकृति^{F}, नीतिबाह्यता^{F} ।

amoralist –लिस्ट n. निर्नैतिकतावादी, **नीति-निराकृतिवादी,** सदाचारेतरवादी ।

amorality –मॅरॅ'लिटि n. (दर्श०) **निर्नैतिकता^{F}** ।

amorce ॲमॉर्स्' n. वारवधू^{F}, वारांगना^{F}; छिनार औरत^F; प्रणयिनी^{F}, प्रेमिका^{F} ।

amor dei† (L) n. ईश्वर-प्रेम ।

amorist ॲ'मॅरिस्ट् n. प्रेमी, कामी, आशिक ।

amorous –रॅस् a. प्रीति-विषयक, प्रेम-सम्बन्धी; अनुरागी, आसक्त, कामुक, विलासी, रसिया; शृंगारी; शृंगारप्रिय, प्रेमी, प्रेमशील, स्नेही, कामी ।

amorously –लि adv. सानुराग, रसिकवत्, सकाम, प्रेमोन्मत्त होकर, कामुकता^{F}से, कामी होकर ।

amorousness –स्‌नि'स् n. प्रेमशीलता^{F}, अनुराग, आसक्ति^{F}, काम, रति^{F}, प्रेम, रसिकता^{F}, कामुकता^{F} ।

amor patriae† (L) n. देशभक्ति^{F}, स्वदेश-प्रेम ।

amorphism ॲमॉर्'फ़िज़्म् n. अमणिभत्व, अकेलासत्व, अस्फाटता^{F}; अरूपता^{F}, आकारहीनता^{F}, संरचनाहीनता^{F}; अस्पष्टता^{F} ।

amorphous –फ़ॅस् a. अस्पष्ट, अनियमित, नियम-विरुद्ध, रीति-विरुद्ध, बेकायदा; **अनाकार,** अकारहीन, आकृतिहीन, रूपहीन, बेशक्ल, बेडौल; (प्रा० भू०) **अस्फाट;** (रसा०) **अमणिभ** (~ *carbon*); अकेलासीय, अकेलास, **अक्रिस्टलीय, रवाहीन,** बे-रवा ।

amorphousness –नि'स् n. अनियमितता^{F}; अमणिभता^{F}, आकारहीनता^{F}, बेढंगापन, बे-रवापन ।

amort ॲमॉर्ट्' a. समाप्तप्राय, मृतप्राय, अधमरा ।

amortization ॲमॉटाइज़े'शॅन् n. समापन-व्यवस्था^{F}, (वाणि०) **विलय-व्यवस्था^{F};** (बैंक, का०) **परिशोधन,** शोधन, ऋण-परिशोध, ऋण-मुक्ति^{F}, शमन, चुकाव ।

amortize –'टाइज् v.t. (सम्पत्ति^{F}) धर्मार्थ देना, किसी संस्था^{F}को देना; परिशोध करना (निक्षेप-निधि^{F}के द्वारा ऋण) चुकाना; समाप्त करना, विलीन करना ।

amortizement –मॅन्ट् n. **समापन-व्यवस्था^{F},** = AMORTIZATION.

amor vincit omnia† (L) प्रेम सबको जीत लेता है ।

amount*[1] ॲमॉउन्ट्' n. (अर्थ०, का०) **राशि^{F},** (ग०) **मिश्रधन,** (अर्थ०, का०) **रकम^F;** सम्पूर्ण योग, योगफल; मात्रा^{F}*; परिमाण; भार; परिमा^{F}; ~ covered आकलित राशि^{F}; ~ of eccentricity (यंत्र०) **अप-केन्द्रिता-दूरी^{F},** (परि०) **अपकेन्द्रिता-मात्रा^{F}** ।
~ called up, ~ cashed, ~ claimed, ~-column, ~ decreed, ~ deposited, ~ drawn, ~ due, ~ outstanding, ~ overdue, ~ overpaid, ~ paid up, ~ payable, ~ prepaid, ~ realized, ~ recoverable, ~ sanctionable, ~ secured, ~ unpaid, ~ withdrawn.

amount[2] v. i. बनना, आना, हो जाना (जोड़में), कुल योग होना, मीज़ान आना; (महत्त्वमें) समान होना, बराबर होना; अर्थ होना ।

amour ॲमुॲर्' n. अनुचित प्यार, अवैध प्रेम, न्याय-विरुद्ध प्रणय, छद्म-प्रीति^{F}, गुप्त प्रीति^{F}, आशनाई^F; प्रणय, प्रेम-प्रसंग, प्रीति-विषय, प्यारका चक्कर, साँठ-गाँठ^F ।

amourette ॲमुॲरे'ट्' n. लघु प्रणय-प्रसंग, ताक-झाँक^F, नजरबाजी^{F} ।

amour-propre† (F) n. स्वाभिमान, आत्माभिमान, (राज०) **आत्म-सम्मान;** अभिमान ।

amove ॲमूव्' v.t. हटाना ।

amp. ampere.

amperage ॲम्'पीॲरिज् n. एम्पियर (से मापी गयी बिजली^{F}की खर्च हुई) मात्रा^{F} ।

ampere –र् , –पेॲर् n. द्युवहि^{F}, विद्युत्-धारा^{F}की एक इकाई^F, विद्युद्-धारा^{F}का परिमाण-विशेष, (रसा०, भौ०) **ऐम्पियर;**
~ arc, ~ balance, ~ conductors, ~-foot, ~-hour, ~-meter, ~-minute, ~-second, ~ turn, ~ wire.

ampersand ॲम्पॅसॅन्ड्' n. (amperzand भी) & चिह्नका नाम जो 'और'के अर्थमें आता है; (*and per se and* का विकृत रूप) ।

amphi- द्वि-, उभयतः, दोनों पार्श्वमें, दोनों ओर (~*carpous*), अभितः, परितः; समन्तात्, चतुर्दिक्, चारों ओर (~*tropous*) ।

amphiarthrosis ॲम्फ़िआर्थ्रो'सिस् n. ईषच्चेष्ट सन्धि^{F}, (चि०) **अल्पचल संधि^{F}** ।

amphibia ॲम्फ़ि'बिॲ n. (बहुव०) उभयधर्मी जन्तु, स्थल-जलचर, (चि०, जीव०) **उभयचर,** उभयचर जीव, जलथलिया जीव, जलभूमिया (जैसे, मेढक), T.

amphibian –न् n. & a. उभयचर, स्थल-जलचर, (परि०) **जलस्थलीय**, जलथली, जलभूमिचर (पशु); भूजल विमान, स्थल-जलगामी वायुयान, जलगामी मोटर^F^।

amphibiology –ऑ'लॅजि n. जल-स्थलचर-विज्ञान।

amphibious –'बिअॅस् a. (जीव०) **उभयचर** (~ *adaptation*), उभयवासी, उभयरोही, (वन०) **द्विचर**, (जीव०) **जल-स्थलचर**, जलथलिया, **जल-स्थलीय** (~ *plant*), **जल-थलका**; ~ operation **जल-थल संक्रिया**^F^; जल-स्थलीय आक्रमण-व्यवस्था^F^।

amphibole अैम्'फ़िबोल् n. (प्रा० भू०, कृषि०) भ्राचूसिज (एक प्रकारका एस्बेस्टस खनिज), T.

amphibological अैम्फ़िबॅलॉ'जिकॅल् a. वक्रोक्तिपूर्ण, श्लेषपूर्ण; संदिग्धार्थक।

amphibology –बॉ'लॅजि n. **वाक्य-विन्यास संदिग्धता**^F^, वक्रोक्ति^F^, सन्दिग्ध वचन, अनिश्चितार्थ शब्द, अस्पष्ट भाषा^F^; द्वयर्थकता^F^, वाक्छल, श्लेष।

amphibolic –'लिक् a. द्वयर्थक, श्लेषपूर्ण।

amphiboly –'बॅलि n. द्वयर्थकता^F^, सन्दिग्धार्थकता^F^।

amphibrach अैम्'फ़िब्रैक् n. एक छन्द; कविता^F^में तीन संयुक्त अक्षरोंका पद।

amphicarpic, -pous अैम्फ़िकार'पिक्, –पॅस् aa. दो प्रकारके फलवाला, दो समयपर पकनेवाला (फल)।

amphicoelous अैम्फ़िसी'लॅस् a. (जीव०) **उभयगर्ती**।

amphig अैम्'फ़िग् n. (सा०) **अनर्थक काव्य-रचना**^F^।

amphigamous अैम्फ़ि'गॅमॅस् a. युग्मजननीय, उभयजनन-सम्बन्धी।

amphigenesis अैम्फ़िजे'नॅसिस् n. (जीव०) **युग्म जनन**, T.

amphigory अैम्'फ़िगॅरि n. निरर्थक शब्द या पद्य।–

amphimacer अैम्फ़ि'मॅसॅर् n. (कविता^F^में) तीन संयुक्त अक्षरोंका पद, दो दीर्घ अक्षरोंके बीच एक ह्रस्वका संयुक्त पद।

amphisbaena अैम्फ़िस्बी'नॅ n. गुप्ताक्षिकर्ण, द्विमुखी सर्प, दुमुँहा साँप।

amphistomous अैम्फ़ि'स्टॅमॅस a. उभयमुख, द्विमुख, दुमुँहा।

amphitheatre अैम्फ़िथी'अॅटॅर् n. वृत्ताकार रंगशाला^F^, नृत्यशाला^F^, गोलघर, नाचघर, अखाड़ा; (इति०) **रोमन अखाड़ा**।

amphitheatrical –थि'अै'ट्रिकॅल a. वृत्ताकार; रंगमंचीय, गोलघरका।

amphithecium अैम्फ़िथे'सिअॅम् n. (वन०) **बाह्य परत**^F^, T.

amphitropal, amphitropous अैम्फ़ि'ट्रॅपॅल्, –पॅस aa. (वन०) **तिर्यकमुख**, अनुप्रस्थ, तिर्यक्, एक ओरसे मुड़ा हुआ।

amphitryon अैम्फ़ि'ट्रिअॅन् n. आतिथ्यक, स्वागतकर्ता, यजमान, घरवाला, मेजबान।

ampholyte अैम्'फ़लाइट् n. **उभयधर्मी विद्युत्-विश्लेष्य**, (कृषि०) **उभयगुण विद्युद्विश्लेष्य**, T.

amphora अैम्'फ़ॅरॅ n. कूपी^F^, सुराही^F^, झज्झर^F^।

amphoric अैम्फ़ॉ'रिक् a. (चि०) खित्तकूपीय, सुराहीदार, कूपीनुमा^F^, झज्झर^F^के आकारका।

amphoteric अैम्फ़ॅटे'रिक् a. (कृषि०) **भस्माम्लिक**; उभयविध, (रसा०) **उभयधर्मी**, उभयप्रतिक्रिय, (कृषि०) **उभयगुण**, उभयगुणीय (~ *element*)।

ample अैम्'पॅल् (*ampler, amplest*) a. प्रभूत, प्रचुर, **विपुल**, भूरि, बहुत-सा; यथेष्ट, पर्याप्त, काफी; विस्तृत, बृहत्, विस्तीर्ण, फैला हुआ, खुला।

ampleness –नि'स् n. प्रचुरता^F^, आधिक्य, पर्याप्ति^F^, बहुतायत^F^, विस्तार, खुलापन।

amplexicaul अैम्प्ले'क्'सिकॉल् a. (वन०) **स्तम्भवेष्टी**, तनेसे लिपटा हुआ, T.

amplexus अैम्प्ले'क्'सॅस् n. (जीव०) **आश्लेष**, T.

ampliate अैम्'प्लिअेट् v.t. परिवर्द्धित करना, विस्तृत करना, बढ़ाना।

ampliative –टिव् a. विस्तारी (~ *proposition*), प्रसारी; विचार-विस्तारक, व्याख्यात्मक।

amplification अैम्प्लिफ़िके'शॅन् n. आवर्धन, वर्द्धन, अभिवृद्धि^F^, (भौ०) **प्रवर्धन**, विस्तारण, परिवर्द्धन, अभिवर्द्धन, वृद्धि^F^, विस्तार, फैलाव; (सा०) **उपबृंहण**; व्याख्या^F^; सर्वाधिक उपयोगिता^F^, अधिकतम लाभ।

amplificative –'प्लिफ़िकेटिव् a. **प्रवर्धक**, विस्तारी, विस्तारशील, विस्तृत करनेवाला।

amplifier –फ़ाइअॅर् n. (ध्वनि^F^) वर्द्धक, (भौ०) **प्रवर्धक** (~ *bulb*, ~ *channel*), विस्तारक, परिवर्द्धक यन्त्र, T.

amplify –इ v.t. & i. परिवर्द्धित होना या करना, विस्तृत होना या करना, बढ़ाकर कहना या लिखना; प्रवर्धन करना, **वर्धन करना**, बढ़ाना, बढ़ना।

amplifying –इंग् १. n. (विद्यु०) **प्रवर्धन**; २. a. **प्रवर्धक**;
~ gauge, ~ means, ~ stage, ~ tube, ~ unit.

amplitude अैम्'प्लिट्यूड् n. (ग०, भौ०, प्रा० भू०) वैपुल्य, प्राचुर्य, अति^F^, आधिक्य, बहुतायत^F^; **आयाम**, विस्तृति^F^, विस्तृत क्षेत्र, व्यापक फैलाव या प्रसार; चौड़ाई^F^; वैभव, ऐश्वर्य, सम्मान; (ज्यौ०) **कोणांक**, (ग०, ज्यौ०) खगोलीय पिण्डोंकी कोणीय दूरी^F^, (रेखा०) कोणीय अन्तर; (ग०, ज्यौ०) अग्रा^F^, अग्रांश (वह स्थान जहाँसे खगोलीय पिण्ड पूर्व-पश्चिममें उठते हैं या डूबते हैं); (भौ०) दोलनांक;
~ distortion, ~ factor, ~ filter, ~ modulation, ~ resistance, ~ resonance.

amply –लि adv. प्रचुरता^F^से, विस्तारसे, विस्तृत रूपमें, पर्याप्त रूपमें, काफी।

ampoule अैम्'पूल् n. (कृषि०, रसा०) **संपुटक**; आकन्द (काँचकी छोटी शीशी^F^ जिसमें त्वचा^F^के नीचे लगनेवाला इंजेक्शन रखा जाता है); **नली**^F^, T.

ampulla अैम्पु'लॅ n. (बहु० *ampullae*) आकन्दिका^F^, (प्राणि०)-कलशिका^F^, (दोहरी मुठिया^F^की) सुराही^F^ या

झज्झर^F; (प्राणि०, वन०) **पुटकी**^{F}; कलश, कलसा; **तुम्बिका**^{F}, तूंबी^{F}; (प्राणि०) किसी पशुकी नस^F या नली^{F}; नलिका^{F}, फुँकनी^{F}; T.

ampullaceous –ले'शॅस् a. तुम्बिकारूप, कलसी^{F}-जैसा, कलसेवाला, फुँकनी^{F}-जैसा।

amputate ॲम्'प्यूटेट् v.t. अंगच्छेद करना, (पशुके शरीरका कोई भाग) काट डालना।

amputation –टे'शॅन् n. (चि०) अभ्युच्छेदन, अंगच्छेद, (कृषि०) **अंगच्छेदन**, (चि०) **विच्छेदन**, अंग-विच्छेद, चीर-फाड़^{F}।

amputator –'प्यूटेटॅर् n. अंगविच्छेदक, अंगच्छेदकारी।

amputee –टी' n. छिन्नावयव, छिन्नांग (व्यक्ति)।

amt. amount.

amuck, amok ॲमक्', ॲमॉक्' adv. उन्मत्त होकर, पागलकी भाँति, अन्धाधुन्ध; *run* ~ (चि०) हत्याप्रवृत्तिक उन्माद होना, पागल होकर मारते-काटते हुए दौड़ना (ला०)।

amulet ॲ'म्यूलिट् n. (शा० एवं ला०) रक्षाकवच, (दर्श०) **कवच**, (नृ०, इति०, दर्श०) **तावीज**^{F}, गण्डा, (नृ०, इति०) **जन्तर**।

amuletic –ले'टिक् a. कवचीय, तावीजी।

amusable ॲम्यू'ज़ॅबॅल् a. अनुरंजनीय, मनोरंजनीय, रमणीय, जी बहलानेवाला।

amuse –ज़्' v.t. मनोविनोद करना, मनोरंजन करना, दिल बहलाना; गुदगुदाना।

amused –ड्' a. विनोदित, मुदित, प्रसन्न, मनोरंजित; *be ~ with, by, at* से गद्गद होना।

amusement –ज़्'मॅन्ट् n. आमोद-प्रमोद, हास-परिहास, कौतुक; (दर्श०) **विनोद**, **मनोरंजन**, **मनोविनोद**, आमोद, (शिक्षा०) **मनबहलाव**; दिलबहलाव, तमाशा; गुदगुदी^{F}।

amuser –'ज़र् n. मनोविनोदक, रंजक, मनोरंजनकर्ता, खुश करनेवाला।

amusing –ज़िंग् a. विनोदक; मनोरंजक, मनोरंजनकारी, आमोदजनक; मनोहर; सन्तोपजनक।

amusive –जिव् a. मनोरंजक, अनुरंजक, रमणीक, आनन्दप्रद, खुश करनेवाला।

amygdalate ॲमिग्'डॅलेट् १. a. बादामी, बादामका बना हुआ; २. n. बादामघृत।

amygdalic ॲमिग्डै'लिक a. वातामीय, बादाम-सम्बन्धी, बादामी, बादामका।

amygdaline ॲमिग्'डॅलिन् a. बादामी तत्त्व रखनेवाला, बादामी, (रसा०) T.

amygdaloid –लाॅइड् a. (चि०) **वातामी** (~ *nucleus*), (नृ०) **वातामाभ**, **बादामके आकारका**।

amygdaloidal –'डॅल् a. (प्रा० भू०) **वातामाकार**, **बादामाकार**, बादामी।

amylaceous ॲमिले'शॅस् a. श्वेतसारमय, मंडयुक्त, माँड़वाला, स्टार्चवाला।

amylic ॲमि'लिक् a. मंडीय, स्टार्चका, माँड़से निकाला हुआ।

amyloid ॲ'मिलाॅइड् n. & a. श्वेतसारमय, श्वेतसारिक; (चि०) मण्डाभ, माँड़-सदृश, मंडयुक्त (भोजन), माँड़वाला, स्टार्चवाला; T.

amylolysis ॲमिलॉ'लिसिस् n. मण्डघोलन, (चि०) **मण्डलय, स्टार्चलय, ऐमिल-विच्छेदन**।

amylum ॲ'मिलॅम् n. (रसा०, चि०, वन०) **मण्ड**, माँड़, **स्टार्च**, T.

A. N. after-noon.

an. *anno*, in the year; anonymous; *ante*, before.

an^1 ॲन् n. एक, कोई, = A, a.

an^2 ॲन् conj. [*and* का निर्बल रूप] (प्रा०) यदि।

an-^{1} पर, ऊपर (जैसे, *~on*, *~ent*); = AMBI- (जैसे, *~fractuosity*); अ-, अन-, नहीं (*~archy*, *~aesthetic*)।

an-^{2} = AD- (जैसे, *~nex*, *~notate*)।

an-^{3} क्रिया^{F} बनानेके लिए (जैसे, *~noint*)।

-an संज्ञा^{F} और विशेषण बनानेमें प्रयुक्त (जैसे, *Chili~*, *Anglic~*, *pag~*, *reptili~*, *Luther~*); -IAN भी इसीका एक ध्वन्यात्मक विभेद है (जैसे, *Christi~*, *Mohammed~*)।

ana- (स्वरके पूर्व *an-*) ऊर्ध्व, उपरि, ऊपर (जैसे, *~gram*); विरोधी (*~chronism*); पुनः, फिर, फिरसे, नये सिरेसे (जैसे, *~baptism*)।

-ana व्यक्तियों या स्थानोंसे सम्बद्ध कतिपय कथाओं^{F} या कृतियों^{F}के नामोंमें प्रयुक्त, कथासंग्रह (जैसे, *Johnsoni~*, *Tunbridgi~*, *Shakespeari~*)।

ana अ'नॅ n. (बहु० *anas*) सूक्ति-संकलन, किसी व्यक्तिकी स्मरणीय उक्तियों^{F}का संग्रह; (बहु०) उपाख्यान, गल्प^F, साहित्यिक संवाद।

anabaptism ॲनॅबैप्'टिज़म् n. पुनर्दीक्षा^{F} या उसका सिद्धान्त, बपतिस्मा^{F}।

anabaptist –टिस्ट् n. पुनर्दीक्षाता, पुनर्दीक्षा^{F}में विश्वास करनेवाला, बपतिस्मी।

anabaptistical –'टिकॅल् a. पुनर्दीक्षा-सम्बन्धी।

anabasis ॲनै'बॅसिस् n. आरोह; (सा०) **उत्तरोत्तर विकास**; अभियान, धावा, चढ़ाई^F; (विशे०) छोटे साइरसका एशियापर आक्रमण।

anabatic ॲनॅबै'टिक् a. **आरोही**, (ऋतु०) उर्ध्वगामी, ऊर्ध्वमुख, ऊपरकी ओर बहती हुई^F (~ *wind*); दे० KATABATIC भी।

anabolic ॲनॅबॉ'लिक् a. (चि०) उपचय-विषयक, चिति-विषयक, ऊर्ध्वंग-क्रिया-सम्बन्धी; निर्माण-क्रिया-सम्बन्धी, सृजन-क्रिया^{F}का; ~ phase (कृषि०) **उपचय-रूप**।

anabolism ॲनै'बॅलिज़्म् n. (प्राणि०) **चय**, (जीव०, चि०, कृषि०) **उपचय**, (वन०) उपचयन, चिति^{F}, ऊर्ध्वंग-क्रिया^{F}, विधायक क्रिया^{F}, सृजन-क्रिया^{F}, निर्माण-क्रिया^{F}; KATABOLISM का उल्टा।

anabranch ॲ'नॅब्रान्च् n. प्रत्यागत धारा^{F} (धारा^{F} जो नदी^{F}से निकलकर फिर उसीमें प्रवेश करती है)।

anacathartic ॲनैकॅथॉर्'टिक् n. (चि०) वमनकारक ओषधि^F, कफनाशक या कफोत्सारक ओषधि^F ।

anacephaloeosis ॲनॅसे`फ़ॅली'ॲसिस् n. (सा०) **समाहार** ।

anachinosis ॲनैकिनो'सिस् n. (सा०) **अभिपृच्छा**^F, **अनुयोग** ।

anachorism ॲनै'कॅरिज़्म् n. (सा०) **देश-दोष** ।

anachronic ॲनैक्रॉ'निक् a. भ्रमयुक्त, कालदोष-सम्बन्धी; पुरातन, समयसे परे ।

anachronism ॲनै'क्रॅनिज़्म् n. (सा०) **काल-दोष,** कालदूषण, कालभ्रम, तारीख^Fकी गलती^F ।

anachronistic –निस्'टिक् a. कालदोष-विषयक, काल-भ्रम-सम्बन्धी ।

snachronous –'क्रॅनॅस् a. कालदोषयुक्त, काल-गणना^F-के भ्रमसे पूर्ण ।

anaclastic ॲनॅक्लैस्'टिक् a. वार्तनिक, वक्रकिरण, तिरछी किरणों^Fका; (चि०) प्रतिनत, पीछे मुड़ा हुआ; खटकेदार ।

anaclastics –स् n. वक्रकिरण विज्ञान, वक्रप्रकाश विज्ञान ।

anaclisis ॲनॅक्लाइ'सिस् n. शय्या-व्रण, निरन्तर बिस्तर पर पड़े रहनेसे उत्पन्न फोड़ा ।

anacoluthia ॲनॅकॅल्यू'थिॲ n. (सा०) **अपवाक्यता**^F ।

anacoluthic –थिक् a. अपवाक्ययुक्त, वाक्यदोषयुक्त, अशुद्धतापूर्ण ।

anacoluthon –थॉन् n. (सा०) **अपवाक्य,** वाक्य-क्रमदोष ।

anaconda ॲनॅकॉन्'डॅ n. अनकोंदा साँप (जो लंकाके जलमें पाया जाता है) ।

anacreontic ॲनैक्रि`ऑन्'टिक् a. & n. वाममार्गी, विषयी; कामोन्मादपूर्ण (कविता^F) ।

anacrotism ॲनै'क्रॅटिज़्म् n. (चि०) **उत्स्पन्दिता**^F ।

anacrusis ॲनॅक्रू'सिस् n. (a. *anacrustic*) (काव्य) **आद्याधिवर्ण,** पद्यके आरम्भका बलहीन अक्षर ।

anadem ॲ'नॅडे`म् n. माला^F, हार; फीता, चोटी^F ।

anadiplosis ॲनैडिप्लो'सिस् n. (सा०) **अन्त्य पदानुवृत्ति**^F ।

anadromous ॲनै'ड्रॅमॅस् a. (जीव०) **समुद्रापगामी** (~ *fish*) ।

anaemia ॲनी'मिॲ n. (चि०) पाण्डुरता^F, (शा० र० शा०) **रक्तहीनता**^F, (चि०) रक्तक्षय, अरक्तता^F, अल्परक्तता^F, रक्ताल्पता^F, **रक्तक्षीणता**^F, शरीरका पीलापन ।

anaemic –'मिक् a. (चि०) रक्तक्षीण, **क्षीणरक्त,** रक्तक्षयी, अल्परक्त, पाण्डुर, रक्तहीन ।

anaerobe ॲनै'रोब् n. (~ *bia*) अवातजीवी ।

anaerobic –रॉ(रो)'बिक् a. (प्राणि०) **आक्सिजन-इतर, वात-निरपेक्ष, वात-निरपेक्षी** (~ *phase*), **निर्वात** (~ *respiration*), अवात (~ *decomposition*), T.

anaesthesia ॲने`स्थी'जिॲ n. संज्ञा-हरण, संज्ञाहीनता^F, (चि०) **संवेदना-अभाव, संवेदनाहरण,** (कृषि०) **संवेदन-हरण, निश्चेतनता**^F, अचेतनता^F, मूर्च्छा^F, बेहोशी^F ।

anaesthesist –'थॅसिस्ट् n. (नौवि०) **विसंज्ञक** ।

anaesthetic –थे`'टिक् n. & a. (कृषि०, चि०) **संवेदनाहारी,** (कृषि०, रसा०) **निश्चेतक,** संज्ञाहर, चेतनाहर, संज्ञाहीन करने वाली (ओषधि^F) ।

anaesthetist –'थॅटिस्ट् a. निश्चेतक, (चि०) **संवेदना-हारक,** संज्ञाहीन करनेवाला, T.

anaesthetization –टाइज़े'शॅन् n. (चि०) संज्ञाहीन-करण, अचेतनीकरण; चेतन-शून्यता^F, संज्ञाहीनता^F ।

anaesthetize –'थॅटाइज़् v.t. चेतनाशून्य करना, संज्ञाहीन करना, सुन्न कर देना (शा० एवं ला०) ।

anaglyph ॲ'नॅग्लिफ़् n. (फोटो०) अध्यारोपित रंगों-वाला चित्र; ठप्पेके आभूषण, जड़ाऊ उभरे हुए कामके जेवर ।

anaglyphic –'फ़िक् a. रंगीन चित्र-सम्बन्धी; नक्काशी-दार; जड़ाऊ ।

anaglyptics –ग्लिप'टिक्स् n. हलके उभारके साथ काढ़नेकी कला^F, नक्काशी^F, जड़ाई^F ।

anagnorisis ॲनॅग्नॉ'रिसिस n. (सा०) **नियताप्ति**^F, **निगति**^F, फलप्राप्ति^F ।

anagoge(-y) ॲनॅगो'जी n. (सा०) **रहस्योद्‌बोधन;** रहस्यार्थ, गुप्त अर्थ, आध्यात्मिक या अन्यापदेशिक व्याख्या^F ।

anagogic, -al –गॉ'जिक्, –ॲल् aa. आध्यात्मिक या अन्यापदेशिक व्याख्या-सम्बन्धी; गुप्तरूप, रहस्यमय ।

anagram ॲ'नॅग्रैम् n. (सा०) **वर्ण-विपर्यास,** वर्ण-विपर्यय, वर्णान्तरण (किसी शब्द या वाक्यांशके वर्णोंका नये शब्द या वाक्यांश बनाते हुए स्थानान्तरण); वर्ण-विपर्यय-पहेली^F ।

anagrammatic, -al –ग्रॅमै'टिक्, –ॲल् aa. वर्णविपर्यय-सम्बन्धी ।

anagrammatism –ग्रै'मॅटिज़्म् n. परिवर्तनीय शब्द-रचना^F, वर्ण-विपर्यय ।

anagrammatist –टिस्ट् n. वर्ण-विपर्ययकार ।

anagrammatize टाइज़् v.t. वर्ण-विपर्यय करके शब्द-रचना^F करना ।

anal. analyst; analogy.

anal ॲ'नॅल् a. पायवीय, (कृषि०, जीव०) **गुद-, गुदा-,** गुदीय, **गुदा-सम्बन्धी,** गुदा^Fके समीपका ~ canal (चि०) **गुदमार्ग;** ~ fistula (चि०) भगंदर, गुदन्दर; ~ orifice (चि०) **गुदद्वार;**
~ angle, ~ column, ~ eroticism, ~ gland, ~ lacuna, ~ margin, ~ pore, ~ sinus, ~ spot, ~ stile, ~ valve.

analect ॲ'नॅले`क्ट् n. विविधा^F, साहित्यिक झाँकियों^Fका संग्रह ।

analecta, analects –क्'टॅ, –'नॅले`क्ट्स् n. (बहुव०) संकलन, संचयन, (सा०) **सूक्ति-संग्रह,** साहित्यिक संग्रह ।

analepsis, -sy ऐनॅलें'प्'सिस्, -सि: n. (चि०) स्वास्थ्यप्राप्ण, (बीमारी^F के बाद) स्वास्थ्य-लाभ।

analeptic -'टिक् n. & a. (चि०) **संजीवक,** शक्तिवर्द्धक, पौष्टिक; (चि०) स्वास्थ्यस्थापक, स्वास्थ्यकर, नीरोग, कर देनेवाला।

analgesia ऐनैलजी'सिॲ n. वेदनाभाव, (मनो०, शिक्षा०), **पीड़ा-शून्यता^F,** (चि०) **पीड़ापहरण,** पीड़ा-नाश, सुन्न होना।

analgesic -जे'सिक् a. (रसा०, चि०) **पीड़ापहारी, पीड़ाहर** (~ *hypnotics*)।

analgetic, -sic -जे'टिक, -'सिक् a. **पीड़ाहर, पीड़ापहारी,** पीड़ा^F दूर करनेवाला, सुन्न करनेवाला।

analgia -'जिॲ n. (मनो०) = ANALGESIA.

analogic ऐनॅलॉ'जिक् a. सादृश्य-विषयक, दृष्टान्त या उदाहरण स्वरूप।

analogical -कॅल् a. सादृश्यमूलक, सादृश्यबोधक, (दर्श०) **साम्यानुमानिक** (~ *inference*), अनुरूपतावाचक, तुल्यता-द्योतक; अनुरूप, सदृश, समान; आनुषंगिक, दृष्टान्तके अनुरूप, सादृश्यके अनुसार, उपमा-युक्त, मिलता-जुलता।

analogism ॲनै'लॅजिज़्म् n. सादृश्यमूलक रचना^F; सादृश्यवाद; सादृश्य, तुल्यता^F; समीकरण।

analogist -जिस्ट् n. सादृश्यवादी; दृष्टान्त या सादृश्य देनेमें दक्ष, उपमा^F का अधिक प्रयोग करनेवाला; शब्द और अर्थके सम्बन्धको माननेवाला वैयाकरण या नैयायिक।

analogize -जाइज़् v.t. & i. सादृश्य या उपमा^F या दृष्टान्तका प्रयोग करना या व्यक्त करना; तुल्यता^F प्रकट करना, बराबरी^F दिखाना; एक सुर या लय^F में होना, एक-सा होना।

analogous -लॅगॅस् a. समानान्तर, समानार्थक (~ *term*), (रसा०, भौ०) **सदृश, तुल्यरूप,** (मनो०, प्रा० भू०) **अनुरूप,** (जीव०, वन०, प्राणि०) **समवृत्ति** (~ *organ*), समरूप, मिलता-जुलता।

analogousness -नॅस् n. तुल्यरूपता^F, सादृश्य, समानता^F, उपमा^F।

analogue ऐ'नॅलॉग् n. अनुषंगी, (भौ०) **अनुरूप,** उपमान, **तुल्यरूप** (शब्द), समानान्तर वस्तु^F, एक-सी बात^F या चीज़^F।

analogy ॲनै'लॅजि n.(शिक्षा०, का०) **सादृश्य,** साधर्म्य, (जीव०, प्राणि०) **समवृत्तिता^F;** एकमत, एकरूपता^F, समानता^F; अनुषंगी उपमान, सदृश वस्तु^F; औपम्य, साम्य, वागानुपात; **तुल्यरूपता^F,** (रसा०) **अनुरूपता^F;** (प्राकृ० इति०) दो विभिन्न अंगोंके आकार और कार्यकी समानता^F, (ग०) अनुपात, निस्बत^F; (तर्क०, दर्श०) **साम्यानुमान;** वाद-विवादकी प्रक्रिया^F, तर्क-वितर्कका क्रम।

analphabetic ऐनैलफ़ॅबे'टिक् a. & n. निरक्षर (व्यक्ति), अनपढ़ (आदमी); अशिक्षित।

analysable ऐ'नॅलाइज़ॅबॅल् a. विग्रहीय, विश्लेष्य, विश्लेषणीय, विश्लेषण योग्य।

analyse -ज़ v.t. विन्यास करना, (रसा०, प्रा० भू०, भौ०, का०) **विश्लेषण करना,** छानबीन^F करना; किसी विधान या व्यवस्था-क्रमका सूक्ष्मता^F से परीक्षण करना; (व्या०) वाक्य-विश्लेषण करना, वाक्य-विच्छेद करना; वाक्य-विग्रह करना; (किसी प्रबन्धका) सारांश दिखाना, सार प्रगट करना; (रसा०, भौ०) (किसी यौगिकको) विघटित करना, मूलतत्त्वोंको खोजना, निश्चित करना या उनका विश्लेषण करना।

analysed -ज़्ड् a. विश्लिष्ट, **विश्लेषित।**

analyser -'ज़ॅर् n. (रसा०, भौ०) **विश्लेषक,** (प्रा० भू०) **पू०प० ध्रुवक** (पू०प० = पूर्व-पश्चिम), (भौ०) **ध्रुवण-विश्लेषक,** T.

analysis ॲनै'लिसिस् n. पृथक्करण, विघटन, वियोजन, मूलतत्त्व-शोधन, विच्छेद, विग्रह, **विश्लेषण,** वाक्य-विश्लेषण, पदच्छेदन; bowling ~ क्रिकेटके खेलमें गेंद फेंकनेके परिणामका लेखाजोखा; ~ of sound **ध्वनि-विश्लेषण।**

analyst ऐ'नॅलिस्ट् n. विच्छेदक, (रसा०) **विश्लेषक** (प्रायः रासायनिक), विश्लेषयिता; विश्लेषणपटु व्यक्ति, विश्लेषण करनेवाला।

analytic, -al -लि'टिक्, -ॲल् aa. (ग०, रसा०) **विश्लेषिक;** (रसा०) वैश्लेषिक; (तर्क०, दर्श०) **विश्लेषात्मक, विश्लेषणीय,** विच्छेदात्मक, विश्लेषणपूर्ण; अयोगात्मक (भाषा^F);

~ characteristics, ~ conics, ~ definition, ~ dimensions, ~ economics, ~ function, ~ geometry, ~ hedonism, ~ judgment, ~ method, ~ proof, ~ proposition, ~ psychology, ~ statics, ~ statistics, ~ trigonometry.

analytically -लि adv. विश्लेषतः, (ग० भी) वैश्लेषिक विधि^F से, विश्लेषणात्मक पद्धति^F से, विश्लेषणपूर्वक।

analytics -क्स् n. वैश्लेषिकी^F, विश्लेषण-विद्या^F।

anamnesis ऐनॅम्नी'सिस् n. **स्मृति^F, स्मरण** (पूर्व-जन्मका या पूर्वव्याधि^F का)।

anamorphosis ऐनॅमॉर'फ़ॅसिस् n. (वन०) असाधारण रूपान्तरण, विचित्र परिवर्तन, अनोखी अदला-बदली^F।

anamorphous ऐनॅमॉर'फ़ॅस a. विकलांग, विकृत अंगवाला।

ananas ॲने(ना)'नॅस् n. = PINEAPPLE, अनानास, अनानासका फल।

anandrous ऐनैन्'ड्रॅस् a. (वन०) परागरहित, पुंकेसर-हीन।

anantherous -'थॅरॅस् a. (वन०) परागकोषहीन।

ananthous -थॅस् a. निष्कुसुम, पुष्परहित, पुष्पहीन।

ananym ऐ'नॅनिम् n. (सा०) **विपर्यस्त नाम।**

anapaest ऐ'नॅपीस्ट् n. सगण (IIS), जिस गणमें दो अक्षर लघु और तीसरा दीर्घ हो।

anapaestic -'टिक् a. सगणयुक्त, सगण-सम्बन्धी।

anaphase ऐ'नॅफ़ेज़् n. (जीव०, प्राणि०) **पश्चावस्था^F, उपान्तरूप,** T.

anaphia अॅनै'फ़िअॅ n. (मनो०, शिक्षा०) **स्पर्श-शून्यता**^{F} ।

anaphora अॅनै'फ़ॅर n. (सा०) **आद्य पुनरुक्ति**^{F}, शब्दावृत्ति^{F}, क्रमिक उपवाक्योंमें शब्द या वाक्यांशकी पुनरावृत्ति^{F} ।

anaphoresis अैनॅफ़ॅरे'सिस् n. (रसा०) **ऋण विद्युत्-संचरण** ।

anaphrodisiac अैनैफ़्रॅडि'ज़िअैक् a. (चि०) **अवाजी-कर**, कामनिग्रही ।

anaphylaxis अैनॅफ़िलैक्'सिस् n. (चि०) **तीव्र ग्राहिता**^{F}, T.

anaplerosis अैनॅप्लीरो'सिस् n. क्षतिपूर्ति^{F}; त्रुटि-पूर्ति^{F}; (चि०) व्रणरोपण ।

anaplerotic –रॉ'टिक् a. क्षतिपूरक, कमी^{F} पूरी करने-वाला; (चि०) रोपक ।

anaptotic अैनॅप्टॉ'टिक् a. विभक्तिरहित (भाषा^{F}) ।

anaptyxis अॅनैप्टिक्'सिस् n. (भाषा०) मध्यस्वरागम ।

anarch अै'नार्क् n. अराजक, विद्रोहका नेता, विद्रोह या विद्रोहियोंका सरदार ।

anarchic, -al अॅनॉर'किक्, –अॅल् aa. अराजक, अराजकतापूर्ण, अवैध ।

anarchism अै'नॅर्किज़्म् n. (का०) **अराजकता**^{F}, अशासन, अव्यवस्था^{F}, (अर्थ०, इति०) **अराजकता-वाद**, राज्य-विप्लववाद ।

anarchist –किस्ट् n. **अराजकतावादी**, राज्य-विप्लव-कारी, विद्रोहवादी ।

anarchy –कि n. (राज०, इति०) **अराजकता**^{F}, राज्य-हीनता^{F}, अशासन; अव्यवस्था^{F}, राज्य-विप्लव, विप्लव, हलचल^F ।

anarthria अॅनार'थ्रिअॅ n. (शिक्षा०) **उच्चारण-क्षति**^{F}, (चि०) **दूषित शब्दोच्चार** ।

anarthrous –थ्रॅस् a. (ग्रीक व्या०) आर्टिकलके विना प्रयुक्त; (श० र० शा०) निःसन्धि, विना जोड़के ।

anasarca अैनॅसार'कॅ n. (चि०) **देहशोथ**, सर्वांगशोथ ।

anaseism अैनॅसिइज़्म' n. (ऋतु०) **उत्कम्प** ।

anastatic अैनॅस्टै'टिक् a. उभरा (~ *printing*) ।

anastigmatic अॅनैस्टिग्मै'टिक् a. (भौ०) **अना-बिन्दुक** (~ *lens*), अविन्दुरहित ।

anastomose अॅनैस्'टॅमोज़् v.t. (जीव०) **संशाखन होना**; सम्बन्ध जोड़ना ।

anastomosing –ज़िंग् a. (वन०) **शाखाजालित** ।

anastomosis –मो'सिस् n. (बहुव० *anastomoses*) (धमनियों^{F}, शाखाओं^{F}, नदियों^{F} आदिका) अन्तर्मिलन, (चि०) **सम्मिलन**, अनुसंग, समायोग, अन्तर्गुम्फन, (वन०) **शाखाजाल**, (जीव०) **संशाखन**, जाल ।

anastomotic –मॉ'टिक् a. (वन०) **शाखाजालित**, गुम्फित ।

anastrophe अॅनैस्'ट्रॅफ़ी n. (सा०) **व्युत्क्रम**, क्रम बदलना, उलट-पुलट करना ।

anat. anatomy; anatomical.

anathema अॅनै'थि'मॅ n. **अभिशाप**, अवक्रोश; शाप, फटकार^F, धिक्कार; अभिशापग्रस्त वस्तु^{F}, अभिशप्त वस्तु^{F} ।

anathematic –मै'टिक् a. शापित; परित्यक्त; जाति-बहिष्कृत ।

anathematization –मॅटाइज़े'शॅन् n. शाप; परि-त्याग, धिक्कार ।

anathematize –थि'मॅटाइज़् v.t. & i. शाप देना, फटकारना, धिक्कारना; त्यागना, वहिष्कार करना ।

anatine अै'नॅटिन् a हंसकानुवंश, बत्तख^{F}का ।

anatomic, -al अैनॅटॉ'मिक्, –अॅल्, aa. अवयव-(~ *age*, ~ *structure*), (चि०, श० र० शा०) **शरीर-रचना-, शारीर-**, (चि०, वन०) **शरीरीय**, शल्य, प्रत्यक्ष शरीरशास्त्र-सम्बन्धी, (शरीर-) रचना-विषयक ।

anatomism अॅनै'टॅमिज़्म् n. व्यवच्छेद, शारीरिक चीर-फाड़^{F} ।

anatomist –मिस्ट् n. शरीर-रचना-विज्ञानी, शरीर-व्यवच्छेदक, शरीरकी चीर-फाड़^{F} करनेवाला; (ला०) व्यव-च्छेदक ।

anatomization –माइज़े'शॅन् n. व्यवच्छेदन; शल्य-क्रिया^{F}, चीरफाड़^{F} ।

anatomize –'टॅमाइज़् v.t. & i. शल्य-कार्य करना, शव^{F}की चीर-फाड़^{F} करना; (ला०) व्यवच्छेदन करना ।

anatomy –मि n. (वन०) **शारीर**, (चि०) **शरीर-रचना-विज्ञान**, शरीर-रचना-शास्त्र, शरीर-शास्त्र, प्रत्यक्ष शरीर-शास्त्र, व्यवच्छेद-विद्या^{F}; शरीर गठन या रचना विश्लेषण; (सा०) **व्यवच्छेद**, व्यवच्छेदन; **अवयव-संघट्टन**, (प्रच०) ढाँचा, पंजर, ममी; जर्जर (ढाँचे जैसा), दुर्बल प्राणी ।

anatreptic अैनॅट्रे'प्'टिक् a. उलटनेवाला ।

anatripsis अैनॅट्रिप्'सिस् n. (चि०) अभ्यंजन, मर्दन, मालिश^F ।

anatriptic –'टिक् १. n. (चि०) मर्दनौषधि^{F}; २. a. अभ्यंजन-सम्बन्धी, मालिशका ।

anatropous अॅनै'ट्रॅपॅस् a. (वन०) **अधोमुख**, T.

anbury, amb- अैन्'बॅरि, अैम्ब्- n. गाँठ^F, गुमरा, शलजम आदि पौधोंका रोग; गिल्टी^{F} या गुमटा (जो घोड़ों और बैलोंको निकल आता है) ।

anc. ancient; anciently.

-ance भाववाचक संज्ञाओं^{F}में प्रयुक्त (जैसे, *assist~*, *nuis~*, *eleg~*, *temper~*, *further~*, *forbear~*, *ridd~*) ।

ancestor अैन्'सि'स्टॅर n. (इति०, जीव०, का०) **पूर्वज**, पितर, **पुरखा**, बाप-दादा, नाना-मामा, ~ worship (दर्श०) **पितृपूजा**^{F} ।

ancestorial –टॉ'रिअॅल् a. (इति०) **पूर्वजी, पूर्वज-सम्बन्धी**, = ANCESTRAL.

ancestorship –'सि'स्टॅर-शिप् n. प्राग्वंशपरम्परा^{F}, (इति०) **पूर्वज परम्परा**^{F}; पुरखे ।

ancestral –से'स्'ट्रॅल् a. (का०) पूर्वज-, **पैतृक**, आनु-वंशिक, वंशपरम्परागत, (का०) **पूर्वपुरुषागत**, पुरखोंसे चला आता हुआ, खानदानी, पुश्तैनी, बाप-दादोंका;

~ debt पैतृक ऋण; ~ estate पैतृक सम्पदा^F;
~ group, ~ land, ~ occupation, ~ profession, ~ property, ~ stock.

ancestress –'से ̆स्ट्रिस् n. पूर्वजा^F, पुरखिन^F, दादी-नानी^F ।

ancestry –स्ट्रि (इति०) **पूर्वज-परम्परा^F**, वंशपरम्परा^F, (का०) **पितृपरम्परा**, पितरावली^F, पुश्त^F, पीढ़ी^F, **वंश**, **कुल**; प्राचीन कुलागम, पुराना घराना; पूर्वज, पूर्व पुरुष, (इति०) **पूर्वज लोग**, **पुरखा**, बाप-दादे ।

ancha† (Gk) n. (ज्यौ०) **अष्टम कुम्भ**, **अंका** ।

anchat† (Gk)n. (ज्यौ०)**ऊनविंश वैतरिणी^F**,**अंकत^F**।

anchithere अैङ्'किथीअॅर् n. मध्यनूतन युगका उपजन्तु, घुड़-पुरखा (छोटे टट्टूके आकारका प्रस्तरित पशु जिसे घोड़ेका पुरखा समझा जाता है) ।

anchor[1] अैङ्'कॅर् n. नांगर, लांगल, (जहाजका) **लंगर**; (ला०) आश्रय, शरण, सहारा; ~ ice तलहिम, तह^Fकी बर्फ^F; ~ plate लंगरी चादर^F, लकड़ी^F या धातु^Fका भारी टुकड़ा जिसपर झूलेके पुलोंके तार थमे हुए होते हैं; ~ ring (यंत्र०) **लंगर वलय**, (ग०) **वृत्तज वलय**; ~-stroke तोप^Fका एक प्रकार विशेष; ~-watch लंगरी पहरा, जहाजके लंगर डाले रहनेका पहरा; bower-~ (परि०) **गलही लंगर**; मँझोला लंगर; double fluke ~ (परि०) **दुफला लंगर**; kedge-~ (परि०) **लोथारी लंगर**, छोटा लंगर; sheet-~ बड़ा लंगर; single fluke ~ (परि०) **एकफला लंगर**; stockless ~ (परि०) **अर्गल रहित लंगर**; stream ~ (परि०) **ढबूसा लंगर**; swivel ~ (परि०) **भँवरकली लंगर**; *at* ~ स्थिर, ठहरा हुआ; *cast* ~ लंगर डालना; *come to (an)* ~ लंगर डालना, लंगर गिराना; *weigh* ~ लंगर उठाना;
~ arm, ~ bolt, ~ bracket, ~ cable, ~ chain, ~ clamp, ~ gate, ~ gear, ~ ground, ~ hold, ~ hook, ~ lining, ~ pile, ~ pocket, ~ point, ~ tie, ~ wall.

anchor[2] १. v.t. जहाजको लंगर डालकर खड़ा करना, ठहराना; (ला०) दृढ़तर बनाना; जकड़ना, कसना; २. v. i. लंगर गिराना; **लंगर डालना**; रुकना, ठहरना ।

anchorage –रिज् n. लंगरवानी^F, लंगर डालना; लंगरपर ठहरना या रुकना; (यंत्र०) **जकड़^F**; पोतबन्धन-स्थान; लांगल-स्थान, **लंगर-स्थान**, **लंगरगाह**, बन्दरगाह; आश्रम, (ला०) आश्रय, शरण^F, सहारा, भरोसा; लांगल-शुल्क; (परि०) **लंगर-शुल्क**, पोतभाड़ा, लंगरवानी^Fका कर या महसूल, जहाज ठहराई^F ।

anchoress, ancress अैङ्'कॅरिस्, अैङ्'क्रिस nn. वैरागिन^F, संन्यासिनी^F, तपस्विनी^F, जोगिन^F ।

anchoret, -rite –रिट्, –राइट् nn. विरक्त योगी, एकान्तप्रिय व्यक्ति, एकान्तवासी योगी, यति, परिव्राजक, संन्यासी, वनवासी, संसार-त्यागी, उदासी, वैरागी ।

anchoretic, –al –रे'टिक्, –अॅल् a. वैराग्यपूर्ण, संन्यासी-सम्बन्धी, वैरागीका ।

anchoretism –'कॅरिटिज़्म् n. संन्यासधर्म; योगाचार ।

anchoring –रिंग् n. **लंगर डालना**; ~ ground लांगल-स्थान; ~ hook **लंगर-काँटा** ।

anchorite अैङ्'कॅराइट् n. = ANCHORET.

anchovy अैङ्कोंवि, अैङ्'कॅवि n. (बहुव० *-vies*) शुष्क मीन^F, छोटी हैरिंग जाति^Fकी मछली^F,बहुलिका^F;~-paste & ~-sauce एंकोवी^Fकी चाशनी^F या चटनी^F; ~-pear पश्चिमी द्वीपसमूहका फल जो आमकी तरह खाया जाता है; ~-toast एंकोवी^Fकी चटनी^F लगा हुआ टोस्ट ।

anchylose अैङ्'किलोज़् v.t. & i. (चि०) संधिस्तंभन करना; (सन्धियों^F, अस्थियों^Fको) कड़ा करना, जोड़ना; कड़ा होना, जुड़ना ।

anchylosis –लो'सिस् n. (चि०) संधिस्तंभन, संधिग्रह, सन्धि-काठिन्य, जोड़ोंका कड़ापन ।

ancien regime† (F) प्राचीन राज्यकाल, फ्रांसीसी क्रान्ति^Fके पूर्वका समय ।

ancient[1] अेन्'शॅन्ट् n. [विकृत] (प्रा०) = ENSIGN.

ancient[2] n. & a. प्राक्तन, (का०) **पुरातन**, **प्राचीन**, बहुत दिनका; पुराना, बूढ़ा; the ~s प्राचीन कालकी सभ्य जातियाँ^F; the A~ of Days आदिपुरुष, ईश्वर; ~ lights पुरातन प्रकाशायन, ऊर्ध्व वातायन (जिससे पड़ोसी प्रकाशसे वंचित न कर सके); ~ regime फ्रांसकी क्रान्ति^Fसे पहलेका राज्यकाल;
~ civilization, ~ document, ~ grant, ~ monument, ~ writings.

anciently –लि adv. प्राचीनकालमें, पूर्व समयसे, पुरा ।

ancientness –ट्-निस् n. पुरातनत्व, प्राचीनता^F, पुरानापन ।

ancientry –न्ट्रि n. पुरातन पद्धति^F, प्राचीन शैली^F, पुराना ढंग, पुरानी चाल^F; प्राचीनकाल; पुरातत्त्व ।

ancillary[1] अैन्'सिलॅरि n. (पुरा०) **उपमार्ग** ।

ancillary[2] a. दास, अधीन, मातहत; (रेल०) **अनुषंगी**, संलग्न; उप-, (का०) **गौण**, (संवि०) **सहायक**;
~ accommodation, ~ administration, ~ apparatus, ~ lens, ~ service, ~ statistics, ~ stores.

ancipital अैन्सि'पिटॅल् a. द्वितट, दो किनारों अथवा सिरोंवाला ।

ancon अैङ्'कॉन् n. (श० र० शा०) कूर्पर, कुहनी^F; (स्था०) कमाँचा, दीवार^Fकी कुहनी^F जिसपर कारनिस^Fका सहारा होता है ।

anconeal –कॉ'निॲल् a. कूर्पर-सम्बन्धी, कोहनी-सम्बन्धी ।

anconeus –अॅस् n. (चि०) **कूर्पर-पृष्ठिका^F** ।

-ancy सामान्यतः भाववाचक संज्ञाओं^Fमें ही प्रयुक्त (जैसे, *buoy~*, *pregn~*) ।

ancylostomiasis अैन्सिलॉस्टॅमाइ'अॅसिस् n. (चि०) = ANKYLOSTOMIASIS.

and* अॅन्ड्, अैन्ड conj. एवं, तथा, और*, व; (विशे०) *and/or* एक या दोनों; *nice ~ thin* कलात्मक रूपसे,

सूक्ष्म; *two* ~ *two* दो-दो करके; ~ *all* पूर्णरूपसे, पूरी तरहसे।
andante अैन्डैन्'टि a. (संगीत) धीरे चलनेवाला।
andean अैन्डी'अॅन् a. ऊँचा, बड़ा।
Anderson Shelter अैन्'डॅर्सॅन् शॅल्'टॅर् n. (हवाई आक्रमणसे बचनेके लिए सचल) मेहराबदार इस्पाती शरणस्थान।
andiron अैन्'डाइरॅन् n. अंगाराधान, आग-टेक^F, अँगीठी^F में के लोहेके सींकचे (जिनपर लकड़ी^F या कोयला रुकता है)।
Andrew अैन्'ड्रू n. पार्श्वचर, अनुचर, टहलुआ, नौकर; merry-~ विदूषक, मसखरा।
androecium अैन्ड्री'सिअॅम् n. (वन०) पुंकोष्ठ, पुंकोष, पुंकेसर, नरेदान; (वन०, कृषि०) **पुमंग,** T.
androgenesis अैन्ड्रॅजे'निसिस् n. (कृषि०) **पुमणुजनन,** पुल्लिंग-जनन।
androgenic –'निक् a. (चि०) **पुंसत्वजनक।**
androgyne अैन्'ड्रॅजिन् n. उभयलिंगी पौधा।
androgynous –ड्रॉ'जिनॅस् a. उभयलिंगी, द्विलिंग, नरमादीन; (वन०) उभयकोषधारी, नर-मादा (फूल, पौधा)।
androgyny –नि n. उभयलिंगता^F, द्विलिंगता^F, व्यामिश्र लिंगता^F।
andromeda† (Gk) n. (ज्यौ०) **देवयानी^F, एँड्रोमेडा^F।**
andropetalous अैन्ड्रॅपे'टॅलॅस् a. द्विपुष्पी, दो फूलोंके गुण रखनेवाला।
androphagi अैन्ड्रॉ'फॅजि n. नरभक्षक लोग।
androphagous –फॅगॅस् a. नरभक्षी, आदमखोर।
androphilic अैन्ड्रॅफि'लिक् a. (चि०) मनुजानुरागी, **मानवरक्त-रागी,** T.
androphore अैन्'ड्रॅफोअॅर् n. (वन०) **पुमंग-वृन्त।**
androsome अैन्ड्रॉ'सॅमि n. (वन०) **पुंसूत्र।**
andro-sphinx अैन्ड्रॅ-स्फिङ्क्स् n. नरसिंह।
androsporangium अैन्ड्रॅस्पॅरैन्'जिअॅम् n. (वन०) **पुंसूधानी^F, पुंसूबीजाणु-धानी^F,** T.
androspore अैन्'ड्रॅस्पोअॅर् n. **पुंसू, नरजन्यु,** T.
-ane -AN का भिन्न रूप (जैसे, *germ~*, *urb~*, *hum~*)।
anecdotage अै'निक्डोटिज् n. उपाख्यान-माला^F, आख्यायिका^F, घटनाचक्र, कहानियाँ^F, वार्ता^F, लघुकथा^F, किस्से; (विनोद०) वृद्धावस्था^F, बुढ़ापा; वाचालता^F।
anecdotal[1] –टॅल् n. उपाख्यान, आख्यायिका^F, कहानी^F, घटनावर्णन, असंगत घटना^F का चित्रण।
anecdotal[2], **anecdotic, -cal** –टॅल्, –डॉ'टिक्, –कॅल् aa. आख्यायिका-विषयक, कथा-सम्बन्धी; ~ method (शिक्षा०) **घटनावर्णन-पद्धति^F;** ~ record (शिक्षा०) **घटनावृत्त।**
anecdote –ट् n. कथा^F, आख्यायिका^F, (सा०) **उपाख्यान,** जीवनकी झाँकी^F, घटनावृत्त, (मनो०) **घटना^F,** छोटी-सी घटना^F का वर्णन।
anechoic अैनि'कोइक् a. (भौ०) **अप्रातिध्वनिक, प्रतिध्वनिहीन।**
anelasticity अैनिलैस्टि'सिटि n. (भौ०) **विषम प्रत्यास्थता^F।**
anele अॅनील' v.t. (प्रा०) अनुलेपन करना, मलना, मालिश^F करना, रगड़ना; सुगन्धित करना।
anelectric अैनिलेॅक्'ट्रिक् १. n. अविद्युत्तत्व, बिजली^F न बनानेवाला पदार्थ; २. a अविद्युद्ग्राही।
anemia अॅनी'मिअॅ n. रक्ताभाव, दे० ANAEMIA.
anemogram अॅने'मग्रैम् n. वायुवेग-चित्र, **पवन-लेख,** हवा^F के दबावका अभिलेख।
anemograph अॅने'मग्राफ् n. पवनवेग-लेखक (यन्त्र)।
anemometer अैनिमॉ'मिटॅर् n. (नौवि०) **वायुवेगमापी,** (वैमा०) **पवनवेगमापी,** (रसा०, भौ०, रेल०) **पवनमापी,** पवनवेगमापक (यन्त्र)।
anemometric –मेमे'ट्रिक् a. पवनवेगमाप-सम्बन्धी।
anemometry –मॉ'मिट्रि n. पवनवेगमापन, पवनमिति^F।
anemone अॅने'मॅनि n. पवन-पुष्प, एक प्रकारका फूल, (जीव०) T.
anemophilous अैनिमॉ'फिलॅस् a. (वन०) **वायुपरागित,** T.
anemoscope अॅने'मॅस्कोप् n. पवनवीक्षक, (वैमा०) **पवन-दिग्दर्शी।**
anent अॅनेन्ट्' prep. विषयक, सम्बन्धमें, बारेमें, बाबत।
-aneous -वाला अर्थमें लैटिन विशेषणोंमें प्रयुक्त (जैसे, *cut~*, *extr~*)।
anepigraphic अॅनेपिग्रै'फिक् a. (इति०) **लेखहीन।**
aneroid अैनॅराएॅड् n. & a. (प्रा० भू०) **निर्द्रव** (~ *barograph*); ~ barometer **निर्द्रव वायुदाबमापक,** पृथ्वी^F पर वायु^F का भार जाननेका यन्त्र।
anesthesia अैने'स्थीज़िअॅ n. = ANAETHESIA.
anesthesiology –ऑ'लॅजि n. विसंज्ञा-विज्ञान, निश्चेतना-शास्त्र; संवेदनाहरण।
anethol अै'निथोल् n. (रसा०) सौंफ^F का तेल, T.
anethopath 'अॅने'थॅपैथ् n. (दर्श०) **नीति-रुग्ण,** आचरण-रोगी।
anethopathy अैनिथॉ'पॅथि n. (दर्श०) **नीति-रुग्णता^F;** आचरण-रोगिता^F।
anethum अॅनि'थम् n. (चि०) **सोया,** (वन०) T.
aneuploid अैन्यू'प्लाएॅड् a. (कृषि०) **असमगुणित,** T.
aneurysm, -ism अैन्युअॅरिज़्म् n. (चि०) धमनी स्फीति^F, धमनी^F का फैलाव; असाधारण स्फीति^F, फैलाव।
anew अॅन्यू', अॅनीऊ' adv. पुनः, पुनरपि, फिरसे; अभिनव शैली^F से, नये ढंगसे, भिन्न प्रकारसे, दोहराकर।
anfractuose अैन्फ्रै'क्ट्युओस् a. = ANFRACTUOUS.
anfractuosity –ऑ'सिटि n. गहनता^F, जटिलता^F, कुटिलता^F, चक्र, चक्कर, उलझन^F; (बहुव०) गहन पथ, जटिलमार्ग, चक्करदार रास्ता।

anfractuous –'स्युअॅस् a. (शा० एवं ला०) चक्रिल, चक्करदार; गहन, कुटिल, जटिल, उलझा हुआ, फेरदार।

Ang. *Anglice*, in English.

angary ऐङ्'गॅरि n. (राज०) **संकटाधिकार**, (का०) (युद्धरत व्यक्तिका किसी तटस्थ व्यक्तिकी सम्पत्ति^{F}पर) बलात् अधिकार।

angel अेन्'जॅल् n. स्वर्गीय दूत, देवदूत, फरिश्ता; सुन्दर या सुकुमार भोला आदमी; प्रेम-व्यापारोंका सहायक; ~s, devils, -on-horseback सुअरके गोश्तके टुकड़ेसे ढँके हुए घोंघेकी रकाबी^{F}; ~-fish एक प्रकारकी शार्क मछली^{F}; ~-noble पुराना अँग्रेजी सोनेका सिक्का; *good, evil* ~ अनुचर आत्माएँ^{F}; *visits like those of ~s* बहुत कम आना-जाना; *entertain an ~ unawares* किसी व्यक्तिकी सेवा^{F} जो बादमें फलदायक सिद्ध हो।

angelic अैन्जे'लिक् a. देवदूत-सदृश, अलौकिक अथवा दिव्य गुणोंवाला; देवदूत-विषयक, स्वर्गदूत-सम्बन्धी।

angelica –कॅ n. देवदूत-जड़ी^{F} (गाजर^F जैसी)।

angelical –कॅल् a. स्वर्गीय दूत सम्बन्धी, देवदूतके गुणोंवाला।

angelolatry अेन्जॅलॉ'लॅट्रि n. देवदूत-पूजन।

angelology –लॅजि n. देवदूतवाद, देवदूत-पूजन-सिद्धान्त।

angelophany –'फ़ॅनि n. देवदूत-दर्शन।

angelus अैन्'जिलॅस् n. देवदूत-पूजा^{F}, अवतार-पूजा^{F}।

anger^1 ऐङ्'गॅर् n. (शिक्षा०) रोष, कोप, **क्रोध**, गुस्सा, नाराजी^{F}, रिस^F।

anger^2 v.t. कुपित करना, रोष दिलाना, क्रुद्ध करना, नाराज करना, गुस्सा दिलाना।

angetenar† (Gk) n. (ज्यौ०) **ऊनविंश वैतरणी^{F}**, **अंजीतेनार^F**।

angina अैन्जाइ'नॅ n. (चि०) तालु-प्रदाह, कण्ठ-प्रदाह, गलशोथ, श्वासरोध, घोट^F; ~ pectoris हृत्शूल, हृद्ग्रह, हृद्घोट^F, छाती^{F} या सीनेका दर्द या सूजन^F।

angio- वाहिनी (*~neurosis, ~pressure*)।

angioblast अैन्'जिओब्लास्ट् n. (चि०) **रक्तवहाप्रसू^{F}**।

angiology अैन्जिऑ'लॅजि n. (चि०) **रक्तसंचार विज्ञान**।

angiotonin अैन्जिऑ'टॅनिन् n. (चि०) **रक्तवहा-तानिका^{F}**, T.

angle*^{1} ऐङ्'गॅल् n. काँटा, मछली^{F} पकड़नेकी बंसी^{F}; (ग०, स्थिति०, नौवि०) **कोण*** (ACUTE, OBTUSE, RIGHT ~), तीक्ष्ण प्रलम्बन, कोना; ~ brace (यंत्र०) **कोणतान^F**; ~-iron (रेल०, यंत्र०) **कोणायस**, (यंत्र०) **कोनी^{F}**, **ऐंगलेरन**; कोनी जोड़^{F}, (परि०)**कोनिया लोह**, ढाँचेको मजबूत बनानेके लिए ∠ के आकारका लोहेका टुकड़ा; ~ of vision दृष्टिकोण; ~wise कोणरूपेण, कोण-जैसा;

~ axis, ~ bar, ~ bearing, ~ bisector, ~ block, ~ board, ~ bracket, ~ centrifuge, ~ drilling, ~ equation, ~-fish, ~ flange, ~ hinge, ~ intersection, ~ joint, ~ measure, ~ plate, ~ pole, ~ ring, ~ wheel.

angle^2 v.t. काँटा डालना, बंसी^{F} लगाना, काँटेसे मछली^{F} पकड़ना, चारा डालकर फँसाना. (शा० एवं ला०); v.t. & i. कोण बनाना; दृष्टिकोण देना।

angled –ड a. कोण-युक्त।

angler –लॅर् n. मीन-विदारक, मत्स्य-वेधक, मछुवा, मछलीमार, माहीगीर; (जन्तु०) एक ब्रिटिश शिकारी मछली^{F} (जिसके सिर और मुँहपर रेशे होते हैं जिनसे वह शिकार करती है)।

anglican अैङ्'ग्लिकॅन् a. आंग्ल, अँग्रेजी ⊙, इंग्लिश।

Anglice† (L) adv. अँग्रेजी^{F}में; अंग्रेजी ढंगसे।

anglicise अैङ्'ग्लिसाइज् v.t. आंग्लीकरण, अँग्रेजी भाषा^{F}के अनुसार प्रयोग करना, अँग्रेजी करना; अँगरेज़ बनाना, अँग्रेजी रहन-सहन^F करना।

Anglicism –सिज़्म् n. अँग्रेजी मुहावरा, **आंग्लीयता^{F}**, आंग्लवाद, अँग्रेजी राजनीतिक सिद्धान्त।

angling अैङ्'ग्लिंग् n. (नौवि०) **मछली^{F}का शिकार**, (जीव०) **बंसी^{F} लगाना**; मछली^{F} पकड़ना।

Anglo- आंग्ल-; अँग्रेजी (जैसे, ~ *Catholic*, ~*American*, ~*French*, ~*Indian*)।

anglomania अैङ्गलॅमे'निअॅ n. आंग्लोन्माद, अँग्रेजी रीति-रिवाजों या रहन-सहन^{F}की अत्यधिक प्रशंसा^{F}।

anglophil(e) अैङ्'ग्लॅफ़ाइल् n. अँग्रेजी वस्तुओं^{F}का प्रशंसक।

anglophobe अैङ्'ग्लॅफ़ोब् n. अँग्रेजी वस्तुओं^{F}से घृणा^{F} करनेवाला व्यक्ति।

anglophobia –'बिअॅ n. अँग्रेजी वस्तुओं^{F}से घृणा^{F}।

Anglo-Saxon अैङ्ग्लॅसैक्'सॅन् n. & a. अँग्रेज, प्राचीन अँग्रेजी जाति^{F}का, T.

angola, angora अैङ्गो'लॅ, अैङ्गो'रॅ nn. अँगोरा-(नगर)की बकरियों^{F}के ऊनसे बना कपड़ा; ~ cat लम्बे बालोंवाली बिल्ली^{F}, अँगोरा बिल्ली^{F}, विलायती बिल्ली^{F}।

angor अैङ्'गोर् n. (चि०) = ANGINA.

angostura, angus- अैङ्गॅस्ट्युअॅ'रॅ n. & a. एक कड़वी छाल^F जो ज्वरनाशक और शक्तिवर्द्धक ओषधि^{F}के रूपमे काम आती है (~ *bitters*)।

angriness अैङ्'ग्रिनिस् n. क्रुद्धावस्था^{F}, झुँझलाहट^F।

angry* –ग्रि a. प्रचण्ड, प्रज्वलित, भड़का हुआ; कष्टप्रद, दुःखद, पीड़ादायक; क्रुद्ध*, कुपित, गुस्से, नाराज, क्रोधी, बिगड़ जानेवाला, अशान्तचित्त, आवेशपूर्ण।

Angstrom अैङ्'स्ट्रॅम् n. सेन्टीमीटरका दस करोड़वाँ भाग, **आँगस्ट्रोम**; प्रकाशादिकी लहरों^{F}की लम्बाई^F नापनेका यत्र, T.; ~ Unit (रसा०) **आँगस्ट्रोममात्रा^{F}**, (लघु तरंग^{F}की लम्बाई^F व्यक्त करनेमें प्रयुक्त) आँगस्ट्रोम इकाई^F।

anguiform अैङ्'ग्विफ़ॉर्म् a. सर्पाकार।

anguilliform –ग्वि'लिफ़ॉर्म् a. (जीव०) **ईलाकार**,

सर्पमत्स्याकार, साँप-मछली^F के समान।

anguine –'ग्विन् a. सर्पिल, सर्पके सदृश।

anguish ऐङ्'ग्विश् n. (*anguishment*) व्यथा^F, दारुण दुख, अतिशय शारीरिक या मानसिक कष्ट, (दर्श०) **ताप**, (शिक्षा०) **वेदना**^F, बेहद दर्द।

angular ऐङ्'ग्युलॅर् n. अस्थूल, कृश, क्षीण, दुबला; मृदुलताहीन, लोचरहित; निष्ठुर, कठोर, कड़ा, अक्खड़; चुभता; (नौवि०, वन०, भौ०, ग०) कोण-सम्बन्धी, **कोणीय**, कोणिक, **कोणक**, कोणयुक्त, कोनेवाला, कोनेदार, कोणमें या कोनेपर स्थित; कोण द्वारा नापा हुआ; ~ notch (चि०) **कोणभंगिका**^F;
~ acceleration, ~ advance, ~ aperture, ~ bone, ~ coordinates, ~ deflection, ~ deformation, ~ diagram, ~ diameter, ~ dispersion, ~ distance, ~ distribution, ~ divergence, ~ error, ~ faces, ~ frequency, ~ function, ~ groove, ~ height, ~ iron, ~ magnification, ~ measure, ~ momentum, ~ motion, ~ movement, ~ point, ~ position, ~ sign, ~ spacing, ~ speed, ~ stomatitis, ~ topography, ~ velocity, ~ wheel.

angulate[1] –लेट् v.t. कोणदार बनाना।

angulate[2] –लॅट् a. कोणयुक्त, कोनेदार, कोण या कोनोंसे बना हुआ।

angulation –ले'शॅन् n. कोणीकरण; कोणरचना^F, कोणिता^F।

angulose, -ous –'ग्युलोस् ,–ॲस् a. = ANGULAR.

angusti- तनु-, क्षीण-, तंग, पतला (जैसे, ~*foliate*, ~*rostrate*)।

angustifoliate ऐङ्गॅस्टिफो'लिॲट् a. चौड़ाई^F में पतले पत्तोंवाला।

anhedonia ॲन्हिडो'निॲ n. आनन्दाभाव, (मनो०) **सुख-दुःख-शून्यता**^F।

anhedral ॲन्ही'ड्रॅल् a. (प्रा० भू०) **अपार्श्वक**, अनपहलू।

anhelation ॲन्हीले'शॅन् n. (चि०) श्वासकृच्छ्र, श्वास-संकोच, हाँफना, जल्दी साँस^F चढ़ना।

anhidrosis ॲन्हि'ड्रो'सिस् n. (चि०) अस्वेदता^F, स्वेदाभाव।

anhidrotic –ड्रॉ'टिक् a. अस्वेदक, अस्वेदल; स्वेदरोधी।

anhima ॲन्हाइ'मॅ n. सामान्य शृंगिक्रोशक, एक सींगदार पक्षी।

anhydremia ॲन्हाइड्रे'मिॲ n. (चि०) **अजलरक्तता**^F।

anhydrotics ॲन्हाइड्रॉ'टिक्स् n. (चि०) **अस्वेदलता**^F, स्वेदाभाव।

anhydrous ॲन्हाइ'ड्रॅस् a. (रसा०, यंत्र०) **अजल** (~ *ether*), अनार्द्र, (प्रा० भू०) **निर्जल**, (चि०) **निर्जलीय, जलरहित**, विना पानीका।

aniconic ॲनाइकॉ'निक् a. प्रतिमापूजा-सम्बन्धी (जो भगवान्‌का मानवीय रूप न हो), मूर्त्ति^F का।

aniconism ॲनाइ'कॅनिज़्म् n. मूर्तिपूजा^F।

anigh ॲनाइ' adv. & prep. समीप, पासमें।

anil ऐ'निल् n. नील (पौधा और रंग)।

anile ऐ'नाइल् a. अशक्त, निर्बल, क्षीण, मरियल; वृद्धासदृश, बुढ़िया-जैसा; ~ decay स्त्रियों^F में वृद्धावस्था^F।

aniline ऐ'निलाइन् n. नीलिन^F, विनील, नीला; (रसा०) ऐनिलीन, रंजन-उद्योग तथा अन्य उद्योगोंमें प्रयुक्त होनेवाला कोलतारसे प्राप्त एक यौगिक;
~ acetate, ~ black, ~ blue, ~ brown, ~ crystal, ~ dye, ~ grey, ~ nitrate, ~ oil, ~ orange, ~ purple, ~ red, ~ rose, ~ salt, ~ scarlet, ~ spirit, ~ violet, ~ yellow.

anility ॲनि'लिटि n. वृद्धावस्था^F, बुढ़ापा, सठियापा; क्षीणता^F, दुर्बलता^F।

anima ऐ'निमॅ n. आत्मा^F; अन्तस्सत्ता^F; (मनो०) **अन्तर्नारी**, T.

animadversion ऐनिमॅड्वॅर्'शन् n. दोषारोपण, भर्त्सना^F, तिरस्कार, निन्दा^F; अविश्वास; दोषविवेचन, टीका-टिप्पणी^F, आलोचना^F, नुकताचीनी^F।

animadvert –वॅर्ट्' v.i. आलोचना^F करना, निन्दा^F या तिरस्कार करना; दोष-गुण विचार करना; डाँट-डपट^F करना; अविश्वास करना।

animal*[1] ऐ'निमॅल् n. चतुष्पद, चौपाया; (कृषि०) **पशु***, जानवर, हैवान; (चि०; प्रा० भू०, जीव०) **प्राणी**, (चि०, जीव०) **जन्तु**, जीव, जीवधारी, जानदार; पशु सदृश या वर्वर मनुष्य, जंगली आदमी; ~ ornamen (इति०) **पशु-चित्र**; ~ pleasure विषय-सुख, ~ stock (संवि०) **पशुओंकी नस्ल**^F।

animal[2] a. (रसा०) **जान्तव**, पशु-, पाशविक, पशुवत्, पाशव; मांस-सम्बन्धी (वनस्पतिकी तुलना^F में); वासनामय, विषयी, कामुक, इन्द्रिय-विषयक; ~ heat (चि०) शरीरोष्मा^F, जीवनी-शक्ति^F; ~ husbandry (कृषि०) **पशुपालन**; ~ magnetism पाशव चुम्बकत्व, मेसमरिज़्म; ~ spirits कलोल, खेलकूद^F;
~ anatomy, ~ association, ~ attendent, ~ behaviour, ~ black, ~ breeding, ~ carcass, ~ caretaker, ~ cell, ~ cellulose, ~ charcoal, ~ coal, ~ colour, ~ consumption, ~ disease, ~ dispersal, ~ distribution, ~ drive, ~ dung, ~ dyestuff, ~ ecology, ~ electricity, ~ establishment, ~ evolution, ~ excreta, ~ experiment, ~ fat, ~ fibre, ~ gelatin, ~ ghee, ~ harness, ~ implements, ~ inoculation, ~ kingdom, ~ life, ~ load, ~ lymph, ~ machine, ~ magnetism, ~ manure, ~ matter, ~ membrane, ~ nutrition, ~ oil, ~ parasite, ~ phos-

phate, ~ physiology, ~ pole, ~ power, ~ produce, ~ product, ~ protein, ~ psychology, ~ room, ~ rouge, ~ species, ~ starch, ~ strength, ~ substance, ~ traction, ~ transport, ~ type, ~ unit.

animalcule ऐनिमैल्'क्यूल् n. (बहुव० *-lae*) अणुजीव, कीटाणु, (जीव०) **जन्तुक**, क्षुद्रजन्तु, भुनगा।

animalculism –लिज़्म् n. अणुजीवत्व, कीटाणुवाद, अणुकीटोंके कारण शारीरिक घटनाओं^F^के होनेका सिद्धान्त।

animalculist –लिस्ट् n. अणुजीववादी, कीटाणुवादी।

animalism ऐं'निमॅलिज़्म् n. पाशविकता^F^, इन्द्रिय-भोग, कामुकता^F^, वासना^F^; जन्तुत्व, पशुत्व, पशुता^F^, पशुक्रिया^F^, पशु-धर्म; जन्तुवाद, यह सिद्धान्त कि मनुष्य पशु ही तो है।

animality –मै'लिटि n. पशुवृत्ति^F^, पाशविक स्वभाव, पशु-प्रकृति^F^, पाशविकता^F^; जन्तु-जगत्, पशु-संसार।

animalization –मॅलाइज़े'शॅन् n. पशुकरण, जन्तुकरण; (चि०) सात्म्यीकरण।

animalize –'निमॅलाइज़् v.t. पाशविक वृत्तियों^F^को जगाना, पशु बनाना; वासनामय बनाना; विषयासक्त करना; सात्म्य करना।

anima mundi† (L) विश्वात्मा^F^।

animate[1] ऐं'निमेट् v.t. अनुप्राणित करना, **चालित करना,** प्राण संचार करना, प्राण फूँकना, प्राण डालना; चेतन बनाना, सजीव बनाना, स्फूर्तिमय कर देना; उत्तेजित करना, उभारना, उकसाना, जोश दिलाना; उत्साहित करना; धैर्य बँधाना, ढाढ़स^F^ देना।

animate[2] –मॅट् a. जीवन्त, (जीव०) **सजीव**, सचेत, **चेतन,** जीवित, जीवधारी, सप्राण, जीता हुआ; उत्साहित, चुस्त, जीता-जागता।

animated –मेटॅड् a. प्रफुल्ल; सजीव (~ *nature*), (*an ~discussion*), अनुप्राणित, तेजस्वी।

animating –टिंग् a. जीवनदायी, जीवन देनेवाला; स्फूर्तिदायी, प्रेरक।

animation –मे'शॅन् n. स्फुरण, प्रफुल्लता^F^, तेजस्विता^F^, स्फूर्ति^F^, जीवन्तता^F^, सजीवता^F^, जीव-संचारण, जान^F^।

animatism –'निमॅटिज़्म् n. (मनो०, इति०) **चेतनवाद**।

animative –मेटिव् a. जीवनशील, चेतनशील, चेतन, सजीव।

animato† (It) (संगीत) स्फूर्ति^F^से।

animator –टॅर् n. उत्तेजक, सचेतनकर्ता, प्रोत्साहक, हर्षदाता; व्यंग्यचित्रकार, सजीव कार्टून बनानेवाला।

animism ऐं'निमिज़्म् n. आध्यात्मिकता^F^, अध्यात्मवाद; (शिक्षा०, दर्श०) **सर्वात्मवाद,** प्राणवाद, **जीववाद,** जीवात्मवाद, आत्मवाद; सर्वचेतनवाद।

animist –मिस्ट् n. चैतन्य, चैतन्यवादी, अध्यात्मवादी, आत्मवादी; सर्वचेतनवादी।

animistic –'टिक् a. अध्यात्मवाद विषयक, आध्यात्मिक, आत्मवादी, सर्वात्मवादी, चेतनवादी; ~ stage चेतनवादी अवस्था^F^।

animo furandi† (L) (का०) **लूटनेका इरादा**।

animosity ऐनिमॉ'सिटि n. विरोध, विद्वेष, घोर शत्रुता^F^, वैर।

animus –'निमॅस् n. विद्वेष, शत्रुता^F^; अभिप्राय; प्राणपद, सत्ता^F^, जीवनी शक्ति^F^, प्राण, आत्मा^F^, (का०) **मन, इच्छा^F^, संकल्प;** (मनो०) **अन्तर्नर**, T.

animus manendi† (L)(का०) **वासेच्छा^F^**।

animus morandi† (L) (का०) **वासेच्छा^F^**।

animus revertendi† (L) (का०)**लौटनेकी इच्छा^F^**।

anion ऐं'निॲन् n. (कृषि०, भौ०, रसा०) **ऋणायन,** अपाणु।

anionic –ऑ'निक् a. अपाणु-सम्बन्धी, ऋणायनीय, (रसा०) **ऋणायन-** (~ *exchange*), **ऋणायनिक** (~ *detergents*)।

anionoid –नाऍड् a. **ऋणायनाभ**, अपाणुरूप।

anionotropic –नॅट्रॉ'पिक a. **ऋणायनविमोचक**।

anise ऐं'निस् n. (कृषि०) **सौंफ^F^**; सौंफ^F^का वृक्ष, सौंफ^F^ का पौधा (फारस या ईरानका)।

~ camphor, ~ fruit, ~ oil, ~ water.

aniseed –सीड् n. (कृषि०) **सौंफ^F^**।

anisette –निज़े'ट् n. सौंफ^F^की शराब^F^, सौंफ^F^की सुगन्धि^F^में बसी हुई मदिरा^F^; सौंफ^F^का अर्क।

aniso- असम, असमान (जैसे, *~merous, ~metric*)।

anisogamete ऐनाइसॅ'गॅमीट् a.(वन०) **असम युग्मक**।

anisogamous –मॅस् a. (वन०) **असम युग्मी**।

anisogamy –मि n. (वन०) **असम युग्मन**।

anisomerous ऐनाइसॅमे'रॅस् a. (वन०) असमभागी, असम अवयवी।

anisometric –'ट्रिक् a. **अतुल्यदरीय; असम अवयवी;** क्रमरहित हिस्सेवाला, असम।

anisometropia –ट्रो'पिॲ n. दृष्टिविषमता^F^, (चि०) **असम दृष्टि^F^**, T.

anisometropic –ट्रॉ'पिक् a. (चि०) **असमदृष्टिक**।

anisotropic ऐनाइसॅट्रॉ'पिक् a. (भौ०, चि०) **विषमदिक,** (रसा०) **विषमदेशिक,** (प्रा० भू०) **असम चालधर्मी**।

anisotropy –सॉ'ट्रॅपि n. (रसा०) **विषमदेशिकता^F^**।

ankle, ancle ऐङ्'कॅल्, ऐङ्'कॅल् n. (जीव०) **गुल्फ^F^, टखना;** घुटिका^F^, टखना और पिंडली^F^के बीचका पतला भाग; ~-deep टखनेतक गहरा; ~ clonus (चि०) **गुल्फक्षेप;** गुल्फपेशी^F^; ~ jerk (चि०) **गुल्फ झटका;** ~ joint (चि०) **गुल्फ-संधि^F^**, खुडक।

anklet –क'लिॅट् n. गुल्फ भूषण, नूपुर, (इति०) **पायल^F^**, पाजेब^F^।

ankus ऐङ्'कस् n. अंकुश, हाथी चलानेका भाला।

ankylosis ऐङ्किलो'सिस् n. (कृषि०) **संधि-स्थैर्य,** (जीव०) **अस्थि-समेकन**।

ankylostoma ऐङ्किलॉस्'टॅमॅ n. हनुस्तम्भ, बन्द जबड़ा; (जीव०) अंकुशमुखी कृमि, केंचुआ।

ankylostomiasis –माइ'ॲसिस् n.(जीव०)अंकुशकृमि रोग, केंचुआका रोग; सन्धि-जड़ता^F^, हनुस्तम्भ।

anlace, anelace अैन्'लॅस्, अैनि'लॅस् n. दोधारा, खण्डा।

anna अॅ'नॅ n. आना, इकन्नी^F।

annal अॅ'नॅल् n. (सा०) **इतिवृत्त,** वार्षिकी^F।

annalist –लिस्ट् n. वार्षिक वृत्तान्त-लेखक, इतिवृत्त-लेखक, इतिहास-लेखक (वर्षक्रमानुसार), वार्षिकी-लेखक, अब्दकोषकार।

annalistic –'टिक् a. इतिहास-सम्बन्धी; इतिवृत्तात्मक; वार्षिक वृत्तान्त लेखक-सम्बन्धी।

annalise –'नॅलाइज़् v.t. इतिवृत या इतिहास लिखना; तिथिवार सजाना।

annals –ल्ज़् n. (बहु०) अब्दकोष, वार्षिकी^F, वर्ष-क्रमानुसार घटनाओं^F का विवरण; इतिवृत्त, ऐतिहासिक लेखसंग्रह।

annates अैं'नेट्स् n. वार्षिक फल (गिरजेकी एक वर्षकी आय^F जो पोपको दी जाती थी)।

annatto अॅनै'टो n. (रसा०, कृषि०) **नारंगी रंग, अनाटो।**

anneal अॅनील्' v.t. & i. (रसा०) **मृदु करना;** (भौ०) **तापानुशीतन करना,** शीशेका निस्तापन करना, धातु^F या मिट्टी^F के वर्तनको धीमी आँच^F से पकाना, पानी देना, पायना^F देना, धीमी आँच^F से कड़ा करना, तपाना, ताव देना (शा० एवं ला०); (भौ०) **ऐनील करना।**

annealed –ड्' a. (रसा०) **मृदुकृत,** तापानुशीतित; ~ glass, ~ tubing, ~ wire.

annealing –'लिंग् n. (रसा०) **तापानुशीतन,** (रेल०, यंत्र०) **क्रमशीतलन;** (नौवि०) **निस्तापन, धीरे-धीरे ठंडा करना,** (भौ०) **ऐनीलीकरण;** (रसा०) अवतापन; (चि०) पायना^F, पायन; ऐनीलन; धातु^F पर पानी चढ़ानेकी विधि^F।

annectent अॅने'क्'टॅन्ट् a. संयोजक, जोड़नेवाला।

annelida अॅने'लिडॅ n. विभाजित कीटोंका वर्ग, लाल खूनके कीड़े जिनके शरीरमें छल्ले जैसे जोड़ होते हैं।

annex[1] अॅने'क्स् n. = ANNEXE.

annex[2] v.t. **अनुबद्ध करना,** संयुक्त करना, संलग्न करना, सहमेलन करना, साथ मिलाना, (का०) **मिला लेना,** शामिल करना, मिलाना, **जोड़ना,** लगाना, **नत्थी^F करना;** हस्तगत करना, अधिकारमें लेना, राज्यमें मिला लेना, हड़पना; सम्मिलित करना, गुण, वृद्धि^F या निष्कर्षके रूपमें मिलाना, बढ़ाना।

annexable –'सॅबॅल् a. संयोजनीय, मिलाने योग्य, शामिल करने योग्य; वशमें करने योग्य।

annexation अैनिॅक्से'शॅन् n. = ANNEXION.; (राज०) **समामेलन,** (इति०) **अधिनहन, मिला लेना।**

annexationist –निस्ट् n. प्रदेश-सहमेलनमें विश्वास करनेवाला, (राज०) **समामेलनवादी; राज्यमें मिलानेकी रीति^F।**

annexe अॅने'क्स्' n. अनुबन्ध, परिशिष्ट^F, किसी प्रलेखका पूरक अंश; उपगृह, **उपभवन,** पूरक भवन।

annexed –ट्' a. अनुबद्ध, संलग्न (~ *list*), संयुक्त, नत्थी^F किया हुआ, जोड़ा हुआ, मिलाया हुआ (~ *territory*); ~ *to a place* स्थानानुबद्ध।

annexion –क्'शॅन् n. अनुबन्धन, अनुयोजन, संयोजन, **सहमेलन;** परिशिष्ट^F, मेल; स्वायत्तीकरण, अधिकृतकरण, राज्य हड़प लेना, = ANNEXATION.

annexment, annexture –स्'मॅन्ट्, –'स्चॅर् nn. (का०) **अनुबन्ध,** अनुबन्धन; उपगृह, उपभवन; अनुबद्ध; (का०) **अनुलग्नक;** परिशिष्ट।

annihilate ॲनाइ'अलेट् v.t. समुच्छेदन करना, उन्मूलन करना, निर्मूल करना; **सत्यानाश करना, संहार करना,** ध्वंस करना, नष्ट करना, **मिटाना।**

annihilation –ले'शॅन् n. परिशून्यन, (का०) **समुच्छेदन,** उत्सादन, उन्मूलन, **सर्वनाश,** ध्वंस, विनाश; **सत्यानाश, संहार;** (धर्म०) प्रलय, शून्यता^F।

annihilationism –निज़्म् n. प्रलयवाद, शून्यवाद, ध्वंसवाद, नाशवाद।

annihilationist –निस्ट् n. प्रलयवादी, शून्यवादी, ध्वंसवादी, नाशवादी।

annihilative –'इलेटिव् a. उत्साद्य, समुच्छेद्य, विध्वंस-शील, नाशवान्, नाशी।

annihilator –टॅर् n. परिशून्यक, (ग०) **शून्यकारी;** समुच्छेदक, उन्मूलनकर्ता, ध्वंसक, नाशक, मिटा देनेवाला।

anniversary अैनिवॅर्'सॅरि n. **जयंती^F, वर्ष दिन,** वर्ष दिवस, वार्षिकोत्सव, सांवत्सरिक, पुण्यतिथि^F, वर्षगाँठ^F; वर्षी^F, **बरसी^F** (*as of death*)।

Anno Domini† (L) (A. D.) सन् ईसवीमें, ईसाके जन्मके बाद; (बोल०) बढ़ती हुई अवस्था^F, ढलती उम्र^F, बुढ़ापा।

apneusis ऐप्नीज़्'सिस् n. (चि०) **प्रश्वास-प्रतान**।

apneustic –स्'टिक् a. (चि०) **प्रश्वास-प्रतान-** (~ *centre*)।

apnoea, apnea ऐप्नी'ॲ nn. श्वासरोध, श्वासावरोध, (चि०) **अश्वसन,** साँस[F] रोकना।

apo- (आधुनिक वैज्ञानिक शब्दोंमें) अ-, भिन्न, विच्छिन्न, पृथक्, से अलग (जैसे, ~*cryphal*); अप-, दूर, सुदूर, (जैसे, ~*phlegmatic*); आ-, से (जैसे, ~*cholic*, ~*quinine*)।

A. P. O. Asian Productivity Organization.

Apo. Apogee.

Apoc. Apocalypse; Apocrypha; Apocryphal.

apocalypse ॲपॉ'कॅलिप्स् n. आकाशवाणी[F]; प्रकाश, बोध, ईश्वरज्ञान, इल्हाम; अन्तर्ज्ञान।

apocalyptic, -al –प्'टिक्, –ॲल् aa. (सा०) **अन्तर्ज्ञात;** आकाशवाणी[F]का, ईश्वर-ज्ञान-सम्बन्धी, इल्हामी।

apocarpous ऐपॅकार'पॅस् a. (वन०) **पृथक्-अंडपी,** भिन्नगर्भपत्रीय।

apochromat ऐपोक्रॅमैट्' n. (भौ०) **अतिअवर्णी लेंस,** T.

apochromatic –'टिक् a. (भौ०) **अतिअवर्णी,** T.

apochromatism –पॅक्रो'मॅटिज़्म् n. (भौ०) **अति**

अवर्णत्व।

apocopate ॲपॉ'कॅपेट् १. a. लुप्तान्त; २. v.t. अन्त्य-लोपन करना।

apocope –पि n. अन्त्याक्षर लोप, (सा०) **अन्त्यलोप,** अन्तलोप, शब्दके अन्तिम वर्ण या अक्षरका लोप।

apocrypha ॲपॉ'क्रिफ़ॅ n. pl. (सा०) **संदिग्धकृती लेख,** प्रक्षेप; पाखण्ड, कपट।

apocryphal –ल् a. अप्रामाणिक, सन्दिग्ध-प्रमाण, प्रमाणरहित, शंकायुक्त; पाखण्डपूर्ण, कपटमय, झूठा, नकली; प्रक्षिप्त।

apocynaceous -सिने'शॅस् a. (वन०) श्वनविष-।

apocyte ॲ'पॅसाइट् a. (वन०) **अपनाभिक।**

apod ॲ'पॉड् n. & a. अपाद, अपद, बिना पैर; पक्षहीन, बेपरकी चिड़िया^F या कीड़ा या मछली^F।

apodal, -dous –पॅडॅल्, –डॅस् aa. (वन०, जीव०) **अवन्त, अपाद,** बिना परोंवाला; पक्षहीन, बेपर।

apodial ॲपो'डिॲल् a. = APODAL.

apodeme ॲ'पॅडीम् n. (जीव०) **आन्तरप्रवर्ध,** T.

apodictic, -deictic ॲपॅडिक्'टिक्, –डाइक्'टिक् aa. पूर्णतः संस्थापित, सुस्थापित, (दर्श०) **निर्धारित** (~ *proposition*), व्यवस्थित, पूर्णप्रमाणित, भली भाँति सिद्ध, सुनिश्चित; स्पष्ट प्रदर्शन-सम्बन्धी, प्रत्यक्ष प्रमाण-विषयक, प्रकट, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, यथार्थ।

apodosis ॲपॉ'डॅसिस् n. (सा०) **उपसंहार-वाक्य, उपसंहार-खंड,** (व्या०) अन्तिम वाक्यखण्ड।

apoenzyme ॲपॅ'ऍन्'ज़ाइम् n. (प्राणि०) **अपप्रकिण्व, क्षप्रकिण्व।**

apogamous ॲपॉ'गॅमॅस् a. (वन०) **अपयुग्मक।**

apogamy –मि n. (वन०) **अपयुग्म जनन, अपयुग्मता^F।**

apogeal, opogean ॲपॅजी'ॲल्, –ॲन् aa. (ज्यौ०) **भूम्युच्चीय,** उच्चतम।

apogee –'पॅजी n. (ज्यौ०) **भूम्युच्च,** चन्द्रोच्च; (पुरा०) **पराकाष्ठा^F;** (ला०) दूरतम विन्दु, उच्चतम स्थान, चूड़ा^F, चोटी^F, सिरा।

apogenic ॲपॅजे'निक् a. (वन०) **अपलैंगिक।**

apogeny ॲपॉ'जि'नि n. (वन०) **अपलिंग-जनन।**

apograph ॲ'पॅग्राफ़् n. प्रतिलिपि^F, असली नकल^F।

a point† (F) adv. सम्यक्, ठीक ढंगसे।

apolar ॲपो'लॅर् a. (प्रा० भू०) **परिध्रुवी।**

apolarity –पॅलै'रिटि n. (प्रा० भू०) **परिध्रुविता^F।**

apolaustic ॲपॅलॉस्'टिक् a. सुखाकांक्षी, विलासप्रिय, विलासी, कामुक, कामी; विनोदी, मौजी।

Apollo ॲपॉ'लो n. यूनानी सूर्यदेव; (का०) भास्कर, सूर्य, दिनकर, सूरज; सौन्दर्ययुक्त मनुष्य, सुन्दरतम व्यक्ति, बहुत ही खूबसूरत आदमी।

apollyon ॲपॉ'ल्यॅन् n. दैत्य, असुर, भूत, प्रेत, पिशाच, शैतान।

apologetic ॲपालॅजे'टिक् a. क्षमाप्रार्थी, क्षमायाचक, अनुनयसूचक, भूल^F या गलती^F माननेवाला।

apologetical –कॅल a. व्यवस्थापकीय, व्याख्यात्मक, स्पष्टीकरणात्मक; क्षमा याचनापूर्ण, क्षमाकारी।

apologia† (Gk) n. पक्ष-पोषण, लेखकके चरित्र या विचारोंका लिखित समर्थन; क्षमा-प्रार्थनापत्र।

apologist ॲपॉ'लॅजिस्ट् n. मण्डनकारी, सुधारक, पक्ष-पोषक^F।

apologize, -se –जाइज़्, –ज़् v.i. क्षमायाचना^F करना, (का०) **क्षमा^F माँगना,** माफी^F माँगना, स्वदोष अथवा अपराध स्वीकार करना; भूल^F स्वीकार करना; (का०) **खेद प्रगट करना।**

apologue ॲ'पॅलॉग् n. नैतिक आख्यान^F; उपदेशात्मक आख्यायिका^F, नीतिपूर्ण कहानी^F, (सा०) **नीति-कथा^F।**

apology ॲपॉ'लॅजि n. (का०) **क्षमायाचना^F, खेद-प्रकाश,** अपराधकी स्वीकृति^F; क्षमा^F, माफी^F; सच्चरित्रता^F की सफाई^F, निर्दोषिता^F का आश्वासन; भूल-सुधार^F; मतपुष्टि^F, समर्थन, स्पष्टीकरण, सफाई^F; रक्षण; ~ *for* तुच्छ नमूना, साधारण-सी बानगी^F।

apomecometer ॲपॅमि'कॉ'मि'टॅर् n. भावनोच्चता-मापी।

apomictic ॲपॅमिक्'टिक् a. (वन०) **अपसंयोजी।**

apomixis –'सिस् n. (वन०) **अपसंयोजन।**

aponeurosis ॲपॅन्युरो'सिस् n. (चि०) **वितान।**

apoop अपूप्' adv. जहाजके पिछले भागमें।

apopetalous ॲपॅपे'टॅलॅस् a. (वन०) **पृथक्दलीय।**

apophasis ॲपॉ'फ़ॅसिस् n. (सा०) च्युति^F, स्खलन, भूल^F।

apophlegmatic ॲपॅफ़्ले'ग्मै'टिक् a. कफान्तक, कफो-त्सारक, नजलेके पानीको निकालनेवाला।

apophrasis ॲपॅफ़्रॅ'सिस् n. (सा०) **आक्षेपोक्ति^F।**

apophthegm ॲ'पॅफ़्थे'ग्म् n. सारगभित सूत्र, (सा०) **सूक्ति^F, सुभाषित,** नीतिवचन, सूत्र, शिक्षाप्रद वाक्य, संक्षिप्त कथन, सुकथन।

apophthegmatic –मै'टिक् a. सूक्ति-सम्बन्धी, सूत्रीय, नीति-वचन-सम्बन्धी, सुभाषित, शिक्षाप्रद वाक्यवाला।

apophthegmatist –'पॅफ़्थे'ग्मॅटिस्ट् n. सूत्रभाषी, नीतिभाषी, सूक्तिकार, सुभाषितकार।

apophysis ॲपॉ'फ़िसिस् n. (चि०) अस्थिवर्ध; (वन०, जीव०) **अपसूत्र,** T.

apoplectic, -al ॲपॅप्ले'क्'टिक् –ॲल् a. (चि०) रक्त-मूर्च्छायुक्त (~ *with rage*), पक्षाघातीय, पक्षाघात-ग्रस्त; पक्षाघात-सम्बन्धी, लकवेका।

apoplexy –'पॅप्ले'क्सि n. (चि०) मस्तिष्कशोथ, संज्ञा-घात, **रक्तमूर्च्छा^F,** लकवा, T.

apopyle ॲ'पॅपाइल् n. (जीव०) **निर्गम द्वार,** T.

aporia ॲपो'रिॲ n. (सा०) **संशयोक्ति^F, संदेह।**

aposematic ॲपॅजि'मै'टिक् a. (जीव०) **अपसूचक** (~ *colouration*), **प्रबोधक।**

aposepalous ॲपॅसे'पॅलॅस् a. (वन०) **पृथक् बाह्य दलीय,** अपपत्री।

aposiopesis ॲपॅसाइॲपी'सिस् n. (सा०) **अर्द्धोक्ति^F,**

आकस्मिक वाग्विरति^F, वागवरोध, भाषणकी आकस्मिक समाप्ति^F, व्याख्यानमें अकारण ही रुक जाना।

apositic अैपॅज़ि'टिक् a. क्षुधारोधी, भूखमार।

aposporous ॲपॅस्पो'रॅस् a. (वन०) **अपबीजाणु, बीजाणु निरपेक्ष, अपबीजाणुक**।

apospory –रि n. (कृषि०) **अजीवाणु जनन**; (वन०) **अपबीजाणुता^F, बीजाणु निरपेक्षता^F**।

apostacy, -sy ॲपॉस्'टॅसि, –सि n. धर्मच्युति^F, विधर्मता^F, धर्मविमुखता^F, धर्मसे अलगाव, धर्मभ्रंश; (का०) **स्वधर्म-त्याग**, स्वमत-त्याग।

apostate –टॅट् n. & a. अन्य-धर्मगामी, धर्मत्यागी, विधर्मी; विश्वासघाती (व्यक्ति); स्वधर्मभ्रष्ट, स्वधर्मच्युत, धर्मविमुख।

apostatical अैपॅस्टै'टिकॅल् a. विधर्मिताविषयक, स्वधर्म-त्याग-सम्बन्धी; धर्मच्युत, विधर्मी, विधर्मीका।

apostatize ॲपॉस्'टॅटाइज़् v.i. धर्मच्युत होना, स्वधर्म परित्याग करना, विधर्मी होना, अपना पक्ष छोड़ना, धर्म-परिवर्तन करना, धर्म बदल देना।

a posteriori† (L) १. a. कार्यकारण-सम्बन्धी; (दर्श०) **अनुभवजन्य** (~ *knowledge*), अनुभवगम्य, अनुमानात्मक, अनुमानाश्रित; २. adv. अनुमानतः, अनुमानसे; phr. हेतुतः, परिणामसे कारण तक, कार्य-कारणानुमान पद्धति^Fसे।

apostle ॲपॉ'सॅल् n. देवदूत, दिव्य-सन्देशवाहक; धर्मदूत; मिशनरी, ईसाई-धर्मप्रचारक; ~ spoons ऐसी चम्मचें^F जिनपर धर्म-प्रचारकोंकी आकृतियाँ^F बनी हों।

apostleship –शिप् n. धर्मदूतत्व, धर्मप्रचारकत्व; देवदौत्य, ईश्वर-दौत्य; सन्देशवाहकता^F, दौत्य।

aposteme अै'पॉस्टीम् n. = ABSCESS.

apostolate ॲपॉस्'टॅलेट् n. नेतृत्व, नायकत्व, अग्रआपन; धार्मिक नेतृत्व, धर्म-प्रचारकत्व, दौत्य, धर्मदूतता^F, दिव्य सन्देशवाहकता^F, मिशनरीपन।

apostolic अैपॅस्टॉ'लिक् a. धर्मदूत-, पोपविषयक, पोप-सम्बन्धी, पोपका।

apostolical –कॅल् a. धर्म-सन्देशवाहकीय, धर्म-प्रचारक-सम्बन्धी; धार्मिक; पोपका।

apostrophe¹ ॲपॉस्'ट्रॅफि n. **वर्णलोप**, लोपचिह्न, अक्षर-लोप या सम्बन्ध-कारकका चिह्न, ऊर्ध्वविराम, डिग्रीदार कामा (जैसे, *can't, boy's* में)।

apostrophe² n. (भावपूर्ण) सम्बोधन, (सा०) **उत्सं-बोधन**।

apostrophic¹ अैपॅस्ट्रॉ'फ़िक् a. ऊर्ध्वविरामांकित, अक्षर-लोप या सम्बन्ध-कारक चिह्नवाला।

apostrophic² a. उत्सम्बोधन-विषयक, सम्बोधन-सम्बन्धी, भावसम्बोधी।

apostrophize ॲपॉस्'ट्रॅफ़ाइज़् v.t. & i. निवेदन करना, सम्बोधन करना या सम्बोधित करना।

apothecary ॲपॉ'थिकॅरि n. भैषजिक, **औषधिक**, औषध-विक्रेता, पन्सारी, अत्तार; औषध बनानेवाला, रासायनिक।

apothem अै'पॅथेम् n. (ग०) **अन्तःत्रिज्या^F**; (चि०) फफूँदी^F।

apotheosis ॲपॉथिओ'सिस् n. (शा० एवं ला०) सन्तत्वारोप, ऋषीकरण, ऋषिवत् मानना, सन्त या साधु मानना; देवत्वारोपण, दैवीकरण, ईश्वरीकरण, किसी मनुष्यको देवताकी पदवी^F देना; स्वर्गीय आदर्श, देवतापन अथवा देवपन; मोक्ष, ऐहिक जीवनसे छुटकारा, सांसारिक जीवनसे मुक्ति^F, दैवी जीवन लाभ।

apotheosize –'थिॲसाइज़् v.t. देवत्वारोप करना, देवता बनाना, ईश्वर मानना; (सांसारिक जीवनसे) मुक्त करना, स्वतन्त्र करना, छुटकारा देना।

apotropaism अैपॅट्रॉ'पॅइज़म् n. (इति०) **उच्चाटन, झाड़-फूँक^F, ओझाई^F**।

A.P.P. Additional Public Prosecutor; Associated Press of Pakistan; Assistant Presidency Postmaster.

app. appendix; apparent; apparently; apprentice.

appal ॲपॉल' (-ll-) v.t. भयाभिभूत करना, भयग्रस्त बनाना, भयभीत करना, भय दिखाना, सन्त्रस्त करना, त्रस्त करना, आतंकित करना, डराना।

appalling –'लिंग् a. भयजनक, भयावह, भयानक, डरावना।

appanage अै'पॅनिज् n. उपसम्पदा^F; उपदान।

apparatus* अैपॅरे'टॅस् n. (चि०, वन०, रसा०) **उपकरण*** (~ *room*), वैज्ञानिक यन्त्रादि, **यंत्र (एक्सरे)**, साधित्र, उपस्कर, सामान, औजार; शारीरिक अंग-प्रत्यंग, कर्मेन्द्रियाँ^F, शरीरके अवयव; ~ criticus आलोचना-साधन, समीक्षोपकरण; दस्तावेज पढ़नेका सामान।

apparel¹ ॲपै'रॅल् n. (नौवि०) **परिधान**, पहननेके वस्त्र, पहरावा, पोषाक^F, कपड़े।

apparel² v.t. (-ll-) वस्त्रालंकृत करना, वेषभूषा^F करना, कपड़े-गहने पहनना, पोशाक^F या लिबास पहनाना।

apparent ॲपै'रॅन्ट्, ॲपेॲ'रॅन्ट् a. प्रतीयमान, दृश्यमान, (रसा०, मनो०, यन्त्र०, भौ०) **आभासी, आसमान**, दिखावटी, दिखाऊ; आविर्भूत, अभिव्यक्त, व्यक्त, (का०) **प्रत्यक्ष**, (ग०) **दृष्ट**, दृष्टिगत, प्रकाशित, प्रकट, स्पष्ट, उघड़ा, ऊपरी; heir-~ राज्यान्तराधिकारी, उत्तराधिकारी, युवराज;

~ altitude, ~ coefficient, ~ component, ~ coordinates, ~ distance, ~ density, ~ casement, ~ error, ~ heir, ~ horizon, ~ impedance, ~ inductance, ~ magnitude, ~ midnight, ~ motion, ~ movement, ~ noon, ~ orbit, ~ path, ~ place, ~ power, ~ proportion, ~ resistance, ~ size, ~ slip, ~ sum, ~ time, ~ value, ~ watt, ~ weight.

apparently –लि adv. दृश्यमानतः, प्रकट, प्रतीयमानतः, ऊपर-ऊपरसे; स्पष्टतः, खुले ढंगसे, प्रकट रूपसे।

apparentness –ट्‌-नि॑स्‌ n. आभास, स्पष्टता[F], प्रतीयमानता[F], दृश्यमानता[F]।

apparition अॅपॅरि॑शॅन्‌ n. (ग०) **आविर्भाव;** आभास, छाया[F], आकार, रूप, दिखावा, झलक[F] (विशे० किसी अलौकिक सत्ता[F]की); भूत, प्रेत, पिशाच, वैताल।

apparitor अॅपॅ॑रिटॅर्‌ n. राजदूत, अग्रदूत; द्वारपाल, दौवारिक, प्रतिहारी, चोबदार।

appeach अॅपीच्‌॑ v.t. महाभियोग लगाना, दोष लगाना।

appeal[1] अॅपील्‌॑ n. पुनरावेदन, पुनर्विचार-प्रार्थना[F], अभ्यर्थना[F], (का०) **अपील[F]**; (शिक्षा०) **याचना-वृत्ति[F]; आकर्षण;** पुनरावेदन-अधिकार, पुनर्विचार-प्रार्थना[F]-अधिकार, अभ्यर्थना[F]-अधिकार, अपील[F]का हक; Court of A~ पुनर्विचार-न्यायालय, अपीलेट कोर्ट;
~ action, ~ department, ~ division, ~ procedure.

appeal[2] v. t. & i. पुनरावेदन करना, पुनर्विचारकी प्रार्थना[F] करना, अपील[F] करना; अभ्यर्थना[F] करना, अनुरोध करना, विनम्र निवेदन करना; ~ *to the country* (जनमत लेनेके लिए) संसद्‌[F] भंग करना; चुनाव कराना; *does not ~ to me* आकर्षक न होना, भला न लगना; *pictures ~ to the eye* आकर्षित करती हैं, प्रभाव डालती हैं, अच्छी लगती हैं।

appealable –'लॅबॅल्‌ a. अभ्यर्थनीय, पुनरावेद्य, पुनर्विचारके योग्य, **अपीलीय, अपील-योग्य,** अपील[F] करने योग्य।

appealer –लॅर्‌ n. पुनरावेदक, प्रार्थी, अपील-कर्ता, अपील[F] करनेवाला।

appealing –लिंग्‌ a. प्रभावोत्पादक, चित्ताकर्षक।

appear अॅपीअॅर्‌॑ v. i. (संवि०) **उपस्थित होना,** हाजिर होना, (का०) **पेश होना,** सामने आना; परीक्षा[F] देना; आविर्भूत होना, प्रकाशित होना, अभिव्यक्त होना, स्पष्ट होना, प्रकट होना, आना; (संवि०) **प्रतीत होना,** भासित होना, दिखाई पड़ना, सूझना, लगना।

appearance –'रॅन्स्‌ n. (का०) **उपसंजाति[F]**; साक्षात्कार, प्रादुर्भाव, आविर्भाव, प्रत्यक्षता[F], **उपस्थिति[F], पुरःस्थिति[F],** (का०) **पेशी[F]**; (यन्त्र०, दर्श०) **प्रतीति[F]**, प्रकाशन, (शिक्षा०, दर्श०) **आभास,** (शिक्षा०) **दर्शन;** दृष्टि[F], (यन्त्र०) **रूप,** प्रकट रूप, आकृति[F], वेष, आकार, छवि[F], सूरत[F]; अलौकिक सत्ता[F]की छाया[F], दृष्टिभ्रम, भूत-जैसी छाया[F], प्रेत; ~*s are deceptive* बाहरी सूरत[F]पर मत जाओ; *put in an ~* आत्मप्रदर्शन करना, **उपस्थित होना,** सामने आना; *save, keep, an ~* बाहरी दिखावा बनाये रखना; *to all ~* बाह्यतः, जितना दिखाई दे।

appearing ⊙ –रिंग्‌ a. आभासित, भासित होनेवाला, दिखनेवाला, लगनेवाला (*he is a very youthful ~ man*); उपस्थित होनेवाला।

appeasable अॅपी॑ज़ॅबॅल्‌ a. परितोषणीय, अनुतोषणीय, तोषणीय, शान्त या चुप करने योग्य, सुलझाने योग्य, समझाने-बुझाने योग्य।

appeasableness –नि॑स्‌ n. (राज०) तोषणीयता[F], शान्तिमयता[F]।

appease –ज़्‌ v.t. (राज०) **तुष्ट करना,** शान्त करना, प्रसन्न करना, सन्तुष्ट करना, सन्तोष देना; सान्त्वना[F] देना, आश्वासन देना; मन्द करना, (पीड़ा[F] आदिको) कम करना।

appeasement –'मॅन्ट्‌ n. परितोषण, अनुतोषण, (राज०) **अपतुष्टि[F], तुष्टीकरण, तोष,** सान्त्वना[F], उपशमन, आश्वासन, ढाढ़स[F]।

appeaser –'ज़ॅर्‌ n. तोषक, तुष्टिकर्ता, ढाढ़स[F] देनेवाला।

appeasive –ज़िव्‌ a. तोषणशील, सान्त्वनादायी, शान्तिप्रद।

appellancy अॅपे॑'लॅन्सि n. = APPEAL.

appellant[1] –न्ट्‌ n. पुनरावेदनकर्ता; पुनर्विचारार्थी, पुनर्विचार-प्रार्थी, अभ्यर्थी, प्रार्थी, (का०) **अपीलकर्ता, अपीलार्थी,** अपील[F] करनेवाला; ~ authority **अपील अधिकारी।**

appellant[2] a. चित्ताकर्षक, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, हृदयको छूनेवाला; (का०) पुनरावेदन-सम्बन्धी, पुनर्विचार-सम्बन्धी, अपील[F]का।

appellate –लॅट्‌ a. पुनर्विचारार्थ, पुनरावेदनीय, पुनर्विचारक, (का०) **अपीलीय, अपील-** (*~ authority*), अपील[F] सुननेवाला या करनेवाला; A~ Court पुनर्विचारालय, अपील-न्यायालय; ~ jurisdiction पुनर्विचार-क्षेत्राधिकार; पुनर्विचाराधिकार; A~ Tribunal पुनर्विचार-न्यायाधिकरण।

appellation अॅपॅले॑शॅन्‌ n. **संज्ञा[F]**, आख्या[F], नाम, **अभिधान,** उपाधि[F], उपपद, पदवी[F]; परिभाषा[F], नामकरण।

appellative अॅपे॑'लॅटिव्‌ १. n. अभिधान, उपाधि[F], नाम, नामकरण, संज्ञा[F]; २. a. श्रेणीवाचक, जातिवाचक; सामान्य; नामधारी।

appellatory –टॅरि a. पुनर्विचारीय, पुनरावेदन सम्बन्धी, अपील-सम्बन्धी।

appellee अॅपॅली॑ n. प्रतिवादी, विचारप्रार्थी, अपील[F] करनेवाला।

append अॅपे॑न्ड्‌ v.t. उपांग बनाना; अनुबद्ध करना, संयोजित करना, सम्मिलित करना, लगाना, नत्थी[F] करना, टाँकना, जोड़ना, मिलाना; परिशिष्ट जोड़ना; ~ *signature* हस्ताक्षर करना।

appendage –'डिज्‌ n. परिशिष्ट, (चि०) परिशेषिका[F]; योग, वृद्धि[F], बढ़ती[F]; उपकरण, सहायक, पुच्छ, पिछलगुआ, दुमछल्ला; (वन०) उपबन्ध, **अनुबंध,** उपहित भाग, संलग्न वस्तु[F], संलग्नक; अवयव, प्रत्यंग, (प्राणि०) **उपांग,** गौणांग, पुच्छक, अनुयोगी पदार्थ, जोड़ा हुआ पदार्थ।

appendant –डॅन्ट्‌ n. & a. उपाबद्ध, आनुषंगिक, अवलम्बित, आश्रित, किसीके अधीनस्थ, अधःयोजित, बँधा हुआ, जुड़ा हुआ; उपांग, (का०) उपाबन्ध।

appended –डि॑ड्‌ a. (संवि०) **संलग्न,** अनुबद्ध, जोड़ा हुआ।

appendicectomy, -dectomy अॅपे ँन्डिसे ँक्‌टॅमि, –डे ँक्‌टॅमि n. उपान्त्रच्छेदन, उण्डुकच्छेदन।

appendicitis अॅपे ँन्डिसाइ'टिस् n. (चि०) आन्त्रपुच्छ-शोथ, उपान्त्रदाह, उपान्त्रशोथ, **उण्डुकशोथ,** आँत^{F}के पुच्छकी सूजन^F, T.

appendicle अॅपे ँन्‌'डिकॅल् n. परिशिष्ट, अनुबन्धक, उण्डुक, उपांग, छोटा जोड़।

appendicular –'क्युलॅर् a. परिशिष्टानुरूप; (जीव०) **उपांग-** (~ *skeleton*), जोड़-जैसा; (चि०) उण्डुकीय; ~ artery (चि०) **उण्डुक धमनी^{F}**।

appendiculate –लॅट् a. परिशिष्टयुक्त, अनुबद्ध, जोड़वाला, जोड़ा हुआ।

appendiculum –लॅम् n. (वन०) **उपांगिका^{F}, उपांग**।

appendix –'डिक्स् n. (बहुव० *–dices, –es*) (रेल०, राज०) **परिशिष्ट,** (चि०, जीव०) परिशेषिका^{F}; (रेल०, राज०) **अनुबन्ध;** शेष संग्रह, पूरक भाग, सहायक भाग; (चि०) **उण्डुक,** उपांग, उपान्त्र^F (विशे० *vermiform ~*), (जीव०) T.

apperceive अॅपॅर्सीव्' v.t. (मनो०) अन्तर्दृष्टि^{F} रखना, अन्तर्बोध होना, आत्मदर्शन करना, प्रतीति^{F} या अन्तःज्ञान प्राप्त करना, विचार-मंथन करना।

apperception –सॅ ँप्‌'शॅन् n. आत्मबोध, आत्मदर्शन, अन्तर्बोध, (शिक्षा०, मनो०) **अभिबोध,** अन्तर्दृष्टि^{F}, चित्त-का आत्मज्ञान; (शिक्षा०, मनो०) **सम्प्रत्यक्ष** (~ *mass*); मानसिक प्रतीति-दर्शन, मानसिक बोध; (मनो०) अन्त-श्चेतना^{F}, आत्मचेतन; मानसिक अन्तर्दृष्टि^{F}की प्रक्रिया^{F}।

appertain अॅपॅर्टेन्' v. i. अनुबन्धित होना, सम्बन्धित होना; सम्बन्ध रखना या होना, जुड़ना, लगना; अन्तर्गत होना, अधिकारमें होना।

appertained –ड्' a. सम्बद्ध, उपाबद्ध, जुड़ा हुआ।

appertaining –'निंग् a. सम्बद्ध, उपाबद्ध; के प्रति; अधिकृत्य; उद्दिश्य, विषयक, के विषयमें; ~ *to* तद्विषयक।

appertainment –न्'मॅन्ट् n. सम्बन्ध, लगाव।

appertinent –'टिनॅन्ट् a. सम्बन्धीय, सम्बद्ध।

appetence, -cy ऐ'पि ँटॅन्स्, –सि nn. अनुरक्ति^{F}, आसक्ति^{F}, अनुराग, प्रीति^{F}, मेल; स्पृहा^{F}, ईहा^{F}, तृष्णा^{F}, वासना^{F}, उत्कण्ठा^{F}, वांछा^{F}, अभिलाषा^{F}, कामना^{F}, चाह^F, ललक^F।

appetent –न्ट् a. उत्सुक, तृष्णालु, सतृष्ण, अत्यन्त स्पृहाशील, लालायित, विकल, बेचैन।

appetise, -ze ऐ'पि ँटाइज् v.t. कामना^{F} जाग्रत करना, रुचि^{F} बढ़ाना, इच्छा^{F} उत्पन्न करना, भूख^F जगाना।

appetiser, -zer –ज़ॅर् n. रुचिवर्धक, क्षुधावर्धक, (चि०) **बुभुक्षाकार;** क्षुधोत्पादक पदार्थ, भूख^F जगाने-वाली वस्तु^{F}।

appetising –ज़िंग् a. बुभुक्षावर्धक, भूख^F बढ़ानेवाला।

appetite ऐ'पि ँटाइट् n. (चि०) **बुभुक्षा^{F},** (शिक्षा०, मनो०, चि०) **क्षुधा^{F},** (कृषि०) **भूख^F;** अभिलाषा^{F}, वासना^{F}, चाह^F; रुचि^{F}, प्रवृत्ति^{F}, रुझान; अभिरुचि^{F}, आस्वाद, चाह^F, शौक़, चाव, T.

appetitive अॅपे ँ'टिटिव् a. क्षुधावर्धक, क्षुधा^{F} बढ़ानेवाला, कामना^{F} बढ़ानेवाला, रुचि^{F} जगानेवाला, भूख^F या इच्छा^{F} उत्पन्न करनेवाला।

applanate अॅ'प्लॅनॅट् a. (वन०) **समतल, अपस्तृत,** चौड़ा।

applaud अॅप्लॉड्' १. v.i. प्रशंसा-घोष करना, उच्चस्वरके साथ अनुमोदन करना, वाह-वाह^F करना, ताली^{F} बजाना; २. v.t. अनुमोदित करना, प्रशंसित करना, स्तुति^{F} करना, अभिनन्दन करना, गुणगान करना, साधुवाद देना, धन्य-धन्य कहना, सराहना, शाबाशी^{F} देना।

applause –लॉज़्' n. प्रशंसा-घोष, संघोष, उच्चस्वरसे प्रशंसा^{F} या अनुमोदन, वाह-वाह^F, ताली^{F}; साधुवाद, स्तुति^{F}, अनुमोदन, सराहना^{F}, शाबाशी^{F}।

applausive –लॉ'सिव् a. साधुवादयुक्त, स्तुतिमय, प्रशंसायुक्त, अनुमोदनपूर्ण, वाह-वाही^{F}से भरा हुआ।

apple* ऐ'पॅल् n. (वन०, कृषि०) **सेब*;** उत्कोल; पुतली^{F} (आँख^{F}की); ~ butter सेबकी शराब^{F}में पकी हुई चटनी^{F}; ~-cart योजना^{F}, स्कीम^F, परिकल्पना^{F}, व्यवस्था^{F}; ~ cheese सेबकी बनी टिकिया^{F}; ~-jack ⊙ सेबकी ब्राण्डी^{F}; ~-john सेबका एक प्रकार; ~ of discord झगड़ेकी जड़^{F}; ~ of Sodom, Dead Sea ~ भस्मी-भूत हो जानेवाला फल; निराशाजनक बात^F; ~ of the eye पुतली^{F}; प्यारा, लाडला; ~ pie सेबका समोसा; (वन०) कोकिलपुष्प; ~ pie bed ऐसा बिस्तर जिसकी चादर^{F}से परे पैर न फैला सकें; ~-pie order सुन्दर रूप, अच्छी अवस्था^{F}, पूर्ण शान्ति^{F}; ~ sauce सेबकी चटनी^{F}; ⊙ झूठी चापलूसी^{F}, चाटुकारिता^{F}; बकवास^F; ~ stern (नौवि०) **कुम्भ दुबाल;** *a rotten ~ injures its companions* एक सड़ी मछली^{F} सारे तालाबको गन्दा कर देती है;

~ blight, ~ blossom (pink), ~ block, ~ brandy, ~ coal, ~-culture, ~ essence, ~-faced, ~ fly, ~ geranium, ~ green, ~-grower, ~ gum, ~ jelly, ~like, ~ maggot, ~-monger, ~ nut, ~ oil, ~ pudding, ~ rust, ~ scab, ~ scale, ~-scented, ~ seed, ~-shaped, ~ snail, ~ toddy, ~ wife, ~ wine, ~-woman, ~ wood, ~ worm.

appliable अॅप्लाइ'अॅबॅल् a. = APPLICABLE.

appliableness –नि ँस् n. = APPLICABILITY.

appliance –अॅन्स् n. उपकरण, यन्त्र, (रसा०, भौ०, कृषि०) **साधित्र, साधन,** साधन-सामग्री^{F}; प्रयोजन, प्रयोग, उपयोग, व्यवहार।

applicability ऐप्लिकॅबि'लिटि n. प्रयोज्यत्व, **प्रयो-ज्यता^{F},** प्रयोजनीयता^{F}, व्यवहार्यता^{F}; औचित्य, संगति^{F}, उपयुक्तता^{F}, अनुकूलता^{F}, योग्यता^{F}; लगाव।

applicable –'प्लिकॅबॅल् a. **अनुप्रयोज्य,** (ग०) **प्रयोज्य,** प्रयोजनीय, विनियोज्य, व्यवहार्य, उपयुक्त, **लागू,**

(संवि०) **लागू होने योग्य** (~ *taxes*); सम्बद्ध, संगत, अनुकूल; यथाप्रसंग, प्रसंगानुकूल, उचित, योग्य, ठीक।

applicancy –कॅन्सि n. प्रयोज्यता^F, व्यवहार; संगति^F, सम्बन्ध, लगाव।

applicant –न्ट् n. (का०) **आवेदक**, आवेदनकर्ता, निवेदक, याचक, अभ्यर्थी, **प्रार्थी**, दरख्वास्त^F करनेवाला, उम्मेदवार; ~ exchange (अर्थ०) **प्रार्थी प्रेषक कार्यालय**।

applicate –कॅट् a. प्रयुक्त, प्रयोज्य, व्यावहारिक।

application –केʼशॅन् n. योग, (~ *of a rule*) **विनियोग, प्रयोग**, सम्प्रयोग; (ग०) **अनुप्रयोग**; (संवि०) **प्रयुक्ति^F, लागू होना**; लगाव, लगाना; आरोपण; उद्यम, उद्योग, परिश्रम, मेहनत^F; (दर्श०) **उपनय**; निवेदन, आवेदन, प्रार्थना^F, अनुरोध; (का०) **आवेदन-पत्र, प्रार्थना-पत्र**, विनियोग-पत्र, **अर्जी^F**, दरख्वास्त^F; उपयुक्तता^F, औचित्य; (किसी विशेष कार्यमें) प्रवृत्ति^F, ~ book, ~ fee, ~ money, ~ number.

applicative –ʼलिकॅटिव् a. प्रयोज्य, प्रयोजनीय, प्रयोगशील, प्रयोगोपयुक्त, व्यवहार्य।

applicator –केटर् n. लागक (*wood ~s* काष्ठ-लागक); ओषधि^F लगानेका उपकरण।

applicatory –कॅटॅरि a. प्रयोज्य, सम्बद्ध, संलग्न; अनुप्रयुक्त, लागू।

applied ॲप्लाइडʼ a. सम्प्रयुक्त, **अनुप्रयुक्त**, (रसा०, प्रा० भू०) **प्रयुक्त; व्यावहारिक;**
~ chemistry, ~ economics, ~ ethics, ~ force, ~ geography, ~ geometry, ~ lingnistics, ~ mechanics, ~ physics, ~ psychology, ~ science, ~ sociology, ~ statistics.

applique अैप्लीकेʼ १. n. जड़ाऊ काम, चिक्कन, नक्काशी^Fका काम (विशे० शस्त्र-निर्माणमें); (इति०, पुरा०) **चिपकवाँ**; जड़ाऊ काम; २. v. t. जड़ाऊ काम करना, जड़ाऊ गहना बनाना।

apply ॲप्लाइʼ v.t. & i. आवेदन-पत्र देना, (का०) **प्रार्थना-पत्र देना**, दरख्वास्त^F देना; **आवेदन करना**, निवेदन करना, प्रार्थना^F करना, विनती^F करना; सम्बन्धित होना, सम्बन्ध रखना, बारेमें होना; मनोनिवेश करना, सचेत होना, सावधान होना, पूर्णरूपसे ध्यान लगाना; (ओषधि^F) लेप^F करना, लगाना; लगे रहना, लीन होना, अनुरक्त होना, धुन^Fमें होना; (का०) **विनियोग करना, प्रयोग करना, प्रयुक्त करना**; लागू होना, **लागू करना**; (ग०) **प्रयोग करना, रखना**; निकट करना, समीप रखना, पास रखना, जोड़ना।

appoint ॲप्वाइंन्ट्ʼ v.t. **नियुक्त करना**, नियोजित करना, मनोनीत करना, लगाना; नियत करना, निर्धारित करना, निश्चित करना, तय करना, ठहराना; निरूपित करना, निर्देश देना, संकेत करना, बताना; सम्पत्ति^Fके निश्चयकी घोषणा^F करना, सम्पदा^Fका भावी अधिकारी घोषित करना।

appointed –ʼटिड् a. (राज०, का०) **नियुक्त**, लगा हुआ; (राज०) **नियत**, निर्धारित, निश्चित; *well, badly,* ~ अच्छी या बुरी तरहसे सन्नद्ध, सजा हुआ।

appointee –टीʼ n. नियुक्ती^F, (का०) **नियुक्त** (व्यक्ति), मनोनीत पुरुष।

appointer –ʼटॅर् n. (का०) नियोजक, **नियोक्ता**, सेवायोजक, = EMPLOYER.

appointing –टिंग् १. n. नियुक्ति^F, नियोजन; २. a. नियुक्ति-, लगानेवाला (~ *authority*)।

appointment –ट्ʼमॅन्ट् n. **नियुक्ति^F**, नियोग, नियोजन, मनोनयन; निर्धारण, निश्चय, आज्ञप्ति^F, अदालती फैसला; अध्यादेश, समयादेश; कल्प, पद, नौकरी^F, सरकारी स्थान, जगह^F; (प्रायः बहुव०) उपकरण, सामग्री^F, सामान, माल; ~ branch (अर्थ०) **नियुक्ति-शाखा^F**; *break an* ~ निश्चय तोड़ देना, वचन तोड़ना; *keep an* ~ नियत समय या स्थानपर पहुँचना।

appolo† (Gk) n. (ज्यौ०) **प्रथम मिथुन, अपोलो**।

apportion अॅपोरʼशॅन् v.t. (का०) **अनुभाजन करना, प्रभाजन करना**, अभिभाजन करना, विभाजित करना, भाग करना, बाँटना, हिस्से करना; यथोचित भाग बाँटना, बराबर-बराबर भाग देना; उचित अधिकार देना, हक देना।

apportioned –ड् a. अनुभाजित, अभिभाजित, प्रभाजित, बाँटा हुआ।

apportionment –न्ʼमॅन्ट् n. (नौवि०, वाणि०) **अनुभाजन**, अभिभाजन, प्रभाजन, सुवितरण, अंशीकरण, अंश-निर्देश, (राज०) **वंटन**, हिस्सा-बाँट^F, बाँट^F, बँटवारा।

apposable अॅपोʼज़ॅबॅल् a. अभिस्थाप्य, संयोज्य।

appose –ज़ʼ v.t. अभिस्थापन करना, पास लाना; अभिलग्न करना, नत्थी^F करना, साथ जोड़ना।

apposed –ड्ʼ a. अभिस्थापित, अभिस्थित, सम्मुख स्थित, आमने-सामने, पास; अभिलग्न, साथ।

apposer –ʼज़ॅर् n. अभिस्थापक, संयोजक।

apposite अैʼपॅज़िट् a. समुपयुक्त, समुचित, प्रसंगोचित, प्रासंगिक, ठीक-ठीक, जँचता हुआ, सही; युक्त, संलग्न, जमता हुआ, लगता हुआ, साथका; सम्मुख, सामनेवाला।

appositely –लि adv. यथाप्रसंग, प्रसंगतः, यथावसर, यथोचित, यथार्थतः, युक्तावस्था^Fमें, उपयुक्त रूपसे, ठिकाने; सम्मुख, आमने-सामने, जमाकर, साथमें।

appositeness –ट्-निॅस् n. योग्यता^F, यथायोग्यता^F, उपयुक्तता^F, प्रसंगानुकूलता^F; यथार्थता^F; संलग्नता^F; संगति^F, साथ, लगाव।

apposition –ज़िʼशॅन् n. (वन०) **सन्निधान**, अभिस्थापन, सहस्थापन, पार्श्वस्थापन, अगल-बगल^F या पास-पास रखना; मुद्रा-प्रयोग, मुहरबन्दी^F, मुहर^F(लगाना); (व्या०) समानाधिकरण, एकान्वय, एककारक, कारक-सम्बन्ध।

appositional –नॅल् a. पार्श्वस्थित, अभिस्थापित, अभिलग्न; समानाधिकरणीय, एकान्वयी; पास-पास, आसपासका।

appositive ॲपॉ'ज़िटिव् a. अभिस्थापी, पासका।

appr. apprentice.

appraisable ॲप्रे'ज़ॅबॅल् a. मूल्यनीय, मूल्यांकन योग्य, मूल्यनिर्धारणीय, दाम ठहराने लायक।

appraisal, appraisement –ज़ॅल्, –मॅन्ट् nn. मूल्यन, (का०, बैंक०) **मूल्यांकन,** (कृषि०, राज०) **मूल्य-निर्धारण,** आकलन, मूल्यनिरूपण, मोल-भाव, जाँच^F, (राज०, कृषि०) **कूतना, आँकना;** अनुमान, आगणन।

appraise –ज़् v.t. मूल्यांकन करना, मूल्य निर्धारित करना, मूल्य नियत करना, (का०) **मूल्य आँकना,** मूल्य निश्चित करना, दाम या दर^F ठहराना; आगणन करना, अनुमान करना; आँकना, **कूतना।**

appraisement –मॅन्ट् n. = APPRAISAL.

appraiser –'ज़ॅर् n. मूल्यांकक, मूल्यक, मूल्य-निर्धारक, (का०) **मूल्य आँकनेवाला;** निर्धारक, आगणक; **कूतनेवाला।**

appraising –ज़िंग् n. (नौवि०) मूल्य-निर्धारण, **मूल्यांकन,** कूतना, **आँकना।**

appreciable ॲप्री'शॅबॅल् a. उपागण्य, अवधारणीय, परिमेय, विवेचनीय; श्लाघनीय, प्रशंसनीय, सम्माननीय, मूल्यवान्, उत्तम, अच्छा-खासा; बोध्य, सुबोध, बोधगम्य, अनुमेय, बुद्धिग्राह्य, अनुभव करने योग्य, जानने योग्य, सरल, समझ^{F}में आने योग्य।

appreciably –लि adv. सुबोधतापूर्वक, सरलतापूर्वक; अनुमान सहित; अनुभवतः; प्रशंसनीय रूपमें, अच्छे-खासे ढंगसे।

appreciate –शिएट् v. t. & i. अधिमूल्यन करना या होना, मूल्यवृद्धि^{F} करना या होना, मूल्य बढ़ाना, भाव चढ़ाना; विवेचना^{F} करना; गुणनिरूपण करना, गुण पहचानना, मूल्यांकन करना, गुणोंका विचार करना; अवधारण करना; रस-ग्रहण करना, रसास्वाद करना; प्रशंसा^{F} करना, सराहना, महत्त्व देना, पसंद करना, दाद^F देना; अनुभव करना, चेतन होना, अनुभूतिशील होना, सहृदय होना।

appreciated –टि्ड् a. (अर्थ०) **अधिमूल्यित** (~ *surplus*), मूल्यवर्धित।

appreciation –ए'शॅन् n. समालोचन, (शिक्षा०) **गुणदोष-विवेचन,** गुण-विवेचन; यथोचित मूल्यांकन, गुणग्रहण, गुणज्ञान; आदर, प्रशंसा^{F}, सराहना^{F}, दाद^F; अनुमान; धारणा, निर्णय, फैसला; (शिक्षा०) **रस-ग्रहण** (~ *of poetry*); **परिबोध, परिबोधन,** सम्बोध; बोध, अनुभव, अनुभूति^{F}, समझ^F; (अर्थ०) अधिमूल्यन, (वाणि०) **मूल्यवृद्धि^{F},** भाव चढ़ना।

appreciative –'शॅटिव् a. (दर्श०) **गुणग्राही,** प्रशंसात्मक, (~ *judgement*); प्रशंसापूर्ण; श्रद्धालु; अनुभूतिशील; प्रशंसक।

appreciator –शिएॅटॅर् n. गुणग्राहक, प्रशंसक।

appreciatory –शॅटॅरि a. गुणावधारणक्षम, गुणग्राही; रसग्रहणशील; प्रशंसात्मक।

apprehend[1] ॲप्रि'हे'न्ड् n. (मनो०) **बोध,** समझ^F; **आशंका^{F},** खटका, डर।

apprehend[2] ॲप्रि'हे'न्ड्' v.t. अनुभव करना, बोध पाना, समझना, जानना; भयभीत होना या करना, भय खाना, आशंका^{F} करना, डरना या डराना; निग्रहण करना, घेरना, धरना, पकड़ना, बन्दी करना, गिरफ्तार करना, हिरासत^{F}में लेना।

apprehensibility –न्सिबि'लिटि n. सुबोधता^{F}, बोधगम्यता^{F}, इन्द्रियगम्यता^{F}, गोचरता^{F}, बोध, समझ^F।

apprehensible –'सिबॅल् a. सुबोध, बोधगम्य, बुद्धिगम्य, समझने योग्य; इन्द्रियगम्य, गोचर, अनुभवके योग्य; आशंक्य; निगृह्य।

apprehension –'शॅन् n. (शिक्षा०, सा०) **बोध,** (विचारों और धारणाओं^{F}का) ग्रहण, समझ^F, जानकारी^{F}, बूझ^F; आशंका^{F}, भय, खटका, डर; निग्रहण, बन्दीकरण, धरना, घेरना, हिरासत^F, (का०) **पकड़ाई^F, पकड़^{F}।**

apprehensive –'सिव् a. आशंकित, भयभीत, भयग्रस्त, त्रस्त, व्याकुल, सशंक, डरा हुआ; सुबुद्ध, प्रबुद्ध, बुद्धिमान्, समझदार; अनुभवी, समझनेवाला; इन्द्रियजन्य, सुबोध, बुद्धिगम्य।

apprehensiveness –निॅस् n. सशंकता^{F}, व्याकुलता^{F}, परेशानी^{F}, डर; बोध, ज्ञान, बुद्धिमत्ता^{F}, समझदारी^{F}।

apprentice[1] ॲप्रे'न्'टिस n. अन्तेवासी, शिशिक्षु, (का०) **प्रशिक्षु, शिक्षु;** शिक्षणार्थी, शिक्षार्थी; शिल्पविद्या-शिष्य, शिल्पशिक्षार्थी, नवसिखुआ; शिष्य, उम्मीदवार, **शागिर्द,** T.;

~ hewer, ~ mechanic, ~ premium, ~ trade, ~ training.

apprentice[2] v.t. शिल्पशिक्षार्थीके रूपमें लगाना; शिष्य बनाना; उम्मीदवार या अपरैन्टिस रखना।

apprenticeship –शिप् n. (का०) **प्रशिक्षुता^{F},** (शिक्षा०, अर्थ०) **शिशिक्षुता^{F}, शिक्षुता^{F},** शिशिक्षा^{F}, नवसिखुआपन; शिल्प-शिक्षण; शिल्पछात्रत्व, शिष्यवृत्ति^{F}, शिष्यता^{F}, अपरैन्टिसगीरी^{F}।

appresorium° ॲप्रि'सॉ'रिॲम् n. (वन०) **आसंगांग,** अंगवर्ध।

appressed ॲप्रे'स्ट्' a. (वन०) **संलग्न;** दबा, भिंचा।

apprise ॲप्राइज़्' v.t. अभिसूचित करना, सूचना^{F} देना, विदित कराना, अवगत कराना, बताना, आगाह करना, जताना; मूल्यांकन करना, मूल्य लगाना; (pass.) जानना, अभिज्ञ होना, जानकारी^{F} रखना, समझना, आगाह होना।

appro. approval; approbation.

approach ॲप्रोच्' n. आसन्नता^{F}, समीपता^{F}, निकटता^{F}, पैठ^F, मिलनसारी^{F}; (सेना०) प्रवेश, **पहुँच^F**(~ *plank*); प्रवेशपथ, मार्ग, रास्ता; (शिक्षा०, रेल०) **अभिगम, उपगमन, गमन-मार्ग,** उपगमन-मार्ग, उपमार्ग, **पहुँच^F का रास्ता,** रसाई^F; खन्दक^F, खड्ड^F, खाई^F; दृष्टिकोण;

~ angle, ~ area, ~ chart, ~ clearance, ~ contour, ~ corridor, ~ lights, ~ procedure, ~ road, ~ sequence, ~ shaft,

~ signal, ~ speed, ~ surface, ~ time, ~ zone.

approach[2] **v.t.** & i. समीप होना, निकटवर्ती होना, सन्निकट होना, **:** **प्रत्यासन्न** होना, मिलना, मिलता-जुलता होना; (चरित्र, **स्वभाव**में) अनुरूप होना, समान होना, एक-सा होना; निकटतर आना, समीपतर आना, पहुँच पाना, और पास आना; (वाणि०) निवेदन करना, प्रस्ताव करना; (सेना०) प्रवेश करनेके लिए खाई^F खोदना, खन्दक^F खोदना, मोरचा बनाना।

approachability –'चबि'लिटि n. उपगम्यता^F, समुपगम्यता^F, निकटता^F, मिलनसारी^F, पैठ^F, पहुँच^F।

approachable –'चॅबॅल् a. गम्य, समुपगम्य, उपगम्य, अभिगम्य, प्रवेशयोग्य, पास पहुँचने योग्य, मिल सकने योग्य।

approbate ऐॅप्रॅबेट् v. t. समनुमोदन करना, (का०) **अनुमोदन करना,** समर्थन करना; ⊙ स्वीकार करना, मान्यता^F देना, मंजूरी^F देना, मंजूर करना।

approbation –बे'शॅन् n. समनुमोदन, (का०) **अनुमोदन,** समर्थन; सम्मति^F, अनुमति^F, अनुज्ञा^F, स्वीकृति^F, मंजूरी^F; सम्मान, प्रशंसा^F, सराहना^F, पसन्दगी^F।

approbatis† (L) अनुमोदित, सम्मत।

approbative, approbatory ऐॅप्रॅबेटिव्, –टॅरि aa. अनुमोदनयुक्त, स्वीकरणीय, अनुज्ञापूर्ण; सम्मानपूर्ण, प्रशंसायुक्त; ~tive theory (दर्श०) **अनुमोदन-सिद्धान्त।**

appropinquate ऐॅप्रॅपिङ्'क्वेट् v. i. आसन्न होना, पास आना, मिलना, सटना।

appropinquation –क्वे'शॅन् n. निकटता^F, समीपता^F; आसन्नता^F, संलग्नता^F।

appropinquity –'क्विटि n. समीपता^F, सामीप्य।

appropriable ॲप्रो'प्रिॲबॅल् a. विनियोज्य, अधिकार्य, हड़पने योग्य, खा-पी जाने योग्य।

appropriate[1] –ॲट् v.t. (का०) **विनियोजन करना, विनियोग करना,** विनियुक्त करना, **अलग करना;** उपयोगमें लाना, व्यवहारमें लाना, काममें लाना; स्वामित्व प्राप्त करना, अधिकारी बन बैठना, हस्तगत करना, स्वामी बन जाना; आत्मसात् करना, खा-पी जाना, गबन करना, अपनाना, हड़पना।

appropriate[2] –ॲट् a. (संवि०) **समुचित,** समीचीन, समुपयुक्त, उपयुक्त, यथार्थ, उचित, संगत, अनुरूप, अनुकूल, ठीक; सम्बन्धित; विशिष्ट;

~ action, ~ authority, ~ government, ~ head, ~ place, ~ proceedings, ~ scale, ~ word.

appropriated –ऐटि'ड् a. (संवि०) **विनियुक्त।**

appropriateness –ॲ'नि'स् n. औचित्य, समौचित्य, समीचीनता^F, उपयुक्तता^F; स्वकीयता^F, निजत्व; प्रासंगिकता^F; सम्बद्धता^F।

appropriation –ए'शॅन् n. (का०, वाणि०) **विनियोजन, विनियोग,** उपयोग, व्यवहार; आत्मीयकरण, आत्मसात्करण, अधिकरण, वशानयन, गबन, हड़पना;

~ account, ~ bill, ~ money, ~ proposal, ~ statement.

appropriative –'प्रिॲटिव् a. उपयोगी; विनियोजी, आत्मसात्त्व-सम्बन्धी, स्वायत्तता-सम्बन्धी, स्वामित्व-सम्बन्धी।

appropriator –ऐटॅर् n. विनियोजक, उपयोगकर्ता, विनियोक्ता; आत्मसात्कारक, गबन करनेवाला, हड़पनेवाला।

approvable ॲप्रू'वॅबॅल् a. अनुमोदनीय, स्वीकार्य, पसंदगी^F या मंजूरी^F के लायक।

approval* –वॅल् n. (राज०, का०, दर्श०) **अनुमोदन,** समर्थन, अभिमति^F*, अनुमति^F, **स्वीकृति^F,** अनुज्ञा^F, सम्मोदन, उपमोदन, मंजूरी^F; आशंसा^F, **पसन्द^F***, पसन्दगी^F।

approve –व्' v.t. & i. **अनुमोदन करना,** प्रशंसा^F करना, तारीफ^F करना; स्वीकृत करना, **पसंद करना,** मंजूरी^F देना; प्रमाणित करना, प्रमाण देना, साक्षी^F देना; आत्म-प्रदर्शन करना, अपनेको दिखाना; ~ of अनुमति^F प्रकट करना, अच्छा समझना, पसन्द करना।

approved –ड' a. (का०) **अनुमोदित,** मान्य, (कृषि०) स्वीकृत, इष्ट, सम्मत; ~ society अनुमोदित समाज;

~ auditor, ~ contractor, ~ hotel, ~ list, ~ plan, ~ service, ~ variety.

approvement –व्'मॅन्ट n. = APPROVAL.

approver –'वॅर् n. अनुमोदक, अनुमोदनकर्ता; (का०) राजसाक्षी, भेदी साक्षी, (का०) **इक़बाली गवाह,** सरकारी गवाह।

approx. approximate; approximately.

approximal ॲप्रॉक्'सिमॅल् a. (श०र०शा०) प्रत्यासन्न, संलग्न, उपसन्न, सन्निकट, करीब, आस-पास।

approximate[1] –मेट् v. t. & i. निकट करना, समीप आना या लाना, करीब पहुँचना।

approximate[2] –मॅट् a. **लगभग;** उपगत, उपसन्न, प्रत्यासन्न, आसन्न, (रसा०) **सन्निकट,** समीपवर्ती, बिलकुल करीब; अनुरूप, तुल्य, सदृश, समान; यथार्थ; मोटे तौर पर; ~ estimate **स्थूल अनुमान, मोटा अनुमान, मोटा अन्दाजा;** ~ method **स्थूल विधि^F;**

~ analysis, ~ calculation, ~ equation, ~ formula, ~ induction, ~ quantity, ~ solution, ~ value.

approximated –मेटि'ड् a. उपसादित, समीपकृत, प्रत्यासन्न, उपगत।

approximately –मॅट्लि adv. अनुमानतः, (ग०) **सन्निकटतः, लगभग,** करीब-करीब।

approximation –मे'शॅन् n. आसन्नता^F, नैकट्य, समीपता^F, निकट-गमन, पहुँच^F; (यन्त्र०) **सन्निकट मान,** (ग०, ऋतु०, भौ०) उपसादन, **सन्निकटन,** सन्निकटीकरण; ~ solution **सन्निकटनी साधन।**

approximative –'सिमॅटिव् a. उपसन्न, निकटवर्ती, समीपवर्ती, पासका, करीब-करीब।

approximator –मेट॑र् n. उपसादक, अनुमानकर्ता।
appui अपुई' n..आश्रय, आधार, सहारा।
appulse अ॑पल्स्' n. संघट्ट, सन्निकर्ष।
appulsive –'सिव् a. सन्निकर्षी।
appurtenance अ॑पर्'टि॑नन्स् n. परिशिष्ट, अनुषंग, (वैक०) **उपाबन्ध**, (का०) **उपांग**, उपकरण; (नौवि०) **साज-सामान**; अनुषंगी पदार्थ, अतिरिक्त वस्तु^F, सहायकारी पदार्थ; सम्पत्ति^F, धन, सम्बन्धी, जन आदि।
appurtenant –नन्ट् n. & a. = APPERTINENT; अंगभूत, उपाबद्ध; आनुषंगिक, अनुषंगी; युक्त, संगत; सम्बन्धित।
Apr. April.
apraxia अ॑प्रैक्'सिअ॑ n. (मनो०, शिक्षा०) **चेष्टा-अक्षमता**^F; चेष्टाक्षति^F।
A. P. R. C. *Anno Post Roman Conditam*, in the year after the foundation of Rome (753 B. C.).
apricot अ॑'प्रिकॉट् n. प्रियालु, (कृषि०, वन०) **खूबानी**^F, चीलू, शाह-आलु; ~ oil खूबानी^Fका तेल।
April अ॑'प्रॅल् n. अप्रैल; ~-fool day अप्रैल १।
a priori† (L) १. a. (दर्श०) निगम्य; सिद्ध, पूर्वसिद्ध; **प्रागनुभव**; ~ argument निगम्य तर्क; २. adv. सम्भवतः, अनुमानतः।
apron अ॑'प्रॅन् n. पदीय परिधान, (कपड़ोंकी रक्षा^Fके लिए आगेकी ओर पहना हुआ वस्त्र), (परि०) **पल्ला, मलवस्त्र**; **प्रांगण बतान**, T.; पेशबन्द, पेटबन्द (*bishop's, dean's* ~); ~ flashing (यन्त्र०) **पल्ला-ढाँप**; ~ piece (यन्त्र०) **रोधपट्ट, रोक-तख्ती**^F; *tied to ~-strings of* आँचलसे बँधा हुआ, वशीभूत, वशमें, प्रभावित;
~ block, ~ cloth, ~ conveyer, ~ feeder, ~ lathe, ~ lining, ~ plate, ~ shield.
aproned –ड् a. पेशबन्द बाँधे हुए, एप्रन लगाये हुए।
apropos अ॑प्रॅपो' १. a. उपयुक्त, यथोचित, संगत; समयोचित, प्रसंगोचित, प्रसंगानुकूल; अभिप्रेत, यथेष्ट, सोद्देश्य; उचित, मुनासिब; २. adv. तद्विषयक, सन्दर्भतः, विषयमें, बारेमें, बाबत; ३. n औचित्य, संगति^F।
aprosexia अ॑प्रॅसे॑क्'सिअ॑ n. (मनो०) **अवधान-अक्षमता**^F, ध्यानाभाव, अनवधान।
apse अ॑प्स् n दूरान्तिक, दूरान्तिक विन्दु; (यन्त्र०) **बहुकोण शिखर**; (पुरा०, इति०) **गजपृष्ठ**; (ग०) **स्तब्धिका**^F (~ *distance*, ~ *line*); गवाक्ष, अर्द्धवृत्त, आला या झरोखा।
apselaphesia अ॑प्से॑लॅफ़ी॑'जिअ॑ n. (मनो०) **स्पर्श-विकार**; स्पर्शाक्षमता^F।
apsidal अ॑प्'सिडॅल् a. आरातीय, आरात्ती; (ज्यौ०) **नीचोच्च**; अर्द्धवृत्ताकार, अर्द्धगोलाकार, अर्द्धचन्द्राकार, महराबदार, गुम्बददार (गवाक्ष), झरोखे-जैसा; ~ angle (ग०) **स्तब्धिका-कोण**; ~ distance (ग०) **स्तब्धिका-दूरी**^F; ~ line (ग०) **स्तब्धिका-रेखा**^F; (ज्यौ०) **नीचोच्च दूरी**^F।
apsis –'सिस् = APSE; **स्तब्धिका**^F; (यन्त्र०) **बहुकोण शिखर**; (ज्यौ०) **नीचोच्च विन्दु**।
apt अ॑प्ट् a. प्रवीण, योग्य, लायक; युक्त, उपयुक्त, उचित, संगत, प्रसंगोचित, ठीक, सही; प्रवण, प्रवृत्त, उन्मुख, तत्पर, शीलयुक्त; व्युत्पन्नमति, प्रगल्भबुद्धि, मेधावी, कुशाग्रबुद्धि; सम्भव ⊙; इच्छुक, झुका हुआ ⊙।
A.P.T.C. Army Physical Training Corps.
apteral, apterous –'टॅरॅल्, –रॅस् aa. पक्षरहित, पंखहीन, बेपर, बिना झिल्ली^Fका, लण्डूरा।
apteria अ॑प्टी'रिअ॑ n. (जीव०) **अपिच्छ क्षेत्र**।
apteryx अ॑प्'टॅरिक्स् n. कीवी पक्षी।
aptitude अ॑प्'टिट्यूड् n. योग्यता^F, क्षमता^F, चातुर्य, कुशलता^F, काबलियत^F; औचित्य, उपयुक्तता^F; प्रवणता^F, उन्मुखता^F, (मनो०) **अभिवृत्ति**^F, (स्वाभाविक) **रुझान** (~ *test*)।
aptness –ट्'नि॑स् n. औचित्य, संगति^F, उपयुक्तता^F; योग्यता^F; उन्मुखता^F; प्रगल्भता^F।
aptote अ॑प्'टोट् n. (व्या०) अविभक्तिक संज्ञा^F।
aptotic –टॉ'टिक् a. (व्या०) अविभक्तिक।
A.P.W.I. Assistant Permanent Way Inspector.
aq. *aqua*, water.
apyrexy, -xia अ॑पिरे॑'क्सि, –रे॑'क्'सिअ॑ nn. ज्वरमुक्तता^F, निर्ज्वरता^F।
apyrous अ॑'पिरॅस् a. अदाह्य।
aqua† (L) n. जल, पानी; द्रव; ~ bulliens उबला पानी; ~ fortis शोरेका तेज़ाब; **नाइट्रिक अम्ल**, T.; ~ pura शुद्ध जल, सादा पानी; ~ regia (रसा०) **अम्ल-राज**; ~-vitae मदिरा^F, शराब^F।
aquamarine अ॑क्वॅमॅरीन्' n. हरितनीलवैडूर्य, (पुरा०) फ़ीरोज़ा, (प्रा० भू०) **बेरूज**, T.; (a. भी) हरिनील, नीलापन लिये हुए हरा, समुद्रके रंगका।
aquaplane अ॑(अ॑)'क्वॅप्लेन् n. & v. i. अगिनबोटके पीछे रस्सेसे खिंचते हुए तख्ते (के ऊपर सवार होना)।
aquarium अ॑क्वे॑'रिअ॑म् n. (बहुव० ~*s*, *aquaria*) जलवाटिका^F, (जीव०) **जलजीवशाला**^F, सार्वजनिक जलाशय, जलशाला^F, तालाब।
Aquarius अ॑क्वे॑'रिअ॑स् n. राशिमाला^F, राशिचक्र, (ज्यौ०) **कुम्भ**, कुम्भराशि^F जिसमें सूर्य २१ जनवरी^Fको प्रवेश करता है, T.
aquasol अ॑क्वॉ'सॉल् n. (रसा०) **जल-विलय**।
aquatic –अ॑क्वै॑'टिक् a. जलचर, जलोद्भव, जलजीवी, जलस्थ, औदिक, (वन०, प्रा० भू०) **जलीय**;
~ adaptation, ~ animal, ~ insect, ~ nekton, ~ progenitors, ~ respiration, ~ root.
aquatics –स् n. जलक्रीड़ा^F, पानीके खेल।
aquatint अ॑'क्वॅटिन्ट n. घोलोत्कर्णन (रालके घोल और

शोरेके तेजाबसे ताँबेपर खुदाई^F करनेकी शैली^{F} या कारीगरी^{F})।

aqueduct 'औक्विडॅक्ट् n. (कृषि॰, चि॰) **कुल्या**^{F}, छोटी नाली^{F}, पानीकी मोरी^{F}; जलप्रणालिका^{F}, जलप्रणाली^{F}, जलमार्ग; (यन्त्र॰, कृषि॰) **जलसेतु**, (यन्त्र॰) **सेतुवाही**।

aqueous ऐ'क्विॲस् a. औदिक, (रसा॰, भौ॰, प्रा॰ भू॰) **जल-, जलीय**, वारीय, जलप्राय, जलमय, जल-सम्बन्धी, पानीका; जलसम्भूत, जलजात, पानीसे बना हुआ;
~ corrosion, ~ humour, ~ rock, ~ solution, ~ tension, ~ vapour.

aquiculture ऐक्वि'कॅल्च्यॅर्, -चॅर् n. जीव-जन्तु-पालन, जलचर-पालन।

aquiferous ॲक्वि'फ़ॅरॅस् a. (प्रा॰ भू॰) **जलभृत**, जलीय, पनीला, पानीका।

aquiform ऐ'क्विफ़ॉर्म् a. जलरूप, द्रव, तरल।

aquila† (Gk) n. (ज्यौ॰) **गरुड़, अॅक्विला**।

aquiline ऐ'क्विलाइ(लि)न् a. गरुड़ीय, गरुड़वत्, गरुड़के समान; वक्र, टेढ़ी (नासिका^{F}); शुकवत् (~ *nose*)।

A.Q.M.G. Assistant Quartermaster General.

aquosity ॲक्वॉ'सिटि n. औदिकता^{F}, जलीयता^{F}, जलमयता^{F}, पनीलापन, सील^F।

ar- =AD- (जैसे, ~*rogate*, ~*rive*)।

-ar^1 स्थानवाची संज्ञाओं^{F}में प्रयुक्त (जैसे, *alt*~, *cell*~)।

-ar^2 -वाला अर्थमें विशेषण बनानेके लिए (जैसे, *angul*~, *popul*~)।

-ar^3 -ER^1, -OR^2 का भिन्न रूप, प्रायः कर्तृक संज्ञाओं^{F}में (जैसे, *begg*~, *li*~)।

a. r. *anno regni*, in the year of the reign.

ar., arr. arrival; arrive; arrived.

Ar., Arab. Arabic.

A.R. Army Regulation; (रसा॰) analytical reagent.

A.R.A. Associate of the Royal Academy.

ara अेॲ'रॅ n. (ग॰) **वेदी**^{F}, **एरा**^{F}।

Arab ऐ'रॅब् n. & a. अरबी; street ~ गृहहीन शिशु, अनाथ शिशु, आवारा, भटकनेवाला छोकरा।

araba ऐ'रॅबा n. अरबी बैलगाड़ी^{F}।

arabesque ऐरॅबे'स्क्' १. n. बेलबूटों या पत्तियों^{F}के द्वारा रंगोंकी सजावट^F, आकृतियों^{F}को उभारना, सज्जा-कार्य, बेलबूटेका काम; (संगी॰) सुन्दर स्वरमें आलंकारिकता^{F}, बनाव-सिंगार; २. a. अरबी; अपरूप, असंगत, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, अनोखा, अजीब, ऊटपटांग।

Arabian ॲरे'बिॲन् a. अरब-, अरबदेशीय।

Arabic ऐ'रॅबिक् १. n. अरबी भाषा^{F}; २. a. अरबी (~ *numerals*)।

arabinose ऐ'रॅबिनोस् n. (चि॰) **निर्यासशर्करा**^{F}, **गोंदशर्करा**^{F}, गोंद-बूरा, T.

Arabist -ऐ'रॅबिस्ट् n. अरबीका विद्यार्थी।

arable ऐ'रॅबॅल् n. & a. कृषियोग्य, खेती^{F}के लायक (जमीन^F); हल्य, (प्रा॰ भू॰) **कृष्य**, जुताऊ (~ *land*)।

arachis oil ऐ'रॅकिस् आयॅल् n. मटरका तेल।

arachnid ॲरै'क्'निड् n. विषैला कीड़ा (जैसे, बिच्छू); अष्टपाद, लूता^{F}, मकड़ी^{F}।

arachnoid -'नाएॅड् १. a. (वन॰) **लूताभ**, T.; २. n. (चि॰, मनो॰) **जालतानिका**^{F} (~ *granulation*)।

arachnology -नॉ'लॅजि n. लूता-शास्त्र, अष्टपाद-विज्ञान।

araeostyle ॲरी'ॲस्टाइल् n. स्तम्भोंका क्रम।

A.R.A.M. Associate of the Royal Academy of Music.

Aramaic ऐरॅमे'इक् a. सीरियाई, फिलिस्तीनी।

araneidan ऐरॅनी'इडॅन् a. लूतागणीय, मकड़ी^{F}का।

araneose ॲरे'नि'ओस् a. मकड़ी^{F}के जाल-सा, जाल-सदृश।

araphorostic ऐरॅफ़ॅरॉस्'टिक् a. अनसिला।

arbale(i)st आर'बॅलिस्ट् n. धनुष।

arbale(i)ster -टॅर् n. धनुषधारी।

arbiter आर'बिटॅर् n. =ARBITRATOR, (का॰) **विवाचक**, न्यायकर्ता, निर्णयकर्ता, **मध्यस्थ**, पंच।

arbitrable -ट्रॅबॅल् a. विवाचन योग्य।

arbitrage -ट्रिज् n. मध्यस्थता^{F}; (वाणि॰) **अन्तरपणन**, पणन, ऋण-पत्र या हुण्डी^{F} या विदेशी विनिमयका क्रय-विक्रय, हुण्डी^{F}का व्यवहार।

arbitral -ट्रॅल् a. मध्यस्थीय, मध्यस्थता-सम्बन्धी, पंचायत-विषयक, सालसी; ~ award (का॰) **पंचाट**; ~ tribunal **विवाचन-अधिकरण**।

arbitrament, -ement -बिं'ट्रॅमॅन्ट् n. (का॰) **विवाचन**, आधिकारिक निर्णय, सम्प्रमाणित निर्णय, पंच-निर्णय, पंचाट।

arbitrarily -'ब्रिट्रॅरिलि adv. स्वच्छन्दतः, स्वेच्छया, ऐच्छिक रूपसे; अस्थिर बुद्धि^{F}से, उच्छृंखलतापूर्वक, अनियन्त्रित ढंगसे, चंचलता^{F}से; निरंकुशता^{F}से; विवेकानुसार।

arbitrariness -रिनि'स् n. स्वेच्छता^{F}, ऐच्छिकता^{F}, (का॰) **स्वेच्छाचारिता**^{F}, स्वच्छन्दता^{F}, कामकारिता^{F}, निरंकुशता^{F}, अनियन्त्रण, विवाचन, मनमानी^{F}।

arbitrary -रि a. स्वच्छन्द, निरंकुश; **यादृच्छिक**, (भौ॰ ग॰) **स्वेच्छ, इच्छाधीन**, यथेच्छ, **मनमाना**; (का॰) विवाचनाधीन, विवेकानुसार;
~ address, ~ area, ~ argument, ~ choice, ~ constant, ~ function, ~ method, ~ origin, ~ parameter, ~ point, ~ unit.

arbitrate -ट्रेट् v.t. & i. (का॰) **विवाचन करना**, पंचनिर्णयन करना, **मध्यस्थता^{F} करना**, पंचायत^F या मध्यस्थता^{F}के द्वारा निर्णय करना, **पंचायत^F करना**; मध्यस्थ होना।

arbitration -ट्रे'शॅन् n. (वाणि॰, का॰) **विवाचन**, (का॰) **मध्यस्थनिर्णय**, पंचनिर्णय, **पंच-फैसला**, सालसी

फैसला; मध्यस्थता^F; दो मुद्राचलनोंके बीच परोक्ष विनिमयके भावका निश्चयीकरण;
~ agreement, ~ board, ~ bond, ~ clause, ~ committee, ~ dispute, ~ tribunal.

arbitrational –नॅल् a. विवाचकीय, विवाचन-सम्बन्धी, सालसी।

arbitrator –'बिट्रेटॅर् n. (fem. –*trix*) (का०) **विवाचक, निर्णायक, मध्यस्थ,** पंच, सालस।

arbitratorship –शिप् n. मध्यस्थता^F, विवाचकता^F, पंचपन।

arbitress –ट्रिॅस् n. स्वाधिकारिणी^F; पूर्णस्वामिनी^F; महिला मध्यस्थ^F, महिला पंच^F।

arbor[1] आर्'बॅर् n. धुरा, धुरी^F (~ *press*)।

arbor[2] n. = ARBOUR; वृक्ष।

arboraceous –रे'शॅस् a. वृक्षपूर्ण, वनयुक्त, पेड़ोंसे भरा हुआ; वृक्ष-सदृश, वृक्षवत्, पेड़-जैसा।

Arbor Day आर्'बॅर् डे n. (संयुक्तराज्य और आस्ट्रेलियामें) सार्वजनिक वनमहोत्सव-दिन।

arboreal आर्बो'रिॲल् a. (वन०) **वृक्षी,** वृक्षीय, वृक्षोंका, वृक्ष-सम्बन्धी; **वृक्षवासी,** पेड़ोंपर रहनेवाला; ~ form (जीव०) **वृक्षवासी;**
~ adaptation, ~ animal, ~ life.

arboreous –ॲस् a. = ARBORACEOUS.

arborescence आर्बॅरे'सॅन्स् n. (चि०) **प्रशाखिता^F;** वृक्षानुरूपता^F, वृक्ष-सादृश्य।

arborescent –न्ट् a. (वन०) **वृक्षवत्,** वृक्षानुरूप, **पेड़-सा,** पेड़की भाँति; (चि०) **प्रशाखी,** शाखायुक्त, शाखापूर्ण, शाखादार।

arboret –'बॅरिॅट् n. वृक्षक, छोटा वृक्ष, झाड़ी^F।

arboretum –री'टॅम् n. वनस्पतिशाला^F, तरुवाटिका^F, तरुकुंज, बगीचा।

arboricolous –रि'कॅलॅस् a. (वन०) **वृक्षाश्रयी।**

arboricultural –ल्'चॅरॅल् a. वृक्षविद्या-सम्बन्धी, वृक्षरोपण-सम्बन्धी।

arboriculture –'बॅरिकल्चॅर्, –चॅर n. वानसपत्य, वृक्ष-कृषि^F, वृक्षरोपण, तरुपालन।

arboriculturist –ल्'चॅरिस्ट् n. वृक्षरोपणविद्, वृक्षारोपण-विज्ञानी, वृक्ष-विशेषज्ञ, माली, पेड़ लगाने और पालनेमें चतुर आदमी।

arborist –'बॅरिस्ट् n. वनशास्त्री, वृक्षज्ञानी।

arborization –राइज़े'शॅन् n. द्रुमायण; (खनि०, रसा०) वृक्षसदृश आकृति^F, (रवाके राशीकरणमें) वृक्षवत् आकार; (मनो०) **वृक्षाभन,** (चि०) **प्रशाखीभवन;** (श० र० शा०) रक्तायनी पात्रका प्रशाखन या द्रुमायण।

arborous –'बॅरॅस् a. द्रुमीय, वृक्षीय, पेड़का।

arbour –र् n. पर्णशाला^F, निकुंज, (इति०) **कुंज,** लतागृह, लतामण्डप, लता-भवन।

arboured –र्ड् a. निकुंजीकृत, लतावृक्ष-वेष्टित, लता-वृक्षावृत, पेड़ों और बेलों^Fसे छाया हुआ।

arbuscle आर्'बसॅल n. (वन०) बौना वृक्ष, T.

arbutus आर्'ब्यूटॅस् n. (वन०) सदा हरी झाड़ियों^Fकी एक जाति^F, T.

arc आर्क् n. (चि०, ग०, रेल०, भौ०) **चाप;** (विद्यु०) **आर्क,** प्रकाश-सेतु; ~ cos (ग०) **चाप कोज्या^F;** ~ cosec (ग०) **चाप व्युज्या^F;** ~-lamp **चापदीप, आर्क-लैम्प;** ~-light चाप-प्रकाश; ~ sec (ग०) **चाप व्युको,** T.; ~ sin (ग०) **चाप ज्या^F;** diurnal ~ दिवसीय चाप; nocturnal ~ नैशिक चाप, रात्रिचाप;
~ adjuster, ~ core, ~ cot, ~ crater, ~ furnace, ~ heating, ~ indication, ~ indicator, ~ process, ~ root, ~ shield, ~ spectrum, ~ tan, ~ welding.

arcade आर्केड् n. (यन्त्र०) **डाट-पंक्ति^F;** वीथिका^F, तोरणावृत मार्ग, (इति०, पुरा०) **तोरणपथ, छत्ता,** छत्र-मार्ग, महराबदार रास्ता।

arcaded –'डिॅड् a. तोरणयुक्त; महराबदार।

arcadia आर्के'डिॲ n. (सा०) **मधुबन।**

Arcadian आर्के'डिॲन् a. ठेठ मूर्ख, गँवार; आर्केडिया (यूनान) का।

Arcady, Arcadia –'कॅडि, आर्के'डिॲ nn. मधुबन, मूर्खका स्वर्ग।

arcanum आर्के'नम् n. (प्रायः बहुव०में *arcana*) रहस्य, भेद, राज़।

A.R.C.E. Assistant Registrar, Co-operative Education.

arch. archaic.

arch., archit. architecture.

arch- महा-, प्रधान-, (जैसे, ~*bishop*, ~*duke*); मुख्य, प्रमुख (जैसे, ~*antiquary*, ~*builder*, ~*enemy*, ~*prophet*); अति-, अत्यन्त (जैसे, ~*buffoon*, ~*knave*, ~*liar*); (क्र०) आदि-, आदिम, मूल-, मौलिक (जैसे, ~*founder*, ~*messenger*)।

arch*[1] आर्क्, आर्च् n. (यन्त्र०, रेल०, चि०, श०र०शा०) **चाप*,** तोरण, वृत्तखण्ड; (यन्त्र०) **डाट*^F, महराब^F;** गुम्बद, महराबदार छत^F; (यन्त्र०) **कमान^F;** (प्रा० भू०) **मोड़,** झुकाव; टेढ़ी रेखा^F; ~type (इति०) **महराबी;** ~ way तोरणपथ, तोरणद्वार; (इति०) छत्ता;
~ bar, ~ brick, ~ bridge, ~ construction, ~ core, ~ dam, ~ pendant, ~ punch, ~ rib, ~ ring, ~ rise, ~ span, ~ wheel, ~ window.

arch[2] १. vt. मण्डलीकृत करना, तोरणका रूप बनाना, महराबदार बनाना या महराब^F लगाना; २. v.i. तोरण बँधना, महराब^F बनना।

arch[3] a. अग्र, मुख्य, प्रधान, पहले दर्जेका; दुष्टप्रकृति, धूर्त, चतुर, मक्कार, छँटा हुआ, बदमाश;
~ foe, ~ imposter, ~ knave, ~ priest, ~ rogue.

archaean आर्की'ॲन् a. प्राचीनतम, भूयुगादि, धरती^Fको

आदिम अवस्था^{F}का; A ~ Era (प्रा० भू०) **आद्यकल्प**।
archaeol. archaeology.
archaeolithic आर्कीऑलि'थिक् a. (पुरा०) **आदि पाषाणयुगीन**।
archaeologic आर्कीऑलॉ'जिक् a. पुरातत्त्व-, पुरावशेष-सम्बन्धी, (इति०) **पुरातात्त्विक, पुरातत्त्वीय, पुरातत्त्व-सम्बन्धी**, पुराविद्या-विषयक।
archaeological -कॅल् a. = ARCHAEOLOGIC; ~ blank, ~ chemistry, ~ department, ~ exploration, ~ period, ~ phenomenon, ~ reconstruction, ~ time.
archaeologist -ऑ'लॅजिस्ट् n. पुरातत्त्ववेत्ता, (नृ०) **पुरातत्त्वविद्**, (इति०) **पुरातत्त्वज्ञ**, पुरावशेष-शास्त्री।
archaeology -जि n. पुरावशेष; पुरावशेष-विद्या^{F}, **पुराविद्या^{F}**, (इति०) **पुरातत्त्व**, (विशे०) प्रागैतिहासिक युगकी वस्तुओं^{F}का अध्ययन।
archaeopteryx आर्कीऑप्'टॅरिक्स् n. आद्य पक्षी, विसर्पी पक्षी, चिड़ियों^{F} और रेंगनेवाले पक्षियोंके बीचकी कड़ी^{F}।
archaeozoic -ज़ो'इक् a. आदियुगीन।
archaic, -al आर्के'इक्, -ॲल् aa. मूल, (जीव०) **आद्य**, आदिम, पुरातन, प्राचीन, पुराना; (भाषा^{F}में) आर्ष, अप्रचलित।
archaism आर्'केइज़्म् n. (सा०) **पुरातनता^{F}**; प्राचीनतावाद; प्राचीन शब्द अथवा अभिव्यंजना^{F}, पुरातन अभिव्यक्ति^{F}, (सा०) **पुरातन प्रयोग**, आर्ष प्रयोग, अप्रचलित भाषा^{F}।
archaist -इस्ट् n. पुरातन प्रयोगवादी, आर्ष प्रयोग करनेवाला, प्राचीनतावादी।
archaistic -'टिक् a. (इति०) **पुराण**, प्राचीन, पुरातन।
archaize -'केआइज़् v.t. & i. पुरातन प्रयोगके अनुरूप ढालना, प्राचीनभाषायुक्त बनाना, अप्रचलित भाषाप्रयोग करना, पुराने ढंगकी भाषा^{F} लिखना।
archangel आर्'केन्जॅल् n. सर्वप्रधान देवदूत; श्रेष्ठ अप्सरा^{F}; एक प्रकारका कबूतर; एक तरहका पौधा।
archangelic -कैन्जे'लिक् a. प्रधान देवदूत-विषयक; श्रेष्ठ अप्सराका।
archanthropic आर्कैन्थ्रॉ'पिक् a. (इति०) **प्राचीन मानवीय**।
archbishop आर्च्'बि'शॅप् n. सर्वप्रधान ईसाई आचार्य, मुख्य ईसाई धर्माध्यक्ष, लाट पादरी, आर्चबिशप।
archbishopric -रिक् n. प्रधान धर्माचार्यका पद या अधिकार।
Archd. Archdeacon; Archduke.
archdeacon आर्च्'डी'कॅन् n. बिशपका सहकारी धर्माचार्य, आर्चडीकन।
archdeaconry -रि n. आर्कडीकनका अधिकार-क्षेत्र, पद एवं निवास-स्थान।
archdeaconship -न्शिप् n. = ARCHDEACONRY.
archdiocese आर्च्'डाइ'ॲसीस् n. = ARCHBISHOPRIC, प्रधान धर्माध्यक्षका अधिकार या प्रबन्ध-क्षेत्र।
arche-, archi- = ARCH- (~-*type*, ~*test*)।
arched आर्च्ट् a. चापित, चापरूप, चापकी तरह, डाटवाला; ~ culvert (रेल०) **डाट^{F}की पुलिया^{F}**; ~ truss (यन्त्र०) **डाट कैंची^{F}, मेहराबी कैंची^{F}**; ~ bridge, ~ dome, ~ girder, ~ plate, ~ squall.
archegoniophore आर्किगो'निॲफ़ोॲर् n. (वन०) **अण्डधानी वृन्त**, T.
archegonium -ॲम् n. (वन०) **अण्डधानी^{F}**, T.
archeion ऑर्'काइऑन् n. मन्दिर; अभिलेखागार।
archenemy आर्च्'ऍ'निमि n. प्रेतपति, यमराज, पिशाच, शैतान; महा शत्रु, सबसे बड़ा दुश्मन।
archenteron आर्के'न्'टॅरॉन् n. (चि०) **आंत्र-कन्दरा^{F}**।
archeocyte आर्'कि'ॲसाइट् n. (जीव०) **आद्य-कोशिका^{F}**।
archeozoic आर्कि'ॲज़ो'इक् a. आदियुगीन, आदिम; ~ era आदि कल्प।
archer आर्'चॅर् n. धानुष्क, धन्वी, धनुर्धर; धनुराशि^{F}, नवम राशि^{F}; ~-god कामदेव।
archery -रि n. धनुर्विद्या^{F}।
archetypal आर्'कि'टाइपॅल् a. आदिरूप-, मूलरूप विषयक, मूलादर्श-सम्बन्धी।
archetype -प् n. आदर्श, मूलादर्श, आदि या मूल रूप, प्रारम्भिक रूप, असली नमूना।
archfiend आर्च्'फ़ीन्ड् n. प्रधान प्रेत, शैतान।
arch-hypocrite आर्च्'हि'पॅक्रिट् n. धूर्त्तराज, महा-धूर्त्त, घोर पाखण्डी, मुख्य पाखण्डी।
archicerebellum आर्किसॅरि'बे'लॅम् n. (चि०) **आदिम अनुमस्तिष्क**।
archiepiscopacy आर्किॲ'पिस्'कॅपसि n. चर्च-सम्बन्धी बड़े पादरीकी सरकार^{F}, धर्माध्यक्षता^{F}।
archiepiscopal -पॅल् a. सर्वप्रधान धर्माध्यक्ष (आर्च-बिशप)से सम्बन्धित।
archimage आर्क्'इमेज् n. मुख्य ऐन्द्रजालिक, बड़ा जादूगर।
archimagus -मे'गॅस् n. बड़ा जादूगर; पारसी पुरोहित।
archinephros आर्किने'फ़्रॉस् n. (जीव०) **आदि वृक्क**।
arching आर्'चिंग् n. (यन्त्र०) **मेहराबी भाग**।
archipallium आर्किपै'लिॲम् n. (चि०) **आदिम प्रावारक**, भीतरी परदा।
archipelago आर्किपे'लॅगो n. ईजिअन सागर, अनेक द्वीपोंसे युक्त समुद्र; (प्रा० भू०, परि०) **द्वीपमण्डल, द्वीपपुंज, द्वीपसमूह**, टापुओंका झुण्ड।
architect आर्'किटे'क्ट् n. वास्तुकार, (यन्त्र०, इति०) **वास्तुविद्**; वास्तुशास्त्री, **स्थपति**, स्थापत्य-कलाविद्, **वास्तु-शिल्पी**, शिल्पकार, शिल्पी, सौधशिल्पी, गृहशिल्पी, भवन-निर्माण-विशारद, इमारत^{F} बनानेकी कारीगरी^{F}में

निपुण; T.; (विशे०) विधाता, ब्रह्मा, विश्वकर्मा, स्रष्टा, सृष्टिकर्ता; (ला०) रचयिता, निर्माता, बनानेवाला (*~ of his own fortune*)।

architective –टिव् a. वास्तुशास्त्रीय, शिल्पीय, वास्तु-, इमारती।

architectonic –टॉनिक् a. सौध-शिल्पी-सम्बन्धी; स्थापत्य-विषयक, स्थापत्य या भवन-निर्माण-कला-सम्बन्धी, इमारती; निर्माणात्मक, संघटनात्मक, रचनात्मक; व्यवस्थापक, प्रबन्धक, नियन्त्रणकारी, निगरानी^{F} रखनेवाला; ज्ञान या विद्या^{F} की व्यवस्था^{F} से सम्बन्धित।

architectonical –कॅल् a. स्थापत्य-विषयक; ज्ञान-व्यवस्था-सम्बन्धी; निर्माणात्मक, संघटनात्मक।

architectonics –क्स् n. स्थापत्य; (सा०) **संघटन-तंत्र**; ज्ञान-व्यवस्था^{F}, विद्या-संग्रहशास्त्र।

architectural –टे'क्'चॅरॅल् a. वास्तु-, भवन-निर्माण-विषयक, इमारती; वास्तु-विद्या-सम्बन्धी; ~ acoustics (भौ०) **वास्तु-ध्वानिकी^{F}, स्थापत्य-ध्वानिकी^{F}**; ~ moulding (यन्त्र०) **शिल्पी गढ़त^F**।

architecture –'किटे'क्च्यॅर्, –चॅर् n. (यन्त्र०,इति०) **स्थापत्य, वास्तुशिल्प**, वास्तुकला^{F}, वास्तु, स्थापत्य-कला^{F}, गृहशिल्प-विद्या^{F}, भवन-निर्माण-विद्या^{F}, वास्तु-विद्या^{F} या कला^{F}, घर बनानेकी कारीगरी^{F}; निर्मिति^{F}, भवन, गृह, सौध, घर; सौध-निर्माण-पद्धति^{F}, भवन-निर्माणकी शैली^{F}, घर बनानेका ढंग; निर्माण, रचना^{F}, गढ़न^F; उद्यान-कर्म, बागीचा लगानेकी कला^{F} ⊙।

architrave –ट्रेव् n. (इति०, यन्त्र०) **प्रस्तरपाद, पाद** (*~ cornice*), (पुरा०) **पादांग**, महराब^F के बाहरी बेलबूटे, महराब^F की नक्काशी^{F}, मरगोल^F; कड़ी^{F}, खम्भेके ऊपरका शहतीर।

archival आर्काइ'वॅल् a. अभिलेखीय, पुरालेखीय, प्रलेखीय; लेखागारीय, पुरालेख-संग्रहालय-सम्बन्धी।

archive आर्'काइव् n. (प्रायः बहुव० *~s*) **अभिलेखागार**, पुरालेख-संग्रहालय, पुरालेख-भवन, दफ्तरखाना; **अभिलेख**; पुरातत्त्व-लेख, **पुरालेख**, ऐतिहासिक प्रलेख, राज्यलेख, पुराने कागजात, रेकार्ड।

archivist –विस्ट् n. अभिलेखाध्यक्ष, अभिलेखपाल, पुरालेखपाल, पुरालेखक, (यन्त्र०) **पुराभिलेखपाल**, अभिलेख-संग्राहक, पुराने ऐतिहासिक प्रलेखोंका व्यवस्थापक, राज्यलेख-संग्रहकर्ता, रेकार्ड बाबू।

archlike आर्च्'लाइक् a. मेहराबी, मेहराब^F के सदृश।

archness आर्च्'निस् n. धूर्तता^{F}, दुष्टता^{F}, मक्कारी^{F}, बदमाशी^{F}।

archnoid आर्क्'नाएड् n. (मनो०) **जालतानिका^{F}**।

archoplasm आर्'कॅप्लैज़्म् n. (चि०) **तर्कुद्रव्य**।

archstone आर्च्'स्टॅन् n. आधारशिला^{F}, (यन्त्र०, परि०) **(गढ़ा हुआ) डाट-पत्थर**।

archwise –'वाइज़् a. मेहराब^F की तरह।

arciform आर्'सिफ़ार्म् a. (चि०) **चापाकार** (*~ artery*)।

A.R.C.M. Associate of the Royal College of Music.

A.R.C.O. Associate of the Royal College of Organists.

A.R.C.S. Associate of the Royal College of Science.

arctation आर्क्'टेशॅन् n. गुदारोध; कोष्ठबद्धता^{F}; कब्ज^F।

arctic आर्क्'टिक् n. & a. (*A~ Circle*) उत्तरध्रुव-वृत्त; ६६°३२' उत्तरके समानान्तर; (प्रा० भू०) **उत्तर-ध्रुवीय**, उत्तरी; ~ region (प्रा० भू०, जीव०) **ध्रुव प्रदेश, उत्तरी ध्रुव प्रदेश**;

~ air, ~ climate, ~ culture, ~ current, ~ fox, ~ hare, ~ ocean, ~ owl, ~ smoke, A~ Soil, ~ wolf, A~ Zone.

Arcturus आर्क्ट्यू'रॅस् n. (ज्यौ०) **स्वाति^{F}**।

arcualia आर्क्यूए'लिॲ n. (जीव०) **कशेरुकजन**।

arcuate, -ated आर्'क्यूॲट्, –ॲटिड् aa. (वन०, चि०) **चापी, चापाकार**, (प्रा० भू०) धन्वाकार, धनुषाकार, कमान^F की तरह मुड़ा हुआ, कमानदार, महराबदार; ~ed opening (स्था०) **मेहराबी दर^F**;

~ delta, ~ grid, ~ ligament, ~ line, ~ nucleus.

arcuation –ए'शॅन् n. चाप-वक्रता^{F}।

arculus –'लॅस् n. (जीव०) शिराचाप (पंखोंमें)।

arcus senilis† (L) n. जराचाप।

A.R.D. Assistant Registrar, Development.

-ard जुगुप्सा- या घृणा-सूचक संज्ञाओंमें (जैसे, *slugg~*, *drunk~*)।

ard आर्ड् n. (इति०) **कुदाली^{F}**, T.

ardency आर्'डॅन्सि n. प्रचण्डता^{F}, उत्तप्तता^{F}, उष्णता^{F}; गर्मी^{F}; व्यग्रता^{F}, उत्सुकता^{F}, उत्साह, तीव्रता^{F}, जोश।

ardent –न्ट् a. चण्ड, तीक्ष्ण, उग्र, व्यग्र, उत्सुक, व्याकुल; सोत्साह, उत्साही, उत्साहपूर्ण, साहसी; उष्ण, उत्तप्त, ज्वलन्त, ज्वालाकार, जलता हुआ, गर्म, झुलसानेवाला; ~ spirits मदिरा^{F}।

A.R. Dev. दे० A.R.D.

ardour आर्'डॅर् n. उत्कटता^{F}, व्यग्रता^{F}, औत्सुक्य, उत्कण्ठा^{F}, लगन^F, धुन^F, सरगरमी^{F}; प्रचण्डता^{F}, तीव्रता^{F}, प्रगाढ़ भाव, उग्र भाव, आवेश, उत्तेजना^{F}, उत्साह, उमंग^F, जोश; उत्ताप, भयंकर उष्णता^{F}, भयानक ताप, तेज गरमी^{F}।

arduous –ड्यूॲस् a. कर्मठ, क्रियाशील, यत्नशील, उद्योगशील, उद्यमी, उद्योगी, अविश्रान्त, परिश्रमी, जोशीला, तेज, हिम्मती; **श्रमसाध्य**, दुःसाध्य, दुष्प्राप्य, दुर्लभ, **दुष्कर**, कठिन, कठोर, कड़ा; दुर्गम, दुरारोह (*~ heights*)।

arduousness –निस् n कर्मठता^{F}, उद्योगशीलता^{F}, मेहनत^F; उत्साह, जोश; दुर्गमता^{F}, दुष्प्राप्ति^{F}; काठिन्य, विकटता^{F}, कठोरता^{F}, कड़ाई^F।

are आर् v. हैं, दे० =BE।

area अे'रिअे n. (कृषि०, नौवि०, चि०) **क्षेत्र** (~ *commander*), प्रदेश, भूखण्ड, भूभाग, **इलाका**; (कृषि०, चि०, ग०) **क्षेत्रफल**, प्रसार-क्षेत्र, विस्तार, फैलाव; समतल भूमि[F], चौरस मैदान, आँगन, (विशे०) नीची भूमि[F]का आँगन, खाली भूमि[F], मैदान, खुली जगह[F]; ~ weapon (सेना०) **क्षेत्रमार हथियार** ।

areal –अॅल् a. (भौ०) **क्षेत्रफलीय**, **क्षेत्रीय**; ~ acceleration, ~ contact, ~ coordinates, ~ expansion, ~ sampling, ~ survey, ~ velocity.

areca अॅ'रिकॅ n. पूगीफलका वृक्ष, सुपारी[F]का पेड़; ~ catechu (वन०) **सुपारी**[F]; ~ nut पूगीफल, (कृषि०) **सुपारी**[F], छालिया ।

arefaction अॅरि`फ़ैक्'शॅन् n. शोषण, सुखानेका कार्य ।

areflexia अॅरि`फ़्ले`क्'सिअॅ n. (शिक्षा०) **अप्रतिवर्त** ।

arefy अॅ'रि`फ़ाइ v.t शोषित करना, सुखाना ।

arena अॅरी'नॅ n. मल्लभूमि[F], अखाड़ा, कुश्ती[F] या दंगलकी जगह[F]; (ला०) कार्यक्षेत्र, कार्यभूमि[F]; युद्धस्थल, रणक्षेत्र ।

arenaceous अॅरि`ने'शॅस् a. सिकतापूर्ण, बालुकामय, **बालुमय** (~ *rock*), रेतीला, बालू[F]से भरा; सिकताभ, बालुकारूप, रेत-जैसा, बालू-जैसा ।

arenicole, arenicolous अॅरि`'निकोल्, अॅरि`नि'कॅलॅस् a. (वन०) **बालुकाश्रयी** ।

arenose अॅ'रि`नोस् a. सिकतापूर्ण, रेतीला ।

areography अॅरि`ऑ'ग्रॅफ़ि n. मंगल-वृत्तान्त ।

areola अॅरी'अॅलॅ n. (बहुव० *-ae*) (वन०) **क्षेत्रिका**[F]; (इति०) **शिरान्तराल**; (बहुव०) निलभर जगह[F], पत्ती[F]की नसों[F]के बीचका सूक्ष्म स्थान; (चि०) **अवकाश (ऊतक)**, **परिवेश (स्तन)**, **चूचुक-मण्डल**, चूचुकका वृत्त, स्तनमण्डलाग्र, स्तनके मुखके आसपासका घेरा; (जीव०) पौधेका कोष, केन्द्राणुक ।

areolar, areolate –लॅर्, –लॅट् aa. अवकाशी; चूचुक-वृत्तीय, स्तनमण्डलीय, स्तनके घेरेसे सम्बन्धित; ~ar tissue (चि०) **अवकाशी ऊतक** ।

areolation –ले'शॅन् n. (वन०) कोषिकाजाल, शिरान्तराल; स्तनमण्डलीकरण ।

areole अॅ'रि`ओल् n. (इति०) **नागफनी**[F]**का डोडा**, **थुअरका डोडा** ।

areology अेअॅरि`ऑ'लॅजि n. मंगल नक्षत्रका वैज्ञानिक अध्ययन ।

areometer अेअॅरि`ऑ'मि`टॅर n. **वायुमापी**; द्रवमापी ।

areometry –ट्रि n. द्रवघनत्वमिति[F], तरलमिति[F] ।

arescent अॅरे`'सॅन्ट् a. (वन०) **शुष्कोन्मुख** ।

arete† (F) n. (प्रा० भू०) **प्रशिखा**[F], शृंककूट[F]; पर्वत-कूट[F], कगर[F] ।

aretology अेअॅरि`टॉ'लॅजि n. (दर्श०) **सद्गुण-शास्त्र** ।

arg. *argentum*, silver.

argali आर्'गॅलि n. अर्गली भेड़[F], एशियाई जंगली भेड़[F] ।

argent आर्'जॅन्ट् १. n. रौप्य, रूपा; रजत[F], चाँदी[F]; २. a. रजतमय, श्वेत, चाँदी[F]की भाँति, रुपहला ।

argentic –जे`न्'टिक् a.(रसा०) रौप्य, रजत-, **रजतीय**, चाँदी[F]का, (~ *oxide*) ।

argentiferous –टि'फ़ॅरॅस् a. रजतयुक्त,(रसा०) **रजतमय** (~ *gold*, ~ *sand*), रजतप्रद, रजतोत्पादक, रौप्योत्पादक, चाँदी[F] देनेवाला ।

argentine[1] –'जॅन्टाइन् n. नकली चाँदी[F]; मछली[F]के शरीरके रुपहले छिलके; (जन्तु०) छोटी मछलियों[F]का एक प्रकार विशेष; (खनि०) रौप्य मृत्तिका[F], स्लेटी मिट्टी[F] ।

argentine[2] a. रौप्य, रजतवत्, (वन०) **रजताभ**, रजतमय, चाँदी[F]का, रुपहला ।

argentous –जे`न्'टॅस् a. रजतयुक्त, चाँदी[F]का ।

argil आर्'गिल् n. चिकनी मिट्टी[F], (नृ०) **पोतनी मिट्टी**[F], बरतन बनानेकी मिट्टी[F] ।

argillaceous –ले'शॅस् a. (यन्त्र०, प्रा० भू०) **मृण्मय**, **मृद्-**, **मृत्तिकामय** (~ *earth*, ~ *rock*), चिकनी मिट्टी[F]वाला ।

argillous –'गिलॅस् a. = ARGILLACEOUS.

argle-bargle आर्'गॅल्-बार्'गॅल् (*argue* का विकृत रूप) n. (हास्य०) वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, बहस[F] ।

argol आर्'गॅल् n. अपरिष्कृत न्यासव, टाटरी[F], शराब[F]की तलछट[F], T.

argon आर्'गॅन् n.(रसा०, भौ०)मन्दवाति[F],निर्गन्ध वायु-तत्व, गैस[F] जो कि वायुमण्डलका निचला अवयव है, T.

Argo navis† (Gk) n.(ज्यौ०)**नौका**[F], **आर्गोनेविस**[F]।

argosy आर्'गॅसि n. (इति०) विशाल वाणिज्य-पोत, व्यापारिक जलयान, बड़ा व्यापारी जहाज; (का०) पोत, जलयान, पानीका जहाज; साहसिक काम, जोखिमी काम ।

argot आर्'गो n. अनर्गल वाक्य, निरर्थक वचन, अशिष्ट भाषा-प्रयोग; बोली[F], गँवारू बोलचाल[F] (विशे० चोरोंकी भाषा[F]) ।

Arg. Rep. Argentine Republic.

arguable आर्'ग्यूअॅबॅल् a. विवादास्पद, तर्कनीय, तर्क-वितर्क योग्य, विवाद योग्य ।

argue –यू v.t. & i. युक्ति[F] देना, तर्क करना, वाद-विवाद करना, दावा करना, दलील[F] करना, (का०) **बहस**[F] **करना**; उपपादित करना, प्रमाणित करना, सिद्ध करना, साबित करना; संकेत करना, सूचित करना, प्रकट करना, दिखाना (*it ~s him to be a rogue*); किसीको तर्क द्वारा प्रभावित करना, सम्मत करना, विश्वास जमाना, फुसलाना; ~ *it away* तर्क द्वारा समाप्त कर डालना, युक्ति[F]द्वारा उड़ा देना, बहस[F]में खत्म कर देना ।

arguer –अॅर् n. (बोल० *argufier*) विवादी, शास्त्रार्थी, कुतर्की, बहसिया ।

argufy –यूफ़ाइ v.t. कुतर्क करना, तर्क-वितर्क करना, बहस[F] करना ।

argument* –यूमॅन्ट् n. (दर्श०) **युक्ति**[F]*, प्रतर्क, (का०, दर्श०) **तर्क***, वितर्क, दलील[F], **बहस**[F]; हेतु, प्रमाण, उपपादन, उपपत्ति[F], कारण, वजह[F], सबूत; तर्क-

विधि^{F}, तर्क-प्रणाली^{F}, तर्क-शैली^{F}, तर्क-पद्धति^{F}, तर्क-क्रम, विवाद-पद्धति^{F}, तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, वादानुवाद, शास्त्रार्थ, खण्डन-मण्डन, वाक्कलह; (सा०) **विवेचन; वस्तु-संक्षेप**, पुस्तक^{F}की विषय-वस्तु^{F}का सारांश; (ग०) **कोणांक** ।

argumentation –मे`न्टे'शॅन् n. उपपादन, प्रतर्कना^{F}, युक्ति^{F}, युक्तिकलाप, विधिवत् शास्त्रार्थ, रीतिबद्ध खण्डन-मण्डन, क्रमिक तर्क, ऊहापोह^{F}, तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, वादानुवाद, शास्त्रार्थ, बहस^{F}, (का०) **बहस^{F} करना** ।

argumentative –'टॅटिव् a. युक्तियुक्त, युक्तिपूर्ण, तर्कानुबद्ध, तर्कयुक्त, विवादपूर्ण, विवादात्मक, उपपत्ति-सम्बद्ध, तर्कघटित, न्यायानुकूल, हेतुमय; तार्किक, वादशील, विवादप्रिय, तर्कप्रिय, विवादी, हुज्जती, बहसी ।

argumentativeness –नि`स् n. युक्तियुक्तता^{F}, तार्किकता^{F}, तर्कप्रियता^{F}, तर्कसंगति^{F}, तर्कपूर्णता^{F}, विवादप्रियता^{F}, विवादीपन, हुज्जतीपन ।

argumentum ad crumenam† (L) n. लोभी स्वभावपरक युक्ति^{F} ।

argumentum ad hominem† (L) n. (दर्श०) **लांछन-तर्क**, व्यक्ति प्रतियुक्ति^{F}, व्यक्तिपरक युक्ति^{F}; प्रतिवादीके सिद्धान्तके अनुसार वाद ।

argumentum ad ignorantiam† (L) n. (दर्श०) **पराज्ञान-तर्क**, अज्ञान प्रतियुक्ति^{F}, व्यक्तिके अज्ञानकी युक्ति^{F}, प्रतिवादीकी मूर्खता^{F}पर आधारित वाद ।

argumentum ad invidiam† (L) n. नीच प्रवृत्तियों^{F}को प्रमाणित करते हुए वाद, पराधमता-तर्क ।

argumentum ad judicium† (L) n. सामान्य बुद्धि^{F}को प्रमाणित करते हुए वाद, परबुद्धि-तर्क ।

argumentum baculinum† (L) n. मुष्ट्यन्ता-युक्ति^{F}, **दण्डतर्क**, हठ-न्याय, हठधर्मी^{F} ।

Argus आर्'गॅस् n. अगस्त्य, सहस्राक्ष, सौ आँखोंवाला (एक पौराणिक) पुरुष; सावधान संरक्षक, चौकस चौकीदार; ~-eyed सचेत, सतर्क, सजग, सावधान, चौकन्ना, खबरदार; ~-shell आँखवाली कौड़ी^{F} ।

argute आर्ग्यूट्' a. सूक्ष्मधी, तीव्रमति, तीक्ष्ण दृष्टिवाला, पैनी नजरोंवाला; विचक्षण, विदग्ध, निपुण, प्रगल्भबुद्धि, चतुर, चालाक; कर्णवेधी, कर्कश, परुष, कटु, कर्णकटु, तीखी^{F}, कड़वी^{F} (ध्वनि^{F}, आवाज^{F}) ।

arguteness –नि`स् n. विचक्षणता^{F}, विदग्धता^{F}, निपुणता^{F}; कर्कशता^{F}, परुषता^{F}, कटुता^{F} ।

argyr-, argyro- रजत- (जैसे, *~ranthous* रजतपुष्प; *~rophyllous* रजतपत्र) ।

argyrol आर्'जि`रॉल् n. (चि०) रजताल, रजत-प्रोटीन ।

A.R.H.A. Associate of the Royal Hibernian Academy.

A.R.I. Additional Revenue Inspector; Army Regulations, India.

aria आ'रिअॅ n. (संगी०) १८वीं शताब्दी^{F}के संगीत रूपक और गीतिनाट्यमें तीन चरणोंका लम्बा गीत ।

-aria (वन०, जीव०) समूह, जाति^{F} ।

-arian वर्ग-विशेष-द्योतक (विशेषणों और संज्ञाओं^{F}में प्रयुक्त; जैसे, *veget~*, *trinit~*, *humanit~*); इतने वर्षका (जैसे, *octogen~*) ।

A.R.I.B.A. Associate of the Royal Institute of British Architects.

A.R.I.C. Associate of the Royal Institute of Chemistry.

arid अॅ'रिड् a. (शा० एवं ला०) निर्जल, **अल्पजलिक** (*~ lands*), जलहीन, जलरहित, नीरस, (प्रा० भू०) **रूक्ष**, (कृषि०) **शुष्क**, रूखा, सूखा; अल्पवृष्टिक (*~ climate*); तप्त, उत्तप्त, तपा हुआ, जला-भुना हुआ; अनुर्वर, अनुपजाऊ, मरु, बंजर, वीरान, परती (धरती^{F}) ।

arided† (Gk) n. (ज्यौ०) **प्रथम हंस, आरिदेद** ।

aridity, aridness अॅरि'डिटि, –नि`स् nn. (प्रा० भू०) **रूक्षता^{F}, शुष्कता^{F}**, सूखापन; जलशून्यता^{F}; अनुर्वरता^{F}, अनुपजाऊपन, बंजरपन ।

ariel अॅ'रिॲल् n. (पश्चिमी एशिया और अफ्रीकाका एक छोटा सुन्दर) हिरन, अरील ।

Aries अॅ'रिईज् n. (ज्यौ०) **मेष** (राशि^{F}), मेख, तारामण्डलका प्रथम नक्षत्र; first point of ~ **बसन्त-विषुव-विन्दु** ।

arietta आरिअॅ`टॅ n. वायु^{F}, हवा^{F} ।

aright अॅराइट्' adv. सम्यक् प्रकारेण, उचित रूपमें, भली प्रकारसे, ठीक तरहसे, ठीक-ठीक ।

aril अॅ'रिल् n. (वन०) **बीजोपांग**, बीज-कवच, कुछ पौधोंमें बीजको ढकनेवाली छीमी^{F}, T.

arillate, arilled अॅरि'लॅट्, अॅ'रिल्ड् aa. (वन०) **बीजोपांगयुक्त**, छीमी^{F}वाला ।

ariose अॅ'रिओस् a. गीतात्मक, मधुर, सुरीला ।

-arious दे० -ARY[1], -OUS.

arise अॅराइज़्' v.t. (*arose*, *arisen*) उद्भूत होना, आविर्भूत होना, (वाणि०) **उत्पन्न होना**, जन्म होना, पैदा होना; उदय होना, उठना, निकलना, जागना, खड़े होना; पुनर्जीवित होना, सप्राण होना, मृत्यु^{F}से जीवन पाना, फिरसे जी उठना, जान^{F} आ जाना; (ध्वनियाँ^{F}) कर्णगोचर होना, सुन पड़ना, सुनाई देना; आविष्कृत होना; आरम्भ होना, प्रारम्भ होना, शुरू होना; परिणाम निकलना, फल निकलना, फल होना; दृष्टिगोचर होना, दृष्टिगत होना, दिखाई पड़ना, प्रकट होना, प्रकाशमें आना, सम्मुख होना; स्वयं सामने आ जाना, अपनेको उपस्थित करना, अपने आप आ जाना ।

arising –'ज़िंग् a. उद्भावी, (संवि०) **उद्भूत, पैदा हुए**; निकलता; *~ out of* से उत्पन्न, से उद्भूत ।

arista अॅरिस्'टॅ n. (बहुव० *~s*) शस्य-शूक, (वन०) **सीकुर, शूक**, सींका, रेशे, बाल, टूँड़, अनाज या घास^{F}की बाली^{F} ।

aristarch अॅ'रिस्टार्क् n. कटु आलोचक ।

aristate अॅरिस्'टॅट् a. शूकयुक्त, शस्य-शूकमय, (वन०) **सीकुरयुक्त, शूकधारी** (*~ antenna*), बालदार ।

aristocracy अॅरिस्टॉ'क्रॅसि n. (इति०, राज०) **अभि-**

जात-तन्त्र, कुलीन-तन्त्र, कुलीनाधिपत्य, श्रीमन्त राज्य, श्रेष्ठ नागरिकोंकी शासन-व्यवस्था^F, सेठ-साहूकारोंकी सरकार^F, रईसशाही^F; अभिजात वर्ग, श्रीमन्त वर्ग, रईस लोग; मनीषी, पण्डित, विद्वान्, श्रेष्ठ प्रतिनिधि।

aristocrat –'रिस्टॅक्रैट् n. अभिजात-तन्त्री, अभिजात-शासक, शिष्ट शासक; अभिजात-वर्गीय, कुलीन, श्रीमान्, सम्पन्न, धनी, रईस।

aristocraric, -al –ˊटिक्, –ॲल् aa. अभिजात-, तन्त्रीय, अभिजात-वर्गीय, रईसी; बृहत्, उत्तम, महान्, प्रतापी, शिष्ट, विशिष्ट, मुख्य, भव्य;

~ definition, ~ ethics, ~ minority, ~ pride.

aristocratism –टॉ'क्रॅटिज़्म् n. सामन्तवाद, कुलीनतावाद, अभिजातवाद।

ariston metron† (Gk) मध्यगति^F सर्वोत्तम है।

aristophanic ॲरिस्टॅफ़ै'निक् a. हँसमुख; चतुर।

arith. arithmetic; arithmetical.

arithm ॲरिथ्म्' n. गणना^F, संख्या^F।

arithmancy –'मैन्सि दे० ARITHMOMANCY.

arithmetic –मिˊटिक् n. (ग०) **अंकगणित,** अंकविद्या^F, अंकविज्ञान, गणनविद्या^F, हिसाब; गणना^F, गिनती^F, लेखा, शुमार; पहाड़ा, गणना-पुस्तक^F, गिनती^Fकी किताब^F; ~ of series = TRIGONOMETRY; univresal ~ = ALGEBRA.

arithmetical ॲरिथ्मेˊटिकॅल् a. अंकगणितीय, गणितात्मक, संख्यात्मक, संख्या-विज्ञान-सम्बन्धी, हिसाबका; ~ progression अंकमाला^F, अंकश्रेणी^F, अंकक्रम, (ग०) **समान्तर श्रेढ़ी^F** (जैसे, १,२,३,४,५ इत्यादि)।

arithmetician ॲरिथ्मिˊटि'शन् n. अंकगणितज्ञ, अंकशास्त्री, संख्याविज्ञानी, गणक, हिसाबी।

arithmetico-geometric –मेˊटिकॅजीॲमेˊट्रिक a. (ग०) **समान्तरीय गुणोत्तर** (~ *series*)।

arithmocracy ॲरिथ्मॉ'क्रॅसि n. बहुमत सरकार^F।

arithmomancy ॲरिथ्मॉ'मॅन्सि n. गणित-शकुन-विचार।

arithmometer ॲरिथ्मॉ'मिˊटर् n. गणना-यन्त्र, गिननेकी कल^F, संख्यामापी।

-arium -आशय (जैसे, *sacr~, aqu~*)।

Ariz. Arizona.

Ark. Arkansas.

ark आर्क् n. सन्दूक, तिजोरी^F, बक्स, पेटी^F; ढकी हुई बहती नाव^F; Noah's A~ नूहकी नाव^F, बच्चोंके खेलनेकी किश्ती^F (जिसमें झूठ-मूठके पशु-पक्षी होते हैं)।

arkab† (Gk) n. (ज्यौ०) **द्वितीय और द्वितीय धनु,** अर्काब।

arles आर्ल्ज़् n. (बहुव०) साई^F, इकरारनामेको पक्का करनेके लिए अग्रिम किश्त^Fके रूपमें दी गयी रकम^F (~*-penny*)।

Arm. Armenian; Armoric.

arm*¹ आर्म् n. **भुज, भुजा^F,** भुजदण्ड, **बाहु,** बाँह^F* (~ *band,* ~ *rest*); (चि०, श० र० शा०) **प्रगण्ड;** पशुकी अगली टाँग^F, पेड़की बड़ी शाखा^F, (प्रा० भू०) **शाखिका^F;** कपड़ेकी आस्तीन^F, बाँह^Fकी तरहकी कोई चीज^F (~ *chair*); ~-hole बगल^F, जिसमें हाथ डालकर कपड़ा पहनते हैं; ~-in-~ हाथमें हाथ डाले हुए; ~-pit बगल^F, काँख^F; fore-~ प्रकोष्ठ, कुहनी^Fसे पहुँचे तकका भाग; हाथ; infant in~ दुधमुँहा बच्चा, गोदका बच्चा; secular ~ लौकिक आधिपत्य; सार्वजनिक न्यायालय; न्याय; *keep at ~'s length* परिचय कम रखना, दूर-दूर रखना या रहना, मुँह न लगना या लगाना; *with open ~s* शुद्ध भावसे, सच्चे हृदयसे; खुले दिलसे।

arm² n. (प्रायः बहुव०) शस्त्रास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, **आयुध,** (का०) **शस्त्र, हथियार;** सैन्य-कार्य, सिपाहीगीरी^F; प्रत्येक प्रकारके सैन्यदल, **सेना^Fके अंग;** coat of ~s कुलचिह्न, खानदानी निशानी^F; fire-~s बारूद^Fसे चलनेवाले हथियार, गोला या बारूद^F; *in ~s* शस्त्र-सज्जित, king of ~s प्रमुख अग्रदूत; small ~s उठाकर ले जाये जानेवाले अस्त्र-शस्त्र (जैसे, रायफल^F, पिस्तौल^F, छोटी मशीनगन^F इत्यादि); stand of ~s एक सैनिककी आवश्यकता^Fके कुल हथियार; *bear ~s* सैनिक बनना, सिपाहीगीरी^F करना; हथियार-बन्द; *take up ~s* अस्त्र सज्जित हो जाना, हथियारबन्द होना; *under ~s* अस्त्र-शस्त्र सजा करके, हथियार बाँधे हुए; *up in ~s* प्रकट रूपसे युद्धमें सम्मिलित, लड़ाई^Fपर उतारू, युद्धके लिए तैयार।

arm³ v.t. & i. **सशस्त्र करना, शस्त्र-सज्जित करना,** अस्त्र-सज्जित करना; अस्त्र-शस्त्र प्रदान करना, **हथियार देना;** अपनेको शस्त्र-सज्जित करना, युद्धके लिए हथियार उठाना, हथियार-बन्द होना; कलई^F करना, मुलम्मा करना; आर्मेचर लगाना, चुम्बक लगाना; (बममें) **फ्यूज लगाना।**

armada आर्मे'डॅ n. नौ-कटक, युद्धपोतोंका बेड़ा, जंगी बेड़ा, आर्मेडा।

Armageddon आर्मˊगेˊडॅन् n. धर्मक्षेत्र; राष्ट्रोंके मध्य आत्यन्तिक संघर्ष (का स्थल), लड़ाई^F (का मैदान)।

armament आर'मॅमॅन्ट् n. (राज०) **सैन्य-शक्ति^F, सैन्य-बल,** योधन-शक्ति^F, (का०) **शस्त्रीकरण; आयुध;** शस्त्र-सम्भार, (नौवि०) शस्त्र-सज्जा^F, **अस्त्र-शस्त्र, हथियार;** आयुध-कलाप, शस्त्रास्त्र, युद्ध-सामग्री^F, सैन्य-सामग्री^F, लड़ाई^Fका साज-सामान, **हथियारबंदी^F** (~ *section*); युद्ध-तत्पर सेना^F, युद्धायोजन, हथियार-बन्द दस्ते; = ARMATURE; ~ winding **धात्र-वेष्टन;**

~ car, ~ equipment, ~ expenditure, ~ industry, ~ installation, ~ plant, ~ policies, ~ restriction.

armature –'मॅच्यॅर्, –चॅर् n. शस्त्रास्त्र, आयुध, हथियार, कवच, सन्नाह, जिरह-बख्तर; (भौ०, रसा०) **धात्र^F** (~ *winding*), **आर्मेचर;** पशुओं या पौधोंका रक्षात्मक खोल या खाल^F; चुम्बकके ध्रुवोंके बीचका लोहखण्ड,

डायनोमोका आवश्यक भाग;
~ band, ~ bar, ~ bearing, ~ bore, ~ coil, ~ conductor, ~ core, ~ current, ~ duct, ~ field, ~ iron, ~ leakage, ~ pinion, ~ punching, ~ reaction, ~ shaft, ~ sleeve, ~ slot, ~ spider, ~ spindle, ~ stamping, ~ stroke, ~ tooth, ~ winder.

arme blanche† (F) = CAVALRY.

armed आर्म्ड् a. सायुध, **सशस्त्र, हथियार-बन्द; फ्यूज़ लगा हुआ;** ~ neutrality सायुध निष्पक्षता^F, युद्ध-तत्पर राष्ट्रोंकी निष्पक्षता^F; ~ proboscis (जीव०) **शुंडिकी^F;**
~ action, ~ attack, ~ conflict, ~ constabulary, ~ contest, ~ forces, ~ guard, ~ merchantman, ~ peace, ~ police, ~ reconnaissance, ~ ship, ~ uprising, ~ vessel.

armiger आर्'मिजॅर् n. श्रीमन्त, सामन्त, भूमिधर, भूस्वामी, सरदार; कुलीन, अभिजात।

armilla आर्मि'लॅ n. (वन०) **प्रवलय,** दलयक, कड़ा, बाजूबन्द, T.

armillary –'मिलॅरि, –'लॅरि a. वलयाभ, प्रवलययुक्त, छल्लेवाला।

armillate –लॅट् a. (वन०) **प्रवलयी,** कड़ेवाला, T.

arming आर्'मिंग् n. (परि०) **सज्जित करना;** ~ rod **फ्यूज़ छड़, पलीता छड़।**

armipotence आर्मि'पटॅन्स् n. शस्त्रशक्ति^F, शस्त्र-बल।

armipotent –न्ट् a. शक्तिशाली (शस्त्रोंकी दृष्टि^Fसे)।

armistice आर्'मिस्टिस् n. युद्ध-विश्रान्ति^F, युद्ध-विराम, युद्ध-विरति^F, युद्ध-निवृत्ति^F, युद्ध-निवर्तन, अस्त्र-विराम, सैनिक सुलह^F; **विराम-सन्धि^F,** (राज०) **युद्ध-विराम-संधि^F,** सांकेतिक सन्धि^F, सांकेतिक रण-विश्रान्ति^F, अल्पकालिक सुलह^F; A~ Day युद्ध-विश्रान्ति-दिवस (११ नवम्बर, १९१८)।

armless आर्म्'लिस् a. बाहुहीन, भुजाहीन; अस्त्र-शस्त्र विहीन, बेहथियार, निहत्था।

armlet –लिट् n. (शा० एवं ला०) बाहुबन्ध, भुजबन्ध, भुजबन्द, बाजूबन्द; समुद्रबाहु, सागर या नदी^Fकी खाड़ी^F।

armoire आर्'म्वॉर् n. अल्मारी^F।

armorial आर्मॉ'रिॲल् १. n. कुलचिह्न, अस्त्र-शस्त्र; कुलचिह्न-स्वरूप अस्त्र-ध्वजादिकी सूची^F; २. a. दूतकुल-सूचक, ध्वजादि कुल-चिह्नोंसे सम्बन्धित।

armorist –'मॅरिस्ट् n. वंशावली-विशारद, कुलचिह्न-लेखक।

armour[1] आर्'मॅर् n. तनुत्राण, वर्म, (परि०) **कवच** (~ *workshop*), सन्नाह, जिरह **बख़्तर;** युद्धपोतका लौह-आच्छादन; गोताखोर या डुबकी^F लेनेवालेका पहनावा, सूट; पशुओं या पौधोंकी खाल^F, चमड़ी^F, छाल^F, छिलका आदि; आनुवंशिक चिह्न, कुलचिह्न; ~ bearer कवचधारी; ~ clad कवचधारी;
~ belt, ~ plate, ~ protection, ~ shield.

armour[2] v. t. रक्षात्मक वर्म देना, कवच धारण कराना, पहनाना, जिरह-बख़्तर पहनाना।

armoured –ॅर्ड् a. **कवचित,** जिरह-बख़्तरसे सज्जित, **बख़्तरबन्द;** ~ car, ~ train **कवचित गाड़ी^F, बख़्तरबन्द^F गाड़ी^F;** लोहेकी रक्षात्मक चादरोंवाली मोटरकार^F या रेलगाड़ी^F इत्यादि; ~ column, corps, division, force कवचित या लौह-आच्छादित मोटर-कार^F, टैंक गाड़ियों^F आदिसे युक्त सैनिक बल; ~ cruiser कवचित रणनौका^F, दे० CRUISER;
~ cable, ~ hose, ~ regiment, ~ vehicle, ~ vessel, ~ workshop.

armourer –मॅरॅर् n. आयुधिक, **शस्त्रकार** (~ *shop*), शस्त्रास्त्रकार, अस्त्र-निर्माता, हथियार-गर, हथियार-साज़; शस्त्रास्त्र-रक्षक, (जल-सेना^Fका) शस्त्राधिकारी।

armoury, armory ⊙ –मॅरि n. आयुधागार^F, **शस्त्रागार,** शस्त्रशाला^F, आयुधोद्योगशाला^F, शस्त्रकर्म-शाला^F, **हथियार-घर,** हथियार बनानेका कारखाना ⊙।

armozine आर्मॅ'ज़ीन् n. वकीलोंके पहननेका काला कपड़ा, काली जीन^F।

arms आर्म्स् n. (संवि०) **आयुध, शस्त्रास्त्र,** शस्त्र, **आस्तीन, हथियार, छोटे हथियार, सेनांग, सेना^Fकी शाखाएँ^F; बाजू; कोणकी भुजाएँ^F; वृक्षकी शाखाएँ^F;** coat of ~ गौरव-चिह्न; *present* ~ सलामी^F दो;
~ act, ~ chest, ~ clerk, drill, ~ inspection, ~ post, ~ sentry, ~ traffic.

army* आर्'मि n. वाहिनी^F, चमू^F, अनीक, सैन्य, (का०)**सेना*^F, स्थल-सेना^F,** फौज^F, लश्कर; ~-brown अवरक्तपीत; ~-broker, contractor सेना^Fसे सम्बद्ध (मिलिट्री) दलाल, ठेकेदार; ~ corps सैन्य-गुल्म, फौजी टुकड़ियाँ^F; ~-list सैन्याधिकारियोंकी सूची^F; ~-worm कपासका कीड़ा; the ~ सेना-कार्य, सेना^Fकी सेवा^F;
A~ Act, ~ airport, ~ branch, ~ bulletin, ~ command, ~ co-operation, A~ Council, ~ course, ~ department, ~ equipment, ~ establishment, ~ estimate, ~ form, ~ formation, ~ group, ~ headquarters, ~ hospital, ~ installation, ~ instructions, ~ manual, ~ order, ~ organization, ~ pay-office, ~ pensioner, ~ personnel, ~ post, ~ publication, ~ recruitment, A~ Register, A~ Regulations, ~ respirator, ~ section, ~ service, ~ slang, ~ surgeon, ~ workshop.

A.R.N.C.S. Assistant Registrar, Non-credit Societies.

arneb† (Gk) n. (ज्यौ०) **प्रथम शश, आर्नेब।**

A.R. non-credit Assistant Registar, Non-

credit Societies.

A.R.O. Assistant Rationing Officer.

aroint, aroynt ॲराएंन्ट्' int. & v.t. भाग जाओ ! डराकर भगाना ।

aroma ॲरो'में n. (बहुव० ~*s*) **सुरभि**^F, सुगन्ध^F, (चि०) **वास**^F, (कृषि०) **सुवास**^F, **सौरभ**^F, भीनी-भीनी गन्ध^F; अप्रत्यक्ष रूपसे व्याप्त गुण, विशेषता^F ।

aromatic ॲरॅमै'टिक् a. सौरभिक, सुरभित, (रसा०) **सुरभि-, सौरभ, सगंध, सवास**, सुगन्धित, सुरभिपूर्ण, खुशबूदार, महकीला, मसालेदार, चटपटा; (रसा०) **बेनज़ीन-वर्गीय**, T.;
~ base, ~ chemistry, ~ fuel, ~ hydrocarbon, ~ plants, ~ series, ~ sugar, ~ vinegar.

aromatical –ॲल् a. = AROMATIC.

aromatics n. –स् n. (चि०) **सुरभित द्रव्य, वासित द्रव्य,** सुगन्ध प्रसाधन ।

aromatization ॲरोमॅटाइज़े'शॅन् n. सुरभीकरण ।

aromatize –'मॅटाइज़् v.t. सुवासित करना, सुगन्धित करना ।

arose ॲरोज़्' (भूत०) दे० ARISE.

around ॲराउन्ड्' १. adv. प्रत्येक दिशा^Fमें, हर तरफ, चारों ओर, आसपास, इधर-उधर; भटकते हुए, बिना उद्देश्यके घूमते हुए (*fool* ~⊙) २. prep. मण्डलाकार मार्गमें, चक्करदार रास्तेपर, घेरेमें, इर्दगिर्द; परितः, वृत्ताकार, चौतर्फा, चौगिर्दा, चारों ओर, घेरे हुए; आसपास, लगभग, करीब-करीब ⊙ ।

arouse ॲराउज़्' v.t. उद्बोधन करना, उद्बोधित करना, प्रोत्तेजित करना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना, उभारना, उकसाना; सक्रिय बनाना, चेष्टायुक्त करना, प्रबुद्ध करना, चेतन बनाना, जागरूक करना, जागृत करना, जगाना, उठाना ।

arow ॲरॉउ' a. पंक्ति^Fमें ।

A.R.P. Air Raid Precautions.

A.R.P.S. anti-rinderpest serum; Associate of the Royal Photographic Society.

A.R.P. services द्रे० A. R. P.

arquebus आर्'क्विबॅस् n. = HARQUEBUS.

A.R.R. *anno regni regis* or *reginae*, in the year of the king's or the queen's reign.

arr. arranged; arrival; arrived.

arrack ॲरॅक् , ॲरैक' n. अर्क, रस, मद, ताड़ी^F, ठर्रा आदि ।

arraign ॲरेन् v.t. दोषारोपण करना, कलंक लगाना, अपराध लगाना; (का०) **आरोपके लिए बुलाना,** अपराधी सिद्ध करना, दोष या अभियोग लगाना, दोष निकालना, बुराई^F बताना; प्रतिवाद करना, विवाद करना, विरोध करना, नुक्ताचीनी^F करना ।

arraigner –'नॅर् n. दोषारोपक, निन्दक, प्रतिवादी ।

arraignment –न्'मॅन्ट् n. दूषण, दोषारोपण, प्रतिवाद ।

arrange ॲरेन्ज्' १. v.t. विन्यास करना, क्रमबद्ध करना, (भौ०) **व्यवस्थित करना,** प्रबन्ध करना, शृंखलाबद्ध करना, ठीक बैठाना; उपयुक्त बनाना, माफिक बनाना, (सेना^Fको) पंक्तिबद्ध करना, क्रमसे लगाना, कतार^Fमें खड़ा करना; (संगीत) नई गत^F बाँधना; अवतारणा^F करना, अवतरित करना, उतारना, जमाना, बैठाना; (झगड़ा आदि) निर्णय करना, निपटाना, फैसला कर देना; २. v.i. कार्यको अग्रसर करना, आगे बढ़ाना, कदम उठाना, योजनाएँ^F बनाना, स्कीम^F तैयार करना; निर्देश करना, आदेश देना (~ *to be there*, ~ *for the cab to be there*); ~ *about it* व्यवस्था^F करना; आपसमें समझौता करना, सुलह^F कर लेना ।

arranged –ड्' a. विन्यस्त, क्रमबद्ध ।

arrangement –ज्'मॅन्ट् n. (वन०, कृषि०, ग०, वाणि०, चि०), **विन्यास-प्रबन्ध, विन्यास,** (रसा०, भौ०, का०, ग०) **व्यवस्था**^F, प्रबन्ध, क्रमस्थापन, पंक्तिबद्धकरण, श्रेणी-विभाजन, क्रम, **तरतीब**^F; कलह-निर्णय, मतभेद-निराकरण, भेद-निर्णय, फैसला, सुलझाव; (बहुव०) आयोजन, योजना^F, कृत्य, स्कीम^F (*make your own* ~*s*) ।

arrant ॲ'रॅन्ट् a. कुख्यात, बदनाम; सम्पूर्ण रूपसे, पहले दर्जेका, पूरा-पूरा, पक्का, छँटा हुआ, कट्टर;
~ knave, ~ dunce, ~ hypocrite, ~ nonsense.

arras ॲ'रॅस् n. चित्रयुक्त वस्त्र, कढ़े हुए कपड़े, बेल-बूटेदार (छींटदार) पर्दे (जो दीवाल^Fपर टाँगे जाते हैं) ।

arrased (-st) –स्ट् a. बेल-बूटेदार (चित्रमय) पर्दोंसे युक्त, छींटदार ।

arrasene ॲरॅसीन्' n. बटा हुआ रेशम, रेशम-ऊनकी मिलौनी^F; खुदाई^Fके काम आनेवाली लकड़ी^F ।

array[1] ॲरे n. (विद्यु०, ऋतु०) **विन्यास,** (चि०) **क्रम-विन्यास,** अनुविन्यास, शृंखला^F, श्रेणी^F, पंक्ति^F, व्यवस्था^F, क्रम, तरतीब^F (*battle-*~), **व्यूह, व्यूह-रचना**^F, देशरक्षक सेना^Fका शस्त्रीकरण, फौज^Fकी हथियार-बन्दी^F (*commission of* ~); शप्तजन, न्याय-सभ्य, जूरी^Fकी नामावली^F; (ग०) **सरणी**^F; सैन्य-शक्ति^F, सैन्य-बल, फौजी ताकत^F, लश्कर; मनुष्यों या वस्तुओं^Fका प्रभावशाली समुदाय, गुट ।

array[2] v.t. अनुविन्यास करना, शृंगार करना, सँवारना, सजाना; (ला०) बना-सँवारकर प्रस्तुत करना; ओढ़ाना; (सेना०) युद्धार्थ सज्जित करना, लड़ाई^Fके लिए तैयार करना; व्यूह-रचना^F करना, पंक्तिबद्ध करना; (जूरी^Fके नाम) सूची^Fमें अंकित करना; (वस्त्रोंसे) अलंकृत करना, अच्छे कपड़ोंसे सजाना ।

arrayed –ड् a. अनुविन्यस्त, सज्जित; पंक्तिबद्ध ।

arrear ॲरीअॅर्' n. अवशिष्ट परिशेष, देय, ऋण-शेष, बाकी^F; (*in* ~*s*, *in* ~ देनदार, बाकीदार, जिससे पाना हो); (विशे० तनख्वाह^F) भुगतान, वेतन-अदायगी^F; पश्च-भाग, पिछला हिस्सा; (विशे०) जुलूसका पिछला भाग;

(बहुव०) (का०) **बकाया;** (संवि०) **बचा हुआ काम;** *in ~ of* पश्चात्, पीछे; *~ bill* अवशिष्ट देयक;
~ account, ~ claims, ~ collection, ~ demand, ~ list, ~ pay, ~s due, ~s payable, ~s register, ~s return, ~ statement, ~ subscription, ~s wages.

arrearage –'रिज् n. अवशिष्ट देय, देयशेष, ऋणशेष, बाकी^F; रक्षित वस्तु^F, बचाकर रखी हुई चीज़^F; (बहुव०) ऋण, देय, कर्ज; पिछड़ापन, फिसड्डीपन।

arrect ॲरे'क्ट् a. प्रोन्नत, खड़ा हुआ, उठा हुआ; (ला०) सतर्क, सावधान, चौकन्ना, होशियार।

arrest[1] ॲरे'स्ट् n. प्रग्रहण, (का०) **बन्दीकरण, गिरफ्तारी^F**, हिरासत^F, पकड़^F; बलात् अधिकार, वशमें करना, जब्ती^F; आवर्जन, निग्रह, निरोध, (यंत्र०) अवरोध (*~ point*), प्रतिबन्ध, रोक-थाम^F, ठहराव, रुकाव, रोक^F; ~ of judgment निर्णयका निरोध, मुकदमेकी कार्यवाही^Fपर रोक^F; *under ~* गिरफ्तार, पकड़^Fमें, हिरासत^Fमें।

arrest[2] v.t. (का०) **बन्दी करना, गिरफ्तार करना,** हिरासत^Fमें लेना, पकड़ना; निरोध करना, रोकना, थामना, पकड़ लेना; आकर्षित करना, खींचना, लुभाना; *~ (judgment)* आवर्जन करना, निगृहीत करना।

arrestation –टे'शॅन् n. = ARREST[1]।

arrested –'टि'ड् a. (प्रा० भू०) **अवरुद्ध** (*~ movement*), (का०) प्रगृहीत, बन्दीकृत, गिरफ्तार।

arrester, -or –टॅर्, –ॲर् n. (विद्यु०) **निरोधक** (*~ case, ~ strip*); प्रगृहीता, पकड़नेवाला।

arresting –टिंग् a. क्रियागत अर्थोंमें; निरोधक (*~ device*); मनोहर, आकर्षक; ~ arrangement **विरामक व्यवस्था^F**।

arrestive –टिव् a. आवर्जक, निग्राहक, निरोधक, आवर्जनशील, बाँधनेवाला, रोकनेवाला।

arrestment –ट्'मॅन्ट् n. (का०) **बन्दीकरण,** रोक^F, रोक-थाम^F, धर-पकड़^F, **गिरफ्तारी^F**; आकर्षण।

arret† (F) ॲरे n. (का०) अधिनिर्णय, फैसला; अध्यादेश, निर्णयादेश।

arretted –'टि'ड् a. अधिनिर्णीत, कोर्टके द्वारा निर्णीत, दोषी, अध्यादिष्ट।

arride ॲराइड्' v.t. परितुष्ट करना, सन्तुष्ट करना, आनन्दित करना, प्रसन्न करना, खुश करना।

arriere आ'रिअेॲर् n. सेना^Fका पश्चभाग।

arriere-ban† (F) n. कुलीन-वर्ग, सामन्त-समुदाय; सामन्त-युद्धकर; सामन्त-आवाहन।

arriere-pensee† (F) n. मौन, संकोच।

arris अै'रिस् n. उत्कोण, तीखा कोना, कोण; (यन्त्र०) **तीखा (कोर);** ~ hip (यन्त्र०) **नोकीली काठी^F**; ~-wise कर्णवत्, कोणतः, आड़े।

arrival ॲराइ'वॅल् n. (शा० एवं ला०) उपस्थिति^F, **आगमन** (*~ time*), आना, **पहुँचना,** पधारना; **पहुँच^F**, (बहुव०) (वाणि०) **आमद^F**; आगत, वस्तुएँ^F, आया हुआ माल; (बोल०) नवोत्पन्न शिशु, अभ्यागत शिशु, नवजात सन्तान^F; जलयानसे निर्यात, निकाला जानेवाला माल।

arrive –व्' v.i. (शा० एवं ला०) आना, आ उपस्थित होना, लक्ष्यपर आ पहुँचना, यात्रा^Fके अन्तपर आ जाना, मंजिल^Fपर पहुँचना; उन्नत पद पाना, आदरणीय स्थान प्राप्त करना, कीर्ति^F या सम्मानित पदवी^F पाना, प्रसिद्धि^F पाना, नाम कमाना; (वस्तुओं^Fका) लाया जाना, पहुँचाया जाना; (समयका) आ पहुँचना; (घटनाओं^Fका) आ पड़ना, प्रकट होना।

arriviste† (F) n. महत्त्वाकांक्षी व्यक्ति।

arrogance, -cy अै'रॅगॅन्स्, –सि nn. उद्धतता^F, उद्दण्डता^F, औद्धत्य, गर्व, मद, (दर्श०) **दर्प,** अहंकार, दम्भ, हेकड़ी^F, शेखी^F, घमण्ड; प्रागल्भ्य, असभ्य व्यवहार।

arrogant –न्ट् a. प्रगल्भ, उद्धत, दृप्त, अहंकारी, अभिमानी, धृष्ट, दम्भी, गर्वित, घमण्डी, हेकड़।

arrogate –गेट् v.t. अनधिकार स्वत्व जमाना; (किसी वस्तु^Fको) स्वायत्त करना, अधिकारमें करना, अनुचित अधिकारके लिए दावा करना, अनुचित अधिकार माँगना; झूठ-मूठमें गुणी बनना, (अनुचित रूपसे दूसरेके लिए किन्हीं) अधिकारोंकी अपेक्षा^F रखना, दावा करना।

arrogation –गे'शॅन् n. अनधिकार ग्रहण, अन्यायपूर्ण ग्रहण, स्वायत्तीकरण; अनुचित अधिकार, झूठा दावा, बेजा हक; अनुचित पूर्वग्रह, अवैध कल्पना^F, नियमविरुद्ध धारणा^F।

arrondissement† (F) n. प्रान्त, मण्डल, शासकीय उपविभाग।

arrosion ॲरो'ज़न् n. = CORROSION.

arrow अै'रो n. शर, (ग०) **बाण, तीर;** (प्रा० भू०) **शर-चिह्न,** बाणके आकारका आभूषण या चिह्न; सुई^F, कीला; **इषु (पुष्प) काण्ड;** ~-headed characters कीलकरूप लिपि^F; कीलाक्षर, फलकवत् अक्षर; ~ meal = ARROW ROOT; ~ poison (चि०) कुरारेविष; ~ root शिशुमूल; (चि०) **अरारोट;** ~ slit (पुरा०) **बाण-छिद्र, शर-छिद्र; बोरा;** ~-stitch तिकोनी तुरपन^F, सिअन^F या सिलाई^F;
~-beam, ~-butt, ~-head, ~-leaf, ~-leaved, ~-maker, ~ marks, ~-plate, ~-point, ~-rest, ~-shaped, ~-shot, ~smith, ~-smitten, ~ snake, ~ stone, ~ straightener, ~-toothed, ~ worm, ~-wounded.

arrowlet –लि'ट् n. शरक, लघुबाण।

arrowlike –लाइक् a. शरवत्, शराकार, बाण-सदृश।

arrowy –रोइ a. शरमय, बाणोंसे भरा हुआ, बाणाकार, बाणवत्, तीर-जैसा, बाणोंका।

A.R.S.A. Associate of the Royal Scottish Academy; Associate of the Royal Society of Arts.

arse आर्स n. नितम्ब, कमर^Fके पीछेका भाग, पुट्ठा, चूतड़।

arsenal आर्'सॅनॅल् n. शस्त्रशाला[F], आयुधागार, **आयुधशाला**[F], अस्त्रागार, हथियार-घर, हथियार-गोदाम, तोपखाना, मैगजीन; (ला० भी)।

arsenate आर्'सॅनेट् n. नेपालीय; चतुर्संयोजक आर्सेनिक अम्लका लवण, (रसा०) T.

arsenic[1] –निक् n. (प्रच०) सम्बलखार[F] (श्वेत खनिज पदार्थ), (रसा०. चि०) **संखिया** (घातक विष); (रसा०) हरताल[F], **आर्सेनिक**।

arsenic[2] –सें'निक a. नेपाल्य; संखियाका, संखिया-वाला, (रसा०) **आर्सेनिकीय,** T.; (विशे० रसा०) आर्सेनिक-मिश्रित, संखिया मिला हुआ; (रसा०) पंचसंयोजक, आर्सेनिकवाला;
 ~ acid, ~ apparatus, ~ bloom, ~ metal, ~ mirror, ~ orange, ~ sulphide, ~ tube.

arsenical –कॅल् a. = ARSENIC[2], (चि०) **संखिया-**, (रसा०) **आर्सेनिकीय** (~ *iron*, ~ *silver*)।

arsenicals –ज़् n. (चि०) **संखियाके रोग**।

arsenious –सी'निअॅस् a. नेपाल्य, संखियादार, हरताली, आर्सेनिक, (विशे०) संखिया मिला; (रसा०) त्रिसंयोजक आर्सेनिकका, T.

ars est celare artem† (L) कला[F]को छिपाना ही सची कला[F] है।

arsine –आर्'सिन् n. (रसा०) नेपालीथिन, संखियाका एक मिश्रण, T.

arsis आर्'सिस् n. (बहुव० *arses*) (सा०) **साघात अक्षर,** अँग्रेजी[F] छन्दके मात्रा-निर्देशमें उच्चरित अक्षर।

A.R.S.L. Associate of the Royal Society of Literature.

ars longa, vita brevis† (L) कलाएँ[F] और विद्याएँ[F] अनेक हैं, जीवन थोड़ा है।

A.R.S.M Associate of the Royal School of Mines.

arson आर्'सॅन् n. दाह, दहन, गृहदाह, अग्नि-काण्ड, होली[F], (का०) **आग[F] लगाना** (~ *molybdite*, ~ *pyrite*)।

art. article; artillery.

art[1] आर्ट् v. दे० BE.

art[2]* n. (सा०, शिक्षा०) **कला**[F]*, T.; कला-कौशल, कारीगरी[F], उस्तादी[F]; निपुणता[F], चातुर्य; कार्य-दक्षता[F], कार्य-नैपुण्य, कामकी होशियारी[F]; नाट्यकला[F], चित्रकला[F], मूर्तिकला[F]; (गुण०) कलापूर्ण, कलात्मक; कलाकृति[F], कलावस्तु[F]; (बहुव०) कला-विषय, **सामान्य-शिक्षा**[F], विद्या[F], (Bachelor, Master of A~s); कुशलता[F], चतुराई[F], युक्ति[F], हुनर, ढब, काम करनेका ढंग; छल, कपट, धूर्तता[F], मक्कारी[F], चाल[F], फरेब; छलपूर्ण युक्ति[F], कपटभरी योजना[F], युद्ध-चातुरी[F], दाँवघात, हथकण्डा; औद्योगिक वृत्ति[F]; उद्योग-संघ, श्रम-शिल्पियोंका समूह, कारीगरोंका दल; ~ & (or) part कला[F] एवं क्रिया-कौशल और व्यवहार (*be ~ and part in* सभी प्रकारसे व्यस्त होना); black ~ इन्द्रजाल, माया[F], जादू; fine ~s ललित कलाएँ[F]।

Art. E. Artificer Engineer.

artefact आर्'टि फैक्ट् n. = ARTIFACT.

artel आर्टेल्' n. (रूसके) श्रमिकोंका संघ या समुदाय, मजदूर-संघ, श्रमिक-वर्ग।

arterial आर्टी'रिअॅल् a. (चि०, श० र० शा०, जीव०), **धमनी-, धमनीय,** धामनिक, धमनी-सम्बन्धी; सड़कों[F]का;
 ~ arches, ~ blood, ~ railway, ~ road, ~ system ~ tone, ~ traffic.

arterialize –लाइज़् v.t. फेफड़ेमें आक्सीजन पहुँचाकर शिरा[F]के रक्तको धमनी[F]के रक्तमें बदलना, आक्सीजन भरना।

arteriole आर्टी'रिओल् n. रक्तवाहिनी[F], रोहणिका[F], (जीव०, चि०) **धमनिका**[F]।

arteriology आर्टीरिऑ'लॅजि n. धमनी-शास्त्र, रोहणी-विज्ञान।

arteriosolerosis आर्टीरिऑसोले'रॉसिस् n. (चि०) धमनी-काठिन्य, धमनी-जरठता[F]।

arteriovenous आर्टीरिऑवी'नॅस् a. (चि०) **धमनी-शिरा**[F]।

arteritis आर्ट'राइ'टिस् n. धमनीशोथ।

artery –'टॅरि n. (कृषि०, चि०, जीव०) रक्तवाहिनी[F], **धमनी**[F] (~ *forceps*)।

Artesian आर्टी'ज़िअॅन् a. (फ्रांस प्रान्तीय); (प्रा० भू०), **उत्स्रुत** (~ *basin*, ~ *structure*); ~ well (यन्त्र०) **उत्स्रुत कूप,** (कृषि०, चि०, भौ०) **बुम्ब कूप, आर्टीज़ियन कूप,** फव्वारा-कुआँ, पृथ्वीतलसे फूटते पानीका कुआँ।

artful आर्ट्'फ़ुल् a. छली, छद्मपरायण, कपटी, धूर्त, चालबाज, चण्ट; छलपूर्ण (~ *devices*)।

artfulness –नि'स् n. छल, धूर्तता[F], कपटीपन, चालबाजी[F], चालाकी[F]।

arthralgia आर्थ्रैल्'जिअॅ n. सन्धिपीड़ा[F], जोड़ोंका दर्द।

arthritic –थ्राइ'टिक् a. सन्धिशोथीय, सन्धिप्रदाह-सम्बन्धी, गठिया[F]का।

arthritis –टिस् n. सन्धिवात, (कृषि०) **सन्धिशोथ,** सन्धिप्रदाह, संधि आर्ति[F], संधिकार्ति[F], जोड़ोंकी सूजन[F], गठिया[F]।

arthro- संधि-, जोड़ (जैसे, ~*pathy*, ~*sis*)

arthrodia आर्थ्रो'डिअॅ n. प्रसरसन्धि[F], (चि०, श० र० शा०) **अल्पसारी सन्धि[F], संसर्पी सन्धि[F],** जोड़।

arthrology आर्थ्रॉ'लॅजि n. (चि०) **संधि-प्रकरण,** (कृषि०) **संधि-विज्ञान**।

arthromere आर्'थ्रॅमिअॅर् n. (जीव०) सन्ध्यङ्ग, अवयव।

arthropoda आर्थ्रॉ'पॅडॅ n. (जीव०) **संधिपाद प्राणी संघ** (~ *ancestry*), T.

arthropods –ड्ज़् n. (जीव०) **संधिपाद प्राणी**।

arthrosis आर्थ्रो'सिस् n. (चि०) अस्थियोग, जोड़।

artichoke आर्'टिचोक् n. (कृषि०) **हाथीचक,** हाथी-

चोक, एक प्रकारका साग, T.

article[1] आर्'टिकॅल् n. (संवि०) **पदार्थ**, (ग०) **वस्तु**^F; (राज०) **अनुच्छेद**, धारा^F, अवतरण, अंश, भाग; लेख; विवरण, ब्योरा; **नियम**, (व्या०) अभिपद; (बहुव० *as ~s of association*) (वाणि०, का०) **अन्तर्नियम** (*~ of crew*); (परि०) **करारनामा**; युद्ध-संहिता^F; definite ~ THE; indefinite ~ 'A', 'AN'; leading ~ सम्पादकीय (लेख); ~s of war (नौवि०) **युद्ध-नियमावली**^F, (राज०) **युद्ध-नियम**, (का०) **सैन्य-नियम**; *in the ~ of death* अन्तिम समय, मृत्यु^F के क्षणमें; टूटते समय।

article[2] v. t. दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना; प्रतिबन्ध लगाना, नियन्त्रण रखना, अवतरणोंमें प्रस्तुत करना, अनुच्छेद बनाकर रखना, धाराओं^F में बाँटना, भिन्न-भिन्न अंशोंमें प्रकट करना।

articular आर्टि'क्युलॅर् a. (चि०, जीव०) **संधि-**, सन्धि-सम्बन्धी, जोड़ोंका; **संधायक**, सन्धायी, सन्धेय, जोड़दार, गठीला, T.

~ capsule, ~ corpuscles, ~ disc, ~ facet, ~ inflammation, ~ membrane, ~ process, ~ rheumatism, ~ scleritis, ~ surface, ~ tubercle.

articulate[1] –लॅट् n. & a. ग्रन्थियुक्त पशु, ग्रन्थिल जन्तु, जोड़दार जानवर; ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, सन्धियुक्त, गाँठदार, जोड़दार (*~ rod*), गठीला, पोरदार; स्पष्ट, प्रांजल, व्यक्त, खुला (*~ sound, ~ speech*)।

articulate[2] –लेट् v.t. & i. ग्रन्थियुक्त करना, सन्धिबद्ध करना, जोड़ डालना, जोड़बन्दी^F करना; स्पष्ट उच्चारण करना, शुद्ध उच्चारण करना, साफ-साफ बोलना; व्यक्त करना।

articulated –टॅड् a. ARTICULATE[1].

articulately –लॅट्लि adv. जोड़दार करके; स्पष्टतः, खुले रूपसे।

articulateness –ट्निॅस् n. ग्रन्थिमयता^F, गठीलापन; प्रांजलता^F, स्पष्टता^F।

articulation –ले'शॅन् n. सन्धियोजन, सन्धियोग, ग्रन्थन, सन्धान, जोड़ोंको जोड़ना, जोड़बन्दी^F; ग्रन्थिका^F, पौर, अस्थिसन्धि^F, ग्रन्थि^F, (श० र० शा०, चि०, जीव०, यन्त्र०) **संधि**^F (*~piece*), **संधिस्थल**, **जोड़**, गाँठ^F; (शिक्षा०) **परिसम्बन्ध**; **शब्दोच्चार**, (विद्यु०) **व्यक्तोच्चार**, (शिक्षा०) **उच्चारण**, स्फुट उच्चारण, स्पष्टोच्चारण, साफ बोलना; व्यंजन।

articulator –क्युलेटॅर् n. सन्धियोजक; उच्चारक; स्पष्ट उच्चारण करनेवाला।

articulatory –रि a. सन्धियोजन-सम्बन्धी; स्पष्टोच्चारण-सम्बन्धी, शुद्ध उच्चारण-विषयक, (चि०) **उच्चारण-सम्बन्धी**; ~ imagery (सा०) **स्फुट मूर्तिमत्ता**^F, **स्फुट मूर्ति-विधान**।

artifact आर्'टिफ़ैक्ट् n. (इति०) **शिल्प-तथ्य**; कृत्रिम रूप, बनावटी चीज़^F।

artifice आर्'टिफ़िस् n. (मौ०) **युक्ति**^F, विधि^F, उपाय, प्रयत्न, कौशल, साधन, जुगत^F, चाल^F, दाँव, सूझ^F; कार्यदक्षता^F, निपुणता^F, होशियारी^F, उस्तादी^F, हुनर, कमाल।

artificer –सॅर् n. प्रशिल्पी, शिल्पकार, **शिल्पी**, **कारीगर**; आविष्कारक; निर्माता।

artificial –फ़ि'शॅल् n. (जीव०, रसा०, वन०, कृषि०) **कृत्रिम**, कृतिजन्य, कलानिर्मित, शिल्पनिर्मित, कारीगरी^F से बना हुआ; अप्राकृतिक, अस्वाभाविक, (वन०) **बनावटी**; असत्य, अवास्तविक, मिथ्या, झूठ, **नकली** (*~ flowers*); ~ day (ज्यौ०) सूर्योदयसे सूर्यास्त तकका दिन;

~ aging, ~ cable, ~ camphor, ~ circuit, ~ classification, ~ comedy, ~ cotton, ~ cover, ~ crystal, ~ culture, ~ dearness, ~ denture, ~ disintegration, ~ ditch, ~ drought, ~ earthquakes, ~ features, ~ fertiliser, ~ fog, ~ food, ~ gas, ~ horizon, ~ humidification, ~ hybridisation, ~ indigo, ~ inoculation, ~ insemination, ~ lake, ~ landmarks, ~ leather, ~ limb, ~ manure, ~ marble, ~ moonlight, ~ person, ~ planet, ~ pollination, ~ presumption, ~ product, ~ radioactivity, ~ respiration, ~ ripening, ~ rubber, ~ satellite, ~ scent, ~ selection, ~ silk, ~ sterilization, ~ sunlight, ~ traffic, ~ transactions, ~ transmutation, ~ vagina, ~ wood, ~ wool.

artificiality, artificialness –शिऐ'लिटि, –निॅस् nn. अवास्तविकता^F, अस्वाभाविकता^F, कृत्रिमता^F, असत्य, बनावट^F, झूठापन, नकलीपन।

artificialize –'शॅलाइज़् v. t. कृत्रिम रूपसे निर्माण करना, शिल्प-द्वारा बनाना, बनावट^F करना।

artificialized –ड् a. कृत्रिम।

artillerist, artilleryman आर्टि'लॅरिस्ट्, आर्टि'लॅरिमॅन् nn. शातघ्निक, गोलन्दाज, तोप^F चलानेमें कुशल, तोपची।

artillery –रि n. शातघ्न, तोपें^F; अग्न्यस्त्रागार, **तोपखाना**; तोप^F चलानेवाला सैन्यदल; शातघ्निकी^F, शातघ्नविद्या^F; ~ train तोपगाड़ी^F; तोपखाना;

~ ammunition, ~ barrage, ~ bombardment, ~ message, A~ Museum, ~ observer, ~ practice, ~ reconnaissance, ~ section, ~ support, ~ survey, ~ vehicle.

artilleryship –शिप् n. अग्न्यस्त्रागार-प्रबन्ध, तोपखानेदारी^F।

artiness आर्'टिनिॅस् n. कृत्रिमता^F, बनावट^F; आडम्बर, दिखावट^F।

artisan आर्टिज़ैन्', आर्'टिज़ॅन् n. **शिल्पी**, शिल्पकार,

यन्त्रविद्, मिस्त्री, **दस्तकार, कारीगर** ।
artist –'टिस्ट् n. कलाविद्, **कलाकार, कलावत**, ललित-कलाविद्, ललितशिल्पी; (विशे०) चित्रकार; संगीतज्ञ; T.; ~s' proof उत्कीर्णन या नक्काशी^F की शुद्ध प्रतिलिपि^F ।
artiste आर्टीस्ट्' n. व्यावसायिक कलाकार ।
artistic, -al आर्टिस्'टिक्, –अॅल् aa. **कलात्मक**, कलापूर्ण, कला-सम्बन्धी; मनमोहक, सुन्दर; ~ skill कला-कौशल ।
artistry –'टिस्ट्रि n. कला-कौशल, कलाकारिता^F ।
artless –र्ट्'लिॅस् a. अकुशल, कलाहीन, असंस्कृत, असभ्य, अनाड़ी, भद्दा, भौंड़ा, बुद्धू; निष्कपट, छलरहित, ऋजु, शुद्ध-हृदय, सच्चा, सरल, सीधा-सादा, भोला-भाला; नैसर्गिक, प्राकृतिक, अकृत्रिम, स्वाभाविक ।
artlessness –निॅस् n. सरलता^F, ऋजुता^F, अकृतमता^F ।
arts –ट्स् n. कला^F, (शिक्षा०) **कलाविषय**, शिल्प, साहित्य ।
arty –'टि a. कृत्रिम, बनावटी, दिखाऊ, झूठा, नक़ली, थोथा; ~ crafty दिखावटी ।
arty. artillery.
arum अे'रॅम् n. (कृषि०) **अरुवी^F, घुइयाँ^F** ।
arundineous अैरन्डि'निॅअस् a. नडमय, नरकुल-वाला, नरईवाला ।
A.R.W. Air Raid Warden.
-ary विशेषण बनानेमें (जैसे, *arbitr~, second~*); स्थानवाची संज्ञाओं^F में (जैसे, *diction~, api~, semin~*); कर्तृक संज्ञाओं^F में (जैसे, *secret~*) ।
Aryan अेअॅ'रिॲन् १. n. आर्य, आर्य परिवारका सदस्य; २. a. आर्य कुलकी (भाषाएँ^F जैसे, संस्कृत^F, ईरानी^F, यूनानी^F, लातीनी^F आदि) ।
Aryanize –नाइज़् v.t. आर्य बनाना, आर्य-गुण भरना ।
aryepiglotticus ॲरिअॅपिग्लॉ'टिकॅस् n. (चि०) **दर्वी-कण्ठच्छदिका^F** ।
arytenoid ॲरि'टिॅनाॅएड् a. दर्वीकल्प, चषकाकार, घटाकार, (चि०) **कुम्भाकार**, कलछुलके आकारका, T.
A.S. Anglo-Saxon; *Anno Salutis*, in the year of Salvation; Asiatic Society; Assistant Secretary; Assistant Superintendent; Assistant Surgeon.
As. arsenic.
as- =AD- (जैसे, *~set, ~sign*) ।
as* अैज़्, ॲज़् १. adv. जैसे*, उसी तरहसे, जिस तरह-से, ज्योंही, इतनी, जितनी, इतना, जितना (*I came ~ soon ~ I could, I know that ~ well ~ you*); के रूपमें, रूपसे (*~ a matter of right*); २. rel. adv. & conj. ऐसा, जैसा, इतना, जितना; (स्थितिसूचक) जैसे कि (*you are ~ good ~ he, it is not so easy ~ you think*); (समय) जब, ज्योंही, जिस समय, जभी, जब कि (*it struck me ~ I was speaking*); (रीतिवाचक) जैसा, जिस तरह, की तरह, भाँति, ज्यों (*do ~ you like, treat him ~ a stranger, they rose ~ one man*); (कारण) क्योंकि, चूँकि, इसलिए कि (*~ you are not ready, we must go on*); (उदाहरण) जैसे (*cathedral cities ~ Norwich*); कि०; (परिणाम) ताकि, कि (*he so arranged matters ~ to suit every one*); ३. rel. pron. जो (*I had the same trouble ~ you*); *~ a general rule* साधारणतया; *~ compared with* की तुलना^F में; *~ for instance* उदाहरणार्थ, यथा, जैसे; *~ for* (इसके) विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; (औपचारिक तिथि^F के लिए) *~ from* (*coal will be decontrolled ~ from 31st March*); *~ good ~ dead* मृतके समान, मरेके बराबर; *~ if* मानो, जैसाकि; *~ regards, ~ to* बारेमें, सम्बन्धमें, विषयमें; *~ the case may be* यथास्थिति, यथाप्रसंग; *~ well ~* अतिरिक्त, अलावा, साथ ही; *~ yet* अभीतक, इस समयतक; *~ you were* (सेना) पूर्ववत्; (*I thought*) *~ much* ऐसा ही, बिलकुल यही; *as…~* किसी गुणका उदाहरण किसी वस्तु^F से देनेके लिए 'जैसा'के अर्थमें प्रयुक्त (*as blind ~ a bat, as busy ~ a bee*) ।
A.S.A. Amateur Swimming Association.
A.S.A.A. Associate of the Society of Incorporated Accountants and Auditors.
asafoetida अैसॅफी'टिडॅ n. (कृषि०) **हींग^F** ।
asarum अै'सॅरॅम् n. जंगली अदरक ।
asbestine अैस्बे'स्'टिन् a. (शा० एवं ला०) एस्बेस्टी, शिलातन्तु-सम्बन्धी; अदाह्य, न जलनेवाला ।
asbestos, -tus –टॅस् n. अश्मतन्तु, शिलातन्तु, T.; एक तरहकी न जलनेवाली तन्तुमय धातु^F; (गुण०) (रसा०, भौ०) अदाह्य, **अदह**;
~ apron, ~ canvass, ~ card, ~ cloth, ~ cord, ~ filter, ~ glove, ~ gutter, ~ lagging, ~ pad, ~ paper, ~ pipe, ~ plate, ~ product, ~ ridges, ~ roof, ~ screen, ~ sheet, ~ tape, ~ wood.
asbastosis -टॉ'सिस् n. शिलातन्तु रुजा^F, अदह यक्ष्मा ।
A.S.C. Army Service Corps.
ascaris अैस्का'रिस् n. (जीव०) ज्योष्ठ कीट, गोल कृमि, केंचुआ ।
ascella† (Gk) n. (ज्यौ०) **षष्ठ धनु, असेला** ।
ascend ॲसेॅन्ड्' v.t. & i. (चि०) **अधिरोहण करना**, (ग०, चि०) **आरोहण करना**, चढ़ना, उदय होना, ऊपर उठना या होना; ऊपर जाना या आना; उन्नति^F करना, उभरना, ऊँचा चढ़ना; (ध्वनियों^F का) उच्च होना, घोषपूर्ण होना, ऊँचा होना; अतीतकी ओर चलना; आरूढ़ होना, आसीन होना, विराजना, बैठना (*~ the throne*); स्रोत या निकासकी ओर बढ़ना (*~ a river*) ।
ascendance –'डॅन्स् n. (प्रा० भू०) **आरोहण** ।
ascendancy, -ency –सि, –ॲन्सि n. **प्रभुता^F**,

प्राबल्य, प्राधान्य, अभिभव, वर्चस्व, सत्ता^F, (इति०) **सत्तारोह**, शक्तिशाली नियन्त्रण, दृढ़ शासन, वश, रौब।

ascendant, -ent –न्ट्, –ॲन्ट् १. n. जन्मपत्री^F, जन्मकुण्डली^F, होराचक्र, कुण्डली^F; (का०) **पूर्व पुरुष, पूर्वज, पुरखा;** उदय, भाग्योदय, अभ्युदय; श्रेष्ठता^F, प्रबलता^F; जन्मकालमें पूर्व क्षितिजपर समुदित राशिचक्रका अंश विशेष; *in the* ~ परम-, अतिश्रेष्ठ, प्रबल, वर्चस्वी, प्रभविष्णु, उदीयमान, प्रधान, उठता हुआ; २. a. आरोही, उदीयमान, उन्नतिशील, ऊर्ध्वग, उच्चगामी, उठता हुआ, ऊँचा उठता हुआ, चढ़नेवाला; सिंहासनपर बैठनेवाला; (ज्यौ०) नभविन्दु–, नभविन्दुचुम्बी, खमध्यचुम्बी, शिरोविन्दुकी ओर चढ़ता हुआ; पूर्वी क्षितिजोपरि, पूर्वी आकाशके बिलकुल ऊपर; वर्चस्वी, प्रभुतावान्, उत्तम, श्रेष्ठ, प्रबल, प्रधान, हावी; lord of the ~ उदयग्रह।

ascending –डिंग् a. (ग०, वन०) अधिरोही, **आरोही;** ~ aorta (चि०) **अधिरोही महाधमनी^F;** ~ line (का०) **आरोही परम्परा^F, उपरली परम्परा^F;** ~ node (ज्यौ०) **आरोह-पात;**

~ colon, ~ current, ~ letter, ~ order, ~ pipe, ~ power, ~ rhythm, ~ step, ~ tube.

ascension –न्'शॅन् n. उत्क्रमण, आरोह, (रसा०) **आरोहण** (~ *pipe*), ऊर्ध्वगमन, उद्गमन, उपरिगमन, उत्कर्ष, उत्थान, चढ़ना, चढ़ाव, ऊपर आना, उठाव ⊙; किसी ग्रह या नक्षत्रका उदय (*right* ~); A~ tide ऊर्ध्वगमन (स्वर्गवास) दिवससे दस दिन।

ascensional –नॅल् a. आरोहण-विषयक, ऊर्ध्वगमन-सम्बन्धी।

ascensive –सिव् a. उदीयमान, प्रगतिशील, उन्नतिशील, वृद्धिशील, गतिमान, गतिशील, चढ़ता हुआ, बढ़ता हुआ, उठता हुआ।

ascent –न्ट्' n. (शा० एवं ला०) उत्कर्ष, उत्थान, ऊर्ध्वगमन, (वन०, प्रा० भू०) **आरोहण**, चढ़ाव, उभार, उठाव; अभ्युदय, उद्गमन, उदय, ऊपर चढ़ना; चढ़ाई^F, ढलान^F; सीढ़ियाँ^F, ज़ीना।

ascertain ॲसॅर्टे'न्' v.t. निर्णय कर लेना, निश्चय करना; (संवि०) **अभिनिश्चित करना, निश्चित रूपसे जानना,** जान लेना, खोज निकालना, जाँचना; पता चलाना, पता पा लेना।

ascertainable –'नॅबॅल् a. निर्णययोग्य, निश्चेय, जानने योग्य, खोजने योग्य, जाँच^F करने योग्य।

ascertainment –न्'मॅन्ट् n. निर्णय, निश्चय, जाँच-पड़ताल^F, खोज^F, पूछ-ताछ^F।

ascetic ॲसे'टिक् n. & a. यती, तपस्वी, योगी, संन्यासी, विरागी, त्यागी, एकान्तवासी, साधनाशील, साधक, कठोर संयमी, हठयोगी।

ascetical –कॅल् a. रागातीत, तापसिक, तपस्वी-सम्बन्धी, योगीका।

asceticism –टिसिज़्म् n. (दर्श०) **यतित्ववाद, यतित्व,** तपस्या^F, त्याग, संयम, साधना^F, एकान्तवास, संन्यास, वैराग्य, योग।

ascidian ॲसि'डिॲन् n. जलोद्गारी जीव।

ascigerous ॲसि'जॅरॅस् a. (वन०) कोष्ठ-, **एस्कसधारी** (~ *centrum*); ~ stage (वन०) **कोष्ठ-अवस्था^F**।

ascites ॲसाइ'टीज़् n. (कृषि०, चि०) **जलोदर**।

ascitic –सि'टिक a. जलोदरी, उदकोदरी।

ascribable ॲस्क्राइ'बॅबॅल् a. आरोप्य।

ascribe –ब्' v. t. आरोपण करना, लगाना, मढ़ना।

ascription ॲस्क्रिप्'शॅन् n. आरोपण; समर्पण; गुण-कथन, कीर्तन; निवेदन।

ascriptitious –टि'शॅस् a. आरोपित; संयोजित, युक्त, जोड़ा हुआ।

A. Sc. W. Association of Scientific Workers.

ASDIC or **Asdic** ॲज़्'डिक् n. Allied Submarine Detection Investigation Committee (detecting device). (लघु पोतोंका पता लगानेका) उपाय या यन्त्र; **पनसंधा,** T.

A.S.E. Amalgamated Society of Engineers; Assistant Signal Engineer.

aseismatic ॲसाइज़्मॅ'टिक् a. भूकम्पावेगरोधी।

aseity ॲसी'इटि n. अनादि सत्ता^F, आत्मभूति^F, स्वयंभूति^F, अजातता^F, अजन्मता^F।

asellus australis† (L) n. (ज्यौ०) **चतुर्थ कर्क, आस्ट्रेलिस**।

asellus borealis† (L) n. (ज्यौ०) **तृतीय कर्क बोरियालिस**।

asepsis ॲसे'प्'सिस् n. (चि०) अपूतिता^F, **अपूतिदोष,** (रोग अथवा दुर्गन्ध^F फैलानेवाले) जीवाणुओंका अभाव; शल्य-शास्त्रकी पूयनिवारक पद्धति^F, पीप^F या सड़न^F दूर करनेवाली चीर-फाड़^F।

aseptate –'टॅट् a. (वन०) **अपट,** अखण्ड।

aseptic –टिक् १. a. (चि०) अपूतिक, **अपूति-दूषित,** सड़न^F या दुर्गन्ध^F मुक्त, पूतिमुक्त, रक्तदोषरहित, दुर्गन्धहीन; रोगाणु-निवारक-क्रिया-विषयक; २. n. दुर्गन्ध-रहित वस्तु^F, पूतिमोचक ओषधि^F।

asepticise –टिसाइज़् v.t. अपूयिक करना, सड़न^F या पीप^F हटाना, रोगाणु नष्ट करना।

asexual ॲसे'क्'स्युॲल् a. अलिंग, (वन०, कृषि०, चि०) **अलिंगी,** अलैंगिक (~ *reproduction*), अयोनिज, योनिरहित, अमैथुन।

asexuality –ॲ'लिटि n. (जीव०, वन०, चि०) अलिंगता^F, निर्लिंगत्व, अयोनिजत्व, योनिहीनता^F, लिंगभावना^F का अभाव।

ash[1] ॲश् n. (प्रा० भू०) **भस्म^F**, भभूत^F, (कृषि०, प्रा० भू०, नौवि०) **राख^F** (प्रायः बहुव०); ~-coloured flea-bane दण्डोत्पल; ~ can कूड़ा-करकट की खत्ती^F; ~ cart ⊙ मेहतरकी गाड़ी^F; ~-fire धीमी आँच^F जो कि रासायनिक क्रियाओं^F में प्रयुक्त की जाती है; ~-furnace, ~ oven शीशा बनानेकी भट्टी^F; ~ gourd (कृषि०)

पेठा, भूरा कद्दू; ~ man ⊙ जमादार, मेहतर, भंगी; ~ pumpkin श्वेतकूष्माण्ड, पेठा; sackcloth & ~es पश्चात्तापसूचक वेश, प्रायश्चित्तके चिह्नस्वरूप बोरी^F और राख^F; ~-tray भस्म-धानी^F, राखदानी^F; *bring back the ~es* (क्रिकेट) पराजय^F निवारण करना, हार^F मिटाना; *lay in ~es* भस्म हो जाना;

~-bin, ~ colour, ~-cone, ~-constituents, ~ content, ~ conveyer, ~ dump, ~ ejector, ~ experiment, ~ formation, ~-free, ~ gray, ~ heap, ~ hoist, ~ hole, ~-hopper, ~ metabolism, ~-pan, ~-pit, ~ removel, ~-rock, ~ soot, ~ tray, ~ truck.

ash² n. प्रभूर्ज, अखरोटकी तरहका एक जंगली वृक्ष; रोश के पेड़की लकड़ी^F; ~-fly, ~ grub ऐशपर पायी जानेवाली मक्खियाँ^F (जिनको मछली^F फँसानेके लिए चारेकी तरह प्रयोगमें लाते हैं); ~-key ऐशका बीज; ~-leaf अग्रिम उपज^Fका आलू; ~-leaved प्रभूर्ज-पर्ण; ~-tree प्रभूर्ज वृक्ष; mountain-~ एक प्रकार का पहाड़ी भूर्ज वृक्ष।

ashame अशेम्' v.t & i. लज्जित करना या होना, शर्मिन्दा करना या होना।

ashamed –ड्' pred. a. व्रीड़ित, लज्जान्वित, लज्जायमान, लज्जित, संकुचित, शर्मिन्दा; ~ *for* के कारण लज्जित; ~ *of* किसी व्यवहारसे लज्जित; ~ *to do* किसी कामके करनेसे लज्जित (संकोची)।

ashen ऐ'शन् a. भस्मरंग, मटमैला।

ashery –शॅरि n. क्षारगृह, खारका करखाना।

ashes –शे`ज़् n. अस्थि-अवशेष, चिता-भस्म, फूल; भस्म^F, (रसा०) **राख**^F।

ashet ऐ'शि`ट् n. बड़ी तश्तरी^F, रकाबी^F (गोलाकार)।

ashine अॅशाइन्' adv. समुज्ज्वल भावसे, चमकते हुए।

ashiver अॅशि'वॅर् adv. कम्पमान अवस्था^Fमें, काँपते हुए।

ashlar ऐश्'लॅर् n. (इति०) **चौरस तराशा पत्थर,** पत्थरके चौके, चौकोर पत्थर, T.; वर्गाकार पत्थरसे निर्मित भवन आदि; वर्गाकार पत्थरकी कारीगरी^F; (स्था०) चिनाई^F, संगीन चिनाई^F (~-*work*)।

ashlaring –रिंग् n.(स्था०) **खड़बन्दी**^F, पत्थरी चिनाई^F।

ashore अॅशोॲर्' adv. **स्थलपर, किनारेपर, तटपर,** तटकी ओर।

ashy ऐ'शि a. भास, भस्मीय; भस्ममय; भस्म-वर्ण, धूसर, राख-जैसा (~ *pale*)।

A.S.I. Assistant Signal Inspector; Assistant Sub-Inspector.

Asian ऐ'शिॲन् n. & a. एशियाई, एशियाका (निवासी)।

Asiatic –ऐ'टिक् a. & n. एशियाई, एशियाका, एशिया-वासी।

aside¹ अॅसाइड' n. एकान्तभाषण, एकान्तकथन; अप्रकट प्रयत्न, परोक्ष प्रयत्न।

aside² adv. (सा०) **जनान्तिक, अपवारित; तटस्थ,** दूर, अलग, एक तरफ, एक किनारे; (के) अतिरिक्त, अलावा ⊙; *set* ~ (निर्णयका) निराकरण करना, खारिज करना, हटाना; *speak* ~ अपवार्य कहना, अलग हटकर कहना, मुँह फेरकर कहना।

asinine ऐ'सिनाइन् a. गार्दभ, गर्दभ-सम्बन्धी, गदहेका, गधेके बारेमें; गधा, मूर्ख, बेसमझ, बुद्धू।

asininity –नि'निटि n. गधापन, बुद्धूपन।

-asis बीमारी^F (जैसे, *elephanti~, lithi~*)।

asitia अॅसि'शिॲ n. (चि०) क्षुधाभाव।

ask आस्क् v.t. & i. पूछना, उत्तर माँगना, जवाब चाहना; अनुनय^F करना, विनय^F करना, अनुरोध करना, निवेदन करना, प्रार्थना^F करना, याचना^F करना (~ *favour of him, ~ him to do it*); आमन्त्रित करना, निमन्त्रण देना, न्योता देना, बुलाना; (वस्तुओं^Fकी) अपेक्षा^F रखना, आवश्यकता^F समझना, चाहना, माँगना (*it ~s (for) attention*); कष्ट चाहना।

askance, -ant अॅस्कैन्स्', –ऐन्ट्' adv. तिर्यक्, वक्र, कुटिल दृष्टि^Fसे, तिरछी निगाहों^Fसे, कनखियों^Fसे; परोक्ष रूपसे, अप्रत्यक्ष अर्थमें, छिपे हुए, गूढ़ *look ~ at* शंकापूर्वक या अविश्वाससे ताकना, सन्देहकी दृष्टि^Fसे देखना।

askew अॅस्क्यू' १. adv. तिर्यक्, वक्रता^Fसे, तिरछेपनसे, टेढ़ेपनसे; २. pred. a. तिर्यक्, वक्र, कुटिल, बाँका, टेढ़ा, तिरछा, आड़ा; *look ~* आँख^F चुराना, तिरछा देखना, कनखियों^Fसे देखना।

asking आस्'किंग n. प्रार्थना^F; याचना^F, माँग^F।

aslant अॅस्लान्ट्' १. adv. वक्रता^Fसे, कुटिलता^Fसे, तिरछेपनसे, झुककर; २. prep. पार, आर-पार।

A.S.L.E. & F. Associated Society of Locomotive Engineers and Firemen.

asleep अॅस्लीप्' adv. & pred. a. (शा० एवं ला०) शयित, सुप्त, प्रसुप्त, निद्रित, निद्रागत, निद्रालीन, सोया हुआ, झपकी^Fमें; (शरीरावयव) सुन्न, सोया हुआ।

ASLIB., Aslib. Association of Special Libraries and Information Bureaus.

aslope अॅस्लोप्' adv. & pred. a. प्रवण, ढालू, उतार, तिरछा, आड़ा।

A.S.L.R. Assistant Superintendent of Land Records.

A.S.M. Assistant Station Master.

-asm -ISM के अर्थमें (जैसे, *Pleon~*)।

A.S.O. Assistant Settlement Officer.

asoma अॅसो'मॅ n. (चि०) कबन्धहीन गर्भ।

asomatous –'मॅटॅस् a. अदेह, अमूर्त्त, अशरीर; (चि०) अकबन्ध; निष्प्रयोजन।

A.S.P. Assistant District Superintendent of Police; Assistant Superintendent of Police; Assistant Power Superintendent

(= Assistant Mechanical Engineer).

asp[1] अैस्प् n. अभेद, अमूर्त्त, अशरीर; चलपर्ण, एक प्रकार-का वृक्ष जिसकी पत्तियाँ[F] हिलती रहती हैं, T.

asp[2] n. विषैला सर्प, काला साँप ।

asparagus ॲस्पै'रॅगस् n. (रसा०) नागदौन, (वन०) **शतावरी**[F], एक साग; T.

aspect अैस्'पे`क्ट् n. **दृष्टि**[F], दृष्टिकोण, दृष्टिपथ, देखनेका पहलू; (कृषि०) उन्मुखता[F], **अभिमुखता**[F]; (वन०) **अवस्थिति**[F]; (सामनेका) अवस्थान, (शिक्षा०) **पक्ष**, (चि०, शिक्षा०) **पहलू**, रुख; (चि०) **रूप**, आकृति[F], स्वरूप, आकार ।

aspen अैस्'पि`न् १. n. ऐस्पका वृक्ष, = ASP; २. a. कम्पित, काँपता हुआ, थरथराता हुआ (ऐस्पकी तरह) ।

asper- खर, रूक्ष; कड़ा, कठोर (~*folliate*) ।

asper अैस्'पॅर n. मिस्रका एक पुराना सिक्का ।

asperate[1] अैस्'पॅरॅट् a. (वन०) **लोम रूक्ष** ।

asperate[2] –रेट् v.t. कर्कश करना; रूक्ष करना; असमान करना ।

asperation –रे'शॅन् n. रूक्षीकरण; असमीकरण ।

asperges अैस्पॅर्'जीज् n. अभिषेक, अभिसिंचन ।

asperity अैस्पे`'रिटि n. रूक्षता[F]; कर्कशता[F]; असमानता[F] असमतलता[F], बेडौलपन; (ऋतु[F]) तीक्ष्णता[F], तीव्रता[F], कड़ाई[F]; (स्वभाव) कर्कशता[F], कठोरता[F], उग्रता[F], तीक्ष्णता[F], तेजी[F], तीखापन; (बहुव०) (वन०) **खरत्व** ।

barbarism –'बॅरिज़्म् n. असभ्यता[F], अशिष्टता[F], असभ्य अवस्था[F], (इति०) **बर्बरता**[F], अज्ञानता[F], अक्खड़पन; (सा०) **भाषा संकर, खिचड़ी भाषा**[F]; गँवारपन (वाक्य-शैली[F], बातचीत[F] अथवा लिखनेमें विदेशी या गँवारू पुट)।

barbarity –बै'रिटी n. जंगलियोंकी-सी निष्ठुरता[F], क्रूरता[F], निर्दयता[F], (इति०) **बर्बरता**[F], असभ्य अवस्था[F], गँवारपन; असभ्य या गँवारू शैली[F]का नमूना, ग्राम्य शैली[F] या रुचि[F]।

barbarization –बॅराइज़े'शॅन् n. अशिष्टीकरण, (इति०) **बर्बर बनाना**।

barbarize –'बॅराइज़् v.t. & i. अशिष्ट या निर्दय बनाना या बनना; (भाषा[F]) भ्रष्ट करना।

barbarous –रॅस a. नृशंस, निर्दय; अशिष्ट, असंस्कृत, रूक्ष, असभ्य, (इति०) **बर्बर** (मनुष्य, प्रजा[F]); (यूनान या रोमन साम्राज्यके बाहर) अनार्य; अशिक्षित, अपढ़; अशुद्ध।

barbarousness –नि॑स् n. निर्दयता[F], असभ्यता[F], **बर्बरता**[F]।

Barbary –रि n. बर्बर देश; बर्बर-निवासी, बर्बर; बर्बर घोड़ा;

~ ape, ~ gum, ~ hen, ~ horse, ~ sheep.

barbate बार्'बेट् a. (वन०) शूकिल, रेशेदार, गुच्छेदार, बालीदार; (प्राणि०) शिखावान्, चोटीदार, चुटियावाला, दाढ़ीदार।

barbecue बार्'बिक्यू १. n. डेग, कड़ाह, कड़ाही[F]; मांस सेंकनेका लकड़ी[F] या लोहेका ढाँचा; भुना हुआ पूरा सुअर और बैल आदि; पूरे भुने हुए जानवरोंके भोजनकी दावत[F]⊙; काफी[F]के दाने सुखानेके लिए फरश; २. v.t. (पूरा पशु) भूनना।

barbed बार्ब्ड्, बार्'बिड् a. **काँटेदार**;

~ arrow, ~ bone, ~ harpoon, ~ wire.

barbel बार्'बॅल् n. स्पृशा[F], गलमुच्छोंवाली मछली[F]।

barbellate बार्'बॅलॅट a. कँटीला, काँटेदार; गलमुच्छोंवाला।

barber बार्'बॅर् n. नापित, नाई, हज्जाम (~ *shop*); ~ block कृत्रिम बाल बनानेका स्थान; ~s' itch दाढ़ी[F]की खुजली[F]।

barber(r)y, ber~ बार्'बॅरि, बॅ'र्'– n. दारुहरिद्रा[F], हिमहरिद्रा[F], झड़बेरी[F] (एक कण्टकयुक्त लताविशेष[F]); बेर[F], इसके फल।

barbette बार्बे'ट्' n. किले या जहाजमें गोलन्दाजी[F]का धुस्स, दमदमा, मोर्चा, बुर्ज, (~*-cruiser*)।

barbican बार्'बिकॅन् n. (पुरा०) प्राचीर, **गढ़गज**, किलेकी बाहरी दीवार[F]।

barbital बार्'बिटॅल् n. बारबीच्यूरिक अम्ल, बारबीच्यूरिक तेजाबसे तैयार एक द्रव, (चि०) एक निद्राकर ओषधि।

barbitone बार्'बिटोन् n. = BARBITAL.

barbituric बार्बिट्युॲ'रिक्' a. बार्बिट्यूरिक अम्ल।

barbule बार्'ब्यूल् n. (जीव०) **पिच्छदंडिका**[F], **पिच्छकर्णिका**[F], पक्ष्मिका[F], लघु श्मश्रु[F], छोटी-सी दाढ़ी[F]।

barcarole, -olle बार्'कॅरोल् –ऑल् n. नाविकों या मल्लाहोंका गीत; इस गीतका अनुकरण।

B. Arch. Bachelor of Architecture.

bard¹ बार्ड्' n. केल्टिक जातिका कवि, चारण, वैतालिक, (सा०) **भाट**, बन्दी; पूर्वकवि; गीतकार; B~ of Avon शेक्सपियर।

bard² n. छाती[F] और बगली[F]के लिए घोड़ेका कवच।

barded –'डिड् a. वर्मावृत, कवचसे ढका हुआ।

bardic बार्'डिक् a. भाट-सम्बन्धी, चारणीय; ~ poetry चारणकाव्य।

bardling –र्ड्'लिंग् n. कविमन्य, गवैया, भाट, तुकबाज, तुक्कड़।

bardish –'डिश् a. = BARDIC.

bardism –डिज़्म् n. चारणत्व, भाटपन, भाटगीरी; चारणविद्या।

bardolater बार्डोलेटर् n. कविपूजक, चारणसेवक।

bardolatry –लॅट्रि n. कविपूजा^F, चारणसेवा^F; शेक्सपियर-भक्ति^F।

bare¹ बेअॅर्' v.t. उद्घाटन करना, प्रकाशन करना, नग्न करना, नंगा करना, प्रकट करना, खोल देना; तलवार^F म्यान^Fसे निकालना।

bare² a. अनावृत, स्पष्ट, रिक्त, अरक्षित, शून्य, विवस्त्र, नग्न, नंगा, खुला हुआ, खाली, छूछा, गंजा, सूना, सुन्न, म्यान^Fसे बाहर निकली (तलवार^F); मात्र, केवल; अल्प, दरिद्र, सादा, थोड़ा; अनाच्छादित, वृक्षहीन, पत्रहीन; ~-back नंगी पीठ^Fवाला, बिना जीन कसे; ~ faced बिना दाढ़ी-मूँछ^Fका; आवरणरहित, स्पष्ट; निर्लज्ज, ढीठ, अविवेकी, बेशर्म; ~ foot, ~ footed नंगे पाँव, उपानहरहित; ~-headed अनावृत्त सिर, खुले सिर; ~-ribbed क्षीण, हड्डी-पंजर, बहुत दुबला; ~ subsistence level **मात्र निर्वाह-स्तर;**

~-ankled, ~ announcement, ~ area, ~-armed, ~-backed, ~-branched, ~ bone, ~ cable, ~ conductor, ~ designation, ~ electrode, ~ engine, ~ facts, ~ fellow, ~-fingered, ~-handed, ~-kneed, ~-legged, ~-necked, ~ outline, ~ pact, ~ pale, ~ rock, ~ site, ~-skinned, ~-skulled, ~ statement, ~-throated, ~-toed, ~ trustee, ~ wire, ~-worn.

barege† (F) बॅरेज़्' १. n. दर्शांशुक, कौशेयवास, एक प्रकारका जालीदार रेशमी कपड़ा; महीन रेशमी जाली^F; २. a. जालीदार।

barely बेअॅर्'लि adv. स्पष्ट, खुले रूपमें (~-*necked*), खुल्लमखुल्ला; मात्र, केवल; कठिनतासे।

bareness –'निॅस् n. विवस्त्रता^F, शून्यता^F, नंगापन, सूनापन, सादगी^F, आच्छादन या आवरणका अभाव।

baresark बेअॅर्'सार्क १. n. नार्वेका योद्धा; २. adv. निहत्थे, कवचरहित रूपसे।

bargain¹ बार्'गिन् n. सम्पणन, क्रय-विक्रय, मोल-भाव, मोलतोल, सट्टा, (अर्थ०) **सौदा, सौदाकारी^F,** (~ *counter*); a ~ अच्छा या मुनाफेका सौदा; *be off* one's ~ कार्यमुक्त होना; *good, bad* ~ सस्ता या तेज सौदा; *into the* ~ तद्भिन्न, अतिरिक्त; घलुआमें, मुफ्तमें; *make best of bad* ~ गले पड़ेको निभाना, आपत्ति^Fको हँसते-हँसते झेलना; *strike a* ~ सौदा पक्का करना, तै कर लेना।

bargain² v.t. & i. (अर्थ०, का०) **सौदा करना,** मोल-भाव करना, मोल करना, तै करना, **ठहराना;** ~ *away* हानि^F उठाकर विनिमय करना, विक्रय कर डालना, घाटा उठाकर दे देना; ~ *for* (*a thing*) उद्यत रहना, आशा^F करना।

bargainee –नी' n. सम्पणिती, (का०) **सौदा करनेवाला।**

bargainer, -or –गिॅनॅर n. (का०) विक्रेता, क्रय-विक्रय करनेवाला, (का०) **सौदा करनेवाला।**

barge बार्ज्' १. n. प्रमोद-तरणी^F, (परि०) अमीरोंका **बजरा,** नवाड़ा, हाउस-बोट; माल लादनेकी चौड़े पेंदेवाली नौका^F, नाव^F; युद्ध-पोतकी अतिरिक्त नौका^F (अधिकारीके लिए); २. v.t. (ग्रा०) नाव^F चढ़ा देना, लड़ा देना; ~-pole नाव रोकनेका लट्ठा; ~ *in* घुस पड़ना; *not fit to be touched with a ~-pole* अस्पृश्य, अछूत; *would not touch with a ~-pole* कुछ नहीं समझता।

barge-board –'बोर्ड् n. (यन्त्र०) **तिलंगी फलक; बनेड़ तख्ता; ओलती फलक, ओलती तख्ता;** (बार्जा) छज्जेका विभूषित पर्दा।

barge-couple –'कपॅल् n. अट्टालिका-स्तम्भ, दोहरा शहतीर।

bargee बार्जी' n. नाविक, माझी, मल्लाह; *swear like a* ~ बेकार कसमें^F खाना, बेधड़क शपथ^F खाते जाना।

bargeman –र्ज्'मॅन् n. नौप्रबन्धक, तरणीसंरक्षक, माझी।

barge-master –'मास्टॅर् n. नौ-प्रभु, नावका मालिक।

barghest बार्'गे'स्ट् n. श्वाकृति^F (कुत्तेकी आकृतिवाला पौराणिक पशु जिसका प्रकट होना मृत्यु^F या आपत्तिसूचक होता है)।

baric बेअॅ'रिक् a. हर्यात्विक, बेरियमयुक्त या बेरियमका।

barilla बॅरि'लॅ n. स्पेन और सिसलीका एक वृक्ष; (रसा०) **बरीला;** पादपविक्षार, इसको या समुद्री सिवारको जलाकर बनी सज्जी^F।

baritone बै'रिटोन् n. (संगी०) गुरुध्वनि^F।

barium बे'रिॲम् n. (कृषि०, रसा०) हर्यातु^F, (रसा०, वन०, चि०) **बेरियम^F,** एक श्वेत धातवीय तत्त्व, क्षारीय मृदा^F बेराइटामें विद्यमान मुख्य तत्त्व;

~ carbonate, ~ chloride, ~ cynide, ~ nitrate, ~ phosphate, ~ plaster, ~ sulphate, ~ tetrasulphate.

bark¹ बार्क् n. वल्क, वक्कल, (वन०)**छाल** (पेड़के तने या डालियों^Fकी); (ग्रा०) त्वचा^F, खाल^F; कुनैन; ~ bed (चमड़ा पकानेकी) छाल^Fकी गर्म तह^F; ~ bound त्वचावरुद्ध, छाल^Fके कड़ी पड़ जानेसे रुकी हुई बाढ़वाला पेड़; ~ stove (कृषि०) **उष्ण गृह**; ~ tree सिनकोना, कुनैनका पेड़;

~ beetle, ~-blaze, ~-blazer, ~ cambium, ~ carbonate, ~ cork, ~ disease, ~ed wood, ~-extract, ~ fibre, ~ girdling, ~ gouge, ~ grafting, ~ leaves, ~ liquor, ~-liver, ~-mill, ~ peeler, ~ pit, ~ raft, ~-scorching, ~ structure.

bark[2] v.t. वल्कापनयन करना, पेड़की छाल[F] उतारना, छाल[F] निकालना, छाल[F] छुड़ाना, छिलका उतारना; तह[F] जमाना; पेड़की बाढ़[F] रोकना; घुटने आदि रगड़ना, घिसना।

bark[3], **barque** n. नाव[F] या जहाज; तीन मस्तूल-वाला एक प्रकारका छोटा जहाज, (परि०) T; ~ canoe (इति०) **छालडोंगी**[F]।

bark[4] n. भूँक, भौं-भौं, हुवा हु···वा और प्लिल टिल्लका शब्द; कुत्तों, लोमड़ियों[F], गिलहरियों[F]की आवाज[F]; (ला०) बन्दूक[F]का या खाँसी[F]का शब्द, ~ *worse than bite* काटें कम भूँकें अधिक, गरजना बहुत बरसना कम, अधिक बकझक[F] करना किन्तु किसीको हानि[F] न पहुँचाना।

bark[5] v.t. & i. भौंकना, भूँकना; चिड़चिड़ाकर या ढिठाई[F]से बोलना; चीत्कार करना, कर्कश शब्द बोलना; (ग्रा०) खाँसना; ~ *at* बुरा-भला कहना, गाली[F] देना; ~ *out* दुर्वचन कहना; चिड़चिड़ाकर बोलना; ~ *up the wrong tree* अनपराधको घुड़की[F] देना।

barker –'कॅर् n. बकझक[F] करनेवाला, बकवादी, भूँकनेवाला; नीलाम या दुकान[F]का दलाल ⊙; (ग्रा०) तोप[F], पिस्तौल[F]।

barky बार्'कि a. वल्कलयुक्त, वल्कलीय, छालवाला, बक्कलदार।

barley बार्'लि n. (pl. ~*s*) (कृषि०, चि०) **यव**, जव, **जौ**; जौका दाना; जौकी बुकनी[F], ~-brake यवक्रीड़ा[F] (पुराने जमानेमें जौके खेतमें खेला जानेवाला खेल); ~-bree तीव्रमधु, तेज शराब[F], ~-broth यवासव, जौसे बनी शराब[F]; ~-corn जौकी फसल[F]; ~-meal जौ का आटा; ~ mow खलिहान; ~-sugar यव-शर्करा[F], जौकी खाँड[F]; ~ water यव-जल; John Barleycorn जौका पानी (जो बीमारोंको दिया जाता है); जौ; जौकी शराब[F]; pearl ~ छाट[F], जौका दलिया;
~ pearling, ~ pearling mill ⊙.

barm बार्म्' n. शराब[F]का झाग, खमीर।

barmaid बार्'मेड् n. मधुवाला[F], सुरसुन्दरी[F], साकी[F], (शराब[F] पिलानेवाली[F], शराबखानेकी स्त्री[F])।

barman –'मॅन् n. साकी, मदवितरक (शराब[F] पिलानेवाला आदमी)।

barmbrack बार्म्'ब्रैक् n. शष्कुली[F] (एक बढ़िया किस्म की रोटी[F] जो आयरलैण्डमें बनती है)।

Barmecide बार्'मिसाइड् n. & a. काल्पनिक भोजदाता, झूठा उपहार देनेवाला; आशाभंजक, मायावी, काल्पनिक, मिथ्या।

barmecidal –'डॅल् a. काल्पनिक, मायावी, झूठा।

barmkin बार्म्'किन् n. दुर्ग-प्राचीर; किसी गढ़ी[F]की बाहरी दीवाल[F]पर बना हुआ कँगूरा या बुर्ज।

barmy बार्'मि a. फेनिल, फेनयुक्त, झागवाला; (ग्रा० ~ *on the crumpet* भी) झक्की, सनकी, पागल।

barn बार्न्' n. विक्रयागार, संग्रहागार, (नृ०, चि०) **धान्यागार**, कोष्ठागार, **कोठार**, कोठा, कोठी[F], बखार[F], रक्ती[F], मुसौरा; (इति०) **शस्यागार**, **खलिहान**, (घृणा[F]-में) सादी इमारत[F], अश्वशाला[F], अस्तबल, घुड़साल[F] ⊙; ~ dance एक प्रकारका किसानी नृत्य; ~-door इतना बड़ा लक्ष्य (जिसपर निशाना न चूके); ~-stormer घूमने-फिरनेवाला खिलाड़ी या अभिनेता; ~-yard बाड़ा; ~ yard manure (कृषि०) **गोबरकी खाद**[F]।

barnacle[1] बार्'नॅकॅल् n. (ग्रा०) ऐनक[F], चश्मा, (नौवि०) **कड़ी**; सँड़सी, नकचिमटी[F](जो नाल बाँधते समय घोड़ेकी नाक[F]पर लगायी जाती है)।

barnacle[2] n. (शीतऋतु[F]में इंग्लैण्डमें आ जानेवाला) ध्रुवप्रदेशीय हंस; जहाजकी तह[F]में चिमटा रहनेवाला एक समुद्री जीव; कट्टरपन्थी, कट्टर अनुयायी।

baro- दाब, वायुदाब, चाप।

barogram बै'रॅग्रैम् n. (प्रा० भू०) **दाबलेखचित्र**।

barograph बै'रॅग्रॉफ् n. भारविज्ञान; दाबमापी, वायुदाबमापी; वायुभार लेखक, वातपीडलिख, चापलेखक, (भौ०, नौवि०) **वायुदाबलेखी**, वायुदाब लेखक।

barogyroscope बैरॅजाइ'रॅस्कोप् n. भूघूर्णेक्ष।

barology बॅरॉ'लॅजि n. वायुदाब विज्ञान, भारशास्त्र।

barometer बॅरॉ'मिटॅर् n. वायुमान यन्त्र, वातपीड़मान, वायुभारमापक, चापमापक, वायुदाब-लेखी, (भौ०, यन्त्र०) **वायुदाब-मापी**; ~ *gauge*, ~ *tube* वायुदाबमापक यन्त्र, **बैरोमीटर**; ~ *of opinion* (ला०) मत-निर्णायक, विचारमापक।

barometric, -al बैरॅमे'ट्रिक्(अॅल्) aa. वायुदाब-मापक यन्त्र-सम्बन्धी; (भौ०) **वायुदाबमापी-सम्बन्धी**, **वायुदाबमापन-सम्बन्धी**; ~ pressure **वायुमण्डलीय दाब**; **बैरोमीटर दाब**;
~ gradient, ~ height, ~ levelling, ~ pressure, ~ tendency.

barometrography –मिट्रॉ'ग्रॅफि n. वायुदाबमिति शास्त्र, वायुदाबमापन विज्ञान।

barometry बॅरॉ'मिट्रि n. चापमापन, (भौ०) **वायुदाबमिति**[F], वायुदाबमापन।

baron बै'रॅन् n. सामन्तक, जागीरदार, ताल्लुकेदार, रईस, नवाब, छोटा लॉर्ड, लार्ड, (राज०) **बैरन**; ⊙ किसी वस्तुका बड़ा व्यापारी; ~ *of beef* जुड़वाँ पुट्ठा (गाय[F]का मांस)।

baronage –निज् n. सामन्तकी[F], नवाबी[F], ताल्लुकेदारी[F], रईसी[F]; सामन्तकता[F], सामन्तपद; धनाढ्य समुदाय; रईसोंकी नामावली[F]।

baroness –निॅस् n. नवाबिन[F], बैरनकी पत्नी[F]; सम्भ्रान्त महिला[F], बैरनकी उपाधि[F] प्राप्त स्त्री[F] (राज०), T.

baronet[1] –निॅट् n. उपसामन्तक, खानदानी लार्ड, छोटा नवाब।

baronet[2] v.t. उपसामन्तीकरण, उपसामन्तक बनाना, छोटा नवाब बनाना, बैरोनेटका पद देना।

baronetage –टिॅज् n. उपसामन्तकता[F]; उपसामन्तक-वर्ग, बैरोनेटमण्डल, बैरोनेट (छोटे नवाब) लोगोंका समुदाय; उपसामन्तक-वंशावलि[F], उनके नामों एवं कार्योंकी सूची[F], नवाबोंका इतिहास।

baronetcy –ट्सि n. उपसामन्तक-पद, बैरोनेटका पद या अधिकार।

baronial बॅरो'निअॅल् a. सामन्तकीय, नवाब या बैरनसे सम्बन्धित।

barony बै'रॅनि n. सामन्तकता^F, सामन्तक पद, सामन्तक विषय, बैरन(नवाब)का पद, पट्टा या प्रदेश; (स्कॉटलैण्डमें) विस्तृत या बड़ी जागीरदारी^F या जमींदारी^F; (आयरलैण्डमें) जिलाका भाग।

baroque बॅरो(रॉ)क्' n. & a. १७वीं-१८वीं शती^Fकी कला^Fकी एक शैली^F; अनवस्थित, विचित्र, अनोखा।

baroscope बै'रॅस्कोप् n. वातपीडेक्ष, (भौ०) **वायुदाबदर्शी**, वायु^Fके घनत्व-परिवर्तनका सूचक उपकरण या यन्त्र।

barouche बॅरूश' n. (वाहक और चार मनुष्योंके बैठने योग्य टपदार) चौपहिया बग्घी^F (गाड़ी^F), T.

barque बार्क्' n. लघु जलयान-विशेष, T.

barquentine, bark- –'कॅन्टीन् n. सामने मस्तूलवाली नौका^F।

barracan बै'रॅकैन n. मोटा घटिया ऊन।

barrack बै'रॅक् १. n. **बारिक** (~ *store*), T. (~ *square*, ~ *state*), सैन्यागार, सैन्यावास, सेनानिवास; (स्थानान्तरितार्थ) भवन जिसमें दूसरे लोग (जैसे बच्चे) समूहमें रखे जाते हैं; पंक्तिवास; अत्यन्त भद्दी या बिलकुल सादी इमारत^F; २. v.t. बारिकमें रखना; उपहास करना, धिक्कारना (खिलाड़ियोंको); ~ synopsis **निर्माण-सार**।

barracking –किंग् n. व्यंग्यपूर्ण हर्षध्वनि^F, व्यंग्यात्मक प्रोत्साहन।

barracoon बै'रॅकून् n. दास-गृह, घेरा, चौपाल^F या बाड़ा (बन्दियोंके लिए)।

barracuda, -coota, -couta –बैरॅकू'डॅ, –'टॅ, –'टॅ n. पश्चिमी द्वीपसमूह (वेस्ट इंडीज)की एक बड़ी समुद्री मछली^F।

barrage –बा'रिज् n. अवष्टम्भ, **बाँध**, **बराज**; रोक^F, आड़^F; creeping ~ सैन्यदलके आगे-आगे चलनेवाली रोक^F;
~ area, ~ cable, ~ chart, ~ density, ~ fire, ~ height.

barranca बारन्'कॅ n. ⊙ खड्ड^F।

barrator, -er बै'रॅटॅर्, -ॲर् n. वादव्यसनी, लड़ाका, फिसादी; (कानून) झगड़ालू, मुकदमेबाज, अदालतिया।

barratrous –ट्रॅस् a. कलहप्रिय, झगड़ालू, फिसादी, मुकदमेके लिए प्रोत्साहन देनेवाला।

barratry –ट्रि n. वादोत्तेजन, वादव्यसन, मुकदमेबाजी^F; न्यायभ्रष्टता^F; प्रतारणा^F; (नौवि०) **समुद्री दगाबाजी^F**, (सामुद्रिक कानून) जहाजके स्वामियोंकी हानि^Fके लिए कर्मचारियोंका कपटकार्य।

barred बार्ड्' a. (क्रियागत अर्थोंमें); अवष्टब्ध, **बाधित** (~ *debt*), तिरोहित, रुद्ध, रुका हुआ (~ *zone*); दण्डिल (~ *spiral*), डण्डोंसे बन्द (बन्दरगाह आदि)।

barrel[1] बै'रॅल n. **ढोल**, (लकड़ी^Fका) **पीपा**; सामर्थ्यका माप; रम्भ, घड़ी^F और अन्य मशीनों^Fका निरन्तर नाचनेवाला सिलण्डर; बेलन या सिलण्डरके आकारका शरीर, धड़; (भौ०) **नाल^F**, बन्दूककी **नली^F**, T.; ~ arch (यन्त्र०) **लम्बी डाट^F**, **लम्बी मेहराब^F**; ~-bulk पाँच घन फुट वस्तु^F; ~ chest बेलनाकार छाती^F, विकृत छाती^F; ~ campaign घूसका चुनाव; ~ house ⊙ मद्यशाला^F, शराबखाना; ~-organ घूमनेवाला ढोलना (सिलण्डर), लगा हुआ वाद्यन्त्र; ~ roof **मेहराबी छत^F**; ~-shaped **ढोलाकार**, **ढोलकाकार**, **पीपारूप**; ~-vault रम्भद्वार, (यन्त्र०) **लम्बी डाट^F**, **लम्बी मेहराब^F**; **ढोलाकार छत^F**; *scrape the* ~ खुरचन^F पाना, बचा-खुचा लेना;
~ band, ~-bellied, ~ block, ~ buoy, ~ casing, ~ catch, ~ cradle, ~ elevator, ~ extension, ~ float, ~ hoop, ~ gauge, ~ jacket, ~ ring, ~ wheel.

barrel[2] v.t. पीपोंमें रखना।

barrelled –ड् a. पीपे-सा, नलीदार, ढोलाकार, सिलण्डरके आकारका।

barren बै'रॅन् १. n. पटपर, ऊसर भूमि^F; २. a. (कृषि०, प्राणि०) **वन्ध्या** (~ *hypothesis*), अनुर्वर, निष्फल, असफल,(प्राणि०) **अफल**,(कृषि०) **बाँझ**, **ऊसर**, (कृषि०) **बंजर**, अनुपजाऊ(~ *land*); व्यर्थ, मन्द, थोड़ा; ~ wort बैंगनी तथा पीले फूलोंवाला पौधा।

barrenness –निॅस् n. (कृषि०) अनुर्वरता^F, (का०) **वन्ध्यता^F**, **बाँझपन**; व्यर्थता^F।

barret बै'रिट् n. एक तरफकी गरम टोपी^F।

barricade[1], **–ado** बैरिकेड्', -'डो n. शत्रुके आगमनके निवारणार्थ निर्मित प्राचीर, किलाबन्दी^F, धुस्स, (किसी प्रकारकी) **रुकावट^F**, अवरोध, रोक^F या आड़^F, (चीजोंका ढेर करके बनी) कच्ची मोर्चाबन्दी^F।

barricade[2], **–ado** v.t. अवरोध करना, अवरुद्ध करना, दुर्गनिर्माण द्वारा सुरक्षित करना, बचाव करना, मोर्चाबन्दी^F करना, (स्थान या व्यक्तिकी) इसके द्वारा रक्षा^F करना; (सड़क^F) रोक देना, **रुकावट^F डालना** (चीजों^Fका ढेर लगाकर)।

barrico बै'रिको n. पीपा, ड्रम, T.

barrier[1] बै'रिअॅर् n. अवरोधक, (प्रा० भू०) **रोध**, (जीव०) **उपरोध**, (का०) **अवरोध**, आड़^F, **प्राचीर** (~ *penetration*), धुस्स, (परि०) **रोक^F**, बाड़^F; (रेल०) **नाका**; (का०) **शुल्कद्वार**, चुंगी^Fका फाटक; (प्राचीन रथ-दौड़^Fकी प्रतियोगिता^Fमें) कठघरा, जंगला; नेजाबाजी^Fका कठघरा;
~ beach, ~ bench, ~ clerk, ~ gate, ~ grid, ~ guard, ~-ice, ~ layer, ~ mountain, ~ plane, ~-pillar, ~ reef.

barrier[2] v.t. खाँचेके भीतर बन्द करना, आड़^F लगाकर रोकना; बाड़^F या जंगला लगाना।

barring बा'रिंग् prep. छोड़कर, सिवाय ... के

(~ *none*)।
barrister बै'रिस्टॅर् n. (शिक्षा०) **विधिवक्ता, बैरिस्टर**; revising ~ (पार्लियामेण्ट^F के) संसदीय चुनावमें निर्वाचक नामावलियों^F का पुनर्निरीक्षक।
barristership –शिप् n. (का०) विधिवक्तृता^F, विधिवक्ताका पद, बैरिस्टरी^F।
barrow[1] बै'रो n. (पुरा०) **समाधि-स्तूप**, (इति०) **स्तूप**, समाधियों^F का टीला, (कब्रों^F के ऊपरका) मिट्टी^F का ढेर, ढूह; (स्थानीय नामोंमें) पहाड़ी^F, T.
barrow[2] n. (*hand-~* भी) वाहिका^F, हस्तचालित यान, (कृषि०) **ठेली^F, हथगाड़ी^F**, ठेला; अर्थी^F, स्ट्रेचर; (*wheel ~* भी) एक पहियेकी ठेली^F; (*coster's ~* भी) कूड़ागाड़ी^F, ठेलागाड़ी^F।
barrow[3] n. (देशज) बधिया शूकर, सुअर (*~-hog*, *~-pig*)।
barshare बार्'शेअॅर् n. (कृषि०) **फाली^F**।
Bart. Baronet.
barter[1] बार्'टॅर् n. (अर्थ०, का०, वाणि०) **विनिमय**, वस्तुविनिमय द्वारा व्यवसाय, अदल-बदलका व्यापार, बदलाई^F, ~ economy (इति०) **वस्तु-विनिमय अर्थव्यवस्था^F**; ~ system (का०) **वस्तु-विनिमय पद्धति^F**।
barter[2] v. t. & i. वस्तु-विनिमय करना, अदल-बदलका व्यापार करना, अदल-बदल^F करना; घाटेका सौदा करना, दे डालना; ~ *away* बदलेमें दे डालना।
barterer –रॅर् n. (का०) **वस्तुविनिमेता**, अदल-बदलका व्यापार करनेवाला।
bartizan बार्टिज़ॅन् n. कँगूरा, कँगूरेदार छज्जा, बुर्ज।
barton बार्'टॅन् n. खलिहान; सीर^F (वह भूमि^F जिसका मालिक उसे स्वयं जोते)।
barycentric बैरिसें'न्ट्रिक a. भारकेन्द्रीय।
barysphere बै'रिस्फ़ीअॅर् n. (प्रा० भू०) **गुरु-मण्डल**।
barytalia बैरिटे'लिॲ n. (मनो०, शिक्षा०) **अस्पष्ट वाणी^F**, T.
baryta बॅराइ'टॅ n. हरिजा^F, (चि०) विषैला क्षार, बोझिल क्षार-मिट्टी^F, (रसा०) बेराइटा, बेरियम मॉनो ऑक्साइड (*~ solution*), बेरियमका मूल ऑक्साइड।
barytes –टीज़् n. हरिशुल्बिज, बेरियमका शुल्बीय (सल्फेट) जिसका प्रयोग सफ़ेद पेन्टमें होता है, (प्रा० भू०) T.
barytic –टिक् a. क्षारयुक्त।
barytone बै'रिटोन् n. & a. धीमी आवाजवाली भेरी^F; गुरुध्वनि^F, गायनमें तार और मन्द्रके मध्यका सुर; (यूनानी व्या०) शब्द जिसके अन्तिम स्वरपर भारी आघात हो अथवा कोई आघात न हो।
B. A. S. Bachelor of Agricultural Science.
basal बे'सॅल् a. (चि०) **आधार**, आधारिक, (वन०) **आधारीय**, आधारलग्न, प्रारम्भिक, प्रधान, सारभूत, मूल, आधाररूप, नींव या मूलसम्बन्धी; ~ dressing (कृषि०) **मूल खाद^F देना**;
~ anaesthetics, ~ area, ~ cartilage, ~ cavity, ~ cell ~ cleavage, ~ disc, ~ dose, ~ granule, ~ lamina, ~ manure, ~ metabolism, ~ nucleus, ~ narcotics, ~ pinacoid, ~ pit, ~ placentation, ~ plane, ~ plate, ~ podomere, ~ section, ~ species, ~ vein.
basalia बॅज़े'लिॲ n. (जीव०) **आधारिका**।
basalt बै'सॉल्ट् n. असिताश्म, आग्नेय, गहरी हरी या बादामी आग्नेय चट्टान^F, एक प्रकारका पत्थर, चीनी मिट्टी^F, (यन्त्र०, प्रा० भू०, परि०) **बसाल्ट**।
basaltic बै(बॅ)सॉल्'टिक् a. बसाल्ट-सम्बन्धी या उसके रंगका, T. (*~ rock*).
basaltiform –टिफ़ार्म् a. बसाल्टके आकारका।
basan बै'ज़ॅन् n. मेषकृत्ति^F, तैयारकी हुई भेड़^F की खाल^F।
basanite बै'सॅनाइट् n. हरिभसिताश्म^F, एक प्रकारकी चट्टान^F।
bas bleu† (F) n. विदुषी^F।
bascule बैस्'क्यूल् n. एक प्रकारका उत्तोलक, उत्तोलन-दण्डसे उठाने-गिरानेका पुल; ~ bridge (परि०) **उत्तोलन पुल**।
base[1] बेस् n. (वन०, ग०) **आधार**, उपादान, (का०) **आस्थान**, (कृषि०) **कर्मांग, मूलांश**, मूल (आश्रय); (पुरा०) **पीठ^F**, प्रारम्भिक स्थान; तल, अधोभाग, नींव^F, पेंदी^F, (का०) अड्डा; (चि०), प्रधान ओषधि, **मुख्य अवयव**; (स्था०) चौकी^F, **पेंदा**; खम्भेका भाग; (वन०, जीव०) अंगमूल^F, शाखा^F; आयन; (रसा०) **समाक्षार**; (यन्त्र०) **आधार-रेखा^F**; (प्रा० भू०) **आधार-पार्श्वक**; (रेखाग०) रेखा^F या समतल (जिसपर जहाज या ठोस आकार खड़ा किया जाता है); (ग०) इकाई^F; (सर्वेक्षण) त्रिकोणमिति^F के लिए ज्ञात रेखा^F, ज्यामितीय आधार; (सेना०) छावनी^F के पीछेका स्थान (जहाँ भण्डार, औषधालय, कागजात इत्यादि सुरक्षित रहते हैं); (रसा०) कीमिया तत्त्वविशेष (जो तेजाबसे मिलकर नमक हो जाता है); सिद्धान्त, तत्त्व, मौलिक बात^F; (रसा०, चि०) भस्म^F, भस्मीय; ~ ball ⊙ T, एक खेल; ~ board (यन्त्र०) **किनारी^F**; ~ exchange (कृषि०) **धनायन विनिमय, बेस विनिमय, मूलांश-विनिमय**; ~ fee सोपाधि संपत्;
~ angle, ~ bars, ~coat, ~ circle, ~ conic, ~ course, ~ days, ~ depth, ~ desaturation, ~ hospital, ~ level, ~ moulding, ~ line, ~ nap, ~ net, ~ parallel, ~ period, ~ plate, ~ plug, ~ price, ~ rail, ~ rate, ~ saturation, ~ shifting, ~ speed, ~ support, ~ year.
base[2] v.t. संस्थापन करना, स्थापना करना, स्थापित करना, आधार बनाना, नींव^F डालना; ~ one*self on* आश्रित होना, भरोसा करना (तर्क आदिमें)।

base^3* a. कूट, घृणित, पतित, अधम, नीच*, स्वार्थी, कापुरुष, कमीना; जारज; (मूलतः) बौना, अल्प ऊँचाई^{F}का (अब केवल पौधोंके नाममें); ~-born हीनजन्मा, विजन्मा, हीनजात, नीचजन्मा, खोटा, नीच जाति^{F}का; ~ coin कुप्यटंक, अपधातु-मुद्रा^{F}, जाली सिक्का, कुप्य धातु^{F}; ~ court खलिहानके पीछेका आँगन; अवर न्यायालय; किलेका बाहरी आँगन; ~-hearted ओछा, कमीना; ~ metal मुख्य धातु^{F}, स्वल्पार्घ धातु^{F}, अपधातु^{F}, खोटी धातु^{F}।

baseless –'लिॅस् a. निर्मूल, निराधार, बे सिरपैर; मिथ्या; भित्तिहीन।

baselessness –निॅस् n. निर्मूलता^{F}, निराधारता^{F}, निराधार होना; भित्तिहीनता^{F}।

basement –'मॅन्ट् n. निम्नतल, भरती^{F}, पावा, पाया, नींव^F; तलागार, भूगृह, तलघर, (यन्त्र०) **तहखाना**; ~ membrane (चि०) आधार-कला^{F}।

baseness –निॅस् n. वैजात्य, नीचता^{F}, कमीनापन।

bash बैश् १. n. घूँसा; २. v.t. घूँसेका प्रचण्ड प्रहार करना, मारकर चूर-चूर करना, खूब जोरसे पीटना; *to have a ~ at* प्रयत्न करना।

bashaw बॅशॉ n. 'पाशा'का पहला रूप; तुर्कीके नरेशकी उपाधि^{F}, बादशाह।

bashful बैश्'फ़ुल् a. अतिनम्र, शालीन, विनीत, लज्जावान्, लज्जालु, भीरु, शर्मीला, झेंपू।

bashfulness –निॅस् n. विनय, भीरुता^{F}, लज्जाशीलता^{F}, शर्मीलापन।

bashi-bazouk बैशि-बज़ूक् n. तुर्कीकी अव्यवस्थित सेना^{F}का सिपाही (लूटमार^{F}के लिए प्रसिद्ध)।

bashi-bazoukery –कॅरि n. लूटमार^F।

bashless बैश्'लिॅस् a. निर्लज्ज, बेहया, बेशरम।

basi- पीठ^F (भौतिकी^{F}में कतिपय विशेषणोंका मूल) जैसे, *~-branchial*, *~-chromatic*, *~-lateral*, *~-temporal*।

basic बे'सिक् a. मौलिक, **मूल; समाधारी**, आधाररूप, प्रधान; प्रारम्भिक, **बुनियादी**; तात्त्विक; पैठिक, नींव^F-का, नींव-सम्बन्धी; (रसा०) **समाक्षारीय**, मलगुणयुक्त या आधारयुक्त; (धातु०) सफ़ेद कड़ा (पत्थर), (रसा०) भास्मिक, भस्मीय; धात्वीय; B~ English आधार अंग्रेजी^{F}, ८५० शब्दोंका चयन; ~ petrol (निजी मोटर^F रखनेवालोंका) मूल राशन; ~ slag फॉस्फेटयुक्त खाद^F, (कृषि०) **बेसिक स्लैग, इस्पातमल;**

~ bricks, ~ cause, ~ chloride, ~ code, ~ compound, ~ cost, ~ education, ~ fact, ~ fare, ~ fibre, ~ fluxes, ~ frequency, ~ group, ~ iron, ~ reeds, ~ nitrogen, ~ number, ~ ore, ~ oxide, ~ pay, ~ period, ~ process, ~ refractories, ~ rock, ~ salt, ~ shaft, ~ steel, ~ *tradesman*, ~ traning, ~ trait, ~ unit, ~ yield.

basicity बॅसि'सिटि n. **समाधारिता**^{F}, पैठिकता^{F}, पीठिता^{F}; मूलके साथ संयुक्त अम्ल(acid)की सापेक्ष शक्ति^{F}, (रसा०) **समाक्षारीयता**^{F}, भास्मिकता^{F}, भस्मीयता^{F}।

basil^1 बै'ज़िल् n. मंजरीक तुलसी^{F}, (वन०) (काली) **तुलसी**^{F}, एक सुगन्धित जड़ी-बूटी^{F}।

basil^2 n. मेषकृत्ति^{F}, (भेड़^{F}की कमायी हुई खाल^F जो जिल्द-साजी^{F}के काम आती है)।

basilar बै'सिॅलॅर् a. **आधार–**, (वन०) **आधारीय**, आधार-सम्बन्धी;

~ artery, ~ layer, ~ membrane.

Basilian बैज़ि'लिॲन् a. बेज़िली; सन्त बेसिलके सम्प्रदायका।

basilic, -al बैसि'लिक् (ॲल्) a. बेसिलीय; राजकीय; ~ vein (चि०) **प्रोत्तल शिरा**^{F}(बाहुकी सबसे बड़ी शिरा^{F})।

basilica बैसि'लिकॅ n. (रोममें) कॉन्स्टैण्टाइन द्वारा संस्थापित सात गिरजोंमेंसे एक; (मूलतः) राजप्रासाद, राजगृह, राजभवन, महल; विशाल विचारगृह या सभा-मण्डप, अदालत^F अथवा सभा^{F}के लिए विशाल कक्ष; गिरजाघरका कमरा।

basilicon, –um बॅसि'लिकॅन्, -ॲम् n. राजलेप, (चि०) राल^F, मोम^F और सुअरकी चर्बी^{F}का मलहम।

basilisk बै'ज़िलिस्क् n. कल्पित सर्प, शेषनाग, सर्पराज; एक कीड़ा^{F}; (जीव०) अमरीकाकी एक छिपकली^{F}।

basin* बे'सिन् n. (ऋतु०, प्रा० भू०) **द्रोणी**^{F}, गोल या अण्डाकार घाटी^{F}; **नदी-पात्र**; (नौवि०) जलक्षेत्र; **क्षेत्र, थाला**; नदी^{F} द्वारा सींचा हुआ प्रदेश; जमीन^{F}से घिरा हुआ बन्दरगाह; पात्र, पात्री^{F}, कटोरा, **कूँडा, कूँडी**^{F}, **थाल, प्याली**^{F}, **प्याला**, तसला, (यन्त्र०) **चिलमची**^{F}; गड्ढा, तलैया^{F}; आलवाल, थाला; (भूगर्भ०) केन्द्रकी ओर धँसती हुई परतों^{F}का ढाँचा, इसमें जमा हुआ कोयला आदि; ~ listing (कृषि०) **क्यारी**^{F} **बनाना**; ~ up (कृषि०) **थाला बनाना**; (शरीर०) तृतीय निलय (मस्तिष्कका); श्रोणी-गुहा^{F};

~ catchment, ~ clip, ~ cultivation, ~ guard, ~-holder, ~ irrigation, ~method, ~-shaped, ~ system, ~-wide plan.

basined –ड् a. पात्रनिहित, भाजनस्थित, बरतनमें रखा हुआ।

basinet, basnet बै'सिनिॅट्, बैस्'निॅट् n. इस्पात-की हलकी टोपी^{F}; **छोटा तसला, चिलमची**^{F}।

basinful बे'सिन्‌फ़ुल n. तसलाभर, पात्रभर।

basioccipital बैसिऑक्सि'पिटॅल् a. (जीव०) **आधार अनुकपाल**।

basion बे'सिॲन् n. (चि०) **पूर्व मध्य बिन्दु**।

basipetal बॅसि'पॅटॅल् a. आधाराभिवर्द्धी, (वन०) **तलाभिसारी**, जड़^{F}की ओर बढ़नेवाला।

basipodite बॅसि'पॅडाइट् n. (जीव०) **ऊर्ध्वपादांश**।

basis बे'सिस् n. (pl. *bases*) (मुख्यतः ला० अर्थोंमें); मूल-सिद्धान्त, (का०, रेल०) **आधार**, प्रारम्भ, मुख्य अंश, नींव^F; व्यवहार आदिके हेतु मिलन-भूमि^{F}; सैनिक कार्य-

वाहीᶠका मूलस्थान; (सा०) **द्विपदी**ᶠ; (चि०) प्रधान ओषधिᶠ।

basisphenoid बेसिस्फ़ी'नाएँड् n. (जीव०) **आधार-जतुक, कपालाधारपटल**।

basiventral बैसिवें'न्‌ट्रल् a. (जीव०) **अधोमूलक**।

bask बास्क् v.t. अग्निसेवन करना, सूर्यसेवन करना, धूपᶠ खाना, तापना, सेंकना; ~ing shark सबसे बड़े आकारकी शार्क मछलीᶠ।

basket[1] बास्'किट् n. **पिटक**, पिटारा, झावा, टोकरीᶠ, डलियाᶠ; टोकरीभर (~*ful* भी); बेंतका दस्ताना (जो पट्टेबाजीᶠ तथा सिंगलस्टिकमें काम आता है); ~-ball शिक्य-कंदुक, गेंदᶠका एक खेल, T; ~ chair टोकरी-दार कुर्सीᶠ, बाँसकी कुर्सीᶠ; ~ hilt बेंतके कामकी मूँठᶠ, टोकरेकी-सी मूँठᶠ; *pick of the* ~ सर्वश्रेष्ठ;
~ carriage, ~ cell, ~ coil, ~-maker, ~-making, ~-planting, ~ ring, ~ screen, ~ test tube, ~ willow, ~-work.

basket[2] v.t. टोकरीᶠमें रखना या डालना।

basketry –क्ट्रि n. बेंतके बने हुए पात्र; टोकरीसाजीᶠ।

baslard n. छुरिकाᶠ, कटारᶠ, छोटी कृपाणᶠ।

basogram बै'सॅग्रैम् n. **आस्थान संदेश**।

bason बे'सॅन् १. n. नमदा जमाने या टोप बनानेकी तिपाईᶠ; २. v.t. नमदा जमाना।

basophil(e) बे'सॅफ़िल् n. (चि०) **भस्मरागी**, मूलकर्णिक कोष, (जीव०) T.

Basque बास्क् n. & a. पश्चिमी पिरेनीज़की भाषाᶠ बास्कीᶠ; झालरदार अँगियाᶠ; अँगियाᶠकी झालरᶠ।

bas(s)-relief बैस्-रिलीफ़' n. निम्न उद्भृत, कम उभरा हुआ; नक्काशीᶠ या पत्थरतराशीᶠका काम।

bass[1] बैस्' n. Black B~ ह्यूरों झीलᶠकी मछलीᶠ; यूरोपीय समुद्रोंकी मछलीᶠ, T.

bass[2] n. (चटाईᶠ और टोकरीᶠ बनाने तथा पौधे बाँधनेमें प्रयुक्त) नीबूके पेड़की भीतरी छालᶠ (~*-broom*); ~-wood अमेरिकन नीबू या उसकी लकड़ीᶠ।

bass[3] बेस् n. & a. **मन्द्र** (स्वर), गायनमें सबसे नीचा स्वर; गम्भीर ध्वनिवाला; ~ bar वीणा-यष्टिᶠ, वाय-लिनके निचले भागमें लगी हुई एक डण्डीᶠ;
~ compensation, ~ deafness, ~ drum, ~ note, ~ sound, ~-viol.

Bass[4] बैस् n. बास (फ्रांस)की बनी हुई शराबᶠ, उसकी बोतलᶠ।

basset[1] बै'सिट् n. छोटी टाँगोंवाला शिकारी कुत्ता, T.

basset[2] n. ताशका एक अप्रचलित खेल।

basset[3] १. n. (भूगर्भ०) परतᶠका निकला हुआ भाग, उठी हुई परतᶠ; २. v. i. निकलना, उठना, उभरना।

basset-horn –हॉर्न् n. तारशृंग, तूर्य वाद्ययन्त्र।

bassinet बॅसिनें'ट्' n. कच्छगेन्दुक; टपदार झूला, बेंतका पालना; (बच्चोंकी) गाड़ीᶠ।

basso बै'सो n. =BASS[3]; नीचे स्वरमें गानेवाला; गहरी नीची ध्वनिᶠ; ~*-continuo* निरन्तर मन्द्र स्वर; ~*-profundo* निचला पुरुष-स्वर।

bassoon बॅसून्' n. युग्ममुरलीᶠ, अलगोजा, T.

bassoonist –'निस्ट n. अलगोजावादक।

bast बैस्ट् n. अन्तस्त्वक, अन्दरकी छालᶠ; अन्य लचक-दार रेशेदार छालेंᶠ (~ *fifre*), (वन०, कृषि०) T.

basta बॉस्'टॅ int. बस!

bastard बैस्'टॅर्ड् n. & a. अप्रकृत, विजात, विजन्मा, **जारज**, हरामी (सन्तानᶠ); अनधिकृत, कृत्रिम, मिथ्या, वर्ण-संकर, झूठा, खोटा, दोगला; ~ fount, ~ type छोटा-बड़ा टाइप; ~ slip भूमिᶠके अन्दरवाली खाद्यशोषक (पेड़की) जड़ᶠ, (ला० हरामी भी); (वन०) विजातीय; ~ sagopalm (वन०) **कितुल**।

bastardization –डाइज़े'शॅन् n. जारजता, जारजत्वका निश्चयन।

bastardize –'टॅर्डाइज़् v.t. वर्णसंकर या जारज घोषित करना, जारज-संज्ञा प्रदान करना, जारज सिद्ध करना, खोटा बतलाना।

bastardy –डि n. विजन्मताᶠ, जारजत्व, जारजताᶠ, दोगलापन, हराम, हरामीपन; खोटापन; ~ order जार-जीय-आदेशपत्र (जिसके द्वारा ज्ञात पिताको जारज लड़केका पालन-पोषण करना पड़े)।

baste[1] बेस्ट् v.t. तागा भरना, कच्ची सिलाई करना, तुरपना।

baste[2] v. t. घी लगाना, चुपड़ना, मांसको जलनेसे बचानेके लिए (भूँजते समय) तर करते जाना, कबाबपर घीका पुचारा देना; मोमबत्तीᶠपर पिघला मोम डालना।

baste[3] v.t. आघात करना, ठोंकना, पीटना, डण्डे लगाना।

Bastille बैस्टील्' n. कारागार, कारावास, बन्दीगृह, जेलᶠ; गढ़, किला, शाही बन्दियोंको बन्द करनेका किला।

bastinado बैस्टिने'डो १. n. (pl. ~*es*) तलवोंपर डण्डोंकी मारᶠ; २. v. पादतलताडन करना, दण्डाताडन, पदतलपर बेंत मारना, डण्डे मारना।

bastion बैस्'टिऑन् -'चन्, n. वप्र, दुर्गकी दीवारᶠका उभड़ा हुआ भाग, गरगज, (पुरा०) **बुर्ज**।

bastioned –न्ड् a. गरगजवाला, बुर्जदार।

bat- युद्धमें सैन्याधिकारियोंके सामानके अर्थमें प्रयुक्त (जैसे, ~*-horse*, ~*man*, ~*-pay*)।

Bat., Batt. battalion; battery.

bat[1] बैट् n. (कृषि०, जीव०) **चमगादड़**, गादुर; (वि०) चौंधर, कुछ अन्धा; *have ~s in the belfry* पागल बनना; भौंचक्का होना।

bat[2] १. n. (क्रिकेट और बेसबालका) बल्ला, बैट; २. v.t. & i. बल्लेसे खेलना, बल्ला मारना, इनिंग करना; ~s-man बल्लेबाज, गेंदᶠ मारनेवाला; जहाजपर उतरनेवाले वायुयानको बल्लेसे सिग्नल (संकेत) करनेवाला कर्मचारी; *off* one's *own* ~ स्वयं, अवलम्बरहित; अपने बल-बूतेपर (क्रिकेटमें), (ला० भी); *carry* one's ~ खेलके अन्ततक आउट न होना (न मरना)।

bat[3] n. (ग्रा०) प्रहार या पदकी गतिᶠ (*went off at a rare* ~)।

bat[4] n. *the* ~ बोलचाल[F]की भाषा[F]; *sling the* ~ (सैन्य ग्रा०) विदेशी भाषा[F] बोलना।

bat[5] n. = BAGGAGE (~-*money*)।

bat[6] v.t. झपकाना, पलक[F] मारना; *he never batted an eyelash* आँख नहीं झपकी।

batable बे'टॅबॅल् a. विवाद्य, तर्कापेक्ष, विवादग्रस्त।

batata बॅटा'टॅ n. बटाटा, मीठा आलू।

batch बैच् n. घाण, रोटियों[F]का घान, एक साथ पकायी हुई रोटियाँ[F]; मुट्ठा; (सा०) **बन्ध; वर्ग**, समूह, **दल** (~ *inspection*), जत्था, थोक; ~ costing (वाणि०) **खेप लागत[F] निकालना**;

~ carbonation, ~ charger, ~ furnace, ~ house, ~ process, ~ still.

batching बै'चिंग् n. अनुवर्गीकरण, (यन्त्र०) **वर्गीकरण**।

bate[1] बेट्' १. n. चमड़ा साफ करनेके लिए क्षारपूर्ण घोल, लेवी[F]; २. v.t. घोलमें डुबोना।

bate[2], **bait** n. (ग्रा०) कोप, क्रोध, गुस्सा, (*was in an awful* ~)।

bate[3] v.t. & i शक्ति क्षीण होना, कमजोर हो जाना; कम करना (आशा[F] आदि), रोकना (साँस[F]); घटाना (अंश, भाग, *not* ~ *a jot of*)।

bateau बा'टो n. लघु तरणी[F], छोटी नाव[F], (परि०) बातो[F]।

Baten Kaitos† (Gk) n. (ज्यौ०) **षष्ठतिमिंगल, बातन काइतोस**।

bath[1] *, **Bath** बाथ्, बॅथ् n. निमज्जन, **अवगाह**; स्नान; प्रक्षालन, धोना; स्नान करनेका जल, नहाने-धोनेका जल, घोल, साधन आदि; स्नान-पात्र; स्नपनी[F], स्नानी[F], स्नानागार, स्नानगृह, नहानी[F], **गुसलखाना; कुण्ड, कुण्डिका[F]**; स्नान-नगर (जहाँ लोग स्वास्थ्यप्रद झरनों और सोतोंमें नहाने जाते हैं); सॉमरसेट शायरका एक नगर (जहाँ गरम पानीके झरने हैं); (रसा०) **ऊष्मक; शीतक**; (यन्त्र०) **ऊष्मक** (*sand*~); सरदारी[F]का पद (अभिषेकके कारण); ~-brick सिकतेष्टिका[F], धातुओं[F]को माँजनेका पत्थर; ~-bun मधुशष्कुली[F], मीठा मसालेदार केक; ~chair रोगीकी कुर्सी[F]; ~-metal पीतल; ~-robe ⊙ड्रेसिङ्ग गाउन; ~-room स्नानागार, अभिषेकगृह, **स्नान घर, गुसलखाना**; शौचालय; ~ sample (रसा०) **अवगाह प्रतिदर्श**; ~-stone दानेदार इमारती पत्थर; ~ of blood विध्वंस, खूनकी नदी[F];

~-mat, ~-salts, ~-sponge, ~-stand, ~-towel, ~-tub.

bath[2] v.t. स्नान कराना, (परिचारिका[F]का) नहलाना (बच्चे या रोगीको)।

bathe बेद् v.t. & i. प्लावन करना, मज्जन करना, जल द्वारा धोना, (तरल पदार्थ, वायु[F] या प्रकाशमें) निमज्जित करना, डुबाना; स्नान करना या कराना, नहाना, नहलाना; धूप[F] लगवाना।

bather –'दॅर n. स्नायी, अभिषेकी, हम्मामी।

bathetic बॅथे'टिक् a. अपकर्षी, निम्नभावोन्मुख।

bathing बे'दिंग् n. अभिषेक, स्नान, नहाना; ~ machine पहियेदार स्नानगृह (जिसमें बैठकर समुद्रमें नहाने जाते हैं);

~ ghat, ~ place, ~ platform, ~ suit, ~ towel, ~ tub, ~ trough.

bathochromic बैथॅक्रॉ'मिक् a. (रसा०) **वर्णापकर्षी**।

batholith बै'थॅलिथ् n. गहरान[F]में शिला-स्तर।

bathometer बॅथॉ'मिटॅर् n. जलगाम्भीर्यमापी, गाम्भीर्यमान, जलकी गहराई[F] नापनेका यत्र।

bat-horse बैट्'-हॉर्स् n. माल ढोनेवाला घोड़ा।

bathos बे'थॉस् n. भावापकर्ष, वाक्यालंकारविशेष; निम्नभावोन्मुखता[F]; अवसरच्युत व्यापार, बिना अवसरकी बात[F]।

bathybius बॅथि'बिॲस् n. अब्धितलज, समुद्रके निम्नतम तलमें पाया जानेवाला पदार्थ।

bathymetric, -al बैथिमे'ट्रिक्, –ॲल् aa. गाम्भीर्यमितीय; समुद्रगाम्भीर्यमापीय; जलकी गहराई[F] नापनेवाले विज्ञानसे सम्बन्धित।

bathymetry बॅथि'मिट्रि n. गाम्भीर्यमिति[F], सागरगाम्भीर्यमाप, (परि०) **गहराई मापन**।

bathyseism बैथि'सिइज़्म् n. (ऋतु०) **गहन कम्प**।

bathysphere बै'थिस्फीॲर् n. (प्रा० भू०) **अगाधमंडल**, गहरे समुद्रके निरीक्षणार्थ गोल घर।

batik बै'टिक् n. छपाई[F], बुने हुए कपड़ोंपर रंगीन खाके छापनेका विशेष ढंग (मूलतः जावाका)।

bating बे'टिंग् prep. एतद्भिन्न, बिना, छोड़कर, सिवा।

batiste बॅटीस्ट्' १. n. महीन वस्त्र, किमरिख, मलमलकी भाँतिका वस्त्र; २. a. मलमली, महीन, महीन कपड़ेका।

batman बैट्'मैन् n. सामान ढोनेवाले घोड़ेका साईस, टट्टूवाला।

baton बै'टॅन् n. लगुड, पद-सूचक दण्ड; सेनानायकका डण्डा; (संगी०) बैंडमास्टरकी ताल देनेकी छड़ी[F]; ढाल[F]का डण्डा; २. v.t. डण्डेसे मारना; ~ sinister राजाकी जारज सन्तान[F]का बिल्ला।

bat-pay बैट्-पे n. सामान ढोनेका भत्ता या किराया।

Batrachia बॅट्रे'किॲ n. pl. उभयचर-वर्ग, जल-स्थलचर, भेक, मेढक आदि।

batrachian –न् १. n. मेढक आदि ऐसे जानवर जिनकी पूँछ[F] और गलफड़े झड़ जाते हैं; २. a मेढकका, मेढककी तरहका।

Batrachomyomachy बैट्रिकॅमाइऑ'मॅकि n. भेकमूषकद्वन्द्व; एक कविता[F] जो होमरकी कृति[F] कही जाती है।

batswing बैट्स्'विंग् a. निङ्गपक्ष, गैस[F]का एक बर्नर जिसकी लौ[F] चमगीदड़के परके समान होती है।

batta बै'टॅ n. भत्ता।

battalia बैटे'लयॅ, –लिॲ n. व्यूढानीक, युद्धरत सेना[F], मैदानकी फौज[F]।

battalion बॅटै'लिॲन् n. (सेना०) **वाहिनी[F]**, महागुल्म, सैन्यदल, पलटन[F], **बटालियन** (~ *commander*, ~ *store*); *God is for the big* ~*s* संघे शक्तिः

कलौ युगे, शक्ति^F विजयी होती है।

battel बै'टॅल् v.i. (कालेजमें) ऋणग्रस्त रहना; उधार लेना।

batteler –लॅर n. अर्थकृच्छ्र छात्र: गरीब विद्यार्थी; ऑक्सफोर्डका ऋणग्रस्त छात्र।

battels बै'टॅल्स्, n. (ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयमें निवास एवं भोजन अथवा अन्य व्ययोंका) लेखा या खाता।

batten[1] बै'टॅन् n. काष्ठखण्ड, कड़ीदार तख्ता; (यन्त्र०) **बत्ता** (~ *holder*); (नृ०) **हत्था;** (परि०) **पट्टी**^F; जामिन^F, कड़ीकी पट्टी^F, ~ board (यन्त्र०) **बरगा-तख्ते;** ~ cleat (परि०) **पट्टी चिड़िया**^F।

batten v.t.[2] (किसी वस्तु^Fको) लकड़ी^Fकी पट्टियों^Fसे पुष्ट करना; ~ *down* (नौवि०) (जहाजके) रन्ध्रद्वार बन्द करना, ढकने कसना, **पट्टी कसना**।

batten[3] v.i. भोग-विलासमें जीवन-यापन करना, मौज^F करना; डटकर भोजन करना; आप्यायित होना, हृष्ट-पुष्ट होना, मोटा होना, फूलना।

battening –निंग् n. (लकड़ी^Fकी) पट्टी^F लगाना; तख्ता बाँधना।

batter[1] बै'टॅर् n. सीसेके छापेके अक्षरोंकी पट्टी^F (प्लेट^F); पीठी^F (पकवान के लिए)।

batter[2] १. n. (पुरा०) **प्रवण;** ढाल^F, (यन्त्र०, परि०) **सलामी**^F; २. v.i. कोण होना (दीवालों^Fका); ~ pile **सलामीदार स्थूण, सलामीदार लट्ठा**।

batter[3] v.t & i. जंघनन करना, चकनाचूर करना, ढहा देना, पीट-पीटकर तोड़ना, मार-मारकर गिरा देना; (छपाई^Fमें) प्रयोग द्वारा (टाइपको) विगाड़ना; (ला०) कड़ा व्यवहार रखना; ~ *at the door* द्वारपर आक्रमण करना, आ पड़ना, (आग्नेयास्त्र) तोप^F आदिसे प्राचीर इत्यादिको तोड़नेकी चेष्टा करना, गोलाबारी^F करना।

battering-charge –रिंग्-चार्ज् n. तोपों^Fका धावा।

battering-ram –रिंग्-रैम् n. धक्का-मशीन^F।

battering train–रिंग् ट्रेन् n. तोपों^Fकी पंक्ति^F।

battery –रि n. (सैन्य०) दमदमा, तोपखाना, मोर्चा; **माला**^F, (विभिन्न विज्ञानों एवं कलाओं^Fमें) एक-से यन्त्रों, पात्रों इत्यादिका समूह; हथौड़ेसे ठोंके या गढ़े गये पीतल या ताँबेके पात्र; (का०) संप्रहार, **प्रहार;** तगड़ी धौल-धप्पड़^F, मार-पीट^F (*assault & ~*);(रसा०, विद्यु०) **बैटरी**^F ~-piece तोप; ~ tests (श्रम०) **परीक्षण-माला**^F; floating ~ जहाजी तोपखाना; *turn a man's ~ against himself* (ला०) किसीके तर्कको उसीपर उलटना;

~ accumulator, ~ carrier, ~ cell, ~ charger, ~ charging, ~ chart, ~ command, ~ cradle, ~ dialling, ~ eliminator, ~gauge, ~ lamp, ~ man, ~-operated; ~ pan, ~ position, ~ room, ~ signalling, ~ testing, ~ thermometer, ~ voltage, ~ wagon.

batting बै'टिंग n. (क्रियागत अर्थोंमें); रूई^Fका पहल, तहबन्द रूई^F (रजाई^F, गद्देके लिए)।

battle[1] बै'टॅल् n. संघात, संयुध, **संग्राम, युद्ध, रण,** संघर्ष, लड़ाई^F; विजय^F, जीत^F (*the ~ is to the strong, youth is half the ~*); ~-array संग्राम-व्यूह-रचना^F, युद्धकी व्यवस्था^F, व्यूह; ~-axe कुठार, परशु, फरसा; ~- cruiser सुयोधन, द्रुतगति^F और भारी तोपवाला जहाज; ~ cry युद्धनाद, लड़ाईका नारा; ~ dress संग्राम-वेष, लड़ाई^Fकी पोशाक^F; ~-field संग्रामक्षेत्र,युद्ध-क्षेत्र;**लड़ाई^Fका मैदान,लड़ाई^F का इलाका;** ~-ground रणस्थली^F; ~of argument (राज०)**वितंडा**^F;~-piece युद्धवर्णन या चित्र; ~plane 'रण-वायुयान, युद्ध विमान, लड़ाई^Fका हवाई जहाज, लड़ाकू जहाज; ~ royal महायुद्ध; ~ ship **रणपोत,** युद्धजलयान, **जंगी जहाज;** general's ~ युद्धकौशल, लड़ाई^F; pitched ~ जमकर लड़ी जानेवाली लड़ाई^F; soldier's ~ वीरता^Fसे निर्णीत होनेवाला युद्ध; *have the ~* विजयी होना; *line of ~-ship* ७४ अथवा उससे अधिक तोपोंसे सुसज्जित जहाज;

~ area, ~ command, ~ convoy, ~ craft, ~ discipline, ~ drill, ~ formation, ~ front, ~ handling, ~ inoculation, ~ objective, ~ order, ~ position, ~ procedure, ~ practices, ~ range, ~ skill, ~ shooting, ~ transport, ~ zone.

battle[2] v. i. संग्राम करना, संघर्ष करना, युद्धमें प्रवृत्त होना, युद्ध करना, सामना करना, लड़ना।

battledore बै'टॅल्डोऑर् n. थापी^F, बल्ला, कपड़ा धोनेकी मुँगरी^F; ताँत^Fकी डोरीसे मढ़ा हुआ (जालीदार) हल्का बल्ला (बैडमिंटनकेसे एक खेलमें प्रयुक्त)।

battlement बै'टॅल्मॅन्ट n. (प्रायः बहुव० में) दाँतेदार किलेकी दीवार^F, मोर्चेवाली दीवार^F, मोर्चा, (पुरा०) **फसील**^F, चहारदीवारी^F।

battlemented मे'न्टिड् a. दाँतेदार प्राचीरसे परिवेष्टित, मोर्चेवाला।

battology बैटॉ'लॅजि n. पौनःपौन्य, (सा०) **व्यर्थ पुनरुक्ति**^F, पुनरावृत्ति^F।

battue† (F) बाट्यू' n. अनुहनन, पर्याखेट, हाँका; हत्याकाण्ड, जनसंहार; मात^F।

batty बै'टि a. विक्षिप्त, निर्बुद्धि; निङ्गवत्, चमगादड़ जैसा।

bauble, bawble बॉ'बॅल्, बॉ'बॅल् n. अल्पमूल्याभरण, सस्ते टूम-छल्ले; घटिया वस्तु^F, खिलौना; राजाके विदूषक (मसखरे, भाँड़)का चिह्नविशेष।

baudekin बॉ'डॅकिन् n. चन्द्रातप; सिंहासन या वेदी^F-परका चँदोवा।

baulk बॉक् n. अकृष्ट धरा^F, परती^F, बिना जोती हुई जमीन^F; प्रत्यवाय, प्रतिरोध, रुकावट^F, विघ्न-बाधा^F; (यन्त्र०) **रोक**^F, **शहतीरी**^F, (परि०) **कंदा**।

B. A. Units Britsh Association Units.

bauxite बॉक्'साइट n. (खनिज०) एलूमिनियमवाली

मिट्टी^F; बौक्साइट, एल्यूमिनियमका एक खनिज।

bavin बैं'विन् n. काष्ठिका^F, ईंधन, सूखी हुई लकड़ियाँ^F।

bawbee बॉ'बी (स्कॉच) अधन्ना, आधी पेनी^F, = BAUBLE.

bawd बॉड् n. उपपत्नी^F, रखेल^F; दूती^F, कुट्टिनी^F, कुटनी^F; रात्रिचारिणी^F, वेश्या^F; अश्लील कथन।

bawdiness, bawdry –'डिनिस्, –ड्'रि n. अश्लीलता^F, अश्लील कथन।

bawdy –'डि n. & a. अश्लील, कुत्सित, फूहड़ (बात^F, कथन); ~ house वेश्यालय, चकला; कुट्टिनी-गृह, कुटनीघर।

bawl बॉल् v.t. & i. चीत्कार^F करना, चीखकर या झल्लाकर कहना या बोलना, चिल्लाना, पुकारना, बरस पड़ना।

bawled –ड् ⊙ a. कथित, कहा हुआ; बका गया।

bawley बॉ'लि n. मत्स्य-नौका^F, मछलियाँ^F पकड़नेके लिए छोटी नाव^F, (परि०) T.

bawn बॉन् n. पशु-व्रज, बाड़ा; दुर्गका प्रांगण।

bay[1] बे n. (बहुव० में) जयमाला^F, विजयमुकुट, कवि या वीरके लिए 'बे'की पत्तियों^Fकी माला^F; तेजपात या तेजपात जातिका 'लारल' वृक्ष, 'बे' वृक्ष-विशेष; ~ antler द्वितीय शृंगशाखा^F; ~-backed shrike पंच-वर्णक कलिंग पक्षी; ~ berry पश्चिमी भारतीय द्वीपसमूहोंकी एक झाड़ी; ~-rum 'बे'की पत्तियों^Fका सुगन्धित आसव।

bay[2] n. समुद्र-कुक्षि^F, उपसमुद्र, (प्रा० भू०) खाड़ी^F; पर्वतश्रेणी^Fका खाँचा; खण्डक;
~-floc, ~-ice, ~-state.

bay[3] n. (सैन्य०) खाई^F (में चलने) का मार्ग; प्लेटफार्म; दो पुश्तों या दो खम्भोंके बीचका एक स्थान, दीवारका खाँचा; ~ window बरोठेदार खिड़की^F, (यन्त्र०) निकली खिड़की^F, उभड़ी हुई खिड़की; sick ~ जहाजी अस्पताल।

bay[4] n. कुत्तेकी चीत्कार^F, भौं-भौं^F, शिकारी कुत्तोंका भूँकना; *stand* or *be at, turn to, hold hounds* etc. *at* ~ पलटकर लड़नेको उद्यत होना, आत्मरक्षा करना, घेरना।

bay[5] v.t. & i. (शिकारी कुत्तोंका) चीत्कार^F करना, भौंकना, भूकना।

bay[6] n. & a. कुम्मैत, लाखके रंगका (घोड़ा)।

bayadere बेयॅडेॲर्' n. नृत्य-बाला^F, नर्तकी^F, पतुरिया^F, नचनी^F।

Bayard बे'ॲर्ड् n. जवनाश्व, अतिद्रुतगामी घोड़ा; वीर, सूरमा।

bayonet[1] बे'ॲनिट् n. **किरिच^F, संगीन^F**, छोटी तलवार^F; ~-catch कुण्डा (जिसके साथ बन्दूक^Fमें संगीन लगायी जाती है); Spanish ~ कुमुदिनी^Fके प्रकारका पौधा; *the ~ or ~s* सेना; (पूर्वस्थित संख्या^Fके साथ) इतने पदाति, पैदल।

bayonet[2] v.t. संगीन^F द्वारा आघात करना, संगीन^Fसे भोंकना, संगीन^Fसे मारना; ~ *into* सैन्यबल द्वारा (ला० दबाव द्वारा) अधीन करना, विवश करना।

bayou बाइ'यू n. कुण्डल-कासार; नदी-शाखा^F, उत्तरी अमेरिकाके दक्षिणी भागकी नदी^Fकी दलदली शाखा^F।

bays बेज् n. pl. माला^F, हार; साहित्यिक ख्याति^F, प्रतिष्ठा^F।

bay-salt बे'-सॉल्ट् n. कुक्षिलवण, वाष्पीकरण द्वारा प्राप्त नमक, समुद्री नमक।

bazaar, bazar बॅज़ार्' n. बाज़ार।

B.B. bail bound; Boys' Brigade; buffalo bull; very black (pencil).

B.B.A. British Bankers' (Beekeepers) Association.

B.B.C. British Broadcasting Corporation.

B.B.F.C. British Board of Film Censors.

B.C. Before Christ; Board of Control; British Columbia; Battery Commander; British Council; book circular; booking clerk.

B.C.E. Before Christian Era.

b.c.g. (B.C.G. भी) bacillus of Calmette and Guerin, anti-tuberculosis vaccine.

B.Ch. *Baccalaureus Chirurgiae*, Bachelor of Surgery.

B.Ch.D. Bachelor of Dental Surgery.

B.C.L. Bachelor of Civil Law.

B.Cl. Budget Clerk.

B.Com., B.Comm. Bachelor of Commerce.

B.D. Bachelor of Divinity.

bd. bound; *band*, a volume.

B.D.A. British Dental Association.

Bde. Bridge; Brigade; *bande*, volumes.

bdellium डे'लिॲम् n. गुग्गुल; गुग्गुलका पेड़।

B.D.O. Block Development Officer.

B.D.S. Bachelor of Dental Surgery; Bomb Disposl Squad.

bds. boards.

B.E. Bachelor of Engineering; bill of Exchange; Board of Education.

Be. beryllium.

b.e. bill of exchange.

be- BY (prep. & adv. का शिथिल रूप) सकर्मक क्रियाओं^Fपर अधिक बल देनेके लिए प्रयुक्त (जैसे, ~*daub*, ~*smear*); अकर्मकको सकर्मक बनानेमें (जैसे, ~*come*); संज्ञाओं^Fसे सकर्मक क्रिया^F बनानेमें (जैसे, ~*friend*); विशेषणोंसे सकर्मक क्रिया^F बनानेमें (जैसे, ~*dim*, ~*calm*); संज्ञाओं^Fसे स्थानवाची अव्यय और क्रियाविशेषण बनानेमें (जैसे, ~*side*, ~*cause*): लाक्षणिक अर्थोंमें (जैसे, ~*head*)।

be* बी, बि v. (p.p. *been*, दे० is, are, was, were भी) होना* (*there is God*); वर्तमान होना, किसी स्थानमें होना (*is in the garden*); रहना; जारी होना (*let it* ~); व्यस्त होना (*what are you at*); हो आना (*he has been to Rome*); जानेको प्रवृत्त होना (*I am for London*); आना-जाना (*has anyone been*); आ पड़ना (*woe is me*); (कर्म-वाच्यमें) जाना (*this is done*); करना (*I am to inform you*); ~ all निचोड़, सब कुछ; ~ all and end all एकमात्र उद्देश्य; ~ *in time* समय पर पहुँचो, समयपर करो; ~ *off* दूर हो, हटो, चलो; *may* ~ स्यात्, शायद; *would*-~ भावी, होनेवाला।

B.E.A., BEA British European Airways; British East Africa; British Engineers' Association.

beach[1] बीच् n. **पुलिन**[F], बालू-तट, बालू-कंकड़वाला समुद्र-तट; **किनारा**, बालू[F], बटियाँ[F], कंकड़, कंकर; (यन्त्र०) **गोला**; ज्वार-भाटाके मध्य देख पड़नेवाला तट; ~-comber (परि०) **किनारा छनक्कड़**, समुद्र-तटपर फिरनेवाला आवारा; ~-head **पुलिन पदाधार**, समुद्र-तटपर सुरक्षित स्थान[F]; ~-master **पुलिन-पति, बीच मास्टर**, (सेना[F]) तटपरकी देख-भाल[F] करनेवाला अफसर; ~-rest समुद्र तटपर बैठनेके लिए पीठ[F]की टेक[F] या कुर्सी[F] (टेकनी[F], अड़काव);

~-cadger, ~ conglomerate, ~ deposit, ~ flea, ~ forest, ~ gradient, ~ grass, ~ mine, ~ placer, ~ rock, ~ sand, ~ umbrella, ~ wormwood.

beach[2] v.t. किनारेपर लंगर डालना, (नाव[F], जहाजको) **किनारेपर चढ़ाना**, किनारेपर (जहाज) लगाना।

beached –ट् a. वेलायित, किनारे या तीरवाला, वेलापन्न, तटगत, तीरपर पहुँचा हुआ।

beacon[1] बी'कॅन् n. मार्गदर्शक या प्रबोधक, **संकेतक**, (परि०) **संकेत-दीप**, पथ-प्रकाश, (संवि०) **आकाश दीप**; संकेत, चेतावनी[F]; द्योतन; दीप-स्तम्भ, प्रकाश-गृह; सिग्नल-स्टेशन; खम्भे या पहाड़ी[F]पर स्थित सांकेतिक अग्नि[F]; T.

beacon[2] v.t. प्रकाश-स्तम्भ स्थापित करना, प्रकाश-स्तम्भ लगाना; आलोकित करना, प्रकाश देना, प्रकाश दिखलाना, मार्ग-प्रदर्शित करना।

beaconge –निंज् n. प्रकाशस्तम्भ-शुल्क।

bead[1] बीड् n. (रसा०, यन्त्र०, प्रा० भू०) **मणिका**[F], **मनका**, गुटिका[F], गुटका, गुरिया[F], माला[F]का दाना; (यन्त्र०) **गोला**; बुलबुला, बूँद[F], (स्था०) गुरिया[F]के क्रमकी भाँति कारनिसदार सजावट[F] या अर्धवृत्ताकार ठप्पे, मोहरा; बन्दूककी मक्खी[F]; (मूलतः) प्रार्थना[F] (स्तोत्र), भजन, उपासना[F], विनती[F]; T; ~-house उपासनागृह; ~ plane (यन्त्र०) **गोल रंदा**; ~-roll नामोंकी तालिका[F], लम्बा क्रम; ~sman भिखारी; मालावाला; पेंशन[F] पानेवाला; *draw a* ~ *on* लक्ष्य करना, निशाना बाँधना; *tell one's* ~*s* माला[F] जपना।

bead[2] v.t. & i. मनके डालना, गुरिया[F] पिरोना, लड़ी बनाना, गूँथना।

beaded –'डिड् a. ग्रथित (वन०) मालाकार, मणिकामय (~ *root*), मनकेदार (*rim*), गुरिया[F]वाला; ~ pointing (यन्त्र०) **गोटेदार टीप**[F]।

beadhouse बीड्'हाउस् a. प्रार्थना-भवन, भक्ति-शाला[F], भजन-भाव करनेका निवास।

beading –'डिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); गुरिया[F]की भाँतिकी छँटाई[F], गुरियादार कानिंस[F]; (चि०) गुरियाकी उत्पत्ति[F] (पसलियोंमें); **उभरी नक्काशी**[F], **गोंठन**[F] (~ *tool*)।

beadle बी'डॅल् n. न्यायालय-दूत, धर्माधिकरणका दूत; पादरीके प्रदेशका अधिकारी, जमादार; किसी व्यवसाय-संघ या कम्पनी[F]का नौकर, चपरासी, कारिन्दा।

beadledom –डॅम् n. अनौपचारिकता[F], अनावश्यक तत्परता[F], मूर्खतापूर्ण हस्तक्षेप।

beadswoman बीड्स्'वुमॅन् n. अर्थिप्रार्थिनी[F], पुजारिन[F], भाड़ेपर पाठ-पूजा करनेवाली स्त्री[F]।

beady बी'डि a. गुटिकासदृश, छोटे और चमकदार (नेत्र); गुरिया[F] या बूँदों[F]से भरा।

beagle बी'गॅल् n. पियादा; गुप्तचर, जासूस; रहस्यभेदक कुत्ता, शिकारी कुत्ता, खोजी कुत्ता।

beagling –लिंग् n. कुत्तोंके साथ शिकार करना।

beak[1] बीक् n. (जीव०) **चंचु**[F], **चोंच**[F], टोंट[F]; प्राचीन युद्धपोतकी निकली हुई चोंच[F]; टोंटी[F]; थुथनी[F], तोतेकी-सी नाक[F]; तीक्ष्णाग्र पदार्थ।

beak[2] n. (ग्रा०) दण्डनायक, मजिस्ट्रेट; अध्यापक, मास्टर।

beaker बी'कॅर् n. पानपात्र, चषक, मधुपानका बड़ा प्याला, गिलास, (चि०, रसा०, वन०) **बीकर**; चंचुकी[F]; थरिया[F], टोंटीदार कटोरा (रासायनिक परीक्षा[F]के लिए);

~ cover, ~ folk, ~ grave, ~ tongs.

beam[1] बीम् n. (करघेका) तीर, तुर; (कृषि०) **अंशु**; **फड़**; **दंड**, तुलादण्ड, तराजूकी डण्डी[F]; (कृषि०) **हलस**, (हलका) हरिस; (काठकी) **धरणी**[F], बल्ली[F], **कड़ी**[F], **धरन**[F], **शहतीर**, **बीम**[F]; लंगर-दण्ड; तुलाय, इंजिनके धुरेको पिस्टनसे जोड़नेवाला उत्तोलन-दण्ड (लीवर); गाड़ी[F]का धुरा; रश्मिमाला[F], (विद्यु०) तरंगावली[F], किरणावली[F], किरण[F]; जहाजकी चौड़ाई[F]; कान्ति[F], स्मिति[F], मुस्कान[F], दमक[F] (चेहरेकी); ~ engine वाष्प-यन्त्र, (एक प्रकारका इंजिन जिसमें सलाख[F] लगी होती है); ~ compass (भौ०) **दण्ड-परकार**[F], (यन्त्र०) **बड़ी परकार**[F]; ~ knee (परि०) **कोहनी**[F]; ~ mould (परि०) **अभ्यन्तर चौड़ाई**[F]; ~ system (बेतारके तारमें) किरणविकिरण द्वारा सन्देशप्रेषणका ढंग; *kick the* ~ हल्का सिद्ध होना, हार जाना; *on her* ~*-ends* (जहाजका) एक ओर झुकाव, उलार; *on one's* ~*-ends* विपदा[F]में, दुरवस्था[F]में, संकटमें,

कंगाली^F^में;

~ aerial, ~ array, ~ balance, ~ bracket, ~ chock, ~ circuit, ~ connection, ~ current, ~ deflector, ~ end, ~ filling, ~ girder, ~ line, ~ numbering, ~ scale, ~ stand, ~ ticket, ~ treck, ~ transmission, ~ trawl, ~ tube, ~ voltage, ~ wind, ~ wing.

beam² v.t. & i. प्रसन्न होना, मुस्कराना; दमकना, चमकना, जगमगाना (प्यार, प्रकाश आदिसे); ज्योति^F विकिरण करना, प्रकाश डालना; **अंशु प्रेषित करना**, (परि०) **बीम करना**।

beaming बी'मिंग् a. प्रकाशमान् , दमकता, मुस्कराता हुआ।

beamless –म्'लिॅस् a. रश्मिरहित, निष्किरण; दीप्तिहीन, न चमकनेवाला।

beamy –'मि a. उज्ज्वल, प्रकाशित, प्रकाशमान्, देदीप्यमान् , चमकदार (क०); (का०, बरछी^F आदि) विशाल, बृहत् , बहुत बड़ा; चौड़ा (जहाज)।

bean बीन् n. (रसा०) शिम्बी^F, (प्राणि०, वन०) **सेम**^F, छीमी^F, बरबटी^F, बोड़ा, लोबिया (इस जातिके पौधे); (कृषि०, प्राणि०) **सेमवर्गीय**; उसी प्रकारके बीज (दूसरे पौधोंके); (ग्रा०) सिक्का; *full of ~s or ~-fed* समुल्लसित, उत्साहपूर्ण, प्रसन्न, उत्तेजित; *give* one *~s* (ग्रा०) कड़ा बर्ताव करना, दण्ड देना; डाँटना, फटकारना; *I haven't a ~* (ग्रा०) बिल्कुल खाली हाथ हूँ, मेरे पास एक भी सिक्का (पैसा) नहीं है;

~-fly, ~ planter, ~-stalk, ~-straw, ~-tree.

bean'-feast बीन्-फ़ीस्ट n. (ग्रा०) उत्सव, त्योहार; खेलकूद; मजदूरोंको दिया हुआ वार्षिक भोज (मालिक द्वारा)।

beano बी'नो n. आनन्दोत्सव; आमोद-भोज।

bear¹ बेॲर्' n. ऋक्ष, (जीव०) **रीछ, भालू**; अशिष्ट या रूखा मनुष्य; मूल्यपाती, (वाणि०) **मन्दड़िया**; मन्दीवाला, मन्दी^F का अनुमान करनेवाला, सट्टेबाज, सट्टा करनेवाला; (परि०) **सुम्बा मशीन**^F, छेद काटनेकी भारी मशीन^F; ~ garden कोलाहलका दृश्य; ~'s grease सुगन्धित तैल; ~-leader भ्रमणशील शिक्षक;

~-animal, ~-berry, ~-cat, ~ covering, ~ cub, ~ dog, ~ ward.

bear² n. सट्टा, सट्टेबाजी^F; (सरकारी हुण्डी^F के क्रय-विक्रयमें) भावकी हेराफेरी^F।

bear³ v.t. & i. (p. *bore*, p.p. *born, borne*) वहन करना, उठाकर ले जाना, ढोना, (का०, चि०) उठाना, ले जाना; किसी वस्तु^F में किसी चिह्न इत्यादिका होना या दिखाना, देना; व्यवहार करना; धारण करना, अन्तरमें रखना; उपयुक्त होना (*his language won't ~ repeating*); मार^F सहना; उत्तरदायित्व या भार सहना, सहारना; भार डालना; खरा उतरना (परीक्षा^F में); प्रयत्न करना; ढकेलना; उत्पन्न करना, जनना, जन्म देना (*has borne a child*); उपजाना, फलना; ~ *against* सहारा लेना; सम्पर्क रखना; ~ *a hand* सहायता^F देना; ~ *a part (portion) in* सम्मिलित होना, भाग लेना; ~ *arms* सैनिक बनना; ~ *company* v.t. सम्पर्क रखना, संगति^F में रहना, साथ देना; ~ *down* पछाड़ना, हराना, पटकना, (परि०) **अनुवात आना, हवा^F के रुखसे आना**; ~ *fruit* v.i. सफल होना; ~ *hard on* दबाना, सताना, किसीपर कड़ाई^F करना; ~ *in mind* स्मरण रखना, याद^F रखना; ~ *name* v. नाम धारण करना; ~ oneself *well* अच्छा व्यवहार करना, उचित रूपसे काम लेना; ~ *out* प्रमाणित करना; पुष्टि^F करना; ~ *raid* (वाणि०) **बाजार गिराना**; ~ *to the right, away, off* किसी ओर झुकना, रुख करना; ~ *up* (परि०) **अनुवात दौड़ना, हवा-रुख दौड़ना** (जहाजको) झंझावात^F या तेज हवा^F से दूर रखना; **भाड़े फेरना**; ~ *up for* (जहाजकी) दिशा^F परिवर्तित करना, मोड़ना, रुख बदलना; ~ *upon* सम्बन्धमें होना; सम्बन्ध रखना; ~ *with* सहन करना; काटना, गुजर करना; ~ *witness* v. साक्ष्य देना; *bring to ~* काममें लाना; *is borne in upon* one हृदयमें समा गया है, दिलमें बस गया है।

bearable बेॲ'रॅबॅल् a. वहन योग्य, सह्य, सहने योग्य।

beard¹ बीॲर्ड्' n. श्मश्रु, (वन०) **दाढ़िका**^F, **दाढ़ी**^F, सीप या घोंघा आदिकी मूँछ^F, मछलियों^F की गलमूँछें^F (गलमुच्छे); चिड़ियोंकी चोंच^F के काँटे, कड़े बाल; शूक, घासों^F की बाल^F; *in* one's ~ मुँहपर, खुलमखुला।

beard² v.t. दाढ़ी^F रखना; दाढ़ी^F पकड़ना या खींचना; प्रत्यक्षमें अवज्ञा^F करना, खुलकर सामना करना, चुनौती^F देना, खुलेआम विरोध करना; ललकारना, भिड़ना; ~ *the lion in his den* शेरको उसकी माँद^F पर ललकारना, किसीको उसके घरपर डाँट-डपट करना।

bearded –'डिड् a. श्मश्रुल, दढ़ियल, दाढ़ीवाला; कूचिंल; रेशेदार।

beardless -र्ड्'लिॅस् a. दाढ़ीहीन, दाढ़ीरहित।

beardlessness –निॅस् n. (वन०) बेरेशापन।

bearer बेॲ'रॅर् n. (रेल०) **वाहक**, वाही, **बैरा**, ले जानेवाला; (का०) **धारक**; (भारत) पालकी (शिविका) -वाहक, अनुचर, भृत्य, दूत, सेवक, कहार; (नौवि०) **आधार-दंड**; अंगरक्षक; फलदार पेड़, (*a good ~*); ~ cheque धनीजोग चेक, T; ~ company (सेना०) रणक्षेत्रके घायलोंको ले जानेवाले और सेवा^F करनेवालोंकी संगठित टुकड़ी^F;

~ bond, ~ debenture, ~ scrip; ~ security.

bearing –रिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); आचरण, व्यवहार, ढंग, बर्ताव; राजदूतीय भार या उपाय, अभिप्राय; क्षित्यंश; (नौवि०), **धारुक**; (ग०, प्रा० भू०) **दिक्-स्थिति**^F, **दिङ्मान**, दिशा^F, **दिशाकोण**; (विद्यु०) **बियरिङ्ग**, कल^F के भाग; आकार, रूप, सम्बन्ध

(*consider it in all its ~s*); ~ recorder दिशा-अभिलेखन; **दिङ्मान-अंकित्र**; ~ rein (घोड़ेकी) सिर उठानेवाली बाग^F; *to lose* one's *~s* अनिश्चित होना, ढिलमिल होना; *lose* one's *~s* भटकना, बहक जाना; ~ down (चि०) श्रोणीगत गुरुता^F या भारीपन, प्रसव-प्रवाहण।

bestiary –ॲरि n. पशु-कथा-संग्रह (जैसे पंचतन्त्र, हितोपदेश)।

bestick बि`स्टिक्' v.t. चिपकाना, लगाना; सजाना।

bestill बि`स्टिल्' v.t. शान्त करना, नीरव बनाना।

bestir बि`स्टर्' v. refl. (*–rr–*)(स्वार्थे) आलोड़ित करना; चेष्टा[F] करना, प्रयत्न करना, हाथ-पैर मारना, दौड़-धूप[F] करना; (अपनेको) उकसाना, भड़काना; कार्यव्यस्त होना, काममें लगना या लगाना।

bestow बि`स्टो' v.t. अर्पित करना, प्रदान करना, (उपहारकी भाँति) देना; ठहराना, टिकाना; जमा करना, रखना।

bestowal –ॲल् n. उपहार, दान।

bestower –ॲर् n. दाता, अर्पयिता।

bestowment –'मॅन्ट् n. अर्पण, उत्सर्जन; दान।

bestraught बि'स्ट्रॉट' a. विक्षिप्त, विकृतचित्त, पागल।

bestreak बि'स्ट्रीक्' v.t. धारियाँ^F बनाना या लगाना।

bestrew बि'स्ट्रू' v.t. बिखेरना, बिखराना, छितराना, छींटना, फैलाना।

bestride बि'स्ट्राइड्' v.t. दोनों टाँगें^F फैलाकर खड़ा होना; (ला० भी); विक्रमण करना, सवारी^F करना, बैठना, चढ़ना (घोड़े या कुर्सी^F पर)।

bestuck बि'स्टक्' a. p.t. of BESTICK.

bestud बि'स्टड्' v.t. जड़ित करना, नग इत्यादि जड़ना।

Bet. between.

bet बे'ट् n. १. सर्वपण, (का०) **पण**, भाग्यदा^F, परिकल्पना^F, पणबंध, शर्त^F, जुआ, सट्टा, बदान, बाजी^F; २. v.t. & i. (*bet, betted*) (व्यवसाय) धन आदिको खतरेमें डालना, दाँव या बाजी^F लगाना, (का०) **पण** या शर्त^F **लगाना**, बदना; *you* ~ विश्वास मानो, इसे सत्य जानो।

beta बी'ट n. यूनानी वर्णमाला^Fका द्वितीय अक्षर (=B); दोकी संख्या^F; सप्तर्षियोंमेंका दूसरा तारा; पालंक-प्रजाति^F; T.; ~ plus लगभग प्रथम श्रेणी; ~ rays रेडियोके विचदणु (जिन्हें मूल किरण माना गया);
~-antimony, ~ brass, ~ coefficient, ~ dash, ~ disintegration, ~ function, ~-glucose, ~ iron, ~-naphthol, ~-naphthyl, ~ particle, ~-spore.

betake बि'टेक्' v. refl. किसी काममें प्रवृत्त होना, लगना; (किसी स्थान या व्यक्तिके पास) आश्रय लेना, जाना, (अपनेको) पहुँचाना; समर्पण करना, (अपनेको) किसी ढंगके अनुकूल बनाना, अपनाना, मान लेना।

beteem बि'टीम्' v.t. उत्पन्न करना, बढ़ाना।

betel बी'टॅल् n. ताम्बूल, पान; ~ leaf ताम्बूलपत्र; ~-nut पुंगीफल,(वन०) पूग, **सुपारी**^F, छालिया;~-nut tree सुपारी वृक्ष; ~ palm, ~-nut palm खदिर, खैर; ~ leaf vine, ~ pepper.

Betelgeuse† (F) n. (ज्यौ०) **आर्द्रा**।

bete noire† (F) हौवा।

beth बेथ्, 'बे'थ् n. ब, बी।

bethankit बि'थैन्'किट् n. भोजनोपरान्त भगवान्‌का धन्यवाद।

Bethel बे''थॅल् n. मल्लाहोंका गिरजा; इंगलैण्डके राजमतके विरोधी ईसाइयोंका गिरजाघर; पवित्र स्थान।

bethink बि'थिंक्' v. refl. (स्वार्थे) ध्यानमें लाना, मनमें समाना या आना, सूझना; अपनेको स्मरण करना, विवेचन करना, चिन्ता^F करना; याद^F आ जाना, ठनकना, सोच^Fमें आना।

bethrall बि'थ्रॉल्' v.t. दास बनाना, गुलाम बनाना।

bethrow बि'थ्रो' v.t. रशनावत् करना, ऐंठना।

bethumb बि'थम्' v.t. अँगूठेका दाग लगाना, अँगूठेसे गन्दा बनाना।

bethump बि'थम्प्' v.t. ताड़ना करना, प्रहार करना, पीटना, थपथपाना।

bethwack बि'थ्वैक्' v.t. पीटना।

betide बि'टाइड्' v.t. & i. संघटित होना, घटित होना, घटना, आ पड़ना, बीतना (*woe* ~ *him*)।

betimes बि'टाइम्ज्' adv. यथावसर, यथासमय, समयपर; (दिन, वर्ष, जीवनके) पहले पहरमें।

betise† (F) n. अप्रासंगिक वार्ता^F, मूर्खतापूर्ण बात^F, बालिश चर्चा^F; असमय कर्म, अनुपयुक्त कार्य।

betitle बि'टाइ'टॅल् v.t. उपाधि^F देना।

betoken बि'टो'कॅन् v.t. भावीकी सूचना^F देना, भविष्यको बताना, पूर्वसूचना^F देना, लक्षण सूचित करना, संकेत करना, जताना; संकेतों द्वारा प्रदर्शन करना।

beton बे''टॅन् n. कंक्रीट; चूने तथा रोड़ी^Fका मिश्रण।

betony बे''टॅनि n. छिन्नाण्डपर्णी^F, बैंगनी रंगके फूलवाला एक पौधा।

betook बि'टुक्' p.t. दे० BETAKE.

betoss बि'टॉस्' v.t. उछालना, उत्क्षेपण करना।

betray बि'ट्रे' v.t. (राज०) **विश्वासघात करना**, (व्यक्ति या वस्तु^Fको) विश्वासघातसे शत्रुके हवाले करना, भक्तिहीन या द्रोही होना, द्रोह करना, धोखा देना, बहकाना; प्रकट करना, भेद खोलना।

betrayal –'ॲल् n. (राज०) **विश्वासघात**, कपट, द्रोह, धोखा; रहस्य-विभेद।

betrayer –ॲर् n. विश्वासघातक, (राज०) **विश्वासघाती**, वंचक, द्रोही, कपटी।

betrim बि'ट्रिम्' v.t. सजाना, क्रममें रखना।

betroth बि'ट्रोद्' v.t. वाग्दान करना, विवाहके लिए वचन देना, सगाई^F या मँगनी^F करना।

betrothal –'दॅल n. (का०) **वाग्दान**, **सगाई**^F, मँगनी^F।

betrothed –द्ड् n. & a. मंगेतर।

betrothment –द्मॅन्ट् n. सगाई^F, मँगनी^F।

better बे''टॅर् n. अधिक योग्य व्यक्ति (*one's* ~), बड़े लोग; the ~ प्रभुत्व; **श्रेष्ठता**^F; २. a. & adv. प्रशस्ततर, उच्चतर, श्रेष्ठतर, उत्तर, सुन्दरतर, भद्रतर, अधिक अच्छा, दूसरेसे अच्छा; सम्पन्न; ~ half पत्नी^F; ~ off अधिक सुखी, पहलेसे अधिक सम्पन्न; ~ living (अर्थ०) **उन्नत जीवन स्तर**; ~ part अधिकांश, बड़ा भाग; ~ *than one's word* वादेसे अधिक; *be, get,* ~ कुछ स्वस्थ होना; *change for the* ~ उन्नति^F, बढ़ती^F करना; *get the* ~ *of* विजित करना, हरा देना; *I know* ~ मैं इसे माननेको उद्यत नहीं; मैं इतना मूर्ख नहीं (कि यह करूँ); *no* ~ *than* वस्तुतः, लगभग; *think* ~ *of it* विचार परिवर्तित कर देना; *had* ~ अच्छा होता कि।

better² v.t. & i. श्रेयस्कर बनाना, सुधारना, सँवारना, अधिक अच्छा कर देना; उन्नति^F करना, (किसीसे) बढ़ जाना, आगे हो जाना; ~ *oneself* उन्नति^F करना, अच्छा वेतन प्राप्त करना, बढ़ती^F करना; आत्मसुधार करना, आत्मोन्नयन करना और आगे बढ़ना।

better[3] n. शर्त या बाजी बदने या लगानेवाला।
betterment –मॅन्ट् n. सुधार, (का०) **उन्नति**[F], बढ़ती[F]; (स्थानीय सुधारोंके कारण) बढ़ा हुआ दाम; ~ tax (अर्थ०) **समुन्नति-कर**।
bettermost –मोस्ट् n. सर्वोत्तम, सबसे अच्छा।
betterness –नि॑स् n. उन्नति[F]; उच्चतरत्व, अच्छापन।
betting बे॑टिंग् n. (का०) **पण** (~*transaction*), पणन, **पणक्रिया**[F], शर्त[F] लगाना, बाज़ी[F] लगाना; ~ tax (अर्थ०) **बाज़ीकर**।
betty बे॑टि n. **नौकरानी**[F]; सेंध काटनेका हथियार।
betumbled बि॑टम्॑बॅल्ड् a. अव्यवस्थित, इधर-उधर लुढ़का हुआ।
between* बि॑ट्वीन्॑ adv. & prep. मध्यमें, **बीचमें***, में; अन्तरालमें; अन्तरमें; योजकके रूपमें; विभाजकके रूपमें; इधर-उधर (*go* ~); अंशतः; इस कारणसे; go-~ मध्यस्थ; दलाल; ~ *cup and lip* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका, आशाओं॑पर पानी फिरना; ~ *devil and deep sea* आगे आवें टाँगें[F] टूटें पीछे मुड़ें तो आँखें[F] फूटें, वचनेकी कोई आशा[F] न रखते हुए, न इधरके न उधरके, एक तरफ कुआँ दूसरी तरफ खाई[F]; ~ *ourselves* गोपनीय; ~ *two stools* (*we come to the ground*) दुविधा[F]में, असमंजसमें, दुविधा[F]में दोनों गये माया[F] मिली न राम; ~ *whiles* कभी-कभी; बीच-बीचमें; ~ *wind and water* डाँवा-डोल; *betwixt and* ~ आधा-आधा; *choose* ~ दोमेंसे एक चुनना; *far* ~ कभी-कभार; *stand* ~ मध्यस्थ होना, बीच-बचाव करना, बीचमें पड़ना।
between-maid –मेड् n. साहाय्य भृत्यदारिका[F], ऐसी नौकरानी[F] जो दूसरे नौकरोंके काममें भी मदद करती है।
betwixt बि॑ट्विक्स्ट्॑ prep. & adv. अन्तरमें, बीचमें।
bevel[1] बे॑वॅल n. (~ *square* भी) प्रवणित्र, प्रवणचक्र, **प्रवणकोण**, प्रवण, कोर, गोनिया, **मायल गुनिया**[F], (यन्त्र०) **पख**; (प्रा० भू०) **सप्रवणता**[F], ढाल[F], ढलवाँ तल; **कटाव**; ~ gear प्रवणदन्ति, भिन्न दिशा[F]में घूमनेवाला दाँतेदार पहिया; ~-wheels एक दूसरेपर आड़े चलनेवाले पहिये।
bevel[2] v.t. & i. (*-ll-*) प्रवणन करना, कोर-साधन करना, कोण-प्रवणन करना, (कोर निकालकर) ढालू बनाना।
bevelled –ड् a. **प्रवणित**; ढलवाँ; (पुरा०) **कटावदार**, **खाँचेदार**, तिरछा बना हुआ, टेढ़ा कटा हुआ; ~ edge, ~ gear, glass, ~ rim.
bevelling –लिंग् n. (रसा०) **कोर-साधन**, प्रवणीकरण, कोणवत् बनानेकी क्रिया[F]; ~ machine कोर-साधक यन्त्र।
bever बे॑वॅर् n. तुरत-फुरत भोजन।
beverage –रिज् n. (चि०) **पेय**, पानीय, मद्य, शराब[F] या शर्बत।
Bevin boy बे॑विन्-बॉय n. (गुप्त मतदान द्वारा चुना हुआ) युवा खनिकर्मी।
bevy बे॑वि n. मण्डली[F], झुण्ड, टोली[F] (स्त्रियों[F], हरिणों, बटेरों[F], लवोंकी); पक्षियोंका झुण्ड।
bewail बि॑वेल्॑ v.t. & i. विलाप करना, परिशोचन करना, अनुरोदन करना, शोक मनाना, शोक करना, हाथ मलना, रोना-पीटना।
bewailable –'लॅबॅल् a. शोच्य, विलापके योग्य।
bewailing –लिंग् n. अनुरोदन, विलाप, क्रन्दन।
bewailment –ल्'मॅन्ट् n. = BEWAILING.
beware बि॑वेअॅर्॑ v.i. & i. सचेत रहना, सतर्क या सजग होना, सावधान होना, ध्यान रखना, चौकस रहना, चौकन्ना रहना।
beweep बि॑वीप॑ v.t. & i. परिशोचन करना; विलाप करना, रोना।
beweltered बि॑वे॑ल्॑टॅर्ड् a. शोणसिक्त, रक्त-परिलिप्त, खूनके धब्बोंवाला।
bewet बि॑वे॑ट्॑ v.t. सिक्त करना, भिगोना।
bewigged बि॑विग्ड्॑ a. आडम्बरपूर्ण; 'विग' टोपी[F] पहने हुए, कृत्रिमकेशधारी।
bewilder बि॑विल्॑डॅर् v.t. विभ्रान्त करना, व्यामोहन करना, पर्याकुल करना, व्यामोह या सम्भ्रममें डालना, आकुल करना, भ्रान्त करना, घबरा देना, हैरान करना, बहकाना, भटकाना, भुलाना।
bewildered –ॅर्ड् a. व्यग्र, पर्याकुल, विभ्रान्त, व्यामोहित, किंकर्त्तव्यविमूढ़, घबड़ाया हुआ।
bewildering –रिंग् a. असमंजसकारी।
bewilderment –र्'मॅन्ट् n. सम्भ्रम, वैक्लव्य, सम्मोह, भ्रम, व्यग्रता[F], घबड़ाहट[F], परेशानी[F]।
bewilderness –'नि॑स् n. = BEWILDERMENT.
bewitch बि॑विच् v.t. अभिचार करना, मन्त्रमुग्ध करना, वशीकरण करना, मूठ चलाना, जादू करना, जादू डालना; मोहना, रिझाना, लुभाना।
bewitchery –रि n. मोहनी शक्ति[F]; BEWITCHMENT.
bewitching –'चिंग् a. मनोहारी, मोहक, मनमोहन, चितचोर, आकर्षक।
bewitchment –च्'मॅन्ट् n. वशीकरण, मोहन, आकर्षण।
bewray –बि॑रे॑ v.t. (प्रा०) (भूल[F]से) गुप्त कथा[F] प्रकाशित करना, रहस्योद्घाटन करना, स्पष्ट करना, भेद खोल देना।
bey बे n. जिला शासक; तुर्की गवर्नर, बे (बेग)।
beylic, –k बे॑लिक् n. बेगका प्रान्त।
beyond बि॑यॉन्ड्॑ १. n. (*The B*~) भावी, अज्ञात, परलोक; २. adv. & prep. से बाहर (~ *reach*); बढ़कर, से अधिक (*you have prospered* ~ *me*); अतीत, (विधा०) **से परे**, पार, उस ओर, दूसरी ओर, परले किनारे, बाहर-बाहर, दूर, उधर; अतिरिक्त, सिवाय; ~ *measure* अपरिमित, अमित, अतिमात्र, सीमातीत, सीमा[F]से बाहर, हद[F]से ज्यादा; *to go* ~ सीमातीत हो जाना, सीमोल्लंघन करना, पार होना।

bezant बे`ज़ॅन्ट्, बि`ज़ैन्ट्' n. ९वीं शताब्दी^{F}से प्रचलित यूरोपकी स्वर्णमुद्रा^{F}, रजत मुद्रा^{F} भी, बीज़न्त ।
bezel बे`ज़ॅल् n. घड़ी^{F}में नगीना या शीशा टिकानेकी झरी^{F} या नाली^{F}; तराशे हुए नगीनेका पहलू; (पुरा०) **तिरछा पहलू,** छेनी^{F}का ढलवाँ पहलू, रुखानी^{F}की तिरछी धार^F आदि ।
bezique बि`ज़ीक्' n. ताशका एक खेल, बिज़ीक ।
bezonian बि`ज़ो'निअॅन् n. भिक्षुक, अकिंचन, याचक, भिखारी; शौण्ड, शठ, दुष्ट, बदमाश ।
b.f. bloody fool.
B.G. Brigadier General; Broad Gauge.
b.h. breast height.
bhang बैन्ग् n. भंग^F, भाँग^F ।
b.h.p. brake horse power.
B.H.Q. Brigade Headquarters.
B.Hy. Bachelor of Hygiene.
B.I. Borstal Institution; Bridge Inspector.
Bi. bismuth.
bi- द्वि-, द्विगुण, द्विगुणित, दुगुना, दो बार होनेवाला (जैसे, *~central*, *~-concave*, *~corporal*, *~cuspid*, *~florate*, *~labiate*, *~linguist*, *~monthly*, *~rostrate*, *~serrate*, *~valve*.
biangular बाइऐङ्'ग्यूलर् a. **द्विकोणकीय,** द्विकोणीय, दो कोणोंवाला ।
biannual बाइऐ'न्युअॅल a. ~अर्धवार्षिक ।
biarticulate बाइ-आर्टि'क्युलॅट् a. द्विसन्धि, दो जोड़ोंवाला ।
bias[1] बाइ'अॅस् n. गेंदका चपटापन; गेंदका तिर्यक् मार्ग; (का०) (गेंदसे रूपक) **पूर्वग्रह,** पक्षपात; अभ्यानति^{F}, (का०) **अभिनति^{F}, नति^{F},** प्रभाव, **झुकाव** (*~ distortion*), तरफदारी^{F}; ~ voltage **अभिनत वोल्टता^{F};** *cut on the ~, cut ~* तिरछा काटना ।
bias[2] v.t. प्रोत्साहन देना (पक्षपातके साथ); (अनुचित) प्रभाव या दबाव डालना, पक्षपातपूर्ण करना, मोड़ देना ।
biased –ड् a. **अभिनत** (*~ error*, *~ sampling*) ।
biaxial बाइऐक्'सिअॅल् a. (प्रा० भू०, भौ०) **द्वयक्ष,** द्विअक्षीय (*~ crystal*), दो धुरेवाला ।
bib[1] बिब् n. एप्रन का गला; (बच्चोंके गलेमें बाँधा हुआ कपड़ा, बच्चेकी गतिया^{F}, गलेका रूमाल, बिब ।
bib[2] n. एक प्रकारकी मछली^{F} ।
bib[3] v.t. अत्यधिक, पुनः-पुनः पान करना, पीना ।
Bib. Bible; Biblical.
bibacious बिबे'शॅस् a. व्यसनी; विषयी; मदिरालु, शराबी ।
bibber बि'बॅर् n. माताल, पियक्कड़, पक्का शराबी ।
bibbing –बिंग् n. & a. मदिरापान, मदिरापानकी^{F} (आदत^F) ।
bibble-babble बि'बॅल्-बै'बॅल् n. तुच्छ संलाप, छिछली बातचीत^F; प्रमाद-वार्ता^{F}, आलसभरी बात-चीत^F ।
bib-cock बिब्'-कॉक्' n. (नलके छोरपर लगी हुई झुकावदार) **टोंटी^{F} ।**
bibelot बीब्'लो n. कलामयी तुच्छ वस्तु^{F} या सुन्दर आभूषण ।
Bibl. Biblical.
bibl. bibliotheca.
Bible बाइ'बॅल् n. ख्रीष्टीय धर्म-पुस्तक^F, (ईसाइयोंकी) बाइबिल^F, इंजील^F; आधिकारिक पाठ्यपुस्तक^F ।
biblical बिब्'लिकॅल् n. बाइबिल या इंजील-सम्बन्धी ।
biblicism –लिसिज़्म् n. बाइबलवाद, बाइबल-भक्ति^{F} ।
biblicist –सिस्ट् n. बाइबिल-निष्णात, बाइबिल^{F}के ज्ञानमें सर्वज्ञ, बाइबलवादी, बाइबिली ।
biblico- BIBLICAL का संयोग-रूप (जैसे, *~-poetical*) ।
biblio- ग्रन्थ, पुस्तक, (जैसे, *~graphy*, *~latry*, *~mania*) ।
bibliog. bibliographer; bibliography.
bibliographer बिब्लिऑ'ग्रॅफ़र् n. **ग्रन्थ-सूचीकार,** ग्रन्थवर्णना-लेखक, ग्रन्थविज्ञानी, साहित्यिक ग्रन्थोंका इतिहासलेखक ।
bibliographical –अग्रै'फ़िकॅल् a. ग्रन्थ-विज्ञानीय; ग्रन्थवर्णना-सम्बन्धी ।
bibliography –ऑ'ग्रॅफ़ि n. सन्दर्भिका^{F} (शिक्षा०) **संदर्भ-ग्रन्थसूची^{F}, ग्रन्थसूची^{F},** ग्रन्थवर्णना^{F}, ग्रन्थविवरणी^{F}, पुस्तक-विद्या^{F}, पुस्तकतालिका^{F} ।
biblioklept –'क्ले`प्ट् n. पुस्तक-चोर, किताब-चोर ।
bibliolater –'लॅटॅर् n. बाइबिल^F या पुस्तक^{F}का पुजारी ।
bibliolatrous –ट्रॅस् a. ग्रन्थपूजा-सम्बन्धी ।
bibliolatry –ट्रि n. (दर्श०) **ग्रन्थपूजा^{F};** बाइबिल^F-का पूजन ।
bibliology –'लॅजि n. (शिक्षा०) **ग्रंथ-विज्ञान ।**
bibliomancy –'मॅन्सि n. धर्मपुस्तक-शकुन-विचार, बाइबिल द्वारा शुभाशुभ ज्ञान ।
bibliomania, bibliomaniac –अॅमे'निअॅ, –ऐक् nn. (दुर्लभ) पुस्तकसंग्रहणोन्माद, पुस्तक-संग्रहका प्रबल अनुराग या चाव; पुस्तक-संग्रही ।
bibliopegist –ऑ'पॅजिस्ट् n. जिल्दसाज़ ।
bibliophil(e) –'लिॲफ़िल n. पुस्तक-प्रेमी ।
bibliophilism –ऑ'फ़िलिज़्म् n. पुस्तक-प्रेम ।
bibliophilist –लिस्ट् n. पुस्तक-प्रेमी, किताबों^{F}का शौकीन ।
bibliophobia –अॅफ़ो'बिअॅ n. ग्रन्थ-भीति,^{F} ग्रन्थ-जुगुप्सा^{F} ।
bibliopole –'लिअॅपोल् n. पुस्तक-विक्रेता ।
bibliopolist –ऑ'पॅलिस्ट् n. पुस्तक-विक्रेता ।
bibliopoly –लि n. पुस्तक-विक्रय, पुस्तकोंकी बिक्री^{F} ।
bibliotheca –अथी'कॅ a. ग्रन्थागार, पुस्तकालय ।
bibliothecary –ऑ'थिॅकॅरि n. पुस्तकालयाध्यक्ष, ग्रन्थागाराध्यक्ष ।
bibliotheque† (F) –लिॲथीक् n. पुस्तकालय,

ग्रन्थागार, लाइब्रेरी[F]।

biblist बिब्'(बाइ'ब)लिस्ट् n. बाइबिल[F]में निष्णात, इंजील-विशारद ।

bibulous बि'ब्यूलॅस् a. अन्तश्चूषी, जलशोषक, पानी-चूस, पानीसोख; मद्यपायी, पियक्कड़, शराबी, पीनेका आदी ।

bicameral बाइकै'मॅरॅल् a. द्विप्रकोष्ठविशिष्ट, द्विसदनीय, द्विकक्षीय, **द्विसदन,** (राज०) **द्विसदनी** (~ *legislature*), **दुसदनी,** (विधा०) **द्विगृही,** दोघरा ।

bicameralism –लिज़्म् n. (राज०) **द्विसदनी पद्धति**[F]।

bicarbonate बाइकार्'बॅनॅट् n. (रसा०) उभय-प्रांगारीय; कार्बन-क्षार, बाइकार्बोनेट, कार्बोनिक अम्लका एक अम्लीय क्षार ।

bice बाइस्' n. ~ *or* blue ~, green ~ नीला और हरा रंग; हलका नीला और हरा रंग ।

bicentenary बाइसे'न्'टि(टी)'नॅरि n. & a. द्विशत-वार्षिक उत्सव, द्विशतवर्षीय जयन्ती[F], द्विशती[F]।

bicentennial –टे'निॲल् n. & a. द्विशती[F], द्विशत वार्षिक, द्विशतवर्षीय (उत्सव आदि) ।

bicephalous बाइसे'फ़ॅलॅस् a. द्विशिर, दोसिरा, दो-मूँड़ा, दो सिरोंवाला ।

biceps बाइ'से'प्स् n. (pl.~*es*) (चि०, जीव०, श० र० शा०) **द्विशिरस्का**[F] (~ *femoris* द्विशिरस्का और्वी[F]), T.; दोसिरा पुट्ठा, दोहरा पुट्ठा; पेशिलता[F], पुष्टता[F], तगड़ापन, मजबूती[F]।

bichloride बाइक्लॉ'राइड् n. (रसा०) द्विनीरेय; बाई-क्लोराइड ।

bichromate बाइक्रो'मॅट् n. (रसा०) द्विवर्णीय, बाईक्रोमेट (~ *call*), डाईक्रोमेट और डाइक्रोमिक अम्लका लवण (चि०) ।

bichrome –म् a. (नृ०) **दोरंगा** (~ *ribbon*) ।

biciliate बाइ'सिलिॲट् a. (वन०) **द्विपक्ष्मी** ।

bicipital बाइसि'पिटॅल् a. द्विशिर, द्विशिरस्क ।

bicker बि'कॅर् v.t. नोंक-झोंक[F] करना; कम्पमान होना; विवाद करना, कलह करना, झगड़ना; (नदी[F], नाला, वर्षा[F] आदिका) कलकल[F] करना, टपटप[F] गिरना, पट्पट्[F]का शब्द करना; (ज्वाला[F], प्रकाश आदिका) चमकना ।

bickering –रिंग् n. कलह; झगड़ा; स्पन्दन, प्रकम्पन ।

bickern बि'कॅर्न् n. नोकदार घन ।

bicollateral बाइकॅलै'टॅरॅल् a. (वन०) **द्विसंलग्न** ।

bicoloured बाइक'लॅर्ड् a. द्विवर्ण, दो रंगोंवाला ।

biconcave बाइकान्'केव् n. (भौ०) **उभयावतल** ।

bicone बाइ'कोन् n. (पुरा०) **द्विकोण** ।

biconvex बाइकॉन्'वे'क्स n. (भौ०) **उभयोत्तल** ।

bicorporate बाइकॉर्'पॅरॅट् a. द्विशीर्ष, दो सिरवाला ।

bicuspid बाइकस्'पिड् n. & a. (चि०, श० र० शा०) **द्विवली (दन्त),** द्विशुण्डी, **द्विकपर्दी, (हृदयकपाट),** द्विशिखी, दुनुक्का, दोशाखा (दाँत), दो नोकवाला (दाँत); **द्विकस्पी** ।

bicycle बाइ'सिकॅल् n. & v.t. पैरगाड़ी[F], साइकिल, बाइसिकिल; साइकिल[F] या दो पहियोंवाली गाड़ीपर चढ़ना, चलना ।

bicyclist –क्लिस्ट् n. साइकिल-सवार, बाइसिकिल[F]पर चढ़नेवाला ।

bid[1] बिड् n. प्रतिक्रोश, (कृषि०, अर्थ०, का०) **बोली**[F], मूल्यकथन, दाम लगाना; (ब्रिज या ताशके खेलमें) (हाथ बनाने या सर बनानेकी) संख्या[F]का कथन; *make* ~ *for* (ला० पुरस्कार, कृपा) प्राप्त करनेकी चेष्टा[F] करना ।

bid[2] v.t. & i. (p. *bad*, *bade*; p.p. *bid*, *bidden*) आदेश देना, आज्ञा[F] देना; नमस्कार करना (व्यक्तिको) (~ *farewell*); निमन्त्रित करना; प्रतिक्रोश करना, दाम लगाना, (का०) **बोली**[F] **लगाना,** नीलाममें बोली[F] बोलना; (ब्रिज नामक ताशके खेल विशेषमें) हाथ बोलना, तुरुप बोलना; घोषणा[F] करना (प्रतिरोध, ललकार[F] अथवा देशनिकालेकी); भेंट[F] करना, स्वीकार करनेके लिए रखना ⊙; ~ *beads* माला[F] फेरना; ~ *defiance* अवज्ञा[F] करना; ~ *fair to do* आशा[F] दिलाना; ~ *welcome* स्वागत करना ।

b.i.d. *bis in die*, twice a day.

biddable बि'डॅबॅल् a. आदेश योग्य, आज्ञा करने योग्य, घोषित करने योग्य, बताने योग्य (ताशके खेलमें हाथ); आज्ञाकारी; बाध्य ।

biddaze बिडा'जे n. (नृ०) **प्रस्तरकुटी**[F], T.

bidder बि'डॅर् n. नीलामी बोली[F] बोलनेवाला, (कृषि०, अर्थ०) **बोली**[F] **देनेवाला,** (का०) **बोली**[F] **लगानेवाला** ।

bidding –डिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें), प्रतिक्रोश, नीलामी बोली[F], (कृषि०, अर्थ०) **बोली**[F] **देना, बोली**[F] **लगाना;** आदेश, आज्ञा[F], प्रस्ताव; आमन्त्रण; (श्रम०) **पट्ट-विज्ञापन,** ~ prayers प्रार्थनामन्त्रण; ~ sheet **बोली-पत्र** ।

biddy बि'डि n. विहग, पक्षी, पंछी, चिड़िया[F]; कुक्कुट शावक, मुर्गीका बच्चा, चूज़ा ।

bide बाइड्' v.t. & i. (p. *bode*, p. & p.p. *bided*) ~ one's *time* उत्तम अवसरकी प्रतीक्षा[F] करना, मौका ताकना ।

bidental, bidentate बाइडे'न्'टॅल्, बाइडे'न्'टॅट् a. द्विदशनी, द्विदन्ती, दो दाँतवाला, दो दाँतवाला ।

biding बाइ'डिंग् n. प्रतीक्षण, ताक[F]; निवास, वास, ठहराव ।

bield बील्ड् n. आश्रय-स्थान; निवास, बसेरा ।

biennial बाइए'निॲल् १. n. (वन०) दो-साला पौधा, (जो दो बरस रहे अथवा प्रति दूसरे वर्ष फल-फूल दे); २. a. (कृषि०, वन०) **द्विवर्षी, द्विवर्षजीवी,** द्विवर्षीय, (कृषि०, शि०) **द्विवार्षिक** (~ *session*), **दोसाला** ।

biennium ॲम् n. (राज०) द्व्यब्दि, दो वर्ष ।

bienseance† (F) n. (सा०) **अनुरूपता**[F], शिष्टता[F]।

bier बीॲर् n. शवयान, अरथी[F], टिकठी[F], मुर्दा ले जाने-की गाड़ी[F], खटिया[F], जनाजा ।

B.I.F. British Industries Fair.

bifacial बाइफ़े'शॅल् a. द्वयनीक, (वन०) **द्विपृष्ठी,** समान भागवाला, परस्पर सदृश ।

bifarious बाइफ़ेअॅ'रिॲस् a. द्विपंक्तिक, द्विपार्श्विक ।

biff बिफ़् १. n. (प्रा०) चाँटा, घूँसा; २. v.t. चाँटा या घूँसा मारना या लगाना ।

biffin बि'फ़िन् n. गहरे लाल रंगका (पकानेका) सेब ।

bifid बाइ'फ़िड् a. (वन०) **द्विशाख,** द्विशाखी, द्विदर, द्विखण्डित, द्विखण्ड ।

bifilar बाइफ़ाइ'लॅर् a. **द्वितंतु, द्विसूत्री,** द्विसूत्रीय, दो सूतोंवाला;
~ cable, ~ micrometer, ~ oscillograph, ~ suspension, ~ wire.

bifocal बाइफ़ो'कॅल् a. द्विनाभिक, द्विनाभि, द्विसंगमी, (भौ०) **द्विफोक्सी,** दो-फ़ोकसी;
~ glasses, ~ group, ~ lens, ~ shoot.

bifold बाइ'फ़ोल्ड् a. दो तहवाला, दो परतोंवाला ।

bifoliate बाइफ़ो'लिॲट् a. द्विपत्र, द्विपर्ण, (वन०) **द्विपर्णी,** दुपतिया, दो पत्ती^F^वाला ।

biform, -ed बाइ'फ़ॉर्म्, -ड् a. द्वयाकार, दो रूपवाला ।

bifurcate[1] बाइ'फ़र्केट् v.t. & i. (प्रा० भू०) **द्विशाखित होना,** दो शाखाओं^F^में विभक्त करना या होना, दो फाँक^F^ करना ।

bifurcate[2] a. द्वयग्र, द्विशाख, (वन०) **द्विशाखित,** द्विधाकृत, द्विशाखा-विशिष्ट, दो फाँक किया हुआ ।

bifurcated -टि'ड् a. द्विशाखित, दो शाखाओं^F^में बाँटा हुआ; ~ ligament **द्विशिख स्नायु**^F^; ~ stair दुमुखी सीढ़ी^F^;
~ pipe, ~ rivet, ~ tube.

bifurcation -के'शॅन् n. (प्रा० भू०) **द्विशाखन,** द्विभाजन, दो खण्ड या फाँक^F^ करनेकी क्रिया^F^, विभक्त करनेका बिन्दु या स्थान; दो शाखाएँ^F^ या उनमेंसे एक ।

bifurcous -'कॅस् a. = BIFURCATE[2].

big बिग् a. बृहत्काय, महाकाय, भारी, बड़ा; वयस्क; महान्, गौरवपूर्ण, प्रभावशाली; गर्वीला; स्फीत; गर्भवती^F^; B~ Ben संसदकी बड़ी घड़ी^F^; ~ end धुरेके संयोजक डण्डेका सिरा; (रेल०) **बड़ा सिरा;** ~ game बड़ा शिकार; ~ horn रॉकी पर्वतकी भेड़^F^, पहाड़ी बकरी^F^ आदि; ~-shot बड़ा आदमी; ~ stick ⊙ शक्ति-प्रदर्शन; ~-wig बड़ा आदमी; ~ *with young*, एवं *~-bellied* गर्भवती^F^; *get, grow, too* ~ *for* one's *boots* (ग्रा०) अहंकार होना; घमण्ड होना; *look* ~ फूलना, अकड़ना; *talk* ~ शेखी^F^ मारना; *the B~ Three, Five* etc. किसी राष्ट्रके महान् व्यक्ति, बड़े-बड़े; *too* ~ *for* one's *boots* अभिमानी, अत्यन्त दम्भी, घमण्डी ।

bigamist बि'गॅमिस्ट् n. द्विपत्नीक, द्विपतिका^F^, द्विभर्तृका^F^, दो स्त्रियों^F^से विवाहित पुरुष अथवा दो पुरुषोंसे विवाहिता स्त्री^F^ ।

bigamous -मॅस् a. द्विपत्नीक, द्विपती^F^, दो पति (या दो पत्नी^F^) रखनेवाली^F^ (वाला); **द्विविवाह-संबंधी;** द्विभार्या या द्विभर्तृका-संक्रान्त, पत्नी^F^ या पतिके जीवित रहते दूसरा विवाह करनेवाला या वाली^F^ ।

bigamy -मि n. (का०, दर्श०, राज०) **द्विविवाह, द्विपत्नीत्व,** द्विपत्नी वा द्विपतीकरण, एक पति या पत्नी^F^के रहते हुए दूसरा विवाह ।

bigeminal बाइजे'मिनॅल् a. द्विगुण (जैसे नाड़ी^F^), दो जोड़ेवाला ।

bigg, big बिग्, बिग् n. जौ, जौकी क्यारी^F^ ।

bight बाइट् n. घुमाव, कटाव (तट अथवा नदी^F^ आदिका); (नौवि०) **गुम**^F^, खात, क्षुद्र उपसागर, **समुद्र तट;** मन्दवलय खाड़ी^F^, खाड़ी^F^; **दाँता; कावरी**^F^, फंदा, रस्सी^F^की फाँसी^F^, गाँसी^F^ ।

bigness बिग्'निॅस् n. विपुलता^F^, महानता^F^, बड़ापन; गर्व, घमण्ड ।

bigot बि'गॅट् n. हठधर्मी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध, कट्टर व्यक्ति ।

bigoted -टि'ड् a. पक्षपातपूर्ण, कट्टर ।

bigotry -ट्रि n. हठधर्मिता^F^, कट्टरता^F^, कट्टरपन, आग्रह, (दर्श०) **अंधानुयायिता**^F^, पक्षपात, धर्मान्धता^F^ ।

Biham† (Gk) n. (ज्यौ०) **अष्टम खगाश्व, बीहम** ।

bijou बी'ज़ू १. (pl. *~x*) n. रत्न, जवाहरात; अल्प मूल्यका आभूषण, टूम छल्ला; अलंकारिका^F^, छोटा-सा जेवर; २. a. गठा हुआ ।

bijouterie† (F) n. क्षुद्र आभूषण, टूम छल्ला^F^ ।

bike[1] बाइक् n. BICYCLE का संक्षेप ।

bike[2] n. मधुमक्षिका-छत्र, छत्ता ।

bilabial बाइले'बिॲल् a. द्वयोष्ठी, द्वयोष्ठ्य ।

bilabiate -ॲट् a (वन०) **द्वयोष्ठी** (~ *personate* संवृत्त, ~ *ringent* विवृत)

bilaminar बाइलै'मिनार् a. (चि०) **द्विफलकीय** ।

bilander बि'लैन्डर् n. दो पालवाली नाव^F^, T.

bilateral बाइलै'टॅरॅल् a. उभयपार्श्व, (चि०, जीव०) **द्विपार्श्व, द्विपार्श्वीय, द्विपार्श्विक** (~ *surface*), **द्विदेशीय,** द्विभुज, दो भुजाओंवाला, युग; उभयपक्षीय, **द्विपक्षीय, दुतरफा,** दो दलोंसे सम्बद्ध;
~ agreement, ~ balancing, ~ characteristic, ~symmetry, ~ infrastructure, ~ surface, ~ treaty.

bilateralism -लिज़्म n. उभयपार्श्वता^F^, द्विपक्षिता^F^, द्विपार्श्वता^F^; व्यापार-समता^F^, द्विपार्श्वसममिति^F^ ।

bilaterality -रै'लिटि n. **द्विपार्श्विकता**^F^ ।

bilberry बिल्'बॅरि n. नीलबदरी^F^, उत्तरी यूरोपकी एक कठोर छालवाली पर्वतीय झाड़ीके बेर, बिलबेरी^F^ ।

bilbo बिल्'बो n. (pl. *~os*) (इति०) खड्ग, तलवार^F^ ।

bilboes बिल्'बोज़् n. श्रृंखला^F^, कड़ी^F^, बेड़ी^F^ (कैदियोंकी) ।

bile बाइल् n. पित्तरस, (चि०, श० र० शा०, कृषि०) **पित्त,** पित्तदोष; असन्तोष; कर्कशता^F^, रूखापन, चिड़चिड़ापन; ~ cock (यन्त्र०) **मुड़ी टोंटी**^F^; ~-stone

पित्ताश्मरी^F;
~ acid, ~ capillary, ~ duct, ~ pigment, ~ salt, ~ tree.

bilge[1] बिल्ज् n. (ग्रा०) कूड़ा, कचरा; तोंद^F; पीपेका पेट; कूड़ाखाना, **गमतखाना, गमतरी^F; नितल,** जहाजकी पेंदी^Fका (भीतर या बाहरका) लगभग समतल भाग; ~-keel (नौवि०) **नितल पट्टी^F**; लुढ़कनेसे बचानेके लिए जहाजके तलमें लगा हुआ शहतीर; ~ water तुन्द जल, जहाजके तलमें एकत्र गन्दा पानी;
~ block, ~ diagonal, ~ ejector, ~ injection, ~ keel, ~ pipe, ~ plank, ~ pump, ~ rail, ~ shore, ~ stringer, ~ tank, ~ way, ~ well.

bilge[2] v.t. & i. जहाजके तलमें छिद्र करना या हो जाना; फुलाना, फूलना ।

bilged –ड् a. (परि०) **नितलित** ।

bilging –'जिंग् n. (नौवि०) **नितलन** ।

bilgy –जि a. गदला, दुर्गन्धवाला ।

biliary बि'लिअॅरि a. (चि०) **पैत्तिक, पैत्त**, सपित्त, **पित्तीय, पित्त-संबंधी** ।

bilicyanin बिलिसि'अनिन् n. (चि०) **पित्तश्याम**, T.

bilifuscin बिलिफ'सिन् n. (चि०) **पित्तकपिश**, T.

bilingual बाइलिङ्'ग्वॅल् a. द्वैभाषिक, द्विभाषिक, दुभाषिया, दो भाषाओंमें बोला या लिखा हुआ ।

bilingualism –लिज़्म n. (शि०, चि०) **द्विभाषिकता^F, द्विभाषीयता^F**, द्विभाषिता^F ।

bilious बि'लिॲस् a. (मनो०) **पैत्तिक**, पैत्त, पित्तातुर, पित्तदोषग्रस्त, पित्तदोषयुक्त, चिड़चिड़ा ।

biliousness –नॅस् n. (चि०) पित्तदोष, पित्तातुरता,^F मतली^F ।

biliteral बाइलि'टॅरॅल् a. द्विवर्णी ।

-bility -BLE[1] से संज्ञा^F (जैसे, *feasa~, naviga~*) ।

bilipurpurin बिलिपॅर्'प्युरिन् n. (चि०) **पित्तनीलारुण**, T.

bilirubin बिलिरू'बिन् n. (चि०) **पित्तारुण**, T.

biliteral बाइलि'टॅरॅल् a. द्विवर्णिक ।

bilithon बि'लिथॉन् n. (नृ०) **द्व्यश्मक स्मारक, द्व्यश्मक स्तंभ** ।

biliuria बिलियू'रिॲ n. (चि०) पित्तमेह, पित्तमूत्रण ।

biliverdin बिलिवॅर्'डिन् n. (चि०) **पित्तहरित**, T.

bilk बिल्क् v.t. प्रवंचना^F करना, परिहार करना, आँख^Fमें धूल झोंकना, ठगना, छलना, धोखा देना; (महाजन या बिलका) देयधन मार लेना ।

bill[1] बिल् n. (प्राचीन युगका) एक प्रकारका शस्त्र, एक प्रकारका गँड़ासा; ~ hook एक चाकदार हँसिया^F; ~-man सैनिक, सिपाही ।

bill[2] n. चंचु, (परि०) **चोंच^F**, प्लेटीपस (आस्ट्रेलियाकी छछून्दर) का थूथन; (परि०) **लंगर**, लंगरके फलकी नोक^F; तंग अन्तरीप ।

bill[3] v. i. प्यार करना, चूमाचाटी^F करना, (चिड़ियों^Fका) चोंचें^F मिलाना; ~ *and coo* प्यार करना, एक दूसरेको चूमना ।

bill[4] n. (का०) **विधेयक**, संसद्^Fके अधिनियमका मसौदा ⊙; (का०) मुक़दमेका लिखित वक्तव्य; जूरी^Fका फार्म (*find a true* ~); विज्ञप्ति^F, **विपत्र**, आरोपपत्र, घोषणापत्र, विज्ञापन-पत्र; देयक, प्राप्यक, बीजक, **हुंडी^F, बिल**; कार्यक्रम; ~-board ⊙ राशि^F, संग्रह, खजाना; (परि०) **लंगर पट्टी^F**; ~-broker, ~-discounter **हुंडी^Fका दलाल**; ~-head सिरनामेवाला फार्म; ~ of credit हुण्डी; ~ of exchange **विनिमय पत्र, बिल हुंडी^F, हुंडी^F**; ~ of fare भोजन-पत्र, भोजन-तालिका^F; ~ of health (चि०) **संक्रम निर्मुक्ति-पत्र**, (परि०) **नीरोगपत्र, आरोग्य-पत्र**, (राज०) **स्वास्थ्य-पत्र**, जहाजपर चढ़नेके समय संक्रामक रोगोंसे विमुक्त होनेका प्रमाणपत्र; ~ of indemnity (विधा०) **परिहार विधेयक, क्षतिपूर्ति बिल**; ~ of mortality मृत्यु आँकड़े; ~ of lading ⊙ नौभारपत्र, (विधा०) **वहन-पत्र** (नौवि०) **लदान-पत्र**, लदान **बिल्टी^F**; of ~ quantities विवरण-पत्र, किसी इमारत^Fके निर्माणकार्य, मूल्य, लम्बाई^F, चौड़ाई^F एवं ऊँचाई^F आदिका सम्पूर्ण विवरण; ~ of rights **अधिकार-पत्र**, (का०, इति०) **अधिकार विधेयक**, T.; **अधिकार घोषणा पत्र**; ~ of sale (नौवि०) **विक्रीपत्र, बयनामा; बिक्री बिल**; ~ poster, ~-sticker विज्ञापन लगानेवाला; ~-sticking विज्ञापन चिपकाना; *foot the* ~ (बोल०) बिल भरना, पैसा देना;
~ backing, ~ book, ~ branch, ~-buying, ~- clerk, ~ collector, ~ diary, ~ form, ~ hook, ~ issued, ~ journal, ~ market, ~ payable, ~ receivable, ~ register, ~-selling, ~s clerk, ~s passed.

bill[5] v.t. देयकांकित करना, देयक बनाना, बिल बनाना; घोषणा^F करना, विज्ञापन करना, कार्यक्रम रखना; विज्ञापन-पत्र मढ़ना ।

billabong बिल्'अॅबॉङ् n. (आस्ट्रेलियामें) आगे चलकर समाप्त हो जानेवाली नदी^Fकी शाखा^F, T.

billed[1] बिल्ड् a. चोंचवाला, थूथनदार; नुकीला, नोकदार ।

billed[2] a. घोषित, विज्ञापित ।

billet[1] बि'लिट् n. स्थिति^F, नियुक्ति^F, नौकरी^F; लक्ष्य, गन्तव्य स्थान; पत्रक, निदर्शन-पत्र, सैनिकोंके ठहरानेका आज्ञापत्र; **बिलेट; टिकान, ठिकाना**; *every bullet has its* ~ बिना मौत^F आये गोली^F भी नहीं लगती ।

billet[2] v.t. सैनिकोंके लिए स्थान निर्देश करना, (लोगोंके घरोंमें सैनिकोंको) ठहराना, **टिका देना, टिकाना**, सैनिकोंको ठहरनेके लिए स्थान और भोजन देना ।

billet[3] n. पिण्डक, काष्ठखण्ड, लकड़ीका कुन्दा, ईंधनकी मोटी लकड़ी^F, लुकाठी^F; गदा^F, मुँगरी^F; छड़^F, डण्डी^F, सलाई^F, गदाला ।

billet-doux बिलि ँडो' n. प्रणय-पत्रिका^F, प्रेम-पत्र, प्यारकी पाती^F ।

billetee बि'लि ँटी n. गृहस्वामी, ठिकानेदार (जिसके यहाँ सैनिक ठहराये जायँ) ।

billetor –टॅर् n. सैनिकोंके ठिकानेका प्रबन्धक ।

bill-head बिल्'हे ँड् n. शीर्षण्य-देयक, देयक-शीर्षक, सरजामेदार लेखा-पत्र ।

billiards बि'ल्यॅड्ज़् n. नोदिका^F, अण्टा (हाथी दाँतके गेंदों या विशिष्ट डण्डोंसे मढ़े मेजपर खेला जानेवाला खेल), बिलियर्ड; ~-marker बिलियर्डकी बाजियों^Fका हिसाब रखनेवाला ।

billing बि'लिंग् n. पुचकारना; ~ and cooing प्रेम करना ।

billingsgate बि'लिंग्ज़्गॅट् n. कुत्सित भाषा^F, अपभाषा^F, अपभाषण, आक्षेप, थुक्का-फजीहत^F, गाली-गलौज^F ।

billion बि'ल्यॅन् n. अर्ब, अर्बुद, दस अरब (अमेरिका और फ्रांस); (ग०) दश खर्व, दस अरब ।

billionaire –नेॲर्' n. अर्बपति ।

billow[1] बि'लो n. ऊर्मि^F, झाल^F, बड़ी लहर^F; (का०) समुद्र, सागर; (ला०) लहर-ध्वनि^F ।

billow[2] v.i. तरंगायित होना, तरंगित होना, तरंग^F उठना, लहराना ।

billowy –इ a. तरंगित, तरंगमय, लहरदार ।

billy बि'लि n. (आस्ट्रेलियामें केटली^Fकी भाँति प्रयुक्त) टीनका डिब्बा; संगी; सहयोद्धा ।

billy-boy बि'लि-बाॅय् n. वाहन-नौ, व्यापारियोंकी माल ढोनेकी नाव^F ।

billy-cock बि'लि-कॉक् n. नमदेकी कड़ी गोल अँग्रेजी टोपी^F, हैट; (क्रिकेटके खेलमें) गेंद फेंकनेवाला, बौलर ।

billy-goat बि'लि-गोट् n. छाग, बकरा ।

bilobed, bilobiate बाइलोब्ड्', बाइ'लोबिॲट् a. द्विपिण्डक, द्विपालि, दुललरा ।

bilocation बाइलॅके'शॅन् n. द्विकेन्द्रीकरण, एक ही समय शक्ति^F या इन्द्रिय^Fका दो केन्द्रोंपर होना ।

bilocular बाइलॉ'क्युलॅर् a. (प्राणि०) द्विगह्वर, (वन०) **द्विकोष्ठक, द्विविवर,** (चि०) द्विभागिक ।

biltong बिल्'टाङ्ग् n. धूपमें सुखाये हुए मांसके टुकड़े (दक्षिणी अफ्रीकाके एक हिरनके) ।

bimanal, bimanous बाइ'मॅनॅल्, –नॅस् a. (जीव०) द्विभुज, द्विहस्तक, दोहत्था, दो हाथोंवाला ।

bimane बाइ'मेन् n. द्विहस्तक, मनुष्य, आदमी ।

bimanual बाइमॅ'न्युॲल् a. (शिक्षा०) **उभयहस्त, दुहत्था** ।

bimensal बाइमे ँन्'सॅल् a. द्वैमासिक, दो मासमें एक बार घटित होनेवाला, दोमाही ।

bimerous बाइ'मॅरॅस् a. (वन०) द्वयी, **द्वि-अवयवी** ।

bimestrial बाइमे ँस्'ट्रिॲल् a. द्वैमासिक, दो महीनोंमें एक बार होनेवाला, दोमाही ।

bimetallic बाइमे ँटै'लिक a. द्विधात्वीय, (भौ०) **द्विधातुक** (~ *electrode*, ~ *element*), दुधाती, दो धातुओं^Fसे निर्मित, सोने-चाँदी^Fका;

~ strip, ~ thermostat, ~ tube, ~ wire.

bimetallism –'टॅलिज़्म् n. (वाणि०, अर्थ०) **द्विधातुमान,** द्विधातुता^F, द्विधातु-प्रणाली^F, सोने-चाँदी^Fको मिलाकर सिक्के चलानेकी क्रिया^F या रीति^F ।

bimetallist –लिस्ट् n. & a. दुधातिया, सोने चाँदीको मिलाकर सिक्के चलानेवाला ।

bimillenary बाइमिले ँ'नॅरि n. द्विसहस्राब्दी ।

bimolecular बाइमॅले ँ'क्यूलॅर् a. (रसा०) **द्व्यणु, द्व्यणुक** (~ *reaction*) ।

bimodal बाइमो'डॅल् a. **द्विबहुलक**, द्विरीत्यात्मक, (~*distribution*) ।

bimonthly बाइमन्थ्'लि a. द्वैमासिक, दो महीनेमें एक बार होनेवाला, दोमाही ।

bin- स्वरोंके पूर्व BI-के लिए यदा-कदा प्रयुक्त (जैसे, ~*aural*, ~*ocular*) ।

bin बिन् n. धान्यकोष्ठ, (चि०) **धानी**^F, भाण्ड, कठौता, खत्ती^F, पीपा, कूड़ा या कोयला रखनेका डोल; किसी विशिष्ट पीपेकी शराब^F; टाटका एक विशेष थैला ।

binal बाइनॅल a. द्विगुण, दोहरा ।

binary बाइ'नॅरि १. n. **युग्मतारा**; २. a. (वन०) द्वि, द्व्यंगी, द्विनामी; युग्म, (ज्यौ०) **युग्मक**, (रसा०, भौ०, प्राणि०) दुअंगी, (ग०) **द्विवर्णी**, द्विमय, दोहरा, जोड़ेदार; **द्विचर; द्वि-आधारी**; ~ fission (प्राणि०) **द्विविभाजन,** T.; ~ measure (संगी०) दोताल, दुताला; ~ system युग्म नक्षत्र-केन्द्र, **द्व्यंगी तन्त्र;**

~ alloy, ~ compound, ~ cubic, ~ fraction, ~ methood, ~ mixture, ~ oparation, ~ star, ~ symmetry.

binate –नॅट् a. युगल, युग्म, द्विगुण, जोड़ेदार ।

binaural बाइ(बि)नॉ'रॅल् a. (शिक्षा०) **उभयश्रवणी,** (चि०) **द्विश्रोत्री,** (मनो०) **द्विकर्णी** (~ *hearing*, ~ *localizations*) ।

bind बाइन्ड् n. (संगी०) दो सुरोंको मिलाकर दिखानेका चिह्न; कोयलेकी तहों^Fके मध्य कड़ी मिट्टी^F, भिण्ड ।

bind[2] v.t. & i. (*bound*) जिल्द^F बाँधना; पट्टी^F बाँधना; पुष्प-मुकुट बाँधना; गोटे या लोहेकी छड़^F आदिसे गोटा या किनारी^F लगाना; (बर्फ^F आदिका) संयुक्त होना, जुड़ना; सम्बन्ध करना, लगा देना; गुँथना, (का०) **आबद्ध करना, बाँधना;** रोकना, जकड़ना; एक साथ रखना या जोड़ना; अनिवार्य होना, बन्धन लगाना; अधिकारको प्रयोगमें लाना; रोक^F अथवा चुंगी^F लगाना; मुचलका देना; कर्त्तव्यबद्ध करना या होना; प्रतिज्ञाबद्ध होना या करना, चेला मूँड़ना, दीक्षित करना; पक्का करना, (~ *the bargain*); कोष्ठबद्ध करना; half bound पुश्त और दोनोंपर कपड़ा या चमड़ा लगी जिल्द^F; ~ *down* प्रतिबन्ध लगाना; ~ *over* (का०) **आबद्ध करना, मुचलका लेना;** ~ *up* कई पुस्तकों^Fको एक जिल्द^Fमें बाँधना; *I will be bound* मैं बयानकी

सत्यता[F]का साक्षी रहूँगा।

binder –'डॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें), बन्धक, (यन्त्र०) **बंधकी**[F] (~ *frame*), बाँधनेवाला, बन्धन आदि; जिल्दसाज, दफ्तरी, जिल्द[F] बाँधनेवाला; समाचारपत्रों या कागजों[F]के रखनेके लिए दफ्ती[F] या फाइल[F]; (चि०) प्रसूताकी उदर पट्टी[F]; बाड़[F], लम्बी टहनियाँ[F], बन्धन-शहतीर; घासके पौधेका बन्धन; कटाई[F]की कल[F]का गट्ठे बाँधनेवाला भाग; (दीवार[F]का) पुश्ता; ~ clerk **जिल्द क्लर्क**; ~ attachment (कृषि०) **पूली बंधक**; ~ deck (कृषि०) **बंधन पीठ**।

bindery –रि n. बन्धन-गृह, बन्धन-शाला[F], जिल्द-घर।

binding[1] –डिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) जिल्द[F] बनाना आदि; जिल्दबन्दी; पुस्तकावरण, जिल्द[F]; (यन्त्र०) संयोजन; (दर्श०) **बंध**, (यन्त्र०) **बाँधना**, **जोड़ना**; आवरण, वेष्टन, बन्धन; कच्चे किनारोंकी रक्षा[F]के हेतु पुश्ता, गोट[F], पट्टी[F], मगजी[F]।

binding[2] a. अनिवार्य, अवश्यंपालनीय, पालनीय, लागू; (यन्त्र) **संयोजी**, बन्धनकारी, बन्धकारी;
~ adjudication, ~ agent, ~ bolt, ~ energy, ~ force, ~ margin, ~ material, ~ nut, ~ property, ~ power, ~ ring, ~ screw, ~ stake.

bindweed –ड्'वीड् n. बन्धवल्ली[F], हरिणपदी[F], लवलाबी[F], विभिन्न प्रकारकी लताएँ[F] या बेलें[F]।

bine बाइन् n. कोंपल[F], लचीली शाखा[F], डाल[F]; बेल[F] या लता[F]का तना; (कृषि०) **लता**[F], **बेल**[F]।

binervate बाइनॅर्'वॅट् a. द्विपार्श्वास्थिवान्, दो पसलियों[F]वाला।

bing बिङ्ग् n. धान्य-राशि[F], फसलका ढेर; स्फटिका-राशि[F], फिटकरी[F]का ढेर।

binge बिन्ज् n. पान-गोष्ठी[F], आपानक; शराबियोंका जत्था या उनका हँसी-मजाक।

bingo बिङ्'गो n. महामद, अति मादिनी मदिरा[F]; बहुत तेज शराब[F], T.

binnacle बि'नॅकॅल् n. दिक्सूची-धानी[F], (जहाजके डेकपर) कुतुबनुमा रखनेका बक्स; (नौवि०) **कम्पस बक्स**।

binocle बि'नॅकॅल् n. दूर-दर्शक यन्त्र, दूरबीन।

binocular बाइ(बि)नॉ'क्युलॅर n. & a (~s प्रायः बहुव० में प्रयुक्त) (रणक्षेत्र या नाटक देखनेकी दूरबीन[F]), उभयाक्ष, (ग०, चि०, नौवि०) **द्विनेत्री**, द्विनेत्रीय, द्विनेत्र; दोनों आँखों[F]से देखा जानेवाला दूरवीक्षण यन्त्र, दूरबीन[F], T.
~ camera, ~ miscroscope, ~ prism, ~ rivalry, ~ telescope, ~ tube, ~ vision.

binode बाइनोड् n. (ग०) **द्विपात**।

binomial बाइनो'मिॲल् १. n. द्विराशि[F] (संख्या[F]); २. a. (ग०, वन०) द्विसंज्ञक, **द्विनाम**, **द्विपद**, द्विपद-युक्त, + या – से संयुक्त, द्विपदीय, **दो पदोंका**;
~ coefficent, ~ distribution, ~equation, ~ expression, ~ nomenclature, ~ series, ~theorem.

binominal बाइनॉ'मिनॅल् a. द्विसंज्ञक, दोहरे नामवाला; द्विनाम, दो नामका; **द्विपद**, (~ *distribution*, ~ *equation*) **दो पदोंका**।

binormal बाइनॉर्'मॅल् a. (ग०) **द्विमुख अभिलंब**, ऊर्ध्वलम्बीये (~ *vector*)।

binoxide बिनॉक्'सिड् (साइड्) n. (रसा०) द्विजारेय।

bio- जीव-, प्राणि- (जैसे, ~*chemics*, ~*chemist*, ~*chemy*, ~*climatic*, ~*dynamics*, ~*magnetism*, ~*psychology*, ~*statics*.

bioassay बाइॲ'अॅसे n. (चि०) **जैव आमापन**, **जैव निर्धारण**।

bioblast बाइ'ॲब्लास्ट् n. (प्राणि०) शुक्राणु; जीव-प्रकोशा[F]।

biochemical बाइॲके'मिकॅल् a. (रसा०, चि०) **जीव-रासायनिक**, **जीवरसायनी** (~ *change*)।

biochemistry –मिस्ट्रि n. (चि०, रसा०) **जीव-रसायन**।

biochore बाइ'ॲकोॲर् n. (जीव०) **जीव-सीमा**[F], T.

biofilter बाइॲफिल्'टॅर् n. (चि०) **जीवाणु-निस्यंदक**।

biog. biographer; biography; biographical.

biogenesis, **biogeny** बाइॲजे'नि'सिस्, बाइऑ'जिनि nn. (प्राणि०) **जीव जनन**; जीवोत्पत्तिवाद, जीवसे जीवकी उत्पत्ति[F]का सिद्धान्त।

biogeography बाइॲजिऑ'ग्रॅफि n. जीव-भूवृत्त, वनस्पति एवं पशुजगत्का भौगोलिक दृष्टि[F]से अध्ययन।

biograph बाइ'ॲग्राफ़ n. चलचित्र, बाइस्कोप।

biographee –ग्रॅफ़ी' n. चरितनायक, वृत्त-व्यक्ति (जिसकी जीवनी[F] लिखी हो)।

biographer –'ग्रॅफ़र् n. जीवन-वृत्तान्त-लेखक, चरित-निवेदक, जीवनी-लेखक।

biographic(-al) –ॲग्रै'फ़िक्(ॲल्) a. चरित या जीवन सम्बन्धी।

biography –ऑ'ग्रॅफ़ि n. जीवन-वृत्तान्त, जीवन-चरित, चरित, जीवनी[F]; जीवनवृत्त साहित्य, जीवनी-साहित्य; जीवन।

biol. biology; biological.

biologic(-al) बाइॲलॉ'जिक्(ॲल्) a. जैविकीय, जैविक, (प्राणि०) **जैव**, **जीव-संबंधी**, **जीवविज्ञानीय**, जीवविज्ञान-सम्बन्धी, प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी;
~ activity, ~ barrier, ~ control, ~examination, ~ factors, ~ heredity, ~ laboratory, ~ personality, ~ phenomenon, ~ process, ~ race, ~ research, ~ science, ~ warfare, ~ weathering.

biologism –ऑ'लॅजिज़्म n. (मनो०) **जीवोपयोगितावाद** ।

biologist –लॅजिस्ट् n. जीवशास्त्री, जीवतत्त्वविद्, जीवविज्ञानी ।

biology –जि n. जैविकी[F], प्राणिविज्ञान, जीवशास्त्र, **जीव-विज्ञान**, जीवविद्या[F] ।

biolytic बाइऍलि'टिक् a. जीवनघाती ।

biometrics बाइऑमे'ट्रिक्स् n. जीवसांख्यिकी[F] ।

biometry –ऑ'मि'ट्रि n. (ग०, जीव०, वन०, कृषि०) **जीवसांख्यिकी**[F], (जीव०) **जीवांकिकी**[F], आयुमिति[F], आयु-निश्चयन, T.

bionomics बाइऍनॉ'मिक्स् n. (वन०) **जीववासिकी**[F], वातावरण-प्रभावित जीवनका अध्ययन; (मनो०) **जीव-पारिस्थितिकी**[F] जीव-परिस्थिति-शास्त्र, (जीव०, चि०) **पारिस्थितिकी**[F], T.

bionomy बाइऑ'नॅमि n. (वन०) = BIONOMICS.

biophagous बाइऑ'फ़ॅगस् a. (जीव०) **जीवाहारी** ।

biophyte बाइ'अॅफ़ाइट् n. जीवाश्रयी पौधा ।

biophysics बाइऑफ़ि'ज़िक्स् n. (चि०) **जीव-भौतिकी**[F] ।

bioplasm, bioplast बाइ'अॅप्लैज़्म्, बाइ'अॅप्लैस्ट् nn. (वन०) **जैवद्रव्य**, जीवप्रस, जीवमूल, जीवबीज ।

biopsy बाइ'ऑप्सि n. (चि०) **जीवोतिपरीक्षा**[F] ।

bioscope बाइ'अॅस्कोप् n. मूक चल-चित्र-पट; (भौ०) **चलचित्र-दर्शी**; जीवेक्ष; **बाइस्कोप** ।

biosphere बाइ'अॅस्फ़ीअॅर् n. (प्रा० भू०) **जीव-मण्डल** ।

biota बाइओ'टॅ n. (जीव०) **समजीवजात** ।

biotic बाइऑ'टिक् a. **जैव** (~ *factor*), जैविक, (प्रा० भू०) **जीवीय, समजीव** (~ *community*), जीवन-सम्बन्धी ।

biotics –स् n. जैविकी[F], जीवनिदान ।

biotite बाइ'अॅटाइट् n. (प्रा० भू०) **काला अभ्रक**, मलाभ्रक; एक जीवाणुकी उपजाति[F], (कृषि०) T.

biotope बाइ'अॅटोप् n. (कृषि०) **जीव क्षेत्र** ।

biotype बाइ'अॅटाइप् n. (वन०) **जीवरूप**, (चि०) **समयुग्मी**; (मनो०) **समवेश प्ररूप**, (जीव०) **समवस्थ क्षेत्र** ।

biparous बाइ'पॅरस् a. (वन०) **द्विशाखी**, द्विसूट्, यमलजनक, दो बच्चे एक साथ पैदा करनेवाली[F] ।

bipartisan बाइपार्टि'ज़न् n. द्विदलीय, दो वर्गोंसे सम्बन्धित ।

bipartite बाइपार्'टाइट् a. द्विसदनात्मक, दुसदनीय; **द्विदलीय**, उभयपक्षी; (वन०) द्विभक्त, आधा-आधा विभक्त (पत्तियाँ); (सन्धि) दो सदृश भागोंमें अंकित ।

bipartition –टी'शॅन् n. (प्राणि०) द्विविभाजन, दो भागोंमें बँटवारा, आधा-अधा करना ।

biped बाइ'पेड् n. & a. द्विपदविशिष्ट जीव, द्विपद, (जीव०) **द्विपाद** (पशु), **द्विपादी**, दोपाया, दो-पैरा, दो पैरों (पाँवों) वाला ।

bipedal बाइ'पिडॅल् a. द्विपद, (जीव०) **द्विपाद, द्विपादी**, दो पैरोंवाला ।

bipetalous बाइपे'टॅलॅस a. (वन०) द्विदल, दो पंखुड़ियोंवाला ।

bipinnate बाइपि'नॅट् a. (जीव०) **द्विपक्षवत्**, (प्राणि०) द्विपक्ष, दो पंखोंवाला, T.

biplane बाइ'प्लेन् n. द्वितल विमान, द्विफलक वायुयान, दुतल्ला हवाई जहाज, दो फट्टेवाला जहाज ।

bipod बाइ'पॉड् n. दुपाई[F];
~ legs, ~ shoe, ~ sleeve, ~ swivel.

bipolar बाइपो'लॅर a. द्विलांगल; (चि०) **द्विध्रुवी**, (रसा०) द्विध्रुवीय (~ *elctrode*) ।

biquadratic बाइक्वॅड्रै'टिक् n. & a. द्विवर्गात्मक (संख्या[F]), (ग०) **चतुर्घात**, द्विवर्ग, किसी संख्या[F]का चतुर्गुण, चौगुना, चारगुना; ~ equation चतुर्घात समीकार, समीकरण जिसमें अज्ञात संख्या[F] द्विवर्गात्मक हो ।

biquintile बाइक्विन्'टिल्, –टाइल् n. किसी नक्षत्रका वृत्तान्तमें १४४° के कोणपर अवस्थान ।

biradial बाइरे'डिअॅल् a. द्विकिरणीय, समरश्मीय ।

biramous बाइरे'मॅस् a. द्विशाख, (जीव०) **द्विशाखी** (~ *appendage*), दो विटपियोंवाला ।

birch[1] बर्च् n. भूर्ज, भोजवृक्ष, बेंत; (~-rod भी) छात्रोंको पीटनेके हेतु प्रयुक्त इसकी छड़ी[F] या बेंत; टहनियों[F]का मूठा; ~ bark (इति०) **भोज-पत्र** ।

birch[2] v.t. वेत्राघात करना, भूर्ज या बेंतकी छड़ी[F]से पीटना, कोड़े मारना ।

birchen –'चॅन् a. भूर्जीय, भूर्जका, भूर्जमय, भूर्ज-निर्मित ।

birching –चिंग् n. कशाघात, कोड़े मारना ।

bird* बर्ड् १. n. खग, विहग, विहंग, (जीव०) **पक्षी***, **चिड़िया**[F]; (ग्रा०) युवती[F]; (अप्र०) पक्षिशावक, चूजा; (बैडमिंटन खेलमें) चिड़िया[F]; २. v.t. घोंसला खोजना; चिड़िया[F] पकड़ना, चिड़ियों[F]का शिकार करना; (घोड़ेका) इधर-उधर सिर मारना; ~-call (भौ०) **कूजिका**[F], कूजन, चहचहाहट[F]; ~-fancier पक्षिपालक, विहंग-विक्रेता, पक्षिपाल, चिड़ीमार, बहेलिया; ~-lime पक्षिश्लेष, लासा, सरेस; ~man बहेलिया, चिड़ियों-वाला; ~ of Jove गरुड़; ~ of Juno मयूर; मोर; ~ of night उलूक, उल्लू; ~ of peace पेडुकी[F], एक श्वेतवर्ण पक्षी; ~ of paradise उज्ज्वल पक्षविशिष्ट पक्षी, पीलू, न्यूगिनीका अत्यन्त सुन्दर पंखोंवाला पक्षी; ~ of passage मौसमी पक्षी, स्थान-परिवर्तन करने-वाला पक्षी; ~ of prey हिंस्रक पक्षी, शिकारी पक्षी; ~'s beak (यन्त्र०) **कपोत**; ~ seed दाना-दुनका; ~'s-eye छोटे, चमकीले एवं गोलाकार पुष्पनाले पौधेका प्रकार; तम्बाकू[F] (जिसके रेशेदार डण्ठल काटकर उसीमें मिला दिये गये हों); ~'s-eye view विहंगम दृष्टि[F], चील[F]की दृष्टि[F], आकाशसे नीचेकी खोज[F]; ~'s mouth (यन्त्र०) **टेढ़ा खाँचा**; ~ starving (यन्त्र०) **हवारोक भराई**[F]; little ~ अज्ञात सूचक,

बिना नामका विज्ञापक, मुखबिर; old ~ सावधान, नौकन्ना, चौकस (व्यक्ति); ~ *in bush* सन्देह अनिश्चय; ~ *in hand* निश्चय; *a ~ in hand is worth two in the bush* नौ नकद न तेरह उधार; *~is flown* चिड़िया^F उड़ गयी, कैदी भाग गया; *~ s of a feather* एक विचारके मनुष्य, एक थैली^F के चट्टे-बट्टे; *~s of the same feather, flock* एक तवेकी रोटी^F, एक आँवाके बरतन, एक ही थैलीके चट्टे-बट्टे; *~s of the same feather flock together* चोरका साथी गिरहकट, चोर-चोर मौसेरे भाई; *give one, get, the ~* (ग्रा०) सिसकारना, फुफकारना; *kill two ~s with one stone* एक पन्थ दो काज;

~-cage, ~-carried, ~-catching, ~ cherry, ~ flight, ~ louse, ~-pollinated, ~-shot, ~ stone, ~ warbler, ~ whistle.

birdie बर्'डि n. (गाफ़में) एक बारमें की हुई बाजी^F।

birefringence बाइअॅरेफ्रिन्'जॅन्स् n. (रसा०) **द्विअपवर्तन,** (प्रा० भू०) **द्विप्रतिवर्तन, द्विप्रतिवर्त्यता।**

birefringent –न्ट् a. (प्रा० भू०) **द्विप्रतिवर्त्य**^F।

bireme बाअॅरीम् n. दुतल्ली प्राचीन नौका^F, दो मंजिलवाली नाव^F।

biretta बिरे'टॅ रोमन कैथोलिक एवं कुछ आंग्ल पादरी लोगोंकी चौकोर टोपी^F, T.

birl वर्ल् v.t. & i लट्टूकी तरह घुमाना या फेंकना।

birostrate, -ed बाइरॉस्'ट्रॅट्,–ट्रेटिॅड् a. द्विचंचु, दो चोंच या टोंटीवाला।

birse बर्स् n. = BRISTLE; *to set up the ~* गुस्सा दिलाना।

birth* बर्थ् n. (का०) **जन्म***, पैदाइश^F; जनन, उत्पत्ति^F; आरम्भ, मूल, वंश, कुल, जाति^F; उदय; आभिजात्य, कुलीनता^F; ~ canal (चि०) **योनिमार्ग;** ~-control (का०) **सन्तति-निग्रह,** उत्पत्ति-अवरोध, जनन-निरोध; ~day जन्मदिवस, जन्मदिन, वर्षगाँठ^F; ~ day honours राजा या राज्यकी वर्षगाँठपर वितरित उपाधियाँ^F; ~day suit शरीरमात्र, शरीरकी त्वचा^F, चमड़ी^F; ~-mark (चि०) न्यच्छ, नीलिका^F; जन्म-चिह्न; ~-place जन्म-स्थान; ~-rate जन्मदर, जन्मसंख्याके अनुसार बच्चोंकी प्रतिसहस्र उत्पत्ति^F; ~-right जन्मसिद्ध अधिकार; *give ~ to* जनना, जन्म देना, पैदा करना;

~ centenary, ~ certificate, ~ control, ~-hour, ~ injury, ~land, ~ order, ~ ranges, ~ trauma, ~ weight.

B.I.S. Bank for International Settlements; British Information Service.

bis. bissextile.

bis† (L) adv. पुनः, दोबारा।

biscuit बिस्'किट् १. n. अपूपी, **बिस्कुट;** मृण्मय पात्र, चीनी मिट्टीका सादा बर्तन, (भट्ठी^F में चढ़ानेके बाद परन्तु वार्निश^F करने एवं नकाशी^F करनेके पूर्व) चीनीके पात्र; सैनिकोंकी तोशक^F का अर्ध अथवा तिहाई भाग; (in pl.) गरम रोटियाँ^F ⊙; २. a. हल्के बादामी रंगका; ~-throw (नौवि०) थोड़ी दूरी^F।

bis dat qui cito dat† (L) तुरन्त दान महा कल्याण, समयपर देना दूना देनेके बराबर।

bise बीज़् n. उत्तरी फ्रांस और स्विट्‌जरलैण्डकी सूखी शीतल उत्तरी हवाएँ^F।

bisect बाइसे'क्ट् v.t. द्विभाजन करना, द्विच्छेदन करना, (प्रा० भू०, ग०) **समद्विभाजन करना,** समभाग करना, **द्विभाजित करना, अर्धित करना,** अर्धन करना, दो (प्रायः सदृश) भागोंमें विभक्त करना, **दो टुकड़े करना, टुकड़े करना,** आधे-आध करना, दो टूक करना।

bisection –क्'शॅन् n. द्विच्छेदन, द्विसमविभाजन (ग०, भौ०) **समद्विविभाजन,** समभाग, **द्विभाजन, अर्धन,** अर्द्धीकरण।

bisector –'टॅर् n. (ग०, भौ०) **समद्विभाजक, द्विभाजक, अर्धक,** दो भाग करनेवाली रेखा^F।

bisectrix –ट्रिक्स् n. (प्रा० भू०) **अर्धका**^F, (रसा०, ग०) **अर्धक, द्विभाजक।**

biserrate बाइसे'रेट् a. (वन०) **द्विश्रेणिक।**

bisexual बाइसे'क्'स्यूॲल् a. उभयलिंग, द्विलिंग, (प्राणि०) **उभयलिंगी, द्विलिंगी,** स्त्री-पुरुष-लिंगी, नर-मादा मिश्रित; द्विलिंगकामी, उभयलिंगकामुक।

bisexuality –ऐ'लिटि n. (मनो०) **उभयलिंगता**^F;

bishop बि'शॅप् n. धर्माध्यक्ष, बड़ा पादरी, एक निश्चित क्षेत्रका ईसाई धर्म-शासक, (राज०) **बिशप;** मसालेदार शराब^F; पादरीकी टोपी^F के आकारका (शतरंजमें) पीला; ~'s-cap, ~'s-hat, ~'s-leaves, ~'s-weed विभिन्न प्रकारके पौधे; ~'s length ५८×९४ इंचका टाट; ~'s ring **धूलिमंडल;** ~ *in partibus (infidelium)* उपाधिधारी बिशप (जिसे बिना प्रदेशके बिशपके सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त हों); *the ~ has put his fool in it* किसी वस्तु^F का पकते ही जल जाना।

bishopric –प्रिक् a. पादरीका पद, उसका अधिकार, बिशपी^F।

bisley बिज़्'ले n. सरेंमें चाँदमारी^F।

Bismillah बिस्मि'लॅ int. खुदाकी कसम^F! अल्लाहके नामपर, बिसमिल्लाह।

bismuth बिज़्'मॅथ् n. भिदातु, काँसा, कसकुट, फूल (धातु^F), (रसा०, चि०) **बिसमथ,** एक भंगुर लालिमायुक्त श्वेत धातु^F;

~ alloy, ~ blende, ~ carbonate, ~ oxide, ~ salt, ~ spar, ~ subnitrate, ~ white, ~ yellow.

B.I.S.N.C. (इति०) British India Steam Navigation Company.

bison बि'सॅन् n. मार्किन वन्य महिष, गवय, अरना-भैंसा, राकी पहाड़का भैंसा, जंगली साँड़, जंगली बैल।

bisque[1] बिस्क n. (टेनिसके खेलमें) एक बाजी^F की

कमी^F; एक प्वाइंट प्राप्त करनेका अधिकार।

bisque² n. शोरवा; पिस्ता-बादामवाली आइसक्रीम^F; चीनी मिट्टी^F, (पुरा०) **बिस्क, आगसे पके मिट्टी^F के बर्तन।**

bissextile बिसे॑क्स्‌टाइल्‌ १. n. अधिवत्सर, प्रत्येक चतुर्थवत्सर; २. a. अधिदिनीय, प्रति चतुर्थवत्सरका, २९ दिनकी फर्वरीवाला (वर्ष), लीपवर्ष।

bistort बिस्‌'टार्ट्‌ n. मांसके रंगके फूलोंवाली काँटीली जड़ी बूटी^F, T.

bistoury बिस्‌'टॅरि n. नश्तर, जर्राहकी पतली छुरी^F; (चि०) टेढ़ा चाकू।

bistre बिस्‌'टॅर्‌ n. & a. कज्जलवभ्रु, काजलसे बना भूरा रंग; कजरारा, भूरा रंगा हुआ।

bisulcate बाइसल्‌'कॅट्‌ a. फटे खुरवाला।

bit¹ बिट्‌ n. वल्गा^F, मुखरी^F, लगामका दहाना; कुंजी^F की झड़^F, चावी^F के दाँत; सँड़सी^F का काटनेवाला भाग;(यन्त्र०) **बरमा;** बरमेकी अनी^F, नोक^F, सिरा; रन्देका लोहा, तेगा; (ला०) नियन्त्रण, अर्गल, अवरोध, निरोध, रोक^F; ~ stock (यन्त्र०) **हाथ बरमा;** *draw* ~ लगाम खींचना, गति^F धीमी करना; *take* ~ *between teeth* अनियन्त्रित होना।

bit² v.t. लगामका दहाना रखना, लगाम लगाना; लगामका आदी बनाना; वशमें करना, रोकना, थामना।

bit³* n. चित्रित या वास्तविक दृश्य-खण्ड; वस्तु-खण्ड, टुकड़ा*; ग्रास, कवल, पिण्ड, कौर (*dainty* ~); थोड़ा (समय) (*wait a* ~); पुस्तक^F में लघु-परिच्छेद; छोटा अमरीकी सिक्का, स्पेनके डालरका अंश; ~-~ चुटकला; *a* ~ किसी प्रकार; थोड़ा-सा; *a* ~ *of* कुछ-कुछ; ~ *by* ~ शनैः-शनैः, अल्पशः, खण्डशः, धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा करके; ~*s of* छोटे-मोटे, बेचारे; *do* one's ~ अपने हिस्सेका काम करना; *every* ~ नितान्त, बिलकुल; *give a* ~ *of* one's *mind* खरी-खरी सुनाना, साफ-साफ कहना, खुलके कहना; *not a* ~ किंचिदपि नहीं, कुछ भी नहीं, बिलकुल नहीं; *wait a* ~ थोड़ी प्रतीक्षा^F करें, थोड़ी देर^F ठहर जाइये।

bitch बिच्‌ n. कुत्ती^F, कुतिया^F; वृकी^F; शृगालिका^F; भेड़ियाकी मादा^F; लोमड़ी^F; असती^F।

bite¹ बाइट्‌ n. (कृषि०) **दंशन,** दंश, घाव, (कृषि०) **डसना,** काट^F, काटा, काटा हुआ खण्ड; मछली^F का चारा; पशुओंके लिए घास-पात^F; वश, पकड़^F; (ला०) कटुता^F, तीखापन।

bite²* v.t. & i. (*bit, bitten*) दंशन करना, (दाँतसे) काटना*, डंक मारना; तोड़ना, कुतरना; (ला०) चारे पर मुँह मारना; पकड़ लेना (लंगर या पहियाका); खा जाना, मुर्चा लग जाना; वेदना प्रज्वलित करना, पीड़ा^F देना आदि; (खड्ग आदिका) चुभोना; खुभोना, भोंकना; लगाना; प्रतारित करना, छलना, ठगना, धोखा देकर छीन लेना; ~ *off more than one can chew* अपनी शक्ति^F से बढ़कर कदम मारना, न सँभलनेवाला कार्य अपने जिम्मे लेना; ~ one's *lips* होंठ चबाना, क्रोधावरोध करना; ~ *the dust, ground* धराशायी होना, खेत रहना, गिरना और मर जाना; सम्पूर्ण रूपमें पराजित होना; *he* ~*s the hand that feeds him* जिस पत्तल^F में खायें उसीमें छेद करें; *bitten with* संक्रामक रोगसे ग्रस्त।

biter -'टॅर्‌ n. (क्रियागत अर्थोंमें); दंशक, दंशनकारी, कटखना; छली, धोखा देनेवाला।

biting –टिंग्‌ a. (क्रियागत अर्थोंमें); तीव्र (~ *cold*), तीखा, चुभता हुआ;(कीटवि०) कर्त्तक (~ *insect*), काटू, काटनेवाला; आक्षेपक, निन्दापूर्ण।

bitter* बि'टॅर्‌ १. n. तिक्त शराब^F; (pl.) तिक्त पेय (पेटके लिए); **लपेट**^F; २. a. & adv. तिक्त, (प्रा० भू०) **कटु, कड़वा***; मर्मभिद्‌, मर्मच्छिद्‌, अप्रिय, अरुचिकर, कष्टदायक; (कृषि०) **क्षुधावर्धक;** निर्दय, निष्ठुर, कठोर, उग्र, विषमय; कड़ाकेका (जाड़ा); ~-cup एक विशेष वृक्षकी छाल^F का पेय; ~end भीतरी सिरा;(परि०) **धुरछोर;** ~ gourd (कृषि०) **करेला;** ~-sweet कटुवामधु; कड़वा-मीठा; *to the* ~ *end* अन्तिम समयतक; *the* ~*s of life* जीवनके कटु अनुभव; *to weep* ~*ly* करुण क्रन्दन करना, आक्रोश करना, फूट-फूटकर रोना; ~ almond, ~ nut, ~ principle, ~ spar.

bitterish –रिश्‌ a. कुछ तिक्त, कुछ-कुछ कटु।

bittern बि'टॅर्न्‌ n. गोनर्द, ज्योत्स्ना-बक, बकजातीय पक्षी, तितलौवा, (रसा०, प्रा० भू०) T.

bitterness बि'टॅर्निस्‌ n. तीक्ष्णता^F, शुक्तता^F, कटुता^F, कठोरता^F, तीखापन, कड़ुवापन, कड़ुवाहट^F; महाकष्ट।

bitters –टॅर्स्‌ n. कटिवरा^F; कटुभेषज, (चि०) तिक्तवर्ग।

bittock बि'टॅक्‌ n. खण्डक, छोटा-टुकड़ा; थोड़ी दूरी।

bitts बिट्स्‌ n. (परि०) **मूँठ**^F, **खूँटा; जोड़ी**^F, **मकरी**^F; रस्सी^F या तार बाँधनेके लिए जहाजके डेकके खम्भे।

bitumen बि(बाइ)ट्यू'मॅन्‌ n. (वि०) शिलाजीत; आक्सीजन भरे हाइड्रोकार्बनके प्रकारका-सा फिनाइल, पेट्रोल; (खनिज पदार्थ) घूना, जातुक, (यन्त्र०, प्रा० भू०) **डामर,** राल^F, (रसा०) **बिटूमीन।**

bituminiferous –मिनी'फ़ॅरॅस्‌ a. बिटूमीन-देनेवाला, राल-भरा।

bituminization –नाइज़े'शॅन्‌ n. जातुकीयन, (किसी वस्तु^F को) राल^F बना देना।

bituminize –'मिनाइज़्‌ v.t. जातुकीयित करना, राल^F-से भरना, राल^F से रँगना, बिटूमीन बनाना।

bituminous –नॅस्‌ a. रालमिश्रित, (प्रा० भू०, रसा०) राल^F वाला, **बिटूमिनी;** ~ coal, ~ coat, ~ felt, ~ material, ~ paint, ~ rock, ~ shale, ~ slate.

bivalence, -cy –बि'वॅलन्स्‌, (वाइवे'-)सि nn. (चि०, रसा०) **द्विसंयोजकता**^F।

bivalent –न्ट्‌ a. (रसा०, चि०) **द्विसंयोजक** (~ *ions*), **द्विसंयोजी, द्वियुज, द्वियोजी,** द्विसंयुज, जो हाइड्रोजनके दो परमाणुओंसे संयोग करे, जिसमें दो रासायनिक गुण हों।

bivalve बाइ'वैल्व्‌ n. & a. **bivalved, bival-**

vular बाइ'वैल्वड्, बाइवै'लॅन्युलॅर aa. द्विकोष, द्विपुट, दोहरे कोषवाला, दो खोलवाला; कब्जेदार दोहरी पीठ^F-वाला (घोंघा); घोंघेकी तरहके कीट, (जीव०) सीपी^F आदि; (चि०) द्विकपाटक।

bivariant बाइवै'रिॲन्ट् १. n.(रसा०) **द्विचल राशि**^F; २. a. **द्विचर** (~ *equilibrium*).

bivariate –ॲट् a. (ग०) **द्विचर** (~ *distribution*)।

bivious बि'विॲस् a. द्विदिक्, दो दिशाओंमें जानेवाला, द्विमार्गी, दो मार्गोंपर ले जानेवाला।

bivium बाइ'विॲम् n. (जीव०) **द्विभुजिका**^F।

bivouac बि'वुॲक् १. n. दिक्-शिविर, रैनबसेरा, पड़ाव, डेरा; **सफरी तम्बू**; २. v.t. (p. & p.p. *bivouacked*) खुले पड़ावमें ठहरना, **पड़ाव डालना**, डेरा लगाना, रैन-बसेरा करना, सुस्ताना।

bi-weekly बाइवीक्'लि a.(का०)**पाक्षिक, द्वैसाप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक**।

bizarre बिज़ार्' a. आधा तीतर आधा बटेर, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, गड़बड़, अनोखा, ऊटपटाँग, असभ्य, अर्द्ध शिक्षित; अमितव्ययी।

bizarrerie बिज़ार्'री n. विलक्षणता^F, अनोखापन, बेतुकापन; मिथ्या ज्ञान।

Bk. berkelium, Book.

bk. book; bark; bank.

B.K.A. Bee Keepers' Association.

bkg. banking.

bkt. basket.

B.L. Bachelor of Law; Bachelor of Letters; British Legion.

B.l. bill of lading.

bl. barrel; bale.

blab ब्लैब्' १. n. प्रलापी, बकवासी आदमी; रहस्यभेदक व्यक्ति; २. v.t. & i. प्रलाप करना, बकना, बेतुकी बातें^F करना, बकवाद^F करना, बड़बड़ाना; रहस्य भेद करना; भण्डा फोड़ना, गोपनीय बातों^F को प्रकाशित कर देना, भेद खोलना।

blabber –'बॅर् n. जल्पक, पेटका हलका, बड़बड़िया; भेदी, रहस्यभेदक।

black[1] ब्लैक् n. कालिमा^F, काला चिह्न, धब्बा; कालिख^F, रँगनेका द्रव्य, रोगन, वार्निश^F; काला रंग; काजल (का कण); काला कपड़ा; गेहूँकी कृषि^F के रोग, मधुरिका^F, गेरुई^F आदि; हब्शी; ~ *will take no other hue* सूरदासकी काली कमरी^F चढ़ै न दूजो रंग।

black[2] v.t. काला करना; काला रंग चढ़ाना, काली पालिश^F करना; ~ *out* अँधेरा करना; (खिड़की^F आदि-से) प्रकाश न आने देना; छुपा देना, ढँक देना, मिटाना; ~ out n. अन्धकारीकरण, अँधेरा करना या होना; (ला०) अन्धकारमयता^F, अन्धकारकी दशा^F; स्मृतिविभ्रम, विस्मृति^F; अस्थायी रूपसे अन्धापन (वायुयानमें); v.i. अन्धकार करना, चुँधियाना।

brick[2] v.t. (*~ up*) ईंट[F]से चुन देना, ईंट[F]से भर देना (खिड़की[F] इत्यादि), ईंट[F]से जुड़ाई[F] करके बन्द कर देना।

brickle ब्रि'कॅल् a. कच्चा, भंग हो जानेवाला, निर्बल, टुटहा, कमजोर, टूट-फूट जानेवाला।

bricky ब्रि'कि a. ईंट[F]की आकृति[F]का, ईंटों[F]के रंगका, ईंट[F]-सा; ईंटों[F]वाला, ईंटोंसे भरा हुआ।

brickyard ब्रिक्'यार्ड् n. इष्टिका-क्षेत्र।

bricole ब्रि'कॅल्, ब्रि'कोल् n. सैनिक यन्त्रविशेष; कन्दुकोत्क्षेपण, टिप्पा।

bridal ब्राइ'डॅल् १. n. परिणयभोज, विवाहोत्सव, विवाह-भोज, शादी[F]की दावत[F]; परिणय, विवाह, ब्याह, शादी[F]; २. a. वैवाहिक, विवाहसम्बन्धी; वधू[F]का, दुलहिन[F]का।

bride[1] –ड् n. पाणिगृहीता[F], परिणीता[F], नवोढा स्त्री[F], नववधू[F], दुलहिन[F], बन्नी[F], बन्नो[F]; ~ cake विवाह-उत्सव का केक; ~-cup विवाह-चषक।

bride[2] n. (बेलबूटेको मिलानेवाली) गोटे या किनारी[F]की महीन जाली[F]; स्त्रियों[F]की अँग्रेजी टोपी[F] (*Bonnet*) की डोरी[F]।

bride-chamber –'चेम्बर् n. विवाह-मण्डप।

bridegroom –'ग्रूम् n. वर, पति, दूल्हा, नौशा।

bridesmaid –ड्ज़्'मेड् n. वधू-सखी[F], सहबाली[F], दुलहिन[F]की सहेली[F]।

bridesman –मॅन् n. वर-सखा, सहबाला ।

bridewell –ड्'वे़ॅल n. चरित्र-संशोधनागार, सुधारगृह; कारागार, वन्दीगृह, कैदखाना, जेलखाना, जेलF ।

bridge¹* ब्रिज् n. (विद्यु०, परि०) **सेतु**, (परि०) **पुल***; (नौवि०) जहाजमें अधिकारियोंके लिए उच्च स्थान; (बिलियर्ड) हाथका सहारा; सारंगीF या बेला आदिकी घोड़ीF; ~ of gold, golden ~ पराजित शत्रुको दी गयी सुविधाएँF; ~ of the nose नाकFका बाँसा; ~-train पुलके सैनिक-इंजीनियर;
~ arch, ~ builder, ~ circuit, ~ coils, ~ crane, ~ design, ~ element, B~ Engineer, ~ engineering, ~ girder, ~ house, B~Inspector, ~-keeper, ~ load, ~-maker, ~-master, ~ network, ~ piece, ~ pier, ~ pile, ~ raft, ~ railing, ~ site, ~ sleeper, ~ toll, ~ wall, ~ way.

bridge² v.t. सेतुबन्धन करना, सेतु बाँधना, पुल बनाना, पुल पार करना ।

bridge³ n. **ब्रिज**, ताशका एक खेल ।

bridge-head –'हे़ॅड् n. सेतु-शिखर, निरोध-दुर्ग-निर्माण; **पुल-पदाधार**, पुलपरकी मोर्चाबन्दीF ।

bridgeless –'लिॅस् a. सेतुरहित, विना सेतुका, विना पुल या घोड़ीFका ।

bridging –'जिंग् n. (वन०) **सेतुबंधन**; ~ joint (यन्त्र) कड़ीF ।

bridle¹ ब्राइ'डॅल् n. प्रग्रह, वल्गाF, (अर्थ०, परि०) **लगाम**F (~ *rope*); नियन्त्रण, संयम, वन्धन, रोकF; (नौवि०) लंगरकी साँकरF, जंजीरF; (श० र० शा०) अंगकी झिल्लीF; (चि०) तन्तु; ~ bridge अश्वमार्ग; ~ hand प्रग्रहपाणिF; ~ joint (यन्त्र०) **दुजीभी जोड़**; ~ path अश्वरथ्याF, (परि०) **अश्वपथ**; ~ rein प्रग्रह-पट्टक; ~ road घोड़ेका मार्ग, पुल या रास्ता; ~ way (परि०) **अश्वपथ**; *give horse the ~, lay ~ on his neck* नियन्त्रण हटा लेना, रोकF हटाना, लगामF छोड़ देना, वागF ढीली करना; *horse going well up to ~* इशारेपर चलनेवाला घोड़ा ।

bridle² v.t. (घोड़े आदिको) लगामF लगाना, रोकना; नियन्त्रण लगाना, निग्रह करना, अवरोध करना; अधीन करना, वशमें करना, वशमें रखना, रोकथामF करना, क़ाबूमें लाना, कब्जेमें रखना; रोब प्रदर्शित करना; असन्तोष प्रकट करना, मिथ्या अहंकार प्रकट करना, थोथा अभिमान दिखाना, झूठा घमण्ड दिखाना, नाक-भौंहF चढ़ाना, अकड़ना ।

bridoon ब्रिडून्' n. सुप्रग्रह; सैनिक घोड़ोंकी लगामF ।

Brie ब्री n. फ्रांसमें बना हुआ एक प्रकारका पनीर, T.

brief¹ ब्रीफ़् n. (का०) अध्यादेश, (राज०) **पक्षसार**, वादनिश्चय, वाद-संक्षेप, वाद-सारांश, **निर्देशसार**, संक्षिप्त विवरण, ब्यौरा, **खुलासा**, **मसौदा**; (का०) **मामला**; **परिचय**, **पूर्व परिचय**, **पूर्व जानकारी**F; अनुशासन-पत्र; कागज या टाइपका आकार; वायुसेनाFके सैनिकोंको दिये गये आदेश या हिदायतेंF; a ~ वकीलका काम; ~ bag पत्र-स्यून, कागजोंका थैला; ~ room निदेश कक्ष; watching ~ मुवक्किलके मुकदमेको केवल देखनेवाला (वकील); *hold ~ for* किसीके पक्षमें विवाद करना, किसीकी वकालतF करना ।

brief² v.t. (का०) संक्षिप्त करना, संकुचित करना, (बहसF, वार्तों, संकेतों, इतिवृत्त आदिको) कम करना, काटना-छाँटना, छोटा करना, घटाना; वकीलको कागजात देना, वकील करना; निर्देश देना, हिदायतF देना ।

brief³ n. & a. संक्षेप; संक्षिप्त, थोड़ा, कम; क्षणिक, अल्पकालीन, थोड़े समयका, थोड़ी देरFका; ~ resume संक्षेप, सारांश; *be* ~ भाषण छोटा करना, संक्षेपमें कहना, कम बोलना; *in* ~ संक्षेपमें, थोड़ेमें ।

briefing –'फ़िंग् n. (वैमा०) **विवरण** ।

briefly –फ़्'लि adv. संक्षेपतः, संक्षेपमें, संक्षिप्त रूपमें ।

briefness –'निॅस् n. समाहार, संक्षेप ।

brier, briar ब्राइ'अॅर्, ब्राए'अॅर् n. पाटल, गुलाब, काँटेदार झाड़ीF, ~ rose जंगली गुलाब; sweet ~ सुगन्धित जंगली गुलाब ।

briery –रि a. काँटेदार, झाड़ीदार ।

brig ब्रिग् n. द्विकूपक, दो मस्तूलोंवाली और चौकोर पालवाली नावF या जहाज, (परि०) T.

brig. Brigade; Brigadier.

brigade¹ ब्रिगेड्' n. वाहिनीF, सशस्त्र सेनाFकी टुकड़ीF, हथियारवन्द पलटनF; **पृतना**F, उपचमू, दल, **ब्रिगेड**, टुकड़ीF, पलटनF, जत्था; *B~* वालकोंका सैनिक संगठन; the ~ रक्षक सेनाF ।

brigade² v.t. सैन्यदलकी रचनाF करना, दल या टुकड़ीF या जत्था या पलटनF वनाना, टुकड़ीF या ब्रिगेड तैयार करना ।

brigadier ब्रिगेडी'अॅर् n. **पृतनापति**, उपचमूपति, वाहिनीपति, दलनायक, सेनाFकी टुकड़ीFका अध्यक्ष, बलाधिकृत, **ब्रिगेडियर** ।

brigand ब्रि'गॅन्ड् n. लुण्ठक, लुटेरा, चोर, डाकू, बटमार, डकैत ।

brigandage –डिज् n. लुण्ठन, लूट-पाटF, बटमारीF, चोरीF, डकैतीF ।

brigandine –डिन् n. सेना-लक्ष्य, चाँद, निशान ।

brigandish –डिश् a. लुटेरे-जैसा, डाकू-जैसा ।

brigandism –डिज़्म् n. लुण्ठककर्म, डाकूपन, लूटपाटF।

brigantine ब्रिगॅन्टीन् n. दो मस्तूलोंवाला जहाज, पोतविशेष, (परि०) T.

Brig.-Gen. Brigadier-General.

bright¹* ब्राइट् a. स्पष्ट, (शिक्षा०) तीव्र, भड़कीला, खरा (लाल रंग आदि); प्रदीप्त, देदीप्यमान्, दीप्तिमान्, (भौ०) **द्युतिमान्**, **दीप्त**, प्रकाशमान्*, (ज्यौ०) **कान्तिमय**, कान्तिमान्, तेजस्वी, उज्ज्वल, प्रभावान्, **चमकीला***, चमकदार, चमकता हुआ, दमकता हुआ; आशान्वित, प्रसन्नवदन, प्रसन्नचित्त, खुश, खुशदिल; (शिक्षा०) **तीव्रबुद्धि**; होशियार, विश्रुत, प्रख्यात, विख्यात,

प्रसिद्ध; प्रफुल्ल, प्रत्युत्पन्नमति, सजीव, उल्लसित, उत्साही, फुर्तीला, तेज (प्रायः व्यंग्यात्मक)।

bright² adv. उल्लासपूर्वक, आनन्दसे; चमकते हुए, चमक दमक^F^से, भाव तावसे।

brighten –'टॅन् v.t. & i. प्रभायुक्त करना या होना, दीप्त हो उठना, कान्तिमान् करना, प्रकाशमान् होना, तेजोमय करना अथवा होना, चमकाना, चमकना।

brightish –टिश् a. चमकता-सा, चमकीला आदि।

brightly –ट्'लि adv. स्पष्टतः, प्रसन्नतापूर्वक, खुशी-खुशी; चमकते हुए, तड़क-भड़क^F^से।

brightness –'निॅस् n. प्रसन्नता^F^, खुशदिली^F^; प्रकाश, तेज; विमलता^F^, निर्मलता^F^, उज्ज्वलता^F^, उजलापन; प्रभा^F^, (शिक्षा०) **द्युति^F^, दीप्ति^F^**, (ज्यौ०) **कान्ति^F^**, चमक-दमक^F^, चमक^F^, तड़क-भड़क^F^; तेजस्विता^F^।

Bright's disease ब्राइट्स् डिज़ीज़्' n. वृक्क-प्रकोप, वृक्कशोथ, गुर्देकी सूजन^F^, ब्राइटका वृक्करोग।

brightsome ब्राइट्'सॅम् a. प्रसन्न, खुश; कान्तिमान, प्रदीप्त, भास्वर।

brigue ब्रीग् n. षड्यन्त्र; झगड़ा।

brill ब्रिल् n. एक प्रकारकी चौड़ी चिपटी मछली^F^, ब्रिल मछली^F^, मत्स्यविशेष।

brillante ब्रिलॅ'न्टे' adv. स्फूर्तिपूर्वक, फुर्ती^F^से।

brilliance, brilliancy ब्रि'ल्यॅन्स्, –सि nn. शुभ्रता^F^, (भौ०) **दीप्ति^F^, देदीप्यमानता,^F^ कान्ति^F^**, चमक-दमक^F^, **चमक^F^**; प्रतिभा^F^।

brilliant¹ –न्ट् n. छपाई^F^के अक्षरोंका एक आकार; सबसे बढ़िया काट^F^का हीरा।

brilliant² a. मतिमण्डित, प्रतिभावान्, प्रतिभाशाली, कुशाग्रबुद्धि, बुद्धिमान्, मतिमान्, अच्छे मस्तिष्कवाला; भड़कीला, दिखावटी, तड़क-भड़कवाला; भास्वर, स्फूर्तिमान्, प्रभायुक्त, तेजस्वी, उज्ज्वल, (मनो०) **देदीप्यमान, चमकीला**, चमकदार, फुर्तीला; चित्ताकर्षक, विचित्र, अद्भुत, महान्, विश्रुत, प्रख्यात, विख्यात, प्रसिद्ध।

brilliantine ब्रि'ल्यॅन्टीन् n. भासुरी, केशकाश, केश-कान्तिवर्द्धक लेप, बालोंकी चमक^F^ बढ़ानेवाला लेप, बालोंका चमकी रोगन।

brilliantness ब्रि'ल्यॅन्टनिॅस् n. कुशाग्रता^F^, चतुरता^F^, प्रतिभाशीलता^F^, भास्वरता^F^, चमक^F^।

brills ब्रिल्स् n. हयपक्ष्म, घोड़ेकी बरौनी^F^का बाल।

brim¹ ब्रिम् n. टोपी^F^ या हैटका उभड़ा हुआ भाग या छज्जा; (प्याले, कटोरे या खोखले बर्तनका) कण्ठ, किनारा; (चि०) श्रोणी-गुहा^F^का ऊपरी किनारा; मुख, कगर; *to the* ~ आकण्ठ, मुखतक, किनारे या सिरेतक, लबालब।

brim² v.t. & i. (शा० और ला०) परिपूर्ण करना, आकण्ठ भरना, लबालब भरा होना, लबालब भरना, मुँहतक भरना, मुँहोमुँह भरना; ~ *over* छलक जाना, ऊपरसे बह जाना।

brimful –'फ़ुल् n. & a. आकण्ठ, मुखतक, किनारे-तक।

briming –'मिंग् n. (कृषि०) **(बीजावरण) मृदुकरण**; a. त्वरित अंकुरण क्रिया।

brimless –म्'लिॅस् a. कण्ठविहीन, अकण्ठ, बिना किनारेका।

brimmed –म्ड् a. सकण्ठ, किनारेदार, कगरदार।

brimmer ब्रि'मॅर् n. परिपूर्ण पात्र, छलकता हुआ जाम, मुँहतक भरा हुआ या लबालब भरा हुआ कटोरा।

brimming –मिंग् a. पूर्ण, छलकता हुआ।

brimstone ब्रिम्'स्टॅन् n. (रसा०) **गंधकाश्म, गंधक** (का पुराना नाम); नरकाग्नि^F^का ईंधन; ~ and treacle (चि०) बच्चोंकी एक ओषधि^F^, दवाई^F^; ~ butterfly गन्धकी या पीले रंगका फतिंगा या छोटी तितली^F^।

brimstony –नि a. गन्धकी।

brindille ब्रिन्'डिलि' n. (कृषि०) **प्रशाखिका^F^**।

brindled, brindle ब्रिन्'डॅल्ड्, ब्रिन्'डॅल् a. शबल, चितकबरा (~ *brick*); = BROWN.

brine¹ ब्राइन् n. लवणाम्बु, समुद्राम्बु, (रसा०, कृषि०, यन्त्र०) **लवण-जल**, नमकीन पानी, खारा पानी; (कृषि०, गुण०) **हल्का नमकीन**; समुद्र, सागर; (का०) अश्रु, आँसू; ~-pan भाप^F^से नमक बनानेका गड्ढा या कड़ाव; ~ cock, ~ cooler, ~ ditch, ~ gauge, ~ outlet, ~-pit, ~ socket, ~ spring, ~ test, ~ value, ~ water.

brine² v.t. समुद्रके जलसे भिगोना, नमकके पानीसे धोना, नमकमें रखना, खारे पानीसे तर करना।

bring ब्रिंग् v.t. & i. (p. *brought*) उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, सम्मुख रखना, निवेदन करना, सामने रखना, पेश करना; लेते आना, ले चलना, लाना, पहुँचाना; पथप्रदर्शन करना, राह^F^ दिखाना, आकर्षित करना, अनुकूल करना; उत्तेजित करना, भड़काना, उकसाना; परिणाम होना, घटित करना या होना, पैदा कर देना, ला देना, मचाना, मचा देना, निकल आना; प्रेरित करना, समझाना (*cannot* ~ *myself to believe*); तर्क देना, दलील^F^ देना; दोष लगाना; अत्यधिक महत्त्व देना, बढ़ाना; ~ *about* घटित करना, करवाना, लाना; (जहाज) फेरना, (नाव^F^) लौटाना; ~ *around* रास्तेपर लाना, मनाना; बहलाना; बहकाना, फुसलाना; (बोल०) होश^F^में लाना = ~ ROUND; ~ *back* प्रत्यानयन करना, लौटा लाना; स्मरण करना, याद^F^ करना, याद^F^ आ जाना; ~ *down* निरादर करना, मान घटाना, अपमान करना; (भाव) घटाना, उतारना, कम करना (हिसाब या विवरण आदिका); विवरण या हिसाबको पूरा करना या चलाना; क्षतविक्षत करना, मारना, चोट^F^ पहुँचाना; पराजित करना; दण्ड दिलाना, सजा^F^ दिलाना; ~ *down the house* (रंगमंचीय) उच्च हर्षध्वनि^F^ या करतलध्वनि^F^ करना, मकान सिर पर उठाना; ~ *forth* घटित करना; जनना, पैदा करना; परिणाम निकालना या होना; प्रस्तुत करना, फलना, सामने लाना; ~ *forward* अग्रानयन करना, **आगे लाना**, थहारना, अगले पृष्ठपर लाना (हिसाब, योग आदिको); (परि०) **रुक जाना, हवा^F^के रुख जाना, सामनेके रुख**

लाना; ~ *home to* हृदयंगम कराना, सिद्ध करना, पूर्ण रीति[F]से समझा देना, विश्वास दिलाना, अवगत कराना, दिमागमें बैठा देना; दण्डित करना; ~ *in* (प्रथा) चलाना; लाभमें पाना; निर्णय देना; ~ *into play* उद्भावन करना, कार्यान्वित करना, कार्यरूपमें परिणत करना, प्रयोग करना, काममें लाना; ~ *into world* उत्पन्न करना, जनना, जन्म देना, पैदा करना; ~ *off* नाशसे रक्षा[F] करना, नष्ट होनेसे बचाना; सफल करवाना, (किसी कार्यको) सफलीभूत बनाना, सफल बनाना; ~ *on* कारण होना; विवादमें फँसाना, कोई बात[F] छेड़ना, सिलसिला छिड़ना; ~ *out* प्रकाशित करना, प्रकाशमें लाना, स्पष्टतया अभिव्यक्त करना, स्पष्ट रूपसे दिखा देना, व्यक्त करना, प्रकट करना, भण्डा फोड़ना; (बालिका[F]को) समाजमें लाना; ~ *over* अपना मतानुयायी बना लेना, अपने मतका बनाना, परिवर्तित करना, बदल देना, तोड़ लेना, मिला लेना, फोड़ लेना; ~ *round* सुधबुध[F]में लाना, चेताना, होशमें लाना; समझा-बुझाकर रास्तेपर लाना, मना लेना, मनाना; ~ *through* (रोगीको) बचा लेना, रक्षा[F] करना; ~ *to* गति[F] रोकना, रुक जाना, चाल बन्द करना, खड़ा करना, बन्द कर देना, **थहारना**, थमना; होशमें लाना, चेताना; ~ *to bear* प्रभाव डालना; बल देना; ~ *to book* स्पष्टीकरणके लिए बाध्य करना, उत्तर माँगना, जवाब तलब करना; ~ *to effect* कार्यान्वित करना; ~ *to mind* स्मरण कराना, याद दिलाना; ~ *to pass* कारण होना, घटित करना, सामने लाना; ~ *under* अधिकृत करना, अधीन करना, अधिकारमें लाना, वशमें करना, काबूमें लाना; ~ *up* संवर्द्धन करना, पोषण करना, पालना, पोसना, बढ़ाना; सयाना करना, शिक्षित करना; लेखा आगेतक जारी रखना, और आगे हिसाब चालू रखना; (संसद्-सदस्यको) उठाकर बोलनेके लिए उत्तेजित करना; न्यायालय या अदालत[F]में मुकदमा दायर करना, नालिश[F] करना; लंगर डालना (जहाजमें); विराम लेना, रुक जाना, बन्द हो जाना; किसी ओर पुनः ध्यान आकर्षित करना; ~ *up the rear* अन्तमें पहुँचना, सबसे पीछे आना, सबके बादमें करना ।

brinish ब्राइ'निश् a. अम्ल, (रसा०) सलवण, **नमकीन** ।

brinjal ब्रिन्'जल् n. (कृषि०, वन०) **बैंगन, भाटा**; बैंगन या भाटेका पेड़ ।

brink ब्रिङ्क् n. ढालू भूमि या गहरे गड्ढेवाला प्रान्त; तीर, तट, कण्ठ, सीमा[F], छोर, किनारा, घाट; *on the ~ of grave* मृत्यु[F]के क्रोड़में, मृत्यु[F]के पथपर, मरणासन्न, मृत्यु[F]के निकट, कब्र[F]में जानेको तैयार; *shiver on the ~* हाथ डालते हुए हिचकिचाना, किनारेपर ही (बिना डुबकी[F] लगाये) काँपना ।

briny ब्राइ'नि a. लवणयुक्त, खारी, अम्ल, नमकीन ।

brio ब्री'ओ n. जीवन-शक्ति[F], जिन्दगी[F], जीवट, फुर्ती[F]; चपलता[F] ।

brioche ब्रीओश्' n. मधुशष्कुली[F], पोला केक ।

briony ब्राइ'अँनि n. शिवलिङ्गी[F], सफेद फूलोंवाली एक बेल[F] ।

briquette, briquet ब्रिकेॅट्' ब्रि'किट् n. (यन्त्र०) **इष्टिका**[F], पिसे हुए कोयलेकी ईंट[F], राख[F]का ढेला, T.

brise-bise ब्रीज़्-बीज़् n. आधा पर्दा, खिड़की[F]के निचले भागमें तना हुआ पर्दा ।

brisk[1] ब्रिस्क् v.t. & i. तीव्र होना या करना, क्रियाशील होना या करना, तेज होना या तेज करना, चुस्त होना या चुस्त करना, फुर्तीला बनना या बनाना ।

brisk[2] a. क्रियाशील, द्रुत, त्वरित, तेज, (~ *wind*), चुस्त, फुर्तीला; चतुर, चालाक; स्फूर्तिदायक, उत्तेजक, जोश देनेवाला (शराब[F], हवा[F] आदि) ।

brisket ब्रि'स्'किट् n. (शा० र० शा०, कृषि०) **अधर-वक्ष**, वक्षःस्थल, पशुओंकी छाती[F], सीना (~ *bone*); सीनेका मांस ।

briskness ब्रिस्क्'निॅस् n. क्रियाशीलता[F], स्फूर्ति[F], क्षिप्रता[F], तीव्रता[F], तेजी[F], फुर्ती[F] ।

bristle[1] ब्रि'सॅल् n. (कृषि०, वन०, जीव०) **कूच, शूक, शूका**[F]; खर लोम, कड़े बाल; खसखसी दाढ़ी[F]; *set up one's, another's, ~s* रोमांच होना, रोष प्रकट करना, क्रोध करना, क्रोध दिलाना, गुस्सा उभाड़ना, तावमें आना या लाना ।

bristle[2] v.t. & i. कड़ा हो जाना, (केश या बाल आदिको) सीधा खड़ा करना, रोएँ या बालोंकी भाँति उठना या उठाना; घने बाल होना; (ला०) कठिनाइयों[F]से घिरे होना; रोमांचित करना, रोमांच होना, भरपूर होना; रोष प्रकट करना, क्रोध प्रदर्शित करना, तावमें रोंगटे खड़े होना; लड़ाई[F]के लिए तुलना, झगड़ा करनेपर तैयार होना ।

bristled, bristly –ल्ड्, –'सॅलि aa. कड़े बालोंवाला ।

bristle-tail –'सॅल्-टेल् n. खरलोम-पुच्छ, कड़े बालोंकी पूँछवाला एक कीड़ा ।

bristliness –'लिनिॅस् n. खरलोमिता[F], कड़े बालोंकी स्थिति[F] ।

bris(t)ling –स्'लिंग् n. एक प्रकारकी मछली[F] ।

bristly –'लि a. शूकयुक्त, कूचदार; कड़ा ।

Bristol ब्रिस्'टॅल् n. ~ board मसृण-पट्ट; ~ brick घर्षणेष्टिका[F], बर्तनोंको रगड़कर साफ करनेकी ईंट[F]; ~ diamond ब्रिस्तलीय रत्न, एक तरहका हीरा जो ब्रिस्तलके करीब पाया जाता है; ~ fashion सुव्यवस्थित, ठीक प्रकारसे; ~ milk शराब[F] ।

Brit. Britain; Britannia; Briton.

Britain ब्रि'टन् n. विलायत, बर्तानिया, ब्रिटेन ।

britannia-metal ब्रिटैं'न्यॅ-मेॅ'टॅल् n. अन्तात्रपु, टिन-अण्टीमनी-ताँबा आदिसे बना धातु-मिश्रण, (रसा०) **ब्रिटेनिया धातु**[F], वंग और ऐण्टिमनीकी संकर धातु[F] ।

Britannic –टैं'निक् a. ब्रिटेनका; ब्रिटिश, आंग्ल ।

Briticism –'टिसिज़्म् n. आंग्लक्षेत्रीय लोकोक्ति[F]; या प्रयोग, आंग्लता[F], ब्रिटिश व्यवहार ।

British –टिश् a. ब्रिटिश, विलायती लोगोंका; विलायत अथवा उसके वासी; ~ Academy T., नैतिकता[F] और

राजनीति[F]के उत्कर्षके लिए सौ व्यक्तियोंकी एक राजाज्ञा[F]-प्राप्त संस्था[F]; ~ Association विज्ञान परिषद्[F]; ~ Expeditionary Force ब्रिटिश अभियान-सेना[F]; ~ warm सैनिकोंका छोटा फौजी ओवरकोट; the ~ आंग्ल-देशीय, अँग्रेज सिपाही, अँग्रेज।

Britisher –शॅर्_ n. ब्रिटिश, अँग्रेज, इंग्लैण्डकी प्रजा[F]।

britishism –शिइम् n. विलायती मुहाविरे, ब्रिटिश प्रयोग, अँग्रेजी व्यवहार।

Briton ब्रि'टॅन् n. (का०) विलायत राज्य या ग्रेटब्रिटेनका निवासी, वरतानी; ब्रिटन जाति[F]; North ~ स्कॉटलैण्ड-का वासी।

brittle ब्रि'टॅल् a. भिदुर, (रसा०, यन्त्र०, प्रा० भू०) **भंगुर,** कमटिकाऊ, कच्चा, बेलोच, कमजोर, कुड़कीला, टुटहा, सहजमें टूट जानेवाला; ~ star भिदुरतारा[F], एक मछली[F]।

brittleness –निॅस्_ n. (भौ०, रसा०) **भंगुरता[F],** बेलोचपन, कमटिकाऊपन, कमजोरी[F], कुड़कीलापन, टुटहापन।

britzka ब्रिट्'स्कॅ, ब्रिट्स्कॅ n. चतुश्चक्रिका[F], चार पहियोंकी छोटी-सी गाड़ी[F], ब्रिस्का[F]।

bro. brother.

broach[1] ब्रोच् n. मांस भूननेकी शलाका[F], छड़[F] या सीकचा, कबाबकी सींक[F]; (यन्त्र०) जूड़ा; (शल्य०) निर्विध, दन्त छिद्रको बड़ा बनानेका बरमा, सुतारी[F], बरमेकी डाँस[F]; गिरजाघरकी मीनार[F] (जो कलश या गुम्बजसे ऊपर बिना आश्रय या दीवार[F]के उठी हो)।

broach[2] v.t. (पोटली[F] या गठरी[F], सन्दूक, पीपा आदि को) खोलकर प्रयोगमें लाना; (मादक द्रव्योंको निकालनेके लिए) पीपेमें छेद करना, शराब[F] निकालना; विवाद प्रारम्भ करना, विषय-प्रवर्तन करना, (किसी विषयपर) शास्त्रार्थ करना, विषय छेड़ना, बहस[F] शुरू करना।

broach[3] v.t. & i. (प्रायः ~ *to*) जहाजका मुड़ना या मोड़ना, माथा मारना; तोड़ना।

broacher –'चॅर्_ n. विषयप्रवर्तक, विषय-प्रस्तावक।

broad ब्रॉड १. n. विस्तृति[F], चौड़ा भाग (~ *of the back*); पोखरा, ताल; २. a. विस्तीर्ण, विस्तृत, बड़ा, फैला हुआ (~ *lands*); चौड़ा, चकला (6 *ft.* ~); (चि०) **पृथु,** स्थूल, मोटा (~ *principles*, ~ *distinction*); पूर्ण, पूरा, भरा हुआ; मुख्य, विशेष, व्यक्त, स्फुट (~ *story*); खुला; मद्दा, भोंड़ा, ठेठ; सहिष्णु, सहनशील; सामान्य, साधारण (~ *rule*), ~ aft (परि०) **तिर्यक्;** ~ awake पूर्णतः जाग्रत; ~ bean (कृषि०) बाकला[F], पृथु शिम्बी[F], साधारण लोबिया; ~ church बुद्धिवादी पादरी, ~ cloth आयत वसन, चौड़ा कपड़ा; बनात, काला कपड़ा; ~ daylight समक्ष, दिन दहाड़े; ~ flown पूरे जोबनमें; ~ glass खिड़की[F]का शीशा; ~ ligament (चि०) पृथु स्नायु (गर्भाशयका); ~-minded उदार; ~-mindedness n. **उदारता[F];** ~ on (परि०) **तिर्यक्;** ~ seal राष्ट्रीय मुद्रा[F], राजकीय मोहर[F]; ~ sheet कागजका बड़ा तख्ता; **बड़ा चिट्ठा;** ~-side **पुंजदीप;** जहाजका बड़ा हिस्सा; ~ silk टुकड़े टुकड़े रेशमी कपड़ा; ~-spoken स्पष्टवादी; ग्राम्य-भाषाभाषी; ~ sword चौड़े फलकी तलवार[F]; ~ weaver टुकड़े टुकड़े बुननेवाला जुलाहा; ३. adv. ~ways, ~wise चौड़ान[F]में, पनहेमें, अरजमें; *as ~ as it is long* तटस्थ, उदासीन; बराबर, एकसा;

~ arrow, ~ band, ~-beamed, ~ bill, ~ blade, ~ brim, ~ channel, ~-chested, ~-columner, ~ effect, ~ gauge, ~ head, ~ irrigation, ~ leaf, ~-leaved, ~ outline, ~ points (at issue), ~ policy, ~-ringed, ~ sense, ~ slit, ~ specification, ~ tail, ~-tailed, ~ valley, ~-zoned.

broadcast –'कास्ट् १. n. (समाचार, संगीत, नाटक, भाषण आदिका) **प्रसार,** प्रसारण, नभोभाषण (*to-day's ~ programme*); विकिरण, छिटका बोवाई[F]; २. v.t. & i. (~ or *-casted*) प्रसारित करना; (नाटक इत्यादि) खेलना; बिखेरकर बोना, छिटका बोवाई[F] करना; प्रसिद्ध करना, फैलाना; ३. a. इधर-उधर बिखरा हुआ, छितराया हुआ (बीज), ४. adv. बिखरा-बिखरा, छितराये हुए;

~ amplifier, ~ centre, ~ control, ~ coverage, ~ engagement, ~ receiver, ~ relay, ~ seeder, ~ transmitter.

broadcaster –टॅर्_ n. **प्रसारक।**

broadcasting –टिंग् n. **प्रसारण,** रेडियो द्वारा विकिरण; विकिरण, (कृषि०)छिटकवा, छिट्टा; विक्षेपण; बिखेरना; ~ house, ~ sowing, ~ station.

broaden –'डॅन् v.t. चौड़ा करना।

broadly –'लि adv. स्थूलतः, स्पष्टतः, मोटे तौरपर (*speak ~*)।

broadness –'निॅस् n. (भाषा[F] या बोली[F]की) अशोभनता[F], भोंड़ापन, भद्दापन; अशिष्ट भाषण।

brob ब्रॉब् n. परिकर्षिका[F], चूल[F] कसनेकी फन्नी[F]।

Brobdingnag ब्रॉब्'डिंग्नैग् n. दैत्यावास, निशाचर-निवास, राक्षसोंकी निवास-भूमि[F], शैतानोंका स्थान।

brobdingnagian –नै'गिॲन् a. राक्षसी, बहुत बड़ा, विशाल, राक्षसोंका-सा।

brocade ब्रॅकेड्' १. n. कामिक वस्त्र, कामदार या जरीदार कपड़ा, किमखाब; २. v.t. किमखाब बनाना, जरी[F] जड़ना।

brocatel(le) ब्रॉकॅटे'ल' n. मोटा चिकन या किमखाब।

broc(c)oli ब्रॉ'कॅलि n. फूलगोभी[F]का एक प्रकार, T.

broche (F) ब्रॉ'शे n. चिकन, कढ़ाई[F]।

brochure ब्रॉ'शुॲर्_ n. पुस्तिका[F], पत्रिका[F], **विवरणिका[F];**।

brock ब्रॉक् n. बिज्जू; अपरिष्कृत व्यक्ति, गन्दा आदमी।

brocked –ट् a. चितकबरा, सफेद-काले धब्बोंवाला।

brocket ब्रॉ'किॅट् n. कुरंगशावक, सारंगशिशु, मृगछौना, दो सालका हिरन।

brodekin ब्रो'डकिन् n. आधा बूट; मोटे तलेके जूते ।
brog ब्रॉग् n. छिद्रोपकरण, छोटा बरमा ।
brogue[1] ब्रोग् n. (आयरलैन्ड और स्काटलैन्डका) मोटा और कड़ा जूता; गॉल्फ खेलनेका काँटीदार जूता; fishing ~s गॉल्फ खेलनेका पनरोक मोजा ।
brogue[2] n. देहाती बोली^F या उच्चारण, ग्राम्य उच्चारण ।
broider ब्राएँ'डॅर् v.t. कसीदा काढ़ना, बेलबूटा बनाना ।
broidery –रि n. चित्रसीवनकला^F, चिकन, किमखाब ।
broil[1] ब्राएँल् n. अभ्यामर्द, कलह, दंगा, झगड़ा, लड़ाई^F, हंगामा; जनरव, शोरगुल ।
broil[2] v.t. & i. झगड़ा करना, कलह करना; अत्यन्त उत्तप्त होना, धूप^Fमें तपना या भुन जाना, गरम होना या करना; सीखों^Fपर (मांस) भूनना ।
broil[3] n. सीख^Fपर भूना हुआ मांस, सीखिया कबाब ।
broiled ⊙ –ड् a. भूना हुआ ।
broiler –'लॅर् n. दमचूल्हा ।
broiling –लिंग् a. अत्यन्त उष्ण, कड़ा गरम, सड़ी^F (~ *heat*) ।
brokage ब्रो'किज् n. मध्यग-व्यवस्था^F, मध्यगता^F, दलाली^F, दस्तूरी^F ।
broke[1] ब्रोक् n. छोटे बालोंका पशम, ऊन ।
broke[2] n. (p.p. of *break*) (विशेष अर्थोंमें भी) (नौकरी^Fसे) निष्कासित, अलग किया हुआ, बर्खास्त; नष्ट; दरिद्र, दिवालिया; stony ~ पत्थरसे चूर-चूर ।
broken* –'कॅन् a. (क्रियागत अर्थोंमें), असम्पूर्ण; चूर्ण, भग्न, खण्डित*, टूटा हुआ; दुर्बल; सधा हुआ; ~-backed **उत्तल, उत्तलन**; ~ beer यविराशेष; ~ English टूटी-फूटी या गलत अंग्रेजी भाषा^F; ~ ground उत्क्षिप्त भूमि^F, विषम या **ऊबड़-खाबड़ जमीन**^F; ~-hearted भग्नोत्साह, निराश; ~ man (विपत्^F और शोकमें) मुह्यमान व्यक्ति, 'मृतवत्, निस्तेज, निराश, हतोत्साह; ~ meat उच्छिष्ट भोजन या मांस, छोड़न^F, बचा हुआ भोजन, जूठन^F; ~ money रेजगारी^F, टूटा हुआ रुपया; ~ numbers न्यून संख्या^F; कमी^F, टोटा; ~ pies भिन्नांक इकाइयाँ^F; ~ rice किनकी^F; ~ series **सावकाश श्रेणी**^F; ~ sleep उन्निद्रता^F, उनींदा, उचाट नींद^F; ~ water वीचि^F, छोटी छोटी लहरें^F; **लहरें^F टूटना; आगे लहरें^F टूट रही हैं !** ~ weather अनिश्चित ऋतु^F, क्षण-क्षणमें परिवर्तित ऋतु^F; ~-winded बेकार, पदा हुआ (घोड़ा, फेफड़ोंकी खराबी^Fसे);
~ account, ~-arched, ~ bricks, ~ circuit, ~ cloud, ~ down, ~ drainage, ~ family, ~-fortuned, ~ glass, ~ home, ~ line, ~ lump, ~-nosed, ~ ore, ~-paced, ~ period, ~-spirited, ~ stowage, ~ types, ~-winged, ~ wire.
brokenly –लि adv. हिचकोलोंके साथ, रह-रहकर, झटकोंके साथ ।

broker ब्रो'कॅर् n. मध्यग, (वाणि०) **दलाल**, आढ़तिया, एजेण्ट; कबाड़ी, कुरकी^Fका माल बेचनेवाला ।
brokerage –रिज् n. (परि०) **दलाली**^F, दस्तूरी^F, रसम^F ।
brokering –रिंग n. दलाली^F, सट्टा, सट्टेबाजी^F ।
brokery –रि n. मध्यगता^F, दलाली^F ।
brolly ब्रॉ'लि n. (रसा०) **ब्रोमेट**, ब्रोमिक अम्लका लवण ।
bromic ब्रो'मिक् a. (रसा०) **ब्रोमिक**, ब्रोमीन-मिश्रित ।
bromide ब्रो'माइड् n. ब्रोमाइनका मिश्रण, (रसा०, चि०) **ब्रोमाइड** (~*printers*), हाइड्रोब्रोमिक अम्लका लवण; पिटी-पिटाई या घिसी-घिसाई आचार-विधि^F, रूढ़ि^F; घिसा-पिटा मुहावरा, उबानेवाली बात^F; (~*s*) तुच्छता^F; ~ paper (रसा०) **ब्रोमाइड-कागज**, सिलवर ब्रोमाइड, फोटो पेपर ।
bromination ब्रोमिने'शॅन् (रसा०) **ब्रोमीनीकरण** ।
bromine[1] –'माइ(मि)न् n. एक प्रकारका क्लोराइनसे मिलता-जुलता अधात्वीय तत्त्व (उग्र गन्ध^Fका विषाक्त काला रस), (रसा०) **ब्रोमाइन, ब्रोमीन** ।
bromine[2] v.t. ब्रोमीनसे मिश्रित करना ।
bromism –मिज़्म् n. (चि०) **ब्रोमात्यय**, ब्रोमीनकी विकृति^F ।
bromo-, brom- BROMINE का संयोग-रूप (जैसे, *bromobenzoic, bromacetic*) ।
bronchi ब्रॉङ्'काइ n. फुफ्फुस कोष्ठ, श्वसनिका^F, श्वसनी^F, श्वास प्रणाली^F ।
bronchial –किॲल् a. फुफ्फुसनाल-सम्बन्धी, (चि०, श० र० शा०, कृषि०, जीव०) **श्वसनी**-^F, श्वासनलीका, (~ *artery*, ~ *tube*, ~ *vein*) साँस^Fकी नलीका ।
bronchiole –ओल् n. (चि०, जीव०) **श्वास-नलिका**^F, **श्वसनिका**^F ।
bronchitic –काइ'टिक् a. श्वसनी-शोथ-पीड़ित ।
bronchitis –टिस् n. फुफ्फुसनाल-कोप, गलशोथ, (चि०) श्वासनलीदाह, (चि०, कृषि०) **श्वासनलीशोथ**, श्वसनी-प्रदाह, **धसका** ।
bronchotomy –कॉ'टॅमि n. श्वासनलिका-छेदन ।
bronchus –'कॅस् n. (जीव०, चि०) **श्वसनी**^F, श्वास-नली^F ।
bronco ब्रॉङ्'को n. (pl. ~*s*) कैलीफोर्नियाका जंगली या अधपालतू घोड़ा ।
broncobuster –बॅस्टॅर् n. जंगली या नये घोड़ोंको सधानेवाला ।
Brontosaurus ब्रॉन्टॅसॉ'रॅस n. प्रागैतिहासिक महाकाय गिरगिट, दितिसरट ।
bronze[1] ब्रॉन्ज् १. n. (रसा०) कांस्य, (रसा०, नौवि०, यन्त्र०) काँसा, काँसी^F, फूल, कसकुट; काँसेकी कलाकृति^F; कँसैला रंग; २. a. काँसी^Fका-सा, काँसी^Fका ।
B~ Age, ~ blocks ~ bowl, ~ brooches, ~-brown, ~ coating, ~ coin, ~ foundry, ~-green, ~ ingot, ~ joint, ~ lake,

~ liquor, ~ needle, ~ ochre, ~ paint, ~ paper-weight, ~ period, ~ plating, ~-red, ~ rod, ~ scrap, ~ sheet, ~ slab, ~ steel, ~ tools, ~ ware, ~ welding, ~-winged, ~ wire, ~ work, ~-yellow.

bronze[2] v.t. & i. काँसेका रूप देना, काँसेका रंग चढ़ाना, काँसी^F के रंगका करना; भूरा और लाल करना या होना।

bronze-powder –'पॉउडॅर् n. कांस्य-चूर्ण, काँसेका चूरा।

bronzewing –'विंग् n. कांस्यपक्ष, एक कबूतर।

bronzing –'ज़िंग् a. (रसा०) **कांस्याभकारी** (~ *powder*)।

bronzite –ज़ाइट् n. कांस्यज, पित्तलाश्म, (प्रा०भू०)T.

bronzy –ज़ि a. कांस्यवर्ण, कसकुटके रंगका।

broo ब्रू n. = BROTH.

brooch ब्रोच् n. रत्नजटित सुई^F, जड़ाऊ सुई^F; (स्त्रियों^F के वस्त्रमें लगानेकी रत्नजटित) पिन^F।

brood[1] ब्रूड् n. पक्षिशावक, अण्डशावक, अण्डज बच्चे; (कृषि०) **मधुपूर, पूर, झोल,** (~ *cell*, ~ *lac*); (जीव०) **समजात;** (बहुव० हेय अर्थमें) मानव-परिवार, आदमियोंके बच्चे; सम्मर्द, भीड़^F या जत्था, झुण्ड, नस्ल^F; ~ chamber (जीव०) **अण्डालय,** पूर-कक्ष; ~ mare नस्ल^F के लिए पाली घोड़ी^F।

brood[2] v.i. अण्डा सेना; मनन करना, चिन्तन करना, कुविचार करना, गढ़ना; विचारमग्न होना, निध्यान करना, चिन्ता^F करना।

brooder –'डॅर् n. (कृषि०) **अंडे सेनेवाली मशीन**^F, चूजेखाना; सेनेवाला जीव।

broodiness –'डिनिॅस् n. अण्डा सेनेकी स्थिति^F।

brooding –'डिंग् १. n. (कृषि०) **अंडा सेना, मुर्गी**^F **बिठाना;** २. a. विचारमग्न, गहन चिन्तनमें; मन-ही-मन; सेनेका;
~ house, ~ compartment, ~ nest.

broody –'डि a. (कृषि०) **कुड़क** (मुर्गी^F), अण्डा सेनेकी इच्छावाली^F, (कृषि०) अंडा सेनेवाली^F।

brook[1] ब्रुक् n. क्षुद्रनदी^F, छोटी नदी^F, (कृषि०) **सोता,** नाला, **नाली**^F; ~lime नीले फूलकी एक लता^F।

brook[2] v.t सह्य करना, सहन करना, भोगना, झेलना।

brooklet –'लिॅट् n. क्षुद्र नदी^F, छोटा सोता, नाला।

broom ब्रूम् १. n. संमार्जनी^F, मार्जनी^F, बोहारी^F, कूँचा, बढ़नी^F, झाड़^F; पीले फूलोंवाली रेतीले तटोंपर उगनेवाली एक झाड़ी^F; २. v.t. बुहारना, झाड़ना, झाड़ूसे साफ करना; ~ rape (वन०) **भुंइफोड़,** उपर्युक्त झाड़ी^F के सहारे चढ़नेवाली बेल^F; ~-stick झाड़ूका लग्गा, डण्डी^F, हत्था; new ~ **बुहारकी** बहुत उत्सुकता^F दिखानेवाला नया नौकर; *a new ~ sweeps clean* नया नौकर तीरन्दाज;
~ corn, ~-creeper, ~-leaved, ~-maker, ~-making, ~-shank, ~-staff, ~-straw, ~-tail, ~-tops, ~-twine, ~-wood.

brooming –'मिंग् n. (यन्त्र०) **छितराना**।

broomy –'मि a. मार्जनीयुक्त, झाड़ूदार।

bros. brothers.

brose ब्रोज़् n. विलायती जौका दलिया; Athole ~ ह्विस्की^F और शहदका मिश्रण या घोल।

broth ब्रॉथ् n. यूष, रसा, शोरवा; ~ *of a boy* (*Irish*) सज्जन, भला आदमी।

brothel ब्रॉ'थॅल् n. (का०) **वेश्यालय, चकला,** कस्बीखाना, रण्डी-घर।

brother* ब्र'दॅर् n. (pl. ~s, *brethren*) सहोदर भ्राता, बन्धु, भाई*; अभिन्न मित्र, गहरा दोस्त; समानधर्मा, समानधर्मी, सहधर्मी, समान व्यक्ति, हम-मजहब; समान-कर्मा, सहकर्मी; किसी कम्पनी^F का कर्मचारी (*Elder* ~); सहयोगी, संगी, साथी (~ *in arms*); सम्राटों या राजाओंका परस्पर सम्बोधन; ~ german सहोदर, सगे भाई; ~-in-arms साथी सैनिक; ~-in-law भगिनी-पति, जीजा, बहनोई; साला; B~ Jonathan संयुक्त राष्ट्र अमेरिका; ~ uterine सहोदर (पिता अलग-अलग हों), मातृपक्षसे भाई, एक माता^F से; half-~ सौतेला भाई; *a man and a* ~ सगोत्र (दासोंके लिए)।

brotherhood –हुड् n. भ्रातृत्व, बन्धुत्व, भाईचारा, भाईबन्दी^F; (दर्श०) **भ्रातृभाव,** संग, साथ; (pl.) समिति^F, सम्प्रदाय, समाज ⊙; सहधर्मिता^F; सहकारिता^F।

brotherless –र्‌लिॅस् a. भ्रातृहीन, बेभाई।

brotherlike –लाइक् a. भ्रातृवत्, भाईका-सा।

brotherliness –लिनिॅस n. भ्रातृत्व, भायप, भाईचारा।

brotherly –लि a. बन्धुसदृश, भ्रातृतुल्य, भाई-सा।

brougham ब्रूम्, ब्रू'अॅम् n. एक घोड़ेकी बन्द गाड़ी^F, बग्घी^F, ब्रूम।

brought ब्रॉट् (p.t. & p. p. of BRING) आनीत, लाया गया; उपस्थापित; ~ *down* ऊपरसे लाया गाया (हिसाब); ~ forward पिछला आया।

brow[1] ब्रॉउ n. भ्रू^F, भौंह^F, भौं; ललाट, कपाल, मस्तक, भाल, मत्था; प्रलम्बता^F, निकास, (चट्टान^F आदिका) तट, किनारा, छज्जा, ओर-छोर; पहाड़की चोटी^F; ~ ache भ्रूव्यथा^F, भौंह-पीड़ा^F; ~ ague शिरोव्यथा^F, अधकपारी^F; ~ band (पुरा०) **सिंगार पट्टी**^F; ~-beating धौंस^F, डाँट^F; *knit, bend,* one's ~ भृकुटी^F चढ़ाना, नाक-भौंह^F चढ़ाना, क्रुद्ध होना।

brow[2] n. (नौवि०) **तागड़**^F**, तख्ता सीढ़ी**^F, सीढ़ी^F, तख्तोंका पुल।

browbeat –'बीट् v.t. आँख^F दिखाना, घुड़कना, धमकाना, डाँटना।

browed –उड् a. भौंहवाला; झुका हुआ।

brown[1] ब्रॉउन् n. (अ०) पैसा, ताँबेका सिक्का; भूरे या खाकी कपड़े; भूरा रोगन; भूरे रंगकी तितली^F; कपिश-

वर्ण, पिंगलवर्ण, भूरा रंग, साँवला रंग; the ~ भूरे रंगकी चिड़िया^F; *fire into the* ~ (सब पक्षियोंको एक झुण्डमें ही) उड़ा देना; सबको एक लाठी^Fसे हाँकना; अन्धाधुन्ध गोली^F चलाना।

brown v.t. & i. कपिश अथवा पिंगलवर्णका हो जाना, साँवला या स्याह पड़ना या करना, भूरा हो जाना, भूरा बनाना; *~ed off* (ग्रा०) ऊबा हुआ, छका हुआ।

brown[3]* a. (वन०, रसा०) **बभ्रु**, कपिश, पिंगल, (वन०, रसा०) **भूरा***, खाकी, खैरा, बादामी (~ *bear*), लाल चमड़ीवाला; ~ bread बिना छाने आटेकी रोटी^F; ~ coal बभ्रु-अंगार, अधपका कोयला, (रसा०) **भूरा कोयला**; ~ shirt जर्मन नात्सी, नाज़ी; ~ study दिवास्वप्न; निमग्नता^F; ~ ware मिट्टीके बर्तन; *do* ~ (ग्रा०) हवा^F बनाना, धोखा देना, जुल देना, ठगना; ~ algae, ~ limonite, ~ magnesite, ~ ore, ~ paper, ~ pit, ~-ring-test, ~ rust, ~ soil, ~ spar, ~ stone, ~ sugar.

brownie ब्राउ'नि n. (फ़ोटोग्राफी^F) एक प्रकारका कैमरा; स्काउट लड़की^F (८ से ११ सालकी); उदार या नेक परी^F; भुतनी^F, चुड़ैल^F।

browning ब्रॉउ'निंग् n. स्वतःचालित पिस्तौल^F, आधुनिक पिस्तौल^F; ~ (of milk) (कृषि०) (**दूधका**) **ललाई^F पकड़ना**।

brownish ब्रॉउ'निश् a. खाकी, भूरा-सा, साँवला-सा।

brownness –न्'निस् n. भूरापन, खैरापन, साँवलापन।

browny –'नि a. भूरा, खैरा।

browse[1] ब्रॉउज़् n. नवपल्लव, गवादि पशुओंका हरित खाद्य, कोंपलें^F, घासपात, चरी^F; चराई^F, चरना।

browse[2] v.t. & i. कोंपल^F चरना, कुतरना, टहनियाँ^F तोड़-तोड़कर खाना या खिलाना, (छोटी पत्तियाँ^F, नयी कोंपलें^F, छोटी घासें^F, घास-पात, पत्ते और पंखड़ी^F चारेके लिए) काटना या तोड़ना, चरना, चराना, चारा खाना या खिलाना; दृष्टिपात करना, इधर-उधरसे पढ़ना; (ला०) स्वान्तःसुखाय अध्ययन करना, मनोविनोदके लिए पढ़ना।

browsing –'ज़िग् n. (कृषि०) **कोंपल^F चरना**।

brucine ब्रू'साइन् n. आकुलकी^F, कुचलेका एक विष, (रसा०) T.

brucite –इट् n. ओदिज, (प्रा० भू०) **ब्रूसाइट**, एक खनिज जिसका प्रमुख भाग मैगनिशियम हाइड्रोक्साइड होता है।

bruckle ब्रू'कॅल् a. भंगुर, कच्चा, टुटहा, टूटनेवाला; अस्थिर, अस्थायी।

Bruin ब्रू'इन् n. ऋक्ष, भल्लूक, भालू राम, रीछ (मानवी नाम)।

bruise[1] ब्रूज़् n. नीलिका^F, कचक^F, त्वचाक्षत, आघात, चोट^F, रगड़^F; (कृषि०) **खरोंच^F**, (शरीर और फलका) मर्दित घाव, चमड़ा छिल जाना।

bruise[2] v.t. & i. रगड़^F देना, शरीरका छिला जाना, खरोंच जाना, खरोंचना; घायल करना, चकनाचूर करना, कुचलना, रौंदना (मनुष्य या पशु, फल और पौधों आदिको); (धातु^F या लकड़ी^Fमें) चिह्न लगाना, कूटना, पीटना; (अलं०) अयोग्य बना देना, चूर-चूरकर देना, खण्ड-खण्ड या टुकड़े-टुकड़े कर देना, तोड़ देना, पीस डालना; (शिकार-सम्बन्धी) अन्धाधुन्ध घोड़ा दौड़ाना।

bruiser –'ज़र् n. (क्रियागत अर्थोंमें); पुरस्कारके प्रतियोगी, प्रतिद्वन्द्वी, मल्ल।

bruising –ज़िंग् n. (चि०) **कूटना**।

bruit[1] ब्रूट् n. (प्रा०) जनप्रवाद, जनरव, समाचार, सूचना^F, प्रवाद, चर्चा^F, गोलमाल, झूठी खबर^F, अफवाह; (चि०) विकृत ध्वनि^F।

bruit[2] v.t. प्रवाद करना, प्रचारित करना, प्रचार करना, समाचार फैलाना, अफवाह^F फैलाना।

brumal ब्रू'मॅल् a. शैशिर, शिशिर ऋतु सम्बन्धी।

brumby ब्रम्'बि a. अरण्याश्व, जंगली घोड़ा।

brume ब्रूम् n. तुषार, नीहार, धुन्ध^F, कोहरा।

Brummagem ब्र'मॅजिॅम् n. & a. बरमिंघममें निर्मित (वस्तु^F या सामग्री^F), बरमिंघमकी (चीज^F); बरमिंघमका; (बोली^Fमें एवं घृणा^Fसे) कृत्रिम, खोटा, जाली, नकली, बनावटी, दिखावटी; सस्ता।

brumous ब्रू'मॅस् a. तुषाराच्छन्न; शैशिर, कोहरेसे भरा हुआ।

brunch ब्रन्च् n. प्रातराश, कलेवा, नाश्ता।

brunette ब्रूनॅ'ट् n. & a. पिंगलकेशी, कृष्णा^F (स्त्री^F), पिंगलवर्णा या कृष्णवर्णा बालिका^F या रमणी^F, काली और भूरे बालोंवाली (औरत^F)।

Brunonian ब्रूनो'निॲन् a. (चि०) जॉन ब्राउनका, ब्राउनीय मत या सिद्धान्तका।

Brunswick ब्रन्ज़्'विक् a. जर्मनीके ब्रन्सविक नामक नगरका; ~ black काली वार्निश^F; ~ line जार्ज प्रथमसे आरम्भ राजवंश।

brunt ब्रन्ट् n. आक्रमणकी प्रचण्डता^F, विशेष प्रभाव, प्रहार, (आक्रमण आदिका) धक्का, वार, चोट^F (*bear the ~ of*)।

bruscamente† (It.) ब्रुस्कैमैन्'टि adv. बलपूर्वक, जोरसे।

brush[1] * ब्रश् n. (विद्यु०) मार्जनी^F; कूर्च, तूलिका^F, कूँची^F*, बुरुश, **ब्रुश**; चित्रकारी^F; (लोमड़ी^Fकी) पूँछ^F; (प्रा० अमेरिका और आस्ट्रेलिया आदिमें) झुरमुट, झंखाड़, झाड़ी^F; (विद्यु०) चिनगारियों^Fका कूर्चनिसर्ग, ब्रुशके समान विद्युत्^Fका विकिरण, प्रांगार (कारबन) या धातु^Fके टुकड़े, पट्टी^F (जिसका गुच्छा बिजली^F जोड़नेमें काम आता है); (दृष्टि-सम्बन्धी) अस्पष्ट किनारेकी उज्ज्वल अथवा काली आकृति^F; झाड़^F, बुहार^F, सफाई^F, झाड़ू लगानेकी क्रिया^F; मुठभेड़^F, नोक-झोंक^F, भिड़न्त^F, झड़प^F, रगड़-झगड़^F, रगड़^F, खरोच; (*~es*) कलह, विवाद ⊙; ~ dam (कृषि०) **गुल्मक बन्ध**; ~ turkey कूर्च-कुक्कुट; ~ pencil कलाकारकी पेंसिल^F; ~-wheel गुच्छ चक्र; ~wood घनी झाड़ी^F; क्षुपवन, शाखाकाष्ठ,

शाखाओंकी लकड़ी^{F}, कटी शाखाएँ^{F}, ~-work हस्तकौशल, चित्रकारी^{F}; the ~ चित्रकारी^{F}; *all tarred with the same* ~ सब धान बाईस पसेरी; जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ;

~ arm, ~ bolter, ~ collar, ~ discharge, ~ gear, ~ harrow, ~ holder, ~ porcupine, ~-tailed ~-tray, ~ weir.

brush² v.t. & i. ब्रुश से बुहारना, बुरुश करना; स्वच्छ करना, साफ करना, सफाई^{F}से झाड़ना, झाड़ना-पोंछना, रगड़ना; तेजी^{F}से चलना या चलाना; रगड़^{F}कर चलना, छूकर निकल जाना; खरोंचना; सँवारना; ~ *aside, away* (ला०) उपेक्षा^{F} करना, ध्यान न देना, सुनी अनसुनी कर देना, दृष्टि^{F} फेर लेना, मुँह मोड़ लेना; ~ *over* हलका रंग फेरना; ~ *up* स्वच्छ करना, कूची^{F}से रंग करना; मुरचा छुड़ाना, ताजा कर देना, चमक^F लाना, चमकाना; (ला०) स्मरण करना; ताजा कर लेना; ~ *upon* ⊙ = ~ UP।

brushing –'शिंग् n. (यन्त्र०) **ब्रश फेरना**।

brushy –'शि a. सघन, गुम्फित, घना, झाड़ीदार, गुच्छेदार।

brusque ब्रुस्क्, ब्रस्क a. अशिष्ट, असभ्य, मुँहफट, अक्खड़, फूहड़।

brusqueness, brusquerie –'निॅस्, ब्रुस्कॅरी' nn. अशिष्टता^{F}, अक्खड़पन, फूहड़पन; (दर्श०) **परुषता**^{F}।

Brussels ब्र'सॅल्ज़् a. ब्रसेल्जमें निर्मित या वहाँका बना हुआ, ब्रूसेल्जसे गृहीत; वहाँकी वस्तुओं^{F}की नकल^{F}में (~ *carpet*, ~ *lace*); ~ sprouts करमकल्लेकी तरहकी एक तरकारी^{F}।

brustle ब्र'सॅल् v.i. मर्मर शब्द करना, खड़खड़ाना।

brut† (F) a. (मदिरा^{F}) मीठी न की हुई, फीकी।

brutal ब्रूटॅल् a. (दर्श०) **पशुवत्, पाशविक**, पाशव, नृशंस, हिंसक, हिंसाप्रिय, रक्तपिपासु, निर्दय, दुश्शील, क्रूर, ऐन्द्रिय, विषयासक्त; असभ्य, जंगली, गँवार, उजड्ड।

brutalism, brutality –लिज़्म्, –'टैलिटि nn. हिंसा^{F}, निर्दयता^{F}, क्रूरता^{F}, कठोरता^{F}, दुश्शीलता^{F}, असभ्यता^{F}, विषयासक्ति^{F}, उजड्डपन, जंगलीपन, गँवारूपन; पाशविकता^{F} (वाद)।

brutalization –लाइज़े'शॅन् n. निर्दयीकरण, हिंसक या उजड्ड बनानेकी क्रिया^{F}; पाशवीकरण।

brutalize ब्रू'टॅलाइज़् v.t. & i. हिंसक बनाना, निर्दय या पशुवत् बनाना, गँवार बनाना, उजड्ड कर देना।

brute ब्रूट् n. & a. हिंसक पशु, क्रूर, नृशंस (जानवर), क्रूर, निर्दय, कठोर, कट्टर, पशुवत्, जानवर-सा (व्यक्ति अथवा कार्य); निर्बुद्धि, मतिहीन, मूर्ख, इन्द्रियवश, विषयासक्त, लोलुप; अनुत्साही, तेजहीन; उद्दण्ड (व्यक्ति अथवा कार्य); जड़,(~ *force*), पाशविक, भौतिक; निम्न श्रेणीका पशु, जंगली जानवर; पशुता^{F}, मनुष्यकी नीच प्रकृति^{F}।

brutehood –'हुड् n. पाशविकता^{F}, पशुता^{F}, हिंसकता^{F}, जानवरपन।

brutification –टिफ़िके'शॅन् n. पाशवीकरण, हिंसक या क्रूर बनाना, पशु-सदृश व्यवहार करने लगना।

brutify –'टिफ़ाइ v.t. पशु-सदृश बनाना, क्रूर बनाना, जानवर बनाना।

brutish –टिश a. पशुवत्, पशुके सदृश, जानवरकी तरह क्रूर, जड़ इत्यादि।

brutishness –निॅस् n. पशुता^{F}, निर्दयता^{F}, असभ्यता^{F}, उजड्डपन^F आदि।

brutum fulmen† (L)n. थोथी धमकी^{F}, गीदड़-भबकी^{F}।

Brutus ब्रूटॅस् n. १९वीं शती^{F}में कृत्रिम बालोंकी एक शैली^{F}।

bryologist ब्राइऑ'लॅजिस्ट् n. शैवालविज्ञानवेत्ता, काई^F विज्ञानका जानकार।

bryology –जि n. काई^{F}का विज्ञान, शैवाल-विज्ञान।

bryony ब्राइ'ॲनि n. शिववल्ली^{F}, लताओं^{F}की एक जाति^{F}, ब्राइओनी^{F}।

bryozoan ब्राइॲजो'ॲन् n. (pl. *-zoa*) जलकृमि।

B.S. Bachelor of Science *or* of Surgery; Blessed Sacrament; balance sheet; black (cotton) soil.

b.s. bill of sale.

B.S.A. British South Africa; Birmingham Small Arms.

B.Sc. Bachelor of Science.

B.Sc. (Agri.) Bachelor of Science (Agriculture).

B.Sc. Hons. Bachelor of Science with Honours.

B.S.I. British Standards Institution.

B.S.K. British Standard Keys.

B.S.S. Bharat Sewak Samaj; British Standard Specification.

B.S.T. British Summer Time.

B.T. Bachelor of Teaching; book transfer.

Bt. Baronet.

B.Tech. Bachelor of Technology.

B.Th. Bachelor of Theology.

B.Th.U. British Thermal Units.

b.t.o. bombing through overcast.

B.T.U. Board of Trade Unit.

bu., bus. (or bush.) bushel(s).

bubble¹ ब'बॅल् n. **बुद्‌बुद्, बुदबुदा, बुलबुला**, बुल्ला, फफोला, छाला, झलका; प्रवंचना^{F}, धोखा; उबाल^F, उबलनेकी आवाज^F; आकाश-पुष्प, मनके लड्डू, हवाई किला, असार वस्तु^{F}, काल्पनिक योजना^{F}, ख्याली पुलाव (इस अर्थके द्योतक विशेषण भी); ~-and-squeak तरकारीवाला ठण्डा गोश्त; ~ tube (यन्त्र०) **पाणसल**; *prick the* ~ पर्दा या पोल^F खोलना; भण्डा फोड़ना।

bubble² v.t. & i. खुदबुद करना, वलकना, बुलबुलाना, **बुद्बुदाना**, बुलबुले उठना या उठाना; (प्रा०) प्रवंचना^F करना, धोखा देना, लुभाना, ठगना; ~ *over, with (wrath)* आपेसे बाहर होना, भड़क उठना, भभकना, ~~*(laughter)* खिलखिलाकर हँस पड़ना, ठहाका लगना ।

bubbly –लि a. बुद्बुदपूर्ण, बुलबुलेदार, फफोलोंवाला ।

bubbly-jock –जॉक् n. पेरु पक्षी, अमरीकी मुर्गा ।

bubo ब्यू'बो n. (pl. ~*es*) ग्रन्थि^F, बाघी^F, कौड़ी^F; कँखौरी^F, कँखरवार^F, गोही^F, (चि०) **गिल्टी**^F (जो उरुसन्धि^F या जाँघ^F और काँख^F में निकल आती है) ।

bubonic –बॉ'निक् a. (चि०) ग्रंथिक; गिल्टीदार, (~ *plague*).

bubonocele –नसील् n. (चि०) ग्रन्थिशोथ, आंत्र-वृद्धि^F, हार्निया ।

buccal ब'कॅल् a. (जांव०) **मुख-**, **मुखीय**, मौखिक, कपोल-, कपोल-सम्बन्धी;
~ artery, ~ cavity, ~ commissure, ~ funnel, ~ ganglion, ~ gland, ~ mass, ~ muscle, ~ nerve, ~ respiration.

buccalis बॅकै'लिस् n. (जीव०) **मुखतन्त्रिका**^F, T.

buccaneer बकॅनीअॅर्' n. जलदस्यु, समुद्री डाकू, समुद्री बटमार, जहाजी लुटेरा; साहसिक, दुस्साहसी ।

buccaneerish –'रिश् a. जलदस्युवत्, समुद्री लुटेरेका ।

buccinator बक्'सिनेटॅर् n. (चि०) **कपोल सम्पीडनी**^F, कपोल-पेशी^F ।

bucco- मुख- (~-*pharyngeal*) ।

bucentaur बॉ'सिॅन्टार्, ब्यूसे'न्टॉर् n. राजनौका^F ।

Bucephalus ब्यूसे'फॅलस् n. सवारी^F का घोड़ा ।

buck¹ बक् n. पुरुषजातीय मृग, छाग, मेष, शशक प्रभृति जन्तु, (नर) चीतल, हरिन विशेष (पुरुषवाची), काला मृग, हिरन, हरिन; शशक, खरगोश, खरहा, साँभर या साबर, रेंडियर; बाँका, छैला; (गुणवा०, ग्रा०) पुरुष, नर, पुरुष-सम्बन्धी या पुरुषका; काठी^F, जीन^F, खोगीर ⊙; पैरकी ठोकर^F, लत्ती^F, किक ⊙; ~-horn बारहसिंगेके सींग; ~-jumper छलाँगवाला घोड़ा; ~-shot बन्दूक^F-की बड़ी गोली^F, मोटे छर्रे; ~ skin मृगछाला; (बहु०में) मृगछाला^F के वस्त्र; ~ thorn झरबेरी^F, ~-tooth बड़-दाँत, आगे निकला हुआ दाँत; old ~ बूढ़ा आदमी ।

buck² v.t. & i. चौपैरी छलाँग^F, चारों पैर समेटकर पीठ धनुषाकार करके घोड़ेका उछलना; ~-jump घोड़ेकी उछाल^F; चौपैरी^F; ~ jumper चौपैरी छलाँग^F मारनेवाला, चौपैरा कूदनेवाला; ~ *off* उचककर सवारको पीठ^F परसे फेंक देना ।

buck³ n. ईल मछली^F पकड़नेकी डलिया^F, बक-पिटक ।

buck⁴ n. गाड़ीका ढाँचा ।

buck⁵ १. n. (मूलतः आँग्ल-भारतीय), बातचीत^F, डींग^F, बक-बक^F, बड़^F; २. v.t. डींग^F मारना, बड़ हाँकना, बकना, शेखी^F मारना; *not so much of your ~* बको मत, इतनी बकवास^F नहीं चाहिये ।

buck⁶ n. (अमेरिकी ग्रा०) ताशके खिलाड़ीको अपनी बारी^F स्मरण करानेकी वस्तु^F; *pass the ~ to* अपना उत्तरदायित्व दूसरेको दे देना, अपना भार दूसरेके सिर डाल देना, अपनी जिम्मेदारी^F दूसरेको सौंप देना; (किसी व्यक्तिको) उल्लू बनाना, कपट व्यवहार करना, धोखा देना, ठगना, छलना ।

buck⁷ n. (अमेरिकी ग्रा०) धन, डालर ।

buck⁸ v.t. & i. (प्रायः ~ *up*) उत्कण्ठित होना, उमंग^F में भर जाना, उत्साहयुक्त होना या कर देना, प्रमुदित होना, प्रसन्न करना, फूल उठना, प्रोत्साहित करना, जोश भरना; शीघ्रता^F करना, जल्दी^F करना ।

bucket¹* ब'कॅिट् n. दोल, (कृषि०) **डोल, बाल्टी**^F* (~ *dredger*); रहटके पहियेकी डोलची^F; अनाज बिखेरनेवाली या उठानेवाली मशीनका बेलचा या छाज^F; पिचकारी या पम्प आदिका नल-दण्ड अथवा उसमेंका छड़; कोड़ा या बन्दूक^F आदि रखनेका खाना; ~-shop (मूलतः अमेरिकी) सट्टाघर, ~ wheel (यन्त्र०) **घटी चक्र**; *kick the ~* मर जाना;
~ attachment, ~ belt, ~ carriage, ~ depth, ~ elevator, ~ lift, ~ valve.

bucket² v.t. & i. डोलसे पानी निकालना; डोलमेंसे डालना, भिगोना; दौड़ना या सरपट दौड़ाना, बाग^F ढीली करना; (नाव^F) शीघ्रता^F से खेना, जल्दी-जल्दी आगे बढ़ाना, तेजी^F से चलाना ।

bucketful –फ़ुल n. & a. डोलभर, बाल्टीभर ।

buckeye ⊙ बक्'आई n. बकआई, हार्सचेस्टनट (एक प्रकारका वृक्ष) ।

buckhound बक्'हॉउण्ड् n. मृगयाशुन, आखेटश्वान, हिरनोंका शिकार करनेमें काम आनेवाला कुत्ता ।

buckie ब'कि n. शुक्तिमत्स्य, सीप^F जैसी मछली^F ।

buckish ब'किश् a. प्रमुदित, प्रसन्न, खुश; मौजी ।

buckle¹ ब'कॅल् n. सन्धर, (नौवि०) **बकसुआ**; घूँघर, घुँघरालापन ।

buckle² v.t. & i. बकसुआ लगाना, बकसुएसे बाँधना या कसना, जोड़ना; (रेल०, यन्त्र०) **टेढ़ा-मेढ़ा होना**; ~ *to* (पहिये या आरे आदिका) दबावसे टूट जाना या तोड़ना, मुड़ जाना, (परि०) **पिचकना**, पिचकाना; प्रारम्भ करना, तैयार हो जाना, कमर^F बाँधना, कमर^F कसना, काम पर टूट पड़ना, जोशखरोशसे कार्यारम्भ करना ।

buckler –'क्लॅर् १. n. छोटी ढाल^F; (नौवि०) **ढक्कन**; रक्षक^F, रक्षा^F, शरण^F, रोक^F, बचाव; २. v.t. रक्षा^F करना, बचाना ।

buckling –लिंग् n. (प्रा० भू०) **आकुंचन**; (विद्यु०) विरूपण; (इंजी०) **बहकाव**; ~ load (इंजी०) **बहक भार**;
~ resistance, ~ strength, ~ stres, ~ test.

buckra बक्'रॅ n. साहब, (हब्शियों द्वारा गौरांग प्रभुओं-के लिए प्रयुक्त शब्द)।

buckram बक्'रॅम् १. n. चिथड़ा वस्त्र, कड़ा कपड़ा, गोंद^F या लेई^Fसे कड़ा किया हुआ मोटा कपड़ा, बुकरम; कड़ी पाबन्दी^F; (आचार व्यवहारमें) नियमितता^F, कड़ाई^F, बल, मजबूती^F; २. a. शक्तिमान्, पुष्ट, बलवान्, कड़ा, जोरदार; *men in* ~, or ~ *men* अविद्यमान्, कल्पित व्यक्ति, जिसका अस्तित्व न हो।

Bucks. Buckinghamshire.

buckwheat बक्'वीट् n. कुट्टक, मोथी^F, (वन०) **कोटू**, कूटू, घोड़े और मुर्गियों^Fके खानेका एक अनाज।

bucolic ब्यूकॉ'लिक् n. & a. (प्रायः बहु व०में) पल्ली-गान, चरवाहोंके गीत; ग्राम्य, ग्रामीण, **देहाती**, चरवाहों या गड़रियोंका; ~ cereal मोटा अनाज; the B~s वर्जिलके गीत।

bud[1] बड् n. (वन०, जीव०, प्राणि०) **मुकुल**^F, **कलिका**^F, **कली**^F, बोंडी^F, ढोंढ़ी^F या ढोंढ़, अखुआ; (कृषि०) **अंकुरिका**^F, अंकुर, **आँख**, **चश्मा**; **किसलय**; कोंपल^F, कोशिकालय; अविकसित वस्तु^F, खुली चीज़^F; *in* ~ मुकलित, मुकुलयुक्त; *nip in the* ~ आरम्भमें ही विनष्ट कर देना, बढ़ते ही मसल देना, उगते ही कुचल देना; उभड़ने न देना, पनपने न देना;

~ development, ~ inhibition, ~ mutation, ~ proliferation, ~ scale, ~ selection, ~ shield, ~-sprout, ~-union, ~ variation, ~ wood.

bud[2] v.t. & i. मुकुलित होना, कली^Fफूटना, कली^F निकलना; विकसित होना, खिलना, बढ़ना, पनपना; (प्राणि०) GEMMATION की रीति^Fसे उत्पन्न करना या उत्पन्न होना; (बागवानी^F) कलम^F बाँधना, कलम^F लगाना।

budded –'डिड् a. (क्रियागत अर्थोंमें), मुकुलित, कलिकायुक्त।

Buddhist बु'डिस्ट् a. बौद्ध, बौद्धमतानुयायी।

buddhistic –'टिक् a. बौद्ध, बौद्धमत-सम्बन्धी।

budding ब'डिंग् n. (कृषि०) **चश्मा चढ़ाना**, (कृषि०, वन०, जीव०) **मुकुलन**; (वन०) **समुद्भवन**; (जीव०) **कलिकोद्भवन**; २. a. मुकुलायमान, खिलता हुआ।

Buddleia बड्'लीअॅ n. पुंजसुमन, बदलिया, पीतपुष्पों या पीले फूलोंसे युक्त छोटी झाड़ियाँ^F।

budge बज् v.t. & i. हटना या हटाना, टलना या टालना, सरकना या सरकाना, पिछड़ना, पीछे आना, पिछड़ाना, दबाना (निषेधार्थक वाक्योंमें)।

budgeree ब'जॅरि a. उत्तम, सुन्दर, अच्छा।

budgerigar ब'जॅरिगर् n. घास^Fपर फुदकनेवाला एक सुग्गा या (आस्ट्रेलियाई) प्यारी चिड़िया^F; पालतू पक्षी।

budget ब'जिट् १. n. (अर्थ०, का०, ग०, राज०) **आय-व्ययक**, आयव्यय-पत्र, (अर्थ०) **बजट**; (साधारण) अनुमानित आय-व्यय; (संसदीय) वार्षिक आय-व्ययका अनुमान; झोलेमें धरी वस्तु^F; २. v.t. बजट बनाना; ~ *for* आय-व्यय-पत्रमें स्थान देना, बजटमें रख देना;

~ allotment, ~ appropriation, ~ clerk, ~ decision, ~ department, ~ estimate, ~ expenditure and revenue, ~ grant, ~ head, ~ item, ~ limits, ~ literature, ~ officer, ~ procedure, ~ programme, ~ provision, ~ reform, B~ Rules, ~ section, ~ speech, ~ subhead, ~ year.

budgetary –टॅरि a. आय-व्ययक-सम्बन्धी, **बजट-सम्बन्धी** (~ *control*, ~ *powers*)।

budless बड्'लिस् a. मुकुलहीन, बिना कली^Fका, बिना अँखुएका।

budlet –लिट् n. कलिका^F, अंकुरिका^F, नन्ही कली^F।

buff[1] बफ् n. & a. महिष-चर्म, पीला भैंसा-चमड़ा, दफ; मनुष्यका चमड़ा, आदमीकी खाल^F; (इति०) **पाण्डु**, प्रपीत रक्तक, मांस-वर्ण, महुए रंग (का), धूमिल पीले रंग (वाला); (चि०) ज्वरके रोगीके रुधिरसे ली हुई लसीली तह^F; blindman's ~ आँख-मिचौनी; ~-coat, ~ jerkin सैनिकोंका कोट, चमड़ेकी फतुही^F; ~ slip (पुरा०) **पांडु लेप**; ~-stick, ~-wheel चमड़ा चढ़े हुए पालिश^F करनेके यन्त्र; ~-tip एक प्रकारका पतिंगा; the B~s केण्टकी पलटन^F (खाल^Fके पीले रंगके कारण); *in* ~ नग्न, नंगा।

buff[2] v.t. (चमड़ेको) कोमल बनाना; चमड़ेसे (धातु^Fपर) पालिश^F करना, बफसे चमकाना।

buffalo ब'फ़ॅलो n. (pl. ~*es*) महिष^F, भैंस^F, भैंसा; (भ्रमसे) अमेरिकी जंगली भैंसा; जल और स्थलपर चलनेवाली सेना^Fकी मोटर गाड़ी;^F; द्विधा गतिवाला टैंक; bull ~ भैंसा; ~ calf पँड़वा या पँड़िया^F; ~ cart भैंसा-गाड़ी^F; ~ bull (कृषि०, पशुपालन) **भैंसा**; ~ cow (कृषि०, पशुपालन) **भैंस**^F;

~-beef, ~ black, ~ brown, ~ cardinal, ~ chrome black, ~ currant, ~ garnet, ~ plague, ~ rubine, ~ skin, ~ violet, ~ yellow.

buffer[1] ब'फ़ॅर् n. (रसा०) **प्रतिरोधक**, **उभयप्रतिरोधी**, संघातसह, (चि०) **समअवस्थापक**; (कृषि०) व्यवधान; गद्दी^F या कमानी^Fकी रोक^F, धूनी^F, **टक्कर-रोक**^F, **दाबड़ा**; T.; ~ State (राज०) **मध्यवर्ती राज्य**, **अन्तस्थ राज्य**;

~ action, ~ bar, ~ battery, ~ mixture, ~ plot, ~ rod, ~ solution, ~ spring, ~ stop, ~ strip, ~ wall.

buffer[2] n. (ग्रा०) (प्रायः old ~) अकर्मण्य पुरुष, अयोग्य व्यक्ति, कट्टर या पुराने ढंगका आदमी; (नौवि०, ग्रा० भी) प्रधान नाविक या माँझीकी पत्नी^F।

buffered –ड् a. (रसा०) **उभय-प्रतिरोधित** (~ *saline*, ~ *salt*)।

buffering –'फ़ॅरिंग् n. (रसा०) **उभय-प्रतिरोधन** (~ *capacity*, ~ *power*)।

buffet[1] १. ब'फ़िट n. लहरों^Fकी टक्कर^F; भाग्य-चक्र,

कर्मका भोग; भाग्य या तकदीर^F का थपेड़ा, किस्मत^F की मार^F; मुष्टि-प्रहार, चपेट^F, मुक्का, चपत^F, घूँसा, थप्पड़; २. v.t. & i. (लहरों^F से) थपेड़ा खाना, लड़ना या टकराना; प्रतिरोध करना, संघर्ष करना, भिड़ना, लड़ना; मुष्टियुद्ध करना, मुक्का, थप्पड़ या घूँसा मारना, चपत^F लगाना।

buffet² बुफ़े' n. चीनीके बर्तन रखनेकी आलमारी^F; (*boofa*) शराबघर, जलपान-गृहमें वह स्थान (जहाँसे शराब^F दी जाती है); उपाहार-स्थान; स्वाहार; ~ car (रेल०) **उपाहार यान, बुफ़े यान**; ~ dinner अनौपचारिक भोज, (रेल०) **बुफ़े भोज**; ~ lunch अनौपचारिक मध्याह्न भोजन, **बुफ़े लंच**।

buffeting –टिंग् n. (राज०, वैया०) **डगमगाना**।

buffing –'फ़िंग् n. **चमड़ेका कमाना, घिसाई^F, पालिश^F**; (रेल०) **कपड़ेसे चमकाना**।

buffle-head बफ़ॅल-हे'ड् n. अमेरिकी कलगीवाली वत्तख^F; बड़े शिखाना, बुद्धू।

buffo (It) बू'फ़ो n. विदूषक; n. & a. सुखान्त (स्वांग)।

buffoon बॅफ़ून्' १. n. वैहासिक, केलिकिक, विदूषक, ठिठोलिया, भाँड़, मसखरा, हँसोड़, जोकर; २. v. i. हास्यास्पद करना; परिहास करना, ठिठोली^F करना, भँड़ैती^F करना, मसखरी^F करना, दिल्लगी^F करना।

buffoonery –'नॅरि n. विदूषक-वृत्ति^F, हास्य, परिहास, ठिठोलियापन, भँड़ैती^F, मसखरापन, दिल्लगी^F।

buffy ब'फ़ि a. पाण्डु, महुएरंगका।

bug बग् n. (जीव०, कृषि०) **मत्कुण**, उणस, (चि०) **खटमल**, खटकीड़ा; (कीट० वि०) फूँगा, **बग**; उद्दंश, छोटा कीड़ा, (*harvest* ~); पागलपन, सनक^F, झक^F ⊙; big-~ महान् व्यक्ति, बड़ा आदमी; ~house पागल, सनकी, झक्की; ~ hunter कृमिशास्त्रज्ञ, कृमिविशारद; ~ sharp ⊙ कृमिशास्त्रवेत्ता।

bugaboo ⊙, **bugbear** ब' गॅबू, बग्'बेॲर् nn. काल्पनिक भय, हौआ, जूजू।

bugger बॅ'गॅर् १. n. पुंमैथुनकारी, लौंडेबाज; भिखमंगा, शैतान, बदमाश, लुच्चा, यार, जानवर, कुत्ता, गधा आदि; वैकृत; २. v.t. ~ *about* आवारा फिरना; घर-घर भटकना।

buggery –रि n. (का०) **वैकृत**, लौंडेबाजी।

buggy ब'गि १. n. पालकी गाड़ी^F, बग्घी^F, २. a. मत्कुणयुक्त, खटमलवाला।

buginaria ब्यूजिनेॲ'रिॲ n. (चि०) **वर्ति^F**।

bugle¹ ब्यू'गॅल् १. n. (~-*horn* भी) रणभेरी^F, रणशृंग, नरसिंघा, भोंपू, सिंघी^F; तुरही^F, **बिगुल**; २. v.t. & i. सतर्क करना, सावधान करना, बिगुल बजाकर पुकारना, बिगुल बजाना।

bugle² n. नीलकण्ठी^F, पौधोंके प्रकार।

bugle³ n. शीशा नली^F; कपड़ेपर सजावट^F के लिए टाँके जानेवाले शीशेके लम्बे दाने।

bugler –लॅर् n. रणशृंगवादक, बिगुलची, बिगुल बजानेवाला।

buglet ब्यूग्'लिट् n. भोंपू, छोटा बिगुल।

bugloss ब्यूग्'लॉस् n. गोरसना, एक प्रकारका फूलदार पौधा।

buhl बूल् १. n. पीतल या हड्डी^F के बेलबूटे या जड़ाव, पच्चीकारी^F, पच्ची^F; २. a. जड़ाऊ, पच्चीकारी^F किया हुआ।

build¹ बिल्ड् n. निर्माण-शैली^F, रचना-विधि^F, शरीर-रचना^F, **शारीरिक गठन^F**, निर्माण, **गठन^F**, गढ़न^F, काठी^F, बनावट^F, बनानेका ढंग; ~-up **सिखलाई^F**; **मश्क़; तैयारी^F**; (यंत्र०) **जोड़ना**।

build² v.t. & i. (*p. built*) निर्माण करना, रचना, घर बनाना; चुनाई^F करना, उठाना; स्थापित करना, नींव^F डालना, क्रमशः बनाना, जड़ जमाना, कायम करना, टिकाना; आधारित करना, टिकाना; ~ *up, round, in* (किसी व्यक्ति या स्थानको) अवरुद्ध कर देना, चहारदीवारी^F बना देना, चुन देना, घरोंसे घेर लेना; **जोड़ना**; ~ *on*, ~ *upon* विश्वास करना, भरोसा करना, सहारा लेना।

builder –'डॅर् n.(क्रियागत अर्थोंमें); (यन्त्र०)**राज**, सिद्धहस्त शिल्पकार, निर्माण-विशारद, कुशल-निर्माता; ~'s level (यंत्र०) **समतला**; ~ 's staging (यंत्र०) **पाड़**।

building* –डिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); (यन्त्र०) **वास्तु; भवन***, घर, मकान, महल, हवेली^F, **इमारत^F**; गृहनिर्माण*, निर्माण, **रचना^F**, बनाना; ~ lease (का०) **निर्माण-पट्टा, इमारती पट्टा**; पट्टेदारको भूमि^F पर गृहनिर्माणकी आज्ञा^F देना; ~ meterial इमारती सामान, ~ overseer भवन सर्वेक्षक, **भवन ओवरसियर**; ~ paper (यन्त्र०) **गत्ता**; ~ society (का०) **निर्माण-समिति^F**;

~ acoustics, ~ association, ~ authorities, ~ byelaws, ~ clerk, ~ construction, ~ contract, ~ control, ~ draftsman, ~ grant, ~ land, ~ lien, ~ line, ~ mortar, ~ operation, ~ plan, ~ programme, ~ project, ~ scheme, ~s clerk, ~ site, ~ slip, ~ society, ~ stone, ~ timber, ~ trade, ~ work, ~ yard.

built बिल्ट् a. निर्मित, बना हुआ; निर्मापित, बनवाया हुआ; ~ beam (परि०) **जुड़ी कड़ी^F**।

bulb¹* बल्ब् n. विद्युत्कन्द, बिजलीका लट्टू*, (कृषि०, वन०, रसा०, विद्यु०, यन्त्र०) **बल्ब**; (चि०) **सुषुम्नाशीर्ष, कन्द**; प्याज^F आदिकी गाँठ^F, पूती^F; (श० र० शा०) मेरुशीर्ष, विस्फार, गोलक, गुल्ला; (कृषि०, वन०, रसा०, विद्यु०, यन्त्र०) **गुटिका^F**, कुब्बा^F, गिल्टी^F; घुंडी^F;

~ angle, ~ bar, ~ edge, ~ exposure, ~ glass, ~ pile, ~ plate, ~ seating, ~ tube.

bulb v. i. पिण्ड-सा बन जाना, गुल्ला निकलना, कन्द

निकलना, गाँठ^F या घुण्डी^F बनना।

bulbaceous, bulbiferous –बे'सि ॅअस् ,–वि'फ़रॅस् a. सकन्द, कुब्बेवाला।

bulbed –ड् a. कन्दयुक्त, घुण्डीदार, गाँठदार।

bulbiform –'बिफ़ॉर्म् a. कंदाकार, पिण्डाकार, गोलक-सा, घुण्डी^F-सा, गोल-सा।

bulbil बल्'बिल् n. (वन०) पत्रप्रकालिका^F।

bulbose a. –बोस्' a. BULBOUS.

bulbospongiosus बल्बॅस्पॅन्जिऑ'सस् n. (चि०) **शिश्नमूलिका।**

bulbous बल्'बॅस् a. कन्दाकृति, कन्दज, कन्दाकार (~ tubes), **कन्दीय** (~ *artery*), पिण्डाकार, गोला-कार, घुण्डोदार, कुब्बेवाला, गाँठदार; ~ bow (परि०) **फूली गिल्टी^F।**

bulbul बुल्'बुल् n. बुलबुल; कवि, गायक, गवैया, शायर।

bulbus cordis बल्बस् कॉर्'डिस् n. (चि०) **हृत्कंद।**

Bulg. Bulgaria; Bulgarian.

bulge[1] बल्ज् n. उदुब्ज, उन्नत या प्रशस्त भाग, उन्नतोदर भाग, (भौ०) **उभार**, सूजन^F, शोथ, वरम; फुलाव; (ग्रा०) लाभ; विस्तार, वृद्धि^F।

bulge[2] v.t. & i. बेडौल उभरना, उभड़ना, सूजना, फूलना; (बोरे आदिको) फैलाना, फुलाना।

bulginess –'जिनि ॅस् n. शोथ; सूजन^F, उभार, फुलाहट^F।

bulging –'जिंग् n. (रेल०) **उभरना**; फुलाव; ~ face (यन्त्र०) **उभरा फलक।**

bulgy –'जि a. सूजा हुआ, उभरा हुआ, फूला हुआ।

bulimia, bulimy ब्यूलाइ'मि ॅअॅ, ब्यू'लिमि n. (मनो०, शिक्षा०) **क्षुधातिशय**, बुभुक्षा^F, महाशनैषणा^F, बहुत भूख^F लगनेका रोग, (चि०) भसक रोग।

bulk[1] बल्क् n. (भारी) प्रपुंज, प्रकाय, राशि^F, समुदाय, समूह, (कृषि०) **ढेर**, जमघट, जमाव; (कृषि०) **अम्बार**; **विपुलता^F**; अधिकांश, थोक; (रसा०) **स्थूलता^F**; (भौ०) **आयतन**; (परि०) **खुला**; वृहदाकार, वृहद्रूप, बड़ा आकार, बड़ा शरीर, भारी बदन; परिमाण, मात्रा, आकार; जहाजमें लदा हुआ माल; *break* ~ माल उतारना शुरू करना; ~ *not equal to sample* माल आदर्श अथवा नमूनेके समान नहीं; *in* ~ खुली राशि^F, ढेर, खुला माल; *load in* ~ अनाज, गल्ला आदिका ढेर भरना; *sell in* ~ थोकमें बेचना, भरा जहाज बेच देना;

~ allotments, ~ cargo, ~ cathartic, ~ concrete, ~ density, ~ elasticity, ~ gallon, ~ goods, ~ indent, ~ inspection, ~ licence, ~ loading, ~ modulus, ~ purchase, ~-rationing, ~ storage, ~strain, ~ supplies, ~ tariff.

bulk[2] v.t. & i. (महत्त्व अथवा आकारकी दृष्टि^Fसे) बहुत बड़ा लगना या मालूम पड़ना, ढेरका ढेर जान पड़ना; ~ *up* अधिक मात्रा^F या परिमाणमें होना, अधिक धन हो जाना, भारी रकम^F हो जाना; (मछलियों^Fका) ढेर लगाना, कूरी^F लगाना, (ढेरमें) गाँजना; बक्सोंसे निकाल-कर (चाय^F आदिका) वज़न लगाना।

bulkhead –'हे ॅड् n. खुली दुकान^F, अटाल, टाल, डिब्बा, ख़ाना; व्यवधान, पर्दा, (नौवि०) विमान-भीत^F, **पोतभीत^F**;

~ deck, ~ plating; ~ stiffener.

bulkiness –'किनि ॅस् n. गुरुत्व, गुरुता, भारीपन।

bulking –किंग् (यन्त्र०, चि०) **स्थूलीकरण, फूलना।**

bulky –कि a. महाकाय, **विपुल** (~ *commodity*), विशाल, अतिविस्तृत, (रसा०, रेल०) **स्थूल**, गुरु, भारी, बड़ा।

bull[1] बुल् १. n. वृषभ, नरगाय, वृष, (कृषि०) **साँड़**, वर्द्ध, बरदा, बरधा, बैल; नरह्वेल, हाथी तथा अन्य महाकार जानवर; मूल्यारोपी, मूल्य बढ़ानेवाला मनुष्य, सट्टेबाज; (वाणि०) **तेजड़िया**; दैत्य, साँड़, लक्ष्य, चाँद; नक्षत्र; २. a. वृषभवत्, बैलका-सा; ~ account (वाणि०) **तेजड़ियों का जोर**; ~ bitch युवती कुतिया^F, बुलडॉगकी मादा^F; ~-calf बछड़ा; बुद्धू; ~-corner बैलोंसे बचनेके लिए खेतोंके पासका जंगला; ~ dog बड़े सिरका एक कुत्ता, बुलडॉग; हठधर्मी, जिद्दी आदमी, कट्टर आदमी, जीवटका आदमी; विश्वविद्यालयोंमें प्रबन्धकका नौकर या पिस्तौल^F; ~ doze ⊙ v.t. भयाभिभूत करना; दबाव डालना, दबाना; ~dozer ⊙ भूमि या खेत बराबर करनेवाला पाँचा, धराभीम, पाटा, बुलडोज़र; ~ fence झाड़ी^F, जंगला, नाली^Fके किनारेकी निकटतम टट्टी^F, घेरा; ~ fight स्पेनमें आदमी और बैलका मल्लयुद्ध; ~ finch एक सुन्दर कड़े चोंच^Fकी गानेवाली चिड़िया^F; ~head एक बड़े सिरवाली मछली^F; ~- headed हठी, जिद्दी, सिरफिरा; (रेल०) **वृषभ-सिरा**; मूर्ख, गोबरगणेश; ~-holder (कृषि०) **नकेल^F**; ~-pine पीत सरल; ~-ring बैलोंकी लड़ाई^Fका अखाड़ा; ~ roarer **वृष-नादक**; बहुत शोर मचानेवाला खिलौना; ~'s eye जहाजमें मोटे शीशेका ताबदान; **गवाक्ष**, छोटी गोल खिड़की^F; एक तरहकी मिठाई^F; गोलार्द्ध शीशेकी लालटेन^F; गोल मोटा शीशा; लक्ष्य, निशाना, चाँद; ~'s-foot अश्वखुर, एक पौधा; ~-terrier बुलटेरी कुत्ता; John B~ ~*in china shop* मनुष्य जो चीजें तोड़-फोड़कर रख दे; *take ~ by horns* कठिनाइयोंका सामना करना;

~-baiting, ~ beef, ~ berry, ~ boat, ~ -cart, ~ depot, ~-faced, ~flower, ~-fly, ~-frog, ~ head shark, ~ hide, ~ index, ~-like, ~line, ~liquidation, ~market, ~ -necked, ~nose, ~-pottery, ~rivetting, ~ trout, ~-voiced, ~ worship.

bull[2] v.t. & i. मूल्यारोपण करना, (मालका) भाव बढ़ानेका प्रयत्न करना; भाव बढ़ानेके लिए सट्टा करना; **पनियाना**; ~campaign (वाणि०) **बाजार चढ़ाना।**

bull[3] n. पोपकी प्राज्ञप्ति^F, धर्माज्ञप्ति^F, आदेशपत्र, घोषणा^F, आज्ञा^F. **पोप-व्यवस्था^F**, फतवा।

bull[4] n. अपकथन, विरोधी उक्ति^F, असंगत कथन।
bull[5] n. शराब^Fके खाली शीशेमें बसाया हुआ पानी।
bull[6] n. जहाजके डेकका एक खेल, बुल-खेल।
bull. bulletin.
bulla बु'लॅ n. केचुआ; (इति०) T., गोलक, (चि०) बड़ा फफोला, कन्द।
bullace बु'लिॅस् n. आलू बुखारा, जंगली आलूचा।
bullate ब'लेॅट् a. स्फोटयुक्त, फफोलेदार, छालेवाला।
buller बु'लॅर् n. (कृषि०) **संडी**^F।
bullet बु'लिॅट् n. गोलिका^F, **गोली**^F; ~-catcher, ~-drawer घावमेंसे गोली निकालनेका यन्त्र; ~-head गोलसिर; काठका उल्लू, गोबरगणेश, बुद्धू, कूड़मग्ज; ~-proof गोलिकाभेद्य, जिसमें गोली^F न जा सके।
bulletin बु'लिॅटिन् n. (का०) **विवरणिका**^F, जनसूचना-पत्रक, (राज०) **विज्ञप्ति**^F, सरकारी विज्ञप्ति^F या सूचना^F, **बुलेटिन**, सरकारी घोषणा^F, सरकारी विवरण, नोटिस^F ⊙ (*~board*)।
bulling बु'लिंग् n. (परि०) **वर्धन**।
bullion[1] बुल्'अॅन् n. & a. कलधौत, सिक्का ढालने या गलानेके पूर्वका सोना या चाँदी^F; धातुमुद्रा^F; सोने या चाँदी^Fकी ठोस ईंट^F; पासा, शुद्ध स्वर्ण या रजत (का); ~ market, exchange (वाणि०) **सराफा बाजार**।
bullion[2] n. कलाबत्तूकी झालर^F, कामदार झालर^F, सोने-चाँदी^Fके तारकी किनारी^F।
bullionism –'निज़्म् n.(अर्थ०) **बहुमूल्य धातुवाद**।
bullionist –निस्ट् n. धातुमुद्रावादी, धातु^Fकी मुद्राका समर्थक, सोने-चाँदी^Fके सिक्केके रिवाजका समर्थक।
bullish बु'लिश् n. (वाणि०) **तेजी रुख**।
bullock बु'लॅक् n. वृषभ, (पशुपालन) **बैल**, बरधा या बरदा; ~'s heart (कृषि०) **रामफल**; ~attendant, ~-cart, ~-wheel, ~-driver, ~-gear, ~-load, ~ power, ~ roller, ~-shed, ~ shoesmith.
bully[1] बु'लि n. निर्दयी पुरुष, उपद्रवी, आततायी, कलहकारी, दाम्भिक, अत्याचारी, आतंकी, उद्दण्ड, गुण्डा, धौंसिया, दंगायी, लड़ाका, बुली।
bully[2] v.t. आतंकित करना, धमकाना, डराना, धमकाकर काम करना या कामसे अलग रखना; कष्ट देना, पीड़ा^F पहुँचाना, दुःख देना, सताना; ~ *off* (हाकीके मैचमें) बुली करना।
bully[3] n. फुटबालके खेलमें खिलाड़ियोंकी छीना-झपटी^F।
bully[4] n. डब्बेका गोमांस।
bully[5] a. & int. विशिष्ट, उत्तम, मुख्य, बढ़िया, प्रथम श्रेणीका; अनुपम, अतुल्य ⊙; ~ *for you, him* बहुत अच्छे रहे, शाबाश।
bullyrag बु'लिरैग् v.t. & i. उपद्रव मचाना, आतंकित करना, डराना; गालियाँ^F बकना।
bulrush बुल्'रश् n. एरका^F, सेवार^F, पानी या दलदलमें पैदा होनेवाली घास^F; ~ *millet* (वन०) **बाजरा**।
bulwark बुल्'वॅर्क् n. कृत्रिम बन्दरगाह, बाँध, ऊँची सड़क^F; डेकमें ऊपरका भाग; (नौवि०) **अड़वाल, कावराँग** (*~ capping, stiffeners*); प्राकार, प्राचीर, कोट, दुर्ग, टीला, परकोटा, धुस^F, किलेकी भीत^F; बचावके लिए प्रयुक्त व्यक्ति या सिद्धान्त।
bum[1] बम् n. नितम्ब, पृष्ठभाग, चूतड़; ~ अथवा ~-bailiff गिरफ्तारी^Fके लिए नियुक्त दीवानी अदालत^F का कर्मचारी, बम-पुलिस^F, कुर्क-अमीन; ~-boat (नौवि०) **बमबोट**, डूँगा; खानपानका सामान ढोनेवाली नाव^F।
bum[2] १. n. (ग्रा०) आवारा, घुमक्कड़, लोफर ⊙, (*go on the ~* जाति^Fपर भारस्वरूप होना); २. v.t. गुनगुन शब्द करना; समय नष्ट करना, व्यर्थ समय गँवाना, वक्त काटना, आवारा फिरना, लोफरी^F करना, भटकना।
bum[3] ⊙ a. दूषित, निःसत्त्व, दुर्गन्धिपूर्ण, सड़ा हुआ।
bumble बम्'बॅल् n. कुर्सी^Fका शेर, कुर्सी^Fका बाघ, कुर्सी^Fका टर्रा, घमण्डी पदाधिकारी; जमादार।
bumble-bee बम्'बॅल्-बी n. गुंजमधुमक्खी^F, गुंजमक्षी^F।
bumbledom बम्'बॅल्डॅम् n. अधिकार-मद, पदका घमण्ड, ओहदेका रौब; जमादारी^F।
bumble-puppy बम्'बल्-पपी n. ह्विस्ट (ताश), टेनिस आदिका खेल (जो बेकायदे खेला जाता हो); बम्बल पपी, ऐसा खेल जिसका गेंद खम्भेसे लटका रहे।
bumf बम्फ़ n. (ग्रा०) लेख्य, प्रलेख, कागज-पत्र, कागजात, दस्तावेज; कागज बनानेका साँचा; (ग्रा०) टट्टी^Fका कागज।
bumkin बम्'किन् n. वल्ली^F, शहतीर।
bummel ब'मॅल १. n. स्खलन, भूल^F; २. v.t. अस्पष्ट प्रलाप करना; भूल^F करना; टालना।
bummer ⊙ ब'मॅर् n. यायावर, आवारा, घुमक्कड़, लोफर।
bump[1] बम्प् n. चोट^F, धम^F, टिप्पा, धमाका; टक्कर^F, झटका, खटका, धक्का; स्फोट, गण्ड, शोथ, सूजन^F, उभाड़; **उच्छलन**; खोपड़ी^Fका उभार, तिनमुण्डा; विमानके संचालनमें व्यतिक्रम, हवाई जहाजके उड़नेका झटका; पिछली नाव^Fका दौड़^Fमें अगली नाव^Fको छू लेना; ~-ball उछलता गेंद, टिप्पा; ~-supper नाव-दौड़^F जीतनेका भोज।
bump[2] v.t. & i. टक्कर^F खाना, धक्का खाना या ठोकर^F खाना, धमाकेसे या धड़ामसे जा पड़ना; धक्केके साथ आगे लुढ़कना; सिर टकराना; आघात करना, टक्कर^F मारना, ठोकर^F मारना, (आदमी, बक्स आदिको फर्श आदिपर) दे मारना, फेंकना, ढकेलना, टकराना, ठुकराना; पटक देना; (नाव-दौड़^F आदिमें) जा लेना, (क्रिकेट-बॉलका) टिप्पा खाकर उछलना; २. adv. धमसे, जोरसे; एकाएक, एकबारगी; ~ *off* ⊙ हत्या^F करना, मौतके घाट उतारना, हिंसापूर्वक हटाना, मार डालना।
bump[3] १. n. बगुले या तितलौयाका शब्द; २. v.t. ऊँचा शब्द करना, बगुलेका-सा शब्द करना, वैसी बोली बोलना।
bumper –'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें); मदिरा-परिपूर्ण

पात्र या प्याला, सुरापूर्ण चषक या शराबFसे लबालब भरा गिलास; (ग्रा०) असामान्य या अत्यधिक पदार्थ, भरीपूरी (नाट्यशालाF या फसलF); (ह्विट खेलमें) दो बाजियोंFकी जीतF, (मोटरFकी) टक्करF, रोकF, **बम्पर**; ~ crop प्रचुर शस्य।

bumpiness –पिनि॑स् n. विषमताF, झटका, ठोकरF, (ऋतु०) **हिचकोले देनेकी प्रवृत्तिF, हिचकोलापन**।

bumping –पिंग् n. (श्रम०, अर्थ०) **घट्टन**, (रसा०) **उच्छलन, धसाकीF**।

bumpkin –प्'किन् n. असभ्य, ग्रामीण, देहाती, गँवार, भोंदू, बुद्धू, घामड़; (परि०) **बमकिन**।

bumptious –'शॅस् a. दुराग्रही, अहंकारी, दम्भी, हठी, ढींगमार, बनतू।

bumptiously –लि adv. अहंकारपूर्वक, दम्भपूर्वक, दुराग्रहपूर्वक, हठपूर्वक, डींगFके साथ।

bumptiousness –स्नि॑स् n. दुराग्रह, हठ, अहंकार, दम्भ, डींगF, बनतूपन, ज़िद्दF।

bumpy –'पि a. विषम, झटका पैदा करनेवाला, रोड़ेदार, टिप्पेदार, (*~road*) ठोकर देनेवाला।

bun[1] बन् n. बन्द, मुलायम छोटी मीठी टिकियाF (केक); छोटे केक का-सा केश-शृङ्गार; hot cross ~ सलीब चिह्नसे युक्त मार्चके पवित्र शुक्रवारको खाया जानेवाला केक।

bun[2] n. शशक, खरगोश या गिलहरीF (बच्चोंका दिया हुआ नाम)।

bunca बङ्'कॅ n. कृत्रिम रबर, रासायनिक रबर।

bunch[1] बन्च् n. स्तवक, गुच्छक, **गुच्छ**, घौद, (रेल०) **गुच्छा** (फूल, फल, अँगूर, कुञ्जियोंFका); **पुञ्ज**, राशिF, ढेर, संघ, समुदाय, झुण्ड, गिरोह, गुट, ढेर, मण्डलीF, भीड़F, जत्था, टोलीF, (रेल०) **जमघट**, समूह, दल, गोल (*best of the ~*)⊙; मुट्ठीभर⊙ (जैसे, *~ of tickets*); *~ of fives* (ग्रा०) बद्ध मुष्टिF, मुष्टिकाF, मुट्ठीF, हाथ; ~ top (वन०) **गुच्छिताग्ररोग**; ~-flower, ~ grass, ~-planting, ~ type.

bunch[2] v.t. & i. गुच्छेमें उगना, गुच्छा या घौद बनाना; वस्त्र तहियाना, पोशाकF समेटना; इकट्ठा होना, सिपाहियोंका गड्डमड्ड हो जाना।

bunched –ट् a. स्तवकित, गुच्छित (*~ beam*), गुच्छेदार; एकत्रित, जुड़ा हुआ।

bunchy –'चि a. गुच्छित, गुच्छेदार; घौददार; **पंजेदार** (*~ top*)।

buncoed बन्'कोड् a. ⊙श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; वंचित, प्रतारित।

buncombe, bunkum बन्'कॉम्, बन्'कम् n. (राज०) दे० BUNKAM.

bunco-steerer⊙ बन्'को-स्टीअॅ'रॅर n. धूर्त, ठग, धोखेबाज।

-bund. आनत, प्रवृत्त (जैसे, *mori~*)।

bund बन्ड् n. **बन्ध**, (कृषि०) **बाँध, बंद, डौलF, मेंड़F**।

Bundesrat बून्'डॆस्राट् n. जर्मनीमें एक संयुक्त परिषद्F, विधान परिषद्F; (इति०) T.

bundle[1] बन्'डल् n. (छड़ियोंF, लाठियोंF, छड़ोंका) गट्ठा, समानान्तर धमनियोंका समूह; लच्छा, सूतकी बीस लच्छियोंFकी गट्ठीF; **समूह पंजिकाF**, पोटलिकाF; पूला, (चि०) **पूल, पूलिकाF** (*~ carrier*), पोटल, (कृषि०) **बोझा**, पोटरीF, पुलिन्दा, गट्ठीF, गट्ठर, **गठरीF**, (वन०) **बण्डल**; ~-stiffs (श्रम०) **परिभ्रामी, खानाबदोश**।

bundle[2] v.t. & i. पोटलन करना, पोटलीF बाँधना, गट्ठा बनाना, गठरीF बाँधना, बंडल बनाना; इधर-उधर या नीचे-ऊपर फेंकना, निकाल बाहर करना, चलता करना; नौ-दो ग्यारह होना, रफू-चक्कर होना, चलता बनना; टालना; (*~ off* भी)।

bundling –लिंग् n. **बंडल बनाना**; (दर्श०) **सवसन, सहतल्प**।

bung[1] बङ्ग्' n. पिधाय, ठेठीF, टेपीF, काग, कार्क, **डट्टा, डाटF**; (ग्रा०) मिथ्या, असत्य, झूठ; ~-hole पीपेका मुँह।

bung[2] v.t. पीपे का मुँह बन्द करना, पीपेमें डाटF लगाना; ठेठी लगाना, ठेठीFसे बन्द करना; (ग्राम०) पत्थर फेंकना; *eyes ~ed up* शोथ या सूजनFसे बन्द आँखF, चीपड़से बन्द आँख।

bungalow बङ्'गॅलो n. पर्यलिन्द, कोठीF, बँगला।

bungle बॅन्'गॅल् १. n. किंकर्तव्यविमूढ़ताF, व्याकुलताF, आकुलताF, घबराहटF; घोर भूलF, गोलमाल, घपला, गड़बड़F; भद्दापन, अनाड़ीपन, फूहड़पन; २. v.t. & i. विफल होना, असफल होना, कामको पूरा न कर पाना, काम विगाड़ना, गड़बड़ करना, भूलF करना, चूकना, गलतीF करना।

bungler –'लॅर् n. बुद्धू, कच्चा, गड़बड़िया, भद्दा, अनाड़ी, घपला करनेवाला, फूहड़।

bungling –लिंग् n. घपला, गड़बड़ीF, गोलमाल, गड़बड़ीF करना।

bunion ब'न्यॅन् n. (चि०) पादशोथ, पैरकी सूजनF।

bunip ब्यू'निप् n. पौराणिक देव (आस्ट्रेलियाका)।

bunk[1] बङ्क्' n. **शायिकाF**, काष्ठपट्ट, दीवारFसे लगा हुआ सोनेके लिए तख्ता या फट्टा (रेलगाड़ीF या जहाजमें), बर्थ, शयनकक्ष, सोनेका कमरा।

bunk[2] v.t. अथवा *do a ~* पलायन करना, लुप्त होना, नौ-दो ग्यारह होना, सरक जाना, भाग निकलना, रफूचक्कर होना (ग्रा०)।

bunk[3] n. बकझकF, अनर्गल बातF, व्यर्थ वाक्य, निरर्थक शब्द, बकवादF; प्रतारणाF, वंचना, कपट, छल, पाखण्ड, धोखा, बनावटF।

bunker बङ्'कॅर् १. n. (सेना०) तलघर, तहखाना; गॉल्फके मैदानमें रेतF भरे गड्ढे; कोष्ठ, कोठा, कोठरीF, (परि०, रेल०) **कोयला गठरीF**, T.; जहाजकी कोयला-कोठरीF; v.t. (गेंदको) गड्ढेमें डालना, तलघरमें फँसाना; (ला०) विपत्तिFमें झोंकना, संकटमें फँसाना, कठिनाइयोंFमें डालना।

bunkum, -combe बङ्'कॅम् , –कॉम् n. हेत्वाभास, सत्याभास, वाक्छल, अनर्गल प्रलाप, सार- शून्यता^{F}, वाग्मिता^{F} या वाचालता^{F}, शब्दाडम्बर, भाषणबाजी^{F}, बेकार बकबक^F ।

bunny ब'नि n. खरगोश (शशक) का प्यारका नाम; ~-hug, ~-hugging, अमेरिकी नृत्य ।

Bunsen('s) बु(ब)न्'सॅन्('स्) a. हाइडेलबर्गके प्रोफेसर बुन्सेनका (~ *cell*) ।

bunt[1] बन्ट् n. विवर, कोटर, खोह^F, खोटर, पोली जगह^F; पालका मध्य भाग, पालका फूला हुआ भाग; मछली^{F} पकड़नेके जालका फूला हुआ भाग; ~-line पालको लपेटनेमें उसके फूले हुए भागका घेरा ।

bunt[2] n. कृण्णिका^{F}, गेरुई^F, गेहुँआ रोग, **बंट रोग** ।

bunt[3] १. n. (अमेरिकी राष्ट्रीय खेल बेस-बालमें) हलकी ठोकर^F, (विमानचालनमें) (धुरी^{F}पर आधा घूम लेनेके बाद जहाजका बाहरकी ओर) आधा चक्कर; (वन०) **बंटुआ**, (परि०) **बंट** (~ *jagger*, ~ *lines*), v.t. & i. बल्ला घुमाये बिना गेंद रोकना, विमान-चालनकी उपर्युक्त विधि^{F}से चक्कर लगाना ।

bunter –'टॅर् n. चिथड़ोंवाली^{F}; ग्राम्या^{F}, देहातिन^F ।

bunting[1] –टिंग n. भारीट, छोटी चिड़ियों^{F}की एक जाति^{F}; भूरे रंगका दस पैरवाला समुद्री केकड़ा ।

bunting[2] n. केतुवसन, ध्वज, झण्डा, **झण्डी**^{F} ।

buntings ⊙ = BUNTING.

bunya ब'न्ये n. वन्य अन्न, आस्ट्रेलियाका एक धान्य ।

buoy[1] बाएँ n. उत्प्लविका^{F}, तरणिका^{F}, (परि०) **प्लाव**; उत्प्लवन, पैराक पीपा, **बोया**, लंगर तरी^{F}, लंगरी पीपा; (*life* ~ भी) डुबन-रोक^F; शरीरको हलका बनानेवाली वस्तु^{F}; (ला० भी) पैराक वस्तु^{F} (अर्थात् जिसकी सहायतासे मनुष्य तैरता रहे), can ~ **चपटा बोया**; mad-channel ~ मझधारी बोया;
~ lantern, ~ rope, ~ store.

buoy[2] v.t. (समुद्रमें) पैराक पीपा लगाना, (मार्ग बतानेके लिए) पैराक पीपे रखना; जल-तलपर लाना, पानीसे उभारना; प्रवाहित रखना, तैराते रखना, बहाते रहना; (मनुष्य, साहस आदिको) स्थिर रखना, उठाना, सँभालना; उत्साहित करना (प्रायः ~ *up*) ।

buoyage –'इज् n. (नौवि०) **बोया-पद्धति; बोया समूह**; (नौवि०) **बोया भाड़ा**; तैराक पीपोंका लगाना ।

buoyancy बा'एंन्सि n. उत्प्लाविता^{F}, (भौ०, प्रा० भू०, नौवि०) **उत्प्लावकता**^{F}, तरणशीलता^{F}, तैरने या तैरानेकी क्षमता^{F}; (रसा०) आपेक्षिक लघुता^{F}, तरल पदार्थमें डालनेसे भारमें कमी; लोच^F, लचीलापन; क्षतिपूर्ति^{F} (मदिरा^{F}, मूल्य आदिकी); ~ effect उत्प्लावन प्रभाव; ~ tank (नौवि०) **तरणटंकी**^{F}, **उत्प्लावन टंकी**^{F} ।

buoyant –न्ट् a. उत्प्लावी, प्लवनशील, तरणशील, तैरनहार; उदितव्य, उठने योग्य, सँभालनेवाला, उभारनेवाला; लोचदार, लचकदार; प्रफुल्ल, उत्फुल्ल, उल्लसित, प्रसन्नचित्त, प्रसन्नवदन, हलका-फुलका; ~ apparatus (नौवि०) **तरण-बेड़ा** ।

B.U.P. British United Press.

buphaga ब्यूफ़ॅगॅ n. कृम्याहारी पक्षी, एक प्रकारकी चिड़िया^{F} जो चौपायोंमें पैदा होनेवाले कीट खाती है ।

bur, burr बर n. कण्ठपीनाक, बेंत या चीड़का मादा फूल, पौधा जिसके फूल या फलियाँ^{F} चिमट जायँ; बीजका कण्टकमय आवरण; चीमड़, ढीठ आदमी ।

burberry बर्'बॅरि n. बरसाती कपड़ा, बरबरी ।

burble –'बॅल् १. n. कष्ट, आवेश; २. v. t. कष्ट देना; (क्रोधसे) खौलना, उबलना, घबराना;(वैमा०) **डगमगाना**, (प्रसन्नता^{F}से) विह्वल होना, छलकना ।

burbot बर्'बॅट् n. कण्टिनी^{F}, बामकी तरहकी चपटे सिरवाली मछली^{F} ।

burden[1], **burthen** बर्'डॅन्, बर्'दॅन् nn. (प्रा० भू०) **भार**, **बोझ** (वस्तु^{F} अथवा श्रमका एवं कर्त्तव्य या चिन्ता^{F}का); दायित्व; अनिवार्य व्यय; वहन, ढुलाई^F; वाहिता^{F}, **लाद**^{F}, जहाजकी ढोनेकी क्षमता^{F} या जहाजकी समाई^F; दैववाणी^{F}, आकाशवाणी^{F}; दुर्भाग्य; समवेत गायन (कोरस); गीतकी टेक^F, कविता^{F} या पुस्तक^F या भाषण आदिकी प्रमुख विषय-वस्तु^{F}; (कानून) ~ of proof प्रमाण-भार, सिद्ध करनेका दायित्व ।

burden[2], **burthen** v.t. (ला०) भारग्रस्त करना, बोझ डालना, भार डालना, लादना, दबाना, भार रखना; पीड़ित करना ।

burdensome –सॅम् a. भारभूत, भारस्वरूप, प्रपीड़क, कष्टप्रद, कष्टकारक, कष्टदायक; भारी, बोझिल ।

burdensomeness –निॅस् n. बोझिलपन, भारीपन ।

bureau ब्यूरो, ब्यूरो' n. (pl. ~-*eaux*) **कार्यालय**, केन्द्र, राजकीय विभाग, दफ्तर, (अर्थ०) **ब्यूरो**; (pl. ~*s*) लेखन-स्थान; दराजदार मेज^F, ड्रेसिंग टेबल ⊙; ~ of information ⊙ सूचना- (पूछ-ताछ) केन्द्र ।

bureaucracy ब्यूरो(रॉ)'क्रॅसि n. (राज०) **अधिकारितन्त्र**, कर्मचारी राज्य, **नौकरशाही**^{F}, **दफ्तरशाही**^{F}, केन्द्रचालित शासन-पद्धति^{F}; केन्द्रीकरण, अमात्यतन्त्र ।

bureaucrat –'क्रॅट् n. अधिकारतन्त्री, पदाधिकारी, अधिकारमन्त्री, प्रधान सरकारी कार्य-सम्पादक, नौकरशाह ।

bureaucratic –क्रै'टिक् a. नौकरशाही, अधिकारतन्त्र-सम्बन्धी ।

bureaucratism –र्'(रो)'क्रॅटिज़्म् n. केन्द्रीयसत्तावाद, अधिकारितन्त्र, सत्तावाद, नौकरशाही^{F} ।

bureaucratist –टिस्ट् a. सत्तावादी ।

burette ब्यूरे'ट्' n. द्रवमी^{F}, द्रवमापक नली^{F}, तरल पदार्थकी अल्प मात्रा^{F} नापनेकी चिह्नित काँचकी नली^{F}, (रसा०) **ब्यूरेट**;
~ brush, ~ cap, ~ clamp, ~ clip, ~ cover, ~ float, ~ jet, ~ reader, ~ stand, ~ stopcock, ~ valve.

burg बर्ग् n. दुर्ग, कोट ।

burganet –नेॅट n. शिरस्त्राण, लोहेकी टोपी^{F} ।

burgee बर्'जी n. नौध्वज, विहारनौका^{F}की झण्डी^{F}, डोंगी^{F} आदिकी पताका^{F}, (परि०) T.

burgeois बुअॅर्'ज़्वॅ n. मध्यम वर्ग, मध्यवित्त जन।

burgeon, bourgeon बर्'जॅन् १. n. मुकुल^F, कली^{F}; किसलय, कोंपल^F; २. v.t. मुकुलित होना, कली^{F} फूटना, अंकुर आना, अँखुआ निकलना, कोंपल^F निकलना, कलियाना, फूटना, उगना।

burgess बर्'जिॅस् n. (इति०) संसद्^{F}में विश्वविद्यालय अथवा नगरका प्रतिनिधि; पौर, पुरवासी, नागरिक, पूर्ण नागरिक, अधिकार-प्राप्त नगरनिवासी, शहरी।

burgh ब'रॅ, बर्ग् n. पुर, स्कॉटलैण्डका स्वायत्त नगर, बर्ग।

burghal बर्'गॅल् a. 'बर्ग'-सम्बन्धित, नागरिक।

burgher –गॅर् n. (प्रा०) पौर, पुरवासी, नागरिक, नगरवासी, शहरी।

burglar बर्'ग्लॅर् n. सन्धिच्छेदक, सन्धिभेदक, सेंधमार, सेंध-चोर; ~ alarm चोर घंटी^{F}।

burglarious –लेॲ'रिॲस् a. सेंधमार, सेंधमारका।

burglarized ⊙ –ग्लॅराइज़्ड् a. सेंधमारकर चोरी किया हुआ।

burglary –रि n. सन्धिभेदन, सेंधमारी^{F}।

burgle –'गॅल् v.t. & i. सेंध^F मारना, सेंध^F फोड़कर घरमें घुसना अथवा उसे लूटना।

burgomaster बर्'गॅमास्टॅर् n. (हालैंड या जर्मनीके नगरका) नगरपाल या सभापति; (हालैंड या जर्मनीके नगरका) नगराध्यक्ष, नगरसेठ, नगरस्वामी, मेयर।

burgonet बर्'गॅनेॅट् n. लौहशिरस्त्राण, अयश्शिरोवर्म, फौलादी टोपी^{F}।

burgoo बर्गू' n. (नौवि०, ग्रा०) दलिया, लपसी^{F}।

burgrave बुर्'ग्रेव् n. पाश्चात्य सामन्त, कुछ यूरोपियन देशोंके जागीरदार या किसी किले अथवा जिलेका शासक, कोटपाल।

Burgundy बर्'गन्डि n. फ्रांसमें बरगंडी नामक स्थानकी बनी हुई मदिरा^{F}के प्रकार।

burial बेॅ'रिॲल् n. शवाधि^{F}, शवाधि-स्थान, समाधि^{F}; अरथी^{F}; (इति०) **शवाधान, दफ़न**; अन्त्येष्टि-क्रिया^{F}, मिट्टी^{F} देना, पृथ्वी^{F}में गाड़ना; ~ ground, ~ place, समाधिस्थल, (इति०, का०) **शवभूमि^{F}**, श्मशान, **कबरिस्तान**; ~ service अन्त्येष्टि-प्रार्थना^{F}, (इति०) **शवाधान प्रार्थना^{F}**; नमाज-जनाजा^{F};

~ chamber, ~ custom, ~ deposit, ~ jar, ~ mound, ~ place, ~ rites, ~ urn, ~ vault, ~ yard.

burin ब्यु'रिन् n. क्षोदनयन्त्र, ताम्रपत्रलेखनी^{F}, खोदनी^{F}; (इति०) **तक्षणी^{F}**, ताँबेपर खुदाई^F या नक्काशी^{F} करनेका औजार T.।

burinist –निस्ट् n. ताम्रपत्रलेखक, नक्काश।

burke बर्क् v.t. (अफवाह^F) शान्त करना, बाहर न निकलने देना, दबाना; (प्रकाशन, विज्ञापन अथवा जाँच^F आदिको) दबा देना, बन्द करना, रोक देना, टालना, छिपाना, इधर-उधर करना, गला घोंट देना।

burl बर्ल् n. पट-ग्रन्थि^{F}, कपड़ेके किनारेपरकी गाँठ^F; (वन०) **गंटु; गोमड़ा**।

burlap बर्'लैप् n. शणक, मोटी किरमिच^F, मोटा टाट।

burlesque बर्लेॅस्क्' १. n. प्रहसन, स्वाँग, व्यंग्य-चित्र, अनुकरण-रचना^{F}, हास्यजनक प्रबन्ध, नकल^F, पैरोडी^{F}; अतिशयोक्ति^{F}, शब्दजाल, हँसी^{F}, ठट्ठा; २. a. हास्यजनक, शब्दाडम्बरपूर्ण, व्यंग्यपूर्ण, शब्दाडम्बरयुक्त, ठिठोलिया, ३. v.t. ठट्ठा करना; (अनुरंजन या परिहासके लिए) अनुकरण करना, नकल^F करना।

burletta (It.) बर्लेॅ'ट॰ n. नाट्य संगीत; स्वांग।

burliness बर्'लिनिॅस् n. हृष्टपुष्टता^{F}, पुष्टता^{F}, हट्टा-कट्टापन, भारीपन, मोटाई^F।

burly बर्'लि a. हृष्टपुष्ट, दृढ़, शक्तिमान्, बलवान्, स्थूलकाय, हट्टा-कट्टा, मोटा-ताजा, मुस्टण्डा।

Burmese बर्'मीज़् n. & a. अथवा Burman ब्राह्म, ब्रह्मानिवासी, बरमी, बर्मा देशका; बरमी बोली^{F}, ब्राह्मीभाषा^{F}।

burn^1 बर्न् n. छोटा नाला।

burn^2 n. (चि०) ज्वाला, अग्नि तथा अन्य रूक्ष ठोस द्रव्योंसे जलना, दाह, जलन^F, **छाला**, दाग।

burn^3* v.t. & i. (p. p.p. *burnt* or *burned*) प्रचण्ड होना, दहकना; दग्ध करना, दाह करना, भड़काना, जलाना*, फूँकना; जलाकर मार डालना, जल मरना; जलाकर छेदना; (लैम्प, बत्ती^{F}, मोमबत्ती^{F}, गैस^F, तेल आदिका) भड़कना, जलना*; (ईंटा, चूना या लकड़ी^{F}के कोयलेको) दाह या गर्मी^{F}से कड़ा करना; आग या अधिक दाहसे जलाना, जल जाना, दागना; तपे लोहेसे दागना; भोजन बनानेमें झुलसना, झुलसा देना, पकनेके बर्तनमें जलकर चिपक जाना; तेजाब खाना, तेजाबसे उड़ाना; दाह या तापका अनुभव करना या कराना; गर्म करना, गर्म होना, क्रोध आना, क्रोध दिलाना; चमकना; उत्कण्ठा^{F} करना या होना; सुखाना, सूखना; धब्बे डालना, धब्बे पड़ना; चमड़ेको कमाना, रँगना; आविष्कार या सत्यके पास पहुँच जाना; ~ *away* भस्मीभूत होना या करना, जला डालना, जलाकर राख^{F}कर डालना; ~ *blue* नीला प्रकाश देना; ~ *candle at both ends* (रुपया, पैसा तथा शक्ति^{F} आदिका) अधिक व्यय करना, दोनों हाथों लुटाना; ~ *daylight* दिनमें कृत्रिम प्रकाशका प्रयोग करना; अपव्यय करना; ~ *down, low* भस्मीभूत करना, धीमे जलाना, सुलगाना; ~ *in, into* पत्थरकी लकीर^F होना, अमिट होना; धँस जाना; ~ *off* (रसा०) **गलाकर निकालना**; ~ one's *boats* किसी कामपर डटा रहना; किसी काममें पूरी शक्ति^{F} लगा देना; ~ one's *fingers* दूसरेके झगड़ोंमें पड़कर हानि^{F} उठाना; ~ *out* सब कुछ स्वाहा करना, जलाकर राख^F करना; ~ person *out* आग^F लगाकर किसीको बाहर निकालना; ~ *the midnight oil* बहुत देर^F तक काम करना; ~ *the water* मशालकी सहायता^{F}से मछली^{F}का शिकार करना; ~ *up* भस्मीभूत करना, सुखाना, जला डालना; भड़क उठना; ~ *with rage*

क्रोधोत्तप्त होना, गरम होना; *money ~s hole in pocket* धन व्यय होनेके लिए तड़प रहा है, रुपया फलफलाता है, पैसा उबल रहा है।

burned –ड् a. दग्ध (~ gas), प्लुष्ट, भस्मीभूत ⊙ (*~ umber*)।

burner –'नॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें), जलानेवाला; (रसा०, भौ०, नौवि०) **ज्वालक, दाहक** (*brick-~*); दीप; लैम्पका कल्ला; (रसा०) **बर्नर;**
 ~ capacity, ~ gas, ~ jet, ~ orifice, ~ pipe, ~ ring, ~ system, ~ tube, ~ unit.

burnet बर्'निट् n. एक प्रकारका फूलोंका पौधा।

burnettizing बॅर्'निटाइज़िंग् n.(यन्त्र०) **जस्तीकरण**।

burning बर्'निंग् १. n. (क्रियागत अर्थोंमें); भस्मीकरण, ज्वलन, दहन, दाह, जलन^F, (यन्त्र०, कृषि०) **जलाना, जलना, फूँकना,** झुलस^F; २. a. उत्कट, प्रज्वल, दाहक; (~ *question*) ज्वलन्त, उत्तेजक (प्रश्न); ~ glass ज्वालक काँच, दाहक काँच, (भौ०) **आतशी शीशा;** ~ point ज्वलनांक; ~ scent (आखेटमें) बहुत तेज गन्ध^F, महक^F;
 ~ brand, ~ naphtha, ~ oven, ~ period, ~ taste, ~ test, ~ zone.

burnish बर्'निश् १. n. परिष्कार, उद्भ्राजन, चमक^F, पालिश^F; २. v.t. & i. परिष्कार करना, उद्भ्राजन करना, रगड़कर चमकाना, झलकाना; चमकना, (यन्त्र०) **चमकाना;** पालिश^F करना या होना।

burnisher –शॅर् n. रगड़कर चमकानेवाला, पालिश^F करनेवाला।

burnous(e) बर्नस्',-ज़्' n. **लबादा,** अंगरखा, **चोगा** (अरबवासियों, मूरलैंड निवासियों तथा महिलाओं^Fका)।

burnt बर्न्ट् a. दग्ध, ज्वालित, ज्वलित, अग्निदग्ध, रूक्ष, जला या जलाया हुआ; ~ offering, ~sacrifice आहुति^F, बलिदान; ~ *child dreads fire* दूधका जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है;
 ~ brick, ~ dolomite, ~ flavour, ~ lime, ~ segment, ~ steel, ~ sugar, ~ umber.

burp बर्प् n. डकार^F।

burr[1] बर् n. चक्की^Fके पाटका पत्थर; सान^Fका पत्थर; चूनेका पत्थर; (चन्द्रमा या तारेके चारों ओर नीहारिका-सदृश) मण्डल; काटे हुए या छेद किये हुए धातु^F या कागजका उभरा हुआ किनारा; वर्णका अस्पष्ट उच्चारण, हकलाहट^F; गड़गड़ाहट^F, घड़घड़ाहट^F; (कृषि०) T.; ~-drill (चि०) दाँत-बरमा, दाँत साफ करनेका उपकरण।

burr[2] v.t. & i. अस्पष्ट उच्चारण करना, हकलाकर बोलना, (नॉर्थम्बरी और फ्रेंचकी) बर्र-ध्वनि^Fमें उच्चारण करना।

burring –'रिंग् n. बर्र-ध्वनि^F करना, **दाँते पड़ना**।

burrow बॅरो १. n. (लोमड़ियों^F, खरगोशों आदिकी) माँद^F, (कृषि०) गर्त, **बिल;** २. v.t. & i. बिल खोदकर मार्ग निकालना; गर्त बनाना, माँद^F खोदना, बिल बनाना, माँद^F या बिलमें रहना; अगोचर होना, आँख^Fसे ओझल होना; (ला०) रहस्यों आदिका पता लगाना, छानबीन^F करना, खोज^F करना, जाँच-पड़ताल^F करना।

burrower –ऑर् n. माँद^F या बिल खोदनेवाला; आँख^Fसे ओझल होनेवाला; रहस्योंकी छानबीन^F करनेवाला।

burrowing –'रोइंग् n. (कृषि०) **बिल बनाना;** ~ animal (जीव०) **बिलकारी प्राणी**।

burry बॅ'रि a. कण्टकाकुल, कँटियादार, काँटेवाला।

bursa बॅर्'सॅ n. (चि०) **स्नेहपुटी^F**।

bursar बर्'सॅर n. विश्वविद्यालय या स्कूलमें छात्रवृत्ति^F पानेवाला विद्यार्थी; कोषाध्यक्ष, खजांची, बर्सर।

bursarial बर्सेअॅ'रिअॅल् a. छात्रवृत्तीय, छात्रवृत्ति-विषयक, छात्रवृत्ति^Fसे सम्बन्धित; कोषाध्यक्षीय।

bursarship –'सॅर्-शिप् n. कोषाध्यक्षका कार्यालय, खजांचीका दफ्तर, बर्सरी^F।

bursary –रि n. छात्रवृत्ति^F, वजीफा, बर्सरी^F; धनागार।

bursiculate बर्सि'क्युलॅट्, **bursiform** बर्'सिफ़ॉर्म aa. स्यूनरूप, बटुआ-सा; अर्द्धगोलाकार।

burst[1] बर्स्ट् n. स्फुटन^F, **विस्फोट;** (भौ०) **स्फोट, प्रस्फोट,** विस्फोटन, **स्फोटन,** फटन^F, **फटना,** फूट^F, धमाका, धड़ाका; भड़कन^F; भभक^F या भड़क^F (*~ of flame*); **बौछार^F;** आकस्मिक उद्गार (शा० और ला०); नशेका दौरा, नशेकी मस्ती^F; सरपट दौड़^F; ~-up क्षय, ह्रास, पतन, एकाएक गिरावट^F।

burst[2]* v.t. & i. (*burst*) विस्फोट होना, फट पड़ना*, फट जाना, धड़ाका होना, फूटना, फूटकर उड़ जाना, तोड़-फोड़कर निकल पड़ना, बर्स्ट होना, (*~ with food* or *emotion, heart ~s*); वेगके साथ खुल पड़ना, फटना, खुलकर आना (*bud ~s*); भावोंको उग्रतापूर्वक या प्रचण्डतापूर्वक अभिव्यक्त करना, बलपूर्वक या अचानक निकलकर बाहर चला जाना, बाहर निकल पड़ना, अकस्मात् घुस आना; प्रकट होना, सहसा आ पड़ना, दिखायी पड़ना (*~ into flame, upon the view*); विस्फोट या धड़ाकाके कारण (कुछ भागका) नष्ट होना; लबालब भरना, भरा हुआ होना, खूब भरना, छलकना, बाहर बह जाना (*grain ~s granary*); ~ *in* घुसना, झपटकर आना, कमरेमें घुस आना; विघ्न डालना, छेड़ना; ~ *into tears,* फूट-फूटकर रोना, ~ *into view* सहसा दृष्टिगोचर होना, परिलक्षित होना, दीख पड़ना; ~ *open* बलपूर्वक तोड़ना; ~ *out* फूट पड़ना, चिल्ला पड़ना, जोरसे बोल उठना; ~ *out laughing* खिलखिला कर हँस पड़ना; ~ *sides with laughing* हँसते हँसते-पेटमें बल पड़ना; ~ *up* विस्फोट हो जाना, धड़ाका हो जाना, खुल जाना, फट पड़ना; ~ *upon enemy's country* शत्रुके देशपर आक्रमण करना, लताड़ना।

burster –टॅर् n. दिवालिया।

bursting –टिंग n. फूटना, फटना, निकल पड़ना।

burthen बर्'दॅन् १. n. भार; (परि०) **टन भार**; २. v.t. भारवाहन करना, बोझा लादना।

burton बर्'टन् n. शीत-रज्जु^F, दुहरी-तिहरी रस्सियाँ^F जो पाल कसनेके काम आती हैं।

bury बे'रि v.t. शवाधान करना, समाधिस्थ करना, (शवको) गाड़ना, दबाना, दफन करना, दफनाना, मिट्टी^F देना; अन्त्येष्टि कर्म करना; भूमि^Fके नीचे डाल देना, छिपा देना, गाड़ देना, मूँद देना (~ *alive*); विसरण करना, त्याग देना, छोड़ देना, दूर करना, भुला देना; (कोष आदिको) जमीन^Fमें परिगोपन करना, (का०) **संगोपन करना**, परोक्ष कर देना, ढक देना, डुबो देना, गाड़ देना; ओझलकर लेना, छिपा लेना, हटा लेना, मूँद लेना (मुखको हाथोंसे, हाथोंको जेबोंमें); दब जाना, ढक जाना; बिल बनाना; ~ *the hatchet* सन्धि^F करना, मेल-मिलाप करना, झगड़ा तोड़ना; *to have ~ied* (सम्बन्धियोंको) खो देना, मिट्टी^F देना।

burying –'इंग n. शवाधान, दफनाना; BURIAL; ~ ground, ~ place शव-भूमि, श्मशान, कबरिस्तान।

bus बस् १. n. (pl. ~*es*) सर्वयान, गन्त्री^F, यान, (परि०) **बस**^F, बसगाड़ी^F; (ग्रा०) मोटरगाड़ी^F, मोटर-साइकिल^F, हवाई जहाज; २. v.t. बससे यात्रा करना, बससे जाना; ~ bar **सामान्य पट्टिका**^F; (विद्यु०) T.; ~ man बस-संचालक, बस-वाला; ~man's holiday कामकाजी अवकाश (दैनिक नियमित कार्य करते हुए); *miss the* ~ सुअवसर खो देना, कार्यमें विफल होना, रह जाना।

bus-bar बस्'-बार् n. महासंवाहक तार, (बिजली^Fका तार जो कई सर्किटोंको मिलाता है)।

busby बज़्'बि n. शिरस्त्राण विशेष, फौजी टोपी^F, रिसाले और तोपखानेवालोंकी लम्बी बुरदार टोपी^F।

bush[1] बुश् n. क्षुप^F, क्षुपिका^F, गुल्म^F, **झाड़ी**, **झाड़-झंखाड़**, झाड़ियों^Fका झुण्ड; (रसा०) **प्रवणी**^F; सिरपेंचेकी लता^Fका गुच्छा; बिना जुती भूमि^Fका प्रदेश, जंगली प्रदेश, जंगल; घने घुँघराले बाल, घनी मूँछें^F आदि; (यन्त्र०, परि०) **अस्तर**, कूर्च, T.; ~-baby अफ़्रीकी लंगूर; ~-fighter छापामार, छिपकर आक्रमण करनेवाला, चोर-लड़ाई^F लड़नेवाला, झाड़ियों^Fमें छिपकर लड़नेवाला; ~-fighting अन्यवस्थित युद्ध-प्रणाली^F विशेष, छापामार लड़ाई^F; गुरिल्ला युद्ध, चोर-लड़ाई^F; B~man दक्षिणी अफ़्रीकाका आदि-निवासी, गुल्म-मानव, कृषक अथवा यात्री, जंगली आदमी, आस्ट्रेलियाका आदिवासी; ~ master सर्प, साँप; एक अमेरिकी साँप; ~-ranger आस्ट्रेलियाका जंगली डाकू, डकैत; ~ rope (उष्णकटिबन्धके) जंगली अंगूरकी बेल^F; ~ telegraph जनप्रवाद, समाचार या अफवाह^F आदिका शीघ्रतापूर्वक प्रसरण, चर्चा^F; *beat about the* ~ उल्टे हाथसे कान छूना; *good wine needs no* ~ अच्छी चीज^Fके विज्ञापनकी आवश्यकता^F नहीं है; *take to the* ~ डाकू होना;

~ axis, ~ bearing, ~ cat, ~-chat, ~-cow, ~ disease, ~ hammer, ~ harrow, ~ honeysuckle, ~-lark, ~ planting, ~ rat, ~-sickness, ~-tree, ~-warbler, ~ wrench.

bush[2] v.t. (किसी स्थानके चारों ओर) झाड़ियाँ^F लगाना।

bush[3] n. १. छेददार डाट, काग, धुरेका छल्ला; २. v.t. छल्ला या डाट लगाना।

Bush. bushel.

bushed बुश्ड् a. गुल्मावृत, क्षुपिका-लुप्त, झाड़ी^Fमें खोया हुआ।

bushel बु'शॅल् n. शूर्प, अन्न या फल आदिके लिए ८ गैलन (२९ सेर) का एक माप, (कृषि०) **बुशल (एक प्रकारका आयतन मान)**; *measure other's corn by* one's *own* ~ सर्वभूतेषु आत्मवत् देखना; *not hide light* or *candle under* ~ आदर्श स्थापित करना, सत्यका प्रकाश करना।

bushelful –फुल् n. गैलनभर, बुशलभर।

Bushido बू'शीडो n. जापानके सैनिक सरदारोंके आदर-सत्कार और आचार-व्यवहारकी संहिता^F, व्यवस्था-पुस्तक^F।

bushiness बु'शिनिस् n. क्षुपमयता^F, सघनता^F, घनापन, झाड़ीदार होना।

bushing –'शिंग् n. (रसा०) **कर्मावधि**^F; **आस्तीन**^F; (कृषि०) **बेयरिंग अस्तर**, T.

bushy –शि a. क्षुपमय, क्षुपसदृश, गुल्मावृत, गुल्ममय, झाड़ीदार; सघन, घना; ~ stunt (वन०) **कूर्चीरोध**।

busily बि'ज़िलि adv. व्यस्तता^Fसे, संलग्नता^Fसे, लगकर।

business* बिज़्'निस् n.व्यस्तता^F, संलग्नता^F; पणन, वाणिज्य, (अर्थ०, का०) **व्यवसाय***, व्यापार, उद्योग, कारबार*, धन्धा, (का०) **कारोबार**, पेशा; कार्य, **काम**, काम-काज; मतलब; आगमनका कारण (*what is your* ~?); कार्यक्रम, एजेण्डा (*the* ~ *of the day*); व्यवहार, लेन-देन; (घृणा०) कार्यकी गतिविधि^F, विधि^F, उपाय, साधन, तन्त्र, सम्बन्ध (*sick of the whole* ~); दुष्कर कार्य, कठिन कार्य (*what a* ~ *it is* !); किसीसे सम्बन्धित कार्य या वस्तु^F, मामला; व्यापारिक स्थान, कोठी^F, मण्डी^F; (रंगमंच) निर्वाक् प्रदर्शन, कठपुतली^Fका खेल; हाव-भाव; (आदमीका) व्यापारी पहनावा या नियम-विरुद्ध सूट ⊙; ~ man व्यापारी, व्यापारिक व्यक्ति, (अर्थ०) **व्यवसायी**, कारबारी आदमी; व्यवहार-कुशल व्यक्ति; ~ principles व्यावसायिक सिद्धान्त; good ~! बहुत अच्छा, खूब; law ~ ⊙ वकालत^F, कानूनी प्रैक्टिस^F; ~ *as usual* बाधाओं^Fके होनेपर भी काम होता रहेगा, चलता रहेगा; ~ *end of tin tack* बिन्दु, नोक, सिरा; *do* one's ~ काम करना; वध करना, काम तमाम करना; *has no* ~ *to* उसका कोई अधिकार नहीं, मतलब नहीं; *make it* one's ~ *to* किसी कामको हाथमें ले लेना, हाथ लगाना; किसी कामका उत्तरदायित्व लेना, जिम्मा लेना; *man of* ~ अभिकर्त्ता, कारिन्दा, मुख्तार; *mean* ~ उत्सुक होना; गम्भीर होना; *mind*

one's ~ अपनी निबेड़ना, अपना काम करना; *on* ~ सोद्देश्य, विशिष्ट उद्देश्य या ध्येयसे, विशेष कामसे;
~ activity, ~ acumen, ~ barometer, ~ budget, ~ card, ~ college, ~ concern, ~ conditions, ~ connection, ~ crisis, ~ cycle, ~ days, ~ end, ~ ethics, ~ experience, ~ farming, ~ firm, ~ forecast, ~ forecasting, ~ hours, ~ house, ~ index, ~ integrity ~ letter, ~ loan, ~ methods, ~ morality, ~ name, ~ notice, ~ occupation, ~ operations, ~ optimism, ~ organization, ~ paper, ~ permission, ~ place, ~ practices, ~ premises, ~ profits tax, ~ prospects, ~ reputation, ~ research, B~ Rules, ~ school, ~ season, ~ statistics, ~ theory, ~ undertaking, ~ union,

business-like –लाइक् a. सुनियोजित, सुव्यवस्थित, यथाक्रम; व्यवहारकुशल, व्यापारानुरूप, व्यावहारिक; चुस्त, चौकस, फुर्तीला।

busk बस्क् n. मेमों^{F}की अँगिया^{F}में लगानेकी कड़ी पट्टी^{F}।

buskin बस्'किन् n. दुःखान्त नाटक; दुःखमय अवस्था^{F} या दशा^{F}; घुटनोंतकका जूता, यूनानी अभिनेताओं द्वारा कद बढ़ानेके लिए पहना जानेवाला ऊँचे तलेका जूता; *put on the* ~ दुःखान्त नाटकका अभिनय करना, दुःखान्त नाटक लिखना।

buskined –ड् a. दुःखान्त; दुःखी अवस्थामें; घुटनोंतकका जूता पहने हुए, ऊँचे तल्लेका जूता पहने हुए।

buss बस् १. n. (प्रा०) चुम्बन, चुम्मा; २. v.t. चुम्बन करना, चूमना।

bust बस्ट् n. आवक्ष प्रतिमा^{F}, अर्धप्रतिमा^{F}, मनुष्यके सिर, कन्धे और सीनेतकका चित्र; वक्षःस्थल, छाती^{F}, (~ *–bodice*)।

bustard बस्'टर्ड् n. सारंग, सारस, **हुकना**, तेज दौड़नेवाले पक्षी।

bustle^{1} ब'सॅल् n. तुमुल, कोलाहल; संकुलता^{F}; ताड़ाताड़ी^{F}; आकुलता^{F}, शीघ्रता^{F}, उत्साह, जोश, दौड़धूप^F, धूम^F, हलचल^F, खलबली^{F}; ~ pipe (यन्त्र०) **धमन नाली^{F}**।

bustle^{2} v.t. & i. उत्साह प्रदर्शित करना, शीघ्रता^{F} करना, जल्दी^{F}से काम करना, दौड़-धूप^F करना, धूम^F मचाना, जोश दिखाना; दूसरोंमें उत्साह भरना, हलचल^F लाना; उद्यम करना, कार्यमें लगना, हिलना-डुलना, भिड़ जाना।

bustle^{3} n. मेमों^{F}के घाँघरेकी पीछेकी गद्दी^{F}, मेमों^{F}के लहँगेको फुला रखनेवाली कमानी^{F}।

bustler –'लेर् n. ऊधमी या खलबली आदमी।

busy^{1} बि'ज़ि १. n. (ग्रा०) गुप्तचर, भेदिया, जासूस; २. a. व्यापृत, **व्यस्त**, व्यग्र, संलग्न, कार्यरत, तल्लीन, मग्न, भिड़ा हुआ, डूबा हुआ, लगा हुआ (*he was* ~ *packing*); आरत, विकल (~ *as a bee*); हस्तक्षेप करनेवाला, हलचल^F मचानेवाला, खलबली^{F} मचानेवाला, बदमाश, शरारती; ~ body प्रत्यवाय-प्रयासी, बाधक व्यक्ति; ~ idle (-ness) व्यर्थके कार्योंमें शक्तिव्यय (करनेवाला), निरर्थक कार्योंमें शक्ति^{F}का ह्रास या क्षय; *to get* ~ ⊙ उद्बुद्ध होना, जागना;
~ hour, ~ line, ~ position, ~ response, ~ season, ~ tone.

busy^{2} v.t. व्यस्त या संलग्न रखना, व्यस्त करना या होना, व्यग्र रहना, संलग्न रहना, तल्लीन होना, तल्लीन करना, मग्न रहना, व्यग्र रखना, भिड़े रहना।

busyness –निॅस् n. व्यस्तता^{F}, संलग्नता^{F}, कार्यरति^{F}, व्यग्रता^{F}, तल्लीनता^{F}।

but^{1} बट् १. n. आक्षेप, आरोप, आपत्ति^{F}; २. v.t. किन्तु परन्तु करके बोलना, ~s का प्रयोग करना; ~ *me no* ~*s* किन्तु परन्तु मत करो।

but^{2} adv. & prep.(~*, conj.)किन्तु*, परन्तु, पर, मगर, लेकिन* (*it shall go hard ~ I will get there*); कि…नहीं, (*it is impossible ~ that Offences will come*); यह नहीं (कि) (*not ~ that he believed it himself*); कि (*I don't deny, doubt, ~ that*); मात्र, केवल (*she is ~ a child, I can ~ do it*); अतिरिक्त, अलावा, सिवाय, छोड़कर, इसके अतिरिक्त, यदि ऐसा न हुआ तो, (*they are all wrong ~ he, him*); अन्यथा, ऐसा न हो तो (*cannot choose ~*); जो नहीं (*no one ~ knows that*); बल्कि, बिना इस परिणाम आदिके कि…(*never rains ~ it pours*); तथापि, किसी प्रकार, इसके विपरीत, तिसपर भी; ~ *for this etc.* यदि ऐसा न होता, इसके बिना; ~ *then* लेकिन इसके साथ-साथ, परन्तु यह भी तो है (*it is hot, no doubt, ~ then the heat is dry*)।

butcher^{1} बु'चॅर् n. सौनिक, वधिक, मांस-विक्रेता, मांसका व्यापारी, मांस बेचनेवाला, हत्यारा, कसाव, चिकवा, कसाई, बूचड़; सामन मछली^{F}के पकड़नेका चारा; हत्यारा न्यायाधीश या सेनापति; ~ bird लट्टूषक, शिकारी पक्षी, कसाई चिड़िया^{F}; ~'s bill युद्धमें हत व्यक्तियोंकी तालिका^{F} या सूची^{F}; ~'s-broom नुकीली पत्तियों^{F}वाला सदाबहार पौधा; ~'s meat पालतू मुर्गी^{F}, बतख^F आदि, सुअर, शिकार किये हुए पशु या पक्षीके मांसको छोड़कर अन्य प्रकारका मांस; *the ~, the baker, the candlestick-maker* सभी उद्योग-धन्धोंके व्यक्ति।

butcher^{2} v.t. नृशंसतापूर्वक हत्या^{F} करना, निर्दयतापूर्वक या निरुद्देश्य लोगोंका वध करना, हत्या^{F} करना, मार डालना; अशुद्ध पाठ या सम्पादन करके (पुस्तक^{F}की) हत्या^{F} करना, कटु आलोचना^{F}से धज्जियाँ^{F} उड़ाना, नष्ट करना, हानि^{F} पहुँचाना।

butcherly –लि a. नृशंस, नरघाती, हिंसक, निर्दय, क्रूर, हत्यामूलक, हत्यारे या कसाईके सदृश, हत्यारेके योग्य, कसाईका-सा।

butchery –रि n. वधस्थान, वधशाला^{F}, **बूचड़खाना, कसाईघर,** कसाईखाना; लोगोंका निर्दयतापूर्वक या अनावश्यक वध, हत्या^{F} ।

butler बट्'लॅर् n. प्रधान अनुचर या सेवक, भण्डारी, जमादार, खानसामा, (परि०) **बटलर** ।

butlery –'लॅरि n. भाण्डार ।

butt[1] बट् n. शराब^{F}का पीपा = १२६ गैलन; कठरा ।

butt[2] n. स्थाणु, पेड़का ठूँठ, खूँच, मुण्ड, मुण्डा; तनेका निचला भाग ⊙; पत्तेका डण्ठल, (यंत्र०) **कुन्दा**, मोटा सिरा; **आखण** (~ *area*, ~ *duties*); **हत्था; पछिया;** मिलन-स्थान (जहाँ दो वर्गाकार तख्ते मिलते हों); कई प्रकारकी चपटी मछलियाँ^{F}; पीठ और पेटका चमड़ा (जिसको काटकर आयताकार बना लेते हैं); सबसे मोटा चमड़ा; T.; (~-end) उच्छिष्ट, अवशेष; ~ -end **कुंदा**; ~ hinge (यन्त्र०) **सटा कब्जा**; ~ weld (यन्त्र०) **सिरा झलाई^F**, (रेल०) **सपाट झलाई^F**; *give fish the* ~ मजबूती^{F}से पकड़नेके लिए बंसी^{F}के मोटे सिरेको मछली^{F}की ओर घुमाना;
~ joint, ~ marker, ~ party, ~ plate, ~ register, ~ slide, ~ stock, ~ strap, ~ stroke, ~ weld, ~ welding.

butt[3] n. परिहासकी वस्तु^{F}, चिढ़ाने और हँसी^{F} उड़ानेकी वस्तु^{F}; भड़आ; बतख^{F}के शिकारीके खड़े होनेका स्थान; चाँदमारी^{F}के पीछेका टीला, धुस्स; (बहु०) लक्ष्यकी दूरी^{F}; लक्ष्य, निशाना, चाँदमारी^{F}; ध्येय, उद्देश्य ।

butt[4] १. n. सिरकी टक्कर^F, ठोकर^F, धक्का; २. v.t. & i. सिरसे टक्कर^F मारना, ढकेलना; दीवार^{F}से टक्कर^F खाना, दीवार^{F}के सहारे लकड़ी^{F} रखना; बाहर निकालना; एक सिरेसे दूसरा सिरा मिलाना, (~ *against*, *upon*); ~ *in* (ला०) हस्तक्षेप करना, बीचमें पड़ना, विचवई^F करना; *come* ~ or *full* ~ *against* घुसना ।

butte ब्यूट् ⊙ n. मीटा, पहाड़ी^{F}, (प्रा० भू०) **बुटे** ।

butter[1]* ब'टॅर् n. नवनीत, (पशुपालन, कृषि) **मक्खन***, माखन; मक्खनके सदृश पदार्थ, घी आदि; चाटुकारिता^{F}, चिकनी-चुपड़ी बातें^{F}; ~-and-eggs हल्के और गहरे पीले रंगका फूलवाला एक पौधा; ~-boat चटनी^{F} या भोजन परसनेका नौ-पात्र; ~ bur बड़ी और कोमल पत्तियोंवाला एक पौधा; ~ cup नवनीत-पुष्प, पीले फूलवाला एक पौधा, T.; ~-knife मक्खन-छुरी^{F}; ~milk (कृषि०, चि०) **तक्र, छाछ^F, घोल, मट्ठा;** ~ muslin नवनीतविरलिका^{F}, मक्खन-मलमल, महीन जालीदार मलमल; ~ nut अमेरिकी अखरोट; ~-print (कृषि०) **मक्खन छाप^F**, मक्खनपर चिह्न डालनेके लिए लकड़ीका ठप्पा या छापा; ~ tree मधूक, महुआ; ~-wife, ~-woman मक्खन-वाली; clarified ~ घृत, घी; melted ~ घी, आटे आदिका रस, शोरबा; *looks as if* ~ *would not melt in mouth* अति लज्जालु होना, विनीत होना, कृत्रिम लज्जा^{F} आना; *what is a pound of* ~ *among a kennel of hounds* ऊँटके मुँहमें जीरा;
~ bacillus, ~-bean, ~ cases, ~ churn, ~ colour, ~ dish, ~-fat, ~ flower, ~ grain, ~ granules, ~-making, ~ oil, ~ paper, ~ test, ~ worker, ~ yellow.

butter[2] v.t. मक्खनमें पकाना, मक्खन मलना, मक्खन लगाना, चुपड़ना; ~ *up* ईंट^{F}पर गारा चूना आदि लगाना; चाटुकारिता^{F} करना, चापलूसी^{F} करना, चिकनी-चुपड़ी बातें^{F} करना; *fine words* ~ *no parsnips* बातों^{F}से पेट नहीं भरता ।

butterfly –फ़्लाइ n. & a. तित्तलिका^{F} (~ *diagram*), पुष्पपतंग, चित्रपतंग, (कीट वि०) **तितली^{F}**, चंचल या अस्थिर बुद्धि^{F}का (मनुष्य), आडम्बरी (व्यक्ति), दिखावटी (आदमी), छिछोरा, खिलवाड़ करनेवाला;
~ bomb, ~ diagram, ~ nut, ~ screw.

butterine ब'टॅरीन् n. नवनीती^{F}, कृत्रिम नवनीत, (कृषि०) **नकली मक्खन** (जो चर्बी^{F}से बनाया जाता है), T.

butteriness –रि-निॅस् n. चिकनाहट^F, चिकनापन, चिकनाई^F ।

butteris ब'टॅरिस् n. हयशफकर्त्तनछुरिका^{F}, घोड़ेकी नाल^F काटनेकी छुरी^{F} ।

buttery[1] ब'टॅरि n. (विद्यालयों आदिका) दुग्ध-भाण्डार; नवनीतगृह; ~-hatch रसद-दरवाजा (जिसमेंसे घी, राशन आदि दिया जाता है) ।

buttery[2] a. मक्खनदार, मखनिहा, चिकना-चुपड़ा ।

butting ब'टिंग् n. **छिलाई-जुड़ाई^F** ।

buttock[1] ब'टॅक् n. (चि०, श० र० शा०) श्रोणि^{F}, प्रोथ, श्रोणि-पृष्ठ, (चि०, परि०) **नितम्ब** (~ line), पाछा, स्फित कूल्हा, चूतड़, पूँगा, पुट्ठेका मांस; कुश्ती^{F}के दाँव-पेंच ।

buttock[2] v.t. कोल्हुवा दाँव लगाना, कूल्हेके सहारे उठाकर फेंकना, पटक देना ।

button[1]* ब'टॅन् n. बुताम, (कृषि०) **बटन^F*** (~ *lac*, ~ *seal*); मुकुल, कलिका^{F}, कली^{F}; कुकुरमुत्ता; घण्टी^{F}, हत्था, बिजली^{F}का बटन; चटखनी^{F}; कोई गोल छोटी-सी चौड़ी वस्तु^{F}, लोहेकी पत्ती^{F}की नोककी टोपी^{F}; a ~ short (बोल०) मन्दबुद्धि, जड़बुद्धि, मूढ़मति, बुद्धू; ~ hole बटन^{F}के लिए छेद; घुण्डी^{F}; ~ tree बटन-पेड़; ~ stick बटनोंको पालिश करनेके लिए सैनिककी एक टिकिया^{F}; *boy in* ~*s* बालभृत्य, छोकरा; *do not care a* ~ उदासीन होना, लापरवाह होना; *take by the* ~ ठहराना, रोकना; *touch the* ~ साधारण कामसे जटिल परिणाम ला देना ।

button[2] v.t. & i. बटन बन्द करना; बटन लगाना; (बटनदार कपड़ेमें कोई वस्तु^{F}) बन्द करना ।

buttoned –ड् a. बुतामदार, बटनदार ।

buttonless –लिॅस् a. बिना बटनका ।

buttons –न्ज़् n. वर्दी^{F} पहने हुए बाल-भृत्य, छोकरा, नौकर, कम उम्र^{F}का नौकर ।

buttony बटॅनि a. (कई) बटनोंवाला ।

buttress –'ट्रिस् १. n. (प्रा० भू०) **वप्र,** (यन्त्र०) (दीवाल^F का) **पुश्ता;** गिरि-प्रक्षेप, पहाड़का आगेको निकला हुआ पुश्तेके आकारका भाग; आलम्ब, आधार; सहारा, थूनी^F, अड़वार^F; ~ dam पुश्तेदार बन्ध; ~ root (वन०) **पुश्ता जड़**^F; आधारक जड़; २. v.t. (शा० और ला०) सहारा देना, खम्भा खड़ा करके सहारा देना, थूनी^F लगाना, पुश्ताबन्दी करना, अड़वार^F लगाना; तर्क आदिसे पुष्ट करना।

butyr-, butyro- घृति-, घृतिक (जैसे, *butyraceous, butyroacetic*)।

butyres ब्यू'टिरॅस् a. घृतिक, घृतयुक्त, मक्खनका; चिकना।

butyrometer –रॉ'मिटॅर् n. (कृषि०) **मक्खन स्नेहमापी।**

buxom बक्'सॅम् a. स्वरूपवान्, सुन्दर, हृष्ट-पुष्ट, स्थूल, भरा-पूरा, मोटा-ताजा; सदानन्द, प्रफुल्ल।

buxomness –निॅस् n. स्वरूपता^F, सुन्दरता^F।

buy बाइ १. n. क्रयण, क्रय, खरीद^F, बेसाह; २. v.t. (*bought*) क्रयण करना, (का०) **क्रय करना,** मोल लेना, (का०) **खरीदना,** बेसाहना; घूस^F देकर किसीको पक्षमें करना, किसीको अपनी ओर तोड़ लेना; कुछ न्योछावर करके प्राप्त करना (*dearly bought*); प्राप्त करना, पाना (*money cannot ~*); a good ~ मोलभाव; ~ *in* माल खरीदना, नीलाममें सबसे अधिक बोली^F से ऊपर बोल कर माल छुड़ाना; ~ *into* किसी कारखाने या कम्पनी^F-का हिस्सा खरीदना; *I will ~ it* (अमेरिकी ग्रा०) मैं इसको छोड़ता हूँ, (किसी प्रश्न या पहेली^F के उत्तरमें) मैं नहीं जानता; ~ *off* उत्कोच देकर वशीभूत करना, मुक्त कराना, कुछ दे दिलाकर (सैनिकको) निकलवा देना, कुछ दे दिलाकर जान^F छुड़ाना; ~ *out* स्वत्व क्रय करना, कुछ दे दिलाकर अधिकार, पद और सम्पत्ति^F आदि त्यागनेके लिए राजी कर लेना; ~ *over* उत्कोच देना, घूस^F देना, रिश्वत^F देकर पाना; ~ *pig in poke* बिना देखे-भाले किसी बात^F को मान लेना, बिना सोचे-विचारे अपनेको फँसा लेना; ~ *up* क्रय द्वारा किसी दूसरे कारखाने या दुकान^F को अपनेमें मिला लेना, सारे मालको खरीद लेना।

buyable –'अॅबॅल् a. क्रययोग्य, खरीदने योग्य।

buyer –'अॅर् n. (अर्थ०, वाणि०, का०) **क्रेता,** (*~ rights*), ग्राहक, (अर्थ०, का०) **खरीददार;** अभिकर्त्ता या एजेण्ट।

buymanship –'मॅन्-शिप् n. (शिक्षा०) **खरीदारी**^F।

buzz[1] बज़् n. मधुमक्खी^F आदिकी गुंजार^F, **गुंजन,** भिनभिनाहट^F, भिनक^F; धूमधाम^F, चहल-पहल^F, हलचल^F; गोल आरा ⊙।

buzz[2] v.t. & i. गुंजारना, गुनगुनाना, भिनभिनाना, भिनकना; भ्रमण करना, चक्कर लगाना, इधर-उधर घूमना, बहकना; (किसी स्थान या जनसमूहसे) भनभन होना, गूँजना; (ग्रा०) निकल जाना, हट जाना; (चर्चा^F, अफवाह^F आदिका) प्रचार करना, उड़ाना, फैलना, उड़ना (*~ applause*); सनसन होना, झनझन होना (*~ stones*)।

buzz[3] n. रोएँदार भँवरा; इसी प्रकारका मछली^F का चारा।

buzz[4] v.t. (शराब^F की बोतल) चढ़ा जाना, पी जाना, गटकना।

buzz[5] int. बासी खबर^F है! यह तो पुराना समाचार है!

buzzard ब'ज़ॅड् n. मूषिक बाज, श्येन पक्षीके प्रकार, बाजकी किस्में^F (जैसे, *Bald B~, Honey B~, Moor B~* आदि); मूर्ख, बुद्धू।

buzzer ब'ज़ॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें), इंजिनकी सीटी;^F (भौ०) **गुंजक** (*~ room*); संकेतके लिए बिजली^F की बज़बज़ करनेवाली मशीन^F; संकेतक, (ग्रा०) संकेत करनेवाला, सिगनल देनेवाला, सिगनेलर, T.; ~ chopper, ~ generator, ~ key, ~ note, ~ room, ~ unit, voltage.

buzzing –ज़िंग् a. भनभनाता हुआ।

B.V. *Beata Virgo*, Blessed Virgin; *Bene Vale*, farewell.

B.V.M. Blessed Virgin Mary.

B.W.G. Birmingham Wire Gauge.

B.W.I. British West Indies.

B.W.T.A. British Women's Temperance Association.

by- उप- (जैसे, *~-election, ~-law, ~name*); गौण (*~-business, ~-plot*); पार्श्व- (*~-lane, ~-passage*)।

by[1], **bye** बाइ' a. नैमित्तिक, आनुषंगिक, गौण, उप-, अप्रधान; (पक्ष) गुप्त, भेदपूर्ण; ~ lane **उपवीथिका**^F।

by[2]* १. prep. (वाणि०) **द्वारा***, इस प्रकार, से* (*what do you mean ~ that?, ~ dint of*); के भीतर (*~ day*); संसर्गमें, साथमें, प्रदेश या हल्केमें; समीप, पास, निकट, करीब, की ओर; व्यक्तिके विषयमें या व्यक्तिके पास, व्यक्तिके अधिकारमें; साथ-साथ, होते हुए, मेंसे, से होकर, टालते हुए, पछाड़ते हुए, आगे बढ़कर (*~ nearest road*); तत्पश्चात्, इसके अनुसार, से (*take warning, example ~*); पश्चात्, बाद, जैसे ही, अबतक (*~ now*); शपथ^F लेकर (*~ God*); सम्बन्धित, सम्बन्धसे, विषयमें, मामलेमें (*do one's duty ~*); सीमा^F तक, हद^F तक (*missed ~ a foot, too moral ~ half*); एक-एक करके, एकके बाद दूसरा (*~ degrees*); २. adv. पाससे होकर, पार्श्वतः (*they marched ~*); एकान्तमें, एक ओर, बगल^F में; *abide ~* तदनुसार चलना, पालन करना, मान लेना; ~ *agency* **द्वारा;** ~ *all means* सर्वप्रकारेण, निस्सन्देह, अवश्यमेव, अवश्य; ~ *and large* ⊙ यदि पूर्ण रूपसे विचार किया जाय, यदि हर प्रकारसे सोचा जाय; ~ *cheque* चेक द्वारा; *~-end* अप्रधान लक्ष्य; ~ *form* समाकृतिवत्; ~ *going* पाससे गुजरना;

~ *oneself* स्वतः, अकेले; ~ *order* सादेश, -के आदेशसे, -के हुक्मसे; ~ *the board* गिर गया; ~*-the-bye* प्रसंगवश, विषयान्तरसे; ~ *the head* दबाऊ; ~ *the lee* (परि०) उलट पाल; ~ *the stern* उलार; ~ *the way* प्रसंगवश, वैसे ही; ~ *the wind* जरा हटके; ~ *virtue of* के बलपर; ~ *volume* आयतनके अनुसार; *come* ~ प्राप्त करना, पाना; *lay* ~ बचा रखना, अलग करना; *set* ~ *the ears* उत्तेजित करना, भड़काना, राह देना; *stand* ~ सहायता देना, साथ देना; *swear* ~ किसीकी शपथ लेना।

by and by –'ॲन्ड् बाइ १. n. उत्तरकाल, भविष्य, आगामी काल; २. adv. तुरन्त, अभी, थोड़े समयमें, हाल ही में, तदुपरान्त।

by-blow बाइ'-ब्लो n. विजात सन्तति^F, जारज संतान^F, कौलटेय या दोगला बच्चा; विरोधीको छोड़कर किसी अन्य पर प्रहार।

bye बाइ n. (उन खेलोंमें जिनमें खिलाड़ी दो-दो करके अलग-अलग किये जायँ) अयुग्म या अकेला खिलाड़ी, अकेला खिलाड़ी होना; (गॉल्फ) खेलके पश्चात् अवशेष अंक या प्वाइण्ट (जो नये खेलके रूपमें खेले जायँ); (क्रिकेट) विकेट-कीपरसे गेंद छूट जानेपर बननेवाली रन^F; गौण वस्तु^F, अप्रधान वस्तु^F; ~-log (क्रिकेट) वह रन^F (जो खिलाड़ीकी टाँग^Fसे लगनेपर बनायी जाय); ~-product (रसा०) उपजात।

bye-bye –'बाइ n. नींद^Fका समय है, विस्तर या बिछौनापर जाओ (दाइयों^Fका शब्द); विदा, नमस्ते।

by(e)-election –'इले'क्शॅन् n. (का०) उपनिर्वाचन, उपचुनाव।

bygone –'गॉन् १. n. (बहु०) विगत काल, भूतकाल; विगत अपराध, पुराने दोष; २. a. अतिक्रान्त, विगत, व्यतीत, बीता हुआ, गुजरा हुआ; अतीत, प्राचीन, पुराना; *let ~s be ~s* गतस्य शोचना नास्ति, गड़े मुर्दे मत उखाड़ो, बीती ताहि विसारि दे, पुरानी बातों^Fको भूल जाओ।

by-law, bye-law –लॉ n. स्थानीय व्यवस्था^F, उपविधि^F, उपनियम, स्थानीय सभा^F आदिका नियम।

by-name –'नेम् n. कल्पित नाम, उपनाम; प्यारका नाम; अपनाम, छेड़का नाम, चिढ़ानेका नाम।

bypass –'पास् n. (यन्त्र०, चि०, रेल०, परि०) उपमार्ग, पगडण्डी^F; पटरी^F, बटिया^F, छोटी सड़क^F; (विद्यु०) उपनिकास; बाह्य पथ; बाहरी सड़क^F; गैस^F निकालनेका उपमार्ग; २. v.t. पगडण्डी^F बनाना, शहर आदिके चारों ओर बटिया^F बनाना; भाप^F या गैस^F निकलनेके लिए उपमार्ग बनाना; ~ condenser पथान्तरी संधारित्र।

bypast –'पास्ट् a. अतीत, विगत, व्यतीत, बीता हुआ।

bypath –'पाथ् n. (शा० और ला०) उपपथ, उपमार्ग, पगडण्डी^F, बटिया^F।

byplay –'प्ले n. नाटकका गौण भाग।

by-product –'प्रॉडॅक्ट् n. (कृषि०, रसा०, अर्थ०, चि०, दर्श०) उपोत्पाद, गौण उत्पादन, उपसृष्टि^F, उपोत्पत्ति^F, उपजात, उपफल, आनुषंगिक उपज^F, उपपरिणाम।

by-road –'-रोड् n. उपरथ्या^F, छोटी सड़क^F।

byssine बि'साइन् a. प्रक्षौम, तूलमय।

byssoid –साॅइड् a. क्षुमाभ, तूल सदृश, तन्तुवत्; झालरदार।

byssolite –सॅलाइट् n. बहुत छोटे और नरम तन्तुवाली चादर^F, एस्बस्टस।

byssus –'सॅस् n. प्रक्षुमा^F, क्षुमातूल^F; (जीव०) सूत्र गुच्छ, T.; (मानव०) ममीका भीतरी कफन, रूई^F, क्षौमसूत्र, धज्जियाँ^F।

bystander –'स्टैन्डॅर् n. प्रेक्षक, द्रष्टा, दर्शक, देखनेवाला।

bystreet –'स्ट्रीट् n. उपवीथि^F, निभृत रास्ता, गलियारा, छोटी गली^F।

by-way –'वे n. उपमार्ग, निभृत पथ, ऐकान्तिक पथ या सड़क^F; निर्जन मार्ग या सड़क^F (*highway and* ~); संक्षिप्त मार्ग, सीधा मार्ग, छोटा रास्ता; साधारण विभाग।

by-word –'वर्ड् n. जनरूढ़ि^F, लोकोक्ति^F, जनोक्ति^F, जनप्रवाद, प्रवादवाक्य, कहावत^F; कुख्यात या बदनाम वस्तु^F, किसी (बुरी) दृष्टिसे देखा जानेवाला व्यक्ति, स्थान आदि।

by-work –'वर्क् n. अवकाशके समय किया हुआ कार्य, जाते-जाते किया हुआ काम।

byzant बि'ज़ॅन्ट् n. वैजन्ती^F, प्रथम स्वर्ण मुद्रा^F (पहला सोनेका सिक्का जो कुस्तुनतुनियामें पाया गया)।

Byzantine बाइ(बि)ज़ैन्'टाइन् १. n. वैजन्तिया या कुस्तुनतुनियाका निवासी; २. a. पूर्वीय रोम-साम्राज्यमें विकसित स्थापत्यकला^F आदिकी शैली^F या रीति^Fका; रोम-साम्राज्यकी भूतपूर्व राजधानी^Fका, वैजन्तिया, कुस्तुनतुनियासे सम्बन्धित।

Byzantinesque –टिने'स्क् a. वैजन्तियाकी शैली^Fकी (स्थापत्यकला^F)।

Byzantinism –'टिनिज़्म् n. वैजन्तियाका पक्षपोषण।

Byzantinize –नाइज़् v.t. वैजन्तियाकी शैली^Fमें ढाल लेना, कुस्तुनतुनियाकी शैली^Fका अनुकरण करना।

C

C अँग्रेजी वर्णमाला^Fका तीसरा वर्ण; (बीज०) तृतीय ज्ञात राशि^F।

C. Cape; centigrade; cat; cashier; centimetre; chapter; cock; Companion, Conser-

vative; constable.

C code; carbon.

c. *caput*, chapter; calorie(s); *centum*, a hundred; cent, centime; *circa*, about; cow.

C.A. Chartered Accountant; certificate of approval; Chief Accountant; Chief Auditor; Circle Auditor; Civil Aviation; Controller of Accountants; Conveyance allowance; County Alderman; Current Account.

Ca. calcium.

ca. cases; centiare; *circa*, about.

C.A.B. Citizens' Advice Bureau; ⊙Civil Aeronautics Board.

cab[1] कैब् n. & v. i. **(-bb-)** (व्यं०) अनुवाद (कण्ठस्थ करना), सारांश (को याद[F] करना)।

cab[2] n. & v. i. **(-bb-)** किराएकी गाड़ी[F] (चलाना; में जाना); (रेल०) **कोष्ठ, चालक-कोष्ठ**, सायवान, इंजन-चालकके बैठनेकी छायी हुई जगह[F]; ~man कोचवान्, इक्कावान्, चालक, बग्घी[F] हाँकनेवाला; ~-seat (रेल०) **चालक-आसन**; ~ stand अड्डा।

cabal[1] कॅबैल्' n. & v. i. गुप्त षड्यन्त्र (में भाग लेना), साँठ-गाँठ[F] (में सम्मिलित होना); गुप्तदल, गुट, जत्था; दलबन्दी[F], जत्थाबन्दी[F], गुटबन्दी[F]।

caballine कै'बॅलाइन् a. अश्वोचित, तुरंगीय, घोड़ेका।

caballer –'लॅर् n. षड्यन्त्री[F]।

cabaret कै'बॅरे n. (फ्रांसीसी) मधुशाला[F], सराय[F], शराबखाना; (विश्रान्ति-गृहोंमें अतिथियोंके लिए) मनोरंजन कार्य।

cabbage[1] कै'बिज् n. कपिशाक, (चि०, कृषि०) **बन्द गोभी**[F], पात गोभी[F], **करमकल्ला**; ~-rose शतदल, बड़ा गोल-गुलाबका फूल; ~-leaf रद्दी सिगार; ~-butterfly, ~-lettuce, ◦ ~-moth, ~-stump, ~-worm.

cabbage[2] १. n. कतरन[F]; २. v. i. काट लेना, कतरना, चुराना, मार लेना।

cabbala कै'बॅले n. यहूदियों की मौखिक परम्परा[F]; रहस्यवादी व्याख्या[F], गूढ़ सिद्धान्त, गुप्त विद्या[F]।

cabbalism –लिज़्म् n. (यहूदियोंकी परम्परागत) गुप्तता[F], गुप्ततावाद, रहस्यवाद।

cabbalist –लिस्ट् n. यहूदी रहस्यवादी, गुह्यतावादी।

cabbalistic, -al –टिक, –ॲल् aa. रहस्यात्मक, रहस्यपूर्ण।

cabby कैबि n. (बोल०) कोचवान, इक्कावान, बग्घी[F] हाँकने वाला।

caber केबॅर् n. लग्घा, देवदारका तना या कुन्दा; कुन्दा उछालने या घुमानेका खेल।

cabin[1] कैबिन् n. कोष्ठिका[F], झोंपड़ा, झोंपड़ी[F], कुटी[F], कुटीर, कुटिया[F], (रेल०, परि०) (छोटा) **कमरा, कोठरी**[F], **केबिन**; ~boy (जहाजका) परिचारक, बैरा; ~ man (परि०, रेल०) **केबिनवाला**।

cabin[2] v.t. भींचना, ठूँसना, तंग जगह[F]में भरना।

cabined –ड् a. तंग जगहमें ठूँसा हुआ।

cabinet कै'बिनिट् n. & a. कोठरी[F], छोटा कमरा; अन्तःकक्ष, एकान्तकक्ष; मंजूषा[F], प्रमंजूषा[F], दराजवाली आलमारी[F]; (राज०) परिषद्कक्ष; (का०, राज०) **मंत्रिमण्डल**, मन्त्रिपरिषद्[F]; T.; ~ council मन्त्रिपरिषद्[F]; ~ crisis मन्त्रिमण्डलीय संकट; ~ edition पुस्तकालय-संस्करण, सामान्य संस्करणके बीचका संस्करण; ~ photograph ६×४ इंच नापका चित्र; ~ pudding स्पंज केक; ~-maker कारीगर, बढ़ई; ~-making लकड़ी[F]का बारीक काम;

~ allocation, ~ councillor, ~ drawer, ~ file, ~ lock, ~ maker, ~ minister, ~ responsibility, ~ secretariat, ~-ware, ~-work.

cabineted –टिड् a. गुप्त मन्त्रणायुक्त।

cable[1] के'बॅल् n. दोर, दोरक, वज्रदोर, तारदोर; (जूट या तारका) मोटा दृढ़ रस्सा; (नौवि०) लंगरका रस्सा या (परि०) **जंजीर**[F] **(लंगरके लिए)**; संदाम, **केबल, समुद्री तार**; (स्था०) रस्सेके आकारका अलंकरण, आभूषण; बेलदार नक्काशी[F];

~ authority, ~ chamber, ~ circuit, ~ code, ~ conductor, ~ contact, ~ distance, ~ drum, ~ fence, ~ foreman, ~ form, ~ guard, ~ head, ~ heading, ~ house, ~ inspector, ~ joint, ~ jointer, ~ laying, ~ mileage, ~ numbering, ~ pair, ~ railway, ~ rate, ~ release, ~ route, ~ ship, ~'s length, ~ supervisor, ~ system, ~ transfer, ~ wheel, ~ wiring.

cable[2] v.t. & i. रस्सी[F] देना, रस्सी[F]से बाँधना; (स्था०) खम्भोंके निम्न भागमें बेलदार चित्र बनाना; समुद्री तार भेजना।

cablegram –ग्रैम् n. समुद्री तार; समुद्री तारका संदेश; (रेल०) **केबल तार**, T.

cabless कैब'लिस् a. बग्घीहीन, बिना गाड़ी[F]का।

cablet केब्'लिट् n. संदामक; द्विरज्जु[F], दुहरी रस्सी[F]; छोटा तार।

cabob (Arab) कॅ'बॉब् n. कबाब।

caboodle कॅबू'डॅल् n. भीड़[F], जमघट, जमाव।

caboose कॅ'बूज़् n. (जहाजकी) पाकशाला[F], रसोईघर, (परि०) **रसोई**[F], **कुठरिया**[F]; गार्डका डिब्बा, मालगाड़ी[F]में मजदूरोंका डिब्बा⊙।

cabotage कै'बॅटिज् n. (का०) **अनुतट यात्रा**[F], **अनुतट व्यापार, तट व्यापार**।

cabriolet कैब्रिॲले' n. टमटम[F]; मोटरकार[F], खुली मोटरकार[F]।

C.A.C. Civil Account Code.

cacanny कॅ'कै'नि n. मन्दकार्य, मन्दगति^F, धीमी चाल^F।
Chinee चाइनी' n. (ग्रा०) चीनवासी, चीनी; *the heathen* ~ (हास्य०) ठेठ चीनी, पक्का चीनी।
Chinese चाइनीज़्' n. & a. चीनकी भाषा^F, चीनका निवासी, चीनी; ~ lantern चीनी कन्दील, कागजी फानूस; ~ white (रसा०) **चीनिया सफ़ेदा**, एक सफेद रंग, जस्तेका श्वेत जारेय या ऑक्साइड।
chink¹ चिन्क्' n. रन्ध्र, छिद्र, छेद, सूराख^F; दरार^F, तड़क^F।
chink² १. n. शिंजन, क्वणन, रणन, स्वनन, झनक^F, ठनक^F, झनकार^F, खनक^F, ठनकार^F, झनझनाहट^F, खनखनाहट^F, शीशेके बर्तनों या सिक्कोंके बजनेकी आवाज^F; नकद रुपया; २. v.t & i. धातु-संघर्ष द्वारा शब्द करना, खनकना, खनखनाना, ठनकना, ठनकाना, झनकाना; झनकना; रुपये आदिसे इस प्रकारकी ध्वनि^F करना; विदीर्ण होना।
Chink³ n. (ग्रा०) चीनका अधिवासी, चीनी।
chinky –'कि n. विदीर्ण, छिद्रिल, रन्ध्रपूर्ण।
chinned चिन्ड्' a. हनुमत्, चिबुकवाला, ठुड्डीदार।
Chino- सिनो-चीन-, चीनी, सिनो-(जैसे ~*-Indian*)।
chinoiserie –सिरीऍ n. चीनी व्यवहार, चीनी मर्यादा^F; चीनी-कला^F, चीनी सज्जा^F।
chinse चिन्स' n. **गाहना, गाँसना**; (परि०) **हल्की कला-पट्टी^F**।
chintz चिन्ट्स्' n. & a. छींट^F, छींट^Fका।
chip¹ चिप्' n. अपखण्ड, खण्ड, (रसा०) **छिपटी^F**, चिपटी^F, चिप्पी^F, चैली^F, चिप्पड़^F, लकड़ी^Fसे काटा हुआ टुकड़ा या पत्थरसे टूटी हुई चिप्पी^F; फल, आलू आदिकी पतली पर्त^F, कतला, चिप; (pl. बोल०) आलूके भुने हुए चिप (*fish and* ~*s*); हैट आदि बनानेके लिए लकड़ी^Fकी खपची^F, खपाच^F (~ *bonnet*); छेप, वर्तनका चिप्पी निकला स्थान, चीनीके बर्तनों आदिमें ऐसा दाग (जहाँसे कोई खण्ड टूट गया हो); (ग्रा०) रुपये आदिका लेन देन; ~ log (परि०) **लकदलाग**; ~ hat ताल-टोपिका^F, खजूरके सूखे पत्तोंका टोप; ~-shot (गॉल्फमें) गेंद मारनेका ढंग; ~ *of*, ~ *of old block* पिताकी उन्हार पुत्र, पिताके अनुहार पुत्र, जैसा पिता वैसा पुत्र; ~ *of the same block* एक आँवाके बरतन, एक ही थैली^Fके चट्टे-बट्टे; *dry as a* ~ स्वादहीन, रूखा, फीका, चैली-सा; *have a* ~ *on one's shoulder* शिकायत रखना।
chip² v.t. & i. खण्ड-खण्ड करना, लकड़ी^F छीलना, छोलना, (परि०) **उपाड़ना**, काटना, पत्थर आदिको तल या किनारेसे तोड़ना, छिपटी उतारना; **पत्रे** काटना या उतारना, टुकड़े आदि तोड़ना, निकालना; फोड़ना (खोलका, जैसे चूजे अण्डा फोड़कर निकलते हैं); उत्कीर्ण करना (शिलालेख); अक्षम या सुकुमार या निर्बल होना; (बोल०) निन्दा^F करना, किसीकी हँसी^F उड़ाना; ~ *in* ⊙ (ग्रा०) जुड़ना; बात^F काटना, बीचमें बोल उठना।
chip³ १. n. कुश्ती^Fका दाँव, अड़ंगा; २. v.t. अड़ंगेपर लाना।
chiplet –'लिट् n. आधारखण्डक, खण्डक।
chipmuck, -unk चिप्'मक्, अन्क् n. चिपंक^F, उत्तरी अमेरिकाकी एक गिलहरी^F, चिपमक^F।
Chippendale चि'पॅन्डेल् n. ड्राइंग रूमका हलका फर्नीचर।
chipper¹ चि'पॅर् १. n. गपशप^F; (रसा०) खडित्र; २. v. i. चीं-चीं^F करना, चहचहाना।
chipper² ⊙ a. अति, अतिशय, अधिक।
chippiness चिपिनि'स् n. नीरसता^F; सूखापन; जलन^F; चिड़चिड़ापन, तुनुकमिजाजी^F; मतली^F, कै^F।
chipping¹ चि'पिंग् n. अपखण्डन; (नौवि०, परि०) **छीलन, कत्तल**; (रेल०) **छँटाई^F, तराशना**।
chipping² चि'पिंग् vb. (रसा०) **छिपटी^F निकालना**; (परि०) **खोटना, छीलना**।
chippy चि'पि a. (ग्रा०) अरोचक, नीरस, शुष्क; (मद्यपानके बाद) छर्दनशील और तृषायुक्त (शराबी)।
chips चिप्स् n. (नौवि०, ग्रा०) यान-तक्षक, जहाजका बढ़ई।
chiragra काइरॅ'ग्रॅ n. (चि०) अंगुलि-वातरक्त, अँगुली^Fमें गठिया^Fका दर्द; (चि०) हस्तवात रक्त।
chirata, chiretta n. (चि०) भूनिम्ब, किराततिक्त, चिरायता।
chirk ⊙ चर्क्' a. प्रसन्नचित्त, आनन्दपूर्ण।
chirm चर्म्' n. & v.i. रव या गुञ्जन; गुञ्जन करना, भिनभिनाना, चहचहाना।
chir(o)-, cheir(o)- हस्त-(जैसे, ~ *graphy*, ~ *mancy*)।
chirognomy काइरॉग्'नॅमि n. (शिक्षा०) **हस्त-रेखा-विज्ञान**, हस्तसामुद्रिकी^F।
chirograph काॅइ'रॅग्राफ् n. हस्ताक्षरित लेख, दस्तावेज।
chirographer –रॉग्रॅफ़र् n. (ग्रा०) हस्ताक्षरित-लेखाधिकारी।
chirography –ग्रॅफि n. हस्तलेख-शैली^F
chirologist –'लॅजिस्ट n. पाणि-संकेत-विज्ञ, हाथके

इशारोंसे बातचीत^F करनेवाला।
chirology –जि n. हस्त-संकेत-संलाप-विद्या^{F}, पाणींगितकला^{F}।
chiromancer काअॅ'रॅमैन्सॅर् n. हस्तरेखा-विशारद।
chiromancy –सि n. हस्त-सामुद्रिक, (शिक्षा०) **सामुद्रिकी^{F}, हस्तरेखा विज्ञान,** हस्तरेखा-विद्या^{F}।
chiromantic –'टिक a. हस्तरेखा-विद्या^{F} सम्बन्धी, हस्तसामुद्रिक।
chironomy –रॉ'नॅमि n. संकेत-विद्या^{F}, इंगित-विज्ञान।
chiropodist, chiropody –'पॅडिस्ट्, –'डि nn. हस्तपाद-चिकित्सक, हाथ, पैर, नाखून, घुटनों आदिकी चिकित्सा^{F} करनेवाला; हस्तपाद-चिकित्सा^{F}।
chiropractic –रॅ प्रैक्'टिक् n.(रोगोपशमनकी प्रणाली^{F}-के रूपमें) पृष्ठवंश या मेरुदण्डकी चिकित्सा^{F}।
chiropractor –टॅर् n. मेरुदण्डप्रणाली^{F}का चिकित्सक।
chirp चर्प' १. n. आनन्दस्वर, किचमिच शब्द, चहचहाहट^F, गुनगुनाहट^F, चूँ-चूँ^{F}, ची-चीं^{F}; २. v.t. & i. किचमिच शब्द करना, कूजन करना, विराव करना, चहचहाना, चूँ-चूँ^{F} करना, चीं-चीं^{F} करना; आनन्दध्वनि^{F} करना, उल्लास व्यक्त करना, हर्ष व्यक्त करना, अलापना, गुनगुनाना, गीत गाना; हर्षालाप करना, प्रसन्नतापूर्वक बातचीत^F करना; मन्दस्वरमें बोलना, धीमे बात^F करना।
chirper –'पर् n. एक छोटी चिड़िया^{F}; चीं-चीं^{F} करनेवाला कीड़ा।
chirpine चर्'पाइन् n. (चि०) **चीड़**।
chirpiness –पिनिॅस् n. उल्लास, हर्ष, प्रमोद, आमोद, आनन्द; जीवन्तता^{F}, स्फूर्ति^{F}।
chirpy –पि a. उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, जीवन्त, उल्लासपूर्ण, सजीव; गपी, वकवकिया।
chirr चर्' १. n. चिचियाहट^F; २. v.t. स्थायी रूपसे त्रिलरिल-रिल करना, झिंगारना, चिचियाना, चर-चर करना, टिड्डे की-सी आवाज^F निकालना।
chirrup चि'रॅप् n. & v.t. कूजन (करना), निरन्तर चूँ-चूँ^{F} (करना); बच्चेकी आवाज^{F}का अनुकरण (करना), गूँ-गाँ (करना); (ग्रा०) नाटक या थिएटर आदिमें वृत्तिभोगी प्रशंसक(के रूपमें काम करना)।
chirruper –पॅर् n. किरायेका प्रशंसक, नाटक या थिएटर आदिमें वृत्तिभोगी प्रशंसक, भाड़ेका भाट।
chirrupy चि'रपि a. प्रसन्न, आह्लादित।
chirurgeon चाइ(काइ)रे'ज्न् n. शल्य-चिकित्सक, जर्राह, सर्जन, चीरफाड़^{F} करनेवाला डॉक्टर।
chisel चि'ज़्ल् १. n. तक्षणी^{F}, छेदनी^{F}, नहन्नी^{F}, टंक, टाँकी^{F}, (कृषि०) **रुखानी^{F}**, निहानी^{F}, **छेनी^{F}**, छेनी^{F} आदिसे लकड़ी^{F} और पत्थर आदिके काटनेका काम; टाँकी^{F}-की चोट या मार; (ग्रा०) वंचना^{F}, धोखा; २. v.t. टाँकी^{F} आदिसे सँवारना, काटना, गढ़ना; मूर्तिकार, संगतराश, बढ़ई, लोहार आदिका काम करना; टाँकी^{F} आदिका काम करना; (ग्रा०) धोखा देना, ठगना; cold ~ फौलादी छेनी^{F}, लोहा काटनेकी छेनी^{F}; the ~ संगतराशकी छेनी^{F}, मूर्त्तिकारकी छेनी^{F}।
chiseling –'लिंग् n. तक्षण, छेदन, (यंत्र०) **टंकन, छेनी^{F}से गढ़ना**।
chiselled –'ज़ॅल्ड् a. टंकच्छिन्न; तराशा, छेनी^{F}से कटा हुआ-सा।
chit[1] चिट्' १. n. अल्पवयस्का^{F}, नाटी या सुकुमार नारी^{F} (~ *of a girl*); नवजात, शिशु, बालक; अंकुर; क्षुद्रपत्र, चिरकुट; २. v.i. अंकुरित होना, उत्पन्न होना।
chit[2], **chitty** चि'टि n. पर्णी^{F}, पर्चा, **पर्ची^{F}**, पुर्जा, चिट्ठी^{F}, रुक्का, **चिट^F**; ~ system नकदकी जगह चिट देनेकी प्रणाली^{F}।
chi tace confessa (It) मौनं सम्मति लक्षणम्।
chit-chat चिट्'-चैट्' n. मधुरालाप, संलाप, गपशप^F, हलकी-फुलकी बातचीत^F।
chitter चि'टॅर् v.i. शीतसे काँपना, ठण्ढकसे काँपना।
chitterling चि'टॅलिंग् n. (प्रायः बहु०) जानवरोंकी छोटी आतें^{F}।
chitty चि'टि n. दे० CHIT[2]।
chivalrous, chivalric चि'वॅल्रॅस्, चिवैल्'रॅस्, चि'वॅलिरिक् a. सम्मानार्ह या सम्मान्य या माननीय; वीरोचित, पराक्रमी, शूरवीरका; शूरवीरोंके युगका; शिष्ट, सुसभ्य, व्यवहारज्ञ, व्यवहारविद्; निर्हेतुक, निःस्वार्थ, उदार, त्यागी; क्षिप्तमनस्क, झक्की, सनकी।
chivalry –रि n. अश्वारोही, सवार, घुड़सवार, घुड़सवारोंका रिसाला (प्रा०); युद्धकौशल, नाइटोंकी-सी दक्षता^{F} (प्रा०), मध्यकालीन धार्मिक या नैतिक दान^F-वीरता^{F}; विशिष्ट सामाजिक सामन्त-व्यवस्था^{F} (दर्श०, इति०) **शौर्य, शौर्योदार्य,** आदर्श शूरवीरकी विशिष्टता^{F} या गुण, दाक्षिण्य, आनुकूल्य; शिष्ट योद्धा, वीर जन; महिलासेवा-परायणता^{F}, नारी-सेना-धर्म; वीरत्व, शौर्य, शस्त्रदक्षता^{F}; निर्बल दलका पक्षग्रहण करनेकी प्रवृत्ति^{F}; नागरता^{F}; राजाकी भूभृति^{F}, flower of ~ (किसी देश-के) गौरवशाली सैनिक; महावीर, शूर, आदर्श सूरमा।
chive, cive चाइव्', साइव्' n. प्याजकी-सी एक वनस्पति^{F}।
chivvy, chivy चि'वि v.t. पीछा करना; तंग करना, सताना।
Ch. j. Chief Justice.
chlamys क्लै'मिस् n. पौष्प वेष्टन (वन०); पुरा-परिधान, पुरुषोंके पहिननेका ऊपरी वस्त्र, चोगा।
chloanthite क्लोॅऐन्थाइट् n. रूपनेपिज, गिलटका रस।
chloasma क्लोऐज़्'में n. (चि०) त्वग्वैवर्ण्य, पीतचर्म, एक चर्मरोग (जिसमें ग्रीवा और आकृति^{F}पर पीले धब्बे पड़ जाते हैं)।
chlor- = CHLORO- (जैसे, ~*al*, ~*ic*, ~*ide*, ~*inate* इत्यादि)।

chloral क्लो'रॅल् n. (रसा०, चि०) T. (~ *hydrate*); एक तीव्र गंधवाला शुभ्र नीरंग स्निग्ध द्रव जो अजल ऐलकोहलपर शुष्क क्लोरीनकी क्रिया^{F}से सम्बन्धित ~ *hydrate* or ~ नीरसु^{F}, एक मूर्च्छाकारक और निद्राजनक ओषधि विशेष, (रसा०) **क्लोरल**; क्लोरल हाइड्रेट, श्वेत केलासीय पदार्थ जिसका प्रयोग मूर्च्छा^{F} लानेमें किया जाता है।

chloralism –लिज़्म् n. (चि०) अतिनीरसुता^{F}, क्लोरलके प्रयोगसे उत्पन्न मूर्च्छा^{F}, सुन्नावस्था^{F}, क्लोरलात्यय; क्लोरलाभ्यास, क्लोरल सेवन करनेकी आदत।

chloralization –लाइज़े'शॅन् n. नीरसुयन, नीरसुसाधन, मूर्च्छीकरण।

chloralize –'रॅलाइज़् v.t. नीरसुयन करना, क्लोरलके प्रयोगसे मूर्च्छा^{F} या निद्रा^{F} उत्पन्न करना।

chlorate रॅट् n. (रसा०) T. (~ *cell*); क्लोरिक अम्लका लवण; (रसा०) नीरीय, क्लोरीनके तेजावका एक लवण।

chloric –रिक् a. नीरिक, क्लोरीनका, क्लोरीनसे बना हुआ; (रसा०) T. ~ acid n. नीरिक अम्ल, (रसा०, चि०) **क्लोरिकाम्ल**, क्लोरीनका तेज़ाब।

chloridate –रिडेट् v.i. नीरेयण करना, नीरेय-साधन करना, नीरेय बनाना, क्लोराइडमें परिवर्तित कर देना।

chloride –राइड n. (रसा०) नीरेय^{F}, हरिद, क्लोरीन^{F}-का संयोग, क्लोरीन^{F}का किसी अन्य तत्त्व या मूलकसे बना यौगिक, **क्लोराइड**, विरंजक चूर्ण (जो कि सच्चा क्लोराइड नहीं है), (प्रच०) रङ्ग उड़ानेवाली (विरंजक) दवाएँ (जो वस्तुतः क्लोराइड नहीं हैं) (~ *of lime*, ~*of soda*)।

chlorider –डॅर् n. नीरेयखनक, नीरेयक, क्लोराइडमें परिवर्तित करानेवाला।

chloridization –रिडाइज़े'शॅन् n. नीरेयीकरण, नीरेय-साधन, क्लोराइडीकरण।

chloridize –'रिडाइज़् v.t. नीरेयीकरण करना, नीरेय साधन करना, क्लोराइडीकरण करना, (रसा०) **क्लोरिनीकरण करना**।

chlorinate क्लो'रिनेट् १. v.t. नीरजन करना, नीरजी-साधन करना, क्लोरीनयुक्त करना; २. a. नीरजित, क्लोरीन^{F} युक्त, क्लोरीन^{F}से युक्त।

chlorinated –नेटिड् a. नीरजित, **क्लोरीनीत**, क्लोरीन^{F} मिला (~ *water*)।

chlorination –ने'शॅन् n. नीरजना^{F}, नीरजन, हरिदीकरण, (रसा०, प्रा० भू०) **क्लोरिनी भवन**, **क्लोरिनीकरण**, (~ *process*), (रसा०) **क्लोरिनीकरण विधि**^{F}, क्लोरीन^{F}युक्त होनेकी अवस्था^{F}, क्लोरीन^{F} मिलाना, क्लोरीन^{F}का प्रयोग।

chlorinator –'रिनेटॅर् n. नीरजक, क्लोरीन^{F}युक्त करनेवाला, क्लोरीन^{F} बनाने या मिलानेवाला।

chlorine क्लॉ'रिन् n. (रसा०) नीरजी^{F}, हरिद, (अधात्विक तत्त्व), पीताभहरित भारी दुर्गन्धयुक्त गैस^{F}, **क्लोरीन**^{F}; पीताभहरित विशिष्ट प्रकारकी श्वासावरोधक गैस^{F};
~ dioxide, ~ family, ~ peroxide, ~ water.

chlorinous –स् a. नीरजीय, क्लोरीनयुक्त, क्लोरीनवाला।

chlorite –राइट् n. नीरित; हरितिज, एक रासायनिक लवण; (रसा०) **क्लोराइट**, क्लोरस अम्लका लवण।

chloritic –रि'टिक् a. नीरितिक; **क्लोराइट-संबंधी**, (~ *mineral*)।

chloro- =CHLORINE, नीर- (जैसे, ~-*acetate*, ~ *form*, ~*meter*, ~*phyll*)।

chlorodyne –रॅडाइन् n. नीरापीड^{F}; एक प्रसिद्ध दवा^{F}, निद्राजनक और पीड़ानाशक दवा, क्लोरोडाइन^{F}।

chloroform –रॅफॉर्म १. n. सम्मोहिनी^{F}, नीरवम्रल^{F}, (चि०) एक सार्वदैहिक संज्ञाकारक द्रव पदार्थ, मूर्च्छाकारक द्रव-पदार्थ (जिसके सूँघनेसे बेहोशी^{F} आ जाती है), (रसा०, कृषि०) **क्लोरोफार्म**; २. v.t. अचेत करना, मूर्च्छित या बेहोश करना, क्लोरोफार्म सुँघाना; क्लोरोफार्मसे भरना।

chloroformate –मॅट्, (vb. –मेंट्) a. नीरवम्रीय, क्लोरोफार्मसे बना।

chloroformic –मिक् a. नीरवम्रीक, क्लोरोफार्मका।

chloroformism –रॅफॉर्मिज़्म् n. सम्मोहिनीरुजा^{F}, मूर्च्छा^{F}, (रसा०) क्लोरोफार्म अत्यय।

chloroformist –मिस्ट् n. नीरवम्रक, सम्मोहना, क्लोरोफार्म देनेवाला; (शस्त्र कर्मके लिए) मूर्छित करनेवाला।

chloroformization –माइज़े'शॅन् n. नीरवम्रण, सम्मोहन, क्लोरोफॉर्मकी अवस्था^{F}, क्लोरोफार्म देना।

chlorometer –मि'टॅर् n. नीर-मान, क्लोरीनमापी, (रसा०) **क्लोरमापी**, **क्लोरोनमापी**, क्लोरीन^{F}की मात्रा^{F}-का पता लगानेका एक यन्त्र, T.

chlorometry –मि'ट्रि n. नीर-मिति^{F}, क्लोरीनमिति^{F}, (रसा०) **क्लोरमिति**^{F}, क्लोरीनकी मात्रा नापनेका विज्ञान या कला^{F}।

chlorophyll क्लॉ'रॅफिल् n. (वन०) पर्णशाद, (कृषि०, वन०) **पर्णहरिम**, (चि०, कृषि०, रसा०). **पर्ण-हरिमा**^{F}, पौधोंके हरित भागको अनुरंजित करनेवाला वर्ण-द्रव्य, पत्तोंका हरा रंग, **क्लोरोफिल**।

chloroplast क्लो'रॅप्लास्ट n. (कृषि०) **हरिताणु**।

chloroplastid –'टिड् n. (कृषि०) **हरिताणु**।

chlorosis क्लोरो'सिस् n. हरिद्रोग, हरित रोग, (कृषि०, वन०) **पीतिमा**^{F}, **पीलिया**, हरिद्रता, युवतियों^{F}-को रक्तहीनता-सम्बन्धी रोग (जिससे मुख हरा-सा हो जाता है); (वन०, कृषि०) **अहरमिता**^{F}, **क्लोरोफिल शून्यता**^{F}, हरा रोग, पेड़ोंके हरे भागोंका श्वेत हो जाना या पंखड़ियों^{F} आदिका हरित हो जाना।

chlorotic –रॉ'टिक् a. हरिदार्त्त, (चि०) हरिद्रतापीड़ित, हरे रोगसे सम्बद्ध, हरे रोगका बीमार; (वन०, कृषि०) **पांडुर**, **अहरमितायुक्त**, T.

chlorous क्लॉ'रॅस् a. नीर्य, क्लोरीन^F^का, क्लोरीन^F^से, क्लोरीन^F^के अंशका, T. (~ *acid*)।

Ch. M. *Chirurgiae Magister*; Master of Surgery.

Chmn. Chairman.

choana को'अॅन n. (चि०, जीव०) **पश्चनासाद्वार**।

choc चॉक् n. **असमन्वित प्रतिक्रिया**^F^, T.

choc. chocolate.

chock[1] चॉक्' n. (नौवि०) **अड़ास, गट्टा**; कुत्ता, अड़ाना, मेख, खूँटा, पच्चर, **गुटका**, लकड़ी^F^का कुन्दा या टुकड़ा (जिससे पीपों या पहियोंकी गति^F^ रोकते हैं)।

chock[2] १. v.t. नाव^F^को अड़ानोंपर रखना; अड़ानोंसे स्थिर कर देना, मेख^F^ गाड़ना, पच्चर ठोंकना; २. adv. सन्निकट, सटाकर, भींचकर; ~-a-block (परि०) **कप्पी मेल; ठसाठस,** एक दूसरेमें जाम किया हुआ, जड़ा हुआ, सटाया हुआ, सट गया, (मूलतः नौवि०, दो लट्ठोंका किसी जकड़^F^ या पकड़^F^में); ~-full आकण्ठ, भरपूर, खचाखच, मुँहामुँह; ~ *up* अड़ाने अच्छी तरहसे लगा देना; (कमरे आदिको) फर्नीचर आदिसे भर देना।

chocolate चो'कॅलॅट् n. & a. कपिशामिष्ट^F^, कपिशा, ककाओ या काकिकाके बीजकी पीठी^F^का (केक), **चाकलेट**^F^; कपिशापेय, इसीका काढ़ा, कपिशबभ्रु, कपिशा-वर्ण, कपिश, श्याम, कत्थई, खैरा, लाखिया, काकरेजी (रंग) (~ *powder*);

~ bat, ~ brown, ~ colour, ~ cream, ~ gale, ~ powder, ~ red, ~ tree.

choctaw चॉक्'टॉ n. स्केटिंग^F^का एक पैंतरा।

choice[1] चाइस् n. वरण या चुनाव या पसन्द^F^का अधिकार या योग्यता^F^ या शक्ति^F^; चुननेकी क्रिया^F^ या अधिकार; **वरण,** वर, ग्रहण, **चयन, चुनाव, पसन्द**^F^ (~ *of species*), **छाँट**^F^; उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, उत्तम व्यक्ति या वस्तु^F^; उत्तमांश, उत्तम भाग; रत्न, भूषण; **विकल्प** (*have no ~ but*); चुने या पसन्द किये हुए व्यक्ति या पदार्थ; चुनने या पसन्द करनेके लिए किसी वस्तु^F^का उत्तम संग्रह; **रुचि**^F^, इच्छा^F^; *at ~* यथेष्ट, यथेच्छ, यथेप्सित, यथाकाम, इच्छानुसार; *have no ~* कुछ भी हो; *have* one's ~ स्वेच्छा^F^से चुनना, स्वयं चुनना; *Hobson's ~* कोई प्रस्ताव ग्रहण करना; *make ~ of* पसन्द करना, छाँट लेना, चुनना; *take* one's ~ निर्णय करना, स्थिर करना, पसन्द करना, फैसला करना; *the girl of* one's ~, *for ~* वधू यदि चुनता है तो, यदि पसन्द करता है तो।

choice[2] a. उत्कृष्ट, विशिष्ट, सर्वोत्तम, बढ़िया; संगत, समुचित, उचित, सावधानी^F^से मनोनीत; सावधानी^F^से गृहीत।

choiceness –निॅस् n. औचित्य, उत्तमता^F^, श्रेष्ठता^F^, विशेषता^F^; चुनाव^F^।

choir, quire क्वॉइॅर', क्वाअॅर् १. n. **नर्तन-मण्डली**^F^, नर्तक-दल; गिरजोंमें उपासना^F^के समय गाने-बजानेवालों की मण्डली^F^, भजन-मण्डली^F^ (~ *service*) गायक-दल-का स्थान (~ *screen*), २. v.t. & i. समवेत स्वरमें गान करना, मिलकर गाना; ~organ चौथी अरगन, अरगनके तीन भागोंमें सबसे निचला।

choke[1] चोक्' १. n. श्वासरोध, साँस^F^ रुकनेकी स्थिति^F^, संकीर्ण अथवा निरुद्ध अंश या भाग; खाड़ी^F^ आदिकी रेत^F^, पत्थर, बालू^F^ आदिसे भर जाना (*stones ~* or *~ up channel, channel ~s*); भरई^F^, पट जाना; (भौ०) **प्रतिबंध**; भाव-निरोध, भावदमन; (भौ०) **प्रतिबंधक, रोधक,** T.; ~ coil (भौ०) प्रतिबन्धी कुण्डली^F^; २. v.t. & i. श्वासरोध करना, **रुद्ध करना,** श्वासावरोध होना, गाँठ^F^ पड़ जाना, दम घुटना, साँस^F^ रुकना, गला घोटना, गला दबाना, टेंटुआ दबाना, गलेमें फँस जाना, गला कसना, गला घुटना, फन्दा पड़ जाना, साँस रुधना या अटकना (धुएँ, पानी आदिसे); (क्रोध आदिसे) दम घुटना; (ला० भावका) निरसन करना, दमन करना, दबाना; (पौधा अग्नि^F^ आदिका) प्रकाश या हवा^F^ आदि बन्द करके सुखा डालना, मार डालना, बुझाना; (नली^F^को उसका एक भाग तंग करके) पूरा-पूरा या थोड़ा रोक देना, अटका देना, अड़ाना; ~-bore बन्दूक^F^की गावदुम^F^ नाल^F^, बन्दूक^F^ का छेद (जो नालकी ओर तंग होता है); ~-damp खानों^F^की बन्द हवा^F^, खानों^F^ और कुओं आदिमें पैदा होनेवाली कार्बनिक एसिड गैस^F^; ~-pear गले पड़ेकी बात^F^ या सौदा, मजबूरी^F^, असह्य, तिरस्क्रिया^F^; ~ing coil (विद्युत्^F^), ~ प्रतिबन्धक, प्रतिबन्धी, वेष्टन; प्रतिबन्धी कुण्डली^F^, **चौक कुण्डली**^F^; ~ *down* कठिनाई^F^से (भोजन) निगलना; (भाव) छिपाना; ~ *off* ⊙ विरत करना, रोकना;

~ coil, ~ control, ~ coupling, ~ modulation, ~ modulator.

choke[2] n. हाथीचोक या चुकन्दरका मध्यभाग।

choker –कॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) गला दबानेवाला आदि; white ~ सफेद टाई^F^ (ग्रा०)।

choking –किंग् n. श्वासरोध^F^ (कृषि०) **श्वासरोधन,** कंठरोधन, **कंठरोध, दम**^F^ **घुटना**; (कण्ठ या गला दबने या दबानेसे) ~ gas दमघोट गैस^F^।

choky –कि a. श्वासावरोधी, दम घोंटनेवाली।

cholaemia कॅली'मिॲ n. (चि०) पित्तरक्तता, यकृतका एक रोग, पित्त-प्रकोप-रुजा^F^, एक रक्त-रोग।

cholagogue –कॉ'लॅगॉग n. (चि०) पित्त-विरेचक, पित्त-वर्धक, पित्तोत्सारक, पित्तोत्सारी, (कृषि०, चि०) **पित्तवर्धक, पित्तल,** पित्तको साफ करनेकी एक ओषधि^F^।

cholangitis कोलन्जाइ'टिस् n. (चि०) पित्तनलिका-शोथ।

chole- पित्त- (जैसे, ~ *cyst*, ~ *cystography*)।

choler कॉ'लॅर n. (का०, प्रा०) रोष, क्रोध, चिड़चिड़ापन, तेहा^F^, गुस्सा, तैश^F^; (इति०, HUMOURS मेंसे एक) पित्त।

cholera कॉ'लॅर् n. (चि०) **विपूचिका**^F^, विसूचिका^F^, महामारी^F^, (चि०, श० र० शा०) **हैजा, कालरा** (~ *and plague regulations*); chicken ~

मुर्गियोंFका संक्रामक रोग; hog ~ शूकरज्वर, सूअरोंमें फैलनेवाला एक छूतFका रोग; ~ sicca अलसक; ~ bilious, ~-belt, ~ camp charges, ~ case, ~ germ, ~ germ destructor, ~ health inoculation, ~-infected area, ~ patient, ~ register, ~ report, ~ season, ~ vaccine, ~ vibrio.

choleraic -रे'इक् a. विसूचिका-रोग-सम्बन्धी, हैजेका; (चि०) विसूचिकास्वरूप।

choleric कॉ'लॅरिक n. (मनो०) **पैत्तिक प्रकृति**F; a. कोपी, क्रोधिल, क्रोधी, चण्ड, गुस्सैल, चिड़चिड़ा, तेज मिजाज; (चि०, शिक्षा०) **पैत्तिक**, T.

cholerine कॉ'लॅराइ(री)न्' n. सौम्य विसूचिका; विसूचिकाF, हैजा; हैजाकी प्रथमावस्था; दस्तका रोग; विसूचिकासम।

cholesteric कोलि'स्टे'रिक् a. पैत्तविक, पित्तवाले मद्यसारका, कालेस्टरी।

cholesterine -'टॅरिन् n. पैत्तव, पित्त, रक्त, पित्ताशयकी पथरीF; तंतिकादिमें पाया जानेवाला द्रव्य।

cholesterol -रॉल् n. (रसा०) T.; = CHOLESTERIN.

choliamb को'लिअैम्ब n. (छन्द०) षटपदी, छः गणोंवाला एक पद्य।

choliambic -'बिक् n. & a. पद्य-विशेष (छः गणोंवाला)के सदृश; षट्पदगुणीय।

cholic कॉ'लिक् a. पित्तिक, पित्तीय, पैत्तिक।

cholo- कोलो- n. पित्त- (~ *cheome*)।

choltry चोल्'ट्रि n. चन्द्रातप, वितान, छोलदारीF, शामियाना (मलयालम 'चोल्ट्री'का अपभ्रंश)।

choluria -ल्यू'रिअ n. पित्तमेह।

chondri-,-o- कॉन्ड्रि-, -ॲ- कास्थि- (जैसे, ~*ine*, ~*odite*)।

chondrification कॉन्ड्रिफ़िके'शॅन् n. (चि०) **उपास्थीभवन**।

chondrigen कॉन्'ड्रिजे'न् n. (चि०) **उपास्थिजन**, T.

chondrine कॉन्''ड्राइन् n. उपास्थिसे प्राप्त चर्बी, कास्थिकिF, पसलियोंFकी चर्बीF, (चि०) T.

chondritis कॉन्ड्राइ'टिस् n. (चि०) उपास्थिशोथ, तरुणास्थिशोथ।

chondrodite कॉन्'ड्रॅड्राइट् n. कणिकिज, दानेदार पत्थर।

chondroglossus n. (चि०) **उपास्थि जिह्विका**F।

chondrology -लॅजि n. उपास्थि विज्ञान, तरुणास्थिविज्ञान।

chondroma कॉन्ड्रो'में n. (चि०) उपास्थ्यर्बुद।

chondrotomy -'टॅमि n. उपास्थिच्छेदन।

choose चूज् v.t. & i. (*chose, chosen*) मनोनीत करना (*was chosen king*); दोमें एक चुनना, (का०) पसंद करना; वरण करना, (विधा०) **चुनना**, **छाँटना**, पसन्द करना (किसी वैशिष्ट्य या गुणके कारण); निर्णीत करना, एक निर्णय कर लेना (किसी कामको करनेका), निश्चय-पूर्वक करना, उचित मानकर करना; *cannot ~ but* चाहे अनचाहे करना ही है; *pick and ~* सावधानीFसे छाँटना, ठोंक बजाकर चुनना या लेना; *nothing to ~ between them* एक-सा है, इनमें कोई अन्तर नहीं (समान वस्तुओंकेFके लिए)।

chooser -'ज़ॅर n. चुननेवाला, पसन्द करनेवाला।

choosey -ज़ि a. दुराराध्य, उपेक्षाशील, जिसे प्रसन्न करना कठिन हो; वहमी।

choosing -ज़िंग् n. वरण, चुनावF, छँटावF।

choosy ⊙ -ज़ि a. दृढ़, हठी, सनकी, धुनका पक्का।

chooz(e)y a. (ग्रा०) = CHOOSEY.

chop[1] चॉप्' n. (प्रायः वायुवेगके कारण) तरंग-भंग, समुद्रकी अशान्तिF, लहरानF, डगमगाहटF, समुद्रका कटाव; (परि०) **खरबर**; कुल्हाड़ी आदिकी काटF, आघात, चोटF; छेव; हाथ; बोटीF, कतला, पारचा, मांसका टुकड़ा; टिकियाF (potato~); ~-house सस्ता भोजनालय।

chop[2] v.t. & i. (प्रायः) कुल्हाड़ीF आदिसे काटना या छाँटना; इस प्रकार आघात करना; घाव देना, चोटF करना, छेव मारना; काटकर रास्ता निकालना; खण्ड-खण्ड करना; (ला०) (शब्द) छाँटना, कतर-ब्योंतF करना; ~ *at* चोटेंF लगाना; ~ *back* एकाएक घूम जाना, पलटF पड़ना; ~ *in* बातF काटना; ~ *out* तलपर उभर आना, निकल आना; ~ *through* चीरते-फाड़ते निकल जाना; ~ *up* (~ *off, away* भी) टुकड़े-टुकड़े करना; छोटे-छोटे खण्ड करके काटना।

chop[3] n. (चीनमें) व्यापार-छापF, मार्का; (भारतमें) अनुमतिपत्र, छापF, मोहरF, राहदारीF; first, second ~ (आंग्ल-भारतीय तथा बोल०) प्रथम, द्वितीय श्रेणी।

chop[4] v.t. & i. ~ *and change* चंचल होना, अस्थिर होना, बदल जाना, बदलीF करना; ~s and changes परिवर्तन, अदला-बदलीF; ~ *logic* वितण्डा (करना), वाग्जाल (रचना), कठहुज्जतF (करना); ~ *round, about* दिशाF बदल देना; एकाएक रुख बदल जाना।

chopin चॉ'पिन् n. द्रव-मापF (प्राचीन फ्रांस या स्कॉटलेण्डमें), = २० औंस।

chopine चॅपीन् n. पद-त्राण विशेष, चप्पलF, चट्टी, खड़ाऊँ (स्त्रियोंFके लिए)।

chopper चॉ'पॅर् n. कसाईका छुरा; (इति०) **गँड़ासा**, **तकुआ**, चौड़ी धारFकी छोटी कुल्हाड़ीF; काटनेवाला।

chopping -पिंग् n. कर्तन-क्रियाF, कटाईF; ~ block कर्तन-काष्ठ; (यन्त्र०) **अड्डा**; ~ knife = CHOPPER; ~ ping sea तूफानी समुद्र।

choppy चॉ'पि a. दरीयुक्त; दरारोंFसे भरा हुआ; क्षुब्ध, तरंगित (समुद्र); परिवर्तनशील।

chopstick चॉप्स्टिक् n. (चीनियों या जापानियोंकी) भोजनशलाकाF, चीनी काँटा, हाथीदाँत आदिकी तीलियाँF।

choragic कॅरै'जिक् a. सहगान-नेतासे सम्बन्धित (~ *monument*)।

choragus –रे'गॅस् n. सहगान-नेता, संगीत-निर्देशक।
choral[1] कॉ'रॅल् a. समवेत गान-सम्बन्धी; गायकदलका; ~ services उपासना^F जिसमें गीत और तराने आदि गाये जायँ; full ~ service दोहरे गीतों सहित उपासना^F।
choral(e)[2] कॅराल् n. (जर्मनीके गिरजोंमें) समवेत स्वरमें गाया जानेवाला भजन, भजनका सुर।
choralist कॉ'रॅलिस्ट् n. समवेत गायक; भजन गानेवाला।
chord[1] कॉर्ड' n. (ग०) सम्पर्क-जीवा, (निर्दे० न्या०, वन०, ग०, भौ०) **जीवा**^F; तन्त्र, तार, ताँत, डोरी^F, बाजेका तार (का०); (श० र० शा०) तन्त्र, तन्त्री^F, तार या ताँत^F जैसा अंग; (श० र० शा०) रज्जु^F (*cell* ~); ~ *of contact* (ग०) स्पर्श-जीवा^F; ~ spinal मेरु रज्जु, सुषुम्ना, मेरुदण्ड; vocal ~ स्वरतन्त्री^F; (ला०) *touch the right* ~ दूसरों के भावोंसे मनोनुकूल काम लेना;
~ gradient, ~ length, ~ line, ~ member.
chord[2] n. (संगीत) संतन्त्रण (मनो०) **स्वर संघात**, भिन्न-भिन्न स्वरोंका सम्मिश्रण, संलय, सम्मेल, मिलाप; सामंजस्यपूर्ण वर्ण-मिश्रण, रंगोंका उचित सुन्दर मेल; common ~ or ~ साधारण सुर; *break or spread* ~ राग या रागिनियों^Fका क्रमशः बजाना या निकालना।
chordal –'डॅल् a. तान्त्रिक, ताँत^Fके समान, तार या ताँत^Fका।
chordate –डॅट् a. रज्जुमान् (~ *animal*)।
chore चोअॅर' n. लघुकर्म, घरेलू कामकाज।
chorea कॅरी'अॅ n. सन्त 'वीतू'का नृत्य, लासक, कोरिआ; नृत्त-रोग (जिसमें मनुष्यके शरीर या मुखमें अनैच्छिक सिकुड़नें उठती हैं)।
choree कॅरी' n. (छंद०) = TROCHEE.
choreograph कॉरी'अॅग्राफ़ n. नृत्यलेख, नृत्यसंगीत-लिपि^F; नृत्यगान या बैलेट (ballet)का विधिनिर्देश।
choreographer –रि`ऑ'ग्रॅफॅर् n. नृत्यका नियामक, नृत्यसंगीत-लिपिक।
choreographic –अॅग्रै'फिक् a. नृत्यलेख-सम्बन्धी।
choreography –ऑ'ग्रॉफि n. नृत्यलेखन।
chorepiscopal कॉरि`पिस'कॅपॅल् a. स्थानीय पादरीका।
chores ⊙ = JOBS.
choriamb, –bus को(कॉ)'रिऐम्ब्, –'बस् n. (छन्द०) एक चतुरक्षरीय पद (आदि अन्त, दीर्घ और दूसरे ह्रस्व)।
choriambic –बिक् a. चतुरक्षरीय पदसे सम्बन्धित।
choric कॉ'रिक a. (ग्रीक नाटकोंमें) कोरस (समवेत गान) सम्बन्धी या कोरसका।
chorion कॉ'रिअॅन् n. (श० र० शा०) जरायु, गर्भवेष्ट, गर्भके बाहरकी झिल्ली^F; (वन०) बीजवेष्ट; (चि०) **जरायु**।
choripetalous कॉरिपे`'टॅलॅस a. पृथग्दल, (वन०) पृथक दलीय, बिखरी पंखुड़ियोंवाला, T.
chori(s)- पृथक्-, भिन्न-, अलग (जैसे, *choripetalous*)।
chorister कॉ'रिस्टॅर् n. भजन गानेवाला, गिरजेकी गायक मण्डली^Fका बच्चा, (देवदूत या पक्षीके विषयमें, ला० भी)।
chorographical कॉरॅग्रैफिकॅल् a. स्थानीय (या क्षेत्रीय) भूगोल-सम्बन्धी।
chorography –'ग्रॅफि n. आँचल भूगोल, स्थानीय (या क्षेत्रीय) भूगोल विद्या^F।
choroid कॉ'राइॅड् n. & a. (श० र० शा०) रंजित पटल (नेत्रका द्वितीय या रक्तवाहिनीमय आवरण) रंगिपश्र; (चि०) **रंजित पटल (आँख^F), रक्तक(मस्तिष्क);** पुतली^Fके अन्दरकी झिल्ली^F, गर्भवेष्ट-सम्बन्धी अथवा तद्वत् जरायु सम्बन्धी (~ *coat*);
~ artery, ~ coat, ~ fissure, ~ plexus, ~ veiss.
chorology कॅरॉ'लॅजि n. जीव-विभाजन-विज्ञान,(जीव०) **जीव-भूविस्तार**, भौगोलिक विभाजन।
chortle कॉर्'टॅल् n. & v. i. अट्टहास (करना), कहकहा (लगाना); ठहाका (मारना), ठट्ठा (मारना)।
chorus कॉ'रॅस् १. n. गान-मण्डली, **कोरस**; (संगीत) मुखताल, अन्तरा, अस्थायी टेक^F; वाद्यवृन्द; **गायक वृन्द**; गायकदल, चौकी^F, सहगान, मण्डली^Fका गीत; **समवेत गान**, सामूहिक गान, वृन्दगान, (*in* ~); २. v.t & i. सम्मिलित कण्ठसे गाना या बोलना, कोरस गाना, आदि।
chose[1] चोज् p.t. of CHOOSE.
chose[2] n. (कानून) **वस्तु**^F; ~ in action वादप्राप्य वस्तु; (का०) **वाद-वस्तु**^F, **कार्य-वस्तु**^F; ~ in-possession (का०) भोगाधीन वस्तु^F; ~ jugee निर्णीत विषय, निर्णीत वस्तु^F; (F) व्यर्थ चर्चा^F, बेकारकी बहस^F।
chosen[1] चो'ज़ॅन् a. अभिप्रेत, अभीष्ट, अभीप्सित।
chosen[2] v. p.p. of CHOOSE.
chou शू n. फीता, रिबन, (इति०) T.
chough चफ् n. लालपैरा कौवा, डोम कौवा, लाल पैरोंवाला कौवा।
choultry चाउल्'ट्रि n. दे० CHOLTRY; सराय^F, धर्मशाला^F।
chouse चॉउस्' १. n. प्रवंचक, छलादाता; प्रतारणा^F, वंचना^F, धोखा, ठगपना; २. v.t. प्रवञ्चन करना, प्रतारणा करना, छलादान करना, छलसे लेना; वंचित करना, मूर्ख बनाना, धोखा देना, ठगना, मूँड़ना (बोल०)।
chow[1] चॉउ' n. (परि०) **खाना**।
chow[2] १. n. चीनी कुत्ता, चीनी नस्ल^Fका कुत्ता; २. a. (आस्ट्रेलियामें, ग्रा०) चीनी, चीनका।
chow-chow चॉउ-चाउँ n. चीनी अचार।
chowder चॉउ'डॅर् n. विस्कुट (मछली^F आदिसे बना एक विलायती भोजन)।
chowry चॉउ'रि n. चामर, चमरी^F, चौंरी^F।

ch.r. character roll.
Chr. Christ; Christian.
chrematistics क्रीमॅटिस्'टिक्स् n. वित्त-विज्ञान, राजनीतिक अर्थशास्त्र।
chrestomathy क्रे स्टॉ'मॅथि n. उद्धरण-पुस्तक^F, पाठावली^F।
chrism क्रि'ज़्म् n. अभिषेक, उबटन, पवित्र तेल (बप्तिसा आदिमें प्रयुक्त)।
chrismal –'मॅल् a. अभिषेक-सम्बन्धी (बप्तिस्मामें), पवित्र तैलसम्बन्धी (जल-संस्कारमें)।
chrismatory –मॅटॅरि n. पवित्र-तैल-पात्र (जल-संस्कारमें)।
chrisom क्रि'सॅम् n. जल-संस्कार वस्त्र, बप्तिसाके समयका कपड़ा जो शिशुके मुखपर डाला जाता है; ~-child अभिषिक्त शिशु।
Christ क्राइस्ट्' n. त्राता, खीष्ट, मसीहा; (उपाधि^F जो अब नाम बन गयी है) यीशु, ईसामसीह, ईसा; मोक्ष-प्रदाता, मोक्षदाता, उन्नायक, प्रेरक, स्वर्गीय शासक; the ~-child बच्चेके रूपमें ईसा।
Christ-cross-row, criss- क्रिस्-क्रॉस्-रो, क्रिस्- nn. (प्रा०) वर्णमाला^F।
christen क्रि'सन् v.t. & i. बप्तिस्मा देना; खीष्ट धर्ममें दीक्षित करना, ईसाई बनाना, ईसाके नामपर बप्तिसा देना; बप्तिसा देते समय नामकरण करना, उपनाम रखना (~ *him John*); नामकरण करना; जहाज या मकान आदिका विधिपूर्वक नामकरण करना।
Christendom –डॅम् n. ईसाई देश; ईसाई लोग, (राज०) **ईसाई जगत्**।
christening –'निंग् n. जल-संस्करण-क्रिया^F; ईसाई बनानेका कर्म; नामकरण।
Christhood क्राइस्ट'हुड् n. मसीहापन, मसीहाई।
Christian क्रिस्'ट्यॅन् n. & a. ईसाका अनुयायी, ईसाके उपदेशोंपर आचरण करनेवाला, ईसाई, ईसामसीहमें विश्वास रखनेवाला; ईसा-सा शीलवान् व्यक्ति; ईसा या ईसाई धर्मसम्बन्धी, ईस्वी (~ *religion*); शिष्ट, सभ्य व्यक्ति, भलामानुस (ग्रा०); ~ burial गिरजेकी विधि^F-से मिट्टी देना; ~ era सन् ईस्वी^F (जिसकी गणना^F ईसाके जन्मकालसे होती है); ~ name ईसाई नाम, बप्तिसाके समयका नाम; ~ Science ईसाई पद्धति (जिसके अनुसार रोगीकी चिकित्सा^F उसके ईसाई विश्वासोंके आधारपर की जाती है); ~ Scientist ईसाई पद्धति-से चिकित्सा^F करनेवाला ~ Socialism ईसाई समाजवाद।
Christiania क्रिस्टिआ'निॲ n. बर्फ^F पर फिसलनेमें शीघ्र रुकनेके लिए पैंतरा या लहराव।
Christianity –ॲ'निटि n. ईसाईपन, ईसाई-विशेषता^F या चरित्र; ईसाई धर्मानुसार व्यवस्था^F; खीष्टीय धर्म, ईसाई मत, ईसा और उनके अनुयायियोंके सिद्धान्त, ईसाई धर्म, ईसाइयत^F, ईसाई मजहब।
Christianization –ट्यॅनाइज़े'शॅन् n. ईसाईकरण।
Christianize –'ट्यॅनाइज़् v.t. & i. ईसाई बनाना।
Christianlike –'ट्यॅन्लाइक् a. ईसाइयों-सा, ईसाईके अनुरूप।
Christless क्राइस्ट्'लि स् a. बेदीन, बेमसीहा।
Christlessness –नि स् n. बेदीनी^F, बेमसीहापन।
Christlike –लाइक् a. मसीहा-सा, मसीहाके समान, ईसाकी तरह।
Christly –लि a. ईसाकी तरह।
Christmas क्रिस्'मॅस् n. बड़ा दिन, ईसाका जन्मोत्सव, २५ दिसम्बर, क्रिसमस; क्रिसमसकै उपयुक्त उपहार; ~ book, card बड़े दिनका बधाई^F या शुभकामना^F-का कार्ड; ~-box बड़े दिनकी उपहार-पेटी^F; बड़े दिन पर डाकिया या चिट्ठीरसाँ आदिको इनाम; ~ eve बड़े दिनकी पूर्वसंध्या^F, २४ दिसम्बरकीरात^F; ~ number बड़े दिनका विशेषांक; ~ present क्रिसमसका उपहार; ~ pudding बड़े दिनका पकवान, बड़े दिनकी पुडिंग^F (मांस और अन्नका पकवान); ~ rose दिसम्बरसे फरवरी^F तक खिलनेवाला सफेद गुलाब; ~ time, ~-tide क्रिसमस-काल, २४ दिसम्बरसे आरम्भ होनेवाला बड़े दिनका सप्ताह; २४ दिसम्बरसे १ जनवरी^F तक बड़े दिनकी छुट्टी^F; ~-tree क्रिसमस-वृक्षक, बड़े दिनका उपहार-वृक्ष;
~ bush, ~ carol, ~ day, ~ festivities, ~ pride.
Christmassy –'सि a. क्रिसमस-सम्बन्धी।
Christolatry क्रिस्टॉ'लॅट्रि n. ईसापूजा^F।
Christological क्रिस्टॅलॉ'जिकल् a. ईसाई धर्मशास्त्र-सम्बन्धी।
Christologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. ईसाई धर्मशास्त्र।
Christology –जि n. ईसाई धर्मशाला^F।
Christophany क्रिस्टॉ'फॅनि n. मरणोपरान्त ईसाके पुनर्दर्शनकी कल्पना^F; अवतार।
Christy minstrels क्रिस्'टि मिन्'स्ट्रॅल्ज् n. बड़े दिनको हवशियोंका स्वांग भरनेवाला गायक वृन्द, बड़े दिनके भड़ुए।
chroma –क्रो'मॅ n. (मनो०) **वर्ण घनत्व**।
chromate –मॅट n. वर्णीय, वर्णिक अम्लका लवण; (रसा०) **क्रोमेट**, क्रोमिक अम्ल का लवण।
chromatic कॅमै'टिक् a. ग्रामिक, ऐसा सुर रखनेवाला (जो दुहरे सरगममें सम्मिलित नहीं है); रंगीन, चटकीला, (भौ०) **वर्ण-, वार्णिक**, वर्णी, वर्णीय, (चि०) **रंग संबंधी**, चटकीले रंगसे भरा हुआ (~ *adaptation*); ~ aberration (ग०, ऋा०, भौ०) **वर्ण-विपथन**; ~ error (भौ०) **वार्णिकत्रुटि^F**, वर्ण-भ्रान्ति^F; ~ printing (ब्लाक बनाकर विभिन्न रंगोंमें की जानेवाली) रंगीन छपाई^F; scale गीतके सरगम (जिसमें श्रुतियाँ^F हो); ~ semitone-गानकी श्रुति^F।
chromaticness –नि स् n. (भौ०) **वर्णकत्व, वर्णकता^F**।
chromaticity क्रोमॅटि'सिटि n. (वैमा०) **वार्णिकता^F**

(~ *coordinates*) **वर्णकता**F ।
chromatics –स् n. वर्णविज्ञान, वर्णज्ञानशास्त्र ।
chromatid क्रॅमे'टिड् a. (चि०, जीव०) **अर्धसूत्र,** T.
chromatin क्रो'मॅटिन् a. (जीव०, चि०) **रंज्या;**F; अभिवर्णि, जीतकोष्ठकमेंका जाल, T.;
~ bridge, ~ granule, ~ network.
chromatism क्रो'मॅटिज्म् n. (भौ०) **वर्ण-विपथन** ।
chromato-, chromo-वर्ण-, वार्ण- (जैसे, *chromatography, chromatosphere, chromoarsenate, chromocentre, chromophotography*) ।
chromatographic क्रोमॅटॅग्रै'फिक् a. **वर्णलेखी** (~ *analysis*, ~ *separation*) ।
chromatography क्रोमॅटॉ'ग्रॅफि n. वर्ण-विचार, (चि०; रसा०) **वर्ण-लेखन, रंज्या-विवेचन,** रागचर्चाF ।
chromatology –लॅजि n. वर्णविज्ञान, रंज्याविद्याF ।
chromatolysis क्रोमॅटॉ'लिसिस् n. (चि०) **रंज्या-लयन, क्रोमैटिन लयन** ।
chromatophore क्रोमै'टॅफोअॅर् n. वर्णिक कोष; (वन०) **रंज्यालव,** रंजित लव, गाभर, वर्णभर, वनस्पतियोंमें रंग देनेवाला पदार्थ ।
chromatoplasm क्रोमै'टॅप्लाज़्म् n. (वन०, चि०) **रंज्याद्रव** ।
chromatoscope –'टॅस्कोप् n. (चि०) **वर्णदर्शी** T.
chromatosphere क्रोमै'टॅस्फीअॅर् n. (गणि०, भौ०, रसा०) **वर्णमंडल** (सूर्यका) ।
chromatype क्रो'मॅटाइप् n. रंगीन फोटोF; रंगीन फोटोF खींचनेकी कलाF ।
chrome क्रोम् n. वर्णधातुF, वर्णक, वर्णकपीत (जो लेडक्रोमेट (वर्णीय) से प्राप्त होता है) रण, (रसा०) **क्रोम;** (रसा०) क्रोमियम, क्रोमियमके यौगिक; ~ green, orange, red (रसा०) हरित क्रोम, नारंग क्रोम, लाल क्रोम वर्णक; वर्णक हरि, वर्णक नारंग, वर्णक रक्त, **तूतिया रंग,** वर्ण (जो क्रोमियम, वर्णधातुF आदि मिश्रणोंसे प्राप्त होते हैं); ~ yellow (रसा०) क्रोमपीत वर्णक;
~ acid orange, ~ alum, ~ bistre, ~ black, ~ blue, ~ blue-black, ~ bordeaux paste, ~ brick, ~ brilliant black, ~ brilliant scarlet, ~ brilliant violet, ~ brown, ~ carmine, ~ cloth blue, ~ cloth red, ~ colour, ~ cyanine, ~ dark green, ~ deep black, ~ deep brown, ~ deep cotton brown, ~ diopside, ~ fast black, ~ fast blue, ~ fast bordeaux, ~ fast brown, ~ fast cyanine, ~ fast garnet, ~ fast phosphine, ~ fast scarlet, ~ fast violet, ~ fast yellow, ~ field grey, ~ garnet, ~ green, ~ iron, ~ iron ore, ~ iron steel, ~ leather, ~ leather black, ~ leather blue, ~ leather brown, ~ leather deep black, ~ leather fast black, ~ leather fast brown, ~ leather fast yellow, ~ leather jet black, ~ leather yellow, ~ lemon, ~ liquor, ~ milling yellow, ~ molybdenum steel, ~ mordant, ~ navy blue, ~-nickel, ~-nickel steel, ~ olive, ~ orange, ~ ore, ~ oxide green, ~ patent green, ~ primrose, ~ printing black, ~ printing orange, ~ printing yellow, ~ prune, ~ red, ~ rubine, ~ scarlet, ~ spinel, ~ steel, ~ tanning, ~-tin red, ~ turquoise, ~ ulceration, ~ vanadium, ~ vermilion, ~ violet, ~ worsted blue, ~ yellow.
chromic क्रो'मिक a. वर्णिक, रागिक, वर्णधातुFका (~ acid); त्रिसंयोजक क्रोमियम-सम्बन्धी; (रसा०) T. ~ acid क्रोमिकाम्ल ।
chromiferous क्रोमि'फ़ॅरॅस् a. **क्रोमियममय** ।
chromite –माइट् n. वर्णिज, एक खनिज; क्रोमियम और लोह का द्विलवण (प्रा० भू०, रसा०) T.
chromium –मिअॅम् n (कृषि०, रसा०) T. (रसा०) वर्णातुF, वर्णधातुF, राग, (रसा०) **क्रोमियम;** एक धातुF जिसके लवण अनेक रंगोंके होते हैं;
~ carbonate, ~ chloride, ~ chromate, ~ citrate, ~ family, ~ green, ~ hydroxide ~ nitrate, ~ oxide, ~ phosphate, ~ plating, ~ salt, ~ steel, ~ yellow-
chromo- क्रोमॅ दे० CHROMATO–.
chromogen –मॅजे`न् n. (रसा०, वन०) **वर्णजन** T.
chromogenic –जे`'निक् a. (रसा०) **वर्णजनीय, वर्णजनी, क्रोमोजनी** ।
chromolithograph, chromo क्रोमॅलि'थॅग्राफ्, क्रो'मो n. लीथोF (पत्थरकी छापF)से छपा हुआ विविध रंगका चित्र, शिलामुद्रलिख ।
chromolithographer –थॉ'ग्रॅफॅर् n. चित्रमुद्रक, रंगोंसे छापनेवाला ।
chromolithographic –ग्रै'फिक् a. रंगोंमें छपा हुआ, लीथोसे छपे हुए विविध रंगके चित्रसे सम्बन्धित ।
chromolithography –थॉ'ग्रॅफि n. शिला-वर्ण-मुद्रण, रंगोंसे छापनेकी कलाF ।
chromomere क्रो'मॅमीअॅर् n. (चि०) वर्ण सूत्र० T.
chromometre क्रॅमॉ'मि'टॅर् n. (रसा०) **वर्णमापक, वर्णमापी,** T.
chromophile क्रो'मॅफिल् n. (चि०) **वर्णरागी,** T.
chromophobe क्रो'मॅफोब् n. (चि०) **वर्णविरागी** ।
chromophore क्रो'मॅफोअॅर् n. (रसा०) वर्णाणु, (कृषि०) **वर्णधर,** (रसा०) **वर्णमूलक, वर्णसूचक, वर्णवाही,** रंगका परमाणु, T.

chromophoric –'रिक् a. (कृषि०) **वर्णधारी** ।
chromophotometer क्रोमॅफटॉ'मि`टॅर (रसा०) **वर्णदीप्तिमापी** ।
chromoplasm क्रो'मॅप्लैज़्म् n. वर्णि-घटन^F, वर्ण कोष; = CHROMATIN.
chromoplast क्रो'मॅ'प्लास्ट् n. (वन०) **रंगकणक, रंजितलव** T.
chromoprotein क्रो'मॅप्रोटीन् n. (कृषि०, रसा०, चि०) **वर्णप्रोटीन,** T.
chromoscope क्रो'मॅस्क्रोप् n. (रसा०) **वर्णदर्शी** T.
chromosome क्रो'मॅसोम् n. (प्राणि०) रंज्यधारक, रंगसूत्र, (प्राणि०) **गुणसूत्र,** पित्र्यसूत्र, केन्द्रघटक, केन्द्रक-सूत्र, वर्ण्यपिण्ड, वर्णगोल T.;
~ behaviour, ~ group, ~ map, ~ theory.
chromosphere क्रो'मॅस्फीअॅर् n. **वर्णमंडल,** T.; दे० CHROMATOSPHERE.
chromotropic क्रो'मॅट्रॉ'पिक् (चि०) **वर्णाकर्षी** ।
chromotype क्रो'मॅटाइप् n. वर्ण-विचित्रण (विधि^F); = CHROMATYPE.
chromotypography क्रोमॅटाइपॉ'ग्रॅफि n. वर्ण विचित्रणा^F ।
chromoxylography क्रोमॅक्सिलॉ'ग्रॅफि n. लकड़ी^Fके ठप्पोंसे छपाई^F ।
Chron. Chronicles.
chron. chronicle; chronology; chronological.
chronic क्रॉ'निक् a. अविसर्गी, दीर्घस्थायी, पुरातन, (कृषि०, चि०, भौ०) **जीर्ण, पुराना** (~ *cases*), चिरपाती, चिरकालिक, (कृषि०, चि०, भौ०) **दीर्घ-कालिक,** चिरकारी, दीर्घकालानुबन्धी (रोगके विषयमें) (~ *fever*); ~ doubt, rebellion पुरातन सन्देह, पुराना विद्रोह; ~ invalid जीर्ण रोगी, पुराना मरीज ।
chronicity –नि'सिटि n. जीर्णता^F, पुरातनता^F, स्थायित्व, चिरकारिता^F ।
chronicle क्रॉ'निकॅल् n. & v.t. (इति०) **इतिवृत्त,** पुरावृत्त, विवरण, पुरावृत्ताख्यान, (साहि०) **ऐतिहासिक अभिलेख,** इतिहास; समाचार-पत्रका नाम, पत्रिका^F; कालानुक्रमसे घटनाओं^Fका वर्णन या अभिलेखन (करना); ~ play (साहि०) **ऐतिहासिक नाटक** ।
chronicler –लॅर् n. पुरावृत्तलेखक, इतिहासकार ।
Chronicles क्रॉ'निकॅल्ज़् n. बाइबिल^F (प्रथम खण्ड)-के दो अध्याय ।
chronogram क्रॉ'नॅग्रैम् n. काल-लेख, (इति०) **तिथिबंध,** तिथि-पत्र, पत्रा ।
chronograph –ग्राफ् n. (गणि०, ऋतु०) **समयलेखी, काललेखी,** काल-लिख, काल-लेखक-यन्त्र, सूक्ष्म रीति^Fसे समय नापनेका एक सूक्ष्म यन्त्र; विराम घड़ी^F, (इति०) घड़ी^F ।
chronographer क्रॅनॉ'ग्रॅफॅर् n. काल-लेखक, = CHRONOLOGER.
chronographic क्रॉनॅग्रै'फिक् a. काल-लेखक यन्त्र-सम्बन्धी, काल-लेखन-सम्बन्धी ।
chronography क्रॉनॉ'ग्रॅफि n. काल-लेखन ।
chronologer –'लॅजॅर् n. पुरावृत्तलेखक, इतिहास-कार, रोजनामचा लिखनेवाला ।
chronologic, (-al) क्रॉनॅलॉ'जिक्, (अॅल्) aa. (इति०) **तैथिक,** कालक्रम सम्बन्धी, वृत्तलेखीय, इतिहास कालका; **कालक्रमानुसारी,** कालानुसारी;
~ account, ~ age, ~ order, ~ records, ~ sense, ~ sequence, ~ table.
chronologically –लि adv. कालानुक्रमशः, कालानुसार, इतिहासक्रमेण, **तैथिक रूपसे** ।
chronologist क्रॅनॉ'लॅजिस्ट् n. कालगणक, कालविज्ञ, पुरावृत्तलेखक, ऐतिह्यविद्, इतिहासकार ।
chronologize –लॅगाइज़् v.t. वृत्तको तिथिक्रमसे लिखना, वृत्त लिखना, तिथि-पत्र लिखना, इतिहास लिखना, रोजनामचा लिखना ।
chronology –लॅजि n. कालतत्व, **काल प्रकरण, कालानुक्रम, कालक्रम-विज्ञान,** कालनिर्धारण विद्या^F, कालनिर्णय; आनुतिथ्य; **कालक्रम;** तिथिक्रमपूर्वक घटना-व्यवस्था^F; **तैथिकी**^F, तिथि-मानचित्र या पटल ।
chronometer '–मि`टॅर् n. घटी^F, कालमान, (भौ०, प्रा० भू०, नौवि०) **कालमापी** (~ *error*) कालमापक, सूक्ष्म समयमापी, समयमापी, ठीक समय बतानेवाली घड़ी^F, **क्रोनोमीटर** ।
chronometric, (-al) क्रॉनॅमे`ट्रिक्, (–अॅल्) aa. कालमापन-सम्बन्धी; कालमापन-यन्त्र-सम्बन्धी ।
chronometry क्रॅनॉ'मि`ट्रि n. कालमापन ।
chronoscope क्रॉ'नॅस्कोप् n. काल-वीक्षक (यन्त्र), (शिक्षा०) **अवधिदर्शी,** समयकी गति मापनेका यन्त्र ।
chronoscopy क्रॅनॉस्'कॅपि n. (शिक्षा०) **अवधि विज्ञान, क्षणमापन विद्या**^F ।
chrys- हैम-, स्वर्ण, पीत- (जैसे, ~ *amine*, C ~ *amoeba*, ~-*aniline*, ~ *anthemum*) ।
chrysalid क्रि'सॅलिड् n. = CHYRSALIS.
chrysalis, -id –लिस्, -इड् n. (pl. ~*ises*, ~*ids*, ~*ides*) हेमकोश्या^F, कोशशायी, कोश-कीट, (कृषि०) **कोषावस्था**^F, कुप्पक, पंख आनेसे पूर्वका कीटावस्थ पतंग (जैसे तितली^F); पीत आवरण, (इस स्थिति^Fमें) कीड़ेपरक आवरण; (ला०) प्रारम्भिक या परिवर्तनशील अवस्था^F, T
chrysanthemum क्रिसैन्'थि`मॅम् n. (वन०) जापान गुलदाऊदी^F (जिसका विकास नवम्बर-दिसम्बरमें होता है (वन०) हेमपुष्प, शिववन्ती^F, सेवती^F, (कृषि०) गुल दाऊदी^F, क्रिसेन्थिमम; land of the ~ जापान ।
chryselephantine क्रिसे`लि`फैन्'टाइन् n. & a. हेम-हस्तिरद-निर्मित (भूषण), सोने और हाथीदाँतसे बनी हुई (चीज^F) ।
chryso- = CHRYS- (जैसे, ~*lite*, ~*phan*) ।

chrysoberyl क्रिसॅबे´'रिल n. **हेमवैडूर्य,** चन्द्रवैडूर्य, विस्फटीयिज, पीताभहरित रत्न या मणि; T. एक खनिज, जिसमें बेरीलियम ऐल्यूमिनेट होता है और जो पीताभ-हरित, सुनहरे तथा अन्य रंगोंमें मिलता है।

chrysocolla क्रिसॅकॉ´लॅ n. ताम्रिज; क्रिसोकोला, नीले हरे रंगका एक खनिज, जिसमें ताम्र सिलिकेट होता है।

chrysocracy क्रि'सॅक्रॅसि n. धनिकतन्त्र, सामन्तशाही।

chrysolite क्रि'सॅलाइट् n. लहसुनिया चन्द्रकान्त, हेमाश्म, विभिन्न प्रकारका हरित मणि, क्रिसोलाइट।

chrysology क्रिसॉ´लॅजि n. वित्तोत्पत्ति विज्ञान।

chrysophan –फेन् n. हेम-दृश्, एक रेचक चूर्ण, रेवा चीनीका रेचक सत्व।

chrysoprase क्रि'सॅप्रेज् n. हरित्सैकिज, पर्णहेम, हेमपत्र, पीताभ फीरोजा, पुखराज।

chthonian थो'निअॅन् a. अधोलौकिक, पातालसे सम्बन्धित।

chub चब्' n. नदी^{F}की एक मोटी मछली^{F}, चव^F; ~-faced स्वस्थमुख, प्रसन्नमुख, स्वस्थ और प्रसन्न चेहरेका।

chubbed –ड् a. स्थूल, हृष्टपुष्ट, मोटा, स्वस्थ और मोटा।

chubbiness –'विनि´स् n. गलफुल्लापन, मुटापा।

chubby –बि a. स्थूलानन, गलफुल्ला; हृष्टपुष्ट, मोटा।

chuck^1 चक् १. n. & int. घोड़ेको हाँकनेवाला, टख-टख करनेवाला, किट्-किट्^{F} करनेवाला; किट्-किट्^{F}, ट्-ट्, ट्ख्-ट्ख्, कटर-कटर^F, मुर्गी^{F} बुलाने या घोड़े हाँकनेका शब्द; २. v.i. टख् टख् करना; किट्-किट्^{F} करना, घोड़ेको हाँकना, मुर्गियों^{F}को बुलानेकी आवाज^F करना।

chuck^2 n. प्यारा, यार, पट्ठा, प्यार-दुलारका शब्द।

chuck^3 १. n. झटका; २. v.t. झटकाना (जैसे *~ under the chin*); परे फेंकना, फेंकना, डालना; ~ er out धक्के देनेवाला, निकालनेवाला; ~-farthing गुच्ची-पाला, (ग्रा०) वह पैसा (जो खेलमें बाजी^{F}के लिए फेंकते हैं); the ~ (ग्रा०) विदाई^F, छुट्टी^{F} (*give one the ~*); *away* खोना, बरवाद करना (अवसर आदि); *~ it* इसको छोड़ दो, जाने दो, बन्द करो; *~ out* बहिष्कृत करना, गर्दन^{F}से पकड़कर निकाल देना, निकाल बाहर करना, निकालना, बाहर करना, धक्के देना; *~ up* घृणापूर्वक त्याग देना, तंग आकर छोड़ना, छोड़ देना; *~ up the sponge* प्रयत्न या उद्योग या संघर्ष त्याग देना; भाग जाना; हाथ धो बैठना।

chuck^4 १. n. खरादकी टेक^F, ओट^F, ओटा (जिसपर लकड़ी रखकर खरादते हैं), ठिया^{F}, चाक, चक्का; २. v.t. (लकड़ी^{F} आदि) खरादपर जमाना, टिकाना।

chuck^5 (ग्रा०) खाद्य, आहार; ~-wagon ⊙ खाद्यगाड़ी या आहार गाड़ी^{F} (जिसके साथ मार्गदर्शक रहते हैं); hard ~ (नौवि०) जहाजी बिस्कुट।

chuckle च´कॅल् १. n. मुर्गियों^{F}की कटर-कटर^F, किट्-किट^F; निरुद्ध हँसी^{F}; बन्द हँसी^{F}; अवज्ञापूर्ण हँसी^{F}; हर्षोद्‌गार; मुर्गियों^{F}के हाँकने या बहोरनेका शब्द; २. v.i. किट्-किट्^{F} करना, मुर्गियों^{F}की आवाज^F निकालना; हँसी^{F} रोककर हँसना, मुँह बन्द करके हँसना, मन-ही-मन या मुँह छिपाकर हँसना; हर्षके लक्षण प्रकट करना; तिरस्कार या अवज्ञा^{F}की हँसी^{F} हँसना; किसीको परास्त कर हर्षित होना।

chuckle-head ~-headed हे´ड्, ~-हे´डिड् n. मूर्ख व्यक्ति, मूढ़, ठस, गावदी।

chuckling –'लिंग् १. a. प्रसन्न २. n.= CHUCKLE n.

chucky –'कि n. प्यारा बेटा।

chuddar च'डॅर् n. चादर^F, चद्दर, दुपट्टा।

chuff चफ् n. विदूषक; हास्यास्पद गँवार व्यक्ति।

chuffy च'फि a. उच्छून कपोलवाला व्यक्ति; सूजा हुआ; नाराज, रुष्ट; विदूषकीय।

chukker च'कॅर n. (पोलोका) दौर, बाजी^{F}, चक्कर।

chum चम्' १. n. समवयस्क, प्रियसुहृद, सखा, घनिष्ठ मित्र, दोस्त, यार; २. v.i. घनिष्ठ होना; साथ रहना, एक घर या एक कमरेमें रहना; new ~ नवागन्तुक, नवयुवक, नया अधिवासी; बुद्धू; *~ up* (बोल०) घनिष्ठता बढ़ाना, मेलजोल बढ़ाना; *~ up with* घनिष्ठ मित्रता होना, घनिष्ठ होना, गहरी दोस्ती होना।

chummage –'मिज् n. दो या दोसे अधिक व्यक्तियोंका एक कमरेमें निवास; नवीन मित्रसे माँगा गया उपहार।

chummery –मॅरि n. घनिष्ठता^{F}; सौहार्द; सुहृत्कक्ष।

chummy चमि' १. n. सखा, सुहृद, मित्र, साक्षी, यार; थोड़ेसे व्यक्तियोंके लिए मोटरकारका सटा हुआ ढाँचा; २. a. मिलनसार, मेली।

chump चम्प् n. लकड़ीका कुन्दा; मांसखण्डका मोटा भाग, बकरीकी पुट्ठ^F; (बोल०) सिर; (ग्रा०) मूर्ख, बुद्धू; *off his ~* सनकी, झक्की।

chunk चन्क्' n. (रसा०) खंड (~ *glass*); (बोल०) फाँक, मोटा टुकड़ा, कतला (लकड़ी, रोटी, पनीर आदिका); ढेला।

chunky ⊙ –कि a. पुष्ट, प्रबल, दृढ़ अंगवाला, दबंग।

chupatty चॅपै'टि n. चपाती^{F}, रोटी^{F}।

church* चर्च' n. **गिरजाघर,** गिरजा*, कलीसा, ईसाइयोंका धर्म-मन्दिर, चर्च; ईसाई सम्प्रदाय, ईसाई लोग, ईसाई, ईसाईधर्मके अनुयायी, किसी कालका संघटित ईसाई समाज (*primitive* C ~ आरम्भिक ईसाईधर्म-संस्था); धार्मिक संघ; विद्रोही या भेदक सिद्धान्त (*reformed C ~*); सामूहिक पूजा^{F}; धार्मिक व्यवसाय, पेशा, पादरी-वृत्ति^{F}; पुरोहिताई^F; ~ man पादरी; गिरजा संस्थाका सदस्य; ~ manship गिरजेकी सदस्यता; ~ militant ईसाईधर्मका योद्धा, सलीबी सिपाही; C ~ of England (पोपका अधिकार न माननेवाला) इंग्लैण्ड-का राष्ट्र-धर्म; ~ rate-गिरजा-कर, गिरजेका चन्दा; ~ service वन्दना^{F} (पुस्तक^F); ईसाइयोंकी उपासना^{F}; या संध्या; ~-text समाधिलेख; ~ warden गिरजेका निरीक्षणाध्यक्ष; मृत्तिका-निर्मित सुदीर्घ नल; ~ woman

गिरजेकी सदस्या^F; ~ yard शवाधिस्थान, गिरजेका कब्रिस्तान, गिरजेसे मिला हुआ समाधि-प्रांगण; ~ yard cough जानलेवा खाँसी^F; Established C ~ राज-धर्म, शासन द्वारा मान्य गिरजा-संस्था^F; शासकका गिरजा; fat ~ yard मुर्दोंसे भरा हुआ कब्रिस्तान; high, low, broad ~ ईसाइयोंके विभिन्न-वर्ग, सम्प्रदाय, उच्च, लघु, विशद गिरजा; *go into the C ~* धार्मिक व्यवसाय ग्रहण करना, पादरी बन जाना; *go to ~* गिरजेकी उपासना^Fमें सम्मिलित होना, गिरजेमें जाना; *poor as a ~ mouse* अत्यन्त कंगाल; *the nearer the ~ the farther from God* चिराग तले अँधेरा;

~-ab, ~-army, ~ burial, ~-court, ~-goer, ~-land, ~-living, ~ music, ~-way, ~-work.

church² v.t. (प्रसवके बाद प्रसूता^F या जननी^Fको) गिरजाघरमें (प्रार्थना^Fके लिए) लाना, पूजा^F कराना।

churchify –'चिफ़ाइ v.t. अन्ध श्रद्धालु या कट्टर गिरजावादी बनाना।

churchiness –चिनि॑स् n. गिरजावाद, कट्टरता^F।

churching –चिंग् n. चर्चमें भेंट^F चढ़ाना, पूजन।

churchism –चिज़्म् n. गिरजावाद, गिरजा-प्रेम, चर्च-का सिद्धान्त।

churchless –चे॑ 'लि॑स् a. गिरजारहित, बिना कलीसा, बेगिरजा।

churchward(s) –'वर्ड्(ज़्) adv. गिरजेकी दिशा^F में, गिरजेकी ओर।

churchy चॅर्'चि a. गिरजाभक्त, कट्टर गिरजावादी।

churinga चुरिंगॅ n. जातीय चिह्नयुक्त तावीज (आस्ट्रेलियाके आदि निवासियोंका); (इति॰) **चुरिंगा**।

churl चर्ल' n. कृपण, अनुदार व्यक्ति, कंजूस, मक्खी-चूस; असभ्य, अधम, निम्न (*gentleman* or ~); गँवार, देहाती; अशिष्ट, लण्ठ, अनघड़, उजड्ड आदमी।

churlish –'लि॑श् a. अशिष्ट, उजड्ड, अक्खड़, गँवार।

churlishness –नि॑स् n. कृपणता^F, कंजूसी^F, अशिष्टता^F, गँवारपन, उजड्डपन।

churn चर्न' १. n. आलोड़न, विलोड़न, मन्थन, मथन; मथ्थनदण्ड (कृषि॰, पशुपालन) **मथन ढोल**, हलोनी^F, मथनी^F; मथानी^F, रई^F, मक्खन निकालनेकी मशीन^F; २. v.t. & i. मन्थन करना, मथना, बिलोना, झाग उठाना, फेन निकालना, मक्खन निकालना, तरल पदार्थको झक-झोरना, हिलाना; इधर-उधरसे लहरों^Fका उठना, तूफान आना, जोश आना; ~-dash(er), ~-staff मथनी^F, रई^F, मक्खन निकालनेका यन्त्र।

churning चर्'निंग् n. मन्थन-कर्म, (कृषि॰) **मन्थन, मथना, बिलोना**, विलोड़न; a ~ एक मथानी^F, एक घान, एक बारमें जितना मक्खन निकल आवे; ~ activity (कृषि॰) **मथन-अम्लता**^F; ~ stick, रई^F, मथानी^F।

churr¹ चर n. कुञ्जन^F, चरर-चरर, चीं-चीं^F, पक्षियोंकी ध्वनि^Fकी नकल^F करनेकी क्रिया^F।

churr² v. i. चरर-चरर करना, चीं-चीं^F करना, कुञ्जन करना।

chut चट् int. चटपट, झट, अधैर्यबोधक शब्द।

chute शूट् n. (*shoot* भी) फिसलनेवाली गाड़ी^F; कूड़ा नीचे फेंकनेकी नाली^F, प्रवणिका^F, सर्पिका^F, (यन्त्र॰) **नाली**^F; ढलवाँ नाली^F, प्रवणसे जलका गिराव, पानीका ढलानपरसे बहाव।

c.h.w. constant hot water.

chyle काइल्' n. पयोलस, पायस^F, क्षीरिका^F, (कृषि॰) **क्षारान्न**, (कृषि॰, चि॰, जीव॰) **काइल**, पाक-रस, अन्नरस, धातुप, (चि॰, जीव॰) **वसापायस**, पाकाशयस्थ दुग्धरस, रस, (पाकस्थली^Fमें भोजनसे उत्पन्न एक श्वेत वर्ण पदार्थ), अन्नरसके प्रचूषणके समय आंत्र-भोजनी लसिका वाहिनियोंमें मिलनेवाला दुधिया द्रव।

chylifactive –लिफ़ैक्'टिव a. पयोलसक, धातुपमय, दुग्ध(अन्न)रसोत्पादक, (चि॰) वसापायसोत्पादक।

chyliferous –'फ़ॅरॅस् a. धातुपप्रद, (चि॰) वसापायस-वह, वसापायसोत्पादक, पयोलसवह, दुग्ध(अन्न)रसवाही।

chylification –फ़िके'शॅन् n. पयोलसन, (कृषि॰) **क्षारीकरण, काइल बनाना**, दुग्ध(अन्न)रसोत्पादन (चि॰) वसापायसोत्पादन।

chylificatory –'टॅरि a. (चि॰) वसम्पायसात्मक, पयोलसनात्मक, धातुप-, दुग्ध(अन्न)रसमय।

chylify –'लिफ़ाइ v.t. वसापायस बनाना, पयोलसन करना, धातुप बनाना, दुग्ध(अन्न)रस बनाना।

chylomicron काइलो'मिक्रॉन् n. (चि॰) **वसापाय-साणु**।

chylous –'लॅस् a. पयोलसी, (चि॰) **वसापायसीय, वसापायस-, काइल-**; वसापायस स्वरूप, धातुप-, दुग्ध-(अन्न)रसका।

chyluria काइ'ल्यूरिॲ n. (चि॰) **वसापायसमेह**, पयोमेह, पेशाबमें श्वेत रस निकलनेका रोग, वसापायस निकलनेका रोग।

chyme काइम्' n. आमरस, (चि॰) **आमपेष**, (कृषि॰) **आम**^F; आँव^F, फेन, भोजनका (आमाशयमें) अम्ल, (कृषि॰) **आम्लान**, (चि॰, कृषि॰) T. केवल आमाशयमें पचित अन्नरस।

chymification –मिफ़िके'शॅन् n. (चि॰) आमरसी-करण, आमीकरण, (कृषि॰) **अम्लीकरण**, आँव^F बनना, पेटमें भोजनका अम्ल रूप होना, **काइम बनाना**; (चि॰) आमाशयपाचन।

chymify –'मिफ़ाइ v.t. & i. (चि॰) आमरसीकरण करना, आमीकरण करना, आँव^F बनना या बनाना, भोजनका अम्ल रूप धारण करना।

chymous –मॅस् a. आमीय, आँव^Fका, अम्ल रूपका; आम रसीय

C.I. Chief Inspector; Conservancy Inspector; Circle Inspector; Chief Instructor; Crown of India, Channel Islands.

Ci. Cirrus.
C.I.B. Criminal Intelligence Bureau.
ciborium सिबॉ'रिॲम् n. वल्यपर्णाग, एक घास^F; एक खास किस्मका बर्तन (गिरजाघरमें)।
Cic. Cicero.
cicada, cicala, cigala सिके'डॅ, सिकॉलॅ, सिगा'लॅ n. सकीट, चिश्चिर, झींगुर, किचमिच पतंग, टिड्डा, टिड्डी^F, सिकेडा।
cicatrice, cicatrix सि'कॅट्रिसॅ, सिके'ट्रिक्स् n. (pl. ~ *ices*) किण, (कृषि०) **घावचिह्न, छलचिह्न**, अंगूर, पपड़ी, घाव सूख जानेपर चोट^F का निशान, दाग, गूद; (वन०) वृक्षपरसे बिलकुल उखड़ जानेका चिह्न; बीजका वृन्त, झड़ जानेपर शेष चिह्न।
cicatricial सिकॅट्रि'शल् a. किण-, व्रणयुक्त, दागी।
cicatricose सिकॅ'ट्रिकोज़ a. किण-, व्रणयुक्त, दागदार, दागों भरा।
cicatricula सिकॅ'ट्रिक्यूल् n. अण्डपीतकिण, अण्डेकी जरदी^F में एक चिह्न-विशेष।
cicatrisive सिके'ट्रिसिव् a. किणवर्धक, किणयुक्त।
cicatrix सिके'ट्रिक्स् n. = CICATRICE.
cicatrization सिकॅट्राइज़े'शॅन् n. किण बनना, व्रण-शोषण, (चि०) चिह्नांकित व्रणरोपण, व्रणरोपण, निशान-युक्त जख्मका भराव; (इति०) **दाग डालना, इंदिमाल**।
cicatrize –'कॅट्राइज़् v.t. & i. आरोग्य होना; किण बनना या अंगूर आना, पपड़ी आ जाना, घाव पूजना; जख्म भरना; दाग डालना, व्रणरोपण होना।
cicely सि'सॅलि n. पुष्पमय पौधोंके प्रकार (*sweet, wild, rough*, ~)।
cicer साइ'सॅर a. चणक, चना।
cicerone चिचॅरो'नि १. n. (pl. ~*oni*) परिचालक, प्रदर्शक, पुरातत्त्वका मार्गदर्शक, अगुआ, दिखाने और बतानेवाला; २. v.t. मार्ग-प्रदर्शन करना, राह^F बताना।
Ciceronian सिसॅरो'निॲन् n. (रोमका व्याख्याता) सिसरोकी कृतियोंका पण्डित या प्रशंसक; सिसरो-सा प्रशस्त, सिसरो-जैसा प्रवाहयुक्त; शास्त्रीय, पाण्डित्यपूर्ण।
Ciceronianism –निज़्म् n. सिसरोकी (सी) शैली^F।
Cicestr. *Cicestrensis*, of Chichester.
cichlid सि'क्लिड् n. नीडमत्स्य; एक बड़ी रीढ़दार मछली^F।
cichorium सिको'ॲरिॲम् n. काशिनी^F, कासनी^F।
cicisbeism चिचिज़्बेइज़्म n. परदारानुरक्ति^F, परस्त्री-गमन।
cicisbeo(It.) चिचिज़्बे'ओ r. परस्त्रीगामी, परदारानु-रक्त, छिनरा; विवाहिता स्त्रियों^F का दक्षिण नायक।
C.I.D. Criminal Investigation Department.
cid सिड् n. वीर पुरुष; सेनापति; नेता, दलपति; the C ~ एक स्पेनीय सरदार (Ruy Diaz ११वीं शती^F)-की उपाधि^F।
-cide- साइड् -घ्न, -मारक, -नाशक; -घात, -नाश, -हत्या (जैसे, *matri~, parri~, regi~*)।
cider साइ'डॅर् n. उत्क्लोलिरा^F, सेवका आसव, सेवकी शराब^F (~ *vinegar*); (चि०, रसा०) T.; ~-cup सेवकी शराब^F का प्याला; ~-press सेब-निचोड़, सेबका रस निकालनेका यन्त्र;
~ brandy, ~ gum, ~ hydrometer.
ciderkin –किंन् n. उत्क्लोलिरा^F, उत्क्लोल-प्रद्राक्षिरा^F, सेबका आसव।
ci-devant(F) a. अतीत, पिछला।
C.I.E. Companion of the (Order of the) Indian Empire.
cierge सीअॅर्ज् n. सिक्थदीप, (गिरजाघरकी) मोमबत्ती^F।
C.I.F. Chief Inspector of Factories.
c.i.f. cost, insurance & freight.
C.I.G. Criminal Intelligence Gazette.
cigar n. धूमवर्ती^F; चुरुट, सिगार; ~-holder नलकी^F, चुरुटकी मुँहनाली^F; ~-shaped सिगारके आकारका, सिगारका-सा।
cigarette सिगॅरे'ट n. धूंमवर्तिका^F, सिगरेट, (~ *paper*, ~ *tin*)।
ci-git(F) यहाँपर है।
C.I.G.S. Chief of Imperial General Staff.
cilia सि'लिॲ n. (वन०, प्राणि०) **पक्ष्म**, नेत्रलोम, रल्लक, बरौनी^F; (श० र० शा०) बाल, ऊन; रोम, (चि०, श० र० शा०, जीव०, कृषि०) **रोमिका**,^F **लोमक**, (चि०) **रोमक, रोमाभ, सिलिया**; रोएँ, लोम; पत्तियों^F या कीड़ोंके अन्तर्वर्ती तदाकार सूत, गलमुच्छे।
ciliaris –ॲरिस् a. (वन०) पक्ष्मल, रोमयुक्त।
ciliary सि'लिॲरि a. पाक्ष्म, पक्ष्म-, पक्ष्मवत्, पक्ष्मीय, अक्षिरोमीय, (चि०, जीव०) **रोमक, रोमाभ, सिलिया, सिलियरी**, (चि०, श० र० शा०) रौमिक, बरौनी-सा;
~ artery, ~ body, ~ ganglion, ~ gland, ~ movement, ~ muscle, ~ process, ~ ring.
ciliate(d)–ॲट्(इड) aa. पक्ष्मल, पक्ष्मवत्, बरौनी-वाला, सरोम, रोमाभी (कृषि, **लोमश**, रोमक पक्ष्मल; ~ (ed), ~ band, ~ cell, ~ epidermis, ~ epithelium, ~ goove, ~ pit.
ciliation –ए'शॅन् n. पक्ष्मलता^F, रोमयुक्तता^F।
cilice सि'लिस् n. रोमवस्त्र, ऊनी वस्त्र (जो पश्चात्ताप-कालमें पहना जाता है)।
cilicious –'शॅस् a. रोमवस्त्रसे सम्बन्धित।
ciliform –लिफ़ॉर्म् a. पक्ष्मरूप, बरौनी जैसा, रोमरूप।
ciliograde सि'लिॲग्रेड् a. (जीव वि०) पक्ष्मगामी, बरौनियोंके बल चलनेवाला।
C.I.M. Chief Inspector of Mines in India.
Cimbric सिम्'ब्रिक् a. & n. सिम्बरी (उत्तर जर्मनी)के निवासी, सिम्बरी भाषा^F।
cimex सि'मेक्स् n. मत्कुण, एक प्रकारका खटमल।

Cimmerian सिमे´'रिॲन् a. सिम्मरी देशका (जहाँ, कहते हैं, कभी प्रकाश नहीं होता था); घोरकृष्णवर्ण, घना अँधेरा, गाढ़ा, गहरा, उदास, बहुत ही अँधेरा (रात्रि^F, अन्धकार आदि)।

cimolite सि´मॅलाइट् n. खटी^F, एक अच्छी मिट्टी^F (खास किस्मकी)।

C-in-C. Commander-in-Chief.

cinch[1] सिन्च् n. (ग्रा०) सुनिश्चितता^F; निश्चित तथ्य, पक्की बात^F ⊙; (मेक्सिकोमें) घोड़ेके साज^Fकी एक पेटी^F; मजबूत पकड़^F ⊙; ताशका एक खेल।

cinch[2] v.t. मुट्ठी^F बाँधना, जोरसे पकड़ना।

cinchona सिन्कों´नॅ n. विताप, ओषधीय वृक्ष-विशेष जिसकी छालसे कुनैन^F तैयार होती है); (कृषि०) **सिनकोना**; सिनकोनाकी छाल;
~ bark, ~ febrifuge, ~ febrifuge pills, ~ officinalis, ~ plantations, ~ preparation, ~ projector.

cinchonaceous –कॅने´शॅस् n. सिनकोनादार, सिनकोनावाली; कुनैन^Fकी तरह।

cinchonate –कों´नॅट् n. वितापीय, कुनैन^Fका नमक, (चि०) सिनकोनाका नमक।

~ action, ~ agreement, ~ bargaining, ~ consciousness, ~ exercise, ~ expression, ~ farm, ~ farming, ~ fine, ~ good, ~ guarantee, ~ hunt, ~ imagination, ~ measures, ~ message, ~ mind, ~ monologue, ~ naturalisation, ~ practices, ~ prophylaxis, ~ reports, ~ representation, ~ savagery, ~ security, ~ subscription, ~ term, ~ training, ~ tray, ~ wealth, ~ work.

collectivise –'टिवाइज् v.t. समूहन करना, एक कर देना, जोड़ना, मिला देना, किसी संस्था^F को पैसा देना।

collectivism –विज़्म् n. (दर्श०) **समष्टिवाद**, सामूहिकतावाद, समूहवाद (अर्थ०) **राज्यस्वत्ववाद**, **राज्य सामूहिकवाद**, (अर्थात् सम्पत्ति^F सार्वजनिक या सामूहिक होनी चाहिए)।

collectivist –विस्ट् n. समष्टिवादी, सामूहिकतावादी, समूहवादी।

collectivistic –'टिक् a. समष्टिवादी, समूहवादी।

collectivity –विटि n. सामूहिकता^F, समूह, समष्टि^F।

collectivization–वाइज़ें'शॅन् n. समष्टीकरण, (कृषि०, अर्थ०) **सामूहिकीकरण**, समूहन।

collector कॅले`क्'टॅर् n. (का०) **समाहर्त्ता**; जिलाधीश, डिप्टी कमिश्नर, **कलक्टर**; पुस्तक-संग्रहीता, पुस्तक-संकलनकारी; (का०) **समाहर्त्ता**; संकलक, (ऋतु०) **अभिग्राहक**, **अभिसंग्राहक**, **संग्राही**, (का०) संग्रहकर्ता, **संग्राहक**, संग्रहकारी, उगाहनेवाला, तहसील वसूल करनेवाला (नमूने, रेलवे टिकट, कर, चन्दा और विचित्र वस्तुएँ^F); विभिन्न मशीनों^F में संग्राहक यन्त्र; ~ rings **धाराग्राही वलय**, **धाराग्राही छल्ला**।

collectorate –रॅट् n. समाहर्त्रालय, समाहर्तृक्षेत्र, समाहर्त्तालय, **कलक्टरी**^F।

collectorship –र्-शिप् n. कलक्टरका पद, कलक्टरी^F।

colleen कॉलीन्' n. (आयरलैण्ड) बालिका^F, लड़की^F।

college कॉ'लिॅज् n. (शिक्षा०) **महाविद्यालय**, **कॉलिज**; विद्यालय-भवन; उपाधिप्रदाता छोटा विश्वविद्यालय; व्यावसायिक शिक्षालय (स्थलसेना^F, जलसेना^F, कृषि^F आदिका); इनमेंसे किसीका भवन; (का०) **गण**, **मण्डल**; समव्यवसायी व्यक्तियोंका संघ; (*C ~ of Arms*, *C ~ of Physicians*); धर्म-मण्डल, पादरीसंघ; ~ living जीविका-साहाय्य (कॉलिजके माध्यमसे); ~ pudding आलूचेकी पुडिंग^F (फिरनी^F); Sacred C ~, ~ of cardinals पोपकी सभा^F;
~ accountant, ~ contingencies, ~ contingent, ~ council, ~ diploma, ~-forest, ~ hostel, ~ magazine, ~ office, ~ prospectus, ~ scholarship.

colleger –जॅर् n. एटनके स्थापनाकालके सत्तर विद्यार्थियोंमेंसे एक।

collegial कॅली'जिॲल् a. महाविद्यालयसम्बन्धी, कॉलिज-सम्बन्धी; गिरजेका।

collegian –ॲन् n. कॉलिजका विद्यार्थी, महाविद्यालय-सदस्य; (प्रा० ग्रा०) कैदी, जेलका साथी।

collegiate[1] –एट् v.t. कॉलिजकी स्थिति^F प्रदान करना, कॉलिजका पद देना, कॉलिजके ढंगका बनाना।

collegiate[2] –ॲट् a. महाविद्यालयसम्बन्धी, कॉलिज-सदृश, कॉलिजका, धर्ममण्डल विशिष्ट; ~ church पादरी संघके लिए प्रदत्त महाविद्यालय, कॉलिज-चर्च; (स्कॉटलैण्ड और अमेरिकामें) संयुक्त पादरीका पद; ~ school कॉलिजसे सम्बद्ध स्कूल।

collenchyma कॅले`न्'किमॅ n. (वन०) **स्थूल कोणोतक**, एक लचीला तन्तुकोश।

collet कॉ'लिॅट् n. कलट, अँगूठी^F के नगका घर या बैठक।

collide कॅलाइड्' v.t. संघट्टन होना, आघट्टन होना, (रेल०) **टक्कर**^F **लगना**, टक्कर^F खाना या होना, टकराना, भिड़ जाना, लड़ जाना, संघर्षण होना, संघट्ट होना, विरोध होना, मुठभेड़^F होना, खटपट^F होना; परस्पर विरोधी होना।

collie, -y कॉ'लि,-इ n. (स्कॉट०) मेषपालका कुत्ता, गड़ेरियेका कुत्ता।

collier कॉल्'यॅर् n. अंगारखनिक, अंगारखनक, कोयला-खनक, कोयला खोदनेवाला; (नौवि०) **कोयलावाही**, कोयलावाही पोत या नौका^F, कोयलेका जहाज; कोयला-पोतका मल्लाह; ~ *patch* (परि०) **डामर**^F **लगाना**।

colliery –रि n. (रेल०, यंत्र०) **कोयला खान**^F, कोयलेकी खान^F, कोलरी^F;
~ area, ~ consumption, ~ employee, ~ engineer, ~ labour, ~ manager, ~ tramway, ~ turn.

colligate कॉ'लिगेट् v. t. सुविन्यस्त करना, क्रमविन्यास करना, सुसम्बद्ध करना, व्यवस्थित करना, एकत्र करना, संयुक्त करना।

colligation –गे'शॅन् n. निवेशन, क्रमविन्यास, व्यवस्थापन, सन्धान, एकत्रीकरण, अनुबन्धन, संयोजन; ~ of facts (दर्श०) **तथ्यानुबंधन**।

collimate –कॉ'लिमेट् v.t. (ग०) **सन्धानित करना**, समानान्तरण करना, समान्तर बनाना, दृष्टि^F की सीधमें लाना।

collimation –मे'शॅन् n. (ज्यो०) **संधान** (~ *line*); (यंत्र०) **दृष्टि रेखा तल ऊँचाई**^F; (भौ०) **समान्तरण, समरेखण**, समान्तर क्रम; ~ system (यंत्र०) **अक्षतल पद्धति**^F।

collimator –र् n. (ज्यो०) **संधानक**, (भौ०) **समान्तरित्र**, एक छोटी दूरबीन^F, T.

collinear कॅलि'निॲर् a. (ग०, भौ०) **संरेख; समरेख; एकरेखस्थ**, एकरेखीय, एक ही रेखा^F पर स्थित, एक ही रेखामें, सीधमें।

collinearity –ऐ'रिटि n. (ग०) **समरेखता**^F, **संरेखता**^F।

collingual कॅलिन्'ग्वल् a. समभाषी, एक ही भाषावाले।

collins कॉ'लिन्ज् n. (बोल०) (विदा हुए मेहमान द्वारा प्रेषित) धन्यवाद-पत्र।

colliquative कॉलि'क्वॅटिव् a. (चि०) अतिद्रववाही, रसातिरिक्त; इतना अधिक (द्रव) कि नष्ट हो जाय।

collision कॅलि'ज़न् n. प्रतिघट्टन, (गति वि०, ग०, भौ०) **संघट्टन, संघट्ट**, समाघात, संघात, मुठभेड़^F, धक्का, **टक्कर**^F, भिड़न्त^F; (ला०) कटु या कठोर संयोग (व्यंजनोंका); विरोधी दलोंका संघट्ट, संघर्ष; ~-mat (नौवि०) **टक्कर पट**, जहाजमें टक्कर^F से बने हुए छेदको बन्द करनेकी बोरिया^F; *come into ~ with* किसी चीज^F से भिड़ना, लड़ जाना, टकराना;

~ bulk-head, ~ chocks, ~ diameter, ~ frequency, ~ process, ~ theory, ~ warning.

collocate कॉ'लॅकेट् v.t. व्यवस्थापित करना, व्यवस्था^F देना, क्रम देना, सजाना; विन्यास करना, एकत्र स्थापित करना, एक साथ रखना; निवेश करना, स्थान विशेषमें ठहराना।

collocation –के'शॅन् n. निवेशन, व्यवस्थापन, क्रम, (दर्श०) **संस्थिति**^F, सजावट^F।

collocutor कॉ'लॅक्यूटॅर् n. कथोपकथक, वार्त्तालापका साथी (*my ~ said*)।

collodion कॅलो'डिॲन् n. (रसा०) T.; (चि०) चिपकने वाला द्रव, श्लिषामी, श्लेपेव, (शल्यक्रिया^F और फोटोग्राफी^F में प्रयुक्त होनेवाला) तेजाबी द्रव, (रसा०, वन०) **कोलोडियन**; शल्यक्रिया^F और फोटोग्राफी^F में प्रयुक्त होनेवाला सेल्यूलोज नाइट्रेटका ऐल्कोहल;

~balloon, ~ cotton, ~ flexible, ~ membrane, ~ process.

collodionize –नाइज् v.t. कोलोडियन (COLLODION) बनाना।

collograph कॉ'लॅग्राफ् n. कलिलीय चित्रण-विधि^F, श्लेष-चित्रण-विधि^F (एक विशेष प्रकारकी), दे० COLLOTYPE.

collography कॅलॉ'ग्रॅफि n. कलिलीय चित्रणकला^F, श्लेष-चित्रण-कला^F, एक विशेष रीति^F से फोटो^F छापनेकी कला^F।

collogue कॅलोग्'v.t. गूढ़ वार्त्तालाप करना, गोपनीय बातें^F करना; विश्रब्धालाप करना, विश्रम्भालाप करना, लल्लो पत्तो^F करना, हाँ-में-हाँ मिलाना; (प्रा०) फुसलाना (षड्यन्त्रके अभिप्रायसे)।

colloid कॉ'लाॅइड् n. & a. (रसा०) श्लिषाभ, श्लेषाभ, (~ *mill*) कलार्द्र, (चि०, रसा०, भौ०, परि०) **कलिल**, पदार्थोंकी एक अवस्था^F, जिसमें वे विलयनके समान दीख पड़ते हैं किन्तु जान्तव झिल्ली^F से छनकर नहीं जा सकते; आर्द्र द्रवकी अवस्था^F का पदार्थ, (चि०, कृषि०) **कोलॉयड**; लसदार; चिपचिपा (पदार्थ); (निदान०) श्लैष (तन्तु जो किसी बीमारी^F में बिगड़कर चिपचिपे हो जाते हैं, ~ *tissue*);

~ chemistry, ~equivalent, ~ iron, ~ mill, ~ silver, ~ body.

colloidal–'डॅल् a. श्लिषाभीय, श्लेषाभीय, श्लैष, **कलिलीय**, कलिल-लसदार, **कोलायडीय**;

~ character, ~ dispersion, ~ electrolyte, ~ hydration, ~ imbibation, ~ matter, ~ movement, ~ particle, ~ range, ~ soil, ~ state, ~ structure, ~ substance, ~ system.

collop कॉ'लॅप् n. बोटी^F, मांसखण्ड, मांसका टुकड़ा; (प्रा०) मोटे आदमी या जानवरकी चमड़ी^F की बट^F या सलवट^F।

Colloq. Colloquial; Colloquially.

colloquial कॅलो'क्विॲल् a. अनगर, लोकभाषाका, व्यावहारिक भाषाका, बोलचाल-सम्बन्धी, आम बोली^F का।

colloquialism –लिज़्म् n. (शिक्षा०) **बोलचालकी भाषा**^F, **चलती भाषा**^F, बोलचाल^F की शैली^F या ढंग।

colloquialist –लिस्ट् n. बोलचाल^F की शैली^F का प्रयोक्ता या समर्थक।

colloquize –क्वाइज् v.t. वार्त्तालापमें भाग लेना, बातचीत^F करना।

colloquy कॉ'लॅक्वि n. प्रेस्बिटेरियन गिरजेकी न्याय तथा विधानसभा^F; संलाप, वार्तालाप, संवाद, कथावार्ता^F, परस्पर कथोपकथन, बातचीत^F, बोलचाल^F।

collotype कॉ'लॅटाइप् n. फोटोका चित्र छापनेकी श्लेष विधि^F; रासायनिक द्रव्यकी झिल्ली^F (जिसपर सूर्यकी किरणों^F के पड़नेसे चिह्न बन जाते हैं और उन्हींका प्रतिबिम्ब कागजपर छाप लेते हैं); ~ plate प्रतिबिम्बदात्री झिल्ली^F; ~ process प्रतिबिम्ब कलिलय प्रक्रिया^F, प्रतिबिम्ब-श्लेपणकी प्रक्रिया^F।

collude कॅल्यूड्' v.t. कपट-सन्धान करना, कपट-सन्धि^F करना; (प्रा०) षड्यन्त्र रचना, जालसाजी^F करना, साँठ-गाँठ^F करना, साजबाज^F करना।

collunarium कॉल्यूनेॲ'रिॲम् n. (चि०) **नासा-धावन** ।
collusion –'ज़न् n. अभिसन्धि[F], (का०) **दुरभिसंधि,** कपट-सन्धि[F], षड्यन्त्र, गुप्त षड्यन्त्र, प्रवंचना[F], प्रतारणा[F], कपट, जालसाजी[F], जाल ।
collusive -'सिव् a. कपटसन्धायी, (का०) **दुरभि-संधिपूर्ण,** कपटसन्धिपूर्ण, षड्यन्त्रपूर्ण, कपटमय ।
collutory कॉ'ल्यूटॅरि n. (चि०) **मुखधावन, कंठलेप** ।
colluvies कॅल्'विईज़् n. (pl.) गन्दगी[F]का ढेर, कूड़े-करकटका ढेर, घूरा ।
colly कॉ'लि n. अंगार-कज्जल, COLLYRIUM का संक्षेप ।
collyria कॅलि'रिॲ n. (चि०) **नेत्रधावन** ।
collyrium –यॅम्' n. (pl. ~ *ia*) (चि०) **नेत्रविन्दु,** नेत्रांजन, **अंजन,** काजल, सुरमा; दस्त लानेवाली दवा[F]की वत्ती[F] ।
collywobbles कॉ'लिवॉबॅल्ज़् n. (pl.) (बोल०) पेटकी गड़गड़[F], गुड़गुड़[F], गड़गड़ाहट[F] ।
colocynth कॉ'लॅसिन्थ् n. (चि०) **इन्द्रायण**[F], इन्द्र-वारुणी[F], कड़वी लौकी[F]; रेचक औषध[F], विरेचक औषध[F] विशेष, जुलाव ।
colocynthin –'थिन् n. ऐन्द्रवारुणी[F], विरेचक[F], ऐन्द्रवारुणीका विरेचक द्रव्य ।
Cologne-earth कलोन्'-ॲर्थ् n. हिरमिच[F], एक लाल रंगकी मिट्टी[F] ।
Cologne-water –वॉटॅर् n. वासव-सलिल, एक प्रकारका इत्र ।
colon[1] को'लॅन् n. (चि०, जीव०, श० र० शा०, कृषि०) **वृहदन्त्र,** स्थूलान्त्र, मलाशय, (चि०) बड़ी अंतड़ी[F], अँतड़ी[F]-का बड़ा भाग, **कोलन** (उण्डुक या अन्धनाली[F] या बद्ध-नाली[F]से गुदनलिका[F] या उत्तरगुदतक); उण्डुक या अंधांत्रसे मलाशय तक; छेदचिह्न विशेष ।
colon[2] n. द्विविन्दु, उपविरामचिह्न, उपसर्ग चिह्न, कोलन (प्रायः आगे एक डैश भी रहता है :—) ।
colonel कॅर्'नॅल् n. महावलाधिपति, गुल्मपति, एक उच्चतम सैनिक पदाधिकारी, गुल्माध्यक्ष, (राज०) **कर्नैल;** लेफ्टिनेण्ट कर्नल (का संक्षिप्त); C~ commandant पल्टन[F]का उच्चाधिकारी ।
colonelcy, colonelship –सि्, -शिप् nn. कर्नलका पद, गुल्माध्यक्षका पद, कर्नैली[F] ।
colonial कॅलो'निॲल् n. & a. **उपनिवेशिक,** औप-निवेशिक, उपनिवेश-निवासी, उपनिवेशी; मण्डलीय; (जीव०) **संघवासी, संघजीवी;** C~Office औप-निवेशि-कार्यालय, उपनिवेश-विभाग;
~ affairs, ~ agent, ~ animals, ~ dependency, ~ form, ~ imperialism, ~ office, ~ policy, ~ powers, ~ protectorate, ~ rule, ~ Secretary, ~ service, ~ state, ~ superiority, ~ war.
colonialism –लिज़्म् (जीव०) **संघवासिता**[F]; **संघजीविता**[F]; (राज०) **उपनिवेशवाद,** उपनिवेश-स्थापनकी नीति[F], उपनिवेश-निवासियोंकी रीति[F] ।
colonist कॉ'लॅनिस्ट् n. उपनिवेशक, (कृषि०, अर्थ०) **उपनिवेशी,** उपनिवेशवादी, उपनिवेशमें वस जानेवाला ।
colonitis कोलॅनाइ'टिस् n. वृहदन्त्र-शोथ, बड़ी अँतड़ी[F] (कोलन) की सूज़न[F] ।
colonization कॉलॅनाइज़े'शॅन् n. **उपनिवेशन** (~ *scheme*), नयी वस्ती[F] वसाना ।
colonizationist –निस्ट n. (राज०) **उपनिवेशवादी** ।
colonize –'लॅनाइज़ v. t. & i. उपनिवेशकी स्थापना[F] करना, नयी वस्ती[F] बसाना; नयी जगह[F] जाकर बस जाना, उपनिवेशमें सम्मिलित होना; (राज० अमरीकी) किसी जिलेमें पक्षावलम्बी या दलविशेषके मतदाता वसाना ।
colonizer –ज़ॅर n. उपनिवेश वसानेवाला, उपनिवेशमें वसनेवाला ।
colonnade कॉलॅने'ड् n. (पुरा०) **स्तम्भावलि**[F], स्तम्भमाला, श्रेणीवद्ध स्तम्भसमूह, स्तम्भश्रेणी[F], खम्भोंकी पंक्ति[F], बहुतसे खम्भोंवाला दालान या बरामदा; तरु-माला[F], वृक्ष-श्रेणी[F] ।
colony कॉ'लॅनि n. (राज०, का०, इति०) **उपनिवेश;** (वन०), **मण्डल;** (राज०, का०, इति०) **बस्ती**[F]; (ग्रीक इति०) प्रवासियों द्वारा स्थापित स्वतन्त्र नगर; अधि-राज्य, साम्राज्य, पराधीन देश, राज्य; (रोम इति०) विजित प्रदेशमें सैनिक उपनिवेश, छावनी[F]; एक राष्ट्र या व्यव-सायवालोंकी किसी नगरमें वस्ती[F] (इसी प्रकार पशुओंके विषयमें भी ~ *of sparrows* आदि); (जीव०) **संघ;** (प्राणि०) प्राणिवृन्द या झुण्ड, कीटपुंज (जैसे, प्रवाल या मूँगेमें); (वन०) T.
coloph-, colophon- राल (~*ate*) ।
colophon कॉ'लॅफॅन् n. पुष्पिका[F], प्राचीन पुस्तकों[F]के अन्तिम पृष्ठपर अलंकृतरूपसे मुद्रक, प्रकाशक और तिथि[F] आदिका विवरणसूचक लेख (जो अव मुखपृष्ठपर रहता है); *from title-page to* ~ आदिसे अन्ततक ।
colophonate कॅलॉ'फॅनेट् n. उदायासीय, कोलोफनेट, कोलोफनिकाम्लका लवण, डामर नमक, काली राल[F]के तेजावका नमक ।
colophonic कॉलफॉ'निक् a. उदायासिक, कोलोफनिक अम्लका; डामरके नमकका ।
colophony कॅलॉ'फ़नि n. उदायास, धूनक, डामर, तारपीनका तेल, धूना, काली राल[F] (जिसमेंसे तारपीन चुआते हैं); कोलोफनी, कोलफनी, रोजिन ।
coloquintida कॉलॅक्विन्'टिडॅ n. इन्द्रवारुणी[F], कड़वी ककड़ी[F] या लौकी[F] ।
color क'लॅर् ⊙ = COLOUR.
Colorado-beetle कॉलॅरा'डो-वीटॅल् n. किरौना; आलूकी फसल[F]को हानि[F] पहुँचाने वाला काली धारियों-वाला पीला भौंरा ।
colo(u)ration क(का)लॅरे'शॅन् n. वर्णसामंजस्य, वर्णक्रम; (जीव०) **रंजन,** रँगना; रँगाई[F], रंगतदारी[F], रंगत[F]; रंग भराई[F], (चित्रमें) रंग देनेका कार्य, रंग-

सजावट^F; रंग; प्राकृतिक रंग; सजीव या इतर वस्तुओं^{F}के वर्ण।

coloratura कॉलॅराटुअॅ'र n. गमक, बोलतान, कम्प, संगीतको लयदार और गमकदार बनाना।

colorific कॉ(क)लॅरि'फ़िक् a. वर्णोत्पादक, वर्णजनक, रंग पैदा करनेवाला; बहुत रंगीन गहरे रंगका।

colorimeter क(कॉ)लॅरि'मि`टॅर् n. (वन०, रसा०, भौ०) **वर्णमापी**, रंगमापी, रंगमान, रंग-मापक यन्त्र, T.

colorimetric –मे`'ट्रिक् a. (चि०) **वर्णमापीय**; ~ analysis, ~ method, ~ test.

colorimetry –मि`ट्रि n. (भौ०) **वर्णमिति**^{F}, रंगमिति^{F}, रंगकी तीव्रता^{F}की जाँच।

colossal कॅलॉ'सॅल् a. विशाल मूर्त्तिसम्बन्धी, विशाल मूर्त्ति^{F}का; बृहत्काय, अतिमानुषाकार, भीमविग्रह, बृहत्, प्रकाण्ड, प्रचण्ड, विशाल; लक्षणीय, चमत्कारपूर्ण, मनोरंजक, बहुत सुन्दर।

Colosseum कालॅसी'अॅस् n. रोम नगरकी एक विशेष नाट्यशाला^{F}।

colossus कॅलॉ'सॅस् n. (pl. ~*i*, ~*uses*) भीमविग्रह मूर्त्ति^{F}, बृहत् प्रतिमा^{F}, विशालमूर्त्ति^{F}, देवकाय प्रतिमा^{F}, साधारण डील-डौल^{F}से बड़ी मूर्त्ति^{F}, विशालकाय पुरुष या साम्राज्य आदि।

colostrum कॅलॉस्'ट्रम् n. पीयूष, नवदुग्ध (कृषि०, रसा०) **खीस**^{F}, फेनस, फेउँस, पेउसी^{F}, T.

colotomy कॅलॉ'टॅमि n. (शल्य०) बृहदन्त्रच्छेदन, पेटका चीरा।

colour*, **color**⊙ १. n. **वर्ण***, **रंग***; (का०) **आभास**; लाली^{F}, सुर्खी^{F} (चेहरेकी); विच्छिन्न या विभाजित प्रकाश-किरणों^{F} द्वारा आँख^{F}पर डाला हुआ संवेदन, रूप; आभा^{F}, ओप, रूपरंग, शान^F, चमक^F, स्वरूप, शक्ल-सूरत^F (*see in its true* ~s) (का०) **ब्याज**, बहाना, हीला, बनावटी बात^F (*give no* ~ *for saying*); (चित्रकला^{F}) वर्णमिश्रणका सिद्धान्त, रंग भरनेकी विशेषता^{F}, रंग भरनेका नियम; प्रकाश और छाया^{F}के आनुपातिक प्रभावका प्रत्यक्षीकरण; रँगाई^F, रंगारंगका चूर्ण; रंगीन बानक, बाना, फीता या वर्दी^{F}; रंगीन कपड़ा, रेशमी झण्डेका जोड़ा, पताका^{F}, सेना या जहाजका फरहरा; (बहु०) (परि०) **ध्वजा**^{F}, झण्डा (*regimental*~*s*) रंगबिरंगा परिधान, रंगीन पहनावा या पोशाक^F; सैन्यदल द्वारा गृहीत झण्डा (*trooping of the* ~ or ~*s*); (संगीत) स्वरीय-व्यंजना-वैविध्य, गायन-विशिष्टता^{F}, गायनके प्रकार, गानेकी शैली^{F}; (सामा० इति०) अर्थच्छाया^{F}, विशेषता^{F}, चरित्र, चलावा, टेक^F या टेका, रंग-ढंग, अवस्था^{F} या मूड, तर्ज^F (*take* one's ~ *from*) मूर्त्ति-चित्रण विधि^{F}, बिम्बग्राहकता^{F}; अलंकृतशैली^{F} (*local* ~); accidental, complementary ~ सहायक रंग, पूरक रंग; ~bar वर्णभेद, (राज०) **रंगभेद**, **गोरे-कालेका भेद**, गोरे-कालेका भेदभाव; ~-blind **वर्णान्ध**, रंगान्ध, रंग पहचाननेमें असमर्थ, रंग पहचाननेमें अक्षम; रँगौंधिया; ~man रंगविक्रेता, रंगोंका सौदागर, रंग बेचनेवाला; ~ pigment (यन्त्र०) **वर्णक**; ~ printing रंगीन छपाई^F; ~-scheme (कमरे आदिकी) रंग-व्यवस्था^{F}; ~-sergeant ध्वजरक्षक, ध्वजवाही सैनिक, झण्डेका रक्षक, झण्डा-सिपाही; ~ -wash (यन्त्र०, रेल०) **रंग पुताई**^{F}; रंग फेरकर बिगाड़नेका कार्य (v.t. भी); fundamental, primary, simple ~s मूलवर्ण, मूलभूत रंग (रक्त, हरित और बैंगनी या चित्रकारी^{F}में रक्त, नील और पीत) man of, woman of ~ अश्वेतजातीय पुरुष या स्त्री^{F}, नीग्रो आदि, काला आदमी; secondary ~ मिश्रित वर्ण, दो मूल वर्णोंके मिश्रणसे बना वर्ण; *a blind man is no judge for* ~*s* अन्धा क्या जाने बसन्तकी बहार^F; *change* ~ रंग बदलना या बदल जाना, लज्जा^{F}से सुर्ख हो जाना, सुर्खी^{F} दौड़ जाना; *come off with flying* ~ सफलता^{F} पाना, बाजी^{F} जीतना, विजय प्राप्त करना; *gain* ~ रंग आना, लाल होना; *get* one's, *give* one *his*, ~*s* व्यायाम करने या खेलनेवालोंकी संख्या^{F}में प्रविष्ट किया जाना, ले लिया जाना, वर्दी^{F} पाना; *join* ~*s* भर्ती होना; *lose* ~ रंग उड़ना या रंग फक हो जाना, पीला पड़ जाना; *nail* ~*s to mast* दृढ़ रहना, स्थिर रहना, जगह^{F}से न हटना, नीचे उतरनेसे इन्कार करना, जमे रहना; *off* ~ सदोष, दोषपूर्ण; *sail under false* ~*s* दम्भी या धोखेबाजके अधीन रहना; *see the* ~ *of* one's *money* किसीसे रुपया प्राप्त करना; *show* one's ~s अपनी मूलप्रकृति^{F}को प्रकट करना; *with flying* ~ s सफल; *with the* ~*s* सेना^{F}में नियुक्त;

~-bearer, ~ blindness, ~-box, ~ cake, ~ codes, ~ circle, ~ comparator, ~ comparison, ~ contrast, ~ disc, ~ discrimination, ~ dispersion, ~ effect, ~ factor, ~ fast, ~ fatigue, ~ film, ~ filter, ~-free, ~ index ~ light signal, ~ line, ~-maker, ~making, ~ matching, ~ mixer, ~ mixing, ~mixture, ~ photography, ~ printing, ~ process, ~ pyramid, ~ reaction, ~ ribbon, ~ saucer, ~ scheme, ~ screen, ~ sensation, ~ sensivity, ~ service, ~ shades, ~ slab, ~ spectrum, ~ standard, ~ television, ~ temperature, ~ test, ~ tints, ~ transparency, ~ triangle, ~ type, ~ variation, ~ vision, ~ washed, ~-washing, ~ weakness, ~ wheel.

colour[2] v.t. & i. रंजन करना, रंजित करना, रंगना; रंग देना, रंग भरना; सत्यको छिपाना, असत्य कथन करना (*highly* ~*ed details*); रंगा जाना, रंग आना, लज्जित होना, लजाना, झेंपना, शरमाना; प्रभाव छोड़ना, अपनी छाया^{F} देना (*motive* ~*s act*)।

colourable क'लॅरॅबॅल् a. सुदर्शन, मनोहर, रमणीक, सुन्दरमूर्त्ति-सम्पन्न; सत्याभासिक, (का०) **आभासी**

(~*sale*), कृत्रिम, जाली, नकली ।
colourableness –नि॑स् n. आभासिता^F; सुदर्शनता^F ।
colouration –रे॑शॅन् n. दे॰ COLORATION.
coloured –लॅर्ड a. रंजित, रंगीन, अगौर; अत्युक्त; ~ed person अगौरजातीय, गैर-योरुपीय; ~ cement, ~ hearing, ~ peoples, ~ shadows, ~ smoke.
colourful –र फुल् a. रंगीन; प्रसादकारी, सुदर्शन, मनोरंजक ।
colouring –रिंग् n. रंजन, रँगाई^F आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (यन्त्र॰) **रंग भरना**; दे॰ COLORATION; ~ matter (कृषि॰, वन॰, रसा॰) **रंग, रंगद्रव्य,** (चि॰, कृषि॰, वन॰, रसा॰) **रंजक द्रव्य** ।
colourings – रिंग्ज़् n. रंजनद्रव्य ।
colourist –रिस्ट् n. रंजक, वर्णपूरक, चित्रकार, वर्णपूरणमें दक्ष व्यक्ति, वर्णकुशल, रंगसाज ।
colouristic –टिक् a. वर्णकुशलतापूर्ण, वर्णविचित्र ।
colourization –राइज़े॑शॅन् n. रंजन, रँगाई^F, रंगत^F ।
colourless –'लॅर् लि॑स् a. विवर्ण, पीला, जर्द; फीका, हलके रंगका; निर्वर्ण, वर्णहीन, अवर्ण, **रंगहीन**, बेरंग; तटस्थ, उदासीन, अलग-अलग; कुदर्शन, वैशद्यरहित, वैशिष्ट्यहीन, रूखा-फीका ।
colourlessness –नि॑स् n. विवर्णता^F, रंगहीनता^F, उदासीनता^F, वर्णहीनता^F, फीकापन, रूखापन, पीलापन; वैशिष्ट्यहीनता^F ।
coloury –रि a. (वाणिज्यमें उत्कर्ष परिचायक) वर्णोज्ज्वल; प्रसिद्ध, पक्का, चोखा, प्रामाणिक रूप-रंगका (जिससे मालकी श्रेष्ठता प्रकट होती है) ।
colportage कोल्पॅर्टाज्, कॉल्'पॅर्टिज् n. फेरी लगाकर धार्मिक पुस्तकें^F बेचनेका ढंग ।
colporteur कॉल्'पोर्ट ॅर्, कॉल्पोर्ट ॅर् n. धर्मपुस्तक-विक्रेता, फेरीवाला पुस्तक-विक्रेता, बाइबिलविक्रेता, धार्मिक पुस्तक^F बेचने या बाँटनेवाला ।
colpotomy कॉल्पॉ'टॅमि n. योनिच्छेदन ।
colt[1] कोल्ट्' १. n. (नौवि॰) कशा^F, कोड़ा; किशोरक, अश्वक, अश्वशावक, (कृषि॰) **बछेड़ा**, चार-पाँच सालका जवान घोड़ा; अनुभवशून्य या कच्चा व्यक्ति; नया खिलाड़ी, अलल बछेड़ा, अनाड़ी; २. v.t. कोड़ेसे मारना; ~ foal (कृषि॰) **बछेड़ा**; ~-herb या ~'s foot अश्वखुरा^F, लम्बी पत्तियों^Fवाली एक घास^F; ~'s tail छिन्नान्त मेघ, फटे-फटे किनारेवाले बादल; *he who can not ride a gentle horse must not back a mad* ~ बिच्छूका मन्त्र न जाने साँपके बिलमें हाथ डाले ।
colt[2] n. एक स्वयंचालित तमंचा या बन्दूक^F, कोल्ट पिस्तौल^F ।
colter –'टॅर् n. क्षुरप्र, खुरपा; हलका फार ।
colthood –ट्'हुड् n. बछेड़ापन; अनाड़ीपन ।

coltish –'टिश् a. बछेड़े-सा; अनाड़ी, नटखट, खिलन्दरा, बेहूदा ।
Coluber कॉ'ल्यूबॅर् n. एक निर्विष सर्प, कोलूबर ।
colubrine –ब्राइन् a. कोलूबरा साँपका, सर्पके समान, (प्राणि॰) निर्विष सर्पोंका एक बड़ा भारी वंश ।
Columba कॅलम्'बॅ n. पारावत, (ज्यौ॰) **कपोत** ।
columbarium कॉलॅम्बे॑ॲ'रिॲम् n. (pl. ~*ia*) (आधु॰ प्रयोगमें) अस्थिशेष रखनेका ठाकुरद्वारा ।
columbate कॅलम्'बॅट् n. काशीय, एक मूल्यवान् धातु^F; कोलम्बेट, कोलम्बिकाम्लका लवण ।
Columbian कॅलम्'बिॲन् a. कोलम्बसका, अमेरिकी ।
columbic कॅलम्'बिक् a. काशिक (~*acid*); कोलम्बियमीय, कोलम्बियम-सम्बन्धी, कोलम्बियमका; ~ acid कोलम्बिकाम्ल ।
columbier कॅलम्'बिॲर् n. लिखनेके कागजका आकार (२३½ × ३४½ इंच) ।
columbine[1] कॉ'लॅम्बाइन् १. n. निसुमन, (वन॰) **गुलकबूतर**, पाँच कबूतरोंके समुच्चय-जैसे फूलवाला एक पौधा; मेकपाद; २. a. कपोतीय, कपोतानील, कपोतवर्ण ।
Columbine[2] n. मूक अभिनयमें नायिका^F, भड़ुआइन^F ।
columbite कॅलम्'बाइट् n. अयःकाशिज, काशनी रंगकी एक धातु; (रसा॰) **कोलम्बाइट**, एक खनिज जिसमें लोह और मैंगनीजके कोलम्बेट और टैण्टलेट रहते हैं ।
columbium कॉलॅम्'बिॲम् n. काशधातु^F, काशनी रंगकी एक धातु; (रसा॰) **कोलम्बियम**, नियोबियम, एक तत्त्व ।
columella कॉलॅमे॑'लॅ n. (प्राणि॰) **मध्याक्षक, मध्यका^F, कर्णदण्डिका, कालुमेला**; (वन॰) स्तम्भिका^F, कील^F, नरी^F, खूँटी^F ।
column कॉ'लॅम् n. (समाचार-पत्रोंका लम्बाई^Fमें) (ग॰ भी) **स्तम्भ**, वर्गीकरण, **खाता, कालम**; विशेष विषयोंके लिए दिये हुए विभाग; स्कन्ध; सैन्यश्रेणी^F, टुकड़ी^F (जिसका सामनेका भाग कम चौड़ा हो); स्कन्ध, सैन्य श्रेणी^F, टुकड़ी^F (जिसका सामनेका भाग कम चौड़ा हो); स्कन्ध, वंश, खम्भ, **खम्भा**, मीनार^F, लाट^F; **दंड**; (ला॰) अवलम्ब, साहाय्य, सहाय, टेक^F; advertisement ~s विज्ञापनके स्तम्भ; ~ of smoke धूम-स्तम्भ, सीधे उठनेवाला धुआँ; ~ of water, mercury (रसा॰) **जलस्तम्भ**, पानी या पारेका स्तम्भाकार पुंज; ~-shaped object (श॰ र॰ शा॰ और वन॰ में) स्तम्भाकार पदार्थ; ~ wise (ग॰) **स्तम्भानुसार**; fifth ~ जहाजोंकी पंक्ति^F, जहाजोंका बेड़ा (जब वे एक दूसरेके पीछे जा रहे हों), शत्रुसंस्था^F, गुप्त सैन्य; our ~s, the ~s of the (Times) (टाइम्स) समाचार-पत्रका वस्तु-विषय; quarter ~ छः कदमके अन्तरकी पंक्तियाँ^F; *in ~ of sections, platoons, companies* उपविभाग आदिकी पंक्तियों^Fमें; ~ base, ~ cover, ~ diagram, ~ matrix, ~ nullity, ~ rank, ~ space.

columnar, columned कॉलॅम्'नॅर्, का'लॅम्ड् aa. (चि०) **स्तम्भाकार**, स्कन्धाकार, स्तम्भवत्, स्तम्भवाला, खम्भे-सा, खम्भेदार;
~ arrangement, ~ cash book, ~ epithelium, ~ jointing, ~ structure.

columnated कॅलम्'नेटि'ड् a. स्तम्भालंकृत, खम्भोंसे सजाया हुआ।

columniation कॅलम्निऍ'शॅन् n. स्तम्भ-राजि^F, (किसी भवनमें) स्तम्भ बिधा^F।

columniform –'निफ़ॉर्म a. स्तम्भाकार।

columnist ⊙ कॉ'लॅम्निस्ट् n. (किसी समाचार-पत्रमें क्रमशः लिखनेवाला) स्तम्भ-लेखक, जर्नलिस्ट; fifth ~ विश्वासघाती राजनीतिक, गुप्त शत्रु।

colure कल्युॲर् n. (ज्यौ०) **उन्मण्डल**, ध्रुववृत्त।

colza कॉल्'ज़ॅ n. वन्य कपिशाक; =COLE-SEED, गोभीका बीज, करमकल्लेका बीज।

com- सम्-, सम्यक्-, पूर्णरूपेण (जैसे, ~*fort*, ~*ply*)।

Com. Commander; Commodore; Committee; Commissioner; Commonwealth; Communist.

com. common; comedy; commerce; commune.

coma[1] को'मॅ n. (कृषि०, शिक्षा०, चि०) **अतिमूर्छा**^F, अधिमूर्च्छा^F, **संमूर्छा**^F, संन्यास, गंभीर तामसी निद्रा^F, प्रमाद, अचेतनावस्था^F, अचेतनता^F, (कृषि०, शिक्षा०, चि०) **निश्चेतनता, संन्यास**, आलस्य, शिथिलता^F, अस्वाभाविक गम्भीर निद्रा^F, परिन्यष्टि^F।

coma[2] n. (pl. ~*ae*) पुच्छलतारेके सिरपर लिपटी हुई नीहारिका^F, धूमावरण; (ऋतु०) **प्रतिबिम्बविकार, कोमा**; बीजरोम, (वन०) **लोमगुच्छ**, संगुच्छ, बीजके अन्तमें बालोंका महीन गुच्छा, बीजका गुच्छा, बीजकी दाढ़ी^F; फटीर, रेशेदार अँखुआ; **जटा**^F; **पुच्छ**^F, **पूँछ**^F; पेड़की चोटी^F।

comate[1] कॉ'मेट् a. केशी, रोमयुक्त, रेशेदार।

co-mate[2] को'मेट् n. संगी, साथी।

comatose को'मॅटोस् a. संन्यस्त, तामसी निद्राग्रस्त, संज्ञाहीन, निद्रातुर, अचेत, बेखबर।

comb[1]* कोम्' n. कंकत, कंघा, **कंघी**^F*; ऊन साफ करने या बिजली^F संग्रह करनेका कंघी^Fजैसा यन्त्र; (मुर्गे आदि पक्षियोंका) केश, ताज, (कृषि०) **छत्ता** (~ *foundation*, ~ *honey*) (कृषि०) **कलगी**^F; शिखा^F, चूड़ा, चोटी^F; लहर^F या पहाड़की चोटी^F; मधुकोष, छत्र, छत्रक, शहदका छत्ता; ~-out कंघी करनेकी प्रक्रिया^F या स्थिति^F; ~ -brush कंघी साफ़ करनेका ब्रुश; curry-~ खरहरा; *cut the ~ of* तिरस्कृत करना, शेखी^F किरकिरी करना।

comb[2] v.t. & i. कंकतन करना, कंघी^F करना, ऊन या सनको साफ करना, खरहरा करना; बल निकालना, तूमना; (लहर^Fका) पेचानी होना, बल मारना; बल खाना; (स्थानको पूर्ण रूपसे) खोजना, ढूँढ़ना; **छानडालना**; ~*out* चुन लेना, निकाल लेना, छाँट लेना; रंगरूट भर्ती करना।

combat क(कॉ)म्'बॅट् १. n. संयोध, योधन, **समाघात**, (शिक्षा०) **युयुत्सा**^F, संघर्ष, द्वन्द्व, सामना, लड़ाई^F; २. v.t. & i. संयोधन करना, प्रत्युपाय करना, युद्ध करना, संघर्ष करना, प्रतिरोध करना, विरोध करना, सामना करना, लड़ना, भिड़ना, लड़ाई^F करना, मुकाबिला करना; single ~ द्वन्द्वयुद्ध, कुश्ती^F, अकेले-अकेलेका दंगल;
~ code, ~ effectiveness, ~ readiness, ~ troops, ~ zone.

combatable –बॅल् a. संयोधनीय, प्रतिरोधनीय, योधनीय।

combatant –टॅन्ट् n. & a. योद्धा, संयोधी, (का०) **योधी, लड़ाकू**, लड़नेवाला (~*unit*)।

combative –टिव् a. रणशील, लड़ाका, झगड़ालू, जुझारू।

combativeness –नि'स् n. लड़ाकूपन, झगड़ालूपन, जुझारूपन।

combe कूम् n. घाटी^F, वादी^F।

combed कोम्ड्' a. कंघीदार, कंघी^F किया हुआ (~*cotton*); honey-~ मधुकोषयुक्त, छत्ते-जैसा, छत्तेभरा, छत्तेवाला; ~in work (यंत्र०) निकाई^F।

comber –'मॅर् n. कंघी^F करनेवाला (आदि क्रियागत अर्थोंमें); कंकत, कंघा; धुना, धुनकी^F, ऊन या सन साफ करनेका औजार; बल खानेवाली लहर^F।

combination कॉम्बिने'शॅन् n. व्यक्तियों या वस्तुओंका समुच्चय, संघ; संघटना^F; (बहु०) संचयन, **संचय**; संहति^F, (रसा०, प्रा० भू०, ग०) **संयोजन**, समेकन, संश्लेष, संघात, संसर्ग, (रसा०) **संयोग**, संग, समवाय, व्यक्तिकर, सम्मिलन, जुटाव, जोड़, **मेल**, एकजाई^F, मिल्लत^F; संयुक्त कार्य; (रसा०) संयोग, (प्रा० भूगोल) **सम्मिश्रण, सम्मिलन**, मिलाव, भिन्न द्रव्योंका सम्मिश्रण; एकमें ही जुड़े हुए पाजामा और कुर्तावाली स्त्रियों^Fकी तङ्ग पोशाक^F, साइडकारवाली मोटरसाइकिल^F; ~ (lock) (सेफों और भीतरी कमरोंमें सुरक्षा^Fके विचारसे ताला बन्द करनेका) पेंचदार ढंग; ~ characters **मिश्र अक्षर**; ~-room कैम्ब्रिजमें विद्यार्थियोंका कमरा; ~ tone **संयुक्त स्वर**;
~ control, ~ fuse, ~ law, ~ nucleus, ~ pools, ~ principle, ~ stand, ~ test, ~ tool.

combinational –नॅल् a. संयोज्य, संयोजनीय, संघाती, संयोगशील, सम्मिलित (~ *tone*)।

combinative –'बिनेटिव a. संयोजक, संयोजनीय, संयुक्त, एकत्र, ऐक्यकारक, इकट्ठा हो जानेवाला।

combinator –टॅर् n. संयोजक, संयोगी।

combinatory –नेटॅरि a. = COMBINATIVE.

combine कॉम्'बाइन्', कॅम्बाइन् (vb.) १. n. संयत्र, संयुक्तक, पटरा, फसल^Fको पीटनेकी मशीन;^F समुच्चय,

गुट्ट, एका, जत्था; घेरा; २. v. t. & i. संश्लिष्ट करना, संयोजन करना, समेकन करना, संयुक्त करना, सम्मिश्रित करना, संघबद्ध करना, संहत या समवेत करना, एकीकृत करना, एक करना, (कृषि०, यंत्र०, रेल) **जोड़ना; मिलाना;** मिल जाना, मिलित होना, जमा होना, इकट्ठा हो जाना; विभिन्न गुण रखना; संघटित होना, समन्वित होना, संयुक्त होना, एक तत्त्वमें मिश्रित करना।

combined –ड a. **संयुक्त,** (रेल०) **सम्मिलित,** संयोजित, **मिला हुआ;** ~ ed operation संयुक्त रूपसे आक्रमण;

~ carbon, ~ class, ~ drill, ~ fare, ~ film, ~ footing, ~ hand, ~ influence, ~ iron, ~ lantern, ~ legation, ~ office, ~ operation, ~ protein, ~ report, ~ staff, ~ strain, ~ stress, ~ sub-office, ~ system, ~ ticket, ~ train, ~ volume, ~ workshop.

combiner -'नॅर् n. संयोजक।

combing कों'मिंग १. n. कंघी[F] करना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); झाड़न, झाड़न-झूड़न[F]; सफाई[F], झड़ाई[F], तुमाई[F]।

combings –ग्ज़ n. (pl.) कंघी[F] करते समय टूटकर अलग हुए बाल; झाड़न-झूड़न[F]।

combining कॅम्बाई'निंग् a. संयोजक, **संयोजी** (~ *weight*); संयोजन;

~ capacity, ~ power, ~ weight.

comburimetry कॅम्ब्यूरि'मिट्रि n. दहानिलमिति[F], गैस[F]को जलानेके लिए हवा[F]की प्रक्रिया[F]।

comburrent कॉम्'बरॅन्ट a. (वैमा०) **दाहक**।

combust कॅम्बस्ट् a. ज्योतिर्मिति[F]में उस ताराका जो सूर्यके अति निकट है; सूर्यतप्त, प्रज्वलित, दग्ध।

combustibility –टिबि'लिटि n. (रसा०) **दाह्यता[F]**, ज्वलनार्हता[F], दाह्यग्राहकता[F], ज्वलनशीलता[F], दहनशीलता[F]।

combustible -'टिबॅल् n. & a. ज्वलनार्ह, सुदाह्य, (रसा०, चि०) **दाह्य,** दहनीय, दाहग्राहक, (यंत्र०) **दहनशील** (~ *cargo*, ~ *gas*), ज्वलनशील, भड़क उठनेवाला, आग[F] पकड़नेवाला (~*material*); (बहु०) **ज्वलनशील पदार्थ**।

combustibleness –निॅस् n. दाह्यता[F]; ज्वलनशीलता[F]।

combustion –'चन् n. प्लोष, ज्वलन, (रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, चि०) **दहन,** दाह[F], जलना; (रसा० आदि) रासायनिक संयोगसे प्रकाश और तापकी अभिवृद्धि[F]; सजीव स्नायु[F]का जारण, जारणा[F];

~ apparatus, ~ boat, ~ bomb, ~ cell, ~ chamber, ~ control, ~ engine, C ~ Engineer, ~ engineering, ~ furnace, ~ glass-tube, ~ hood, ~ locomotive, ~ method, ~ motor, ~ product, ~ reaction, ~ spoon, ~ test tube, ~ train, ~ tube.

Comdr. Commander.

Comdt. Commandant.

come[1] –कम्' n. ~-and-go आवागमन, इधर-उधरकी आवाजाही[F]; ~-down अपकर्ष, ह्रास, पतन, गिरावट[F]।

come[2]* v.i. (*came, come*) आगमन होना, आ ना*, किसी स्थान या समय या परिणामपर पहुँचना, आगे बढ़ना; आनीत होना, उपनीत होना, लाया जाना (*the dinner came*); ~ back ⊙ वकयन्त्र, अर्क खींचनेका भभका, करमडेग; ~ back प्रत्यागमन, वापस आना; ~-on ⊙ विश्वास; ~-outer ⊙ जनित, उत्पन्न, पैदा हुआ; ~ *about* घटित होना; ~ *across* भेंट[F] करना; ~ *along* शीघ्रता[F] करो, जल्दी[F] करो; ~ *and go* इधर-उधर आना जाना; क्षणिक या नश्वर होना; अल्पकालिक या संक्षिप्त भेंट[F]; ~ *at* पहुँचना; ~ *back* ⊙ पुनः आगे आना, फिर सामने आना; ~ *by* प्राप्त करना, पाना; ~ *down upon* दण्डित करना, दण्ड देना, सजा देना; ~ *home to* अत्यधिक प्रभावित करना, अधिक प्रभाव डालना, ज्यादा असर डालना; ~ *in* प्रविष्ट होना, प्रवेश करना, घुसना, अन्दर जाना; ~ *in* one's *way* विघ्न डालना, बाधा[F] उपस्थित करना; ~ *in to* प्राप्त करना, पाना; ~ *into effect, force* प्रचलित होना, लागू होना, प्रवर्तित होना, प्रभावी होना : ~ *into operation* प्रचलित होना, **चालू होना;** सक्रिय होना; ~ *into sight* दृष्टिगोचर होना, दृष्टिपथमें आना, नजर[F]के सामने आना; ~ *into the world* पैदा होना; ~ *of age* वयस्क होना; ~ *off* पृथक् होना, विलग होना, अलग होना; ~ *on* बढ़ना; ~ *out* सफल होना, कामयाब होना; ~ *out* ⊙ (प्रतियोगिता[F] इत्यादिसे) अपनेको अलग करना; ~ *out with* बोल पड़ना; भेद खोलना; ~ *over* पार करना; अभिभूत करना; ~ *round* पुनः स्वस्थ होना, चंगा होना; ~*short* असफल होना, फेल होना; ~ *to* (परि०) **प्रतिवात आना, हवा[F]के रुख आना;** ~ *to a close* बन्द होना; ~ *to an end* समाप्त होना, अन्त होना, खतम हो जाना; ~ *to a point* एक सिरेपर सूच्याकार या नुकीला होना; ~ *to blows* लड़ जाना, भिड़ जाना; ~ *to hand* प्राप्त होना, (पत्र आदिके विषयमें) पहुँचना; ~ *to light* प्रत्यक्ष होना, स्पष्ट होना, आँखों[F]के सामने होना; ~ *to pass* घटित होना; ~ *up* आरोहण, चढ़ना; ~ *up* (परि०) **सटक जाना;** ~ *upon* सहसा आक्रमण करना; एकाएक हमला करना; ~ *what may* जो चाहे सो हो; *let 'em all* ~(ग्रा०) उद्यतता[F], सन्नद्धता[F]की घोषणा[F], तैयारी[F] है; *light* ~ *light go* सहज मिला सहज गया; *two years*~*Christmas* इस समयसे क्रिसमसतकके दो वर्ष।

come[3] ⊙ int. देखो !

come-at-able कम्-ऐट्-एबॅल् a. सुलभ, सुगम, सहजप्राप्य, पहुँच[F]के अन्दर, पहुँच[F]में।

comedian कॅमी'डिअन् n. सुखान्त नाटककार, कॉमेडी[F] (सुखान्त नाटक)का अभिनेता या लेखक ।
comedienne कॅमी (मे) डिअेन्' n. सुखान्त नाटककी अभिनेत्री[F], कॉमेडीकी पात्री[F] ।
comedietta कॅमीडिअॅ'टॅ n. छोटा प्रहसन, सुखान्त नाटिका, सुखान्त नाटक या छोटी कॉमेडी[F] ।
comedist कॉ'मि'डिस्ट् n. सुखान्त नाटककार, कॉमेडी (सुखान्त नाटक) का लेखक ।
comedo कॉ'मि'डो n. त्वचा[F]परका काला दाना, मस्सा ।
comedy कॉ'मि'डि n. हर्षप्रधान नाटक, मनोरंजक (और प्रायः व्यंग्यात्मक चरित्र अथवा जीवनका स्फुटीकरण करनेवाला) (साहि०) **सुखांतिकी[F], सुखान्त नाटक,** कॉमेडी[F]; नाटककी एक शाखा[F] या भेद (जिसमें साधारण व्यक्तियों और बोलचाल[F]का उपयोग किया गया हो); जीवनकी कोई सुखद घटना[F] या जीवन ।
comeliness कम्'लिनि'स् n. चारुता[F], मनोहरता[F], आकर्षकता[F], सुरूपता[F], सुन्दरता[F] ।
comely –लि a. सुश्री; चारु, मनोहर, आकर्षक, दर्शनीय, सुदर्शन, सुरूप, सुन्दर (आकृति[F], कभी-कभी व्यवहार या आचरण भी), आनन्ददायक; उपयुक्त ।
comer क'मॅर् n. आगन्ता, आगन्तुक, आनेवाला; all ~s चुनौती[F] लेने या स्वीकार करनेवाला ।
comestible कॅमे'स्'टिबॅल a. & n. (प्रायः pl.) खाद्य (द्रव्य), खाद्य (पदार्थ) ।
comet कॉ'मि'ट् n. (ज्यौ०, प्रा० भूगोल, ऋतु०) **धूमकेतु,** केतु, **पुच्छल तारा,** झाड़ूतारा; ~finder साधारण धूमकेतुदूरेक्ष, मामूली दूरबीन[F]; ~-wine पुच्छलतारेवाले वर्षमें खींची गयी शराब[F]; ~-year धूमकेतु-वर्ष (जिस वर्षमें धूमकेतुका उदय होता है) ।
cometry –टॅरि a. धूमकेतु-सम्बन्धी ।
cometic कॅमे'टिक् a. धूमकैतुक, धूमकेतु-सम्बन्धी, पुच्छल तारासे सम्बन्धित ।
cometography कॉमि'टॉ'ग्रॅफि n. धूमकेतु-वर्णना[F] ।
cometology कॉमि'टॉ'लॅज़ि n. धूमकेतु-विज्ञान ।
comfit कम्'फ़िट् n. मिष्टान्न, मिठाई[F], मेवोंकी मिठाई[F], पाग, इलाचीदाना, प्रत्येक प्रकारकी मिठाई[F] (जिसके अन्दर सूखा फल या गरी[F] हो) ।
comfort* कम्'फ़र्ट् १. n. **सौख्य*,** सुस्थता[F]; सुखकारक पदार्थ या सामग्री[F], सुखकर वस्तु[F], सन्तोषजनक या सन्तोषकारक पदार्थ, परितोषका कारण; सान्त्वना[F], उपशम, आश्वासन, विश्रान्ति[F], सन्तोष; निर्वृति[F], हर्ष, (अर्थ०) **सुख*, आराम*,** इत्मीनान; सान्त्वना[F] या आश्वासन देनेवाला; २. v.t. सान्त्वना[F] देना, ढाढ़स बँधाना, धीरज देना, आराम पहुँचाना; प्रफुल्ल करना; ~s fund सुखनिधि; ~station पाखाना; creature ~ अच्छा खाना, कपड़ा आदि; ~ *the king's enemies* (प्रा०) राजद्रोहियोंकी सहायता[F] करना ।
comfortable –टॅबॅल a. सुविधापूर्ण (~ *home*); आनन्दप्रद, सुखद, सुखकर, आरामदेह; स्थिरमति, सुस्थिर, शान्त; निर्द्वन्द्व, निश्चिन्त, स्वच्छन्द, सुखी, मौजी; the C~ Words 'Absolution in the Communion Office' के बाद आनेवाले बाइबिल[F]के चार अंश ।
comforter –'टॅर् n. शान्तिदायक, आश्वासक, आश्वासनदाता, सुखदायी, क्लेशापह, सान्त्वनाकारी, सुख पहुँचानेवाला; बच्चोंके लिए कृत्रिम चूचुक, चुसनी[F]; गलेमें बाँधा जानेवाला ऊनी रूमाल; Job's ~ ढाढ़स बँधाते हतोत्साह कर देनेवाला व्यक्ति; *the* C ~ पवित्रात्मा[F] ।
comfortless –ट्'लि'स् a. निरानन्द, सुखरहित, दुखी, बेचैन, सन्तोषहीन, असुखी; दुःखद; अतिशय शोचनीय ।
comfrey कम्'फ़्रि n. (pl. ~*s*) लम्बा खुरदरी पत्तियोंवाला एक पौधा, कम्फ्रे ।
comfy कम्'फ़ि a. (बोल०) सुखप्रद, सुविधाजनक, सुखकर ।
comic कॉ'मिक् १. n. (साहि०) **हास्यकार, विदूषक,** (बोल०) संगीतकक्षका विदूषक या मसखरा; प्रहसन; २. a. हास्योत्पादक, हासकर, हास्यजनक, हासपूर्ण, हँसी[F] लानेवाला (~ *song*, ~ *history of Rome* आदि); प्रहसन-सम्बन्धी, कॉमेडी-सम्बन्धी; हास्यपत्र, विनोदपत्रिका[F]; ~ opera प्रहसन, हास्यपूर्ण संगीत रूपक; ~ strip किसी पत्रमें क्रमशः मुद्रित होनेवाले (प्रायः हास्योत्पादक) रेखाचित्र ।
comical –कॅल् a. हास्योत्पादक, हास्यकारक, हास्यपूर्ण; अपरूप, अद्भुत, विचित्र, असंगत, अनोखा, निराला ।
comicality –कैं'लिटि n. कौतुक, हास्यता[F], अपरूपता[F], विचित्रता[F] ।
comicalness–मिकॅल्-नि'स् n. प्रहसनत्व, हँसोड़पन ।
Cominform. *Communist Information* Bureau.
Cominform कॉ'मिन्फ़ॉर्म् n. (*Communist Information* का संक्षेप) सन् १९४७ में व्यवस्थित साम्यवाद सूचना-केन्द्र (इति०, राज०); T.
coming क'मिंग् १. n. आगमन, आना; २. a. भावी, आगामी; ~ *nineteen* लगभग १९ वर्षका; ~ *in* प्रवेश; आय[F]; ~ *in heat* (कृषि०, शा० र० शा०) **भरमाना** ।
Comintern. The *Communist International*, or Third International.
Comintern कॉ'मिन्टॅर्न् n. (*Communist International* का संक्षेप) सन् १९१९ की तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय साम्यवादी सभा[F] ।
comitadji कॉमिटैड्'जि n. (बलकान प्रदेशोंमें) अव्यवस्थित सैनिक दल या समूह, कॉमिताजी[F] ।
comitatus कॉमिटे'टॅस् n. मध्यकालीन सामन्त, महासामन्त-पार्श्वरक्षक, सरदार ।
comitia कॅमि'शिअॅ n. जनसभा[F] (प्राचीन रोममें), (इति०) T.
comity कॉ'मिटि *n.* (राज०, का०) **साहचर्य, सौहार्द, सौजन्य,** शिष्टता[F], शिष्टाचार, भद्रता[F], सुजनता[F], भलमंसी[F]; ~ of nations अन्तर्राष्ट्रीय सौजन्य, राष्ट्रोंका सौजन्य, राष्ट्रोंके नियमों और प्रयोगोंके प्रति पारस्परिक

मैत्रीपूर्ण मान्यता[F]।

comm. commentary; commander; commodore.

Comma. कॉ'मॅ n. पुच्छविन्दु, स्वल्पविराम, अल्पविराम, (अंकोंके अलगावके लिए प्रयुक्त होनेवाला एक चिह्न) कामा (,); (संगीत) अन्तरिका[F], सुरोंका सूक्ष्म अन्तराल या अन्तर; ~ bacillus (चि०) वक्र दण्डाणु, कॉमाके आकारके हैजेके दण्डाणु, करण्डकाणु, कॉमाके आकारके हैजेके कीटाणु; inverted ~s उद्धरण चिह्न (जैसे, *he said 'no'* or "*no*" में)।

command[1] कॅमाण्ड्' n. नियोग, निदेश, (का०, दर्श०) **समादेश, आदेश,** शासन, आज्ञा[F], बोली[F], हुक्म (जिसपर सिपाही कवायद[F] करते हैं), हिदायत[F] **कमान;** वशित्व, प्रभुत्व, नियन्त्रण, अधिकार; समादेशाधिकार, समादेश भक्ति[F]; अधिष्ठातृत्व, आधिपत्य; सेना[F] आदिका दल; सेनापतिके अधीन क्षेत्र; ~ night राजकीय आदेशसे नाटककी रात[F]; ~ paper राजाकी आज्ञा[F]से पार्लियामेण्ट[F]में पेश होनेवाला कागज; ~ performance राजाज्ञा[F]से किया जानेवाला नाट्य; *at* ~ अधिकारमें, मुट्ठी[F]में; *at* ~ आज्ञा[F]-पालनके लिए तत्पर; *at* or *by* one's ~ किसीकी आज्ञा[F]के अनुसरणमें; *great ~ of language* भाषा[F]पर असाधारण अधिकार; *in ~ of* नायकत्वमें; *under ~ of* के नियन्त्रण या कमानमें;
~ area, ~ committee, ~ controller, ~ pay, ~ paymaster, ~ theory, ~ workshop.

commandant कॉमॅन्डैन्ट्' n. समादेष्टा, आदेष्टा, आदेशक, आज्ञापक, प्रभु; चमूपति, (राज०) **कमान अधिकारी,** कमान अफसर, **कमाण्डेंट।**

commandeer –डीअ़र v.t. (सैन्कि आवश्यकता[F]वश) सेनायत्त करना; प्रभावित करना, सिक्का बैठाना, रोब जमाना; छीन लेना, जब्त कर लेना (सामग्री[F] आदि)।

commander कॅमान'डर् n. समादेशक, आज्ञापक, आदेशकर्त्ता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); सामन्त, अमीर, नाइटकी उच्च उपाधि[F], लकड़ी[F]की बड़ी मुँगरी[F]; **कप्तान, कमाण्डर, सेनापति,** अधिपोतिक; C ~ in-Chief मुख्यबलाधिकृत, महासेनापति, **प्रधान सेनापति** T, (नौसेना०) पोताध्यक्ष या स्थान विशेषके समस्त जहाजोंका प्रधान; C~of the Faithful धर्म-नेता, अमीरुलमोमिनीन (इसलामके खलीफाकी उपाधि[F] या खिताब); Wing C ~ पक्षाध्यक्ष, वायुसेना[F]का अधिकारी या अफसर।

commandership –शिप् n. (उपर्युक्त अर्थोंमें) अध्यक्ष पद, प्रधान पद।

commandery –रि n. सेनाधिपति-शासित क्षेत्र।

commanding –डिंग् a. समादेशन, समादेश देना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); समादेशक; (पहाड़ी[F]) अवस्थिति[F]-का विस्तृत दृश्य देनेवाली; तेजोमय, उच्च, प्रभावशाली शानदार, रोबदाबका (व्यक्ति, दृष्टि[F], योग्यता[F] आदि); ~ Officer अफसर कमाण्डिंग, (राज०) **कमान अधिकारी,** कमान अफसर।

commandment –ड्'मॅन्ट् n. (दर्श०) **धर्मादेश,** शास्त्राज्ञा[F], विधि[F] (बाइबिल[F]की), ईश्वरीय आदेश या आज्ञा; eleventh c~ कोई भी आदेश या उपदेश (जो परिहासपूर्वक इनके साथका समझा जाय); the ten c ~ s मूसा की दस आज्ञाएँ[F]।

commando –'डो n. (pl. ~s) सेना[F]की टुकड़ी[F], दल, पलटन[F], फौजी दस्ता; १९३९–४५ के युद्धमें ब्रिटिश साम्राज्यकी आक्रामक सेना[F], (का०); T.

commate कॉ'मॅट् (वन०) **केशीय।**

commeasurable कॅमे'ज़रॅबॅल् a. सपरिमाण, अनुरूप तुल्य।

comme il fout (F) a. कुलीन, अभिजात।

commemorable कॅमे'मॅरॅबॅल् a. संस्मरणीय, अभिनन्दनीय।

commemorate –रेट् v.t. स्मृतिरक्षा[F] करना, उत्सव द्वारा स्मृति[F]को बनाये रखना; स्मरणोत्सव मनाना, स्मरणार्थ उत्सव करना; स्मारक (वस्तु[F]) होना; अभिनन्दन करना, स्मरण करना; स्मृति[F] मनाना (लेख या भाषणके रूपमें)।

commemoration –शॅन् n. स्मरणोत्सव, स्मृति-उत्सव, किसी पवित्र कार्य या सन्तके स्मरणार्थ उत्सव; (आक्सफोर्ड विश्वविद्यालयके) संस्थापकका वार्षिक स्मरणोत्सव; अभिनन्दन (~ *volume*); संस्मृति[F], पुण्य-स्मरण, संस्मरण (~ *stamp*)।

commemorative, commemoratory –मॅरेटिव, –टॅरि aa. अभिनन्दनात्मक, **स्मारक,** संस्मरणात्मक, यादगारी (~ stamp, ~ medal)।

commence कॅमेन्स् v.t. & i. उद्भूत होना, उत्पन्न होना; (प्रा०) चल पड़ना, चलाना, काम शुरू कर देना या कामका जम जाना (जैसे वकालत[F] आदि); उपक्रम करना या होना, सूत्रपात करना, प्रारम्भ करना या होना; **आरम्भ करना** या होना, शुरू करना या होना; एम० ए० आदिकी पूर्ण उपाधि[F] पा लेना।

commencement –मॅन्ट् n. प्रारम्भण, (विधा०) **प्रारम्भ, आरम्भ** आदि (क्रियागत अर्थोंमें); डबलिन, कैम्ब्रिज और अमेरिकी यूनिवर्सिटियों[F]में दीक्षान्त समारोह या उपाधिवितरणोत्सव।

commencing –सिंग् a. प्रारम्भण- (~ *operations*)।

commend कॅमेन्ड् v.t. श्लाघा[F] करना, अभिस्ताव करना, संस्तवन करना, संस्तुति[F] करना, गुणकथन करना, प्रशंसा[F] करना, सिफारिश[F] करना, रक्षार्थ सौंपना, हाथमें देना; ~ *me to* मेरी याद[F] दिलाना; ~ *me to*, मुझे अर्पित करना, मुझे प्रदान करना या देना (प्रायः व्यंग्यसे)।

commendable –डॅबॅल् a. संस्ताव्य, प्रशंसार्ह, स्तुत्य, श्लाघ्य, प्रशंस्य, प्रशंसनीय।

commendableness –निॅस n. श्लाघ्यता[F], प्रशंस्यता[F]।

commendam कॅमेन'डैम् n. (मठकी अधिकृत भूमिF व सम्पत्तिFसे अधिकारीकी अनुपस्थितिFमें) अस्थायी लाभ, अवसर-लाभ ।

commendation कॉमॅन्डे'शॅन्, n. समनुमोदन, सिफारिशF; संस्ताव, (~ *certificate*), संस्तुतिF, स्तुतिF, प्रशंसाF, गुणकथन, श्लाघाF ।

commendator –टॅर् n. संस्तावक, प्रशंसक, सिफारिशF करनेवाला ।

commendatory कॅमेन्'डॅटॅरि a. संस्तावी, श्लाघासूचक, स्तुतिद्योतक, प्रशंसात्मक, प्रशंसाकर, तारीफी; (मूल प्रापयिताकी अनुपस्थितिFमें किसी) अन्यके अधिकारमें रहनेवाली (वृत्तिF); ~ letter **सिफारिशी पत्र** ।

commensal कॅमेन्'सल् n. & a. (प्राणी०, पौधा) परपिण्डोपजीवी; परोपजीवी; पांक्तेय, पंक्तिपावन, (जीव०) **सहभोजी**, एक मेजFपर भोजन करनेवाला, हमनिवाला, हमप्याला ।

commensalism, commensality –लिज़्म्, –लिटि nn. पांक्तेयताF, पंक्तिभोजित्व, सहभोजित्व, (जीव०) **सहभोजिता**F ।

commensurability, commensurableness कॅमेन्शॅरॅबि'लिटि, –नि॑स nn. समानुपातिकताF, समपरिमाण, अनुरूपताF, अनुकूलताF ।

commensurable –शॅरॅबॅल a. (संख्याFके विषयमें) (गणि०, स्थिति वि०) समानुपातिक, **सम्मेय**, प्रमेय; अनुरूप, तुल्य; समपरिमाण्य; परिमाणविशिष्ट; ~ force, ~ number, ~ term.

commensurate –रॅट् n. समानुपातिक; संमेय (~ *term*); समव्यापी, अनुगुण, अनुकूल, अनुरूप, तुल्य, समान, बराबर ।

commensurateness –नि॑स् n. समानुपात, तुल्यताF; समानुपातिकताF, सम्मेयताF ।

commensuration –शॅन् n. सम्माप, सन्तुलन, साम्य ।

comment[1] कॉमेन्ट् n. भाष्य, विवृत्तिF, वृत्तिF, व्याख्याF, टीकाF, **टिप्पणी**F, मतप्रकाश; समीक्षाF, निरूपण, विवेचनाF; समालोचनाF ।

comment[2] v.i. भाष्य या विवृत्तिF या टीकाF अथवा व्याख्याF लिखना, टीका-टिप्पणीF करना, **टिप्पणी**F **देना**, व्याख्याF करना, समालोचनाF करना (किसी पुस्तककी); मत प्रकट करना (किसी कृतिFपर) ।

commentary–मॅन्टॅरि n. भाष्य, वृत्तिF, अभिटिप्पण, टिप्पण, टिप्पणिकाF, टीका-टिप्पणीF, टीकाF, व्याख्याF, **विवरण, वृत्तांत**; प्रतिकूल मत; अभ्युक्तिF, किसी पुस्तक, भाषण या नाट्य-प्रयोगपर स्फुट विचार, मत, रायF ।

commentate–टेट् v.t. टीकाF करना, टिप्पणीF जोड़ना ।

commentation–टे'शॅन् n. भाष्य-निर्माण, समालोचन, मत-प्रकाशन ।

commentator–मि॑न्टेटॅर् n. भाष्यकार, व्याख्याता, **विवरणकार, वृत्तिकार, वृत्तकार, टीकाकार**, व्याख्याकार, समालोचक, विवरण-प्रसारक ।

commentatorial–टॅटॉ'रिॲल् a. भाष्यकारिता सम्बन्धी, व्याख्याF या टीकाF करने से सम्बन्धित ।

commerce कॉ'मॅर्स n. व्यावसायिक, **वाणिज्य** (~ *department*), (अर्थ०) वाणिजी, व्यापार, सौदागरीF, तिजारत, संसर्ग, सम्पर्क, सामाजिक आलाप-परिचय, मेल-जोल; ताशका एक खेल; Chamber of C ~ वाणिज्यशालाF, (अर्थ०) **वाणिज्यमण्डल, व्यापारमण्डल**, व्यावसायिक मण्डल; ~-destroyer लुण्ठक युद्धपोत ।

commercial कॅमें'र'शॅल् n. & a. **वाणिज्य-, वाणिज्यिक, वाणिज्य सम्बन्धी; औद्योगिक, व्यापारिक**, तिजारती; **साधारण, मामूली, बाजारू**; ~ labour (अर्थ०) वणिक श्रम; ~ room होटलका कमरा (जो व्यापारी यात्रियोंके लिए रहता है); ~ traveller व्यापार-यात्री, व्यापारका एजेण्ट;

~adviser, ~ agent, ~ asbestos, ~ attache, ~ capital, ~ capitalism, ~ code, ~counsellor, ~ credit, ~ crises, ~ deficit, ~ department, ~ development, ~ domicile, ~education, ~ envelope, ~ grain, ~ inspector, ~intelligence, ~ mark, ~method, ~museum, ~ page, ~paper, ~ pilot, ~ registrar, ~ revolution, ~ secretary, ~ telegram, ~ transaction, ~ traveller, ~ treaty, ~ wing.

commercialism–लिज़्म् n. वाणिज्यवाद, व्यापारवाद, वनियापन; व्यापारिकताF ।

commercialist–लिस्ट् n. वाणिज्यप्रेमी, वाणिज्यवादी, सौदागरीपसन्द, व्यापारी ।

commerciality–शिॲ'लिटि n. वाणिज्य, व्यापारिकता ।

commercialization –शॅलाइज़े'शन (अर्थ०) **वाणिज्यीकरण** ।

commercialize–शॅलाइज़् v.t. व्यापारिक बनाना, बाजारमें संचारित करना ।

commercium–सिॲम् n. (कानून) दे० COMMERCE.

commere कॅमीअॅर n. धर्म-माँF; प्रमोदोत्सवमें कार्यारम्भ करनेवाली महिलाF; गप्पी ।

commerge कॅमर्ज्' v.i. सहमत होना; विलीन होना, एक जान हो जाना, मिल जाना ।

comminate कॉ'मिनेट् v.t. भीतिप्रदर्शन करना, डराना, धमकाना ।

commination–शॅन् n. भीतिप्रदर्शन, दैवी आतंक या दैवी भयका प्रदर्शन, ईश्वरीय दण्डका भय; अभिशाप, धिक्कार, फटकारF; (बाइबिलका) नरक-काण्ड ।

comminatory कॉ'मिनॅटॅरि a. भयप्रदर्शक; अभिशाप-सम्बन्धी, धिकारपूर्ण ।

commingle कॅमिन्'गॅल् v.t. & i. **सम्मिश्रण करना**, मिश्रण करना या होना, मिलाना या मिलना, गड्ड-मड्ड करना या होना ।

comminute कॉ'मिन्यूट् v.t. (चि०) **विचूर्णित**

करना, चूर्ण करना; (सम्पत्ति^{F}का) छोटे-छोटे भागोंमें विभाजन करना; खण्ड-खण्ड करना; छोटे-छोटे टुकड़े करना, पुरजे-पुरजे करना; ~d fracture (चि०) चूर्णित अस्थि भंग, विदलित अस्थि-भंग, अस्थि-भंग, बहुखण्ड; मिश्र अस्थि-भंग; किसी हड्डी^{F}का कई स्थानोंपर टूटना।

comminution –यू'शॅन् n. (क्रियागत अर्थोंमें) चूर्णन; विभाजन, विदलन, विभाग, बटवारा; बहुखण्ड।

commiserate कॅमि'ज़रेट् v. t. & i. अनुकम्पा^{F} प्रकट करना, सहानुभूति^{F} प्रकट करना, सहानुभूति^{F} दिखाना, (किसीकी मृत्यु^{F}पर) शोक प्रकट करना, करुणा^{F} दिखाना, दया^{F} करना, तरस^F खाना।

commiseration –रे'शन् n. (दर्श०) **अनुवेदना**^{F}, अनुकम्पा^{F} या करुणा^{F} या कृपा^{F} या दया^{F}का प्रकटीकरण, शोक-प्रकाशन।

commiserative –ज़रेटिव् a. अनुकम्पाशील, करुणात्मक, दयार्द्र, सदय, दयाप्रकाशक, शोकमय।

commiserator –ट्रॅर् n. दयालु, कृपालु, करुणार्द्र व्यक्ति, करुणाप्रकाशक।

commissar कॉमिसार्' n. रूस (U. S. S. R.)के सरकारी विभागका प्राध्यक्ष, अध्यक्ष, लोकसेवा-मन्त्री, (राज०) **कमिस्सार**।

commissarial कॉमिसेॲ'रिॲल् a. रसदविभाग-सम्बन्धी, कमिस्सरीका।

commissariat –ॲट् n. सेना-प्रदाय-विभाग, **सेना-रसद-विभाग**, मोदीखाना; सोवियत प्रजातन्त्रका लोक-सेवा-विभाग, कमिस्सरका पद; **कमिस्सरियत**।

commissary –'मिसॅरि n. सेना^{F}का प्रदायाधिकारी, (का०) **सामग्री अधिकारी**, (सेना^{F}के) प्रतिनिधि रसद-विभागका अध्यक्ष; आयुक्ताधिकारी; प्रतिनिधि; बिशपका क्षेत्रीय या बिशपकी अनुपस्थिति^{F}में उसका प्रतिनिधि; C~ general कमिस्सरेटका अध्यक्ष।

commissaryship –शिप n. रसद-विभागकी अध्यक्षता^{F}, कमिस्सरका पद।

commission^1 कॅमि'शन् n. कमीशन, एजेंटकी लब्धि^{F}, वर्तन, बट्टा, (नौवि०, अर्थ०, कृषि०) **दलाली**^{F}, **आढ़त**^{F}, (ग०) **दस्तूरी**^{F}, आढ़तियेकी सैकड़ा दर; अभिकर्म, कृत, (व्यापारमें अभिकर्त्ताके रूपमें) कार्याधिकार, अनुमति^{F}, न्यास^F; (अर्थ०, नौवि०, ग०) **कमीशन** (*have goods on* ~); कार्यभार; (किसी व्यक्तिको) अधिकार-दान; आदेश, शासन-पत्र, आज्ञा^{F}, हिदायत^F, हुक्म; (विधा०) **आयोग-पत्र**, (कृषि०, अर्थ०, विधा०) **आयोग**; अधिकारिवर्ग, कार्यार्थ अधिकारप्राप्त व्यक्तियोंकी समिति^{F}; आयुक्तपद; (स्थलसेना^{F}, जलसेना^{F} और वायुसेना^{F}के लेफ्टिनेण्ट या पाइलट अफसर या और ऊँचे पदाधिकारियोंको) अधिकार प्रदान करनेवाला परमादेश; पापाचरण, गल्ती^{F} या अपराध **होना**; ~-agent (कृषि०, का०) **आढ़तिया**; T. ~-day प्रथम निर्णय-दिवस; ~ of the peace शान्ति-आयोग, वह न्याय-संस्था^{F} या अदालत^F (जिसे *Justices of the Peace* कहते हैं); ~ payment **कमीशन-प्रणाली**^{F}; *in* ~ अधिकार-प्राप्त (व्यक्ति), अधिपत्र द्वारा अधिकृत; सुसज्जित, सशस्त्र और समुद्यत (युद्धपोत); *on the* ~ आज्ञात, आयोगप्राप्त; ~ account, ~ basis, ~ bill, ~business, ~charges, ~del credere (परिशोधी), ~ merchant; ~sales book, ~shop, ~ vendor.

commission^2 v. t. आयुक्त करना, नियोग करना, आज्ञप्ति^{F} देना, अधिकृत करना; युद्धपोतकी अध्यक्षता^{F} देना; जहाजकी कमान^F ग्रहण करना (अफसरका); युद्धपोतको प्रस्थान करने या युद्धार्थ जानेकी आज्ञा^{F} देना; कृति^{F}के लिए किसी (कलाकार आदि)को कमीशन देना; C ~ed Officer राष्ट्रपतिद्वारा नियुक्त अधिकारी, लोकपालद्वारा आयुक्त अधिकारी।

commissionaire कॅमिशॅनेॲर् n. सन्देशवाहक या हरकारों आदिकी नियुक्ति^{F}के लिए संघटित लन्दनके 'कमीशन कोर'का सदस्य; सन्देशवाहक दूत, (नाट्यशालाओं^{F} या सिनेमा और बड़ी दुकानों^{F} आदिमें वर्दीधारी) **द्वारपाल**, दरबान।

commissioned कॅमि'शॅण्ड् a. राजादिष्ट आयुक्त (~ *officer*)द्वारा पदग्राही (अधिकारी, अफसर); नियुक्त, आज्ञप्त, अधिकृत; सेवाज्ञप्त, युद्धोद्यत (पोत); (चि०) **कमीशन-प्राप्त**।

commissioner –नॅर् n. **आयुक्त**, आयोग या आज्ञप्ति^{F} द्वारा नियुक्त) अधिष्ठाता, कमिश्नरी^{F}का शासक, **कमिश्नर**; क्षमताप्राप्त व्यक्ति, आयोग या नगरपालिका^{F} आदिका सदस्य (*charity, civil* ~); High C ~ उच्चायुक्त, हाईकमिश्नर; महाध्यक्ष, किसी विभाग या जिलेका सर्वोच्च अधिकारप्राप्त प्रतिनिधि।

commissionership –शिप् n. आयुक्तका पद या कार्य।

Commissr. Commissioner.

commissural कॉमिस्युॲ'रॅल् a. समामिल-वाहिनी; (वन०) **अन्तरंग-पार्श्विक**; जोड़-सम्बन्धी, योजनिका-सम्बन्धी, दे० नीचे; ~ artery (जीव०) **बधक धमनी**^{F}; ~ fibres (मनो०) **संयोजिका तंतु**।

commissure –'मिस्युॲर n. समामिल^F (~ *loop*); (मनो०, जीव०) **संयोजिका**^{F}, **तंतुबंध**, **संधायनी**^{F}; मस्तिष्कके दोनों भागों और रीढ़^{F}की हड्डी^{F}के दोनों भागोंको मिलानेवाली नसें^{F} और रेशे; सीवन^F, पैवन्द, जोड़; योजनिका^{F}, सेतु, सन्धि^{F}, बीचका जोड़; घाई^F, बाछ^F, रेखा^{F} (जहाँ ओठों या पलकों^{F}का मिलन होता है); ~ bulborum (चि०) **कन्द संयोजिका**^{F}।

commit कॅमिट v.t. आचरण करना, कर डालना, करना (अपराध, चूक^F); (अपने आपको) फँसा लेना, फँसना; (प्रतिष्ठा^{F} या चाल-चलनसे) समझौता करना; समिति^{F}में (विधेयक) निर्दिष्ट या प्रेषित करना; अपक्षिप्त करना; वचनबद्ध करना; बँध जाना, पाबन्द होना; उपार्पण करना, अर्पण करना, निक्षिप्त करना, (उपचार या संरक्षणके विचारसे) सौंपना, (का०) **सिपुर्द करना** (रचना या कृति^{F}को स्मृति^{F}, मिट्टी, आग^{F}में); ~ *a breach of discipline* अनुशासन भंग करना; उल्लंघन करना;

~ *an error* भूल करना; ~ *forgery* जालसाजी^F करना; ~ *oneself* वचनबद्ध होना; ~ *to memory* कण्ठस्थ करना, रखना; ~ *to prison* कारागार या हवालात^F में भेजना।

commitment –'मॅन्ट् n. उपार्पण; **वचन, वायदा;** (दर्श०) **वचनबंधन, वचनबद्धता^F;** करनी^F; संश्राव; संविदा^F; (का०) **सुपुर्दगी^F;** आसेध, निरोध, बन्धन, पाबन्दी^F (~ *warrant*); काराप्रवेशन, कैद^F।

committable –टॅबॅल् a. उपार्प्य; करणीय।

committal –टॅल् n. उपार्पण, प्रतिश्रुति^F, वचनबद्धता^F, निष्पादन, निक्षेप, आचरण, अनुष्ठान, करण, करनी^F; अर्पण, सौंपना, (का०) **सुपुर्दगी^F;** बंधन, कैद^F।

committed –टि॑ड् a. उपार्पित, वचनबद्ध, वाग्बद्ध किया गया।

committee* –टि n. (चि०) **समिति^F*,** संसद, कार्यसम्पादिका सभा^F, कर्मनिर्वाहक सभा^F, **कमेटी^F, कमिटी^F** (*C ~ of Supply*); ~ of action संघर्ष समिति^F; ~man किसी समिति^F का सदस्य; Joint C~ (विभिन्न दलों द्वारा मनोनीत सदस्योंकी) संयुक्त समिति^F; Select C~ प्रवर समिति^F; Standing C ~ स्थायी समिति^F।

committing –टिंग् n. & a. उपार्पण (~ *court*, ~*judge*)।

commix कॅमिक्स्' v.t. & i. (प्रा०, का०) मिश्रित करना या होना, मिलाना, मिलना।

commixture कॅमिक्स्'च्युअॅर् n. मिश्रण, मिलावट^F।

Commn. commission.

commode कॅमो'ड n. शृंगारकी आलमारी^F या सजावटी आलमारी^F; दराजदार सन्दूक या पेटी^F; शौचासन, मलमूत्र त्यागनेका पात्र, कमोड; ~ step (यंत्र) उभड़ी खड़ पैड़ी^F।

commodious –'डिअॅस् a. (प्रा०) हलका-फुलका; सुविधाजनक, सुखकर; उपयोगी; विशद, विस्तृत, बड़ा, खुला।

commodiousness –नि॑स् n. हलका-फुलकापन; सुविधा^F; वैशद्य, विस्तार, खुलापन।

commodity कमॉ'डिटि n. पण्य-द्रव्य, (अर्थ०, का०) **पण्य,** विक्रयवस्तु^F, (अर्थ०) **पदार्थ, माल,** जिन्स^F, व्यापारकी वस्तु^F (*staple* ~), उपयोगी वस्तु^F, लाभदायक वस्तु^F, (प्रा०) सुविधा^F;

~ agreement, ~ basis, ~-capital, C~ Committee, ~ group, ~ market, ~ money, ~ price, ~ reversal test, ~ section, ~tax, ~terms of trade, ~ wise.

commodore कॉ'मॅडोअॅर् n. पोतदलका उच्चतर अधिकारी, (केवल उपाधि^F); नौकागोष्ठी^F का अध्यक्ष, तीन या चार पोतोंका उच्चतर संचालक, चालकोंका कैप्टेन; उपनौपति, कमोडोर (ब्रिटिश नौसेना^F में एक अस्थायी पद); T.; Air C ~ वायुसेना^F का पदाधिकारी, एअर कमोडोर।

common¹ कॉ'मॅन् n. गोष्ठ, साधारणभूमि^F, सामूहिक क्षेत्र या भूमि^F; (चराई^F आदिका) सहाधिकार (जो किसीको परायी भूमि^F पर प्राप्त रहता है); *in* ~ सम्मिलित, साझेदारी^F में; *in* ~ *with* उसी प्रकार, जैसा, वैसा ही (*in* ~ *with all sensible people I hold that...*); *out of the* ~ असाधारण, असामान्य।

concavo[2] a. न्युब्ज, नतोदर, निम्नाभ्यन्तर, उन्नतानत, नतोदरतलीय, अवनतीय, निन्युब्ज; ~-concave (भौ०) **उभयावतल**, उभन्युब्ज, उभनतोदर, उभनिम्नाभ्यन्तर, उभोन्नतानत, दोनों ओर नतोदर; ~-convex न्युब्जोदुब्ज, न्युदुब्ज, (भौ०) **अवतलोत्तल**, एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर।

conceal कॅन्सील् v.t. संगोपन करना, संगूहन करना, परिगोपन करना, संगुप्त करना, रहस्य रखना, रहस्य प्रकट न करना, गूढ़ बनाना, गुप्त रखना, बात^F दबा लेना; प्रच्छन्न रखना, प्रच्छादन करना, दुराव करना, (का०) **छिपाना, छिपना**, चुरा लेना, दबा लेना, परदा डालना, ढँक लेना।

concealable–'लॅबॅल् a. गोपनीय, छिपाने लायक, न बताने योग्य, संगोप्य, संगूह्य, रहस्य।

concealed –ड् a. संगुप्त (*~ reflex*), गुप्त (*~ heating*), संगूढ़, प्रच्छन्न (*~ fraud*), (का०) **छिपा हुआ, छिपाया हुआ**।

concealment –ल्'मे न्ट् n. संगुप्ति^F, संगोपन, संगूहन, गोपन, गुप्तता^F, संवरण, प्रच्छादन, छिपाव, दुराव, परदा; गुप्त स्थान।

concede कॅन्सीड् v.t. समनुमति^F देना, अंगीकार करना, मान्य करना, स्वीकार करना, मानना, मान लेना, मंजूर करना; (खेल, ग्रा०) पराजित होना, खेल हारना; (अधिकार, विशेषाधिकार, अंक या खेलमें आरम्भ करनेकी) छूट^F देना, रियायत^F करना; प्रदान करना, देना।

conceded ⊙ –'डिड् a. अनुमत, अंगीकृत, स्वीकृत।

conceit[1] कॅन्सीट् n. (शिक्षा०) **अहंमन्यता**^F, अहम्मति^F, आत्माभिमान, आत्मगौरव, अवलेप, अभिमान, दर्प, गर्व, दम्भ, घमण्ड; (साहि०) **दूरारूढ़ कल्पना**^F, कष्टकल्पना^F; कल्पना^F, मधुर कल्पना^F; *in my own ~* मेरे दृष्टिकोणसे, निर्णय या विचारके अनुसार, मेरी राय^Fमें; *out of ~* अरुचिपूर्ण, अप्रिय; कल्पना^Fसे दूर; *out of ~ with* किसीसे अप्रसन्न।

conceit[2] v.t. (स्वार्थें) मनवाना, मानना; (प्रा०) कल्पना^F करना, अनुमान करना, ख्याल करना।

conceited –'टिड् a. अवलिप्त, उद्धत, (शिक्षा०) **अहंमन्य**, आत्माभिमानी, अभिमानी, अहंकारी, सगर्व, दम्भी, घमण्डी, दिमागदार।

conceitedly –लि adv. साहंकार, गर्वपूर्वक, दम्भपूर्वक।

conceitedness –नि स् n. अभिमानिता^F, अहंत्व, अहंमन्यता^F, अहंकारभाव, अहंता^F, दृप्तता^F, गर्वीलापन।

conceivability, conceivableness कॅन्सीवॅबि'लिटि, –नि स् nn. बोधगम्यता^F, बुद्धिगम्यता^F, विचारणीयता^F, चिन्तनीयता^F, अनुमेयत्व, भावनीयता^F;

conceivable –वॅबॅल् a. बोधगम्य, बुद्धिगम्य, विचारणीय, अनुमेय, चिन्त्य, कल्पनीय, भावनीय, मनोगम्य, समझ^Fमें या विचारमें आनेवाला।

conceive –व् v.t. & i. कल्पित करना, चिन्तन करना, सोचना; उपन्यस्त करना, सन्निबन्धन करना, सूत्रबद्ध करना, क्रमबद्ध करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, जाहिर करना (*~d in plain terms*); धारणा^F करना, कल्पना^F करना, अनुमान करना, ध्यानमें लाना, विचारना; गर्भाधान होना, गर्भवती होना, (श० र० शा०) गर्भ रहना, **गर्भधारण करना**, गर्भमें पाना, पेट रहना, गर्भसे होना।

concent कॅन्से न्ट् n. स्वरसंगति^F, स्वर-सामरस्य; सामंजस्य, लयताल^F, मेल।

concentrate कॉन्'सॅन्ट्रेट् v.t. & i. (रसा०) **सान्द्रित करना** या होना, **सान्द्र करना, सान्द्रीकरण करना**, (रसा०) **गाढ़ा करना; संकेन्द्रित करना**, केन्द्रीभूत होना, केन्द्रीभूत करना, केन्द्रित करना, समाहृत करना, एकत्र करना, एकाग्र करना (ध्यान, शक्ति^F, सैन्यदल), ध्यान या शक्ति^F केन्द्रित करना, एकाग्रचित्त होना; गहन करना, घनीभूत करना; सन्निकृष्ट करना; (रसा०) केन्द्रण करना, समाहरण करना, सारकृत करना, द्रव आदिकी द्रव्यता^Fको कम करके उसकी शक्ति^F बढ़ाना, (धातु^F आदिका) अवशोधन करना।

concentrated –टिड् a. (रसा०, चि०, प्रा० भू०) **सान्द्र**; (रसा०) **सान्द्रीकृत**, (रसा०) **सान्द्रित**; (इंजी०) केन्द्रित, (भौ०) **संकेन्द्रित**; (रसा०, प्रा० भू०, चि०) **गाढ़ा**, सारकृत; (चि०) शुद्धीकृत; एकाग्रचित्त;
~ fire, ~ load, ~ solution.

concentrates –ट्रेट्स् n. (कृषि०) **रातिब, दाना**।

concentration –ट्रे'शॅन् n. केन्द्रीयकरण, (भौ०) **संकेन्द्रण**, केन्द्रण, संकेन्द्रता^F, **सान्द्रता**^F, (प्रा० भू०, चि०, रसा०) **सांद्रण** (~ cell, ~ gradient), **सान्द्रता**^F, समाहार, एकीकरण, (भौ०) **समाहरण**,

केन्द्रण, एकत्रीकरण; (प्रा० भू०) घनीकरण; (रसा०, चि०, प्रा० भू०) **गाढ़ापन, गाढ़ा करना**; (ऋतु०) **जमाव**; समाधि^F, अन्यमनस्कता^F; (शिक्षा०, दर्श०, मनो०) **एकाग्रता^F**; अवशोधन; ~ camp, (राज०, का०) **बन्दी शिविर, नजरबन्दी शिविर**, राजनीतिक बन्दी शिविर, कंसेण्ट्रेशन कैम्प; ⊙ विसंयोधी-शिविर, संकेन्द्रण-शिविर; विसंयोधी जनोंके लिए शिविर (सैनिक क्षेत्रमें);

~ cell, ~ gradient, ~ law, ~ polarization, ~ theory.

concentrative –सॅन्ट्रेटिव् a. सान्द्रणीय, सांद्रण करने योग्य; एकाग्र, एकोन्मुख, संकेन्द्रशील।

concentrativeness –निॅस् n. सान्द्रणीयता^F, संकेन्द्रशीलता^F, केन्द्रीयता^F, समाहरणीयता^F, एकोन्मुखता^F, एकाग्रता^F।

concentrator –टॅर् n. **सांद्रक**, (विद्यु०) **संकेन्द्रक**, समाहारक, केन्द्रीभूत करनेवाला, समाहृत करनेवाला, समाहरण करनेवाला।

concentre कॅन्सेॅन्ट्टॅर् v.t. & i. सामान्य केन्द्र या एक केन्द्रपर लाना या आना।

concentric कॅन्सेॅन्ट्रिक् a. (यंत्र०, गणि०, भौ०) **संकेन्द्रीय, संकेन्द्र**, समकेन्द्रिक, समानकेन्द्र, एककेन्द्र, एककेन्द्रक (यंत्र०, गणि०, भौ०) **एककेन्द्रीय**, एककेन्द्रिक, (*~ circle, system*); ~ fire (सेना०) एक ही स्थानपर निरन्तर गोली^F या गोले बरसाना;

~ bundle, ~ circle, ~ coils, ~ development, ~ fire, ~ formation, ~ ridge, ~ ring, ~ shell, ~ structure, ~ system, ~ tube, ~ winding.

concentricity –ट्रिसिटि n. समकेन्द्रता^F।

concept कॉन्सेॅप्ट् n. (सामान्य) **प्रत्यय**, विकल्प, **संकल्पना^F**, प्रतिबोध, सम्बोधना^F, सम्बोध, विचार, **धारणा^F; अवधारण**।

conceptacle कॅन्सेॅप्टॅकॅल् n. पात्र; (वन०) **निधानी^F**; जनन-गुहा^F, पुनरुत्पादक विवर अथवा खोखला स्थान।

conception कॅन्सेॅप्शॅन् n. (CONCEIVE के क्रियागत अर्थोंमें संज्ञा^F); सामान्य प्रत्यय, (ग०, दर्श०) **संकल्पन, संकल्पना^F, प्रत्ययन, अवधारण**, भावना^F, सम्बोधना^F, **अवधारणा^F**, सम्बोध, सामान्य विचार; (कृषि०, चि०) **गर्भ-ग्रहण**, गर्भधारण, गर्भाधान।

conceptional –नॅल् a. साम्बोधिक, प्रत्यय-सम्बन्धी, विचार-सम्बन्धी; गर्भाधान-सम्बन्धी।

Conceptionist –निस्ट् n. सम्बोधवादी रोमन-कैथॉलिक सम्प्रदायका सदस्य।

conceptive –टिव् a. धारणक्षम; विचारक्षम; सामान्य-प्रत्यय या सम्बोधसम्बन्धी; गर्भधारणक्षम, गर्भसम्बन्धी।

conceptual –ट्यूॲल n. साम्बोधिक, प्रत्ययाश्रित, (शिक्षा०) **प्रत्ययात्मक** (*~ order, ~ thinking*) प्रत्ययी, संकल्पनात्मक, धारणा^F या विचारसम्बन्धी; ~ process विचार-प्रक्रिया; ~ *time* चिन्तनकाल।

conceptualism –लिज़्म n. (दर्श०) **प्रत्ययवाद**, सम्बोधवाद (यह विचार कि जगत् का अस्तित्व प्रत्यय, सम्बोध या विचार-मात्रपर आश्रित है या यह सिद्धान्त कि मन सूक्ष्म अवस्थाओं^Fके आनुषंगिक विचारोंकी परिकल्पना^F कर सकता है); सामान्य-विशिष्ट-व्यक्तिवाद।

conceptualist –लिस्ट् n. सम्बोधवादी, प्रत्ययवादी।

concern[1] कॅन्सॅर्न् n. सन्दर्भ, प्रसंग, सम्बन्ध; औत्सुक्य, उद्वेग, चिन्ता^F (*asked with deep ~*); (का०) **समुत्थान**, चिन्ता^Fका विषय (*no ~ of mine*) कार्य-व्यापार (*meddling in my ~s*); व्यापार-संस्था^F, (अर्थ०) **संस्था^F**, कार्यालय, कारबार, कारखाना, फर्म (*a flourishing ~*); (बोल०) वस्तु^F, चीज^F (*smashed the whole ~*); *have a ~ in* भाग लेना, दिलचस्पी^F लेना; *have no ~ with* कोई मतलब न होना।

concern[2] v.t. संसृष्ट होना, संसर्ग रखना, सम्बन्ध रखना, उद्देश रखना, सरोकार रखना, लगाव रखना; मनोभिनिवेश करना, अनुराग रखना, दिलचस्पी^F लेना।

concerned –ड् a. प्रसंगबद्ध, **सम्बद्ध, सम्बन्धित** (*~ authority*), सम्बन्धी; व्यग्र, उद्विग्न, चिन्तित (*~ air, ~ to hear, for, about, person*); *be ~ in* भाग लेना; *I am not ~* इससे मेरा कोई सम्बन्ध या लगाव नहीं।

concerning –र्निंग् a. (विधा०) **संयुक्त**, सम्बन्धी, विषयक, सम्बद्ध, गत, प्रति, विषयमें, बाबत।

concernment –र्न्मॅन्ट् n. सन्बन्ध, लगाव; औत्सुक्य, व्यग्रता^F, उद्वेग, चिन्ता^F; महत्त्व, माहात्म्य, गुरुता^F, महत्ता^F (*of vital ~*); विषय, व्यापार, मामला, कारोबार।

concert[1] कॉन्सॅर्ट् n. (राज०) **संभूयकारिता^F**, सहकारित्व, सम्मति^F, सहमति^F, ऐक्य, योग, मेल, जैसे *work in ~ (with)*; सहगान, समवेत स्वर या ध्वनियाँ^F (*voices raised in ~*); असाधारण कटिबद्धता^F या सन्नद्धता^F; संवाद; समवाय-समूह; **संगीतगोष्ठी^F, सभा^F** चौकी^F, मण्डली^F; सहसंगीत, समवेत गान या वाद्य, ~ club **संगीत सभा^F**; ~ grand समवेत गायन में बजाया जानेवाला बड़ा पियानो; ~-hall संगीतशाला^F, गायनालय; ~ pitch उदात्त स्वर, ऊँचा सुर; the C ~ of Europe यूरोपका मुख्य राष्ट्रसंघ (जो १८१५ के बादसे कार्य करता रहा है)।

concert[2] v.t. समायोजित करना, (पारस्परिक सहमति^F द्वारा या अकेले) क्रमबद्ध करना, क्रमसे रखना।

concerted –टिॅड् a. (CONCERT[2]के क्रियागत अर्थोंमें); समूढ़, सम्मिलित, इकट्ठा, (*~ action*); (संगीत) गायन और वाद्यके लिए भागोंमें विन्यस्त।

concertina कॉन्सॅर्टीनॅ n. (गोष्ठियों^Fमें काम आनेवाला दो धौंकनियों^Fका) एक बाजा, कॉनसर्टीना; षट्कोणभस्त्रा^F, षट्कोणी^F।

concerto कॅन्चेॲर्टो n. (pl. ~os) संगीत-रचना^F, गानविषयक रचना^F, वाद्ययन्त्रके लिए निर्मित

तीन बन्दका गीत (जिसके साथ समवेत गान भी हो), कनसेर्तो।

concession कॅन्से'शॅन् n. अनुमोचन, अवमोक[F], सुविधा[F], छूट[F], **रियायत**[F]; समनुनमन; अनुज्ञा[F], अनुमोदन; अनुग्रह-प्रार्थी या रियायत[F] पानेवालेको अनुदान; (कानून) अनुज्ञात भूखण्ड;
~ certificate, ~ form ~ letter, ~ order, ~ rate, ~ ticket, ~ voucher.

concessionaire कॅन्से'शॅनेॲर' n. समनुदानग्राही, समनुदत्ती, रियायत[F] या छूट ग्राही व्यक्ति; धोखा देनेके लिए गोल-माल भाषा[F]का प्रयोग।

concessional कॅन्से'शॅनॅल् a. अवमोक, छूटका, रियायती;
~ fare, ~ rate, ~ telegram.

concessionary -नॅरि a. अनुमोचक, रियायती, छूटवाला।

concessionee, concessionist -नी', -निस्ट् nn. अवमोक-ग्राही।

concessive -'सिव् a. अनुमोदन या रियायत-सम्बन्धी; अनुमोदनशील, अनुमोदनात्मक, रियायती, रियायत[F] करने या देनेवाला; (व्या०) अनुमोदन-बोधक, अनुमोदन-सूचक।

concettism कॅन्चे'टिज़्म् n. उत्प्रेक्षा-लेखन, बाँकी लिखावट[F]।

concetto -टो n. कल्पना[F], आत्म-प्रकाशन, दम्भ, बनावट[F], बनावटी बाँकपन।

conch कॉन्क्' n. सीपी[F], घोंघा, घोंघी[F], (जीव०) **शंख**, कौड़ी[F]; सीपी या घोंघे आदिका आवरण या खोल[F]; (स्था०) अर्ध गोलाकार गुम्बद; (~a भी) (चि०, मनो०) **शुक्तिका**[F], (जीव०) **कोन्का**; कर्णपीठ, कानका घुग्घा, कानकी सीपी[F]-का छेद; (नौवि०, ग्राम्य०) C~ Bahamas बहामाका निवासी।

concha काङ्'का n. (चि०) शुक्तिका[F], बहिष्कर्ण।

conchate -'केट a. (वन०) **शुक्तिकावत्**, शंखी, सीपी जैसा, शंखवत्।

conchifer -फ़ॅर्स् n. शंखि-प्रावार, सीपी[F]का चूर्णावरण।

conchiferous -'फ़रॅस् a. (जन्तु०, भूगर्भ०) शंखगर्भित, सीपीवाला, शंखमय।

conchiform -'किफ़ॉर्म a. शंखाकार, सीपी जैसा, शंखरूप।

conchiolin-'किओलिन् a. शंखवी, शंखतैलीय, (चि०) **शुक्तिज**, T.

conchoid कॉन्'काॅइड n. & a. वृत्त-खण्ड; **शंखाभ**, T.

conchoidal -'डॅल् a. वृत्तखण्ड-सम्बन्धी, (यंत्र०, प्रा० भू०) **शंखाभ**, शंखाभीय, T.

conchological -कॅलॉ'जिकॅल् a. शंखविज्ञानीय, शांखिकी-सम्बन्धी; शंखविज्ञान-सम्बन्धी।

conchologist -कॉल्'जिस्ट् a. शांखवैज्ञानिक, शंखविज्ञानी।

conchology -जि n. शांखिकी[F], शंखविज्ञान, शंखविद्या[F]।

conchy कॉन्'चि n. (ग्रा०) युद्धविरोधी, शान्ति-समर्थक।

concierge कॉन्सिआर्ज़्' n. प्रतिपाल; भारपाल, कुली, भारवाहक मजदूर।

conciliable कॅन्सि'लिॲबॅल् a. संराध्य, संराधनीय, शान्त करने योग्य।

conciliar -ॲर a. परिषद्-सम्बन्धी, पारिषदिक (~*movement*)।

conciliate -एट् v.t. (का०) **संराधन करना, समाधान करना**, समझौता करना; अनुरंजित करना, तुष्ट करना, शान्त करना, (राज०) **मना लेना, मनाना**, प्रसन्न करना; प्राप्त करना, लाभ करना (सद्भाव, सम्मान); अपने पक्षका बना लेना, मिला लेना; समन्वय करना, एकीकरण करना, मेल करना (विरोधी सिद्धान्तोंका)।

conciliation -ए'शॅन् n. (का०) **समाधान**, विरोध-शमन, संराधन, सन्धि[F], मैत्री[F], (का०) **मेल-मिलाप**, समझौता, **निपटारा**, (अर्थ०) **सुलह**[F] (*C ~ Board*), **सुलह[F] करना, राजी करना**; (का०) **साम, मेल करना**; Court of C~ (द्वन्द्वशील पक्षोंमें) सन्धि[F] (करानेका प्रयत्न करनेवाला) न्यायालय,
~ board, ~ commission, ~ officer, ~ proceedings, ~ statement.

conciliative -ल्यॅटिव् a. संराधनशील, समन्वयात्मक; सन्धिपूर्ण।

conciliator-लिएटॅर् n. (का०) **समाधान-कर्ता**, संराधक, अनुरंजक, मध्यस्थता द्वारा सन्धि करनेवाला; (अर्थ०) **समझौताकार, समझौता करानेवाला** (का०) **मेल-मिलाप करानेवाला**।

conciliatoriness-ल्यॅटॅरिनिस् n. संराधन, सन्धिपूर्णता[F], मैत्रीपूर्णता[F]।

conciliatory -रि a. समन्वयात्मक, सन्धिविषयक, अनुरंजक, संराधक, मैत्रीपूर्ण; ~ policy (राज०) **सामनीति**[F]।

concinnity कॅन्सि'निटि n. सुषमा[F]; सुसंगति[F]; स्वच्छता[F] (साहित्यिक शैली[F]की) प्रांजलता[F], स्पष्टता[F], प्रसाद गुण; (साहि०) **सुघड़ता**[F]।

concinnous -नॅस् a. उपयुक्त, शोभन; सामंजस्यपूर्ण, स्वच्छ, प्रांजल।

concipient कॅन्सि'पिॲन्ट् a. विचारशील, चिन्तनशील, विचारवान्।

concise कॅन्साइस' a. सुमित, संहृत, **संक्षिप्त** (भाषण, शैली[F], व्यक्ति) **मिताक्षर**।

concisely -लि adv. संहृतिपूर्वक, समासतः, संक्षेपतः।

conciseness -'निस् n. संहृति[F], समासिकता[F], संक्षिप्तता[F]।

concision कॅन्सि'ज़न् n. संक्षिप्तता[F]; कर्तन, उच्छेद,

छेदन, काट-छाँट, कटाई।
conclamation कान्क्लॅमे'शॅन् n. महारव, समवेत स्वरगुंजन।
conclave कान्'क्लेव् n. पोपके निर्वाचनके लिए पादरियोंकी सभा^F या सभास्थान; गुप्तसभा^F (*in* ~)।
conclavist –विस्ट n. पोपके निर्वाचनार्थ पादरी-सभा^F-का सदस्य, गुप्तसभायी।
conclude कॅन्क्लूड्' v.t. & i. उपसंहार करना, समाप्त करना, पूरा करना, खत्म करना (~ *one's speech*); (मामलेके बारेमें) समाप्त होना; परिणमित होना; निष्कर्ष निकालना, परिणामपर पहुँचना; निर्णय करना, निश्चय करना, तय करना (सन्धि^F आदि); ~ *a treaty* सन्धि-अनुष्ठान करना, सन्धि^F तय करना, सुलहनामा करना; *to* ~ संक्षेपमें; अन्तमें।
concluded –'डिड् a. परिणत, उपसंहृत, निष्कृष्ट, समाप्त; निश्चित, इरादा किया हुआ ⊙।
concluding –डिंग् a. अन्तिम, निष्कर्षात्मक, उपसंहारात्मक (~ *remarks, sentence*); ~ line (परि०) **पटला रस्सी**^F।
conclusion –ज़न् n. परिणति, अन्तिम परिणाम; (साहि०) **उपसंहार**, अवसान, **समाप्ति**^F, **अन्त**; निश्चय; (तर्क०) **परिणाम**; **निष्कर्ष**, निष्पत्ति^F, निर्णय, (शान्ति^F आदिका); (दर्श०) अनुमिति^F, अनुमान, *in* ~ समाप्ति^Fके समय, अन्तमें; *try* ~*s with* प्रतियोगिता^F या कौशल या होड़^Fमें परीक्षा^F करना।
conclusive –सिव् a. **निर्णायक**, (का०) **निश्चायक**, निश्चयात्मक, निश्चित, **अन्तिम**, अकाट्य, अखण्ड (~ *evidence, proof*)।
conclusively –लि adv. सनिश्चय, निश्चयपूर्वक; (रेल०) **अन्तिम रूपसे**, **निश्चायक रूपसे**।
conclusiveness –निस् n निश्चय, निश्चितता^F।
conclusory –सॅरि a. निर्णायक, निश्चायक, निश्चयात्मक, निश्चित।
concoct कॅन्कॉक्ट् v.t. कूटरचना^F करना, मिश्रित तत्त्वोंसे बनाना (साबुन, पेय, षड्यन्त्र, कहानी^F) गढ़ना, पकाना।
concocted –'टिड् a. कूटरचित, संयोजित, (~ *evidence*) गढ़ा हुआ।
concocter, -or –'टॅर्,—ॲर् n. संघटनकर्त्ता, निर्माता; पाखण्डी; मिश्रण या गढ़न करनेवाला।
concoction –'शन् n. संघटन, निर्मिति^F, आडम्बर, गढ़न^F, बनावट^F।
concoctive –'टिव् a. मिश्रणीय, मनगढ़न्त, बनावटी।
concolorous कॅन्क'लॅरॅस a. (वन०) **एकवर्ण**, सवर्णीय, समरंगी।
concomitance, concomitancy कॅन्कॉ'मिटॅन्स्', -सि n. युगपत् स्थिति^F, सहास्तित्व, सहवर्तित्व, अनुषंग, समन्वय, संयोग, संयुक्त स्थिति^F, सहजीवन; ईसाका शरीर और रक्त (जो उत्सव विशेषपर रोटी^F और शराब^Fके रूपमें माना जाता है); समवाय।
concomitant –न्ट १. n. संलग्न पदार्थ, सहगामी वस्तु^F; २. a. (तर्क०) सहगामी, **सहवर्ती**, साथी; ~ presence अन्वय व्याप्ति; ~ sensation सहभावी संवेदन;
~ circumstances, ~ imminity, ~ learning.
concord कॅन्'कॉर्ड n. सन्धि^F, समझौता; अविसम्वाद, अविरोध; ऐक्य, एकता^F, सहमति^F, मैत्री^F, मेल, एका (वस्तुओं^F या व्यक्तियोंके मध्य); (भौ०) **सुसंगति** (व्या०) अन्वय, शब्दोंमें लिंग तथा वचन आदिकी एकता^F; रूपान्वय; (संगीत) स्वरैकता^F, **सुस्वरता**^F, स्वरमिलान, तालैक्य, तालमेल।
concordance –'डॅन्स् n. सादृश्य, ऐक्य, एकता^F, सहमति^F; **सुसंगति**^F; **सुस्वरता**^F; निर्घण्टु, (ऋतु०) **समनुक्रमणिका**^F, अनुक्रमणिका^F, वर्णानुक्रमसे मुख्य शब्दों (*verbal* ~) या विषयों (*real* ~)की सप्रसंग व्यवस्था^F (जो किसी पुस्तक^F या लेखकमें हो)।
concordant –न्ट् a. (संगीतमें) **सुस्वर**, एकतान, एकताल; (भौ०) **सुसंगत**, (प्रा० भूगोल) **संवादी**, अविसम्वादी, अविरुद्ध, अनुगुण, सदृश, अनुरूप।
concordat कॅन्कॉर्'डैट् n. (इति०, राज०) **धर्मसन्धि**^F, पोप और किसी धर्मनिरपेक्ष राज्य या सरकारके बीच समझौता।
concorporate कॅन्कॉर्'पॅरेट् १. v.t. समामेलन करना, समाविष्ट करना; २. a. समामेलित, समाविष्ट।
concours(F) प्रतियोगिता^F।
concourse कॉन्'कोॲर्स n. समवाय, समागम, संगम, समूह (*fortuitous* ~ *of atoms*); जनसम्मर्द, जमघट, जमाव, भीड़^F।
concreate कॉन्'क्रिॲट् v.t. सहसर्जना^F करना, एक साथ रचना।
concremation कॉन्क्रिमे'शॅन् n. सहदाहन, एक ही साथ जलानेकी क्रिया^F।
concrement कॉन्'क्रिमॅन्ट् n. संघक, ग्रन्थि^F; = CONCRETION.
concrescence कॅन्क्रे'सॅन्स n. (प्राणि०) सप्ररोह, समप्ररोह, सहरोहण, सहवर्द्धन, सहवृद्धि^F।
concrete[1] कॉन्'क्रीट् १. n. ठोस वस्तु^F; संघा, बालू, कंकड़ और सीमेण्ट^Fका मिश्रण, (रसा०, प्रा० भूगोल) **कंकरीट**; इस मिश्रणसे निर्मित इमारत^F; पुष्पवास^F; २. a. (शिक्षा०) **मूर्त्त**, प्रत्यक्ष, यथार्थ; संहत, श्यान, पिण्डीभूत, राशीभूत, घन, (शिक्षा०) **ठोस** (~ *plan, solution*); विशेष; सत्; वास्तविक; (व्या०, दर्श०) **द्रव्यवाचक**, **वस्तुवाचक**, पदार्थवाची (संज्ञा^F); *in the* ~ वस्तुतः, वास्तविक रूपमें;
~ case, ~ dam, ~ drain, ~ duty, ~ economics, ~ example, ~ fact, ~ finisher, ~ floor, ~ idea, ~ lime, ~ line, ~ macadam, ~ mixes, ~ mixtures, ~ number, ~ paver, ~ pile, ~ pipe, ~ pit, ~ proposal, ~ pump, ~ quantity,

~ road, ~ slab, ~ terms, ~-terraced, ~ universal.

concrete[3] कॅन्क्रीट्' v.t. & i. कंकरीटसे भरना या चुनना, गच करना; घनीकृत करना, राशीकृत करना, पिण्डीकृत करना, एकीकृत करना, ठोस बनाना।

concreteness कॉन्'क्रीट्निस् n. ठोसपन, कठोरता[F], दृढ़ता[F]।

concretion कॅन्क्री'शॅन् n. संहति[F], संघनन, घनीकरण, मूर्त्तीकरण, ठोसपन; समानुस्तरण; (प्रा० भूगोल) **संग्रंथन, संग्रन्थि**[F]; मूर्तीकरण[F]; (~ of *meaning*) सम्मूर्त अवस्था[F], ठोस आकार या रूप; (भूगर्भ०) संघटित या घनीभूत कण, पिण्डीभूत (ठोस) कण; (कृषि०) कंकर, (निदान०) अश्मरी[F], पत्थरी[F], सिकता।

concretionary –'नॅरि a. समानुस्तित; (प्रा० भूगोल) **संग्रथित**, संहत, घनीभूत, ठोस, संघटित, पिण्डीभूत।

concubinage कॅन्क्यू'बिनिज् n. उपपत्नी-सहवास, रखेल[F]के साथ जीवन-निर्वाह; (का०) **उपपत्नीत्व, रखेलपन**, रखेल[F] रखना या होना।

concubinary –'नॅरि n. & a. रक्षिता[F], रखेल (व्यक्ति); रखैला[F], रखेलका (बच्चा)।

concubine कॉन्'क्यूबाइन् n. (का०) **उपपत्नी**[F], रक्षिता स्त्री[F]; रखेली[F]; रखनी[F], (का०) **रखेल**[F]; (बहु-विवाहवाली जातियों[F]में) उपपत्नी[F], उपस्त्री[F]।

concubitus कॉन्'क्यूबिटॅस् n. (चि०) संभोग।

conculcate कॉन्'कॅल्केट् v.t. पादाहत करना, पैरोंसे कुचलना।

concupiscence कॅन्क्यू'पिसॅन्स् n. (दर्श०) **विषयैषणा**[F], **भोगैषणा**[F], कामवासना[F], कामान्धता[F], काम, मस्ती[F]; (बाइ०) एषणा[F], धनेच्छा[F], वासना[F]।

concupiscent –न्ट् a. कामुक, कामार्त, कामान्ध, मुग्ध, मस्त; एषणी।

concupiscible कॅन्क्यू'पिसिबॅल a. वासनामय, कामुकतायुक्त।

concur कॅन्कर् v.i. (का०) **सहमति**[F] **देना**, सहमत होना, एकमत होना; (परिस्थिति[F] आदिक) योगदान करना, सहयोग करना; (गणि०), **संगामी होना**; अविसंवादी होना, सहवर्ती होना, संगत होना, अनुकूल होना, साथ-साथ होना, एक साथ होना।

concurrence, -cy –'रॅन्स,'-सि n. उपर्युक्त अर्थोंमें संज्ञा[F]; अनुकूलता[F], (का०, विधा०) **संवर्तन**; अनुमति[F], (का०, विधा०) **सहमति**[F]; संगामिता[F], (गणि०, का०) **संगमन**; सहघटन; एकविन्दुगामिता[F], समाधिकार।

concurrent –न्ट् १. n. समानान्तर परिस्थिति[F], २. a. समकालिक, समकालीन, (का०) **समवर्ती**, (चि०) सहभावी, सहवर्ती; सहयोगी, सहकारी; सहमत, एकमत; (घ० ज्या०, गणि०, निर्दे०, ज्या०, भौ०, यंत्र०) **संगामी**, एकविन्दुगामी, सहगामी, साथ-साथ चलनेवाला (जैसे समानान्तर रेखाएँ[F]; समान (~ *jurisdiction*); ~ *fire insurance* संगामी बीमा (जिसकी जिम्मेदारी[F] कई कम्पनियों[F]पर एक साथ हो); ~ lease वह पट्टा (जो मियाद खत्म होनेके पहले फिर लिख लिया जाय); ~ sentences (का०) **समवर्ती दण्ड**, युगपद दण्ड, सहपालनीय दण्डाज्ञा[F];
~ action, ~ audit, ~ control, ~ drying, ~ edges, ~ forces, ~ jurisdiction, ~ list, ~occurance, ~ power, ~ resolution, ~ voice.

concuss कॅन्कस' v.t. दबाव डालना, धमकी[F] देना; विलोडित करना, विकम्पित करना, बलपूर्वक हिलाना, धक्का देना, जोरसे हिलाना (प्रायः ला०)।

concussion –'शन् n. विधुवन, समाघट्टन, (मनो०) **संघट्टन**, संघट्ट, संक्षोभ, विकम्प; (कृषि०) विघात, पक्का; (शल्य चि०) सांघातिक प्रहारसे होनेवाली मस्तिष्ककी विकृति[F]; ~-bellows स्वयंचालित धौंकनी[F]; ~-fuse अभिताडन-ज्वाल[F], पलीता, चोट-बत्ती[F] (जो आघातसे आग देती है); ~ of the brain मस्तिष्क संघट्टन।

concussive –'सिव् a. संक्षोभयुक्त, विकम्पी, समाघट्टनात्मक, वेगसे हिलानेवाला।

concutient कॉन्क्यू'शेन्ट् a. अधिसंघट्टक, जोरसे भिड़ता हुआ।

concyclic कॅन्साइ'क्लिक् a. (गणि०) **एकवृत्तीय**, समवृत्तीय (ज्यो०), एक ही वृत्तकी परिधि[F]पर स्थित।

cond कान्ड्' v.t. (नौवि०) जाने देना, बहने देना।

condemn कॅन्डेम्' v.t. दण्डाज्ञा[F] देना, (का०) **अपराधित करना**, अपराधी ठहराना, सजा सुनाना; प्रतिकूल या विरुद्ध निर्णय देना, खिलाफ फैसला देना; गर्हणा[F] करना, तिरस्कृत करना, दूषण लगाना, (का०) **दोषित करना**, दोषी ठहराना, (का०) **निकम्मा ठहराना**; कलंक लगाना, कांछित करना, निन्दा करना, बुरा-भला कहना, ऐब लगाना; जब्ती[F]का हुक्म देना; पराकरण करना, निष्प्रयोज्य ठहराना, निकम्मा बना देना, रद्द करना; ~ to death प्राणदण्ड देना।

condemnable –'नॅबॅल् a. प्राणदण्डके योग्य, दण्डनीय; गर्हणीय, तिरस्करणीय।

condemnation कॉन्डॅम्ने'शॅन् n. **दण्डादेश**, दण्डाज्ञा[F]; जब्ती[F]; (का०) **अपराधन**, अपराधनिर्णय; गर्हा[F], दूषण, (का०) **निन्दा**[F], धिक्कार (*his own conduct is* ~); पराकरण (~ *board*)।

condemnatory कॅन्डेम्'नॅटॅरि a. दण्डनीय; भर्त्सनापूर्ण, निन्दात्मक, दोषसूचक, धिक्कारयुक्त।

condemned –म्ड्' a. दण्डित (~ *prisoner*); निन्दित; आप्तदण्ड; (का०) **अपराधित, दोषित**, पराकृत, निष्प्रयोजन, बेकार (~ *machine*); ~ cell, pew, sermon प्राणदण्डित व्यक्तिसे सम्बद्ध कोठरी, आसन-स्थान, उपदेश।

condensability कॅन्डेन्सॅबि'लिटि n. संघननता[F]; विद्रावण, निबिड़ता[F], घनता[F], संयोजनशीलता[F], संक्षेपणीयता[F]।

condensable–'सॅबॅल a. संघननीय; विद्रवणीय; संक्षेपणीय।

condensation कॉन्डे॑न्से॑'शन् n. संहनन, (कृषि०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, जीव०) **संघनन,** (~ *graph,* ~ line); विद्रावण, संयोजन, (रसा०, भौ०) **सुद्रवण, द्रवण,** संद्रवण, द्रवीभाव, घनीकरण; गाढ़ापन; गाढ़ी वस्तु^F, संक्षेपण;
~ graph, ~ point, ~ polymerisation, ~ test.

condense[1] कॅन्डे॑न्स् v.t.&i. संहत करना, सान्द्र करना या होना, (रसा०) **संघनित करना,** सघन (ठस) करना या होना, गाढ़ा करना या होना; (प्रकाश किरणों^Fको) घनीभूत करना, एकत्र करना; संघनन करना, एकीकरण करना, घनत्वकी वृद्धि^F करना; (रसा०) **संघनन करना,** गैसावस्था^Fसे द्रवावस्था^Fमें परिणत करना, (विद्युत्०) विद्रावण करना, विद्रवित करना, **द्रवित करना या होना,** (भाप^F या गैस^Fसे); संक्षिप्त करना, संक्षिप्त होना, संक्षेपण करना।

condense[2] a. (चि०) **संहत।**

condensed –ड् a. (रसा०, वन०) संहत, **संघनित; द्रवित;** संक्षेपित, संक्षिप्त; ~ milk संहत दूध, (चि०, पशुपालन) **संघनित दूध,** घनीकृत दुग्ध, वाष्पीकरण द्वारा सान्द्रित दूध।

condenser –न्'सॅर् n. गाढ़ा करनेवाला (आदि क्रियागत अर्थोंमें); **द्रवणित्र, संघनक,** (रसा०) संधारित्र, (भौ०) **संघनित्र,** (विद्यु०) **धारित्र, संग्राही;** वेलनी संहनक, भाप^Fके इंजनका वह संघननवेश्म (जहाँ वेलनके बाद भाप द्रवीभूत होती है); विद्युद्विच्छेद्य समावेशक, विद्युत्-समावेशक यन्त्र; प्रकाशका संघनन, लेन्सोंकी पद्धति^F, लेन्स;
~ clamp, ~ coupler, ~ lens, ~ microphone, ~ unit.

condensery –रि n. संघनन-गृह, गाढ़े दूधका कारखाना।

condensing –सिंग् a. संघनन-; **द्रवण;**
~ agent, ~ chamber, ~ electroscope, ~engine, ~funnel, ~ pipe, ~plant, ~ unit.

condensity कॉन्डे॑न्'सिटि n. संघनता^F, गाढ़ापन।

condescend कॉन्डिसे॑न्ड v.i. छोटोंसे सहमत होना, छोटोंकी बात^F मानना; प्रवृत्त होना, झुकना (अनुग्रह या उपकारके लिए); ~ *upon* (स्कॉट०) स्पष्टीकरण करना, (ब्यौरोंका) विवरण देना।

condescendence, condescension –डॅन्स्', –शन् nn. दाक्षिण्य, प्रसाद, दर्पत्याग, गौरव-त्याग, नम्रता^F, परिपोषकता^F, कृपा-भाव।

condescending –डिंग् a. प्रसादाभिमुख, त्यक्तगौरव; संरक्षणशील, परिपोषणशील, कृपाशील, सरपरस्ती^F करनेवाला।

condescension –'शन् n. नम्रता^F, दाक्षिण्य, कृपालुता^F।

condign कॅन्डाइन्' a. यथार्ह, पर्याप्त, युक्त, समुचित, अनुरूप, योग्य (~ *punishment, vengeance*)।

condignity कॉन्डिग्'निटि n. (दर्श०) **यथार्हता^F, आनुगुण्य, आनुरूप्य।**

condignly –'लि adv. यथोचित।

condignness –'नि॑स् n. अनुरूपता^F, योग्यता^F, अर्हता^F; यथार्हता^F, उपयुक्तता^F।

condiment कॉन्'डिमे॑न्ट् n. मरिचादि व्यंजन, (चि०, पशुपालन, कृषि०) **मसाला,** मिर्च-मसाला, भोजनको रुचिकर बनानेवाली कोई वस्तु^F जैसे चटनी^F, अचार, चाशनी^F।

condimental –'टॅल् a. सुस्वादु, चटपटा, मसालेदार।

condisciple कॉन्डिसाइ'पॅल् n. सहकक्षी, सहपाठी, गुरुभाई।

condition[1]* कॅन्डि'शन् n. **परिस्थिति^F, स्थिति^F,** अवस्था^F, (स्थिति वि०) **साम्यावस्था^F,** दशा^F* (*eggs arrived in good* ~); अनुयोग, **उपबन्ध,** (निर्दे० ज्या०, स्थिति वि०) **प्रतिबन्ध,** अपेक्षा, **शर्त्त^F** (~ *precedent*); (तर्क०) उपाधि^F; (व्या०) प्रतिबन्ध या शर्त^F व्यंजक वाक्यांश; (बहु०) **परिस्थितियाँ^F** (*the ~s of equilibrium*); *change* one's ~ गृहस्थ बनना, ब्याह करना; *in* ~ सुखमें, अच्छी दशा^Fमें; *on* ~ *that* इस शर्त्त^Fपर कि, बशर्ते कि; *out of* ~ बुरी दशा^Fमें।

condition[2] v.t. अवस्थापन करना, अभीष्ट अवस्था^F या दशा^Fमें लाना, ठीक करना; उपयुक्त बनाना, सधाना; प्रतिबन्ध करना, रखना; पण लगाना, प्रतिबन्ध लगाना, अपबद्ध करना, शर्त्त^F लगाना, किसी शर्त्त^Fपर मानना; (वाणिज्य०) मालकी हालत^F जाँचना; उपाधीयन करना; *the two things* ~ *each other* दो अन्योन्याश्रित वस्तुएँ हैं; *they* ~ *the universe anew* ये लोग विश्व-ब्रह्माण्डपर नयी-नयी शर्तें^F लगाते हैं।

conditional –नॅल् १. n. अपेक्षाव्यंजक वाक्यांश अथवा शब्द; ~ clause (व्या०) अपेक्षाव्यंजक वाक्यांश; ~ mood विधिलिङ्; २. a. सोपबन्ध, सोपाधिक, औपधिक, उपाधिवाची, समययुक्त, आपेक्षिक, सनियम, शर्त्त^Fके साथ, शर्तिया; (गणि०) **प्रतिबन्धी,** सप्रतिबन्ध, प्रातिबन्धिक;
~ acceptance, ~ distribution, ~ dominance, ~ endorsement, ~ equation, ~ instability, ~ morality, ~ probability, ~ proposition, ~ reflex, ~ sale.

conditionalism –लिज़्म् n. विधिवाद, कर्मफलवाद।

conditionality –नै'लिटि n. सोपाधिकता^F, आपेक्षिकता^F, प्रतिबन्धता^F, शर्तबन्दी^F।

conditionally –'शॅन्लि adv. समयपूर्वक, सप्रतिबन्ध, प्रतिबन्धपूर्वक, शर्तिया।

conditioned –न्ड a. प्रतिबन्धयुक्त, शर्त्तवाला; प्रतिबद्ध, प्रसीमित; प्रतिबन्धित; अभ्यनुकूलित, उपाधीयित; वर्ती, स्थित (*ill, well* ~); किसी विशेष अवस्था^F या दशा^Fमें (*well* ~); परिस्थितियुक्त; ~ reflex (चि०) औपाधिक प्रतिवर्त, अभ्यनुकूलित प्रतिक्रिया^F, आपेक्षिक प्रति-

वर्तन, (जैसे, घण्टी^F के बजनेपर कुत्तेके मुँहसे पानी गिरने लगना); *the size is ~ by the requirements* आवश्यकताओं^F पर ही आकार-प्रकार निर्भर है।

~ emotion, ~ quantity, ~ reflex, ~ response, ~ stimulus.

conditio sine qua non (L) अनिवार्य प्रतिबन्ध।

condolatory कॅन्डो'लॅटॅरि a. अनुशोचनात्मक, समवेदनासूचक, सहानुभूतिव्यंजक।

condole –ल् v.t. सहानुभूति^F प्रकट करना, शोक प्रकट करना, हमदर्दी^F करना, मातमपुर्सी^F करना।

condolement, condolence –'मॅन्ट्, –'लॅन्स nn. अनुशोचन, समवेदन, **समवेदना^F, शोक**, समदुःखता^F, मातमपुर्सी^F।

con dolore (It) adv. शोकपूर्वक।

condom –डॉम् n. (चि०) शिस्नावेष्टन (मैथुनके समयका)।

condominium कॉण्डॅमि'निॲम् n. द्वैराज्य, (राज०) **सहराज्य**, दो राष्ट्रोंकी साथ-साथ प्रभुता^F।

condonation कॉन्डॅने'शॅन् n. संक्षमण, मर्षण, (का०) **क्षमा^F**, प्रमार्जन, **मार्जन**, दोषमार्जन, प्रायश्चित्त, अपराधक्षमा^F, **माफी^F**।

condone कॅन्डोन्' v.t. संक्षमण करना, दोषमार्जन करना, मर्षण करना, क्षमा^F करना, उपेक्षा^F करना, (रेल०) **माफ करना** (अपराध); प्रायश्चित करना, प्रमार्जन करना (अपराधके कार्योंके लिए)।

condoner –'नॅर् n. संक्षन्ता, दोषमार्जक।

condor कॉन्'डॅर n. करगस, दक्षिण अमेरिकाका बड़ा गोध।

condottiere कॉण्डॉट्येॲरि n. (इटलीका) पण्यसैनिक, कियेका सिपाही।

conduce कॅन्ड्यूस् v.i. (व्यक्तियोंके लिए कचित्, घटनाओं^F के लिए प्रायः) प्रवृत्त करना, प्रेरित करना, कारण होना, सहायक होना, उत्पन्न करना, बढ़ाना; आनयन करना, आना।

conducive –'सिव् *a.* उत्पादक, जनक, साधक, कारण, (विधा०) **सहायक**, प्रेरक।

conduciveness –निॅस् n. जनकत्व, उत्पादन, साधकत्व, कारणत्व, सहायकत्व, प्रेरणा।

conduct[1] कॉन्'डॅक्ट् n. (शिक्षा०, दर्श०, का०, मनो०) **कार्य-संचालन**, (विधा०) **संचालन**, परिचालन (व्यापार आदि); (कला^F की) प्रणाली^F, पद्धति^F, शैली^F; नेतृत्व, सन्नयन, मार्गदर्शन; (का०, शिक्षा०, दर्श०, मनो०) **आचरण**, (विधा०) **आचार**, व्यवहार (*good, bad* ~); निर्वाह; ~-money गवाहको प्रदत्त यात्रा-व्यय, तलबाना; regimental, company, ~sheet दलीय या रेजिमेण्टका आचरण-पत्र, सैनिकके अपराध और दण्डका लेखा; safe ~ सुरक्षादान; सुनिर्वाह।

conduct[2] v.t. & i. (सेना^F का) संचालन करना, सेना^F संचालित करना; परिचालित करना, चलाना; निर्देशन करना, पथ (मार्ग) प्रदर्शन करना, सन्नयन करना, नेतृत्व करना, मार्ग-दर्शक होना, मार्ग दिखाना, निर्देश करना, अगुआ होना, अगवाई^F करना; (व्यापार, कारोबार, कारोबार आदिका) संवाहन करना, परिचालन करना, प्रबन्ध करना, चालन करना, कार्यसंचालन करना, निर्वाह करना, बन्दोबस्त करना; (भौ०) ताप^F आदि प्रेषित करना, उष्णता या बिजली^F प्रवाहित करना; करना; (गायन, वृन्दवादन आदिके सम्बन्धमें) निर्देश करना, सुर या ताल^F बताना, तान बताना, हिदायत^F करना; ~*oneself* शिष्टाचार दिखलाना, आचरण करना।

conduct[3] n. एटनका ईसाई पुरोहित या पादरी।

conductance कॅन्डक्'टॅन्स् n. संवाहन; (विद्यु०) **संवाहिता^F**, संवाहन-शक्ति^F (रसा०) **चालकत्व**, चालकता^F, चालन-शक्ति^F, चालना^F, वैद्युतिक प्रतिरोधकताका विलोम।

conducted –टिॅड् a. पारिचालित (~ *tour*)।

conductibility –टिबि'लिटि n. संचरणीयता^F, प्रवाहकत्व।

conductible –'टिबॅल् a. (ताप) संचरणीय, संचालनीय; संवाहक, चालक; (उष्णता^F, ताप आदि) संवाह्य, प्रवाह करने योग्य, (या कभी-कभी) प्रवाहित किये जाने योग्य।

conducting –टिंग् a. संवाही, संचालक (~ *element*)।

conduction –'शॅन् n. (द्रव एवं तरल पदार्थका नाली^F आदि द्वारा) **चालन**; (भौ०) (ताप आदिका) **संवहन** (~ *current*), **संवाहन**, संचारण, सम्प्रेषण, प्रवाह।

conductive –'टिव् a. संवाही, सम्प्रेषणशील, संचरणीय, **चालकीय** (~ *coupling*, ~ *discharge*), चालक; संचारण शक्ति^F का, चालन शक्ति^F का)।

conductivity कॉन्डॅक्टि'विटि n. संवाह, संवाहिता^F (भौ०, विद्यु०) **संवाहकता^F**, संचरणीयता^F, सम्प्रेष्यता^F, **चालकता^F**, बिजली^F चालित करनेकी विशेष शक्ति^F;

~ cell, ~ electrolyte, ~ equivalent, ~ molecular, ~ specific.

conductometer –टॅमी'टॅर a. संवाहमान, (रसा०, भौ०) **संवाहकतामापी**, संचारमापक, (भौ०) **चालकतामापी**।

conductometric –मे'ट्रिक् a. (रसा०) **संवाहकतामापीय** (~ titration), **चालकतामूलक**।

conductor –कॅन्डक्'टॅर n. **संवाहक, चालक**, प्रवाहित एवं चालित करनेवाली वस्तु^F (*good, bad* ~) मेलक; सेना-विभागका युक्ताधिकारी; वारण्ट-अधिकारी; याननिर्वाहक; **कण्डक्टर**; अधिनायक, नायक, पथ-प्रदर्शक, मार्ग-दर्शक, नेता, अगुआ; निर्वाहक, व्यवस्थापक, प्रबन्धक, प्रबन्धकर्त्ता; संवेत-गान, वाद्य आदिका निर्देशक, उस्ताद; रक्षक, गार्ड ⊙; ~ of heat उष्णता-संचालक, उष्णता^F का प्रवाहक, उष्मा^F का चालक, गर्मी^F का सञ्चालन करनेवाला; lightening ~ तड़ित चालक; lightning-~ विद्युत्-संवाहक, **तड़ित-चालक**।

conductorial –टॉरिॲल् a. संवाहकीय।

conductorless –'टॅर्'लि॑स् a. संवाहकहीन, बिना चालक।

conductorship –शिप् n. संवाहकता^F, नेतृत्व, यानचालकता^F।

conductress –ट्रि॑स् n. संवाहिका^F, यान-निर्वाहिका^F; चपरासिन^F।

conduit क(कॉ)न्‌डिट् n. संकुल्या^F, कुल्या^F, संनाल, नल, जल-निर्गम, जलप्रणाली^F, पानीकी मोरी^F (अथवा ला०); (विद्यु०) **तारनाली**^F (~ *pipe*) (इति०) **नाली**^F, (रेल०) **वाहकनली**^F; नली^F, नाद या कठौता (जो अव-रोधक-विद्युत्-तारोंके बचावके लिए हो), इसकी लम्बाई^F; तंग रास्ता; ~ system कुल्या-प्रणाली^F, (विद्युत्^Fका सिकुड़न, तनाव, खिंचाव, जिसमें संवाहक एवं चालक धरती^Fके नीचे कुल्या^Fमें हो)।

conduplicate कॅन्ड्यू'प्लिकॅट् a. (वन०) मध्यनाडी-वलित, लम्बाई^Fकी ओरसे दोहरा मोड़ा हुआ।

Condy('s fluid) कॉन्'डि ('स् फ्लू'इड्) n. सोडियम परमैंगनेटका एक घोल।

condylar कॉन्'डिलॅर् a. (चि०) स्थूलकीय, सन्धि-कन्दीय, गुट्टी^Fका, हड्डी^Fके सिरेपरके उभरे हुए भागसे सम्बन्धित।

condyle –ल् n. सन्धि-कन्द, (चि०, जीव०) **स्थूलक, कन्द, मुंडिका,** गट्टा, गुट्टी^F, हड्डी^Fके सिरेका उभरा हुआ भाग।

condyloid –लॉयड् a. (चि०) स्थूलकाय।

condyloma –कॉन्डिलो'मॅ n. (चि०) गुदद्वार समीप-वर्ती मस्सा, कीलार्बुद, (त्वचा^Fपरका) दाना, खाल^Fपर गिल्टी^Fकी तरहकी फूली^F;

~ canal, ~ fossa, ~ joint.

cone कोन्' १. n. (चि०, वन०, भौ०, श० र० शा०, घ० ज्या०, स्थिति वि०) **शंकु,** (वन०, भौ०, ग०) **कोन,** कोई शुण्डाकार वस्तु^F (जो वृत्ताकार हो और ऊपरको नुकीली हो); शंकुफल, चीड़ या देवदारुका फल; रोहिणी जाति^Fका समुद्रीय छिलका, ढाँचा, एक सामुद्रीय जन्तुका खोल; नोकदार आकृतिवाली वस्तु^F; ऋतुसूचक यन्त्र, (शंकु आकृति^Fका) ऋतुसंकेतक यन्त्र; २. v. t. शंकु आकृति^Fका बनाना, नोकदार बनाना; (विमानका) अनेक बत्तियों^F द्वारा प्रकाशित होना या ताड़ा जाना; v.i. चीड़का फल उगना; ~-wheat टूँड़दार गेहूँ, एक दाढ़ीदार गेहूँ;

~ attachment, ~-bearing, ~bearing tree, ~ cell, ~ delta, ~ head, ~-nose, ~ nosebug, ~ scale, ~ sheet, ~ shell, ~ sugar, ~ yarn.

coney को'नि n. प्रशशक, एक तरहका खरगोश।

conf. conference, *confer*, confessor.

confab कॅन्फैब्' n. (विश्रब्ध) सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत^F, गपशप^F।

confabulate कॅन्फै'ब्यूलेट् v. i. सम्भाषण करना, वार्तालाप^F करना, गप^F मारना, बातचीत^F करना।

confabulation –ले'शॅन् n. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत^F, गपबाजी^F।

confabulatory –'ब्यूलॅटॅरि a. सम्भाषणसम्बन्धी, वार्तालापका, बातचीत^Fका।

confect कॉन्'फे॑क्ट् n. मिष्टान्न, मिठाई^F, पाक, पाग।

confection कॅन्फे॑क्'शॅन् १. n. स्त्रियों^Fका सुन्दर वस्त्र-विशेष, लबादा, शाल-दुशाला^F आदि; उपस्कर, पाक, मुरब्बा; (चि०) **अवलेह,** मिश्रण, मिलावट^F, मिश्रित वस्तु^F; मिष्टान्न, मोदक, पाग, मिठाई^F; २. v.t. प्रस्तुत करना, तैयार करना, बनाना।

confectionary –नॅरि a. खण्डखाद्य, मिष्टान्न-, मिठाई-सम्बन्धी, पागका।

confectioner –र् n. पाकविशेषज्ञ, मिष्टान्निक, हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला, मिठाई^F बनानेवाला, कान्दविक, केक आदि बनानेवाला।

confectionery –रि n. पाकशाला^F, मिष्टान्नशाला^F, मोदकविक्रयस्थान, हलवाईकी दुकान^F; पाक-कला^F।

confederacy कॅन्फे॑'डॅरॅसि n. दुरभिसन्धि^F; अभि-सन्धि^F, कपट-मन्त्रणा^F, कूटसम्बन्ध; षड्यन्त्र, अपजाप, कूटमन्त्रणा^F, कूटकर्म, साजिश^F; संघटन, संयोग, प्रसन्धि^F, सन्धि^F, मेल; प्रसंघ, गुट; प्रसन्धान; प्रसन्धिवर्ग, **राज्यसंघ,** संघसमुदाय, महासंघ (*Southern C* ~)।

confederal –रॅल् a. संघ-सम्बन्धी, प्रसन्धानीय।

confederalist –लिस्ट् n. संघवादी।

confederate[1] –रॅट् n. दुरभिसन्धिकर्त्ता; सहकारी, सह-कर्मी, सहायक; सहापराधी, दुस्सहाय, पापसहाय, अप-राधमें सहकारी, साथ देनेवाला व्यक्ति; संघी, प्रसंघ-सदस्य; C~ States of America अमेरिकाके राज्यसंघाधीन राज्य।

confederate[2] –v.t. & i. (किसी व्यक्ति, राज्य या अपने आपको) परिसंहत करना, (सन्धिसूत्रमें) समा-बद्ध करना या होना, संयुक्त करना या होना, एकत्र होना, सन्धिवद्ध करना, संघटनमें शामिल करना।

confederated –टि॑ड् a. परिसंहत, प्रसन्धानित।

confederation –रे'शॅन् n. परिसंघ, प्रसन्धान, संगठन, संघट्टन, सन्धान, जत्थाबन्दी^F, महागणराज्य, महासंघ, (राज०) **राज्य-मंडल,** संघ, राज्यसंघ।

confederative –'डॅरेटिव् a. प्रसन्धानीय, प्रसंघीय, राज्योंके संघटनके प्रकारका; सन्धान-सम्बन्धी।

confer (L) n. तुलना^F करो।

confer कॅन्फ़र' v.t. & i. अभिदान करना, अनुदान देना, प्रदान करना, देना, पहुँचाना (अधिकृति^F, अनुग्रह^F, कृपा^F, उपाधि^F आदि); सम्भाषण करना, सम्मन्त्रणा^F करना, परामर्श करना, बातचीत^F करना, सलाह^F करना।

conferee कॉन्फ़री' n. प्रदत्ती, प्रदानपात्र, जिसको कुछ दिया जाय।

conference कॉन्'फ़ॅरॅन्स् n. सम्मन्त्रणा^F, मन्त्रणा^F, (का०, राज०) **परामर्श,** सम्भाषण; (राज०) **कान्फ्रेन्स,** सम्मन्त्रणाधिवेशन, परिषद्^F, (विधा०) **सम्मेलन**^F, सभा^F; रीतिबद्ध गिरजेका वार्षिक सम्मेलन;

~ communication, ~ division, ~ facili-

ties, ~ hall, ~ room, ~ telegram.

conferential –रे ॅन्‌'शॅल्‌ a. मन्त्रणा-योग्यः सम्मेलन-सम्बन्धी ।

conferment –र्‌'मे ॅन्ट्‌ n. अनुदान, अभिदान, परिदान, (विधा०) **प्रदान**, उपहार देना; उपायन, भेंट^F ।

conferrable –'रॅबॅल्‌ a. अनुदेय, प्रदानीय, अभिदानके योग्य; मन्त्रणीय, परामर्शके योग्य ।

conferral –'रॅल्‌ n. प्रदान, भेंट^F, उपहार ।

conferred –ड्‌' a. (विधा०) **प्रदत्त, दिये गये**, दिया हुआ ।

conferrer –फ़'रॅर्‌ n. प्रदाता, देनेवाला; परामर्शी ।

conferring –रिंग्‌ n. मन्त्रणा^{F}, विचार; प्रतिपादन ।

conferruminated कान्फे ॅरू'मिनेटिड्‌ a. (वन०) सण्टंकित, संयुक्त, संलग्न ।

confervite कन्फ़ॅर्‌'वाइट्‌ n. हरिरोम जीवाश्म, प्रवाल ।

confervoid –वाॅइड a. (वन०) हरिरोमाभ, प्रवाल-जैसा ।

confess कॅन्फ़े ॅस्‌' v.t. & i. पापांगीकार करना, अपराध स्वीकार करना, प्रकट करना, पाप कह देना (गुरुके सामने); (का०) **संस्वीकार करना**, स्वीकरण करना, अंगीकार करना, अपनाना, (का०) **कबूल करना**, कबूलना (*I ~ my fault*); (गुरुका अनुतापीके) पश्चात्तापको ध्यानपूर्वक सुनना, पश्चात्ताप मानना ।

confessant –'सॅन्ट्‌ n. अंगीकार करनेवाला; अनुतापी, पश्चात्तापी ।

confession –'शन्‌ n. पापांगीकरण, (दर्श०) **पाप-स्वीकृति^{F}, दोषस्वीकृति^{F}**, अंगीकार, (दर्श०) **अंगीकरण**, स्वीकरण, स्वीकार, स्वीकारोक्ति^{F}, (का०) **संस्वीकृति^{F}**, (साहि०) **आत्मस्वीकृति^{F}** (तथ्य, दोष, पाप आदिकी), कबूली^{F}, (दर्श०) **कबूल करना**, इकबाल; अंगीकृत या स्वीकृत बात^F; (प्रा०) दोषके अंगीकारक या स्वीकर्त्ताकी समाधि^{F}; auricular ~ श्रव्य पश्चात्ताप, गुरुके समक्ष पापोंका स्वीकरण; ~ of faith धर्मस्वीकृति^{F}, शुद्धि^{F}, धार्मिक सिद्धान्त या किसी अन्य सिद्धान्तके अंगीकरणकी घोषणा^{F} ।

confessional –नॅल्‌ १. n. दोषस्वीकार, वेदी^{F} या पादरियोंके बैठनेका स्थान (*secrets of the ~*); २. a. स्वीकारात्मक, दोष-स्वीकरण-सम्बन्धी, आत्मस्वीकृति-सम्बन्धी, अंगीकार-सम्बन्धी ।

confessionalism –लिज़्म्‌ n. दोषस्वीकार-पद्धति^{F} ।

confessionary –नॅरि १. n. शहीदकी समाधि^{F}; २. a. स्वीकारात्मक, पश्चात्तापसम्बन्धी ।

confessionist –निस्ट्‌ n. किसी विशेष धर्मविश्वासका अनुगामी, विश्वासी ।

confessor –सॅर्‌ n. अंगीकारक, अपराधांगीकर्त्ता, पापांगीकर्त्ता, स्वीकर्त्ता, दोष-स्वीकर्ता; जो खतरेके समय (आपत् कालमें) अन्य धर्म स्वीकार करता है (परन्तु शहीद नहीं होता); पापमोचक, पुरोहित, पादरी (जो दोष एवं पापका स्वीकरण सुनाता है); The C~ इंग्लैण्डका सम्राट एडवर्ड तृतीय ।

confetti कॅन्फ़े ॅटि n. नकली मिष्टान्न, विवाह आदिके समय फेंके जानेवाले रंगीन कागजके छोटे-छोटे टुकड़े ।

confidant कॉन्फ़ि डैन्ट्‌' n. अन्तरंग मित्र, विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष ।

confide कॅन्फ़ाइड्‌' v.t. & i. विश्रम्भण करना, विश्रम्भ रखना, विश्वास करना, प्रतीति^{F} करना, भरोसा करना; रहस्याख्यापन करना, रहस्य कहना, गुप्त बात^F कहना, भेद खोलना; विश्वासपूर्वक अर्पण करना, (भार) सौंपना ।

confidence –'फ़िडॅन्स्‌ n. विश्रम्भ, प्रत्यय, प्रतीति^{F}, निष्ठा^{F}, विश्वासिता^{F}, (शिक्षा०) **दृढ विश्वास, भरोसा**, पूरा भरोसा; शूरता^{F}; साहस, दिलावरी^{F}; प्रत्याशा^{F}; धृष्टता^{F}, दृढ़ता^{F}, निर्लज्जता^{F}, लज्जाहीनता^{F}; रहस्यदान; ~ trick विश्रम्भकूटता^{F}, छलसे दूसरोंका विश्वासपात्र बनना, दूसरोंपर विश्वास जमाकर छलना; *in* one's ~विश्वासपात्र; *told in*~रहस्य बताना, गुप्त बात^F बताना; ~co-efficient, ~ figure, ~ interval, ~ limits.

confident –न्ट्‌ n. & a. जातप्रत्यय, विश्वासपूर्ण, विश्रब्ध, **विश्वस्त**, विश्वासप्रतिपन्न, असन्दिग्ध; विश्वासी, भरोसा करनेवाला; साहसी; दृढ़; धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ; रहस्य जाननेवाला, गुप्त बात जाननेवाला ।

confidential –डे ॅन्‌'शल्‌ a. विश्वासपूर्वक लिखा या कहा हुआ; विश्रम्भी, सविश्रम्भ, **विश्वस्त**; विश्रब्ध, **गोपनीय**, गुप्त; आप्त (जन); गुह्य, गुढ़;
~ clerk, ~ cover, ~ diary, ~ information, ~inquiries, ~ letter, ~ papers, ~ report, ~ work.

confidentiality, confidentialness–शिऐ'लिटि', –नि ॅस्‌ n. विश्रब्धता^{F}, विश्वस्तता^{F}, गोपनीयता^{F} ।

confider कॅन्फ़ाइ'डॅर्‌ n. विश्वासी, गोप्ता ।

confiding –डिंग्‌ a. विश्वासी, विश्रब्ध, विश्वस्त ।

configuration कॅन्फ़िग्यूरे'शॅन्‌ n. (ग० ज्यो०) ग्रह इत्यादिकी आपेक्षिक स्थिति^{F}, (गति०) **संस्थिति^{F}**, सापेक्षिक व्यवस्था^{F}, विग्रह; संरूपण, (शिक्षा०) **संरूप**, (रसा०) **विन्यास**, (प्रा० भूगोल, ऋतु०) **समाकृति^{F}**, (वैमा०, यंत्र०) **आकृति^{F}**, आकार, सदृशता^{F}, रूप, रीति^{F}, ढाँचा, खाका ।

configurational –'नॅल्‌ a. संरूपण-, **विन्यासी**; विग्रहात्मक (*~ formula*) ।

configure –'गॅर्‌ v.t. आकृति^{F} या रूप देना, ढाँचा बनाना (प्रायः ला०) ।

confinable कॅन्फ़ाइ'नॅबॅल्‌ a. संसीमनीय; बन्दीकरणीय; नियन्त्रणीय ।

confine[1] कॉन्‌'फ़ाइन्‌ n. संसीमा^{F}, सीमान्त, परिसर भूमि^{F}; सीमा^{F}, हद^F; (pl.) सीमाप्रदेश ।

confine[2] v.t. & i. संसीमन करना, संसीमित करना, परिसीमित करना, सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमित रखना, घेरना; (का०) **परिरुद्ध करना, परिरोध करना**, निरोधन करना, नियन्त्रणमें रखना; (व्यक्ति, वस्तु^{F} या स्वयंको) सीमा^{F}से बाहर न होने देना, रोक रखना, रोकना;

नियन्त्रित करना, नियन्त्रण रखना, बन्दीकरण करना, कारागृहमें रखना, बन्द करना, कैद[F] करना; सूतिकागारमें रहना, सौर[F]में रहना, सौरी[F]में होना, जच्चाखानेमें होना; ~ *with* (कभी-कभी) निकटवर्ती होना ।

confined –ड् a. संसीमित, सीमित, संकीर्ण, परिरुद्ध (~ *water*), घिरा हुआ, बन्द (~ *to bed*) ।

confinement कॅन्फ़ाइन्'मॅन्ट n. संसीमन, अवरोध, निग्रह, बन्दीकरण, निरोध, (का०) **परिरोध**, कारावास, बन्धन, रोक[F], कैद[F]; सूतिकावस्था[F], सूतिकागार-वास, प्रसूति[F], जच्चगी[F], संयमन, नियन्त्रण, परिसीमा[F], हद्द[F] ।

confinity कॉन्फ़ि'निटि n. समीपता[F], सन्निकटता[F], सान्निध्य ।

confirm कॅन्फ़र्म् v.t. (सन्धि[F], अधिकार, उपाधि[F]का) अनुमोदन करना, (का०) **पुष्टि[F] करना**, परिपुष्ट करना; समर्थन करना, प्रमाणित करना, पुष्ट करना (वक्तव्य, साक्ष्य या बयानको); (शक्ति[F], प्रभुत्व, अधिकार या अधिकृत वस्तु[F]को) संस्तम्भित करना, स्थापित करना, स्थायी बनाना, स्थिर करना, (का०) **पक्का करना**, जमाना, मजबूत करना; (किसी व्यक्ति द्वारा उसके स्वभाव या मत आदिको) स्थिरीकरण करना, संदृढ़ण करना; दृढ़ीकरण करना; प्रेरित करना, उत्तेजित करना; बढ़ावा देना, पुख्ता करना; नामकरण-संस्कार करना, ईसाई धार्मिक संसारकी रस्म[F] करना (पक्का ईसाई बनना) ।

confirmable–मॅबॅल् a. अनुमोदनीय, समर्थनीय, पुष्टिकरणीय, प्रमाणयोग्य ।

confirmation कॉन्फ़ॅर्मे'शॅन् n. संस्तम्भन, स्थिरीकरण, (रेल०) **स्थायीकरण**, संदृढ़ण, दृढ़ीकरण, प्रमाणीकरण, (रेल०) **पुष्टीकरण**, (का०, शिक्षा०) **पुष्टि[F]**, परिपुष्टि[F], (रसा०, दर्श०) **संपुष्टि[F]**, (का०, शिक्षा०) **पक्का करना**; अनुमोदन, समर्थन, पोषण, सजूरी[F]; नामकरण संस्कार, नामकरण संस्कारकी एवं ईसाई बच्चोंकी दीक्षा[F] देनेकी रीति[F]; ~ of balance (वाणि०) **बाकी मिलाना, शेष मिलाना;**

~ copy, ~ letter, ~ slip.

confirmative, confirmatory कॅन्फ़र्'मॅटिव्,-टॅरि aa. संपुष्टि-, पुष्टि-, पुष्टिकारी (~ *test*); समर्थक, अनुमोदक, स्थिर करनेवाला, दृढ़ करनेवाला, हिमायती;

~ copy, ~ order, test.

confirmatively –लि adv. प्रमाणतः ।

confirmed –र्म्ड् a. संदृढ़, स्थिरीकृत, पुष्टिकृत, पुष्ट, प्रमाणीकृत; दृढ़ीकृत, (वाणि०) अविकल्पी; स्थिर किया हुआ, पक्का; उग्र (रोग), सख्त (बीमारी[F]);

~ credit, ~ endorsement, ~ loyalist, ~ referral.

confirmee कॉन्फ़र्मी' n. पुष्टी, स्थिरीकृत व्यक्ति ।

confirmer कॅन्फ़र्'मॅर् n. अनुमोदक, समर्थक, प्रमाणन, पुष्टिकर्ता, पुष्ट (पक्का) करनेवाला ।

confiscable कॅन्फ़िस्'कॅबॅल् a. अपहरणीय, अपहरणयोग्य, जब्त करने योग्य ।

confiscate कॉन्'फ़िस्केट v.t. समपहरण करना, (का०) **राज्यसात् करना**, राज्याधिकारमें लेना, सरकारी बना लेना (अर्थदण्डके रूपमें); सर्वस्व अपहरण करना, हरण करना, बलपूर्वक अधिकारमें करना, छीन लेना, कुर्क करना, (का०, राज०) **जब्त करना** ।

confiscated –टिड् a. समपहृत, जब्त (~ *articles*) ।

confiscation –के'शॅन् n. (बोल०) कानून द्वारा सर्वस्व अपहरण, कानूनके परदेमें लूट[F]; समपहरण, समपहार, (का०) **राज्यसात्करण**, सर्वस्वहरण, सर्वस्वापहरण, निःस्वीकरण, हरण, कुर्की[F], जब्ती[F] ।

confiscator –'फ़िस्केटॅर् n., समपहर्ता, अपहर्ता, कुर्क करनेवाला, जब्त करनेवाला ।

confiscatory –रि a. समपहारी, अपहरणशील, कुर्की-सम्बन्धी, जब्तीका ।

confiteor (L) कॉन्फ़ि'टेॲर् n. प्रायश्चित्त, (जनसमूहमें) अपकर्म-प्रायश्चित्त-क्रिया[F] (रोमन कैथॉलिक चर्चमें); उपासना-रीति[F]; पाप-स्वीकृति[F] ।

confix कॅन्फ़िक्स्' v.t. संदृढ़ण करना, मजबूती[F]से जमाना; दृढ़ता[F]से बद्ध करना ।

conflagrant कॉन्'फ़्लॅग्रॅन्ट् a. प्रचण्ड, प्रज्वलित, जलता हुआ ।

conflagration –ग्रे'शॅन् n. प्रज्वलन, प्रचण्ड ज्वाला[F], ज्वलन, दीपन, प्रचण्ड वह्नि[F], प्रचण्ड अग्नि[F], अग्निदाह, अग्निकाण्ड (शा० एवं ला०); forest ~ दावानल ।

conflate कॅन्फ़्लेट्' १. v.t. सम्मिश्र करना, विभिन्न पदार्थोंको एकमें मिलाना, गड़बड़घोटाला कर देना; २. a. सम्मिश्र, संयुक्त, एकमें मिला हुआ ।

conflation –ले'शॅन् n. सम्मिश्रण, संयोजन ।

conflict[1] कॉन्'फ़्लिक्ट् n. अभिसम्पात, (शिक्षा०, साहि०) **अन्तर्द्वन्द्व, द्वन्द्व, संघर्ष**, संयोधन, प्रतियोगिता[F], स्पर्धा[F], प्रतिद्वन्द्विता[F], विग्रह, समाघात, (मनो०), **विरोध**, कलह[F], झगड़ेबाजी[F], झगड़ा; विसंवाद, विप्रतिपत्ति[F], अन्तर्विरोध, परस्पर विरोध, भिन्नता[F], मुठभेड़[F] (विचारों आदिकी); सम्प्रहार; *in* ~ प्रतिकूल, विरुद्ध, विरोधी, विभिन्न ।

conflict[2] v.t. विरोध होना, टक्कर[F] खाना, टकराना, लड़ना, भिड़ना, झगड़ना (प्रायः ला०), मुठभेड़[F] होना, मुकाबला होना; प्रतिकूल होना, असंगत होना ।

conflicting –'टिंग् a. विवादग्रस्त (~ *boundaries*); परस्पर विरोधी, विपरीत, प्रतिकूल (~ *observations*)।

confliction –'शन् n. समाघात, असंगति[F], विरोध, वैपरीत्य, प्रतिकूलता[F], विवाद, कलह[F], टक्कर[F], मुठभेड़[F] ।

conflictive, conflictory –'टिव्, -टॅरि a. विवादग्रस्त, प्रतिकूल, संघर्षशील, परस्परविरोधी ।

confluence कॉन्'फ़्लुॲन्स् n. वेणि[F]; व्यतिकर, समागम, सम्मिलन, समामेल, (प्रा० भूगोल) **संगम** (नदियों[F]-का), संयोग, मिलाप; मिलनेकी जगह[F] ।

confluent –न्ट् a. सम्प्रवाही, (प्रा० भूगोल) **संगमीय**, साथ प्रवाहित होता हुआ, साथ बहता हुआ; (चि०) संमीलित (जैसे मसूरिका) ।

conflux कॉन्'फ़्लक्स् n. वेणी[F], संगम, सम्प्रवाह, संयोग, जोड़, मेल ।

confocal कॅन्फ़ो'कॅल a. (निर्दे० ज्या०, गणि०) **संनाभि,** संनाभ्य, संकेन्द्र; ससंगम, संफोकसीय; (गणि०); ~ conicoids, ~ conics, ~ ellipses, ~ hyperbolas, ~ parabolas, ~ quadrics.

conform कॅन्फ़ॉर्म्' v.t. & i. समानुरूप होना, समनुरूपण करना, संरूप करना, अनुरूप बनाना या होना, समानुरूप करना, अतिबद्ध होना, किसी नमूनेके समान बनाना, एक मेलका होना या करना; सदृश करना, समान करना, माफिक करना; अनुगत होना, सदृश होना, सम्मत होना, अनुमत होना।

conformability–मॅबि'लिटि n. अनुरूपता^F, सदृशता^F, संगति^F, एकरूपता^F, साम्यता^F, समानता^F; विनयभाव, वश्यता^F।

conformable–मॅबॅल् a. **अनुकूलनीय,** अनुरूप, अनुगुण, सदृश, सम, समान, (प्रा० भूगोल०) **समविन्यासी,** संगत, एकरूप, एक मेल, एक-सा; अविरुद्ध; विनेय, वश्य, नम्र।

conformal –मॅल् a. (गणि०) अनुकोण (~ *mapping*, ~ *representation*)।

conformance –मॅन्स् n. समनुरूपता^F, संरूपता^F, एकरूपता^F, अनुगति^F, सम्मति^F, सदृशता^F।

conformation –मेॅशॅन् n. समनुरूपण, संरूपण, समनुरूप, संयोजन, अनुकूलीकरण; सदृशता^F (आकार, रचना^F, गठन^F, ढंग, ढाँचाकी); आधार-भूत ढाँचा, बनावट^F।

conformer कॅन्फ़ॉर्'मॅर् n. सिद्धान्तोंका समनुरूपण करनेवाला, किसी माने हुए सिद्धान्तके अनुरूप चलनेवाला, विश्वासी।

conforming –मिंग् a. समनुरूप (~ *to discipline*)।

conformist –मिस्ट् n. इंग्लैण्डके गिरजाघरका राजधर्मानुयायी, धर्मानुवर्ती, अनुयायी।

conformity –मिटि n. समानुरूपता^F, सानुकूलता^F, (कृषि०, दर्श०) **अनुरूपता^F,** सादृश्य, (प्रा० भूगोल) **समविन्यास,** अतिबद्धता^F, संरूपता^F, अनुसारिता^F; आनुगुण्य, अनुवृत्ति^F, संगति^F, अनुकूलता^F; *in ~ with* अनुसार, अनुरूप, सदृश।

confound कॅन्फ़ाउन्ड् v.t. (प्रा०) अपमानित करना, लज्जित करना, शर्मिन्दा करना, शर्म दिलाना; शर्माना; निष्फल करना; पराजित करना, व्यर्थ करना, धूल^Fमें मिलाना, नाकाम करना (योजना^F, आशा^Fको); सम्भ्रमित करना, उच्छृंखल करना, अव्यवस्थित कर देना, अव्यवस्था^F फैलाना, अस्त-व्यस्त करना, गड़बड़ कर देना, घबड़ा देना; सम्मिश्रित करना, मिला-जुला देना, मिलाना; विक्षिप्त करना, भ्रान्तिजनक कर देना, सम्भ्रम करना, विभ्रम करना, विस्मित करना, समाकुलित करना, व्याकुल करना, उलझाना, हैरान करना, परेशान करना; हक्का-बक्का कर देना; ~ *it, you* ईश सत्यानाश करे; *to ~ by argument* वादविवादमें वागवरोधन कर देना, वाद-विवादमें वाणी^Fका निरोध कर देना, बहसमुबाहिसेमें मुँह बन्द कर देना अर्थात् हरा देना।

confounded –'डिड् a. चकित, समाकुलित, सम्भ्रान्त, विह्वलित, हतबुद्धि।

confounding –'डिंग् n. (गणि०) **संकरण;** a. सन्देहजनक, संशयोत्पादक।

confraternity कॉन्फ़्रॅटॅ'र्'निटि n. समवाय, निकाय, समुदाय, मण्डली^F, गुट्ट, गिरोह; बन्धुत्व, सौभ्रात्र, सौहार्द, संभ्रातृत्व, भाईचारा, बिरादरी^F।

confrere कॉन्'फ्रेअॅर् n. समव्यवसायी, साथी, मित्र, सहयोगी, सहकर्मी।

confront कॅन्फ्रन्ट्' v.t. प्रतिकूल होना, विपरीत होना, विरोध करना, (रेल०) **सामना करना,** सामने होना, मुकाबिला करना; सम्मुखीकरण करना, सम्मुखस्थापन करना, अभिमुख होना, समक्ष होना, सम्मुख होना; (कठिनाइयों^F आदिसे) दो चार होना; सामने ले आना, सामना करा देना, आमने-सामने लाना, मुकाबिला कराना (अभियुक्त आदिका); उद्धत होना, आज्ञा^Fका उल्लंघन करना, अवज्ञा^F करना।

confrontation –टे'शॅन् n. समक्षता^F, सम्मुखागमन, मुकाबला; उद्धतता^F; (निदान०) संमुख निदान, निदानके लिए दो रोगियोंको सामने लाना।

Confucian कॅन्फ्यू'शॅन् n. & a. कनफ्यूशीअस (चीनके दार्शनिक)का अनुयायी, कनफ्यूसी।

Confucianism –निज़्म् n. कनफ्यूशीवाद; कनफ्यूशी धर्म।

confusble कॅन्फ्यू'ज़ॅबॅल् a. व्यग्र करने योग्य, सम्भ्रमित करनेके योग्य।

confuse –ज़्' v.t. क्रमभंग करना, अस्त-व्यस्त करना, अव्यवस्थित कर देना; सम्भ्रमित करना, भ्रममें डालना, संक्षोभित कर देना, विह्वल कर देना, व्याकुल करना, उलझन में डालना, लज्जित करना, शर्मिन्दा करना, उलझाना, घबड़ा देना, झेंपाना; उच्छृंखल करना, संकुलित करना, आकुल करना, व्यग्र करना, सम्मिश्रित करना, चकरा देना, परेशान करना।

confused –ड् a. अव्यवस्थित, अनियमित, विश्रृंखलित, ऊबड़-खाबड़ (~ *sandhills*); **आवरणात्मक;** गड़बड़, चकराया हुआ।

confusedly –'जिड-लि adv. ससम्भ्रम, सन्दिग्धतया, व्याकुलतापूर्वक, घबड़ाकर।

confusedness –निॅस् n. अस्तव्यस्तता^F, अव्यवस्था^F, विह्वलता^F, विश्रृंखलता^F, व्याकुलता^F, घबड़ाहट^F।

confusing –ज़िंग a. सम्भ्रमकारी, गड़बड़ानेवाला, (~ *colouration*)।

confusion –ज़न् n. संविलयन, सम्मिश्रण, मिलाना; मानसिक हलचल^F, विप्लव, अव्यवस्था^F, अस्तव्यस्तता^F, खलबली^F, हड़बड़ी^F, हुल्लड़, दंगा, हंगामा, शोरगुल; संक्षोभ, संकुलता^F, व्यतिकर, द्विविधा^F, परिभ्रान्ति^F, विस्मय, उलझन^F, घबराहट^F, गड़बड़ी^F, (शिक्षा०) **गड़बड़^F,** असमंजस, परेशानी^F; वैक्लव्य, (शिक्षा०) **संभ्रान्ति^F,** भ्रम, सम्भ्रम, व्याकुलता^F; एक प्रकारका अभिशाप;

~ *worse confounded* अधिक सम्भ्रम, बदतरी^F^; *drink* ~ *to* किसीके विनाशके पहलेसे अधिक खराबी^F^ के लिए इच्छा^F^ करना।

confutable कॅन्फ्यू'टॅबॅल् a. प्रत्याख्यानीय, खण्डनीय।

confutant –टॅन्ट् n. प्रत्याख्याता, खण्डन-कर्ता।

confutation कॉन्फ्यूटे'शॅन् n. प्रत्याख्यान, निराकरण, खण्डन।

confutative कॅन्फ्यू'टॅटिव a. प्रत्याख्यानपर, खण्डनात्मक, प्रत्याख्यान करनेमें लगा हुआ।

confute कॅन्फ्यूट्' v.t. प्रत्याख्यान करना, अप्रमाणित सिद्ध करना, असिद्ध करना, झूठा सिद्ध करना; प्रत्याक्षिप्त करना, खण्डित करना, मिथ्या प्रमाणित करना, गलत कर दिखाना, रद्द करना।

cong. Congress; Congregation.

conge (F) n. पदच्युति^F^, बर्खास्तगी^F^; प्रणाम, नमस्कार।

conge, -gee कॉन्'जे, –जि nn. विदाई^F^, नमस्कार! प्रणाम!

congeal कॅन्जील् v.t. & i. संशीत करना या होना, घनीभूत होना, थक्का बनना, गाढ़ा करना, (रसा०, वन०) **जमना, जमाना**; पिण्डीभूत करना, शीतीभूत करना, ठोस बनाना (ला०)।

congealable –'लॅबॅल् a. घनीभूत होने योग्य, जमाने योग्य।

congealed –ल्ड्' a. संशीत, जमा हुआ।

congealment –ल्'मॅन्ट n. जमानेकी क्रिया^F^, CONGELATION.

congee[1] कॉन्'जि v.t. विदाई^F^ लेना या विदा^F^ होना; नमस्कार करना।

congee[2] n. काँजी^F^, (तमिल) कंजी^F^, मण्ड, माँड़।

congelation कॉन्जिले'शॅन् n. पिण्डीभूत स्थिति^F^, शीतीभूत स्थिति^F^, जमी हुई हालत^F^, घनीकरण, घनीभाव, जमावट^F^, घनीभूत वस्तु^F^, गाढ़ी वस्तु^F^, जमी हुई वस्तु^F^, (चि०) हिमदग्ध।

congener कॉन्'जिॅनॅर् n. & a. समलिंगी, समान, उसी प्रकारका; सगोत्र, सजातीय, सजाति; (शरीर०) समकर्मी पेशी।

congeneric –नॅ'रिक् a. समलिंगी, समप्रकार, समान, सजातीय, सजाति, एकजातीय, एक स्वभावका; समप्रकृति, समानशील।

congenerous कॅन्जे'नॅरॅस् a. सगोत्रीय, एकवंशी, एक गणका; सजाति (चि०) (जैसे रोग); समकर्मी, समभेद, एक प्रकारका; ~ muscles समकर्मी पेशियाँ^F^।

congenetic –नॅ'टिक् a. सहजात, समजन्मा।

congenial –जी'निअॅल् a. सुखावह, सुहावना; (व्यक्ति या स्वभाव आदि) अनुरूप, अनुकूल, उपयुक्त, उचित; समानशील, सहधर्मी, सजाति, एकरूप; संवेदनापूर्ण, सहानुभूति-सम्पन्न, करुणा-पूर्ण, हमदर्द; ~ to health स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्योपयोगी, तन्दुरुस्ती^F^के लिए लाभकारी।

congeniality –अॅ'लिटि n. समानशीलता^F^, सजातित्व, सधर्मता^F^, अनुरूपता^F^, (शिक्षा०) **अनुकूलता^F^**, उपयुक्तता^F^, उपयोगिता^F^।

congenital –जॅ'निटॅल् a. जन्मज, जन्मगत, (क्रा०, जीव०) **सहजात, जन्मजात,** जन्मपूर्वज, आजन्मिक, (का०, जीव०) **सहज** (~ *amourosis*, ~ *idiocy*), साथ उत्पन्न हुआ (रोग, दोष, न्यूनता^F^ आदि), वंशगत, पैतृक (रोग); प्राकृत, अन्तरज, अन्तर्भूत; ~ mole जतुमणि।

conger कॉन्'गॅर् n. जल-व्याल (एक बड़ी समुद्री मछली^F^)।

congeries कॅन्जे'रिईज़ n. (साहि०) **समूह (अलंकार)**; ओघ, संचय, पुंज, राशि^F^, समुदाय, पिण्ड, समूह, भीड़^F^, ढेर, जमाव।

congest कॅन्जे'स्ट्' v.t. & i. पिण्डीकृत होना, जमाव होना, जमा हो जाना, भीड़^F^ लगना, भीड़^F^का जमा होना; घनीभूत होना या करना, राशीकृत होना या करना, संचित होना या करना, घना होना, संचित होना, ढेर लगाना, इकट्ठा होना या करना।

congested –'टॅड् a. (चि०, स्वा० वि०) **संकुलित,** संकुल, घना (~ *area*); ~ district घना मण्डल, अत्यधिक जनसंख्यावाला जिला; (चि०) विकृति (रक्ताधिक्ययुक्त)।

congestion –'चॅन् n. (चि०) रक्ताधिक्य, रुधिरका अति जमाव, रक्तावष्टम्भ, (कृषि०) **रक्तसंकुलता^F^**, रक्तावरोध, रक्तसंचय, रक्तसंग्रह, घनता^F^, रुधिरका जमाव (शरीरके किसी अंगमें); (ला०, जनसंख्या^F^, आबादी^F^, परिवहन आदि), (चि०) **संकुलता^F^, संकुलन,** घनी आबादी^F^, जमाव, (रेल०) **भीड़^F^**, घिचमिच^F^, भीड़-भाड़^F^।

congestive –'टिव् a. संचयशील, जमाऊ; रक्तसंकुल, रक्ताधिक्ययुक्त; ~ fever (चि०) जूड़ी बुखार। (~ *heart failure*)।

conglobate कॉन्'ग्लॅबेट् १. v.t. & i. एकपिण्डीभूत होना, एकपिण्ड होना, गोलीकृत करना या होना, गोला (या गेंद^F^) जैसा बनाना, गोलीनुमा बनाना; २. a. संगोलित, पिण्डीभूत, पिण्डाकार, गुम्बद-सा, गोली-सा (~ *gland*)।

conglobation –बे'शॅन् n. सम्पिण्डन, संगोलन।

conglobe कॅन्ग्लोब' v.t & i. दे० CONGLORATE.

conglomerate[1] कॅन्ग्लॉ'मॅरॅट् n. & a. सम्पिण्ड, (रसा०) **संपिंडन, संगुटिका^F^**; सम्पिण्डित, पिण्डीभूत; (चि०) (जैसे ग्रंथियोंका), ढेरके रूपमें जमा हुआ; सम्पीडिताश्म, (प्रा० भूगोल) **मिश्रपिंडाश्म;** (परि०) **पिंडशिला,** T.; (भूगर्भ०) भूस्तरमें पाषाणीभूत कंकड़, कणोंका जलमें जमाव, जमाया हुआ।

conglomerate[2] v.t. & i. समुपचित, संग्रथित करना या होना, सम्पिण्डन करना, राशीकृत करना या होना, संगुटित करना या होना, पिण्डीभूत करना या होना, पुंजीभूत करना या होना, एक राशि^F^ हो जाना, एकीकृत हो जाना, एकीकरण हो जाना, ढेर करना य

होना (शा० एवं ला०), जमाना।

conglomeration –रे'शॅन् n. संग्रथन, समुपचयन; (रसा०) **संगुटीकरण**, (रसा०) **संपिण्डीकरण**; राशीकरण, एकीकरण।

conglutinate कॅन्ग्ल्'टिनेट् v.t. & i. सन्धान करना या होना, संरोपित होना, संरोपण करना या होना; संश्लिष्ट करना या होना, संयोग होना, आपसमें चिपक जाना, सरेस या गोंदसे चिपकाना या बैठाना, जोड़ना, जुड़ना; a. (चि०) चिपका हुआ।

conglutination –ने'शॅन् n. सन्धान, संश्लेषण, संरोपण, संयोग, जोड़; चिपक जाना।

conglutinative –'टिनेटिव् a. समाश्लिष, संश्लेषणात्मक, जोड़नेकी शक्तिवाला, जोड़ू, घाव भरनेवाला।

congou कॉन्'गो, -गू n. चीनकी काली चायF, कंगूF।

congratulant कॅन्ग्रै'ट्यूलॅन्ट n. & a. अभिनन्दक, मांगलिक, मंगलशील, बधाई देनेवाला।

congratulate –लेट् v.t. कल्याण मनाना, मंगलसूचक शब्द कहना, बधाईF देना, मुबारकबाद कहना; ~ *oneself* अपने-आपको सौभाग्यशाली विचार करना, आनन्द प्रकट करना, बधाईF बजाना।

congratulation –ले'शॅन् n. साधुवाद, अभिनन्दन, बधाईF, मुबारकबाद; (pl.) आनन्द-प्रकाशन, बधाइयाँF, बधाईFके शब्द।

congratulative, congratulatory –'ट्युलेटिव, –टॅरि aa. मंगलपूर्ण, मंगलमय, बधाईसूचक।

congratulator –टॅर् n. बधाईF देनेवाला, जयजयकारF करनेवाला।

congregant कॉन्'ग्रिगॅन्ट् n. यहूदी पारिषद्।

congregate –ग्रेट् v.t. & i. संचित करना या होना, जमा करना या होना, ढेर लगाना (वस्तुओंFका); समवेत होना, एकत्र होना या करना, इकट्ठा होना या करना, जमा होना या करना (व्यक्तियोंका, भीड़Fका)।

congregation –गे'शॅन् n. विद्वत्सभाF, विश्वविद्यालयके (विद्वज्जन) सदस्योंकी परिषद्F; परिषद्F, समवाय, सभाF, समुदाय, समाज; सत्संग, धार्मिक परिषद्F, धर्म सभाF; समूह, भीड़भाड़F, जमाव; कैथॉलिक धर्मका स्थायी शासनसंघ (*the C ~ de propaganda fide*); ~ of saints, सन्तों एवं सिद्धों आदिका समुदाय; ~ of the wicked दुष्ट मण्डलीF।

congregational –नॅल् a. सामाजिक, सामुदायिक, सामूहिक (~*worship*); समुदायवादका अनुयायी (प्रेमी)।

Congregationalism –लिज़्म् n. स्वतन्त्र धर्मपद्धति-सम्बन्धी व्यवस्थाF, कैथोलिक संघ-व्यवस्थाF, गिरजा स्वायत्त शासन।

Congregationalist –लिस्ट n. गिरजाके स्वातन्त्र्यका पक्षपाती।

congregationalize –लाइज़् v.t. गिरजोंको आन्तरिक मामलोंमें स्वतन्त्रताF प्रदान करना।

congress कॉन्'ग्रिस् n. भारतीय राजनीतिक संघ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस; अमेरिका के प्रजातंत्रकी राष्ट्रीय व्यवस्थापिका सभाF, अमेरिका या दक्षिणी या मध्य अमेरिकाके प्रजातन्त्रका राष्ट्रीय व्यवस्थापक दल; समागम, सम्मेलन, समितिF, (का०, राज०) **महासभाF**, सभाF, **कांग्रेस** (*Social Science C ~*); प्रतिनिधिसभाF, विचार-विमर्शके लिए प्रतिनिधियोंकी औपचारिक बैठकF, जमघट, जमावड़ा; C~-man महासभ्य, महासभाजन, कांग्रेसका सभासद, कांग्रेस प्रतिनिधि, (राज०) **कांग्रेस सदस्य**, कांग्रेसका सदस्य, कांग्रेसी; sexual ~ मैथुन।

congressional कॅन्ग्रे'शॅनॅल् a. महासभाFका, कांग्रेससम्बन्धी।

congressite कॉन्'ग्रिसाइट् n. महासभा-सदस्य, कांग्रेसी, अमरीकी विधान-सभाFका सदस्य।

congreve कॉन्ग्'रीव् a. & n. ~ match एक प्रकारकी माचिसF; ~ rocket पिछले युद्धोंमें प्रयुक्त एक प्रकारका रॉकेट बम।

congruence, congruency कॉन्'ग्रुअॅन्स, –सि nn. (गणि०) **समशेषता**F, संविदाF, (गणि०) **सर्वांग समता**F, (~*axiom*) सादृश्य, संगतिF, उपयुक्तताF, ऐक्य, एकरूपताF; दृढ़ताF, स्थिरताF, ठहराव।

congruent –न्ट् a. (गणि०) **समशेष**; (गणि०, रसा०) **सर्वांगसम** (~*reduction*, ~*transformation*) (रेखा ग० में भी), संगत, एकरूप, उपयुक्त; उपयोगी; ऐक्यविशिष्ट।

congruity कॉन्ग्रू'इटि n. सामंजस्य, (दर्श०) **संगति**F, सादृश्य, सम्बद्धताF, संगतताF, अनुरूपताF, युक्तताF, अविरुद्धताF।

congruous –'ग्रुअॅस् a. संगत, सदृश, अनुगुण, अनुगत, अनुरूप, उचित, अविरुद्ध; सम्बद्ध, युक्त, ठीक।

congruousness –निस् n. = CONGRUITY.

conic कॉ'निक् a. (निर्दे० ज्या०, घ० ज्या०, भौ०) **शांकव**, कोणिक; सूच्याकार, शंकुकी आकृतिका, नोकदार, T.; (~ *node*, ~ *section*).

conical –कॅल् a. शंकुक, शाकव्य, (प्रा० भूगोल, गणि०, परि०) **शंकु**, **शांकव**, **शांकवीय**, (रसा०) **शंकुरूप**, शंक्वाकार, सूच्याकार, (रसा०) **शुण्डाकार**, गर्जरवत्;
~ angle, ~ beaker, ~core, ~ frustum, ~ helix, ~ pendulum, ~ pipe, ~ pivot, ~ point, ~ projection, ~ refraction, ~ roller, ~ root, ~ seat, ~ socket, ~ spring, ~surface.

conically –लि० adv. शुण्डवत्, शंकुकी तरह।

conico –शंकु, शांकव- (जैसे, ~-*cylindrical*)।

conicoid –काएंड् n. (गणि०) **शांकवज**।

conics –क्स n. शांकविकीF, (गणि०) **शांकवगणित**, शंकु-गणित, शंकु-परिच्छेदका अनुशीलन।

Conidae –डेॅ n. शंकुशंख।

conifer को'निफ़ॅर् n. शंकुजन्मक, शंकुधर, (यंत्र०) **शंकुवृक्ष**, कोणिफल; देवदारु-जातीय वृक्ष (वन०) T.।

coniferae कॅनि'फ़ॅरी n. शंकुधराF; शंकुधरकुल, चीलदेवदारुके पेड़।

coniferin[1] कॉनि'फ़ॅरिन् n. (कृषि०) चीड़का गोंद, T.
coniferin[2] -n. शंकुधरी।
coniferous -रॅस a. (वन०, प्रा० भूगोल) शंकुल (~*forest*), शंकुधारी, शंकुधर, शंकुमय, कोणिफलप्रद, (वन०) T.।
coniform को'निफ़ॉर्म् a. शांकव, शंकुरूप, शुण्डाकार, सूच्याकार।
coniine को'निआइन् n. विषगर्जरी[F], एक पीला विषैला द्रव, (रसा०) T.।
conima को'निमॅ n. वनवाताम, वनवातामोद्यास, एक सुगन्धित गाढ़ा वृक्षरस।
conine को'नाइन् n. दे० CONIIN.
conirostral कोनिरॉस्ट्रॅल् a. शंकु-चंचु, शंकुवत् चंचुवाला, कोणके समान दृढ़ चोंचवाला (पक्षी)।
conium कॅनाइ'ॲम् n. विषगर्जर, विषैला वृक्षरस; (चि०) कोनियमका द्रव अल्कलाइड।
conj. conjunction, conjunctive.
conjecturable कॅन्जे'क्'चॅरॅबॅल् a. अनुमेय, कल्पनीय, अनुमान्य; ऊहात्मक, तर्क करने योग्य।
conjectural -रॅल् a. अनुमित, आनुमानिक, कल्पित, काल्पनिक, ऊहापूर्ण, ऊहायोग्य, अटकलपच्चू (~*outlay*)।
conjecturally -लि adv. अनुमानतः, ऊहापूर्वक, अटकल[F]से।
conjecture[1] -'क्चॅर् n. अध्याहार, धारणा[F], अनुमान, कल्पना[F], तर्क-वितर्क, ऊहा, ऊहन, अटकल[F], अन्दाज।
conjecture[2] v.t. & i. तर्क-वितर्क करना, धारणा[F] बनाना, तर्कपूर्ण विवेचन करना, अनुमान करना, विचारना, अटकल[F] लगाना या चलाना, कल्पित करना, अन्दाज करना।
conjee कॉन्'जि n. (तमिल) कंजी[F], चावलका माँड़; काँजी[F]।
conjoin कॅन्जाॅइन् v.t. & i. सम्मिलित करना, एकत्रित होना, एकत्र करना, मेल करना; संयुक्त करना या होना, संयोग होना, सन्धाना, मिलाना, जोड़ना, जुड़ना।
conjoint -ट्' a. संयुक्त, सहत, सहयुक्त, संश्लिष्ट, सहस्थ, सम्बद्ध, सम्मिलित, मिला हुआ, जुटा हुआ, जुड़ा हुआ;
~ account, ~ bundle, ~ tendon.
conjointly -'लि adv. संयुक्तरूपेण, सम्बद्ध, इकट्ठे, जुड़कर।
conjugal कॉन्'जुगॅल् a. (का०) दाम्पत्य, (~*relation*), दाम्पत्य-प्रेम-सम्बन्धी; (का०) दाम्पतिक, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी (~*rights*); पातिव्रत-सम्बन्धी, सतीत्वसम्बन्धी, (~*affection*); ~ fidelity सतीत्व, पतिव्रतधर्म, पति-पत्नी[F]का प्रेम; ~ love दाम्पत्यप्रेम।
conjugality -गै'लिटि n. दाम्पत्य, वैवाहिकता[F]।
conjugant -'जुगॅन्ट् a. संयुग्मक, जुटा हुआ, जोड़ा।
conjugatae -गॅटीअ् n. संयुग्म; संयुग्म-गोत्र, मिथुन, जोड़े, (वन०) T.।

conjugate[1] -'जुगॅट् १. n. संयुक्त शब्द या वस्तु[F], अनुबद्ध वस्तु[F]; २. a. संयुग्मित, (चि०) युग्मित, (ग०, भौ०) संयुग्मी; सम्बद्ध, संयुक्त, (ग०, भौ०) अनुबद्ध (~*diameter*); (व्या०) सहज, एक ही धातु[F]से निकला हुआ; जुटा हुआ, जोड़ा, मिला हुआ; (प्राणि वि०) संयुक्त, घुला-मिला हुआ; ~ mirrors प्रति संयुग्मी दर्पण, सम्बद्ध दर्पण; इस प्रकारसे रखे गये दो दर्पण, जिससे एककी नाभि[F]से विसर्जित किरणें[F] परावर्तित होनेपर दूसरेकी नाभि[F]पर केन्द्रित हो जावें;
~ angles, ~ arc, ~ arm, ~ axis, ~ beam, ~ chords, ~ complex numbers, ~ diameter, ~ elements, ~ foci, ~ forces, ~ functions, ~ hyperbolas, ~ impedance, ~ ion, ~ lines, ~ movements, ~ point, ~ points, ~ protein, ~ solution, ~ transpose.
conjugate[2] v.t. & i. संयुक्त होना, स्त्री-पुरुषका संसर्ग या सम्भोग करना, विवाह होना; (व्या०) (क्रियापदको) रूप चलाना, धातुरूप बनाना, (वाच्य, क्रियार्थभेद, काल, वचन, पुरुष आदिको) रूप साधना, रूपान्तर बताना, रूप बनाना; (प्राणि वि०) संयुग्मित करना या होना, अनुबद्ध करना या होना, एकरूप करना या होना, घुल-मिल जाना।
conjugated -टि'ड् a. संयुग्मित, संयुग्म, संयुक्त (~ *protein*), अनुबद्ध, सम्बद्ध; रूपसिद्ध।
conjugation -गे'शॅन् n. (प्राणि०, रसा०) संयुग्मन, युग्मन, संयोजन, संयुजन, सम्बन्ध(न), संयोग, अनुबन्ध; (व्या०) रूप-साधन, धातुरूप, रूपान्तर, विभक्तियोग, क्रियारूप; (प्राणि वि०) मैथुन, कोष्ठयोजन (पुनरुत्पादनके लिए दो समान कोषोंका)।
conjugational कॉन्जुगे'शॅनॅल् a. क्रियारूपसम्बन्धी; मैथुन, कोष्ठयोजनसम्बन्धी।
conjunct कॉन्जन्क्ट्' १. n. संश्लिष्ट व्यक्ति या वस्तु[F]; २. a. संयुग्म, संश्लिष्ट, संयुक्त, युक्त, परस्पर मिले हुए; संसर्गित, साझादार, जुड़ा हुआ; सम्मिलित, मेल किया हुआ।
conjunction -क्'शॅन् n. (व्या०) समुच्चय-अव्यय, समुच्चयबोधक, संयोजक (अव्यय); संसर्गित व्यक्तियों या वस्तुओं[F]की संख्या[F]; भीड़[F]; संगम; घटनाओं[F] आदिका सम्मिलन, एक ही समयमें घटित होना; समागम, संयोजन, (रेल०) सहयोजन, सम्पर्क, संसर्ग, संयोग, सहयोग, (ज्यौ०, परि०) योग, ऐक्य, सम्बन्ध, मेल, मिलाव; जोड़[F] (ऋतु०) संयुक्ति[F], (ज्यौ०) युति[F], दो ग्रहोंका (स्पष्ट) योग, समीपता[F]।
conjunctional -नॅल् n. समुच्चयबोधक; यौगिक, संयोग-सम्बन्धी।
conjunctiva कॉन्जॅन्क्टाइ'वॅ n. युजा[F], (जीव०, चि०, श० र० शा०) नेत्रश्लेष्मला[F] (~ *fornix*) नेत्रश्लेष्मिका[F], T. आँख[F]के भीतरी भागकी झिल्ली[F]।
conjunctive कॅन्जन्क्'टिव् a. & n. संयोजक, (ग०)

यौगिक, (~ *reduction*, ~ *transformation*), संश्लेषक, संयोजनशील, मिलानेवाला, जोड़नेवाला (~ *tissue*); (व्या०) यौगिक, संयोजक शब्द; ~ mood कारणात्मक, सम्भाव्य क्रियार्थभेद; ~ proposition (तर्क०) **संयुक्त तर्कवाक्य**।

conjunctively –'लि adv. संयुक्त, संयुक्ततः, इकट्ठे।

conjunctivitis कॅन्जंक्टिवाइ'टिस् n. युजाकोष, (चि०, कृषि०) **नेत्रश्लेष्मलाशोथ**, सूजन, आँख^F की भीतरी झिल्ली^F के फूल आनेका रोग।

conjunctivity कॅन्जंक्टि'विटि n. (ग०) **यौगिकता^F**।

conjuncture कॅन्जन्क्च्युअॅर् n. संकटापन्नता^F, विपद्ग्रस्त अवस्था^F, आपत्तिकाल, संकटकाल; संयोग, (अर्थ०) **योग, सन्धि^F, स्थिति^F**, अवसर, घटना^F; ~ of events घटना-संयोग।

conjuration कॉन्जुरे'शॅन् n. अनुरोध, प्रार्थना^F (रीत्यनुसार या शपथपूर्वक), शपथ^F, अपील^F; अभिचार, पिशाचविद्या^F, श्मशान-तन्त्र, माया^F, इन्द्रजाल, मन्त्र, जादू, टोना, ओझाई^F, कुहक^F, झाड़-फूँक^F।

conjurator –'जुरेटॅर् n. शपथ-बद्ध (दूसरोंके साथ); प्रेतसाधक, ऐन्द्रजालिक, भूतसाधक, ओझा, जादूगर, मदारी।

conjure कॅन्जुअॅर् v.t. & i. पुनर्विचारकी प्रार्थना^F करना, शपथपूर्वक पूछना, अनुरोध करना, अपील^F करना (शपथपूर्वक या हृदयसे); इन्द्रजाल करना, हस्तकौशल दिखाना, मन्त्र फूँकना, छल-कपट करना, बाजीगरी^F दिखाना; मदारीपन करना, जादू करना; जादू टोना करके वशमें करना; बाहर लाना, ले जाना, निकालना; मोहित करना, मन्त्रवश करना, आवाहन द्वारा भूतको वशमें करना, भूतको बुलाना; *a name to ~ with* प्रभावशाली नाम; ~ *up* मायावी होना; कल्पित करना, भावनामय होना।

conjurement –मॅन्ट n. अभ्यर्थना^F, अभिशपथ; कड़ी निषेधाज्ञा^F, प्रेतसाधना^F, जादू, मन्त्र, वशीकरण।

conjurer, -or कन्'जॅरॅर, –ॲर् n. हस्तकौशली, इन्द्रजाली, ऐन्द्रजालिक, कापालिक, मान्त्रिक, तान्त्रिक, मायिक, ओझा, मदारी, जादूगर; असामान्यतः चतुर, प्रवीण व्यक्ति (*he is no ~*); डाकिनी^F, डाइन^F।

conjury –रि n. इन्द्रजाल, जादू।

conk[1] कॉन्क् n. (ग्रा०) प्राणेन्द्रिय^F, नासिका^F, नाक^F।

conk[2] v.i. (बोल०) हार जाना, रह जाना, फट पड़ना; मरना।

conky कॉन्'कि n. & a. बड़ी नाकवाला (व्यक्ति)।

Conn. (or Ct.) Connecticut.

conn. connexion; connected; connotation.

connascent कॉनॅ'सॅन्ट् a. (वन०) = CONNATE.

connate कॉ'नेट् a. संघनित, (वन०) **संयुक्त**, (वन०, जीव वि०) **जनियुक्त**, जुड़े हुए (पत्ते) (~*sessile*); **समवयस्क** (उत्पत्ति^F में); सहज, (मनो०) **सहजात**, सहोत्पन्न, एककालोत्पन्न, जुड़वाँ; नैसर्गिक।

connation कॅने'शॅन् n. सहजता^F, सहजन्म; नैसर्गिकता^F; जोड़^F।

connatural –नै'चॅरॅल् a. सहजात, एकजातीय, समप्रकृति; नैसर्गिक, सहज, स्वाभाविक; एक स्वभावका।

connaturalise –लाइज़ॅ v.t. समप्रकृति बनाना, एक स्वभावका करना।

connect कॅने'क्ट् v.t. & i. संयोजित करना, संसर्ग होना, सम्पर्क होना, संपृक्त करना या होना, सम्बन्धकरण करना, **संबन्ध स्थापित करना**, सम्बन्धन करना; अनुबद्ध करना, **सम्बद्ध करना** या होना, (विद्यु०) युक्त करना, योजन करना, (दो वस्तुओं^F को) **मिलाना**, मिलना, **जोड़ना**, जुड़ना, साँटना, बाँधना, गाँठना आदि; अनुरूप (तर्क-वितर्क) करना; साथ होना, साझा होना, मेल करना या होना; (मनसे) अनुषंग करना, समागम करना, संयोग होना, संग करना।

connected –'टिड् a. योजित, सम्पृक्त, **सम्बद्ध** (~ *load*, ~ *time*), मिला हुआ, **जुड़ा हुआ** (~*cylinder*) आदि (क्रियागत अर्थोंमें); संयुक्त, संलग्न, जुटा हुआ (*well ~*)।

connectedness –नि'स् n. सम्बद्धता^F, युक्तता^F, सम्पृक्तता^F, जोड़।

connecter, -or –टॅर्, –ॲर् nn. **संयोजित्र**, (मनो०) **संयोजक**, जोड़नेवाला।

connectible –टिबॅल् a. संयोज्य, संयुक्त होने योग्य, मिलने योग्य।

connecting –टिंग् a. संयोजक, संयोजी, योजी; ~ bridge (परि०) **उपरला पुल**;
~ administration, ~ bar, ~ company, ~ line, ~ moulding, ~ reference, ~spiral, ~ stalk, ~ strip, ~ train.

connection–शॅन् n. = CONNEXION.

connective –टिव् a. संयोजक, (इति०) **योजक**, (वन०) **योजी, मेलक**, जोड़नेवाला, मिलानेवाला, (जीव०) **संयोजिनी**; ~ tissue (जीव०, चि०, कृषि०) **संयोजी ऊतक, संयोजक ऊतक**, योजी ऊति^F, संयोजक तन्तु, संयोगतन्तु।

conner कॉ'नॅर् n. निरीक्षक, दरोगा; निर्देशक, चालक; रट्टू, घोट्टू।

connexion*, **connection** कॅने'क्'शॅन् n. संसर्ग (परस्पर), समागम, (व्यक्तिगत) सम्बन्ध*, मेलजोल; विषय, विचारका सम्बन्ध (*in this ~*); अनुषंग, संसर्ग, सम्पर्क, सम्बन्ध, मेल, लगाव; (रसा०) सम्बन्धन, **संयोजन**, (विद्यु०) **योजन**, योग, संयुक्ति^F, युजा^F; **संबंधन, जोड़**; (रेल०) **मेल** (रेल या जहाज आदिका) (*miss the ~*); (रेल०) **पथ-संयोग**; सम्भोग; जननेन्द्रिय-सम्बन्ध, स्त्री-पुरुष-सम्बन्धी संसर्ग (*criminal ~*); सगोत्र, सम्बन्धी, रिश्तेदार; कुल-बन्धुता^F, कुटुम्ब-बन्धुता^F; धार्मिक दल; क्रेता-वर्ग, खरीदार आदि (*business with a good ~*); *in ~ with* सम्बन्ध-

में, सम्बद्ध य, अनुबद्ध य, मिला हुआ, जुटा हुआ; *to cut the* ~ पृथक् करना, विलग करना, संसर्ग तोड़ना, अलग करना।

connexional –नॅल् a. सम्बद्ध, सम्बन्धात्मक, संसर्गी; सगोत्र, बन्धुवत्।

conning कॉनिंग n. (नौवि०) **निर्देशन**।

conniption ⊙ कॅनिप्शॅन् n. रोगावेश, दौरा, मिरगी^F, बेहोशी^F।

connivance कॅनाइवॅन्स् n. अवगर्हित अनुमति^F, अव्यक्त अनुज्ञा^F, मूक आज्ञा^F (*done with his* ~); गज-निमीलिका^F, अक्षिसंकोच, ज्ञानापह्नव, (का०) **कामतः उपेक्षा**^F, उपेक्षा^F, (दर्श०) **दृष्टोपेक्षा**^F, **मौनानुमति**^F, मौन सहमति^F, मौनानुकूलता^F, आनाकानी^F, अनसुनी^F, ढीला-हवाला, टाल-मटोल^F, (राज०) **चश्मपोशी**^F, आँख^F मिचकाना, (का०, राज०) आँखें^F मूँद लेना।

connive कॅनाइव् v.i. गजनिमीलिका^F करना, (का०) **आँखें^F मूँद लेना**; आँख^F मिचकाना, (का०) **कामतः उपेक्षा^F करना**, उपेक्षा^F (या अवहेलना^F) करना, ध्यान न देना, टाल-मटोल^F करना, आनाकानी^F करना, अनसुनी^F होना, ढीला-हवाला करना।

connivent –'वॅन्ट् a. (वन०) **अभिसंवलनी**; (प्राणि-वि०) उपसारी, अभिसृत, अभिसारी, दोषोंकी उपेक्षा^F करनेवाला, टालनेवाला, (राज०) **चश्मपोशी**^F, आँख^F मिचकानेवाला।

connoisseur कॉनॅसॅर् n. सूक्ष्मनिरूपक, सूक्ष्म-निरीक्षक, पारखी, परखनेवाला (कला^F, रुचि^F आदिका)।

connoisseurship –'शिप् n. सूक्ष्म निरूपण, परख^F।

connotate कॉनॅटेट् v.t. अर्थ सूचित करना; विशेषार्थ या लक्षणार्थ देना; विशेषणको ध्यानमें लाना।

connotation –टेशॅन् n. (शिक्षा०, दर्श०) **अभिधार्थ**, **स्वगुणार्थ**, **स्वगुणनिर्देश**; (साहि०) **संपृक्तार्थ**; गुणार्थ, लक्षणार्थ, गुण-निर्देश, सामान्याभिधान, अभिधान, अर्थबोधन।

connotative कॅनोटॅटिव् a. स्वगुणार्थक, स्वगुण-निर्देशक, गुणनिर्देशक, लक्षणार्थक, गुणार्थक, गुण-बोधक, अभिधानसूचक;
~ definition, ~ term, ~ view.

connote कॅनोट् v.t. (तर्क शा०) सामान्याभिधान करना, गुण-निर्देश करना, गुण-बोध करना; परिणाम, फल या शर्त^Fके रूपमें सूचित करना (तथ्य आदि); गुणार्थ देना, लक्षणार्थ देना (शब्दोंका), अर्थ सूचित करना; (ढीलेपनसे) सूचित करना, इच्छा^F करना।

connubial कॅन्यूबिअॅल् a. दाम्पत्य, दम्पति-सम्बन्धी; पाणि-ग्रहणसम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, मियाँ-बीबी^Fका।

connubiality –ऐॅलिटी n. दाम्पत्य, वैवाहिकता^F।

connubium –'बिअॅम् (का०) **विवाह**, **विवाहित अवस्था**^F।

conoid कोनाएॅड् n. (ग०) **शंकुभ**, शंक्वाभ, सूच्याकार वस्तु^F, ठोस वस्तु^F (जो शांकवके छेदन एवं कर्त्तन-से खराद^Fपर बनी हो; २. a. शंक्वाकार, सूच्याकार, नोकदार।

conoidal कॅनाएॅडॅल् a. शंक्वाभीय, शंकुवत्, सूच्याकार।

co-nominee को-नॉमिनी n. सहमनोनीत, सहयुक्तनाम।

conquer कॉन्कॅर् v.t. & i. संजयन करना, संजय करना, (भूमि^F) जीतकर अधीन करना, प्राप्त करना, देश जीतना; पराभूत करना, परास्त करना, पराजित करना, विजित करना, बल द्वारा अधिकृत करना, विजय प्राप्त करना, विजय पाना, हराना, जीतना; संयमित करना, वशीभूत करना, वशमें करना; *stoop to* ~ युक्ति^F सोचना, अभीष्ट सिद्ध करनेका साधन करना, तदबीर^F करना, हेर-फेरसे काम निकालना।

conquerable –रॅबॅल् a. जेय, विजेय, जीतने योग्य।

conqueror –रॅर् n. संजेता, जेता, देशजेता, (राज०) **विजेता**, विजयी, जीतनेवाला; विजितहृदय व्यक्ति, जितेन्द्रिय; बच्चोंकी एक (अखरोटकी) खेलकी विजय^F; the C~ विलियम प्रथम, इंग्लैण्डका सम्राट्; *play the* ~ (बोल०) हार-जीत^Fका निर्णय करना, अन्तिम बाजी^F लगाना, निर्णायक खेल, छल या चाल^F चलना।

conquest –क्विॅस्ट् n. संजिति^F, संजय^F, (का०, राज०), **विजय**^F, देशजय^F, जय^F, पराजय^F (देश आदि-की); विजित क्षेत्र, विजित प्रदेश, जीता हुआ प्रदेश, राज्य; *make a* ~ *(of)* (व्यक्तिके) हृदय को जीतना।

conquistador कॉन्क्विस्टॅडॉर् n. स्पेनी विजेता, दक्षिणी अमेरिकापर विजय प्राप्त करनेवाला स्पेनी वीर।

cons. consonant.

consanguine कॅन्सैन्'ग्विन् a. सगोत्र, सपिण्ड, सपितृ, सरक्त।

consanguineous कॉन्सैन्ग्विनिॲस् a. समोद्भव; रक्तसम्बद्ध, सलोहित, सगोत्र, सपिण्ड, एकपिण्ड, सहोदर, सगा, एक खूनका।

consanguinity –निटि n. सपितृता^F, सगोत्रता^F, सपिण्डता^F, सरक्तता^F, रक्तसम्बन्ध, सगापन (ला० भी) (*by reason of* ~)।

Con. Sch. Constables School.

conscience कॉन्'शॅन्स् n. विवेक, अन्तरात्मा^F, (का०, विधा०, शिक्षा०) **अन्तःकरण**, ईमान; (मनो०, दर्श०) **अन्तर्भावना**, **विवेक**, सदसद्विचारशक्ति^F, सदसद्विवेक, विवेक; चैतन्य, जागृति^F; ~ clause अन्तःकरण-खण्ड, (कानूनमें) विवेकधारा^F, सम्बद्ध व्यक्तियोंके प्रति सदसद्वि-वेकके लिए विधिधारा^F; ~ money प्रायश्चित्त राशि^F; विवेक धन, अन्तःकरण धन, अन्तःकरणको शुद्ध करानेके लिए भेजा हुआ धन; (अर्थ०) **ईमानी अदायगी**^F; ~-proof विवेक या अन्तरात्मा^Fकी प्रेरणा^Fके प्रभावसे मुक्त या हीन; good, clear, bad, guilty ~ विवेक, निष्पाप या निर्मल मन, सदसत्की चेतना^F, दूषित अन्त-रात्मा^F; *a guilty* ~ *needs no accuser* चोरकी दाढ़ी^Fमें तिनका; *for* ~ *(or* ~*') sake* अन्तःकरणको

सन्तुष्ट करनेके लिए, विवेकके अभिप्रायसे, विवेकके लिए; *have on* one's ~ अपने अपराध एवं दोषका ज्ञान होना, अपना अपराध महसूस करना; *have the ~ to* धृष्टता^F करना, साहस करना; *in all* ~ सद्विवेकसे, विवेकबुद्धि^Fसे, पूर्णानुभवसे; *upon* one's ~ सत्यतः, सचमुच।

conscienceless –लि`स् a. आत्माशून्य, अन्तःकरण-हीन, अविवेकी, बेईमान।

conscientious कॉन्शिअे`न्'शॅस्, –शिअॅस् a. (दर्श०) **अन्तर्भावनाशील, अन्तर्भावनात्मक**, अन्तः-करणानुयायी, अन्तःकरणानुकूल, अन्तःपरायण, शुद्धमति, धर्मशील, विवेकात्मक, विवेकशील, पुण्यात्मा, ईमानदार; ~ objector शुद्धमति आपत्तिकर्ता (कि सैनिक-सेवा^F अच्छी नहीं है)।

conscientiously –लि adv. (विधा०) **शुद्ध अन्तः-करणसे**, विवेकपूर्वक, जान-बूझकर।

conscientiousness –निस् n. चैतन्य, चेतना^F, जागृति^F; पुण्यशीलता^F, (शिक्षा०) **अन्तर्विवेक, अन्त-श्चेतना**^F, (दर्श०) **अन्तर्भावनाशीलता**^F, अन्तःकरणकी शुद्धता^F, ईमानदारी^F।

conscionable –'शॅनॅबॅल् a. संन्याय्य, सदसद्विवेच्य, विवेक या ईमान द्वारा शासनीय, अन्तरात्मा^F द्वारा निय-मित या चालित।

conscious* –शॅस् a. जाग्रत, प्रबुद्ध, संज्ञापूर्ण, सबोध, चौकस, (मानसिक रूपसे); अभिज्ञ, सतर्क, सचेत*, चेतन (तथ्य आदिका); (अभिनेताओं आदिकी) प्रदर्शनपूर्ण (चेष्टा^F, भाव आदि) (*with ~ superiority*)।

consciousness –नि`स् n. प्रतिबोध, **चित्-शक्ति**^F, चैतन्य, चेतना^F, संज्ञा^F, जागृति^F, **विज्ञान**, ज्ञान, बोध; व्यक्तिकी भावनाओं और विचारोंकी समष्टि^F, पूर्णता^F (*moral ~*); अनुभव।

conscribe, conscript[1] कॅन्स्क्राइब्', कॅन्स्क्रिप्ट् v.t. (क्वचित्) बलसैन्यन करना, (बलपूर्वक) सेना^Fमें भर्ती^F करना, फौज^Fमें अनिवार्य भर्ती^F करना।

conscript[2] कॉन्'स्क्रिप्ट् n. & a. बलसैन्य, जबरी भर्ती^F किया हुआ (व्यक्ति), जबरी रँगरूट; ~ fathers रोमन आनुषदों (सीनेट-सदस्यों)की सामूहिक अधिकृति^F, उपाधि^F।

conscripted कॅन्स्क्रिप्'टि`ड् a. बलसैन्यित, जबरी।

conscription –'शॅन् n. बलसैन्यन; युद्धयोगीकरण, (का०, राज०) **अनिवार्य भर्ती**^F; जबरी भर्ती^F; ~ of wealth धन-बल-सैन्यन, धनका युद्धयोगीकरण।

con. sec. conic sections.

consecrate[1] कॉन्'सि`क्रेट् v.t. विनियोग करना, संस्कृत करना, पवित्रीकरण करना, पाप हरना; संस्कार करना, पवित्र करना; प्रतिष्ठित करना, धर्मार्थ समर्पित करना, अर्पित करना (किसी पुण्यके उद्देश्यसे)।

consecrate[2] a. धर्मार्पित, संस्कारित, 'पवित्रित, प्रति-ष्ठित, पवित्र किया हुआ।

consecration –क्रे'शॅन् n. याजक-नियुक्ति^F, पवित्र-पदको नियुक्ति^F; आत्मोत्सर्ग, उत्सर्ग, समर्पण (उद्देश्यके लिए); धर्मार्पण, पुण्यार्पण, समर्पण, अर्पण; उत्सर्गीकरण, पवित्रीकरण, संस्कार; प्राणप्रतिष्ठा^F।

consecrator –'सिक्रेटॅर् n. विनियोगी, उत्सर्जक, अर्पयिता, संस्कर्ता।

consecratory –रि a. पवित्र; उत्सर्गीय, समर्पणीय, समर्पित।

consectary कॅन्से`क्'टॅरि n. व्यवकलन, निगमन, उप-सिद्धि^F, घटाव।

consecution कॉन्सि`क्यू'शॅन् n. (व्या०) शब्दक्रम, अन्वय; श्रेणी^F, परम्परा^F; तार्किक अनुक्रम, क्रममाला^F, क्रम।

consecutive कॅन्से`'क्यूटिव् a. (व्या०) परिणामवाचक (*~ clause*); सतत, (विधा०) **निरन्तर**, आनुपूर्व, अविरत, क्रमबद्ध, अनुक्रमिक, (गणि०) **क्रमागत, क्रमिक**, क्रमानुगत, (रसा०) क्रमोत्तर, प्रातिवेश्य, **लगातार**, सिलसिलेवार, बारी-बारीसे; अनुगामी; ~ intervals (संगीत) क्रममें परिणामी अन्तराल, एक ही गीतके दो बन्धोंमें पंचम और षष्ठ स्वरके बीच आनेवाला अन्तराल; ~ order लगातार क्रम, अनुक्रम;
~ curves, ~ interpretation, ~ numbers, ~ reaction.

consecutively –लि adv. क्रमशः, क्रमानुसार, अनुपूर्व, लगातार।

consecutiveness –नि`स् n. सातत्य, सततता^F, क्रमबद्धता^F, अनुपूर्वता^F, यथाक्रमता^F।

conseil d'etat(F) n. राजसभा^F।

consenescence कॉन्सि`ने`'सन्स् n. जरा-जीर्णता^F, बुढ़ापा।

consension कॅन्से`न्'सॅन् n. सहमति^F, अनुमति^F।

consensual –'स्यू (शु) अॅल् a. सहमतिक, सम्मत, अनुमति-रचित, मतैक्य-सम्बन्धी।

consensus –'सॅस् n. (श०र०शा०) विभिन्न अवयवोंका ऐक्य; (दर्श०) **संप्रतिपत्ति**^F, बहुमति^F, बहुमत, सर्व-सम्मति^F, ऐकात्म्य, ऐकमत्य, एकात्मकता^F, (का०) **मतैक्य**, सम्मति^Fकी एकात्मता^F, एकमत, एकता^F, अनु-कूलता^F।

consent[1] कॅन्से`न्ट् n. अनुज्ञा^F, आज्ञा^F; (का०) **सह-मति**^F, अनुमति^F, (विधा०, का०) **सम्मति**^F, एकमति^F, मर्जी^F, **रजामन्दी**^F, **मंजूरी**^F; age of ~ सहवास-वय, सहमति-वय, युवाकाल, युवावस्था^F, जवानी^F; *silence gives* ~ मौनं सम्मतिलक्षणम्, चुप सम्मति^Fका द्योतक है; *with one* ~ सर्वसम्मत होकर, सर्वसम्मति^Fसे, एकमत होकर, एक राय^Fसे।

consent[2] v.i. अभ्यनुज्ञा^F देना, अनुज्ञा^F देना, अनुमति^F देना, **सहमति**^F **देना, सम्मति**^F **देना**, अनुमत होना, सम्मत होना, सहमत होना, स्वीकार करना, मान लेना, मंजूर करना, रज़ामन्द होना।

consentaneity –टॅनी'इटि n. संगमन, सर्वसम्मति^F; औचित्य, अनुकूलता^F।

consentaneous कॉन्सें न्टे'नि अस् a. संगामी, समकालिक, समानवर्ती; एकमत, एकराय; उचित, अनुकूल, ठीक।

consentaneousness -नि स् n. संगामिता^{F}, समानुवर्तिता^{F}, सर्वसम्मतत्व, मतैक्य, संगति^{F}।

consentience कॅन्से न्'टिॲन्स् n. सहवर्तन; सम्मति^{F}, सहमति^{F}, मतैक्य।

consentient -'शन्ट a. सहवर्ती, सम्मत, सहमत, एकमत, एकचित्त।

consequence कॉन्'सि क्वॅन्स् n. संविपाक, निर्गम, (का०) **परिणाम, फल**; अनुक्रम, तर्क, अनुमान; गुरुत्व, गौरव, गुरुता^{F}, महत्त्व, महत्ता^{F}, महिमा^{F}, प्रतिष्ठा^{F}, प्रभाव (*persons of* ~); ~ theory **फलपरक सिद्धान्त**; *in* ~ फलस्वरूप, परिणामके रूपमें, इस हेतुसे, इस कारणसे; *of no* ~ निष्फल, निरर्थक; *take the* ~ *s* फल पाना, अपने कियेको भुगतना।

consequent[1] -न्ट् n. निष्पत्ति^{F}; (गणि०) **परपद**; अनुपातकी दो संख्याओंमें दूसरा, चार आनुपातिकोंमें दूसरा और चौथा; (तर्क०) उत्तरांग; संविपाक, विपाक, परिणाम, घटनाफल; आनुषंगिक घटना^{F}।

consequent[2] a. संविपाकी, आनुषंगिक, समनुवर्ती (~ *legislation*), (प्रा० भूगोल) **अनुवर्ती**, अनुगामी, (ग०) **परिणामी** (~ *change*), फलस्वरूप; तर्कानुसार अटल, अविचल, तर्कपूर्ण।

consequential -वे न्'शल् a. (का०) **आनुषंगिक, परिणामी**, अनुवर्ती (~ *relief*) अनुवर्तन करनेवाला, पीछा करनेवाला;

~ damages, ~ injury, ~ legislation, ~ loss, ~ poles, ~ river.

consequentiality -शिॲ'लिटि n. अनुगमन, परिणाम, फल, पीछा।

consequently -'सि क्वॅन्ट्लि adv. & conj. परिणामतः, फलतः, फलस्वरूप, तदनुसार, इस परिणामसे, इस हेतुसे, इस कारणसे; अतः, इति, इसलिए।

conservable कॅन्सॅर'वॅबॅल् a. परिरक्षणीय; बचा रखने लायक।

conservancy -वॅन्सि n. मलवहन, (कृषि०) **स्वच्छता^{F}, सफाई^F**, (रेल०) **मल-सफाई^F**; सरकारी परिरक्षण, संरक्षण (वन आदिका), सरकार^{F}की निगरानी^{F}, अधिरक्षण-विभाग, बन्दरगाह, नदी^{F} आदिका नियन्त्रण करनेवाला आयोग या व्यवस्था^{F} या संगठन (*Thames C*~); (स्वास्थ्य०) सार्वजनिक स्वास्थ्य-रक्षण और आरोग्य संबंधी निगरानी;

~ arrangements, ~ authorities, ~ cess, ~ clerk, ~ collection, ~ drums, ~ inspector, ~receipt, ~ staff, ~ stores, ~ system, ~ tax.

conservant -वॅन्ट् a. परिरक्षणशील, संरक्षणशक्य, बचाऊ; टिकाऊ।

conservation -वे'शॅन् n. **संरक्षण**, परिक्षण, रक्षण, बचाव, (चि०) (जैसे औषधि रोगीका); (कृषि०) **संधारण**; स्थायित्व, स्थिरता^{F}, (रसा०, भौ०, गति वि०) **अविनाशिता^{F}**, नित्यत्व, नित्यता^{F}, टिकाऊपन, ठहराव; (शिक्षा०) **रूढ़िवाद**।

conservationist -निस्ट् n. अनुदार, रूढ़िवादी, पुराणपन्थी; सन्धारक, संरक्षक।

conservatism -'वॅटिज़म् n. रूढ़िवाद, रूढ़िवादिता^{F}, अनुदारतावाद, अनुदारता^{F}; पुराणप्रियता^{F}, पुरातनवाद, (दर्श०) **रूढ़िवाद, रूढ़िवादिता^{F}**।

conservative -टिव् १. n. अनुदार, कंजरवेटिव पार्टी^{F}-का सदस्य, कंजरवेटिव; सनातनी, पुराणपन्थी; २. a. परिमित ⊙ (~ *estimate*); सुरक्षित ⊙, (दर्श०) **रूढ़िवादी**, गतानुगतिक; **पथ-निर्पेक्ष**; परीक्षणशील, **संरक्षी**, (गति वि०) अविनाशक, अविनाशी; सौम्य, नरम; साधारण; सचेत, सावधान; ~ faculty धारणा-शक्ति; C ~ Party अनुदार दल; ~ treatment **प्राकृतिक उपचार**;

~ field, ~ forces, ~ party, ~ property, ~ system.

conservatoire(F) -कॅन्सॅर्व ट्वार् n. संगीतकी एक प्रणाली^{F}, संगीतशाला^{F}, संगीत-भवन।

conservator कॉन्सॅर्वेटॅर् n. सरकारी परिरक्षक (संग्रहालय आदिका); (कृषि०) **संधारक; संरक्षक**; अधिरक्षक, रक्षक या पालक; ~ s of the peace शान्ति^{F}के परिरक्षक, सम्राट्, न्यायमन्त्री आदि।

conservatorship -शिप n. परिरक्षकत्व, संरक्षकता^{F}।

conservatory कॅन्सॅर'वॅटॅरि n. मृदुल वनस्पतियों^{F}को रखनेका रक्षागृह, (शिक्षा०) **संरक्षिका^{F}**, रक्षणस्थान, रक्षास्थान; (जनता^{F}का) संगीत-विद्यालय ⊙।

conserve[1] कॅन्सॅर्व्' n. मिठाई^F, मुरब्बा, पाग।

conserve[2] v.t. परिरक्षित करना, रक्षण करना, सुरक्षित रखना, रक्षा करना, नष्ट होनेसे बचाना, सुनिश्चित करना, पालन करना, बचा रखना, (विधा०) **बनाये रखना**, बचाना; ढाल^{F}से रक्षा^{F} करना।

conserver -'वॅर n. परिरक्षक, बचा रखनेवाला; पाग बनानेवाला।

conship कॉन्'शिप् n. **पोत-निदेशन**।

conshore कॉन्'शोॲर् n. **तट-निदेशन**।

consider कॅन्सि'डॅर् v.t. & i. विमर्श करना, चिन्तन करना, (का०, रेल०, विधा०) **विचार करना**, ध्यान देना, विचारना, सोचना, गौर करना; ध्यानमग्न होना, सोचना-विचारना; धारणा^{F} करना; गुणोंकी तुलना^{F} करना, (मनमें) तौलना, जानना, समझना; अनुमान होना या लगाना, अटकल^F लगाना, तर्क करना, परखना, जाँचना, गिनना; मानना, समझना (*I* ~ *him to be a knave*); ~ *of* (प्रा०) चिन्तत करना, विचार करना।

considerable -रॅबॅल् a. चिन्तनीय, विचारणीय, सोचने योग्य, परखने योग्य, गौर करने योग्य; (सामान्य भाववाचक वस्तु^{F}) अनल्प, पर्याप्त, यथेष्ट, प्रचुर, बहु, बहुत-कुछ, काफी (~ *damage*, ~*friction*,

~*opposition*, ~*scope*, ~*sum*, ~*trouble*); गण्य-मान्य, प्रतिष्ठित, आर्य, पूज्य; *by* ~ ⊙काफी मात्रा^F^में; ~ *handicap* ⊙अत्यधिक असुविधा^F^ ।

considerableness –निॅस् n. अनल्पता^F^, प्रचुरता^F^, बहुलता^F^, यथेष्टता^F^ ।

considerably –लि adv. अनल्प, अतीव, अत्यन्त, अत्यधिक ।

considerate –रॅट् a. (प्रा०) सतर्क, सचेत, सावधान, होशियार; दूरदर्शी; दूसरोंके लिए चिन्तनशील, विचारशील, विचारवान्, लिहाज रखनेवाला ।

considerateness –निॅस् n. सतर्कता^F^, सावधानी^F^; चिन्तन-शीलता^F^, विचारशीलता^F^, दूरदर्शिता^F^ ।

consideration –रे'शॅन् n. आकलन, समीक्षा^F^, निरूपण, विमर्श, चिन्तन, विवेचन, (का०) **विचार**, गौर; ध्यान, गम्भीर चिन्तना^F^; तथ्य, तर्क (*that is a* ~); प्रतिष्ठा^F^, सम्मान, गौरव, गुरुता^F^; (का०) **अभिसंधान**, प्रतिदेय, (का०) **प्रतिफल**, मुआवजा (*for a* ~); प्रतिकर; (बैंक०) **लब्धि^F^**, (कानू०) बदल, बदला, पलटा; ~ money उपलक्ष धन; *in* ~ *of* हेतु, लिए, इस कारणसे; के प्रतिकल स्वरूप, बदलेमें, पलटेमें; *take into* ~ चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान देना, गौर करना; *under* ~ विमर्शाधीन, विचाराधीन ।

considered –ड् a. सुचिंतित, सुविचारित (~ *opinion*) ।

considering –'डॅरिंग् prep. (सम्बन्ध०) समझते हुए, विचार करते हुए, इस विचारसे (*it is excusable* ~ *his age*); *that is not so bad* ~ इस दशा^F^ या स्थिति^F^में यह बात^F^ उतनी बुरी नहीं है ।

consign कॅन्साइन् v.t. प्रेषण करना, दूसरेको भेजना; (का०, रेल०) **परेषित करना**, प्रेषित करना, रेल^F^ द्वारा भेजना, रवाना करना, भेजना; (का०, रेल०) **माल भेजना**; न्यासमें रखना, धरोहर^F^ रखना, जमा करना (बैंकमें); अर्पण करना, सौंपना, हवाले करना, देना, दे डालना, सुपुर्द कर देना ।

consignable –नॅबॅल् a. न्यास्य, धरोहर-योग्य; प्रेष्य, भेजने योग्य ।

consignation–नेशन् n. (मालका) प्रेषण, माल भेजनेकी क्रिया^F^; नियुक्त व्यक्तिको धनका औपचारिक भुगतान, निष्कृति^F^, चुकती^F^; *to the* ~ *of* नामपर, नामसे, बनाम ।

consigned –ड्' a. प्रेषित, **पारेषित**, **भेजा हुआ (माल)**; न्यस्त, सुपुर्द ।

consignee कॉन्साइनी n. प्रतिग्रीहता, (वाणि०, का०) **प्रेषिती**, (वाणि०) परेषी, प्राप्ता, **पानेवाला** ।

consignment –न्'मॅन्ट् n. न्यसन, समर्पण, अर्पण, (वाणि०, का०, रेल०, परि०) **प्रेषण**, **परेषण**, भेजना, सुपुर्दगी^F^; प्रेष्य; भेजा हुआ माल; (वाणि०, का०, रेल०, परि०) **परेषित माल**, **प्रेषित माल**; प्रेषित वस्तु^F^; सौंपा गया माल, सुपुर्द किया हुआ सामान;

~ account, ~ basis, ~ clause, ~ inward, ~ ledger, ~ note, ~ outward, ~ received, ~ register, ~ sent-out, ~ stock, ~ stock account, ~ stock suspense account, ~ traced.

consignor कॉन्साइनॅर् n. (वाणि०, का०, परि०) **प्रेषक**, (वाणि०, रेल०, नौवि०) **परेषक**; **माल भेजनेवाला**, भेजनेवाला ।

consilience कॅन्सि'लिॲन्स् n. सम्पात, मेल, एकरूपता^F^; सुसंगति^F^, सम्मति^F^; संगामित्व, सहवर्तिता^F^ ।

consilient –न्ट् a. अनुसारी, सुसंगत, सम्मत; एकरूप, सहवर्ती ।

consist कॅन्सिस्ट् v.t. सम्मिलित होना, मिलना, बना होना, रहना, होना (*virtue* ~*s in being uncomfortable*); निर्मित होना, युक्त होना, बनना; अनुरूप या संगत होना, एकलय होना, एकतान होना ।

consistence, consistency–टॅन्स्,–सि n n. (ऋतु०, शिक्षा०, का०, दर्श०, साहि०) **संगति^F^**, अनुरूपता^F^; **अविरोध**; (चि०) **विन्यास**; (गणि०) **सामंजस्य**; दृढ़ता^F^, स्थिरता^F^, अचलता^F^, निश्चलता^F^, अशिथिलता^F^, पुष्टता^F^, मजबूती^F^; (यंत्र०) **संघनता^F^**, (~ *index*); (रसा०, यंत्र०) **सुसंजनता^F^**, सान्द्रता^F^, घनत्व, घनापन, ठोसपन, **गाढ़ता^F^**, **गाढ़ापन** ।

consistent –न्ट् a. अविचल, दृढ़, स्थिर, अटल, (सिद्धान्तपर) डटा रहनेवाला; **अविरोध**; **एकरूप**, अनुरूप, **संगत**, अविरुद्ध;

~ pattern, ~ statistics, ~ system.

consistently –लि adv. संगति अनुसार, बराबर ।

consistometer –टॉ'मिटॅर् n. (रसा०) **सुसंजनतामापी**, **गाढ़तामापी** ।

consistorial कॉन्सिस्टॉ'रिॲल् a. (ईसाई) परिषदीय, पुरोहितसभा-सम्बन्धी, विशपकी अदालत^F^से सम्बन्धित ।

consistorian –ॲन् n. प्रेसबिटेरी [illegible], अनुषद्-सभा^F^का सदस्य ।

consistory –'सिस्टॅरि, कॅन्सिस्' –n. (ईसाई) अनुषद्^F^, सभा,^F^ आचार्य परिषद्^F^, पुरोहित सभा^F^, पोप एवं धर्माध्यक्षों (कार्डिनल)की सीनेट^F^; लूथरन पादरी परिषद्^F^, बोर्ड; प्रधानपादरीकी अदालत^F^, C~ Court विशपकी अदालत^F^ ।

consociate[1] कॅन्सो'शिॲट् n. & a. समायुक्त; पार्श्ववर्ती, सहचर, संगी, साथी ।

consociate[2] v.t. & i. समायोजन करना, मिलाना; पार्श्ववर्ती होना, सहचर होना, परस्पर मिलना, मेल करना, साथ रहना, साथ होना ।

consociation –ॲ'शॅन् n. सहयोग, सहचरता^F^, मिलाप; (वन०) **संघात**, संगठन ।

consolable कन्सो'लॅबॅल् a. समाश्वसनीय, सान्त्वना^F^ देने योग्य, ढाढ़स देने लायक ।

consolation कॉन्सॅले'शॅन् n. समाश्वाशन, आश्वासन, सान्त्वना^F^, धीरज, ढाढ़स, तसल्ली^F^, दिलासा; सान्त्वनापूर्ण अवस्था; ~ prize, समाश्वासक पुरस्कार, ढाढ़सी

१८९ इनाम; ~ race, stakes दिलासा^F देनेके निमित्त बाजी^F या दौड़^F।

consolatory –सॉ'लॅटॅरि a. आश्वासनपूर्ण, सान्त्वना-प्रद, सान्त्वनाशील, सुखावह, ढाढ़स देनेवाला।

console[1] कॉन्'सोल् n. अभिवार, ब्रैकेट (जिसमें बाजे, बाजेकी खूँटी^F आदि रहें); एक ताखा या दीवारगीर, (यंत्र०) **मन्दल**; (अर्थ०) **बेमियाद बांड, कनसोल**; ~-table, ~ mirror दीवार^F पर ताखेके सहारे खड़ी मेज^F या शीशा, दीवारगीर शीशा।

console[2] v.t. आश्वासन देना, सान्त्वना^F या शान्ति^F देना, धैर्य बँधाना, आँसू पोंछना, ढाढ़स देना, पीठ^F ठोंकना, दिलासा^F देना, तसल्ली^F करना।

consoler –लॅर् n. आश्वासक, धैर्य दिलानेवाला, सान्त्वना^F देनेवाला, दिलासा^F देनेवाला।

consolidate कॅन्सॉ'लिडेट् v.t. & i. समाहरण करना, एकीकरण करना, संगृहीत करना, समेकत्र करना, **समेकित करना, संचित करना**, मिलाकर एक कर देना, एक करना, इकट्ठा करना, एकमें ही शामिल करना, (रियासतों^F, सीमाप्रदेशों, कम्पनियों^F आदिको) मिलाना; संसान्द्रण करना, संदंहण करना, सम्पिण्डन करना, घनी-करण करना, घनीभूत होना, संघात करना, **संघटित करना, दृढ़ीभूत करना**, संहत करना, ठोस होना या करना, सख्त बनाना; प्रबल करना या होना, दृढ़ करना या होना, पुष्ट करना, पक्का करना, ठोस करना या होना (प्रायः ला०, शक्ति^F आदिका)।

consolidated –'टि्ड् a. सम्पिण्डित, संग्रनित, **समेकित**, संचित, **दृढ़ीभूत, संघटित**, संहत, समस्त, इकट्ठा;

~ bill, ~ debt, ~ fund, ~ ice, ~ land, ~laws, ~mud, ~ pay, ~ receipts, ~ statement.

consolidating –'टिंग् a. समेकन- (~ *officer*)।

consolidation –'शॅन् n. संदंहण, समाहरण, संघात, (परि०) **कुदाई**^F; (चि०) **घनीभवन**, घनीकरण, एकत्री-करण, (प्रा० भूगोल) **दृढ़ीकरण, दृढ़ीभवन**, संस्थापन, सम्पिण्डन, (कृषि०) **समेकन**, संघनन, (कृषि०) **चक-बन्दी**^F;

~ act, ~ clerk, ~ of holdings, ~ officer, ~ proceedings, ~ season.

consolidative –'लिडेटिव् a. एकीकृत, संघननशील, ठोस या घना करनेवाला; घाव भरनेवाला।

consolidator –टॅर् n. संघातक, संस्थापक, चकबन्दी^F करनेवाला।

consolidatory –रि a. सम्पिण्डनशील, संघाती, घनीकर, जमाऊ।

Consols. Consolidated Funds (Annuities).

consols कॅन्सात्त्ज़् pl. (प्रा०, ऋण-सम्बन्धी) संवार्षिकी^F, संनिधि^F, संचित वार्षिकी^F।

consomme(F) कॉन्सा'मे n. मांसका शोरवा, मांस-यूष; रसा, शोरवा।

consonance कॉन्'सॅनॅन्स् n. (संगीत, चि०, भौ०) **सन्नाद**, स्वर-ऐक्य, स्वरमिलन, सुरीलापन; संस्वनता^F, **संवादिता**^F, ऐक्यध्वनि^F, स्वर-संगति^F, स्वर-सादृश्य, शब्दानुरूपता^F, शब्दोंकी अनुरूपता^F; (ला०) सामंजस्य, समस्वरता, (साहि०) **आनुरूप्य, अविरोध, एकलय**, ऐक्य, मेल।

consonancy –सि n. दे० CONSONANCE.

consonant[1] –न्ट् n. (व्या०) **व्यंजन** (~ *sound*); अक्षर।

consonant[2] – a. (भौ०) **सन्नादी, संवादी**, (~ *sound*) संस्वनी, एकध्वनि, समस्वर, एकसुर; (संगीत) लययुक्त, निर्विरोध, मधुर, सुरीला, मिला हुआ; अनुगुण, संगत, अनुरूप, अनुकूल, अविरुद्ध, अभिमत, आनन्दकर, सामंजस्यपूर्ण।

consonantal –नैन्'टॅल् a. (व्या०) हलन्त, व्यंजन-सम्बन्धी, संवादी, अक्षरसम्बन्धी (~ *declension*)।

consonous –'सॅनॅस् a. समस्वनी, स्वर-सादृश्ययुक्त, समस्वरीय, एकरूपतावाला।

consort[1] कॉन्'सॉर्ट् n. सहगामी जहाज, साथका जहाज; सहवासी, सहवासिनी^F, संगिनी^F, साथी, संगी, पति या पत्नी^F; King, Prince C~ सम्राज्ञी^F का पति, रानी^F का पतिदेव; Queen C~ महिषी^F, सम्राज्ञी^F, रानी^F, सम्राट्की पत्नी^F।

consort[2] v.t. & i. संगत करना या होना, एक सुरमें करना या होना, एक लय^F में करना या होना, मिलना, मिलाना, अनुरूप होना, अनुकूल होना, एकमत होना, मान लेना; सहगामी होना, सहवास करना, सहचर होना, संगी होना, संग करना, संग (साथ) रहना, साथ देना।

consortism –टिज़्म् n. दाम्पत्य; सहकार, सह-जीविता^F, पारस्पर्य।

consortium –'शिॲम् n. अनेक राष्ट्रोंकी अस्थायी सहकारिता^F, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग; लोकसंग्रह, हितसाधन।

consortship –'सार्ट्-शिप् n. सहवर्तिता^F, मैत्री^F, मेल, दाम्पत्य।

conspecific –स्पेसिफिक् a. समजातीय, एक ही जाति^F या उपजाति^F का।

conspectus कन्स्पे'क्टॅस n. सारणीबद्धता^F, तालि-बद्धता^F, अंकबद्धता^F, संक्षेपांकन, संक्षिप्त विवरण, प्रारूप, रूपरेखा; सामान्य दृशा^F, (किसी विषयका) ढाँचा, खाका, मनसूबा।

conspicuity, conspicuousness कॉन्स्पिक्यू'-इटि, –नि'स् nn. उत्कृष्टता^F, विशिष्टता^F, प्रमुखता^F, सुस्पष्टता^F।

conspicuous कॅन्स्पि'क्यूॲस् a. **उत्कृष्ट, विशिष्ट**, उल्लेखनीय, प्रमुख (~ *part*), संलक्ष्य, प्रसिद्ध; ध्याना-कर्षी (~ *place*), आकर्षक, **मनोहर**; अभिदृश्य, सुदृष्ट, दृष्टिगोचर, सुप्रकाश, सुस्पष्ट, (रसा०) **स्पष्ट**, प्रत्यक्ष, व्यक्त, साक्षात्, सुप्रकट; ~ consumption (अर्थ०) **प्रदर्शन उपभोग**।

conspiracy कॅन्स्पि'रॅसि n. (का०) **षड्यंत्र**; कपट-योजना^F^, राजद्रोह, साजिश^F^; कुमन्त्रणा^F^, कपट-प्रबन्ध, कपट-सन्धि^F^; समुपजाप, उपजाप, कूटकर्म, मनसूबा (अच्छा या बुरा); साठ-गाँठ^F^ ।

conspiration –रे'शॅन् n. दुरभिसन्धि^F^, षड्यन्त्र करनेकी क्रिया^F^ ।

conspirator –पि'रॅटॅर् n. समुपजापी, उपजापक, राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी, कूटकर्मी, षड्यन्त्री, साजिश करनेवाला ।

conspiratorial –'टॉरिॲल् a. समुपजापीय, षड्यन्त्रकारी ।

conspiratress –'रॅट्रिस् n. राजद्रोहिणी^F^, कूटकर्मिणी^F^, षड्यन्त्रकर्त्री^F^ ।

conspire कॅन्स्पाॲर् v.t. & i. कुमन्त्रणा^F^ करना, कपटयोजना^F^ करना, विश्वासघात करना, मनसूबा गाँठना, बलवा करना, साठ-गाँठ^F^ करना (~ *his ruin*, ~ *an attack*); समुपजपन करना, (का०) **षड्यन्त्र करना**, षडयन्त्र रचना, अवैधानिक कर्म करना, राजद्रोह करना, विद्रोह करना, बगावत^F^ करना, साजिश^F^ करना; सम्मिलित होना, समान होना, एकसमय होना, मिलना ।

conspirer –'रॅर n. समुपजापी; उपजापक, राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी, कूटकर्मी, षड्यन्त्री, साजिश^F^ करनेवाला ।

conspue कॅन्स्प्यू v.t. गर्हणा^F^ करना; घृणा^F^ करना ।

conspurcate कॉन्स्पर्'केट् v.t. सन्दूषित करना, गन्दा करना ।

constable कन्स्'टॅबॅल् n. दण्डधार, आरक्षक, आरक्षी, रक्षी, (पुलिस^F^का) **सिपाही, कांस्टेबुल**; Chief C~ मुख्यारक्षी, पुलिस^F^ बल एवं दलके मुख्य अधिकारी, पुलिस^F^की टुकड़ी^F^का मुख्य पदाधिकारी; C~ of England, Lord High C~ इंग्लैण्डके राज-परिवारमें ऐसा पदाधिकारी; C~ of France प्राचीन फ्रांसके राजपरिवारका मुख्य पदाधिकारी; राजाकी अनुपस्थिति^F^में प्रधान सेनापति; special ~ विशिष्ट राजपुरुष, पुलिस सिपाही; *outrun the* ~ ऋणमें डूबना, ऋणी होना ।

constableship –शिप् n. आरक्षि-कार्यालय, पुलिस^F^के कांस्टेबुलका अधिकार-क्षेत्र ।

constabulary –'टैब्यूलॅरि n. & a. आरक्षि-बल, आरक्षि-वर्ग, दण्डधर-गण, आरक्षकगण, पुलिस-दल, पुलिसकी टुकड़ी^F^ ।

constancy कॉन्'स्टॅन्सि n. अभिनिवेश, अविरामता^F^, अपरिवर्तनीयता^F^, अचलता^F^; (शिक्षा०) **समस्थिति^F^, समरूपता^F^**, एकनिष्ठता^F^, श्रद्धा^F^, विश्वास; ध्रुवता^F^, स्थायित्व, (प्रा० भूगोल, चि०), **स्थिरता^F^**, निश्चलता^F^, दृढ़ता^F^, अशिथिलता^F^, ठोसपन; ~ phenomena (मनो०) **स्थैर्य-घटना^F^** ।

constant –न्ट् १. n. (ग०) स्थिर परिमाण, पक्की नाप^F^; **नियतांक**, (भौतिकी^F^) (रसा०, गति०) **स्थिरांक** (~ *of friction*); २. a. अजस्र, अनवरत, सनातन, अविरत, अविराम, सर्वदा, निरन्तर, नित्य, लगातार; कूटस्थ; अविकृत, सतत, अविरल, अपरिवर्तनीय, **एक समान, नियत**, स्थायी, (रसा०, नौवि०, ग०) **स्थिर**, ध्रुव, अविचलित, निश्चल, अचल, (गति वि०, कलन) **अचर** (~ *capital*), अटल, दृढ़; भक्त, एकनिष्ठ, विश्वस्त, अनुरक्त, दृढ़प्रतिज्ञ, प्रतिज्ञापालक, सच्चा, नमकहलाल, वफादार; ~ *dropping wears the stone* रोज रगड़नेसे पत्थर भी घिस जाता है ।

~ acceleration, ~ capital, ~ current, ~ demand, ~ enthalpy, ~ error, ~ fault, ~ parameter, ~ pressure, ~ proportion, ~ speed, ~ term, ~ velocity, ~ voltage, ~ volume, ~ wind.

Constantia कॅन्स्'टैन्'शे n. (केपटाउनके समीपके) कन्स्टेन्शाकी मदिरा^F^ ।

constantly कॉन्'स्टॅन्टलि adv. सतत, अविरत, अनवरत, निरन्तर, नित्य, सर्वदा, बहुधा; प्रायः, अक्सर ।

constellate कॉन्'स्टॅलेट् v.t. & i. तारावली^F^ बनकर चमकना, तारापुंज बनना, नक्षत्रसमूह बनाना या बनना ।

constellation –ले'शॅन् n. तारावली^F^, नक्षत्रराशि^F^, तारकपुंज, (ज्यौ०) **तारामण्डल**, तारासमूह, नक्षत्र (ला० भी); (मनो०) **(भाव) संघात; राशि, समूह, पुंज** ।

consternate कॉन्'स्टॅर्नेट् v.t. सम्भ्रान्त करना, सन्त्रस्त कर देना, विस्मित करना, व्याकुल करना, उद्विग्न करना, भयभीत करना, घबड़ा देना, डराना, दिल तोड़ना ।

consternation –'नें'शॅन् n. सन्त्रास, सम्भ्रम, महाभीति^F^, उद्वेग, विस्मय, व्याकुलता^F^, भय, भयाकुलता^F^, डर ।

constipate कॉन्'स्टिपेट् v.t. मल-अवष्टम्भित करना, मलावरोधन करना, मलावरोध करना, मलरोध करना, मलबद्ध करना, कब्ज करना; (आँतों^F^को) कोष्ठबद्ध करना, बद्धकोष्ठ होना ।

constipated –टिड् a. बद्धकोष्ठ, मलावरुद्ध ।

constipating –टिंग् n. (चि०) **मलबंधकर** ।

constipation –पे'शॅन् n. मलावष्टम्भ, कोष्ठबद्धता^F^, बद्धकोष्ठ, मलावरोध, मलरोध, (चि०) **मलबन्ध**, मलबद्धता^F^, (श० र० शा०, चि०) **कब्ज** ।

constituency कॅन्स्टि'स्यूॲन्सि n. निर्वाचनमण्डल, (विधा०, का०, राज०) **निर्वाचन क्षेत्र, चुनाव-क्षेत्र**; निर्वाचक वर्ग, मत-दातृ-वर्ग, चुननेवालोंका संघ; क्रेतृ वर्ग, खरीदार लोग, गाहक वर्ग; चन्दा देनेवाले ।

constituent –न्ट् १. n. प्रतिनियोक्ता; निर्वाचक, मतदाता, वोट देनेवाला, वोटर; (भौ०, जीव०, गणि०) **रचक**; सारभूत अंश, (प्रा० भूगोल, यंत्र०, चि०) **अंग, घटक**, अवयव, अवयवरूप; (इंजी०) **उपादान**, किसी दूसरेको अपना प्रतिनिधि, मुख्तार या गुमाश्ता बनानेवाला; २. a. संविधान-, संविधान-सम्बन्धी, संविधायी (*C ~ Assembly*); संघटक (~ *species*), नियोगकारी, निर्वाचनकारी, नियुक्त करनेवाला; घटक, रचक, अवयव, अंश, टुकड़ा, हिस्सा;

~college, ~ function, ~ power.

constitute कॉन्'स्टिट्यूट् v.t. वैधानिक रूप देना,

कानूनी शक्ल^F देना (सभा^F आदिको); संविहित करना, घटित करना, संगठन करना, निर्माण करना, निर्मित करना; मानसिक अवस्था^F ठीक करना; प्रतिनियुक्त करना, नियोजित करना, नियुक्त करना, बनाना (~ *him President*); संस्थापन करना, संस्थापित करना, स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, नींव^F डालना, ठहराना, पक्का करना; अंगीभूत होना, अवयव होना; संकल्प करना, निश्चय करना।

constituted –टि ड् a. संविहित, संस्थापित, घटित, (विधा०) **गठित**, (~*agent*); ~ authority **विधि-सम्मत अधिकारी**।

constitution –ट्यू'शॅन् n. (का०, राज०) **संविधान**; विधान-संगठन, विधान-नियम, राज्यसंघटन, (रसा०, प्रा० भूगोल) **संघटन** (*stellar* ~); विधियंत्रण, शासन-पद्धति^F, (इति०) अध्यादेश, आज्ञप्ति^F, जयपत्रप्रादेश (*C~s of Clarendon*); संस्थापन; (मानसिक) **रचना**^F, वृत्ति^F, अवस्था^F, दशा^F, पद्धति^F, रीति^F; संगठन, संरचना^F (~*formula*), (शिक्षा०, चि०) **प्रकृति**^F, **शरीर-गठन**^F, शरीर-रचना^F, (शारीरिक) **गठन**^F, बनावट^F, संस्थापन; written ~ लिखित संविधान, लिखित विधान, लिखित राज्य-व्यवस्था^F।

constitutional –नॅल् १. n. स्वास्थ्यके लिए भ्रमण, सैर-सपाटा, सैर^F; २. a. विधानपरक, संविधान, संविधान-सम्बन्धी; संवैधानिक, संविधानीय, वैधानिक (~*sovereign*); राचनिक, शारीरिक, शरीर-रचना-सम्बन्धी (~*weakness*); सारभूत, अनिवार्य, आवश्यक; ~ diagram संघटन-चित्र ~ disease (चि०) कुलजरोग, आनुवंशिक रोग; सर्व शरीर-व्यापी रोग; ~expert संविधानज्ञ; ~ formula संस्थापन-सूत्र;

~ agitation, ~ amendment, ~changes, ~ convention, ~ court, ~ law, ~ limitation, ~ matters ~ officer, ~ practice, ~process, ~ reforms.

constitutionalism –लिज़्म् n. (राज०) **संविधानवाद**, संविधानप्रियता^F; संविधानीय शासन, वैधानिक शासन, व्यवस्थित शासन-पद्धति।

constitutionalist –'लिस्ट् n. संविधानवादी; **संविधानज्ञ**, विधानविलेखक।

constitutionality –नैॅ'लिटि n. संवैधानिकता^F, विधानपरकता^F, वैधानिकता^F।

constitutionalize –'शॅनॅलाइज़ v.t. & i. वैधानिक बनाना, वैधानिक रंग में रंगना, वैधानिक रूप देना, व्यवस्थित करना।

constitutionist –'शॅनिस्ट् n. = CONSTITUTIONALIST.

constitutive–'स्टिट्यूटिव् a. संघटना-निर्भर, संघटना-सम्बद्ध; विधायक, रचनात्मक, संस्थापनाकारी, संघटन-सम्बन्धी; अंशभूत, अंगीभूत, सावयव; सारभूत, अनिवार्य, आवश्यक; ~ faculty संस्थापन-क्षमता।

constitutor –टॅर् n. विधायक, निर्माता; अंगी।

constrain कॅन्स्ट्रेन् v.t. बलात्कार करना, बलप्रयोग करना, दबाव डालना, दबाना, जबरदस्ती^F करना (शा० एवं ला०); संरोधन करना, निबाधित करना, बाध्य करना, संयत करना, रोकना; विवश करना, परवश करना, मजबूर करना।

constrainable –'नॅबॅल a. निबाध्य, संरोधनीय, अवरोधनीय।

constrained –न्ड्' a. **प्रतिबंधित**; **निबाधित**, बाधित, संरुद्ध, (स्थिति वि०, गणि०) **निरुद्ध**, संयत, बलात्कृत, दबाया हुआ, घबड़ाया हुआ;

~ association, ~ manner, ~ motion, ~ voice.

constraint –न्ट् n. निग्रह, नियन्त्रण, निरोध, **प्रतिबंध**, संयमन, संयम; संरोधन, अवरोध, बन्धन, रुकावट^F, रोक^F, कैद^F, बन्दिश^F; बलात्कार, बाध्यता^F, विवशता^F, दबाव, जबरदस्ती^F; ~ pipe **संकुचित नली**^F।

constrict कॅन्स्ट्रिक्ट' v.t. नियंत्रित करना, उपसंकुचित करना, निकुंचन करना, निचोड़ना, दबाना, घोंट देना, सिकोड़ना, कूँचकर हलवा बना डालना।

constricted –'टिड् a. उपसंकोचित, संकुचित (~ *pipe*), निकुंचित (~ *crown*)।

constriction –'शॅन् n. (चि०) **समाकर्ष**, उपसंकुचन, उपसंकोच, (भौ०) **संकुचन**, संकुचिति^F, आकोचन, निकुंचन, संकीर्णता^F, दबाव।

constrictive –'टिव् a. संकुचनशील, सिकोड़ने योग्य।

constrictor –टॅर् n. (जीव०) **संकोचिनी**^F, समाकर्षणी^F संकोचन-पेशी^F, आकोचक, किसी भागको सिकोड़नेवाली शरीरकी पेशी^F; संकुचन-यन्त्र, दबानेवाला; Boa ~ अजगर साँप।

constringe कॅन्स्ट्रिन्ज v.t. उपसंकुचित करना, संकीर्णित करना (प्रांगारिक ऊति^F); संहरण करना, संकुचित करना, दबाना, सिकोड़ना; कसना।

constringency –जॅन्सि n. निकुंचन, संकुचन, सिंकुड़न।

constringent –न्ट् a. संकोचक, संकीर्ण करनेवाला, सिकुड़नेवाला, सिकोड़नेवाला।

construct कॅन्स्ट्रॅक्ट् v.t. निर्मित करना, (विधा०) **निर्माण करना**, (ग० भी), **रचना**^F **करना**, तैयार करना, बनाना (ला० भी); (व्या०) पद-योजना करना, वाक्य बनाना, शब्द-विन्यास करना; खींचना, खाका खींचना (~ *a triangle*)।

constructed –'टिड् a. निर्मित, रचित(~ *fire-place*)।

construction –'शन् n. (रसा०); **निर्माण**, विधान, (प्रा० भूगोल, रसा०, शिक्षा०) **रचना**^F, रचनावृत्ति^F, मण्डन, (रसा०, शिक्षा०) **बनावट**^F, बनाना; रचिति^F, निर्मित वस्तु^F; पदयोजना^F, शब्दविन्यास, अन्वय, (का०) अर्थान्वय, **अर्थ लगाना**, (आचरण आदिकी) व्याख्या^F (*put a good, bad ~ upon his refusal*); ~ train रेल^Fके निर्माण आदिके लिए सामान ले जानेवाली रेल;^F ~ stores पूँजीगत सामान;

~ branch, ~ officer, ~ plants.

constructional –'नॅल् a. निर्माण-सम्बन्धी, रचना-सम्बन्धी; भवन-सम्बन्धी, रचना^F^का, बनावट^F^का।

constructionism –निज़्म् n. शिल्पसम्बन्धी गठन^F^, कला-सम्बन्धी भावव्यंजना^F^।

constructive –'टिव् a. प्रकल्पक, विधायक, रचना-सम्बन्धी, बनानेवाला; संघटनात्मक, मण्डनात्मक, (मनो०) **रचनात्मक**, निर्माणशील, रचनाशील; भवन-सम्बन्धी; (कानून) **प्रलक्षित**, अन्वयाश्रित; अन्तर्निहित; संकेतित (*a ~ denial, permission*), वास्तविक, भीतरी; (तर्क०) अस्त्यात्मक; प्रतीकात्मक, लाक्षणिक;
~ assent, ~ authority, ~ contempt, ~ contract, ~ conversion, ~ crime, ~ criticism, ~ delivery, ~ dilemma, ~ escape, ~ fraud, ~ group, ~ interference, ~ loss, ~ malice, ~ notice, ~ possession, ~ presence, ~ process, ~ programme, ~ thinking, ~ trust, ~ wave, ~ work.

constructiveness –नि॑स् n. रचनात्मकता^F^, निर्माणशीलता^F^, प्रकल्पता^F^, विधायकता^F^।

constructivism –विज़्म् n. (साहि०) **निर्माणवाद**।

constructor –टॅर् n. निर्माता, रचयिता, बनानेवाला, इमारत बनानेवाला; पोत-निरीक्षक।

constructorship –शिप् n. निर्माताका पद; पोत-निरीक्षकत्व।

construe कॉन्'स्ट्रू, कॅन्स्ट्रू (vb.) १. n. अनुवादका परिच्छेद; २. v.t. & i. अर्थविवृति^F^ करना, विवृत करना, व्याख्या^F^ करना, समझाना, उल्था करना (शब्द, कृत्य); अनुवाद करना; शब्दशः अनुवाद करना, विश्लेषण करना, (विधा०) **अर्थ करना**, अर्थ लगाना, अर्थ निकालना, समझना; अन्वयन करना, अन्वय करना या होना; वाक्य विन्यास किया जाना, वाक्य-विग्रह होना (*this passage does not ~*)।

construed –ड्' a. कृतान्वय (*shall be ~*); अन्वित (*'rely' is ~ with 'on'*)।

consubstantial कॉन्सॅब्स्टैन्'शल् a. एकमूर्त्ति, एकतत्त्व, एकपदार्थ, एकशरीर।

consubstantialist –लिस्ट् n. ईसाके अन्तिम भोजके स्मारकोत्सवमें उनके शरीर या रक्तकी विद्यमानता^F^के सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला, साक्षात्-वादी।

consubstantiality –शिऐ'लिटि n. एकतत्त्वता^F^, एकपदार्थता^F^।

consubstantiate –न्'शियेट् v.t. & i. एकतत्त्व होना, एकशरीर करना या होना, एक होना, एकमेल करना।

consubstantiation –शिऐ'शॅन् n. ईसाके अन्तिम भोजके स्मारकोत्सवमें उनके शरीर या रक्तकी विद्यमानता^F^ (का सिद्धान्त)।

consuetude कॉन्'स्वि॑ट्यूड् n. सामाजिक संसर्ग, सामाजिक सम्बन्ध, मेलजोल; रूढ़ि^F^, परम्परा^F^, रीति^F^, प्रथा^F^, रिवाज।

consuetudinary –'डिनॅरि १. n. प्रथाओं^F^ या रिवाजोंकी संहिता^F^, नियमावली^F^; २. a. रीत्यनुसार, परम्परागत, प्रथागत, रिवाजी (*~ law*)।

consul कान्'सॅल् n. प्राचीन गणतन्त्र रोमके दो अधिकरणिकोंकी उपाधि^F^, फ्रांसीसी गणतन्त्रके तीन प्रमुख अधिकरणिकोंकी उपाधि^F^, (राज०) **कान्सुल** (*First ~ Napoleon*); प्रदूत, वैदेशिक प्रतिनिधि; एलची, (विधा०) **वाणिज्यदूत**; साइकिल^F^-सवारोंके गश्ती क्लबका स्थानीय प्रतिनिधि।

consulage –लिज n. वाणिज्य-दूत-कर, रक्षार्थ वाणिज्य-दूतके द्वारा दिया जानेवाला कर, (परि०) **कॉन्सल प्रभार**।

consular कॉन्'स्यूलॅर् n. & a. रोमन कान्सुलका; प्रादूतिक, वैदेशिक प्रदूत-सम्बन्धी, प्रतिनिधि-सम्बन्धी, कौंसुली, कान्सुलका; वाणिज्य-दूतीय;
~ agent, ~ attache, ~courts, ~ department, ~ district, ~ fees, ~ function, ~ instruction, ~ invoice, ~ list, ~ officer, ~ post, ~ report, ~ representative, ~ secretary, ~ stamp, ~ transaction, ~ treaties.

consulate –लेट् n. फ्रांसमें प्रादूतिक शासनका युग; (राज०) **कोन्सल कार्यालय, कोन्सलावास, कोन्सल पद**; रोमके प्रदूतका कार्यालय; (का०) **वाणिज्य-दौत्य, वाणिज्य दूतावास**; प्रदूतालय, प्रदूतावास, दूतावास, एलचीका दफ्तर; कान्सुलका कर्मचारी।

consulship कॉन्'सॅल्शिप् n. प्रदूतत्व, एलचीका पद।

consult कॅन्सल्ट् v.t. & i. शिक्षा^F^ लेना (व्यक्ति या पुस्तक^F^से), समाचार प्राप्त करना, पूछ-ताछ^F^ करना, खबर^F^ पाना, हिदायत^F^ लेना; मन्त्रणा^F^ करना, (विधा०) **परामर्श करना**, परामर्श लेना; सम्मति^F^ लेना. राय लेना, सलाह^F^ लेना, मशविरा करना (व्यक्ति या पुस्तक^F^ आदिसे); विमर्श करना, चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान करना (दूसरोंकी भावनाओं^F^, हितोंका); ~ one's *pillow* (चिन्तन करनेके लिए) रात^F^-भरका अवकाश लेना, रात^F^-भर विचार करना।

consultable –'टॅबॅल a. मन्त्रणायोग्य, परामर्शयोग्य; चिन्तनीय, विचारणीय।

consultant –टॅन्ट् n. सलाह^F^ देनेवाला वकील या चिकित्सक; मन्त्रणा^F^ या परामर्श-याचक, सम्मति^F^ चाहनेवाला, राय^F^ लेनेवाला।

consultation कॉन्सॅल्टे'शॅन् n. मन्त्रणा^F^, (विधा०, राज०, चि०), **परामर्श**, विमर्श, (*~ fee*), विचार, राय^F^, (राज०, चि०) **मशविरा, सलाह^F^**, विचार-विनिमय।

consultative कॅन्सल्'टॅटिव a. मन्त्रणात्मक, परामर्शदाता, परामर्शात्मक, सलाहकार, मशविरेका (*~committee*)।

consulted –टि॑ड a. परामृष्ट, मन्त्रणाप्राप्त।

consultee कॉन्सॅल्टी n. परामर्शदाता, सलाह^F देनेवाला।

consulter कॅन्सल्'टॅर् n. मन्त्रणा^F करनेवाला, परामर्श लेनेवाला, सम्मति^F लेनेवाला, राय^F लेनेवाला।

consulting –टिंग a. परामर्श-सम्बन्धी (~ *room*); ~ physician परामर्शद चिकित्सक।

consumable कॅन्स्यू'मॅबॅल् n. & a. (प्रायः बहु०) **उपभोज्य** (~ *stores*), उपभोगके लिए, (~ *ledger* रसीद^F आदिकी खातावही^F)।

consume कॅन्स्यूम् v.t. & i. (रसा०) **उपभोग करना,** (रसा०) **उपभुक्त होना,** खा-पी जाना, व्यय करना, **खपाना,** खर्च करना; अपव्यय करना या होना, व्यर्थ खोना; हरण करना, क्षीण होना (समय, रोग आदिका); व्यर्थ कर देना, खतम कर देना; नष्ट कर देना, नाश करना, उड़ा जाना, उड़ा देना।

consumed –ड् a. प्रयुक्त (~ *energy*), (रेल०) **उपभुक्त,** खाया हुआ।

consumedly –मि`ड्लि adv. अत्यन्त, बहुतायत^F से, अधिकता^F से।

consumer –मॅर् n. खपत^F करनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); विनियोजक; (अर्थ०, का०) **उपभोक्ता,** ग्राहक; ~'s goods **उपभोज्य सामग्री**^F, उपभोक्ताकी वस्तुएँ^F, **उपभोक्ता माल;**

~-buyer, ~'s co-operation, ~'s-credit, ~'s goods, ~'s rent, ~ sovereignty, ~'s stone, ~'s surplus, ~'s utility.

consuming –मिंग् a. उपभोग, उपभोगी;

~ area, ~ centre, ~ market, ~ population, ~ price.

consummate[1] कॉन्'सॅमेट् v.t. **उत्कृष्ट करना;** (विवाह) पक्का करना, पुख्ता करना; समाप्त करना, सम्पूर्ण करना, पूर्ण करना।

consummate[2] a. चरम, निखिल, परम, उत्कृष्ट, सम्पन्न, सम्पूर्ण, पूर्ण, पूर्णता-प्राप्त, पूरा, पक्का, पुख्ता (~*general, skill, ass*)।

consummation कॉन्सॅमे'शॅन् n. समाप्त कार्य, पूरित वस्तु^F; समापन, सम्पादन, समाप्ति^F; सम्पूर्णता^F, (का०, दर्श०) **संसिद्धि**^F, सिद्धि^F, (का०, दर्श०) **निष्पत्ति**^F (वि० विवाहकी), सफलता^F, पूर्णावस्था^F; उत्कर्ष, परमगति^F, लक्ष्य, उद्देश्य।

consummative –'सॅमेटिव् a. सम्पूर्ण करनेका, पक्का करनेवाला।

consummator –टॅर् n. पूर्ण करनेवाला।

consumption कॅन्सम्प्'शॅन् n. क्षयरोग, यक्ष्मा, (चि०) फुफ्फुसका यक्ष्मा, तपेदिक; सूखारोग; (अर्थ०, विधा०, प्राणि०) **उपभोग,** उपयोग, विनियोग, व्यय, खर्च; **खपत**^F; विध्वंस, संहार, अवसाद, (चि०) **क्षय,** विनाश, नाश, शोष;

deanery –नॅरि n. डीनका कार्यालय अथवा पद या घर; पादरीका अधिकृत प्रदेश।

deanship –'न्शिप् n. डीनका पद, अध्यक्षपद, अधिष्ठातृपद।

dear* डीॲर्' n.,a., adv. & int. दयित, कान्त, चहेता; अभीप्सित, इष्ट, अभीष्ट; कामित, अभिमत, **प्रिय*** (~ *money*), प्यारा*, दुलारा; महार्घ, बहुमूल्य, कीमती; मँहगा (*to buy~*)।

dearness –नि`स् n. अभीष्टता^F, प्रियता^F, प्रीति^F, प्रेम, प्यार; महार्घता^F, बहुमूल्यता^F, मँहगाई^F (~*allowance*)।

dearth डॅर्थ्' n. दुष्प्राप्यता^F, अप्राप्ति^F, न्यूनता^F, (खाद्यपदार्थकी) कमी^F, घटी^F, मँहगी^F; दुर्भिक्ष, दुष्काल, अकाल।

deary,–ie डीॲरि,-इ n. (प्रायः सम्बो०) प्रिय ! प्यारे !

deasil डी'शॅल् n. सूर्य-गति^F, सूर्यानुसार गति^F; पूर्वसे पश्चिमको गति^F।

death* डॅथ्' n. महाप्रयाण, प्रस्थान, अन्तकाल, निधन, देहावसान, देहान्त, स्वर्गवास, मरण, परिमृत्यु^F, **मृत्यु^F***, मौत^F*; जीवनकी समाप्ति^F या अन्त; नाश, मिटना;

वध, हिंसा^F; निराध्यात्मिकता^F, आध्यात्मिक मृत्यु^F, आध्यात्मिकता^Fका अभाव; मृतक⊙; Black ~ (चौदहवीं शताब्दी^Fमें यूरोपमें) भयानक प्लेग या ताऊन; civil~वैधानिक मृत्यु^F, न्यायोल्लंघन या देशनिर्वासन आदिके कारण नागरिकता^Fका अपहरण;~-adder घातक कण्ठाहि, एक विषैला सर्प; ~anniversary मृत्युदिवस, बरसी^F;~bed repentance विलम्ब हो जानेके कारण निष्फल नीतिपरिवर्तन; ~-blow (शा० एवं ला०) प्राण-घातक आघात; ~-duties मरण-शुल्क, मृत्युकर; ~impulse (दर्श०) मरणैषणा^F; ~instinct (मनो०) मुमूर्षा^F; ~-mask मृत व्यक्तिके मुखका आवरण;~rate मृत्युदर; ~-rattle घटका, घर्घर, घर्रा, मृत्यु^Fके समय गलेकी घरघराहट^F;~-roll मृतक-तालिका^F; ~sentence (का०) मृत्यु-दण्ड, प्राणदण्ड; ~'s-head (मरणशीलता^Fका स्मारक) कपाल या खोपड़ी^F; कपालपृष्ठ कीट; ~-stroke घातक प्रहार; ~-throe मृत्युपीड़ा^F; ~-trap भयंकर स्थान, मौत^Fका घर; ~-warrant अपराधीकी फाँसी^Fकी आज्ञा^F, रीति-रिवाज आदिकी समाप्ति^F; ~-watch मृत्युप्रहरी कीट, मृत्युसूचक कीड़े; everlasting ~ अनन्त मृत्यु^F, नरकदण्ड, नरक-वास, नरक-भोग; *at ~'s door* मरणासन्न, मृत्युके समीप, मरनेके किनारे; *be ~ on* (ग्रा०) शिकार मारनेमें दक्ष; (ला०) किसी कार्यके करनेमें सिद्धहस्त; *be in at the ~* लोमड़ी^Fको मारी जाती देखना; (ला०) किसी कार्यको समाप्त होते देखना; *be the~of* घातक होना, मृत्यु^Fका कारण बनना, वध कर देना, मार डालना; *catch* one's~ प्राणघातक सर्दी^Fआदि लगना; *~ day is Doom's day* आप डूबे तो संसार डूबा; *~ defies the doctor* मौत^Fकी दवा^F नहीं है; *~ keeps no calendar* मौत^Fपर विश्वास नहीं; *~ on rats* (कुत्ता) चूहे मारनेमें प्रवीण; *even ~ cannot be had for the asking* माँगे मुँह मौत^F भी नहीं मिलती; *field of ~* युद्धस्थल आदि; *it is, we make it, ~ to* मृत्यु^Fही इसका दण्ड है;

~-bed, ~-bed declaration, ~-bed gift, ~-certificate, ~-come-quickly (पौधा), ~-cum-retirement, ~-cum-retirement gratuity ~cup, ~gratuity, ~points, ~rate, ~'s-herb, ~sman, ~valley, ~warrant.

deathless –लि॑स a. अमर, अमर्त्य, अनश्वर, चिरस्थायी।

deathlessness –निस् n. अमरत्व, अनश्वरता^F, चिरस्थायित्व, मरणशून्यता^F।

deathlike, deathly –'लाइक,–लि a. & adv. मृतवत्, मरा हुआ-सा, मुर्दा-सा।

deathward (s) –वॅर्ड (ज़) a. & adv. मृत्यून्मुख, मृत्युकी ओर।

debacle (F) डिबा'कॅल् n. विध्वंस; (ऋतु०) हिम-भंग, हिम-स्फुटन; जल-प्रस्रवण, जलकोप, नदी^Fमें बर्फ^F टूट जाना; पानीका अकस्मात् फूटकर वेगसे निकलना; भगदड़; आकस्मिक परिवर्तन।

debar डि॑बार्', v.t. विवंचित करना, विरहित करना; बाधा^F डालना, अड़चन^F डालना; प्रतिषेध करना; निवारण करना, (का०) विवर्जित करना, वर्जित करना, निषेध करना, निरोध करना, विवर्जन करना, विनिषेध करना, वारित करना, रोक^F लगाना, प्रवेश न होने देना, मना करना, अड़ंगा लगाना, रोकना।

debark डि॑बार्क्' v.t. & i. = DISEMBARK.

debarkation डीबार्के'शॅन् n. नावपर से उतार, उतराई^F, जहाज से उतरना।

debarment डि॑बार'मे॑न्ट् n. वारण, विवर्जन, विवंचन, बाधा^F, अवरोध, रोक^F।

debarred –र्ड' a. विवर्जित, विवंचित, वारित, अवरुद्ध।

dabase डि॑बेस्' v. t. (मुद्रा^Fमें) कूट मिश्रण करना, खोट मिलाना, मिलावट^F करना, मिलौनी^F करना; (का०) दूषित करना, गुण या चरित्रको भ्रष्ट करना, मूल्य घटाना।

debasement –मे॑न्ट् n. अधिकुप्यन, अपकर्ष, अवमानना^F, अवज्ञा^F, लघूकरण; हीनता^F, खोटापन, मिलावट^F।

debaser –सर् n. कूटमिश्रक, कूटकारक, मेल मिलानेवाला, हीनकर, हीन बनानेवाला।

debasing –सिंग् a. हेयकारक, संकरताकारी, कूटक, हीनता^F लानेवाला।

debatable डि॑बे'टॅबॅल् a. विवाद्य (*~matter*), विवादास्पद, विवादग्रस्त, सन्दिग्ध, सन्देहास्पद, विवाद-योग्य; ~ ground विवादास्पद सीमा^F, विवादका कारण (शा० एवं ला०)।

debate –ट्' १. n. पर्यालोचन, प्रतिवाद, विचार-विमर्श, तर्क-वितर्क, (साहि०) वाद, (शिक्षा०) वाद-विवाद, बहस^F, चर्चा^F; २. v.t. & i. वाग्युद्ध करना, वाद-प्रतिवाद करना, तर्क-वितर्क करना; वाक्कलह^F करना, विवाद करना; झगड़ा करना, लड़ना (*long ~d the victory*); विचार-विमर्श करना, सोचना।

debater –टॅर् n. वादी, वाद-विवादी, बहस करनेवाला।

debauch डि॑वॉच १. n. भ्रष्ट, लम्पट, लुच्चा, अय्याश; असंयम, इन्द्रियलोलुपता^F, विषयोपभोग, विषय-वासना^F, कामावेश, लम्पटता; २. v.t. पथभ्रष्ट करना, चरित्रहीन करना, नाश करना, खराब करना, आवारा बनाना; (किसी स्त्री^Fका सतीत्व) भ्रष्ट करना, दूषित करना, बहकाना, फुसलाना; इन्द्रियासक्त करना, व्यभिचारी बनाना, कामरत करना, विषयासक्त करना, विषयोपभोगके प्रति अनुरक्त करना, अय्याश बनाना, अय्याशी^Fमें लगाना।

debauchable –'चॅबॅल a. दूषित करने योग्य, फुसलाने योग्य।

debauchedness –'चि॑ड्नि॑स् n. भ्रष्टता^F, चरित्र-हीनता^F।

debauchee डि॑बॅशी' n. कामासक्त, कामुक, विषयी, व्यभिचारी, कामी, लम्पट, अय्याश।

debaucher डि॑वॉचॅर् n. कामी, व्यभिचारी; पतनकारी, चरित्र गिरानेवाला, सतीत्व नष्ट करनेवाला; बहकानेवाला।

debauchery –रि n. व्यसन, वासना^F, कामुकता^F, (दर्श०) **व्यभिचारिता**^F, विषयासक्ति^F, विषयोपभोग, लम्पटता^F, अय्याशी^F।

debauchment –'चमेंन्ट् n. भ्रष्टाचरण, कामाचार, लम्पटता^F, वासना^F, दुष्कर्म या कुकर्म।

debenture डिबे 'न्'ट्युअर n. प्रतिज्ञा-पत्र, नियम-पत्र; किसी कम्पनीमें लगाये रुपयेपर ब्याज मिलनेका ऋणपत्र या दस्तावेज; (प्रा०, वाणि०, अर्थ०) **ऋणपत्र**, दस्तावेज या वाउचर (जिससे रुपया वसूल हो); चुंगी^Fकी वापसी^Fकी रसीद^F; T., ~stock पूँजी^F (जिसका केवल ब्याज मिलता रहे);

~ bond, ~capital, ~-holder, ~interest, ~loan, ~ redemption fund, ~ stock, ~ trust deed.

debentured –'चर्ड् a. ऋणपत्र लेनेके लिए अधिकृत।

debile डि'बाइल् a. क्षीण, दुर्बल, कृश, निर्बल, दुबला, कमजोर।

debilitant –बि'लिटन्ट् a. (चि०) उत्तेजनानाशक; क्षीणकर, दुर्बल कर देनेवाला।

debilitate –टेट v.t. क्षीण या दुर्बल करना, निर्बल करना, कमजोर करना।

debilitated –टिड a. (चि०) **दुर्बल, दुर्बलीकृत**।

debilitation–टे'शॅन् n. कृशता^F, क्षीणता^F; दुर्बलीकरण, निर्बलीकरण, क्षीण बनाना।

debility –'लिटि n. क्षीणता^F, कृशता^F, अशक्तता^F, शक्तिहीनता^F, (कृषि०) **दौर्बल्य, दुर्बलता**^F, दुबलापन, कमजोरी^F।

debit डे'बिट् १. n. व्यवकलन, (विधा०) **विकलन**, उधार (हिसाबकी बही^Fमें); (वाणि०, अर्थ०, रेल०) **नामे, नामखाता**, उधारखाता (बायीं ओर); लेनी^F; ऋणांकन, ऋणांक, देयांश, ऋण; २. v.t. ऋणांकन करना, **खर्चेमें डालना; नामे डालना, नाममें लिखना**, किसीके नाम उधार लिखना;

~ account, ~ advice, ~ allotment, ~balance, ~ entry, ~ note, ~ side, ~ transactions, ~voucher.

debitable –'टॅबॅल् a. विकलनीय, देय।

debited –'टिड् a. विकलित, नामे लिखित, (का०) **नामे डाला हुआ, नामे पड़ा हुआ**, नामे लिखा गया।

debiteuse डी'बिट्यूज् n. (रसा०) **झिरीदार पिंड**।

debiting –'टिंग् n. विकलन, ऋण खाते डालना।

debonair डे'बॅनेअर् a. (प्रा०) शिष्ट, सभ्य, नम्र, सौम्य, सुजन, भद्र, विनीत, सुशील, मिलनसार।

debonairness –'निस् n. नम्रता^F, सज्जनता^F, सुशीलता^F, सौम्यता^F, सौजन्य, उदारता^F, मिलनसारी^F।

de bonne grace (F) adv. इच्छापूर्वक, आनन्दसे।

deboshed डि'बॉश्ट् a. (प्रा०) = DEBAUCHED.

debouch डि'बूश्' v. i. (फौज^F या नदी^Fका) कन्दरा या जंगल आदिसे बाहर मैदानमें निकलना।

debouchment –'मेंन्ट n. बहिर्गमन, संकीर्ण स्थलसे निकलकर फैलना।

debouchure डॅब्'शॅर् n. सरिमुख, नदी^Fका मुहाना; नहर^Fका मुख।

debris डे'ब्'री n. (प्रा० भूगोल) **कचरा, मलबा** (~ *avalanche*, ~ *fall*), कूड़ा-करकट; संखण्ड, अवशेष, चूरा।

debt* डे'ट्' n. देयता^F, (वैंक, विधा०, अर्थ०, का०) **ऋण***, देनदारी^F, उधार, कर्ज; आभार; ~-collector महाजनकी ओरसे ऋण एकत्रित करनेवाला व्यक्ति; ~ of honour विधानतः **न** प्राप्त होनेवाला ऋण; ~ of nature मृत्यु^F, निधन, मौत^F, ~ redemption ऋणमुक्ति^F, floating ~ अल्पकालिक ऋण, निर्धारित समयपर या तक़ाजेपर चुकाया जानेवाला ऋणका भाग; funded ~ सरकारी ऋण (जिसपर केवल ब्याज दिया जाता है);

~ adjustment, ~ book, ~ capital, ~charges, ~ conciliation, ~ conversion, ~due, ~ head, ~ legislation, ~ limit, ~note, ~ owing, ~ redemption, ~ relief, ~section, ~service, ~s recovered, ~ transaction, national ~.

debtee –'टी n. साहूकार, ऋणदाता।

debtless –'लिस a. अनृण, उऋण, ऋण-मुक्त, कर्जसे मुक्त।

debtlessness –निस् n. अनृणता^F, आनृण्य, उऋणता^F।

debtor –'टर् n. (अर्थ०, का०) **अधमर्ण, ऋणी**, आभारी, **देनदार**, कर्जदार; (वहीखातेमें) बायीं ओरका शीर्षक, नामे (Dr.), ऋणका खाता; ~'s ledger (वाणि०) **देनदार खाता**।

debunk डीबन्क् v.t. (बोल०) (ख्याति, समाज धर्म, व्यक्ति आदिके सम्बन्धमें) झूठी भावुकता^Fको कम करना, दूर करना, हटाना।

debus डि'बस्' v.t. & i. बस खाली करना या कराना, (सामान और सवारियों^Fको) **गाड़ी^F या बससे उतारना, या उतरना**।

debut डि'बु' n. समाजमें या रंगमंचपर पहलेपहल आना।

debutant, debutante डे'बॅटॅन्,'–ट' nn. प्रथम प्रयासी, प्रथम प्रयत्न करनेवाला।

Dec. December.

dec., (decl.) declaration; declension; declination.

deca- दश- (जैसे, *~gonal, ~ngular, ~hedral, ~ndrous, ~style*)।

decachord डे'कॅकॉर्ड् n. दस तारोंवाला सितार, वीणाविशेष।

decadel डे'कॅडॅल् a. दशाब्दीय; दस-दसके समूहोंवाला।

decad(e)–कॅड् n. दशति^F, दस-दसका भाग; दशक, दशी^F, दशाब्दी^F, दस वर्ष; एक रूमी इतिहासकार लिवीके इतिहासकी पुस्तक^Fके भाग।

decadence डे'कॅडॅन्स् n. क्षय, (साहि०) **ह्रास, अवसाद,** अवपात, पतन, नाश, पतनोन्मुखता^F, गिरावट^F।

decadency –सि n. पतन, ह्रास, अवसाद, अवनति^F।

decadent –न्ट् n. & a. (ग्रा०) क्षीयमाण, पतनोन्मुख, पतनशील, ह्रासोन्मुख; दोषयुक्त एवं क्लिष्ट शैली^Fका प्रयोग करनेवाला (कलाकार या लेखक)।

decagon डे'कॅगॅन् n. (ग०) **दशभुज,** दशास्त्र, दशकोण।

decagonal डि'कैगॅनॅल् a. दशभुजवाला, दशकोणीय।

decagram(me) डे''कॅग्रै'म् n. दश ग्रामका वजन, (भौ०) T.

decagynian डे'कॅजि'निॲन् n. दशगर्भ (केशरवाला) पौधा।

decahedral डे'कॅही'ड्रॅल a. दशमुख, दस कोनेवाला, दस पहलूवाला।

decahedron –ड्रॅन् n. दशानीक, दसमुखी ठोस मूर्त्ति^F।

decalcification डीकैल्सिफ़िके'शॅन् n. विचूर्णियन, (चि०) **कैलशियमहरण, विकैल्सीकरण,** दाँतोंका मृदु होना, हड्डियों^Fसे चूना पृथक् करना।

decalcify –सिफ़ाइ v. t. विचूर्णियत करना, सुधार-रहित बनाना, चूना कम करना।

decalitre डे''कॅलीटॅर् n. दस लिटर अथवा २.२ गैलन दवा^Fकी माप^F।

decalogist डि'कॉलॅजिस्ट् n. (ईसाई) दशशीलका जानकार या विशेषज्ञ।

decalogue डे''कॅलॉग् n. दशशील, दशोपदेश, ईसा-मसीहके दस (प्रधान) आदेश।

decameron डि'कैमॅरॅन् n. बोकैशियो द्वारा लिखित १०० कथाओं^Fकी पुस्तक^F।

decametre डे''कॅमीटॅर् n. (ग० भी) दशमान, दस मीटर (लगभग ३२.८ फुट)।

decamp डि'कैम्प्' v.i. भाग जाना, रफूचक्कर होना; पड़ाव छोड़ना, डेरा कूच करना, डेरा डण्डा उठाना।

decampment –मॅन्ट् n. अपसरण, पलायन, कूच^F।

decanal डि'के'नॅल् a. गिरजाकी गायकमण्डली^Fके दक्षिणमें; डीन या डीनके पद या इलाके या मकानसे सम्बन्धित।

Decandria डि'कैन्'ड्रिॲ n. दस पुंकेसरी पुष्प या पौधा।

decandrian, decandrous –ॲन्,–ड्रॅस् aa. दस पुंकेसरवाले।

decangular डि'कैन्'ग्यूलॅर् a. दसकोण।

decant डि'कैन्ट्' v.t. (शराब^Fको) बोतल^Fसे सुराही^Fमें उँड़ेलना, निथार कर डालना; **निस्तारण करना,** निकण्ठन करना, उँड़ेलना, (रसा०, कृषि०) **निथारना,** पसाना; (ला०) उँड़ेलकर स्थानान्तरित करना।

decantate –'टॅट् –a. निकण्ठित, सुराही^Fमें भरा हुआ।

decantation –टे'शॅन् n. **निस्तारण,** निकण्ठना, निकण्ठन, (कृषि०, रसा०, चि०) **निथारना।**

decanted –'टि'ड a. निकण्ठित, निस्तारित।

decanter –टॅर् n. (रसा०) **निस्तारित्र,** निकण्ठक, (रसा०) **निथरनी**^F; काचपात्री^F, कुप्पी^F, शराब^Fकी एक बोतल^F, सुराही^F।

decaphyllous डि'कै' फ़िलॅस् a. (वन०) दशपत्र, दस पत्तियोंवाला।

decapitable डि'कै'पिटॅबॅल् a. शिरश्छेद्य, कत्ल करने योग्य।

decapitate –टेट् v.t. शिरश्छेद करना, सिर काटना, गर्दन^F काटना, कत्ल करना।

decapitated –ड a. छिन्न शिर, सिरकटा।

decapitation –टे'शॅन् n. (कृषि०, वन०, चि०) **शिरश्छेदन** (गर्भका प्रसवमें), सिर या सिरा काटना।

decapod डे'कॅपॉड् n. दशपद, पपड़ेदार दस पैरवाला समुद्री जन्तु (जैसे केकड़ा)।

decapodal, decapodous –'डॅल्, –'डॅस aa. दशपाद, दशपादगणीय।

decarbonate डीकार्'बॅनेट् v.t. व्यंगारीयण करना, कार्बन हटाना।

decarbonator –टॅर a. व्यंगारीयक, कार्बन निका-लनेवाला।

decarbonization, -urization –नाइज़े'शॅन्, –यूरा-इज़े'शॅन् n. व्यंगारण, (रसा०) **विकार्बनन।**

decarbonize, -urize –'बनाइज़, -'यूराइज़् v.t. व्यंगारण करना, **कार्बन हटाना,** किसी पदार्थसे कारबन या कारबोनिक ऐसिड निकाल लेना।

decarbonized –ड् a. व्यंगारित।

decarbonizer –ज़र् n. व्यंगारयिता, कार्बन निकालने-वाला।

decastere डे''कॅस्टीॲर् n. दस घन मीटर; दे० STERE.

decastich डे''कॅस्टिक् n. दस पंक्तियों^Fकी कविता^F, (साहि०) **दशपदी**^F।

decastyle डे''कस्टाइल् n. दसखम्भी बरसाती^F।

decasualization डीकैज़ु (ज़्यू) ॲलाइज़े'शॅन् n. स्थायीकरण।

decasualize–ज़ु (ज़्यू) ॲलाइज़् v.t. स्थायी बनाना, पक्का करना।

decasyllabic, decasyllable डे'कॅसिलै'बिक, –'लॅबॅल् a. & n. (साहि०) **दशाक्षरी;** दशाक्षर वृत्त, दशाक्षर, दश अक्षरों (शब्दांशों) का कोई शब्द या काव्य-पंक्ति^F।

decatholicize डीकॅथॉ'लिसाइज़् v.t. संकीर्ण बनाना, अनुदार बनाना।

decay[1] डि'के' n. अपक्षय, (दर्श०) **क्षय,** ~coefficient ह्रास, पतन, अवनति^F, नाश, बरबादी^F, तबाही^F; सड़ी हुई रग^F या नस^F (*remove the* ~); सड़न^F, गलन^F; जीर्णावस्था^F, जरावस्था^F (शरीरकी); स्वास्थ्यका विकार, स्वास्थ्यकी खराबी^F; ~constant (रसा०, भौ०) **क्षयांक;** ~factor **क्षय-गुणांक;** ~product (रसा०) **क्षयज पदार्थ;** phonetic~ध्वनि-ह्रास, शब्दोंके उच्चा-रणकी छँटाई^F।

decay[2] v.t. & i. अपक्षय होना, क्षय होना, ह्रास

होना; खराब होना, अवनति^F होना, क्षीण होना, नाश होना; खराब होना, बिगड़ना, सड़ना, अवनत करना, क्षीण करना, पतन करना, घटाना।

decayed –ड्' a. अपक्षीण, ह्रासित, क्षीण (~*leaves*)।

decaying –'इंग् १. n. अपक्षयण, गलना, सड़ना; २. a. अपक्षीयमाण, अपक्षयी।

decease डि'सीस्' १. n. साकेतवास, निधन, देहावसान, परलोकगमन, देहान्त, प्राणान्त, स्वर्गवास, मरण, मृत्यु; २. v. i. स्वर्गत होना, मृत्यु^Fको प्राप्त होना, मरना।

deceased –स्ट् n. & a. दिवंगत, स्वर्गत, स्वर्गवासी, **मृत**;
~depositor, ~emigrant, ~holder, ~seamen.

deceit डि'सीट् n. प्रतारणा^F, कपट, (का०) **धोखा**; वंचना^F, छद्म, छल, प्रवंचकता^F द्वैधता^F, द्वैध, घात^F, चाल^F, धूर्त्तता^F, मक्कारी^F, धोखेबाजी^F, दगाबाजी^F; स्वाँग, छद्म-वेश, ढोंग।

deceitful –फ़ुल् a. वंचक, छली, छलयुक्त, कपटपूर्ण, कपटी, प्रतारक, धूर्त, मक्कार, धोखेबाज, चालबाज।

deceitfulness –निस् n. प्रतारकता^F, प्रवंचकता^F, कपटपूर्णता^F, धूर्त्तता^F, मक्कारी^F, धोखेबाजी^F, दग़ा^F।

deceivable –'वेवॅल् a. प्रवंच्य, छलनीय, धोखा देने योग्य, बहकाने योग्य।

deceive –व्' v. t. & i. प्रतारणा^F करना, वंचना^F करना, वंचित करना, (का०) **धोखा देना**, छलना, मक्कारी^F करना, बहकाना, दगा^F देना; चाल^F चलना, मक्कारी^Fसे काम लेना; विश्वासघात करना, भेद खोलना; हताश करना, निराश करना; ~*oneself* भ्रममें पड़ना; अपनी आत्मा^Fको धोखा देना।

deceiver –'वॅर n. प्रवंचक, प्रतारक, छद्मी, छली, कपटी, धोखेबाज, मक्कार, दगाबाज, ठगनेवाला।

decelerate डीसे'लॅरेट v. t. गति^Fको मन्द करना, धीमा करना।

deceleration–रे'शॅन् n. (भौ०) **अवत्वरण** (~*lane*), (रेल०) **मन्दन**, परिमन्दन, धीमा करना।

decelerometer –रॉ' मि'टॅर् n. (भौ०) **अवत्वरण-मापी**।

December डि'सॅम्'बॅर् n. अंग्रेजी वर्षका अन्तिम मास, दिसम्बर।

Decemberist –ब्रिस्ट् n. दिसम्बर १८२५ के रूसी क्रान्तिकारी षड्यन्त्रका सदस्य।

Decemberly डि'सॅम्'बॅर्लि a. शीतकालोपयुक्त, शीत-कालीन, शीतल, ठण्ढा, दिसम्बरका।

decemfid डि'सॅम्'फ़िड् a. (वन०) दशरूप, दशधा-कृत।

decempedal डि'सॅम्'पॅडॅल् a. दशपद।

decemvir डि'सॅम्'वॅर् n. (pl. -*s*, -*i*) (रोम० इति०) दस शासकोंकी परिषद्^Fका सदस्य; दस सदस्योंकी शासन-समिति^Fका एक सदस्य (जैसे वेनिसमें)।

decemviral –रॅल् a. उपयुक्त परिषद्^Fका।

decemvirate –रॅट् n. दशसंसद, दस शासकोंकी परिषद्^F।

decency डी'सॅन्सि n. सुशीलता^F, विनय; (विधा०, का०, दर्श०) **भद्रता^F**, **शिष्टाचार**, शिष्टता^F, सभ्यता^F, शालीनता^F, सुष्ठुता^F, औचित्य, उपयुक्तता^F, श्लीलता^F, हया^F, शर्म^F, लाज^F; प्रतिष्ठा^F, मर्यादा^F, मान्यता^F; the -ies शिष्टाचार, शिष्ट व्यवहार।

decendent ⊙ डि'सॅन्'डॅन्ट n. उपरत, दिवंगत, स्वर्गवासी, मृत।

decennary डि'सॅनॅरि n. & a. दशाब्दी^F, दशक, दस वर्षका समय, दशवर्षीय।

decenniad, decennium –निॲड्, –ॲम् n. (pl. -*ia*) दशाब्दी^F, दशक, दस वर्षका समय।

decennial –ॲल् a. (का०) **दशवार्षिक**, दस-साला, प्रति दस वर्षपर आनेवाला, दशवर्षीय।

decennium–ॲम् n. दशाब्दी^F, **दशाब्द**, **दशक**।

decent डी'सॅन्ट् a. प्रतिष्ठित, आदरणीय; शालीन, सुष्ठु, शिष्ट, समुचित, उपयुक्त, सभ्य, सुशील, विनीत, श्लील, सलज्ज; (स्कूली ग्रा०) कृपालु, दयावान्; सहिष्णु, उदार।

decentish –टिश् a. अच्छा, ठीक।

decentness –निस् n. = DECENCY.

decentralist डीसॅन्'ट्रॅलिस्ट् n. विकेन्द्रवादी।

decentralization –लाइज़े'शॅन् n. विकेन्द्रीयण, (अर्थ०, यंत्र०) **विकेन्द्रीकरण**; स्थानीय शासन प्रदान।

decentralize –'ट्रलाइज् v.t. विकेन्द्रीयण करना, विकेन्द्रीकरण करना, विकेन्द्रित करना; स्थानीय शासन प्रदान करना।

decentralized –ड् a. विकेन्द्रीयित, **विकेन्द्रीकृत** (~*item*), **विकेन्द्रित**।

decentration –ट्रे'शॅन् n. विकेन्द्रण।

decentre –'सॅन्टॅर् v.t. विकेन्द्रण करना, विकेन्द्रित करना।

deceptibility डि'सॅप्टिबि'लिटि n. प्रवंचनीयता^F, छलनीयता^F, प्रतारणीयता^F।

deceptible –'टिबॅल् a. प्रवंच्य, छलनीय, प्रतारणीय।

deception –'शॅन् n. प्रतारणा^F, प्रवंचना^F, वंचन, कपट, भ्रम, छल, (~*plan*), (का०) **धोखा**, दगाबाजी^F; पाखण्ड, चाल^F, ढकोसला।

deceptious –शॅस् a. प्रतारक, वंचक, छली, धोखेबाज।

deceptive –'टिव् a. प्रवंचनशील, (शिक्षा०) **भ्रान्ति-जनक**, भ्रमोत्पादक, कपटपूर्ण, मायावी, कपटी, धूर्त्ततापूर्ण, धोखेमें डालनेवाला।

deceptiveness, deceptivity –निस्, 'विटि nn. प्रवंचनशीलता^F, छलपूर्णता^F, कपटपूर्णता^F, धूर्त्तता^F, धोखेबाजी^F।

deceptory –टॅरि a. छलोन्मुख, छलयुक्त, भ्रमात्मक, कपटपूर्ण, पाखण्डपूर्ण, पाखण्डी, धोखा देनेवाला।

decerebrate डि'सॅ'रिब्रॅट् a. (मनो०) **विमस्तिष्क**, **छिन्न** मस्तिष्क।

decerebration –ब्रे'शॅन् n. (चि०) **मस्तिष्क-**

नाशन, मस्तिष्क-छेदन।

decern डिसर्न' v.t. निर्णय करना, न्यायदिष्ट करना, डिगरी[F] देना।

dechristianize डीक्रिस्'चॅनाइज़् v.t. ईसाई मतसे विमुख करना।

deci –डे'सि- दश, दशम (जैसे, ~*bel*, ~*gram* (*m*), ~*litre*, ~*metre*)।

deciare डे'सिॲॲर् n. एक आर (१०० वर्गमीटर) का दशांश; १० वर्गमीटरका क्षेत्र; are=११९·६ वर्गगज।

decibel डे'सिबे'ल् n. दशांशबेल, (विद्यु०, भौ०) डेसीबेल (~*meter*), एक बेलका दशांश; bel=१० ध्वनियाँ[F]।

decidable डि'साइ'डॅबॅल् a. निर्धारणीय, निर्णेय।

decide –ड्' v.t. & i. उपसंहार करना, निष्कर्ष निकालना, निर्णयपर लाना, निर्णयपर पहुँचना, फैसलेपर पहुँचना, (~*to do*); निर्णय देना, (का०) **विनिश्चय करना,** निश्चय करना, निर्णय करना, स्थिर करना, तय करना, फैसला करना, ठहराना।

decided –डि'ड्' a. निर्णीत, निर्धारित आदि (क्रियागत अर्थोंमें); विनिश्चित, निश्चित, असन्दिग्ध, (*a~differnce*); कृतविनिश्चय, स्थिरचित्त, ध्रुव, नियत, स्थिर, दृढ।

decidedly –लि adv. असन्दिग्ध, निःसन्देह, **निश्चित रूपसे।**

decidence डे'सिडॅन्स् n. पतन, गिरावट[F], गिरनेकी क्रिया[F]।

decider डि'साइ'डॅर् n. निर्णेता, निर्णायक, निश्चायक, तय करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (दौड़[F]) निर्णायक दौड़[F], अन्तिम दौड़[F] या फैसला करनेवाली दौड़[F]।

deciding –डिंग् a. निश्चयकारी, विनिश्चायक, निर्णयात्मक।

decidua डि'सि'ड्यु्ॲ n. अमरा, अवरनाल, आँवर, आँवल; (चि०) **पतनिका**[F], गर्भाशयका गर्भावस्थामें कलात्मक आवरण।

deciduate –ॲट् a. प्रतापी, अमरीय, आँवरीय।

deciduous –ॲस् a. क्षणिक, अनित्य, अस्थायी; (प्राणि०) **पर्णपाती** (~*forest*), पातुक, प्रपाती, (प्राणि०) **पाती, पतझड़ी,** पतनशील, क्षयी, झड़नेवाला, गिरनेवाला, सालाना पतझड़वाला (वृक्ष); (चींटी[F] आदि) मैथुनके पश्चात् पंख झाड़नेवाला; ~teeth (चि०, जीव०) **अचिर दन्त,** द्विज दन्त, **दूधके दाँत, पाती दंत।**

deciduousness –निॅस् n. अवपात, प्रपातिता[F]; पर्णपातिता[F]; प्रतिवर्ष झड़नेका स्वभाव।

decigram(me) डे'सिग्रैम् n. फ्रांस देशका एक ग्राम-का १/१० भार (भौ०) T.

decile डे'सिल् n. (ग०, ऋतु०) **दशमक।**

decilitre डे'सिलीटॅर् n. एक लिटरका दशांश; दे० LITRE.

decillion डि'सिल्'यॅन् n. दस लाखको उसीसे दस बार गुणा करनेसे बनी हुई संख्या[F]।

decillionth –थ् n. & a. लाख पद्मका (–वाँ)।

decima डे'सिमॅ n. (साहि०) **अष्टाक्षर दशी**[F]।

decimal –मॅल् n. & a. (ग० भी) दशक, **दशमलव,** दशमिक, दशांशिक, दशांश; ~arithmetic दशमलव (का प्रयोग करनेवाला) अंकगणित; ~coinage **दशमिक सिक्का प्रणाली**[F]; दाशमिक मुद्रा-प्रणाली[F] (जिसमें हिसाब दससे लगाया जाता है); ~fraction (ग०) दशमिक भिन्न[F], **दशमलव भिन्न**[F]; ~notation (ग०) **दशमलव लेखन, दशमिक मापक्रम, दशमलव बिन्दु,** दशमलव चिह्न; ~numeration दहाईकी गिनती[F]; ~point (ग०) **दशमलव (बिन्दु)** recurring ~ आवर्त्तक दशमलव;
~balance, ~relation, ~scale, ~tabulator.

decimalism –लिज़्म् n. दशमलवप्रणालीका व्यवहार, वैसी प्रणाली[F]की प्रतिपत्ति[F]; दशमलवप्रणाली[F]का समर्थन।

decimalist –लिस्ट् n. दशमलव-ज्ञानी, दाशमिक मुद्राओं[F]की नाप-जोख[F]में निपुण।

decimalization–लाइज़े'शॅन् n. दशमिकीकरण, दशमलव भिन्न[F]में परिवर्तन।

decimalize –'सिमॅलाइज़् v.t. (ग०) **दशमलवकरण करना,** दशमलव भिन्न[F]में बदलना।

decimate डे'सिमेट् v.t. दशांश लेना, दसवाँ भाग नष्ट करना; दसवेंका वध करना, प्रति दसमें एकको मार डालना, जनसंहार करना।

decimation–मे'शॅन् n. दशांशका नाश; दसवेंका वध, जनसंहार।

decimator –'सिमेटॅर् n. क्षतिकारी; दशमांशहारी।

decime डॅसीम्' n. फ्रैंक (फ्रांसीसी सिक्का) का दशमांश।

decimetre डे'सिमीटॅर् n. (ग०, भौ०) दशांश मीटर, T; १/१० मीटरकी लम्बाई[F]; दे० METRE.

decipher डि'साइ'फॅर् n. गूढ़वाचन, उद्वाचन, गूढ़ लेखकी व्याख्या[F] या उसका स्पष्टीकरण; २. v.t. गूढ़वाचन करना, उद्वाचन करना, (रेल०) **गूढ़ लेख लिखना,** गूढ़ अथवा सांकेतिक या अस्पष्ट लिपि[F] आदिका अर्थ निकालना या पढ़ना।

decipherable –रॅबल् a. उद्वाच्य, स्पष्ट करने योग्य।

decipherer –रॅर n. उद्वाचक, व्याख्याता, लिपिज्ञाता।

decipherment–र्-मॅन्ट् n. स्पष्टीकरण, हल, स्पष्ट व्याख्या[F], गूढ़ार्थ निकालना।

decision* डिसि'ज़न् n. (रेल०, विधा०) **निर्णय*,** (का०, विधा०) **विनिश्चय,** (रेल०) **निश्चय,** फैसला; दृढ़चित्तता[F], ध्रुव निश्चय, विचार; प्रस्ताव, निर्णायक मत; दण्डादेश।

decisive –साइ'सिव् a. निश्चयकारी, (का०) **निर्णायक,** (~ *attack*, ~ *proof*), **निश्चायक, विनिश्चायक,** निश्चयात्मक; निश्चित (~*superiority*); अवसानकारी।

decisiveness –'निॅस् n. निर्णायकता[F], असन्दिग्धता[F], निश्चयात्मकता[F], निश्चितता[F]।

decistere डे'सिस्टिॲर् n. एक स्टेअरका १/१०, दे० STERE.

decivilize डीसि'विलाइज़् v. i. असभ्य बनाना।

deck[1] डे'क् n. नौकापृष्ठ, नौ-तल, जहाजकी छत[F], डेक (*middle ~*); (नौवि०) **सन्था**[F]; **तूतक**[F], **अशी**[F]; ताशकी गड्डी[F]; (ग्रा० भी) भूमि[F], जमीन[F]; नीचे; ~-chair नावासन्दी[F], जहाजी आरामकुर्सी[F]; ~ flare (नौवि०) **संकट-ज्वाला**[F]; ~-hand (नौवि०) **नाविक**, जहाजमें सफाई[F] और फुटकर काम करनेवाला नौकर; ~-house (नौवि०) **चौगामी, डेकघर, डेककोठा**, जहाजके ऊपरका कमरा; ~ of cards ⊙ (ताशके) पत्तोंका समूह; *on* ~ऊपर;

~appliance, ~bridge, ~camber, ~cargo, ~chest, ~crew, ~department, ~girder, ~hand, ~horse, ~lever, ~line, ~load, ~machinery, ~passage, ~passenger, ~plane, ~planking, ~sheathing, ~steward, ~stopper, ~stringer, ~stringers, ~strongback, ~transom.

deck[2] v.t. आच्छादित करना, छाना, ढँकना; अलंकृत करना, भूषित करना, सुसज्जित करना, सँवारना, सजाना।

decker –'कॅर n. सजानेवाला; डेकवाला जहाज (*two-~*; *three-~*); ऐसी गाड़ी[F], जिसमें डेक हो।

decking –किंग् n. मंच, चबूतरा, प्लेटफार्म; अलंकरण, अलंकार, सुसज्जा[F], सजावट[F], (यंत्र०, रेल०) **पाटन, पाटना**, T.

deckle डे'कॅल् n. कागज बनानेके यन्त्रमें कागजकी नाप[F] स्थिर करनेका ढाँचा या फ्रेम; ~-edge बिना कटा खुरदरा सिरा (जैसे देसी कागजका)।

declaim डि'क्लेम्' v.t. & i. भावुकतापूर्ण अथवा जोशीला भाषण करना; आलंकारिक भाषा[F]में वक्तृता[F] देना, वक्तृता[F] देने अथवा गानेका अभ्यास करना; अलंकारपूर्ण शैली[F]में बातें[F] करना या पढ़ना, वाक्ताण्डव करना।

declaimer –'मॅर् n. भावुक वक्ता; आलंकारिक वक्ता।

declamation –लॅमे'शॅन् n. भावुकतापूर्ण और ओजस्वी भाषण; पाण्डित्यपूर्ण भाषण; वाक्ताण्डव, अलंकारमय व्याख्यान; अलंकारपूर्ण वक्तृता[F] देनेकी कला[F]।

declamatory –लै'मॅटॅरि a. ओजस्वी, जोशीला; आलंकारिक, अलंकारमय, अलंकारपूर्ण; भावुकतापूर्ण।

declarable डि'क्लेअ'रॅबॅल् a. घोष्य, घोषित करने योग्य।

declarant –'रॅन्ट् n. प्रख्यापक, **घोषक**, बयान या इकरारनामा प्रस्तुत करनेवाला व्यक्ति।

declaration डि'क्लॅरे'शॅन् n. प्रकथन, प्रख्यापन, प्रख्या[F], **घोषणा**[F] (*~form, ~policy*), ज्ञापन, एलान; घोषणा-पत्र, वैधानिक-प्रतिज्ञापत्र, वादीका अधिकार-पत्र; (ताशमें) हाथ बोलना; महसूली मालका विश्लेषण, विवरण; (विधा०) **ब्यौरा**; ब्यौरा-पत्र; ~ of allegiance निष्ठा-प्रख्यापन; ~of the poll निर्वाचन-फलकी घोषणा[F]।

declarative, declaratory डि'क्लै'रॅटिव्, –टॅरि aa. ख्यापक, घोषक, **घोषणात्मक**, (*~ law*), ज्ञापक, प्रकाशक, सूचक, अभिधायक;

~action, ~decree, ~judgement, ~law, ~suit, ~statute.

declare डि'क्लेअॅर् v.t. & i. (विधा०) **घोषित करना**, बयान देना (*~ him, to be, an enemy to humankind*); (का०) **घोषणा**[F] **करना**, सूचित करना, प्रकट करना, प्रख्यापित करना, प्रकाशित करना; एलान करना (*~a war*); (ताशमें) पत्तोंका जुट्टा बताना, हाथ बोलना; तुरुप या ट्रम्प बताना; महसूली मालका विवरण देना; **ब्यौरा देना**; *~against* विपक्ष या विरोधमें घोषणा[F] करना; *~for* पक्षमें एलान करना; *~innings closed or ~* बारी[F] लिए बिना बल्लेबाजी[F] या गेंद[F] फेंकना बन्द कर देना; *~off* सट्टा तोड़ना; *~oneself* अपनी वस्तु-स्थिति[F] प्रकट करना, अपनी इच्छा[F] प्रकट करना; *well, I ~*अविश्वास, आश्चर्य और परेशानी[F]को प्रकट करनेके लिए।

declared –ड् a. **घोषित**, (*~temperature*), ज्ञापित; प्रकथित (*~value*), प्रख्यापित।

declarer –'रॅर् n. **घोषक**, घोषणा[F] करनेवाला, ज्ञापक, एलान करने वाला।

declass डि'क्लास् v.t. वर्गावनत करना, जातिच्युत करना. अपदस्थ करना।

declasse डेक्लै'से (F) a. जातिच्युत, जाति[F]से बाहर।

declassed डिक्लास्ड्' a. अपदस्थ, वर्गच्युत, जातिच्युत, सामाजिक प्रतिष्ठा[F]में हेय बना हुआ।

declension डि'क्लॅ'न्'शॅन् n. अवपात, ह्रास, क्षय, पतन, अवनति[F], नाश, गिरावट[F], सच्चाई आदिसे विच्युति[F], विचलन, विछलन[F], फिसलन[F]; (व्या०) शब्दविकार, शब्दरूप, रूप, कारकोंका रूपान्तर।

declinable डि'क्लाइ'नॅबॅल् a. विकारी, विभक्ति[F] लगाने योग्य; अमान्य, अस्वीकार करने योग्य।

declinal –नॅल् a. अधोनत, अधोमुख, नीचेकी ओर झुका हुआ।

declinate –नॅट् a. **अधोनत**, अवनत, नीचे झुका हुआ।

declination –डे'क्लिनेशॅन् n. अभिनति[F], विनति[F], विनमन; (ज्यौ०, ऋतु०) **क्रान्ति**[F]; अधोमुखता[F], नति[F], ढाल[F], नीचेकी ओर झुकाव; (ग० ज्यौ०) स्वरक्षांश, स्व-मध्यरेखासे उत्तर या दक्षिणकी ओर नक्षत्र आदिकी कोणीय दूरी[F]; (ज्यौ०) **अपक्रम**, (कुतुब०) सुई[F]का ठीक उत्तरसे पूर्व या पश्चिम की ओर घुमाव; (भौ०, प्रा० भूगोल, विद्यु०) **दिक्पात**, प्रत्याख्यान, अस्वीकृति[F] ⊙; T.; (परि०) (*~ of compass*) **विचलन**; (यंत्र०, नौवि०) (~of heavenly *body*) **क्रान्ति (नक्षत्र)**, ~ circle **होरा-वृत्त**; क्रान्तिवलय, **समक्रांतिक वृत्त**, (ज्यौ०) **क्रान्तिमापी वृत्त**, (यंत्र०) **क्रान्ति वृत्त**।

declinational –नॅल् a. अभिनत, झुकाववाला; अधोमुख ढालू, ढलवाँ, ढालवाला।

declinator –'क्लिनेटॅर n. विनति-मापक (यन्त्र), झुकाव नापनेका यन्त्र।

declinatory डि'क्लाइ'नॅटॅरि a. अस्वीकारात्मक, अस्वीकृतिपूर्ण।

declinature –च्युअॅर् n. तिरस्कार, अस्वीकृति^F, इन्कार।
decline¹ डि'क्लाइन' n. अवरोह, ह्रास, अपक्षय, पतन, अवनति^F, घटती^F; (चि०) (रोग या उसके दौरे का) ह्रास, घटाव; मूल्यमें कमी^F, घटी^F, भावमें मन्दी^F, सस्ती^F, बाजार मन्दा होना, सस्ता होना; अन्तिम भाग, अन्तिम घड़ी^F।
decline² v. t. & i. अपक्षीण होना, क्षय होना, पतनकी ओर जाना; (ला०) ह्रासोन्मुख होना, ह्रास होना, ढलना; नैतिक पतन होना; ढालू होना, ढालना, ढलना; झुकाना, झुकना (*with head ~d*); (व्या०) विभक्ति^F लगाना या जोड़ना, रूप चलाना; (वाणि०) अस्वीकार करना (*~with thanks*); **अस्वीकार करना**, नाहीं^F करना, **इनकार करना** (~ to do); ~ *on* निर्भर होना, आश्रित होना।
declining –'निंग् a. अपक्षयी, ह्रासोन्मुख; ढलवाँ; ~price (कृषि०) **गिरता मूल्य, गिरता बाजार**।
declinograph डे'क्लाइ'नग्राफ् n. विनति-मुद्र, अवरोह-लेख।
declinometer डे'क्लिनॉ'मिटॅर् n. **दिक्पात मापी**; विनतिमिति^F, कम्पासका झुकाव नापनेका यन्त्र।
declivitous डिक्लि'विटॅस् a. अधःप्रवणी, अवनमनशील, नीचेको ढालू, नीचेकी ओर झुका हुआ।
declivity –टि n. अधःप्रावण्य, प्रवण, नति^F, अवरोह, उतार, झुकाव, (नौवि०) **ढाल**^F।
declivous डि'क्लाइ'वॅस् a. अधःप्रवणी, प्रवणनत, अवनत, ढालू।
declutch डीक्लॅच् v. t. विग्राभण करना, छोड़ना, चगुल खोलना, **क्लच अलग करना**।
decoct डि'कॉक्ट्' v. t. क्वाथन, काढ़ना, काढ़ा बनाना, उबालना; (वात^F) गढ़ लेना।
decoctible डि'कॉक्'टिबॅल् a. क्वाथनीय, काढ़ा बनाने योग्य।
decoction –'शॅन् n. क्वथन, काढ़ना; (कृषि०, चिकि०) **क्वाथ, कषाय, काढ़ा**; निर्यासन; अर्क निकालनेके लिए उबालना; गढ़न^F, गढ़त^F।
decoctive –'टिव् a. क्वाथ्य, निर्यासशील; कल्पित, मनगढ़न्त।
decocture –च्युअॅर् n. क्वाथ, काढ़ा; बनावट^F, गढ़न^F।
decode डि'कोड्' v. t. संकेत-वाचन करना, संकेत बाँचना, (राज०; रेल०) **कूट खोलना**, (वैमा०) **अवकूटन करना**; (तार आदिकी गुप्त भाषा^Fको) स्पष्ट करना, पढ़ना।
decollate डि'कॉलेट् v.t. शिरश्छेद करना, गरदन उड़ाना, सिर काटना, छँटाई^F करना, (वृक्ष आदिकी) चोटी^F छाँटना, काटना।
decollation डे'कॅले'शॅन् n. शिरश्छेदन, शिरश्च्छेद, छँटाई^F।
decolletage डेकॉल्'टाज (F) n. चोली^F आदिका खुला गला।
decollete डि'कॉल्'टे (F) a. अधोग्रीव, नंगी गर्दनवाले वस्त्रका; (*fem.* ~ *e*) खुले गलेका।
decolorant डिक'लॅरेन्ट् n. विरंजक, रंग उड़ानेवाला।
decolorate डीक'लॅरेट् v.t. = DECOLORIZE.
decoloration डीकलॅरे'शॅन n. (चिकि०) **विवर्णीभवन**।
decolour डीक'लॅर् v.t. विरंजन करना, रंगहीन बनाना।
decolo (u) rization –राइजे़शॅन् n. (चि०) विरंजन, (रसा०) **विरंगीकरण, विरंजीकरण**, (चि०) **विवर्णीभवन**, अवर्णीकरण, रंग उड़ानेकी क्रिया।
decolo(u). rize –लराइज़् v.t. **विरंजित करना या होना**; विरजन करना, (रसा०) **विरंग करना**, वर्णहीन करना, रंग उड़ाना, रंग दूर करना, रंग हटाना, बेरंग करना।
decolo(u)rizer –ज़ॅर् n. विरंजयिता, रंग दूर करनेवाला।
decolo(u)rizing –ज़िंग n. विरंजन, रंग उड़ाना।
decomplex डी'कॅम्प्ले'क्स् a. पुनर्मिश्रित।
decomposable डीकॅम्पो'ज़ेबॅल् a. विच्छेद्य, विबन्ध्य, पृथक् करणीय, विश्लेषणीय, सड़ने-गलने लायक।
decompose –ज़्' v.t. & i. विबन्धन करना, विच्छिन्न करना या होना, (प्रा० भूगोल) **विघटित करना**, मौलिक पदार्थोंमें पृथक् करना, विभाजन करना, अलग करना या होना; विश्लेषण करना; सड़ाना, सड़ना, गलाना, गलना।
decomposed –ड्' a. (प्रा० भूगोल, चि०) **विघटित**; विवद्ध, गला-सड़ा।
decomposer –ज़ॅर्' n. विबन्धक, पृथक्कर्त्ता, विच्छिन्न करनेवाला; विश्लेषण करनेवाला।
decomposing –'ज़िंग्' n. & a. विबन्धन, गलनेसड़नेवाला।
decomposite –'ज़िट् a. पुनः विश्लेष्य।
decomposition –'ज़ि'शॅन् n. पुनर्मिश्रण; विबन्धन, विगलन; पृथक्करण, विश्लेष, विश्लेषण; पूयन, सड़न, गलन।
decompound –'पाउन्ड् v.t. विसंयोजित करना, विश्लेषण करना, विबन्धन करना; पुनर्मिश्रण करना, मूल तत्त्वोंको अलगाना।
decompoundable –डे'बॅल् a. विसंयोज्य।
decompress डी'कॅम्प्रे'स् v. t. विसम्पीडित करना, दबाव हटाना।
decompression –'शॅन् n. विसम्पीडन (~ *chamber*)।
deconsecrate –कॉन्सिक्रे'ट् v.t. संस्काररहित करना; धर्म-निरपेक्ष बनाना, लौकिक कार्य में लगाना।
decontaminate –'टॅमि'नेट् v.t. निर्दोष करना, दोषमुक्त करना, अदूषित करना, शुद्ध करना।
decontamination –'मिने'शॅन् n. निर्दोषीकरण, दोषमुक्ति, पवित्रीकरण, शुद्धीकरण।
decontrol डि'कॅन्ट्'रोल् n. & v. t. अपनियन्त्रण (करना), विनियन्त्रण (करना), नियन्त्रण उठा लेना,

कण्ट्रोल हटा लेना।

decontrolled –'ड् a. मुक्त, अपनियन्त्रित, खुला, नियन्त्रण हटाया हुआ।

decor डिकॉर् n. दृश्य तथा रंगमंचकी सज्जा, अलंकरण, प्रसाधन, श्रृङ्गार, सजावट।

decorate डॅकॉरेट् v. t. अलंकरण करना, अलंकृत करना, विभूषित करना, आभूषित करना, प्रसाधित करना, श्रृङ्गार करना, सजाना, सँवारना; अलंकार बनना, प्रसाधन या सजावटका काम देना; पदक सजाना, तमगा या मेडल आदिसे युक्त करना।

decorated –'टॅड् n. & a. अलंकृत, विभूषित, सजाया हुआ; अंग्रेजी वास्तुकला या शिल्पकी तृतीय शैली (का)।

decoration –'शॅन् n. अलंकरण, मण्डन, विभूषण, अलंकार, प्रसाधन, सज्जा, सजावट, साज; हार, बन्दनवार, झण्डियाँ आदि; पदक, तमगा आदि।

decorative –'टिव् a. आभूषित, प्रसाधक, सज्जायुक्त, अलंकारमय, सजावटी।

decorativeness –'निस् n. प्रसाधकता, सज्जायुक्तता, श्रृङ्गारिकता, सजाव, सजावट।

decorator–टॅर् n. अलंकारक, विभूषित करनेवाला; प्रसाधक, विभूषक, प्रसाधन करनेवाला, अलंकार करनेवाला, सजानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें)।

decorous डिकोऑरॅस्, डॅकॅरॅस् a. शालीन, शिष्ट, विनीत, भद्र, उचित।

decorousness –निस् n. = DECORUM.

decorticate[1] डिकॉर्'टिकिट् n. (चि०) **छिन्न प्रान्तस्थ**।

decorticate[2] –केट v.t. अपवल्कन करना, छीलना, छिलका निकालना, छाल[F] उतारना; (चि०) प्रांतस्थाहरण।

decorticated –टिड् a. (कृषि०) **छिलका रहित**।

decortication डॅकॅर्टिके'शॅन् n. अपवल्कन-क्रिया[F], छीलन[F]; (चि०) **प्रान्तस्थाहरण**; (मनो०) **विप्रांतस्थीकरण, विकोर्टक्सीकरण**।

decorticator डिकॉर्'टिकेटॅर् n. (चि०) प्रांतस्थाहर, अपवल्कित्र, छिलका उतारनेवाला।

decorum डिकोऑ'रम् n. व्यवहारशीलता[F], सभ्यता[F], (का०, दर्श०) शिष्टता[F], शालीनता[F], (दर्श०) **शिष्टाचार**, भद्रता[F], विनय[F]; औचित्य, सुरीति[F], मर्यादा[F]।

decoy डिकाएँ १. n. गड्ढा, तालाब या पोखरा; शिकार का ठग पशु; (~*duck* भी) ठगका सहायक, चोरका साथी; प्रलोभन, फन्दा, लासा, चारा; पाशानयन; २. v.t. पाशानयन करना, लुभाना, फँसाना, फाँसना, धोखेसे पकड़ना, घेरना, जाल या पाशमें बाँधना।

decoyer –'अॅर् n. पाशिक, पाशानयक, फँसानेवाला, लुभानेवाला।

decoyment –मॅन्ट् n. पाशानयन, प्रलोभन, घेरना।

decrease[1] डीक्'रीस् n. अपचय, (का०) **ह्रास**, अल्पता[F], न्यूनता[F], कमी[F], (रेल०) **घटती**[F], घटी[F]।

decrease[2] डिक्रीस् v.t. & i. **ह्रास होना**, अल्प करना या होना, न्यून करना या होना, कम करना, कम होना, घटाना, **घटना**।

decreased –ड्' a. ह्रसित, घटा हुआ।

decreasing –सिंग् a. **ह्रासमान** (~*function*), ह्रासी, घटता हुआ (~*trend*)।

decree डिक्री' १. n. भाग्य-निर्णय, समादेश, आदेश, जिति[F], (का०) **आज्ञप्ति**[F], राजाज्ञा[F], आज्ञा[F], निर्णयादेश, हुक्म, फरमाना; जयपत्र, व्यवस्थापत्र, (का०) **डिक्री**[F], **डिगरी**[F]; २. v. t. आदेश देना, आज्ञा[F] देना, हुक्म या फरमान जारी करना; निर्णय देना, फैसला सुनाना, डिगरी करना; ~ex parte एकपक्षीय निर्णय, एकतरफा डिगरी[F], ~holder आज्ञप्तिधारी, डिगरीदार; ~nisi तलाककी आज्ञा[F]।

decreeable –'अॅबॅल् a. डिगरी[F]के योग्य, समादेश्य।

decreed –ड्' a. निर्णीत, समादिष्ट, आज्ञप्त।

decrement डॅक्'रिमॅन्ट् n. ह्रासांक, (विद्यु०, अर्थ०) **ह्रास**, (भौ०) **अपक्षय**, न्यूनता[F], क्षीणता[F], घटी[F], कमी[F]।

decrementum –टॅम् n. (साहि०) **अवचय**।

decremeter –टॅर् n. ह्रासमान, अपचयमापक।

decrepit डिक्रे'पिट् a. जराजीर्ण, जराक्षीण, जीर्ण, जर्जर, क्षीण, शक्तिहीन, कमजोर।

decrepitate –टेट् v.t. & i. (क्षार अथवा खनिज-पदार्थ को) भस्म[F] बनाना, राख[F] करना, फूँकना; आँच[F]से चटकाना, भूनना, भुनना; (प्रा० भूगोल) **कड़कड़ाना**, चटचटाना, चटचट करना।

decrepitation –टे'शॅन् n. भस्मीकरण, राख[F] करना; चटचटोत्पतन, (रसा०) **कड़कड़ाहट**[F], **कड़कड़न**[F], चटचटन[F], चटक[F]।

decrepitude –'पिट्यूड n. (चि०) जराक्षीणता[F], जराशक्तिहीनता[F], जरा[F], जराजीर्णता[F]; जीर्णता[F], क्षीणता[F], क्षय, जर्जरता[F], शक्तिहीनता[F], कमजोरी[F]।

decrescendo डेक्रे'शेन्'डो n. (संगीत) क्षीयमाण स्वर-गति[F]।

decrescent डिक्रे'सॅन्ट् a. क्षयिष्णु, क्षीयमाण (प्रायः चन्द्रमाके लिए)।

decretal डिक्री'टॅल् n. आदेश, आज्ञप्ति[F], निर्णय, डिगरी[F], (~*order*) पोपका अध्यादेश; (बहु०) विधि-संहिता[F]।

decretist –टिस्ट् n. विधान-वेत्ता, कानूनका ज्ञाता।

decretive –टिव् a. आज्ञप्त्यात्मक, निर्णयादेश-सम्बन्धी, विधान-सम्बन्धी, कानून-सम्बन्धी।

decretory –टॅरि a. आदेशात्मक, आदेश-सम्बन्धी; निर्णय या फैसलासे सम्बन्धित, डिगरी[F]से सम्बन्धित।

decrial डिक्राइ'अॅल् n. अवज्ञा[F], निन्दा[F], तिरस्कार।

decrown डिक्राउन्' v.t. मुकुटविहीन करना, किरीटहीन करना।

decry डिक्राइ v.t. अवज्ञा[F] करना, निन्दा[F] करना, बुराई[F] करना, बुरा-भला कहना, कोसना, बदनाम करना।

decrypt डिक्रिप्ट्' v.t. **खोलना**।

decubitus डीक्यू'बिटॅस् n. शयनभंगी[F], शयनस्थिति[F], शयनमुद्रा[F], शयनासन।

deculturation डॅकल्चॅरे'शॅन् n. (इति०) **विसं-**

स्करण।

decuman डे′क्यूमॅन् १. n. महातरंग^F, बहुत बड़ी या बहुत जोरकी तरंग^F या लहर^F; २. a. मुख्य।

decumbence,-cy डिकम्′बॅन्स्, -सि nn. भू-पतन, अवपतन, अवनति^F, पृथ्वीपर पड़े हुएकी स्थिति^F।

decumbent –न्ट a. (वन०) **अवरोही,** अवनत, अवपतित, लेटा हुआ, भूमि^Fपर पड़ा हुआ।

decumbiture –बिच्युॲर् n. रोगीके लेटनेका समय।

decument डिक्यू′मॅन्ट् a. (वन०) **अधोधावी।**

decuple डे′क्यूपॅल् १. n. & a. दस गुना (राशि^F); २. v. t. & i. दस गुना करना या होना, दससे गुणा करना।

decurion डिक्यू′रिॲन् n. रोमकी सेना^Fमें दस सैनिकोंपर एक अफसर, दश-सैनिकाधिप।

decurrency डिक′रॅन्सि n. (प्राणिवि०) अधःप्रस्रवण, नीचेकी ओर बहाव।

decurrent, decursive –न्ट्, डिकर्′सिव् aa. अधःप्रस्रवित, नीचेकी ओर बहता हुआ।

decurvation डेॅकर्वे′शॅन् n. अधिनति^F।

decussate डि′कसॅट् १. v. t. & i. (वन०) आर-पार रखना, काटना; २. a. (कृषि०, वन०) **चतुष्क, चरखड़ीदार,** व्यत्यस्त, कटावदार, X की आकृतिका, T·

decussated –सेटिॅड् a. (प्राणिवि०) व्यत्यस्त; कर्तित, क्रॉस रूप में कटा हुआ।

decussation डेॅकसे′शॅन् n. व्यत्यास; स्वस्तिका^F, काटा, (चि०) वेणी।

decypher डिसाइ′फॅर् v.t. (राज०) **बीजांक खोलना।**

dedans डॅडान्′ n. (टेनिसमें) दर्शक-दीर्घा^F, गैलरी^F; दर्शकगण।

dedentition डेॅडॅन्टि′शॅन् n. (चि०) दन्तह्रास, दन्तपतन।

dedicant डे′डिकॅन्ट् n. = DEDICATOR.

dedicate –केॅट् v t. (का०) (पुस्तक^F) **समर्पण करना;** (धार्मिक कृत्योंके लिए) विनियोग करना, धर्मार्थ दान देना, समर्पित करना, उत्सर्ग करना, प्रदान करना, निछावर करना, भेंट^F करना, सौंपना।

dedicated –टिॅड् a. विनियुक्त, (का०) **समर्पित,** भेंट^F किया हुआ; अनावृत, खुला हुआ, खोला हुआ ⊙।

dedicatee –टी′ n. समर्पणभागी।

dedication –के′शॅन् n. विनियोग, (का०) **समर्पण,** निवेदन, उत्सर्ग, भेंट^F, निछावर आदि (क्रियागत अर्थोंमें); भवनपर उत्कीर्ण लेख या पुस्तक^Fमें उल्लिखित समर्पण।

dedicative –′डिकेटिव a. समर्पणात्मक।

dedicator-टॅर् n. समर्पयिता, समर्पक, भेंट^F करनेवाला।

dedicatory –रि a. उत्सर्गिक, विनियोगी, समर्पणसम्बन्धी।

de die in diem (L) adv. दिन-प्रति-दिन।

dedifferentiation डेॅडिफॅरेॅन्शिए′शॅन् n. भेदलोप, अभेद; विश्लेषण।

dedimus डेॅडिमस n. (कानून) नियुक्ति-समादेश, न्यायाधीश न होते हुए भी किसी व्यक्तिकी न्यायार्थ नियुक्ति^F।

deduce डिड्यूस्′ v.t. वंशावलि^Fका अन्वेषण करना; (घटनाएँ^F) क्रमबद्ध करना; (तर्क०) अवकलन करना, उपपादन करना, (गणि०) **निगमन करना,** निगमन निकालना, अनुमित करना, अनुमान करना, निर्णय करना, तर्क द्वारा पता लगाना।

deduced –ड्′ a. उपकलित, निगमित, अनुमित।

deducibility, deducibleness–सिबि′लिटि,–निॅस nn. अनुमेयता^F, उपकल्प्यता^F, उपपाद्यता^F, निगम्यत्व।

deducible डिड्यू′सिबॅल् a. उपकल्प्य, उपपाद्य, (गणि० भी) **निगम्य, निगमनीय,** ऊहनीय, अनुमेय, तर्क्य, आनुमानिक, अनुमानके योग्य, अन्वेषणके योग्य।

deduct डिडक्ट् v.t. व्यकलन करना, अपवहन करना, वियोजन करना, निकाल लेना, कम करना, वाद करना, घटा देना, काटना, छाँटना; अनुमान करना।

deductibility –टिबि′लिटि n. (अर्थ०) **कटौती, अनुमति^F।**

deductible –′टिबॅल् a. व्यवकलनीय, वियोज्य, कम करने योग्य, घटाने लायक।

deduction –′शॅन् n. व्यवकलन, अपवहन, वियोजन, अपवाह, (का०, परि०) कटौती^F, वाद,काटना; घटाव, घटी^F; **कमी^F;** घटायी हुई राशि^F; (शिक्षा०, यंत्र०, गणि०, दर्श०) **निगमन,** विशेषानुमान; **परिणाम निकालना;** (तर्क०) अनुमिति^F, अनुमान, व्यापकसे व्याप्यका तर्क, सामान्यसे विशेषका अनुमान; ऊहापोह, अनुमित तथ्य, तर्क।

deductive –′टिव् a. (तर्क०) ऊहनीय, अनुमानीय, आनुमानिक, तर्कपूर्ण; (शिक्षा०, गणि०, दर्श०) **निगमनात्मक, निगमनिक,** निगमनीय (~*reasoning*); (~*method*) निगमन रीति^F;

~ability, ~classification, ~definition, ~geometry, ~measurement, ~reasonin…

dee डी′ n. D वर्ण; D की आकृतिकी … कड़ी^F; **वृत्तार्ध;** अर्द्धचन्द्र-वेश्म (ᗡ)।

deed¹ डीड्′ n. यथातथ्य, यथार्थता^F; (*in word and*~) कृत्य, कार्य, कृति^F, क्रिया^F, कर्म, काम, चेष्टा^F, करनी^F, वीरता^F या महत्त्वका कार्य; *good ~s need no show* बहादुरी^Fका काम न चाहे नाम।

deed² n. संलेख, (का०) **विलेख,** लेख्य पत्र, पट्टा, दस्तावेज; ~of mortgage (का०) **बन्धक पत्र,** रेहननामा; ~-poll (का०) **एकपक्षीय विलेख (पत्र),** एकपक्षीय प्रलेख, केवल एक पक्ष द्वारा लिखा गया दस्तावेज।

deedful –′फुल् a. कृत्ययुक्त, कृतिपूर्ण; विलेखपूर्ण, प्रलेखसम्बन्धी।

deedless –′लिॅस् a. कृतिरहित, क्रियाहीन, प्रलेखरहित, दस्तावेजसे हीन।

deedy –′डि a. व्यवसायी, उद्योगी।

deem डीम्′ v.t. गणना^F करना, विचार करना, विश्वास करना, सोचना; निर्णीत होना, मानना, (विधा०)**समझना,** जानना, विचारना; ~*highly of* उच्च विचार रखना, बहुत अच्छी राय^F रखना।

deemster –'स्टर् n. (मैनद्वीपके दो न्यायाधीशोंमेंसे एक) न्यायाधीश।

deep[1] डीप् n. (का०) सागर, समुद्र; (बहु०) समुद्रका गहरा भाग; गड्ढा, खोल; भावगाम्भीर्य, विचारकी गम्भीरता^F, चिन्ता^F; बाउलरके पीछेकी स्थिति^F।

deep[2]* a. अन्तराल, गहन, **अगाध, अथाह**, पैना (*~learning*); **गम्भीर**, हृदयस्पर्शी (*~ interest*); **गभीर, गहरा*** (छेद, पानी), पक्का; दीर्घ, घना, भारी; मग्न, डूबा हुआ (*ship ~in the water*); नितान्त, तीव्र, स्पष्ट, अत्यन्त, अधिक, बहुत; मन्द या मध्यम (स्वर, आवाज, घण्टी); दुर्बोध, गुप्त; ~-browed कुशाग्रबुद्धि, तीव्रबुद्धि, बहुत बुद्धिवाला; ~mouthed उच्चध्वनियुक्त, उच्चस्वरयुक्त, भारी आवाजवाला; ~-read सुशिक्षित, कुशल; ~-seated (प्रा० भूगोल) **पातालीय**, जमा हुआ, धँसा हुआ; ~sleep सुषुप्ति^F, गहरी नींद^F; *a~one* (ग्रा०) चतुर, काइयाँ, चालाक, घुटा; *~in a pursuit* दत्तचित्त, अन्य किसी वस्तु^Fकी परवाह^F न करके; *in ~ mourning* पूरे शोकवस्त्रमें; *in~waters* संकटमें;
~artery, ~asleep, ~bead, ~beam, ~-bellied, ~blue, ~-bodied fish, ~-bosomed, ~bucket, ~-buried, ~chested, ~colour, ~-coloured, ~-cut, ~depression, ~digging, ~-dyed, ~-engraven, ~-eyed, ~fading, ~-felt, ~-fording, ~forest soil, ~-frames, ~freezing, ~-girdling, ~-grown, ~lead, ~patrol, ~-piled, ~pitched, ~ploughing, ~reflex, ~-sea, ~-seafish, ~sensibility, ~-set, ~-settled, ~-sided, ~-sighted, ~-skirted, ~-stain, ~-stapled, ~storage, ~-sunk, ~-tangled, ~-tank, ~-throated, ~-toned, ~-vaulted, ~-voiced, ~water, ~well.

deep[3] adv. नितान्त, अति, अत्यन्त, दूरतक, अन्दरतक, नीचेतक, दीर्घरूपमें गहराई^Fसे; ~-drawn गहरी (आह^F); ~-laid अतिगुप्त (योजना^F); ~-rooted बद्धमूल, गहरा (पक्षपात); *still waters run~* सच्ची भावना अथवा सच्चा ज्ञान गुप्त रहता है।

deepen –'पॅन् v. t. & i. गहरा करना, गहरा होना, गहराना, घना करना, बढ़ाना।

deepening –'निंग् n. **गहरा होना**; a. गभीरायमाण, वर्धमान।

deeping –'पिंग् n. (मछली^F पकड़नेके जालका) डूबा हुआ हिस्सा।

deeply –प्'लि adv. अत्यन्त, नितान्त, अति।

deepmost –'मोस्ट a. सबसे अधिक गहरा।

deepness –'निस् n. अगाधता^F, गम्भीरता^F, गहराई^F।

deer डिअॅर्' n. कुरंग, मृग, हरिण, हिरन; ~-forest मृगदाव, शिकारके लिए सुरक्षित जंगल; ~-hound मृगाखेटिक, बड़ा शिकारी कुत्ता; ~-lick नोनी^F, नोनहा सोता या तराई^F; ~-neck घोड़ेकी पतली गर्दन^F; ~'s-foot एक घास^F; ~skin मृगछाला, मृगचर्म, हिरनकी खाल^F; ~stalker हिरनकी घात^Fमें रहनेवाला; हरिणवेश शिकारीकी टोपी^F (आगे पीछे उठी हुई); ~-stalking हरिणोंका शिकार; small ~ छोटी वस्तुएँ^F या पशु।

def. definition; defendant, deferred.

deface डि'फ़ेस् v.t. विरूपित करना, विकृत करना, (का०) **विरूप करना**, कुरूप करना, बिगाड़ना; अविश्वासी ठहराना, विश्वास न करना; अपयश फैलाना, बदनाम करना; **मोहर^F लगाना**; मिटाना, छीलना, काट देना।

defaceable –सॅबॅल् a. कुरूप करने या बिगाड़ने योग्य; मार्जनीय; निन्द्य; अविश्वसनीय।

defaced डि'फ़ेस्ड्' a. विरूपित, विकृत (*~ coin, ~mark*)।

defacement –'मॅन्ट् n. विकरण, विकृतीकरण, विकृति^F; दूषण, अपयश; नाश, लोप, मिटाना, (टिकटोंपर) मुहर^F लगाना।

de facto (L) a. & adv. (का०) यथार्थतः, **वस्तुतः**, तथ्यतः।

defaecate डी(डे)'फ़िकेट् v.i. = DEFECATE.

defaecation –के'शॅन् n. (कृषि०) **मलोत्सर्ग**।

defalcate डी'फ़ॅल्केट् v.i. त्रुटि^F होना, अपराध करना; हरण करना, (रुपया) खा जाना, हड़पना, गोलमाल करना, मार लेना, गबन करना।

defalcation –के'शॅन्, n. व्यपहरण, छलहरण, मोषण, कदाचरण, विश्वासघातसे धनहरण, मार लेना, खा जाना, हड़पना, गबन, (वाणि०) **खयानत**^F; त्रुटि^F, अवगुण, दोष, कमी^F, घटती^F।

defalcator –फ़ॅल्केटर n. विश्वासघाती, व्यपहर्त्ता, गबन करनेवाला, दूसरेका धन मार (दबा) लेनेवाला।

defamable डि'फ़े'मेबुल a. अपमाननीय, अपवाद्य, निन्द्य।

defamation डीफ़'मे'शन् n. अपवाद, अवमान, (का०) **मानहानि**^F, निन्दा^F, बदनामी^F, तौहीन^F, हतकइज्जत^F।

defamatory डिफ़ै'मॅटॅरि a. मानहानिकर, गुणापवादक, परिवादक, अकीर्तिकर, निन्दात्मक, अपयशपूर्ण।

defame डि'फ़ेम्' v.t. अवमानित करना, (का०) **मानहानि^F करना**, निरादृत करना, निन्दा^F करना, बदनाम करना, बुराई^F करना।

defamer –मॅर् n. निन्दक, अपवाद फैलानेवाला।

defaming –मिंग् १. n. मानहानि^F करना; २. मानहानिकर।

default[1] डि'फ़ाल्ट्' n. **व्यतिक्रम**, व्यपाय, दोष, अपराध; अवहेलना^F; (कर आदि में) वितथ, त्रुटि^F, भूल, चूक^F; अनुपस्थान, अनुपस्थिति^F, अप्राप्ति^F, **अभाव, बाकीदारी**^F; judgement by ~ प्रतिवादीके पैरवी^F न करनेपर वादीके पक्षमें किया हुआ निर्णय, *in ~ of* अभावकी दशा^Fमें, चूकनेपर।

default[2] v.t. & i. व्यतिक्रम करना, चूकना; अवहेलना^F करना; न्यायालयमें उपस्थित न होना, पैरवी^F न करना; पैरवी^F न करनेपर (मुकदमा) खारिज करना और

विरुद्ध निर्णय करना; वादेपर रुपया न चुकाना।

defaultant –टॅन्ट् a. कर्तव्यच्युत, प्रमादी।

defaulted –टिॅड् a. अशोधित (~ *instalment*)।

defaulter –टॅर् n. वितथी, दोषी, अपराधी, प्रमादी, नियमोल्लंघी; (का०, अर्थ०); **बाकीदार**; अनुपस्थायक, **चूककर्त्ता**, चूक^F जानेवाला, अनुपस्थित व्यक्ति; (सैन्य) अपराधी सैनिक या सिपाही; ~ sheet अपराध सूची^{F}।

defaulting –टिंग् a. अशोधी, द्वेषी (~ *firm*)।

defeasance डिॅफ़ीज़ॅन्स n. शून्यकलेख; लेख्यनिरसन, शून्यकरण, (का०) **विफलीकरण**, निष्फलीकरण; लोप, व्यतिक्रम।

defeasanced –ट् a. शून्यीकृत; निष्फल, निष्फल करने योग्य, जप्त करने योग्य।

defeasibility डिॅफ़ीज़िबि'लिटि n. लोपनीयता^{F}, त्याज्यता^{F}, निष्फल या रद्द करनेकी योग्यता^{F}।

defeasible –ज़िबॅल् a. निरसनीय, लोपनीय, त्याज्य, (का०) **विफलनीय** (~ **title**), निष्फल या रद्द करने योग्य।

defeasibleness –निॅस् n. निरसनीयता^{F}, लोप्यता^{F}।

defeat डिफ़ीट् १. n. **पराजय**^{F}, **हार**^{F}, असफलता^{F}, शिकस्त^F; (कानून) निवारण, उलट-फेर, मन्सूखी^{F}, (प्रा०) निराशा^{F}, नाउम्मीदी^{F}; २. v. t. परास्त करना, पराजित करना, नीचा दिखाना, **हराना**; निष्फल करना, विफल करना; (कानून) व्यर्थ करना, रद्द करना, उलट देना; खण्डित करना, तोड़ना; (प्रा०) आशा^{F}पर पानी फेरना, निराश करना, आशाहीन करना।

defeated –टिॅड a. पराजित (~ *party*)।

defeatism –टिज़्म् n. पराजयवाद, पराजितता^{F}; शत्रुके वशमें होनेकी नीति^{F}; क्लैब्य; संग्रामविमुखी मनोभाव।

defeatist –टिस्ट् n. & a. पराजयवादी, शत्रुके वशमें होनेकी नीतिका^{F} समर्थक।

defeature –ट्युयॅर n. विरूप, स्वाँग, कपटवेश; पराजय^F।

defecate डी (डॅ)'फ़िकेट् v. t. (मल, तलछट^F, पापसे) मुक्ति^{F} पाना, शुद्ध होना; (शा० एवं ला०) (चि०) मल त्यागना, पवित्र करना, विशुद्ध करना, शुद्ध करना, विमल करना, निर्मल करना, सुधारना, मैल^F हटाना, मैल^F काटना, तलछट^F दूर करना, निथारना।

defecation –केॅशॅन् n. परिष्कार, मलहरण, शौच, शोधन, (चि०) **मलोत्सर्ग**, **मलत्याग**, शुद्धि^{F}, सफाई^F, निथार।

defecator –फ़िकेटॅर् n. शोधक, सुधारक, निर्मल करनेवाला, साफ करनेवाला, निथारनेवाला।

defect डिफ़ेक्ट' n. अवगुण, विकार, (का०, चि०) **त्रुटि**^{F}, **दोष**, गलती^{F}; छिद्र, ऐब, **खराबी**^{F}, बुराई^F; **खामी**^{F}, **क्षति**^{F}; विभ्रम, घोर स्खलन, अशुद्धि^{F}, घोर भूल^F; कलंक, धब्बा, दाग; असमग्रता^{F}, अपूर्णता^{F}, अपर्याप्तता^{F}, न्यूनता^{F}, **कमी**^{F}।

defectible –टिबॅल a. त्रुटिपूर्ण, दूष्य, सदोष, न्यून, अपूर्ण।

defection –शॅन्, n. पक्षत्याग; उत्सर्ग, धर्मत्याग, परित्याग, त्याग; नेता, दल, धर्म या कर्तव्यके प्रति निष्ठा^{F}से विच्युति^{F}, द्रोह।

defectionist –निस्ट् n. धर्मत्यागी, द्रोही।

defective –टिव् a. (का०) त्रुटिपूर्ण, (वाणि०) **सदोष**, (का०) **दोषपूर्ण**; दोषयुक्त, त्रुटियुक्त, **खराब**, खोटा; असमग्र, न्यून, अपर्याप्त, अपूर्ण; (व्या०) विभक्ति-रहित; ~ coin, ~ light, ~ signal, ~ title, ~ vision.

defectiveness –निॅस् n. त्रुटिपूर्णता^{F}, सदोषता^{F}; न्यूनता^{F}, कमी^{F}।

defence, defense डिॅफ़ॅन्स्, डिॅफ़ेन्स्' n. पक्षपोषण, पुष्टि^{F}, प्रतिवाद-लेख, पक्षपोषक भाषण या लेख; (कानून) **प्रतिवाद**, प्रतिपक्ष, प्रतिवादीका प्रत्युत्तर; त्राण, रक्षण, **प्रतिरक्षा**^{F}, **रक्षा**^{F}, पालन; अवरोध, शरण^F, (विधा०) **बचाव**, कवच, रोक^F, आड़^{F}, ओट^F, पनाह^F; (का०) **सफ़ाई**^{F}; (बहु०, सैन्य) मोर्चाबन्दी^{F}, किलाबन्दी^{F}, ~ service **रक्षा कर्मचारी-वर्ग** ~ services **रक्षा-व्यवस्था**^{F}; **रक्षा-सेवाएँ**^{F}, line of ~ मोर्चोंकी श्रेणी^{F}, मोर्चेबन्दी^{F}, science or art of ~ मुक्केबाजी^{F} या तलवार^F चलानेकी कला^{F}; *best ~ is offence* पहिले चोट^F करना रक्षा^{F}का सर्वोत्तम उपाय है; ~ appointment, ~ bond, ~ committee, ~ control, ~ control chart, ~ department, ~ division, ~ expenditure, ~ factory, ~ forces, ~ fund, ~ installation, ~ loan, ~ mechanism, ~ ministry, ~ organization, ~ requirements, ~ savings, ~ scheme, ~ store, ~ witness.

defenceless –लिॅस् a. निस्त्राण, अरक्षित, निराश्रय, अनाश्रय, अशरण, प्रतिरक्षाहीन, अनाथ; निरायुध, शस्त्रहीन।

defencelessness–निॅस् n. निस्त्राणता^{F}, निराश्रयता^{F}, प्रतिरक्षा-हीनता^{F}, अनाथता^{F}; निरस्त्रता^{F}, निरायुधता^{F}।

defend डिॅफ़ेन्ड्' v. t. & i. प्रतिरक्षण करना, (का०) **प्रतिरक्षा**^{F} **करना**, रक्षा^{F} करना, निवारण करना, **बचाव करना**, बचाना, बचना; (प्रा०) मना करना, टालना; (कानून) (अभियोगका) **प्रतिवाद करना**, पक्षपोषण करना, समर्थन करना, तरफदारी^{F} करना; (वकीलका) प्रतिवादीकी ओरसे पैरवी^{F} करना; सफायी पेश करना, मुकदमेकी जवाबदेही^{F} करना, उजुरदारी^{F} करना; ~ *oneself* आत्मरक्षा^{F} करना, अपनी रक्षा^{F} आप करना।

defendable –'डॅबॅल् a. प्रति-रक्षणीय, रक्षा^{F} करने योग्य।

defendant –डॅन्ट् n. **प्रतिवादी**, प्रत्यर्थी, मुद्दआलेह; (गुण०) प्रतिवादीके रूपमें (*the ~ company*); प्रतिरक्षी।

defended –डिॅड् a. प्रतिरक्षित, समर्थित, रक्षित; ~ area, ~ locality, ~ post, ~sector, ~ zone.

defender -डॅर n. त्राता, (का०) **प्रतिरक्षक**, रक्षक, प्रतिपालक, पक्षपोषक, (का०) **बचाव करनेवाला**, बचानेवाला; (खेल) सर्वजेतृत्वका रक्षक; D ~ of the Faith धर्मरक्षक, हेनरी अष्टम और उसके बादके अँगरेज राजाओंकी उपाधि^F^ ।

defense ⊙ डिफ़ॅन्स्' = DEFENCE.

defensibility -सिबि'लिटि n. प्रतिरक्षणीयता^F^; प्रतिवाद्यता^F^; औचित्य, न्याययुक्तता^F^ ।

defensible डिॅ'फ़ॅन्'सिबॅल् a. प्रतिरक्ष्य, रक्षणीय; प्रतिवाद्य, पैरवी^F^के योग्य; न्याय्य, न्याययुक्त, उचित ।

defensive -सिव् १. n. त्राणकी स्थिति^F^, प्रतिरक्षा^F^, बचाव^F^; २. a. त्राणात्मक, प्रतिरक्षी, (राज०) **रक्षणात्मक**, प्रतिरक्षात्मक (~ *war*), बचानेवाला;
~ armament, ~ post, ~ war.

defer डिॅफ़र्', v. t. & i. आस्थगन करना, (का०) **आस्थगित करना**, स्थगित करना; टाल-मटूल^F^ करना, टालना, उठा रखना; विलम्ब करना, आलस करना, ढील देना, देर^F^ करना ।

defer² v. i. (किसीकी राय^F^का) सम्मान करना, स्वीकार कर लेना, मान लेना ।

deference डे'फ़रॅन्स् n. सम्मान, आदर, अनुरोध, लिहाज; मतानुवर्तिता^F^, स्वीकृति^F^; मानना; वश्यता^F^, *in ~ to* बड़ेके प्रति समादर ।

deferent¹ -न्ट् १. a. वाहक, वाही, प्रवाही; २. n. वाहक पोत ।

deferent² a. बहुमानित, सम्मानित ।

deferential डेॅफ़रॅ'न्'शल a. समादरयुक्त; आदरणीय, माननीय; स्वीकरणीय ।

deferment डिॅफ़र्'मॅन्ट् n. (का०) **आस्थगन**, स्थगन, विलम्बन, टालमटूल^F^; आलस्य ।

deferred -र्ड' a. विलम्बित, (कृषि०, का०) **आस्थगित**, **अनुप्रेष्य**; (का०) **उत्तरभावी**; ~ pay आस्थगित वेतन, पश्च-देय;
~ annuity, ~ bond, ~ creditor, ~ dividend, ~ expenditure, ~ grazing, ~ leave, ~ pay, ~ payments, ~ rebate, ~ shares, ~ stock.

defervescence डीफ़वॅ'सॅन्स n. ताप-शान्ति^F^, शीतलता^F^, ज्वरके तापका घटना ।

defeudalize डीफ़्यू'डॅलाइज़् v.t. असामन्तीकरण करना, सामन्तत्व खत्म करना, जमीन्दारी^F^ तोड़ना ।

defiance डिॅफ़ाइ'ॲन्स् n. व्यतिक्रमण, उपेक्षा^F^, विरोध, (का०) **अवज्ञा**^F^, आज्ञोल्लंघन, विद्रोह, (खुल्लम-खुल्ला आज्ञा^F^का) अनादर (*bid ~ to*); युद्धके लिए आह्वान, चुनौती^F^, ललकार^F^ ।

defiant -न्ट् a. उद्धत, आज्ञोल्लंघी, विद्रोही, निडर, अवज्ञाकारी, अवज्ञापूर्ण; चुनौती^F^ देनेवाला, ललकारनेवाला; सन्दिग्धचित्त, अविश्वासी, शंकायुक्त, सन्देहशील; उपेक्षापूर्ण, खिचा-खिचा ।

deficiency डिॅफ़ि'शन्सि n. (चि०) त्रुटिजन्य रोग, हीनताजन्य रोग, हीनान्न रोग; अल्पता^F^, अपर्याप्तता^F^, असमग्रता^F^, अपूर्णता^F^, **न्यूनता**^F^, **हीनता**^F^, (कृषि०) **अभाव**, **त्रुटि**^F^, छिद्र, घटी^F^, (कृषि०, वाणि०, अर्थ०) **कमी**^F^, (कृषि०) **कसर**^F^; दोष; अधूरापन;
~ account, ~ allowed, ~ bill, ~ disease, ~ food, ~ loss.

deficient -शन्ट् a. अपर्याप्त, थोड़ा; दोषपूर्ण, त्रुटियुक्त; अल्प, ऊन, न्यून, असमग्र, असम्पूर्ण, (का०) **अपूर्ण**, (चि०) **हीन**, (का०) **कम**, अधूरा, खाम; अल्पधी, बुद्धिहीन, अल्प बुद्धिवाला ।

deficit डेॅ(डी)'फ़िसिट् n. पूँजी^F^के ऊपर ऋणकी अधिकता^F^; हीनार्थता^F^, हीनता^F^, न्यूनता^F^, (का०) **कमी**^F^, घटी^F^, **घाटा**, धनकी घटती^F^, टोटा, नुकसान; ~ area अभावग्रस्त या अल्पान्न क्षेत्र; ~ budget (का०) **घाटेका बजट**; ~ financing हीन वित्तप्रबन्धन ।

de fide (L) Pred. a. न्यासरूप, **धरोहररूप** ।

defier डिॅफ़ाइ'ॲर् n. विद्रोही, उद्धत व्यक्ति, आह्वान करनेवाला, चुनौती^F^ देनेवाला, ललकारनेवाला, गुस्ताख, गुस्ताखी^F^ करनेवाला ।

defilade डेॅफ़िलेड्' v.t. किलेबन्दी^F^ करना ।

defile¹ n. डी'फ़ाइल; v. डिॅफ़ाइल्' १. n. संकुचित मार्ग, **संकरा रास्ता**; संकीर्ण घाटी^F^, दुर्मार्ग, तंग दर्रा; २. v.i. दण्डव्यूह बनाकर चलना, पंक्ति^F^में चलना ।

defile² डिॅफ़ाइल्' v.t. अपवित्र करना, बिगाड़ना, खराब करना; कलुषित करना, (का०) **भ्रष्ट करना**, **दूषित करना**, मलिन करना, मैला करना, गन्दा करना; सतीत्व नष्ट करना; भ्रष्ट करना ।

defiled -ल्ड' a. दूषित, कलुषित, भ्रष्ट ।

defilement -ल्'मॅन्ट् n. अपवित्रता^F^, कलुषता^F^, दूषण, मालिन्य, मलिनता, भ्रष्टता^F^, कलंक, मैल, गन्दगी^F^ ।

defiler -लॅर् n. दूषक, अपवित्र करनेवाला, कलुषित करनेवाला ।

definable डिॅफ़ाइ'नॅबॅल a. परिभाष्य, लक्षण या परिभाषा^F^ दिये जाने योग्य, स्पष्ट करने योग्य; सीमा^F^ निर्धारित करने योग्य ।

define -न्' v.t. लक्षण बताना; व्याख्या^F^ करना, स्पष्ट करना, (का०, गणि०) **परिभाषा^F^ करना**, **परिभाषित करना**, परिभाषा^F^ देना; सीमांकित करना (सीमा^F^), (का०) **सीमानिर्दिष्ट करना**, **निर्धारित करना**, निश्चित करना, हद्द^F^ बाँधना ।

defined -न्ड्' a. (विधा०) **परिभाषित**; सीमांकित, निर्धारित, निश्चित; स्पष्ट, स्पष्टाकृति (*well-~ image*) ।

definer डिॅफ़ाइ'नॅर् n. परिभाष्यकार, व्याख्याता ।

definiendum (L) n. (दर्श०) **परिभाष्य शब्द** ।

definiens (L) n. (दर्श०) **परिभाषक** ।

definite डेॅ'फ़िनिट, a. अस्तिवाची, सीमांकित, निर्धारित, (कलन) **सीमित** (~ *integral*), **निश्चित**, दृढ़; निर्दिष्ट, नियत, स्पष्ट, ठीक; निर्णीत; (व्या०) ~ article, अर्थात् 'THE'; ~ inflexions THE आदि शब्दोंके पश्चात् प्रयुक्त जर्मन तथा प्राचीन अँग्रेजी^F^के

विशेषणोंके रूप; *past* or *predicate* ~ फ्रेंच भाषाका^F सामान्य भूतकाल;
~ form, ~ host, ~ integral, ~ matrix.

definitely –लि adv. अवश्य, स्पष्टतया, बिलकुल, निश्चित रूपसे।

definiteness –निस् n. स्पष्टता^F, निश्चितता^F, स्थिरता^F।

definition डे'फिनि'शॅन् n. निर्वचन, व्याख्या^F, वर्णना^F, संज्ञा^F, लक्षण, **परिभाषा**^F, निर्धारण, अर्थ-निरूपण; स्पष्टीकरण; (भौ०) (~ *of image*) **(प्रतिबिम्बकी) स्पष्टता**^F, उज्ज्वलता^F (चित्रकी, रूपरेखा^Fकी)।

definitive डि'फि'निटिव् a. प्रौढ़, निश्चायक (~ *treaty*), निर्णयात्मक, निश्चयात्मक, नियत, निश्चित (~ *host*), अन्तिम, स्थिर (उत्तर, सन्धि^F, निर्णय आदि)।

definitiveness –निस् n. निश्चयशीलता^F, स्थिरता^F।

deflagrability डीफ़्लॅग्रॅबि'लिटि n. ज्वलनीयता^F, उद्दाह्यता^F।

deflagrable –फ़्लॅग्रॅबॅल् a. ज्वलनीय, उदाह्य।

deflagrate –ग्रेट् v.t. & i. (प्रा० भूगोल) **उद्दहन करना**, प्रज्वलित करना या होना, भड़क या भभक उठना, जल उठना, जला डालना, फूँक देना, जला देना।

deflagrating –टिंग् a. उद्दहन्त, उद्दहनकारी, जलनेवाला;
~bottle, ~capsule, ~globe, ~spoon.

deflagration –ग्रेशॅन् n. ज्वाला, उद्दहन, दाहन, दाह, ज्वलन^F, जलन^F, भभक^F, भड़क^F।

deflagrator –फ़्लॅग्रेटॅर् n. उद्दाहक, दाहक, जलानेवाला।

deflatable डिफ़्ले'टॅबॅल् a. अपस्फाय्य, कमी^F करने लायक।

deflate –ट् v.t. अपस्फायन करना, अपस्फीति^F करना, मुद्रास्फीति^Fमें कमी^F करना, बढ़े हुए मूल्यको घटाना; विध्मान करना, **हवा**^F **निकालना**, किसी पदार्थसे हवा^Fको निकाल देना, पचकाना, सँकोचना, खाली करना।

deflated –'टिड् a. अपस्फीत, विध्मात।

deflating –टिंग n. (सांख्य०) **अपस्फीतीकरण**।

deflation –'शॅन् n. (अर्थ०) **अवस्फीति**^F, (सांख्य०) **अपस्फीति**^F, मुद्रास्फीति^Fमें कमी^F; विध्मान, संकुचन, पचकाव।

deflationary –नॅरि a. अपस्फायी, अपस्फीतिकारी (~*gap*), (~*tendency*)।

deflationist –निस्ट n. अपस्फीतिवादी।

deflator 'टॅर् n. अपस्फायक, विध्मायक।

deflect डिफ़्लेक्ट् v.t & i. मार्गच्युत करना या होना, (प्रा० भूगोल) **अपवर्तित करना या होना**, पथभ्रष्ट करना या होना, मार्गसे विचलित करना या होना; **हटना**; (भौ०) **विक्षेप करना**, व्याकुंचन करना, व्याकोचन करना, झुकाना, झुकना, मोड़ना, मुड़ना।

deflected –'टिड् a. व्याकुंचित, व्याकोचित, विचलित (~ *position*)।

deflection –'शॅन् n. = DEFLEXION.

deflective –'टिव् a. व्याकुंचनात्मक, व्याकोचनात्मक; (विद्यु०) **विक्षेपी** (~ *sensivity*); विपथगामी, विमार्ग-गमन-सम्बन्धी।

deflectometer –टॉ'मिटॅर् n. व्याकुंचमान, च्युति-मापक।

deflector –'टॅर् n. (यंत्र०) **विक्षेपक** (~ *plate*); मार्गच्युत करनेवाला, फेरनेवाला; व्याकोचक, झुकानेवाला।

deflexed –क्स्ट् a. (वन०) **अपनत**, (प्राणिवि०) निकोचित, मार्गच्युत।

deflexion,- ection –क्'शॅन्, अॅक्'शन् n. (शा० एवं ला०) विमार्ग-गमन, पथच्युति^F, अपवर्तन, हटाव, (नौवि०) **हटना**; उच्चाटन; (चि०) **विचलन**, अपसरण, (रसा०, शिक्षा०, यंत्र, गणि०, भौ०) **विक्षेप**; **विस्थापन**; व्याकुंचन, व्याकोचन, नमन, मोड़, झुकाव; (विद्युत्^F तथा चुम्बक) सुई^Fका केन्द्रबिन्दुसे हटाव, हटना। a. **विक्षेपी** (~ *plates*, ~*potentiometer*)।

deflexure –'स्युअॅर् n. पथभ्रंश, मार्गच्युति^F, विपथ-गमन।

deflocculate डिफ़्लॉ'क्यूलेट् v.t. विलोष्टन करना, व्यूर्णीकरण करना, अणु-अणु बनाना, विगठित करना।

deflocculating –टिंग् a. **ऊर्णनहारी**।

deflocculation –ले'शॅन् n. (कृषि०) **अन्तरालम्बन**, विलोष्टन; व्यूर्णीकरण, **ऊर्णहरण**; विगठन, अण्वीकरण।

deflorate डी'फ़्लॅरेट् v.t. कौमार्य भंग करना, कुमारीत्व दूषित करना, क्षतयोनि^F करना, चरित्रहीन करना; पुष्परहित करना, फूल चुन लेना।

defloration –रे'शॅन् n. कौमार्यभंग, (का०) **कौमार्य-हरण**, कुमारीत्व दूषण, क्षतयोनि^F करना, (कन्या^Fका) चरित्र-नाशन; विच्युति^F, दूषण; **पुष्पच्युति**^F, पुष्पस्खलन पौधेको पुष्परहित करना, फूल तोड़ना।

deflower डिफ़्लॉउ'अॅर् v.t. (का०) **कौमार्यहरण करना**, कौमार्यभंग करना, कुमारीत्व भ्रष्ट करना, क्षतयोनि^F करना, चरित्रहीन करना, चरित्र नष्ट करना; भ्रष्ट करना, दूषित करना, नाश करना, लूटना; पुष्परहित करना, फूल चुन लेना, तोड़ लेना।

defluent डी'फ़्लुअॅन्ट् a. अधःप्रवाही, नीचेकी ओर बहनेवाला।

defluxion डिफ़्लक्'शॅन् n. (चि०) अधःप्रस्राव, क्षरण।

defoliate डिफ़ॉ'लिअेट् v.t. निष्पत्रण करना, पत्तोंसे रहित करना।

defoliation –अे'शॅन् n. निष्पत्रण, (कृषि०) **विपत्रण**, **पत्रपात**, पर्णपात, पर्णमोक्ष, **पतझड़**।

deforce डिफ़ोर्स्" v.t. बलाद्धारण करना; रोकना, विरोध करना।

deforcement –'मॅन्ट् n. बलाद्धारण; रोक^F या विरोध।

deforciant –'शॅन्ट् n. (क़ानून) बलाद्धारक, विरोधी।

deforest डिफ़ॉ'रिस्ट् v.t. तरुरहित करना, वननाशन करना, निर्वनीकरण करना।

deforestation –टे'शॅन् n. वननाशन, **निर्वनीकरण**, वन-अपरोपण, **वन-कटाई**^F^ ।
deform डि'फ़ॉर्म v.t. आकृति^F^ बिगाड़ देना, बदसूरत बना देना; विरूपण करना, विरूपित करना, विरूप करना, (का०) **विकृत करना**, कुरूप करना, आकृति^F^ भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, गन्दा करना, बेढंगा करना ।
deformability –मॅबि'लिटि n. विरूप्यता^F^, विकार ।
deformable –'मॅबॅल a. विरूप्य ।
deformation डीफ़ामें'शॅन् (यंत्र०, प्रा० भूगोल, भौ०) **विरूपण** (~ *curve*, ~ *point*), वैरूप्य, (यंत्र०, रसा०, भौ०) **विरूपता**^F^, **विकृति**^F^, कुरूपता^F^, बदसूरती^F^; बिगाड़^F^, खराबी^F^; शब्दका विकृत रूप (जैसे *damn* का *dang*); परिवर्तित रूप ।
deformative डि'फ़ॉर्'मॅटिव् a. (प्रा० भूगोल) **विरूपक** (~*process*), विरूपी, विकारी ।
deformed डिफ़ाम्ड्'' a. विरूपित, (का०) **विकृत**, विकृतांग, विकलांग, बेढंगा, बेडौल, लूला, लँगड़ा, कुबड़ा आदि ।
deformedness –'मिॅड्-निॅस् n. विरूपत्व, विकृतत्व; कुरूपता^F^, विकृति^F^ ।
deformer –मॅर् n. विरूपकर्ता, विरूपित करनेवाला, विकृत करनेवाला, विरूप करनेवाला ।
deformity –मिटि n. अंग या शरीरकी कुरूपता^F^; विकलता^F^, अंगवैकल्य, वैरूप्य, (कृषि०, चि०, मनो०) **विरूपता**^F^, (शिक्षा०) विकृति^F^, कुरूपता^F^, कुत्सिताकार, अंगहीनता^F^, भद्दापन, बिगाड़, बदसूरती^F^ (~ *acquired*, *congenital*) ।
defraud डि'फ़्रॉड्' v.t. प्रतारणा^F^ करना, प्रवंचित करना, (का०) **कपट करना**, छल करना, धोखा देना, हथियाना, ठगना ।
defrauder –'डॅर् n. वंचक, प्रतारक, छली, धोखेबाज ।
defray डिफ़्रे' v.t. व्यय करना, खर्च भरना, देना; हिसाब चुकाना, भरना, अदा करना ।
defrayable –'अॅबॅल् a. शोध्य, व्येय, देय, चुकाने योग्य, (विधा०) **किये जानेवाले** ।
defrayal –अॅल् n. भुगतान, चुकाव ।
defrayment –'मॅन्ट् n. देय-दान, अदायगी^F^ ।
defrock डि'फ़्रॉक्' v.t. फ्राक या कुरती^F^ उतारना ।
deft. DEFENDANT.
deft डे'फ़्ट्' a. प्रवीण, निपुण, दक्ष, कुशल, चतुर, अभ्यस्त, विदग्ध, चालाक, होशियार ।
deftness –'निॅस् n. नैपुण्य, निपुणता^F^, प्रवीणता^F^, दक्षता^F^, कौशल, चातुर्य, चतुराई^F^, चालाकी^F^, होशियारी^F^ ।
defunct डि'फन्क्ट् a. (चि०) नष्ट गुणकर्म; निष्क्रिय, निश्चेष्ट, **निष्प्रभाव**, **समाप्त**, (का०) **मृत** (~*company*, ~*partnership*), गत, निर्जीव, अप्रचलित, प्राणरहित, मुर्दा; the ~स्वर्गवासी, स्वर्गीय ।
defy डिफ़ाइ' v.t. उपद्रव या विघ्न उपस्थित करना, बाधा^F^ उपस्थित करना; विरोध करना, **अवज्ञा**^F^ **करना**, उपेक्षा^F^ करना, अनादर करना, तुच्छ समझना, परवाह^F^ न करना; (परिहासमें) युद्धके लिए आह्वान करना, चुनौती^F^ देना, **ललकारना** ।
degage (F) a. सहज, सरल ।
deg. DEGREES.
degasify डि'गैसिफ़ाइ v.t. विवातीयन करना, गैस^F^ निकालना ।
degauss डी'गॉउस् v.t. विचुम्बकित करना, चुम्बकीय गुण हटाना ।
degaussing -सिंग् n. (नौवि०) **निगोसन** ।
degeneracy डिजे'नॅरसि n. (शिक्षा०, मनो०) अपकर्ष, निकर्ष, (जीव०) **अवविकास**, अधःपतन, **अपभ्रष्टता**^F^, कुलभ्रंश, अपकृष्ट दशा^F^, नीचावस्था^F^, गिरावट^F^ ।
degenerate[1] –रॅट् १. n. कपूत, पतित पुरुष, अपने कुलाचारसे भ्रष्ट व्यक्ति, अपनी जाति^F^के गुणोंसे च्युत मनुष्य या पशु; २. a. (चि०) अपजात, अपजनित, अपकृष्ट, निकृष्ट, नष्टधर्म, अधःपतित, हीन, दुश्चरित्र, चरित्रहीन, भ्रष्ट, नीच, गिरा हुआ, बिगड़ा हुआ; अपनी जातिके गुणोंसे च्युत ।
degenerate[2] –रेट् v.i. (रसा०) **अपकर्ष होना**, अपजनित होना, विह्रासित होना या करना, अपकृष्ट होना, निकृष्ट होना, **अपभ्रष्ट होना**; भ्रष्ट होना, पतित होना, दुश्चरित्र होना, अकुलीन होना, अधम बनना, कपूत होना, स्वजाति^F^के गुणोंको खो देना, खराब होना, गिरना, बिगड़ना ।
degenerated –टि'ड् a. (जीव०) **अवविकसित**, अपजनित; **अपभ्रष्ट** (~*system*), विह्रसित, भ्रष्ट, अधःपतित ।
degenerateness –रॅट्निॅस् n. अधःपात, अपकर्ष, भ्रष्टता^F^ ।
degenerating –रेटिंग् a. अपजननशील, विह्रासी, अपकर्षी, पतनशील ।
degeneration –रे'शॅन् n. (कृषि०, जीव०) **अपकर्ष**, (जीव०) **अवविकास**, निकर्ष, विह्रसन, विह्रास, ह्रास, **अपभ्रंश**, **अपभ्रंशन**, अधःपतन, पतन, अधोगति^F^, पदभ्रंश, दुश्चरित्रता^F^, विकार, कुलकी मर्यादा^F^का त्याग, गिरना, बिगड़ना, खराबी^F^; (निदान) अपजनन ऊति गठनमें विकार या बिगाड़, स्नायुगठनमें विकार या बिगाड़ ।
degenerative –'नॅरेटिव् a. (चि०) अपजनक; विह्रासी, अपकर्षी, पतित बना देनेवाला, भ्रष्ट कर देनेवाला, अकुलीन बनानेवाला, अधम करनेवाला, बिगाड़ देनेवाला; ~voltage **विपोषक वोल्टता**^F^ ।
degerm डि'जॅर्म' v.t. रोगाणु नष्ट करना ।
deglutition डीग्लूटि'शॅन् n. गलाधःकरण, (चि०) **निगरण**, गिलन, (कृषि०, शिक्षा०) निगलना ।
degout (F) n. अरुचि^F^ ।
degradation डे'ग्रेडे'शॅन् n. कोटि-च्युति^F^, अपकर्ष, (रसा०) **अवक्रमण**; (पुरा०) **अपचय**, (दर्श०) **अवनति**^F^, अधोगति^F^, पदच्युति^F^, (चि०, का०) **अधःपतन**, गिरावट^F^; **निम्नीकरण**, **निम्नकोटीकरण**; अपमान, अप्रतिष्ठा^F^, अवमानना^F^, मानभंग, बेकदरी^F^; **दरजा घटाना** ।

degrade डि'ग्रेड् v.t. & i. प्रतिष्ठा^F खो देना, प्रतिष्ठा^F कम करना, अपमान करना, निरादर करना, नैतिक पतन होना, बिगाड़ना, बिगड़ना, कदर घटाना; अवकर्षण करना, न्याह्रासन करना, अवक्रामण करना, अपचयन करना, परिभ्रंशन करना, पदावनत करना, निम्नस्थ करना, दण्डके रूपमें अधिकारच्युत करना, पद नीचा करना; (भौतिक) काम परिवर्त्य रूपमें बदलना; (प्राणिवि०) लघुतर अंगमें परिवर्तित करना; (भूगर्भ०) चट्टानों^F आदिको टुकड़े-टुकड़े करना; अधःपतन करना, पतित करना, भ्रष्ट करना; (कैम्ब्रि० विश्व०) नियत समयसे एक वर्ष पश्चात्तक ऑनर्स परीक्षा^Fमें बैठनेको स्थगित करना।

degraded –डिड् a. कोटिच्युत, अवकृष्ट, (रसा०) **अवक्रमित**, परिभ्रष्ट, पदावनत, पदसे नीचे उतरा हुआ, **निम्नीकृत, निम्नकोटीकृत**; हीन, नीच, कमीना; नीचा, निचला।

degradement '–मेन्ट् n. परिभ्रष्टता^F, पदच्युति^F, नीचता^F।

degrading –'डिंग् a. अपमानजनक, अप्रतिष्ठाकारक, हीनकारी, हीन, बुरा (क्रियागत अर्थोंमें)।

degree* डिग्री' n. पद, **उपाधि**^F*, किसी विशिष्ट व्यक्तिको प्रदत्त सम्मान-उपाधि^F; उपाधिपत्र, (का०) **प्रत्यासत्ति**^F; (का०) **आस्पद**; वंशक्रम; (प्रा०) सोपान^F, सीढ़ी^F; सोपानवत् पंक्तिबद्धता^F; अवरोहावस्था^F या आरोहावस्था^Fका क्रम; घनत्व, परिमाण (*to a high or the last*~); सामाजिक अथवा अधिकारीय (अफसरका) पद, दर्जा; (रसा०) **संख्या**^F, (प्रा० भूगोल, नौवि०, त्रिकोण, रसा०, गणि०), **अंश, अंशांक**, (गणि०, नौवि०, भौ०) **घात** (~ *sign*); श्रेणी^F*, सापेक्ष स्थिति^F या दशा^F; मर्यादा^F, स्थिति^F; फ्रीमेसन सम्प्रदायका एक दर्जा; (ज्या०) (रसा०) **मात्रा**^F, (गणि०, भौ०) **कोटि**^F*, तापमापककी इकाई^F; (व्या०) विशेषणकी अवस्थाएँ; T.; prohibited ~s परस्पर विवाहनिषिद्ध वंशक्रम; ⊙ Third ~; अपराधीकी कड़ी परीक्षा^F, तफ़्तीश^F; *by ~s* क्रमशः, धीरे-धीरे; *to such a ~* अत्यन्त, इस सीमा^Fतक;

~college, ~examination, ~scale, ~sheet, ~sheets, ~sign.

degreeless –'लिस् a. उपाधिहीन; अंशहीन।

degression डि'ग्रे'शन् n. ह्रासन, अधोगति^F, न्यूनता^F, घटी^F (विशे० राज्यकरमें)।

degressive –'सिव् a. (प्राणिवि० या अर्थ०) अधोगतिक, अधोगामी, ह्रासी (~ *tax*)।

degum डि'गम् v t. विनिर्यासन करना, गोंदरहित करना।

degust डि'गस्ट् v.t. स्वाद लेना, चखना।

de haut en bas (F) adv. बड़े अभिमानसे कृपा^F करते हुए।

dehisce डिहिस्' v.i. (वन०) विदार बनाना, स्फोटन होना, स्फुटित होना, बीजदानका खुलना, मुँह बाना, खुलना, फूटना, फटना।

dehiscence–'सॅन्स् n. विदार स्फोटन, (वन०) **स्फुटन**, फटाव, खुलाव, T.

dehiscent –न्ट a. व्यानमुख, स्फोटी, खुला हुआ, फटा हुआ।

dehort डि'हॉर्ट्' v.t. बहकाना, प्रतिकूल परामर्श देना।

dehortation –टै'शॅन् n. बहकावा, निषेध, प्रतिकूल परामर्श।

dehortative डि'हॉर्'टॅटिव् a. निषेध करनेवाला; बहकानेवाला।

dehortatory –टॅरि a. बहकानेवाला; निषेधी, प्रतिकूल परामर्श देनेवाला।

dehumanize डीह्यू'मॅनाइज् v.t. हृदयकी कोमलता^F नष्ट करना, मनुष्यत्वविहीन करना, मनुष्यत्वसे पतित करना, मनुष्यत्वसे वंचित करना, मनुष्यत्व या मानवता^F छीन लेना, हीन करना, पशु बनाना।

dehydrate डीहाइ'ड्रेट् v.t. (रसा०) अनार्द्र करना, जल-वियोजित करना, निर्जल करना, किसी पदार्थसे पानी या या इसके तत्त्वोंको अलग करना, पानी हटाना, सुखाना।

dehydrated –टिड् a. (रसा०) **निर्जलित, निर्जलीकृत**।

dehydrating –टिंग् n. ~ agent (वन०, रसा० जीव०) **निर्जलीकारक, अपजलीकारक**।

dehydration –ड्रे'शॅन् n. (वन०) अपजलीकरण, विजलीयन, (रसा०, चि०, जीव०) **निर्जलीभवन, निर्जलीकरण**, शोषण, किसी पदार्थसे जल निकाल देना।

dehydrogenize डीहाइड्रॉ'जॅनाइज् v.t. व्युदजनन करना, हाइड्रोजन निकालना।

dehydrogenate डि'हाइ'ड्रॅजॅनेट् v.t. & i. **विहाइड्रोजनीकरण करना या होना**।

dehydrogenation–ने'शॅन् n. **विहाइड्रोजनीकरण**।

dehypnotize डीहिप्'नॅटाइज् v.t. प्रभावित निद्रा^Fसे सचेत करना।

de-ice डी-आइस् v.t. हिमापसरण करना, बर्फ^Fसे रहित करना।

de-icer –'सॅर् n. हिमापसारियन्त्र, बर्फ^Fसे रहित करनेवाला यन्त्र।

deicide डी'इसाइड् n. (इति०) **दैवहत्या**^F, देवता-निहनन, देव-वध; यीशुख्रीष्टवध; देवहन्ता, देवहत्यारा।

deictic डीक्'टिक् a. (तर्क०) प्रत्यक्ष रूपसे सिद्ध करनेवाला, प्रत्यक्षप्रमाणी।

deific डीइ'फ़िक् a. देवतातुल्य, देवसदृश, दैवी।

deification –फ़िके'शॅन् n. देवत्व, देवत्वप्राप्ति^F, देवत्वाधान, (इति०) **दैवीकरण**, देवत्वारोपण, देव-पूजन, देवता मानना।

deified –'इफ़िड् a. देवरूपकृत, देवता बनाया गया।

deiform –'फ़ॉर्म् a. देवाकार, देवरूप, देवतास्वरूप, देववत्, देवस्वभाव, देवताके सदृश।

deify–फ़ाइ v.t. देवता बनाना, देवपद देना, देवत्व आरोप करना; देवतातुल्य मानना, देवतासदृश पूजा^F करना; देवता ठहराना या बनाना।

deign डेन v.t. अनुग्रह करना, प्रसन्न होना; अनुग्रहपूर्वक प्रदान करना, देना; कृपा^F दिखलाना; योग्य समझना।

dei gratia (L) adv. ईश्वर की कृपा^Fसे।

deil डिल् n. पिशाच, प्रेत, दैत्य।

de integro (L) adv. पुनः, नये सिरेसे।

deiparous डीइ'पॅरॅस् a. देव-जनयिता।

deipnosophist डाइप्नॉ'सॅफिस्ट् n. कतिपय यूनानी दार्शनिकों द्वारा रचित ग्रंथका नाम; अशन-कुशल, संलाप-कुशल।

deism डी'इज़्म n. आस्तिक्य, आस्तिकवाद, देववाद, देवतावाद, ईश्वरवाद।

deist –इस्ट् n. आस्तिक, देवतावादी; प्राकृतिक धर्म; प्राकृतिक धर्मावलम्बी।

deistic, (-al) –टिक, (-ॲल्) aa. आस्तिकता-सम्बन्धी, देवतावादी।

deity –इटि n. देवत्व (का०); **देवता**, देवी^F, the D~ स्रष्टा, ईश्वर।

deject डि'जे'क्ट् v. t. धैर्यच्युत करना; विषण्ण या उदास करना, निरुत्साह करना, विषाद उत्पन्न करना, म्लान करना, हताश करना, खिन्न करना, दिल तोड़ना।

dejecta –टॅ n. मल, (चि०) (पशु या मनुष्यका) **विष्ठा**, किट्ट।

dejected –टिड् a. विषण्ण, विषादपूर्ण, खिन्न, विमन, उदास।

dejectedly –लि adv. सविषाद, सोद्वेग, विषादपूर्वक।

dejectedness –निस् n. विषादपूर्णता^F, खिन्नता^F, विषण्णता^F, उदासीनता^F।

dejection –शॅन् n. मलोत्सर्ग, मलत्याग, शौच, धैर्य-च्युति^F, विषण्णता^F, विषाद, ग्लानि^F, खिन्नता^F, खेद, नैराश्य, निर्वेद, दीनता^F, धैर्यत्याग, उदासी^F।

dejectory –टॅरि a. शोधक; (औषध^F) रेचक, दस्तावर।

dejeuner (F) –डे'ज़ॅने n. प्रातराश, नाश्ता, कलेवा।

de jure (L) a. & adv. अधिकारतः, अधिकारसे; विधितः (का०) **विधितः**, न्यायतः, कानूनसे।

dekko –डे'को n. (हिन्दी 'देखो') झाँकी^F (*let us have a ~*)।

Del. Delaware; *delineavit*, he *or* she drew it.

del. delegate; *delineavit*, drew it (put after the draughtsman's name).

delacrymation डिलैक्रिमे'शन् n. अत्यश्रुश्रवण, अतिअक्षिजलश्रवण, आँखोंसे बहुत पानी बहना।

delaine डिलेन् n. महीन वस्त्र, बारीक कपड़ा।

delate डिलेट् v.t. (अपराधकी) सूचना^F देना, रपट^F लिखना; अभियोग करना, दोषारोपण करना, किसीके विरुद्ध कहना, प्रचार करना, मुखबिरी^F करना।

delation –शॅन् n. अपराधकी सूचना^F, मुखबिरी^F; दोषारोपण, विरुद्ध प्रचार।

delator –टॅर n. रपट^F लिखानेवाला; दोषारोपी, विरुद्ध प्रचारक, मुखबिर।

delay डिले' १. n. (का०) **विलम्ब**, (~ *time*), **देरी**^F, देर^F; अवरोध, बाधा^F, रुकावट^F; स्थगन; प्रतीक्षा^F; मटरगश्ती^F, टालमटूल^F; २. v.t. विलम्ब करना, देर^F करना; अवरोध करना, विमन्दित करना, गति^F रोकना, बाधा^F डालना, रोकना, टालना; स्थगित करना; प्रतीक्षा^F करना; मटरगश्ती^F करना, टालमटूल^F करना, टालना; without ~ तुरन्त; ~ charge, ~ pellet, ~ report, ~ time.

delayed –ड् **विलम्बित**; ~ alarm, ~ article, ~ dominant, ~ explosion, ~ fuse, ~ manifestation, ~ neutron, ~ reflex, ~ tender.

delaying –ले'इंग् a. विलम्बी, विलम्बकारी (~*tactics*), देर करनेवाला।

del-credere डेल्‌क्रे'डॅरे n. परिशोधन; विश्वासन, आश्वासन।

dele डी'लि v.t. (छापाखानाका संकेत) इस संकेत द्वारा सूचित वर्ण, (शब्द अथवा वाक्यको) हटा दो, निकाल दो।

delectable डि'ले'क्'टॅबॅल् a. (प्रा०) (व्यंग्यमें) आह्लादक, मनोरम, कमनीय, रमणीय, आह्लादपूर्ण, आनन्दकर, आनन्दजनक, आनन्दमय, प्रीतिकर, सुखकर, मनोहर, रम्य, सुहावना।

delectableness –निस् n. कमनीयता^F, रमणीयता^F, सुहावनापन, मनोरमता^F।

delectation डिले'क्टे'शॅन n. आनन्दातिरेक, निरतिशय आनन्द, आह्लाद, प्रमोद, हर्ष, सुख, मौज^F।

delectus डि'लेक्'टॅस् n. पाठांश-संग्रह।

delegable डे'लिगॅबॅल् a व्यादेश्य, नियोज्य।

delegacy –गॅसि n. प्रतिनिधान, प्रतिनिधि-मण्डल, प्रतिनिधि-सभा^F; प्रतिनिधि-प्रथा^F, प्रतिनिधिके रूपमें नियुक्ति^F; पौर-छात्रवर्ग; पौरविद्यार्थी-संघ, पौरछात्र-केन्द्र।

delegate¹ –गॅट् n. (राज०, का०) **प्रत्यायुक्त**; प्रतियुक्त, **प्रतिनिधि**, व्यादिष्ट प्रतिनिधि, डेलीगेट; उप-, अधि-; a प्रतिनिधि, शिष्ट।

delegate² –गेट् v.t. नियुक्त करना, प्रतिनिधि बनाना; न्यस्त करना, अधिकृत करना, **प्रतिनिधान करना**, प्रतिनिहित करना, **प्रत्यायुक्त करना**, व्यादिष्ट करना, **सौंपना**, **देना**।

delegated –टिड् a. प्रत्यायुक्त, **प्रत्यायोजित**, प्रतिनिहित, अधिकृत, अध्यर्पित, सौंपा गया, दिया गया।

delegation –गे'शॅन् n. प्रत्यायुक्ति^F, (राज०, का०) **प्रतिनिधान**, **प्रत्यायोजन**, सौंपना, **दे देना**; (राज०, का०) प्रत्यायोग, **शिष्ट-मण्डल**, **प्रतिनिधि-मण्डल**; किसी एक राज्यका प्रतिनिधि ⊙; (उपाधिकारीको) भारार्पण, अधिकार-समर्पण (~ *of power*)।

delegatory –'लिगेटॅरी a. प्रत्यायोगी।

delenda –न्डॅ n. अपमार्ज्य शब्दसूची^F।

delete डि'लीट्' v.t. बहिष्करण करना, अपमार्जन करना, विलोप करना; (मुद्रणमें) (शब्द, वर्ण, वाक्य) हटाना,

मिटाना, काटना, (का०) **काट देना, निकाल देना** ।

deleted –टिॅड a. अपमार्जित, बहिष्कृत, विलुप्त, कटा हुआ ।

deleterious डे'लिॅटीअ'रिॲस् a. प्रणाशी; घातक, नाशक, हानिकारक, विनाशक, विनाशकारी, विषैला, क्षतिकर, अस्वास्थ्यकर ।

deletion डिॅली'शन् n. अपमार्जन, बहिष्कार, विलोप, (कृषि०) **लोप, उच्छेद,** काट, मिटाना ।

deletory डे''लिटॅरि a. अपमार्जक, विलोपी, मिटानेवाला ।

delf(t) डे'ल्फ़ (ट्) n. मृद्भाण्ड, मृत्पात्र, लुकका बर्तन, डेल्फ (हॉलैण्ड) में बनाया गया पालिशदार मिट्टीFका बर्तन ।

delibate डे'' लिबेट्' v.t. स्वाद लेना, चूसना ।

deliberate[1] डि'लि'बॅरेट्' v.t. & i. विचार-विनिमय करना, तर्क-वितर्क या बहसF करना, विचार-परामर्श करना, रायF लेना; (विधा०) **पर्यालोचन करना,** (सावधानीFके साथ) विवेचन करना, (का०) **विमर्श करना,** विचारना, समझना-बूझना, सोचना ।

deliberate[2] –रॅट् a. संमन्त्रणायुक्त, संकलिपत (~*fire*), **आयोजित** (~*operation*), विमर्शित, (का०) **विमृष्ट, जानबूझकर किया हुआ,** सोचा हुआ, विचार किया हुआ; सोद्देश्य, सुचिन्तित, विचारपूर्वक, सोचा-समझा, जाना-बूझा, इरादी; सावधान, चौकन्ना; आरामसे, इत्मीनानके साथ ।

deliberately –लि adv. सोद्देश्य, अवधानतः, जान-बूझकर ।

deliberateness –निॅस् n. सुचिन्ताF, सोच-विचार, सावधानीF, विमर्शितताF, इत्मीनान ।

deliberation –रे'शॅन् n. पर्यालोचन, संविमर्श, विचारणाF, संमन्त्रणाF (का०, दर्श०) **विमर्श,** सुचिन्ताF; तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, सोच-विचार, चर्चाF, बहसF; धैर्य, सावधानीF; इत्मीनान ।

deliberative –बॅरॅटिव् a. विमर्शकारी, विमर्शी, मन्त्रणात्मक, विचारशील, विचारक (~ *body*), विचारात्मक, विचारपूर्ण (~ *assembly or function*) ।

delible डिॅलाइ'बॅल् a. व्यामर्ष्य, मिटनेयोग्य, जो अमिट न हो ।

delicacies डे''लिकॅसीज् n. व्यंजन, स्वादिष्ट भोजन ।

delicacy डे''लिकॅसि n. कौशल, कुशलताF; शिष्टाचार, सुशीलताF; सूक्ष्मताF, बारीकीF; भद्रताF; माधुर्य, सौरस्य, स्वादुताF; सुभोजन, स्वादिष्ट भोजन, विशिष्टान्न; सहानुभूतिF; मार्दव, पेलवताF, पेशलताF, सौकुमार्य, मृदुताF, तनुताF, सुकुमारताF, कोमलताF, लावण्य, लालित्य, नजाकतF; दौर्बल्य, दुर्बलताF, कमजोरीF ।

delicate* –कॅट् a. दुर्बोध, गहन, गूढ़, दुर्बल, कमजोर, नाजुक; सूक्ष्मग्राही, संवेदनशील; पेलव, पेशल, मृदु, तनु, सुकुमार*, नाजुक (~ *question*, ~*situation*), सूक्ष्म, (~ *test*) कोमल, बारीक, पतला, महीन; हल्का, फीका (रंग); तृप्तिकर, तृप्तिजनक, रम्य, रमणीय, मनोज्ञ, ललित, मनोरम, मनोहर, आह्लादपूर्ण, आनन्दमय (का०); सुरस, मधुर, रुचिर, रुचिकर, स्वादिष्ट(भोजन);विलास-प्रिय, विलासी, (~ *living*) सुखभोगी, लाडसे पला; दूरदर्शी, विचारशील; विषम; विनीत, संकोची, सुशील, लज्जावान्, लजीला, शर्मीला; दक्ष, निपुण; प्रवीण, कुशल, चतुर (*a* ~ *touch*); ~ situation विषम स्थितिF; ~ test **सूक्ष्मज्ञापक परीक्षण** ।

delicateness –निॅस् n. कोमलताF, पेलवताF, मृदुताF, सुकुमारताF, सौरस्य, मनोज्ञताF ।

delicatessen –टे''सॅन् n. स्वादिष्ट भोजन, मिष्टान्न, विशिष्टान्न; स्वादिष्ट भोजनशालाF ।

delicious डिॅलि'शॅस् a. (कृषि०) **सुस्वादु,** सुरस, रमणीय, मनोरम, सुखद, आनन्दप्रद, रुचिर, अति रुचिकर, तृप्तिकर, परमानन्दजनक ।

deliciousness –निॅस् n. मनोहरताF, रमणीयताF, माधुर्य, सुस्वादुताF, सुरसताF, स्वादिष्टताF, रुचिरताF, आनन्द; पेलवताF, पेशलताF, मृदुताF, कोमलताF, सुकुमारताF ।

delict डिलिक्ट्' n. नियम-भंग, अतिचार, (का०)**आगस्, दुष्कृतिF,** नियमोल्लंघन ।

deligation डे'लिगे'शॅन् n. (शल्य०) सूत्रबन्धन; बन्धन, पट्टीF ।

delight डिॅलाइट्' n. आह्लाद, प्रहर्ष, (शिक्षा) **हर्ष,** अत्यानन्द, उल्लास, सुख, प्रसन्नताF, खुशीF; आह्लादप्रद पदार्थ, सुखद वस्तुF, आनन्दजनक वस्तुF, आनन्ददायक वस्तुF; परितुष्टिF, संतृप्तिF, सन्तोष ।

delighted –टिॅड् a. आनन्दित, आह्लादित, उल्लसित, सुखी, प्रसन्न ।

delightful, delightsome –फ़ुल्, सॅम् aa. (सा०) आनन्दप्रद, आनन्ददायक, आनन्दमय, आह्लादपूर्ण, सुखद, सुखमय, रुचिर, रमणीय ।

delightfulness –निॅस् n. रुचिरताF, आह्लादपूर्णताF, रमणीयताF, आनन्द, हर्ष, सुख ।

delightsome –सॅम् a. =DELIGHTFUL.

delightsomeness –निॅस् a. =DELIGHTFULNESS.

Delilah,Da- डिॅलाइ'लॅ, डॅ-n. चतुरा रमणीF, छलनामयी नारीF, धूर्त तथा सुन्दर स्त्रीF; प्रलोभिनीF, मोहिनीF; धूर्त प्रेमिकाF ।

delimit, (-ate) डिॅलि'मिट, (-अेट) vv. i. (का०) **सीमाF निर्धारित करना,** सीमाF बाँधना, **हदबन्दीF करना** ।

delimitation –टे'शॅन् n. सीमांकन, (राज०) **परिसीमन,** सीमा-निर्देशन, (का०, विधा०) **सीमानिर्धारण,** (राज०) **हदबन्दीF** ।

delimited –मिटिॅड् a. परिसीमित, सीमांकित ।

delineable डिॅलि'निॲबॅल् a. वर्णनीय, चित्रणीय, वर्णन करने योग्य ।

delineascope डे'लि'निॲस्कोप् n. (रसा०) **आरेखदर्शी** ।

delineate –अेट v.t. वर्णित करना, वर्णन करना,

बयान करना; अंकित करना, आलिखित करना, (का०) **चित्रण करना**, चित्रित करना, रेखांकित करना, चित्र खींचना।

delineated –टिॅड् a. चित्रित, चिह्नित, अंकित, आलिखित, वर्णित।

delineation –ऍ'शॅन n. आलेखन, (का०) **चित्रण**, वर्णन, चित्र।

delineator –निॅ'ऍटॅर् n. वर्णन करनेवाला; चित्रकार।

delinquency डिलिन्'क्वॅन्सि n. (का०, दर्श०) **अपचार**, दुराचार, दुष्कर्म, कुकर्म, अपक्रिया^{F}, पाप; कर्तव्यच्युति^{F}; त्रुटि^{F}; दोष, अपराध, कसूर; अवहेलना^{F}, विमुखता^{F}, उपेक्षा^{F}, असावधानी^{F}।

delinquent –न्ट् १. n. अपराधी, पापी; २. a. (का०, दर्श०) **अपचारी**, (~ *state*) (मनो०) **कदाचारी**, विध्यतिक्रमी, कर्त्तव्यच्युत, नियमभंगकारी, अपराधी, दोषी, कसूरवार; ;~ tendency अपराध प्रवृत्ति^{F}; ~ taxes ⊙ उद्ग्राह्य कर, बकाया महसूल।

deliquesce डिलिक्वे'स' v.i. (रसा०) **प्रक्लेदित होना**, क्लेदक्षरण होना, द्रवित होना, तरल होना, पतला हो जाना, पिघलना; (रसा०) **प्रस्वेदित होना, पसीजना**, (ला०) पानी-पानी होना, घुल जाना।

deliquescence –सॅन्स् n. (रसा०, प्रा० भूगोल) **प्रक्लेदन**,, क्लेदक्षरता^{F}, तारल्य, द्रवता^{F}, तरलता^{F}, पतलापन; (रसा०) **प्रस्वेदन, पसीजना**।

deliquescent –न्ट् a. (रसा०) **प्रक्लेद्य**, क्लेदक्षर, द्रवणशील, द्रव, तरल, पतला, पिघलनेवाला; (रसा०) **प्रस्वेद्य, पसीजने वाला**; (वन०) **अपक्षयी**; बहुशाखी।

deliquium डिलि'क्विअॅम् n. मूर्छा^{F}; तेजहीनता^{F}।

deliration डीलिरे'शॅन n.= DELIRIUM.

deliriant डिॅलिरिअॅन्ट् a. (चि०) प्रलापक (द्रव्य), प्रलापी व्यक्ति, चित्तभ्रामक, संज्ञभ्रंशी।

delirious डिॅलि'रिअॅस् a. प्रमादमय, प्रमादपूर्ण; प्रमत्त, आपेसे बाहर; उन्मत्त, विक्षिप्त, प्रलापी, भ्रान्तचित्त, विकारग्रस्त, चैतन्यरहित, बेसुध, दीवाना; निश्चेष्ट, चेष्टाहीन।

deliriousness –निॅस् n. प्रलपन, उन्माद, भ्रान्त-चित्तता^{F}, उन्मादपूर्णता^{F}, पागलपन।

delirium –अॅम् n. प्रमाद, अत्युल्लास; प्रलाप; प्रबल उत्तेजना^{F}; सन्निपात, चित्तविभ्रम, (मनो०) **संज्ञाहीनता**^{F}, मतिभ्रंश, ज्ञानशून्यता^{F}, मूर्छा^{F}, ~tremens (चि०) **कम्पोन्माद**, कंपप्रलाप (नशेमें), मद्यज प्रलाप, नशेमें ज्ञानभ्रान्ति^{F}, नशेका प्रमाद।

deliterious डे॑लिटे॑'रिअॅस् a. (यंत्र०) **क्षतिकर**।

delitescent –न्ट् a. अप्रत्यक्ष, गुप्त, छिपा हुआ।

delitescence –सॅन्स् n. गुप्तावस्था^{F}; गुप्ति^{F}, छिपाव, (चि०) (विकृति) सहसा विशोधन या रोगका चला जाना।

deliver डिॅलि'वॅर् v.t. (डाक^F) वितरित करना, बाँटना, (चिट्ठी^{F}) देना; (का०) **प्रदान करना**, अर्पण करना, **सौंपना**, सुपुर्द करना, **देना**; (*seal and* ~); हिसाब देना; (लेखा) पेश करना; (कानून) विन्यस्त करना, विधानतः सौंपना; (बच्चा) उत्पन्न करना, पैदा करना, जन्म देना, जनना; (चि०) गर्भ, अपरा, नेत्रके शीशा इत्यादिको निकालना; (विचार) निवेदन करना, प्रकट करना, कह डालना; हस्तान्तरण करना, हस्तान्तरित करना, त्यागपत्र देना, त्यागना, छोड़ना; निस्तार करना, परित्राण करना, उद्धार करना, मुक्त करना, मोचन करना, स्वतन्त्र करना, रक्षा^{F} करना, छुड़ाना, उबारना, बचाना; ढंगसे पढ़ना; ~ *battle* लड़ाई^{F}के लिए प्रस्तुत होना; ~ *the goods* (ला०) उद्देश्यपूर्ति^{F} करना, किसी मामलेमें अपना उत्तरदायित्व निभाना, कर्त्तव्यका निर्वाह करना; ~ *up* छोड़ देना, आत्मसमर्पण करना, (रेल०) **सौंप देना, हवाले करना**।

deliverable –रॅवॅल् a. मोचनीय, रक्षा^{F} करने योग्य, बचाने योग्य; जानने योग्य; (का०) **प्रदेय**, वितरणीय, सुपुर्द करने योग्य; त्याज्य, त्यागने योग्य; ~ state **सुपुर्दगी योग्य अवस्था**^{F}।

deliverance –रॅन्स् n. प्रदान, अर्पण; परामर्श-प्रदान, निर्णयदान; उद्धार, मोचन, परित्राण, मुक्ति^{F}, रक्षा^{F}, बचाव, छुटकारा; वितरण।

delivered –र्ड् a. मोचित, मुक्त; अर्पित, प्रदत्त; (भाषण) सुनाया गया; प्रसूत, उत्पन्न; वितरित।

deliverer –रॅर् n. मोचक आदि (क्रियागत अर्थोंमें); परित्राता, त्राता, मोक्ता, निस्तारक, उद्धारक, उद्धर्ता, उद्धारकर्त्ता; परिरक्षक, रक्षक; वितरक; देनेवाला।

delivery –रि n. सम्प्रदान, अर्पण, (का०) **प्रदान, दाति**^{F}, देना; **सौंपान, माल छुड़ाई**^{F}; **सुपुर्दगी**^{F}; (पत्रादिका) **वितरण** इनका सामयिक वितरण (*the first* ~); (बैंक) **अंतरण**, (~ *as of bill*); (विधा०) **भुगतान** (~ *as of things*); गर्भमोचन, प्रसूति^{F}, (चि०) **प्रसव**, जनन, गर्भ-अपरादिका निष्कासन; (कानून) संक्रामण, न्यासन, निक्षेपण; कन्दुकप्रक्षेप, गेंद^F फेंकनेका ढंग (*a good, high* ~); उदीरण, निवेदन वाचन, भाषण (*it's ~ took two hours*); निवेदन-विधि^{F}, ढंग (*a telling* ~); *give* ~सौंपना, दे देना, देना; *take* ~ माल छुड़ाना;
~ advice, ~ agent, ~ area, ~ bill, ~ bond, ~ book, ~ branch, ~ chart, ~ clerk, ~ cone, ~ contract, ~ cover, ~ date, ~ department, ~ docket, ~ end, ~ examiner, ~fire-hose, ~forceps, ~hose, ~ instruction, ~ office, ~ order, ~ peon, ~ pipe, ~ point, ~ radius, ~ report, ~ room, ~ service, ~ sheet, ~ slip, ~ staff, ~ stamp, ~ tube, ~ van, ~ window.

dell डे॑ल् n. क्षुद्र अधित्यका^{F}, गुहा^{F}, कन्दरा^{F}, छोटी घाटी^{F}, दर्रा, खोह^F।

Della-Robbia डे॑'ल-रॉब्'यॅ n. डेल रोबिया द्वारा आविष्कृत कलई^F की हुई ईंट^F।

delocalize डिॅलो'कॅलाइज़ v.t. केन्द्रीकरण करना,

अस्थानीय बनाना।
delouse डीलॉउस् v.t. & i. यूकानाशन करना, जुएँ निकालना।
delousing –'सिंग् n. (चि०) **यूकावनयन**।
Delphian, Delphic डे`ल्'फिअन्, डे`ल्'फिक् aa. डेल्फी (Delphi) की आकाशवाणी^{F} अथवा दैवी उपदेशसे सम्बन्धित; द्व्यर्थक, सन्दिग्ध, गहन, गूढ़, गुप्त, दुर्बोध, अस्पष्ट।
Delphin डे`ल्'फिन् a. *The ~ classics* या *text* जो लुईस १५वेंके पुत्र डाफिनके लिए लिखी गयी थी।
delphine डे`ल्'फिन n. एक निर्विष जन्तु, निर्विषक; (चि०) एक पीअहर विषैला अल्कलाइड।
delphinium डे`ल्फि'निअॅम् n. (ज्यो०) धनिष्ठा; (वन०) निर्विषी-प्रजाति^{F}, एक पौधा, डेलफिनियम।
delphinoid डे`ल्'फिनाएॅड् n. & a. निर्विष्याभ।
delphinus डे`ल्फाइ'नॅस् n. (ज्यौ०) **समुद्रमीन**^{F}; T.
delt डे`ल्'टॅ delegate.
delta डे`ल्'टॅ n. (ज्यो०) चतुर्थ भाद्रपदा^{F};(ज्यो०) **चतुर्थ देवयानी**^{F}; T. यूनानी वर्णमाला^{F}का चतुर्थ वर्ण (Δ, D); (यंत्र) **गराई**^{F}; फणान्त, नदीमुख-भूमि^{F}, त्रिकोण-भूमि^{F}, किसी नदी^{F}के दहाने पर बनी हुई त्रिभुजाकार भूमि^{F}; **डेल्टा**; ~ metal (रसा०) **डेल्टा-धातु**^{F}, ताँबा, राँगा और कच्ची मैगनीज^{F}का मिश्रण;
~ connection, ~ outline, ~ plain, ~ plane, ~ plateau, ~ profile, ~ ray, ~ region, ~ shape, ~ waves.
deltafication –टॅफ़िके'शॅन् n. त्रिकोणनिर्माण।
deltaic –'इक् a. त्रिकोणीय, त्रिकोणमय, त्रिकोणसदृश; डेल्टासम्बन्धी।
deltoid –'टाएॅड् n. & a. त्रिकोणक, (वन०) **त्रिकोणाभ**, त्रिकोणाकार, त्रिकोणात्मक; डेल्टाकार; T. ~ muscle or ~ अंसच्छद, कन्धेपरकी मांसपेशी^{F}, पुट्ठा; ~ ligament (चि०) त्रिकोणक स्नायु; ~ tuberosity (चि०) **असंच्छदर गडक**;
~ ligament, ~ muscle, ~ ridge.
deludable डिल् (ल्यू)'डॅबॅल् a. मुग्ध, वंचनीय, छलने योग्य।
delude –ड् v.t. प्रलोभन देना, भ्रम उत्पन्न करना, भ्रान्त करना, मोहित करना, सब्जबाग दिखाना, बहकाना; प्रतारणा^{F} करना, धोखा देना, चक्करमें डालना, ठगना, छलना, बेवकूफ बनाना।
deluge डे`ल्यूज् १. n. जलविप्लव, (जल) प्रलय, बाढ़^{F}, अतिवृष्टि^{F}, मूसलाधार वृष्टि^{F}; शब्द आदिकी अधिकता^{F}, भरमार^F, बाढ़^{F}; उत्पात; २. v.t. (शा० एवं ला०) जलप्लावित करना, अभिभूत करना, जलमय करना; भरमार^F करना, जलथल करना, जल व्याप्त करना, डुबाना; the D ~ जलप्लावन, महाप्रलय, नूहकी बाढ़^{F}।
delusion डिल(ल्यू)'ज़न् n. मोह, भ्रम, (शिक्षा०) ***विभ्रम***, भ्रान्ति^{F}, मिथ्या विचार; आभास, विवर्त; प्रतारणा^{F}, प्रवंचना^{F}, प्रलोभन, इन्द्रजाल, मायाजाल, माया^{F}, प्रपंच, कपट, छल, धोखा।
delusional –नॅल् a. मोहक, मायावी, भ्रान्तिमय, भ्रमकारक।
delusive –'सिव् a. मायावी, मोहक, प्रवंचनाकारी; भ्रान्तिमय, भ्रान्तिजनक, भ्रमोत्पादक, भ्रमकारक, भ्रमपूर्ण, मिथ्या, असार, निराशाजनक।
delusiveness –निस् n. माया^{F}, मोह, छलछन्दता^{F}, भ्रान्ति^{F}, भ्रमोत्पादकता^{F}, असारता^{F}।
delusory –सॅरि a. मोहक, मिथ्या, प्रवंचनाकारी, भ्रान्तिमय, भ्रान्तिजनक, भ्रमोत्पादक, भ्रमपूर्ण, भ्रमकारक।
delve डे`ल्व १. n. झुर्री^{F}; विवर, गर्त, बिल, खात, गड्ढा; २. v.t. & i. (प्रा०, का० तथा बोल०) डुबकी^{F} लगाना; लेख आदिका अन्वेषण करना, खोज^F करना, ढूँढ़ निकालना; खोदना, खनना; (सड़क^F आदिका) अचानक धँस जाना, बैठ जाना; प्रवेश करना।
delver –'वॅर् n. खनिक, खनिता, फावड़ेसे खोदनेवाला।
demagnetization डीमैग्निटाइज़े`शॅन् n. चुम्बकत्व-हीनता^{F}; (विद्यु०) **विचुम्बकन**, चुम्बकहरण, चुम्बककी शक्ति^{F}का लोप, अयस्कान्तगुणनाश।
demagnetize –निॅटाइज् v.t. (भौ०) **विचुम्बकन करना**, चुम्बकत्वहीन करना, अयस्कान्तगुण नष्ट करना, चुम्बककी शक्ति^{F}को हटाना।
demagnetized –ड् a. विचुम्बकित।
demagnetizer –ज़ॅर् n. विचुम्बकयिता।
demagnetizing –जिग् n. (विद्यु०) विचुम्बकन (~ *effect*)।
demagogic डे`मॅगॉ'गिक् a. जननायकीय, प्रजा-नायकसम्बन्धी, जनप्रिय नेताकी भाँति।
demagogism डे`'मॅगॉगिज़्म n. नेतृत्ववाद, जन-नायकके सिद्धान्त।
demagogue –ग् n. (राज०) **जनोत्तेजक**, प्रजानायक, जनान्दोलक, जननायक, विख्यात नायक, जनप्रिय नेता; कलहप्रिय वक्ता या नेता; अवसरवादी नेता, बाजारी लीडर।
demagogy –गि n. (राज०) **जनोत्तेजन**, जनप्रिय नेतृत्व, नेतागीरी^{F}, बाजारू लीडरी^{F}।
demand[1] डि`मान्ड् n. आवश्यकता^{F}, चाह^F, (अर्थ०, चि०, का०, विधा०) **माँग**^{F}, (*laws of supply and ~*); अनुयोग, अभ्यर्थन, (चि०, का०) अभियाचना^{F}, याचना^{F}, तकाजा^{F} (*payable on ~*); याचित वस्तु^{F}; अधिकार, दावा, हक (*many ~ s*); *in ~* जिसकी बहुत माँग^F हो;
~ bill, ~ call, ~ clerk, ~ collection, ~ column, ~ curve, ~ deposit, ~ draft purchased, ~ factor, ~ liability, ~ loan, ~ loan facilities, ~ loans account, ~ note, ~ price, ~ promissory note, ~ rate, ~ register, ~ schedule, ~ slip, ~ statement.

demand[2] v.t. आवश्यकता^F होना, चाह होना, माँग^F करना, चाहना (*piety ~ s it*); अभियाचना^F करना, याचना करना, माँगना; (साग्रह) पूछना; ~ one's *business* पूछना कि वह क्या चाहता है।

demandable –'इबॅल् a. अभियाच्य, अभियाचनीय, माँग^F के योग्य।

demandant, -er –डॅन्ट्, -ॲर् nn. अभियाचक, अनुयोक्ता, वादी, अभ्यार्थी।

demanding –डिंग् n. अभियाचन, माँगना।

demarcate डी'मार्केट् v.t. सीमांकन करना, सीमा^F निर्धारित करना, सीमा^F स्थिर करना, हदबन्दी^F करना।

demarcated –टिड् a. सीमांकित, निर्धारित (~ *limit*)।

demarcation –कॅ'शॅन् n. (विधा०, चि०) सीमाबन्धन, **सीमांकन, सीमा-निर्धारण**, सीमानिर्देश, भेद-रेखा^F, सीमा-परिच्छेद, हदबन्दी^F; ~ line (राज०) **सीमा रेखा^F**।

demarcator –मार्केटॅर् n. सीमांकक, सीमानिर्धारक।

demarche (F) डे'मार्श' n. राजनीतिक चाल^F, नीति-परिवर्तन, नवप्रस्ताव, नया मोड़, नया कदम, (राज०) **दिमार्श**।

dematerialize डीमॅटे'ॲरिॲलाइज् n. भौतिक गुणोंसे पृथक् करना, आध्यात्मिक बनाना।

deme डीम्' n. उपनगर; प्राचीन एटिका तथा आधुनिक ग्रीसका उपविभाग, मण्डल।

demean[1] डि'मीन्' v. refl. (स्वार्थे) ~ *oneself* आचरण या बर्ताव करना, व्यवहार करना, पेश आना; निर्वाह करना।

demean[2] v.t. (प्रायः स्वार्थे) प्रतिष्ठा^F कम करना, आदर कम करना, हलका होना, ओछा और नीच बनना।

demeanour –नॅर् n. आचरण, व्यवहार, चलन, (का०) **मुद्रा^F, चेष्टा^F**, (दर्श०) **चालढाल^F, ढंग**, बर्ताव, सलूक।

demembration डिमे'म्ब्रे'शॅन् n. अंगच्छेदन, अंग या सदस्यता^F हटाना।

dement डि'मे'न्ट्' v.t. उन्मत्त करना, विक्षिप्त करना, मूढ़चित्त या पागल बनाना, दीवाना करना।

dementate डि'मे'न्'टेट् १. v.t. उन्मत्त बनाना, पागल बनाना; २. उन्मत्त, मूढ़, पागल।

dementation –टे'शॅन n. उन्माद, मूढ़चित्तता^F, विक्षिप्तता^F।

demented –'टिड् a. उन्मत्त, विक्षिप्त, विकृतबुद्धि, (शिक्षा०) **मूढ़**, (चि०) निर्बुद्ध, मूढ़चित्त, पागल।

dementedness –निस् n. उन्माद, विक्षिप्तता^F, पागलपन।

dementi (F) डिमे'न्'टिॲ, डिमे'न्'शं n. प्रतिवाद, नकार, प्रतिकूलता, विरोध; राज्यकी ओरसे प्रवादका प्रतिषेध।

dementia डिमे'न्'शॅ n. चित्तविक्षिप्ति^F, चित्त-विक्षेप, विक्षिप्तता^F, मनोवैकल्य, (का०, चि०) **मनोभ्रंश** (~ *praecox*), चित्तभ्रंश, मूढ़चित्तता^F, विस्मरण, विभ्रान्ति^F, पागलपन।

demerera डीमॅरेॲ'रॅ n. दमरारा (दक्षिण अमरीका) की चीनी^F, लाल खाँड़^F, शक्कर^F।

demerit डीमे'रिट् n. (दर्श०) **अवगुण, दुर्गुण, दोष, पाप**, अपराध, बुराई^F, खराबी^F।

demeritorious –टॉ'रिॲस् a. अवगुणयुक्त, दुर्गुणयुक्त, दोषपूर्ण, बुरा।

demersal डे'मर्'सॅल् a. पानीके तलवाला, पानीके तलेका।

demersed डिमर्स्ट्' a. निमज्जी, निमज्जित।

demesne डिमी (में) न्' n. स्वामि-सम्पदा^F; राज्य, रियासत^F; भूसम्पत्ति^F, जागीर^F, जमींदारी^F; क्षेत्र, इलाका; (कानून) आधिपत्य, स्वामित्व, स्ववश; स्वधारण, सीर^F।

demesnial –निॲल् a. भूधारी, जागीर^F का।

demi -डे'मि अर्द्ध, अपूर्ण, आधा, अधूरा (जैसे, ~ *official*, ~ *tasse*); अब प्रायः SEMI का प्रयोग होता है।

demigod डे'मिगॉड् n. अंशावतार, उपदेवता, अर्द्ध-देवता, देवकल्प पुरुष, देवयोनि^F, नरदेव, विद्याधर, यक्ष, गन्धर्व आदि, देवता और मनुष्यका पुत्र आदि।

demijohn डे'मिजॉन् n. तंग मुँहकी कुबड़ी बोतल^F, (नौवि०) **दमज़ान^F**।

demilance डे'मिलॅन्स् n. छोटी बरछी^F, बल्लम।

demilitarization डे'मिलिटॅराइजे'शॅन् n. (राज०) **विसैन्यीकरण**, असैनिकीकरण, सैन्य विघटन।

demilitarize –'लिटॅराइज् v.t. सेना^F को तितर-बितर करना, सैनिक संगठन हटाना।

demilune डे'मिलून् n. (चि०) अर्धचंद्र; बुर्जकी सुरक्षा^F के लिए दीवार^F।

demi-monde डे'मि-मॉन्ड् (F) n. पुंश्चली-समाज, बदचलन स्त्री-समाज।

demirep डे'मिरे'प् n. पुंश्चली^F, दुश्चरित्रा^F, अर्ध-प्रतिष्ठित नारी^F, छिनाल^F, संन्दिग्ध चरित्रकी स्त्री^F, बदचलन औरत^F।

demisable डि'माइ'ज़ॅबॅल् a. (पट्टे या वसीयतनामेके द्वारा) देय, समर्प्य, हिबा कराने योग्य; हस्तान्तरित करने योग्य।

demise –ज़्' १. n. पट्टान्तरण, समर्पण; मृत्युपत्र या अधिकारत्यागके द्वारा (पदवी^F आदिका) हस्तान्तरण; (पट्टे या वसीयतनामेके द्वारा) सम्पत्तिदान; मरण, **निधन**, देहान्त, मृत्यु^F; २. v.t. मृत्युपत्र या अधिकार-त्यागके द्वारा (पदवी^F आदि) हस्तान्तरित करना, समर्पण करना; प्रदान करना, पट्टे या वसीयतनामेके द्वारा (सम्पत्ति^F) दे देना, (का०) **पट्टा करना, वसीयत^F करना**, हिबा करना।

demised –ड्' a. (कानून) पट्टान्तरित (~ *land*)।

demisemiquaver डे'मिसे'मिक्वे'वॅर् n. (संगीत) चतुर्थ कम्प, आधेके बराबर तीन आँकड़ोंवाला सुर।

demission डि'मि'शन् n. अवपात, अधःपतन; मानहानि^F; हस्तान्तरण, पदत्याग, अधिकार-त्याग,

इस्तीफा ।

demit डिˈमिट् v.t. & i. हस्तान्तरित करना, संत्याग करना, पदत्याग करना, पद छोड़ना, छोड़ देना, अलग करना, इस्तीफा देना ।

demiurge डीˈमिअॅर्ज n. स्रष्टा, जगत्पिता, ईश्वर ।

demob डिˈमॉब् v.t. (सेना^F को सेवा^F से) मुक्त करना, सेना^F को सैन्य-कार्यवाही^F से विरत करना, सेनादल भंग करना; **लाम तोड़ना** ।

demobilization –बिलाइज़ेˈशॅन् n. (विधा०) **सैन्य-विघटन, सैन्य-वियोजन,** विगठन, कार्य-विरति^F, (सेना^F आदिकी) कार्यसे मुक्ति^F, **लामबन्दी^F तोड़ना** ।

demobilize –बिलाइज़् v.t. सैन्य-वियोजन करना, सैनिक संगठन तोड़ना, भंग करना, कार्यविरत होना, (सेनादल, जहाजको) मुक्त करना ।

demobilized –ड् a. सैन्य-वियोजित (~ *personnel*) ।

democracy डिˈमॉक्रसि n. (इति०, का०, राज०) **लोकतन्त्र,** जनतन्त्र, प्रजातन्त्र, गणतन्त्र, गणराज्य, प्रजासत्तात्मक राज्य, राजनीतिक विशेषाधिकारोंसे वंचित गण ।

democrat डेˈमॅक्रैट् n. (का०) **लोकतन्त्री,** गणतन्त्रवादी, लोकतंत्रवादी, प्रजातन्त्रवादी, प्रजासत्ताका पोषक; (D ~) प्रजातन्त्र दलका सदस्य ⊙ ।

democratic, -al –ˈटिक, -अॅल् aa. गणतन्त्रात्मक, (का०) **लोकतन्त्रीय,** (विधा०) **लोकतन्त्रात्मक,** जनतंत्रीय, प्रजातन्त्रमूलक, प्रजातन्त्रात्मक; D~ party गणतन्त्रदल, प्रजातन्त्रदल, लोकतन्त्रवादी पक्ष;
~ corporation, ~ definition, ~ ethics, ~ republic.

democratism डिˈमॉक्रटिज़्म् n. गणतन्त्रवाद, जनतन्त्रवाद, प्रजातन्त्रवाद ।

democratization –टाइज़ेˈशॅन् n. जनतन्त्रीकरण, गणतन्त्रीकरण ।

democratize –ˈक्रटाइज़् v.t. & i. गणतन्त्रीय बनाना, प्रजातन्त्रात्मक बनाना ।

demode डेमोˈडे (F) a. लोक-व्यवहारके विरुद्ध, रीति-रिवाजके विरुद्ध ।

demodulation डिˈमॉड्यूलेˈशॅन् n. (नौवि०) **प्रतिमूर्च्छना^F; (भौ०) अनधिमिश्रण, विमाडुलन** ।

demodulator –ड्युलेटर् n. **प्रतिमूर्च्छक** ।

Demogorgon डीमॅगॉरˈगॅन् n. (यूनानी पुराण) नरकका देवता, भयानक देव ।

demographer डीमॉˈग्रॅफॅर् n. जन्म-मृत्यु^F का गणितज्ञ ।

demographic –ग्रैˈफिक् a. (सांख्य०) **जनांकिकीय** (*~study, ~trends*), जन्म-मृत्युके आँकड़ोंसे सम्बन्धित ।

demography –मॉˈग्रॅफि n. (चि०) **जनविद्या^F,** (अर्थ०, शिक्षा०) **जनांकिकी^F,** जाति^F की स्थिति^F बतलानेवाले जन्म-मृत्यु^F के आँकड़े, जाति^F की सामाजिक स्थिति^F बतानेके लिए जन्म, मृत्यु^F, रोग आदिका विवरण या विवेचन ।

demoiselle डेˈम्ˈवॅज़ेˈल n. युवती^F, कुमारी^F, बाला^F ।

demolish डिˈमॉˈलिश् v.t. निगल जाना, चाट जाना, खा जाना; पराजित करना, उत्पाटित करना, उखाड़ फेंकना, पटक देना, पलट देना, उलट देना; उद्ध्वस्त करना, भूमिसात् करना, अवसान करना, **विध्वंस करना,** नष्ट करना, **ढा देना,** ढहाना, गिरा देना, तोड़ना ।

demolished –ड a. **विध्वंस किया हुआ, ढाया हुआ** ।

demolishment ⊙, **demolition** –मॅन्ट्, डेˈमॅलिˈशॅन् nn. उच्छेद, उद्ध्वस्तता^F, उत्पाटन, उन्मूलन, **विध्वंस,** विनाश, **ढाना;**
~ box, ~ charge, ~ equipment, ~set.

demon (or demons) ⊙ demonstrative.

demon, dae- –डीˈमॅन्, डी- n. प्रेत, भूत, पिशाच, दैत्य, (दर्श०) **दानव;** अलौकिक भयंकर प्राणी; जिन, शैतान; (यूनानी इति० प्राय; *dae-*) राक्षस, असुर, निम्न श्रेणी^F का देवता, क्रूर, निर्दयी व्यक्ति (*~ bowler*); साकार या मूर्त अवगुण या दोष; ~ star (गणि०) **अलगूल;** *is a ~ for work* वह भूत बनकर कामके पीछे पड़ जाता है ।

demonetization डिˈमॉ(म)निˈटाइज़ेˈशॅन् n. (वाणि०, का०) **विमुद्रीकरण** (का०) **चलन^F बन्द करना** ।

demonetize –निटाइज़् v.t. (सोने-चाँदी^F का) विमुद्रीकरण करना, विमूल्यीकरण करना, मुद्राहीन करना, मूल्यहीन करना, सरकार^F द्वारा किसी सिक्केका प्रचलन बन्द करना ।

demoniac डिमोˈनिॲक् n. & a. (चि०) पागल; दानवीय, राक्षसी; पैशाचिक, भूतसम्बन्धी; वेतालोपहत, भूताविष्ट, पिशाचग्रस्त (व्यक्ति), उन्मत्त, घोर ।

demoniacal –मॅनाइˈॲकॅल् a. (*~ possession*) आसुरी, दानवी, राक्षसी, पैशाची (ग्रास, ग्रहण) ।

demonian डिमोˈनिॲन् a. पैशाचिक, आसुरी, राक्षसी, भूतका, शैतानी ।

demonic, dae -डीमॉˈनिक्, डी- a. भूताविष्ट, पिशाचग्रस्त; अति प्राकृतिक भावना^F या प्रतिभावाला ।

demonism –मॅनिज़्म् n. प्रेतता^F, (साहि०) **पिशाचवाद,** भूत-प्रेतमें विश्वास ।

demonist –निस्ट् n. पिशाचवादी, भूत-प्रेत विश्वासी ।

demonize –नाइज़् v.t. राक्षस बनाना, भूत बनाना, पिशाच बनाना, पिशाचग्रस्त करना ।

demonollatry डीमॅनॉˈलॅट्रि n. असुर या प्रेत-पूजा^F, पिशाच-पूजा^F ।

demonological डीमॅनॅˈलॉजिकॅल् a. प्रेतपूजा-सम्बन्धी, प्रेतविद्यासम्बन्धी ।

demonologist –नॉˈलॅजिस्ट् n. प्रेतविद्या विशारद, पिशाचशास्त्री ।

demonology –ˈलॅजि n. (शिक्षा०) **पैशाचिकी^F,** प्रेत-विद्या^F, पिशाच-विद्या^F ।

demonomania डि'मॉनमे'निअॅ n. (शिक्षा०) **प्रेतोन्माद**, पिशाचोन्माद, भूतावेश, भूत-प्रेतका आतंक।
demonry डी'मॅन्रि n. पैशाचिक प्रभाव, भूतावेश, पिशाचबाधा^F।
demonstrability डि'मॉन्स्ट्रॅबि'लिटि n. प्रदर्श्यता^F; प्रदर्शनीयता^F, निरूप्यता^F, साध्यता^F, प्रमाण्यता^F, निरूपणीयता^F, प्रमाणित करनेकी योग्यता^F।
demonstrable –स्ट्रॅबॅल् a. प्रदर्श्य, निरूप्य, प्रदर्शनीय, साध्य, साधने योग्य, प्रमाणित करने योग्य।
demonstrableness –निस् n. प्रदर्शनीयता^F, निरूपणीयता^F, प्रदर्शन, प्रत्यक्षणीयता^F।
demonstrant –ट्रॅन्ट् n. प्रदर्शनकर्ता, सार्वजनिक प्रदर्शनमें भाग लेनेवाला।
demonstrate डे'मॅन्सट्रेट् v. t. & i. सार्वजनिक प्रदर्शनमें सम्मिलित होना या भाग लेना; **प्रदर्शन करना**, **निदर्शन करना**, प्रत्यक्षण करना, **निरूपण करना**, प्रदर्शित करना, प्रतिपादित करना, व्याख्या^F करना, वर्णन करना, सप्रयोग समझाना, (भाव आदि) प्रकट करना, बतलाना; सिद्ध करना, **प्रमाण देना**, प्रमाणित करना, साधना, दिखाना: प्रमाण-स्वरूप होना; सैनिक प्रदर्शन करना।
demonstration –ट्रे'शॅन् n. **प्रदर्शन**; (भाव आदिका) **प्रदर्शन**, प्रत्यक्षण, **निरूपण**; संसाधन, **निदर्श**, निदर्शन, साधन, उपपत्ति^F, स्पष्टीकरण, प्रतिपादन, प्रामाण्य, व्याख्या^F, वर्णन; **प्रमाण**; सैन्य-प्रदर्शन; *to* ~ सप्रमाण, निर्णयात्मक रूपसे;
~apparatus, ~ centre, ~ equipments, ~factory, ~ farm, ~ forest, ~ hall, ~licence, ~ man, ~ method, ~ plot, ~report, ~result ~ rod, ~ room, ~troops, ~ work.
demonstrational –नॅल् a. प्रदर्शन-सम्बन्धी, प्रमाणात्मक, प्रत्यक्ष।
demonstrationist –निस्ट् n. प्रदर्शक, सार्वजनिक प्रदर्शनमें भाग लेनेवाला।
demonstrative डिमॉन्'स्ट्रॅटिव् a. **प्रदर्शनात्मक**, निर्देशक, **प्रदर्शक**, प्रत्यक्षक, प्रतिपादक; **निश्चायक**, निर्णायक; उपपादक, परोक्षप्रमाणसिद्ध; उपपन्न; सांकेतिक (~ *defintion*); प्रामाणिक; भाव-प्रदर्शक;
~ evidence, ~ geometry, ~ legacy, ~ person.
demonstrator डे'मॅन्स्ट्रेटॅर् n. **प्रदर्शक**, **निदर्शक**, **संसाधक**, सार्वजनिक प्रदर्शनमें भाग लेनेवाला; निर्देशक; प्रतिपादक, विज्ञानके प्रोफेसरका सहायक, डिमाँस्ट्रेटर।
demophobia डीमॅफो'विअॅ n. **भीड़-भीति^F**।
demoralization डि'मॉरॅलाइज़े'शॅन् n. चरित्र-दूषण, (दर्श०) **नैतिकभ्रंश**, **नैतिक पतन**, नीतिभ्रष्टता^F, अपकर्ष, आचारभ्रष्टता^F, धर्म-च्युति^F; अनुशासनभंग, उत्साहभंग।
demoralize '–रॅलाइज़् v.t. चरित्रभ्रष्ट करना, दूषित करना, चरित्रहीन करना, नैतिक पतन करना, धर्मच्युत करना, आचारभ्रष्ट करना, अपकृष्ट करना, बिगाड़ना; अनुशासन तथा **उत्साह भंग करना**, **हौसला तोड़ना**।
demoralized –ड् a. (दर्श०) **नीतिभ्रष्ट**।
de mortuis nil nisi bonum (L) मृत व्यक्तियोंकी भलाई^Fके अतिरिक्त और कुछ न कहना चाहिए।
Demos डी'मॉस् n. जनता-जनार्दन; प्रजातन्त्रकी कल्पित मूर्ति^F।
Demosthenic डे'मॅस्थे'निक a. डिमॉस्थनीजकी भाँति या उसकी वक्तृता^Fकी भाँति; उत्कृष्ट, धुवाँधार (वक्तृता^F), देशाभिमानी, वाग्मी।
demote डि'मोट् v.t. अवनत करना, **पदावनत करना**, **पद घटाना**।
demoted⊙ –'टिड् a. अवनत, पदच्युत, जिसका पद घटाया गया हो।
demotic डीमॉ'टिक् a. (इति०) मिश्रकी प्राचीन लोकप्रिय लिपि^F; (इति०) **लोकलिपि^F**, T., साधारण; जनप्रिय, प्रजा (जन)–सम्बन्धी; ग्राम्य, लौकिक, देहाती।
demotion डि'मो'शॅन् n. (शिक्षा०, का०) **अवनति^F**, **पदावनति^F**, पदसे नीचे गिरानेकी क्रिया^F।
dempster डे'म्प्'स्टॅर् n. (मैन द्वीपमें) न्यायाधीश, जज, दे० DEEMSTER.
demulcent डि'मल्'सॅन्ट् n. & a. उपशामक, (कृषि०) **शामक**, शामक, स्निग्ध, शान्तिदायक, तापहर (ओषधि^F)।
demulcification डि'मल्सिफ़िके'शॅन् n. (रसा०) **विवायसीकरण**; वितैलोदीयन, तैल-विघट्टन, चिकनाहट दूर करना, **वि-इमल्सीकरण**।
demur डि'मर' १. n. विलम्बन, स्थगन; तर्क-वितर्क, आपत्ति^F, शंका^F, सन्देह, दुविधा^F, विकल्प, आगा-पीछा (*without, no,* ~); २. v. i. (का०) किसी घटना^Fके अप्रासंगिक होनेपर आपत्ति^F उपस्थित करना; विलम्ब करना, देर^F करना (का०) **स्थगित करना**, **रोक देना**, टालना; विध्यापत्ति^F प्रस्तुत करना, (का०) **पूर्वापत्ति^F करना**, **आपत्ति^F करना**, कठिनाई^F उपस्थित करना; सन्देह करना, शंका^F होना, मन डाँवाडोल होना, आगा-पीछा करना।
demure डि'म्युअॅर्' a. सलज्ज, लज्जालु, शर्मीला; संकोची, विनीत; शान्त, गम्भीर, धीर।
demureness –'निस् n. विनम्रता^F, विनीतता^F, लज्जालुता^F, शर्मीलापन।
demurrable डि'म'रॅबॅल् a. (कानून) आपत्तिजनक (अप्रासंगिक); आपत्ति-योग्य, बाधा-योग्य, विरोधयोग्य, सन्देह-योग्य, शंक्य।
demurrage –रिज् n. विलम्ब, देरी^F, अटकाव; (का०, नौवि०) **विलम्ब-शुल्क**, (~ *charges*), **गोहारी^F**, हर्जाना, तावान, **डिमरेज**; इंग्लैण्डके बैंकका कमीशन (जो सोनेके बदले रुपया या नोट भुनानेके लिए देना पड़ता है)।
demurrant –रॅन्ट् n. (का०) **पूर्वापत्ति^Fकर्त्ता**, (कानून) आपत्ति^F करनेवाला, विघ्न उपस्थित करनेवाला, किसी घटनाकी अप्रासंगिकता^Fपर आपत्ति करनेवाला,

उज्रदारी करनेवाला।

demurrer –रॅर् n.= DEMURRANT; (का०) **पूर्वापत्तिकर्ता**; विप्यापत्ति^F, घटना^Fकी अप्रासंगिकता^Fपर वैधानिक आपत्ति^F, विरोध; आपत्ति^F, बाधा^F, शंका।

demy डिमाइ' n. पंचवितस्ति, (वाणि०) **डिमाई (कागज़)**, कागजकी एक नाप^F १८"×२२"; (आक्सफोर्डमें) छात्रवृत्ति^F पानेवाला छात्र।

demyship –'शिप् n. मैग्डालन कॉलेज आक्सफोर्डकी छात्रवृत्ति^F।

Den. DENMARK.

D.En. Divisional Engineer.

den डेन्' n. गह्वर, गुहा^F, कन्दरा^F, विवर, खोह^F, माँद^F; चोरोंके छिपनेका अड्डा; छोटी गन्दी कोठरी^F; निजी कामका कमरा।

denarius डिनेअॅरिअॅस् (पुरा०) **दीनार**, एक रोमन मुद्रा^F=८ आने।

denary डीनॅरि a. दशमिक, दशति, दशगुण, दशमय, दशमलव-सम्बन्धी।

denasalization डिनेज़ॅलाइज़ेशॅन् n. (शिक्षा०) **अवनासिक्यकरण**।

denationalization डिनैशॅनॅलाइज़ेशॅन् n. अराष्ट्रीकरण, विराष्ट्रीयकरण, राष्ट्रीयगुणोंका हरण।

denationalize –'शॅनॅलाइज् v.t. अराष्ट्रीयकरण करना, (राज०) **राष्ट्रिकता^Fछीन लेना**, (राष्ट्रको) इसकी स्थिति^F या गुणोंसे वंचित करना; (संस्था^Fको) राष्ट्रकी सम्पत्ति^F न रहने देना; (व्यक्तिको) उसके राष्ट्रकी सदस्यता^F अथवा गुणोंसे वंचित करना।

denaturalization डिनैचॅरॅलाइज़ेशॅन् n. अदेशीयकरण, (राज०) **अनागरिकीकरण**, नागरिकताहरण; कृत्रिमीकरण; विप्रकृतीकरण, प्रकृति-परिवर्तन, विकृत करना।

denaturalize –चॅरॅलाइज् v.t. (का०) **अदेशीयकरण करना**, (प्रायः स्वार्थे) नागरिकता^Fसे वंचित करना; कृत्रिम बनाना, विप्रकृतीकरण करना, अप्राकृतिक बनाना, (किसीको) प्रवृत्ति^Fको परिवर्तित करना।

denaturant –'चुरॅन्ट् n. विकर्ता, गुणपरिवर्तक (पदार्थ)।

denaturation डिनेच्युअॅरेशॅन् n. (रसा०) **विकृतीकरण**, विकृति^F, विकरण, (चि०) **विगुणन**, गुणपरिवर्तन।

denature –'च्युअॅर् v.t. विकरण करना, प्रकृति^F बदल देना, स्वभाव बिगाड़ना, विकृत करना, गुणोंको परिवर्तित करना।

denatured –र्ड a. विकृत, परिवर्तित।

denaturing डिनेच्युअॅरिंग् n. (रसा०) **विकृतीकरण**।

denaturization डिनेच्युअॅराइज़ेशॅन् n. विकरण, (चि०) **तत्त्वविकिरण**, विकृति^F, प्रकृति-परिवर्तन।

denaturizer –'च्युअॅराइज़ॅर n. विकर्ता।

denazification डीनैट्सिफिकेशॅन् n. (राज०) **अनात्सीकरण**।

dendriform डेन्ड्रिफ़ॉर्म a. द्रुमाकार, वृक्षके आकारका, पेड़का-सा।

dendrite डेन्'ड्राइट् n. द्रुमाश्म, पत्थर जिसपर पेड़के चिह्न हों; (चि०, श० र० शा०) **अभिवाही प्रवर्ध**; (जीव०) **प्रतानिका^F**; T.

dendritic डेन्ड्रिटिक् a. वृक्षाकार, (प्रा० भूगोल) **वृक्षाभ** (*~drainage*), **पादपसम**, द्रुमीय, द्रुमांकित।

dendr(o)–वृक्ष, पादप (जैसे, *dendriform*, *dendrology*, *dendrologist*)।

dendrochronology डेन्ड्रॉक्रॅनॉलॅजि n. (मान० इति०) **वृक्षतैथिकी^F**, (मान०) **वृक्षकालानुक्रमिकी^F**।

dendroid डेन्'ड्रॉएड् a. वृक्षवत्, द्रुमाकार।

dendrolatry डेन्ड्रॉलॅट्रि n. वृक्ष-पूजन।

dendrologist डेन्ड्रॉलॅजिस्ट् n. वृक्षशास्त्रज्ञ, वृक्षविद्यावेत्ता, द्रुमशास्त्री।

dendrology –जि n. वृक्षशास्त्र, वृक्षविद्या^F, द्रुमविज्ञान।

dendrometer डेन्ड्रॉमिटॅर् n. उच्च व्यास मान, वृक्षमापक यन्त्र।

dendromorphic डेन्ड्रॅमॉर्फिक् n. (इति०) **वृक्षविधदेव**, **वृक्षरूपी देव**।

dendron डेन्'ड्रॉन् n. (जीव०) **तंत्रिका-प्रवर्ध**, (चि०) **अभिवाही प्रवर्ध**, T.

dene डीन्' n. समुद्रके तटपर रेतीला प्रदेश, बलुआ टीला; दरी^F, घाटी^F।

denebola डेनॅबला n. (ज्यौ०) **डेनेबोला**, **द्वितीय सिंह**।

denegation डीनिगेशॅन् n. अनंगीकार, अस्वीकार, प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, नकार, इनकार।

dene-hole, dane डीन्-होल्,'डेन् n. गुहा^F, कन्दरा^F; खदान^F, खान^F; मालगोदाम।

denervation डिनॅर्वेशॅन् n. (चि०) **अतन्त्रिकीकरण**।

dengue डेन्'गे n. संधिक सन्निपात, (चि०) दण्डक, हड्डीतोड़ बुखार, लँगड़ा ज्वर, (कृषि०) **डेंगू**; **तीन दिनका ज्वर**; ~fever (चि०) **डेंग्यू ज्वर**।

deniable डिनाइ'अॅबॅल् a. निवर्त्य, प्रत्याख्येय, प्रत्यादेश्य, अस्वीकार्य, खण्डनीय, इनकार करने लायक।

denial –'अॅल् n. (दर्श०) **त्याग**; निवर्तन, प्रत्याख्यान, प्रत्याख्या^F, अस्वीकृति^F, निषेध, अपलाप, प्रत्यादेश, अनंगीकार, (का०) **नकार**, (राज०) **इनकार**, अनंगीकरण, **वंचित करना**; खण्डन, नाही^F, अस्वीकार (*~ of*); प्रत्याख्यात्मक कथन (*meet charge with flat ~*); किसीको नेता अपनानेमें अस्वीकृति^F, इनकार; self-~ आत्मसंयम, आत्मनिग्रह, अपरिग्रह।

denied –'नायड् a. निवर्तित, प्रत्याख्यात, प्रत्यादिष्ट, अस्वीकृत, अनंगीकृत; वंचित रखा गया।

denier[1] –नाइ'अॅर् n. प्रत्याख्याता, अपलापी, प्रत्यादेशक, अस्वीकार करनेवाला, खण्डन करनेवाला, इनकार करनेवाला, मुकरनेवाला।

denier[2] डिनीअॅर् n. (अप्र०) अत्यल्प धन या बहुत छोटा सिक्का।

denigrate डीनिग्रे- v.t. आक्षेप करना, अवमानित

करना, निन्दा^F करना, बदनाम करना; मलिन करना, स्याह करना, काला करना, दाग लगाना (विशे० नामपर)।

denigration डीनिग्रे'शॅन् n. कुख्याति^F, अवमान, अपयश, निन्दा^F, बदनामी^F।

denigrator –'निग्रेटॅर् n. आक्षेपक, अवमानी, निन्दक, बदनाम करनेवाला।

denim डे'निम् n. एक मोटा रंगदार कपड़ा।

denitrate, denitrify डिʼनाइ'ट्रेट, –ट्रिफ़ाइ v. t. (रसा०) विभूयीयन करना, नाइट्रिक एसिडसे मुक्त करना, शोरा निकालना।

denitration –ट्रे'शॅन् n. (रसा०) विभूयीयन, (रसा०) **विनाइट्रोटीकरण, विनाइट्रीकरण,** शोरा हटाना।

denization डिʼनाइज़े'शॅन् n. अन्तर्वासीयन।

denize –ज़् v.t. अन्तर्वासी बनाना, आवास निश्चित करना।

denizen डे'निज़ॅन् १. n. अन्तर्वासी, निवासी, रहने वाला; नागरिकता^F प्राप्त विदेशी; पौर, नागरिक, नागर; स्वीकृत विदेशी शब्द, पशु अथवा पौधा; (राज०) T. ; २. v. t. नागरिक स्वीकार कर लेना, निवासी मान लेना।

denizenship –शिप् n. नागरिकता^F, निवास।

dennet डे'निʼट् n. एक खुली गाड़ी^F (१९वीं सदी^Fकी)।

denominable डिनॉ'मिनॅबॅल् a. अभिधेय, आख्येय, निर्वाचनीय।

denominate –नेट् v.t. संज्ञा^F देना, अभिधान करना, नामकरण करना, नाम रखना, नामसे पुकारना, बुलाना, कहना।

denominated –टि'ड a. अभिहित, भणित, आख्यात।

denomination –शॅन् n. संज्ञा^F, अभिधान, उपाधि^F, आख्या^F, नाम; **मूल्य-वर्ग**; मूल्यांक, मूल्य, मूल्यमान; मान; (coins of various ~) श्रेणी^F, वर्ग, जाति^F, सम्प्रदाय।

denominational –नॅल् a. (विधा.) वर्गीय, जातिगत, **साम्प्रदायिक**, ;~ value (वाणि०) **अंकित मूल्य,** ~education, ~ institution, ~ school.

denominationalism –लिज़्म् n. साम्प्रदायिकता^F।

denominationalize –लाइज़् v.t. साम्प्रदायिक बनाना, किसी विशेष सम्प्रदायके लिए सीमित करना।

denominative –मिनेटिव १. a. संज्ञापरक, नाम-सूचक, नामधारी, विशेष नामवाला; २. n. नामधातु^F।

denominator –टॅर n. (भौ०, गणि०) **हर**, हार, भिन्न^Fकी नीचेकी संख्या^F; common ~ कई भिन्नोंके^F अंशोंका (लघुतम) सर्वनिष्ठ अपवर्त्य (ला० भी); नामदाता।

denotable डिʼनो'टॅबॅल् a. सूच्य, वाच्य, उपलक्ष्य, सूचित करने योग्य, व्यंग्य या व्यंजनीय, अभिधेय।

diatonic डाइॲटॉ'निक् a. (संगीत) सप्तक, अन्तरतान; सप्तकसम्बन्धी; ~scale **द्विटोनी स्वरग्राम, डायाटोनिक स्वरग्राम**।

diatribe डाइ'अट्राइब् n. अधिक्षेप, दोषारोपण; (दर्श०) **उग्र भाषण**; अपवक्तता^F, गाली-गलौज^F; कुत्सात्मक लेख।

diatropism डाइॲ'ट्रॅपिज़्म् n. (वन०) तिरोवर्तना^F, समकोण स्थिति^F।

D.I.B. Director Intelligence Bureau.

dib डिब् v.t. डुबकी^F लगाना।

dibasic¹ डाइबे'सिक a. द्विपैठिक, द्विपीठ, **द्वि-समाधारी** (~ *acid*)।

dibasic² डिबे'सिक् a. (रसा०) द्विभास्मिक, **द्विसमाक्षारीय** (~ *acid*)।

dibasicity डाइबॅसि'सिटि n. (रसा०) द्विभस्मिता^F, (कृषि०) **द्विसमाक्षरीयता^F**।

dibber डि'बॅर् n. रोपछिद्रक, खनित्र, खुरपा; (कृषि०) **चोब**।

dibble डि'बॅल् १. n. रोपछिद्रक, फाली^F, खोंसनी^F, खुरपी^F, एक प्रकारकी कुदाली^F; (इति०) T.; २. v.t. & i. छिद्ररोपण करना, भूमि^Fको कुदाली^Fसे खोदकर ठीक करना, तैयार करना; खुरपी^F या कुदाली^Fसे खोदकर पौधा लगाना या बोना; खुरपी^F चलाना।

dibbling –लिंग् n. छिद्ररोपण, खुरपेसे बुआई^F; (कृषि०) **चोभना, चोबना**, हाथसे बोना।

dibs डिब्ज़् n. धन, रुपया-पैसा; (ताशके कुछ खेलोंमें) गणनाके लिए गुट्टियाँ^F, (बहु०) बच्चोंका एक खेल।

dibstone डिब्'स्टोन् n. गुट्टी^F, गोटी^F।

D.I.C. District Industrial Court.

dicaciology डिकेसिऑ'लॅजि n. (साहि०) **युक्ति अलंकार**।

dicacity डिकै'सिटि n. शब्दाडम्बर, शब्दजाल, बातूनीपन, बड़बोलापन।

dicast, dicastery डि'कैस्ट, डिकैस्'टॅरि nn. एथेन्सकी शासजनी^F।

dicatalectic डाइकैटॅले'क्'टिक n. (साहि०) **द्विधावर्णन्यूनता^F**।

dice¹ डाइस् n. (बहु०) अक्ष, पाश, पाँसा; ~ throw **पाशक-क्षेप, पासा फेंकना**।

dice² v.t. & i. चौसर या पाँसा खेलना; जुएमें उड़ा देना; खाने बनाना, रंग-विरंगे चारखाने बनाना; मांसको छोटे-छोटे टुकड़ोंमें करना।

dicentric डाइसे'न्'ट्रिक् a. **द्विकेन्द्री**।

dicephalous डाइसे'फॅलॅस् a. (चि०) द्विशीर्षक (गर्भ), द्वि-मस्तकीय, दो मस्तकवाला।

dicer डाइ'सॅर् n. फड़बाज, चौसरबाज, जुआड़ी।

dichalogia डाइकॅलो'जिअॅ n. (साहि०) **क्षमापन अलंकार**।

dichasial डाइचे'सिॲल a. (वन०) द्विशाखी, द्विशाखीय, द्व्यंग, T.

dichasium –ॲम् n. (वन०) **द्विशाखा^F**, T.

diched डिच्ड्' ⊙ a. दुर्घटना-ग्रस्त, पटरी^Fपरसे उतरी हुई (जैसे, *train was* ~)।

dichlamydeous डाइक्लॅमि'डिॲस् a. (वन०) द्वि-परिपुष्प।

dichogamy डिकॉ'गमि n. (वन०) **पृथक्पक्वता^F**; पृथक् उत्पादन, T.

dichord डिकॉर्ड' n. वीणा^F विशेष, एक प्राचीन दुतारा।

dichotomic, dichotomous डिकॅटॉ'मिक, डिकॉ'टॅमॅस् aa. (वन०) **युग्मभुजी**, युग्म-शाखीय, द्विभाग; द्विक्-छेदन-सम्बन्धी।

dichotomist डिकॉ'टॅमिस्ट् n. युग्मशाखी; द्विक्-छेदक।

dichotomize –माइज़् v.t. & i द्विक्छेदन करना, (गणि०) **अर्धीकरण करना, द्विभाजित करना**, दो टूक करना, दो भागोंमें विभक्त करना।

dichotomous –मॅस् a. दे० DICHOTOMIC.

dichotomy –मि n. (वन०) युग्मशाखिता^F, द्विक्-रचना^F; (ज्यो०) **अर्धचन्द्रीय कला^F, अर्धकला^F**; द्वन्द्व-विभाग; (ज्यो०) **द्विधात्व**, द्वन्द्व विभाजन, दिक्-छेदन, **द्वि-भाजन**; दो टूक।

dichroic डाइक्रो'इक् a. द्विवर्ण, दुरंगा।

dichroism –'क्रइज़्म् n. नानावर्णता^F, द्विवर्ण-प्रतिबिम्बिता^F, (प्रा० भूगोल) **द्विवर्णता^F**, दुरंगी^F।

dichromate डाइक्रो'मॅट् a. द्विवर्णी, दुरंगा, (रसा०) **द्विक्रोमेट**, T.

dichromatic –क्रॅमै'टिक् a. नानावर्णिक, (चि०) **द्विवर्णिक**, द्विवर्णात्मक, दुरंगा।

dichromatism –क्रो'मॅटिज़्म् n. नानावर्णता^F, द्विवर्णता^F।

dichromic –मिक् a. द्विवर्णिक, द्विवर्णी, दुरंगा।

dichronous डाइ'क्रॅनॅस् a. (साहि०) **उभयमात्रिक**।

dichro-scope डाइ'क्रॅस्कोप् n. (रसा०) **विवर्ण-दर्शी**।

dicing डाइ'सिंग n. अक्ष-क्रीड़ा^F, पासेका खेल (~ *house*)।

dick डिक् n. (ग्रा०) *take* one's ~ *that* or *to it* शपथ^F लेना, प्रमाणित करना, दृढ़ता^Fके साथ कहना, निश्चयके साथ कहना।

dickens डि'किन्ज़् n. (बोल०) राक्षस, शैतान, पिशाच, भूत।

dicker¹ डि'कॅर् n. आधी कोड़ी^F, दश, दस।

dicker² v.i. विनिमय-प्रथा^Fसे व्यापार करना, चुकाना, सौदेबाजी^F करना, मोल-भाव करना ⊙।

dicky¹, -ey डि'कि, -इ n. गाड़ी^Fके पीछे नौकरका स्थान, कोच-बक्स; ऊपरी वस्त्रकी रक्षा^Fका पहिरावा, बच्चोंका ऐपरन; (बोल० तथा ग्रा०) रासभ, गदहा; (*~-bird* भी) छोटा पक्षी।

dicky² a. (ग्रा०) सड़ा, टूटा-फूटा।

diclinic डाइक्लि'निक् a. द्विप्रवणिक, जिसकी दो धुरियाँ^F झुकी हों।

diclinism –'क्लिनिज़्म् n. द्वियोनिता^F, द्विलिंगता^F ।
diclinous –नॅस् a. (वन०) एकांग, (वन०) **एकलिंगी**, एकलिंग (पुष्प) ।
dicliny –नि n. (कृषि०) **एकलिंकता**^F ।
dicondylic डाइकॅन्डि'लिक् a. द्विकन्दीय (~ *articulation*) ।
dicotyledon डाइकॉटिली'डॅन् n. द्विबीजपत्र, (वन०, कृषि०) **द्विबीजपत्री**, द्विबीज पत्रक, द्विदली, दो बीजदलवाला पौधा ।
dicotyledonous –नॅस् a. द्विबीजपत्रीय, द्विबीजपत्री, द्विपत्री, दो बीजदलवाला ।
dicrotic डाइक्रॉ'टिक् a. द्विस्पन्दन-, द्विस्पन्दी (~*dip*), दोहरी नाड़ी^F से सम्बन्धित ।
dicrotism –'क्रटिज़्म् n. (चि०) **द्विस्पंदिता**^F, द्विस्पन्दन; नाड़ी^F का दोहरा होकर चलना ।
dict. dictator; dictionary.
dicta डक्'टॅ n. कहावतें^F, उक्तियाँ^F ।
dictamen डिक्टे'मेन् n. (साहि०) **गद्य-रचना कला**^F ।
dictaphone डिक्'टॅफोन् n. श्रुतभाष, ध्वनि-ग्राहक-यन्त्र, **डिक्टाफोन** ।
dictate[1] डिक्'टेट् n. अधिदेशन, आदेश, आरोपण, शासन, प्रेरणा^F, आज्ञा^F (प्रायः युक्ति^F, आत्मा^F, प्रकृति^F आदिकी); लेखापन, लिखवाई^F ।
dictate[2] v.t. & i. अधिप्रेरित करना, आदेश देना; अधिकारपूर्वक आज्ञा^F देना, हुक्म चलाना; विधान बनाना, नादिरी हुक्म चलाना (*will not be ~d to*) लेखाप्न करना, लिखाना, **लिखवाना**, लिखनेके लिए बोलना, इमला बोलना ।
dictation –टे'शॅन् n. आदेश, आज्ञापन, श्रुतलेखन, श्रुतलेख (~ *exercise*); आज्ञापूर्वक कथन, हिदायत^F, नादिरी हुक्म; इमला, इबारत^F; ~ speed **धीमी गति**^F ।
dictator –'टॅर् n. किसी भी क्षेत्रमें तानाशाह प्रभु; एकशास्ता, (राज०, इति०) **अधिनायक**, एकाधिपति, एकाधिकारी, निरंकुश शासक, **तानाशाह**; लिखाई^F करानेवाला, इमला लिखानेवाला; T.
dictatorial –टॅटॉ'रिअॅल् a. एकशास्तृक, अधिनायकीय, एकाधिपतीय, एकाधिकारिक, एकाधिपति-सम्बन्धी; अनियन्त्रित, निरंकुश; अवलिप्त; उद्धत, अभिमानी, ढीठ ।
dictatorship –टे'टॅर्‌शिप n. एकशास्तृत्व, (इति०, राज०) **अधिनायकतंत्र, अधिनायकत्व**, एकाधिपत्य, एकाधिकार, **तानाशाही**^F ।
dictatory –रि a. अनियन्त्रित, एकाधिकृत, अधिनायकीय ।
dictatress –ट्रिस् n. अधिनायिका^F, एकाधिकारिणी^F, निरंकुश शासिका^F, तानाशाह; लिखाई^F करानेवाली, इमला लिखानेवाली ।
diction डि'क्'शॅन् n. वाक्य-विन्यास, वाक्सरणि^F, वाणी^F, भाषा^F, शब्दविन्यास-रीति^F, (साहि०) **विशिष्ट पद-योजना**^F, **शब्द चयन, कथनशैली**^F, **शैली**^F, वाक् या लेखनशैली^F ।
dictionary –नॅरि n. अभिधान, शब्दसंग्रह, शब्दकोष, कोष, कोश (*English~*); ~ English, style etc. निर्दोष, यथार्थ, बिलकुल शुद्ध भाषा^F, कोषकी भाषा^F, पाण्डित्यपूर्ण भाषा^F; walking or living ~ बहुश्रुत व्यक्ति ।
dictograph डिक्'टॅग्राफ् n. ध्वनिग्राहक यन्त्र, एक कमरेमें उत्पन्न शब्दको दूसरे कमरेमें ग्रहण करनेवाला यन्त्र ।
dictum डिक्'टॅम् n. (pl. *-a, -ums*) सिद्धान्त-वाक्य, परिनियम, नियम; (दर्श०) **अभ्युक्ति**^F, (का०) **उक्ति**^F, आदेश, वाक्य, वचन; न्यायाधीशकी अनौपचारिक सम्मति^F, विनिश्चय ।
dictyostele डिक्टिऑस्'टील् n. (वन०) **जलाभ रंग** ।
dicyanogen डिसिॲनजे'न् n. (रसा०) **द्विसायनोजन**, T.
did p.t. दे० DO.
didactic, didactical डि(डाइ)डैक्'टिक, डि(डाइ)-डैक्'टिकॅल् aa. (साहि०) **नीति**, शिक्षात्मक, **उपदेशात्मक**, औपदेशिक, प्रबोधक, उपदेशककी रीति^F का ।
didacticism –टिसिज़्म् n. शिक्षात्मकता^F, उपदेशात्मकता^F, (साहि०) **उपदेशवाद**; प्रबोधकता^F ।
didactics –टिक्स n. उपदेश कला^F, शिक्षा-पद्धति^F ।
didactyl डाइ(डि)डॅक्टिल् a. द्व्यंगुल, दो पंजे या दो अँगुलियोंवाला (हाथ या पैर) ।
didapper डाइ'डैपॅर् n. जलका पक्षी ।
didascalic डाइ(डि)डैस्कै'लिक् a. प्रबोधक, उपदेशात्मक; अध्यापकीय, शिक्षक-सम्बन्धी ।
didder डि'डॅर् v.i. ठण्ढसे काँपना, थरथराना, कँपकँपाना ।
diddle डि'डॅल १. v.t. (ग्रा०) धोखा देना, ठगना, बहकाना; २. v. i. लड़खड़ाना, लुढ़कना, डगमगाना ।
diddler –'लॅर् n. प्रतारक, वंचक, ठग ।
didos ⊙ डिडॉस् n. छलाँग^F, उछाल^F, कूद-फाँद^F ।
didst डिड्स्ट्' p.t. 2nd person दे० DO.
didymium डिडि'मिअॅम् n. पाण्डुरसा, डेडिमियम धातु^F, T.
didymous डि'डिमॅस् a. (वन०) यमज, युग्म, जुड़वाँ ।
die[1] डाइ' n. (pl. *dice*, *~-s*) अक्ष, पाश, पासा, पासेका खेल; पाँसा; (स्था०) **बाहरी चूड़ीकट**; (स्था०) खम्भेका चौखूटा निचला भाग; अंक, रूपदा, साँचा, (रेल०, यंत्र) **ठप्पा**; ~-back (कृषि०) **अपक्षय**, ~-block **चूड़ीकट गुटका**, ~-sinker ठप्पेसाज, (रेल०) **ठप्पाकार**, साँचे बनानेवाला; ~-sinking ठप्पेसाजी^F. (रेल०) **ठप्पा बनाना**, ~साँचे बनाना; *the ~ is cast* पाँसा पड़ गया है, मामला अटल है, तय है; *upon the ~* दाँव लगाकर, खतरेमें पड़कर;
~-cast, ~casting, ~-cast metal, ~-cut, ~cutter, ~-hammer, ~head, ~-maker,

~-making, ~-square, ~-work.

die[2] v.t. देहावसान होना, देहान्त होना, प्राण त्यागना, शरीर छोड़ना, समाप्त होना, चोला छूटना, दम टूटना या निकलना, मृत्यु[F] होना, चल बसना, मरना; (प्रा०) मृत्यु[F]का-सा दुःख सहना, बेमौत[F] मरना (I ~ *daily*); आध्यात्मिक मृत्यु[F] होना, आध्यात्मिक रूपसे मरना; विस्मृत हो जाना, लुप्त हो जाना, मिट जाना, बुझ जाना; मुरझाना, सूख जाना; नष्ट होना; ~-away निरुत्साह, क्षीणशक्ति[F]; ~-hard अनुदार दलका व्यक्ति, हठी, कट्टर, विरोधी, विरोध करनेवाला राजनीतिज्ञ व्यक्ति; ~-hards पैदलोंकी सत्तावनवीं रेजीमेण्ट; *be dying for* महत्त्वाकांक्षा[F] करना, लालसा[F] रखना; ~ *game* बहादुरी[F]से जान[F] देना; ~ *hard* कठिनता[F]से प्राण देना; ~ *in harness* काम करते-करते मृत्यु[F]को प्राप्त करना, कामकाजमें मरना; ~ *in last ditch* कायरकी भाँति मरना; ~ *in* one's *bed* स्वमृत्यु[F]से मरना; ~ *in* one's *boots* or *shoes* मारा जाना; ~ *of laughing* हँसते-हँसते थक जाना, बेदम हो जाना; ~ *off* तुरन्त मरना, ~ *out* क्षीण होना, लुप्त होना; ~*the death* मार डाला जाना; ~ *unto* पापके पंजेसे छूटना; *never say* ~ हिम्मत[F] न हारना।

dieb –डीब् n. (उत्तरी अफ्रीकाका) जंगली कुत्ता, दीब।

diebus alternis डीबस् ऑल्टॅरनिॅस् (L) adv. एक दिन छोड़कर।

diehard डाइहाॅर्ड n. (राज०) **दकियानूस**।

dielectric डाइइलेॅक्'ट्रिक् n. & a. पारद्युतिक; (भौ०) **विद्युदपार्य, विद्युदपारक, परावैद्युत,** अचालक, बिजली[F] रोकनेवाला, पृथकन्यासक (माध्यम या वस्तु[F]); T. ~ absorption, ~cohesion, ~constant, ~effects, ~loss, ~polarization, ~strength.

dies irae (L) n. प्रलय दिवस।

diencephalon डिन्सिफेलॅन् n. (चि०) **अन्तरामस्तुलुंग,** T.

Diesel डी'ज़ॅल् n. ~ engine (जर्मनीके *Dr. R. Diesel* द्वारा आविष्कृत) एक प्रकारका तेलका इंजिन; T. ~ cycle, ~-electric, ~ fuel, ~mechanic, ~motor, ~oil, ~roller, ~ train.

diesis डाइ'इसिस् n. मुद्रण-चिह्न (‡), द्विशूल।

dies non (L) n. अकार्य दिन।

diet[1] डाइ'अॅट् १. n. **आहार, भोजन,** खुराक; दैनिक भोजन; (चि०) प्रमिताहार, पथ्याहार, मिताहार, नियमित आहार, **भक्ष्य, पथ्य;** खिलानेका ढंग; अन्न, धान्य, खाद्य पदार्थ, अनाज; पोषाहार, आहार-पोषण; सम्भृति[F]; २. v.t. पोषण करना, मिताहार देना या करना, पथ्य देना; (दण्डके तौरपर) नियत आहार देना; ~ money आहार-व्यय, खुराकी[F], भत्ता;
~allowance, ~bread, ~charges, ~distributor, ~drink, ~register, ~ survey.

diet[2] n. राज्यपरिषद्[F], राज्यसभा[F], संसद्[F], परिषद्[F], अधिसभा[F], सदन, विधानसभा[F], व्यवस्थापिका सभा[F]; अन्तर्राष्ट्रीय अथवा राष्ट्रीय सम्मेलन, संघ, सभा[F], कान्फ्रेंस[F]।

dietarian डाइइटेॲ'रिॲन् n. पथ्यसे भोजन करनेवाला, नियमाहारी।

dietary –'इॅटॅरि n. & a. आहारावली, दैनिक आहार, (चि०) **आहार** (~law, ~ table) भोजनक्रम, पथ्य; आहारिक, आहारीय, (चि०) पथ्यकर, पथ्य-सम्बन्धी, भोजनसम्बन्धी; औषधालय या अस्पताल आदिमें दिये जानेवाले भोजनकी मात्रा[F] या परिमाण, भोजन-मात्रा, नियत आहारकी तालिका[F] या सूची[F], ~arrangement आहार-प्रबन्ध।

dieter –र n. पथ्याहार सेवन करनेवाला, (चि०) पथ्याहार तैयार करनेवाला।

dietetic डाइइॅटे'टिक् a. पथ्य-विषयक, पथ्य सम्बन्धी, भोजनसम्बन्धी।

dietetics, dietics –स, -इॅटिक्स् nn. आहारिकी[F], आहार-शास्त्र, (चि०) **आहारविद्या**[F], पथ्य-तत्त्व, भोजन-विज्ञान।

dietetist –टिस्ट् n. DIETIST.

dietine डाइ'इटिन् n. एक छोटी विधान-सभा[F]।

dieting डाइ'इॅटिंग् n. आहार, आहार-व्यवस्था[F]।

dietist –टिस्ट् n. पथ्य-विज्ञान-वेत्ता, भोजन-विज्ञानी।

dietitian, dietician –टि'शॅन्, –टि'शॅन् n. (चि०) **आहारविद्,** पथ्यभोक्ता, पथ्याहार लेनेवाला, नियत भोजन करनेवाला।

Dien et mon droit (F) ईश्वर और मेरा अधिकार।

dif- = DIS-; लैटिन शब्दोंमें *f* के पूर्व आता है (जैसे, ~*ference*, ~ *fidence*); कभी-कभी OF- और DE- में परिवर्तित हो जाता है (जैसे, *offend, defy, defer*).

diff. different, difference.

differ डि'फ़र् v.i. विशिष्ट होना, पृथक् होना; भेद होना; अन्तर होना, भिन्न होना, अलग होना, असदृश या असमान होना, अनमेल होना; असम्मत होना, असहमत होना, भिन्नमत होना, मतभेद होना ⊙; *agree to* ~ एक-दूसरेको स्वमतानुकूल करनेके प्रयत्नका परित्याग करना, असहमत या असम्मत होनेके लिए निर्णय कर लेना।

difference –रॅन्स् n. असादृश्य, असादृशता[F], असाम्य, असमानता[F], वैषम्य, पार्थक्य, (दर्श०) **व्यतिरेक,** पृथकता[F], वैभिन्य, विभिन्नता[F], भिन्नत्व, (शिक्षा०, गणि०) **भिन्नता**[F], **भेद, अन्तर,** फर्क; मतद्वैध, मतभेद, विभेद, असम्मति[F], असहमति[F], विवाद, कलह[F]; झगड़ा; वैपरीत्य, वैलक्षण्य, विरोध; मतभेद स्थल, भेद-विषय; वैयक्तिक या जातीय वैशिष्ट्य, भेदक चिह्न; निश्चित तिथियों[F]के बीच ऋण-पत्र (स्टाक) आदिके मूल्यमें परिवर्तन (*pay, meet, the*~); अवशेष, शेष, घटाव, बाकी; ~of opinion मतभेद; ~tone **विकलित स्वरक;** *it makes a great* ~ यह बात[F] बहुत महत्त्वपूर्ण है; *make a* ~*between* सदृश व्यवहार न करना, विभिन्न रूपसे व्यवहार करना, भेदभावसे बर्ताव

करना; *split the* ~ मतभेद दूर करना, समझौता करना;

~bills, ~calculus, ~equation, ~function, ~module, ~threshold.

different* –न्ट् a. (गणि०) **अंतरक**, विशिष्ट, विषम, असदृश, पृथक्, (विधा०) **अन्य, बिभिन्न**, भिन्न*, भिन्न भिन्न, असमान, इतर, अन्य, दूसरा, अलग*, बेजोड़, अनोखा; विविध, नाना; प्रकीर्ण; असामान्य, असाधारण ⊙ ।

differentia –रे̆न्'शिॲ n. (pl. *-ae*) वैलक्षण्य, वैशिष्ट्य, (दर्श०) **अवच्छेदक**, जातिगत भेदक चिह्न ।

differentiability –ॲबि'लिटि n. (गणि०) **अवकलनीयता**ᶠ, भेदकारिताᶠ ।

differentiable –शिॲबॅल् a. (गणि०) **अवकलनीय**, भेदकारी, (~*function*); ~abilities विशेष योग्यताएँᶠ ।

differential¹ –शल् n. (गणि०) कलन, (रसा०) **अवकल** (~*geometry*), **अवकलन**; २. a. विशिष्ट, वैशिष्ट्यपूर्ण, वर्गगत या जातिगत (विभिन्नताᶠसे सम्बन्धित); ~*diagnosis* (कृषि०, चि०) सापेक्ष निदान; **विशेषक**, वेचक, पार्थक्यसूचक, **विभेदक**, भेदात्मक, भिन्नक, भेदकर, भेददर्शी, भेदीय; (अर्थ०, स्थिति वि०), अन्तरीय; (ग०) अवकलज, अवकल गणित; (भौति०, यन्त्र०) अन्तरीय (~ *gear*, ~ *screw*); ~calculus चलन कलन; ~ contraction भिन्न संकोचन; ~duties, charges, tariff समयानुसार परिवर्तनशील कर, दर आदि; ~rule भिन्नक नियम; ~shift **अधिवेतन पारी**ᶠ ~ tone **विकलित स्वरक**;

~ apparatus, ~ calculus, ~ calorimeter, ~ capacitor, ~ co-efficient, ~ condenser, ~ diffusion, ~ equation, ~ expansion, ~ exponent, ~ expression, ~ faulting, ~ focus, ~ formula, ~ function, ~ gain, ~ galvanometer, ~ geometry, ~levelling, ~ manometer, ~ operator, ~ parameter, ~ permeability, ~ prediction, ~psychology ~pulley, ~relay, ~ rent, ~ response, ~ retention, ~ thermometer, ~ thermoscope.

differential² –'शल् n. एक ही कारखानेके कुशल एवं अकुशल (अनाड़ी) श्रमजीवियोंमें अन्तर; कारखानोंके श्रमिकमें भेद ।

differentiate –शिएट् v.t. & i. धीरे-धीरे असदृश या असमान करना या होना, भिन्न करना, अन्तर लाना या होना, विशिष्टताᶠ बताना, विभेद करना, अलग-अलग करना, भेद जान लेना, अन्तर जानना, पहचानना, चीन्हना; भेदभाव करना, (गणित) **अवकलन करना** ।

differentiated –टिड् a. भेदित, अन्तरित; (गणि०, कलन) **अवकलित** ।

differentiation –ए'शॅन् n. (अर्थ०) **विशिष्टीकरण**, (चि०, जीव०) **विभेदीकरण**, **भेदीकरण**, असमानीकरण, असदृशीकरण, विभेदककरण, वेचन, विभिन्नताᶠ, भेदभाव, भेदज्ञताᶠ; (गणित, कलन) **अवकलन** (~ *formula*) ।

difficile डि'फ़िसील् (F) a. कठिन, दुष्कर, कठोर, खरा, कड़ा ।

difficult डि'फ़िकॅल्ट् a. दुर्बोध, दुर्गम, गहन, गूढ़, असुगम, कष्टसाध्य, सुदुश्चर, दुःसाध्य, जटिल, दुष्कर, विकट, विषम, कठिन, कड़ा, मुश्किल (~ *of access, to answer etc.*); ~*to get* दुष्प्राप्य ।

difficulty –टि n. अवबाधाᶠ, विघ्न, बाधाᶠ, रुकावटᶠ; व्यग्रताᶠ, क्लेश, परेशानीᶠ; कृच्छ्र, दुर्बोधताᶠ, दुःसाध्यताᶠ, दुष्करताᶠ, गूढ़ताᶠ, दुर्गमताᶠ, अस्पष्टताᶠ, जटिलताᶠ, कठिनताᶠ, कठिनाईᶠ, दिक्कतᶠ; विषमपद, गूढ़ या अस्पष्ट या कठिन वस्तुᶠ; आपत्तिᶠ; अनिच्छाᶠ; सन्देह, शंकाᶠ; *make ~ies* हठी होना, प्रतिकूल होना, इनकार करना ।

diffidence डि'फ़िडॅन्स् n. आत्मसंशय, आत्मसन्देह; अप्रत्यय, आशंकाᶠ, अविश्वास, संशय, झिझकᶠ; अप्रगल्भताᶠ, विनयᶠ, लज्जाशीलताᶠ, शर्मीलापन ।

diffident –न्ट् a. आत्मविश्वासरहित, अविश्वासी; शंकाशील, संशयशील, सन्देहमय; लज्जाशील, लज्जालु, शर्मीला ।

diffluence डि'फ़्लुॲन्स् n. प्रस्रवण, (चि०) तरल बननेका कार्य, (तरल पदार्थका) बहाव ।

diffluent –न्ट् a. तरलित, प्रस्रवित, चारों ओर बहता हुआ ।

diffract डिफ़्रैक्ट् v.t. (प्रकाशकी किरणᶠका) विश्लेषण करना, वियोजित करना, विवर्तित करना, टुकड़े करना ।

diffraction –क्'शॅन् n. व्याभंग, (विद्यु०, ऋतु०, भौ०) **विवर्तन**, वियोजन, विश्लेषणः विसरण; अभिवर्त्तन; (चि०) **आलोक भंजन**; नमन;

~ band, ~ formula, ~ grating, ~ halo, ~ maximum, ~ minimum, ~ pattern, ~spectroscope, ~spectrum.

diffractive –'टिव् a. व्याभंगशील, व्याभंगकर, विवर्तनीय, विश्लेषणीय ।

diffractiveness –निॅस् n. व्याभंगकरताᶠ, विवर्तन ।

diffractometer –टॉ'मिटॅर् n. व्याभंगमान ।

diffrangible डिफ़्रैन्'जिबॅल् a. व्याभज्य, विवर्तनीय, विश्लेष्य ।

diffusate डिफ़्यू'ज़ॅट् a. प्रसृत, विस्तीर्ण, व्याप्त ।

diffuse¹ –ज़् v.t. & i. (भौतिक) प्रसरण या व्यापन द्वारा सम्मिलित करना, मिलाना; प्रसारण करना, प्रसरण करना या होना, **विसरित करना या होना**, (चि०) **विसरण करना, विसृत होना**, (रसा०) विसारित करनी, प्रसृत करना, विकीर्ण करना, व्याप्त करना, विस्तृत करना, फैलाना, फैलना, पसारना, पसरना ।

diffuse² –स् a. **विसरित, विसारित**, (भौ०, चि०) **विसृत, प्रसृत, विकीर्ण**, विस्तीर्ण, विस्तृत, व्याप्त, विस्तारशील, असंक्षिप्त, फैला हुआ; **निश्चित मर्यादाहीन**;

~ emission, ~ illumination, ~ placenta.

diffused –ज़िड् a. मर्यादारहित, प्रसृत, व्याप्त, प्रसारित, (रसा०) **विसारित,** (~reflexion, ~ lighting), **विसरित,** सुविस्तृत, ढीला, फैला हुआ (~ *light*) ।
diffuse(d)ness –स् (ज़िॅड्)'निॅस् n. प्रसरण, प्रसार, विस्तार, फैलाव, पसार, फैलावट[F] ।
diffuser –'ज़ॅर् n. (रसा०, यंत्र०, चि०) **विसारक,** विकीर्णक, प्रसारी, प्रसरण करनेवाला, प्रसारण करनेवाला, फैलानेवाला ।
diffusibility –ज़िबि'लिटि n. प्रसार्यता[F], प्रसरणशीलता[F], प्रसरण या व्यापन द्वारा सम्मिलित करनेकी योग्यता[F] ।
diffusible –'ज़िबॅल् a. प्रसार्य, विसारशील (~*ion*), **विसरणशील** ।
diffusibleness –निॅस् = DIFFUSIBILITY.
diffusiometer –ज़िओ'मिॅटॅर् n. (भौ०) **विसरणमापी, विसारमापी** ।
diffusion –ज़न् n. (जीव०, कृषि०, चि०, वन०, भौ०, प्रा० भूगोल) **विसृति[F], विसरण, विसार,** अपसर्पण, प्रसृति[F], प्रसारण, प्रसरण, प्रसार, व्यापन, व्यापकता[F], **विस्तृति[F],** विस्तार, फैलाव, पसार;
~ air pump, ~ analysis ~ apparatus, ~ battery, ~ battery system, ~ bulb, ~ cell, ~circles, ~co-efficient, ~constant, ~ gradient, ~ ion, ~ juice, ~ law, ~ method, ~ process, ~ pump, ~ shell, ~ theory.
diffusive –'सिव् a. प्रसारी, विसारी (~*flow*), व्यापी ।
diffusiveness, diffusivity –निॅस, डिफ़्यूसि'विटि nn. प्रसारिता[F], (भौ०) **विसरणीयता[F],** (यंत्र०, ऋतु०) **विसरणशीलता[F],** व्याप्ति[F]; विस्तृति[F]; प्रसरणता[F], व्यापकत्व, विस्तार, फैलाव, फैलावट[F]; प्रपंच, वाग्विस्तार, वाक्यविस्तार ।
D.I.G. Deputy Inspector General, Deputy Inspector General of Police.
D. I. G., C. & R. Deputy Inspector General of Police, Crime & Railways.
dig डिग्' १. n. खुदाई[F], गोड़ाई[F]; भोंकाई[F]; घोंप[F]; २. v.t. & i. (dug) चुभाना, भोंकना, गुदगुदाना; खोदकर छेद करना, खोखला बनाना, सुरंग[F] बनाना; उत्खनन करना, कुरेदना, फावड़ा, चंगुल, हाथ आदिसे खोदना, गोड़ना, उलटना; खोदकर (आलू) निकालना; गवेषणा[F] करना, अन्वेषण करना, शोध या खोज[F] करना; घोंपना, भोंक देना, भोंकना, गड़ाना; (पसली[F]में) गुदगुदाना; ~ *a pit for* (ला०) जाल बिछाना, फँसानेकी चेष्टा[F] करना; ~ *at* (किसीपर) व्यंग्य या चोट[F] करना; ~ *down* गिरा देना; ~ *up* (बंजर भूमि[F]को) जोत डालना ।
digametic डाइगॅमेॅटिक् a. (वन०) **द्वियुग्मक** ।
digamist डि'गॅमिस्ट n. द्विविवाहका हामी, पुनर्विवाहके सिद्धान्तवाला ।
digamma डिगैॅमॅ n. प्राचीन यूनानी वर्णमाला[F]का छठा वर्ण ।
digamous डि'गॅमॅस् a. पुनर्विवाह-सम्बन्धी ।
digamy –मि n. पुनर्विवाह, द्वितीय विवाह ।
digastric डाइगैस्'ट्रिक् a. द्विजठर, (चि०) द्वितुण्डी (~*fossa*), ~muscle (चि०) द्वितुंदिक; दोपेट्ट, द्विमांसल ।
digastricus डिगैस्'ट्रिकॅस् n. (चि०) **द्वितुन्द्रिका[F]** ।
digenesis डाइजेॅ'न्निॅसिस् n. द्विजनन; (प्राणि०) **पीढ़ी-एकान्तरण,** T.; दो पद्धतियोंसे उत्पत्ति ।
digenetic –जिॅनेॅ'टिक् a. (प्राणि०) **द्विपोषदिक** ।
digest[1] डाइ'जेॅस्ट् n. (का०) **निबन्ध; निचय; सारसंग्रह,** संक्षिप्त पुस्तक[F]; the D~ जस्टीनियनकी आज्ञा[F]से संकलित Digest नामकी पुस्तक[F] ।
digest[2] डिजेॅस्ट् v.t. & i. (स्था० वि०) उपचारण करना; (विजित राज्य आदिको) आत्मसात् करना, मिलाना; मस्तिष्कमें क्रमसे रखना, विचार रखना; संक्षिप्त करना; वर्गीकृत करना, क्रमबद्ध रखना, क्रमपूर्वक रखना; किसी वस्तु[F]से मानसिक शक्ति[F] लेना, प्राप्त करना या खींचना; पचानेमें सहायता[F] देना; (कृषि०, चि०) पचना, **पचाना,** हजम करना, हजम होना; क्षमा[F] करना, सुनकर पी जाना, सहना, मान लेना ।
digested –'टिॅड् a. शोधित (~ *sludge*), उपचारित, पाचित, जीर्ण ।
digester –टॅर् n. संक्षेपक, क्रमबद्ध करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें): (विजित राज्य आदिको) मिलानेवाला; विचारक; पचानेमें सहायक; (रसा०) **पाचित्र,** पाचक; सुनकर पी जानेवाला; सहनशक्ति[F] रखनेवाला; विशिष्ट प्रकारसे तैयार किये हुए मांसका बर्तन; झोला, तरकारी[F] रखनेका बड़ा बर्तन ।
digestibility –टिबि'लिटि n. विचार करनेकी योग्यता[F]; संक्षेप्यता[F]; क्रमबद्ध करनेकी योग्यता[F]; पाच्यता[F], (कृषि०) **पचनीयता[F];** पाचन-शक्ति[F]; क्षमता[F], पात्रता[F], सहनशीलता[F] ।
digestible –टिबॅल् a. विचारणीय; संक्षेप्य; क्रमबद्ध करने योग्य; मिलाने योग्य; पाच्य, पाचन-योग्य; सह्य; क्षम्य; ~energy (कृषि०) **परिणामी ऊर्जा[F]** ।
digestibleness –निस्' n. =DIGESTIBILITY.
digesting –टिंग् n. (कृषि०) पाचन (~*capacity*) ।
digestion* –चॅन् n. जठराग्नि[F], पाचन-शक्ति[F], हाजमा (*a good, weak,* ~;) (चि०, जीव०, कृषि०) **पाचन** (~ *intestinal,* ~ *period*), पचन* (~ co-efficient; *hard, easy of* ~); **उपचारण;** बन्द बर्तनमें थोड़े जलादिके साथ पका हुआ मांस; तत्त्व या सार निकालनेके लिए तप्त द्रवमें डुबोना ।
digestive –टिव् n. & a. (चि०, कृषि०, जीव०) **पाचक** (~*juice*), पाचनशील, पाचन-शक्ति[F]की सहायक वस्तु[F], पाचन शक्ति[F]को सुधारनेवाला; फोड़ेको पका देनेवाला लेप; ~*organ* (चि०) **पाचक अंग,**

पचनांग;
~efficiency, ~glands, ~juice, ~secretion, ~system, ~ tract, ~trouble.

diggable डि'गॅबॅल् a. खन्य, खोदने योग्य।

digger डि'गॅर् n. खनक, खनयिता, कुरेदनेवाला, फावड़ा आदिसे खोदनेवाला; खोदकर प्राप्त करनेवाला, खोदकर मार्ग निकालनेवाला; सुरंग^F आदि बनानेवाला; गवेषणा^F करनेवाला; भोंकनेवाला, गुदगुदानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); (ग्रा०) आस्ट्रेलिया-निवासी; विभिन्न कलों^Fका खोदनेवाला पुरजा; ~s उत्तरी अमरीकाके जड़ें^F खोदकर खानेवाले आदिवासी।

digging –गिंग् n. खुदाई^F, (कृषि०) खोदना; उखाड़ना; सुरंग-निर्माण; गवेषणा^F, खोज^F, मार्गकी खोज^F, चोभ^F, भोंक^F; गुदगुदी^F; (pl.) स्वर्णक्षेत्र, सोनेकी खान^F; आवास; किरायेके कमरे।

dight डाइट' v.t. अलंकृत करना, भूषित करना, मण्डित करना, सुसज्जित करना, तैयार करना, सँवारना, सजाना।

digit डि'जिट् n. (चि०, जीव०) अंगुलिपर्व, अंगुलि^F, अंगुल; उँगली^Fकी चौड़ाई^F; उँगली^F; (० से ९ तकका कोई) (गणि०) अंक, (~span), संख्या^F, (ज्यौ०) द्वादशांक, व्यास द्वादशांक, (फ० ज्यो०) (ग्रहण-माप^Fमें) सूर्य या चन्द्रके व्यासका द्वादश राशिगत अंश, कला^F, रेखा^F।

digital –टॅल् a. आंगुलिक, अँगूठा या उँगली^Fसे सम्बन्धित; अंक-सम्बन्धी, ० से ९ तककी किसी संख्या^Fसे सम्बन्धित; कला-सम्बन्धी;
~artery, ~formula, ~fossa.

digitalein –टॅलीन n. अंगुलकिन, (चि०) डिजिट्यालिसका सक्रिय अवयव।

digitaliform –टै'लिफ़ॉर्म् a. अंगुल्याकार।

digitalin डिजि'टॅलिन् a. अंगुलकि, (चि०) डिजिट्यालिन (डिजिट्यालिसका सक्रिय अवयव)।

digitalis –टे'लिस् n. अंगुलक, लोमशी पौधेसे निर्मित ओषधि^F, नागफनीका रस; (कृषि०, वन०) T.; (चि०) डिजिट्यालिस (एक हृदय औषधि)
~folium, ~group, ~leaf, ~powder, ~tincture.

digitate, -ated –'जिटेट्, –एटिड् a. (चि०) अंगुलीसम शाखावाम्, विकिरक; (वन०) प्रांगुलित, सांगुल, अंगुलिवान्, अंगुल्याकार, अंगुलाकार, पंजेदार।

digitation –टे'शॅन् n. (चि०) अंगुलीसम प्रवर्ध; अंगुलिवत्ता, अंगुलाकार होना, पंजादार होना।

digitiform –टिफ़ॉर्म् a. (वन०) अँगुल्याकार, अँगुलियों^Fके आकारका।

digitigrade डि'जिटिग्रेड a. (जीव०) अंगुलिचारी, पंजोंके बल चलनेवाला।

digitigradism –'गॅडिज़्म् n. अंगुलिचारिता^F।

digitorium –टोऑ'रिॲम् n. अंगुलि-वर्म, पियानो बजानेके लिए अँगुलियों^Fका यन्त्र।

digitoxin डिजिटॉक्'सिन् n. लोमशी झाड़ी^Fका विष, नागफनीका रस, (चि०) डिजिट्यालिसका प्रधान हृदय ग्लूकोसाइड।

diglot डाइ'ग्लॅट् a. द्विभाषिक, दुभाषिया, दो भाषाओं^Fका प्रयोग करनेवाला; दो भाषाओं^Fका।

diglyph डाइ'ग्लिफ़् n. द्विप्रणाली^F, दुनाली^F।

dignified डिग्'निफ़ाइड् a. महाप्रताप, गौरवपूर्ण, गरिमा-सम्पन्न, प्रतिष्ठापूर्ण, सम्मानित, मानी, ओजस्वी, शोभन, शोभायुक्त, आत्मप्रतिष्ठित, शानदार।

dignify –फ़ाइ v.t. गौरवान्वित करना, प्रतिष्ठित बनाना; सम्मानित करना, शोभायुक्त करना, योग्य बनाना, शानदार बनाना; अत्यधिक प्रशंसा^F करना, सत्कार करना, पूजना, सम्मानित करना, छोटी चीज^Fको उच्च पदपर रखना, बढ़ाना (*school ~ied with name of college*)।

dignitary –निटॅरि n. शिष्टजन, मान्यजन, संभ्रान्त-जन, महानुभाव; उच्चपदाधिकारी।

dignity –टि n. आदरणीय उच्चपद, पद, पदवी^F; महिमा^F, प्रताप, गरिमा^F, गौरव, माहात्म्य, महत्त्व, सम्मान, शोभा^F (*the ~ of labour*); अनुभाव, मान, आभिजात्य, प्रतिष्ठा^F (*beneath* one's *~*); उत्कर्ष, आन-बान^F, ठाठ-बाट, शान^F; ~ ball हब्शियोंका सार्वजनिक नृत्य।

digoneutic डाइगॅनीऊ'टिक् a. वर्षमें दो बार बच्चे देनेवाली।

digonous डि'गॅनॅस् a. द्विकोण।

digraph डाइ'ग्रैफ़् n. एकध्वनिसूचक द्विवर्ण, एक उच्चारण प्रकट करनेवाला दो अक्षरोंका समुदाय।

digraphic –फ़िक् a. द्व्यक्षरी, द्विवर्ण, द्विलिपि^F।

digress डाइ(डि)ग्रे'स v. i. विषयान्तर करना, अप्रस्तुत बोलना या लिखना, असंगत या असम्बद्ध होना, प्रसंगसे बहकना, लेख या भाषणमें थोड़ी देर^Fके लिए अप्रासंगिक होना; विपथगामी होना, पथच्युत होना, पथभ्रष्ट होना, विचलित होना, हट जाना, भटक जाना।

digression –ग्रे'शन् n. (साहि०) विषयान्तरण; अप्रासंगिकता^F; पथविच्युति^F, पथभ्रंश, उत्क्रम, भ्रंश, विचलन, भटकाव, भूल-भटक^F।

digressional, digressive –नॅल, -सिव् aa. अप्रस्तुत, अवान्तरविषयक, अप्रासंगिक, असंगत, असम्बद्ध; विच्युत अनन्वित।

digynous डाइ'जिनॅस् a. (वन०) द्विकेसर, द्विगर्भ।

dihedral डाइही'ड्रॅल्, a. (घ० ज्या०) द्वितल (~*angle*), दो भुजा^F अथवा पहलवाला।

dihedron –ड्रॅन् n. (ज्या०) द्वितल, द्विभुज आकृति^F।

dihexagonal डाइ'हक्सै'गॅनॅल् a. द्विषट्कोण, द्विषट्कोणीय (*~prism*, *~pyramid*), बारह कोणोंका (जिसमें छः सम और छः विषम होते हैं)।

dihybrid डिहाइ'ब्रिड a. (कृषि०, जीव०) द्विसंकर, T.;
~cross, ~inheritance, ~ratio.

dik-dik डिक्-डिक् n. (अफ्रीकी) हिरन, डिक-डिक, छोटा बारह-सिंघा।

dike, dyke डाइक्', डाइक्' १. n. जलधरण, सेतु, पुल, (कृषि०) **बाँध**, मोरचा, रोक^F; पुलिया^{F}, छोटा पुल; (ला०) अवरोध, रक्षा^{F}, बाधा^{F}, रोक^F; (कृषि०) **निकास-कुल्या**, प्रणाल, प्राकृतिक जलप्रवाह; खाति^{F}, परिखा^{F}, खन्दक, खाई^F, गड्ढा; बन्ध, मेंड़^{F}, नीची दीवाल^F; रालभित्ति^{F}; (खनिज तथा भूगर्भ०) भरी हुई चट्टान^{F}की दरार^F, दरार^{F}में संचित पदार्थ; २. v.t. खन्दक, खाई^F, बाँध, मेंड़^{F} आदि बनाना या बनाकर सुरक्षा^{F} करना; ~-reeve दस जलमार्गाधिकारी ।

dil. DILUTE.

dilacerate डाइलै'सॅरेट् v.t. विदारण करना, फाड़ डालना, चीरना ।

dilaceration –रे'शॅन् n. विदारण, चीर-फाड़^{F}, फाड़ डालनेकी क्रिया^{F} ।

dilapidate डिलै'पिडेट् v.t. & i. जीर्ण-शीर्ण करना या होना, क्षय करना या होना, ध्वंस करना या होना, विनाश करना या होना, उच्छिन्न करना या होना, नष्ट करना या होना ।

dilapidated –टि'ड् a. जीर्ण-शीर्ण, विध्वस्त, विनष्ट, उच्छिन्न, टूटा-फूटा ।

dilapidation –डे'शॅन् n. परिक्षयण, क्षय, उद्ध्वंस, विध्वंस, ध्वंस, अवहास, शीर्णावस्था^{F}, जीर्णावस्था^{F}, जीर्णशीर्णता^{F}, विनाश, उच्छेद, टूट-फूट, उजड़ना; टीलों या पहाड़ियों^{F}के किसी भागका पतन; पतनके कारण मलवा, टूटे हुए टुकड़े; क्षतिपूर्ति^{F}, किरायेके समयके अन्दरकी हुई क्षति^{F}का मावजा ।

dilapidator –'पिडेटॅर् n. विध्वंसक, विनाशक, उच्छेदक, तहस-नहस करनेवाला ।

dilatability डाइ(डि)लेटॅबि'लिटि n. विस्तार्यता^{F}, बढ़ाने या बढ़ानेकी शक्ति^{F}, लचीलापन ।

dilatable –टॅबॅल् a. विस्तार्य, विस्तार करने योग्य, बढ़ाने या बढ़ने योग्य, लचीला, चौड़ा करने या होने योग्य ।

dilatancy –टॅन्सि n. प्रसारावधि^{F}, प्रसारक्षेत्र, विस्तार ।

dilatation –टे'शॅन् n. घनप्रसार, **आयतन प्रसार**, अभिस्तरण, (गणि०, चि०, जीव०) **वितनन**, **विस्तारण**, विस्तार, विकास, विकासन, संवृद्धि^{F}, फैलाव; **स्रोतो-वर्धन** ।

dilate डाइ(डि)लेट् v.t. & i. विस्तार करना, अभिस्तरण करना, अभिस्तरण करना, विस्फार करना या होना, प्रसृत करना या होना, विस्तृत करना या होना, फैलाना, फैलना, बढ़ाना, बढ़ना, चौड़ा करना या होना; विवरण देना, सविस्तार वर्णन करना ।

dilated –'टिड् a. विस्फारित, अभिस्तीर्ण, विस्तृत, संवृद्ध, विकसित, उत्फुल्ल ।

dilater –टॅर् n. (शल्य) स्रोतोविवर्धक; अभिस्तारक, संवर्धक, फैलानेवाला, चौड़ा करनेवाला ।

dilation –ले'शॅन् n. = DILATATION.

dilative –'टिव् a. अभिस्तारी, विस्तारशील, फैलनेवाला ।

dilatometer डिलॅटॉ'मि'टॅर् n. (रसा०, भौ०) **विस्तार-मापी**, **प्रसारमापी**, **आयतन प्रसारमापी** ।

dilator डाइले'टॅर् n. (श० र०, शा०) अभिस्तारक; (जीव०) **विस्तारिणी**^{F}; ~muscle (जीव०) **विस्तारिणी पेशी**^{F}; विस्फारणी पेशी, प्रसारक मांसपेशी^{F}, किसी अंगको फैलानेवाला पुट्ठा; ~naris (चि०) **नासा विस्तारिणी**^{F}; ~tubae (चि०) **नली विस्तारिणी**^{F} ।

dilatoriness डि'लॅटॅरिनि'स् n. दीर्घसूत्रता^{F}, विलम्ब, शिथिलता^{F}, मन्दता^{F}, मान्द्य, धीमापन, ढीलापन, सुस्ती^{F} ।

dilatory –'रि a. दीर्घसूत्री (का०) **विलम्बकारी**, **विलम्बी**, मन्थर, शिथिल, मन्द, ढीला, धीमा, सुस्त, काहिल, देर^F करनेवाला, देर^F लगानेवाला (~*tactics*); ~defence, ~motion, ~plea.

dilemma डि(डाइ)ले'मॅ n. (साहि०) **उभयदंश**, उभयापत्ति^{F}, विकल्प, (साहि०) **द्विविधा**, **दुविधा**^{F}, असमंजस, धर्मसंकट, कठिनाई^F, कशमकश; उभयसम्भव तर्क; (दर्श०) **द्विपाशक**, **द्विश्रृंगक**; horns of a ~ विकल्प ।

dilemmatic –लि'मै'टिक् a. विकल्पात्मक, दुविधात्मक, असमंजसपूर्ण; उभयसम्भव तर्कसे सम्बन्धित ।

dilettante डिलि'टैन्'टि १. n. (pl. *-i*) कलानुरागी, कलाप्रेमी, हुनरपसन्द, किसी कला^{F}में अपरिपक्व व्यक्ति, नवसिखुआ; २. a. नगण्य, तुच्छ, अपरिपक्व, अपक्व, अपूर्ण, साधारण; कलाप्रिय ।

dilettantish –टिश् a. कलानुरागी, कलाप्रेमी ।

dilettantism –टिज़्म् n. कलानुराग, कलाप्रेम; अपरिपक्व कला^{F} ।

diligence[1] डि'लिजॅन्स् n. (दर्श०) **परिश्रमिता**^{F}, **परिश्रमशीलता**^{F}, कर्मिष्ठता^{F}, अध्यवसायपूर्णता^{F}, उद्योग-शीलता^{F}; (का०) **सचेतनता**^{F}; अध्यवसाय, (का०) **उद्यम**, उद्योग, प्रयत्न, उत्साह, परिश्रम, मेहनत^F; (कानून) समवेक्षा^{F} ।

diligence[2] n. विदेशी सार्वजनिक डाक^{F}की गाड़ी^{F}, बग्घी^{F}, छकड़ा ।

diligent –जॅन्ट् a. (का०) **सचेत**, (दर्श०) **परिश्रम-शील**, कर्मिष्ठ, अध्यवसायी, कर्त्तव्यपरायण, उद्यमशील, (का०) **उद्यमी**, उद्योगी, प्रयत्नशील, परिश्रमी, उत्साही, मेहनती; समवेक्षी,

dill डिल् n. शतपुष्पिका^{F}, शतपर्णी^{F}, अनिच्छत्रा, मधु-रिका^{F} लता^{F}, सालेय, (कृषि०) **सोआ**, एक छत्तेदार बूटी^{F} (*~-water*) ।

dilly डि'लि n. गाड़ी^{F}, बहली^{F}; थैला, झोला (आस्ट्रे-लियामें) ।

dilly-dally डि'लि-डैलि v.i. विलम्ब करना, सुस्ती^{F} करना, देर^F लगाना, ढील डालना; (बोल०) हिचकिचाना, टालमटोल^F करना, पसोपेश करना, अब-तब करना ।

dilogy डि'लॅजि n. (साहि०) **उभयार्थोक्ति**^{F}, श्लेष, द्व्यर्थकता^{F}, द्व्यर्थत्व ।

diluent डि'ल्यू(लु)ॲन्ट n. & a. (रसा०) **तनूकारी**, **तनूकारक** (वस्तु^{F}); अवमिश्रक, मन्दक, मन्दकर्ता; रक्तादिमें जलानुपात-वर्धक (पदार्थ) ।

dilute[1] डाइ(डि)लूट् v.t. (रंग) हलका करना, फीका करना; (उत्साह, सिद्धान्तको) धीमा करना, पानी डाल देना, ठण्डा करना; अपचित करना, अवमिश्रण करना, क्षीण करना; (रसा०) **तनु करना या होना,** मन्दन करना, मन्द करना, जलमिश्रणसे पतला करना, पानी मिलाना; ~ labour प्रवीण मजदूरोंके स्थानपर अप्रवीण मजदूर या औरतें^F रखना।

dilute[2] डाइल्यूट a. हलका, फीका (रंग); (ला०) स्वादहीन, फीका, बेमजा; मन्द; अपचित; क्षीणीकृत, (प्रा० भूगोल, रसा०, कृषि०) **तनु,** तनुकृत, हलका, पतला; जलमिश्रित।

diluted –(डि)लू'टि'ड् a. अवमिश्रित; मन्दित; (रसा०) **तनूकृत।**

dilutee –टी' n. नौसिखुआ, अनगढ़ कारीगर।

diluter –'टॅर् n. अवमिश्रक, विलेयक, तनूकारक, **तनूकारी।**

dilution –'शॅन् n. (रंगका) क्षीणत्व, हलका करना; अपचिति^F, (रसा०, भौ०) **तनूकरण,** (चि०, रसा०) **तनुता**^F; क्षीणीकरण, (कृषि०) **अवमिश्रण;** मन्दन; ~ law, ~ ratio, ~ room, ~ rule, ~ tube.

dilutor –'टॅर् n. अवमिश्रयिता, मन्दयिता।

diluvial डिलू(ल्यू)'विअॅल् a. आप्लावी (~ *clay*), जल-विप्लव-सम्बन्धी; (भूगर्भ०) संचयसे सम्बन्धित; ~ man हिमानी मानव; ~ theory, changes बाढ़^Fपर निर्भर या जल-विप्लवकी भयंकर प्रतिक्रिया^F।

diluvialist –लिस्ट् n. जलविप्लववादी।

diluvian –अॅन् a. बाढ़-सम्बन्धी।

diluvium –अॅम् n. (मान०) **प्रलयावशेष;** विप्रवाह-मृद्^F, बाढ़^Fकी लायी हुई मिट्टी^F।

dim डिम् १. v.t. & i. प्रकाशहीन होना, मन्द करना या होना, धुँधला बनाना या होना, धीमा करना या होना; २. a. निष्प्रभ, प्रकाशहीन, अस्पष्ट, मलिन, अव्यक्त, अन्धकारमय, मन्द, धुँधला, बेचमक, फीका, धीमा, मद्धिम; अस्पष्ट रूपसे देखना या देखा हुआ।

dim. DIMINUTIVE.

dime⊙ डाइम्' n. चाँदी^Fकी एक मुद्रा^F (डालरकी १/१०); ~ novel सस्ता उपन्यास।

dimension डिमे'न्'शन् n. (बीजग०, गणि०) **घात;** (गणि०) **विमिति**^F, **विमा**^F, गुणनफलमें अज्ञात मूल्यकी संख्या^F; (शिक्षा०, प्रा० भूगोल) **आयाम, विस्तार,** (यंत्र०) **परिमाप, माप,** मान, परिमाण, मात्रा^F, नाप^F, **लम्बाई**^F**-चौड़ाई**^F, गहराई^F, मोटाई^F (प्रायः बहु० में); fourth ~ चतुर्थ आयाम, चतुर्था परिमाण, गणितमें पदार्थका गुण; the three ~s लम्बाई^F, चौड़ाई^F और मोटाई^F।

dimensional –नॅल् a. घातीय, (गणि०, भौ०) **विमितीय, विमीय,** परिमाण-सम्बन्धी, मापसम्बन्धी, आयामात्मक; ~ analysis, ~ equation, ~formula, ~ quantity.

dimensioned –न्ड् a. सघात, परिमाणित, आयामयुक्त।

dimensionless –न्लिॅस् a. निर्घात, घातहीन, परिमाणहीन, मापरहित।

dimer डि'मॅर् n. (रसा०) **द्विलक।**

dimerous डि'मॅरॅस् a. (वन०) **द्वयी,** (प्राणिवि०) दो भागोंवाला, द्विखण्ड, द्वि-अवयव।

dimetallic डिमे'टैलिक् a. द्विधात्विक, दो धातुओं^Fका।

dimeter डि'मिट्र् n. दो छन्दोंवाला पद।

dimetric डिमे'ट्रिक् a. चतुष्कोण, चार कोणकी आकृतिवाला।

dimidiate डिमि'डिएट् a. (वन०) **असमार्धित;** v.t. दो बराबर भागोंमें बाँटना।

dimidiation –ए'शॅन् n. द्विभाजन, आधों-आध करना।

diminish डिमि'निश् v.t. & i. उपशमन करना, शान्त करना (रोग); आह्रासन करना या होना, आह्रसन करना या होना, अपचय करना या होना, ह्रास, क्षय अथवा न्यून करना या होना, कम करना या होना, (विधा०) **घटाना,** घटना; (स्था०) एक किनारेपर नुकीला करना या होना।

diminishable –शॅबॅल् a. अपचेय, ह्रास्य, क्षय करने योग्य, न्यून करने योग्य, घटाने योग्य; एक किनारेपर नुकीला करने योग्य।

diminished –इड् a. आह्रासित, आह्रसित, ह्रासित, ह्रसित, क्षीण, अपचित, कम; (संगीत) दो सुर एक साथ बजाते समय उनका अन्तराल आधे सुरके परिमाणतक किया हुआ; *hide* one's ~ *head* अपनी कम शक्ति^Fको छिपाना।

diminisher –शॅर् n. ह्रासक, घटानेवाला।

diminishing –शिंग् a. आह्रासी, क्षयी, घटनेवाला; ~ balance, ~ balance method, ~cost, ~utility.

diminuendo डिमि'न्यूए'न्'डो n. **स्वरापकर्ष, स्वरावरोह,** ध्वनि-मन्दीकरण-चिह्न >; लघुस्वर, आवाज^Fका धीरे-धीरे कम होना।

diminution डिमिन्यू'शॅन् n. आह्रासन, आह्रसन, आह्रास, (प्रा० भूगोल) **ह्रसन, ह्रास,** अवनति^F, न्यूनता^F, लघुत्व, घटाती^F, घटाव, कमी^F, न्यूनीकृत या कम किया हुआ परिमाण; (संगीत) पूर्वप्रयुक्त सुरोंकी अपेक्षा^F निम्नतर सुरोंकी आवृत्ति^F।

diminutival –न्यूटाइ'वॅल् a. (व्या०) अल्पार्थक, लघुत्वार्थक।

diminutive –न्यूटिव् n. & a. संकुचित; अल्पधिक क्षुद्र, लघु, छोटा; (व्या०) अल्पार्थक (शब्द), लघुत्वार्थक (शब्द), क्षुद्रत्ववाचक (शब्द); क्षुद्राकृति वस्तु^F।

diminutiveness –निॅस् n. अल्पता^F, लघुत्व, छोटापन; अल्पार्थकता^F, लघुत्वार्थकता^F, क्षुद्रत्ववाचकता^F।

dimissory डि'मिसॅरि a. प्रस्थानके लिए आज्ञा^F देने-

वाला; प्रेषक, बाहर भेजनेवाला; letters ~ (ईसाइयोंमें) अपनी संरक्षिता^F के बाहर किसी प्रार्थीकी नियुक्ति^F के लिए प्रमुख पादरीकी सम्मति^F ।

dimity डि'मिटि n. डोरिया, मोटा सूती कपड़ा ।

dimmer डि'मॅर् n. मन्दक, **मन्दकर,** प्रकाश धुँधला करनेका यन्त्र ।

dimmish डि'मिश् a. मलिन, अन्धकारमय, कुछ मन्द, कुछ धुँधला, थोड़ा धीमा, मद्धिम-सा ।

dimness डिम्'निस् n. मन्दता^F, मलिनता^F, अस्पष्टता^F, अन्धकार, अँधेरा, धुँधलापन, धीमापन ।

dimorphic, dimorphous डाइमॉर्'फ़िक्, -फ़स् aa. (वन०, जन्तुवि०, रसा०, खनि०) द्वैरूपिक, (प्राणि०) **द्विरूप, द्विरूपी,** द्विरूपधारी, उभयरूप, दो विभिन्न रूपोंमें घटित होनेवाला, दो विभिन्न रूपोंको प्रदर्शित करनेवाला ।

dimorphism -फ़िज़्म् n. (वन०, जीव०) **द्विरूपता^F,** द्विभागशीलत्व ।

dimple डिम्'पॅल् १. n. जलोर्मि^F, जल-लहरी^F; गड्ढा; कपोलोर्मि^F, गण्डतरंग, कपोलभंग, कपोलकूपक, छोटा गड्ढा; २. v. t. & i. जलोर्मि^F उत्पन्न करना या होना, लहर^F उठाना या उठना, गड्ढा पैदा करना, गड्ढा पड़ना ।

dimpled -ड् a. ऊर्मियुक्त, गड्ढेदार ।

dimpling -लिंग् n. (वन०) **प्रगर्तन** ।

dimply -लि a. ऊर्मिवान्, लहरदार, गड्ढेदार ।

dimyarian डिमिअॅ'रिॲन् a. द्विपेशीय, अन्दरकी दो मांस-पेशियोंवाला ।

din डिन्' १. n. निनाद, तुमुल, उच्चघोष, कोलाहल, कलकल, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल; २. v.t. & i. कोलाहल करना, हल्ला मचाना, गुल-गपाड़ा करना, शोरगुल करना; कोलाहलसे स्तब्ध करना, कोलाहलसे बधिर कर देना, बहरा बना देना, कान फोड़ना; (कोई बात^F) कहते-कहते नाक^F में दम करना ।

dinanderie डिनेन्डिरि n. पित्तलपात्र, घरमें काम आनेवाला पीतलका अलंकृत बर्तन ।

dinar डाइनार् n. दीनार, एक ईरानी मुद्रा^F ।

dinarchy डाइ'नार्कि n. द्विराजता^F ।

dine डाइन्' v.t. & i. भोज देना, दावत^F देना; भोजन करना, खाना खाना; (कमरेमें) भोजन करनेवालोंके बैठनेके लिए स्थान देना; ~*car* गाड़ी^F का खानेका डिब्बा; ~*off* or *on* भोजमें बुलाना; ~*out* घरसे बाहर भोजन करना; ~*with Duke Humphrey* भूखा रहना ।

diner डाइ'नॅर् n. भोजनकक्ष, (रेलमें) खानेकी गाड़ी^F; भोजन करनेवाला; (परि०) **ढाबा;** ~-out भोज खानेवाला, दावत खानेवाला ।

ding-dong डिन्ग्-डॉन्ग' n. & a. & adv. टनाटन, घण्टोंकी क्रमशः तीव्र तथा मन्दध्वनि^F; घण्टानाद; किंकिणीरव; यमक, अनुप्रास या तुकान्त पद्यकी मधुर झनकार^F; ~ race कभी एक आगे कभी दूसरा, ऐसी दौड़^F ।

dinghy, dingey डिन्'गि, डिन्'गि n. वायुयानकी फुलाने योग्य रबड़की छोटी नाव^F, आमोद-प्रमोदके लिए छोटी नौका^F, (परि०) **डिंगी^F, डोंगा, डोंगी^F,** जहाजकी छोटी नाव ।

dinginess डिन्'जिनिस् n. मलिनता^F, मैलापन, कालापन, धुँधलापन, गन्दगी^F ।

dingle डिन्'गॅल n. संकीर्ण उपत्यका^F, वृक्षाच्छादित गहरी घाटी^F ।

dingle-dangle डिन्'गॅल्-डैन्'गॅल् adv. दोलायमान, इधर-उधर दोलित होते हुए, लटकते हुए ।

dingo डिन्'गो n. (pl. -*es*) अविन्हा, आस्ट्रेलियाका जंगली या आधा पालतू कुत्ता, डिंगो ।

dingy डिन्'जि a. कृष्णवर्ण, मलिन, मैला, काला, धुँधला, अँधेरा, गन्दा ।

dining डाइ'निंग् n. ~ car (रेल०) **भोजन-यान,** खानेकी गाड़ी^F; ~room (रेल०) **भोजन-कक्ष,** खानेका कमरा ।

dinkum डिन्'कॅम् a. (ग्रा०) वास्तविक, असली; ईमानदार ।

dinky -कि a. (ग्रा०) स्वच्छ, स्फूर्त, बाँका ।

dinner डि'नॅर् n. सायंभोजन, रात्रि-भोजन, **रात^F का खाना,** ब्याल; प्रीतिभोज, भोजनोत्सव, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति या उत्सवके सम्मानमें सार्वजनिक भोज, डिनर; ~-claret भोजके समय मदिरा^F विशेष; ~-dance भोजनके पश्चात् नृत्य; ~-set **भोजनके बर्तन,** तश्तरी^F, थाली^F आदि; ~-sherry भोजके समय दी जानेवाली स्पेनदेशीय मदिरा^F विशेष; ~*without grace* विवाह विरुद्ध सम्भोग;

~bell, ~ gown, ~ hour, ~ jacket, ~ party, ~ service, ~ table, ~ wagon.

dinnerless -लिस् a. भोजनरहित, भोजनहीन ।

dinoceras डाइनॉ'सॅरस् n. षट्शृंग, छःशृंगी. छः सींगोंवाला एक जन्तु (जो अब नहीं है) ।

dinornis डाइनॉर्'निस् n. महाधावी, दुष्पक्षी, एक बहुत बड़ा पक्षी (जो अब लुप्त हो गया है) ।

dinosaur डाइ'नॅसोॲर् n. दनुसरट, भीमसरट, एक दीर्घकाय रेंगनेवाला जानवर, डाइनोसौर ।

dinosauria -रिॲ n. भीमसरट-गण ।

dinosaurian -ॲन् n. & a. दनुसरटीय, भीमसरटीय ।

dinosaurus -रॅस् n. = DINOSAUR ।

dinothere डाइ'नॅथीॲर् n. भीमहस्ती, दनुजन्तु, घोरजन्तु ।

dint डिन्ट्' १. n. (प्रा०) अभिघात, घात, प्रहार, चोट^F; अभिघात द्वारा बना हुआ लक्ष्य, प्रहार-चिह्न, गड्ढा, निशान; क्षमता^F, सामर्थ्य, बल, शक्ति^F; वेग; २. v.t. अभिघातों द्वारा चिह्नित करना, चिह्न बनाना, गड्ढा बनाना, निशान बनाना; *by ~ of* बलपर, बलसे, बूतेपर, जोरसे ।

diocesan डाइऑ'सिज़न् १. n. बिशपके प्रदेशका निवासी; प्रधान आचार्य, धर्माध्यक्ष, मण्डल या पादरीका

दायित्व-प्राप्त बिशप; २. a. बिशपके प्रदेश या जिलेसे सम्बन्धित।

diocese डाइ'ॲसी(से ॅ)स् n. बिशपका प्रदेश या हल्का।

diode डाइ'ओड् n. (विद्युत्^F) **द्विअग्र** (~*valve*); द्विद्वार, द्विद्वारक, दुनाली^F, T.

dioecious डाइॲई'शॅस् a. (वन०) अद्विलिंगी, एकलिंगी, (कृषि०, वन०) **पृथग्लिंगी, द्वयोकसी**, द्विवासी, भिन्न पौधोंपर नर तथा मादा पुष्पोंको धारण करनेवाला; (जन्तु०) भिन्नलिंगी; T.

dioecresis डाइओईक्रे ॅ'सिस् n. (साहि०) **पदान्त यति**।

dioestrum डाइ ओभे ॅस्'ट्रॅम् n. (कृषि०) **प्राक्मद काल, पूर्वमद काल**।

dioestrus डाइओॲस्'ट्रॅस् n. (चि०) **स्त्रीमदविश्राम**।

Dionysian, -iac डाइॲनि'सिॲन्, -इॲक् n. रणदेवताका, रणदेव पूजासम्बन्धी; ~ spirit (दर्श०) **आसुरी वृत्ति^F, राजसिक वृत्ति^F**।

diopside डाइआप्'साइड् n. चूर्णभ्रासिज, हरे भूरे रंगकी चमकीली बालू^F, (प्रा० भूगोल) T.

diopter, -tre डाइऑप्'टॅर्, –ट् n. वीक्षणा^F, एक शीशा परखनेकी इकाई^F, (चि०, मौ०) T.

dioptric –ट्रिक् a. वीक्षणासम्बन्धी; प्रकाशकी वक्रगति^F द्वारा दृष्टि^Fको सहायता^F देनेवाला; ~ system **अपवर्तनी तंत्र**।

dioptrics –स् n. वीक्षणा-शास्त्र, प्रकाश-विज्ञान।

diorama डाइॲरा'मॅ n. पारचित्र, सूर्यवर्णप्रकाशिका^F।

dioramic –रै'मिक् a. उपर्युक्त चित्र-सम्बन्धी।

diorite डाइ'ॲराइट् n. शृंगाश्म, एक कड़ा दानेदार पत्थर।

diorthosis डाइआर्थो'सिस् n. (चि०) अस्थिसंधिभग्न चिकित्सा^F, वक्रांगचिकित्सा^F, हड्डी और विस्थापित जोड़-को सीधा करनेकी क्रिया^F; (साहि०) लेखका सम्पादन, सुधार।

diota डाइओ'टॅ n. द्विग्राहपात्र, तरल पदार्थ रखनेका एक पात्र।

dioxide डाइऑक्'साइड् n. (रसा०) द्विजारेय, **द्विऑक्साइड**, (~ *electrode*), (रसा०) **डाइऑक्साइड** (*carbon* ~)।

dioxen डाइऑक्'सॅन् n. (रसा०) **द्वि-आक्सन**।

D.I.P. Director of Information and Publicity.

dip¹ डिप् n. (बोल०) समुद्र आदिमें स्नान, डुबकी^F; अवगाह, गोता; डूबनेका परिमाण या सीमा^F; एक बार डुबोनेपर प्राप्त जल आदिका परिमाण; निम्नक, आकाशावपात, नीचेकी ओर ढाल^F; अभिनति^F, विनति^F, (प्रा० भूगोल, मौ०, परि०) **नति^F**, (प्रा० भूगोल, परि०) **नमन**, (परि०) **झुकाव**; चर्बी^Fकी बत्ती^F, चर्बी^Fका प्रकाश; भेड़^F आदिकी स्नानौषधि^F; (ग० ज्यो०) क्षितिज-अवपात; चुम्बककी सुई^F द्वारा क्षितिजके साथ बनाया हुआ कोण; ~-net मछलियों^Fके शिकारका छोटा जाल; जाल; (जीव०) **खुर्रा जाल**; ~-pipe, ~-trap गैस-अवरोध (नल);

~-angle, ~-circle, ~fault, ~-hole, ~-holeplug, ~lorry, ~needle, ~slope, ~-stick, ~-stone, ~valley.

dip² v.t. & i. गोता देना, डालना, डुबाना; (द्रव, अनाज आदिको) फरुई^F या तसला आदिमें भरना; डुबोकर रँगना; (भेड़^Fको) कीट-मारक द्रवसे तर करना; मोमको गरम चर्बी^Fमें डुबोकर मोमबत्ती^F बनाना; अवगाहन करना, निमज्जन करना, गोता लगाना, डुबकी^F लगाना; धरातलसे नीचे जाना, डूबना (*sun ~s below horizon*); कुछ निकालनेके लिए हाथ या करछुल आदि डालना; नीचेकी ओर ढलुवाँ होना; नीचेकी ओर फैलाना या फैलना; ऋणग्रस्त होना या करना; कुछ समयके लिए (झण्डा, पाल, डाँड़ी^Fका) झुकना या झुकाना; विहंगम दृष्टि^F डालना, सरसरी तौरपर देखना, कहीं-कहीं देखना या पढ़ना; पता लगाना, जाँच^F करना, टटोलना (~ *deep into the future*); ~ping-needle चुम्बकत्व मापनेकी सूई^F; ~ *into* one's purse दिल खोलकर व्यय करना; ~one's *pen in gall* (लेखमें) विष उगलना।

dipchick डिप्'चिक् n, = DABCHICK.

dipetalous डाइपे ॅ'टॅलॅस् a. (वन०) द्विदल, दो पंखुड़ियोंवाला।

diphone –फ़न् n. (वाणि०) **द्विस्वर**।

diphtheria, diphtheritis, डिफ़्थिॲ'रिॲ, –थॅराइ'-टिस् nn. **घटसर्प**; प्रश्वलास, कण्ठरोहिणी^F; (चि०) रोहिणी^F, मांस-सन्तानिका^F, कण्ठका संक्रामक रोग, **डिप्थीरिया** (~*toxin*)।

diphtherial, diphtheric, diphtheritic, diphtheroid –ॲल्, –थे ॅ'रिक्, –थॅरि'टिक्. - थरा-ऍड् aa. कण्ठरोहिणी^Fसे सम्बन्धित, डिप्थीरियावाला।

diphthong –थॉन्ग् n. सन्ध्यक्षर, (शिक्षा०) **संयुक्त स्वर, द्विध्वनिक**, एक ही स्वरकी ध्वनि^Fके व्यंजक दो स्वर; स्वरद्वय, (शिक्षा०) **सन्धि-स्वर**, द्विस्वर-संयोग, दो स्वरोंका संयोग।

diphthongal –'गल a. संध्यक्षरीय, संयुक्तस्वरीय, स्वरद्वयात्मक, स्वरसंयोगसे सम्बन्धित।

diphthongize –थॉन्गाइज़् v.t. संयुक्तस्वर करना, संध्यक्षर उच्चारण करना, स्वरद्वय बनाना, स्वरसंयोग बनाना।

diphycercal डिफिसे ॅर्'कॅल् (जीव०) **समपालिपुच्छ**।

diphyletic डाइफिले ॅ'टिक् (जीव०) **द्विउद्भव**।

diphyllous डाइफि'लॅस् a. (वन०) द्विपर्ण, दो पत्तियोंवाला।

diphyodont डाइ'फिॲडॉन्ट a. (जीव०) अचिर-चिर-दंतवात, द्विविध दाँतवाला, **द्विदन्तावलिक, द्विर्दन्ती** (~ *dentition*), द्विर्दन्त, द्विवारदन्त, दूधके और पक्के दाँतवाला।

Diphysite डाइ'फ़िज़ाइट् n. अवतारवादी, ईसाके मानवीय और ईश्वरीय रूपमें विश्वास करनेवाला।
dipl. diploma; diplomat.
diplae डिप्लीॲ n. (चि०) **पत्रकमध्या**^{F}।
diplanetism डिप्ले'नॅटिज़्म n. (वन०) **द्विश्चरता**^{F}।
diplegia डिप्ली'जिॲ n. सर्वांगघात, द्विपक्षघात, हस्तपादघात।
diplex डि'प्लॅक्स् n. (परि०) **द्विप्रेषण, T.**
dipleidoscope डिप्लाइ'डॅस्कोप् n. दृश्यमध्याह्नेक्ष, नक्षत्र-गतिदर्शक।
diplo- द्वि-, युग्म-, द्वितय-, द्विगुणित, दूना, दुगुना (जैसे, ~*cardial*, ~*genic*)।
diplocyte डि'प्लॉसाइट् a. (वन०) **द्विनाभिक**।
diplodocus डिप्लॉ'डॅकॅस् n. द्विधरण सरट, एक प्रकारका गिरगिट।
diploe डिप्'लोई n. (श० र० शा०) (चि०) पत्रकमध्य, करोटि^{F}; खोपड़ी^{F}की हड्डी^{F}के बीचका सुषिरउतक।
diplogenic डिप्लॅजे'निक् a. द्विशरीर, द्वितत्त्व, दोहरी जातिवाला।
diploid डि'प्लाइॅड् n. (प्रा० भूगोल) **द्विद्वादश पार्श्वक**; a. (प्राणि०) **द्विसंख्यक; द्विगुणित** (~*number*); द्विसूत्रधारी।
diploidal –इॅल् a. (प्रा० भूगोल) **द्विद्वादश पार्श्वकीय**।
diploma डिप्लो'मॅ n. पत्रोपाधि^{F}; विद्योपाधि^{F}, उपाधिपत्र, प्रमाणपत्र, पदवी-पत्र, **सनद**^{F}; राजपत्र, शासन-पत्र, अधिकारपत्र, दस्तावेज, दफ्तरी पत्र, सरकारी कागजपत्र, T.
diplomacy –मॅसि n. नीतिचातुर्य, चातुर्य, प्रवीणता^{F}, कुशलता^{F}, चातुरी^{F}, दौत्यकर्म, (विधा०, राज०) **राजनय**, कूटनीति^{F}, अन्तर्राष्ट्रीनीति^{F}, अन्तर्राज्यनीति^{F}।
diplomad, diplomaed –मॅड्, –मॅड् aa. उपाधिपत्र-प्राप्त, प्रमाणपत्र-प्राप्त।
diplomaless –मॅलॅस् a. उपाधिपत्ररहित, प्रमाणपत्रहीन, उपाधिहीन, अनधिकृत।
diplomat –'ॅमॅट् n. (राज०) **राजनयिक, राजनयज्ञ**, कूटनीतिज्ञ, दौत्यकर्मी; = DIPLOMATIST.
diplomatic –मैटिक् n. & a., **-al** –अल् a. कूटनीतिज्ञ, नीति-निपुण, राजनीति-दक्ष; दूतकार्यविषयक, (विधा०) **राजनयिक**, कूटनैतिक, अन्ताराज्यनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय नीति^{F}से सम्बन्धित (~ *agent*, *service*); (सरकारी या असली पत्रों, शासनपत्रों आदिका) अभिलेखीय परीक्षण; कपटी, अवसरवादी; समझौतेकी बातचीत^F करते हुए आगेकी कार्यवाही^{F} करना; ~body **कूटनीति संस्था**^{F}, (किसी राजदरबारके) राजदूत तथा आयुक्त।
~agent, ~ asylum, ~ bag, ~ body, ~ business, ~ circles, ~clearance, ~ colony, ~ convention, ~ corps, ~ correspondent, ~ courier, ~ despatch, ~ emissary, ~ envoy, ~ functions, ~ illness, ~ immunity, ~ list, ~ mail, ~ mission, ~ move, ~ officer, ~ practice, ~ privelege, ~ propriety, ~ protection, ~ protest, ~ relations, ~ representative, ~ service, ~ status, ~ visa.
diplomatics –स् n. पुराविज्ञान, प्राचीन राजलेख तथा प्रमाणोंको पढ़ने तथा उनकी जाँच^F करनेकी विद्या^{F}।
diplomatist –लो'मॅटिस्ट् n. (राज०) **राजनयिक**; कूटनीतिज्ञ, कूटनीतिकुशल, राजनयज्ञ, सामकुशल, घाघ, काइयाँ; अवसरवादिता^{F}से काम निकालनेवाला।
diplomatize –टाइज़् Vi. कूटनीति^{F}की चाल^F चलना, कूटनीतिज्ञके रूपमें काम करना।
diplomatology –टॉ'लॅजि n. पुराविज्ञान = DIPLOMATICS.
diplopia डिप्लो'पिॲ n. (चि०) **द्विदृष्टि**, द्विदृश्य (रोग), एकको दो-दो दिखाई देनेका नेत्ररोग।
diplospondylous डिप्लॉस्पान्'डिलॅस् a. (जीव०) **द्विवृत्त कशेरुक**।
diplospondyly –लि n. (जीव०) **द्विवृत्त कशेरुकता**^{F}।
diplostemonous डिप्लॉस्टे'मॅनॅस् n. (वन०) **द्विवर्त पुंकेसर**।
diplotene डि'प्लॅटीन् n. (चि०) **द्विसूत्रावस्था**^{F}; (कृषि०) T.
dipnoan डिप्'नोॲन् a. द्विफुप्फुस, द्विपक्ष, दो गलफड़ेवाली (मछली);
dipody डि'पैडि n. (साहि०) **द्विपदी**, दो पदवाली कविता^{F}।
dipoler डिपो'लर a. (कृषि०) द्विध्रुवी (~*bond*), द्विध्रुव, दो छोरवाला।
dipole डिपोल् n. (गणि०) **युग्म ध्रुव**, (विद्यु०) **द्विध्रुव, T.**
~aerial, ~ association, ~ field, ~moment.
dipper डि'पॅर् n. स्रोतमज्जी^{F}, (कृषि०) **डोई**^{F}, डुबकी^{F} या गोता देनेवाला, डुबानेवाला; झुकाने या झुकनेवाला; कीटमारक औषध^{F}से नहलानेवाला; डुबोकर रँगनेवाला; ऋणग्रस्त करने या होनेवाला; विहंगम दृष्टि^{F} डालनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (फोटोमें) ऋणपट्टिकाओं^{F}को धोनेका यन्त्र; एक प्रकारकी करछुल^F; आप्लवक, एक प्रकारकी छोटी चिड़िया^{F}, बच्चोंको बपतिस्मा देनेवाला; (परि०) T.; the D~ सप्तर्षि ⊙।
dipping डि'पिंग् n. (यंत्र०) **डुबोना**।
diprismatic डाइप्रिज़्मै'टिक् a. द्वि-संक्षेत्र, दो घनपार्श्ववाला।
dip-sector डिप्-सॅ'क्'टॅर् n. नति-माप-यन्त्र, क्षितिजकी गहराई^F नापनेका यन्त्र।
dipsomania डिप्सॅमे'निॲ n. (चि०) पानोन्माद, मद्यासक्ति^{F}, (शिक्षा०) **मदिरोन्माद**, मदिरासक्ति^{F}, शराब^{F}की उत्कट या अनियंत्रित इच्छा^{F}।

dipsomaniac -ऐक् n. मद्यासक्त व्यक्ति, शराबका दीवाना।

dipstick डिप्'स्टिक् n. निमज्जन-यष्टि^F, तरलपदार्थ-मापक घड़ी^F।

dipsy डिप्'सि n. तिरौना।

diptera डिप्'टॅरॅ n. द्विपक्षक, दो परवाले कीट, मक्खी-मच्छर आदि।

dipteral -रॅल् a. द्विपक्षविशिष्ट, दो पंखवाला; दोहरे स्तम्भोंवाला।

dipterous -रॅस् a. (वन०) दो पक्षवत् जोड़वाला; (कृमि०) द्विपाक्षिक, द्विपाक्षिक ज़ातीय।

diptych डिप्'टिक् n. दो मोड़दार पत्रोंमें बना हुआ चित्र; दो जुड़ी हुई तख्तियाँ^F, दोहरी मेज^F।

diptyque n. (परि०) मोटर-शुल्कपत्र, T.

Dir. DIRECTOR.

dire डाअर्' a. रौद्र, दारुण, भीषण, भयानक, क्रूर, उग्र, भयंकर, (*~consequences*), तीव्र, घोर; ~sisters (यूनानी देवमाला^Fमें) तीन चण्डी देवियाँ^F।

direct[1] v.t. & i. उचित परामर्श देना (*duty ~s my actions*); निदेशित करना, निदेशन करना, निर्देश करना, निदेश देना; आदेश देना, आज्ञा^F देना; नियन्त्रित करना, विनियमित करना, शासित करना (*soul ~s body*); निर्दिष्ट करना, लक्षित करना, निक्षिप्त करना; दिग्दर्शन करना, ध्यान देना; रुख करना, आँखें^F फेरना; सम्बोधित करना, बोलना, लिखाना (*I ~ my remarks to you*); पतेपर भेजना (पत्र, पार्सल आदि)।

direct[2] a. & adv. ऋजु, (वन०, गति वि०, तर्क०, प्रा० भूगोल) प्रत्यक्ष, सीधा, सीधे (*the ~ road*); सर्वथा, बिल्कुल, कतई (*~ opposite*); समक्ष, (तर्क०) साक्षात्, असन्दिग्ध, सुस्पष्ट, स्पष्ट, (वन०) सरल, खरा, ठीक; अनाश्रित (गणित) अनूप; (ग० ज्यो०) पीछेकी ओर न जानेवाले, पश्चिमसे पूर्वकी ओर बढ़नेवाला; (गणि०) अनुक्रम, अनुलोम, अनुलोमवंशज, असपिण्ड, वंशक्रमानुगत (*~ descendants*); तर्कमय (कथनसे सम्बन्धित); (संगीत) सीधा (जिसमें सुरोंका उलट-फेर न हो); तुरन्त, फौरन; व्यक्तिगत रूपसे; ~action प्रत्यक्ष कार्यवाही^F, सीधी कारवाई^F, अमली कारवाई^F, चण्डाचार, क्रान्ति-क्रिया^F, हड़ताल^F द्वारा वर्ग-विशेषपर भारार्पण; ~ current एकदिश विद्युद्वाह, (विद्यु०) एकदिश धारा^F, (भौ०, रेल०, यंत्र०) दिष्टधारा^F, उसी दिशामें प्रवहमान विद्युत्धारा^F, सरल धारा^F; ~form मूलरूप; ~motion मार्गी गति^F; ~ proportion (ग०) अनुक्रमानुपात; ~ shot, hit खुली चोट^F, सीधा निशान; ~ speech or oration (व्या०) ठीक-ठीक उक्त शब्द; ~vision ऋजु दृष्टि^F;

~ affinity, ~ agent, ~ appointment, ~ approach, ~ article, ~ attacker, ~ bag, ~ charges, ~ combination, ~ contempt, ~ covariation, ~ cultivation, ~ damages, ~ decomposition, ~ delivery, ~ demand, ~despatch, ~drive, ~election, ~evidence, ~examination, ~expenses, ~experience, ~ farming, ~ financing, ~fire, ~ impact, ~induction, ~injury, ~intention, ~knowledge, ~laying, ~legislation, ~levy, ~loss, ~marketing, ~method, ~nomination, ~observation, ~ outlet, ~ pick-up, ~product, ~production, ~ratio, ~ray, ~reaction, ~recruitment, ~reduction, ~reflex, ~report, ~revenue, ~shipment, ~stay, ~sum, ~support, ~tax, ~taxation, ~testimony, ~trade, ~trust, ~variation, ~vote, ~ wages.

directed -'टिड् a. लक्षित, (यंत्र) निर्दिष्ट, (गणि०) दिष्ट, (*~angle*), सदिश (*~line*), निदेशित; अपेक्षित, आशस; ~thinking अभिप्रेरित विचारधारा।

directing -टिंग् १. a. निदेशक (*~-authority*); २. n. संचालन करना, मार्ग निर्देशन करना, चलाना (*~-post*)।

direction* -'शॅन् n. संचालन, (विधा०) निदेश, निदेशन*, (वन०, गति वि०, तर्क०, प्रा० भूगोल) मार्ग-निर्देश, मार्ग-प्रदर्शन, प्रेरण, निरीक्षण, दिग्दर्शन; प्रबन्ध, शासन, नियोग, प्रेषण; निदेश, अनुदेश, आदेश (प्रा० बहु०); दिक्^F, (प्रा० भूगोल, विद्यु०, यंत्र०, गणि०) दिशा^F*, ओर; क्षेत्र, विषय, सीमा^F, गति^F, पहलू, रुख (*new ~s of inquiry*); पत्र, पार्सल आदिपर पता; ~-finder (बेतारका) दिशा-यन्त्र; (वैमा०, यंत्र०) दिशाज्ञापक; दिशाबोधक;

~angle, ~centre, ~cosines, ~dial, ~division, ~finding, ~float, ~focussing, ~ indicator, ~instrument, ~lines, ~mark, ~ method, ~motion, ~numbers, ~office, ~ officer, ~-post, ~ratio, ~sign'~s test.

directional -नॅल् n. (दर्श०) दिश्य, (विद्यु०) दिशिक, दिक्-, दिशात्मक, दैशिक, दिशा-सम्बन्धी; (बेतारके) दिशा-यन्त्रसे सम्बन्धित;

~antenna, ~bond, ~derivative, ~finder, ~focussing, ~gyre, ~gyroscope, ~heterogeneity, ~homogeneity, ~island, ~isotropy, ~receiver, ~reception, ~sensitivity, ~ stability.

directive -'टिव् १. n. निदेश-पत्र, (विधा०) निदेश, अनुदेश, निक्षेप, सामान्य निर्देश; २. a. निर्देशक, निदेशक (*~ principle*), निदेशात्मक, नैदेशिक, मार्ग-निर्देशक, सूचक, ~aerial (ऋतु०) दिशिक आकाशी, दैशिक आकाशी; दिशात्मक एरियल; ~antenna अनुदिग् आकाशी।

directivity -विटि n. (विद्यु०) अनुदिशत्व।

directly –ट्'लि adv. & conj. अव्यवहित, प्रत्यक्षतः, (विधा०) **प्रत्यक्ष रीति^F से**, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, सीधे (*~attached*); तत्क्षण, तत्काल, अविलम्ब, शीघ्र, तुरन्त, अभी, फौरन, इसी समय; (बोल०) ज्योंही, जैसे ही (*went ~ I knew*); स्वयं।

directness –निॅस् n. ऋजुता^F; आर्जव, सीधापन; सामीप्य।

Directoire डरॅक्'ट्वार् a. (इति०) फ्रांसीसी डायरेक्टरी^F (संचालकमण्डल) के कालमें प्रचलित शैली^F में वसन-सज्जा^F करनेवाला।

director डॅरॅक्'टॅर् n. निदेष्टा, (विधु०) **निदेशित्र**, **निदेशक**, (कृषि०, राज०) निर्देशक, **नियामक**, संचालक, अध्यक्ष, शासिता, प्रबन्धक; (चल चित्र) रंगमंच-निर्देशक; चल-चित्र-निर्माता ⊙; किसी व्यक्तिका आध्यात्मिक निर्देशक पादड़ी; किसी यन्त्रकी गति^F का निर्धारक पुरजा; (शल्य०) दिग्दर्शक नाड़ी-यंत्र (शस्त्र चलानेके लिए); (फ्रेंच इति०) संचालक-मण्डल या प्रबन्ध-समितिका^F सदस्य; (गणित) नियत; चाँदमारी^F का घेरा;
~ administration, ~ circle, ~ debt, ~elevation, ~'s fees, ~ general, ~ meter, ~ programmes, ~ setting, ~ sphere, ~ system, ~training.

directoral –रॅल् a. संचालकीय, निर्देशक-सम्बन्धी।

directorate –रॅट् n. **निदेशालय**, संचालकालय, संचालक-कार्यालय; संचालक; अधिकर्त्ता समिति^F, संचालक-समिति^F, संचालक-मण्डल, संचालक-वर्ग; संचालन, संचालक प्रबन्ध; ~general **महा-निदेशालय**।

directorial डाॲरॅक्टॉ'रिॲल् a. संचालकीय, संचालकसे सम्बन्धित।

directorship डॅरॅक्'टॅर्शिप् n. संचालकत्व, संचालकता^F; संचालकपद।

directory¹ –रि n. निदेश-संहिता^F, **निर्देशिका**^F, नामदेशिका^F; (का०) **निदेशक**, **निदेशिका**^F, निदर्शनी^F, नाम, धाम, व्यवसाय आदि विविध विवरणोंकी पुस्तिका^F, विधान-ग्रन्थ, नियमावली^F, (फ्रेंच इति०) फ्रांसमें १७९५-९९ में अधिकारप्राप्त पाँच संचालकोंकी क्रान्तिकारी कार्यकारिणी सभा^F, संचालक-मण्डल, संचालक-वर्ग।

directory² a. निर्देशिनी, निर्देशक, डाइरेक्टरी।

directress –ट्रिस् n. संचालिका^F।

directrix –ट्रिक्स् n. संचालिका^F; (निर्दे० ज्या०) **नियता**^F, (*statical ~*), नियत रेखा^F, वक्र रेखा^F खींचनेकी स्थिर रेखा^F।

direful डाॲर्'फुल् a. भयंकरतापूर्ण, उग्रतापूर्ण, क्रूरतापूर्ण, घोर।

direfulness –निॅस् n. घोरता^F, भयंकरतापूर्णत्व, क्रूरतापूर्णता^F।

dirge डर्ज् n. (साहि०) **शोकगीत**, करुणगीत, मृत्यु-गान, मरसिया; विलाप, शोक।

dirhem डर्'हॅम् n. वजनका मिस्रदेशीय माप।

dirigible डि'रिजॅबॅल् १. n. नियन्त्रणीय गुब्बारा; इच्छानुसार उड़ाया जा सकनेवाला विमान या गुब्बारा; २. a. संचाल्य, प्रदेश्य, परिचालनीय, नियन्त्रित गतिवाला (*~torpedo*), ~ base (वैमा०) **वायुपोत अड्डा**।

dirigisme (F) प्रत्यक्ष नीति^F।

diriment डि'रिमॅन्ट् n. उद्वाह-वितथयन, किसी विवाहको गैरकानूनी ठहरानेकी बात^F।

dirk डर्क्' १. n. कृपाणिका^F, कृपाण-विशेष, छुरा, एक प्रकारकी कटार^F; २. v.t. कटार^F से मार डालना, छुरा भोंक देना, छुरेसे मार डालना।

dirt डर्ट' n. धूल ⊙; कर्दम, पंक, कीचड़, मैल, मल, कचरा; मैलापन, गन्दगी^F; भूमि^F, मिट्टी^F, जमीन^F; निरर्थक वस्तु^F, मूल्यहीन वस्तु^F, अशिष्ट वार्ता^F, गन्दी बात^F; किसी प्रदेश या देशका घृणास्पद नाम; ~-cheap बहुत सस्ता; ~-eating मिट्टी खानेका रोग; ~floor ⊙ मिट्टी^F का फर्श; ~pie मिट्टी^F के समोसे आदि; ~track दौड़का कच्चा रास्ता; yellow ~ स्वर्ण, सोना; *eat ~* अनादरको चुपचाप पी जाना, सहन कर लेना; *fling* ~दुर्वचन कहना, अपशब्द कहना, कीचड़ उछालना।

dirtiness –'टिनिॅस् n. मलिनता^F, मैलापन, गन्दगी^F।

dirtweed डर्ट'वीड् n. बथुआ (साग)।

dirty* १. v.t. & i. मलिन करना या होना, गन्दा करना, गन्दा होना; कुत्सित करना या होना, कलंकित करना; २. a. कर्दमयुक्त, धूल-धूसरित, मलिन, मैला, गन्दा*; गर्ह्य, कुत्सित, नीच; अश्लील, अपवित्र; दीप्तिहीन, बेचमक, घृण्य, मटियाला (रंग); खराब, तूफानी (मौसम); दुष्प्राप्त, अनुचित रूपसे प्राप्त; D~ Allan एक समुद्री पक्षी; ~money (परि०) **गन्दे कामका पैसा**; D~ Shirts दिल्लीकी १०१ नम्बरकी पैदल रेजीमेण्ट^F; ~work अरुचिकर कार्य, बेईमानी^F (*do* person's~ *work for him*); do *the* ~ (ग्रा०) कुत्सित चालाकी^F से काम लेना;
~area, ~blue, ~red, ~ship.

dirtyish –टिइश् a. मलिन, मैला-सा, कुछ गन्दा।

dis- वि- पृथक्-, भिन्न-, अलग, दूर (जैसे, *~pel*, *~tort*); द्वि-, दोके बीच (जैसे, *~syllabic*); प्र-, सर्वथा, बिल्कुल (जैसे, *~solve*, *~tress*); अन्, न (जैसे, *~connect*, *~used*)।

D. I. S. Director of Industrial Statistics.

disability डिसॅबि'लिटि n. अनर्हता^F, अपात्रता^F, कार्याक्षमता^F, अक्षमता^F, अनुपयोग, अयोग्यता^F, (विधा०, का०, मनो०) **निर्योग्यता**^F, अदक्षता^F; अस्वस्थता^F, (शिक्षा०) **अशक्तता**^F, असमर्थता^F, नैर्बल्य, निर्बलता^F; वैकल्य, विकलांगता^F, अंगहानि^F;
~ certificate, ~ leave, ~ pension, ~ relief and pensions.

disable डिसे'बॅल् v.t. विधानतः अयोग्य ठहराना, असमर्थ घोषित करना, अधिकारसे वंचित करना, मना करना; विकल करना, **विकलांग करना**, **अशक्त करना**,

असमर्थ करना, बेकार कर देना; अपांग करना, शक्तिहीन करना, निकम्माकर देना, अपाहिज बना देना, लँगड़ा-लूला कर देना।

disabled –ड् a. नियोग्य; अपांग, (का०) **विकलांग,** (विधा०) **अंगहीन,** विकलीकृत, अंगहीन कृत; निरुपयोज्य; निकम्मी (~ *vehicle*); (का०) **अशक्त, नाकाम** (~*ship*)।

disablement –ल्'मॅन्ट् n. अक्षमता^F, असामर्थ्य, अशक्ति^F, असमर्थता^F, अयोग्यता^F; अपांगत्व (विधा०, का०) **विकलांगता^F, अंगहानि^F,** (~ *benefit*)।

disabling –लिंग a. नियोग्यकारी (~ *giddiness*)।

disabuse डिसॅब्यूज़्' v.t. भ्रान्ति^F का अपाकरण करना, भ्रम निवारण करना, भ्रान्ति^F दूर करना, आँखें^F खोल देना, धोखा मिटाना, जताना।

disaccharide डिसै'कॅराइड् n. (रसा०) द्विशर्करा^F (चि०) T.

disaccord डिसॅकॉर्ड्' १. n. विमति^F, विरोध, मतभेद, भेद, फूट^F; २. v.i. विरोध होना, मतभेद होना, भेद होना, फूट होना।

disaccordant –'डॅन्ट् a. व्यावर्तक, भेदात्मक, विरोधी।

disaccreditation डिसैक्रि'डिटे'शॅन् n. **अवत्यायन।**

disaccustom डिसॅकस्'टॅम् v.t. स्वभाव-मुक्ति^F कराना, आदत^F छुड़वाना।

disacknowledge डिसॅक्नॉ'लिज् v.t. अस्वीकार करना, न पहिचानना।

disadvantage डिसॅड्वान्'टिज् n. क्षति^F, हानि^F, घाटा; अपकार, अपाय, अहित, **अलाभ,** असुविधा^F, प्रतिकूल अवस्था^F; प्रतिकूल प्रभाव; उपघात, विघ्न, बाधा^F।

disadvantageous –डैड्वॅन्टे'जॅस् a. क्षतिकारक, **अलाभकारी,** हानिप्रद; अनुपकारक, अहितकर, प्रतिकूल, असुविधाजनक; अपयशकारी, अपमानकारक।

disadvantageousness –निॅस् n. असुविधापूर्णता^F, अलाभमयता^F, हानिप्रदता^F।

disadventurous –रॅस् a. मन्दभाग्य, खोटी किस्मतवाला।

disaesthesia डिसीस्थे'सिॲ n. (मनो०, शिक्षा०) **झनझनाहट^F।**

disaffect डिसॅफे'क्ट् v.i. वितुष्ट करना, परायापन लाना, आत्मीयता^F मिटाना, अमित्र बनाना।

disaffected –टिड् a. वितुष्ट, असन्तुष्ट; निर्लिप्त, उदासीन, विरक्त, अभक्त, अलेप।

disaffectedness –निॅस् n. असन्तुष्टि^F; =DISAFFECTION.

disaffection डिसॅफे'क्'शॅन् n. वितोष, राजनीतिक विरक्ति^F, विराग, (का०) **अपराग,** निर्लिप्तता^F, अपरक्ति^F अननुरक्ति^F, अभक्ति^F, अश्रद्धा^F, असंतुष्टि^F, असन्तोष, मनमुटाव, रंजिश^F।

disaffiliate डिसॅफि'लिॲट् v.t. विलग्न करना, असम्बद्ध करना, विग्रह करना, अलगाना, जोड़ हटाना।

disaffirm डिसॅफ़म्' v.t. प्रत्याख्यान करना, प्रतिवाद करना, अनंगीकार करना, अस्वीकार करना, इनकार करना; (का०) (पूर्व निर्णयको) विपर्यस्त करना, उलट देना, मन्सूख करना।

disaffirmation –डैफ़र्मे'शॅन् n. प्रत्याख्यान, अनंगीकरण, प्रत्यादेश, अस्वीकृति^F, विपर्यास, मन्सूखी^F।

disafforest डिसॅफ़ॉ'रिॅस्ट् v.t. विवनीकरण करना, जंगलको विधानतः साधारण भूमि^F में परिवर्तित करना।

disafforestation –टे'शॅन् n. विवनीकरण, निर्वनीकरण, वननाशन, जंगलका विधानतः साधारण भूमि^F में परिवर्तन।

disaggregate डिसैग्'रिगेट् v.t. वियुक्त करना, एक-एक करना, बिखेरना, खण्ड-खण्ड करना।

disagree डिसॅग्री' v.i. विमत होना, असम्मत होना, सम्मत न होना, (विधा०) **असहमत होना,** मतभेद रखना, झगड़ा करना, लड़ना; विमिलन होना, विरोध होना, अनुकूल न होना, भेद होना, मेल न खाना; अस्वास्थ्यकर होना, स्वास्थ्य आदिके प्रतिकूल होना; अरुचिकर होना, अप्रीतिकर होना।

disagreeable –ग्रि'ॲबॅल् १. n. (प्रायः बहु०) अप्रिय अनुभूतियाँ^F या अनुभव, कष्ट, चिन्ताएँ^F, परेशानियाँ^F; २. a. अनभिमत, विरक्तिकर, अप्रिय, अरुचिकर, असन्तोषजनक, अनिष्ट, नापसन्द, नागवार; दुःशील, दुर्विनीत, विनयशून्य, बदमिजाज।

disagreeableness –निॅस् n. (शिक्षा०) **अनभिमति^F,** विरुचिकरता^F, अप्रियता^F, अरुचि^F, नागवारी^F; दुश्शीलता^F, दुर्विनय^F, बदमिजाजी^F।

disagreeing –ग्री'इंग् n. विमिलन, असहमति^F, विरोध करना।

disagreement –मॅन्ट् n. विमति^F, असम्मति^F, (राज०) **असहमति^F,** विरोध, विमिलन, प्रतिकूलता^F, मतभेद, भेद, वैमत्य, झगड़ा, लड़ाई^F, असादृश्य; अनुपयोगिता^F; विवाद; अनैक्य; अरुचि^F;

disallow डिसॅलॉउ v.t. विनिषेध करना, निषेध करना, अभ्यनुज्ञा^F न देना, आज्ञा^F न देना, (का०) **अस्वीकार करना, मना करना,** रोकना, नामंजूर करना।

disallowable –'ॲवॅल् a. विनिषेध्य, अननुज्ञेय; निषेधयुक्त।

disallowance –ॲन्स् n. (का०, राज०) **अस्वीकृति^F** निषेध, निवारण; **भत्ता निषेधन।**

disallowed –ड्' a. निषिद्ध, प्रत्यादिष्ट, अस्वीकृत।

disally डिसॅलाइ' v.t. & i. पृथक् करना (होना); सन्धि-भंग करना (होना)।

disanchor डिसैन्'कॅर v.t. & i. लंगर उठा लेना लंगर छुड़ा लेना।

disanimate डिसै'निमेट् v.t. प्राण लेना, हतजीवित करना।

disannul डिसॅनल्' v.t. रहित करना, लुप्त करना, अन्त करना, मिटा देना, रद्द करना, हटाना, मिटाना; खण्डित करना, तोड़ना, काटना।

disannulment –'मॅन्ट् n. लोप, राहित्य, अन्त, व्यर्थता^F।

disanoint डिसॅनाएँन्ट् v.t. धर्म-संस्कारको व्यर्थ करना, अपवित्र करना।

disapparel डिसॅपैॅ'रॅल् v.t. वस्त्र उतारना, परिधान-रहित करना।

disappear डिसॅपीअॅर् v.i. तिरोभाव होना; तिरोभूत होना, तिरोहित होना, अन्तर्हित होना, अदृश्य होना, अदृष्ट हो जाना, लुप्त हो जाना, लोप होना, ओट या ओझल होना, खो जाना, छिप जाना, मिटना, गायब हो जाना।

disappearance –'रॅन्स् n. तिरोधान, अन्तर्धान, अदृश्यता^F, अदर्शन, विलुप्ति^F, लोपन, लोप, ओझल, ओट^F।

disappoint डिसॅपाएँन्ट्' v.t. आशाओं^F पर पानी फेरना, विफल करना, निष्फल करना, वचन-विरुद्ध काम करना, आशा^F भंग करना, आशा^F तोड़ना, हताश करना, निराश करना (*~ed at, in, of, with*)।

disappointed –'टिॅड् a. विफलमनोरथ, हताश, निराश; agreeably ~ अपनी आशंकाओं^F को निराधार जानकर प्रसन्न।

disappointing –टिंग् a. आशाहीन, हताशकारी, नैराश्य-व्यंजक, निराशाजनक।

disappointment –'मॅन्ट् n. क्षोभ, नैराश्य, व्यर्थीकरण, आशाभंग, हताशा^F, (शिक्षा०) **निराशा^F**।

disapprobation डिसॅप्रॅबे'शॅन् n. प्रतिनिन्दन, तिरस्कार, अप्रीति^F, निन्दा^F; अननुमोदन, असहमति^F, असम्मति^F, विमति^F, विरोध; **पसन्द^F न करना**।

disapprobative, disapprobatory –'रॅबेटिव्, –टॅरि aa. तिरस्कारपूर्ण, निन्दात्मक; तिरस्कारसूचक; अस्वीकारात्मक।

disappropriate डिसॅप्रो'प्रिअेट् v.t. अयुक्त बनाना, व्यक्तिगत अधिकारसे मुक्त कर देना; उपयुक्तता^F से हटाना।

disapproval डिसॅप्रू'वॅल् n. तिरस्कार, निन्दा^F; **निरनुमोदन**, (दर्श०) **अननुमोदन, असंमनन, अस्वीकृति^F**, असम्मति^F, अस्वीकृति^F, विरोध, नापसन्दगी^F।

disapprove –व्' v.t. & i. प्रतिनिन्दन करना, तिरस्कार करना, निन्दा^F करना; अननुमोदन करना, (विधा०) **निरनुमोदन करना**, अस्वीकार करना, असम्मति^F प्रकट करना, विरोध प्रकट करना, नापसन्द करना।

disarm डिसाम्'' v.t. & i. शस्त्र रखवा लेना, हथियार गिरा देना; दमन करना; निरायुध करना, निरस्त्र करना, निःशस्त्र करना, निहत्था करना; सैनिक व्यवस्था^F समाप्त करना; शान्ति^F करना, शत्रुता^F अथवा शंकाएँ^F दूर करना; विध्वंसक शक्ति^F से वंचित करना या हटा लेना, अहानिकर करना; (नगरसे) मोर्चाबन्दी^F तोड़ देना, सेना^F हटा लेना; थोड़ी सेना^F रखना या होना (जितनी शान्ति-समयमें थी); (जहाजको) सामान उतारकर खाली कर देना।

disarmament –'ममॅन्ट् n. शस्त्रालघन (*~conference*), (राज०) **निःशस्त्रीकरण** (*~commission*), शस्त्रत्याग।

disarmed –म्ड्' a. निरायुध, निःशस्त्र, निहत्था।

disarming –'मिंग् n. **हथियार छीनना, निष्क्रिय करना**।

disarrange डिॅसॅरेन्ज् v.t. विश्रृंखल करना, अव्यवस्थित करना, क्रमभंग करना, अस्त-व्यस्त करना, उलट-पुलट करना।

disarrangement –'मॅन्ट् n. क्रमभंग, अक्रम, विश्रृंखला^F, अव्यवस्था^F, अस्तव्यस्ता^F, गड़बड़।

disarray डिसॅरे' १. n. विश्रृंखला^F, क्रमभंग, अव्यवस्था^F, अस्तव्यस्तता^F, उलट-पुलट^F, गड़बड़; विवस्त्रीकरण; २. v.t. विश्रृंखल करना, क्रमभंग करना, अव्यवस्थित करना, अस्त-व्यस्त करना, उलट-पुलट करना; परास्त करना; (का०) विवस्त्र करना, वस्त्रहीन करना, नंगा करना।

disarticulate डिसॉर्टि'क्यूलेट् v.t. सन्धियों^F परसे पृथक् करना, जोड़परसे अलग करना।

disarticulation –ले'शॅन् n. (शल्य०) संधिविच्छेदन, संधिवियोजन, जोड़ोंपर अंगच्छेदन, जोड़ोंपरका अलगाव।

disassemble डिसॅसे'म्'बॅल v.t. भागोंको अलग करना, खोलना (मशीन^F आदि)।

disassimilation डिसॅसिमिले'शॅन् n. **(चि०)** दुरसात्म्यीभवन, सात्म्यीकरण, शक्ति-नाश; रसायन-परिवर्तन; असमीकरण।

disassociate –डिसॅसो'शिअेट् v.t. निरासखीयन करना; निरायोजन करना, अलग हो जाना, नाता तोड़ देना।

disassociation –ए'शॅन् n. निरायोजन, (सांख्य०) **असाहचर्य**, सम्बन्ध-विच्छेद, निरासखीयन (विशे० *~ of a personality*)।

disaster डिजास्'टॅर् n. आपदा^F, विपद^F, विपत्ति^F, (राज०) **घोर विपत्ति^F, विनाश**, अनर्थ, संकट, भीषण दुर्घटना^F, आफत^F, दुर्भाग्य, अभाग्य (*a record of ~*)।

disastrous –ट्रॅस् a. आपद्युक्त, विपद्युक्त, अनर्थपूर्ण, भीषण, दारुण, घोर, सर्वनाशकर, सर्वनाशी, अमंगलजनक; भाग्यहीन।

disastrousness –नि'स् n. विपत्ति^F, संकट, अनर्थ; भीषणता^F, दारुणता^F; अनर्थपूर्णता^F।

disattach डिसॅटैच्' v.t. पृथक् करना; बँधे हुएको खोलना।

disavow डिसॅवॉउ' v.t. प्रत्याख्यान करना, निवर्तन करना, अनंगीकार करना, निःस्वीकार करना, अस्वीकार करना, न अपनाना, इनकार करना, न मानना, नाहीं^F करना।

disavowal –'ॲल् n. अस्वीकृति^F, इनकार, (राज०) **मुकरना**, नाहीं^F।

disband डिस्बैन्ड्' v.t. & i. (सेना^F आदिको) विच्छिन्न करना, छिन्न-भिन्न करना या होना, (राज०) **भंग करना,** तितर-बितर करना या होना, बरखास्त करना या होना, **तोड़ना,** टूटना, बिखेरना, बिखरना।

disbandment –'मॆन्ट् n. भंगकरण, सैन्यभंग (~ *unit*), सेनाभंग, **विघटन, तोड़ना,** तितर-बितर।

disbar डिस्बार्' v.t. विधिच्युत करना, (का०) **विवर्जित करना,** विधि-परिषद्^Fकी सदस्यता^F छीन लेना, न्यायालयसे बहिष्कृत करना, वकालत^F करनेसे वंचित करना, वकालत^F करनेका अधिकार छीन लेना, अलग करना।

disbark डिस्बार्क्' v.t. वल्कलविहीन करना; जलपोतसे उतरना।

disbarment डिस्बार्'मॆन्ट् n. विधिच्युति^F, विधिपरिषद्^Fकी सदस्यता^Fसे बहिष्कार, वकालत^Fके अधिकारका अपहरण।

disbelief डिस्'बिलीफ़् n. अप्रत्यय, अविश्वास, नास्तिकता^F।

disbelieve –व्' v.t. & i. अविश्वास करना, विश्वास न करना या रखना, न मानना, यकीन न करना, कायल न होना; नास्तिक होना।

disbeliever –'वॅर् n. अविश्वासी, अश्रद्धालु, नास्तिक।

disbench डिस्बे॑न्च्' v.t. न्यायासन-च्युत करना, पीठच्युत करना, बेंचरके अधिकारको छीन लेना, उससे वंचित करना, बेंचरके अधिकारसे हटा देना, निकाल देना।

disbodied डिस्बॉ'डिड् a. शरीरसे पृथक् किया हुआ।

disbowel डिस्बॉउ'इॅल् v.t. आँतों^Fको निकालना।

disbranch डिस्ब्रान्च्' v.t. शाखाहीन करना, शाखें^F छाँटना, टहनियाँ^F काट डालना।

disbud डिस्बड् v.t. निर्मुकुलित करना, कलियाँ^F चुन लेना, कलियाँ^F हटा देना, तोड़ लेना।

disbudding –डिंग n. (कृषि०) **कलिका-अपनयन, कली^F तोड़ना।**

disburden डिस्बर्'डॅन् v.t. मन हलका करना, (विचार) प्रकट करना, कह डालना; भारमुक्त करना, भार हटा देना, (बोझसे) मुक्त करना, बोझा उतारना।

disburse डिस्बर्स्' v.t. & i. संवितरण करना, (का०) **वितरण करना,** (अर्थ०) **राशि-वितरण करना,** धन देना, भुगतान करना, बाँटना, चुकाना, रुपया अदा करना; (का०) **परिव्यय करना,** व्यय करना, खर्च करना।

disbursed –स्ड्' a. संवितीर्ण, विनियुक्त, संवितरण किया गया, भुगतान किया गया।

disbursement –स्'मॆन्ट् n. विनियोग, संवितरण, (का०) **वितरण, बाँटना,** भुगतान, अदाई^F, चुकाई^F, बेबाकी^F; (का०) **परिव्यय,** व्यय, खर्च;
~ certificate, ~ guarantee, ~ loan, ~ report.

disburser –'सॅर n. संवितरक, व्ययी।

disbursing –सिंग् a. संवितरण-सम्बन्धी, व्ययी (~*officer*)।

dis(c). DISCOUNT; DISCOVERER.

disc डिस्क् n. (चि०) **चक्रिका^F;** (इंजी०) चक्री^F; (विद्यु०) **चकती^F;** (चि०, रसा०) मण्डल, (वन०, गणि०, भौ०) **मण्डलक;** (वन०, गणि०, भौ०) **बिम्ब;** थाली^F, तवा T. कटोरा, इत्यादि गोल पात्र; ~base (पुरा०) **कटोरेनुमा, पेंदेदार;**
~armature, ~coulter, ~crank, ~cultivator, ~discharge, ~discharger, ~floret, ~harrow, ~hole-blade, ~indicator, ~pile, ~record, ~signal, ~spotting, ~valve.

discal 'कॅल् a. बिम्बी^F, तश्तरी^F या टिकिया^F जैसी गोल चीज^Fसे सम्बन्धित।

discalceate डिस्कैल्'शि ऍट् a. & n., **discalceated, discalced** ऍडिड्, –स्ट् a. नंगे पैर या खड़ाँव पहने (साधु)।

discandy डिस्कैन्'डि v.i. घुलना।

discapacitate डिस्कॅपै'सिटेट् v.t. अयोग्य बनाना।

discard डिस्काड्' १. n. ताशके किसी पत्तेकी छाँट^F; छाँटा जानेवाला पत्ता; कूड़ा-करकटका ढेर ⊙; २. v.t. & i. ताशके किसी पत्तेका छाँटना, बदरंगमें फेंकना; सेवामुक्त करना, अलग करना, निकालना, हटाना, बरखास्त करना; त्यागना, तजना, दूर फेंकना, छोड़ देना, एक बगल^F रखना।

discarnate डिस्कार्'नॅट् a. अमूर्त्त, अशरीरी, विदेह, देहमुक्त।

discase डिस्केस्' v.t. वल्कल हटाना; आवरण हटाना, खोलना।

discern डिसॆ(ज़े॑)र्न्' v.t. & i. निर्णय करना, विवेचन करना; समझ लेना, भाँप लेना, ताड़ जाना, देख लेना; (प्रा०) विवेक करना, अन्तर पहचानना, भेद करना, अच्छा-बुरा पहचानना।

discerner –'नॅर् n. प्रत्यक्षक, विवेचक, मीमांसक, निर्णय करनेवाला।

discernible –निबॅल् a. विवेचनीय, परीक्षणीय, विचारणीय, द्रष्टव्य, प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, समझने योग्य, भाँपने योग्य।

discernibleness –निस् n. विचारणीयता^F, परीक्षणीयता^F, विवेचनीयता^F।

discerning –निंग् a. विवेकी, दूरदृष्टि, सूक्ष्मदर्शी, परिणामदर्शी, विवेचनशील, विचारशील।

discernment –न्'मॆन्ट् n. दूरदृष्टि^F, सूक्ष्म दृष्टि^F; विवेचन, विवेकिता^F, अवबोध, विवेक, विचार, विचारणा^F।

discerp डिसॆर्प्' v.t. फाड़ डालना या पृथक् करना।

discerptibility –र्टिबि'लिटि n. विदारणीयता^F या विभेदनीयता^F, पृथक्त्व।

discerptible –'टिबॅल् a. विदारणीय या विभेद्य, अलगाने योग्य।

discerption –'शॅन् n. व्यवच्छेद, विभेदन, अलगाव, पृथकीकरण।

discharge[1] डिस्चार्ज्' n. **निरावेश,** (रसा०) विसर्ग,

विसर्जन, बन्दूक^F आदिका उद्‌गार, दागना, दगना, फैर; (नौवि०) नली^F; नौकरीसे निकाल बाहर करना; पद-च्युति^F, अधिकारभ्रंशन, सेवामुक्ति^F, सेवामोचन; (का०) **निर्वहण**, कर्तव्य-सम्पादन, अनुष्ठान, कर्तव्य-निर्वाह, (का०) **कर्तव्य-पालन**, निभाना; (यंत्र०) **निस्सार**; (का०) **उन्मोचन**, उन्मुक्ति^F, मोचन, मुक्ति^F, मोक्ष, मुक्ति-दान, मुक्ति-पत्र, दोष-मोचन, निर्दोषीकरण, छुटकारा, छूट^F, माफी^F, रिहाई^F; भारावतरण, (जहाज आदिसे) माल उतारना; (रेल०) **निस्सरण, निस्सारण**, (विद्युत्^F, द्रव, मवादका) उद्वमन, (चि०) आस्राव, **प्रस्राव**, निकास; आनृण्य, ऋण-निस्तार, ऋण-शोधन, भुगताना, चुकती^F, बेबाकी^F; रंग छुड़ानेका मसाला; रंग छुड़ाना;

~book, ~certificate, ~civilians, ~cock, ~lake, ~lamp, ~nozzle, ~peg, ~rate, ~receipt, ~register, ~required, ~salt, ~slip, ~tube, ~valve, ~warning, ~wick.

discharge² v.t. & i. (बन्दूक^F) दागना, (तीर) चलाना; पदच्युत करना, सेवामुक्त करना, (का०) **उन्मुक्त करना**, निकाल बाहर करना, (का०) **अलग करना, हटाना, बरखास्त करना** (*was~d from the service*); (रोगी या पंचको) जानेकी आज्ञा^F देना; (का०) **निर्वहण करना**, कर्तव्य निर्वाह करना, निभाना; ऋणमुक्त होना; वचन पूरा करना; (परि०) **उतारना**, (जहाज आदिसे) माल उतारना; विद्युत्^F निकाल लेना; (मवाद आदि) निकालना, बोझा उतारना; (नदी^Fका समुद्रमें) गिरना; (कानून) दोषमुक्त करना, मन्सूख करना; (कैदीको) उन्मुक्त करना, उन्मोचन करना, छोड़ना, रिहा करना; (रंग०) रंग दूर करना, रंग छुड़ाना; *~a rule* नियमको निराकृत करना।

discharged –ड् a. दोषमुक्त, (का०) **उन्मुक्त**, सेवामुक्त; (विद्युत्^F) विभृत, शोधित।

discharger –जॅर् n. **क्षेपी** (*~cup*), बन्दूक^F आदि दागनेवाला; पदच्युत करनेवाला; दोषामोचक, मोचक, मुक्तिदाता, छुटकारा देनेवाला, माफी^F देनेवाला; कर्तव्य-पालक; ऋण-निस्तारक, ऋण-शोधक, बेबाक करनेवाला; (जहाज आदिसे) माल उतारनेवाला; रँगरेज, रंग छुड़ानेवाला।

discharging –जिंग् a. **विसर्जक** (~ current, ~ tongs ~ arch), (यंत्र०) **सहायक डाट^F, मेहराब^F या कमान^F**; ~port (नौवि०) **उतार पत्तन, उतारू पोर्ट**; ~tongs (रसा०) **विसर्जन चिमटा**।

discharm डिस्चार्म्' v.t. सम्मोहन-अपसारण करना, जादू-टोनेका प्रभाव हटाना।

disciferous डिस्-सि'फ़रॅस् a. बिम्बमय, चक्रावृत्त, थालीवाला।

discinct डिसिन्क्ट्' a. निरस्त्र; असन्नद्ध, बिना हथियारके, बिना तैयारी^Fके।

disciple डिसाइ'पॅल् n. अन्तेवासी, शिष्य, छात्र, विद्यार्थी, चेला, शागिर्द; खीष्टके अनुयायियोंमेंसे एक (अनुयायी)।

discipleship –शिप् n. शिष्यत्व, अनुयायित्व, छात्रत्व।

disciplinable डिस्'सिप्लिनॅबॅल् a. अनुशास्य, अनुशासनीय, नियंत्रणीय।

disciplinal डिसिप्लाइ'नॅल् a. आनुशासिक, अनुशासनसे सम्बन्धित, नियन्त्रण या सुव्यवस्था^Fसे सम्बन्धित, शिक्षण-सम्बन्धी।

disciplinarian डिसिप्लिनेऑ'रिॲन् n. अनुशास्ता, अनुशासन-प्रिय व्यक्ति, नियम-प्रिय व्यक्ति (*good, poor, ~*)।

disciplinary डिस्'सिप्लिनॅरि, डिसिप्लाइ'नॅरि a. आनुशासिक (*~action, ~measure*), **अनुशासनीय**, अनुशासनात्मक, **अनुशासन सम्बन्धी**, (अनुशासनका) सुधारक, शोधक, शिस्त, मानसिक अनुशासन या शिक्षणसे सम्बन्धित;

~ action, ~ measure, ~ proceeding, ~punishment.

discipline¹ डिस्'सिप्लिन् n. **अनुशासन**, (*~office, ~section*), मानसिक तथा नैतिक शिक्षण; (प्रा०) अनुशासन-विद्या^F, शिक्षा^Fकी एक शाखा^F; संयम, निग्रह^F, नियन्त्रण; दमन, दण्ड; नियमानुशीलता^F, नीति^F, गिरिजाघर सदस्योंके ऊपर नियन्त्रण; तपश्चर्या^F, तपके द्वारा निग्रह; (प्रा०) युद्धशिक्षा^F, रणशिक्षा^F, कवायद^F; आचरण-नियम।

discipline² v.t. अनुशासन सिखाना, अनुशासित करना, अनुशासनमें लाना, संयमी बनाना, नियमित करना, नियन्त्रणमें लाना, व्यवस्थित करना, कवायद^F सिखाना, [illegible]ाना।

disciplined –ड् a. अनुशिष्ट, अनुशासित।

discipliner –नॅर् n. अनुशासक, अनुशासन रखनेवाला।

discipular डिसि'प्यूलॅर् a. शिष्य-सम्बन्धी, छात्र-सम्बन्धी।

disclaim डि[illegible]क्लेम्' v.t. & i. अस्वीकार करना, इन्कार करना, न मानना; **प्रत्याख्यान करना**, स्वत्व त्यागना, वैधानिक स्वत्वका त्याग करना, अधिकार छोड़ना, हाथ उठा लेना, (का०) **दावा छोड़ देना**, दावा हटा लेना।

disclaimant –मॅन्ट् n. स्वत्वत्यागी, दावा उठा लेनेवाला।

disclaimer –[illegible]र् n. अस्वीकरण, इनकार, न मानना; स्वत्व-परित्यजन स्वत्व-त्याग, अधिकार-त्याग, दावा त्याग।

disclamation [illegible]मे'शॅन् n. स्वत्वत्याग; अस्वीकृति^F।

disclose डिस्[illegible] v.t. उद्घाटित करना, उद्घाटन करना, प्रकाशमें [illegible]ना, स्पष्ट करना, (विधा०) **प्रकट करना**, व्यक्त कर[illegible]धारना, खोलना, बताना।

discloser –'ज़[illegible] n. उद्घाटक, प्रकाशक, खोलनेवाला।

disclosure -'ज़र् n. विवृति[F], उद्घाटन, (वाणि०) **प्रकटीकरण**, प्रकाशन; उद्घाटित विषय, प्रकाशित वस्तु[F], खुली हुई वस्तु[F] या विषय।

discobolus डिस्कॉ'बॅलॅस् n. (pl. -*li*) प्राचीन कालमें लौहचक्र फेंकनेवाला व्यक्ति; किसी व्यक्तिकी चक्र फेंकते हुएकी मूर्त्ति[F]।

discoid डिस्'काएँड् a. **बिम्बाभ**; कटोराकार; चक्राभ (~*placenta*), चक्राकार, मण्डलाकार (~*flowers*); (इति०) **पेंदेदार**।

discoidal -डॅल् a. चक्रवत्; (जीव०) **बिम्बाभी** (~*segmentation*), बिम्बाभीय, थाले जैसा।

discolour डिस्'कॅलॅर् v.t. & i. विरंजित करना, विवर्णित करना, विवर्ण करना, वर्णान्तर करना, मलिन करना, धब्बे डालना, धब्बे पड़ना, रंग बिगाड़ना, बेरंग, बनाना।

discolo(u)ration, discolourment -रे'शॅन्, -मॅन्ट् nn. (कृषि०) **निवर्णन**, विवर्णन, **अपवर्णन अपवर्णता**[F], (चि०) वैवर्ण्य, विवर्णता[F], वर्णान्तरण, विवर्णीकरण, **विवर्ण होना**, धब्बे डालना या पड़ना, बेरंगी।

discoloured -ड् a. विवर्ण, विवर्णित, वर्णान्तरित, फीका पड़ा हुआ।

discolo(u)rization -राइज़े'शॅन् n. वर्णापनयन।

discomfit डिस्कम्'फ़िट् v.t. प्रयत्न असफल कर देना, छक्के छुड़ा देना, उलट देना, चलने न देना; युद्धमें पराजित करना, परास्त करना, मात करना।

discomfiture -ट्यु'ॲर् n. असफलता[F], उलट-पुलट, छक्के छूट जाना; पराभव, पराजय[F], हार।

discomfort डिस्कम'फ़ॅर्ट् १. n. क्लेश, कष्ट, दुःख, असुख, अशान्ति[F], तकलीफ़[F]; असुविधा[F], व्यथा[F], शारीरिक अथवा मानसिक पीड़ा[F], उलझन[F]; २. v.t. व्यथित करना, पीड़ा[F] देना, क्लेश पहुँचाना, कष्ट देना, बेचैन करना।

discomfortable -फ़ॅटॅबॅल् a. कष्टकर, असुविधापूर्ण, क्लेशयुक्त।

discommend डिस्कॅमे'न्ड्' v.t. गर्हित करना, आरोप लगाना; बुराई[F] करना।

discommendable -'डॅबॅल् a. दूष्य, गर्ह्य, निन्द्य, दोषारोपणके योग्य; बुराई[F] करने लायक।

discommendation -डे'शॅन् n. गर्हणा[F]; दोषारोप।

discommode डिस्कॅमोड्' v.t. कष्ट देना, क्लेश या असुविधा[F]में डालना, तकलीफ़[F] देना।

discommodity -मॉ'डिटि n. असुविधापूर्णता[F]; (अर्थ०) **अपण्य**; हानि[F], कष्टदायक वस्तु[F]।

discommon डिस्कॉ'मॅन् v.t. सार्वजनिक भूमि[F]को व्यक्तिगत भूमि[F] बनानेके लिए बाड़ा लगाना, घेरना; दुकानदारको विद्यार्थियोंके हाथ माल बेचनेसे रोकना; सामान्याधिकारसे च्युत करना।

discommunity डिस्कॅम्यू'निटि n. असंहति[F], जाति-विगठन करना।

discompose डिस्कॅम्पोज़्' v.t. विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, अशान्त करना, विकल करना, व्याकुल करना।

discomposedness -'ज़िड्नि'स् n. विकलता[F], क्षुब्धता[F], व्याकुल-चित्तता[F], व्यग्रता[F]।

discomposure -ज़र् n. क्षोभ, उद्वेग, व्यग्रता[F], आकुलत्व, अशान्ति[F], परेशानी[F]।

disconcert डिस्कॅन्से'र्ट्' v.t. व्यग्र करना, विकल करना, अशान्त करना, व्याकुल करना, घबड़ा देना; विलक्षीकरण करना, (योजना[F], व्यवस्था[F]को) व्यर्थ करना, नष्ट करना, उलट देना, बिगाड़ देना, गड़बड़ करना।

disconcertion -र्'शॅन् n. विलक्षीकरण; घबड़ाहट[F], हेर-फेर।

disconcertment -ट्'मॅन्ट् n. व्यग्रता[F], विकलता[F], अशान्ति[F], व्याकुलता[F], घबराहट[F]; उलट-पुलट, बिगाड़, गड़बड़ी[F]।

disconformable डिस्कॅन्फ़ॉ'र्मॅबॅल् a. असामंजस्यपूर्ण, असादृश्ययुक्त, असंगत, असमान।

disconformity -मिटि n. विसंवाद, असंगति[F]; (प्रा० भू०) **अपसम विन्यास**, असमानता[F], असादृश्य।

discongruity डिस्कॅन्ग्रू'इटि n. असामंजस्य, असंगति[F]; असम्मति[F]।

disconnect डिस्कॅने'क्ट्' v.t. (विद्यु०) वियुक्त करना, अपयोजन करना, पृथक् करना, सम्बन्ध विच्छेद करना, सम्बन्ध तोड़ना, अलग करना।

disconnected -'टिड् a. पृथक्, विलग, विश्लिष्ट, वियुक्त, अलग।

disconnecting -टिंग् a. वियोजक (~ *chamber*)।

disconnectedness -नि'स् n. विश्लिष्टता[F], पृथक्त्व, असंगति[F], असम्बद्धता[F]।

disconnective -टिव् a. विश्लेषी, अपयोजी, पृथक्कारी।

disconnexion,-ction 'शॅन्, -क्'शॅन् n. असंगति[F], असम्बद्धता[F]; अपयोजन, **वियोजन**, (~ *fault*, ~*list*), पृथक्करण, पृथक्ता[F], विलगता[F], **काटना**, अलगाव।

disconsolate डिस्कॉन्'सॅलॅट् a. विषण्ण, उद्विग्न, खिन्न, अधीर, शोकाकुल, म्लान, निराश, दीन; अनाथ, अशरण, असहाय।

disconsolateness -नि'स् n. विषण्णता[F]; उद्विग्नता[F]; म्लानता[F], दीनता[F], असहायता[F]।

disconsolation -ले'शॅन् n. असुख, असुविधा[F], हर्षरहितत्व, निराशा[F], असान्त्वना[F]।

discontent डिस्कॅन्टे'न्ट्' १. n. असंतृप्ति[F], अतृप्ति[F], असन्तुष्टि[F], (का०) **असन्तोष**; कष्ट, पीड़ा[F]; २. v.t. अतृप्त करना, असन्तुष्ट करना; ३. a. अतृप्त, अशान्त, असन्तुष्ट।

discontented -'टिड् a. असन्तुष्ट, अतृप्त।

discontentedness, discontentment -नि'स्, -ट्'मॅन्ट् nn. अशान्ति[F], अतृप्ति[F], असन्तोष, असन्तुष्टि[F]।

discontentful -ट्'फ़ुल् a. असन्तोषपूर्ण, अतृप्तिपूर्ण।

discontiguous डिस्कॅन्टि'ग्यूअॅस् a. असंहत, सम्बन्धावच्छिन्न।

discontinuance डिस्कॅन्टि'न्यूअॅन्स् n. विरमण, विराम, (का०) **विच्छेद**, क्रमभंग (~ *of a suit*), परित्याग, समाप्ति^{F}; **बन्द कर देना।**

discontinuation –एॅ'शॅन् n. क्रमभंग, अन्तराय, विच्छेद, विराम।

discontinue –'न्यू v.t. & i. विरमण करना, समाप्त करना, बन्द करना, रोकना; विच्छेद करना, विच्छिन्न करना, त्यागना, क्रम तोड़ना, छोड़ना।

discontinued –ड् a. विरत, असतत, बन्द।

discontinuity –कॉन्टिन्यू'इटि n. **असांतत्य**, (गणि०, ऋतु०, परि०) **असातत्य**, असतति^{F}; (गणि०, ऋतु०, परि०) **सान्तरता**^{F}; अविछिन्नता^{F}; **संग**; निवृत्ति^{F}, विरति^{F}, क्रमभंग, विलगता^{F}, अलगाव।

discontinuous –कॉन्टि'न्यूअॅस् a. असन्तत, असन्तानी, (कृषि०, गणि०) **असतत**, (का०) **विच्छिन्न**, विरल, विरर, सान्तर, बन्द;
~ function, ~ light, ~ spectrum, ~ variate, ~ variation.

discord[1] डिस्'कार्ड् n. कर्कश ध्वनि^{F}, टकरानेके शब्द; असहमति^{F}, वैमत्य, मतभेद, मनमुटाव, विरोध, फूट^F, कलह^F, झगड़ा; (संगीत) विसंवाद, असामंजस्य, (भौ०) **विस्वरता**^{F}, **विसंगति**^{F}, स्वर-विषमता^{F}, अनैक्य; विषम सुर, अपस्वर, स्वर-विरोध, बेसुरापन; अप्रिय या अरोचक तन्त्री^{F} (ताँत^F)।

discord[2] –ड् v.i. कर्कश ध्वनि^{F} उत्पन्न करना; असंगत होना, असहमत होना, वैमनस्य होना, मतभेद होना, विरोध होना, भेद होना, मेल न होना, फूट होना; विस्वर होना, कानोंको अप्रिय होना, बेसुरा होना, बेमेल होना।

discordance, -cy –'डॅन्स्,-सि nn. वैमत्य, विषमता^{F}, असंगति^{F}, विमति^{F}, भेद, भिन्नता^{F}; विसंवादिता^{F}, बेसुरापन।

discordant –न्ट् a. विरुद्ध, प्रतिकूल, (भौ०) **असंगत**, **विसंगत**, विभिन्न; (प्रा० भू०) उत्क्रामी (~*intrusion*), विसंवादी, (भौ०) **विस्वर**, विषम, बेसुरा, बेमेल।

discorporate डिस्कॉर्'पॅरेट a. विखण्डित, अंगभ्रष्ट, शरीर-भिन्न, शरीरसे अलग किया हुआ।

discount[1] डिस्'कॉउन्ट् n. पूर्वप्रापण, अपहार, कटौती^{F}, (अर्थ०, का०) **मितीकाटा**, दस्तूरी^{F}, (अर्थ०, का०) **बट्टा**, मुजराई^F, छूट^F, बट्टा देना; हुण्डावन, किसी आख्यानको सत्य माननेके पहले उसमेंसे अतिशयोक्ति^{F} निकाल देना; *at a* ~ मन्दा, सस्ता, असल दामसे कमपर;
~ account, ~ allowed, ~ broker, ~column, ~-day, ~ house, ~ ledger, ~ market, ~ rate, ~ received, ~ register, ~ vendor.

discount[2] –ट् v.t. पूर्णप्रापण काटना, अपहार काटना, बट्टा काटना, कमीशन काटना; घटाना, निकालना, कम करना; तुरन्त लाभके लिए परन्तु थोड़े लाभपर बेचना; (का०) **बट्टा चुकाना**, हुण्डी^{F} चुकाना, पाना; हिसाबसे बाहर करना; गणना^{F}में न रखना; पहले से ही कहकर प्रभावहीन बना देना, पहलेसे कहकर (समाचार आदिको) बासी कर देना, पुराना बना देना; अतिशयोक्ति^{F}के लिए छूट^F देना।

discountable –'टॅबॅल a. अपहार्य, छूट^F देने योग्य; हुण्डी^{F} चुकाने या पाने योग्य; कम करने योग्य; हिसाबसे हटा लेने योग्य; पहलेसे कहकर बासी करने योग्य।

discounted –टिड् a. पूर्वप्रापित; ~ value (अर्थ०) कटौती मूल्य।

discountenance –'टिनॅन्स् v.t. असमर्थन करना, अस्वीकृति^{F} प्रकट करना, रद्द करना; अप्रतिभ करना, हताश करना, अनुत्साहित करना, निरुत्साहित करना।

discountenanced –ड् a. हताश, अनुत्साहित।

discounter –'टॅर् n. बट्टा या छूट^F काटनेवाला।

discounting –टिंग् n. पूर्वप्रापण, हुण्डावन।

discourage डिस्क'रिज् v.t. हतोत्साह करना, निरुत्साहित करना, निरुत्साह करना, शक्तिहीन करना, उत्साह भंग करना, निराश करना, आशा तोड़ना, उमड़ने न देना; समर्थन करनेसे इनकार करना; निवृत्त करना, निवारण करना, हटाना, रोकना।

discourageable –जॅबॅल् a. अवसाद्य, निरुत्साह्य।

discouraged –ज्ड् a. हताश, अवसन्न, निरुत्साहित।

discouragement –जमॅन्ट् n. धैर्यच्युति^{F}, धैर्यध्वंस, उत्साहभंग, अवसाद; निवृत्ति^{F}, निवारण; असमर्थन।

discouraging –जिंग् a. अवसादजनक, धैर्यध्वंसी, निरुत्साहक।

discourse[1] डिस्'कॉर्स n. प्रबन्ध, निबन्ध; लेख; विवरण; उपदेश; संलाप, प्रवचन, सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत^F (प्रा०)।

discourse[2] डिस्कोॅर्स' v.t. & i. किसी विषयपर विवाद करना या विवादपूर्वक लिखना; सम्भाषण देना, संलाप करना, वार्तालाप करना, बातचीत^F करना; सुर निकालना, गीत गाना, गीत सुनाना।

discourser –'सॅर् n. वक्ता, संभाषक, भाषण देनेवाला।

discoursive –सिव् a. तार्किक, तर्कविषयक।

discourteous डिस्के'र्टिअॅस् a. दुःशील, दुर्विनीत, अशिष्ट, असभ्य, अविनीत।

discourteousness –निॅस् n. दुःशीलता^{F}, दुर्विनीतता^{F}, अशिष्टता^{F}।

discourtesy –टिॅसि n. दुःशीलता^{F}, अशिष्टता^{F}, अशिष्टाचार, दुर्विनय^F, अविनय^F, असभ्यता^{F}।

discover डिस्क'वॅर v.t. शोध करना, आविष्कार करना, प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना, ज्ञात करना, बाहर लाना, (विधा०) **पता लगाना**, भण्डाफोड़ करना; उपलब्ध करना, मालूम करना, ढूँढ़ निकालना, खोजना, खोलना, जताना; ~ check (शतरंजमें) किसी मुहरे या प्यादेके हटा लेनेसे शह^F देना, पड़ना।

discoverability –रॅवि'लिटि n. आविष्करणीयता^{F}, ज्ञेयता^{F}।

discoverable –'वॅरॅबॅल् a. आविष्करणीय, ज्ञेय, खोजने योग्य।

discoverer –रॅर् n. (रसा०) **आविष्कारक,** आविष्कर्त्ता; ज्ञाता; **शोधकर्त्ता, खोजकर्त्ता,** खोजनेवाला।

discovert डिस्क'वॅर्ट a. अविवाहित अथवा विधवा स्त्री^{F}।

discoverture –च्यूॲर् n. वैधव्य अथवा अविवाहित नारीत्व।

discovery* डिस्क'वॅरि n. अवगम, अन्वेषण, **शोध,** (रसा०) **आविष्कार, खोज^F*** (*~claim, ~process*); शोधित वस्तु^{F}, अन्वेषित विषय; (साहि०) **उद्‌भेद,** प्रकाशन, स्पष्टीकरण, (का०) **प्रकटीकरण,** (विधा०) **प्रकटन, प्रकट करना,** व्यक्तीकरण, पोल, भण्डाफोड़; उपलब्धि^{F}, प्राप्ति^{F}; (कानून) न्यायालयकी आज्ञा^{F}से विवश होकर किसी पक्ष द्वारा तथ्यादिका प्रकाशन; (रूपक, काव्यमें) कथानकको स्पष्ट करनेवाला विवरण।

discredit[1] डिस्क्रे'डिट् n. (व्यापारिक) कुख्याति^{F}, साख^{F}का उठना; अप्रत्यय, अविश्वास, सन्देह, शुबहा^{F} (*throws ~ upon*); अपयश, अपकीर्ति^{F}, अप्रतिष्ठा^{F}; अपयशका विषय, बदनामी^{F}, बदनामीकी बात^F।

discredit[2] –'डिट् v.t. प्रत्यय न करना, अप्रतीति^{F} करना, (का०) **अविश्वसनीय सिद्ध करना, अविश्वसनीय मानना,** अविश्वास उत्पन्न करना, विश्वास न करना; साख^F घटाना, बदनाम करना।

discreditable –'डिटॅबॅल् a. अविश्वासजनक; निन्द्य, गर्ह्य, अकीर्तिकर, लज्जाजनक।

discreet डिस्क्रीट् a. विवेकी, विवेकशील, न्याययुक्त, विचक्षण, चतुर, सावधान, विचारवान्, विचारशील, होशियार, अवसर देखकर बात^F करनेवाला।

discreetness –'निस् n. विचारशीलता^{F}, विवेकपूर्णता^{F}, विचक्षणता^{F}।

discrepance, -cy डिस्क्रे'पॅन्स्, -सि nn. विपर्यय, विसंवाद, भ्रान्ति^{F}, विरोध, (प्रा० भूगोल) **विसंगति^{F},** (शिक्षा०, का०, रेल०, परि०) **असंगति^{F}** (*~sheet, ~ statement*), विभेद, भिन्नता^{F}, अनैक्य, विपरीतता^{F}, अन्तर, भेद, अनमेल।

discrepant डिस्'क्रिॅपॅन्ट् a. विसंवादी, विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत, भिन्न, असंगत, विभेदी, विभिन्न, अनमेल।

discrete डिस्'क्रीट् a. (अध्यात्म) अमूर्त्त; खण्डित, (भौ०) **विविक्त,** पृथक्, असतत (*~ series, ~ variate*), विलग, सान्तर, विरल, भिन्न, अलग; ~ frequency (वैमा०) **विशेष आवृत्ति^{F}।**

discreteness –नि'स् n. अमूर्त्तता^{F}; पृथक्त्व, विलगता^{F}, विभिन्नता^{F}।

discretion डिस्क्रेशॅन् n. (विधा०) **स्वविवेक,** संविवेक, **विवेक,** विज्ञता^{F}, विचारशीलता^{F}, **स्वनिर्णय, समक्ष^F, समक्ष-बूझ^F,** प्राज्ञता, दूरदर्शिता^{F}, पूर्वविचार; निर्णय बुद्धि^{F}, कार्यस्वातन्त्र्य (*it is within* one's*~to*); विवेकाधिकार; *at ~* इच्छानुसार, अपनी रुचि^{F}से, खुशी^{F}से, मरजी^{F}से; *~ is the better part af valour* बहादुरी यह है कि आदमी अपनी जान^F बचाये; *surrender at ~* बिना किसी शर्त^{F}के आत्मसमर्पण करना, हथियार डाल देना।

discretional –नॅल् a. स्वेच्छाधीन; विवेकतन्त्र।

discretionary –नॅरि a. विवेक, विवेकगत, **विवेकाधीन,** (*~ powers*), विवेकशील, विवेकपूर्ण, निर्णय-बुद्धियुक्त; स्वाधीन, यादृच्छिक, रुच्यनुकूल।

discretive डिस्क्रे'टिव् a. विभाजक, विभाजनशील, पृथक्कर्ता, अलग करनेवाला; विरोधी (*~proposition*)।

discriminant डिस्क्रि'मिनॅन्ट् १. n. न्यपनेता, (ग० भी) **विवेचक;** २. a. विशेषक, (गणि०), **विवेचक,** (*~ function, ~ relation*), **सूचक; विविक्तकर;** विभेदक, अन्तर बतानेवाला।

discriminate –नेट् v. t. & i. विवेचन करना, (का०) **विभेद करना,** सूक्ष्म भेद करना, विशेषता^{F} बताना; भेद मानना, भेद निकालना, भेद होना, अन्तर जानना; *~against* विरुद्ध भेद करना, किसीपर दूसरोंसे अधिक कड़ाई^F करना।

discriminating –टिंग् a. विवेकी, विशेषज्ञ, गुणदोषविद्, विवेकसम्मत आदि (क्रियागत अर्थोंमें); विवेचक (*~ cubic*), विविक्तकर; (वाणि०) भेदमूलक (*~ monopoly, ~ protection*), विभेदकारी (*~ selector*)।

discrimination –नॅशॅन् n. विवेचना^{F}; (शिक्षा०) **विवेचन,** विवेक, विचारणा^{F}, विभेदीकरण, भेदभाव, (विधा०, का०, मनो०) **विभेद।**

discriminative –'मिनेटिव् a. विवेचक, विभेदक, विवेकी, गुणदोषज्ञ, विचारशील।

discriminator –टर् n. **विभेदक,** विवेक करनेवाला।

discriminatory –रि a. विभेदक, **भेदमूलक** (*~practices, ~ taxation*), विभेदकारी, भेदपूर्ण।

discrown डिस्क्राउन् v. t. (शा० या ला०) सिंहासनच्युत करना, मुकुटहीन करना, राज्यसे हटाना, ताज उतार लेना, राजगद्दी^{F}से उतारना।

disculpate डिस्कल्पेट् v.t. दोषमुक्त करना, गर्हणानिवारण करना, निन्दा^{F}से मुक्त करना।

disculpation –पे'शॅन् n. दोषमुक्ति^{F}, दोषशुद्धि^{F}।

discumber डिस्कम्'बॅर् v.t. भारमुक्त करना; बोझ हलका कर देना।

discursion डिस्कर्'शॅन् n. तर्कयुक्त वार्ता^{F}, विवाद; अस्थिरता^{F}, बहक^F।

discursive –सिव् a. विवादपूर्ण, तर्कपूर्ण, विवादमय; अप्रासंगिक, असंगत, अनियमित, असम्बद्ध, विस्तारपूर्ण; अस्थिर, चंचल, भ्रान्त, बहका-बहका, भटका हुआ।

discursiveness –निॅस् n. विवादपूर्णता^{F}; असंगति^{F}, अप्रासंगिकता^{F}; चंचलता^{F}, अस्थिरता^{F}, भ्रान्तता^{F}, बहकाव, भटक^F।

discursory –सॅरि a. अनवस्थित, भ्रान्त, भटका हुआ।

discus डिस्'कॅस् n. (इति०) **चक्र,** (चि०) बिम्ब; (क्रीड़ा^{F}) लौहचक्र, तश्तरी^{F}, डिसकस; मण्डल।

discuss डिस्कस् v.t. सानन्द उपभोग करना (भोजन, मद्य), खा-पी जाना; (का०) **विवेचन करना,** विचार-विमर्श करना, तर्क करना, वादानुवाद करना, वाद-विवाद करना, पर्यालोचना^F करना, बहस^F करना, चर्चा^F करना।

discussible –सिबॅल् a. विवाद्य, विवादयोग्य, पर्यालोच्य।

discussion* –शॅन् n. भोजनका सानन्द उपभोग; **विवेचन, विवेचना^F,** पर्यालोचन, तर्क, **बहस^F,** **बातचीत^F; विचार-विमर्श,** आलोचना^F, वादानुवाद, शास्त्रार्थ, परिसंवाद, **संवाद, गोष्ठी, चर्चा^F***; प्रतियोगिता^F, वाग्युद्ध।

discussive –सिव् a. तार्किक, विवादी, विवादवाला।

discutient डिस्क्'शिअॅन्ट् a. (चि०) शोथविम्लापक, सूजन^Fको हटानेवाली ओषधि^F।

disdain डिस्डेन्' १. n. अवज्ञा^F, अवहेलना^F, उपेक्षा^F, तिरस्कार, घृणा^F; २. v.t. अवज्ञा^F करना, अवहेलना^F करना, उपेक्षा^F करना, तिरस्कार करना, घृणा^F करना; प्रतिष्ठा^Fके विरुद्ध समझना, ध्यान न देने योग्य समझना।

disdainful –'फ़ुल् a. अवज्ञापूर्ण, उपेक्षापूर्ण, अवमानी, उद्धत, तिरस्कारी, तिरस्कारपूर्ण, घृणात्मक, घृणायुक्त, घृणापूर्ण।

disdainfulness –निॅस् n. अवहेलनापूर्णता^F, अवहेलना^F, घृणा^F, तिरस्कार, अवमानमयता^F।

disease* डिज़ीज़् n. रुजा^F, व्याधि^F, (चि०, जीव०, कृषि०) **रोग, बीमारी^F***; नैतिक अथवा मानसिक विकार, दोष, विगाड़;

~ carrier, ~endurance, ~susceptibility, ~worm.

diseased –ड्' n. रुग्ण, रोगार्त, व्याधिग्रस्त, रोगग्रस्त, सरोग, अस्वस्थ, (पशुपालन) **रोगी,** बीमार; दूषित, कलुषित, विकृत, बिगड़ा हुआ।

diseaseful –ज़्'फ़ुल् a. सरुज, रोगयुक्त।

disedge डिसे'ज् v.t. कुण्ठित करना; अलस या तन्द्रिल बनाना।

disembargo डिसिॅम्बार'गो v.i. (का०) **अधिरोध हटाना,** मुक्त करना, खोल देना।

disembark डिसिॅम्बाक'' v.t. & i. अवतारण करना, अवतरण करना, तटपर जाना या रखना, जहाज आदिसे उतारना, (परि०) **उतरना।**

disembarkation, -ment –कें'शन्', –'मॅन्ट् nn. अवरोहण, अवतरण, तटपर जाना या रखना, **जहाजसे उतारना या उतरना;** ~certificate (चि०) **पोतावरोहण पत्र।**

disembarrass डिसिॅम्बॅ'रॅस् v.t. सुलझाना, खोलना; उद्धार करना, संकटसे मुक्त करना, व्याकुलता^F या घबड़ाहट^Fसे मुक्त करना, झंझट^F या उलझन^Fसे बचाना या हटाना, छुटकारा देना, परेशानी^Fसे उबारना।

disembarrassment –मॅन्ट् n. सुलझन^F, सुलझाव; घबड़ाहट^Fसे मुक्ति^F, झंझट^F या परेशानी^Fसे छुटकारा।

disembellish डिसिॅम्बॅ'लिश् v.t. सौन्दर्य्यापसारण करना, सजावट^F मिटाना, भद्दा बनाना।

disembodiment डिसिॅम्बॉ'डिमॅन्ट् n. सेनाभंग, फौज^F तोड़ना; अदेहत्व, अशरीरत्व।

disembody –डि v.t. सेनाभंग करना, फौज^F तोड़ना; अमूर्त्त करना, निराकार बनाना, शरीरहीन या कायाहीन करना, देहरहित करना, देहहीन करना; समूहोन्मुक्त करना, समूहोन्मोचन करना।

disembogue डिसिॅम्बोग् v.t. & i. (का०) निःसारित करना या होना, उगलना (व्याख्यान), उँड़ेलना, गिराना; (नदी^F आदिका) समुद्रमें गिरना।

disemboguement –'मॅन्ट् n. निस्सरण, जलका निकास।

disembosom –बूज़म् v.t. रहस्य-प्रकाशन करना, भार हलका करना।

disembowel डिसिॅम्बॉउ'इॅल् v.t. अँतड़ी^F निकालना, पेट खाली करना।

disembowelment –मॅन्ट् n. आन्त्र-निष्कासन, आँतें^F निकालना।

disembroil डिसिॅम्ब्राएॅल् v.t. उलझन^F अथवा घबड़ाहट^Fसे निस्तार करना, उद्धार करना, मुक्त करना, उलझाव दूर करना, सुलझाना, निकालना, उबारना।

disemic डिसे'मिक् a. (साहि०) **द्विमात्रिक, द्विवर्णिक।**

disemplane डिसिॅम्प्लेन्' v.i. वायुयानसे उतरना।

disemploy डिसिॅम्प्लाॅऍ v.t. कार्य-व्यापारसे हटाना, नौकरी^Fसे अलगाना।

disemployed डिसिम्प्लाऍड् a. कार्य-व्यापार-विरत, बेरोजगार।

disenable डिसिॅने'बॅल् v.t. अक्षम बनाना, अयोग्य बनाना, कार्यक्षमतारहित करना; =DISABLE.

disenchant डिसिॅन्चान्ट्' v.t. मन्त्रके प्रभावसे मुक्त करना, भ्रान्ति^F दूर करना, मोहरहित करना, जादूसे मुक्त करना, भ्रम छुड़ाना, जादू-टोनेका प्रभाव हटाना।

disenchantment –मॅन्ट् n. अभ्रान्ति^F, जादू-टोनेके प्रभावसे मुक्ति^F या छुटकारा।

disencumber डिसिॅन्कम्'बॅर् v.t. ऋणमुक्त करना, भारमुक्त करना, भार हलका करना, सिरका बोझ उतारना।

disendow डिसिॅन्डॉउ v.t. (गिरजाघरमें) वृत्तिच्छेद करना, वृत्तिरहित करना, वृत्तिदान छीन लेना, वृत्ति^F देना बन्द करना, वृत्ति^F जब्त कर लेना।

disendowment –'मॅन्ट् n. वृत्ति-लोप, वृत्ति-राहित्य, वृत्ति^Fकी जब्ती^F।

disenfranchise डिसिॅन्फ्रैन्'चाइज् v.t. नागरिकता^Fके अधिकारसे वंचित करना; मताधिकारसे वंचित करना।

disenfranchisement –मॅन्ट् n. (परि०) **मताधिकार-वंचन।**

disengage डिसिॅन्गेज् १. n. तलवार^Fकी नोक^Fको शत्रुकी तलवार^Fके दूसरे पहलूकी ओर ले जानेकी क्रिया^F; २. v.t. & i. (पटेबाजी^F) तलवार^Fकी नोक^Fको शत्रुकी

तलवार^F के दूसरे पहलूकी ओर लाना; सम्पर्क छोड़ना, अलग होना, सट्टा तोड़ना; निरभियोजन करना, वियुक्त करना, विमुक्त करना, पृथक् करना, ढीला करना, अलग करना, अलग हो जाना, छुड़ाना ।

disengaged –ड' a. (क्रियागत अर्थोंमें); वियुक्त, युक्त, विलग; खाली; निर्व्यापार, अव्यावृत, कार्यमुक्त, कर्महीन ।

disengagedness –जिड्-निस् n. विमुक्ति^F, अव्यवस्थितचित्तता^F, अनवहितत्व ।

disengagement –ज्मॅन्ट् n. सगाई^F छूट जाना; वियुक्ति^F; विलगता^F; (चि०) गर्भका योनिके मार्गसे बाहर आना; (रसा०) अवयवोंका वियोग; अवकाश, अवसर, छुट्टी^F; स्वतन्त्रता^F, बन्धनोंसे मुक्ति^F; सरल सीधा ढंग ।

disentail डिसिन्टेल् v.t. (का०) छूट देना, नियमसे मुक्त करना, सम्पत्ति-हस्तान्तरणके नियमको तोड़ देना ।

disentangle डिसिॅन्टैन्'गॅल् v.t. & i. जटिलता^F दूर करना, हल करना, खोलना; उलझन^F से निकल आना, बच आना; उद्धार करना, मुक्त करना, सुलझाना, सुलझना, उलझन^F दूर करना, झंझट^F से निकालना, छुड़ाना, छूटना ।

disentanglement –मॅन्ट् n. हल, सुलझाव; मुक्ति^F ।

disenthral(l) डिसिॅन्थ्रॉल्' v.t. स्वतन्त्र करना, दासत्वसे मुक्त करना, बन्धनसे मुक्त करना, छोड़ देना, रिहा करना ।

disenthralment –'मॅन्ट् n. स्वतन्त्रता^F, मोक्ष, दासत्व या बन्धनसे मुक्ति^F ।

disenthrone डिसिॅन्थ्रोन्' v.t. सिंहासन-च्युत करना, गद्दी^F से उतारना ।

disentitle डिसिॅन्टाइ'टॅल् v.t. अनधिकृत करना; उपाधि^F से वंचित करना ।

disentomb डिसिन्टूम् v.t. पता लगा लेना, खोज^F निकालना, खोदकर निकालना; कब्र^F से बाहर निकाल लेना ।

disentrain डिसिॅन्ट्रेन्' v.t. रेलगाड़ी^F से उतरना ।

disentrance डिसिॅन्ट्रान्स्' v.t. दिवास्वप्न या ख्याली-पुलावकी अवस्था^F से अलग करना; भावसमाधि^F या आनन्दातिरेक या आनन्द चेतना^F से जगाना; अवचेतनता^F या मूर्च्छा^F या बेहोशी^F दूर करना ।

disentwine डिसिॅन्ट्वाइन् v.t. एकहरा करना; सुलझाना ।

disenvelop डिसिॅन्वे'लॅप् v.t. निरावृत करना, आवरण हटाना ।

disenviron डिसिॅन्वाअ'रॅन् v.t. वातावरणसे मुक्त करना ।

disepalous –'पलॅस् a. (वन०) द्विनिदल ।

disequilibrium डिसीक्विलि'ब्रिअॅम् n. (दर्श०) **वैषम्यावस्था^F**; असमतोल, विसंतुलन; अस्थिरता^F (शारीरिक या मानसिक), क्षोभ ।

disestablish डिसिॅस्टै'ब्लिश् v.t. स्थापितोच्छेद करना, किसीकी व्यवस्था^F भंग करना या रद्द करना, बन्द करना; (ईसाई धर्मका) सरकार^F से सम्बन्ध-विच्छेद करना; सम्बन्धसे वंचित करना; अपदस्थ करना, पदसे हटा देना ।

disestablishment –मॅन्ट् n. स्थापितोच्छेद, व्यवस्था-भंग; पदच्युति^F, सम्बन्ध-विच्छेद ।

disesteem[1] डिसिॅस्टीम्' n. तिरस्कार, अवज्ञा^F, अनादर, उपेक्षा^F ।

disesteem[2] v.t. तिरस्कार करना, अवज्ञा^F करना उपेक्षा^F करना ।

disestimation –टिमे'शॅन् n. = DISESTEEM[1].

diseur डीज़े'र् n. (fem. *diseuse*) पेशावर कथाकार या उद्गाता ।

disfavour डिस्फ़े'वॅर् १. n. अननुग्रह, अप्रीति^F, अकृपा^F, नापसन्दी^F, नाराजगी^F; अकृपा^F का पात्र होना (*fall into* ~); २. v.t. विरक्ति^F दिखाना, अकृपा^F करना, अप्रीति^F प्रकट करना, अप्रसन्न होना, नाराज होना ।

disfeature डिस्फ़ी'ट्युअॅर् v.t. रूप भ्रष्ट करना या बिगाड़ना ।

disfiguration डिस्फ़िग्यूरे'शॅन् n. विकृतीकरण, विरूपीकरण, सौन्दर्यका विनाशीकरण ।

disfigure –'गॅर् v.t. **विरूपण करना**, विरूप करना, आकृति^F बिगाड़ना, विकृत करना, कुरूप करना, कुरूप बनाना, दूषित करना, कलंकित करना, सौन्दर्यहीन करना, सौन्दर्य नष्ट करना, बदसूरत करना, बिगाड़ना ।

disfigured –र्ड a. विरूपित, विकृत, बिगड़ा हुआ ।

disfigurement –मॅन्ट् n. (विधा०) **विरूपण**, विरूपता^F, विकृति^F, विकार, कुरूपता^F, सौन्दर्य-नाश ।

disforest डिस्फ़ॉ'रिस्ट् v.t. निर्वनीकरण करना, वननाशन करना, वनविहीन करना, वन काटकर साफ करना, जंगल काटना ।

disforestation –टे'शॅन् n. निर्वनीकरण, (वन०) **वन-उन्मूलन**, वननाशन ।

disform –फ़ॉर्म् v.t. रूप-परिवर्तन करना, रूप बदलना ।

disfranchise डिस्फ़्रैन्'चाइज़् v.t. मताधिकार-वंचन करना, (का०) **अनुदत्ताधिकार (प्रदत्ताधिकार) से वंचित करना, मत-वंचित करना**, मतदानसे वंचित करना, लोकसभा^F में प्रतिनिधि भेजनेके अधिकारसे किसी स्थानको वंचित करना, किसी व्यक्तिके मतप्रदान करनेके अधिकारको छीन लेना या हटा लेना; नागरिकता^F के अधिकारसे वंचित करना, पौराधिकार छीन लेना ।

disfranchisement –मॅन्ट् n. **मतवंचन, मत-निरोध**, प्रतिनिधि-प्रेषणके अधिकारका अपहरण, नागरिकता^F के अधिकारोंका अपहरण, मताधिकारका अपहरण; मताधिकार छीनना ।

disfrock डिस्फ़्रॉक् v.t. पादड़ीको विवस्त्र करना, पदसे वंचित कर देना ।

disfurnish डिस्फ़र्'निश v.t. कक्ष-सज्जोपकरणसे रहित करना, फर्नीचर (कुर्सी^F, मेज^F इत्यादि) से हीन करना ।

disgavel डिसगै'वॅल् v.t. (कानून द्वारा) भू-पैतृकता^F से वंचित करना ।

disgorge डिसॉर्ग' v.t. & i. (नदी^F आदिका) प्रत्यर्पण करना, पानी उँड़ेलना, समुद्रमें गिरना; (छीनी हुई वस्तु^F, लूट^Fका माल आदिका) परित्याग करना, वापस करना; वमन करना, उल्टी^F करना, (गलेसे) उगलना।

disgorgement –'मॅन्ट् n. वमन, वान्ति^F, कै^F, उल्टी^F, उबकाई^F।

disgrace¹ डिस्ग्रेस्' n. लांछन, कलंक, लज्जा, बदनामी^F; मान-हानि^F, अवमान, अपयश, निरादर, अपमान; कलंकास्पद, कुलांगार।

disgrace² v.t. कलंकित करना, लांछन लगाना, लज्जा^F-का कारण बताना, नामपर बट्टा लगाना; निरादर करना, अनादर करना, अपमानित करना, लज्जित करना।

disgraced –ड्' a. अपमानित, दूषित, कलंकित।

disgraceful –स्'फ़ुल् a. कलंकयुक्त, अपयशस्कर, अयशस्कर, अकीर्तिकर, अपयशपूर्ण, लज्जाकर, लज्जाजनक, अवमाननापूर्ण, अपमानजनक।

disgracefulness –निॅस् n. कलंक, अकीर्ति^F, अपयश, लज्जा^F; अवमानना, निरादर, अपमान।

disgracer –'सॅर् n. अपयशस्कर, अपमान करनेवाला।

disgrade डिस्ग्रेड् v.t. पदच्युत करना; हेय या हीनतर बनाना।

disgregate डिस्'ग्रिगेट् v.t. & i. पृथक् करना, अलग करना, अलगाना; छिन्न-भिन्न करना, तितर-बितर करना, छितराना।

disgregation –गे'शॅन् n. पृथक्करण, अलगाव, छितराव।

disgruntle डिस्ग्रन्'टॅल् v.t. अप्रसन्न करना; रुष्ट करना; असन्तुष्ट करना।

disgruntled –ड् a. अतृप्त, उदास, असन्तुष्ट; पीड़ायुक्त, क्लेशमय ⊙।

disguisal डिस्गाइ'ज़ॅल् n. = DISGUISEMENT.

disguise¹ –ज़् n. छद्मवेष, कपटरूप, वेष-परिवर्तन (*blessing in* ~); आवरण; भेष बदलनेकी पोशाक^F; कृत्रिमता^F, धोखा, बनावट^F।

disguise² v.t. छद्मवेष धारण करना, वेष-परिवर्तन करना, भेस बदलना (~ one *self*); स्वाँग भरना; गुप्त रखना, दाबे रखना, ढँकना, छिपाना (~ one's *intention, opinion*); तथ्य या असलियत^Fको छिपाना, कुछका कुछ प्रकट करना, स्वरूप बदलना; ~*d in* or *with drink* or *liquor* नशेमें चूर।

disguisement '–मॅन्ट् n. छद्मवेषिता^F; छद्मवेष, कपटरूप, वेष-परिवर्तन, बहुरूप बदलना, छिपाना।

disguiser –ज़ॅर् n. छद्मवेषधारी, बहुरूपिया।

disgust¹* डिस्गस्ट्' n. वमनेच्छा, (शिक्षा०, मनो०) जुगुप्सा^F, विरक्ति^F, अरुचि^F, घृणा^F; उकताहट^F, घिन^F, ऊब^F*।

disgust² v.t. अरुचि^F उत्पन्न करना, अरुचि^F होना, क्रोध दिलाना, घृणा^F करना या होना, ऊब^F या उकता^F जाना, जी भर जाना, घिन^F भरना, उबाना।

disgusted –'टिड् a. अरुचिपूर्ण, घृणापूर्ण, ऊबा हुआ।

disgustful –ट्'फ़ुल् a. कुत्सायुक्त, कुत्सित, अरुचिकर, घृणाजनक, घृणापूर्ण।

disgustfulness –निॅस् n. कुत्सापूर्णता^F, कुत्सितता^F, निर्वेद, घृण्यता^F।

disgusting –'टिंग n. घृणा^F उद्भूत करनेवाला, अरुचिकर।

dish¹ डिश् n. (प्रा०) प्याला, (रसा०) प्याली^F, कटोरा, कप; थाली^F, तश्तरी^F, रकाबी^F; डोंगा; विशिष्ट भोजन, इस पात्रमें स्थापित भोजन; शरावक; T.; (प्रा०)~-clout रकाबियाँ^F आदि साफ करनेका कपड़ा या साफी^F; ~-cover रकाबी^Fमें भोजन गर्म रखनेके लिए धातु^F आदिका ढक्कन; ~ of gossip गपशप^F; ~-washer एक जलपक्षी; made ~ विभिन्न अंशोंसे पका हुआ भोजन; standing ~ (ला०) दैनिक आहार;

~board, ~-crowned, ~-faced, ~-headed, ~-maker, ~-monger, ~-pan, ~-washing, ~-water, ~-wiper.

dish² v.t. & i. थाली^Fमें परोसना; रकाबी^Fके आकारका या नतोदर अथवा खोखला बनाना; कपटसे पराजित करना, धोखा देना, फँसाना; शत्रुओंकी ही नीति^Fको ग्रहणकर उनको पराजित करना (~*ing the Whigs*); घोड़ेका अगले पैर घुमाते हुए चलना; ~ *out* वितरित करना, बाँटना; ~ *up* भोजन परोसना; (ला०) किसी तथ्यादिको रुचिकर रूपमें उपस्थित करना।

dishabilitate डिस्हॅबि'लिटेट् v.t. असमर्थ या अयोग्य बनाना अथवा निर्णीत करना; उजाड़ना।

dishabilitation –टे'शॅन् n. (क़ानून) अनर्हता^F, अयोग्योद्‌घोषणा^F।

dishabille डिसॅबील्' १. n. ढीला-ढाला वस्त्र, कपड़ा, लिबास, २. a. अपूर्ण वस्त्रवाला, नंगा; उघेल, उघार (*in* ~)।

dishabituate डिस्हॅबि'ट्युअेट् v.t. निःस्वभाव करना, आदत^F छुड़ाना।

dishallowed डिस्हॅ'लोड् a. अपवित्रित, अपावन।

dishallucination डिस्हॅल्सिने'शॅन् n. मोह-निवारण, भ्रमापनयन, निर्भ्रान्ति^F।

disharmonic डिस्हार्मॉ'निक् a. सामंजस्यशून्य, समन्वयहीन; असंगत, अपस्वरीय, बेसुरा।

disharmonious –मों'निअॅस् a. सामंजस्यहीन, समन्वयरहित, असंगत, बेसुरा।

disharmonize –'मॅनाइज़् v.t. सामंजस्यशून्य करना या होना, सामंजस्य भंग करना, समन्वयहीन करना या होना, अपस्वर करना या होना, बेसुरा बनाना या होना।

disharmony –नि n. असामंजस्य, समन्वयहीनता^F, असंगति^F, विस्वरता^F, अपस्वर, बेसुरापन।

dish-cloth डिश्-क्लॉथ् n. पात्र-प्रोंछ, शरावक-वस्त्र, थाली^F पोंछने या साफ करनेका कपड़ा।

dishearten डिस्हार्'टॅन् v.t. निराश करना, निरुत्साह करना, हतोत्साह करना, हताश करना, उत्साहभंग करना, दिल तोड़ना, हिम्मत^F पस्त करना।

disheartened –ड् a. निरुत्साहित, हताश।
disheartening –निंग् a. निराशाकारी, हताश करनेवाला (~ *work*)।
disheartenment –न्‌मॅन्ट् n. निराशा^F, उत्साहहीनता^F, उत्साहभंग।
dished डिश्ड्' a. नतोदर, खोखला (~ *wheel*), ~ ends (यंत्र०, परि०) तवा-आकार सिरे।
dishelmed डिस्‌हॅल्म्ड्' a. शिरस्नात्र-रहित, बिना शिरस्नात्रके।
disherison डिस्‌हॅ'रिसॅन् n. दाय-च्युति^F, पैतृक अधिकारसे वंचित करनेकी क्रिया^F।
dishevel डिस्‌हॅ'वॅल् v.t. & i. आन्दोलित करना, शान्ति-भंग करना; अव्यवस्थित करना, गड़बड़ करना; ढीला लटकाना; प्रकीर्ण करना, अव्यवस्थित ढंगसे फैलना, छितराना।
dishevelled –ड् a. व्यग्र, पर्याकुल, परेशान (व्यक्ति); मैला, कुचैला, गन्दा; प्रकीर्ण, बिखरे बालवाला; मुक्त, सुस्त, ढीला-ढाला, खुले हुए, बिखरे हुए (बाल)।
dishevelment –ल्मॅन्ट् n. बिखरापन, व्याकुलता^F।
dishful डिश्'फ़ुल् a. शरावकपूर्ण, थाली^F भरकर।
dishing –'शिंग् n. थाली^F में परोसनेकी क्रिया^F, खोल, गड्ढा।
dishoarding डिस्‌होऑर्'डिंग् n. (अर्थ०) **विनिवेश**।
dishonest डिसॉ'निस्ट a. अनृजु, अशुचि, असाधु, कुटिल, कपटी, धूर्त्त, दुष्ट, धोखेबाज, मक्कार, खोटा, बदमाश, (का०) **बेईमान**।
dishonesty –टि n. अनार्जव, अनृजुता^F, अशुचिता^F, असाधुता^F, कुटिलता^F, कपट, छल, धोखा, मक्कारी^F, झूठ, फरेब, बेईमानी^F।
dishonour[1] डिसॉ'नॅर् n. अपकीर्ति^F, अपयश, निरादर, (का०, दर्श०) **अनादर**, तिरस्कार, अपमान, बेइज्जती^F; अप्रतिष्ठा^F, कलंक, लांछन; विपत्र-अनादरण, धनादेश-अनादरण, हुण्डी^F (विपत्र) न सकारना, चेक (धनादेश) लौटाना या फेरना।
dishonour[2] v.t. निरादृत करना, (का०) **अनादर करना**, अपमानित करना, बेइज्जती^F करना; कीर्ति^F पर धब्बा लगाना, अपयश लगाना, बट्टा लगाना, दाग लगाना, बदनाम करना; सतीत्व नष्ट करना, इज्जत^F उतारना, बेइज्जत करना, बे-आबरू करना; विपत्रका अनादर करना, अस्वीकार करना, धनादेश अस्वीकार करना, (बैंक०) **नकारना**, हुण्डी^F (विपत्र) न सकारना, चेक (धनादेश) लौटाना या फेर देना।
dishonourable –रॅबॅल् a. अयशस्कर, अपयशपूर्ण, अकीर्तिकर, अपमानजनक, निन्द्य, कलंकी, लज्जाजनक; अनार्य, अशिष्ट, सिद्धान्तहीन, नीच, कमीना, बेईमान।
dishonourableness –नॅस् n. अवमानना^F, अपमान्यता^F; अनार्यत्व, अशिष्टता^F, सिद्धान्तहीनता^F, नीचता^F, कमीनापन।
dishonoured –ड् a. अनादृत, अपमानित; अनंगीकृत, अस्वीकृत (~ *bill*)।
dishonourer –रॅर् n. निन्दक, अवमानी, अपमान करनेवाला, बेइज्जती^F करनेवाला।
dishorn डिस्‌हॉर्न्' v.t. शृंगविहीन करना, सींग काट लेना।
dishorse डिस्‌हॉर्स्' v.t. अश्वावरोहण करना, घोड़ेसे उतरना।
dishouse डिस्‌हाउस्' v.t. गृहविहीन करना, बिना घरका करना, घर छीन लेना, बेघर करना।
dishumour डिस्‌ह्यू'मॅर् n. भद्दा मजाक, दिल्लगी^F; स्वभाववक्रता^F, दुःस्वभाव, दुःशीलता^F।
disillude डिसिलूड्' v.t. भ्रम-निवृत्ति^F करना, भ्रमापमोचन करना।
disilluminate डिसिलू(ल्यू)मिने'ट् v.t. प्रकाश हटाना, अँधियारा करना, ज्योतिहीन करना।
disillusion डिसिलू'ज़न् १. n. भ्रमनिवारण, माया-जालसे मुक्ति^F, जादू-टोनाके प्रभावसे छुटकारा; २. v.t. भ्रम निवारण करना, माया-जालसे मुक्त करना, जादू-टोनाके प्रभावसे मुक्त करना।
disillusioned –ड् n. भ्रान्तिमुक्त, मायामुक्त, भ्रमसे मुक्त।
disillusionize –नाइज़् v.t. भ्रम-निवृत्ति^F करना, भ्रमापमोचन करना।
disillusionment –ज़न्‌मॅन्ट् n. भ्रम-निवृत्ति^F, भ्रमापमोचन, भ्रम-निवारण, मायाजालसे मुक्ति^F।
disimmure डिसिम्युअॅर् v.t. कारा-मुक्त करना, जेलखानेसे मुक्त करना।
disimprison डिसिम्प्रि'ज़ॅन् v.t. = DISIMMURE.
disimprove डिसिम्प्रूव्' v.t. हेयतर बनाना, बदतर बनाना।
disimprovement –'मॅन्ट् n. अवनति^F, ह्रास, हेयता^F।
disincarcerate डिसिन्कार्'सॅरेट् v.t. कारामुक्त करना।
disincarnate डिसिन्कार्'नेट् v.t. शरीरधारणसे मुक्त करना।
disinclination डिसिन्क्लिने'शॅन् n. अस्पृहा^F, अनीहा^F, अनभिमति^F, (दर्श०) **अप्रवृत्ति**^F, विरक्ति^F, विराग, विमुखता^F, अप्रीति^F, अरुचि^F, अनिच्छा^F, ऊब^F।
disincline –लाइन् v.t. विरक्त करना, विराग उत्पन्न करना, अनिच्छुक करना, रुचि^F हटाना, चित्त फेरना, दिल फेर देना, उबाना।
disinclined –ड् a. निःस्पृह, विरक्त, पराङ्मुख।
disincorporate डिसिन्कॉर्'पॅरेट् v.t. अपनिगमन करना, निगमन-शून्य करना; विगठित करना, किसी संस्था^F को भंग करना, तोड़ देना, तोड़ना।
disincorporation –पॅरे'शॅन् n. अपनिगमन, व्यापारिक संस्था^F या सामाजिक अधिकारोंसे अलगाव, विगठन।
disindividualize डिसिन्डिवि'ड्यूॲलाइज़् v.t. वैयक्तिकता^F से हीन बनाना; व्यक्तिगत चिह्नोंसे रहित कर देना।

disinfect –डिसिन्फ़े'क्ट्' v.t. (चि०) संक्रमणनाश, उपसर्गनाश करना, रोगाणुनाशन करना, संक्रामक रोगाणुओंसे मुक्त करना, रोगाणु नष्ट करना; शुद्ध करना; मलिनता[F] हटाना।

disinfectant –'टॅन्ट् n. & a. विषघ्न, (चि०) उपसर्गनाशक, **निःसंक्रामक,** (पशुपालन) **रोगाणुनाशक,** (रसा०) **रोगाणुनाशी,** रोगाणुमारक (~*solution*), (रसा०) जीवाणुनाशक।

disinfected –टि'ड् a. (चि०) नष्टोपसर्ग, नाशितरोगाणु, शुद्ध।

disinfecting –टिंग् n. (कृषि०) **रोगाणुनाशन,** निस्संक्रामण; a. रोगाणुनाशक (~ *candle*)।

disinfection –'शॅन् n. (पशुपालन) **निस्संक्रमण,** (चि०) निस्संक्रामण, उपसर्गनाशन, **रोगाणुनाशन,** रोगाणुनाश, रोगाणुओंका शुद्धीकरण; (रसा०) जीवाणुनाशन।

disinfective –'टिव a. (चि०) उपसर्गनाशी, विषघ्नी, रोगाणुनाशी।

disinfector –टॅर् n. (चि०) उपसर्गनाशक, रोगाणुनाशयिता।

disinfest डिसिन्फ़े'स्ट् v.t. (चि०) पीड़क-जन्तु-नाश, निर्जन्तुककरण, परिनाशन करना, निर्दूषण करना, हिंसक पशुओंसे मुक्त करना।

disinfestant –'टॅन्ट् a. (चि०) **पीड़कजन्तुनाशक।**

disinfestation –टे'शॅन् n. परिनाश, परिनाशन, (वन०) **पीड़कहरण,** निर्दूषण, (चि०) **निर्बाधन, पीड़कजन्तुनाशन,** निर्जन्तुकरण, पशुओंसे मुक्त करनेका कार्य।

disinflation डसिन्फ्ले'शॅन् n. (बैंक) **विस्फीति[F],** (मुद्रा[F]का) साधारणीकरण।

disingenuity डिसिन्जि'न्यू'इटि n. कुटिलता[F]; कपट; बनावट[F]।

disingenuous –जे'न्यूअॅस् a. अनुदार, असरल, कुटिल, कपटी, खल, घुन्ना, मक्कार, दुरंगा, दोरुखा, बेईमान।

disingenuousness –नि'स् n. अनुदारता[F], कुटिलता[F], कपट, छल, दुरंगापन, घुन्नापन, बेईमानी[F]।

disinherit डिसिन्हे''रिट् v.t. दायच्युत करना, (का०) **दायवंचित करना,** दाय-विहीन करना, पैतृक सम्पत्ति[F]से वंचित करना, उत्तराधिकारी न मानना, रिक्थाधिकारसे वंचित करना, अस्वीकार करना।

disinheritance, -son डिसिन्हे''रिटॅन्स्, -सॅन् n. रिक्थच्छेद, दाय-च्युति[F], (का०) **दाय-वंचन,** दायविहीनता[F], उत्तराधिकार या पैतृक सम्पत्ति[F]का अपहरण।

disinhibition डिसिन्हिबि'शॅन् n. (मनो०) **व्यंतर्बाधा[F]।**

disinhume डिसिन्ह्यम्' v.t. पृथ्वी[F]से निकलना।

disinsectization डिसिन्से'क्टाइ'जेशॅन् n. कीटनाशन, निष्कीटन, (चि०) **निष्कीटीकरण।**

disintegrable डिसिन्'टि'ग्रॅबॅल् a. अविच्छेद्य, वियोज्य।

disintegrant –ग्रॅन्ट् n. अविच्छेदक, वियोजक।

disintegrate –ग्रेट् v.t. & i. वियोजन करना, अवच्छेद करना, विच्छिन्न करना, पृथक् करना, खण्ड-खण्ड करना या होना, तत्त्वोंको अलग-अलग करना।

disintegrated –टि'ड् a. वियोजित, विघटित, (~ *rocks*), अवच्छिन्न।

disintegrating –टिंग् a. वियोजनसम्बन्धी, विच्छेदक (~ *agent*), अवच्छेदक, (~ *action*)।

disintegration –ग्रे'शॅन् n. (चि०) **वियोजन, कणीकरण;** (इंजी०) **विकलन,** (राज०, भौ०) **विघटन,** (कृषि०, रसा०, प्रा० भूगोल०, मनो०) **विच्छेदन,** विश्लेषण, विश्लेष, अवच्छेदन, (चि०) **अवखण्डन,** खण्डन; ~ constant, ~ series, ~ track.

disintegrative, disintegratory –'टिग्रेटिव, ग्रॅटॅरि aa. वियोजी।

disintegrator –ग्रेटॅर् n. (रेल०) **विकलक,** वियोजक, विश्लेषक, अवच्छेदक, खण्ड-खण्ड करनेवाला।

disinter डिसिन्टॅ'र् v.t. उत्खनन करना, खोदकर निकालना, गड़ी हुई चीज[F] खोदना, (कब्र[F]से) बाहर निकालना।

disinterest[1] डिसिन्'टॅरिस्ट् n. अहित, अलाभ; स्वार्थराहित्य, स्वार्थहीनता[F], निर्लेप, निरीहता[F], उदासीनता[F]।

disinterest[2] v.t. & refl. निर्लिप्त बनाना, स्वार्थरहित करना या होना, सम्बन्ध तोड़ना, रुचि[F] हटा लेना, ध्यान हटा लेना, दिलचस्पी[F] खो देना।

disinterested –टि'ड् a. निष्काम (~ action, ~benevolence) निर्लिप्त, उदासीन, निरपेक्ष, निःस्पृह, निर्मम, निःसंग, अपक्षपाती, निःस्वार्थ, स्वार्थरहित; निष्पक्ष, उदार; ~ management शराबखानेका पूर्त प्रबन्ध (जिसमें प्रबन्धकको शराब[F]के विक्रयसे लाभ नहीं मिलता)।

disinterestedness–नि'स् n. (दर्श०) **निष्कामता[F], निःस्वार्थता[F],** निर्लिप्तता[F], निरीहता[F], निःसंगता[F], निष्पक्षता[F], अपक्षपात, उदासीनता[F], स्वार्थहीनता[F]; निष्पक्षता[F], उदारता[F]।

disinterment डिसिन्टॅ'र्'मॅन्ट् n. शवोत्खनन, उत्खनन, बाहर निकालना, खोदकर निकालना।

disintricate डिसिन्'ट्रिकेट् v.t. जटिलता[F]से रहित बनाना, सुलझाना।

disinvest डिसिन्वे'स्ट्' v. t. अपनियोजन करना, वंचित करना; कपड़े उतारना।

disinvestiture –'टिव्युअॅर् n. अपनियोजन-क्रिया[F], कपड़े उतारनेका कार्य।

disinvestment –ट्'मॅन्ट् n. अपनियोजन, बाहर देशोंमें लगा हुआ धन बटोरना।

disinvolve डिसिन्वॉल्व्' v.t. सुलझा देना, खोलना।

disjaskit डिस्जेस्कट् a. जीर्ण-शीर्ण, फटा हुआ, घिसा हुआ।

disject डिस्जे'क्ट' v.t. बिखेरना, तितर-बितर करना; खण्ड-खण्ड करना, तोड़कर अलग कर देना।

disjecta membra (L) n. pl. बिखरे हुए टुकड़े ।

disjection –क्'शॅन् n. बिखराव, छितराव; निखण्डन, अलगाव ।

disjoin डिस्जाएॅन्' v.t. विच्छिन्न करना, असम्बद्ध करना, असंयुक्त करना, वियुक्त करना, पृथक् करना, तोड़ना, अलगाना, अलग करना ।

disjoining –'निंग् n. वियोजन ।

disjoint¹ –डिस्जा'एॅन्ट् n. **विसंधि**[F] ।

disjoint² डिस्जाएॅन्ट्' v.t. ग्रन्थि-च्युत करना, ग्रन्थि[F] शिथिल करना, सन्धि-च्युत करना, जोड़ तोड़ना, जोड़ अलग करना; हटाना, सरकाना; असंलग्न करना, असम्बद्ध करना, सिलसिला तोड़ना ।

disjointed –'टिड् a. असम्बद्ध, असंलग्न, असंहत, असंगत (~ *speech*) ।

disjointedness –निॅस् n. वियुक्ति[F], असंश्लिष्टता[F]; सन्धि-च्युति[F], असंहति[F], असंगति[F], असम्बन्ध ।

disjunct डिस्जन्क्ट् a. वियोजित, विलग, अलग किया हुआ, हटाया हुआ ।

disjunction –क्'शॅन् n. (वन०, दर्श०) **वियोजन**, वियुक्ति[F], वियोग, असंयोग, विसंधान, पार्थक्य, विलगता[F], अलगाव ।

disjunctive –'टिव् १. n. विकल्पात्मक सम्बन्धवाचक या समुच्चयबोधक अव्यय (~*conjunction*); २. a. (तर्क०, न्या०) विकल्पात्मक, वैकल्पिक, विकल्पवाची, विकल्पयुत (~*proposition*); विकल्प, दोमेंसे एक; (दर्श०) **वियोजक** (~*proposition*), वियोगशील, विलग करनेवाला, अलग करनेवाला; असंयुक्त ।

disjunctor –टॅर् n. (वन०) **वियोजक** ।

disjuncture –'च्युॲर् n. वियोजन, वियुक्ति[F], विलगता[F], अलगाव, पृथक्करण ।

disk, disc डिस्क्', डिस्क्' n. टिकुली[F], तश्तरी[F], रकाबी[F], कटोरा, चक्र, शरीर या पौधेका गोल चिपटा भाग; (वन०) बिम्बपुष्प; **बिम्ब**, परिधि[F], **मण्डलक**, मण्डल (*sun's*~); ~harrow (कृषि०) तवेदार हैरो, डिस्क हैरो; ~jockey (ग्रा०) ग्रामोफोनके ध्वनिलेख (रिकार्ड)-के आकाशवाणी[F] कार्यक्रमका संयोजक या व्यवस्थापक; ~plough (कृषि०) तवेदार हल; ~record मण्डलक रेकार्ड ।

dislikable डिस्लाइ'कॅबॅल् a. अप्रियकर, घृणायोग्य ।

dislike डिस्लाइक् १. n. विरक्ति[F], विराग, विमुखता[F], (शिक्षा०) **अरुचि**[F], अनिच्छा[F], घृणा[F], (शिक्षा०) **नापसन्दगी**[F]; २. v.t. घृणा[F] करना, नापसन्द करना ।

disliked –ड् a. अप्रिय, अनीप्सित, अनिष्ट ।

dislimb डिस्लिम्' v.t. अंग-विच्छेद करना; अंग-भंग करना ।

dislimn v.t. धो डालना, मिटा डालना, अभिलोपन करना, ऊपरके तलको नष्ट करना ।

dislink डिस्लिंक्' v.t. विशृंखल करना, पृथक् करना, जोड़परसे पृथक् करना ।

dislocate डिस्'लॅकेट् v.t. (भूगर्भ०) विस्थापित करना, (चट्टानों[F]की तहों[F]का) सम्बन्ध विच्छेद करना, अलग-अलग करना; स्खलित करना, स्थानभ्रष्ट करना, सरकाना; विसन्धान करना, अव्यवस्थित करना, (किसी अंगको) स्थानान्तर करना, अस्त-व्यस्त करना, जोड़से हटाना, स्थानसे हटाना, सरकाना ।

dislocated –केटिड् a. विस्थापित, स्थानान्तरित ।

dislocation –के'शॅन् n. (कृषि०) **विस्थापन**, (प्रा० भूगोल) **स्खलन**, विसन्धान, **स्थान-भ्रंश**, सन्धिभंग, (चि०) सन्धिमुक्त, संधि विश्लेष, जोड़से हटाना, हड्डी[F] उतारना या उतरना, सरकाना ।

dislocatory –'लॅकेटॅरि a. विस्थापनशील, स्थानभ्रंशक, विसन्धायक, विस्थापनात्मक ।

dislodge डिस्लॉज्' v.t. निरस्त करना, निर्वासित करना, स्थान-च्युत करना, बहिष्कृत करना, (किलेबन्द शत्रुको) निकाल बाहर करना, निकाल देना, मोरचेसे हटा देना, उखाड़ना ।

dislodg(e)ment –'मॅन्ट् n. निस्सारण, निर्वासन, निरसन, बहिष्करण, शत्रुका निष्कासन, मोरचेसे हटाना ।

disloyal डिस्लाएॅ'अॅल् a. राजद्रोही, द्रोही, (राज०) **देशद्रोही**, **निष्ठाहीन**, राजभक्तिहीन, भक्तिहीन, राज्य-विरोधी, अराजनिष्ठ, (का०) **अराजभक्त**, **अभक्त**, गद्दार, बागी; अविश्वासी, विश्वास-घाती, बेवफा ।

disloyalist –लिस्ट् n. & a. राजद्रोही, बागी, गद्दार ।

disloyalty –ॲल्टि n. राजद्रोह, द्रोह, (का०) **अराजभक्ति**[F], **अभक्ति**[F], (परि०) **अनिष्ठा**[F], गद्दारी[F], बगावत[F], बेवफाई[F], अविश्वास, विश्वासघात ।

dismal डिज्'मॅल् a. रौद्र, दारुण, भीषण, उग्र, भयानक, घोर, डरावना; निरुल्लास, अप्रसन्न, निरानन्द, उदासीन, उदास, शोकमग्न, दुःखमय; the ~science राजनीतिक अर्थशास्त्र ।

dismality –मै'लिटि n. उदासीनता[F], हर्ष-राहित्य, शोकपूर्णता[F], विषण्णता[F] ।

dismalness –'मॅल्-निॅस् n. दारुणता[F], उग्रता[F]; निरुल्लास, उदासीनता[F] ।

dismals –ल्स् n. pl. म्लानता[F], उदासीनता[F]; उदासी[F] ।

disman डिस्मैन्' v.t. मनुष्य-रहित करना, निर्जन करना ।

dismantle डिस्मैन्'टॅल् v.t. उद्ध्वस्त करना, खण्ड-करण करना, किलेकी मोर्चाबन्दी[F] तोड़ देना, ढाना, गिराना; विवस्त्र करना, आवरणहीन करना, साजसामान आदिसे रहित करना, **खोलना**, नंगा करना; सुरक्षा[F]के उपायसे वंचित करना ।

dismantled –ड a. खण्डित, उद्ध्वस्त (~ *buildings*); बेरिंगिन (~ *set*), (परि०) **खोला हुआ, गिराया हुआ** ।

dismantlement–ल्'मॅन्ट् n. **विघटन**, उद्ध्वंसन, खण्डकरण, गिराना; विवस्त्रीकरण, वस्त्रहीनता[F], उपकरण-हीनता[F], सुरक्षा[F]के उपायका अपहरण ।

dismantling –'लिंग् n. खण्डकरण, उद्ध्वंसन, (यंत्र०) **उखाड़ना, ढाना** ।

dismask डिस्मास्क् v.t. कपट-वेष हटाना ।

dismast डिस्मास्ट् v.t. (जहाजका) कूपक भंग करना, मस्तूलहीन करना, मस्तूलोंसे रहित करना, मस्तूल तोड़ देना, गिरा देना ।

dismastment –'मॅन्ट्' n. कूपकापनयन, मस्तूल हटानेकी क्रिया^F, कूपक भंग, मस्तूल गिरानेकी क्रिया^F ।

dismay डिस्मे' १. n. संत्रास, भीति^F, आतंक, उद्वेग, व्याकुलता^F, भय; कातरता^F, उत्साहहीनता^F, निरुत्साह, निराशा^F; २. v.t. संत्रस्त करना, भयविह्वल करना, भयभीत करना, हतोत्साह करना, हताश करना, छक्के छुड़ा देना, धैर्य तोड़ना, हिम्मत^F तोड़ देना, दिल तोड़ देना, डराना ।

dismayed –ड्' a. संत्रस्त, भीत, उद्विग्न, व्याकुल; हतोत्साह ।

dismayedness –मे'इॅड्-निस् n. संत्रस्तता^F, उद्विग्नता^F, उत्साहहीनता^F, व्याकुलता^F ।

dismember डिस्मे'म्'बॅर् v.t. विच्छेद करना, विभाजित करना, विभाग करना, टुकड़े-टुकड़े करना; विच्छिन्न करना, अंगका व्यवच्छेद करना, प्रत्येक अवयव पृथक् करना, अंगभंग कर देना, अंग-भंग करना, अंगोंको अलग-अलग करना ।

dismemberment –'मॅन्ट् n. अवयवविच्छेद, अंग-व्यवच्छेद, (चि०) हस्त-पाद आदिका विखण्डन, (राज०) **विघटन, विभाजन**, विभाग, टुकड़े-टुकड़े ।

dismiss डिस्मिस्' v.t. विदा^F करना, जानेकी आज्ञा^F देना, जाने देना; उत्सर्जन करना, **विसर्जित करना**, तितर-बितर करना; (कानून) मुकदमा खारिज करना; **पदच्युत करना**, अधिकारच्युत करना, सेवामुक्त करना, कार्यविरत करना, पदसे हटाना, निकाल देना, कामसे हटाना, **बरखास्त करना, ख़ारिज करना**, (*was ~ed the, or from the, army*); अपाकृत करना, अपनयन करना, सामनेसे हटा देना, हटाना; निस्सारण करना, (विचार) छोड़ देना, किसीके विषयमें सोचना बन्द करना, मनसे अलग करना, मनसे दूर करना, दिल्से हटा देना, निकालना; किसी विषयपर संक्षेपमें विचार करना, सरसरी तौरपर विचार करके टाल देना; (क्रिकेट) बैट्समैनके पास गेंद^F फेंकना, जोरका हिट लगाना, थोड़ेसे रनोंमें आउट कर देना; the ~ (सेना०) कवायद^Fके बाद छुट्टी^F ।

dismissal, dismission –'सॅल्, –शॅन् nn. विमुक्ति^F, विदाई^F, उत्सर्जन; दूरीकरण, निराकरण, निरसन; **विसर्जन**, सैन्यभंग, जानेकी आज्ञा^F; **पदच्युति^F**, अधिकार-च्युति^F, **बरख़ास्तगी^F, ख़ारिज करना** या होना; आउट करना ।

dismissed –'स्ड् a. विमुक्त, सेवामुक्त, पदच्युत, विसर्जित, खारिज ।

dismissible डिस्मि'सिबॅल् a. विसर्जनीय, निरसनीय, पदच्युति^F योग्य; खारिज करने लायक; आउट करने योग्य ।

dismissory –सॅरि a. विसर्जनात्मक, निरसनशील ।

dismount डिस्मॉउन्ट्' १. n. अवतरण, अश्वावरोहण, उतराई^F; २. v.t.& i. अवतारण करना, अवरोहण करना, अवतरित होना, किसी वस्तु^Fको उसके स्थानसे हटाना; घोड़े आदिपरसे उतरना या उतारना ।

dismounted –'टिड् a. (राज०) **अनारूढ, पैदल** ।

disnaturalized डिस्नै'चॅरॅलॉइज़्ड् a. = DENATURALIZED.

disnatured डिस्ने'च्युॲर्ड a. अप्राकृतिक; अस्वभावयित, स्वभावच्युत ।

disnest डिस्ने'स्ट्' v.t. नीडापसारण, घोंसलेसे हटाना ।

disnomy डिस्'नॅमि n. कुविधान ।

disobedience डिसॅबी'डिॲन्स् n. (दर्श०, रेल०) **अवज्ञा^F**, अनाज्ञाकारिता^F, **आज्ञोल्लंघन**, अपालन, आज्ञाभंग, **आज्ञा^F न मानना**, द्रोह, नियमोल्लंघन ।

disobedient –न्ट् a. अवज्ञाकारी, उल्लंघन करनेवाला, आज्ञा^F भंग करनेवाला, नियम तोड़नेवाला ।

disobey डिसॅबे' v.t. & i. **अवज्ञा^F करना**, आज्ञा^F भंग करना, **आज्ञा^F न मानना**, आज्ञा^Fका उल्लंघन करना, नियम भंग करना; अमान्य करना, न मानना ।

disobeyed –ड्' a. उल्लंघित, अननुष्ठित ।

disoblige डिसॅब्लॉइज्' v.t. विरक्त करना, अननुगृहीत करना, अप्रिय आचरण करना, असन्तोष उत्पन्न करना, अप्रसन्न करना, रुखाई^F बरतना, लिहाज न करना ।

disobliged –ड्' a. अकृतकृत्य, अनाभारी, आभार-मुक्त ।

disobligement –ज्'मॅन्ट n. अप्रिय या प्रतिकूल आचरण ।

disobliging –'जिंग् a. निष्ठुर, अनपकारी, अनुग्रह-हीन, असन्तोषकर, अप्रिय आचरण करनेवाला, मुरौवत^F न करनेवाला, लिहाज न करनेवाला ।

disodium डाइसो'डिॲम् n. (रसा०) द्वि-सोडियम (*~glycolate*) ।

disomic डाइसो'मिक् a. (कृषि०) **द्विसूत्रक, द्विसमसूत्री** ।

disorder[1] डिसॉर्'डॅर् n. व्यतिक्रम, अक्रम, क्रमभंग, व्यस्तता^F, (राज०, का०, दर्श०, शिक्षा०) **अव्यवस्था^F**, अशान्ति^F, शान्तिभंग, बिगाड़, गड़बड़; संभ्रम, विप्लव, हंगामा, खलबली^F, हलचल^F, हुल्लड़, हड़बोंग, हुड़दंग, शोरगुल; (शिक्षा०) **विकृति^F**, (चि०) **विकार**, व्याधि^F, दोष, अस्वास्थ्य, रोग, बीमारी^F, मर्ज ।

disorder[2] v.t. व्यतिक्रम करना, विशृंखल बनाना, क्रमभंग करना, अव्यवस्थित करना, उपद्रव करना, हलचल^F या हड़बोंग करना, हुड़दंग मचाना, खलबली^F मचाना, गड़बड़ी^F करना, हुल्लड़ करना; अस्वस्थ करना, स्वास्थ्य बिगाड़ना, पीड़ित करना ।

disordered –र्ड' a. अव्यवस्थित, विपर्यस्त, संकुल; आतुर, पीड़ित, रुग्ण ।

disorderliness –'डॅर्लिनि'स् n. व्यतिक्रम, व्यस्तता^F, अव्यवस्था^F, आतुरता^F, गड़बड़ी^F ।

disorderly –लि a. उपद्रवी, उत्पाती, गड़बड़ी^F पैदा

करनेवाला; विपर्यस्त, व्यस्त, क्रमहीन, (का०) **उच्छृङ्खल,** (~ *contact*) अनुशासनहीन, अस्त-व्यस्त, अव्यवस्थित, अनवस्थित, अनियमित, नियम-विरुद्ध; सम्भ्रान्त, व्यग्र, व्याकुल; ~house (कानून) वेश्यालय, वेश्यागृह; फड़, जुआखाना।

disordinate डिसॉ'र्डिनेट् a. अमर्यादित; अस्तव्यस्त या अव्यवस्थित।

disorganization डिसॉर्गनाइज़े'शॅन् n. विसंघटन, **विघटन,** व्यतिक्रम, **विसंगठन, विगठन,** व्यस्तता^F, अव्यवस्था^F, गड़बड़ी^F, **हुड़दंग,** हड़बोंग।

disorganize –'गॅनाइज़् v.t. विसंघटन करना, विघटित करना, (का०) **विघटित होना,** विगठित करना, **व्यवस्था^F भंग करना,** अव्यवस्थित करना, अस्त-व्यस्त करना, क्रमभंग करना, गड़बड़ी^F करना, हलचल^F या हड़बोंग करना, हुल्लड़ करना।

disorganized –ड् a. विसंघटित, विघटित।

disorient, disorientate डिसॉ'रिॲन्ट्, –टेट् v.t. प्राचिविमुख करना, दिशा^F गड़बड़ाना, घबड़ाना।

disorientation –टे'शॅन् n. आत्मविस्मृति^F, (चि०) **स्थिति-भ्रान्ति^F,** (मनो०, शिक्षा०) **दिक्काल व्यामोह,** दिशाभ्रम, घबड़ाहट^F।

disown डिसोन् v.t. निष्ठा^F त्यागना, अनंगीकार करना, अस्वीकार करना, त्यागना, न अपनाना, छोड़ना, इनकार करना।

disowned –ड्' a. अनंगीकृत, त्यक्त।

disownment –मेन्ट् n. अनंगीकरण, त्याग।

disoxidate –आक्सिडेट् v.t. विजारण करना।

disoxidation –'शॅन् n. विजारण।

disoxygenate डिसॉक्'सिजिनेट् v.t. =DISOXIDATE.

disoxygenation n. =DISOXIDATION.

disparage डिस्पै'रिज् v.t. अववाद करना, अवज्ञा^F करना, तिरस्कार करना, तुच्छ बनाना, उपेक्षित समझना, निन्दा^F करना, अनादृत करना, घटाकर दिखाना; अप्रतिष्ठित करना, अवमानित करना, बदनाम करना।

disparageable डिस्पै'रिजॅबॅल् a. अवज्ञेय, उपेक्ष्य, निन्द्य, अवमान्य।

disparagement –ज्'मॅन्ट् n. अवमान, गुणापकर्ष, अवमानना^F, अवज्ञा^F, अप्रतिष्ठा^F, तिरस्कार, निन्दा^F, बदनामी^F।

disparager –जॅर् n. अवमानी, निन्दक।

disparate डिस्'पॅरेट् १. n. (प्रायः बहु०) सर्वथा असदृश या विभिन्न वस्तुएँ^F; २. a. असंवादी, (मनो०) **विसंवादी,** विसदृश, विषम, असम, असम्बद्ध, सम्बन्धहीन, विभिन्न, असमान।

disparateness –निॅस् n. =DISPARITY.

disparation –रे'शॅन् n. (मनो०) **विसंवादिता^F।**

disparity –पै'रिटि n. वैषम्य, असदृशता^F, विषमता^F, असाम्य, (कृषि०, अर्थ०, का०) **असमता^F,** (रेल०) **असमानता^F,** अन्तर, भेद; (गणित) असमाईता^F।

dispark डिस्पार्क v.t. पार्ककी भूमि^Fको दूसरे काममें लाना।

dispart¹ डिस्पार्ट n. बन्दूकों^Fकी मक्खी^F, मसा; नालके दोनों सिरोंके बीच व्यासका अन्तर।

dispart² v.t. & i. विभिन्न दिशाओं^Fमें जाना, बिखरना, बाँटना; वितरण करना, (का०) वियुक्त करना, विभक्त करना, विच्छिन्न करना, द्विधा करना, पृथक् करना, विभाजित करना, दो टूक करना, अलग करना।

dispassion डिस्पै'शॅन् n. प्रशान्तचित्तता^F, प्रशान्ति^F, निरपेक्षता^F, निष्पक्षता^F, निःसंगता^F, उदासीनता^F, गम्भीरता^F, विराग, धीरता^F।

dispassionate –शॅनेट् a. प्रशान्तचित्त, शान्त, निष्पक्ष, निःसंग, वीतराग, निरपेक्ष, स्थिरमना, उदासीन, संवेगहीन, आवेगरहित, धीर।

dispassionateness –निॅस् n. निष्पक्षता^F, उदासीनता^F, आवेगहीनता^F; शान्तचित्तता^F।

dispatch¹, des-, डिस्पैच्', डिॅस्- n. क्षमता^F, शीघ्रसम्पादन, (परि०) **शीघ्रता^F,** शीघ्रकारिता^F, जल्दी^F; (दूत, पत्र, आदिका) प्रेषण, भेजना, रवानगी^F; माल भेजनेकी एजेंसी^F (अभिकरण) (~ *box*); राजलेख्य, शासनपत्र, सरकारी पत्र; वध, कत्ल; ~-rider (सैनिक) समाचार ले जानेवाला घुड़सवार या मोटरसाइकिलवाला; happy ~ जापानियोंमें प्रचलित आत्महत्या^F; ~-boat, ~-case.

dispatch², des- v.t. & i. जल्दी-जल्दी भोजन कर लेना; (प्रा०) शीघ्रता^F करना, जल्दी^F करना; शीघ्रता^Fके साथ सम्पादित करना, तय करना, झटपट करा लेना; **प्रेषित करना,** रवाना करना, पठाना, **भेजना;** समाप्त कर देना, काम तमाम करना, वध करना, मार डालना।

dispatchful –'फ़ुल् a. शीघ्रकारी, द्रुतकर्मी, प्रवीण, चुस्त।

dispatching –चिग् a. प्रेषक (~*station*)।

dispauper डिस्पौ'पॅर् v.t. दारिद्र्याधिकारसे वंचित करना, दरिद्राश्रमसे निकालना।

dispauperize –राइज़् v.t. निर्धनता^F दूर करना।

dispeace डिस्पीस्' n. मतभेद, झगड़ा; अशान्ति^F, हलचल^F, हो-हल्ला, शान्ति^Fका अभाव।

dispel डिस्पे'ल्' v.t. (भय, अन्धकारको) अन्तर्हित करना, निरस्त करना, निवारण करना, नष्ट करना, मिटाना, निकालना, छितराना, हटाना, उड़ाना, तितर-बितर करना, दूर करना, भगाना, भगा देना।

dispeller –'लॅर n. निराकारी, उच्छेदक, निवारक।

dispend डिस्पे'न्ड्' v.t. विवर्द्धन करना, बढ़ाना।

dispensability डिस्पे'न्सबि'लिटि n. =DISPENSABLENESS.

dispensable –सॅबॅल् a. उपेक्षणीय, परित्याज्य; निवार्य, अनावश्यक, विशिष्ट अवसरोंपर शिथिल या ढीला करने योग्य (विधान, नियम, शपथ^F); निर्वाह्य, परिकल्प्य।

dispensableness –निॅस् n. उपेक्षणीयता^F, अनावश्यकता^F; निर्वाह्यता^F, परिकल्प्यता^F, वितरणीयता^F।

dispensary डिस्पे॑न्‌'सरि n. औषधशाला^{F}, **औषधालय, दवाखाना;** अत्तारकी दुकान^F; T.
~account, ~ committee, ~ contingencies, ~ donation register, ~establishment, ~ fund, ~hours, ~inspection note, ~ room, ~ staff, ~ subscription register, ~town.

dispensation डिस्पॅन्से'शॅन् n. किसी समय प्रचलित धार्मिक व्यवस्था^{F}, उल्लंघनाज्ञा^{F} (*Christian* ~); विमुक्ति^{F}, छूट^F; क्षमा^{F}, माफी^{F}; प्रकृति-विधान, भगवद्विधान; व्यवस्था^{F}, प्रबन्ध; आदेश, आज्ञा^{F}; वितरण, विभाजन, बाँट^F; भाग्य, तकदीर^F ।

dispensatory डिस्पे॑न्‌'सॅटॅरि १. n. (चि०) औषधिगुणधर्म पुस्तक; औषधीय व्यवस्थाओं^{F}की पुस्तक^F, डाक्टरके नुस्खेकी किताब^F; २. a. क्षमा-प्रदाता, माफी^{F} देनेवाला ।

dispense डिस्पे॑न्स् v.t. & i. औषधयोजन करना, वितरण करना, (ओषधि^{F}) बनाना तथा देना; विमुक्त करना, क्षमापत्र प्रदान करना, माफीनामा देना; आभार या कर्तव्यसे मुक्त करना; वितरण करना, विभाजन करना, भाग करना, बाँटना; त्यागना, छोड़ना, (संस्कार, न्याय) करना; ~justice न्याय करना; ~ *with* मुक्त करना; **अलग करना;** छूट^F देना, माफी^{F} देना, रियायत^F करना; (शपथ^{F}के) बन्धनसे मुक्त करना; अनावश्यक बनाना (~ *the need of*); किसी चीज^{F}के बिना काम चलाना ।

dispenser –'सॅर् n. औषधयोजक, औषधनिर्माता, औषधवितरक, **दवा^{F} देने वाला,** छुड़ाना; अत्तार; प्रवर्तयिता, निर्वाहक; ~balance औषध-तुला^{F} ।

dispensing सिंग् v.t. औषध-योजन, औषध-वितरण ।

dispeople डिस्पी'पॅल् v.t. जनशून्य करना, निर्जन करना, जनहीन कर देना, वीरान करना, उजाड़ना ।

dispermatous –'मॅटॅस् a. = DISPERMOUS.

dispermic डिस्पे॑र्'मिक् a. (कृषि) **द्विशुक्रसेचित ।**

dispermous –मॅस् a. (चि०) द्विशुकाणु (डिम्ब), द्विबीज, दो बीजवाला ।

dispersal डिस्पे॑र्'सॅल् n. विप्रथन, परिव्याप्ति^{F}, फैलाव; (वन०, कृषि०) **विकिरण,** अपकिरण; निष्क्रमण; विसर्जन, छिन्न-भिन्नता^{F}, छितराव, भगदड़^{F} ।
~area, ~classes, ~point.

disperse[1] डिस्पे॑र्स् a. (रसा०) **विक्षेपी, व्यासृत** (~*system*) ।

disperse[2] v.t. & i. विप्रथन करना, परिव्याप्त करना, फैलाना; (प्रकाश) श्वेत प्रकाशको इसकी रंगीन किरणों^{F}में विभक्त करना, निर्व्यूढ करना, **विसर्जन करना,** वियोजन करना, छिन्न-भिन्न करना, अस्तव्यस्त करना, तीन-तेरह करना या होना, (का०) **तितर-बितर करना या होना,** दूर करना या होना, बिखराना, छितराना, **फैलना; भंग करना, भंग होना,** भगा देना, इधर-उधर भेजना या फेंकना, भगदड़ करना; विभिन्न स्थानोंपर नियुक्त करना या भेजना ।

dispersed –ड' a. अपकीर्ण; (कृषि०) अविलय, **परिक्षेपित;** निर्व्यूढ, (रसा०) व्यासारित, **व्यासृत,** विसर्जित, विच्छिन्न;
~method, ~parking, ~phase.

dispersedness –'सिॅड्‌निॅस् n. परिव्याप्ति^{F}, अपकीर्णता^{F}, विच्छिन्नता^{F}, अस्तव्यस्तता^{F}, बिखराव ।

disperser –सॅर् n. परिव्यापयिता, तितर-बितर करनेवाला, फैलानेवाला, विक्षेपक, विच्छेदक, अलग-अलग करनेवाला ।

dispersible –सिबॅल् a. परिव्याप्य, अपकीर्य, विच्छेद्य, छितराने लायक ।

dispersimeter –सिं'मिॅटॅर् (रसा०) **व्यासरणमापी ।**

dispersing –सिंग् n. विसर्जन, (यंत्र०) **विक्षेपण; बिखरना, बिखेरना;** a. (भौ०) **वर्ण-विक्षेपक, वर्णविक्षेपी;** (~ *system*) (रसा०) आकीर्णक, विक्षेपक;
~agent **परिक्षेपक ।**

dispersion –'शॅन् n. अपकिरण; **वर्ण-विक्षेपण;** (रसा०) आकीर्णन, (चि०, भौ०, ग०) **परिक्षेपण, विक्षेपण,** वियोजन, परिक्षेपण, अपस्करण, (रसा०) **व्यासरण,** (~ *effect*, ~*medium*), (कृषि०) **अविलयन, विखण्डन;** विजर्सन, छिन्न-भिन्नकरण, छिन्न-भिन्न दशा^{F}, तितर-बितर, फैलानेका कार्य; (सांख्य) **प्रसार, फैलाव,** शोथ-शान्ति; ~of light **वर्ण-विक्षेपण;** the D~ बन्दी होनेके पश्चात् यहूदियोंका इतर जाति^{F}में फैलना ।
~curve ~method, ~ theory.

dispersity –'सिटि n. अपकिरता^{F} ।

dispersive –सिव् a. अपकिरणकारी; (भौ०) **वर्णविक्षेपक,** (~ *power*), **वर्ण-विक्षेपी;** विच्छिन्न करनेवाला, तितर-बितर करनेवाला, दूर करनेवाला, फैलानेवाला ।

dispersiveness –निॅस् n. परिव्याप्ति^{F}, विच्छिन्नता^{F}, छिन्न-भिन्नता^{F} ।

dispirit डिस्पि'रिट् v.t. विषण्ण करना, हताश करना, निरुत्साह करना, उत्साह भंग करना, साहसहीन करना, दिल तोड़ना, हिम्मत^F तोड़ना ।

dispirited –टिॅड् a. खिन्न, अवसन्न, उदास, दुःखी; भीरु, साहसहीन, डरपोक; निर्बल, दुर्बल ।

dispiritedness, dispiritment –निॅस्, –ट्'मॅन्ट nn. उदासी^{F}, हतोत्साहता^{F}; खिन्नता^{F}, निर्बलता^{F} ।

dispiteous डिस्पि'टिॅअॅस् a. निर्दय, निष्ठुर ।

dispiteousness –निस् n. दयाहीनता^{F}, निर्दयता^{F}, निष्करुणता^{F} या निष्कारुण्य ।

displace डिस्प्लेस्' v.t. स्थानच्युत करना, स्थानान्तरित करना, स्थान बदलना, सरकाना, जगह^{F}से हटाना; स्थानपूर्त्ति^{F} करना, एक वस्तु^{F}के स्थानपर दूसरी वस्तु^{F} रखना; पदच्युत करना, (का०) **विस्थापित करना,** विस्थापन करना, निरसन करना, निकाल बाहर करना, किसीको निकालकर उसका स्थान ग्रहण करना ।

displaceable –सॅबॅल् a. विस्थापनीय, हटाने योग्य ।

displaced –स्ड्' a. (रसा०, का०, चि०) **विस्थापित,** निरस्त (~ *person*) ।

displacement -स्'मॅन्ट् n. निरसन, (रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, श्रम०, नौवि०, यंत्र०) **विस्थापन,** (ग० भी) स्थानच्युति^F, स्थानभ्रंश, (चि०) **स्थानान्तरण;** स्थान-नाश; **हटना;** हटाव, सरकाव; प्रस्थापन, स्थान-पूर्ति^F, अदल-बदल^F, किसी वस्तु^F के स्थानपर दूसरी वस्तु^F का आ जाना; (नौवि०) **जहाजका भार;** जलान्तरण, ठोस वस्तु^F द्वारा अपसारित द्रवकी मात्रा^F या तौल^F (*a ship with a ~ of 11,000 tons*); ~of skill **कौशल-विस्थापन;**

~absorption, ~ current, ~effect, ~ law, ~meter, ~ pump, ~ reaction, ~ rule, ~ series, ~ton, ~tonnage, ~volume.

displacency डिस्प्ले'सॅन्सि n. अप्रसन्नता^F, विद्वेष, रुष्टता^F, नाराजगी^F; घृणा^F, विरक्ति^F।

displacer डिस्प्ले'सॅर् n. विस्थापित्र; (यंत्र०) विस्थापक, (~ *syphon*)।

displant डिस्प्लान्ट् v.t. स्थानान्तरित या निर्वासित करना, निवासस्थान या घरसे भगा देना, घरसे निकाल बाहर करना; किसी जमे स्थानसे उच्छेदित कर देना, उन्मूलित करना, उखाड़ देना, उखाड़ फेंकना।

display¹ डिस्प्ले' n. आडम्बर, **प्रदर्शन,** (~ *box*) **सजावट**^F, विलास, दिखावा; (मुद्रणमें) ध्यान अवकृष्ट करनेवाली टाइपकी सज्जा^F।

display² v.t. प्रदर्शन करना, विलासित करना, **प्रदर्शित करना,** आडम्बरके साथ दिखाना, **सजावट**^F **करना, दिखानेके लिए रखना,** सजाना, **दिखाना;** स्पष्ट करना, प्रकट करना, प्रकट होने देना; सामने लाना; ~ negligence प्रमाद करना।

displayed -ड्' प्रदर्शित, विलसित, खोलकर सामने रखा गया, फैलाया गया, दिखाया गया; मोटे अक्षरोंमें मुद्रित या छपा हुआ; (अप्रचलित) उन्मुख, ऊपरकी ओर मुख किये हुए।

displayer -'अॅर् n. प्रदर्शक, अपगोपन करनेवाला, प्रकाशक, दिखानेवाला।

displease डिस्प्लीज्' v.t. विरक्त करना, रुष्ट करना, क्रुद्ध करना, अप्रिय या अरुचिकर होना, अप्रसन्न करना, चिढ़ाना, नाराज करना, नाखुश करना।

displeased -ड् a. रुष्ट, क्रुद्ध, कुपित, अप्रसन्न, नाराज; *be ~ (at, with)* रुष्ट होना, क्रुद्ध होना, असन्तुष्ट होना।

displeasedness -'जिड्निॅस् n. रुष्टता^F, अप्रसन्नता^F, नाराजी^F।

displeasing -ज़िंग् a. क्रोधावह, रोषकारी, असन्तोष-जनक, अप्रिय।

displeasingness -निॅस् n. अप्रियता^F, अरुचिकरत्व, असुन्तष्टता^F।

displeasure -ज़र् १. n. रोष, अप्रसाद, असन्तोष, अप्रसन्नता^F, नाखुशी^F, नाराजगी^F, गुस्सा^F, २. v.t. रुष्ट करना, असन्तुष्ट करना, अप्रसन्न करना, नाराज करना, नाखुश करना, गुस्सा दिलाना।

displicency डिस्'प्लिसॅन्सि n. = DISCONTENT.

displume डिस्प्लूम्' v.t. (का०, शा० तथा ला०) पक्षहीन करना, कलगी^F गिरा देना, पर नोच डालना, पर उखाड़ देना; कान्तिहीन करना, शोभा^F बिगाड़ देना, शान^F बिगाड़ना।

dispondee डिस्पॉन्डी' n. (साहि०) **म-ग-पद;** (छन्दःशास्त्र) दो गुरु मात्राओं^F के दो पद।

dispone डिस्पोन् v.t. (स्कॉट कानून) विधानतः सम्पत्ति^F देना।

disponee -नी' n. (स्कॉट कानून) दायभागी, विधानतः जिसे सम्पत्ति^F दी गयी हो।

disponer -नॅर् n. (स्कॉट कानून) अधिदाता, जो विधानतः सम्पत्ति^F दे।

disport डिस्पोर्ट्' १. n. क्रीड़ा^F, विहार, आमोद-प्रमोद, मनोरंजन, केलि^F, कलोल, कुलेल^F, अठखेलियाँ^F, खेल-कूद^F; २. v. refl. & i. क्रीड़ा^F करना, विहार करना, केलि^F करना, आमोद-प्रमोद करना, आनन्द मनाना, अठखेलियाँ^F करना, कलोल करना, कुलेल^F करना, खेलना-कूदना।

disportment -'मॅन्ट् n. मनोरंजन; खेल; खेल-तमाशा, कौतुक।

disposability डिस्पोजबि'लिटि n. वश्यता^F, अधिकार-में होना, त्याज्यता^F, विनियोज्यता^F, प्रयोगकी योग्यता^F, विक्रेय, विक्रणीयता^F।

disposable -ज़ॅबॅल् a. वश्य; देय; स्वायत्त (~ *income*); विनियोज्य, परित्यजनीय, त्याज्य, निर्वर्त्य (~ *balance*), प्रयुज्य, प्रयोग-योग्य, प्रयोज्य, (~*load*) विक्रेय, विक्रणीय, बेचने योग्य।

disposal डिस्पो'ज़ल् n. नियन्त्रण, अनुशासन, अधिकार, वश (*at one's~*); **निस्तारण;** व्यवस्थापन; व्यवस्था^F, विन्यास, प्रबन्ध, इन्तजाम; विनियोग, परित्यजन, परि-त्याग; (का०) **विसर्ग;** (का०) **निर्वर्तन,** निर्णय, **निपटान,** (विधा०) **निबटारा,** (का०) **निपटारा,** फैसला; समर्पण, सुपुर्दगी^F; (विधा०) **व्ययन,** विक्रय, बिक्री^F;

~depot, ~field, ~godown, ~register, ~store, ~surplus, ~wing, ~works.

dispose -ज़्' v.t. निर्धारित करना, स्थिर करना, निश्चित करना; व्यवस्थापन करना, व्यवस्था^F करना, क्रम-से रखना, सजाना, सँवारना, सरियाना, ठीक-ठिकाने रखना; विशेष अवस्था^F में लाना, स्वस्थ करना; मोड़ देना, ढाल देना; प्रवृत्त करना या होना, रुझान लाना, इच्छा^F उत्पन्न करना, झुकाना, झुकना, शौक^F दिलाना; विक्रय करना, बय करना, बेचना; समाप्त कर देना, विध्वंस कर देना, नष्ट कर देना, काम तमाम कर देना, वध करना, कत्ल^F करना, मार डालना; विसर्ग करना; निस्तारित करना, निर्वर्तन करना, निर्णय करना, तय करना, चुकाना, निपटाना, फैसला करना; खा जाना; थोड़ेसे रनोंमें आउट कर देना; *~ of* **ठिकाने लगाना;** (विधा०) **व्ययन करना; नियत करना, तरतीब**^F **देना,** (का०) **विसर्ग करना, निर्वर्तन करना, निबटाना।**

disposed –ड्' a. विन्यस्त, व्यवस्थित, निर्वर्तित, स्वस्थ (*well-~*); निस्तारित; विसर्जित ।

disposedness –ज़िड्-नि`स् n. = DISPOSITION.

disposer –ज़र् n. वितरक; निर्देशक; विनियन्ता, प्रबन्धक ।

disposing –जिंग् १. n. निस्तारण, निपटाना; DISPOSAL; २. a. व्यवस्थाथी, निस्तारक, व्यवस्था-सम्बन्धी ।

disposition –पॅज़ि'शॅन् n. (प्रायः बहु०) **मोर्चे**, आक्रमण आदिके लिए उद्यत सेना^F की टुकड़ियों^F का स्थान-निर्धारण; (का०) **व्ययन, निबटाना, बरताना**; विसर्ग; निर्वर्तन, निपटारा; विवरण (*~board*); (शिक्षा०) **विन्यास**, व्यवस्थापन, क्रम, प्रबन्ध, सजावट^F; अध्यादेश, समयादेश, वितरण (*a ~of Providence*); अधिकार, वश, काबू; वृत्ति^F, (शिक्षा०) **चित्तवृत्ति^F**, मनोवृत्ति^F, (मनो०, दर्श०) **प्रवृत्ति^F**, (कुछ रोगोंकी ओर); प्रकृति^F, स्वभाव, शील, रुझान^F, झुकाव, तबियत^F, मिजाज; दस्तावेज (विलेख) या वसीयत^F द्वारा दान या हिब्बा ।

dispositional –नॅल् a. वितरण-सम्बन्धी; निर्देशन-सम्बन्धी; व्यवस्थाथी, प्रबन्ध-सम्बन्धी; मनोवृत्तिमूलक, प्रवृत्ति-सम्बन्धी; शीलगत, स्वभाव-सम्बन्धी ।

dispositioned –शॅन्ड् a. प्रवृत्त, प्रकृतिस्थ, प्रबन्ध किया हुआ ।

dispositive –पॉ'ज़िटिव् a. प्रबन्ध या व्यवस्था^F से सम्बन्धित, व्यवस्थित ।

dispositor –टॅर् n. अवस्थापक, अन्य ग्रहोंको नियन्त्रित या नियमबद्ध करनेवाला ग्रह ।

dispossess डिस्पॅज़े`स्' v.t. स्वत्वहरण करना, आधिपत्य हटाना, अधिकारच्युत करना, किसीको निकालकर उसका स्थान लेना; (का०) **कब्जाहरण करना**, बेदखल करना; व्यतिधारण करना, व्यतिरोपण करना, धारण-च्युत, करना; वंचित करना; प्रेत-पिशाचादिसे मुक्त करना, भूत उतारना ।

dispossessed –ड्' a. अधिकार-भ्रष्ट, धारण-च्युत, हतस्वत्व ।

dispossession –शॅन् n. स्वत्वहरण, आधिपत्य-वंचन, अधिकार-च्युति^F; (का०) **कब्जाहरण**; व्यतिधारण, व्यतिरोपण, धारण-च्युति^F, धारण-त्याग; भूत-प्रेतादिसे मुक्ति^F ।

dispossessor –'सॅर् n. स्वत्वहर्ता, अधिकारसे च्युत, करनेवाला, आधिपत्य छीन लेनेवाला; प्रेत-पिशाचादिसे मुक्त करनेवाला ।

dispost डिस्पोस्ट्' v.t. पदच्युत या स्थान-च्युत करना ।

disposure डिस्पो'ज़र् n. प्रकृति^F, प्रवृत्ति^F, चित्तवृत्ति^F, शील, स्वभाव, रुझान^F; अवस्थान, व्यवस्था^F, क्रम ।

dispraise डिस्प्रेज्' १. n. कलंक, अपयश, दोष, निन्दा^F, बदनामी^F; तिरस्कार; २. v.t. कलंकित करना, अपयश फैलाना, दोष लगाना, निन्दा^F करना, बदनाम करना; तिरस्कार करना ।

dispraiser –ज़र् n. निन्दक, गर्हणा^F करनेवाला ।

dispread डिस्प्रे`ड् v.t. & i. चतुर्दिक विकिरण करना, चारों ओर छितराना; वितान होने देना या विकिरण होने देना ।

disprejudiced डिस्प्रे`'ज्यूडाइस्ड् a. निस्संग, पक्षपात-रहित ।

disprise डिस्प्राइज़्' v.t. अवमूल्यांकन करना, कम समझना ।

disprison डिस्प्रि'ज़ॅन् v.t. मुक्त कर देना, रिहा करना ।

disprivilege डिस्प्रि'विलिज् v.t. विशेषाधिकारसे वंचित कर देना ।

disprofit डिस्प्रॉ'फ़िट् n. अलाभ, हानि^F, नुकसान ।

disproof डिस्प्रूफ़्' n. प्रत्याख्यान, प्रमाण-खण्डन, भ्रान्त प्रतिपादन, खण्डन; अप्रमाण, खण्डन करनेवाली वस्तु^F ।

dispropertied डिस्प्रॉ'पॅर्टिड् a. = DISPOSSESSED.

disproportion डिस्प्रॅपॉर्'शॅन् n. व्यनुपात, अनुपात-हीनता^F, विषमता^F; वैषम्य, असंगति^F, असमता^F, बेढंगापन ।

disproportionable –शॅनॅबॅल् a. व्यनुपाती, अपर्याप्त, विषम, अयोग्य ।

disproportionableness –नि`स् n. व्यनुपातिता^F; अपर्याप्तत्व, विषमता^F, अयोग्यता^F ।

disproportional –'नॅल् a. व्यनुपाती ।

disproportionate –नॅट a. व्यनुपाती, अनुपातहीन, विषम, अनघड़, बेढंगा; बेडौल, बेजोड़, आवश्यकतासे अधिक छोटा-बड़ा ।

disproportionateness –नि`स् n. = DISPROPORTIONABLENESS.

disproportionation –ने'शॅन् n. (रसा०) द्विरनुपातन, दो विभिन्न मिश्रणोंमें परिवर्तन ।

disproportioned –र्'शॅन्ड् a. अनुपातहीन, विषम, अनुचित, बेढंगा, छोटा-बड़ा ।

disprovable डिस्प्रू'वॅबॅल् a. प्रत्याख्येय, अप्रमाण्य, असत्य, निराधार ।

disproval –वॅल् n. निराकरण, खण्डन, असिद्धि, अप्रमाणीकरण ।

disprove –व्' v.t. प्रत्याख्यान करना, प्रमाण-खण्डन करना, प्रतिवाद करना, खण्डन करना, अप्रमाणित करना, निराकरण करना, असत्य सिद्ध करना, रद्द करना, काटना, झूठा साबित करना ।

disproved –ड्' a. (का०) **असिद्ध, असत्यसिद्ध**, अप्रमाणित, प्रत्याख्यात ।

disprovided डिस्प्रॅवाइ'डि`ड् a. अनवाप्त, असज्जित (खाद्य-सामग्री^F से), खाली ।

dispunge डिस्पन्ज्' v.t. स्पंजसे निकालना, निचोड़ना, मिटाना ।

disputable डिस्'प्यूटॅबॅल् a. विवाद्य, विवादास्पद, विवादग्रस्त, सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त, अनिश्चित, (*~claims*) ।

disputableness –नि`स् n. विवाद्यता^F, तर्काईता^F, संदिग्धता^F, अनिश्चितता^F, झगड़ा ।

disputant –टॅन्ट् a. & n. (रान०, अर्थ०) **विवादी**,

झगड़ालू, (राज०) झगड़ा करनेवाला; तार्किक, नैयायिक, हेतुवादी ।

disputation –टे'शॅन् n. वितण्डा, युक्ति^F, वादानुवाद, तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, कलह^F, हुज्जत^F ।

disputatious –शॅस् a. तर्कात्मक, तर्कप्रिय, विवादार्थी, बिवादप्रिय, कलहशील, कलहप्रिय ।

disputatiousness –निस् n. तर्कात्मकता^F, कलहशीलता^F, कलहप्रियता^F ।

disputative –'प्यूटॅटिव् a. विवादात्मक, तर्कशील, वितण्डात्मक ।

dispute[1] डिस्प्यूट्' n. विचार; वादानुवाद, वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, वितण्डा, बहस^F, मुबाहिसा; मतभेद, वैमत्य; (का०) वाद, (विधा०) विवाद, कलह^F, रार^F, झगड़ा, तकरार^F, लड़ाई^F; *in* ~ विवादास्पद, विवादग्रस्त ।

dispute[2] v. i. & t. विचार करना; विवाद करना, तर्क करना, तर्क-वितर्क करना; विप्रतिपादन करना, खण्डन करना, सन्देह प्रकट करना; प्रत्याख्यान करना, अस्वीकार करना; विरोध करना, आपत्ति^F करना, रोकना; अवरोध करना, बाधा^F डालना; स्पर्द्धा^F करना; कलह^F करना, झगड़ा करना; चेष्टा^F करना, प्रयत्न करना, कोशिश^F करना ।

disputed –टिड् a. विवाद; विवादग्रस्त, (~ *bill*, ~ *succession*), झगड़ेका, तकरारी ।

disputer –टॅर् n. दे० DISPUTANT.

disqualification डिस्क्वॉलिफ़िके'शन् n. अपात्रता^F, (का०) अनर्हता^F, अनर्हीकरण, (रेल०) अयोग्यता^F, निर्योग्यता^F, गुणाभाव; अधिकारापहरण, अधिकार-वंचना^F, (विशे०) अवगुण, त्रुटि^F, दोष, कमी^F, ऐब ।

disqualified –'लिफ़िड् a. अनर्हित, (का०) अनर्हीकृत, अनर्ह, अयोग्य ठहराया गया ।

disqualify –फ़ाइ v.t. अनर्हित होना या ठहराना, अपात्र होना या ठहराना, (का०) अनर्ह करना, (रेल०) अयोग्य ठहराना या करना; अनुपयुक्त होना या ठहराना, अक्षम होना या करना, अयोग्य होना या करना; (कानून) अधिकार-वंचित करना, अधिकार छीन लेना ।

disquiet[1] डिस्क्वॉ'अॅट् n. अशांति^F, व्यग्रता^F, व्याकुलता^F, चिन्ता^F, वैक्लव्य, क्षोभ, बेचैनी^F, परेशानी^F ।

disquiet[2] v.t. अशान्त करना, क्षुब्ध करना, व्याकुल करना, व्यग्र करना, बेचैन करना, परेशान करना ।

disquiet[3] a. अशान्त, क्षुब्ध, व्यग्र, व्याकुल, बेचैन, परेशान ।

disquietous –वॉइ'ॲटॅस् a. विक्षोभकारी, अशान्त करनेवाला ।

disquietude, disquietness –'इट्यूड्, –निस् nn. अस्वाच्छन्द्य; अस्थैर्य, अस्थिरता^F; अशान्ति^F, क्षुब्धता^F, क्षोभ, व्यग्रता^F, व्याकुलता^F, चिन्ता^F; परेशानी^F ।

disquisition डिस्क्विज़ि'शॅन् n. गवेषणा^F; अनुसंधान, अन्वेषण, शोध^F, खोज, जाँच^F; तहकीकात^F; शोध-प्रबन्ध, अन्वेष-कृति^F; निरूपण, विमर्श, विवेचन, परीक्षा^F ।

disquisitional –नॅल a. गवेषणात्मक, अन्वेषणीय, शोधमूलक, जाँच-सम्बन्धी; आलोचनात्मक, विवेचनीय, निरूपणीय ।

disquisitive –ज़िटिव् a. = DISQUISITIONAL.

disquisitor –टॅर् n. अन्वेषक, आलोचक, शोध-प्रबन्ध-लेखक ।

disrank डिस्रैन्क्' v.t. पदावनत करना, हेय बनाना, पद घटाना ।

disrate डिस्रेट्' v.t. रेटमें कमी^F करना, दर घटाना; (परि०) पदावनति^F करना, ओहदा घटाना ।

disregard[1] डिस्रिगार्ड्' n. उदासीनता^F, उपेक्षा^F उपहास, अवहेला^F, अनादर, अनपेक्षा^F, अवज्ञा^F; अनसुनी^F, अनदेखी^F, टाल-मटोल^F, लापरवाही^F ।

disregard[2] v.t. उदासीनता^F दिखाना, उपेक्षा^F करना, अवज्ञा^F करना, उपहास करना, अनादृत करना, अग्राह्य मानना, अवहेलना^F करना, महत्त्व न देना, ध्यान न करना ।

disregarded –'डिड् a. उपेक्षित, अनपेक्षित, अनादृत ।

disregardful –ड्'फ़ुल् a. निरपेक्ष, अनवधान, उपेक्षापूर्ण, अवज्ञापूर्ण, औदासीन्ययुक्त, अनादरपूर्ण ।

disrelish[1] डिस्रे'लिश् n. जुगुप्सा^F, घृणा^F, विराग, अप्रीति^F, विरक्ति^F, विमुखता^F, विद्वेष, अप्रवृत्ति^F, अरुचि^F, अस्वाद ।

disrelish[2] v.t. जुगुप्सा^F करना, घृणा^F करना, विराग होना, विरक्त होना, विमुख होना, अप्रवृत्त होना, अरुचि^F होना, स्वादु न लगना ।

disremember डिस्रि'मे'म्'बॅर् v.t. (बोल०) विस्मृत करना, विस्मरण करना, विसारना, भूलना ।

disrepair डिस्रि'पेअॅर्' n. संस्कार-विहीनता^F, बेमरम्मतीकी दशा^F (जैसे, *is in* ~) ।

disreputable डिस्रे'प्यूटॅबॅल् a.अयशस्कर, अकीर्तिकर, अपमानजनक; अनार्य, निन्द्य, निन्दनीय, कुत्सित, बुरा (~ *conduct*) नीच; गर्हित, चरित्रहीन; कुख्यात, बदनाम ।

disreputableness –निस् n. अयश, अकीर्ति^F, अपमान; अनार्यता^F, निन्दनीयता^F, कुत्सितता^F, नीचता^F; कुख्याति^F, अप्रतिष्ठा^F, बदनामी^F; चरित्रहीनता^F ।

disreputation –रि'प्यूटे'शॅन् n. = DISREPUTE.

disrepute डिस्रि'प्यूट्' n. अपयश, अपमान, अप्रसिद्धि^F, अप्रतिष्ठा^F, असम्मान, अपकीर्ति^F, निन्दा^F, कलंक, बदनामी^F ।

disrespect डिस्रि'स्पे'क्ट' १. n. अवज्ञा^F, अवमान, परिभव, पराभव, अधिक्षेप, असम्मान, (दर्श०) अनादर, तिरस्कार^F; अशिष्टता^F, अविनय, अभद्रता^F, बेअदबी^F, गुस्ताखी^F २. v.t. अनादर करना, अवमान करना, उपेक्षित करना ।

disrespectable –'टॅबॅल् a. अनादरयुक्त, अनादरणीय ।

disrespectful –ट्'फ़ुल् a. (दर्श०) निरादरपूर्ण, अनादरपूर्ण, असम्मानपूर्ण, अपमानपूर्ण, अवमानी, उपेक्षामय, अधिक्षेपमय, पराभवपूर्ण; अशिष्ट, अविनीत, अभद्र, बेअदब, गुस्ताख ।

disrespectfulness –निॅस् n. अनादर, अवमान, अधिक्षेप, परिभव, पराभव, तिरस्कार; अशिष्टता^F, अभद्रता^F, बेअदबी^F, गुस्ताखी^F।

disrobe डिस्रोब्' v.t. & i. विवस्त्र करना या होना, नग्न करना या होना, नंगा करना या होना, कपड़े उतारना, उघारा होना।

disroot डिस्रूट्' v.t. निर्मूल करना, उन्मूलन करना, जड़^Fसे उखाड़ना; (स्थानसे) निकाल देना, हटा देना।

disrupt डिस्रप्ट्' v.t. शीर्ण करना, विशीर्ण करना, विदीर्ण करना, छिन्न करना, विच्छिन्न करना, विभिन्न करना, टुकड़े-टुकड़े करना, तितर-बितर करना; विध्वंस करना, नष्ट-भ्रष्ट करना, चीर डालना।

disruption डिस्रप्'शॅन् n. विशीर्णता^F, विदारण, फूट^F, तोड़-फोड़^F; (शिक्षा०) **विघटन**, विच्छेद, विच्छिन्नता^F, भंजन; विध्वंस, विनाश, the D~ (१८४३ में, स्कॉटलैण्डकी) फूट^F।

disruptive –'टिव् a. प्रविदारी (~ *force*), विदारी (~ *charges*), विदारक, विच्छेदकारक, फूट^F डालनेवाला; विध्वंसक, विनाशक।

disrupture –च्युअॅर् n. = DISRUPTION.

diss. DISSERTATION.

dissatisfaction डिस्सैटिस्फैक्'शॅन् n. (शिक्षा०) **असन्तोष**, अतृप्ति^F, असंतृप्ति^F, वितुष्टि^F, अप्रवृत्ति^F, नाराजी^F, हलचल^F।

dissatisfactory –'टॅरि a. असन्तोषजनक, अतृप्तिकारी।

dissatisfied –टिस्फाइड् a. असन्तुष्ट, अतृप्त, असंतृप्त।

dissatisfy –इ v.t. असन्तुष्ट करना, अतृप्त करना, असन्तृप्त करना; अप्रवृत्ति^F उत्पन्न करना; अप्रसन्न करना, नाखुश करना, नाराज करना।

dissave डिस्सेव्' v.t. व्यय करना, बचा न रखना।

dissaving –'विंग् n. (अर्थ०) **अधिव्यय**।

disseat डिस्सीट्' v.t. अपदस्थ कर देना, स्थान-च्युत कर देना, हटा देना, गिरा देना।

dissect डिस्सॅक्ट्' v.t. शवच्छेद करना, (जीव०) **विच्छेदन करना**, अंग-अंग पृथक् करना, चीरना, चीर-फाड़^F करना; विश्लेषण करना, सूक्ष्म परीक्षण करना, महीन जाँच^F करना।

dissected –'टिॅड् a. (वन०) **भाजित**, (प्रा० भूगोल) **विरदित** (~ *plateau*)।

dissectible –टिबॅल् a. विश्लेष्य, व्यवच्छेद्य, चीरने-फाड़नेलायक।

dissecting –टिंग् n. विच्छेदन; a. विभाजन-सम्बन्धी; विच्छेदक, विच्छेदन-सम्बन्धी;
~ board, ~ case, ~ dish, ~ mycroscope, ~ needles.

dissection –शॅन् n. (जीव०, प्राणि०) **व्यवच्छेदन, विच्छेदन**, शवव्यवच्छेद, अंगव्यवच्छेद, चीर-फाड़^F; शरीरव्यवच्छेद-विद्या; विश्लेषण, सूक्ष्म परीक्षण, विचार।

dissective –'टिव् a. विच्छेदन करनेवाला या करनेसे सम्बन्धित।

dissector –टॅर् n. व्यवच्छेदक; (चि०) शवच्छेदक अंगव्यवच्छेदक, टुकड़े-टुकड़े करनेवाला; विश्लेषक, सूक्ष्म परीक्षक, जाँच-पड़ताल^F करनेवाला।

disseise, -ze डिसीज़्', -ज़्' v.t. (अविधानतः) स्वत्वापहरण करना, गैरकानूनी अधिकार करना।

dissemblance डिस्सॅम्'ब्लॅन्स् n. असादृश्य, असमानता^F, भेद, भिन्नता^F।

dissemble –'बॅल् v.t. & i. (एक बात^Fको दूसरी बात^Fके पर्देमें) गुप्त रखना, गोपन करना, छिपाना, छिपाव करना; छल करना, कपटाचरण करना, कपटवेश धारण करना, छद्मवेश धारण करना; (प्रा०) ध्यान न देना, अवहेलना^F करना, उपेक्षा^F करना, अनदेखी करना, अनसुनी करना, टाल देना; उल्लेख न करना, बात^F छिपाना; पाखण्डी बनना, मक्कार होना।

dissembler –लॅर् n. छली, कपटी, दाम्भिक, छद्मवेषी, पाखण्डी, मक्कार।

dissembling –लिंग् १. a. छली, पाखण्डी; छलयुक्त, कपटपूर्ण; २. n. दम्भ, कपट, प्रतारणा^F, गोपन, छिपाव।

disseminate डिस्सॅ'मिनेट् v.t. परिवपन करना, प्रकीर्ण करना, विकीर्ण करना (रोगाणु), बिखेरना, छितराना, फैलाना, बोना; प्रचारित करना, प्रचार करना, प्रसार करना।

dissemination –नॅ'शॅन् n. परिवपन, (प्रा० भूगोल, चि०) **विकीर्णन**, (जैसे रोगाणुओं को), (कृषि०) बिखरना, (ऋतु०) **बीज बिखेरना**, बोना; प्रसरण, विप्रथन, प्रचारण; प्रचार, प्रसार, फैलाव।

disseminative –मिनेटिव् a. परिवपन; छितराया हुआ, बिखेरा हुआ।

disseminator –टॅर् n. वप्ता, विकीर्णक, बीज बोनेवाला; प्रचारक, प्रसारक, फैलानेवाले।

dissension डिस्सॅन्'शॅन् n. भेद, (राज०) **मतभेद**, वैमत्य, विरोध, विवाद, असहमति^F, अनबन^F, फूट^F, झगड़ा।

dissent[1] –ट् n. विमति^F, वैमत्य, विरोध, (का०) **मतभेद, विसम्मति^F, असम्मति^F, असहमति^F**; सुव्यवस्थित धार्मिक सिद्धान्तोंका विरोध; (सामूहिक) भिन्न-मतावलम्बी लोग।

dissent[2] v.t. अस्वीकार करना, अनंगीकार करना, न मानना, इनकार करना; वैमत्य रखना, भिन्न मत होना, **विमत होना, असम्मत होना**, मतभेद रखना, असहमति^F प्रकट करना; (विशेष धार्मिक सिद्धान्तमें) गिरजाघरसे मतभेद रखना।

dissentaneous –टॅ'निॅअॅस् a. असम्मत, असहमत, विभिन्न, विपरीत, उलटा।

dissenter –'टॅर् n. भिन्नमतावलम्बी, भिन्नधर्मावलम्बी।

dissenterism –रिज़्म् n. मतवैभिन्यकी भावना^F या सिद्धान्त, मतभेद भाव।

dissentient –शिॲन्ट्, -'शन्ट् a. & n. विमत, असम्मत, असहमत; भिन्न मत-प्रकाशक, बहुमत-विरोधी।

dissenting –'टिंग् a. विमत (~ *judgment*), विसम्मत (~ *state*), असहमत; ~ opinion (क़ा०) **विमति**^F^, विभिन्न मत।

dissentious –'शस् a. विवादात्मक, विभेदपूर्ण, झगड़ालू।

dissepiment डिस्से'पिमॅन्ट् n. (प्राणिवि०) विभाजन, पृथक्करण, अनुप्रस्थिका^F^, (वन०) अण्डाकार वस्तु^F^के अलग-अलग भाग।

dissepimental –मे'न्'टॅल् a. (प्राणिवि०) अनुप्रस्थिका-सम्बन्धी, (वन०) अलग-अलग भागवाला।

dissert, dissertate डिस्से'ट्, डि'सॅटेट् v.t. स्पष्ट व्याख्या^F^ करना, विस्तृत विवेचना^F^ करना; विवरण देना; विचार-विमर्श करना।

dissertation –टे'शॅन् n. व्याख्या^F^, विवेचन, निरूपण; तर्क, विचार; प्रबन्ध, अन्वेष-प्रबन्ध, शोध-प्रबन्ध, (शिक्षा०) **शोध-निबन्ध,** मतबन्ध, निबन्ध, रचना^F^; प्रवचन।

dissertational –नॅल् a. विवेचनात्मक; वार्तालाप-सम्बन्धी, प्रबन्ध-सम्बन्धी।

dissertative –'सॅटेटिव् a. वार्तालापी।

dissertator –टॅर् n. तार्किक, विवेचक, विचारक; प्रबन्धकार, निबन्धकार, रचयिता।

disserve डिस्सॅर्व' v.t. क्षति^F^ करना, हानि^F^ पहुँचाना, अनिष्ट करना, अकाज करना, नुकसान पहुँचाना।

disservice –'विस् n. क्षति^F^, हानि^F^, कुकृत्य, असेवा^F^, अपाय, अनिष्ट, अपकार, अनुपकार, अकाज।

disserviceable –सॅवॅल् a. अकार्यकर, क्षतिकारक, हानिजनक।

dissever डिस्से'वॅर् v.t. & i. वियुक्त करना, विच्छिन्न करना, पृथक् करना, विभाजित करना, अलग-अलग करना, टुकड़े-टुकड़े करना।

disseverance –रॅन्स् n. वियोजन, अलगाव; दो हिस्सोंमें विभाजन।

disseveration, -ment –रे'शॅन्, -मॅन्ट् nn. = DISSEVERANCE.

dissidence डिस्'सिडॅन्स् n. वैमत्य, मतभेद, विरोध, वैमनस्य, अमेल, असहमति^F^।

dissident –डॅन्ट् a. & n. भिन्नमतावलम्बी, भिन्नधर्मा-वलम्बी; बहुमतविरोधी, सरकारी मतविरोधी।

dissight डिस्'साइट n. कुदृश्य।

dissilient डिस्सि'लिॲन्ट् a. स्फोटक, विस्फोटी, प्रचण्डता^F^से विस्फुटित या विवृत्त होनेवाला।

dissimilar डिसि'मिलॅर् a. विषम, (गणि० भी) **असमरूप, असमान,** असदृश, विजातीय, भिन्न।

dissimilarity, dissimilitude –लै'रिटि, –लिट्यूड् nn. विषमता^F^, वैषम्य, असाम्य, असमानता^F^, असमरूपता^F^, असादृश्य, असदृशता^F^, भेद, भिन्नता^F^, विजातीयता^F^।

dissimilate –'मिलेट् v.t. (चि०) अपचय होना; (भाषावि०) ध्वनिभेद करना, विलोम वर्ण लाना, असवर्ण होना; विषम करना, असम करना।

dissimilation –ले'शॅन् n. (चि०) दुस्सात्म्यीभवन, अपचय; ध्वनिभेद; असाम्य; विषमीकरण।

dissimilative –'मिलेटिव् a. असाम्यपूर्ण, विलोम, विषम।

dissimile डिसि'मिली n. विलोम उपमा^F^।

dissimilitude डिस्सिमि'लिट्यूड् n. = DISSIMILARITY.

dissimilitudo –डो n. (साहि०) **वैषम्य।**

dissimulate डिसि'म्यूलेट् v.t. & i. (विचार) गुप्त रखना, प्रकट न करना, छिपाना, दुराव करना, स्वाँग भरना, पाखण्डी बनना, कपट वेश धारण करना, दम्भी बनना, भान करना, ढोंग रचना।

dissimulation –ले'शॅन् n. कपटाचरण, (मनो०) **छद्म,** पाखण्ड, स्वाँग, (शिक्षा०) **कपट,** छल, दुराव, छिपाव, ढोंग।

dissimulator –'म्यूलेटॅर् n. कपटाचारी, पाखण्डी, स्वाँगी, छली, ढोंगी, दम्भी, मक्कार।

dissipate डिस्'सिपेट् v.t. & i. विकीर्ण करना, बिखेरना, छितराना; छिन्न-भिन्न करना; लुप्त करना, गायब करना या होना; क्षय करना या होना, मिटा देना, मिट जाना; अपाकिरण करना, धनक्षेपण करना, अपव्यय करना, धन उड़ाना; शक्ति^F^ क्षय करना, बल नष्ट करना; व्यसनासक्त रहना, दुराचरण-रत रहना।

dissipated –टिड् a. (क्रियागत अर्थोंमें); विप्रथित, व्यग्रचित्त, छिन्न-भिन्न, अपाकीर्ण, निर्धूत, निवारित, बिखेरा हुआ, छितराया हुआ; लुप्त, मिटा हुआ; अपव्यय किया हुआ; भ्रष्ट, नष्टचरित्र, दुर्वृत्त, दुराचारी, व्यसनासक्त; (विशे०) कण-कण, जर्रा-जर्रा।

dissipater –टॅर n. = DISSIPATOR.

dissipation –प'शॅन् n. विच्छिन्नता^F^, व्यवच्छेदन, विकिरण, (वन०) **विसरण,** (भौ०, यंत्र, ऋतु०) **क्षय;** छिन्न-भिन्न करना; (गति वि० भी) **विक्षेप,** (~ *of energy*) द्रव्योत्सर्ग, धनव्यय, अपव्यय, फिजूलखर्ची^F^; व्यग्रचित्तता^F^, अनेकाग्रचित्तता^F^, ध्यानापकर्षण; लाम्पट्य, दुर्वृत्तता^F^, (दर्श०) **दुर्व्यसनिता**^F^, व्यसनिता^F^, भ्रष्टशी-लता^F^, दुराचारिता^F^।

dissipative –'सिपेटिव् a. निवारणात्मक, छिन्न-भिन्न करनेवाला; कण-कण करनेवाला; अपव्यय करनेवाला; विक्षेपी, असंरक्षी, क्षयशील (~ *forces*), **क्षयकारी,** शक्ति^F^ क्षय करनेवाला; व्यसनी, दुराचारी, दुराचारशील; व्यग्र।

dissipator –टॅर् n. अपव्ययी, फिजूलखर्चू, उड़ाऊ।

dissipiment डिसि'पिमॅन्ट् n. (वन०) **पट।**

dissociable डिस्सो'शॅबॅल् a. वियवनीय, वियोज्य, विभाज्य, विघटनीय, विच्छेदनीय, पृथक्करणीय; चित्तको अनेकाग्र करने योग्य।

dissociate –शिॲट् v.t. वियवन करना, वियुक्त करना, विभक्त करना, पृथक् करना, असम्बद्ध करना; (रसा०) विघटित होना या करना; चित्तको अनेकाग्र करना, डाँवाडोल करना।

dissociated -टि'ड् a. (रसा०) **विघटित,** (~ *module*), पृथक्कृत, **वियोजित,** वियुत, वियुक्त, पृथक्कृत, अलग किया हुआ।

dissociating -टिंग् n. (जीव०) **वियोजन;** a. वियोजी; ~ solvent (रसा०) **वियोजी विलायक, विघटक विलायक।**

dissociation -सिऐ'शॅन् n. वियवन, (रसा०, कृषि०, चि०, शिक्षा०) **वियोजन,** (~ *pressure*, ~*theory*), विसंघटन, विभाजन, विच्छेदन, (रसा०, कृषि०, शिक्षा०, चि०) **विघटन,** (~ *pressure*), पृथक्करण, सम्बन्ध-विच्छेद; (वाणि०) **साझेदारी टूटना**ᶠ; (एकाधिक स्थानोंपर) चित्तको एकाग्र करनेकी प्रेरणाᶠ।

dissociative -'शॅटिव् a. पृथक्कार्य, वियोजनात्मक, विघनटशील।

dissolubility, dissolubleness डिस्सॅलुबि'लिटि, -निॅस् nn. द्रवणीयताᶠ, विद्राव्यताᶠ, क्षरणशीलताᶠ, गलनशीलताᶠ; प्रविलेयताᶠ, विलोपनीयताᶠ, घुलनशीलताᶠ।

dissoluble -'सॅलुबॅल् a. द्रवणशील, विद्राव्य, क्षरण-शील, गलनशील, प्रविलेय, विलोपनीय, घुलनशील।

dissolute डिस्'सॅलूट् a. लम्पट, कामुक, व्यसनी, विषयी, दुर्वृत्त, भोगासक्त, इन्द्रियपरायण, दुराचारी, लुचा, बदचलन, आवारा।

dissoluteness -निॅस् n. लम्पटताᶠ, कामुकताᶠ, दुराचारिताᶠ, लुचपना, बदचलनीᶠ, ऐयाशीᶠ।

dissolution डिस्सॅ'लूशॅन् n. विगलन, द्रवीकरण, (रसा०) **विलयन,** विलोप, विलोपन, (विवाह इत्यादिका) उच्छेद, विग्रह, विच्छेद, (राज०, वाणि०) **विघटन;** (राज०) **भंग,** समापन, संसद्-विसर्जन, (वाणि०) **साझेदारी**ᶠ **टूटना,** क्षय, विध्वंस, विनाश, नाश, लोप; देहावसान, मृत्युᶠ, मौतᶠ; ~ of marriage विवाह-विच्छेद;

dissolvability डिज़ॉल्वॅबि'लिटि n. = DISSOLUBILITY.

dissolvable डिज़ॉल्'वॅबॅल् a. द्रवणीय, गलनीय, प्रविलेय, विलोपनीय, विलयनशील, घुलनशील; विच्छेद्य, विसर्जनीय; समाप्य, अन्त करने योग्य।

dissolvableness डिज़ॉल्'वॅब्ल्निॅस् n. =DISSOLUBILITY.

dissolve[1] -ल्व्' n. **विलय।**

dissolve[2] v.t. & i. द्रवित करना या होना, गलना, गलाना, घचेलना, (रसा०)· **घोलना, घुलना, घुलाना, विलीन करना या होना, विलय करना,** पिघलना, पिघलाना; क्षीण करना या होना, अशक्त करना या होना, निर्बल करना या होना; लुप्त करना या होना; भंग करना, विसर्जित करना, (का०) **विघटित करना,** विच्छेद करना, अन्त करना, समाप्त करना, बरखास्त करना, तोड़ना।

dissolved -ड्' a. प्रविलीन (~ *gas*); (चि०, रसा०) **विलीन** (~ *solids*); विगलित (~ *bones*), घुला हुआ; विघटित, उच्छिन्न (~ *firm*); ~*in tears* अति रोदन किया।

dissolvent -'वॅन्ट् a. & n. प्रविलाय, द्रावक (वस्तु), द्रवकारी (पदार्थ), घुलनशील, घोलनेवाला (पदार्थ)।

dissolving -विंग् a. द्रावक, द्रवकारी, घोलनेवाला।

dissonance, dissonancy डिस्'सॅनॅन्स्, -सि nn. असंगतिᶠ; (भौ०, चि०) असन्नाद, (साहि०) **विस्वनता**ᶠ, **विस्वरता**ᶠ, **असंवादिता**ᶠ, स्वरवैषम्य, बेसुरापन, बेमेलपन।

dissonant -न्ट् a. **असंवादी,** (भौ०) **असन्नादी,** विस्वन; विस्वर; (भौ०) **विवादी;** बेसुरा, असंगत, अनमेल, बेजोड़।

dissuade डिस्स्वेड्' v.t. (किसी कामके विरुद्ध) परामर्श देना, फुसलाना: प्रतिनिवृत्त करना, प्रतिदिष्ट करना, मना करना, बरजना, रोकना, मन फेरना, दिल फेरना।

dissuasion -वे'ज़न् n. (किसी कार्यके विरुद्ध) परामर्श विवर्तन, प्रत्यादेश, फुसलाहटᶠ; निवारण, मनाहीᶠ।

dissuasive -सिव् a. विरुद्ध परामर्श देनेवाला, (दर्श०) **निवर्तक,** विवर्तक, प्रत्यादेशक, फुसलानेवाला; निवारणात्मक, मन फेरनेवाला, दिल फेरनेवाला।

dissuasory -सॅरि a. निषेधात्मक, निषेध करनेवाला।

dissunder डिसॅन्'डॅर् v.t. विलग करना; बाँचना, पढ़ना।

dissyllable डिसि'लॅबॅल् दे० DISYLLABLE.

dissymmetrical डिस्सिमे'ट्रिकॅल् a. विसम्मितीय; असमान, बेडौल।

dissymmetry -'मिट्रि n. विसम्मितिᶠ, असमानताᶠ, असादृश्य।

dist. distance; distinguished; district.

distaff डिस्'टाफ् n. महिलाओंᶠका कार्य, औरतोंᶠका काम; स्त्रीलोक, महिलावर्ग; तर्कुᶠ, तर्कुटीᶠ, (मान०) **तकुआ, सूजा;** (कातनेके लिए, सन, ऊन या पटुआ बाँधनेकी) चिरी हुई लाठीᶠ, (पेवनीᶠ थामनेकी) फटी हुई लकड़ीᶠ; चर्खेकी लाठᶠ; ~side (परिवारका) महिला-दल, स्त्री वर्ग।

distain डिस्टेन' v.t. धब्बा लगाना; मैला करना, गन्दा करना।

distal डिस्'टॅल् a. (श० र० शा० या वन०) (चि०, श० र० शा०, जीव०, मनो०, शिक्षा०) **दूरस्थ,** (कृषि०) **दूरवर्ती,** दूसरे सिरेका, धुरेसे अलग रहनेवाला;
~ carpals, ~convolution, ~extremity, ~peerygiophore, ~row, ~tarsals.

distance[1]* -टॅन्स् n. दूरत्व, दूरताᶠ, **दूरी**ᶠ*, **अन्तर, फासला;** पल्ला, टप्पा, व्यवधान, अन्तराल; अमिलनसारीᶠ, परिचयके प्रति पराङ्मुखताᶠ; मौनभाव, आत्मसंयम; (साहि०) **सान्तर भुक्ति**ᶠ, **सविकल्पक अनुभूति**ᶠ; दूर स्थान, दूरस्थ प्रदेश; अवधिᶠ, समयकी दूरीᶠ, मुद्दतᶠ, अरसा (जैसे, *at this ~ of time*); *to keep one's ~* शान्त रहना; *within striking-~* मारᶠकी सीमाᶠमें, मारᶠकी पहुँचᶠमें;

~block, ~circle, ~ freight, ~ glasses, ~ piece, ~planting, ~receptor, ~restriction, ~shot, ~signal, ~ stone,

distance² v.t. दूर रखना, फासलेपर दिखाना: (दौड़ᶠ इत्यादिमें) बहुत आगे निकल जाना, पीछे छोड़ जाना।

distanced –ड् a. दूरीकृत, (घुड़दौड़ᶠमें) पीछे छोड़ा गया।

distant –ऍन्ट् a. विप्रकृष्ट; दूरस्थ, दूरवर्ती, (रेल०, नौवि०) **दूर,** (~ *signal*), दूरका (~ *relative*), फासलेपर; पराङ्मुख, रूखा; लज्जालु; लज्जाशील, स्तब्ध, मौन, अनालापी; अस्पष्ट; ~return (अर्थ०) **दीर्घकाल प्रतिफल;** ~satisfaction (अर्थ०) **भावी तुष्टि**ᶠ; ~object, ~signal, ~station.

distaste डिस्टेस्ट्' n. जुगुप्साᶠ, घृणाᶠ, अप्रीतिᶠ, अस्वाद, अरुचिᶠ, स्वादहीनताᶠ, विराग, विरक्तिᶠ, नापसन्दगीᶠ।

distasteful –'फुल् a. जुगुप्सामय, घृणास्पद, अप्रिय, अरुचिकर, अतृप्तिकर, विरक्तिकर, निःस्वादु, स्वादहीन, बेस्वाद।

distastefulness –निॅस् n. अप्रियताᶠ, अरोचकताᶠ, निःस्वादुताᶠ, स्वादहीनताᶠ, अरुचिᶠ इत्यादि।

distemper¹ डिस्टेॅम्'पॅर् n. आधिᶠ, मनोव्यथाᶠ, ताप, असंयतताᶠ, चित्तवैलक्षण्य, खराब मिजाज; दुर्दशाᶠ, विप्लव, राजनीतिक उथल-पुथलᶠ; (चि०) प्राणियोंके अनेक संक्रामक रोगोंके नाम।

distemper² v.t. व्याधिग्रस्त करना, पीड़ित करना, (शारीरिक या मानसिक अवस्थाᶠको) अव्यवस्थित करना, बिगाड़ना।

distemper³ n. समारंजन, पलास्तर या रोगन फेरनेका एक ढंग, डिस्टेम्पर पेण्ट, (यंत्र०) T.

distemper⁴ v.t. समारंजन करना, विशेष विधिᶠसे रँगसाजीᶠ करना।

distemperate –रॅट् a. अत्यधिक, चरम; असंयत, अपरिमित; आर्त, आतुर, व्यधिग्रस्त, व्यथित।

distemperature –'चॅर् n. असंयतत्व; ईषदस्वस्थताᶠ, चित्तक्लान्तिᶠ।

distempered –'पॅर्ड् a. विपर्यस्त, अव्यवस्थित, अस्त-व्यस्त, आकुल, क्रमहीन, उलटा-पुलटा; अतिभोगी, असंयमी; बेचैन; बेहोश, धुत्त, पियक्कड़।

distemperedness –'पॅरॅड्'निॅस् n. विपर्यस्तताᶠ, अस्तव्यस्तताᶠ, आकुलताᶠ, बेचैनीᶠ बेहोशीᶠ।

distend डिस्टेॅन्ड्' v.t. & i. (गुब्बारा, नाड़ीᶠ, नथुने इत्यादिको) उत्तनन करना, स्फीत करना, उच्छून करना, आध्मात करना, सूजना, फुलाना, फूलना।

distended –'डिॅड् a. उत्तत, स्फीत, आध्मात, फूला हुआ।

distensibility –सिबि'लिटि n. प्रसार्यताᶠ, स्फीतव्यताᶠ, उत्तन्यताᶠ; फूलने या फुलानेकी शक्तिᶠ, सूजनेकी योग्यताᶠ।

distensible –'सिबॅल a. प्रसार्य, स्फीतव्य, सूजने योग्य, फूलने योग्य, फुलाने योग्य।

distensile –सिल् a. = DISTENSIBLE; उत्तननशील।

distension डिस्टेॅन्'शन् n. उत्तनन, स्फीतिᶠ, प्रसारण, (चि०) **आध्मान,** सूजनᶠ, विस्तार, फैलावटᶠ, फुलाइटᶠ।

distensive –सिव् a. स्फीतव्य, विस्तार्य, प्रसारणीय, प्रसरणशील, फूलनेवाला।

distent डिस्टेॅन्ट्' a. विस्तृत, आध्मात, फूला हुआ, फैला हुआ।

distention –'शॅन् n. = DISTENSION.

disthrone डिस्थ्रोन्' v.t. DETHRONE.

distich डिस्'टिक् n. (साहि०) **विषम द्विपदी,** द्विचरण, श्लोक, द्विपद, दोहा, शेर।

distichia डिस्टि'किॲ n. = DISTICHIASIS.

distichiasis –ऍ'सिस् n. (चि०) उपपक्ष्ममालाᶠ (पलकके बालोंका दो पंक्तियोंमें होना)।

distichous –कॅस् a. (वन०) द्विदैशिक, **द्विपंक्तिक**।

distil डिस्टिल् v. i. & t. (रसा०) **आसवन करना,** तिर्यक् पातित करना, अभिस्रावित करना या होना, क्षरित होना, निस्यन्दित करना या होना, स्रवित होना, छनना, रिसना, टपकना, चुवाना, चूना, वाष्पमें परिवर्तित करना, वाष्पमें परिवर्तित करके फिरसे सर्दीᶠ द्वारा जमाकर द्रव एकत्र करना, सत्त निकालना, अर्क निकालना।

distillable –'टिलॅबॅल् a. असाव्य, तिर्यक्-पातन योग्य, सत्त निकालने योग्य, चुआने योग्य।

distillate –लॅट् n. आसव, (रसा०) **आसुत;** आस्रुत, स्रुत, स्रव, अर्क।

distillation –लॅ'शॅन् n. (रसा०, प्रा० भूगोल, यंत्र०) तिर्यकपातन, **आसवन,** स्रवण, स्रावण, अभिस्रावण, निस्यन्दन, क्षरण, द्रवण, मद्यसन्धान, मद्यनिष्कर्षण;
~ apparatus, ~ condenser, ~ flask, ~range, ~tube, ~value.

distillatory –'लॅटॅरि a. स्रवणीय, स्रावणीय, क्षरणीय, द्रवणीय, निस्यन्दनीय, (चि०) आसवनका, आसवनार्थ ऊर्ध्वपातनकाᶠ, अर्क खींचनेवाला।

dredge² v. t. & i. निकर्षण करना, तलकर्षण करना, मृदुत्सारण करना, मलिनोत्सारण करना, अपोत्सारण करना, कीचड़ निकालना (~*ing machine*); निकर्षित्र-का प्रयोग करना।

dredge³ v.t. (किसी वस्तु^Fपर आटा या कोई अन्य चूर्ण) छिड़कना, भुरभुराना।

dredger¹ –जॅर् n. निकर्षित्र, पंकपरिष्कारक, (सागर आदिसे कीचड़ निकालनेवाला यंत्र), निकर्षक, कीचड़की सफाई^F करनेवाला; (नौवि०) **निकर्षण पोत, चिखिल बोट;** (रेल०) **निकर्षण;** (~*commander*, ~*mate*) (यंत्र०) **झाम,** T.

dredger² n. (आटा छिड़कनेकी) सच्छिद्र ढक्कनयुक्त डिबिया^F (*dredging-box* भी)।

dredging –जिंग् n. (परि०, प्रा० भूगोल) **निकर्षक,** (~ *master*); **तलकर्षण, मिट्टी^F निकालना,** T.

dree ड्री' v.t. (प्रा०) सहना, सहन करना; ~ one's *weird* भाग्यके सामने झुक जाना।

dreg ड्रेॅग्' n. (प्रायः बहु०) उच्छिष्ट, कीच^F, गाद^F, मैल, तलछट^F; असार, निष्प्रयोजन भाग, निकम्मा हिस्सा, निरर्थक वस्तु^F; (एकव०) थोड़ा अवशिष्ट भाग, थोड़ा बचा हुआ हिस्सा।

dregginess –गिनिॅस् n. गँदलापन; तलछटीपन।

dreggy –गि a. व्यर्थ, निरर्थक, निकम्मा; मैला, गन्दला, बेकार, तलछटी।

dregs –ग्ज् n. तलछट^F; कूड़ाकरकट।

dreikanter n. (प्रा० भूगोल) **तिपहल,** T.

Dreibund ड्राइ'बुन्ट (G) n. त्रिसन्धि^F, तीन राज्योंकी सन्धि^F।

drench¹ ड्रेॅन्च् n. (पशुओंको दी जानेवाली) औषध-मात्रा^F, (कृषि०) **दवाई मात्रा,** दवा^Fकी खूराक^F; विषका घूँट; मूसलाधार वर्षा^F; (कृषि०) **नाल^F**।

drench² v.t. (पशुओंको औषध^F इत्यादि) बहुत अधिक पिलाना, पीनेके लिए बाध्य करना, जबरदस्ती^F पिलाना; क्लिन्न करना, संक्लिन्न करना, सिक्त करना, निमज्जित करना, सिरसे पैरतक भिगोना, सराबोर कर देना, गीला करना।

drencher–चॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें, जैसे) पिलानेवाला; सराबोर करनेवाला इत्यादि; (जानवरोंके नहलानेका) (कृषि०) **नाल^F**, फौवारा, दोंगड़ा; मूसलाधार जलवृष्टि^F।

drenching –चिंग् n. (कृषि०) **दवा पिलाना;** ~ spoon (कृषि०) नाल^F।

Dresden ड्रेॅज़्डन् n. (~ *china*, *porcelain* इत्यादिमें) (विशे० १८ वीं शती^Fके) ड्रेस्डेनके चीनी मिट्टी^Fके बर्तन।

dress¹* ड्रेॅस् n. वसन, वस्त्र, परिधान, **वेश, लिबास,** पहिरावा, पोशाक^F, (परि०) **वर्दी^F**, कपड़ा; प्रसाधन, रूप-सज्जा^F, बाह्यरचना^F, बाह्यपरिच्छेद, आकल्प, बाहरी रूप; ~ circle नाट्यशाला^Fकी पहली गैलरी^F; ~ coat सायंकाल पहननेका कोट; ~ goods कपड़ा; ~ maker, ~ king दर्जी; ~ rehearsal पूर्वाभ्यास, पूर्वप्रयोग, ड्रेस-रिहर्सल; morning ~ साधारण वस्त्र।

dress² v.t. & i. (सैन्य) विन्यास करना, पंक्तिबद्ध करना; पंक्ति^Fमें आ जाना, पंक्ति^Fमें खड़ा होना; परिष्कृत करना, परिष्कार करना; अलंकृत करना, आभूषित करना, शृङ्गार करना, सज्जित करना (~ ship); वस्त्र पहनना या पहनाना; कपड़े बनवाना; कपड़े पाना; (शल्य०) व्रणबन्धन करना, पट्टीबन्धन करना, पट्टी^F बाँधना, मरहम-पट्टी^F करना; समतल करना, काट-छाँट^F करना, सफाई^F करना; प्रसाधन करना, केशविन्यास करना, बाल सँवारना, कंघी^F करना; (घोड़ेकी) खरहरा करना, घोटना; अन्नशोधन करना; कुन्दी^F करना, लोहा करना, इस्तरी^F करना; (पत्थर आदिको) चिकनाना, चिकना करना; संरेखण करना; भोजन बनाना, खाना पकाना; पौधेकी काट-छाँट^F करना; खाद^F देना; ~ *down* भोंकना, धक्का देना; पीटना, मारना; डाँटना, फटकारना, झिड़कना; खबर^F लेना;

~ *out* आकर्षक वस्त्र धारण करना, रंग-बिरंगा कपड़ा पहनना; ~ *up* भेष बनाना, विशिष्ट प्रकारकी पोशाक^F पहनना।

dressed –ड्' a. प्रसाधित, सुविन्यस्त, सवेश, अच्छी तरह कंघी इत्यादि किया हुआ।

dresser[1] ड्रे'सर् n. (भोजनालयकी) अलमारी^F; (परि०) **रसोई मेज^F**, T., ड्रेसिंग टेबुल^F।

dresser[2] n. (सेना^Fका) विन्यासकारी, पंक्तिबद्धकर्ता; (जहाज, दुकान^F आदिका) प्रसाधक, अलंकर्ता, सजानेवाला; प्रतिसारक, (शल्य०) व्रणबन्धक, मरहम-पट्टी^F-करनेवाला; **बाँधनेवाला**; (रेल०, यंत्र०) **सान^Fवाला**; सूपकार, पाचक, महराज; भोजन बनानेवाला; माली, पौधेकी काट-छाँट^F करनेवाला; खाद^F देनेवाला; (अभिनेताओं इत्यादिको) वस्त्र पहनानेवाला।

dressership –शिप् n. व्रणबन्धकर्ता^F, पट्टीबन्धन, मरहम-पट्टी^F करनेका गुण।

dressiness –सिनिस् n. शिष्टाचारकी अनुरूपता^F; सुवेशप्रियता^F, कपड़ेका शौक।

dressing –सिंग n. (सेना^Fका) विन्यास, पंक्तिबद्धीकरण; अलंकार, सजावट^F; प्रसाधन, रूप-सज्जा^F; वस्त्रपरिधान; (इंजी०) सज्जीकरण, (यंत्र०) **गढ़ाई^F**; (प्रा० भूगोल) **प्रसाधन**, प्रतिसारण; (शल्य०) व्रणबन्धन द्रव्य, पट्टी बन्धन वस्तु, व्रणबन्धन, व्रण-पट्टी^F, पट्टी^F, (~-*table*); (कृषि०) **पट्टी^F बाँधना, मरहम-पट्टी^F करना, सँवारना**; लोहा करना, इस्तरी^F करना; भोजन बनाना, खाना पकाना; खाद^F डालना, खाद^F देना; (पौधोंकी) काट-छाँट^F करना; डाँटना, झिड़कना, बुरा-भला कहना; मसाले; खाद^F; माड़, कलफ; लोहा, इस्तरी^F; ~-case श्रृंगारदान; पोशाक^Fकी अलमारी^F; ~-gown प्रातःकालीन ढीला लबादा, ड्रेसिंग गाउन; ~-room प्रसाधनागार, श्रृंगार-कक्ष; कपड़ा पहिननेका कमरा; मरहम-पट्टी^Fका कमरा।

dressy –सि' a. श्रृंगारप्रिय; (पोशाक^F इत्यादिका) शिष्टाचार-सम्मत, शिष्टजन-अनुकूल, फैशनेबुल; सुवेशप्रिय, कपड़ेका शौकीन।

drew ड्रूज' DRAW का भूत कृदन्त।

D.R.I. Deputy Registrar, Industries.

dribble[1] ड्रिबॅल् n. टपकन, चुवाव; लुढ़कन।

dribble[2] v.t. & i. टपकना चूना; टपकाना, चुआना; (फुटबाल, गेंद^Fको) लुढ़काना; (बिलियर्ड) गेंद^Fको लुढ़काकर थैली^Fमें पहुँचा देना, गेंद^Fका लुढ़ककर पहुँच जाना।

dribbler –लॅर् n. टपकने या टपकानेवाला; गेंद^F खेलनेवाला।

drib(b)let –'लिट् n. कण, कणिका^F, क्षुद्रबिन्दु, छोटी बूँद^F; अल्पराशि^F, लव मात्र; थोड़ी रकम^F।

dried ड्राइड्' a. (DRY का भू० कृ०) शुष्क, (रसा०) **शुष्कित**, सूखा हुआ; शोषित, सुखाया हुआ; ~milk (कृषि०) **दूध चूर्ण**;

~blood, ~bracken, ~leaves.

drier ड्राइ'अर n. (यंत्र०, मंत्र०) **शोषक**, सुखानेवाला।

drift[1] ड्रिफ्ट' n. गति^F, प्रवाह, **बहाव, बहना**; रुख; (जहाजका) **वहन, (भौ०) अपवहन, संवहन**, (सांख्य०) **अपसरण**, विचलन, (भौ०) **अनुगमन**, दिमार्ग-गमन (~-*way*); (भौ०) **च्युति^F**; (चक्करके कारण फेंकी हुई वस्तु^Fका) मिलकर अलग हो जाना; पार्श्ववेग, पार्श्वगति^F; पशुओंको हाँककर एक स्थानपर ले जाना; प्रवृत्ति^F, रुझान; अप्रत्यक्ष या नैसर्गिक उन्नति^F; अवसर-प्रतीक्षा^F; समयके साथ चलना; भाव, तात्पर्य, प्रयोजन, अभिप्राय, उद्देश्य; (भूगर्भ०) ऊढ़; (प्रा० भूगोल) **अपोढ़**; राशि^F, संचय, समूह, ढेर; राशिकृत हिम या बालुका^F इत्यादि; (रेल०) **गुल्ली^F**; (परि०) **संवहन कोण; संवहन बोतल^F; खिसक^F; फालतू रस्सी^F**; (सैन्य०) व्याकोच; (खनि०) अनुसुरंगा; (हेरिंग मछली^F पकड़नेका) जाल; (खनिजमें) नस^F; लकीर^F; (दक्षिणी अफ्रीकामें) नदी^F पार करनेका छिछला स्थान; एक प्रकारका बर्मा; ~of snow हिमसंहति^F, हिमानी^F; ~bolt (परि०) **सुम्मा, सुंबा**; ~-sand (कृषि०) **अपोढ़ बालू^F**; ~wood (परि०) **बहती लकड़ी^F, बहकर आयी लकड़ी^F**;

~ angle, ~ current, ~ lead, ~ net, ~ theory.

drift[2] v.i. & t. (हवा^F इत्यादिका) वहन करना, अपवहन करना, बहा ले जाना; निरुद्देश्य संचरण करना, बेमतलब टहलना; संचित होना, राशीकृत होना; संचित कर देना, राशीकृत कर देना, ढेर लगाना; (रेत^F इत्यादिसे) आच्छादित कर देना, पाट देना; छिद्र करना, छेद करना; छेदको बड़ा कर देना।

driftage –टिज् n. गति^F, प्रवाह, बहाव, रुख।

drifter –टॅर् n. मछली^F मारनेकी नौका^F।

drifting –टिंग् n. (प्रा० भूगोल) **वहन**; वाही, अपवाही, बहा ले जानेवाला, उड़ा ले जानेवाला; ~snow (ऋतु०) **उड़ती हिम^F**।

drill[1] ड्रिल्' n. व्यध, वेधनी^F, (यंत्र०, रेल०, परि०, मान०) **बर्मा** (छेद करनेका एक यन्त्र); योग्या^F, शस्त्राभ्यास, **कवायद^F, ड्रिल^F**; कठोर अनुशासन; अभ्यास; लघु सरिता^F; ~bit (यंत्र०) **चूड़ीदार बरमा**;

~ammunition, ~cartridge, ~detonator, ~game, ~grenade, ~grinder, ~-hoe, ~instructor, ~lesson, ~master, ~-planting, ~round, ~-sowing, ~stores, ~-system, ~test.

drill[2] v.t. & i. व्यधित करना, बर्मा चलाना, छेद करना; अनुशासन रखना, अनुशासनमें होना; योग्या करना या कराना, कवायद करना या कराना, ड्रिल^F करना या कराना, शस्त्राभ्यास कराना।

drill[3] n. (कृषि०) **वपित्र, ड्रिल^F**, बीज (बोनेका यंत्र); (कृषि०) **उथली गूल^F**; कूँड़; कूँड़में उगे हुए पौधोंकी पंक्ति^F।

drill[4] v.t. कूँड़में बीज बोना; कतारमें पौधे लगाना।

drill[5] n. एक प्रकारका लंगूर।

drill[6] n. एक मोटा ट्विल कपड़ा, जीन, ड्रिल (~*bag*)।

drilled –ड' a. व्यधित, छिद्रित, छेदयुक्त, छेद किया हुआ; उप्त, बोया गया ।

driller–'लॅर् n. व्यधक, छिद्रक, छेदकर्ता, छेद करनेवाला; (परि०, रेल०) **बेधक,** (रेल०) **बरमेवाला,** (परि०) **बरमा चलानेवाला** ।

drilling –लिंग् n. व्यधन, (रसा०, कृषि०) **बेधन, गूल**^F **बनाना;** छेदन, (कृषि०) **सूराख करना,** छेद करना, मोटा सूती कपड़ा; (कृषि०) **ड्रिलसे बोना, वैरना;** ~machine बरमा;
~bits, ~board, ~compound, ~operator, ~outfit, ~section, ~speed.

drink[1] ड्रिन्क् n. पेय, पानीय, पीने योग्य पदार्थ; मद्य, मदिरा^F, शराब^F; (चि०) **पान;** मद्यपान, मदिरापान; मद्यरति^F, मदिरासक्ति^F, मद्य-चषक, मदिरा^Fका प्याला; मदिरा^Fका थोड़ा भाग; खनिज पदार्थ ⊙; *on the*~ मद्यके लिए आत्म-समर्पण करना, मदिरा^Fके सामने झुक जाना; *the*~ (ग्रा०) सागर, समुद्र ।

drink[2]* v.t. & i. (*drank, drunk*) पान करना, पीना*; मद्यपान करना, शराब^F पीना; मद्यरत होना, शराब^Fका आदी होना; मद्यपानमें व्यय करना, शराब^Fमें उड़ा देना; (इन्द्रियों^F द्वारा) अवधारित करना, ग्रहण करना: मद्यपानके समय शुभकामना^F प्रकट करना (जैसे, ~one's *health*); ~*deep* अधिक मात्रा^Fमें पीना, पियक्कड़ होना; ~ *down* or *under the table* (मद्यपानके समय) अपने ऊपर अपेक्षाकृत अधिक नियन्त्रण रखना; ~*in* चिन्तन करना, विचार करना; ~*off* चढ़ा जाना, एक साँस^Fमें पी जाना; ~*to* (किसीके आरोग्यके निमित्त); पीना, मद्यपान करना; ~*up* सब कुछ पी जाना ।

drinkable –'कॅबॅल् a. & n पेय (पदार्थ), पानीय (पदार्थ), पीने-योग्य (पदार्थ) ।

drinkableness –निॅस् n. पेयत्व, पानीयता^F, पानार्हता^F, पीने-योग्य होनेका गुण ।

drinker –कॅर् n. पायी, मद्यप, मद्यपायी, पानासक्त, पियक्कड़ ।

drinking –किंग् n. पान (~*fountain*); मद्यपान, मद्य-सेवन, शराबखोरी^F; ~ water (रेल०) **पीनेका पानी;**
~bout, ~castes, ~fountain, ~glass, ~house, ~hydrant, ~shop, ~trough, ~vessel, ~water, ~well.

drinkless –'लिॅस् a. पेयरहित, बिन पानी ।

drip[1] ड्रिप्' n. रसन^F, चुवन^F, टपकन^F, चुअन^F, चुआव; द्रवपदार्थ, टपकनेवाली चीजें^F; द्रप्सपात्र, एक बर्तन; (स्था०, नीचेके भागका) प्रक्षेप, उभार; (यंत्र०) **तोता;** ~stone (पुरा०) **छज्जा**^F;
~action, ~pipe, ~-tip, ~trap.

drip[2] v.t. & i. (-pp-) रसना, द्रप्सन करना, (यंत्र०) **टपकना,** चूना; टपकाना, चुआना; खूब भींग जाना ।

driped –ड्' n. सिक्थित चर्म, (क्रोम एलममें डुबोकर सुखाया गया चर्म) ।

dripper –'पॅर् n. (रसा०) द्रप्सक, द्रावक, टपकानेवाला ।

dripping –पिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें), स्रवन, रसना, टपकना, चूना; (भोजनमें प्रयुक्त) मांसरस, वसा^F, पिघली हुई चर्बी^F (~*pan*); (किसी वस्तु^Fसे टपकनेवाला) पानी या चर्बी^F इत्यादि; ~*wet* सराबोर, तर-बतर, खूब भींगा हुआ ।

drippy –पि a. द्रप्सक, टपकनेवाला, चूनेवाला ।

drivable ड्राइ'वॅबॅल् a. प्रेर्य, प्रचोद्य, कर्ष्य, हाँकने या चलाने लायक ।

drive[1] –व् n. अन्तर्नोद, **प्रबल प्रेरणा**^F, **प्रेरणा**^F, **प्रणोदन,** नोद, नोदना, अन्तश्चालन, आन्दोलन, सहज प्रवृत्ति^F, रुझान ⊙; संगठित प्रयत्न ⊙; गाड़ी^Fकी सड़क^F, हातेकी सड़क^F, (खनि०) अनुसुरंगा; बल, शक्ति^F, धक्का, झटका; अभियान, (गाड़ी^Fसे) भ्रमण, सैर^F; ~-way (परि०) **सवारी मार्ग** ।

drive[2] v.t. & i. (*drove, ~n*) प्रेरित करना, उत्तेजित करना, बढ़ाना; (आखेटका) हाँका करना, घेरकर लाना; ठेल देना, बलपूर्वक अग्रसर करना; दौरा करना; (कृषि०, यंत्र०) **चालित करना, चलाना, धकेलना;** हाँकना; (गाड़ी^Fका) संचालक होना, ड्राइवर होना; (गाड़ी^Fमें) यात्रा^F करना; सवारी^F करना; बाध्य करना, मजबूर करना; अति परिश्रम करना, बहुत मेहनत^F करना; ढकेलना, फेंकना; बहा ले जाना, उड़ा ले जाना; (गॉल्फ) गेंद^Fको ड्राइवरसे मारना; (क्रिकेट) आगेकी ओर गेंद^F मारना; भूमि^Fमें गाड़ना; छिद्र करना, छेद करना, सूराख बनाना; सुरंग^F बनाना; घूँसे जड़ना, मुक्के मारना; कलम^F घिसना; कारोबार चलाना; सौदा करना; विलम्ब करना, स्थगित करना, टाल देना; झपटना, दौड़ पड़ना; तन्मय हो जाना, मग्न हो जाना, भिड़ जाना; साथ-साथ बहना; बहा ले जाना; ~ *a bargain* सौदाबाजी^F करना, मोलभाव करना; ~ *at* अर्थ होना, अभिप्राय रखना, तात्पर्य होना; ~*away* परे करना, बिखेरना, तितर-बितर करना; ~*out* बाहर निकालना, स्थानापन्न करना; *let* ~ (खींचकर) बाण चलाना; मुक्के मारना, फेंकना ।

drivel[1] ड्रि'वॅल् n. लाला, लार^F; वृथा बकवास^F, बेहूदी बातें^F, गपशप^F ।

drivel[2] v.i. & t. लार^F टपकाना, राल^F गिराना; नाक^F चुआना, नाक^F बहाना; मूर्खतापूर्ण बातें^F करना, बकवास^F करना, बेहूदी बातें^F करना; दुरुपयोग करना, क्षीण करना ।

driveller –लॅर् n. लार^F टपकानेवाला, राल^F बहानेवाला, नाक^F चुआनेवाला; निर्बोध व्यक्ति, अज्ञानी पुरुष, मूढ़ व्यक्ति, मूर्ख आदमी, बेवकूफ आदमी, बकवासी, बेहूदी बातें^F करनेवाला; अपव्ययी, दुरुपयोगी, विनाशक ।

driven ड्रि'वॅन् a. चालित (~ *gear*), हाँका हुआ; ~well (चि०) **नलकूप** ।

driver ड्राइ'वॅर् n. नियन्ता, संचालक; प्रेरक, वाहक; सूत, (रेल०, परि०) **चालक** (~*gear*, ~*transformer*), कोचवान, गाड़ीवाला, **ड्राइवर;** बल्ला, डण्डा; (यन्त्र; अपरोक्ष रूपसे शक्ति^F पानेवाला) मशीन^Fका भाग ।

driverless –लिस् a. चालक-विहीन, कोचवान-रहित, बिना ड्राइवरका।

driving* –विंग् n. चालन, चलाना, हाँकना*; अनुखनन, तिर्यकखनन; ~ allowance चालक भत्ता, ड्राइवर भत्ता; ~-wheel इंजिनका बड़ा पहिया; सायकिल[F]का पिछला पहिया; (यंत्र०) **चालक चक्र, चालन पहिया;** (रेल०) **चालक पहिया, चलानेवाला पहिया;** (अन्य पुर्जों[F]को शक्ति[F] पहुँचानेवाला) मशीन[F]का पहिया;
~axle, ~bevel, ~certificate, ~control, ~force, ~licence, ~member, ~mirror, ~pinion, ~regulations, ~rod, ~shaft, ~trailer.

drizzle[1] ड्रि'ज़ल् n. कणवर्षा[F], सीकर[F], झींसी[F], (प्रा०, भूगोल) **बूँदा-बाँदी[F]**, फूही[F], (ऋतु०) **फुहार[F]**।

drizzle[2] v.t. कणवर्षा[F] होना, झींसी[F] पड़ना, फूही[F] पड़ना, फुहार[F] पड़ना; फुहार[F]से भींग जाना।

drizzly –लि a. सीकरयुक्त, फुहारी, फुहारवाला।

D.R.O. District Refugee officer.

drogher ड्रो'गर् n. शीतनौका, दो पालवाला जहाज, (परि०) T.

drogue ड्रोग्' n. एक तरहका तख्ता, (वैमा०) **लंगर,** T.।

droguet ड्रोगे' n. ऊर्ण-वस्त्र, ऊनी कपड़ा।

droil ड्राएल् v.i. दीर्घसूत्रता[F]से काम करना, धीरे-धीरे काम करना, घिस-घिस करना।

droit ड्राएट', ड्रवा' n. (कानून) अधिकार, स्वत्वाधिकार; दावा।

droitural –च्यूरल् a. स्वत्वाधिकार-सम्बन्धी।

droll[1] ड्रोल् a. & n. वैहासिक, विदूषक, विनोदी, हासकर, परिहास-प्रिय, ठिठोलिया, मसखरी, दिल्लगीबाज; विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, अनूठा, अनोखा, आश्चर्यजनक।

droll[2] v.i. विदूषकका कार्य करना, हास्य करना, परिहास करना, ठिठोली[F] करना, मसखरी[F] करना, दिल्लगी[F] करना।

droller –'लर् n. विदूषक, मसखरा।

drollery –रि n. हास्य, उपहास, परिहास, विहास, विनोद, ठिठोली[F], मसखरी[F], दिल्लगी[F]; विचित्र विहास, अद्भुत परिहास, अनोखी दिल्लगी[F]; परिहासमय कृति[F], हास्यपूर्ण रचना[F]।

drolling –लिंग् n. मसखरापन, विदूषकता[F]।

drollish –लिश् a. ईषद्हास्यकर, कुछ-कुछ मजाकिया।

drollness –ल्'निस् n. वैहासिकता[F]; मसखरापन; विलक्षणता[F], विचित्रता[F], अनोखापन, अनूठापन।

drome ड्रोम्' n. (बोल०) AERODROME का संक्षेप।

-drome- अड्डा (जैसे, *hippo* ~, *aero* ~, *picture* ~)।

dromedarian ड्रॉमिडेअरिअन् a. साँड़नी-सवार।

dromedary –'ड्र्मिडेरि n. एककुकुद् उष्ट्र, साँड़नी[F], साँड़िया, नाका।

dromond ड्रॉमन्ड n. जलयान, महानौका[F] (मध्यकालीन)।

drone[1] ड्रोन्' n. (कृषि०, जीव०) **पुंमधुप,** मधुवृषभ, पुंमधुमक्षक, नरमधुमक्षिका[F], (कृषि०, जीव०) **नर मधुमक्खी[F]**, (~-*bee, fly*); तन्द्रालु, निरुद्योग व्यक्ति, अलस व्यक्ति, अकर्मण्य आदमी, काहिल आदमी, निखट्टू आदमी; अरुचिकर व्याख्यान, नीरस भाषण; अरुचिकर व्याख्याता, नीरस वक्ता; गुंजन, गुंजार, गुनगुनाहट[F]; (मसक वाद्ययन्त्रकी) निचली नली[F]; (निचली नली[F]से निकला हुआ) अप्रतिहत सुर।

drone[2] v.i. & t. भनभनाना, गूँजना, गुनगुनाना; नीरस बोलना या बात[F] करना; आलस्य करना, काहिली[F] करना; समय नष्ट करना, समय बिताना; आलसीकी भाँति जीवन व्यतीत करना।

dronish –'निश a. तन्द्रालु, प्रमादी, सुस्त।

dronishness –निस् n. प्रमाद, सुस्ती[F]।

drony –नि a. = DRONISH.

drool ड्रूल' v.t. (बच्चोंकी तरह) लार[F] चुआना, लाला या लुआब गिरना या गिराना, नाक[F] बहाना।

droop[1] ड्रूप्' n. निरुत्साह, उत्साहहीनता[F], म्लानता[F], शिथिलता[F], कमजोरी[F], **लटकन[F]**।

droop[2] v.i. & t. नत होना, विनत होना, नमित होना, अवनमित होना, नीचे झुकना, नीचेकी ओर देखना, लटकना; शिथिल होना, थककर चूर होना; (का०, सूर्य इत्यादिका) अस्त होना, डूब जाना; मन्द होना, निरुत्साह होना, कुम्हलाना; (चेहरे इत्यादिको) झुकाना, नीचे गिरना; अवसन्न होना; कृश होना, दुर्बल होना।

drooping –पिंग् n. (वन०) **स्रंसन;** a. अवसन्न, म्लान, शिथिल, नमित, विलम्बमान, लटकता हुआ; झुकता हुआ (~ *signal*)।

drop[1]* ड्रॉप् n. द्रप्स, लव, कण, विन्दु, (प्रा० भूगोल, ऋतु०) **बूँद[F]**, कतरा; (औषध[F]की) अति लघुमात्रा[F]; अल्प परिमाण; (बहु०) द्रव ओषधि[F]; मद्यचषक, मदिरा[F]का प्याला; एक प्याला शराब[F]; एक घूँट शराब[F]; विन्दी[F]; गजक[F] (एक मिठाई[F]); (औ०) **पात,** स्रंस, निपात, अवपात, पतन, गिरावट[F], उतार, मन्दी[F], सस्ती[F]; (विधु०) **कमी[F]**; पतनशील वस्तु[F], गिरनेवाली वस्तु[F]; फाँसी[F]का तख्ता; (तलमें आकस्मिक) अवपात, गहराई[F]; (~-*kick*) ठोकर[F], किक[F]; असुविधा[F]; ~ arch (यंत्र०) बैठी डाट[F], मेहराब[F] या कमान[F]; ~-curtain, ~-scene पटाक्षेप, परदा गिरना; *a ~ in bucket* or *ocean* ऊँटके मुँहमें जीरा; *have a ~ in* one's *eye* नशेके लक्षण प्रकट करना;
~ altitude, ~ arm, ~ black, ~-bottom, ~-bottom cupola, ~box, ~ box check, ~ electrode, ~-forged, ~-forging, ~ hammer, ~hammer-man, ~ head, ~-indicator, ~ keel, ~ letter, ~ manhole, ~ panel, ~ reaction, ~ reaction paper, ~stamp, ~stamper, ~stamping, ~system, ~ test, ~ weight, ~ zinc, ~ zone.

drop[2] v.t. & i. (**-pp-**) द्रप्सन करना, टपकना, चूना;

(ला०) मुँहसे निकल पड़ना; नीचे गिर पड़ना; लुप्त हो जाना, खो जाना, गुम हो जाना; लेटना, पड़ जाना; मृत्यु^F होना, मरना; समाप्त होना, खतम होना; न्यून होना, घटना, कम होना; (मूल्योंका) मन्द होना, गिरना, पिछड़ जाना, पीछे रह जाना; नदी^F के उतारकी ओर जाना; आ टपकना, आ निकलना; टपकाना, चुआना; आँसू गिराना; त्याग देना, छोड़ देना; मुक्त होना, छूट जाना; जनना, जन्म देना, बच्चा देना; (सरसरी तौरपर) लिखना या कहना; (धन इत्यादिको) हारना, उड़ा देना; (कुल्हाड़ी^F, मुक्के इत्यादिसे) मार गिराना; (यात्री या पार्सल) उतारना; (बोलनेमें) अक्षर छोड़ देना; (आँखें^F इत्यादि) नीची करना, झुकाना; (ध्वनि^F इत्यादि) मन्द करना, धीमी होना; सम्बन्ध समाप्त करना, मिलना-जुलना बन्द करना; ~ *anchor* लंगर डालना; ~ *away in* (एक-एक करके) प्रवेश करना, घुसना; ~ *down* बहावमें चलना, बहावके साथ बहना; ~ *off* आँख^F लग जाना, सो जाना; (क्रमशः) प्रवेश करना; ~ *on* or *across* निन्दा^F करना, बुरा-भला कहना; डाँटना; सजा^F देना।

droplet –लिट् n. बिन्दुका^F, (प्रा० भूगोल०, यंत्र०, मौ०) **बिन्दुक**, (~ *infection*), **सूक्ष्म बिन्दु**, अति क्षुद्र बिन्दु, बहुत छोटी बूँद^F; अति सूक्ष्म कण।

dropper –'पॅर् n. निकन्द, (रसा०, चि०) **बिन्दुस्यंदी**, बिन्दुपाती; (चि०) बिन्दुकोपसर्ग, बिन्दूत्क्षेपोपसर्ग; पात; T.

dropping[1] –'पिंग् n. अवपातन (~ *indicator*, ~ *zone*), पातन, बिन्दुपातन, गिराना; क्षिप्ति^F; (विशे० बहु०) विष्ठा, बीट, (कृषि०). मलमूत्र, लीद^F, **गोबर**; बूँद-बूँद^F गिरनेवाली वस्तु^F (जैसे (मोम^F)।

dropping[2] a. बिन्दुस्यंदक, **बिन्दुपाती**, बूँद^F टपकाने या गिरानेवाला; लटकता;
~ bottle, ~ electrod, ~ funnel, ~ pipette, ~ signal.

drop-scene ड्रॉप्'सीन् n. यवनिका^F, पटाक्षेप; अन्तिम दृश्य; जीवन-लीला^F का अन्त।

dropsical ड्रॉप्'सिकॅल् a. (चि०) जल-शोथ विषयक, शोथ-विषयक, सूजन-सम्बन्धी; जल-शोथीय, जलोदरीय, जलोदर-विषयक, जलन्धर-वाला।

dropsied –सिड् a. जलोदर रोगसे ग्रस्त, जलशोथग्रस्त।

dropsy –सि' n. (चि०) **जलशोथ**^F, (कृषि०) **शोफ**; ~of Belly (चि०) जलोदर, उदरी^F, जलन्धर; अत्यधिक सूजन^F; सूल^F; ~ of brain (चि०) जलशीर्ष; ~ of chest (चि०) जलवक्ष।

dros(h)ky ड्रॉस्'कि n. चार पहियोंवाली नीची गाड़ी^F; (जर्मन-नगरोंमें) किरायेकी गाड़ी^F।

drosometer ड्रॅसॉ'मिटॅर् n. अवश्यायमान, ओसका पैमाना।

dross ड्रॉस्' n. लोहमन, किट्ट, कीट, मैल, खोट^F; मैला, कूड़ा-करकट।

drossiness –'सिनिस् n. कूड़ाकरकटसे भरा होनेकी दशा^F, मैलापन।

drossless –स्'लिस् a. बिना तलछटका, कूड़ाकरकटसे रहित।

drossy –'सि a. समल, मैलदार, गन्दा, करकट-भरा, व्यर्थ।

drought, drouth ⊙ ड्राउट्, ड्राउथ' nn. तृषा^F, पिपासा^F, प्यास^F; (वन०, प्रा० भूगोल, ऋतु०) **अनावृष्टि**^F, अवृष्टि^F, अकाल, **सूखा**; (प्रा०) शुष्कता^F, खुश्की^F;
~ forecast, ~ hardening, ~-resistance, ~-resistant, ~-resisting species, ~-weed.

droughtiness ड्राउ'टिनिस् n. वृष्टिशून्यता^F, शुष्कता^F, सूखापन।

droughty, drouthy ड्राउ'टि, ड्राउ'थि aa. तृषालु, तृषित, पिपासित, प्यासा; निवृष्टि, वृष्टिशून्य; शुष्क, सूखा, खुश्क।

drouth ड्राउथ्' n. शोष, सूखा; अवृष्टि^F; शोषावधि^F; प्यास^F।

drove[1] ड्रोव्' n. गण, यूथ, समुदाय, झुण्ड, गिरोह; जन-समूह, भीड़^F, मजमा; रुखानी^F, चौड़ी छेनी^F।

drove[2] p.t. OF DRIVE.

drove[3] p.t. पशु-विक्रय करना, पशु-व्यापार करना।

drover –'वॅर् n. यूथ-चालक, पशु-चालक, पशुओंको हाँककर ले जानेवाला; यूथ-पणिता, पशु-विक्रेता, पशु-व्यापारी।

droving –विंग् n. यूथ-पणन, पशु-व्यापार।

drown ड्राउन्' v. i. & t. जलमग्न होना, निमज्जित होना, डूब जाना; जलमग्न करना, डुबाना, डुबोकर मारना; निमज्जित करना, सराबोर करना, तर-बतर करना; (नशेमें दुःख आदि) कम कर देना, दबा देना, अभिभूत करना, पराजित करना।

drowned –ड्' a. (प्रा० भूगोल) **निमज्जित, निमग्न**, (~ *coast*, ~ *valley*)।

drowning –'निंग् n. निमज्जन, मज्जन (~ *ratio*), प्लावन, डूबना।

drowse[1] ड्राउज़्' n. तन्द्रा^F, औंघाई^F, झपकी^F।

drowse[2] v.i. & t. तन्द्रिल होना, तन्द्राभिभूत होना, निद्रालु होना, ऊँघना, झपकी^F लेना; तन्द्रिल करना, निद्रालु बनाना; ऊँघकर समय बिताना, झपकी^F में समय बिताना।

drowsiness –'ज़िनिस् n. तन्द्रा^F, झपकी^F, औंघाई^F; आलस्य, सुस्ती^F; निष्क्रियता^F, निश्चेष्टता^F।

drowsy –ज़ि a. तन्द्रिल, तन्द्रालु, निद्रालु, निद्राशील, औंघाया हुआ; निद्राजनक; अलस, सुस्त; निश्चेष्ट, निष्क्रिय।

drub ड्रब्' v.t. (-bb-) प्रहार करना, यष्टिप्रहार करना, डण्डे लगाना, मारना, पीटना; पराजित करना, हराना; (विचारको मार-मारकर) मस्तिष्कमें ठूँसना, दिमागमें भरना; (बलात्) मस्तिष्कसे बाहर निकालना।

drubbing –'बिंग् n. ठोंकपीट^F, मार-पीट^F, मरम्मत^F।

drudge[1] ड्रज्' n. अनुचर, सेवक, गुलाम, किरायेका टट्टू।

drudge² v.t. अत्यन्त या अनवरत परिश्रम करना, अतिनीच काम करना, बैलकी तरह काम करना, गुलामकी तरह जुटा रहना।

drudgery –'जॅरि n. नित्यश्रम, गुलामी; मजदूरी।

drug¹ ड्रग् n. **भेषज**, भैषज्य, (कृषि०, रसा०, चि०) **औषधि**^F, **औषध**^F, (~ *store*), जड़ी-बूटी^F, (रसा०) दवा^F; ~ fast (चि०) औषधि प्रतिकारक (जैसे रोगाणु)।

drug² v.t. & i. (औषध^Fके साथ विष इत्यादि) मिश्रित करना, मिलाना; दवा^F देना, दवा^F पिलाना; बेहोशी^Fकी दवा^Fका प्रयोग करना; मतली^F पैदा करना; अघाना, पेटभर खाना।

druggery –'गॅरि n. भेषजापण, औषधियों^Fकी दुकान^F या बाजार।

drugget ड्र'गिट् n. (मेजपोशमें प्रयुक्त) मोटा ऊनी वस्त्र।

druggist ड्र'गिस्ट् n. भैषजिक, भैषजविज्ञ ⊙; औषध-विक्रेता, भेषजकार, अत्तार।

druggy –गि a. औषधीय, औषध^Fका।

Druid ड्र'इड् n. (प्राचीन केल्ट जाति^Fका) मायावी, ऐन्द्रजालिक, जादूगर; दैवज्ञ, भविष्यवक्ता; पुरोहित, पुजारी; (वेल्स राष्ट्रीय व्यवस्थापिका सभा^Fका अधिकारी) ड्रूइड।

Druidess –डिॅस् n. मायाविनी^F, ऐंद्राजालिका^F, जादूगरनी^F; दैवज्ञा^F इत्यादि।

Druidical –'डिकॅल् a. ऐन्द्रजालिकीय; दैवज्ञ-विषयक; पुरोहित सम्बन्धी, ड्रूइडका।

Druidism –'इडिज़्म् n. ड्रूइडधर्म।

drum¹ ड्रम्' n. डिण्डिम, भेरी^F, रणढक्का, **ढोल**, **मृदंग**, नगाड़ा, दमामा, T. (जन्तुवि०) प्रतिध्वनिकारी अंग; ढोल बजानेवाला, नगाड़ा बजानेवाला; (सेना०) धौंसा; नगाड़ेकी-सी ध्वनि^F; **पीपा**, घूर्णायमान पापा, बेलनाकार आकृति^F, बेलन; (स्तम्भोंके सिरेका) ठोस भाग; (चि०) **कर्णपटह, कानका परदा**; (स्तम्भोंके शीर्ष एवं अधोभागके बीचका) प्रस्तर-खण्ड; बेलनाकार पात्र; (इति०, अपराह्न-कालीन) चाय-पार्टी^F, base ~ डुग्गी^F; ~-fire भयंकर गोला-बारी^F; ~ head ढोलका चमड़ा; (कानका) पर्दा, झिल्ली^F, बेलनका वृत्ताकार सिरा; ~ of ear कर्णपटल, कानका पर्दा; ~ stick कोण, शारिका^F, नगाड़ेका चोब; (पके हुए पक्षीकी) टाँग^Fका निचला जोड़;

~ armature, ~-cylinder, ~ heater, ~ books.

drum² v.i. & t. **(-mm-)** डिंडिम-ताड़न करना, ढोलक बजाना, नगाड़ा पीटना; निरन्तर ठोंकना, लगातार ठपठपाना; पर फड़फड़ाना; (नगाड़ा पीटकर) एकत्र करना, इकट्ठा करना; (मस्तिष्कमें बलात्) ठूँसना; (वातको) अरुचिकर कर देना, (ढोलपर) गीत गाना; बार-बार हाथ पटकना; ~ *out* (ढोल पीटकर) निकालना, बाहर करना।

drumble ड्रम्'बॅल् v.i. मन्दगतिसे चलना, समय नष्ट करना, विलम्ब करना।

drum³, drumlin ड्रम्', ड्रम्'लिन् nn. (भूगर्भ०) संकीर्ण लम्बी पहाड़ी^F, मिट्टी^Fकी पहाड़ी^F।

drummer ड्र'मॅर् n. ढोलकिया, नगाड़ा बजानेवाला; व्यापारी यात्री ⊙।

Drummond light ड्र'मॅन्ड लाइट् n. आक्सीहाइड्रोजन-प्रकाश।

drunk¹ ड्रन्क्' n. (ग्रा०, शराब^Fका) चक्कर, दौरा; मदोन्मत्तता^Fका अभियोग; मदोन्मत्तता^Fका अभियुक्त; मद्यप, मदिरा-सेवी, पियक्कड़, शराबखोर।

drunk² a. मत्त, मदमत्त, मदोन्मत्त, समद, मतवाला।

drunkard –'कॅर्ड् n. मद्यप, मद्यमत्त, पानासक्त, पियक्कड़, शराबी, शराबखोर।

drunken –कॅन् a. मत्त, मदोन्मत्त, मदिराग्रस्त, मतवाला, शराबखोर; मदोन्मत्ततापूर्ण।

drunkenness –निॅस् n. (दर्श०) **मदोन्मत्तता**^F, (का०) **मत्तता**^F, मदमस्ती^F, मतवालापन, (का०) **मदासक्ति**^F, **मदाहोशी**^F।

drupaceous ड्रुपे'शॅस् a. गुठलीदार, गूदेदार।

drupe ड्रूप्' n. (वन०) **अष्टिफल**, आठ फाँकियों^Fका फल; (वन०) **गुठलीदार फल**, T.।

drupel, drupelet –'पॅल्, –प्'लिॅट् nn. अष्टिफल, (वन०) **अष्टिफलिका**^F, गुठलीदार फल।

druse ड्रूज़् n. (वन०) **स्फट गुच्छ**, (प्रा० भूगोल) **स्फाट गुहा**^F, स्फटिगुहा^F; D~ द्रुश जाति^F (सीरियाकी); T.।

drusy –ज़ि a. (प्रा० भूगोल) **स्फाटगुहामय**, स्फटिगुहा-सम्बन्धी, स्फटिकपूर्ण।

dry¹ ड्राइ' v.i & t. सुखाना, सूखना (~ *up* भी)।

dry²* a. (वन०) **शुष्क**, (कृषि०, पशुपालन) **सूखा**; वृष्टिहीन, (वन०) वर्षाहीन, (कृषि०) अजल, न्यून वर्षावाला; झुलसा हुआ, मुरझाया हुआ; (बोल०) तृषित, प्यासा; मद्य-निषेध-सम्बन्धी; चतुर, व्यंग्यकारी; (गाय, भैंस इत्यादि) निर्दुग्ध, ठाँठ; नवनीत-विहीन, मक्खन-रहित, नीरस, अमधुर; असमृद्ध, सूखा, बिना मसालेका; दृढ़, कठोर, घन, ठोस; (शराब^F) निःस्वाद; फीका; सहानुभूति-विहीन; सत्य; सीधे-सादे, रूखे-सूखे; निष्पक्ष, पक्षपात-विहीन; ~ craft अभिचार, टोना; ~-cure (मांस आदिको) शुष्कावस्था^Fमें सुरक्षित रखना; ~-eyed निरश्रु; ~goods ⊙ सूखा माल, (जैसे, वस्त्र, अन्न इत्यादि); ~ measure अन्न-मापक, गल्लेका नपना; ~ pile बिजली^Fकी बैटरी^F; ~-plate (फोटो) शुष्क-तख्ती^F, सूखा प्लेट; ~ rot (कृषि०) **शुष्क गलन**, (नौवि०) **गलन**, (यंत्र०) **बीझना**; ~ run picketing थोथा धरना; ~ shampoo बाल धोनेका पाउडर, ड्राईशैम्पू; ~shod शुष्कचरण; ~ soil मरुभूमि^F, ऊसर; ~ store ⊙ औषधिविक्रेताकी दूकान^F; *die a ~ death* (डूबने या वधके अतिरिक्त) अन्य प्रकारकी मौत^Fसे मरना;

~ air, ~ battery, ~ cell, ~ cleaning, ~climate, ~compass, ~compression, ~cow,

~ cultivation, ~ distillation, ~ dock, ~ farming, ~fish, ~fodder, ~fog, ~hill, ~ice, ~joint, ~ land, ~ matter, ~ mould, ~ore, ~pipe, ~practice, ~season, ~shell, ~shots, ~staff, ~stock, ~storage, ~stuff, ~substance, ~talk, ~test, ~ valley, ~weather, ~wood, ~ zone.

dryad ड्राइ'अॅड् n. वनदेवी^F, वनदेवता, जंगलपरी^F ।

dryasdust ड्राइ'अॅज्डस्ट् १. n. मन्दबुद्धि इतिहासकार; २. a. शुष्क, अरुचिकर ।

dryer ड्राइ'अॅर् n. (रसा०) **शोषक**, सुखानेवाला ।

drying –'इंग् n. **शुष्कीकरण, शुष्कन, शोषण, सुखाना; जलशोषण;** a. (रसा०) शोषक, सोख लेनेवाला;

~agent, ~chamber, ~core, ~cylinder, ~oil, ~oven, ~pan, ~phenomena, ~room, ~tower.

dryish –इश् a. आशुष्क, शुष्क-सा, सूखा-सा ।

dryness –निॅस् n. शोष, **शुष्कता**^F, (*~fraction, ~ line*), नीरसता^F, सूखापन, खुश्की^F ।

D.S. Dairy Supervisor; *Dal segno*, from the sign; Deputy Secretary; Divisional Superintendent.

D./S. (or d.s.) days after sight; day's sight.

D.S.A. Deputy Statistics Authority.

D.S.C. Distinguished Service Cross.

D.Sc. Doctor of Science.

dschubba n. (ज्यौ०) **जूबा, चतुर्थ वृश्चिक ।**

D.S.F. Deputy Superintendent of Factories.

D.S.I.R. Department of Scientific and Industrial Research.

D.S.K. Depot Store-Keeper.

D.S.M. Distinguished Service Medal.

D.S.O. Distinguished Service Order.

D.S.P. District Superintendent of Police.

d.s.p. *decessit sine prole*, died without issue.

D.T. Director of Telegraphs; *Doctor theologiae*, Doctor of Divinity.

D.T., d.t., D.T's., d.t's. delirium tremens.

D.T.M. Divisional Traffic Manager; Diploma in Tropical Medicine.

D.T.M. & H. Diploma in Tropical Medicine and Hygiene.

D.T.S. District Traffic Superintendent; Divisional Transportation Superintendent.

D.T.W. Director, Tribal Welfare.

duad ड्यू'अॅड् n. द्विध, युग्म, जोड़ा ।

dual ड्यू'अॅल a. & n. द्वैध, द्विध, द्वयात्मक, द्विसूचक, द्विमुख, द्वैती, (गणि०) **द्वैत**, द्विसंख्यक, द्विक, दुगुना, **दुहरा**, दूना; D~ Monarchy संयुक्त साम्राज्य;

~basis, ~elements, ~figures, ~formula, ~ government, ~highway, ~operation, ~theorems, ~transmission, ~transmitter.

dualin ड्यू'अॅलिन् n. भूमधूलि^F, एक विस्फोटक मिश्रण ।

dualism ड्यू'अॅलिज़्म् n. द्वित्व, द्वैत, दोहरापन; (शिक्षा०, साहि०) **द्वैतवाद**; द्विवचन ।

dualist –लिस्ट् n. द्वैतवादी ।

dualistic –'टिक् n. द्वैतीय, द्वैतवादी, द्वैतवादपूर्ण ।

duality –अॅ'लिटि n. द्वित्व, द्वैत भावना^F, द्वैध, (गणि०) **द्वैत**, द्वैतावस्था^F ।

dualize –'अॅलाइज़् v.t. द्वैधावस्था^F उत्पन्न करना, द्वित्व करना, दुगुना करना, दोहरा करना ।

duan ड्यू'अॅन् n. (साहि०) **कविता, सर्ग**, अध्याय ।

dub[1] डब् n. (उत्तरी झरनोंका) गहरा कुण्ड, **डब**; (ग्रा०) पोखरी^F, तलैया^F, गड़ही^F; खोन्चेवाला; फेरीवाला ⊙ ।

dub[2] v.t. **(-bb-)** उपाधि-दान करना, उपाधि^F प्रदान करना, उपनाम रखना, नाइट बनाना; (मछली^Fके चारेके रूपमें) कृत्रिम मक्खी^F लगाना; (चमड़ेपर) चरवी^F लगाना; (परि०) **रंदा करना**; काट-छाँट^F करना ।

dubbing –'बिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें), उपाधि-दान, नाइट बनाना; (चमड़ेकी चर्वी^F या मछली^Fका) चारा लगाना; **डब करना**, T.

dubhe n. (ज्यौ०) **ऋतु**^F ।

dubiety ड्यूबाइ'इॅटि n. सन्दिग्धता^F, संशय, शंका^F, सन्देह, शक; सन्दिग्ध वस्तु^F, सन्देहपूर्ण विषय ।

dubiosity –बिऑ'सिटि n. सन्दिग्ध कथन; = DUBIOUSNESS.

dubious –'बिअॅस् a. भ्रामक, सन्दिग्ध, संशयात्मक, संशयपूर्ण, शंकाकुल, द्वयर्थक, अनिश्चित, दोलायमान; अस्पष्ट; सन्देहशील, हिचकिचानेवाला; संकल्प-विकल्प करनेवाला ।

dubiousness –निॅस् n. सन्दिग्धता^F, सन्देह, संशय, अनिश्चितता^F ।

dubitable –बिटॅबॅल् a. सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण, अनिश्चित ।

dubitant –टॅन्ट् a. & n. सन्देही, शंकालु, संशयशील, संशयालु ।

dubitate –टेट् v.t. सन्देह करना; विश्वास न करना ।

dubitation –टे'शॅन् n. द्विविधा^F, असमंजस, संकल्प-विकल्प, हिचक^F; शंका^F, संशय, सन्देह ।

dubitative –'बिटेटिव् a. संशयात्मक, सन्देहात्मक, द्विविधात्मक, शंकायुक्त, असमंजस-पूर्ण, संकल्पविकल्पात्मक, हिचकिचानेवाला ।

ducal ड्यू'कॅल् a. ड्यूकवत्, ड्यूक-सदृश; ड्यूक-विषयक, ड्यूक-सम्बन्धी; ड्यूक-उपाधि-विभूषित ।

ducat ड'कॅट् n. एक प्राचीन स्वर्ण-मुद्रा^F, ड्यकट (= लगभग ९ शिलिंग) ।

Duce (It.) डू'चे n. इटलीका अधिनायक, नायक, नेता, **ड्यस** ।

duchess ड'चिस n. राजकी^F, रानी^F, ड्यूकको पत्नी^F या विधवा^F; प्रभावशालिनी स्त्री^F, रौबदार औरत^F; फलविक्रेत्री^F।

duchesse डुशे'स् n. एक अच्छा वस्त्र, सुवसन; ~ table सिंगार मेज^F।

duchy ड'चि n. (ड्यूक या उसकी पत्नी^Fका) राज्य, रियासत^F, इलाका, डची^F, (कार्नवाल या लंकास्टरका) प्रभावशाली ड्यूक-पद।

duck[1] डक् n. हंसक, कारण्डव, बत, (कृषि०) **बत्तख**^F, मुर्गावी^F; कलहंसिनी^F, मादा बत्तख^F; बत्तख^Fका मांस; (विशे० सम्बोधनमें) प्रिय, प्रियतम, प्यारा; ~bill लाल गेहूँ; (बत्तख^F जैसी चोंचवाला) एक दरियाई जानवर; ~'s-egg (क्रिकेट) शून्य; ~weed कारण्ड घास^F, एक काई^F, ~ *and drake* (जलपर) छिछिली^Fका खेल; *fine day for young ~s* वर्षाऋतु^F, वृष्टिकाल, बरसात^F; *like ~ in thunderstorm* निश्चेतन, जड़; बेहोश; व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ; *like water off ~'s back* निष्प्रभावी, प्रभावशून्य; निरर्थक; *make ~s and drakes of, play ~s* etc. *with* अपव्यय करना, नष्ट करना, उड़ा देना; बर्बाद कर देना।

duck[2] n. (पाल या लबादेमें प्रयुक्त) मोटा सूती वस्त्र; (बहु० मोटा सूती) पायजामा, पतलून।

duck[3] n. (बोल०) जल-थलपर उतरनेवाला जहाज।

duck[4] n. जलावगाहन, डुबकी^F, गोता।

duck[5] v. i. & t. डुबकी^F लगाना, गोता लगाना; डुबकी^F देना, गोता देना; सहसा सिर झुका लेना।

ducker –'कॅर् १. a. आप्लावक, गोताखोर (पक्षी); २. n. बत्तख पालनेवाला या शिकार करनेवाला।

ducking –किंग् n. मज्जन, जलावगाहन, डुबकी^F मारना।

duckling –क्'लिंग् n. हंसक, हंसशावक, कारण्डक, बत्तखका बच्चा।

ducky ड'कि n. प्रियतम मनुष्य, प्रिय व्यक्ति, प्यारा आदमी।

ducrey's bacillus n. (चि०) उपदंश-दण्डाणु।

duct डक्ट् n. (चि०, श० र० शा०, जीव०) **वाहिनी**^F, (~ *gland*), प्रणाली^F, नलिका^F, कुल्या^F, नाली^F, नल; शिरा^F, धमनी^F, नस^F, रंग, नाड़ी^F।

ducted –'टिड् a. प्रणाली-सहित, (चि०) वाहिनी सहित, नाली-सहित; शिरामय, धमनी-सहित; नसपूर्ण, रंगदार।

ductile डक्'टाइ(टि)ल् a. (रसा०, यंत्र०, प्रा० भूगोल) **तन्य**, लचीला, लोचदार; तार बनानेयोग्य; विचलनशील, अस्थिर; विनेय, वश्य, आनम्य, मृदु, कोमल, नरम, मुलायम।

ductility –टि'लिटि n. लोच, लचीलापन; (रसा०, भौ०, यंत्र०, परि०) **तन्यता**^F, प्रतन्यता^F, तार बनानेकी योग्यता^F, वश्यता^F, आनम्यता^F, मृदुता^F, कोमलता^F।

ductilize –'टिलाइज् v.t. लोचदार करना, लचीला बनाना, प्रतन्य करना, तार खींचने योग्य बनाना; मृदु करना, नम्य या कोमल बनाना।

ductless डक्ट्'लिस् a. (जीव०) **निस्रोत**, प्रणालीहीन, नाली रहित, नल-शून्य; शिराविहीन, धमनी-विहीन, नाड़ी-शून्य; ~*glands* (चि०) निस्रोत ग्रंथियाँ^F।

ductus endolymphaticus (चि०) **अन्तर्लसीका वाहिनी**^F, T.

ductus epoophori n. (चि०) **अधिडिम्बग्रन्थि वाहिनी**^F।

ductus paraurethralis n. (चि०) **अनुसूत्रपथ वाहिनी**^F, T.

ductus utricosaccularis n. (चि०) **दृतिलघुकोश वाहिनी**^F, T.।

ductus venosus n. (चि०, जीव०) **महाशिरा**^F, **शिरावाहिनी**^F।

dud[1] डड्' n. (बहु०) अपवस्त्र, चिथड़े; (एक०) विजूखा, घोख, डरावा, खेतमें खड़ा किया गया पुतला (~*man* भी); न विस्फोटित होनेवाला बम गोला; तुच्छ व्यक्ति, निकम्मा आदमी; असार युक्ति^F, व्यर्थ योजना; खोटा सिक्का, खोटा माल।

dud[2] a. कृत्रिम, बनावटी, खोटा, जाली; तुच्छ, निरर्थक, व्यर्थ, निस्सार।

dudder ड'डॅर् v.i. जोरका शोर करना, हल्ला मचाना, हिलाना, स्पन्दित करना।

duddery ड'डॅरि n. कपड़ेकी दुकान^F, चिथड़े बेचनेकी दुकान^F; कपड़े-लत्ते; चिथड़े।

duddy ड'डि a. ऊबड़-खाबड़, फटा-पुराना।

dude ड्यूड् n. ⊙ बाँका, छैला, नखरेबाज।

dudeen डुडीन्' n. विलायती चिलम^F।

dudelsack –सैक n. जर्मन बीनबाजा।

dudgeon[1] डड्'जन् n. असन्तोष, अप्रसन्नता^F; अमर्ष, मन्यु, कोप, क्रोध, रोष, चिड़चिड़ापन।

dudgeon[2] n. कृपाणिका^F, कटार^F, क्षुरिका^F; छुरेका दस्ता।

dud(h)een डुडीन् n. (*Ir.*) मिट्टी^Fका छोटा नल।

dudish ड्यू'डिश् a. चिकनियाकी भाँति, बाँकेकी तरह, छैला-सा।

due[1] ड्यू' n. दाय, अधिकार, हक, दावा; ऋण, उधार; देय, कर, चुंगी^F, महसूल, टैक्स ⊙; *give the devil his ~* शत्रुके साथ भी न्याय करो, बुरेके साथ भी अच्छा व्यवहार करो।

due[2] a. (का०) **देय**, दातव्य, देने योग्य; परिशोध्य, अदा करने योग्य; (का०) **प्राप्य**; पर्याप्त, काफी; युक्त, उपयुक्त, उचित, मुनासिब; यथावत्, यथोचित, यथार्ह, सम्यक्, ठीक; निर्दिष्ट, निश्चित, नियत (जैसे, *in ~time*); कारणवश, के कारणसे, की वजहसे (जैसे, *the difficulty is ~ to our ignorance*); किसीकी ओरसे कुछ करनेवाला (जैसे, *is ~ to speak tonight*); आनेवाला, पहुँचानेवाला (जैसे, *train ~ at 7-30*); ~north ठीक उत्तर।

~ authority, ~ bag, ~ consideration,

~date, ~debt, ~diligence, ~mail, ~notice, ~service.

due[3] adv. (विशेष दिशाओंके लिए) ठीक, बिलकुल, सीधे (जैसे, *went ~ east*)।

duel[1] ड्यूइ'ल् n. द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, बाहुयुद्ध, युद्ध, लड़ाई^F, झगड़ा।

duel[2] v.t. द्वन्द्वयुद्ध करना, मल्लयुद्ध करना, बाहुयुद्ध करना, लड़ाई^F करना, झगड़ा करना।

dueller –लॅर् n. मल्लयोद्धा, कुश्तीबाज।

duelling –लिंग् n. द्वन्द्वयुद्धाभ्यास।

duellist –लिस्ट् n. द्वन्द्व-योद्धा, द्वन्द्व-युद्धकारी।

duello ड्यूऍ'लो n. द्वन्द्व-युद्ध, कुश्ती^F; द्वन्द्व-युद्धके नियम।

dueness ड्यू'निस् n. देयता^F; उपयुक्तता^F, औचित्य।

duenna ड्यूऍ'नॅ n. स्थविरा परिचारिका^F, वृद्धा धात्री^F, बुड्ढी संरक्षिका^F।

duet, -tt ड्यूऍ'ट्, -ट् nn. (ला०) सम्भाषण, बातचीत^F; **युगलगान, दुगाना**; भठियारोंकी-सी लड़ाई^F; युग्म, युगल, दम्पती।

duettino ड्यूऍटी'नो n. लघु गीत।

duettist ड्यूऍ'टिस्ट् n. दोगाना गानेवाले।

duetto ड्यूऍ'टो n. = DUET.

duff[1] डफ्' n. (ग्रा०) = DOUGH.

duff[2] v.t. (ग्रा०) (मालके विषयमें) असत्य कथन करना, मिथ्या वर्णन करना, गलत बयान करना; पुरानेको नया करके बेचना; (आस्ट्रेलियामें पशुओंकी) चोरी^F करना; पशुओंके दाग बदल देना; (गॉल्फ) गलत दिशा^Fमें गेंद^F मारना।

duffel, duffle ड'फ़ॅल्, ड'फ़ॅल् nn. मोटा ऊनी वस्त्र-विशेष; (कैम्पमें रहनेवालेकी) फालतू जरसी^F, अलग जोड़ा।

duffer ड'फ़र् n. फेरीवाला, खोन्चेवाला; खराब मालको बढ़ाकर बेंचनेवाला; पुरानेको नया करके बेंचनेवाला; जाली मुद्रा^F, खोटा सिक्का; खाली खान^F; निरर्थक वस्तु^F, व्यर्थकी चीज^F, अकर्मण्य व्यक्ति, अयोग्य व्यक्ति, अक्षम व्यक्ति, निकम्मा आदमी।

duffing[1] –फ़िंग् n. कूटकरण, नकली करना, जाली करना।

duffing[2] a. कृत्रिम, जाली, खोटा, नकली।

dug[1] डग् n. चूचुक, स्तनाग्र, ढिपुनी^F, चूची^F।

dug[2] p.t. DIG[1]।

dugong डु'गॉन्ग् n. हस्तिमकर, समुद्रगौ, डूगांग, (एक अतिकाय भारतीय सामुद्रिक जीव)।

dug-out डग्-ऑउट् n. (इति०) **खातनौका^F, बताम^F**, डोंगी^F; खाई^F; पातालगृह, तहखाना; पुनर्नियुक्त अधिकारी।

dubr n. (ज्यौ०) **चतुर्थ सिंह** T.।

duiker, duy- डाइ'कॅर्, डाइ- n. (दक्षिणी अफ्रीकाका) छोटा मृग, हरिण, डिकर।

duke ड्यूक्' n. राजक, छोटी रियासत^Fका प्रशासक, (राज०) ड्यूक; (प्रा०; कबीले इत्यादिका) अधिनायक, मुखिया, सरदार; (इति०, रोमीय सम्राट्का पश्चाद्वर्ती) प्रान्तीय सेनानायक, फौजी सरदार; (ग्रेट ब्रिटेनका) सबसे बड़ा जागीरदार, सामन्त, अमीर, (ग्रा०) मुट्ठी^F, हाथ।

dukedom –'डॅम् n. राजक-मण्डल, राजक-पद राजकता^F, ड्यक-पद; ड्यूककी रियासत^F।

dukeling –'लिंग् n. उपराजक, राजकपुत्र, सामान्य ड्यूक।

dukely –लि a. राजकीय, राजोचित, ड्यूक-सम्बन्धी।

dukery –'कॅरि n. राजक-भवन, ड्यक-भवन; राजक-मण्डल, ड्यूककी रियासत^F; राजकता^F, राजक-पद, ड्यूक-पद।

Dulag (G) n. युद्ध-बन्दियोंका कैम्प।

dulcamara डल्कॅमा'रॅ n. कट्वामधु, एक कड़वा तथा मीठा फल।

dulce domum (L) n. प्यारा घर।

dulce est desipere in loco (L) समयपर मजाक अच्छा लगता है।

dulcet डल्'सिॅट् a. स्वादु, सुरस, मधुर, सुमधुर, सुमिष्ट, सुश्राव्य, कर्ण-प्रिय, मीठा।

dulce et decorum est pro patria mori (L) अपने देशके लिए मरना सौभाग्यकी बात^F है।

dulcification –सिफ़िके'शॅन् n. मधुरीकरण,, सुश्राव्यी-करण; कर्णप्रियता^F।

dulcified –सिफ़िड् a. सुस्वर, मधुर, कर्णप्रिय, सुश्राव्य; सुस्वरित, मधुर बनाया हुआ, कर्णप्रिय बनाया हुआ।

dulicify –फाइ v. t. सुरस या मधुर बनाना, सुश्राव्य बनाना, कर्ण-प्रिय बनाना, मिष्ट बनाना, मीठा करना।

dulcimer डल्'सिमॅर् n. विपंची, सितार, तानपूरा।

Dulcinea डल्सिनी'ॲ, डॅल्सि'नि'ॲ n. पूज्य एवं आदर्श पत्नी^F; आदर्शपूर्ण महिला^F।

dulcitol डल्'सिटोल् n. (रसा०) T.; आमधुव, एक प्रकारकी शक्कर^F।

dulcitone डल्'सिटोन् n. (संगीत) एक प्रकारका पियानो बाजा।

dull[1] डल्' v. t. & i. कुण्ठित करना, मूढ़ बना देना, मन्दबुद्धि कर देना, सुस्त कर देना; नीरस होना, फीका होना; अतीक्ष्ण होना, मन्द होना, हलका होना।

dull[2] a. मूढ़, (शिक्षा०, प्रा० भूगोल) **मन्द**, मन्दबुद्धि, बुद्धिहीन, मूर्ख, विकल, अतीक्ष्ण, कुण्ठ, कुण्ठित (~ *brained*, *-witted*); निश्चेतन, जड़, अचेतन; स्फूर्ति-विहीन; (कष्ट, पीड़ा^Fका होना) मन्द, अलस, धीमा-धीमा, मीठा-मीठा; (व्यापारमें) जो सरलता^F से न बिक सके, जिसकी माँग^F न हो; खिन्न, विषण्ण, दुःखी, उदास, उदासीन, निरानन्द; अरसिक, अरुचिकर, नीरस; निष्प्रभ, (यंत्र०) **मलिन**, निस्तेज, मन्दवर्ण, फीका, हलका; मेघाच्छन्न, अन्धकारमय; (चि०) निनाद रहित, मन्द (ध्वनि^F)।

dullard –लॅर्ड् n. मूढ़ व्यक्ति, गावदी आदमी, नासमझ आदमी।

dullish –लिश् a. मन्द-सा, हलका-सा; फीका-सा; नीरस-सा, सुस्त सा; श्रान्तिकर, थका देनेवाला।

dul(l)ness –ल्'निॅस् n. (शिक्षा०) **मन्दता**^F, मतिमान्द्य, मूढ़ता^F, मूर्खता^F, जाड्य, जड़ता^F; विषण्णता^F, खिन्नता^F, नीरसता^F, उदासी^F, (निदान०) निनाद रहित या भद्दी-सी परिश्रवण ध्वनि^F।

dulocracy डलॉ'क्रॅसि n. दासशासन, गुलामराज।

dulse डल्स' n. एक प्रकारकी समुद्री घास^F।

duly ड्यू'लि adv. यथावत्, यथार्ह, (का०) **यथा समय, यथारीति, यथाविधि, सम्यक्‌ रूपसे; विधिवत्**, (~ *qualified, verified*); **यथोचित, उचित रूपसे**, ठीक-ठीक; पर्याप्त रूपसे, काफी तौरपर; यथासमय, पाबन्दी^Fसे।

duma डम्' n. रूसी व्यवस्थापिका संसद्^F।

dumb[1] v.t. मूक बनाना, मौन कर देना, गूँगा बना देना।

dumb[2] a. जड़वत्, वाक्-रहित, अनालाप, मूक, मौन, गूँगा; आश्चर्यचकित, भौचक्का, हक्का-बक्का; मितभाषी, अल्पभाषी; जड़, मूर्ख, मूढ़ ⊙; निःशब्द, ध्वनि-विहीन; ~ barge, craft चालक-विहीन बजरा, बिना पालकी किश्ती^F; (नौवि०) **साधारण बजरा, पड़ाव**; ~ bell (यंत्र०) **उम्बेल**^F; ~ piano (अभ्यासार्थ) गूँगा पियानो; ~ show अवाक् खेल, कठपुतली^Fका खेल; ~ sheave (परि०) **झिरी**^F; ~-waiter घूमनेवाली आलमारी^F।

dumbbell डम्'बे'ल् n. द्विमुण्ड, डम्बल, (लोहेके छोटे मुगदर)।

dumbfound डम्'फ़ाउन्ड् v.t. मूक कर देना, गूँगा कर देना; अवाक् कर देना, व्याकुल कर देना, हतबुद्धि कर देना, किंकर्तव्य-विमूढ़ कर देना, घबड़ा देना, भौचक्का कर देना।

dumbness डम्'निॅस् n. वाक्राहित्य, वाक्स्तम्भ, मूकता^F, गूँगापन।

dumdum डम्'डम् a. & n. (~ *bullet* में) मुलायम नोक^Fकी बन्दूक^Fकी (गोली^F); ~ fever (चि०) कालाजार।

dummy[1] ड'मि n. (ताशमें) पहले हाथ बोलनेवाला साथी खिलाड़ी; कल्पित खिलाड़ी (जिसकी बाजी^F खोल दी जाती है); (किसी कार्यमें) नाममात्र भाग लेनेवाला व्यक्ति; कठपुतली^F, गोबर-गणेश, मिट्टी^Fकी मूर्त्ति^F; मूर्ख, स्थूलमति, मूढ़मति, गावदी, काठका उल्लू; अपकृत द्रव्य, कृत्रिम वस्तु^F, जाली चीज^F; गुड्डा, कपड़ेका साँचा; (चि०) पुरत, पुस्ताकृति^F; लकड़ी^F, वस्त्र, कागज, इत्यादिका अंग, दाँत या मानवीय साँचा; (कृषि०) **विभाजिका**^F; (रसा०, नौवि०) **डमी**^F; (दूध पीनेकी शीशीकी) ढेपुनी^F; अनुकृति^F, अनुकरण; double ~ दो-दो नकली खिलाड़ियोंका खेल।

dummy[2] a. कृत्रिम, बनावटी, जाली, नकली; ~ ammunition, ~ grenade, ~ key, ~ portals, ~ trenches.

dump[1] डम्प्' n. (आस्ट्रेलियाकी) एक प्राचीन मुद्रा^F; कोई क्षुद्र वस्तु^F, रद्दी सामान (~ store), छोटी-मोटी चीज^F; (खेलोंमें गणनार्थ प्रयुक्त) शीशेकी गोट^F; (जहाजमें खेलनेके लिए) रस्सी^Fका चक्र; एक प्रकारका खेल; एक प्रकारकी मिठाई^F; नाटा आदमी।

dump[2] n. धमाका, धम-धमाहट^F, भदभदाहट^F, गद्द या धम्मकी ध्वनि^F; (प्रायः हलका) धक्का, ठोकर; (कूड़ा-करकटका) घूर, जमाव, ढेर ⊙; जमा करनेका स्थान; (सैन्यमें युद्ध-सामग्री^Fका) अस्थायी गोदाम (~ stores)।

dump[3] v.t. & i. एकत्र करना, इकट्ठा करना, जमा करना, **खत्ता लगाना, ढेर लगाना**, घूर लगाना; फेंकना, **फेंक देना**, डालना; धक्का देकर गिराना; (स्वदेशी मालको सस्ता बेचनेके लिए) विदेश भेजना; धम्मसे गिरना या गिराना; (अधिक सवारियों^Fको) जहाजसे उतार देना।

dumper –पॅर् n. (कूड़ा-करकट) फेंकनेवाला; (मालको सस्ता बेचनेके लिए) विदेश भेजनेवाला; गिराने या गिरनेवाला; जहाजसे उतार देनेवाला, (यंत्र०) T.

dumpiness –पिनिॅस् n. क्षुद्रता^F एवं स्थूलता^F, नाटापन, छोटाई^F और मोटाई^F।

dumping –पिंग n. (वाणिज्य) राशिपातन, (वाणि०, अर्थ०) **पाटना**; (बैमा०) **फेंकना**; ~ ground (चि०) **अवकिरण भूमि**^F, **क्षेपण भूमि**^F, अवस्कर भूमि^F।

dumpish –पिश् a. उद्विग्न, दीन, खिन्न, उदास, विषण्ण; अलसित, सुस्त।

dumpishness –निॅस् n. खिन्नता^F, विषण्णता^F; आलस्य, सुस्ती^F।

dumpling –प्'लिंग् n. गोलाकृति^F पिष्टक-विशेष, मालपुआ, छोटा पकौड़ा, बड़ा।

dumps –प्स्' n. विषाद, उद्वेग, ग्लानि^F, खिन्नता^F, उदासी^F; सुस्ती^F।

dumpty डम्प्'टि n. गद्दी^F।

dumpy[1] डम्'पि n. (स्कॉटलैण्डका) छोटे पैरोंका पक्षी।

dumpy[2] a. वामन, क्षुद्र तथा स्थूल, नाटा और मोटा।

dum spiro, spero (L) जब तक साँस^F, तब तक आस^F।

dum vivimus vivamus (L) जब तक हम जीते हैं, हमें जीने दो।

dun[1] डन्' n. ऋणदाता; ऋण माँगनेवाला; ऋण समाहर्ता, कर्ज वसूल करनेवाला; माँग^F, तकाजा।

dun[2] v.t. ऋण माँगना, तकाजा करना; कष्ट देना, दिक करना, परेशान करना।

dun[3] a. & n. पिंगल (वर्ण), कपिश (वर्ण), फीका भूरा (रंग); (का०) श्याम, काला, धुँधला; काला घोड़ा; (मछली^Fके चारेके रूपमें प्रयुक्त) कृत्रिम मक्खी^F।

dunce डन्स n. मूढ़ व्यक्ति; जड़ व्यक्ति, मूढ़मति, जड़मति, जडधी, निर्बोध व्यक्ति, मूर्ख आदमी, बुद्धू आदमी।

duncery –'सॅरि n. जड़मतित्व, बुद्धूपन।

duncish –सिश a. मूढ़, जड़, बुद्धू, भोंदू।

dunderhead, dunderheaded डन्'डॅहे'ड्, –डिॅड् aa. जड़, मूढ़, मूर्ख, मन्दबुद्धि, काठका उल्लू।

Dundreary डन्ड्रीॲ'रि n. (जैसे, ~ whiskers में) गलमोछा, लम्बे गलमुच्छे।

dune ड्यून्' n. बालू-कूट, बालुका-स्तूप, रेतका टीला; (प्रा० भूगोल) **डिब्बा, टीबा।**

Dunelm. *Dunelmensis*, of Durham.

dung[1] डन्ग्' n. विट्, (कृषि०) विष्ठा, **मल**, करीष, **गोबर**, लीद^F, खाद^F, पाँस^F; मालिन्य, मलिनता^F, कालुष्य, कलुषता^F; ~ cake कण्डा, उपला;
~-bacteria, ~-beetle, ~-cart, ~ flora, ~-fork, ~-grass, ~-heap, ~ manure, ~ mere, ~-roller beetle.

dung[2] v.t. खाद^F देना या डालना।

dungaree डन्'गॅरी n. डुँगरी^F, (भारतमें निर्मित) मोटी छींट^F; (बहु०) ऊर्ध्ववस्त्र, ऊपरी ओढ़ना; (परि०) T.

dungeon[1] डन्'जन् n. कारा, अन्धकूप, कालकोठरी^F, पातालगृह, तहखाना (प्रायः वन्दीगृह या दुर्गमें)।

dungeon[2] v.t. पातालगृहमें डालना, तहखानेमें कैद^F करना।

dunghill डन्ग्'हिल् n. करीष-चय, घूर, घूरा।

dungy –'गि a. विण्मय, गोबरभरा, गन्दा।

duniwassal डू'निवैसॅल् n. मध्यम श्रेणी^Fकी पहाड़ी^F।

Dunkirk डन्कर्क्' n. समुद्र-मार्गसे (पराजित सेना^F द्वारा) किसी स्थानका खाली किया जाना, ऐसा स्थल।

dunlin डन्'लिन् n. जलरंक, गिरिजलरंक (लाल पीठवाला रेगिस्तानी पक्षी)।

dunlop डन्'लॅप् n. दधिक (स्कॉटलैण्डका); टायर (डा० डनलप द्वारा आविष्कृत)।

dunnage ड'निज् n. (नौवि०) **निभार**, संरक्ष-काष्ठ, (ऐसा काष्ठ जो जहाजके सामानको ऊपर उठाये रखता है)।

dunnock ड'नक् n. तुषार-चटक^F, चटकाली^F, (एक प्रकारकी गौरैया^F)।

dunny ड'नि a. बधिर, बहरा।

Dunstable डन्'स्टॅवल् a. स्पष्टवादी; सीधा-सीधा; सीधा, साफ (~ *road*)।

dunt डन्ट् n. हवा^Fकी मार^F, वात-प्रहार।

duo ड्यू'ओ n. युग्म, संगीतज्ञोंका जोड़ा, नर्तकोंका जोड़ा।

duodecimal[1] ड्यूॲडे'सिमॅल् a. द्वादशमय, द्वादशका; द्वादशांश, बारहवें हिस्सेका; द्वादशवार्षिक।

duodecimal[2] n. (बहु०) वज्रगुणन, (क्षेत्रफल ज्ञात करनेकी एक विधि^F)।

duodecimo –मो n. छोटा व्यक्ति; छोटी वस्तु^F, पुस्तक^Fका आकार, (जिसमें प्रत्येक पृष्ठ कागजका १/१२ होता है)।

duodenal ड्यूॲडी'नॅल a. (चि०) **ग्रहणी^F-**, ग्रहणी-विषयक, ग्रहणी-सम्बन्धी, उदरकी अँतड़ी^Fसे सम्बन्धित;
~ artery, ~ flexure, ~ fold, ~ gland, ~ impression, ~ ligament, ~ papilla, ~ recess, ~ vein.

duodenary –नॅरि a. द्वादशमय, बारह-बारह करके।

duodenitis –नाइ'टिस् n. (चि०) ग्रहणी-शोथ, **ग्रहणी^F-**रोग, आँत^Fकी बीमारी^F।

duodenum –'नॅम् n. (श० र० शा०) (कृषि०) **लघ्वान्त्राग्र**, (कृषि०, जीव०) **ग्रहणी^F**, जठरके नीचेकी छोटी आँतका प्रथम भाग, उदरके नीचेकी आँत^F, T.

duologue ड्यू'ॲलॉग् n. द्विपात्री नाटक; दो व्यक्तियोंका वार्तालाप।

duopoly ड्यू'ॲपॅलि n. (अर्थ०) **द्वयधिकार**।

dup डप्' v.t. उद्घाटन करना (कपाटवत्), खोलना (दरवाजा-जैसा)।

dupability ड्यूपॅबि'लिटि n. प्रतार्यता^F, वंचनीयता^F।

dupable –'पॅबॅल् a. प्रतार्य, वंचनीय, धोखा खानेवाला, ठगा जानेवाला।

dupe[1] ड्यूप्' n. भोला-भाला व्यक्ति, सीधा-सादा व्यक्ति, बुद्धू आदमी, उल्लू आदमी।

dupe[2] v.t. प्रतारित करना, वंचित करना, ठगना; बुद्धू बनाना, उल्लू बनाना, बेवकूफ बनाना; **अनुलिपि^F बनाना**।

duper –पॅर् n. प्रतारक, वंचक, छली, ठग, धोखेबाज।

dupery –रि n. प्रतारणा^F, वंचना^F, छल, ठगी^F, धोखेबाजी^F।

duple ड्यू'पॅल् a. द्विगुण, दूना, दोहरा; ~ ratio २ और १ का अनुपात; ~ time, ~ rhythm एक प्रकारकी ताल^F।

duplet ड्यू'प्लेट् n. (संगीत) यमक, तीनके समय दो लय निकालना; युग्मक, दो अक्षर प्रक्षिप्त करना।

duplex[1] ड्यू'प्लॅक्स् v.t. द्वैध करना, द्वयात्मक करना, द्विगुणित करना, दुगुना करना, दोहराना।

duplex[2] a. द्वैध, द्वयात्मक, द्वितत्त्वीय, द्विगुण, द्विगुणित, दूना, दोहरा; (विद्यु०) **द्विपथी**; (वैमा०) **दुतरफा, दुतरफी**; T.; ~ lamp दो बत्तियों^Fका लैम्प; ~ telegraphy (एक तारसे दोनों ओर समाचार भेजी जानेवाली) तार-विद्या^F;
~ balance, ~ circuit, ~ dialling, ~ mirror, ~ process, ~ pump, ~ system, ~ uterus, ~ working.

duplexing –क्'सिंग् n. द्वैधीकरण, द्वयात्मकीकरण, द्विगुणना, दुगुना करना, दोहराव।

duplicable ड्यूप्'लिकॅबॅल् a. द्विगुण्य, दुगुना करने योग्य, दोहराने योग्य।

duplicate[1] –कॅट् n. **अनुलिपि^F**, प्रतिलिपि^F, नकल^F, **दुपर्ती^F**, दो प्रतियाँ^F; **दूसरी प्रति^F**; (रेल०) **अतिरिक्त पुर्जा**; प्रतिपत्र, दस्तावेज; गिरवी^Fकी रसीद^F; पर्यायवाची शब्द, तुल्यार्थ शब्द, समानार्थ पद; साम्य, एकरूपता^F, मेल।

duplicate[2] –केट् v.t. द्विगुणन करना, द्विगुणित करना, दोसे गुणा करना, दुगुना करना; प्रतिरूप बनाना, प्रतिलिपि^F बनाना, दो प्रतियाँ^F बनाना, नकल^F तैयार करना।

duplicate[3] –कॅट a. द्विक, द्वितक, दोहरा; द्विगुण,

द्विगुणित, दुगुना, दूना; प्रतिरूप, (कृषि०) द्विरूप, तद्रूप, हूबहू वही; (ज्यौ०) **दूसरा**; ~ proportion, ratio **वर्गानुपात**, (वर्गोंका) दोहरा अनुपात;

~ accordance, ~ clerk, ~ copy, ~ factor, ~ form, ~ gene, ~ keyboard, ~ message, ~ number, ~ policy, ~ ratio, ~-telegram.

duplicated –टि्ड् a. प्रतिलिपित, दो प्रतियोंवाला ।

duplicating –लिकेटिंग् n. **अनुलिपिकरण**, प्रतिलिपिकरण, प्रतिलिपि^F बनाना;

~machine, ~paper, ~room, ~section.

duplication –के'शॅन् n. **प्रतिलिपिकरण**; (गणि०) द्विगुणन, (~ *formula*) द्विगुणीकरण; द्विरूपण, (कृषि०) **द्विरूपकरण**; (शिक्षा०) **द्विरावृत्ति**^F; (वैमा०) **द्विकृति**^F; अभ्यास ।

duplicative –'लिकेटिव् a. द्विगुणनात्मक; द्विगुणनकर ।

duplicator –टॅर n. प्रतिलिपित्र, **अनुलिपित्र**, प्रतिलिपिक यन्त्र, नकल^F निकालनेकी मशीन^F, प्रतिलिपित्र-चालक; प्रतिलिपित्र-पत्र, एक प्रकारका कागज ।

duplicature –च्युॲर् n. द्विगुणन, दुगुना करना; दुहराना, दोहराव; द्विगुणित पदार्थ, दो गुनी की गयी वस्तु^F, धोहरा पदार्थ ।

duplicity –लि'सिटि n. द्वैधता^F, द्विधभाव; द्विगुणत्व, द्विगुणता^F, दूनापन; प्रतारणा^F, कपट, धोखेबाजी^F, दुरंगापन, दुरंगी^F, दुमुँही^F; ~ theory द्वैधदर्शन सिद्धान्त, (शिक्षा०) **द्वैधता सिद्धान्त** ।

dupligraph ड्यूप्'लिग्राफ़् n. प्रतिलिख, प्रतियाँ^F लेनेका यन्त्र ।

duppy n. (हबशी शब्द) प्रेत, पिशाच ।

durability, durableness ड्युॲरॅबि'लिटि, –नि्स् nn. अनश्वरत्व, अविनश्वरता^F, स्थास्नुता^F, स्थिरता^F, (रसा०, भौ०) **चिरस्थायित्व**, (यन्त्र०) **स्थायित्व**, दृढ़ता^F, पायदारी^F, (यंत्र०) **टिकाऊपन**, टिकाव ।

durable ड्युॲ'रॅबॅल् a. अनश्वर, अविनश्वर, ध्रुव, स्थास्नु, (यंत्र०) **स्थायी** (~ *peace*), दृढ़, पायदार, (यंत्र०) **टिकाऊ** (~ *articles, measure*) ।

duralumin, duraluminium ड्युॲरॅ'ल्यूमिन्, –मिनियम् nn. स्थिरस्फ, (वायुयान आदिमें प्रयुक्त एल्यूमिनियमका एक पक्का मिश्रण) ।

dura mater ड्युॲरॅ' मे'टॅर् n. (चि०, जीव०) दृढ़-तानिका^F, मस्तिष्ककी बाहरी झिल्ली^F; (चि०, श० र० श०) **ड्यरामेटर** ।

duramen ड्युॲरे'मे'न् n. सारकाष्ठ, (वन०) **अन्तःकाष्ठ**, लकड़ी^Fकी केन्द्रीय परत^F, T. ।

durance ड्युॲ'रॅन्स् n. आरोध, बन्धन, कारावास, कारानिरोध, कैद^F ।

durante vita (L) adv. आजीवन, जीवनभर ।

duration ड्युॲरे'शॅन् n. **अवधि**^F (~*clause*), (विधा०) **पदावधि**^F, स्थितिकाल, कालावधि^F, काल-मात्रा^F, **मियाद**^F; सत्र, सेशन ।

durbar डर्'बॅर् n. (राज०) **दरबार** (~*hall*) ।

durdum –डॅम् n. अतिरव, शोरगुल, कोलाहल ।

dure ड्युॲर्' v.i. बहुत समयतक रहना, टिकाऊ होना; सहना ।

duress(e) ड्युॲ'रिस्, –रे'स् n. (बलात्) कारावास, नियन्त्रण, बन्धन, अवैध प्रतिबन्ध, कैद^F; अनुबन्ध, (का०) **विबाध्यता**^F, (राज०) **बाध्यता**^F, **दबाव**, लाचारी^F; धमकी^F; हिंसा^F; *plea of* ~ अनुबन्ध या दबावसे लिये गये वचनको भंग करनेका दवाव ।

durian डुॲ'रिॲन् n. (मलायाका) दुराम्र, एक बदबूदार मीठा फल; (कृषि०) T.

during –रिंग् prep. यावत्, पर्यन्त, कालावधि^Fतक, की अवधि^Fतक, के समयमें, इतनेमें, जबतक, दौरानमें ।

durmast डर्'मास्ट् n. ओक, बाँज पेड़ ।

durn डर्न' v.t. = DRAN² ।

durra, dh- डु'रॅ, डु- n. भारतीय ज्वार, दड़ा, मोटा अनाज ।

durst डर्स्ट्' द्वितीय पुरुष एकवचनमें DARE.

dusk¹ डस्क् n. प्रदोष, सन्ध्या^F, **गोधूलि**^F, झुटपुटा, झुलफुल, **धुरी**^F, **साँझ**^F; तिमिर, अन्धकार, अन्धेरा ।

dusk² v.i. & t. (का०) अँधेरा होना या करना, झुलफुल होना या करना, धुँधला होना या करना; धुँधला प्रतीत होना ।

dusk³ a. (का०) कृष्णवर्णका, काला; धूमिल, धूलिवर्ण, धुँधला ।

duskiness –किनि्स् n. कृष्णाभ, कृष्णवर्णता^F; अन्धकार, अँधेरापन, धुँधलापन, झुलफुलाहट^F ।

duskish –किश् a. आनील, कृष्णाभ, कृष्णवर्ण; अन्धकारमय, झुलफुल, धुँधला ।

dusky –कि a. अन्धकारमय, धूसर, धुँधला ।

dust¹* डस्ट् n. मृत्तिका^F, मिट्टी^F, (रसा०) रज, (कृषि०, प्रा० भूगोल) **धूलि**^F, **धूल***, गर्द; (कृषि०) **चूर्ण**, **बुकनी**^F; (प्रा० भूगोल) उच्छिष्ट, कूड़ाकरकट; पुष्प-रज, पुष्प-रेणु, पराग; (*a* के साथ) धूलि-पुञ्ज, धूलि^Fके बाद; (मृत व्यक्तिकी) राख^F, फूल; मानवतन, मानवशरीर, मनुष्य; दर्प, मान, अवमान, अपमान; दीनता^F; उत्साह, जोश; कलह^F, विवाद; हलचल^F, गड़बड़, हड़बोंग, झंझट^F; धन-दौलत^F, नकद रुपया-पैसा; सारंगी^F, बेला, चिकारा ⊙; ~borne धूलिज, धूलि संवाहित; ~-cart कूड़ागाड़ी^F, ~-cloak, ~-coat (धूल^Fसे बचानेका) चोगा, कोट, गाउन; ~-colour हलका भूरा, हलका खाकी; ~-cover जैकेट; ~-devil (ऋतु०) **बगूला**, बवण्डर; ~-hole कूड़ाखाना; ~pan कूड़ाकरकट रखनेका पात्र; ~stone रेत^F; *bite the* ~ क्षत होकर गिर पड़ना; *eat* ~ दीन होना; *in the* ~ मृत, मरा हुआ; *shake off the* ~ *of* one's *feet* क्रोध झाड़कर जाना, गुस्सा होकर चला जाना; *throw* ~ *in* one's *eyes* धोखा देना, आँख^Fमें धूल^F झोंकना;

~bath, ~begrimed, ~bin, ~blowers,

~-box, ~brush, ~cap, ~-catcher, ~cell, ~chamber, ~cloth, ~cloud, ~-coloured, ~ counter, ~-covered, ~dry, ~extractor, ~fog, ~gray, ~gun, ~haze, ~-laden, ~ pan, ~particle, ~ plate, ~plug, ~-polluted, ~-precipitator, ~-proof, ~protector, ~ ratio, ~ring, ~removal plant, ~shield, ~-soiled, ~-storm.

dust[2] v.t. & i. धूलिमय करना, धूलि-धूसरित करना; छिड़कना, बुरकना, धूलिमार्जन करना, धूल[F] झाड़ना, साफ करना, पोंछना; ~one's *jacket* पीटना, मारना; पीटकर गर्द[F] झाड़ना।

dust[3] n. (जैसे, *bowl* में) (प्रायः अकालके कारण) वनस्पतिहीन क्षेत्र, रेगिस्तानी क्षेत्र।

dustbin –'बिन् n. कचरा पेटी; धूलिभाण्ड; घूर, कूड़ा-करकट फेंकनेकी जगह[F]।

duster –'टॅर् n. धूलिमार्ज, झाड़न[F] ⊙; झाड़नेवाला।

effortless –लॅस a. निष्क्रिय, निरुद्यम, निश्चेष्ट, अप्रयासी, निरुद्योगी; सहज, आसान; सरल ।

effrontery –अॅफ़्रन्'टॅरि n. धृष्टता^F^, निर्लज्जता^F^, औद्धत्य, ढिठाई^F^, गुस्ताखी^F^ ।

effulge अॅ'फ़ल्ज्' v.i. ज्योति-पुंज फेंकना, प्रकाशित करना ।

effulgence –जॅन्स् n. ज्योति-पुञ्ज, तेज, दीप्ति^F^, प्रभा^F^, कान्ति^F^ ।

effulgent –न्ट् a. दीप्तिमान्, उज्ज्वल, ज्योतित, कान्त, कान्तिमान्, प्रकाशमान् ।

effuse[1] अॅ'फ़्यूस्' a. विलम्बी, प्रसारी, अवपाती; (वन०) **अपसारित ।**

effuse[2] v.t. प्रसृत करना, बहाना, उँड़ेलना, ढालना ।

effusiometer अॅफ़्यूज़िऑ'मिटॅर् n. (रसा०) **अप-सरणमापी, निस्सरणमापी ।**

effusion –'ज़ॅन् n. (रोग०) अभिस्यन्दन, (रसा०) **अपसरण,** उत्सरण, (भौ०) **निःसरण, निस्सरण,** (चि०) **स्पंदन,** उत्स्यन्दन, स्राव (शरीरके उतकों या गुहाओंमें द्रवका), बहाव; बहनेका कार्य; असंयत वाक्य ।

effusive –'सिव् a. असंयत, उत्सारक, उपपादक, भावा-त्मक; धुआँधार; (चि०) उत्स्यंदी, निःसृत, निःसारी, अपस्रावी (*~rock*), अधिक परिमाणमें बहा हुआ ।

effusiveness –नॅस् n. असंयतता^F^, उत्सारकत्व, उप-पादकत्व, भावात्मकता^F^; (चि०) उत्स्यंदिता^F^, निःसा-रिता^F^, बहाव ।

E.F.O. Electrical Foreman.

eft अॅफ़्ट् n. सरटिका^F^, गोधिका^F^, गोह^F^ ।

eftsoon(s) अॅफ़्ट्'सून्(स्) adv. तुरन्त पीछे, तदनन्तर, झटपट बादमें; तुरन्त, तत्काल ।

e.g., ex.gr. *exempli gratia*, for example.

egad इगैड' int. ईश्वरकी सौगन्ध^F^ ।

egalitarian इगैलिटेअॅ'रिअॅन् a. सम, बराबर ।

egality –'लिटि n. समानता^F^, तुल्यता^F^ ।

Egeria इजीअॅ'रिअॅ n. किसी व्यक्तिकी रक्षक ईश्वरीयता^F^ ।

egest इजे'स्ट् v.t. पेटमेंसे मल निकालना ।

egesta –'टॅ n. pl. विष्ठा, मल, कूड़ा ।

egestion –चॅन् n. (जीव०) **बहिष्करण,** मलत्याग ।

egg[1]* अॅग् n. गर्भक, डिम्ब, (प्राणि०) **अण्डाणु, अण्ड,** (वन०, जीव०, कीट वि०, कृषि०) **अण्डा*;** गोला, बम, हथगोला; ~albumen (चि०) अण्डश्वेतकका मुख्य घटक; ~-eater अण्डाद; एक साँप; ~-&-spoon race अण्डा और चम्मचकी दौड़^F^; ~flip, ~-nog तेज शराब^F^ या दूध जिसमें अण्डा चीनी मिश्रित हो; ~-plant बैंगन-का पौधा, सफेद फलोंवाला पौधा;~-shell (चि०, जीव०) **अंड कवच, अंड खोल,** अण्डेका छिलका; सुकुमार वस्तु^F^; ~-whisk अण्डा फेंटनेका बर्तन, *as full as an ~* परिपूर्ण, भरापूरा; *as sure as ~s is ~s* निस्सन्देह; *bad ~* अनुपयोगी योजना^F^ या आदमी; *but one ~ that too addled* एक अण्डा वह भी गन्दा; *good ~* सर्वोत्तम व्यक्ति या वस्तु^F^; *have all your ~s in one basket* अपना सब कुछ एक ही दाँवपर उगा देना; *in the ~* गर्भमें, आरम्भिक अवस्था^F^-में; *teach your grandmother to suck ~s* नानीके आगे ननिहालकी बातें^F^ करना, दाई^F^को दूध पिलाना;
~albumen, ~apparatus, ~-case, ~cell, ~-cup, ~ parasite, ~-production, ~production station, ~shaped, ~-spoon, ~white, ~-yellow, ~yolk.

egg[2] v.t. (*~ on*) प्रोत्साहन देना, प्रेरित करना, उत्ते-जित करना, उकसाना, उभाड़ना ।

egger –गॅर् n. १. अण्डसंग्रही, अण्डे इकट्ठे करनेवाला; २. एक पतंगा ।

eggery –रि n. अण्डा सेनेकी जगह^F^ ।

eggler –ग्'लॅर् n. अण्ड-व्यवसायी, अण्डोंका व्यापारी ।

eggy –गि a. अण्डा-सम्बन्धी ।

egis ई'जिस् n. अग्रंथिका^F^, वर्म, ढाल^F^; रक्षणात्मक शक्ति^F^, रक्षा^F^का साधन ।

eglandulose इग्लैन्'ड्यूलोस् a. ग्रन्थिरहित, बिना

ग्रन्थिवाला।

eglantine ऍग्'लॅन्टाइ(टि)न् n. अरण्यजपा^F, जंगली जवा, सेवती^F, एक लता^F।

eglomerate इग्लॉ'मॅरेट् v.t. तागा खोलना, सूत्र सुलझाना।

E.G.M. Empire Gallantry Medal.

ego ऍ'गो n. **अहं**, आत्मा^F; ~instinct अहंभाव, अहंकार।

egocentric –गॅसॅ'न्'ट्रिक् a. (शिक्षा०) **स्वकेन्द्रिक**, (मनो०) **अहंकेन्द्रिक** (~*predicament*, ~*subjectivism*), अहंवादी, अहंकारी, आत्मश्लाघी; आत्मकेन्द्रित।

egocentricity –'ट्रि'सिटि n. अहंकार, अहंवाद, अहंवादिता^F, स्वकेन्द्रिकता^F।

egocentrism –ट्रिज़्म् n. **अहंकेन्द्रिकता^F**, **स्वकेन्द्रिकता^F**, **स्वकेन्द्रिक वृत्ति^F**।

ego et rex meus (L) मैं और मेरा राजा।

egoism –'गोइज़्म्' n. (शिक्षा०) **अहंता**, **अहंभाव**, **अहंवाद**, आत्मवाद, (दर्श०) **स्वार्थपरता^F**, **स्वार्थवाद**; आत्मश्लाघा^F, आत्माभिमान, अहंमन्यता^F।

egoist –इस्ट n. आत्मश्लाघी, (शिक्षा०) **अहंवादी**, (दर्श०) **स्वार्थवादी**, **स्वार्थी**, **स्वार्थपरक**।

egoistic, -al –'टिक्, -ॲल् a. अहंमन्य, अहंवादी, गर्वित, दृप्त, स्वार्थवादी, स्वार्थपरक; ~ethics, ~hedonism, ~naturalism.

egoity इगो'इटि n. व्यक्तित्व, अभिज्ञान।

egomania ऍगॅमे'निॲ n. अहंप्रमाद, अस्वाभाविक आत्मनिरति^F, असामान्य आत्म-प्रेम।

egomaniac –ॲक् n. अस्वाभाविकरूपेण आत्म-निरत; अहंमानी, अहंप्रमादी।

egophony ऍगो'फ़नि n. अजध्वनि^F, मैं-मैंकी ध्वनि^F।

egotism ऍ'गॅटिज़्म् n. अहंता^F, (दर्श०, मनो०) **अहंकार**; (शिक्षा०) **अहंभाव**; आत्मचर्चा^F, अहंमन्यता^F, अहंमान, आत्मश्लाघा^F; आत्माभिमान; स्वार्थपरता^F।

egotist –टिस्ट n. अहंकारी या आत्मश्लाघी (व्यक्ति)।

egotistic, -al –'टिक्,-ॲल् a. अहंकारी, आत्मश्लाघी, गर्वित; स्वार्थी।

egotize –'गॅटाइज़् v.i. अहंकार करना, आत्मश्लाघा^F करना, गर्व करना।

egregious इग्री'जॅस् a. उद्वेगकारी, विलक्षण, विचित्र, भयंकर; (प्रा०) अत्यन्त, अपूर्व, विशिष्ट, उत्तम।

egregiousness –निॅस् n. विचित्रता^F, विलक्षणता^F; अत्यन्तत्व, अपूर्वता^F।

egress ई'ग्रॅस् n. बहिर्गमन, (का०) **निर्गमन**, निर्गति^F, प्रवास; (ज्यौ०) **मोचन**; ग्रहण या संक्रान्तिकी समाप्ति^F; (ला०, राज०) **निर्गम**, निकास।

egression इग्रॅ'शन् n. बहिर्गमन, प्रवास, निष्क्रमण, निर्गति^F, निकास।

egret –'रिट् n. बलाका, चूड़बकुल; **गोखरू**;=AIGRETTE.

Egyptian इजिप्'शॅन् a. & n. मिस्री, मिस्रका (निवासी); ~clover (कृषि०) **बरसीम**; ~screw (कृषि०) **जलपेय**, **मिस्री पेय**।

Egyptology ईजिप्टॉ'लॅजि n. मिस्रका पुरातत्त्व।

eh ऍ' int. अरे! ओ, अबे!

e.h.p. effective (*or* electrical) horse-power.

E.I. Electrical Inspector; executive instruction; East Indies; Exchange Inspector.

E.I.C. East India Company.

E.I.C.S. East India Company's Service.

eidam ई'डैम् n. डच पनीर।

eident आई'डॅन्ट् a. परिश्रमी, अध्यवसायी, संलग्न या कार्य-व्यस्त।

eider आइ'डॅर् n. ~down बड़ी समुद्री बत्तख^Fके पंख।

eidetic आइडे'टिक् a. पूर्वस्मृति-सम्बन्धी, मूर्तकल्पी; विशद, (शिक्षा०) **अतिविशद** (~*image*, ~*imagery*)।

eidograph आइ'डॅग्राफ़् n. चित्रको बड़ा या छोटा करनेका यन्त्र; छायालिख, चित्रलिपिक।

eidolon आइडो'लॅन् n. छाया; प्रेत, पिशाच।

eight एट्' n. आठ; (बर्फ़^Fकी दौड़^Fमें) दो समीपवर्ती वर्तुलोंका चित्र; दौड़ती नाव^Fके आठ नाविकोंका दल; *have one over the* ~ (बोल०) मदोन्मत्त होना, मदिरा^F पान करना।

eighteen –टीन्' n. अष्टादश, अठारह।

eighteenth –न्थ a. अठारहवाँ।

eightfold –ट्'फ़ोल्ड् a. अष्टगुण, आठगुना।

eighth –ट्थ्' a. अष्टम, आठवाँ।

eightieth –'टिॲथ् a. & n. अशीतितम (अंश०), अस्सीवाँ (भाग)।

eightsome –ट्'सॅम् n. अष्टक, आठका समूह; आठ नर्तकियों^Fका समवेत नृत्य (स्कॉटलैण्डमें)।

eighty -'टि n. अस्सी; ~eight अठासी, ~five पचासी, ~four चौरासी, ~nine नवासी, ~one इक्यासी, ~seven सतासी, ~six छियासी, ~three तिरासी, ~two बयासी।

eigne एन्' a. (क़ानून) प्रथमोत्पन्न, पहले पैदा हुआ।

eikon आइ'कॅन् n. चित्र अथवा प्रतिमा^F (रूढ़िवादी घरोंमें)।

E.-in-C. Engineer-in-Chief.

eionfuhlung (Ger.) n. तादात्म्य।

eirenical आयॅरी(रे)निकॅल् a.=IRENICAL.

eirenicon –कॅन् n. सन्धि^Fका प्रस्ताव।

eisel ई'सॅल् n. चुक्र, सिरका।

eisteddfod अस्टे'द्'वॅड् n. (साहि०) **कलाकार-सम्मेलन**, चारण-सम्मेलन, संगीत-प्रतियोगिता^F।

either आइ(ई)'दॅर् a. & pron. दोमेंसे प्रत्येक (*at* ~ *end was a lamp*); कोई एक (जैसे, *put the lamp at~end*); (निषेध या प्रश्नके साथ) भी (*if you do not go, I shall not* ~); २. adv. & conj.

या···या (*he is ~ drunk or mad*); ~ way दोनों ओर, किसी भी तरफ।

ejaculate इजैं'क्युलेट्' v.t. (चि०) वियोंदि्गरण; सहसा बोल उठना; शरीरसे (द्रव पदार्थ आदिको) निकाल फेंकना।

ejaculation –ले'शन् n. (चि०) वियोंदि्गरण, (कृषि०) **अपसारण,** आवेगपूर्ण स्वरोच्चारण, हठात् उच्चारण, उद्गार रूप प्रार्थना; निक्षेप, द्रवस्रवण।

ejaculative –'क्यूलेटिव् a. सविस्मय कथित।

ejaculatory –टॅरि a. सावेग उच्चरित; निक्षिप्त, द्रवित; ~duct (चि०) **शुक्र प्रसेचिनी वाहिनी**^F; शुक्र प्रसेचिनी^F।

eject¹ इजें'क्ट्' v.t. बहिष्कृत करना, निष्कासित करना, निकालना; अधिकारच्युत करना, (का०) **बेदखल करना,** फेंकना, निकाल देना, छोड़ना।

eject² n. कल्पना^F, अनुमान, प्रतिकल्प।

ejecta इजें'क्'टॅ n. pl. मल, निष्कासित पदार्थ यथा ज्वालामुखीसे फेंका हुआ पदार्थ।

ejected –टि'ड् a. (प्रा० भूगोल) **उत्क्षिप्त;** ~ash, ~lava, ~material, ~mud, ~water.

ejection –'शन् n. निराकरण, निरसन, **निष्कासन,** बहिष्कार; **बाहर फेंकना;** (शिक्षा०) **उत्क्षेपण;** बेदखली^F; दूरीकरण।

ejective –'टिव् a. बहिष्कारी; **अनुकरणात्मक,** कल्पनामूलक, प्रतिकल्पात्मक; अनुमानित।

ejectment –ट्'मॅन्ट् n. निःसारण, निष्कासन, बहिष्कार; अधिकारसे हटाना, (का०) **बेदखली**^F।

ejector –'टॅर् n. निस्सारी, बहिष्कृत करनेवाला; (नौवि०, यन्त्र०) **निष्कासक, फेंकू;** (का०) **बेदखल करनेवाला;** निक्षेपक।

ejusdem generis (L) उसी जातिका।

ejusd. *ejusdem*, of the same.

eke¹ ईक्' v.t. (प्रायः ~*out*) जोड़ना, बढ़ाना, कमी^F पूरी करना; जीविका^F चलाना, जैसे-तैसे निर्वाह करना।

eke² adv. (प्रा०) अतिरिक्त भी।

-el दे० -LE² लघु, -क (जैसे, *satch*~ दे० -LE भी।

E.L. Earned Leave.

elaborate¹ इलै'बॅरॅट् a. सुसम्पादित, प्रयत्नसिद्ध, कलापूर्ण; (रसा०) **विस्तृत;** परिष्कृत, सुसम्पन्न; ~examination **सविस्तार परीक्षा**^F।

elaborate² –रेट् v.t. सुसम्पादित करना; सिद्ध करना; **विस्तार करना,** विस्तारसे कार्य करना; सम्पन्न करना।

elaborateness –रॅट्निॅस् n. सुसम्पादन; विस्तार; सुसम्पन्नता^F।

elaboration रे'शन् n. (शिक्षा०, साहि०) **विस्तार, विस्तरण;** संस्करण, परिष्कार; अन्नका ऊति द्रव्योंमें सुसम्पादन; सृजन, रचना^F; सम्पन्नता^F।

elaborative –'बॅरेटिव् a. संस्करणात्मक, विस्तरणात्मक, विस्तृत।

elaborator –टॅर् n. सुसम्पादक; विस्तारक, संस्कारक, विस्तार करनेवाला।

elaeo- इलिऑ- तेल-, तैल- (जैसे, ~*meter*)।

elaeometer ईलिऑ'मिटॅर् n. **तैलमापी**।

elaeoptene ईलिऑप्'टीन् n. उत्तरल, तैल, तेल।

elaioplast ईलॅऑ'प्लास्ट् n. (वन०) **तैलजन लव**।

elan (F) अे'लॅन् n. उत्साह, स्फूर्ति^F, सजीवता^F; तीव्र वेग; हल्ला; उमंग, जोश; ~ vital (शिक्षा०) **जीवनशक्ति**^F।

elance इ'लान्स्' v.t. फेंकना, प्रक्षिप्त करना, घोंपना, भालेकी तरह फेंकना।

eland ई'लॅन्ड् n. दक्षिणी अफ्रीकाका एक प्रकारका मृग।

elanet इ'लॅ'नेॅट् n. एक प्रकारकी चील^F।

elapse इ'लैप्स् v.i. व्यतीत होना, **बीतना, बीत जाना,** गुजरना।

elastic* इ'लैस्'टिक् १. n. (भौ०, स्थिति वि०, यंत्र०) **प्रत्यास्थ,** स्थितिस्थापक डोरी^F या फीता; प्रायः रबड़^F के सूतसे बुना हुआ फीता; २. a. स्थितिस्थापक, (यंत्र०, भौ०) **प्रत्यास्थ, लचकदार,** (राज०) **लचीला*,** लोचदार; स्फूर्तियुक्त, प्रफुल्ल, सजीव; (अर्थ०) **मूल्य सापेक्ष्य;** नमनशील, अनुकूलनक्षम, परिवर्तनयोग्य, मुलायम; रबड़^F का;

~ arch, ~ behaviour, ~ cartilage, ~ collision, ~ conductivity, ~ constant, ~ currency, ~ deformation, ~ demand, ~ energy, ~ equilibrium, ~ extension, ~ fatigue, ~ fibre, ~ fluid, ~ furnace, ~ gel, ~ hysteresis, ~ limit, ~ modulus, ~ process, ~ properties, ~ range, ~ rebound, ~ recoil, ~ strain, ~ string, ~ supply, ~ tissue, ~ wave.

elastica –टिकॅ n. (गणि०) **प्रत्यास्थिका**^F, रबड़^F, T.।

elasticity ई(अे)लैस्टि'सिटि n. स्थितिस्थापकत्व, (अर्थ०) **मूल्य-सापेक्षता**^F, (गणि वि०, भौ०, नौवि०,) **प्रत्यास्थता**^F, (भौ०) **लचक**^F, **लचीलापन,** (कृषि०) **लोच**^F; स्वाग्रह^F।

elastin इ'लैस्'टिन् n. प्रत्यास्थकि^F, रबड़^F, लचकिन^F, (चि०) T. (चि०) पीले प्रत्यास्थ ऊतिका मुख्य संघटक।

elastomer –टॅमर् (रसा०) T.

elate इ'लेट्' १. v.t. उत्तेजित करना, उल्लसित करना, प्रफुल्लित करना, फुलाना; गर्वित करना; २. a. (प्रा०) उल्लसित, प्रसन्न, प्रफुल्लित, गर्वित, मदोद्धत।

elated –टि'ड् a. उत्तेजित; उल्लासित; दर्पाध्मात, दृप्त, गर्वित, मदोद्धत, प्रमत्त।

elatedness –निॅस् n. औधत्य; उल्लास; गर्वितत्व, दर्प, दृप्तता^F, घमण्ड।

elater –'टॅर n. (वन०) अंशुका, प्रफुल्ल करनेवाला, रेणुप्रमारक; गोबरैला, (वन०) T.।

elaterin इलैट्'रिन् n. उत्क्षीरकि^F, एक रालसदृश धातु^F, इलेटेरियमका सक्रिय सत।

elaterium अे'लॅटीअॅ'रिअॅम् n. उत्क्षीरक, एक विरेचक

ओषधि^F ।

elation इलेʼशॅन् n. (मनो०, शिक्षा०) **उल्लास,** गर्व, दर्प, औधत्य, प्रसन्नता^F, मदोद्धतता^F ।

elbow¹ ऍल्ʼबो n. कूर्पर, (चि०, श०र०शा०) **कफोणि^F**, कफणी^F, (चि०, श०र०शा०, कृषि०, जीव०) **कोहनी^F, कुहनी^F**; (नौवि०) **दुकाट^F**; ~-chair बाँहवाली कुर्सी^F; ~-grease खूब जोरकी मँजाई^F, कठोर परिश्रम; ~-room पर्याप्त स्थान; ~-shaped कूर्पराकार; *at* one's ~ सन्निकट, पास ही; *bend, cock* or *lift the* ~ अत्यधिक मदिरापान करना; *jog the* ~ स्मरण करना, याद^F दिलाना; *out at* ~s फटा हुआ (कपड़ा), दरिद्र (व्यक्ति); *up to the* ~s तन्मय, रत, लीन;

~ joints, ~ lining, ~ pipe, ~ rest.

elbow² v.t. & i. कुहनी^F मारना, धक्कम-धक्का करके घुसना ।

elchee ऍल्ʼचि n. राजदूत, एलची ।

eld ऍल्ड्ʼ n. पुराकाल, प्राचीनकाल (प्रा० काव्य, बोली^F); जरावस्था^F, वृद्धावस्था^F ।

elder -ʼडॅर् १. n. (pl.) अग्रज, गुरुजन, वयोवृद्ध, ज्येष्ठ (व्यक्ति) (जैसे *respect your* ~s); श्रेष्ठ व्यक्ति, बुजुर्ग, बड़ा आदमी; अनुसद् (सिनेट) का सदस्य; आरम्भिक ईसाई धर्म-संघका अधिकारी; (वन०) एक पौधा जिसके फूल और फल स्वेदल होते हैं; २. a. ज्येष्ठ, जेठा, बड़ा (*his* ~ *brother, which is the* ~*!*); ~hand (ताशोंमें) पहला खिलाड़ी; ~s' hours श्रेष्ठ जनोंका समय अर्थात् दस बजे रात^F ।

elderliness -लिनिʼस n. प्रौढ़ता^F; वयोवृद्धता^F ।

elderly -लि a. प्रौढ़, वनोवृद्धि, वृद्धप्राय, वृद्ध-सा ।

eldership -शिप् n. प्रौढ़ अथवा वृद्धतर होनेकी स्थिति^F; ज्येष्ठता^F; गिरजाघरके एक अधिकारीका पद या कार्यालय ।

eldest -डिʼस्ट् a वर्षिष्ठ, ज्येष्ठ, सबसे बड़ा ।

eldritch ऍल्ʼड्रिच् a. अद्‌भुत, भीषण, विलक्षण, वीभत्स, भयानक ।

elec., elect. electric; electricity.

elect¹ इलेʼक्ट् v.t. (का०) **निर्वाचित करना, चुनाव करना, चुनना, वरण करना;** (ईश्वरका व्यक्तियोंको) दूसरोंके स्थानपर मुक्ति^Fके लिए मनोनीत करना या चुनना ।

elect² a. निर्वाचित, चुना हुआ; वरिष्ठ, प्रवर; ईश्वर द्वारा मनोनीत; किसी पद या सम्बन्धके लिए पसन्द किया या चुना हुआ (जैसे bride ~) ।

elected -ʼटिड् a. (विधा०) **निर्वाचित,** (~*auditor,* ~*domicile*) **चुने हुए;** व्यावृत ।

election -ʼशॅन् १. n. (राज०) **निर्वाचन,** वरण, **चुनाव;** ईश्वर द्वारा मुक्ति^Fके हेतु कुछ व्यक्तियोंका चुनाव; by-~ उपनिर्वाचन (संसद्^Fके किसी सदस्यका स्थान रिक्त होनेपर); general ~ (देशव्यापी) साधारण निर्वाचन; २. v.t. (राज०) **निर्वाचित करना, चुनना ;**

~agent, ~booth, ~campaign, ~commission, ~ commissioner, ~ day, ~ district, ~ expenses, ~ judges, ~ malpractices, ~ offences, ~ officer, ~petition, ~priority, ~ returns, ~ roll, ~ tactics, ~ tribunal.

electioneer -नीअॅर् १. n. चुनावमें दौड़-धूप^F करनेवाला व्यक्ति; २. v.i. राजनीतिक निर्वाचनोंमें दौड़-धूप^F करना ।

elective -ʼटिव् a. निर्वाचन द्वारा नियुक्त (पदाधिकारी), निर्वाचन-सापेक्ष, निर्वाचनसे प्राप्त (प्राधिकार); निर्वाचक, चुननेका अधिकार रखनेवाला; ~ affinity इष्टबन्धुता^F; ~ auditor निर्वाचित लेखा-परीक्षक^F; ~ government निर्वाचनी सरकार^F, ~ office (राज०) **निर्वाचित-पद ।**

elector -टॅर् n. **निर्वाचक, मतदाता,** चुनावकर्त्ता, चुननेवाला; सम्राट्‌के निर्वाचनमें मतदानके लिए अधिकार-प्राप्त जर्मनीका राजकुमार ।

electoral -रॅल् a. (का०) निर्वाचन, निर्वाचकीय, **निर्वाचक-सम्बन्धी,** (~ *college,* ~*roll*) ।

electorate -रॅट् n. चुनाव-क्षेत्र; निर्वाचकगण, **निर्वाचक-समूह या वर्ग, निर्वाचक-मण्डल;** जर्मनीके निर्वाचक राजकुमारका पद या अधिकृत राज्य ।

electorship -शिप् n. निर्वाचकत्व ।

electra -रॅ n. (गणि०) **द्वितीयक-वृष;** T ।

electress -ट्रिʼस् n. निर्वाचिका^F; जर्मनीके निर्वाचक राजकुमारकी धर्मपत्नी^F ।

electric* -ʼट्रिक् १. n. विद्युत^F, बिजली^F; विद्युतपदार्थ; २. a. वैद्युत, विद्युत्-उत्पादन-क्षम, बिजली^Fका*; ~ blue फौलादका-सा नीला रंग; ~ chair बिजली^F द्वारा प्राणदण्ड देनेकी कुर्सी^F; ~ charge **विद्युत-आवेश,** विद्युतशक्ति^Fका संचय; ~ eel सर्प-मत्स्य^F; ~ plant; **विद्युत-संयंत्र;** ~ storm उग्र उत्पात; ~ torch (वहनीय) वैद्युत-दीपिका^F;

~ assembly, ~ bath, ~ battery, ~ bell, ~ blower, ~ bulb, ~ cable, ~ capacity, ~ centrifuge, ~ charge, ~ circuit, ~ clock, ~ company, ~ conductivity, ~ current, ~ detonator, ~ discharge, ~ dispersion, ~ displacement, ~ doublet, ~ fan, ~ field, ~ fitter, ~ fittings, ~ fluid, ~ force, ~ furnace, ~ fuse, ~ garage, ~ generator, ~ heating, ~ horn, ~ installation, ~ instrument, ~ iron, ~ lamp, ~ light, ~loading, ~ locomotive, ~ machine, ~ main, ~ meter, ~ motor, ~ polarisation, ~ power, ~ powerline, ~ process, ~ railway, ~ refrigeration, ~ repeator, ~ screen, ~ spark, ~ strain, ~ susceptibility, ~ telegraph, ~theory, ~ traction, ~transmitter, ~ vector, ~ wind.

electrical -कॅल् a. (रसा०) **वैद्युत,** (वन०) **विद्युत,**

विद्यु त-सम्बन्धी; **बिजली**F**का;**
~appliance, ~bay, ~centre, ~conductivity, ~conductor, ~density, ~disintegration, ~ energy, ~ engineering, ~ equipment, ~ feedback, ~ focussing, ~ foreman, ~ image, ~ impulres, ~ inspection, ~ intensity, ~ measurement, ~ phenomenon, ~ plant, ~ precipitation, ~ pressure, ~ ~ probe, ~ repair, ~ section, ~ shop, ~ stimulus, ~ system, ~ transcription.

electrician –क्ट्रि'शॅन् n. विुद्वेत्ता, **बिजली मिस्तरी, बिजली वाला।**

electricity ई(अॅ)लॅक्ट्रि'सिटि n. **विद्यु त्**F, **बिजली**F; विद्युदणुओंकी गति F; वैद्युती F, विद्युद्धारा F की विद्या F;
~ board, ~ department, ~ duty, ~ ~ meter, E~ Rules, ~ scheme, E~ Supply Co.

electrics इॅलॅक्ट्रिक्स n. विद्युद्विज्ञान।

electrification –ट्रिफ़िके'शॅन् n. वैद्युतीकरण, (विद्यु०) विद्युतीकरण, विद्योतन, (भौ०) **विद्यु तन, बिजली**F **लगाना;** आवेषण; रेलF के भापवाले इंजनको विद्युत्F में परिवर्तित करनेकी क्रियाF।

electrified –'ट्रिफ़िड् a. विद्युतित, विद्युन्मय, **बिजली**F **लगा हुआ।**

electrify –फ़ाइ v.t. (पिण्डोंको) विद्युन्मय करना, आविष्ट करना, (रेल०) **बिजली**F **लगाना,** बिजलीF पहुँचाना; (किसी व्यक्ति आदिको) बिजलीFका धक्का पहुँचाना; विद्यु त्F से संचालित करना; उत्तेजित करना, चौंका देना।

electrization –ट्राइज़े'शॅन् n. विद्यु तन, वैद्युतीकरण, विद्यु न्मयकरण, आवेषण।

electrize –'ट्राइज़् v.t. उद्दीप्त करना, चौंकाना, बिजलीF भर देना।

electro- –ट्रो (रसा०) **वैद्यु त्-, विद्यु त्-** (जैसे, *~ biology, ~ chemistry, ~ dynamics, ~ kinetics, ~ logy, ~ lyse, ~ lysis, ~ lyte, ~ magnetic, ~ meter, ~ motion, ~ motive, ~ negative, ~ pathy, ~ positive, ~ thermal*।

electrocautery इॅलॅक्ट्रॅकॉ'टॅरि n. (चि०) विद्यु-दाग्नि कर्म।

electrochemistry –ट्रॅके'मिस्ट्रि n. (रसा०, चि०) **विद्यु द्-रसायन, बिजली-रसायन।**

electrocute –'ट्रॅक्यूट् v.t. विद्युत्शक्तिF से मारना।

electrocution –क्यू'शॅन् n. विद्यु न्मारण, बिजलीF द्वारा प्राणदण्ड।

electrode –'ट्रोड् n. विद्यु तद्वार, (रसा०, भौ०) **विद्यु दग्र,** (*~ process*), **अग्र** (विद्यु त्), बिजलीFके तारका छोर; (रेल०) T.;
~ dissipation, ~ impedance, ~ voltage.

electro-diagnosis –ट्रॅडाइॲग्नो'सिस् n. (मनो०) **विद्युत्-निदान।**

electrodynamic –ट्रॅडाइनै'मिक् a. विद्यु द्वैगिक, विद्यु द्गतिक।

electrodynamics –क्स् n. **विद्यु त्-गतिकी**F, चल-विद्यु द्विज्ञान, विद्यु द्गति-विज्ञान।

electrodynamometer –नॅमॉ'मिटॅर् n. **विद्युत-शक्तिमापी,** विद्यु त-शक्तिमान, विद्युत्बल-मापक (यंत्र), T.।

electro-engraving –ट्रॅओॅन्'ग्रेविंग् n. विद्यु दु-त्कीर्णन।

electrogram –'ट्रॅग्रैम् n. (चि०) **विद्यु ल्लेख,** T.।

electrograph –'ट्रॅग्राफ़ n. विद्यु न्मान (यन्त्र), विद्यु त् मापक।

electrography –ट्रॉ'ग्रॉफ़ि n. (चि०) **विद्यु त्पेशी-लेखन,** T.।

electrokinetic –ट्रॅकाइने'टिक् a. (चि०) **विद्युत्-गतिक** (*~ phenomenon*)।

electrokinetics –स् n. विद्यु द्विभाग-विज्ञान, विद्यु द्गति-विज्ञान, **विद्युत-बलगति-विज्ञान।**

electrolier –ट्रॅलीॲर् n. बिजलीFका फानूस या झाड़।

electrology –ट्रॉ'लॅजि n. विद्युद्विज्ञान, विद्युत् शास्त्र।

electrolysis –लिसिस् n. (भौ०) **विद्यु द्विलेषण, विद्यु त्-अपघटन,** विद्युद्विच्छेदन, विद्युदंशन।

electrolyte –'ट्रॅलाइट् n. (भौ०, चि०, कृषि०, विद्यु०, रसा०) **विद्यु त् अपघट्य, विद्युद्विश्लेष्य,** विद्यु दंश्य, विद्यद्विच्छेद्य द्रव्य, T.।

electrolytic –लाइ'टिक् a. विद्यु दंशिक, (रसा०) **वैद्युद्विश्लेषिक,** विद्यु त् विश्लेषी, **विद्युत् अपघटनी,** विद्यु द्विच्छेदन-सम्बन्धी;
~ capacitor, ~ cell, ~ condensor, ~ conductivity, ~ dissociation, ~ ion, ~ process, ~ refining, ~ theory.

electrolyze –'ट्रॅलाइज़् v.t. विद्यु द्विछिन्न करना, **विद्युत् अपघटन करना।**

electromagnet –ट्रॅमैग्'निॅट् n. (भौ०, विद्यु०) **विद्युच्चुम्बक,** बिजलीFका चुम्बक।

electromagnetic –मॅग्ने'टिक् a. विद्यु च्चुम्बिक, (विद्यु०) **विद्युत्-चुम्बकीय, विद्युत् चुम्बक-सम्बन्धी;**
~ action, ~ component, ~ deflection, ~ flow meter, ~ induction, ~ inertia, ~ ~ mass, ~ momentum, ~oscillation, ~ ~oscillator, ~ radiation, ~ screen, ~ separator, ~ spectrum, ~ theory, ~ units, ~ wave.

electromagnetics –स् n. **विद्यु त् चुंबकिकी**F।

electromagnetism –नॅटिज़्म् n. **विद्यु त् चुंबकत्व।**

electrometallurgy –मे'टॅलॅजि n. विद्यु द्धातुकर्म,

(रसा०) **विद्युत् धातु विज्ञान**, वैद्युत धातु-शोधन।
electrometer -ट्रॉमि`टर् n. (त्रि०, भौ०) **विद्युत् मापी**, विद्युन्मान, विद्युन्मापक-यन्त्र।
electrometric -ट्रॅमे`ट्रिक् a. (रसा०) विद्युत्मापी (~ *titration*)।
electrometry -ट्रॉमि`ट्रि a. (चि०) **विद्युन्मिति**F, **विद्युन्मापन, विद्युत्मापन**, T.।
electromotive -ट्रॅमो`टिव् a. **विद्युत् वाहक** (~ *force*, ~ *series*), विद्युद्गामी, विद्युत्-चाल-सम्बन्धी।
electron -'ट्रॉन् n. विद्युदणु, ऋण-विद्युत्Fका परमाणु, (विद्यु०, चि०, भौ०) **इलेक्ट्रॉन;**
~ beam, ~ bomb, ~ capture, ~ cloud, ~ configuration, ~ density, ~ diffraction, ~ displacement, ~ gas, ~ gun, ~ jump, ~ lens, ~ microscope, ~ multiplier, ~ octet, ~ optics, ~ orbit, ~ pair, ~ polarization, ~ spin, ~ tube, ~ volt, ~ yield.
electronegative -ट्रॅने`गॅटिव् a. (कृषि०, रसा०) **वैद्युत् ऋणात्मक** (~ *character*, ~*ion*), **ऋण-विद्युत**।
electronic ॲ`ले`क्ट्रॉ'निक् a. (रसा०) T. (~*formula*); (विद्यु०) **इलेक्ट्रानीय** (~ *theory*, ~ *valve*, ~*vibration*), ऋणाणुक, विद्युदणु सम्बन्धी।
electronics -स् n. वैद्युदणविकी, ऋणाणु-विज्ञान, (रसा०, भौ०) **इलेक्ट्रॉनिकी**F, T.।
electropathy, electrotherapeutics इ`ले`क्ट्रॉ-'पॅथि, -ट्रॅथॅ`रॅप्यू'टिक्स् nn. विद्युत् चिकित्साF, बिजलीF-का इलाज।
electrophoresis -ट्रॅफॉ`रि`सिस् n. **वैद्युत-कण-संचलन**, (कृषि०) **विद्युत्-संचरण**। (चि०) T.।
electropositive -ट्रॅपॉ`जिटिव् a. (रसा०) **विद्युत-धनीय, धन-विद्युत्, वैद्युत्-धनात्मक** (~ *ion*, ~*character*, ~ *radical*)।
electrostatic -ट्रॅस्टै`टिक् a. (रसा०) **स्थिर वैद्युत्, स्थिर विद्युतिकी**F;
~ attraction, ~ capacity, ~ deflection, ~ energy, ~ field, ~ flux, ~ focusing, ~ force, ~ generator, ~ induction, ~ law, ~ precipitation, ~ pulsion, ~ repulsion, ~screen, ~ unit, ~ watt meter.
electrostatics -स् n. (रसा०) स्थिर विद्युतिकीF, विद्युतस्थैतिकीF, (वन०) **स्थिर विद्युत्-विज्ञान**।
electroscope -'ट्रॅस्कोप् n. (विद्यु०, भौ०) **विद्युद्दर्शी**।
electrothermal -थॅर्'मॅल् a. विद्युत्तापीय, विद्युत्ताप-, बिजलीFकी गरमीFका (~ *effect*)।
electrotype -'ट्रॅटाइप् n. विद्युन्मुद्र, (रसा०) **विद्युत्-मुद्रांक**।
electrotyping -पिंग n. (रसा०) **विद्युत-मुद्रांकन, वैद्युत-मुद्रण, वैद्युत्-टाइप**।
electrum इ`ले`क्'ट्रॅम् n. सोने-चाँदीFकी मिश्र धातुF, गिलट; राजत-सुवर्ण, हैरण्य; रुपहला सोना।
electuary इ`ले`क्'ट्युॲरि n. अवलेह, लेह।
eleemosynary ॲ`लि`ईमॉ`जिनॅरि a. दानाश्रित, भिक्षावलम्बित, भिखारी, भिक्षा-सम्बन्धी; धर्मार्थ, दरिद्रार्थ, फोकट।
elegance, -cy ॲ`लि`जॅन्स्, -सि n. प्रांजलताF, लालित्य, चारुताF, लावण्य, शिष्टताF, सौन्दर्य, मनोहरताF, शोभाF।
elegant -न्ट १. n. सुरुचिसम्पन्न व्यक्ति; २. a. (मुद्रायेंF, शैलीF, लेखक, आचरण आदि) प्रांजल, ललित, चारु, सुन्दर; श्लील, परिष्कृत, रमणीय, परिमार्जित, मनोहर, सुरूप; (रहन-सहनमें) सुशिष्ट, सुरुचि-सम्पन्न; भव्य, श्रेष्ठ, उत्तम; सुरस; चुस्त, फुर्तीला⊙; ~variation (साहि०) **नवीन कृतित्व, भिन्न पदोपदान**।
elegantia -टिॲ n. (साहि०) **लालित्य**।
elegiac ॲ`लि`जाइ'ॲक् १. n. (pl.) शोकगान, करुणामयी कविताएँF; २. a. शोकगीतके उपयुक्त; विषादजनक, सकरुण, शोकप्रधान (छन्द); ~ meter (साहि०) **करुण छंद**।
elegist - लि`जिस्ट् n. शोकगीतकार।
elegize -जाइज् v.t. & i. शोकगीत लिखना; शोककी लयF या तालFमें लिखना।
elegy -जि n. शोकगीत, करुण काव्य, विलापगीत, मरसिया।
element ॲ`लि`मॅन्ट् n. (प्रा० भूगोल०, रसा०, कृषि०) **तत्त्व**, अल्पघटक, (प्रा० भूगोल) **घटक**, (गणि०) **अन्तंश** (~*of a figure*), अंशक, (त्रिकोण०, घ० ज्या०, गणि०) **अवयव;** (*the ~s of national wealth*); (प्रा० भूगोल) **मूलतत्त्व**, मूलवस्तुF, वह मूलद्रव्य जो विखण्डित न हो; पृथ्वी, वायु, जल तथा अग्निमेंसे कोई एक; वातावरणीय पदार्थ (*war of the ~s*); प्राथमिक शिक्षाF (जैसे अ, आ, इ, ई); (इंजी०) **लेष, अल्पांश;** Euclid's ~s ज्यामिति तत्त्व; mental ~ मनस्तत्त्व; *reduced to its ~s* विश्लेषण क्रियाF।
elemental -मे`न्'टॅल् १. n. मूलशक्तिF; २. a. तात्त्विक; प्रकृतिFकी शक्तियोंFसे सम्बन्धित (जैसे, ~ worship); अयौगिक, अमिश्रित; मूलभूत, मौलिक।
elementalism, elementism -लिज़्म्, ॲ`लि`मे`न्'टिज़्म् nn. तत्त्ववाद, तत्त्वसिद्धान्त।
elementariness -टॅरिनि`स् n. मौलिक अवस्थाF, प्राथमिकताF, तात्त्विकताF, अविलेयताF।
elementarity -टै'रिटि n. प्रकृति-सारल्य।
elementary -'टॅरि a. **मौलिक**, (~ *body*), **प्राथमिक**, (कलन) आरम्भिक (~ *integral*), (रसा०, चि०) **प्रारम्भिक**, मूल; तात्त्विक, अव्याकृत, अविलेय, शुद्ध;
~ analysis, ~ body, ~ education, ~fun-

ction, ~geometry, ~handling, ~integral, ~knowledge, ~ matrix, ~ nursing, ~ observation, ~ particles, ~ substance, ~ transformation.

elementism –'लिमॅन्टिज़्म् n. (शिक्षा०) **तत्त्ववाद** ।

elemi ऍ''लि मि n. लाह^F, गोंद, द्रुमरस ।

elemin –मिन् n. विरोजा, गोंदका पारदर्शक भाग ।

elenchus इलॅ न्'कस n. (तर्कशास्त्र) एक तर्क-विधि^F, खण्डन विधि^F, कुतर्क ।

elephant ऍ''लि फॅन्ट् n. मातंग, (जीव०) **हस्ती**, दन्ती, **हाथी**, गज, (स्त्री०) करिणी^F, हथिनी^F; (~*paper*) २८ × २३ इंचके नापका कागज; double ~ २६॥ × ४० इंचके नापका कागज; ~ apple कपित्थ, (कृषि०) **कैथ**; ~-driver महामात्र, महावत; ~'s foot (कृषि०) **जमीकन्द, सूरन**; ~ forest कजलीवन, कजरीवन; ~ leg (चि०) श्लीपद, हाथी पाँव; ~'s palm मद्यद्रुम; war ~s गजघटा^F; white ~ कष्टकारक अधिकार; (जिसपर बहुत व्यय हो);

~'s ear, shrew ~, ~ tusk.

elephantiasis –फ़ैन्टाइ'ॲसिस् n. (चि०) **श्लीपद**, शिलीपद, **हाथीपाँव**, फीलपाँव, फीलपा; ~ graecarum (चि०) गलितकुष्ठ ।

elephantine –न्'टाइन् a. हाथीसा; दुर्दन्द, भारी; भद्दा, फूहड़ (जैसे, ~ *movement*, *humour*, *task*); ~ epoch हाथी युग ।

elephantoid –टाॅइड a. हाथीकी-सी आकृतिवाला ।

eleuthero- मुक्त- (जैसे, ~*mania*, ~*phyllous*) ।

eleutheromania इल्यूथॅरमे'निॲ n. स्वातन्त्र्योन्माद ।

elevate ऍ''लिवेट् v.t. उच्छ्रित करना, **उठाना, चढ़ाना, ऊपर चढ़ाना**, ऊपर उठाना; आराधनार्थ उत्तोलन करना; (आवाज^F) ऊँची करना; पदोन्नति^F करना, सम्मान बढ़ाना; नैतिक और बौद्धिक स्तर ऊँचा करना; तोप^Fका धुरा ऊँचा करना; मदोन्मत्त-सा होना ।

elevated –टिड् a. उच्छ्रित, (प्रा० भूगोल) **उत्थापित** (~ *land*), **उत्थित**, उत्तुंग, **उन्नत**, प्रसन्न; उच्च ।

elevation –वे'शॅन् n. (प्रा० भूगोल) **उत्थापन**, (प्रा० भूगोल) **उत्सेध**, उत्तोलन, (नौवि०, भौ०, रसा०) **उन्नयन**, (प्रा० भूगोल) **उच्चता**^F, उत्कर्ष, समुन्नति^F; अक्षोत्थापन; उन्नतांश; (यंत्र०) **उठान**, **उच्चता**^F, ऊँचाई^F; उद्क्षेप; उदय, ऐश्वर्य, प्रतिष्ठा^F, गौरव, प्रताप, श्रेष्ठता^F; **सम्मुख दर्शन**, दर्शन; ~ of meaning अर्थोत्कर्ष;

~angle, ~ board, ~ constant, ~ drums, ~ oscilloscope, ~ receiver.

elevator –'लिवेटॅर n. उत्थापनी, (यन्त्र०) **उत्थापन-यन्त्र**; उत्थापक, उत्सेधक, उत्तोलक, उन्नायक; (यंत्र०) **उच्चालक, उच्चालित्र, लिफ्ट**⊙; ~ boy⊙ उच्चालित्र पुरुष, लिफ्टमैन ।

elevatory –रि a. उत्तोलक, समुन्नतकारी, ऊँचा करनेवाला ।

eleve (F) n. शिष्य, चेला ।

eleven इलें'वॅन् n. एकादश, ग्यारह ।

elevens(es) n. (प्रतिदिनका) नाश्ता, ग्यारह बजेके आस-पासका कलेवा ।

eleventh –न्थ् a. एकादशांश, एकादश, ग्यारहवाँ ।

elf ऍल्फ़्' n. (pl. *elves*) प्रेत, वेताल, योगिनी^F, परी^F, पिशाच; कुटिल जीव; क्षुद्र प्राणी, बौना; ~-arrow, -bolt चकमक या पुरा ऐतिहासिक पत्थरके बाणका सिरा; ~ bore (इति०) **परी कोटर**; ~ dart (इति०) **परीशर**; ~lock जटाजूट, उलझे हुए बाल; ~-struck आकर्षित, मोहित ।

elfin '–फ़िन् १ n. बच्चा, बौना; २. a. परी^Fका, परी^F-सा; पिशाची; वामन-सम्बन्धी ।

elfish, elvish –फ़िश्, –'विश् aa. परी^F-सम्बन्धी; पैशाच, पिशाची ।

elicit इलि'सिट् v.t. (प्रायः ला०) निष्कृष्ट करना, निष्कर्ष निकालना, सार निकालना; प्रकाशमें लाना, बाहर लाना; (समर्थन) करवाना, (किसीसे उत्तर) निकलवाना ।

elicitation –टे'शॅन् a. निष्कर्षण, निर्गमन, निकालनेकी क्रिया^F ।

elidable इलाइ'डॅबॅल् a. = ELIDIBLE.

elide इलाइड्' v.t. (अक्षरका) लोप करना, काट देना ।

elidible –'डिबॅल् a. विच्छेद्य, लोप्य ।

eligibility ऍलिजिबि'लिटि n. योग्यता^F, निर्वाचन-योग्यता^F, चुनाव-योग्यता^F, पात्रता^F (~*certificate*, ~*list*); वांछनीयता^F, वरणीयता^F, मान्यता^F, ग्राह्यता^F, नियोज्यता^F ।

eligible –'लिजिबॅल् a. **पात्र, योग्य**, उपयुक्त; ग्राह्य, वरणीय, वांछनीय; नियोज्य, निर्वाचयोज्य; (विधा०) **पात्र होना** ।

eligibleness निॅस् n. योग्यता^F, निर्वाचयोग्यता^F पात्रता^F, वांछनीयता^F, ग्राह्यता^F, नियोज्यता^F ।

eliminable इलि'मिनॅबॅल् a. निरसनीय, विलोपनीय, बहिष्करणीय ।

eliminant –नॅन्ट् n. निरसन; (गणि०) **निरसन फल**, **विलोपन फल**, (चि०) दोष संशोधक (ओषधि) ।

eliminate –नेट् v.t. (गणि० भी) **निरसन करना, विलुप्त करना, लुप्त करना**, निरस्त करना, अलग करना, निकाल या हटा देना; बहिष्कृत करना; दूर करना, टाल देना; (मात्राओं^Fको) विलुप्त करना; (यौगिकसे कोई वांछनीय) तत्त्व निकालना ।

eliminated –टिड् a. निरस्त, आहृत, अलग ।

elimination –ने'शॅन n. **निरास, निरसन**, लोप, **विलोपन**, बहिष्करण, आहरण, अपनयन, दूरीकरण, निकाल देना ।

eliminative –'मिनेटिव् a. निरसन-सम्बन्धी, निरसनात्मक, लोप्य, लोपी, हटाने या लोप करने योग्य ।

eliminator –टॅर् n. निरसनकर्त्ता ।

elision इलि'ज़न् n. (साहि०) **लोप**; (उच्चारणमें) स्वर-लोप, अक्षरलोप; पुस्तक^Fमें अवतरणका लोप ।

elite (F) अलीट्' n. प्रवर, सार, तत्त्व; श्रेष्ठ भाग, प्रमुख अंग, सारभाग, सर्वोत्कृष्ट भाग; (दर्श०) **विशिष्ट वर्ग** ।

elixation अॅलिक्से'शॅन् n. (चि०) क्वाथ; पाचन; उबालकर सार निकालनेकी प्रक्रिया^F ।

elixir इॅलिक्'सॅर् n. सुरस, **अमृत**, सन्निष्कर्षण, पारसमणि, (कृषि०) **सुरभित रस**, रसायन, कीमिया; रामबाण औषध^F, **जल-अक्सीर**, T.; ~ *of life* अमृत ।

elk अेल्क्' n. ऋश्य, साम्भर, बारहसिंगा ।

el-kopprah n. (गणि०) **द्वाविंश ऋषि**; T. ।

ell अॅल् n. लम्बाई नापनेका पैमाना; अंग, पक्ष, पखना ⊙; ~-wand नापकी लकड़ी^F; English ~ ४५ इंच या सवा गजका माप; *give him an inch and he'll take an* ~ वह तो अँगुली^F पकड़ते पहुँचा पकड़ता है ।

ellagic इलै'जिक् a. विद्रस्फोटिक, माजूफल-सम्बन्धी ।

ellipse[1] इॅलिप्स्' n. (निर्दे० ज्या०, भौ०, प्रा० भूगोल, नौवि०, वन०) **दीर्घवृत्त**, अण्डवृत्त, T. ।

ellipsis, ellipse[2] –'सिस्, इॅलिप्स्' (pl. *-pses*) n. अध्याहार, शब्दलोप, पदलोप, पदशून्यता^F, (साहि०) **पदन्यूनता**^F ।

ellipsograph इॅलिप्'सॅग्रॉफ् n. दीर्घवृत्तमापक यंत्र ।

ellipsoid –साॅइड् a. दीर्घवृत्ताभ, (गणि०) **दीर्घवृत्तज** (~*surface*); (इति०) **दीर्घवृत्तीय**, ऊनेन्द्रज, (चि०) T. ।

ellipsoidal –डॅल् n. ऊनेन्द्रजीय, दीर्घवृत्त ।

elliptic इॅलिप्'टिक् a. उपाण्डवत्, अण्डाकार, (खिति वि०, गणि०) **दीर्घवृत्तीय**, **दीर्घवृत्ताकार**, (वन०) **दीर्घवृत्ती**, अण्डवृत्ताकार;

~ coordinates, ~ function, ~ geometry, ~ integral, ~ involution, ~ lamina, ~ motion, ~ orbit, ~ paraboloid, ~ point, ~ polarisation, ~ space, ~ vibration.

elliptical[1] –कॅल् a. (रसा०) **दीर्घवृत्तीय**, **दीर्घवृत्ताकार** (~ *recess*, ~ *polarisation*), अण्डाकार (~ *arch*) ।

elliptical[2] a. न्यूनपद, अध्याहारी, शब्दलोप-सम्बन्धी ।

ellipticity अॅलिप्टि'सिटि n. दीर्घवृत्तता^F, अण्डवृत्ताकृति^F ।

elm अेल्म्' n. उपकर-पेड़, देवदारु (वृक्ष) ।

elmen –'मिॅन् a. औपकर, उपकरवृक्षसे सम्बन्धित, देवदारुका ।

elmy –'मि a. इल्मयपूर्ण, उपकरीय ।

elocutio ईलॅक्यू'शिअॅ n. (साहि०) **वक्तृत्व शक्ति**^F ।

elocution ई (अॅ)लॅक्यू'शॅन् n. वक्तृत्व, वाक्पटुता^F, वाक्चातुर्य, वाग्मिता^F, वाक्शैली^F, वक्तृता-कौशल, भाषणकौशल ।

elocutionary –नॅरि a. वाक्पटुता-सम्बन्धी, वाक्-कौशल-सम्बन्धी, वक्तृता-सम्बन्धी, वाग्मितापूर्ण ।

elocutionist –निस्ट् n. सुवक्ता, वाचस्पति, वाग्मी, भाषण-कुशल, वाक्पटु, वाक्चतुर ।

elocutive अॅ'लॅक्यूटिव् a. व्याख्यानात्मक, वक्तृता-सम्बन्धी, वाग्मितापूर्ण ।

eloge(F) अॅ'लॉज् n. मृत-चर्चा^F, विलाप-वक्तृता^F, मरसिया; दिवंगतकी स्मृति^Fमें अभिभाषण ।

Elohim अॅ'लो'हिम् n. इलाही, यहूदी बाइबिल^Fमें ईश्वरका एक नाम ।

Elohist –हिस्ट् n. 'इलाही' (ईश्वर) के बारेमें लिखनेवाला ।

Elohistic –'टिक् a. 'इलाही'-सम्बन्धी ।

eloin इॅलाॅएन्' v.t. (कानून) हटा देना (किसी न्यायालयके दण्डविधानसे दूर) ।

E.Long. East Longitude.

elongate ई'लॉन्गेट् १. v.t. & i. बढ़ाना, फैलाना, लम्बा करना या होना; पतला होना, गावदुम आकारका होना; २. a. (वन०) लम्बित, लम्बा, पतला, गावदुम ।

elongated –टे'ड् a. आयात, दीर्घीकृत, प्रसृत ।

elongation –गे'शॅन् n. विस्तृति^F, (वन०, भौ०) **दैर्घ्यवृद्धि**^F, **दीर्घीकरण**, दैर्घ्यप्रसार, (कृषि०) वितनन, प्रतान, आयति^F, बढ़ाव, फैलाव, लम्बान, खिंचाव, तनाव, (ज्यौ०) **प्रसरकोण**, सूर्यान्तरकोण ।

elope इॅलोप' v.i. (का०) **सहपलायन करना**, साथ भाग जाना, निकल जाना; गुप्त रहना, फरार होना ।

elopement –'मॅन्ट् n. सहपलायन, गुप्तपलायन ।

eloquence ई'लॅक्वॅन्स् n. (साहि०) **वाग्मिता**^F, वाक्पटुता^F, वक्तृत्वशक्ति^F, व्याख्यानकला^F, भाषणकला^F (*Professor of E* ~) ।

eloquent –न्ट् a. वाग्मी, वाग्विदग्ध, वाक्पटु, सुवक्ता, व्याख्यानकलाविद्, भाषणकलाविशारद; (शैली^F) प्रभावपूर्ण ।

else अॅ'ल्स्' adv. अन्य, अतिरिक्त; और, साथ ही; अन्यथा, यदि नहीं, सिवाय, बजाय, नहीं तो (जैसे, *run* ~ *you will be late*); ~*where* अन्यत्र, और कहीं; ~ wise नहीं तो, दूसरे ढंगसे; *what* ~ और क्या ? *who* ~ दूसरा कौन ?

eltchi अॅ'ल्'चि n. राजदूत, एलची ।

elucidate ईल्यू (ल्यू)'सिडेट् v.t. विशद करना, व्याख्या^F करना, प्रकाश डालना, **स्पष्ट करना**, समझाना, खोलकर कहना ।

elucidation –डे'शॅन् n. विशदीकरण, विशद व्याख्या^F, प्रकाशन, विवरण, **स्पष्टीकरण** ।

elucidative –'सिडेटिव् a. विशदकारी, व्याख्याकारी, स्पष्टकारक ।

elucidator –टॅर् n. विशदकर्त्ता, व्याख्याता, स्पष्टकर्त्ता ।

elucidatory –रि a. विशदकारी, विशद व्याख्या-सम्बन्धी ।

elude –ल्यूड् v.t, & i. टाल जाना, (किसीकी प्रार्थना^F-को) टालना; चतुराई^Fसे बच निकलना, खिसकना; आँख^F बचाकर हट जाना, निकल भागना; चक्करमें डाल देना, धोखा देना ।

Elul ईलल् n. यहूदी नागरिक वर्षका १२ वाँ मास (अगस्त)।

elusion ईलू (ल्यू)'ज़न् n. परिहार, छल, कपट, प्रतारणा^F, धोखा; संयुक्त पलायन; धोखेबाजी^F।

elusive, elusory –सिव्, –सॅरि a. भ्रान्तिजनक, प्रतारणापूर्ण, परिहारी, परिहारकारी, कपटी, मायावी, छली।

elusiveness –निॅस् n. कपट, छल, भ्रान्ति, बचाव।

elusoriness –सॅरिनिॅस् n. भ्रान्तिजनकत्व, प्रतारणपूर्णता^F, परिहारकारिता^F, मायाविता^F, छल, कपट।

elusory –रि a. = ELUSIVE.

elutriate इॅल्'ट्रिएेट् v.t. (रसा०) प्रोद्धावन करना; जलकी सहायता^F से अलगाना।

elutriation –एे'शॅन् n. धावशोधन, प्रोद्धावन, धावचेचन, धोनेकी क्रिया^F।

elutriator –'ट्रिएेटॅर् n. प्रोद्धावक, धावशोधक, धोनेका यन्त्र।

eluvial इॅल्यू'विअॅल् a. अपोढ (~*layer*)।

eluviation –एे'शॅन् n. (कृषि०) **अपवहन**।

eluvium –'विअॅम् n. अपोढ मिट्टी^F।

elvan अे'ल्वॅन् n. एक तरहकी चट्टान^F।

elver अे'ल्वॅर् n. तरुण जल-व्याल।

Elysian इलि'जिअॅन् a. स्वर्गिक, स्वर्गीय, दिव्य, वैकुण्ठसम्बन्धी; परमानन्दप्रद, आनन्ददायक।

Elysium –अॅम् n. स्वर्ग, आनन्दधाम, वैकुण्ठ; अपूर्व आनन्दका स्थान या राज्य।

elytral अे'लिट्रॅल् a. पक्षवर्मीय, पक्षकोष्ठीय।

elytriform इॅलि'ट्रिफॉर्म a. पक्षवर्मवत्, पक्षकोष्ठाकार।

elytroid अे'लिट्राॅएड् a. पक्षवर्मिक, पक्षकोष्ठाकार।

elytron –ट्रॉन् n. पक्षवर्म, पंखकोष्ठ, गुण्ठ।

Elzevir अे'ल्ज़ॅवॅर् a. & n. एम्स्टर्डम या हेग इत्यादिमें एल्ज़ीविर कुटुम्ब द्वारा मुद्रित (पुस्तक^F)।

em- = EN-[1] (जैसे, ~*brace*, ~*ploy*)।

emaciate इॅमे(मे)'शिएेट् v.t. कृश करना, क्षीण करना, दुर्बल करना, नष्ट करना, सुखाना, घुलाना; उर्वराशक्ति^F क्षीण करना।

emaciated –टिॅड् a. कर्शित, दुर्बल, क्षीण।

emaciation –एे'शॅन् n. कृशता^F, दुर्बलता^F, (कृषि०) क्षीणता^F, नष्टत्व, शरीरशोषण; क्षीणोर्वरता^F।

emaculate इॅमै'क्यूलेट् v.t. धब्बा हटाना (विशेषतः चेहरेसे)।

emanant अे'मॅनॅन्ट् a. जात, उद्भूत, निर्गत, निकलता हुआ।

emanate –नेट् v.i. उद्भूत होना, निःसृत होना, उत्पन्न होना, निकलना; निर्गत होना, प्रकट होना।

emanation –ने'शॅन् १. n. उद्भव, निस्सरण, **प्रसर्जन**; उत्पत्ति, उद्गम; (रसा०, प्रा० भूगोल) **निर्गम**, प्रकटीकरण; (चि०) पूतिगंध^F, शरीरसे निकलनेवाली बदबू^F; २. a. निःसृत पदार्थ; दिव्य व्यक्ति या वस्तु^F।

emanative –'मॅनेटिव् a. उद्भव-सम्बन्धी, निर्गमनीय या निस्सरणीय।

emancipate इॅमैन्'सिपेट् v.t. दासत्व-मुक्त करना, उद्धार करना, छुटकारा देना, रिहा करना; स्वतन्त्र करना, (किसी बन्धनसे) मुक्त करना।

emancipation –पे'शॅन् n. (राज०) **उद्धार**, (दर्श०) **मोक्ष**, **मुक्ति**^F, निस्तार; (राज०) **बन्धनमुक्ति**^F, स्वातन्त्र्य, मुक्तिदान; आजादी^F।

emancipationist –निस्ट् n. मुक्तिवादी, उद्धारवादी, निस्तारवादी; स्वातन्त्र्यसमर्थक, मुक्तिदानपोषक।

emancipator –'सिपेटॅर् n. उद्धारक, मोचक, मोक्षक, मुक्तिदाता, निस्तारक; स्वतन्त्रकर्त्ता, मुक्तिप्रदाता।

emancipatory –टॅरि a. उद्धार-सम्बन्धी, उद्धारक, मुक्तिविषयक, निस्तारविषयक; स्वातन्त्र्य-सम्बन्धी।

emancipist –पिस्ट् n. मुक्त अपराधी (विशेषरूपेण आस्ट्रेलियामें)।

emarginate इॅमार्'जिनेट् १. a. गर्तीं; २. v. t. प्रगर्तीयन करना, किनारा नोचना, कोर काटना।

emarginated –टिॅड् a. (वन०) दे० EMARGINATE.

emargination –ने'शॅन् n. प्रगर्तीयन, नोचा हुआ किनारा।

emasculate[1] इॅमैस्'क्यूलेट् v.t. वन्ध्य करना, बधिया करना; दुर्बल करना, क्लीव बनाना, (का०) (चि०) शिस्नोच्छेदन करना, **पुंस्त्वहरण करना**, नपुंसक बनाना; शक्तिहीन करना; प्रभावहीन करना।

emasculate[2] –लॅट् a. वन्ध्य, बधिया किया हुआ; क्लीव, स्त्रैण, नपुंसक; हतवीर्य, शक्तिहीन; प्रभावहीन।

emasculated –लेटिॅड् a. नपुंसीकृत, आकर्षिताण्ड, बधिया बनाया हुआ; हतप्रभाव।

emasculation –ले'शॅन् n. वन्ध्यकरण; (का०) शिस्नोच्छेदन करना, **पुंस्त्वहरण**, मुष्कच्छेद, शक्तिहरण, निर्बलीकरण, नपुंसीकरण।

emasculative –'क्यूलेटिव् a. वन्ध्यकारक; पुंसत्वहारी, मुष्कच्छेदी, शक्तिहारी, निर्बलकारक, नपुंसकत्वकारी।

emasculatory –टॅरि a. वन्ध्यकारक; नपुंसीकारक, मुष्कच्छेदक, शक्तिशोषक, प्रभावापसारी।

embale अे'म्बेल्' v.t. गट्ठ बनाना।

embalm इॅम्बाम्' v. t. शव-लेप करना; स्मारकचिह्न रखना, यादगार^F रखना।

embalmer –'मॅर् n. शवलेप करनेवाला।

embalming –मिंग् n. (इति०, चि०) **शव-संलेपन**, शवामोदन, शव-लेपन, शव-सुरक्षा^F।

embalmment –म्'मॅन्ट् n. शवलेपन, शवकी सुरक्षा^F।

embank इॅम्बैन्क्' v.t. तट-बन्धन करना, बन्ध या बाँध बाँधना, पुश्ता बाँधना, ऊँची मेंड़^F उठाना।

embanking –'किंग् n. (कृषि०) **बाँध बनाना**।

embankment –'मॅन्ट n. (यंत्र०) तट-बन्धन, **बन्ध**, **बाँध**, **भराव**, पुश्ता (~*wall*), ऊँची मेंड़^F।

embar इॅम्बार्' v.t. दण्डोंसे निरुद्ध करना, अवरुद्ध करना, बाधा^F देना।

embargo इॅम्बार'गो १. n. (pl. *-es*) (राज०, परि०)

अधिरोध, निषेध, निषेधाज्ञा^F^, **रोक**^F^; **घाटबन्दी**^F^; व्यापारावरोध; *be under, lay on, an* ~ स्थगन; २. v.t. अधिकारमें लेना; घाटबन्दी^F^ लागू रखना।

embark इॅम्बार्क्' v.t. & i. पोतारोहण करना, **नौ-रोहण करना, चढ़ना, सवार होना; काममें लगना, काममें लगाना;** जहाजपर चढ़ना या रखना; व्यस्त होना, लंगर उठाना; प्रारम्भ करना, व्यापृत होना, लगना।

embarkation –कें'शॅन् n. (चि०) **पोतारोहण,** (परि०) **नौरोहण,** पोतारोपण, यानावरोहण (~*card*, ~*certificate*) सवार होना, **पोतपर चढ़ना;** सामान-की लदाई^F^, लादा हुआ माल; प्रारम्भ, उपक्रम।

embarkment –कॅ'मॅन्ट् n. पोतारोहण, नौरोहण; पोतारोपण।

embarrass इॅम्बै'रॅस् v.t. (ऋण) लादना, बाधा^F^ डालना, झंझटमें डालना; उलझाना, पेचीदा करना; विह्वल करना, संकटमें डालना, आकुल करना, व्यग्र करना, अभिभूत करना, घबरा देना; किंकर्तव्यविमूढ़ बना देना, असमंजसमें डालना।

embarras de (du) choix, de richesse (F) n. चुनावकी कठिनाई^F^, सामानकी अधिकता^F^।

embarrassed –ड् a. ऋणग्रस्त; उलझा हुआ; विह्वल, आकुल, व्याकुल, व्यग्र, अभिभूत, परेशान; किंकर्तव्य-विमूढ़, असमंजसमें पड़ा हुआ।

embarrassing –सिंग् a. आकुलकारी, व्यग्रकारी, घबड़ानेवाला, परेशान करनेवाला।

embarrassment –स्मॅन्ट् n. आकुलता^F^, विह्वलता^F^, व्यग्रता^F^, उलझन^F^, घबराहट^F^, परेशानी^F^।

embassage इॅम्बै'सिज् n. राजदौत्य; दूतावास; राज-दूतवर्ग; राजदूतका कार्य या प्रेषण।

embassy ऍम्'बॅसि n. राजदौत्य, राजदूतका कार्य या पद; (राज०) **राजदूतावास,** दूतावास, राजदूतकार्यालय; शिष्टमण्डल, राजदूतवर्ग।

embattle इॅम्बै'टॅल् v.t. श्रेणीबद्ध करना, सेना^F^की व्यूहरचना^F^ करना; युद्धार्थ शस्त्र-सज्जित करना, सन्नद्ध करना; कोटबन्दी^F^ करना, मोर्चाबन्दी^F^ करना।

embattled –ड्' a. सन्नद्ध, सज्जीकृत, व्यूह-रचनामें तत्पर।

embay इॅम्बे' v.t. खाड़ी^F^के भीतर करना; खाड़ी^F^के भीतर धकेलना; खाड़ी^F^की तरह बन्द करना या घेरना, भीतर बन्द कर लेना।

embayed –ड्' a. (परि०) **प्रवेश रुद्ध।**

embayment –मॅन्ट् n. अधिरदन; कुक्षि^F^, खाड़ी^F^।

embed, im- इॅम्बे'ड्, इम्- v.t. (चि०) ऊतिबंधन, सूक्ष्म छेद बनानेसे पूर्व (विकृति^F^); न्यावेश करना, निहित करना, दबाना, गाड़ना, ढेरके भीतर जमा देना; (ढेर-सा) चारों ओरसे घेरना।

embedded –डिॅड् a. खचित, न्याविष्ट, न्यस्त, बद्ध (~ *column*), (प्रा० भूगोल) **सन्निहित,** निहित, (यंत्र०) **गाड़ा हुआ।**

embedding –डिंग् n. (जीव०) **अवस्थापन,** (वन०) **अन्तस्थापन।**

embedment –ड्'मॅन्ट् n. अवस्थापन, खचन अथवा न्यावेशन-क्रिया^F^, गाड़नेकी क्रिया^F^।

embelia –लिअॅ n. विडंग, वायविडंग।

embellish इॅम्बे'लिश् v.t. प्रभूषित करना, आभूषित करना, अलंकृत करना, मण्डित करना, सुशोभित करना, सँवारना, सजाना; कल्पना^F^से कुछ और जोड़ देना।

embellisher –शॅर् n. प्रभूषित करनेवाला, सजाने-वाला।

embellishment –श्-मॅन्ट् n. प्रभूषितकरण, (पुरा०) **अलंकरण,** आभूषण, अलंकार, शृंगार, सज्जा^F^, वेष, शोभा^F^, सजावट^F^।

ember[1] ऍम्'बॅर् n. (प्राय: pl.) स्फुलिंग, चिनगारी^F^, (पुरा०) **अंगार,** अंगारशेष, तप्तभस्म।

ember[2] a. ~ days (ईसाईमत) उपवास-दिवस; तप-दिवसत्रय; (१) लेण्टके पहले रविवार, (२) ईस्टरके बाद सातवें रविवार, (३) पवित्र क्रास दिवस–१४ सितम्बर और (४) सेंट लूशियाका दिवस–१३ दिसम्बर;—के बादके बुधवार, शुक्र और शनि। ~ tide उपवास-ऋतु^F^; ~ week उपवास-सप्ताह।

embezzle इॅम्बे'ज़ॅल् v.t. स्वत्वापहरण करना, हड़पना, (का०) **गबन करना,** बेईमानी^F^ करना, खा-पी जाना।

embezzled –ड् a. छलहृत, अपभुक्त, गबन किया हुआ।

embezzlement –ल्-मॅन्ट् n. (का०) व्यपहरण, स्वत्वापहरण, अपहार, हरण, अपभोग, **गबन।**

embezzler –लॅर् n. छलसे हरण करनेवाला, गबन करनेवाला।

embitter इॅम्बि'टॅर् v.t. कटु बनाना, तिक्त करना, कलुषित करना, तीखा करना (ला०); कष्टको कष्टतर करना, दुःखमें दुःखकी वृद्धि^F^ करना, घबड़ा देना; क्रुद्ध करना, भड़काना, नाक^F^में दम करना।

embitterment –मॅन्ट् n. कटुकरण, तिक्तकरण, कलु-षितकरण; क्रोध, भड़क^F^।

emblaze इॅम्ब्लेज़्' v.t. दे० EMBLAZON.

emblazon –'ज़ॅन् v.t. चित्रित करना, चमकाना; सुशोभित करना; उच्चप्रशंसा^F^ करना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना; उत्सव मनाना।

emblazoner –नॅर् n. चमकानेवाला; सुशोभित करने-वाला; प्रशंसक, अतिशयोक्तिवादी।

emblazoning –निंग् n. चित्रण; सुशोभन; प्रशंसा^F^, लक्ष्मांकन।

emblazonment –न्-मॅन्ट् n. चित्रण; सुशोभन; प्रशंसा^F^।

emblazonry –ज़ॅन्रि n. BLAZONRY.

emblem ऍम्'ब्लिम् १. n. चिह्न, लक्षण, निशान; (प्रा०) चित्रमय कथा^F^; प्ररूप, प्रतीक, आदर्श; **कुलचिह्न;** २. v.t. चिह्नित करना, चिह्न या प्रतीक द्वारा प्रकट करना, कुलचिह्न या चित्र द्वारा व्यक्त करना, निशान बनाना।

emblematic, -al –मैं'टिक, –ॲल् a. निहित, लाक्षणिक, प्रतीक रूप, प्ररूपमय, आदर्श; सूचक, बोधक।
emblematist –ले`'मॅटिस्ट् n. प्रतीकवादी लेखक, चिह्नकार।
emblements –'ब्लि`मॅन्ट्स n. pl. (कानून) किसानके खेतकी पैदावार[F], क्षेत्र-सम्पत्ति[F], खेती[F]से लाभ।
embloom ॲ`म्'ब्लूम् v.t. पुष्पाविल करना, फूलोंसे पूर्ण करना या भरना।
emblossom ॲ`म्ब्लॉ'सॅम् v.t. फूलोंसे ढाँपना, कुसुमावृत्त करना।
embodied इॅम्बॉ'डिड् a. सन्निहित, सन्निविष्ट, समाविष्ट; अन्तर्भूत, सम्मिलित, शरीरयुक्त, देहवान्।
embodiment –डिमॅन्ट् n. शरीरिता[F], देहवत्ता[F], अवतार, मूर्त्ति[F], प्रतिरूप, व्यक्तीकरण, अभिव्यक्ति, स्पष्टीकरण; मूर्तरूप, सन्निवेश, समावेश, अन्तर्भाव।
embody –डि v.t. सदेह करना, शरीरयुक्त करना, देहधारी बनाना; साकार रूप देना, स्पष्ट रूपसे व्यक्त करना; विचारोंको मूर्त्तरूपमें व्यक्त करना; अंगीभूत करना, संगठित करना, समाविष्ट करना, सन्निहित करना, सन्निविष्ट करना, सम्मिलित करना, एकीकरण करना, मिला लेना।
embogue इॅम्बॉग्' v.t. नदी[F]की तरहसे बह निकलना; = DISEMBOGUE.
embolden इॅम्बोल्'डॅन् v.t. प्रोत्साहित करना, उत्साह देना, निर्भय या साहसी बनाना, पीठ ठोंकना, हिम्मत[F] बढ़ाना।
emboldener –नॅर् n. उत्साह देनेवाला, साहस बढ़ानेवाला, निर्भीक बनानेवाला।
embolic ॲम्बॉ'लिक a. (चि०) शल्य जनित, अन्तःशल्य विषयक; (जीववि०) अन्तर्वर्धी, समावरोधी, कीलकी।
embolism –'बॅलिज़्म् n. (चि०) अन्तःशल्यता[F], कीलकता[F], समावरोधन, पिण्डास्त्ररोधन, (कृषि०) **रक्तस्रोत-रोधन**, रक्तसंचालनका अवरोध।
embolismal –मॅल् a. = EMBOLISMIC.
embolismic –मिक् a. समावरोधनात्मक, पिण्डास्त्ररोधन-सम्बन्धी, रक्त-संचालनके अवरोधसे सम्बन्धित।
embolus ॲ`म्'बॅलॅस् n. (चि०) अन्तःशल्य, पिण्डास्त्र, जमे हुए रक्तका या अन्य वस्तुका रक्तवाहिनीमें अटकना; (कृषि०) **रक्तस्रोतरोधी**।
emboly –लि n. अन्तर्वलन, अन्तःप्रदेश।
embonpoint(F) ऑँबॉन्प्वॅन्ट्' १. a. स्थूल, मांसल, मोटा, भारी; २. n. स्थूलता[F], मुटापा।
emborder ॲ`म्'बॉर्ड`र् v.t. किनारा लगाना।
embosom इॅम्बु'ज़ॅम् v.t. आलिंगन करना, आश्रय देना, प्रिय बनाना, प्रेम करना, गोद[F]में लेना, छाती[F]से लगाना, गले लगाना, मन या हृदयमें गाड़ लेना; आवृत्त करना, घिरा हुआ होना।
embosomed –ड a. आलिंगित, आश्रित, प्रेमपात्र; आवृत्त, घिरा हुआ।
emboss इॅम्बॉस्' v.t. समुद्भृत करना, उभरे हुए फूल-पत्ती[F] बनाना, बेल-बूटे काढ़ना; उभरे हुए अक्षर या आकृतियाँ[F] बनाना; उभरा हुआ बनाना, फुलाना।
embosser –'सॅर् n. समुद्भरक, समुद्भर्त्ता, नक्काशी[F] करनेवाला।
embossing –'सिंग् n. समुद्भरण, नक्काशी[F]।
embossment –स'मॅन्ट् n. बेल-बूटेकी कढ़ाई[F]; नक्काशी[F]; उभरी हुई आकृतियाँ[F]।
embottle इॅम्बॉ'टॅल् v.t. बोतल[F]में रखना, भरना।
embouchure(F) ऑम्बूशूॲर् n. सरिन्मुख, नदी[F]का मुहाना; नदी-स्रोत, नदी[F]का उद्गम।
embound ॲ`म्बॉउन्ड्' v.t. बन्द करना।
embow अेम्बो' v.t. मेहराब बनाना, मेहराब या चापकी तरह बनाना।
embowel इॅम्बॉउ'इॅल् v.t. व्यन्त्रण करना, आँतों[F]को निकाल देना।
emboweller –लॅर् n. आँत[F] निकालनेवाला, व्यन्त्रण करनेवाला।
embowelment –ल्-मॅन्ट् n. व्यन्त्रण, आँतें[F] निकाल देना।
embower इॅम्बॉउ'ॲर् v.t. निकुंजित करना, छायान्वित करना, कुंजमें रखना; (ला०) शरण देना।
embrace इॅम्ब्रेस्' १. n. स्नेहालिंगन, परिरम्भ, (मधु०) सम्भोग; परिवेष्टन; सम्मिलन; अंगीकार, ग्रहण; २. v.t. स्नेहालिंगन करना, प्रेमालिंगन करना, छाती[F]से लगाना, गले लगाना, चिमटाना; ग्रहण करना, अंगीकार करना, स्वीकार करना; परिवेष्टित करना, अन्तर्निहित करना, अन्तर्गत करना, अनुमान या ग्रहण करना।
embraceable इॅम्ब्रे'सॅबॅल् a. आलिंग्य, आलिंगन करने योग्य; समावेश्य, ग्रहणीय।
embracement –स्'मॅन्ट् n. आलिंगन; स्वीकरण, ग्रहण।
embracer –'सॅर् n. आलिंगनकर्ता, समाश्लेष…नेवाला।
embracery –रि n. (कानून) न्याय-मण्डलको उत्कोचादिसे प्रभावित करनेका प्रयास, कुलोभन।
embracive –सिव् a. आलिंगनशील, परिरम्भी; = COMPREHENSIVE.
embranchment इॅम्ब्रान्च्'मॅन्ट् n. शाखयन, शाखा[F] निकालनेकी क्रिया[F]।
embrangle, im- इॅम्ब्रैन्'गॅल्, इम्- v.t. फँसाना; घबड़ा देना।
embrasure इॅम्ब्रे'ज़ॅर्, ॲम्ब्रेज़ुॲर् n. भित्तिरन्ध्र, प्राकारच्छिद्र, जालक, मोखा; दीवार[F]में तोप[F]का झरोखा।
embrave इॅम्ब्रेव् v.t. वीर बनाना, वीरत्वका संचार करना।
embrocate ॲ`म्'ब्रॅकेट् v.t. ओषधि[F]का लेप करना, सेंकना, मलना, मालिश[F] करना।
embrocation –के'शॅन् n. (चि०) स्वेदन, विलेपन, मर्दन; (कृषि०) **मर्दन-लेप**, लेप, मालिश[F]की दवा[F]।
embroglio इॅम्ब्रो'लिओ n. = IMBROGLIO.

embroider इंम्ब्राएँ'डॅर् v.t. बेलबूटे बनाना, फूलकारी[F] काढ़ना, कशीदा काढ़ना; नमक-मिर्च[F] लगाना, कल्पना[F]से कुछ और बातें[F] मिलाकर सजाना; सुई[F]के कामसे सजाना।

embroiderer –रॅर् n. निषीवक, सूचीशिल्पी, पेशस्कार, कसीदा काढ़नेवाला।

embroidery –रि n. निषीवण, सुन्दर सूचिकर्म, चिकन, बेलबूटेका काम, कशीदाकारी, कारचोबी; प्रदर्शनीय अलंकरण।

embroil इंम्ब्रॉएॅल्' v.t. कष्ट या झंझट[F]में डालना, उलझाना, गड़बड़ाना, फँसाना, लड़ाना।

embroilment –मॅन्ट् n. उलझन[F], झंझट[F], गड़बड़; कलह[F], विरोध, टण्टा।

embrown –इंम्ब्रॉउन्' v.t. कपिश बनाना; अस्पष्ट करना, काला करना।

embroyectomy –यक्टॉमी n. (गर्भाशय-बाह्य) गर्भोच्छेदन।

embryo[1]- भ्रूण-, गर्भ- (जैसे, ~*ctomy*, ~*genesis*, ~*logy*, ~*tomy*)।

embryo[2] ऍ'म्‌ब्रिओ १. n. (चि०, श० र० शा०, कृषि०, वन०, जीव०) **भ्रूण** (~*sac*), गर्भ, चार महीने तकका गर्भाशयस्थ बच्चा, कच्चा बच्चा; अपरिपक्वावस्था[F], अविकसित दशा[F]; २. a. अपरिपक्व, अविकसित, कच्चा; *in* ~ गर्भस्थ, अपरिपक्व, अपरिणत, अविकसित, अपूर्ण अवस्था[F]में।

embryoctony –ब्रिऑक्'टॅनि n. (गर्भाशयमें) भ्रूणनाश, (चि०) भ्रूण-नाशन, गर्भका अंगविच्छेदन, गर्भका नाश।

embryogeny –ऑ'जॅनि n. (वन०, प्राणि०) **भ्रूण-रचना**[F], भ्रूण-निर्माण, भ्रूण-विकास, गर्भविकास, T.

embryoid –'ब्रिआएॅड् a. भ्रूणवत्, भ्रूणरूप।

embryological –ॲलॉ'जिकॅल् a. (प्राणि०) **प्राणिविज्ञान-**, (जीव०) भ्रूण-तत्त्वीय।

embryology –ऑ'लॅजि n. (वन०, प्राणि०) गर्भविज्ञान; **भ्रौणिकी**[F], (कृषि०, प्राणि०) **भ्रूण-विज्ञान**; (जीव०) भ्रूण-तत्त्व; भ्रूण-विकास, गर्भविकास-शास्त्र।

embryonal, embryonic –'नॅल्, –निक् aa. (वन०) **भ्रूण-**; (वन०, प्राणि०) **भ्रौण**; (जीव०) **भ्रूणीय**; प्राथमिक, अविकसित, मूलीय;

~area, ~plant, ~pole, ~sac, ~stage.

embryotega ऍ'म्ब्रिऑ'टॅगॅ a. (वन०) **भ्रूणवर्ध**, T.।

embryotomy –'टॅमि n. गर्भोच्छेदन; (चि०) (प्रसवके समय) भ्रूणच्छेदन, (कृषि०) **भ्रूणापनयन**, गर्भाशयमें भ्रूणका नाशन।

embus इंम्बस् v.t. & i. **गाड़ी**[F] **(बस)में लादना, चढ़ना या चढ़ाना**, बस[F]में चढ़ना या चढ़ाना या सामान आदि लादना।

embusque (F) n. मोर्चेका भगोड़ा सैनिक।

E.M.D. Earnest Money Deposit.

emend इंमे'न्ड् v.t. अशुद्धियों[F] या भूलों[F]का संशोधन करना, समाधान करना, शुद्ध करना, सुधारना।

emendable –'डॅबॅल् a. संशोधनीय, सुधारने योग्य।

emendation –शॅन् n. (साहि०) **पाठ-संशोधन,** संशोधन, शुद्धीकरण, भूल-सुधार।

emendator –'मे'न्डेटॅर् n. संशोधक, शुद्धिकर्त्ता, समाधाता, भूल-सुधारक।

emendatory इंमे'न्'डॅटॅरि a. संशोधनात्मक, समाधानात्मक, भूल-सुधारात्मक।

emerald ऍ'मॅरॅल्ड् n. हरिन्मणि, मरकतमणि, (रसा०, प्रा० भूगोल) **मरकत** (~*copper*, *nickel*), **पन्ना**; मरकती (हरित) रंग; टाइपका आकार; ~green (रसा०) **मरकत हरित**।

emeraldine –डिन् a मरकतसम, पन्नेके सदृश, पन्नेका।

Emerald Isle ऍ'मॅरॅल्ड् आइ'ल् n. आयरलैण्ड, आइरिस्तान।

emerge इंमेर्ज् v.i. प्रकट होना, उमगना, बाहर निकलना; दृष्टिगोचर होना; मुक्ति पाना, छुटकारा पाना; अन्वेषणोपरान्त प्रकट होना; उभरना या उठ खड़ा होना।

emergence –जॅन्स् n. **उन्मज्जन, उद्गमन, बहिर्गमन,** आत्ययिकता, **निर्गमन** (आकस्मिक), आविर्भाव, उभार।

emergency –सि n. (विधा०, चि०) **आपात,** (चि०) **आपत्,** अतिपात, आत्ययिकता[F], आपत्काल, संकट, संकटकाल; आकस्मिक घटना[F]; (गुण०) **आपातिक** संकटकालीन; ~area आपातग्रस्त क्षेत्र; ~door संकट (कालमें प्रयोज्य) द्वार या मार्ग;

~action, ~barrage, ~box, ~call, ~case, ~certificate, ~commission, ~credit, ~duty, ~equipment, ~exit, ~facilities, ~frequency, ~incident, ~irrigation scheme, ~level, ~lighting, ~measures, ~medical aid, ~motive, ~mounting, ~officer, ~phase, ~powers, ~prescription, ~procedure, ~ration, ~room, ~route, ~scheme, ~signal, ~station accident chest, ~stock, ~ward.

emergent–न्ट् a. (का०) **आपातिक**, (चि०) अतिपाती, आत्ययिक, **आपाती**, संकटकालीन; आकस्मिक, अत्यावश्यक, अपरिहार्य; **निर्गत**, (~*ray*), प्रकट होनेवाला, उमगनेवाला;

~call, ~evolution, ~matters, ~meeting, ~ray, ~situation, ~visit.

emeritus इंमे'रिटॅस् a. सेवामुक्त, अवकाशप्राप्त (प्राध्यापक)।

emerods ऍ'मॅरॉड्स् n. = HAEMORRHOIDS.

emersion इंमे'र्शॅन् n. उन्मज्जन, उत्थान, उदय, आविर्भाव, उमगना; (ज्यौ०) **उन्मीलन**, ग्रहणान्तर पुनरुदय।

emery ऍ'मॅरि n. कौरव, कुरुन्द, कुरून-चूर्ण, उत्तम

लोह, (रसा०, प्रा० भूगोल, रेल०) **एमरी,** (~*-cloth*) ~paper **रेगमाल** ।

emesis ऍ'मिसिस् n. (चि०) वांति, वमन^F, उल्टी^F, कै^F ।

emetic इमे'टिक् n. & a. वामक, वमनकारक, (कृषि०) **वमनकारी** (ला० भी), उल्टी^F लानेवाली (दवा^F) ।

emeute इमुट् n. उत्तेजित भीड़^F; विप्लव, बलवा, दंगा; जन-विप्लव, जन-जागरण ।

E.M.F. (or e. m. f.) electromotive force.

emication ऍमिके'शॅन् n. स्फुलिंग, चिनगारी^F ।

emiction इमिक्'शॅन् n. मूत्र-क्रिया^F, मूत्रण ।

emictory –टॅरि a. मूत्रल, मूत्रवर्द्धक ।

emigrant ऍ'मिग्रॅन्ट् n. & a. (का०) **उद्व्रजक,** (~*agent*, ~*vessel*), प्रवासी, परावासी, (~ *ship*), (का०, परि०) **उत्प्रवासी** (~*population*), देशत्यागी, परदेशवासी ।

emigrate –ग्रेट् १. v. i. (का०) **उद्व्रजन करना, उत्प्रवास करना,** प्रवास करना, देश त्यागना; (बोल०) निवास-स्थान परिवर्तन करना; २. v.t. देशत्याग करने-के लिए सहायक होना या सहारा देना ।

emigration –ग्रे'शॅन् n. (विधा०, राज०, का०) **उद्व्रजन, उत्प्रवास,** देशत्याग; (विधा०, राज०, का०, चिकि०, सांख्य०) **उत्प्रवासन,** परदेशगमन, परावास, प्रवास, प्रयाण, बहिर्गमन;

~ agent, ~ commissioner, ~ officer, ~ section.

emigrational –नॅल् a. उत्प्रवास-सम्बन्धी, प्रवासीय, प्रवासमूलक, स्वदेश त्यागा हुआ ।

emigrationist –निस्ट् n. प्रवासवादी, उत्प्रवासी ।

emigratory –मिग्रेटॅरि a. उत्प्रवासविषयक, देशत्याग-शील, प्रवास-शील, प्रयाण-सम्बन्धी ।

emigre (F) –ग्रे n. उत्प्रवासी, प्रवासी, स्वदेशत्यागी व्यक्ति; फ्रांसीसी उत्प्रवासी; ~government (का०) **प्रवासी सरकार^F** ।

eminence, -cy ऍ'मिनॅन्स, -सि nn. तुंगक, कूट, ऊँची भूमि^F; (चि०) **उत्सेध,** समुन्नति^F, गौरव, प्रकर्ष, परमपद, श्रेष्ठता^F, प्रतिष्ठा^F, ख्याति^F, विशिष्टता^F ।

enlivener –नॅर n. अनुप्रेरक, अनुप्राणित करनेवाला; स्फूर्ति^F देनेवाला; उत्साह-वृद्धि^F करनेवाला।

enlivening –निंग् a. उत्साह-वर्धक; स्फूर्तिकारी; उत्साह-प्रदायक।

enlock इॅन्लॉक् v.t. ताला बन्द करना, ताला लगना।

en masse –आँमैस् (F) adv. सामूहिक रूपसे, एक साथ।

enmesh, emm-, imm- इॅन्मॅ'श्, इॅम्-, इम् v.t. फँसाना, जालमें फँसाना, उलझाना, जकड़ना।

enmeshed –श्' a. बद्ध, जालबद्ध।

enmeshment –श्'मॅन्ट् n. बन्धन, उलझन^F, फँसावट^F, फँसाना।

enmity ऍन्'मिटि n. विद्वेष; शत्रुता^F, वैर, दुश्मनी^F; घृणा^F।

ennead –निॲड् n. नव-गण, ९ का समूह।

enneagon –'गॅन् n. (ज्यामिति) नवभुज, नवकोण।

enneagonal –नॅल् a. नवभुजीय; नवकोणीय।

enneasyllabic ऍनिॲसिलै'बिक् a. नवाक्षरीय।

enneatical ऍनिॲ'टिकॅल् a. नवम, नौवाँ।

ennoble इॅनो'बॅल् v.t. मर्यादायुक्त या कुलीन पदपर पहुँचाना, अमीर बनाना, सरदार बनाना; उन्नत करना, उदार या शिष्ट बनाना, भला आदमी बनाना।

ennoblement –मॅन्ट् n. उन्नति^F, उत्कर्ष, कुलीनता^F, प्रतिष्ठा^F, भद्रता^F, शिष्टता^F, अमीरी^F, सरदारी^F।

ennui ऑन्'वी n. (मनकी) जड़ता^F, अवसाद, क्लान्ति^F, मान्द्य; (शिक्षा०) **खिन्नता^F**, ऊब^F, ऊब^F और असंतोषकी भावना^F।

enodation इॅनॅडे'शॅन् n. ग्रन्थि-राहित्य या ग्रन्थि-निराकृति^F।

enodal इॅनो'डॅल् a. ग्रन्थिरहित, निर्ग्रन्थि।

enormity इॅनॉर्'मिटि n. अतिदुष्टता^F; घोर पातक, अतिपाप, महापराध, जुर्म।

enormous इॅनॉ'मॅस् a. अतिमात्र, विपुल, भीषण, अत्यधिक, अपरिमित, अतिशय, बृहत्, विशाल, असाधारण, बहुत बड़ा।

enormousness –निॅस' n. भीषणता^F, दारुणता^F, विपुलता^F, अतिशयता^F, अधिकता^F, विशालता^F, असाधारणता^F।

enostosis इनॉस्'टॅसिस् n. (चि०) अंतरध्यस्थिता^F, मज्जा नाली^Fमें अर्बुद।

enough* ऍनफ्' १. a. यथेष्ट, पर्याप्त, उचित, काफी*; (*five men are* ~); २. n. पर्याप्ति^F, पर्याप्त मात्रा^F या परिमाण (*you have done more than*~); ३. adv. पर्याप्तमात्रा^Fमें, पर्याप्त रूपसे, काफी (*are you worn* ~ ?); *cry* '~' हार मान लो; ~! पर्याप्त हुआ, बस; काफी है! रहने दो! अब न कहो; ~ *of this folly* बस, अब इस मूर्खता^Fको बन्द करो; *he made* ~ *noise* उसने इतना शोर मचाया; *I have had* ~ *of him* मैं उससे तंग आ गया हूँ; *I had* ~ *to do to catch the train* गाड़ी^F पकड़नेके लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा था; *oddly* ~, *he had lost his purse* काफी अनोखी बात^F है कि उसने

अपना बटुआ खो दिया है; *she sings well ~* वह काफी अच्छा गा लेती है; *sure ~, there it was* निश्चय ही, वह वहाँ था; *you know well ~ what I mean* तुम काफी अच्छी तरह समझते हो कि मैं क्या चाहता हूँ।

enounce इ॑नॉउन्स् v.t. प्रस्तुत करना, घोषणा^F करना; उच्चारण करना, कहना; (स्वरूप) वर्णित करना।

enouncement –'मॅन्ट् n. घोषणा^F, उच्चारण, कथन; स्वरूपवर्णन, प्रतिपादन।

enow इ॑नॉउ a. पर्याप्त, प्रचुर, काफी।

en passant (F) adv. प्रसंगवश, कहते-कहते।

en plein jour (F) adv. दिन-दहाड़े।

enplane इ॑न्प्लेन्' v.t. & i. दे० EMPLANE.

en prise –आँप्रीज़्' (F) adv. पकड़े जानेकी स्थिति^Fमें।

enquire इ॑न्क्वाॲर् v.t. परिपृच्छन करना, परिपृच्छा^F करना, जाँच^F करना, पूछताछ^F करना, पूछना।

enquiry –'रि n. अनुयोग, जिज्ञासा^F, परिपृच्छा^F; सम्पृच्छा^F; **पृच्छा^F; जाँच^F**, खोज, **पूछताछ^F**, तहकीकात^F; **अन्वेषण;**

~call, ~clerk, ~committee, ~office, ~officer, ~operator, ~position, ~room.

enrage इ॑न्रेज्' v.t. रोषान्वित या कुपित करना, क्रुद्ध करना, कोप उद्दीप्त करना, भड़काना, रुठाना, आगबबूला करना, गुस्सा दिलाना।

enraged –ड्' a. क्रुद्ध, कुपित, कोपाकुल, संरब्ध, नाराज।

enrank इ॑न्रैन्क्' v.t. क्रममें रखना, यथास्थान रखना।

en rapport –आँरॅपॉर्' (F) adv. सम्पर्कमें, साथमें।

enrapt इ॑न्रैप्ट् a. अतिप्रफुल्ल, उल्लसित, हर्षित।

enrapture –प्च्युॲर् v.t. प्रहर्षित करना, प्रमुदित कर देना, प्रफुल्ल करना, उल्लसित करना, आनन्दित या आह्लादित करना, अत्यन्त प्रसन्न करना, निहाल करना, बाग-बाग कर देना।

enravish इ॑न्रै'विश् v.t. प्रसन्न करना, आनन्दित करना।

enravishment –मॅन्ट् n. हर्ष, आनन्द, उल्लास, प्रसन्नता^F।

enregiment इ॑न्रे'जिमॅन्ट् v.t. नियन्त्रित करना, संयत बनाना; आर्डरमें रखना, अनुशासित करना।

enregister इ॑न्रे'जिस्टर v.t. पंजीबद्ध करना, नाम लिखना; भर्ती^F करना।

en regle –आँरेगॅल्' (F) adv. यथाक्रम, नियमानुसार।

en revanche (F) adv. बदलेमें, मुआवजेमें।

enrich इ॑न्रिच् v.t. धनाढ्य बनाना, सम्पन्न बनाना, निहाल कर देना, मालामाल कर देना; अभिवृद्धि^F करना, समृद्ध बनाना; स्वादिष्ट कर देना, मधुरतर कर देना, सुशोभित कर देना; उर्वर बनाना, उपजाऊ बनाना, जरखेज बनाना; अलंकृत करना, सजाना; अत्युक्ति करना, विस्तार करना, बढ़ाना।

enricher –चॅर् n. समृद्ध करनेवाला, धनवान् बनानेवाला।

enrichment –च्'मॅन्ट् n. धनाढ्यता^F, (शिक्षा०) **समृद्धि^F**, सम्पन्नता^F; सम्पन्नीकरण, समृद्धिदान; (प्रा० भूगोल) **संवर्धन, संवृद्धि^F**, अभिवृद्धि^F।

enring इ॑न्रिंग v.t. घेरना, वृत्तमें रोकना; अँगूठी^F देना।

enrobe इ॑न्रोब्' v.t. वेश-भूषा^F पहनाना, वस्त्र पहनाना, लबादा पहनाना।

enrol, -ll इ॑न्रोल्' v.t. सूचीबद्ध या तालिकाभुक्त करना, नामांकित करना, नाम लिखना, किसीको भर्ती^F करना; लिपिबद्ध करना, लेखबद्ध करना, प्रकाशित करना, सम्मिलित करना, दर्ज करना।

enrolled –ड्' a. नामांकित, सूचीबद्ध; **भरती^F किया हुआ**; ~bill (राज०) **पारित विधेयक**।

enroller –'लॅर् n. नामलेखक, नामांकक, पंजीबद्ध करनेवाला।

enrolment –ल्'मॅन्ट a. पंजीयन, (शिक्षा०) **नामांकन**, नाम-निवेश, नाम-प्रवेश, नामलिखाई^F; **नाम दर्ज करना**; भर्ती^F (*~number*)।

enroot इ॑न्रूट् v.t. मूलबद्ध करना, दृढ़ता^Fसे बैठाना, जड़^Fसे बैठाना।

en route –आँरूट्' (F) adv. मार्गे, अनुमार्ग, (रेल०) **मार्गमें, रास्तेमें**, मार्ग द्वारा, **बरास्ता**।

ens ऍन्ज़्' n. इयत्ता; महत्तत्त्व; परमात्मा, सत्त्व, सत्ता^F।

E.N.S.A. Entertainments National Services Association.

ensample इ॑न्सैम्'पॅल् १. n. निदर्शन, उदाहरण, नमूना; २. v. i. उदाहरण या नमूनेसे प्रदर्शन करना।

ensanguine इ॑न्सैन्'ग्विन् v.t. रक्तरंजित करना; खूनसे रँग डालना।

ensanguined –ड् a. लोहूसे लिप्त, रक्तरंजित।

ensate ऍन्'सॅट् a. (वन०) = ENSIFORM.

ensconce इ॑न्स्कॉन्स् v.t. निरापद करना, रक्षा^F करना, सुरक्षित रखना, छिपाना; प्रतिष्ठित करना, स्थापित करना।

enseal इ॑न्सील्' v.t. मुद्रायुक्त करना, मोहर^F लगाना।

ensdam इ॑न्सीम् v.t. सीवन करना; सीवनयुक्त करना, रखना, कम्पनी^F बनाना।

ensear इ॑न्सीॲर्' v.t. जलाना, अत्यधिक सूखा देना।

ensheathe इ॑न्शीथ्' v.t. आवरण डालना, पर्यावृत करना।

enshield इ॑न्शील्ड्' v.t. रक्षा^F करना, बचाना।

enserine –इ॑न्श्राइन्' v.t. स्मृतिचिह्न बनाना; (ला० एवं शा०) मन्दिरमें रखना, प्रतिष्ठापित करना, पवित्र मानना, प्रसाद (नैवेद्य) के रूपमें सुरक्षित रखना।

enshrinement –'मॅन्ट् n. मन्दिरमें स्थापना^F, प्रतिष्ठापन।

enshroud इ॑न्श्रॉउड् v.t. पूर्णतः आच्छादित करना, छिपा देना, पूरी तरह ढाँकना, पर्दा डालना, लपेट लेना।

ensiform अॅन्'सिफ़ॉर्म् a. असिरूप, (वन०) खड्गाकार, तलवार^F जैसा।

ensign अॅन्'साइन् n. लक्षण, चिह्न; (परि०) ध्वज, (~ *block*), वैजयन्ती^F, पताका^F, झण्डा; न्यवनील; ध्वजी, झण्डाधारी।

ensigncy –न्सि n. ध्वजधारीका पद या कार्य।

ensigned –न्ड् a. चिह्नित, चिन्हयुक्त, ध्वजयुक्त।

ensilage अॅन्'सिलेज् १. n. घास-संरक्षण, संरक्षित घास^F; २. v.t. संहरित बनाना, घास^F बनाना; घास^Fको गड्ढेमें सुरक्षित रखना, (कृषि०) **साइलेज बनाना**।

ensile इॅन्साइल्' v.t. गड्ढेमें घास^F दबा रखना।

enskied इन्सकीड् a. स्वर्गप्राप्त, स्वर्गत, अमर।

enslave इॅन्स्लेव्' v.t. वशमें रखना, अभिभूत करना, दास बनाना, गुलाम बनाना; (ला०) अन्धविश्वास या आदत^Fका दास बनाना।

enslavement –मॅन्ट् n. क्रीतदासत्व, दासभाव, दासीकरण, दासत्व, दासता^F, गुलामी^F।

enslaver –'वॅर् n. चित्ताकर्षिणी स्त्री^F, मोहिनी^F; दास बनानेवाला।

ensnare इॅन्स्नेॲर्' v.t. पाशबद्ध करना, बन्धनमें डालना, (शा० एवं० ला०) पिंजड़ेमें बन्द करना, जालबद्ध करना, (फन्दे या जालमें) फाँसना, उलझाना, झाँसना, मुग्ध करना।

ensober इॅन्सो'बॅर v.t. स्वस्थ करना; शान्त या गम्भीर बनाना।

ensoul, in- इॅन्सोल्, इन्- v.t. आत्मावान् करना; अध्यात्मपूर्ण बनाना।

ensphere इॅन्स्फीॲर्' v.t. परिवेष्टित करना, आवृत करना, बन्द करना, घेर लेना।

enstamp इॅन्स्टैम्प्' v.t. मोहर^F लगाना; अतिशय प्रभावित करना, छाप^F डालना, बहुत प्रभाव डालना।

enstatite अॅन्स्'टॅटाइट् n. सैम्रिज, एक धातु^F।

ensteep इॅन्स्टीप् v.t. निमज्जित करना, पानीके भीतर रखना।

enstyle इॅन्स्टाइल्' v.t. पुकारना, अभिहित करना, नाम रखना।

ensue इॅन्स्यू' v.i. & t. अनुघटित होना, बादको घटित होना, पीछे होना या आना; परिणाम निकलना, फलस्वरूप घटित होना; (प्रा०) अनुसरण करना, खोज करना, ढूँढ़ना।

ensuent, ensuing –अॅन्ट, –'इंग् aa. **आगामी** (~ *year*), उत्तरकालीन, आगे आनेवाला।

en suite (F) adv. क्रमशः, क्रमसे।

ensure इॅन्शुॲर् v.t. प्रतिभूत करना, निरापद करना, सुरक्षा^F करना, सुनिश्चित करना, (विधा०) **सुरक्षित रखना**, स्थिर करना, दृढ़ करना, पक्का या ठीक कर लेना; सुरक्षित रखना; निर्भय करना।

enswathe इॅन्स्वेद्' v.t. पट्टी^Fसे बाँधना, पट्टावृत करना।

enswathement –'मॅन्ट' n. पट्टावरण, पट्टी^Fसे बाँधनेका कार्य।

-ent दे० -ANT (*frequ~, promin~, pati~, stud~*)।

ent., entom. entomology.

entablature इॅन्टैब्'लॅच्युॲर् n. स्तम्भोर्द्ध्व (भवन-निर्माणमें), उर्द्ध्व-शीर्ष; (यंत्र०) **प्रस्तर**।

entablement इॅन्टे'बॅल्मॅन्ट् n. प्रतिमापीठ, मूर्त्ति-पीठिका^F।

entail[1] इॅन्टेल् n. क्रमागत रिक्थ, उत्तराधिकार; इस प्रकारसे प्राप्त सम्पत्ति^F; अपरिवर्तनीय या अहस्तान्तरणीय दाय।

entail[2] v.t. अपरिवर्तनीय उत्तराधिकार सौंपना या स्थापित करना, रिक्थ देना, सम्पत्ति^F देना; अपरिवर्तनीय सम्पत्ति^Fके रूपमें देना; (का०) **अनुक्रम-बन्धन करना**, आरोपित करना, भार डालना, लादना; अपरिहार्य करना, आवश्यक बना देना; क्रम-निर्देशन करना; समावेश होना, में अन्तर्गत होना।

entailment –'मॅन्ट् n. अहस्तान्तरणीय भूमि^F या सम्पत्ति^Fको देनेकी क्रिया^F; (का०) **अनुक्रम-बन्धन**, क्रमनिर्देशन; आरोपण; रिक्थ, दाय; समावेशन।

entame इॅन्टेम v.t. पालतू बनाना, पालना।

entangle इॅन्टैन्'गॅल् v.t. सम्पाशित करना, जालमें फँसाना; बाधा^Fमें डालना, उलझाना, कठिनाइयों^Fमें डालना, अड़ाना; संश्लिष्ट करना, जटिल एवं गहन बनाना (ला०); शत्रु-गतिरोधके लिए खड़ा किया हुआ घेरा।

entanglement –मॅन्ट् n. सम्पाशन; संश्लिष्टता^F, संकुलता^F, जटिलता^F, कठिनाई^F, झंझट^F, (राज०) **उलझन**^F; सम्पाश, घेरा, बाड़।

entangler –ग्लॅर् n. सम्पाशक, बन्धक, जकड़नेवाला, फाँसनेवाला; संश्लेषक, उलझानेवाला।

entasis अॅन्'टॅसिस् n. (यंत्र०) **उत्तलता**^F; (चि०) संकोचक ऐंठन^F; (स्था०) स्तम्भ-दण्डकी उभरी हुई रेखा^F।

entelechy इॅन्टे'लॅकि n. सम्पूर्ति^F, सम्पूर्णता^F, सिद्धि^F, आत्मानुभूति-क्रिया^F; सिद्ध सत्ता^F; (चि०) जीवित प्राणियों-के भीतरका कल्पित प्राण-तत्त्व।

entellus इन्टे'लॅस् n. हिन्दुओंके पौराणिक 'हनुमान्', लंगूर, वानर।

entender इॅन्टे'न्डॅर् v.t. कोमल करना, मृदूकरण करना।

entente ऑन्टॉन्ट्' (F) n. सौहार्द, मैत्री^F; सद्भावना^F; (राज०) **समहित**; मैत्री-सन्धि^F, मित्रभाव; मित्र राज्योंका गुट।

enter- अन्तर, में (जैसे, ~ *tain*, ~ *prise*)।

enter अॅन्'टॅर् १. v.i. प्रविष्ट होना, प्रवेश करना, भीतर जाना या आना; रंगमंचपर आना; २. v.t. घुसना; घुसेड़ना; प्रवेश पाना, सदस्य बनना; (कुत्ते, घोड़ेको) सधाना; प्रविष्टि^F करना, चढ़ाना, **लिखना, टीपना, दर्ज करना**; नाम लिखना, दाखिल करना; अपनेको प्रतियोगी घोषित करना; सम्मिलित या भर्ती^F करना; कदम रखना; **ग्रहण करना, सँभालना**; अधिकार

करना; ~ *an appearance* उपस्थित होना, सभामें दर्शन देना, मुख दिखाना, सूरत दिखाना; ~ *a protest* विरोध प्रकट करना; ~ *into* (बात^F) छेड़ना; सम्मिलित होना, आना; कार्यभार लेना, शामिल होना; सहानुभूति^F प्रकट करना; अंग बन जाना; अपने-आपको आबद्ध करना; ~ *up* लेखा बन्द करना; ~(*up*) *on* स्वीकार करना, ग्रहण करना; निरूपण करना, कार्यवाही^F प्रारम्भ करना।

enterable अे॑न्‌टॅरॅबल a. प्रवेशनीय, प्रवेश करने योग्य, प्रविष्टि-योग्य।

enteral अे॑न्‌टॅरॅल् a. अन्त्रीय, आन्त्रिक, अँतड़ी-सम्बन्धी।

enteralgia –रैल्'जिअॅ n. आंत्रार्ति^F, हृत्पीड़ा^F, हृद्वेदना^F, आन्त्रशूल, कलेजेका दर्द, अंतड़ियों^Fमें दर्द।

enterate –टॅरॅट् n. सान्त्र, अन्त्रवह-प्रणाली^Fसे युक्त।

entered अे॑न्‌टॅर्ड् a. (परि०) **प्रविष्ट**।

enteric अे॑न्टे॑'रिक् १. n. आन्त्र-ज्वर; २. a. आन्त्रिक, अँतड़ीसम्बन्धी; ~fever (चि०) तंद्राभज्वर, **आन्त्र-ज्वर, मोतीझरा**, टायफाइड।

enteritis अे॑न्टॅराइ'टिस् n. आन्त्रशोथ^F, (कृषि०) **आन्त्रार्ति^F**, आन्त्र-प्रदाह।

entero- आन्त्र- (जैसे, ~*lite*, ~*tomy*)।

enterocele अे॑न्‌'टॅरॅसील् n. आन्त्रवर्धम, हार्निया नामक रोग।

enterocoele अे॑न्‌'टॅरॅसील् n. आन्त्रगुहा^F, (जीव०) **आन्तर-गुहा**, उदरगुहा।

enterolite अे॑न्‌'टॅरॅलाइट् n. आंत्राश्मरी, आँतकी पथरी^F।

enterology अे॑न्टरॉलॅजि n. आन्त्रविज्ञान।

enteron अे॑न्‌'टॅरॉन् n. (कृषि०, चि०) महास्रोत; **आहारनली^F**, अन्त्र^F, आँत^F; (जीव०) T.

enteropathy अे॑न्टॅरॉ'पॅथि n. (चि०) आंत्र-विकार, आन्त्र चिकित्सा^F।

enterotomy –टॅमि n. (शल्य०) अन्त्र-भेदन, अन्त्रच्छेदन।

enterprise अे॑न्‌'टॅप्राइज् n. साहसिक कार्य, उपक्रम, आरम्भ, महोद्यम, जोखिमका काम; साहस, (अर्थ०) **उद्यम** (~ *revenue*), उद्योग, तत्परता^F, धैर्य, हिम्मत^F, दिलेरी^F (*he has no*~)।

enterpriser –ज़ॅर् n. साहसी व्यक्ति; उपक्रमी; साहसी, उद्यमी।

enterprising –ज़िंग् a. साहसिक, उपक्रमशील, उद्यमी, साहसी, हिम्मती, दिलेर।

entertain अे॑न्टॅटेॅन् v.t. चलाते रहना, बनाये रखना; मनोरंजन करना, रिझाना, दिल बहलाना, खुश करना (प्रायः व्यंग्यमें); आदर-सत्कार करना, सम्मानित करना, अतिथि-सत्कार करना, **दाखिल करना**; लेना, (का०) **ग्रहण करना**; अभिनन्दन करना या विचार करना, स्वागत करना, प्रतिपादित करना, आश्रय देना, प्रिय मानना, दिलमें रखना।

entertainer –नॅर् n. प्रमोदक, अभिनन्दक, मनोरंजन-कर्ता।

entertaining –निंग् a. प्रमोदक, आमोदजनक, मनोरम, मनोरंजक, मन बहलानेवाला।

entertainment –न्'मॅन्ट् n. आदर-सत्कार, अभिनन्दन, अतिथि-सत्कार; (विधा०, परि०, का०) **मनोरंजन**, मनोविनोद, आमोद-प्रमोद, (विधा०) **प्रमोद**, दिलबहलाव; उत्सव, आहार-विहार, भोज, ज्योनार, खेल-तमाशा; सार्वजनिक मनोरंजन; ग्रहण; ~ tax आमोद-कर, प्रमोद-कर, (का०) **मनोरंजन-कर**।

enthalpy अे॑न्'थॅल्पि n. (यंत्र०, भौ०) **पूर्ण ऊष्मा**; T.।

enthral(l) इॅन्थ्रॉल् v.t. दास बनाना, गुलाम बनाना (प्रायः ला०); आकर्षित करना, मोहित करना।

enthralment –मॅन्ट् n. दासता^F, आकर्षण, सम्मोहन।

enthrill इॅन्थ्रिल् v.t. भेदना, छेद करना, सूराख करना।

enthrone इॅन्थ्रोन् v.t. सिंहासनारूढ़ करना, राज्याभिषिक्त करना, अधिष्ठापित करना, (राज०) सिंहासन या **गद्दी^Fपर बैठाना** (ला० भी)।

enthronement –'मॅन्ट् n. सिंहासनारोहण, राज्याभिषेक, अधिष्ठापन (शा० एवं ला०)।

enthronization अे॑न्थ्रॅनाइज़ेॅशॅन् n. सिंहासनारोहण, राज्याभिषेक, अधिष्ठापन (वि० पादरीका)।

enthuse इॅन्थ्यूज़्' v.i. (बोल०) उत्साहयुक्त होना, भावावेग प्रदर्शित करना, उत्साह प्रकट करना, जोशमें आना, उमंग^Fमें बह जाना।

enthusiasm –'ज़िअैज़्म् n. औत्सुक्य, समुत्साह, (शिक्षा०) **उत्साह**, अभिनिवेश, उत्कटता^F, अत्युल्लास, आग्रह, अति अनुराग, श्रद्धोन्माद, उमंग^F, जोश; व्यग्रता^F।

enthusiast –अैस्ट् n. उत्सुक, समुत्साही, अभिनिवेशी, आग्रही, अनुरागी, श्रद्धोन्मत्त, जोशीला; भ्रान्त व्यक्ति, व्यग्र व्यक्ति।

enthusiastic, -al –'टिक्, -अॅल् aa. उत्साही, ऊर्जस्वी, उत्साहपूर्ण, श्रद्धोन्मत्त, उत्कट, उत्सुक, व्यग्र, जोशीला।

enthymematical अे॑न्थिमिमैं'टिकॅल् a. लुप्तावयव-सम्बन्धी, अवयवहीनवाद-सम्बन्धी।

enthymeme अे॑न्‌'थिमीम n. (दर्श०) लुप्तावयव, **लुप्तावयव हेत्वनुमान, लुप्तावयव हेतुमद् अनुमान**, लुप्तपक्ष।

entice इॅन्टाइस् v.t. प्रलुब्ध करना, प्रलोभन देना, प्रलोभित करना, लुभाना, मोह लेना, ललचाना, (का०) **बहकाना**, फँसाना, **फुसलाना**।

enticement –'मॅन्ट् a. प्रलोभन, लुभाव, बहकाव, फुसलाहट^F।

enticer –'सॅर्, n., **enticing** –'सिंग् a. परिलोमक, परिमोहक; परिलोभन या परिमोहन करनेवाला।

entire –इॅन्टाअॅर्' १. n. पहलेकी एल या बियर, सुरा; घोड़ा; २. a. समग्र, सकल, समस्त, पूरा, सारा, समूचा; अखिल, निखिल, **पूर्ण**, सम्पूर्ण (~ *contact*); अखण्ड, अशेष, निःशेष, अभिन्न, अनवरत, साद्यन्त, अन्यून; मात्र, ज्योंका त्यों, केवल; अमिश्रित, शुद्ध; बधिया न किया हुआ; ~ horse साँड़ घोड़ा; ~ stem शाखाहीन तना।

entirely –'लि adv. सर्वतः, सर्वथा, बिलकुल, पूर्णरूपेण; एकमात्र।

entireness –नि॑स् n. अभेद्यता^F, अखण्डता^F, समस्तता^F, सम्पूर्णता^F, समग्रता^F, निःशेषता^F, ।

entirety –'टि n. समग्रता^F, सम्पूर्णता^F, समूचापन (*in its* ~); समग्र योग, कुल योग; अभेद्यता^F, अविभक्तता^F, अखण्डता^F (*possession by* ~*ies*)।

entitative ऍ॑न्'टिटेटिव् a. सत्ता-सम्बन्धी, अस्तित्वयुक्त (वस्तु^F); सत्तात्मक, सत्त्वयुक्त।

entitle इॅन्टाइ'टॅल् v.t. अभिहित करना, नाम रखना; शीर्षक देना; **उपाधि^F या पदवी^F देना, खिताब देना**; नाम देना; स्वत्वप्रदान करना, अधिकृत करना, अधिकारी या योग्य बनाना, अधिकार देना, **हकदार बनाना या करना**, (विधा०) **हक़दार रहना, हक्क होना**।

entitled –ड् a. अधिकृत, स्वत्वप्राप्त, अधिकारसम्पन्न, अधिकारी, हकदार (~ *consumer*); शीर्षक, नामक, नामका।

entitlement –ल्-मॅन्ट् n. **अधिकार, हकदारी^F** (~ *criteria*)।

entity ऍन्'टिटि n. (राज०) **सत्ता, अस्तित्व**, विद्यमानता^F; सत्त्व, विद्यमान वस्तु^F, वास्तविक वस्तु^F।

ento- अन्तः-, अन्तस्-, अन्तर्-, में (जैसे, ~ *parasite*, ~*zoon*, ~*-phyte*)।

entoblast ऍ॑न्'टॅब्लैस्ट् n. दे० ENDODERM.

entoderm ऍ॑न्'टॅडॅर्म् n. = ENDODERM; (चि०) **अन्तर्जनस्तर**।

entoil इॅन्टाऍल्' v.t. श्रमयुक्त करना; जालमें फँसाना।

entomb इॅन्टूम्म्' v.t. समाधिस्थ करना, समाधि^Fमें रखना, कब्र^Fमें गाड़ना, दफन करना (शा० एवं ला०); समाधि^F या कब्र^Fका काम देना।

entombment –'मॅन्ट् n. समाधिस्थीकरण, समाहितकरण, गाड़नेकी क्रिया^F।

entomic इॅन्टॉ'मिक a. कृमि-सम्बन्धी।

entomo- कीट- (~ *lite*, ~ *phagous*, ~*philous*, ~ *tomy*)।

entomoid ऍ॑न्'टॅमाऍड् a. कृमिवत्, कीड़ेके समान।

entomogenous –मॉ'जिनॅस् a. कीटजीवी, (वन०) **कीटाश्रयी**; कीटजात, कीटप्रसूत, कीटजन्य।

entomological ऍ॑न्टॅमॅलॉ'जिकॅल् a. कृमिशास्त्रीय, (चि०) **कीटविज्ञान-**, कीटविज्ञानीय, कैटिकीय, कृमिशास्त्र-सम्बन्धी।

entomologist –मॉ'लॅजिस्ट् n. कृमिशास्त्री, (कृषि०, जीव०) **कीटज्ञ**, कीटवैज्ञानिक, कीट-शास्त्रवेत्ता, **कीट-विज्ञानी, कृमिशास्त्रवेत्ता**, कैटिकीविद्।

entomologize –लॅगाइज् v.t. कैटिकीयन करना, कैटिकीअध्ययन करना, कीट-संग्रहण करना।

entomology –जि n. (कीट वि०, जीव०, कृषि०, चि०) **कीट-विज्ञान**, कैटिकी^F, **कीटतत्त्व**।

entomophagous –'फॅगॅम् a. कृमिजीवी, कीटभोजी, (जीव०) **कीटाहारी** (~ *fungi*)।

entomophilous –फिलॅस् a. (वन०) **कीट-परागित**, कृमिपरागी; कीटप्रिय (कुछ पुष्प)।

entomophily –लि n. कृमि-परागण; कीट-प्रियता^F।

entomostracan ऍ॑न्टॅमॉस्'ट्रॅकॅन् n. कीटकवच; घोंघा।

entomotomist ऍ॑न्टॅमॉ'टॅमिस्ट् a. कीटच्छेद-विज्ञानी।

entomotomy –मि n. कीटच्छेदन।

entophyte ऍ॑न्'टॅफाइट n. अन्तरुद्भिद्, अन्तारोही, अन्तराश्रयी, वनस्पति^F, पेड़ या पौधेके भीतरसे उगनेवाली वनस्पति^F।

entophytic –'टिक् a. अन्तारोही, अन्तर्वासी, अन्तराश्रयी।

entotic ऍ॑न्टॉ'टिक् a. (चि०) मध्यकर्णीय, अभिश्रोत्रिय, कानके अन्दरका।

entourage(F) ॲन्'टूराज् n. परिचारकगण, अनुचर, भृत्य; साथी; वातावरण, परिवेश।

en tout (F) adv. पूर्णतः, पूरे तौरसे, पूरा।

en-tout-cas ऑन्टूका' (F) n. छाता।

entozoa ऍ॑न्टॅज़ो'ॲ n. pl. (चि०) अन्तर्जीवी, आंत्रीय, आंत्रकृमि, अन्तर्जीवी, आश्रयजीवी (कीट, जन्तु)।

entozoic –ज़ॉ'इक् a. (चि०) अन्तर्जीवी, आश्रित।

entozoologist –ज़ोऑ'लॅजिस्ट् n. आंत्रजीव-विज्ञानी; आश्रितजीव-विज्ञानी।

entozoology –जि n. आंत्रजैविकी, आंत्रोपजीवी विज्ञान, आंत्रकृमि विज्ञान, अंतर्जीव विज्ञान, आन्तर्जैविकी^F, आश्रितजीव-विज्ञान, आन्तरजीव-विज्ञान।

entozoon –ज़ो'ॲन् n. दे० ENTOZOA.

entr'acte (F) n. अंकावधि^F, अंकान्तराल।

entrails ऍन्'ट्रेल्ज़् n. अन्त्र^F, आँत^F, अँतड़ियाँ^F, (ला०) भीतरी भाग।

entrain इॅन्ट्रे न्' v.t. & i. (रेल०) **रेल^Fमें चढ़ाना या चढ़ना**।

en train (F) adv. प्रगतिपर, बढ़ते हुए।

entrammel इॅन्ट्रै'मॅल v.t. फँसाना, बाँधना, रोकना।

entrance[1] ऍ॑न्'ट्रॅन्स् n. **प्रवेश**, अन्तरागमन या अन्तर्गमन, दाखिला; रंगमंच-प्रवेश; प्रवेशाधिकार, पद-ग्रहण; प्रवेश-शुल्क; प्रवेशिका^F, **प्रवेशद्वार**, (कृषि०) **द्वार**, मार्ग, रास्ता, फाटक, **भीतर जानेका मार्ग**; (परि०) **पनकट**; ~ way ⊙ प्रवेशद्वार, प्रवेश-मार्ग;
~ age, ~ examination, ~ gate, ~ hall, ~ pupil, ~ rod, ~ window.

entrance[2] v.t. अभिभूत करना, मूर्च्छित करना, व्याकुल करना, उन्मत्त करना, अचेत करना; आपेसे बाहर कर देना।

entranced –ड्' a. संज्ञाशून्य, मूढ़, मूर्च्छापन्न, उन्मत्त, सुध-बुध^F खोये हुए।

entrancement –स्'मॅन्ट् n. सम्मोहन, सम्मूर्च्छन, उन्माद, उन्मत्तता^F, मूर्छा^F।

entrancing –'सिंग् a. सम्मोहक, उन्मादकारी, मूर्च्छाकारी।

entrant ऍ'न्ट्रॅन्ट् n. प्रवेष्टा, प्रवेशक, प्रवेशी, घुसनेवाला।

entrap इॅन्ट्रैप्' v.t. पाशबद्ध करना, जालमें पकड़ना, फन्देमें फँसाना; विमुग्ध या आकृष्ट करना या बहकाना।

entreat इॅन्ट्रीट्' v.t. अनुनय-विनय^F करना, नम्रनिवेदन करना, याचना करना, प्रार्थना^F करना, विनती^F करना, अभ्यर्थना^F करना, घिघियाना, गिड़गिड़ाना; *evil* ~ (प्रा०) बुरा बर्ताव करना।

entreatable –'टॅबॅल a. अनुनेय, प्रार्थनायोग्य, अभ्यर्थनीय।

entreater –टॅर् n. अभ्यर्थी, प्रार्थना^F करनेवाला।

entreating –टिंग् a. अभ्यर्थी, प्रार्थना^F करनेवाला।

entreative –टिव् a. याचनायुक्त, नम्रतामय, प्रार्थनापूर्ण, विनययुक्त, अनुनयशील, सविनय।

entreatment –ट्'मॅन्ट् n. अनुरोध, अनुनय, अभ्यर्थना^F।

entreaty इॅन्ट्री'टि a. अनुनय^F, अनुरोध, अभ्यर्थना^F, याचना^F, प्रार्थना^F, नम्रनिवेदन, विनती^F।

entrecote (F) ऑन्'ट्रॅकोट् n. पसलियों^Fकी बोटी^F।

entree आन्'ट्रे n. प्रविष्टि^F, प्रवेशाधिकार; बीचमें दिया गया खाना।

entremets (F) n. अतिरिक्त भोजन, बढ़िया भोजन।

entrench, in- इॅन्ट्रे'न्च्', इन – v.t. & i. परिखास्थ करना, खाई^Fसे घेर लेना (ला० भी); परिखा^F बनाना, खाई^F खोदना; उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना, विघ्न डालना (*upon* के साथ)।

entrenched –ड्' a. (प्रा० भूगोल) **गभीरकृत** (~ *meander*)।

entrenchment –च्'मॅन्ट् n. परिखास्थापन, परिखावास, खाति^F, खाई^F, **खाई बन्दी**^F।

entre nous (F) adv. परस्पर, हमारे-तुम्हारे बीच; गोपनीय।

entrepot (F) n. मालगोदाम; व्यापारिक केन्द्र, मण्डी^F।

entrepreneur[1] (F) n. व्यवस्थापक, ठेकेदार।

entrepreneur[2] ऑंट्रॅप्रॅनें'र्' n. (अर्थ०) **उद्यमकर्त्ता**।

entropium ऍ'न्ट्रो'पिॲम् n. (चि०) अंतर्वर्त्मान्तता^F, आँख^Fकी बरौनियाँ^F उलटनेकी विकृति^F।

entropy ऍ'न्'ट्रॅपि n. उत्क्रम-माप, ताप-अनुताप-माप; (यंत्र०, भौ०) T.

entrust, in -इॅन्ट्रस्ट्, इन्– v.t. (विधा०, का०) **न्यस्त करना, सौंपना,** सिपुर्द करना, सहेजना; विश्वासपर छोड़ना, किसीके जिम्मे करना।

entrustment -'मॅन्ट n. न्यस्तीकरण, सौंपनेकी क्रिया^F।

entry ऍ'न्'ट्रि n. **प्रवेश** (~ *pass*, ~ *permit*), विधियुक्त विशिष्ट प्रवेश, **प्रविष्टि**^F; अन्तर्गमनागमन, दाखिला, **घुसना,** भीतर आना जाना; अधिकारमुक्तकरण, अधिकृत करना, अधिकारमें लेना; प्रवेश-द्वार, दहाना, नदी^Fका मुँह; (वाणि०) **टीप;** निबन्धन, पत्रारोपण, पूंजीबन्धन, आलेख, **लिखन, इन्दराज,** खानापुरी^F; दौड़^Fके प्रतियोगियों^Fकी सूची^F; double ~ द्विप्रविष्टि^F; single ~ एक प्रविष्टि^F;

~ man, ~ pass, ~ permit, ~ system, ~ visa.

Ent. Sta. Hall. Entered at Stationers' Hall.

entune इॅन्ट्यून्' v.t. गाना, राग अलापना।

entwine, in- इॅन्ट्विन्, इन्- v.t. ग्रथित करना, बटना, गूँथना, मिलाकर बुनना, (शा० एवं ला०) मालाकार वस्तु^Fसे वेष्टित करना, ऐंठना; आलिंगन करना, गले मिलना, लिपटना, गलबांही^F डालना, चिमट जाना।

entwinement –'मॅन्ट् n. संग्रन्थन, गूँथन, गलबांही^F।

entwist, in- इॅन्ट्विस्ट्, इन्- v.t. बल देना, लपेटना, ऐंठना, बटना, मरोड़ना; मोड़ना, घुमाना, उमेठना।

enucleate –'क्लिअेट् v.t. (शल्य) निष्कर्षण करना; परिशुद्ध करना, न्यष्टिरहित करना; स्पष्टीकरण करना, व्याख्या^F करना।

enucleation –अे'शॅन् n. (चि०) निष्कर्षण, पूर्णोत्सारण; स्पष्टीकरण, परिशोधन।

enumerate इॅन्यू'मॅरेट् v.t. परिगणित करना, गणना^F करना, प्रगणना^F करना, (का०) **परिगणना^F करना,** गिनना; निर्देश करना, नाम लेकर बताना।

enumerated –टि'ड् a. (विधा०) **प्रगणित,** (का०) **परिगणित।**

enumeration –रे'शॅन् n. परिगणन, गणना^F, (गणि०) **परिगणन, गणन, गिनना,** गिनती; निर्देशन।

enumerative –'मॅरेटिव् a. गणनाश्रित, प्रगणनीय, गणनात्मक (~ *judgement*), गणनावाचक, गण्य, गणना-सम्बन्धी, विशिष्टता-सूचक।

enumerator –टॅर् n. (सांख्य०) **गणनकार,** प्रगणक, गणना^F करनेवाला; निर्देशक।

enunciable इॅनन्'शॅबॅल् a. प्रतिपाद्य; कथनीय।

enunciate –शिअेट् v.t. प्रतिपादित करना, (भौ०) **प्रतिज्ञापन करना,** (गणि०) **प्रतिज्ञा^F बताना,** प्रस्तुत करना; प्रख्यापित करना, घोषणा^F करना, घोषित करना; उच्चारण करना, बोलना; प्रतिज्ञा^F करना।

enunciation –सिअे'शॅन् n. प्रतिपादन, प्रतिज्ञापन, (शिक्षा०) **निरूपण,** प्रस्तुतीकरण; प्रख्यापन, कथन, घोषणा^F; उदीरण, उच्चारण; (गणि०) **प्रतिज्ञा**^F।

enunciative –'शॅटिव a. प्रतिपादनात्मक, प्रतिपादनसम्बन्धी; प्रख्यापनात्मक, घोषणात्मक; उच्चारक, उच्चारणात्मक प्रतिज्ञा-सम्बन्धी।

enunciator –शिअेटॅर् n. प्रतिपादक; प्रख्यापक; उच्चारणकर्त्ता।

enunciatory –रि a. प्रतिपादनात्मक, प्रतिपादन-सम्बन्धी; प्रख्यापनात्मक; उच्चारणात्मक।

enure इॅन्युअॅर् v.t. & i. = INURE।

enuresis अेन्युअॅरी'सिस् n. (चि०) मूत्रासंयम; (मनो०) **अनैच्छिक मूत्रस्राव,** अनर्गलमूत्रता^F; nocturnal ~ शय्यामूत्रता^F।

envelop इॅन्वे'लॅप् v.t. (प्रा० भूगोल) **आवरित करना,** आच्छादित करना, अवगुण्ठित करना, आवृत्त करना, छिपा लेना, ढँक लेना, लपेटना; परिवेष्टित करना, घेरेकी रचना^F करना।

envelope अे'न् (ऑन्)'वॅलोप् n. आच्छादन, अवगुण्ठन, संकेतावरण, (प्रा० भूगोल) **आवरण,** वेष्टन, प्रच्छदपट, गिलाफ (ला० एवं शा०); (गणि०, विद्यु०, भौ०, कलन) **अन्वालोप** (~ *velocity*), **लिफ़ाफ़ा** (~ *ballot*), (वैया०) **थैला,** T.

enveloping इॅन्वे'लॅपिंग् a. वेष्टक (~ *cone, muscle*); **अन्वालोपी** (~ *cylinder*)।

envelopment –प्मॅन्ट् n. आच्छादन, अवगुण्ठन, आवरण, लपेट^F; परिवेष्टन, घेर लेना।

envenom इॅन्वे'नॅम् v.t. (हथियार) विषमें बुझाना, (वायु^F में) विष मिलाना; (चि०) (कीटादिके दंश से) विषदिग्ध करना, विषाक्त होना, विषाक्त करना; कलुषित करना, चित्तको गड़बड़ाना, मन मैला करना।

en verite (F) adv. वास्तवमें, सचमुच।

Env. Ext. Envoy Extraordinary.

enviable अे'न्'विअॅबॅल् a. स्पृहणीय, ईर्ष्यणीय, वांछनीय, लोभ्य।

envier –अॅर् n. ईर्ष्यी, ईर्ष्या^F करनेवाला, जलन^F रखनेवाला।

en ville (F) adv. नगरमें, बाहर।

envious –अॅस् a. असूयापरवश, ईर्ष्यायुक्त, स्पृहाशील, स्पृहालु, ईर्ष्यालु, स्पर्धा^F करनेवाला, डाह^F भरा।

environ इॅन्वाअॅरॅन् v.t. मण्डलाकार स्थित होना, वृत्त या गोला बनाना; घेर लेना, घेरना; परिवेष्टित करना, लपेटना, छेंकना।

environal –रॅनॅल् a. = ENVIRONMENTAL.

environment –न्मॅन्ट् n. **पर्यावरण,** परिवेश, अड़ोस-पड़ोस, आस-पास, इर्दगिर्द; वातावरण, परिसर, (प्रा० भूगोल) परिस्थिति^F, वायुमण्डल, आस-पासकी वस्तुएँ^F।

environmental –मे'न्'टॅल् a. परिवेशी, वातावरण-सम्बन्धी, पर्यावारिक;

~ climax, ~ determinism, ~ differences, ~factors, ~influence.

environmentalism –लिज़्म् n. (शिक्षा०) **पर्यावरणवाद।**

environs इॅन्वाअॅरॅन्ज़्, अे'न्'विरॅन्ज़् n. pl. पर्यावरण, परिवेश, चारों ओरका प्रदेश; उपान्त, उपपुर, नगरान्त।

envisage इॅन्वि'सिज़् v.t. सामना करना, आँखें^F मिलाना, आँखें^F चार करना; मुकाबला करना; परिकल्पना^F करना, चिन्तन-मनन करना।

envisage'd –ड् a. दृष्ट, परिकल्पित, चिन्तित।

envisagement –ज़्मॅन्ट् n. सामना, मुक़ाबला; चिन्तन, परिकल्पन, विचार, विवेचन।

envoi अे'न्'वाएँ n. (साहि०) **ध्रुवपदी, आँवा।**

envoy[1] अेन्'वाएँ n. अनुलेख, उपसंहार, प्राचीन ढंगकी कविताओं^F का अन्तिम लघु छन्द।

envoy[2] n. (राज०, का०) **दूत,** राजदूत, सन्देशवाहक, प्रतिनिधि; उपराजदूत।

envoyship –शिप् n. दूतत्व, राज-प्रतिनिधित्व, उप-राजदूतका पद।

envy अे'न्'वि १. n. (दर्श०) **असूया**^F, ईर्ष्या^F, (शिक्षा०) **स्पर्द्धा**^F, स्पृहा^F, द्वेष, डाह^F; विद्वेष, जलन^F; डाह^F का कारण (*she is the ~ of Bath*); २. v.t. असूया^F रखना, ईर्ष्या^F करना, डाह^F करना, जलना; वांछा^F होना।

envying –विइंग् a. ईर्ष्या^F या डाह^F करनेवाला, ईर्ष्यालु।

enwind इॅन्वाइन्ड् v.t. चारों ओरसे घेरते हुए सटना, अपनेको लपेटना, दूसरेके गिर्द लिपटना।

enwomb इॅन्वूम्' v.t. गर्भवत् धारण करना; छिपाना।

enwrap, in- इॅन्रैप्, इन्- v.t. आच्छादित करना (शा० एवं ला०), आवरण चढ़ाना, तह^F करना, लपेटना।

enwrapment –'मॅन्ट् n. आवरण, प्रच्छादन।

enwreathe इॅन्रीद्' v.t. माला^F की तरह लपेटना या माला^F में लपेटना।

enzootic अे'न्ज़ॅऑ'टिक् a. पशुस्थानिक, प्राणिस्थानिक, (कृषि०) **स्थानिकमारी।**

enzymatic अे'न्ज़िमै'टिक् a. द्रव्य, विकर-सम्बन्धी, किण्वाण्विक, पाचकरस-सम्बन्धी।

enzyme –'ज़ाइम् n. विकर, (चि०, कृषि०, जीव०) **प्रकिण्व, किण्वाणु,** (रसा०) **किण्वज,** प्राणिद्रव्य, जीवाणुहीन किण्व या द्रव्य, पाचक रस, T. एन्ज़ाईम।

E.O. Enquiry officer; Establishment officer; Executive officer.

eoan ईओ'अॅन् a. अरुणोदय-सम्बन्धी, उषा^F का, पूर्वी।

Eoanthropus –थ्रॉपस् n. उषोमानव, प्रभात मानव।

eocene ई'अॅसीन् a. आदि युगीन, प्रभात युगीन; (प्रा० भू०) **आदिनूतन** (~*epoch*, ~*period*), आदिनव।

e.o.d. every other day.

eolian ईओ'लिअॅन् a. (प्रा० भूगोल) **वामूद** (~*soil*)।

eolith ई'अॅलिथ् n. उषःपाषाण, अश्मास्त्र, चकमकका हथियार।

eolithic –'थिक् a. उषःपाषाणिक, अश्मास्त्र-सम्बन्धी, अश्मास्त्र युगीन, पत्थरकालका; ~ period आदि पाषाण समय; ~ stage (मान०) **आदि पाषाण चरण।**

eonism ई'अॅनिज़्म् n. वासविपर्यय, वेषविपर्ययप्रियता^F, प्रतिवेषधारिता^F, वासानुकूलन, स्त्रीको पुरुषके और पुरुषको स्त्रीके वेष या रहन-सहनको अपनानेकी मनोविकृति।

eosin ई'अॅसिन् n. & a. उपसि^F; पाटल-अरुण, एक लाल रंग (ऊतक रंजनार्थ प्रयुक्त), इओसिन; (रसा०) T.

eosinophil –नॅफिल् a. (प्राणिवि०) उपसि-रंज्य, लाल रंग-सम्बन्धी, (चि०, जीव०) **इओसिन रागी**, T. n. रक्तगत एक प्रकारकी कणिका^F, इओसिनोफिल ।

-eous- -वत्, -सदृश, -सम, -समान, के स्वभावका (जैसे, *lign~*); कुछ लोग *-te* (अथवा *-ty*) वाले शब्दों में -OUS जोड़ते हैं (जैसे, *duteous*) ।

eozoic ईॲज़ो'इक् a. उषःकल्प, उषस्-जीवी, (मान०) **आदिजीवक**, आदिजीव-विषयक ।

eozoon –'ॲन् n. उषःप्राणी, एक प्रकारका प्राचीन जीव ।

ep- = EPI- (अनिश्चित स्वरोंके पूर्व जैसे, *~och*) ।

EP. experimental plot.

Ep. Epistle.

E.P.A. Empire Parliamentary Association.

epact ई (ॲ)'पैक्ट् n. (ज्यौ०) **वर्षारम्भ कला**^F; सौर-चन्द्र-वर्षान्तर; पहली जनवरी^Fको चन्द्रमाकी आयु^F; अतिमास, मलमास, पुरुषोत्तम मास, T.

epagoge ॲ'पॅगो'जी n. (का०) विशिष्ट अलंकार (विशिष्टसे सामान्य) ।

epagogic –गॉ'जिक् a. विशिष्टालंकारयुक्त, विशिष्टसे सामान्य सिद्ध करनेके अलंकारसे सम्बन्धित ।

epanadiplosis ॲ'पैनॅडिप्लो'सिस् n. (का०) पुनरुक्ताभास, एक प्रकारका अलंकार ।

epanalepsis –नॅले'प्'सिस् n. (का०) एक प्रकारका यमक अलंकार, पुनुरुक्ति^F ।

epanodos इपै'नॅडोस् n. (का०) विपर्यय अलंकार; (साहि०) **बिन्दु** ।

epanorthosis ॲ'पॅनॉर्थो'सिस् n. (का०) स्मृत्यलंकार; (साहि०) **स्वोक्ति-संशोधन** ।

epanthous इपैन्'थॅस् a. पुष्पाश्रयी, पुष्पजीवी ।

eparch ॲ'पॅक् n. आधुनिक ग्रीसके प्रदेशका गवर्नर ।

eparchy –कि n. आधुनिक ग्रीसका प्रान्त; रूसी सनातनी गिरजाघरका इलाका ।

epaulement ॲ'पॉल्'मॅन्ट् n. पार्श्व निर्माण (किलेबन्दी^F) ।

epaulet(te) ॲ''पॅले'ट् n. (परि०) **स्कन्धिका**^F, स्कन्धाभरण; अधिस्कन्ध, फुँदना; *win his ~* सैनिक पदसे अधिकारी पद पाना ।

epauxesis ॲ'पॉक्'सिस (साहि०) **तीव्रारोही** ।

E.P.D. Excess Profits Duty.

epea pteroenta (GK) n. पक्षयुक्त शब्द ।

epee ॲपे' n. तेज धार^Fकी तलवार^F; संशोधन-असि^F ।

epeirogenesis ॲ'पाॲरॅजे''नि'सिस् n. (प्रा० भूगोल) **महादेशीय उच्चावचन** ।

epeirogenic –निक् a. स्थलजन, महाद्वीप-सम्बन्धी, भूरूप जनक (*~ force*), भूसृष्टि-सम्बन्धी ।

epencephalon ॲ'पॅन्से''फॅलान् n. (चि०) पश्चान्मस्तुलुंग, निमस्तिष्क, छोटा मस्तिष्क ।

ependyma –डीमॅ n. (चि०) **अन्तरीयक** ।

epenetic ॲ'पिने''टिक् a. प्रशंसात्मक, श्लाघायुक्त ।

epenthesis इ'पे'न्'थि'सिस n. अपनिहिति^F, सम्प्रसारण; (साहि०) **मध्यागम**; शब्दमें वर्णवेश, वर्ण-सन्निवेश; शब्दमें वर्णका प्रवेशन करना ।

epenthetic ॲ'पिन्थे''टिक् n. अपनिहित, वर्ण-सन्निवेश-सम्बन्धी ।

epergne ॲ'पे'न्'' n. खानेकी मेज^Fपर रखा हुआ फूलदान ।

epexegesis ॲ'पे'क्सिजी'सिस् n. अग्रव्याख्या^F; पुनर्विश्लेषण; व्याख्यात्मक शब्द ।

epexegetical –जे''टिकल्, a. स्पष्ट, व्याख्यात्मक, विशद ।

eph- = EPI- (*h* के पूर्व, जैसे, *~emeral*) ।

ephah ई'फ़ॅ n. यहूदियोंका एक माप ।

ephebe ॲ'फीब् n. (pl. *-i*) १८ से २० वर्षकी आयु^F-का स्वतन्त्र नागरिक (प्राचीन ग्रीसमें); (इति०) **युवक** ।

ephebic ॲ'फ़ी'बिक् a. प्रौढ़, प्रवृद्ध; यौवनकालीन, युवावस्था सम्बन्धी ।

ephemera इ'फ़े''मॅर्, (pl. *-ras*), **-eron** –ॲरॅन् (pl. *-rons*, *-ra*) nn. (चि०) एकाहिक ज्वर; क्षणजीवी कीट; आह्निक कीड़ा; क्षणभंगुर वस्तु^F ।

ephemeral –रॅल् a. आह्निक, ऐकाहिक, एकदिवसीय; अल्पकालिक, अस्थायी, (वन०) **स्वल्पायु**, अल्पायु, अल्पायुषी, अल्पजीवी (*~ union*), क्षणस्थायी, क्षणिक, क्षणभंगुर (*~ importance*) ।

ephemerality –रै'लिटि n. आह्निकता^F, एकदिवसीयता^F; अल्पकालिकता^F, अस्थायित्व, अल्पायुत्व, अल्पजीविता^F, क्षणस्थायित्ता^F, क्षणभंगुरता^F ।

ephemeris इ'फे''मॅरिस् n. (pl. *-ides*) ग्रहपत्री^F, (ज्यौ०, परि०) **पंचांग**, ग्रहगति-तालिका, जन्त्री^F, नक्षत्र-पत्री^F, पत्रा; पंजी^F, रोजनामचा ।

ephemerist –स्ट् n. ग्रह-गति-अध्येता, ज्योतिषी ।

ephemeron –रॅन् n. दे० EPHEMERA.

ephod ॲ'फ़ॅड् n. यहूदी पादरियोंका वस्त्र या परिधान ।

ephor ॲ'फ़ॅर् n. अधीक्षक; (प्रा०) दण्डाधीश ।

ephoralty –रॅल्टि n. दण्डाधीश या अधीक्षकका पद ।

epi- उपरि- (जैसे, *~basal*); अपि- (जैसे, *~dermis*, *~taph*) ।

epibiotic ॲ'पिबिऑ'टिक् a. (वन०) **जीवाश्रयी** ।

epiblast ॲ''पिब्लैस्ट् n. (प्राणिवि०) बहिर्जनस्तर, बहिःस्तर, भ्रूण बहिःस्तर ।

epiblema ॲ'पिब्ली'मॅ n. (वन०) **मूलत्वचा**^F ।

epic ॲ''पिक् १. n. वीरकाव्य, महाकाव्य (जैसे रामचरितमानस, कामायनी^F, रघुवंश, कुमारसम्भव, इलियड एण्ड ऑडेसी); २. a. महाकाव्यके उपयुक्त; *~ age* (इति०) आर्य-काव्य युग, रामायण-महाभारत-युग; *national ~* राष्ट्रीय महाकाव्य; *~ poetry* (साहि०, इति०) **महाकाव्य**; *~ simile* (साहि०) **दीर्घोपमा**^F ।

epical –कॅल् a. महाकाव्य-सम्बन्धी ।

epicalyx ॲ''पिकैलिक्स् n. (वन०) **अनुबाह्यदल**, बहिःकोश, उपपुष्पवलय, पर्णभ्रमि^F, पत्तोंका घेरा, T.

epicardium अे`पिकार्'डिअॅम् n. (चि०) अधिहृत, (जीव०) अधिहृद् स्तर।

epicarp अे`'पिकार्प् n. (कृषि०) बाह्यस्तर, (वन०) उपरिच्छद, वहिर्भित्ति^F, फलोंका बाहरी छिलका।

epicede अे`'पिसीड् n. विलाप, मृत्यु-राग, (साहि०) मृत्यु गीत, शोक गीत, मर्सिया।

epicedial –डिअॅल् a. शोकगीत-सम्बन्धी, शोकयुक्त।

epicedium –अॅम् n. = EPICEDE.

epicene अे`पिसीन् n. & a. उभयलिंग, (शब्द); उभयलिंगी, सामान्यलिंग, हिंजड़ा।

epicentral अे`पिसे`न्'ट्रल् a. (जीव०) अधिकेन्द्रक, उत्केन्द्र, (~ *area*, ~ *tract*)।

epicentrum, -tre ट्रॅम्, -टॅर् n. उपरिकेन्द्र; (ऋतु०) उत्केन्द्र, (प्रा० भूगोल) अधिकेन्द्र; ऊपरी सतह^F का केन्द्र; वहिष्केन्द्र विन्दु।

epicerastic अे`पिसिरैस्'टिक् a. शान्तिप्रद (औषध^F)।

epicheirema अे`पिकॉअॅरी'म् n. (तर्क०) प्रति संक्षिप्त तर्कमाला^F; (तर्क०) सहेतु अवयव, कारणयुक्त अनुमान।

epicondyle अे`पिकॉन्'डिल् n. (चि०, जीव०) अधिस्थूलक, अधिकन्द।

epicranial अे`पिक्रै'निअॅल् a. शिरोपरि, खोपड़ी^F परका; ~ aponeurosis (चि०) अधिकरोटि वितान; ~ suture (जीव०) अधिक पाल संधिरेखा^F।

epicranium –अॅम् n. शिरोपरिभित्ति^F, (जीव०) अधिकपाल, खोपड़ी^F।

epicure अे`'पिक्युअॅर् n. इन्द्रियपरायण व्यक्ति, विषयी, इन्द्रियदास, भोगवादी, सुखवादी, स्वादलोलुप, स्वादभोजी, लोलुप, चटोरा, पेटू।

epicurean –रो'अॅन् n. & a. इन्द्रियसुखानुरागी, (दर्श०) भोगवादी, तृप्तिवादी, विषयासक्त, सुखवादी, कलाविलासी, भोगविलासरत व्यक्ति।

epicureanism –निज़्म् n. सुखवाद, तृप्तिवाद, विलासप्रियता^F, विषयासक्ति^F।

epicurism –'पिक्युअॅरिज़्म् n. इन्द्रियसुखानुराग, विषयासक्ति^F, इन्द्रिय-सुखनिरति^F, विषयसेवा^F, उदरपरायणता^F, स्वादलोलुपता^F, चटोरापन; सुखवाद, तृप्तिवाद।

epicycle अे`पिसाइकॅल् n. वहिश्चक्र-वृत्त, पारिधि^F, (ज्यो०) अधिचक्र, उपचक्र।

epicyclic –सि'क्लिक् a. वहिश्चक्र-वृत्तीय, बाह्यचक्रीय (~ *gearing*), अधिचक्रीय, आधिचक्रिक।

epicycloid अे`पिसाइ'क्लाएड n. (गणि०) बाह्य-चक्रज, अधिचक्रज, अधिचक्रज रेखा^F, पारिधि चक्र।

epicycloidal –'डॅल् a. वहिश्चक्रज-सम्बन्धी, अधिचक्रज।

epideictic अे`पिडाइक्'टिक् a. (साहि०) अर्थवादी, (का०) प्रदर्शित, प्रदर्शनात्मक।

epidemic अे`पिडे`मिक् n. & a. (शा० एवं ला०) संक्रामक, व्यापक, जनपदोध्वंसक, मारक, (चि०) *महामारी*^F, बहुजनव्यापी, (पशुपालन) वबा, छूत^F का (रोग); ~ dropsy मरक शोफ; ~ assistant, ~ circular, ~ disease, ~ dispensary, ~ duty, ~ figure, ~ form, ~ report, ~ scale.

epidemical –कॅल a. संक्रमणशील, संक्रामक, संचारी, व्यापक, जनपदोध्वंसकीय।

epidemiological –डीमिऑ'लॅजिकॅल् a. महामारी-विज्ञान-सम्बन्धी; मरक-विज्ञान संबंधी।

epidemiology –जि n. मरक-विज्ञान, रोगव्यापिकी^F, व्यापकरोग-विज्ञान, संक्रामक रोग-विज्ञान, (चि०) महामारी-विज्ञान।

epidermal, epidermic अेपिडे`र्'मॅल्, –'मिक् aa. बाह्य त्वक्-सम्बन्धी, त्वकीय, अधिचर्म, (~*scale*), आधिचर्मिक (~ *outgrowth*), T.

epidermis –मिस् n. वहिश्चर्म, अधिचर्म, उपचर्म, पशुओंकी त्वचा^F की बाहरी परत^F; उपत्वक^F, बाह्यत्वक्^F, (वन०, चि०, जीव०) बाह्यत्वचा^F, बाहरकी खाल^F, पौधेकी छाल^F के नीचेकी छाल^F, T.

epidermoid, मॉएड्, a & n. **-dal** -डॅल् a. अधिचर्माभीय, बहिश्चर्म-सा, वाह्य त्वचाभ; n. एक प्रकारका मस्तिष्कका अर्बुद।

epidiascope अे`पिडाइ'अॅस्कोप् n. छाया-क्षेपित्र, (रसा०, भौ०) पारचित्रदर्शी, पारापारचित्रदर्शी; पारापार चित्रदर्शक (लालटेन^F), अधिपारदर्शक लालटेन^F, T.

epidote अे`'पिडोट् n. (प्रा०, भूगोल) T.

epidural अे`पिड्यूअॅरॅल् a. (चि०) अधिदृढ़तानिक (~ *space*)।

epigamic अे`पिगैमिक् a. प्रदर्शनात्मक, प्रदर्शनार्थ; कामोद्दीपक।

epigastric अे`पिगैस्'ट्रिक् a. (चि०) अधिजठर, (~ *artery*, ~ *vein*) आधिजाठरिक, उदरके ऊर्ध्व-भागसे सम्बन्धित; ~ artery अधिजठर धमनी^F; ~ vein अधिजठर शिरा^F; ~-region ऊपरिजठर-प्रदेश, अधिजठर-प्रदेश।

epigastrium –ट्रिअॅम् n. उपरिजठर, (चि०) अधिजठर, उदरका ऊपरी भाग, जठरके ऊपरका बाहरी भाग।

epigene अे`'पिजीन्' a. (भूगर्भ०) भूतलज, पृथ्वी^F की ऊपरी सतह^F पर संजात या बना हुआ।

epigenesis –जे`'निसिस् n. (प्राणिवि०) उपजनि^F, परिविकास, (कृषि०) जननविकासवाद, (चि०) क्रम-विकासवाद, भ्रूणविकासवाद।

epigenesist –सिस्ट् n. भ्रूणविकासवादी; (चि०) क्रमविकासवादी।

epigenetic –जिने`'टिक् a. (प्रा० भूगोल) अनुजात।

epigeneticist –टिसिस्ट् n. (कृषि०) जनन-विकासवादी।

epigenous इॅपि'जिनॅस् a. (वन०) पत्रतलरोही।

epiglottic अे`पिग्लॉ'टिक a. अलिजिह्वा^F का, उप-जिह्वा-

सम्बन्धी, अधिजिह्वा^F का ।

epiglottis –टिस् n. (चि०) **कण्ठच्छद**, कण्ठपिधान, (जीव०) **घांटी-ढापन**, घण्टी^F, कौवा; उपजिह्वा^F, अलिजिह्वा^F, अधिजिह्वा^F; स्वरयन्त्रच्छद, स्वरयन्त्र-मुख-आवरण, (चि०, जीव०) T.

epigram ऍ`पिग्रैम् n. छन्द, विनोदान्त लघु या संक्षिप्त कविता^F, चुटकुला; (साहि०) **सूक्ति**^F, मर्मवचन, व्यंजना-शैली^F, मार्मिक शैली^F ।

epigrammatic –ग्रमै`टिक् a. सूक्तिपूर्ण, मार्मिक, लघुछन्द-सम्बन्धी ।

epigrammatist –ग्रै`मॅटिस्ट् n. सूक्तिकार, चुटकुलेबाज; लघुकाव्य-लेखक, छोटी कविताएँ^F लिखनेवाला ।

epigrammatize –टाइज़् v.t. & i. सूक्ति^F कहना, विनोदान्त लघु कविता^F करना, चुटकुला बनाना या कहना ।

epigraph ऍ`पिग्राफ़् n. शिलालेख, (~*monuments*), (इति०, पुरा०) **पुरालेख**, आलेख्य, उत्कीर्णलेख, मुद्रालेख; आदर्शवाक्य, सूक्ति^F; उत्कीर्ण ।

epigraphic –ग्रै`फ़िक् a. शिलालेखीय, उत्कीर्णलेख-सम्बन्धी; सूक्तिमय ।

epigraphist –ग्रॅफ़िस्ट् n. (पुरा०) **पुरालेखविद्**, उत्कीर्णलेखशास्त्री, शिलालेख-ज्ञानी ।

epigraphy –फ़ि n. (मान०, पुरा०) **पुरालेखविद्या**^F, **शिलालेखशास्त्र**, उत्कीर्णलेखविद्या^F, शिलालेख-विद्या^F ।

epigynous इॅपि`जिनॅस् a. (वन०) **उर्ध्वस्थ**, उपरिरुह, T.

epilation ऍ`पिले`शॅन् n. (कृषि०) **केशलुंचन**, केशोल्लुंचन ।

epilepsy ऍ``पिले`प्सि n. अपस्माररोग, मूर्च्छारोग, (चि०, कृषि०) **अपस्मार, मिरगी**^F ।

epileptic –`टिक् १. n. (चि०) अपस्मारी^F, मिरगी^F-रोगग्रस्त (व्यक्ति); २. a. अपस्मारी, अपस्मार-सम्बन्धी, मिरगी^F का (~ *fury*) ।

epileptoid –टॉएड् a. (चि०) अपस्मारसम, मिरगी^F के स्वभाववाला ।

epilogist इॅपि`लैजिस्ट् n. निर्वहण-पात्र; उपसंहार-लेखक।

epilogistic –`टिक् a. उपसंहार-सम्बन्धी, निर्वहणीय ।

epilogue ऍ``पिलॉग् n. उपसंहार, साहित्यिक रचना^F-का अन्तिम भाग; भरतवाक्य, नाटकके अन्तमें अभिनेताका भाषण या लघुकविता^F ।

epimeric ऍ`पिमे``रिक् a. **एपीमरी** ।

epimerisation –मॅराइजे`शॅन् (रसा०) **अधिअवयवता**^F, **एपीमरीकरण**, (रसा०) **अधिअवयवीकरण** ।

epimysium ऍ`पिमि`सिॲम n. (चि०) **अधिपेशिका**^F ।

epinasty ऍ``पिनैस्टि n. कूबड़, (वन०) **अधोवक्रिमा**^F, ऊर्ध्वपृष्ठवर्धन ।

epineural ऍ`पिन्युॲ`रॅल् a. (जीव०) **अधितंत्रिक** ।

epineurium –`रिॲम् n. (चि०) **अधितंत्रिका**^F ।

epiotic ऍ`पिऑ`टिक a. (जीव०) **अधिकर्णिक**, T.

epiperipheral ऍ`पिपिरिफ़`रॅल् a. उपरितलरोही, तलरुह ।

epipetallous ऍ`पिपे``टॅलॅस् a. (वन०) **दललग्न**, दलरुह, दलबद्ध, पुष्पमुकुटस्थित ।

Epiph. Epiphany.

epiphany इॅपि`फॅनि` n. प्रभुप्रकाश, अवतार; ईसा-मसीहका आविर्भाव; E~ अवतारदिवस, ६ जनवरी^F ।

epiphenomenon ऍ`पिफिनॉ`मिनॅन् n. (pl. *-a*) उपद्रव्य, उपविकार, उपलक्षण, उपतत्व; (निदान०) आकस्मिक घटना^F (रोगाक्रमणावस्था^F में) ।

epiphonema ऍ`पिफॅनी`मॅ n. (नाटकमें) आश्चर्य-सूचक कथन (भाषणके अन्तमें) ।

epiphora ऍ`पि`फ़ॅरॅ n. (चि०) अत्यश्रुस्रवण; आँखों^F में आँसू इकट्ठा होनेका रोग ।

epiphragm ऍ``पिफ्रैम् n. अधिकवच, खोल, सँवार ।

epiphyllous ऍ`पिफि`लॅस् a. (वन०) **अधिपर्णी**, पत्र-सन्निविष्ट, पुष्पावरण स्थित, अधिष्ठित ।

epiphyseal ऍ`पिफि`सिॲल् a. अस्थिशिर-सम्बन्धी ।

epiphysis –सिस् n. (श० र० शा०) अस्थिशिर, नेत्रग्रन्थि^F; (चि०, जीव०) **अन्तर्वर्धी**, T. एपिफायसिस; द्रे० OSSIFICATION.

epiphytal ऍ`पिफाइ`टॅल् a. अध्युद्भिदीय, अधिजीवी; = EPIPHYTIC ।

epiphyte –`पिफ़ाइट् n. पररोही, (वन०) **उपरिरोही**, पापद, उपरितिवासी, उद्भिद, अधिजीवी, (चि०) अधिजीवी पादप; पवनोपजीवी, वातोपजीव; वायुभक्षक झाड़; T.

epiphytic ऍ`पिफि`टिक् a. (चि०) उपरिरोही, पररोही, वातोपजीवी, वायुभक्षक ।

epipodium ऍ`पिपो`डिॲम् n. (जीव०) **परिवाद** ।

epiterygoid ऍ`पिटॅरि`गाएँड् a. (जीव०) **अधित्र्यंगिका**^F, T.

epirhizous ऍ`पिराइ`ज़ॅस् a. मूलरुह ।

Epis. Episc. Episcopal.

episcopacy इॅपिस्`कॅपॅसि n. धर्माध्यक्षतन्त्र, धर्माध्यक्षता^F, गिरजाघरोंका शासन, पादरी-शासन, (ईसाई) धर्म-शासन, ईसाई धर्माध्यक्षों द्वारा धर्मसंघ-शासन, धर्माध्यक्षाधिकार, बिशप-राज्य, बिशपके अधिकार; *the*~ पादरीवृन्द, पादरीसंघ, पादरीमण्डल, बिशपलोग ।

episcopal –पॅल् a. धर्माध्यक्षीय, धर्माध्यक्षसम्बन्धी, बिशप-सम्बन्धीय, बिशपशासित, बिशपोंका; अंग्रेजी^F, अँग्रेजी^F भाषा-सम्बन्धी ⊙।

episcopalian –पे``लिॲन् n. & a. ईसाई धर्माध्यक्षोंका, बिशपशासितधर्मसंघ, बिशपधर्मसंघका (अनुयायी); अँग्रेजी^F, अँग्रेजीभाषा-सम्बन्धी ⊙।

episcopalianism –निज्म् n. बिशपसंघवाद ।

episcopalism –`कॅपॅलिज्म् n. (ईसाई) धर्म, बिशप-वाद; धर्मशासनवाद ।

episcopate –पॅट् n. धर्माध्यक्षता^F, धर्मासन, धर्मपीठ, बिशपका पद या प्रदेश; *the*~ धर्माध्यक्षवर्ग, (ईसाई)

विशप-समाज, विशपलोग।

episcope ई'पिस्कोप् a. = EPIDIASCOPE; (भौ०) **अपारचित्रदर्शी**, T.

episeism ए'पि'सिइज़्म् n. (ऋतु०) **स्तरीकम्प**।

episematic ए'पिसिमै'टिक् a. (जीव०) **अधिबोधक**।

episode ए'पिसोड् n. प्राचीन दुःखान्त नाटकोंमें दो वृन्दगीतोंके मध्यका भाग (प्रक्षेप); प्रासंगिक कथा^F, उपकथा^F, आकस्मिक कथा^F; कथामाला^F; उपाख्यान।

episodic, -al –सॉ'डिक्, -ॲल् aa. उपकथा-विषयक, उपाख्यान-सम्बन्धी; प्रासंगिक, अप्रस्तुत।

epispastic ए'पिस्पैस्'टिक a. & n. आकर्षी; (चि०) स्फोटजनक, फफोला डालनेवाला; फफोला।

episperm ए'पिस्पॅर्म् n. (वन०) बहिःस्तर, छिलका।

epispermic –पॅ'र्'मिक् a. बहिःस्तरीय, छिलकेका।

epistasis इ'पिस'टॅसिस् n. (कृषि०, चि०) रोधन, स्तंभन (जैसे रक्त आर्तवका); **अभिभाव**, लोप, दुराव, दबाव; T.

epistatic –टै'टिक् a. (कृषि०) **तिरोधात्मक, अभिभावक**।

epistaxis इ'पिस्टैक्'सिस् १. n. (चि०) नासारक्तस्राव, बिनास फूटनेकी दशा^F, (कृषि०) **नकसीर**; २. v. नकसीर फूटना।

epistemological ए'पिस्टीम'लॉजिकॅल् a. ज्ञानशास्त्रीय, ज्ञानवाद-सम्बन्धी, प्रमाणवादीय, मीमांसायुक्त।

epistemology –मॉ'लॅजि n. (शिक्षा०) **ज्ञान-मीमांसा**^F; मौतिक-ज्ञानशास्त्र; भौतिक ज्ञान-मीमांसा; ज्ञानशास्त्र, ज्ञानवाद, प्रमाणवाद, प्रमाण-मीमांसा।

episternum ए'पिस्टर्'नॅम् n. (श० र० शा०) पूर्वोरुकास्थि^F, (जीव०) **अधि-अधरक, अधि-उरोस्थि**, अधि-उरःफलक, उरोस्थि^F, अधरपट्ट।

epistilbite ए'पिस्टिल्'बाइट् n. एक प्रकारका खनिज।

epistle इ'पि'सॅल् n. पत्र, धर्मपत्र, लेख्य, चिट्ठी^F; साहित्यिक रचना^F, (विशे०) पत्र-काव्य।

epistler –लॅर् n. आलेख-स्रष्टा; धर्मपत्रपाठक, चर्चमें, पत्र-पठन-सेवा^F में नियुक्त व्यक्ति।

epistolary इ'पिस्'टॅलॅरि a. पत्रोचित, पत्रवाही, पत्र-विषयक, पत्र-सम्बन्धी।

epistoler –लॅर् n. = EPISTLER.

epistolize –लाइज़् v.t. पत्र लिखना, आलेख लिख भेजना।

epistolographic –टॉलॅग्रै'फिक् a. (इति०) **पत्रलेखन-सम्बन्धी**।

epistolography –टॅलॉ'ग्रॅफि n. आलेख-कला^F, धर्मपत्र-लेखन-कला^F।

epistrophe इ'पिस्'ट्रॅफि n. अन्तानुप्रास, तुक।

epistropheus –फ्रिॲस् n. (चि०, जीव०) **अक्षक, अक्षकशेरुक**।

epistyle ए'पिस्टाइल् n. स्तम्भशीर्ष-प्रस्तर, खम्भेके सिरेका पत्थर।

episyllogism ए'पिसि'लॅजिज़्म् n. (दर्श०) उत्तर हेत्वनुमान, उत्तर हेतुमद् **हेत्वनुमान**।

epitaph ए'पिटाफ् n. समाधिलेख, चैत्यलेख, स्मृति-लेख, मृत्युलेख, स्तम्भपर उत्कीर्ण अक्षर, स्मरणमण्डन।

epitasis इ'पि'टॅसिस् n. (दुःखान्त) नाटकका मुख्य केन्द्र भाग।

epithalamial, epithalamic ए'पिथॅले'मिॲल्, –लै'मिक् aa. विवाहगीत-सम्बन्धी; सुहाग गीतवाला।

epithalamium –ॲम् (pl. *-s & -mea*) सुहाग-गीत, विवाह-गीत या कविता^F, विवाहकालीन गाथा^F।

epithalamus –थै'लॅमॅस् n. (चि०, मनो०) **ऊर्ध्व-चेतक, अधिथैलेमस**।

epithelial ए'पिथी'लिॲल् a. (चि०) **उपकला**^F, उपकला संबन्धी; धारिच्छद, (*~cell, ~tissue*), अधि-च्छदीय, उत्तानस्तरीय, अधिवृन्तीय, T.

epithelioid ए'पिथी'लिआएंड् n. (चि०) **उपकला-कल्प**।

epithelioma ए'पिथीलिओ'मँ n. (चि०) कलार्बुद, त्वक्कर्कट, त्वचा^Fका कैंसर।

epithelium –ॲम् n. (प्राणि०) **उपकला**^F, धारिच्छद; अधिच्छद, उत्तानस्तरिका^F, उत्तानस्तर, श्लेष्मकला^Fकी बाहरी सतह^F; अधिवृन्त, विवर कोशिका^Fकी बाह्य त्वचा^F, T.

epithem ए'पिथॅम् n. (चि०) दंत संज्ञाहर; स्थानिक-लेप, उत्स्राव, लेप, (वन०) T.

epithet ए'पिथॅट् n. गुणवाचक, विशेषण; अभिधान, विशिष्टनाम, (वन०) **विशेष नाम**, उपाधि^F, उपनाम।

epithetic, -al –'टिक, -ॲल् aa. विशेषण या उपनाम-सम्बन्धी।

epithymetic ए'पिथमे'टिक् a. वासनाप्रवृत्त, कामुक, वासनायुक्त, कामानात्मक।

epitome इ'पि'टॅमि n. सार-संग्रहण, सारांश; **निष्कर्ष**, तत्त्व, **सार**, संक्षेप, निचोड़; (ला०) प्रतिरूपक, प्रतीक (जैसे, *man, the world's ~*)।

epitomist –मिस्ट् n. सारवेत्ता, तत्त्ववेत्ता, सार निकालनेवाला।

epitomize –माइज़ v.t. संक्षेप करना, सारसंग्रह करना; सार निकालना, तत्त्व निकालना; प्रतीक या प्रतिरूपक बनाना।

epitomizer –ज़र् n. संक्षेप्ता, सारसंग्रहीता; प्रतीक-निर्माता।

epitrite ए'पिट्राइट् n. (का०) क्रमशः तीन दीर्घ एवं एक ह्रस्व वर्णसे युक्त एक गण।

epixylous ए'पिज़ाइ'लॅस् a. काष्ठरुह, (वन०) **काष्ठो-परिक**।

epizoic ऐपिज़ो'इक् a. परजीवी, (जीव०) **पराशयी**, उपरिजीवी।

epizoite ऐ'पिज़ाएंट् n. (जीव०) **पराधिवासी**।

epizoon –'ऑन् n. (pl. *epizoa*) उपरिजीवी, उपरि-जीवी-प्राणी, पराशयी।

epizootic –ज़ॅऑ'टिक् a. & n. पशुव्यापक, प्राणि-

व्यापक (रोग), (पशुपालन) **पशुबवा, पशुमहामारी**ᶠ, पशुमारक।
e pluribus unum (L) बहुतेरोंमें एक।
E.P.N.S. Elctro-plated nickel silver; English Place Name Society.
epoch ई(अे)'पॉक् n. युग, युगारम्भ, (इति०) **युगान्तर,** (*this made an* ~); तिथिᶠ; इतिहास या जीवनका घटनापूर्ण युग, (इति०) **काल, अवधि**ᶠ; (ज्यौ०) **निर्देश-क्षण;** (ग०) **आदि कोण;** ~making युगप्रवर्ती।
epochal अे'पॅकॅल् a. युगारम्भ-सम्बन्धी; युगीन।
epode अे'पोड् n. छन्दविशेष, गीतिकाव्यका रूप (जिसे होरेसने चलाया); उपगीत, गीतका अन्तिम भाग।
epodic इॅपॉ'डिक् a. छन्दविशेष सम्बन्धी, (होरेसके) गीतिकाव्यके रूपसे सम्बन्धित।
eponychium अॅपॅनि'किअॅम् n. (चि०) **अधिनख**।
eponym अे'पॅनिम् n. किसी जातिᶠ, स्थान या संस्थाᶠ-को स्वनामसे सुशोभित करनेवाला व्यक्ति; उपनाम।
epoophoron अॅपॅओॅ'फॅरॉन् n. (चि०, श० र० शा०) **अधिडिम्बग्रन्थि**ᶠ।
epopee –पॅपी n. प्रबन्धकाव्य, महाकाव्य या कविताᶠ, काव्य-प्रबन्ध।
epos अे'पॉस् n. प्राचीन अलिखित वीर-कविताᶠ, वीर रसप्रधान काव्य; महाकाव्य।
eprouvette अॅप्रुवे'ट् n. उत्स्फोट-परीक्षण-यन्त्र।
epsilon अॅप्साइ'लॅन् n. 'ए' ग्रीक भाषाᶠकी वर्णमालाᶠ-का पाँचवाँ शब्द।
Epsom अे'प्सॅम् n. सरे (Surrey) का एक नगर; ~Salt एक विरेचक, रेचक नमक, अधिकटु लवण, (रसा०, प्रा० भूगोल, कृषि०) **एप्सम लवण,** मैग्नेशियम सल्फेट; एप्समकी घुड़दौड़ᶠ सभाᶠ।
epsomite अे'प्समाइट् n. भ्राशिज, एक प्रकारका लवण।
E.P.T. Excess Profits Tax.
E.P.U. European Payments Union.
epulary इॅप्यू'लॅरि a. भोज-सम्बन्धी।
epulis इॅप्यू'लिस् n. (चि०) दंत-मांसार्बुद।
epuration अॅप्युअरे'शॅन् n. (राज०) निर्मलीकरण, स्वच्छ या शुद्ध करनेकी क्रियाᶠ, शोधन।
Eq. Equator; equational.
equability ई(अॅ)क्वॅबि'लिटि n. प्रशान्तताᶠ, समचित्तताᶠ, शान्त स्वभाव; एकरूपताᶠ, तुल्यताᶠ, समानताᶠ, बराबरीᶠ।
equable –क्वॅबॅल् a. समभाव, शान्तस्वभाव, धीर, प्रशान्त; (प्रा० भूगोल) **सम,** अचल, एकरूप, एकसम (*~climate*), एकसमान, समान, बराबर।
equableness –निस् n.=EQUABILITY.
equal¹* ई'क्वॅल् १. n. समकक्ष व्यक्ति, समपदस्थ, समान श्रेणीᶠ या स्थितिᶠका व्यक्ति (*mix with your ~s*); समान शक्तिवाला (*he had no ~*); (pl.) समान वस्तुएँᶠ (*if ~s be added to ~s*); २. (ग०भी) **सम,** तुल्य, **समान*,** समकक्ष, एक-सा, **बराबर*** (*the two are ~ in ability*); समरूप, समान योग्यताᶠ या शक्तिᶠका, उपयुक्त, समसाहसी; एकरूप, सामान्य (*~laws*); सन्तुलित, बराबरीᶠका; समस्वभाव; ~in all respects (ग०) सर्वांगसम;
~altitude, ~angle, ~bearing, ~forces, ~sacrifice.
equal² v.t. समकक्ष होना, समान बनाना, बराबर करना, बराबरीᶠ करना, एक-सा करना या होना।
equalitarian इॅक्वॉलिटेअॅ'रिअॅन् a. & n. समानवादी, साम्यवादी; सभी व्यक्तियोंके समान होनेके सिद्धान्तवाला।
equalitarianism –निज़्म् n. साम्यवाद, समानवाद, (शिक्षा०, दर्श०) **समतावाद**।
equality इॅक्वॉ'लिटि n. (ग०) **समिका**ᶠ; साम्य, तुल्यताᶠ, (विधा०, का०, गणि०, राज०) **समता**ᶠ, समानताᶠ, समकक्षताᶠ, बराबरीᶠ (जैसे, *is on an~with* वह उसकी बराबरीᶠ करता है, उसके समान है)।
equalization ईक्वॅलाइज़े'शॅन् n. समायोजन, समानीकरण, समीकरण, **समकरण,** समताप्राप्तिᶠ, तुल्यताᶠ, बराबरीᶠ; ~account समकारी लेखा।
equalize –क्वॅलाइज़् १. v.t. समीकरण करना, सम करना या होना, बराबर करना या होना; एक-दूसरेके समान रखना; २. v.i. बराबर-बराबर होना, (खेलमें) विरोधीदलके बराबर गोल करना।
equalizer –ज़ॅर् n. (विद्यु०) **समकार, समकारी,** समान करनेवाला।
equalizing –ज़िंग् a. समकर, **समकारी;**
~charge, ~error, ~fund, ~ring.
equanimity ईक्वॅनि'मिटि n. सन्तुलन, समभाव, (दर्श०) **समत्व, समचित्तता**ᶠ, स्थिरचित्तताᶠ, समानवृत्तिᶠ, चित्तकी समवृत्तिᶠ; शान्तिᶠ, धृतिᶠ, धीरताᶠ, शान्तचित्तताᶠ; आत्मसमर्पण, उत्सर्ग।
equanimous –मॅस् a. स्थिरधी, स्थितप्रज्ञ, स्थिरचित्त, समचित्त, प्रशान्त-चित्त, समभाव, स्थिर चित्तवृत्तिवाला।
equate इॅक्वे'ट् v.t. **समीकरण करना,** (गणि०) **समीकृत करना,** तुल्यताᶠ दिखाना, एकरूप या समानरूप मानना, बराबरीᶠ प्रकट करना।
equated–'टिड् a. समानित, समीकृत (*~payment*)।
equation –'शॅन् n. (गणि०) **समीकरण** (*~sign*), समीकार; संतुलन, भूरूᶠके सुधार या प्रतिफलके लिए प्रक्रियाᶠ या राशिᶠ, मोजरा; विषुवसमीकरण; निचले तथा स्पष्ट स्थानोंके बीचका अन्तर; समीकार या बराबरीᶠ दिखानेके लिए इस चिह्न (=)से सम्बन्धित समीकरणका सूत्र; personal~ वैयक्तिक समीकार, वैयक्तिक मन्दताᶠ-का फल (ला० भी); quadeatic ~ (ग०) वर्ग समीकरण।
equational –नॅल् a. समीकरण-सम्बन्धी; ~division समभाजन; ~theory समीकारवाद।
equator '–टॅर् n. (ज्यौ०, प्रा० भूगोल) **विषुवद्वृत्त,** विषुवन्मण्डल, निरक्षवृत्त, (ज्यौ०, प्रा० भूगोल) **विषुवद्-रेखा**ᶠ, **भूमध्यरेखा**ᶠ, भूकक्षाᶠ; **निरक्ष,** T.

equatorial ईक्वॅटॉ'रिॲल् a. (ज्यौ०, प्रा० भूगोल) **विषुवत्**, विषुवदीय, **विषुवद्वृत्तीय**, (वन०) **मध्यवृत्तीय**, निरक्ष-सम्बन्धी, (भौ०) **निरक्षीय**, (ज्यौ०, प्रा० भूगोल) **भूमध्य**, भूमध्यरेखा^{F}-सम्बन्धी, भूमध्यरेखा^{F}के समीप; ~ plane मध्यतल;

~air, ~calms, ~ climate, ~ colour, ~counter currents, ~currents, ~division, ~ forest, ~ front, ~ line, ~ mounting, ~ parallax, ~plane, ~ plate, ~ point, ~ time, ~trench.

equerry अे'क्वॅरि, इक्वे'रि n. अश्वपाल, घोड़सालका दारोगा; इंग्लैण्डके राजप्रासादका कर्मचारी।

equestrian इक्वे'स्'ट्रिॲन् १. n. अश्वारूढ, अश्वारोही, अश्वारोहण-कौशल-प्रदर्शक, घुड़सवार, चाबुकसवार, घोड़ेकी सवारी^{F}का प्रदर्शन करनेवाला; (प्रा० रोमके) सरदारोंकी व्यवस्था^{F}; २. a. अश्वीय, आश्विक, अश्वारोहण-सम्बन्धी।

equestrianism –निज़्म् n. अश्वारोहण-कला^{F}, घोड़सवारी^{F}।

equestrienne –अॅन् n. अश्वारोहिका^{F}, अश्वारोहिणी^{F}; घुड़सवार महिला^{F}, सरकसकी स्त्रीघुड़सवार^F या अश्वारोहिणी^{F}।

equi- सम-, समान, (जैसे, ~ *angular*, ~*distant*, ~*lateral*, ~*librium*)।

equiangular ईक्विॲनॅंग्यूलॅर् a. (निर्दे० ज्या०) **समकोणीय** (~ *hyperbola*, ~ *spiral*), समकोण, समकोणिक, **समानकोणिक**, तुल्यकोणिक, समान कोणोंवाला।

equibalance ईक्विबै'लॅन्स् n. समभार, समान भार।

equidifferent ई'क्विडि'फॅरॅन्ट् a. समवैभिन्न्ययुक्त, समान अन्तरका।

equidistant ईक्विडिस्'टॅन्ट् a. **समांतराली**; (गणि०, भौ०) **समदूरस्थ**, समदूर, समानान्तर, समान दूरी^{F}पर स्थित।

equiformity ईक्विफॉर्'मिटि n. समानता^{F}, समरूपता^{F}।

equilateral ईक्विलै'टॅरॅल् a. (रेखागणित) समभुजीय, (गणि० भी) **समबाहु**, (~*arch*), समान भुजावाला; समपार्श्व; ~ hyperbola (ग०) **समकोणीय अतिपरवलय**; ~triangle सम त्रिभुज।

equilibrant ईक्विलाइ'ब्रॅन्ट् n. (भौ०) **संतोलक**, **संतुलक**, **साम्यकारी**।

equilibrate –'ब्रेट् v.t. & i. समभार करना या होना; सन्तुलित करना या होना; समतोलन करना या होना, बराबर करना या होना, धड़ा करना।

equilibration –ब्रे'शॅन् n. (चि०) **साम्यधारण**, समतोलधारण, (गति०, कृषि०, रसा०, प्रा० भूगोल) सन्तुलन, समतोलन, धड़ा।

equilibrator –ब्रेटॅर् n. साम्य कल्पना^{F}; समावस्था^{F} करनेवाला, सम्प्रयोग, सन्तुलित रखनेवाला एक यन्त्र (*वायुयानमें*)।

equilibrist ईक्विलि'ब्रिस्ट n. भानमती, रस्सेपर नाचनेवाला नट।

equilibrity –ब्रिटि n. समतोलन, सन्तुलितत्व।

equilibrium –ब्रिअम् n. (गणि०, चि०, प्रा० भूगोल) **सन्तुलन**, सन्तुलित अवस्था^{F}, (चि०, स्थिति०, रसा०, जीव०) **साम्य**, (त्रि०, जीव०, गति०, स्थिति०, रसा०) **साम्यावस्था^{F}** (ला० एवं शा०, दर्श०) **समतोल**, समता^{F}, (अर्थ०) समभार, तुल्यभारता^{F}; तटस्थता^{F}; ~point (कृषि०) **साम्य-बिन्दु**, (अर्थ०) **सन्तुलन-बिन्दु**, समतोल-बिन्दु; ~price साम्य-मूल्य; *a body in stable* ~ पुनः सन्तुलन-प्राप्त शरीर;

~analysis, ~combination, ~constant, ~diagram, ~mixture, ~moisture, ~pressure.

equimolecular ईक्विमॉ'लिक्यूलॅर् n. (रसा०) **समाणुक** (~*solution*)।

equimultiple ईक्विमल्'टिपल् n. समापवर्त्य, तुल्यापवर्त्य, समगुणज।

extricable अे'क्स्‌ट्रिकॅबॅल् a. विमोचनीय, विमुक्त करने योग्य, सुलझाने योग्य।

extricate –केट् v.t. उद्धार करना, मुक्त करना, निस्तार देना, विमुक्त करना, छुड़ाना, सुलझाना; रासायनिक संयोगसे (गैस[F] आदिको) छोड़ देना।

extrication –के'शॅन् n. निस्तार, उद्धार, मुक्ति[F], विमोचन, छुटकारा, सुलझाव; त्राण, बचाव।

extrinsic अे'क्स्‌ट्रिन्'सिक् a. अनावश्यक, अप्रधान; बाह्य, बाहरी, बहिस्थ, विजातीय, असम्बन्धित, ऊपरी, बाहरी; बहिर्जात (~ *behaviour*), बहिःस्थ (~ *ligament*), बाह्यवर्ती; बहिश्चालित;
~ exarticulation, ~ evidence, ~ligament, ~ muscle, ~ value.

extrinsicality –सिकॅ'लिटि n. बाह्यता[F]।

extrorse अे'क्स्ट्रॉर्स् a. (शिक्षा०) **बहिर्मुख** (~ *lobes*)।

extroversion –ट्रॅवर्'सॅन् n. (शिक्षा०) **बहिर्मुखता**[F], बाह्यदर्शिता[F], (चि०) अंतर्बाह्यदर्शिता[F]।

extrovert –'ट्रॅवर्ट् n. दे० EXTRAVERT.; (शिक्षा०) **बहिर्मुख**।

extrude इॅक्स्ट्रूड् v.t. उत्सारण करना, (प्रा० भूगोल) **निःस्रवण करना, निःस्रावण करना,** उत्तोदन करना, बहिष्कार करना, बलपूर्वक बाहर कर देना, बाहर निकालना, निकाल फेंकना, धकियाना, ढकेलना।

extruded –'डिड् a. (प्रा० भूगोल) **निःस्रावित**।

extrusion –'ज़ॅन् n. (नैमा०, प्रा० भूगोल) **बहिर्निष्कासन; निःस्रवण, निःस्रावण,** (~ *moulding*, ~ *process*) उत्सारण, उत्तोदन, बहिष्करण, निकाला, निकासी; ~ moulding (यंत्र०) **पेच ढलाई**[F]; ~ process (यंत्र०) **बहिष्कार प्रक्रम**।

extrusive –'सिव् a. उत्सारणीय, उत्तोदनीय, बहिष्करणीय, (प्रा० भू०) **निःस्रावी** (~ *rock*) बाहर करने योग्य, निकाल फेंकने योग्य।

extuberance अे'क्स्ट्यू'बॅरॅन्स् n. अधिमांस, गंड, स्फोट, फोड़ा।

extuberant –न्ट् a. = PROTRUBERANT.

exuberance, -cy इॅग्ज़्यू'बॅरॅन्स्, -सि nn. बाहुल्य; आधिक्य, प्राचुर्य, समृद्धि[F], प्रचुरता[F]; ओजस्विता[F], उर्वरता[F], सम्पन्नता[F]; शब्दाडम्बर।

exuberant –न्ट् a. ओजस्वी, उल्लसित, भावनापूर्ण; उल्लासपूर्ण, ओजपूर्ण, अलंकृत, शब्दाडम्बरपूर्ण (भाषा[F]) प्रचुर, विपुल, समृद्ध, पुष्कल, बहुत; (शा० एवं ला०) बहुप्रसव, प्रचुरता[F] या बहुलता[F]से उर्वर, बहुप्रज, फलप्रद; (चि०) अतिप्रफलनशील; प्रचुरता[F]से बढ़नेवाला, तीव्र, उत्कट, समृद्ध, हरा-भरा, भरापूरा, बहुत अच्छा।

exuberate –रेट् v.i. जी भरकर करना, खुलकर किसी काममें लगना, मौज[F]से (कोई काम) करना; समृद्ध या परिपूर्ण होना, बाहुल्य होना, प्रचुर होना, भरपूर होना, हराभरा होना, रेलपेल होना।

exudate इॅग्'ज्यूडेट् १. n. उत्स्वेद, (चि०) स्राव, निःस्राव; (चि०) निर्यास; २. v t. & i. (वन०, रसा०, चि०) **निःस्रावण करना, निस्स्राव करना, स्राव करना, रिसना;** = EXUDE.

exudation –डे'शॅन् n. (चि०) निर्यास, निःस्रवण, (रसा०, वन०) **निःस्रावण,** निष्यंदन, उत्स्वेदन, निस्राव, स्वेदस्राव, प्रस्राव, (वन०, रसा०) **स्राव, स्रवण,** रस, पसीना; (वन०, रसा०) **रिसना**।

exudative अे'क्स्यू'डॅटिव् a. (चि०) निर्यास सम, स्रावी, प्रस्रावी, पसीनेकी तरह निकलनेवाला।

exude –ड्' v.i. & t. (चि०) निर्यास होना, निष्यन्दित होना, उत्स्वेदित होना, (रसा०) **निःस्रावण करना, स्रवण करना, स्राव होना,** स्रवित होना, पसीनेकी तरह रसकर बहना, **बहना,** रसना, रस निकलना, पसीजना, चूना, चुआना।

exult इॅग्ज़ल्ट्' v.i. गर्वका अनुभव करना, किसीपर अभिमान करना; हर्षोन्मत्त होना, परमहर्ष होना, जयोल्लास होना, विजयसे उल्लसित होना; परमानन्दित होना, प्रमुदित होना, अतिप्रसन्न होना, अत्यानन्दित होना, फूले न समाना, बागबाग होना।

exultancy –'टॅन्सि n. परमहर्ष, परमानन्द, उल्लास; विजयोल्लास, विजयाभिमान।

exultant –न्ट् a. आह्लादित, प्रमुदित, जयोल्लासपूर्ण, परम-प्रसन्न, आनन्दित।

exultation –टे'शॅन् n. आह्लाद, अत्यानन्द, परमानन्द, परम-हर्ष, प्रमोद, उल्लास, विजयाभिमान।

exuviae अे'क्स्यू'विई n. (pl.) जन्तुओंका परित्यक्त चर्म, निर्मोक, पपड़ी[F], पशुके शरीरकी झिल्ली[F], घोंघा, केंचुली[F], खाल[F], उतरन[F]।

exuvial –विॲल् a. निर्मोकीय, केंचुली-सम्बन्धी, उतरनका।

exuviate –अेट् v.t. & i. केंचुली[F] छोड़ना, खाल[F] फेंकना या उतारना (ला० भी), केंचुली[F] या मरी हुई खाल[F]के बाहर निकलना।

exuviation –अे'शॅन् n. चर्मत्याग, खाल[F] छोड़ना; (चि०) उपकालजनित अंग-प्रत्यंगोंका गिरना, जैसे दूध-दाँत।

ex voto अेक्स् वो'टो (L) n. मनौतीका उपहार; adv. शपथपूर्वक मनौती करते हुए।

eyas आइ'ॲस् n. श्येनक, सधानेके लिए घोंसलेसे निकाला हुआ बाजका छोटा बच्चा या जो सधाया जा रहा हो।

eye* आइ' १. n. अक्षि[F], चक्षु, (जीव, चि०, श०र०शा०) **नेत्र, दृष्टि**[F], (चि०, श० र० शा०, कृषि०, वन०, नौवि०, जीव०) **आँख**[F]*; आँख[F]का तारा, पुतली[F] (*blue, brown ~s*); **छिद्र;** अक्षिकोटर, नेत्रकोटर; (नौवि०) **गुब्बा, मूँद, अनी**[F], छल्ला, आँख[F] जैसी वस्तु[F] जैसे मोरके पंखपरकी आँख[F]; (यंत्र०) **तुकमा, मेढे; पोताक्ष** (~ *of a ship*); **फंदा** (~ *of a rope*); **नाका** (~ *of a needle*);

२. v.t. पर्यवेक्षण करना, सतर्क दृष्टि[F] रखना, दृष्टि[F], रखना, देखना, नजर[F] रखना; ~ ball अक्षिगोल, (चि०, शा० र० शा०, जीव०, रसा०) **नेत्रगोलक,** आँख[F]की पुतली[F], आँख[F]का डेला या गटा; ~-bath, ~-cup नेत्रचषक, आँख[F] धोनेका प्याला; ~-bolt नेत्रार्गली[F]; (यंत्र०) **सूराखदार बोल्ट, कुंडी काबला, कुंडी बोल्ट,** लोहेकी चिटखनी[F] जिसके सिरेपर आँकड़े आदिके लिए छेद हों; ~ bright (*euphrasy* भी) आँखों[F]के इलाजवाला पौधा; ~ brow भृकुटी[F], (चि०, शा० र० शा०, कृषि०, जीव०) **भ्रू[F], भौंह[F];** (नौवि०) **कार (पनरोक);** ~-drop अश्रु, आँसू; ~ drops (चि०) नेत्रबिन्दु, आँख[F]की दवाई[F], ~-glass (ज्यौ०) **उपनेत्र,** चक्षुताल, ऐनक, चश्मा; ~-hole अक्षि-छिद्र, निरीक्षण छिद्र, झाँकनेका छेद; **छोटा सूराख;** ~-lash (चि०, जीव०) **पक्ष्म,** पक्ष्मरोमालिका[F], अक्षिरोम, बरौनी[F]; ~ let (प्राणि०) **अँखुआ; छेद, सूराख;** ~-lid (चि०, जीव०) वर्त्म, **नेत्रच्छद,** पपोटा, **पलक;** ~-opener चक्षु उन्मीलक, अप्रत्याशित, विस्मयजनक अवस्था[F] या घटना[F] या दशा[F], आँखें[F] खोलनेवाली, असावधानी[F]से चौंका देनेवाली परिस्थिति[F]; ~-operation नेत्रशल्य; ~-piece (आँखके नजदीकका) नेत्रवीक्ष, अक्षिताल, उपनेत्र, नेत्रगोलक, **नेत्रक, नेत्रिका[F],** दूरबीन-का शीशा या ताल; T; ~ ring (भौ०) **निर्गम-द्वार, निर्गमकनीनिका[F];** ~-servant नौकर जो स्वामीके निरीक्षणके समय अच्छा काम करे; ~-service ऐसे नौकरका काम; ~-s front (सेना०) **सम्मुख;** ~ shot दृष्टिप्रसार, दूरी जहाँ तक कोई देख सके, *beyond, in, out of, shot (of)*; ~-spot तारा; ~-strings चक्षुपेशियाँ[F]; ~ sight दृष्टिशक्ति[F], दृष्टि[F], नजर[F], बीनाई[F]; ~ sore आँख[F]का काँटा; भद्दी चीज[F]; ~-splice (नौवि०) **अँखजोड़,** रस्सी[F]की लड़ियों[F]का फन्दा या जोड़; ~-tooth कुक्कुरदन्त, कुत्तादाँत; अक्षिदन्त; ~ wash अंजन, काजल, आँखों[F]में डालनेकी दवा[F]; (ग्रा०) केवल बातें[F], ढकोसला; ~ water अश्रु, आँसू, आँख[F]में छोड़नेकी दवाई[F], आँख[F]का कीचड़; ~-witness कर्मसाक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, चाक्षुष साक्षी, (का०) **अक्षिसाक्षी, दर्शनसाक्षी,** गवाह जिसके सामने घटना[F] घटित हुई हो, चश्मदीद गवाह; *all my ~ (& Betty Martin)* बकवाद[F], बकवास[F], बनावट[F], धोखा, ढकोसला, बेवकूफी[F]; *be all ~s* मनोयोगपूर्वक देखना, सतर्कता[F]से निरीक्षण करना, ध्यानपूर्वक देखना; *cast, sheep's ~* करुण या ललचाई दृष्टि[F]से देखना; *clap, set, ~s on* ध्यानसे देखना, घूरना, नजर[F] जमाना; *~ for ~* प्रतिशोध, बदला; *~ of day* सूर्य; *~ of needle* सुई[F]का नोका या छेद; *~s of her* (नौवि०) **पोतास;** *~s right, left, front* आँखें[F] दायीं, बायीं, सामनेकी ओर (घुमाओ); *hang on by the ~ lids* (ला०) सूक्ष्मरूपसे अवलम्बित करना, हलकेसे पकड़ना; *have an ~ for proportion etc.* अनुपातका ध्यान रखना, (किसी बात[F]का) निर्णायक होना; *have an ~ to* (किसी वस्तु[F]को) लक्ष्यमें रखना, किसी वस्तु[F]-पर दाँत होना, नजर[F]में रखना; *he sees a mote in other's ~ s but not a beam in his own* सूप बोले तो बोले, छलनी[F] क्या बोले जिसमें हजार छेद; *his ~s are bigger than his belly* तृष्णा[F] अधिक और खाना कम; *hook and ~* एक प्रकारका बँध या बँद, रस्सी[F]का फन्दा; तकमा; आलूका कल्ला; *if you had half an ~* यदि तुममें कुछ भी विचारशक्ति[F] होती; *in the ~ of the law* कानूनी दृष्टि[F]से; *in the ~s of* (अमुक) के विचारसे या राय[F]में; *in the mind's ~* ज्ञानचक्षु द्वारा, कल्पना[F]में; *in the wind's ~* वायु[F]की दिशा[F]में; *keep an ~ on* सतर्क रहना, सावधानी[F] बर्तना, दृष्टि[F] या नजर[F] रखना, निगरानी[F] करना (ला० भी); *lose an ~* एक आँख[F] (की दृष्टि[F]) जाती रहना; *made him open his ~s* आश्चर्य या अचम्भेसे नेत्रोंको विस्फारित करना, आँखें[F] खोल देना; *make ~s at* प्रेमभरी[F] दृष्टि[F]से देखना; आसक्तिपूर्ण या रसीली दृष्टि[F]से देखना; *mind your ~* सावधान रहना, होशियार रहना, अपनी आँखों[F]को बचाना; *mote in one's ~* दोष, आँख[F]का तिनका; *my ~(s)!* विस्मयबोधक प्रयोग; *open one's ~s to* किसीको स्पष्टतया अनुभव कराना, किसीकी आँखें[F] खोल देना; *pipe, put, one's finger in, one's ~* रोना; *saw with half an ~* सरसरी तौरपर देख लिया, एक झलक[F] पा ली, एक नजर[F] देख लिया; *see ~ to ~ (with)* सम्पूर्णतः सहमत होना, एकमत होना; *throw dust in the ~s of* (किसीकी) आँखों[F]में धूल झोंकना या डालना; *up to the ~s* बहुत अधिक व्यस्त; आँखों[F]तक डूबा हुआ, बाल-बाल बँधा हुआ (*up to the ~s in work*); *view with a friendly, jealous, ~* मित्रता[F] या द्वेषपूर्ण दृष्टि[F]से देखना; *what ~s see not, the heart rules not* न कुत्ता देखेगा न भूँकेगा; *wipe the ~ of (shooter)* शिकारीसे जो शिकार बचकर निकल गया हो उसे मारना; *with an ~ to* (इस) प्रयोजनसे (कि);

~ appraisement, ~ balm, ~bar, ~-bone, ~ cap, ~ centre, ~ colour, ~ darkroom, ~ department, ~ disease, ~-ear plane, ~ estimate, ~ fly, ~ idol, ~ lens, ~ letting, ~-level, ~ muscle, ~ outpatients department, ~ piece micrometer, ~-pit, ~-protector, ~ root, ~ seizing, ~ s front, ~ socket, ~-specialist, ~ spot, ~ stigma, ~-strain, ~ van, ~ vane, ~ward, ~-worm, ~ worm disease.

eyed –ड्' a. सनेत्र, आँखोंवाला (ला०)।

eyeless –इ'लिस् a. नेत्रहीन, अनयन, अनेत्र, अन्धा (ला०)।

eyelet –लिट् n. अक्षिका[F], छोटी आँख[F]; छिद्र, रन्ध्र, छेद, बचावका मार्ग, सूराख; (कपड़े या बादवान आदिमें

रस्सी^F, डोरी^F आदि बाँधनेके लिए) छोटा छेद; ~ hole अक्षिकाछिद्र; रन्ध्र, गवाक्ष, छोटा छेद जिससे देखा जा सके।

eyot अेट्' n. छोटा टापू, AIT.

eyra –अेॅर्' n. (दक्षिणी अमरीकाका) वन्यविडाल, जंगली बिल्ली^F।

eyre –अेॲर्' n. परिधि न्यायालय, चलन्यायालय, दौरा करनेवाली या गश्ती अदालत^F (जैसे, *Justices in E~*)।

eyrie अे(आ)'ॲरि n. आखेटपक्षि-नीड, शिकारी चिड़िया-का घोसला।

Ez. Ezra.

F

F letter (pl. *Fs*, *F's*) फ, अंग्रेजी वर्णमाला^F का छठा वर्ण; चौथा सुर (संगीत)।

F. Friday; Fellow of –; Fahrenheit.

F. fluorine.

f. following; farthing; feminine; fathom; foot; forte.

F.A. First (Examination in) Arts; Football Association.

Fa. Florida.

F.A.A. Fleex Air Arm.

f.a.a. free of all average.

F.A. and C.A.O. Financial Adviser and Chief Accounts Officer.

fabaceous फ़बे'शॅस् a. शिम्बी-सम्बन्धी, सेम^F की तरहका।

Fabian फ़े'बिॲन् a. दीर्घसूत्री; (शत्रुको पराजित करनेके लिए) सावधान एवं युद्धकुशल; ~ socialism (अर्थ०) **फेबियन समाजवाद**; ~ society दीर्घसूत्री समाज-वादियोंका दल।

Fabianism –निज़्म् n. समाजवादका एक रूप (फेबियन सोसाइटी^F के द्वारा प्रवर्तित)।

fable[1] फ़ेबॅल् n. पुरावृत्ताख्यान, पौराणिक कथा^F; आख्यायिका^F, **आख्यान**, गल्प^F, कल्पित तथा अलौकिक कथा^F, किस्सा; उपदेशप्रद पशु-कथा; कपोलकल्पना^F, निराधार वार्ता^F, बिना सिर-पैरकी बातचीत^F (*old wives' ~s*); कल्पित वस्तु^F, मिथ्यावस्तु^F, काल्पनिक पदार्थ; नाटक आदिका कथानक; असत्य कथन, झूठ, झूठा बयान।

fable[2] v.i. & t. (प्रा० और का०) कल्पित आख्यायिका^F बतलाना, कपोल कल्पित कथा-कहानी^F कहना; कोई बात^F बनाकर कहना, बनावटी बात^F करना, बहाना करना।

fabled –ड' a. पौराणिक, उपाख्यानोंमें वर्णित, कल्पित, काल्पनिक, कृत्रिम, मनगढ़न्त, बनावटी।

fabler –लॅर् n. गल्पकार, कथाकार, कहानीकार, आख्या-यिका^F का लेखक, गल्प^F बनानेवाला, मनगढ़न्त बातें^F कहनेवाला, कहानियाँ^F बनानेवाला, किस्सा बनानेवाला।

fabliau फ़ैब्'लो n. (pl. *-x*, *-z*) आख्यायिका^F, पद्य-कथा^F, प्राचीन फ्रांसीसी काव्यमें छन्दबद्ध कथा^F।

fabric फ़ै'ब्रिक् n. (शा० एवं ला०) रूपाकार, पिंजर, ढाँचा, क्रम; भवन, गृह, मकान, इमारत^F; जुड़ी हुई वस्तु^F; रचना^F, बनावट^F; (रसा०) **तान्तवक**, ऊति^F, कपड़ेकी बुनावट^F, जाली^F; वस्त्र, बुनी हुई वस्तु^F, कपड़ा; (pl.) **कपड़े**; ~ worker **पटकार**।

fabricant –कॅन्ट् a. संविरचयिता, गढ़नेवाला।

fabricate –केट् v.t. संविरचना^F करना, रचना, निर्माण करना, **बनाना, गढ़ना**, बुनना; (तथ्योंका) कपोलकल्पित सृजन करना, आविष्कृत करना, झूठ-मूठका बनाना, कपट रचना^F करना, (दस्तावेज या प्रलेख) जाली बनाना, जालसाजी^F करना।

fabricated –टि'ड् a. संविरचित, मिथ्यारचित, कूट, झूठा, (का०) **गढ़ा हुआ**; ~ adoption, ~ evidence, ~ ship.

fabrication –के'शॅन् n. संविरचना^F, रचना^F, निर्माण, (यंत्र०) **गढ़ाई**^F, गढ़न^F; मिथ्या रचना^F, कल्पित सृजन, कपट रचना^F, कूट, प्रपंच, जालसाजी^F; परिघाटन, प्रघाटन, घड़ाई^F, गढ़न^F।

fabricator –'ब्रिकेटॅर् n. (इति०) **रचक यंत्र, विरचक**, रचक, निर्माता, बनानेवाला, बुननेवाला; कूटरचक, मिथ्या-रचयिता, कल्पित सृजन करनेवाला, धूर्त, झूठा, जालसाज।

fabulise फ़ै'ब्यूलाइज़् v.i. गल्प^F या कथा^F के माध्यमसे कहना; गल्प^F लिखना, कथा^F लिखना, किस्सा-कहानी^F लिखना।

fabulist –लिस्ट् n. गल्पकार, कथाकार; मिथ्या[illegible]; गल्पस्रष्टा, गप्पी।

fabulosity –लॉ'सिटि n. पौराणिकता^F, अतिशयोक्ति^F, अविश्वसनीयता^F; काल्पनिकता^F; कथाप्रियता^F।

fabulous –'ब्यूलॅस् a. उपाख्यान-प्रेमी, उपाख्यान, आख्यायिका-प्रेमी, कल्पितकथाप्रिय, कहानीप्रिय (~ *historians*); कल्पित, काल्पनिक, अवास्तविक, कथामें वर्णित; अविश्वास्य, अविश्वसनीय, पौराणिक, अनैतिहासिक, अत्युक्त, अतिशयोक्त, निरर्थक, जाली, लच्चर; ~ age पुराणकाल।

fabulousness, fabulosity –नि'स, –लॉ'सिटि nn. कथारोचकता^F, कथाप्रियता^F, कहानीप्रियता^F; अवि-श्वसनीयता^F, अतिशयोक्ति^F, पौराणिकता^F, काल्पनिकता^F।

facade फ़ॅसाड्' n. सड़क^F या गली^F की ओर गृहका अग्रभाग, घरका मत्था, (पुरा०) **मुहार**, मोहरा।

face[1]* फ़ेस्' n. (घ० ज्या०, गणि०, इंजी०, प्रा० भूगोल, भौ०) पार्श्व, **फलक**, (इंजी०) पहल, वक्त्र, (चि०, शा० र० शा०, जीव०) **आनन**, वदन, मुख*, मुखाकृति^F,

(चि०, श० र० शा०, कृषि०, जीव०) **चेहरा***; आनन-दशा[F], वदनावस्था[F], मुखस्थिति[F], चेहरेकी हालत[F]; मुख-विकृति[F] (*make, pull, a* ~ or ~*s*); धार, औजारका फल; (स्था०) आगा, अग्रभाग; प्रत्यक्ष; सीधेकी ओर, घरके आगेका भाग, सीधे रुख; मुद्रा[F]का चेहरेवाला भाग जिस ओर मूर्त्ति[F] बनी रहती है, घड़ी[F] आदिका मुख (डायल), मकानका मोहरा; पृष्ठभाग, धरातल, ऊपरी भाग (*from the* ~ *of the earth*); बाह्यरूप, बाहरी पक्ष, दिखावा, तड़क-भड़क[F]; अविनय[F], धृष्टता[F], निर्लज्जता[F], गुस्ताखी[F]; शान्ति[F], धैर्य, धीरज; ~-ache वक्त्रपीड़ा[F], वातशूल[F], नसों[F]की पीड़ा[F]; ~ cards चित्रवाले ताशके पत्ते; ~-value (का०) **प्रत्यक्ष मूल्य**, अंकित मूल्य, अभिहित अर्घ[F], सिक्के आदिपर अंकित मूल्य; *carry two* ~ *under one hood* एक पर्देमें दो चेहरे; ~ *to* ~ प्रत्यक्ष, समक्ष, सम्मुख, सामने, आमने-सामने; ~ *to* ~ *with* प्रत्यक्ष होना, समक्ष आना, सम्मुख होना, सामने होना, आमने-सामने होना; *fly in the* ~ *of* आशोल्लंघन करना, खुल्लम-खुल्ला विरोध करना; *have the* ~ बहुत निर्लज्ज होना, लज्जा[F]को पी जाना, ढीठ होना; *her* ~ *is her fortune* सौन्दर्य ही उसकी सम्पत्ति[F] है; *in* ~ *of* विपरीत, सामने, ठीक सामने; *in* ~ *of or in the* ~ *of* होनेपर भी; *in the* ~ *of day* स्पष्टतया, साफ-साफ, खुल्लमखुल्ला, खुले रूपमें; *look one in the* ~ सम्मुख होना, धीरजके साथ सामने आना, किसीके सामने होना; *lose* ~ प्रतिष्ठा[F] खो देना, सुयश खोना, लज्जित होना; *on the* ~ *of it* वाह्यतः, प्रत्यक्षतः, ऊपर-ऊपरसे; *pull, wear, a long* ~ गम्भीरता[F]के साथ सोचना, गम्भीर दिखायी पड़ना, खिन्न दिखायी पड़ना, बिसूरना; *put a good, bold* ~ *on matter* झेंप[F] छिपाना या मिटाना; किसी मामलेका साहसके साथ सामना करना, किसी मामलेको अच्छी दशा[F]में प्रस्तुत करना, किसी मामलेमें धैर्य प्रकट करना; *put a new* ~ *on* आकृति[F] बदल देना, दशा[F] बदल देना; *save* one's ~ लाज[F] रखना, नाक[F] रखना, आन[F] बचाना, बात[F] रखना; *set* one's ~ *against* विरोधका दृढ़ निश्चय करना, विरुद्ध लड़नेकी ठान लेना, डट जाना; *show* one's ~ प्रकट होना; सम्मुख होना, सामने आना; *to* one's ~ उपस्थिति[F]में, किसीके सामने, मुँहपर या इस तरह कि वह सुन सके; *with wind, sun, in* one's ~ सूर्य या हवा[F]का सामना करते हुए;

~ amount, ~ angle, ~-centred, ~-cloth, ~-harden, ~-maker, ~ mark, ~ piece, ~-plait, ~-plate, ~ powder, ~ sheet, ~ towel, ~ urns, ~ veil, ~ washer, ~-wise, ~-work.

face[2] v.t. & i. उपस्थित होना, सामने आना, आ जाना (*the problem that* ~*s us*); डटकर सामना करना, चुनौती[F]के साथ विरोध करना, डटे रहना, जमकर सामना करना, जी न चुराना; सम्मुख होना, सामने होना (~ *page 20*); धरातलको समतल बनाना; (चामपर) रंग चढ़ाना; किसी चीज[F]की तह[F] चढ़ाना, लपेटना, मसाला लगाना; कपड़ेमें कालर-कफ आदि लगाना; अपने ही स्थानपर किसी दिशा[F]में घूम जाना (~ *left*); (गॉल्फ या हॉकीके) खेलके प्रारम्भमें दो विरोधी खिलाड़ियोंके बल्ले आदिके बीचमें गेंद[F] रखना (अतः ~ *off*); ताशके पत्तेको सीधे रख देना; (व्यक्तियों आदिका) देखना, (वस्तुओं[F]का) किसी निर्दिष्ट दिशा[F]में स्थित होना; ~ *matter out* किसी कामको पूरा कर देना, किसी मामलेको अन्तिम परिणाम या अवस्था[F] तक पहुँचा देना; ~ *opponent down* परास्त करना, नीचा दिखाना; घुड़कना, डाँटना, झिड़कना; ~ *the music* साहस न खोना, समयपर पीछे न हटना, सुस्त न पड़ना।

faced –ड्' a. अग्रभागवाला, मुखवाला; सम्मुख, समक्ष, प्रत्यक्ष, आमने-सामने।

facer –'सर् n. विपत्ति[F], कष्ट, आकस्मिक बड़ी कठिनाई[F]; थप्पड़, तमाचा।

facet फ़े'सिट् n. (रसा०, चि०, जीव०) **फलिका**[F], खण्ड, कई पहलूवाले छेदका एक पहलू; (रसा०, चि०, जीव०) **पृष्ठक**, पक्ष, पहल, पहलू; मुख, **मुखिका**[F], रुख; (चि०) दूसरेके साथ जुड़नेवाला फलक।

faceted –टिड् a. कई पहलूवाला, कई पहलू या रुखका।

facetiae फ़सी'शिई n. pl. (पुस्तकों[F]के सूचीपत्रमें) हास्य-पूर्ण या अश्लील पुस्तकें[F]; (बहु०) आमोद-प्रमोद, हास्य-विनोद, हँसी-ठिठोली[F]की बातें[F]।

facetious –शस् a. हासोत्पादक, विनोदी, परिहासशील, सरस, हँसोड़, मसखरा, मजाकिया, ठिठोलिया।

facetiousness –निस् n. विनोद, परिहासशीलता[F], हँसी-मजाक, ठिठोल, हँसोड़पन।

fach (G) n. विभाग।

facia –फ़े'शॅ n. (दूकान[F]के सामने दूकानदारके नामकी) तख्ती[F]।

facial फ़े'शल् १. n. (चिकित्सा[F]के विचारसे) मुखमर्दन, चेहरेपरकी मालिश[F]; २. a. वक्त्रीय, (चि०, श० र० शा०) **आनन-, मुख-सम्बन्धी**, मुँह या चेहरेका (~ *artery*); ~ angle वक्त्रकोण, मुखकोण, नथुनेसे कान और मस्तकतक जानेवाली दो रेखाओं[F]से बना हुआ कोण; ~ paralysis (चि०) अर्दित;

~ artery, ~ asymmetry, ~ colliculus, ~ expression, ~ muscle, ~ nerve, ~ suture, ~ vein, ~ vision.

-facient -फ़े'शन्ट -कर, -कारक, -कर्ता (विशेषण बनानेमें प्रयुक्त, जैसे, *absorbe*~, *aborti*~, *calori*~)।

facies फ़े'शिईज् n. (भूगर्भ०) समंजक, विरूपक; (चि०) मुखचर्या[F], मुखमुद्रा[F]।

facile फ़ै'सिल् a. शिष्ट, साधु, सज्जन, उदार, विनीत, विनयशील, सरल स्वभाव, सरल प्रकृतिका; सहजप्राप्त, सुकर, सुगम, सहज, सरल, सुप्राप्य, सुसाध्य, सहजसाध्य, आसान, सीधा।

facileness –निस् n. सरलता[F], सुकरता[F], सुगमता[F];

सुसाध्यता^F।

facile princeps फ़ै'सिलि प्रिन्'सेप्स् (L) pred. a. सहजमें प्रथम, अनायास प्रधान।

facilitate फ़'सि'लिटेट् v.t. सुकर बनाना, सुकर करना, सहज करना, सुविधाजनक बनाना, सुसाध्य बनाना, सुगम या सरल बनाना, आगे बढ़नेमें सहायता^F देना।

facilitated –टिड् a. सुकरकृत, निर्विघ्न, निर्विघ्नीकृत, सहज।

facilitation –टे'शॅन् n. सुसाध्यीकरण, सुगमीकरण, (शिक्षा०) **सरलीकरण**।

facility –'लिटि n. सौकर्य, सुकरता^F, (विधा०, चि०) **सुविधा**^F, सुगमता^F, सरलता^F, निर्विघ्नता^F, आसानी, सहूलियत^F (*give ~ies for, of doing*); कोमलता^F, लोच^F; लचक^F, नरमी^F; लचीलापन; व्याख्यान आदिमें दक्षता^F, सहजता^F, लाघव, कौशल, प्रवाह, क्षिप्रता^F।

facilis est descensus Averni (L) पाप करनेका या पतनका मार्ग सहज है।

facing फ़े'सिंग् n. (FACE² क्रियाके अर्थोंमें); किसी दिशा^Fमें घूमना; (सैनिककी जाकिटके) कफ और कालर; (प्रा० भूगोल) **लेपन**, दीवाल^Fपर विविध पदार्थोंका पलस्तर; (यंत्र०) **मोहरा**, **अगाड़ी**^F, मत्था; *put person through his ~s* किसी व्यक्तिके गुण तथा उसकी योग्यता^F आदिकी परीक्षा^F करना;

~ brick, ~ point, ~ sand, ~ substance.

facinorous, -nerious फ़'सि'नॅरॅस् aa. आततायी, अत्याचारी, बहुत दुष्ट, बड़ा बदमाश, बड़ा पाजी; बदनाम।

facinorousness –निस् n. दुराचार, अत्याचार, अति दुष्टता^F, बदमाशी^F; बदनामी^F।

facon de parler (F) n. बोलनेका ढंग।

facsimile फ़ै'क्सि'मिलि १. n. अनुचित्र, अनुलिपि^F, अनुप्रति^F, प्रतिरूप, (विद्यु०) **प्रतिकृति**^F, प्रतिलिपि^F, हूबहू नकल^F; २. v.t. अनुचित्र बनाना, अनुलिपि^F करना, प्रतिरूप बनाना, प्रतिलिपि^F लेना, हूबहू नकल^F करना; ~ signature (बैंक०) **प्रतिकृत हस्ताक्षर**, चित्र-हस्ताक्षर;

~impression, ~telegram, ~telegraphy.

facsimilist –लिस्ट् n. अनुचित्रकार, अनुलिपिकर्ता, प्रतिकृतिकार।

fact* फ़ैक्ट् n. कृति^F, कार्य (*before, after, the ~*); (रसा०, तर्क०, विधा०) **तथ्य***, सत्य, सच, सचाई^F (प्रायः व्याख्यात्मक उपवाक्यके साथ) (जैसे *the ~ that fire burns, of my having seen him*); वस्तुस्थिति^F, यथार्थता^F, वास्तविकता^F, हकीकत^F (*matter of ~*); तत्त्व, अनुमानकी आधारस्वरूप वस्तु^F (*his ~s are disputable*); ~-in-issue (का०) **विवाद-तथ्य**; *as a matter of ~, in ~* वस्तुतः।

-faction –फ़ैक्'शॅन् -करण, भवन, (-FY से युक्त क्रियाओंसे, क्रियावाचक संज्ञाएँ^F बनानेमें प्रयुक्त, जैसे, *satis~, petri~*)।

faction फ़ैक्'शॅन् n. दलबन्दी^F, गुटबन्दी^F; उपद्रवकारी या सिद्धान्त-शून्य दल, पक्ष, (राज०) **गुट**; द्वैध, पक्षभेद; ~ system (रेल०) **आंशिक पद्धति**^F।

factional –नॅल् a. कलहप्रिय, अराजक, उपद्रवी, सिद्धान्तहीन, दलबन्दी-सम्बन्धी, फसादी।

factionalism –लिज़्म् n. (अर्थ०) **गुटबन्दी**^F।

factionary –नॅरि n. धड़ेबाज, गुटबाज, बलवाई।

factionist –निस्ट् n. भेदोत्सर्जक; विरोधवादी।

factious –शॅस् a. पक्षभेदी, भेदकारी, कलहप्रिय, उपद्रवी।

factiousness –निस् n. कलहप्रियता^F, अराजकता^F, उपद्रवकारिता^F, सिद्धान्तशून्यता^F, दलबन्दी^F, गुटबन्दी^F।

factitious फ़ैक्'टिशॅस् a. कल्पित, **कृत्रिम**, बनावटी, खोटा, जाली, नकली।

factitiousness –निस n. कृत्रिमता^F, बनावट^F, जाल।

factitive फ़ैक्'टिटिव् a. पूरक, प्रवर्त्तक; (~ *verb*) द्विकर्मक क्रिया^F, 'बनाना', 'पुकारना' या 'समझना' के अर्थवाली क्रिया^F (जैसे, *he thought her mad*)।

factor फ़ैक्'टॅर् n. (गणि०) **गुणनखण्ड**, (~ *analysis, ~ group, ~ module*), **खण्ड**; (चि०) सहकारी कारण, (चि०) **तत्त्व**; किसी कार्यका (कृषि०) हेतु, साधन; अवयव (~ *analysis*), (प्रा० भूगोल, गणि०) **उपादान**, (रसा०) कारण; (प्रा० भूगोल) अंश; प्रतिकारक; (रसा०) गुणक; (वाणि०, प्रा० भूगोल, जीव०, तर्क०, चि०) **घटक**, (प्राणि०) **कारक**, **निमित्त**; कारिन्दा, गुमाश्ता, आढ़त^F या दस्तूरी^Fपर क्रय-विक्रय करनेवाला व्यापारी, अढ़तिया; प्रतिनिधि, अभिकर्त्ता; एजेण्ट (*coal ~*)।

factorage –रिज् n. अभिकर्त्ता या एजेण्टका शुल्क, व्यापारीकी आढ़त या दस्तूरी^F, आढ़तियेका बट्टा, (का०) **आढ़त**^F, दलाली^F; कमीशन।

factorial –टॉ'रिॲल् १. n. उपादानीय; (गणि०) **क्रमगुणित**; एक पूर्ण संख्या और सभी छोटी पूर्ण संख्याओंका गुणनफल; गुणनफल, समानान्तर श्रेणी^Fमें खण्डोंका गुणनफल; २. a. हत;

~ analysis, ~ experiment, ~ moment, ~ notation, ~ powers, ~ series, ~ zero.

factorisation –टॅराइज़े'शॅन् n. (गणि०) **गुणनखण्डन**।

factorise –टॅराइज़् v.t. गुणनखण्डोंमें विभक्त करना, गुणखण्ड करना, विभाग करना।

factory फ़ैक्'टरि n. निर्माणी^F, निर्माणिका^F, निर्माणशाला^F, शिल्पगृह, शिल्पशाला^F, (का०) **कारखाना**, **फैक्टरी**; (व्यापारिक कारखाने या कम्पनी^Fकी) (विदेशमें) व्यापारिक कोठी^F या स्टेशन; ~ hand श्रमिक, मजदूर;

~ act, ~ chimney, ~ cost, ~ dispensary, ~ division, ~ expense, ~ fumes, ~ inspector, ~ laws, ~ load, ~ officer, ~ premises, ~ price, ~ seal, ~ ship, ~ storekeeper,

~ system, ~ wages, ~ wall thermometer, ~ wastes, ~ workers' society.

factotum फ़ैक्टो'टॅम् n. किंकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक, स्वामीके सभी कार्योंका प्रबन्ध करनेवाला नौकर; सब काम करनेवाला नौकर, मुख्तार, गुमाश्ता।

factual फ़ैक्'ट्यूॲल् a. **सतथ्य,** तथ्य- (~ *data, knowledge*), तथ्यसहित; वास्तविक।

factuality –ऐ'लिटि n. तथ्यता^F, वास्तविकता^F, यथार्थता^F।

factum फ़ैक्'टॅम् n. (pl. *facta*) (का०) **तथ्य;** स्वकृत्य, कार्य, निश्चय।

facture फ़ैक्'च्युॲर् n. कर्मविज्ञता^F, कार्यकला^F; हस्त-कौशल, शिल्पकौशल, कारीगरी^F।

facula फ़ै'क्यूलॅ n. (ऋतु०) **अतिभा^F,** (सूर्यमें दिखायी पड़नेवाला) चमकदार चिह्न।

facultative फ़ै'कॅल्टेटिव् a. ऐच्छिक, वैकल्पिक; (चि०) **अनाग्रही** (~ *indorsement*, ~ *parasite*)।

faculty फ़ै'कॅल्टि n. (किसी भी विशिष्ट कामको करनेकी) शक्ति^F, क्षमता^F, योग्यता^F, कुशलता^F, कार्यदक्षता^F, कार्यकौशल; शरीर या अंगकी अन्तर्निहित शक्ति^F; कार्य-कारी क्षमता^F, प्रबन्धकारी शक्तियोग्यता^F; अनुज्ञा^F, अधिकार, किसी कामको करनेकी वैधानिक स्वतन्त्रता^F; अधिकाय, विद्याविभाग, विश्वविद्यालयका विभाग; (कला^F या विज्ञानका) प्रभाग; एक मानसिक शक्ति^F जैसे, संकल्प, इच्छा^F, तर्क; (कालेजका) शिक्षकवर्ग, स्टाफ; *the* ~ औषध^F व्यवसायके सदस्य।

facundity फ़ॅकॅन्'डिटि n. वाग्मिता^F, वाक्पटुता^F, वक्तृताशक्ति^F, भाषणकला^F।

fad फ़ैड्' n. प्रियसिद्धान्त, मन-बसी राय^F, सनक^F, धुन^F, झक^F; तुच्छ विषय।

faddiness, faddishness –'डिनिॅस्, –डिश्'निॅस् nn. झक्कीपन, सनकीपन।

faddish, faddy –डिश्, –डि aa. धुन^Fमें मस्त, झक्की, सनकी।

faddism –डिज़्म् n. धुन^F, झक^F, सनक^F।

faddist –डिस्ट् n. झक्की आदमी, सनकी आदमी।

fade¹ फ़ेड्' n. (रसा०) **धुँधलापन।**

fade² v.i. & t. (रंग आदिका) विवर्ण होना, मन्द पड़ जाना, पीला हो जाना, उतर जाना, हलका पड़ना, उड़ जाना, फीका होना; क्रमशः लुप्त होना, धीरे-धीरे गायब होना; रंग उड़ा देना, उतार देना; म्लान होना, शुष्क होना, सुखा देना, मुर्दा हो जाना, शिथिल होना, (विद्यु०) **जीर्ण होना,** क्षीण होना, मुरझाना, कुम्हला जाना, सूखना, कम होना, मद्धम पड़ना; ~ *in* **मन्दक खोलना;** श्राव्य बनाना, अश्राव्यता^Fसे ऊँचा करना, श्रवण-योग्य करना, सुननेके योग्य बनाना; ~ out **मन्दक बन्द करना;** (पर्देपर) धीरे-धीरे चित्र घुमाना, धीरे-धीरे चित्र हटाना।

faded –'डिड् a. विवर्ण, मन्द, फीका, हलका, मद्धम; म्लान, क्षीण, शिथिल।

fadeless –ड्'लिॅस् a. अम्लान, सदाबहार, हराभरा।

fader –'डॅर् n. **मन्दक** (~ *box*)।

fadge फ़ैज्' v.i. एकमत होना, सम्मत होना, सहमत होना; ठीक पड़ना, सज जाना; सफल होना; कामयाब होना।

fading फ़े'डिंग् n. (विद्यु०) **मन्दन** (~ *zone*), **मन्द होना; जीर्णन;** म्लानता^F, विवर्णता^F, मुरझाहट^F।

fadometer फ़ॅडॉ'मिॅटॅर् n. (रसा०) **विरंजतामापी।**

faecal फ़ी'कॅल् a. विष्ठाका; गादका, तलछटी^Fका, कीटका; ~ matter पुरीष, टट्टी^F; तलछट^F।

faeces –'सीज़् n. pl. (जीव०, चि०) **विष्ठा,** मल, गूथ, पाखाना, टट्टी^F; (कृषि०) **मल, गोबर आदि** (~ *collection*); (बहु०) उच्छिष्ट, अवशिष्ट भाग, कीट, गाद^F, तलछट^F।

faecula फ़ी'क्यूलॅ n. = FAECULA.

faerie, -ry फ़े'ॲरि, -रि १. n. अप्सराएँ^F, परियाँ^F; अप्सराओं^Fकी भूमि^F, अप्सरास्थान, परियों^Fका संसार, परीखाना, परिस्तान; २. a. कल्पित, काल्पनिक।

faffle फ़ै'फ़ॅल् v.i. हकलाकर बोलना, हकलाना।

fag फ़ैग्' १. n. अरुचिकर कार्य, अप्रिय काम; परिश्रान्ति^F, क्लान्ति^F, थकावट^F (*brain* ~); कठिन श्रम, घोर परिश्रम, सख्त मेहनत^F; (स्कूलोंमें) बड़ोंकी सेवा^F करनेवाला छोटा या जूनियर व्यक्ति; (ग्रा०) सिगरेट; २. v.i. & t. श्रान्त करना या होना, क्लान्त करना या होना, थकना, थकाना; घोर कष्ट उठाना, अत्यधिक परिश्रम करना, कठोर मेहनत^F करना, सख्त तकलीफ़^F उठाना, बेतरह मेहनत^F करना; (स्कूलमें, गुरुजनोंका) छोटोंसे सेवा^F कराना, छोटोंकी सेवा^Fसे लाभ उठाना, बड़ोंका काम करना, छोटोंका बड़ोंकी सेवा^F करना, काम लेना; ~-end अन्तिम भाग, अन्त, शेष, अवशेष, अवशिष्ट भाग; छोर; (परि०) **पोटो, उघड़ा सिरा;** ~ *out* (क्रिकेट) खेलाना, फ़ील्डिंग करना।

fagged –ड्' n. (परि०) **उघड़ा सिरा।**

faggery –'गॅरि n. कठिन श्रम, घोर परिश्रम; खेलाना, फ़ील्डिंग करना।

fagging फ़ै'गिंग् n. श्रान्तिदायक कर्म, थकानेवाला काम।

faggot, fagot फ़ै'गॅट्, फ़ै'गॅट् १. n. काष्ठभार, इन्धनका बोझ, इन्धनका गट्ठर या गट्ठा, लकड़ियाँ^F, छड़ोंका गट्ठा; यकृत या जिगरका कबाब; २. v.t. & i. इन्धनके गट्ठे बाँधना, गट्ठर बनाना; ~ vote कृतकमत, योग्यकृत मतदान।

fagine फ़ै'जीन् n. वल्कीन, करंजके पेड़से प्राप्त एक निद्रा-कारी औषध^F।

fagopyrum फ़ैगोपॉइरम् n. (वन०) कुट्टक, एक जड़ी^F।

fagotto फ़ॅगॉ'टो n. तुरही^F, शृंगी^F।

fagraea फ़ैगरीॲ n. (वन०) स्थूलपर्णी^F।

fagus फ़ै'गॅस् n. चिक्कणवल्क, करंजका पेड़।

fahlerz फ़ैह्लर्ज़ n. ताम्रधातु^F; कच्चा ताँबा।

Fahr. Fahrenheit.

Fahrenheit फ़ा'रॅन्हाइट् १. n. द्वात्रिंशादि तापमान, तापमान (जिसमें ३२° से लेकर २१२° होते हैं); २. a. तापमापक; तापमानीय।

F.A.I. Fellow of the (Chartered) Auctioneers' Institute.

faible फ़े'बॅल् n. प्रवृत्ति[F], इच्छा[F], झुकाव; त्रुटि[F], कमी[F], ऐब; दुर्बलता[F], कमजोरी[F], निर्बल भाग, = FOIBLE.

faience फ़ॉयॅन्स्' n. मिट्टी[F]का और चीनीमिट्टी[F]का सामान, बर्तन।

fail[1] फ़े'ल्' n. *without* ~ अवश्यमेव, निस्सन्देह, निश्चित रूपसे।

fail[2] v. i. & t. अयोग्य होना, असफल होना; (किसी कार्यको) न कर पाना, विफल होना, चूकना; अनुत्तीर्ण होना, (परि०) **न आना;** टाट उलटना, दीवाला निकालना, दिवालिया होना; न्यून होना, अपर्याप्त होना, आवश्यकता[F]से कम होना, हीन होना, कमी[F] पड़ जाना (*time would ~ me to tell*); अवहेलना[F] करना, उपेक्षा[F] करना; स्मरण न रखना, भूल[F] जाना, चूक[F] जाना (*he ~ ed to appear*); समाप्त हो जाना, विनष्ट हो जाना, मृत होना; उत्साह त्यागना, हिम्मत[F] हार जाना, हारकर बैठ जाना, थक जाना; आशाओं[F]पर तुषारपात करना, निराश या हताश करना, कपटपूर्ण सिद्ध होना, आशाओं[F]को तोड़ना (*the wind ~ ed us*); *words ~ me* मैं उचित रूपसे व्यक्त नहीं कर सकता हूँ।

failed–ड् a. अनुत्तीर्ण, असफल; (इंजी०) नष्ट; क्रियागत अर्थोंमें।

failing[1] –'लिंग् n. (FAIL क्रियाके अर्थोंमें); न्यूनता[F], अभाव, दुर्बलता[F], अगुण, त्रुटि[F], चूक[F], कमी[F], कोताही[F], कमजोरी[F]; **लोप होजाना**; ~ load (यंत्र०) **विनाशक भार**।

failing[2] prep. यदि न हुआ, न होनेपर (*~this*); ~ *whom* or *whom* ~ इसकी अनुपस्थिति[F]में।

failure –ल्यॅर n. अनुत्तीर्णता[F], विफलता[F], असफलता[F], चूक[F]; अभाव, घाटा, कमी[F], घटी[F], टोटा, टूट; (इंज०) भंजन, भंग, विनाश; असफल व्यक्ति या वस्तु[F], निष्फल प्रयत्न; **लोप**; (परि०) **खराबी**; दिवाला, दीवालियापन; ह्रास, क्षीणता[F], अवसाद, साहसका टूट जाना; (विधा०) **विफल, असफल**; (चि०) कार्याघात (heart ~)।

fain[1] फ़ेन् pred. a. & adv. कोई और चारा न होनेपर (किसी कामके करनेको) तैयार; परिस्थितिवश (कुछ करनेके लिए) उद्यत; इच्छुक; सानन्द, उल्लसित, आह्लादित।

fain[2], fains, fen (s) फ़ेन्, फ़ेन्ज़्, फ़ेॅन्(ज़्) (बच्चे) 'fains I' मैं नहीं (*~I wicket keeping!*)।

faineant फ़े'निॲन्ट् n. निरुद्योग अधिकारी, सुस्त आदमी, आलसी व्यक्ति, कामचोर अफसर।

faint[1] फ़ेन्ट्' a. अस्पष्ट, (रसा०) **मन्द** (~ *glow*), धीमा, (रसा०) **हलका**, शिथिल, फीका, पीला, धुँध-सा, धुँधला; भय या भूख[F] आदिसे मूर्च्छोन्मुख, मूर्च्छालु, चकराया हुआ, बेहोश; (वायु[F], गन्ध[F] आदि) अप्रिय, कठोर, निर्दय, क्रूर, रोग उत्पन्न करनेवाली; शक्तिहीन, निर्बल, कमजोर; भीरु, कातर, डरपोक, बुजदिल; आलसी, धीमा, सुस्त, कामचोर; ~-hearted a. भीरु, कातर, डरपोक, बुजदिल; ~-heartedness n. भीरुता[F], कातरता[F], बुजदिली[F]; *a ~ idea* अपर्याप्त विचार, हलका विचार; ~ or *feint lines, ruled ~* or *feint* लिखनेके लिए हलकी लकीरोंवाले (कागज)।

faint[2] १. n. मूर्छा[F], बेहोशी[F], गश[F]; २. v.i. मूर्च्छित होना, बेहोश होना, गश[F]में आ जाना (*~ed away*); आत्मसमर्पण करना, झुक जाना, डर जाना, हिम्मत[F] हारना, नामर्दी[F] दिखाना, बुजदिली[F] दिखाना; *in a dead ~* मूर्च्छित, अचेत, बिलकुल बेहोश।

fainting –'टिंग् n. (चि०) **मूर्च्छा[F]**; (परि०) **रूपण, निखारना, सीधा करना**।

faintish –टिश् a. भयभीत-सा, कातर-सा; मूर्च्छित-सा; आलसी-सा; अस्पष्ट-सा, धुँधला-सा।

faintness –ट्'निॅस् n. मूर्च्छा[F], बेहोशी[F]; भय, कातरता[F], बुजदिली[F]; अस्पष्टता[F], धुँधलापन।

fair[1] फ़ेॲर् n. हाट-बाजार, पैठ, मेला, गुदड़ी[F], नुमाइश[F]; *a day after the ~* बहुत विलम्ब, बहुत देर[F] बाद;
~ area, ~committee, ~ duty, ~ notice, F ~s Law.

fair[2] १. v.i. & t. अनुकूल होना, अच्छा होना; (नौवि०) **सीधा करना**, (जहाज, गाड़ी[F] आदि) अच्छा बनाना, सुथरा बनाना, साफ बनाना, चिकना बनाना; (दस्तावेज आदिकी) निर्दोष प्रतिलिपि[F] बनाना; २. a. निर्दोष, निष्कलंक, स्वच्छ, शुद्ध, निर्मल, साफ (~ *weather*), सुथरा, बेदाग (~ *water*); न्याययुक्त, यथावत्, यथायोग्य, उचित, निष्पक्ष, न्याय-संगत, न्याय्य, न्यायी; सन्तोषजनक, ठीक, अधिक, बहुत (*a ~heritage*) बाह्यतः युक्तिपूर्ण (~ *speeches*); मनोहर, सुन्दर, खूबसूरत, अच्छा; गोरा, गौरवर्ण, गेहुँए रंगका (*a ~ man*); लाभप्रद, लाभदायक; अबाध, निर्बाध, बेरोक; सज्जन, नेक, भला; ऋजु, सरल, सीधा ⊙; आशाजनक, होनहार; साधारण, सामान्य, मामूली, काफी अच्छा, औसत दर्जेका; a ~ स्त्री[F], नारी[F], औरत[F]; ~ & square ईमानदार; ~ day's pay (अर्थ०) **उचित वेतन**; ~ day's work (अर्थ०) **एक दिनका उचित काम**; ~ lead (नौवि०) **रस्सी भक्षक, मोबी**; ~ haired a. भूरे बालोंवाला; ~-minded न्यायप्रिय, निष्पक्ष; ~-play निरपेक्ष व्यवहार, साम्य व्यवहार, न्यायपूर्ण व्यवहार, ईमानदारी[F]; ~-seeming बाह्यतः न्याय्य; ~-spoken स्पष्टवादी; ~ trade पारस्परिक मुक्त वाणिज्यका सिद्धान्त; ~ way जल-पथ, **सुपथ**, (परि०) **जलवाह**, जहाज चलने योग्य समुद्री मार्ग, निर्विघ्न मार्ग; गाफके मैदानके निर्बाध मार्ग; ~ weather friends स्वार्थी मित्र, अच्छे समयके साथी; the ~ sex, the ~ स्त्री[F], महिला[F], औरत[F], *all's ~ in love and war*

लड़ाई^F और प्रेममें सब कुछ उचित है; *by ~ means* निरुपद्रव, निष्कपट, बिना उपद्रव किये, बिना उत्पात या बदमाशी^F किये, बिना धोखा किये, ईमानदारी^F तथा सच्चाई^F के साथ; *~without foul within* मुखमें राम बगल^F में छूरी^F, ऊपरसे राम-राम भीतर कसाईका काम; *in a ~ way to succeed* सफलता^F के निकट;

~ assessment, ~ average, ~ bid, ~-breasted, ~-browed, ~ cash value, ~-cheeked, ~-coloured, ~ comment, ~ competition, ~-complexioned, ~ copy, ~ curve, ~ day, ~ dealing, ~ duty, ~ estimate, ~-faced, ~-featured, ~ fluency, ~-fronted, ~ ground, ~ head, ~-hued, ~ knowledge, ~ letter, ~ measure, ~-natured, ~offer, ~ percentage, ~ play, ~ price, ~-priced, ~-price shop, ~ quality, ~ rent, ~ report, ~ returns, ~ sale, ~ selling price, ~-sized, ~-skinned, ~ treatment, ~ trial, ~ valuation, ~ visibility, ~ volume, ~ wages, ~ weather, ~ wind.

fair[3] adv. स्वच्छ, निर्मल, सीधा, सीधे नीचे गिरता हुआ; *~-spoken* विनीत, मृदु, नम्र, मिलनसार (ढंगसे); *~ and softly* सरलता^F से, धीरे-धीरे; *hit, fight, ~* सिद्धान्त या नियमके अनुसार लड़ना, धर्मयुद्ध लड़ना; *write out a ~ copy* स्पष्ट लिखना, साफ लिखना, शुद्ध प्रतिलिपि^F तैयार करना।

fairing –'रिंग् n. (वैमा०) **कर्षशासक;** (परि०) **सीधा करना;** मेलेमें खरीदा गया उपहार, प्रसाव, सौगात, भेंट^F, तोहफा; = STREAMLINING.

fairish –'रिश् a. मध्य श्रेणी^F का-सा, काफी अच्छा-सा।

fairly –र्'लि adv. बहुत कुछ।

fairness –'निॅस् n. निष्कलंकता^F, निष्पक्षता^F, स्वच्छता^F, निर्मलता^F, औचित्य, न्याय, न्याय्यता^F, न्यायसंगति^F, शोभा^F, चारुता^F, सौन्दर्य, गोराई^F।

fairy फ़ॆ'ॲरि १. n. परी^F, सुन्दर बालिका^F, २. a. अप्सराओं^F का, परियों^F का; काल्पनिक, कृत्रिम, कल्पित, बनावटी; अप्सराओं^F के सदृश, सुन्दर, मनोहर, कोमल, नरम, मुलायम, छोटा-सा, नन्हा-सा, नाजुक, परियों^F जैसा; ~ godmother कृपालु मित्र; ~ lamps, मायानगर, माया^F, शीशेका चिराग, तिलिस्म, जादू; ~ land गन्धर्वलोक, परियों^F का प्रदेश, परीलोक, परिस्तान; ~-ring हरिवलय, गहरे रंगकी घास^F का गोल धब्बा (कहते हैं कि यह परियों^F के नाचसे पैदा हो जाता है); ~ tale अद्भुत घटना^F, मिलाप आदिका विचित्र वर्णन, परियों^F की कहानी^F, परियों^F का किस्सा।

fairydom –'रिडॅम् n. गन्धर्वलोक, परिस्तान।

fairyhood –रिहुड् a. अप्सरापन, परीपन, परिस्तानीयता^F।

fairyism –रिइज़म् n. परियोंमें विश्वास।

fait accompli फ़ेट अॅकांप्ली (F) n. निश्चित वस्तु, निर्विवाद तथ्य।

faith फ़ेथ् n. भक्ति^F, (विधा०, दर्श०) **श्रद्धा**^F, (दर्श०) **निष्ठा**^F; (विधा०) **धर्म,** मत, दीन (*the Christian ~*); विश्रम्भ, प्रत्यय, विश्वास, (प्रमाणपर आधृत) प्रतीति^F, भरोसा, एतबार; प्रमाण, विश्वसनीय वस्तुएँ^F, निश्चय (*on the ~ of*); वचन, वादा, करार (*give ~*); अनुरक्ति^F; विश्वासपात्रता^F, सत्यसन्धता^F, ईमानदारी^F, *bad ~* असद्भाव, दुर्भाव, कपटपूर्ण भाव; blind ~ अन्धविश्वास, लकीर^F का फकीर; ~ cure, ~ curer, ~ healing, ~ healer विश्वासकी दवा^F, प्रार्थना^F द्वारा चिकित्सा^F; विश्वासकी दवा^F करनेवाला; punic ~ विश्वासघात, मक्कारी^F, गद्दारी^F; the ~ सच्चा धर्म; *~ moves a mountain* मन चंगा तो कठौती^F में गंगा; *good ~* सद्भाव, शुद्धमति^F, सद्विश्वास; *pin* one's ~ *to* or *upon* बिना सन्देहके विश्वास करना, बिना किसी हिचक^F के विश्वास करना।

faithful –'फुल् a. श्रद्धालु, निष्ठावान्; विश्वसनीय, भरोसेके योग्य; यथार्थ, यथातथ्य, ठीक-ठीक, सही; भक्त, विश्वासपात्र, वफादार; निश्चल, दृढ़, अडिग; धर्मी, विवेकी, पुण्यात्मा, शुद्धमति, ईमानदार, सच्चाई^F के साथ काम करनेवाला, सच्ची नीयत^F से काम करनेवाला; Father of the ~ खलीफा; the ~s (बहु०) अनुयायी।

faithfully –लि adv. (विशेषणके अर्थोंमें); (विधा०) **श्रद्धापूर्वक,** सद्हृदयेन; *deal ~ with* यथातथ्य कह देना, सची-सच्ची बात^F कह देना, खरी बात^F कह देना; *promise ~* (बोल०) पक्का वादा करना।

faithfulness –ल्'निॅस् n. (दर्श०) **निष्ठा**^F, श्रद्धा^F, श्रद्धालुता^F, विश्वास्यता^F, भक्ति^F, **अनुरक्ति**^F, ईमानदारी^F, **वफादारी**^F।

faithless –'लिॅस् a. अप्रत्ययी, अविश्वासी; श्रद्धाहीन, अनिष्ठावान्, अभक्त, धर्महीन, विश्वासघातक, कपटी, बेईमान, गद्दार।

faithlessness –निॅस् n. अप्रत्यय, विश्वासघात, अश्रद्धा^F, श्रद्धाहीनता^F, अभक्ति^F, अविश्वास, बेईमानी^F।

faitor फ़े'टॅर् n. (प्रायः *faitour*) वंचक, कपटी, प्रतारक, छली, ठग, धोखेबाज।

faix फ़ेक्स् int. सचमुच! धर्मसे!

fake[1] फ़ेक' १. n. **कुण्डली**^F; (परि०) **लड़ी** **(लंगर जंजीर)**; गेडुरी^F का एक चक्कर, लपेट^F; २. v. t. (रस्सी^F की) गेडुरी^F बनाना, लपेटना; ~ down (परि०) **कुंडली**^F **बनाना**।

fake[2] n. कपट, छल, गढ़ी हुई चीज^F, धोखा, मरम्मत^F की हुई वस्तु^F, चालबाजी^F, बनावटी झूठी चीजें^F, जाली सामान; **नकली, झूठा।**

fakement –'मॅन्ट् n. छल, कपट, धोखा, जाल, मरम्मत^F।

faker फ़े'कॅर् n. कपटी, जालसाज, जाली^F सामान बनानेवाला।

fakir, faquir फ़ॅकीॲर्, फ़ॅकीॲर' n. साधु, सन्त,

भिखारी, फकीर।

Falangist फ़लैन्'जिस्ट् n. स्पेनके फासिस्ट गुट्टमें विश्वास रखनेवाला।

falbala फैल्'बॅल् n. काट-छाँटF, कटाईF, झालरF, लटकनF।

falcate फॅल्'केट् a. वक्र, (वन०) दात्राकार, हँसिया-के आकारका, टेढ़ा।

falcated –टिॅड् a. दात्राकार, हँसियाFके आकारका, वक्र (चन्द्रमा आदि)।

falchion फ़ॉल्'चॅन् n. चन्द्रहास, वक्रखड्गF, चौड़ी टेढ़ी उन्नतोदर कृपाणF, तलवारF, तेग, हँसियाके आकारकी तलवारF।

falciform फ़ैल्'सिफ़ार्म_ a दात्राकार (~ *margin*), दात्र (~ *ligament, process*), दात्ररूप, हँसियाFके आकारका।

falcon फ़ॉ(ल्)'कन् n. श्येन, शशादन, शिकरा, बाज।

falconer –नॅर् n. श्यैनिक, श्येनजीवी, श्येनशिक्षक, श्येनपालक, बाजको पालने या सिखानेवाला; बाजकी सहायताF से शिकार करनेवाला।

falconet –नॅट् n. क्षुद्र श्येनजातिका पक्षी, मुड़े चोंचवाला एक पक्षी; छोटी तोपF, हलकी तोपF।

falconry –नॅरि n. श्येनपालन, श्येनशिक्षाF, बाजके पालनेकी विद्याF, बाजको सिखलानेकी कलाF।

falculate फ़ैल्'क्यूलॅट् a. क्षुद्रदात्ररूप, छोटे हँसियेके आकारका।

faldage फ़ॉल्'डिज् n. प्राचीन सीमान्तोंका एक विशेष खादाधिकार।

falderal फैल्डॅरैल् n. निःसार पदार्थ, अल्पमूल्यकी वस्तुF, खिलौना, दिखावटी चीजF, टीपटापकी चीजF; (संगीत) निरर्थक आलाप।

faldstool फ़ॉल्ड्'स्टूल् n. पूजाFका आसन, प्रार्थनाF-की चौकीF; घुटने टेकनेके लिए एक तिपाईF या चौकीF; प्रधान पादड़ीकी वेहरयेकी कुर्सीF।

fall फॉल् v.i. (*fell, ~en*) भूमिFपर मुँहके बल गिर पड़ना, औंधा जाना, आत्मघात करना, (~ *prostrate*; ~ *on* one's *sword*); पतन होना, नष्ट हो जाना, बर्बाद हो जाना; घटना, कम होना, उतरना, गिरना (*barometer, prices* ~); झुकना, ढलुआ होना; (नदीFका) समुद्र आदिमें गिरना; उखड़ जाना, टूटकर अलग हो जाना, लटक जाना, लटकते रहना; (नदीF आदिकी बाढ़Fका) घटना, कम होना; शिथिल होना, लटकना, झुकना (*eyes* ~); भय प्रकट करना, उद्विग्नताF दिखाना (*faces* ~); उच्च स्थानसे च्युत होना, प्रभाव खो देना, नीचे आना, शान खो बैठना (*statesmen* ~); गिरना, उतरना (*the remark fell from him*); यकायक टूट पड़ना, झपटना (*vengeance fell*); (किसी तिथिFपर) घटित होना (*Easter ~s early*); क्रममें आना (*what*), *now ~s to be described*); अचानक आ जाना; आ पड़ना, आ टपकना (*the lot fell upon me*); किसी स्थानपर होना या पड़ना, किसी दिशाFमें रहना (*his eyes fell upon me*); लौट आना, फिर उसी स्थानपर आना, पलटना, वापस आना (*revenues* ~ *to the crown*); किसी दशाF, अवस्थाF या परिस्थितिFमें होना, (*fell into a rage*), इस-इस प्रकार हो जाना, होना; ~ *aboard of* टकराना, भिड़ जाना; ~ *across* आ मिलना, अकस्मात् मिलना; ~ *astern* (परि०) पिछड़ना; ~ *away* खिसकना, अवनतिFकी ओर जाना, मिट जाना, ढह जाना; घुन लगना; अपना धर्म त्यागना; विद्रोह करना, गद्दारीF करना, बगावतF करना; त्याग देना, छोड़ना, फिर जाना; ~ *back* पीठF दिखाना, पिछड़ना, मैदान छोड़ना; ~ *back upon* आश्रय लेना, शरणF लेना, सहारा ढूँढ़ना; ~ *behind* पीछे रह जाना, पीछे छोड़ दिया जाना; ~ *down* ⊙ शोकार्त होना, दुःखी होना; ~*en angel* स्वर्गच्युत दूत, स्वर्गसे निष्कासित देवदूत; ~*en on evil times* विपत्तिF आना, दुर्भाग्य होना, बुरे दिन आना; ~ *flat* प्रभावहीन होना; ~ *for* ⊙ सौन्दर्यपर अनुरक्त होना, मुग्ध होना, किसीके गुणोंपर आसक्त होना; ~ *foul of* आक्रमण करना, झगड़ा करना, झझटF करना, टकरा जाना, टक्कर खाना, भिड़ जाना; ~ *from* बिछुड़ना; ~ *in* पंक्तिFमें आना, पंक्तिFमें खड़ा करना, पंक्तिFमें खड़ा होना; (भूमिF आदिका) प्राप्य होना, पानेके योग्य होना; मिल सकना; (किरायेका समय) समाप्त हो जाना; (ऋण आदिको) देनेके योग्य होना, अदा करनेके योग्य होना; (भवन आदिका) अन्दरकी ओर झुक जाना, फट जाना, धँस जाना, दरारF हो जाना; (सेना०) पंक्तिबद्ध, लाइनF बाँधो; ~ *into* (*lines*) पंक्तिबद्ध होना, पंक्तिFमें खड़े होना; ~ *in with* (किसी व्यक्तिसे) सहमत होना; (विचारोंको) स्वीकार करना, मान लेना; संयोगवश भेंटF हो जाना, अचानक मिल जाना; अपने आपको ढाल लेना, सहमत होना, ठीक-ठीक होना, उपयुक्त होना, टकराना; ~ *off* (प्रजाओंFका) विद्रोह करना, बगावतF करना; (जहाजका) पतवारके नियन्त्रणसे निकल जाना; पतित होना, भ्रष्ट होना, कम होना, घट जाना; अलग हो जाना, झड़ जाना, रह जाना, साथ छोड़ना, हाथ हटा लेना, वापस होना; ~ *on* भोजनपर टूट पड़ना, गिरना; युद्धमें भाग लेना; ~ (*up*) *on* आक्रमण करना, धावा बोलना, चढ़ाईF करना; ~ (*up*) *on* one's *feet* or *legs* आपत्तिFसे बच जाना, कठिनाईFसे बच निकलना; ~ *out* पंक्तिF छोड़ देना, अलग होना; अच्छा परिणाम होना, घटित होना, हो जाना; लड़ना, लड़ पड़ना, झगड़ पड़ना; (सेना०) पंक्ति भंग, लाइनF तोड़ो; ~ *out of* परित्याग करना, छोड़ देना; ~ *over* (के ऊपर) स्खलित होना, लड़खड़ाकर गिरना; ~ *short* अपर्याप्त होना, कम होना, घट जाना; (बाण या तीरका) लक्ष्यतक न पहुँचना; ~*short of* प्राप्त करनेमें असफल होना, न पा सकना; कम पड़ना; ~ *through* निष्फल होना, असफल रहना; ~ *to* प्रारम्भ कर देना; ~ *under* किसी

वस्तु^F का पात्र या विषय बनाया जाना, किसी प्रकारके विभाजन या श्रेणी^F में आना; ~ *upon* चढ़ाई^F करना, भिड़ना, पड़ना; ~ *within* सम्मिलित किया जाना, अन्तर्गत होना; *fortress* ~ *s* दुर्ग या किलेपर अधिकार हो गया, किला ले लिया गया; *houses* ~ घर ढह गये, चूर-चूर हो गये; *lambs* ~ मेमने जन्म लेते हैं, पैदा होते हैं; *plans* ~ *to the ground* योजनाएँ^F असफल होती हैं; योजनाएँ^F छोड़ दी जाती हैं; *wicket* ~*s* (क्रिकेट) बैटिंग^F करनेवाला खिलाड़ी आउट हो गया; *woman* ~*s* स्त्री^F सतीत्व खो बैठती है।

fall²* n. पात, (राज०) **पतन***, (ऋतु०) **अवपात,** गिरावट^F, गिराव; अवरोह, ढलान^F; स्त्रियों^F का एक प्रकारका बुरका, पर्दा; लोभमें फँसाव, लालच^F का शिकार हो जाना; कटी हुई लकड़ी^F की मात्रा^F; (नौवि०) **रस्सा,** आँकड़ेके ऊपरसे खींची जानेवाली रस्सी^F, कुश्ती^F का एक दाँव, इस दाँवका प्रयोग (*try a* ~ शा० एवं ला०); (प्रायः बहु०) जलप्रपात, (ऋतु०) **प्रपात, झरना, झाल,** चश्मा; झोल^F, मेमनोंकी संख्या^F, (~*of the year* or *leaf* भी) शिशिर ऋतु^F, (ऋतु०) **पतझड़** ⊙; ~back (यंत्र०) **झुकाव, झोंक;** *one wrong step may give you a* ~ बूँद^F का गया हौजसे नहीं आता;

~-board, ~ due, ~fish, ~ frost, ~pipe, ~plough, ~-sow, ~time, ~-trap, ~way, ~zone.

fallable –'लेवॅल् a. पतन योग्य, अवरोहणीय।

fallacious फ़ॅले'शॅस् a. (दर्श०) **सदोष,** भ्रान्तिकारी, भ्रमजनक, भ्रामक, भ्रान्तिमय, आभासी, आभासिक, हेत्वाभासिक, मिथ्या, तर्कहीन, ~reasoning तर्काभास।

fallaciousness –'निस् n. माया^F, भ्रान्ति^F, भ्रामकता^F, अतार्किकता^F, तर्कहीनता^F।

fallacy फ़ै'लॅसि n. भ्रान्ति^F, भ्रम, छल, धोखा, गलती^F; (तर्कों या विश्वासोंका) फेर, भुलावा; नैराश्य, निराशा, निराशापूर्णता^F; कपट, भ्रमजाल, तर्कहीनता^F, अतार्किकता^F, भ्रमजनक तर्क, भ्रान्तिमय या भ्रामक तर्क; (दर्श०) **तर्कदोष;** आभास, पक्षाभास, (अर्थ०) **सत्याभास,** (दर्श०) **तर्काभास,** (गणि०, अर्थ०, तर्क०) **हेत्वाभास** (तर्कशास्त्रमें); वाक्छल, मिथ्या ज्ञान, मिथ्या वाद।

fallal फ़ैल्'लैल् n. आडम्बर, सजधज^F, टीपटाप^F।

fallal(l)ery फैलै'लॅरि n. आडम्बर, सजधज^F, टीपटाप^F।

fallen फ़ॉ'लॅन् p p. of FALL,

fallibility फ़ैलिबि'लिटि n. भ्रमशीलता^F, भ्रमपात्रता^F, स्खलनशीलता^F।

fallible फ़ै'लिबॅल a. भ्रान्त, भ्रमशील, स्खलनशील, पतनशील, मोघ, चूकनेवाला, भूल करनेवाला।

falling फ़ॉ'लिंग् n. (ऋतु०) **अवपतन, गिरना;** पतनशील, गिरता हुआ; ~ *in with* (नौवि०) मेल; ~gradient **ढाल, उतार;** ~sickness अपस्मार रोग, मिरगी; ~ star (ज्यौ०) **उल्का;** ~ weather ⊙ पावस, वर्षाकाल; ~ of the womb (चि०) गर्भाशय-भ्रंश; ~ over ⊙ अति क्षिप्रता^F से, बड़ी तेजी^F के साथ;

~body, ~leaf, ~plate, ~ shutter, ~ snow, ~tide, ~time.

fallopian फ़ैलो'पिॲन् a. (चि०) डिम्बवाही नलिकाएँ^F (फालोपियस शारीर-शास्त्रज्ञके नामपर)।

fallow¹ फ़ॅ'लो १. n. अनुप्त भूमि^F, ऊसर, (कृषि०) **परती^F;** बंजर भूमि^F, २. v.t. बोनेके लिए परती^F तोड़ना, घास^F मोथा तोड़नेके लिए जुताथी^F करना; ३. a. अनुप्त, अकृष्ट, ऊसर, बिना जोती-बोयी हुई; (कृषि०) **परती** (~ *land*), **खाली,** जोतकर तथा हेंगा देकर सालभरके लिए बिना बोये हुए छोड़ी हुई; ~finch गेहूँकी बाली^F; green ~ घासवाली परती^F।

fallow² a. आरक्त, हलका लाल, हलका भूरा; ~deer चिकारा; रक्तहिरणसे छोटा हिरण।

fallowing –'लोइंग् n. (कृषि०) **परती छोड़ना, खाली छोड़ना।**

fallowness –लोनिॅस् n. अनुप्तत्व, अकृष्टता^F, ऊसरपन।

false* फ़ाल्स्' a. & adv. अयथार्थ, अशुद्ध, अतथ्य, गलत (~ *idea*); भ्रमात्मक, भ्रमपूर्ण, (वन०, का०) **कूट,** भ्रमोत्पादक (~ *mirror*); (प्रा० भूगोल) आभासी, कृत्रिम, अवास्तविक, खोटा, जाली, बनावटी, **नकली** (~ *coin, face*); (प्रा० भूगोल, का०) **मिथ्या*,** असत्य, कपटी, कपटपूर्ण, धोखेबाज, मिथ्याभाषी^F, झूठा*; बनावटी, कल्पित; ~ bottom मिथ्या तल; जहाजका अनावश्यक या आकस्मिक पर्दा; ~ cause कारणभास; ~ colours मिथ्याध्वज, अनधिकृत ध्वज, जाली झण्डा (जिसके प्रयोग करनेका अधिकार न हो); ~concord व्याकरणके (वचन, लिंग, कारक, पुरुषसम्बन्धी) संगति-नियमका उल्लंघन; ~ imprisonment अकारण या अवैध कारावास^F; ~ pains (चि०) प्रसवहीन आवीसम पीड़ा^F, मिथ्याआवी; ~ position (सिद्धान्त-विरुद्ध आचरण करनेके लिए) बाध्य करनेवाली परिस्थिति^F, अनवस्था^F; अड़चन^F, ~ pride, shame मिथ्याभिमान, मिथ्यालज्जा^F; ~ quantity छन्द या उच्चारणमें स्वरकी अशुद्धतापूर्ण दीर्घता^F; ~ rile (चि०) गौण पर्शुका^F; ~ start दौड़^F का नियमविरुद्ध प्रारम्भ; ~ step उल्लंघन, लड़खड़ाहट^F, भूल^F, गलती^F; *play person* ~ कपट करना, किसीके साथ विश्वासघात करना, धोखा देना;

~ account, ~ accuracy, ~ accusation, ~ alarm, ~ analogy, ~ arch, ~ assumption, ~ balance, ~ balance-sheet, ~ bank-note ~ baseline, ~ bedding, ~ blossom, ~ bottom, ~ charge, ~ claim, ~ conception, ~ copy, ~ crest, ~ dichotomy, ~ document, ~ entry, ~ evidence, ~ face, ~ fertilization, ~fruit, ~ generalization, ~ horizon, ~ image, ~ impression,

~ imprisonment, ~ information, ~ keel, ~light, ~measure, ~notions, ~ore, ~palate, ~ perception, ~ personation, ~ planning, ~position, ~post, ~ pretence, ~ property mark, ~ rail, ~ reason, ~ return, ~ ribs, ~ring, ~ roof, ~ rumour, ~ sandalwood, ~sarsaparilla, ~septem, ~shame, ~signal, ~ smut, ~ standardisation, ~ statement, ~ station, ~ stem, ~ straddle, ~ swearing, ~ testimony, ~ tissue, ~ token, ~ trade, ~ description, ~ trademark, ~ vocal cords, ~ weight, ~ work.

falsehood –'हुड् n. मिथ्योक्ति^F, असत्य भाषण, असत्य, (दर्श०) **झूठ;** अयथार्थ वस्तु^F, असत्य वस्तु^F, तथ्यविरुद्ध वस्तु^F; (दर्श०) **मिथ्यात्व,** कृत्रिमता^F, कपटता^F, असत्यता^F, झुठाई^F ।

falsely –'लि adv. मृषा, मिथ्या, झूठमूठ ।

falseness –'निस् n. मिथ्यात्व, असत्यता^F, कपटता^F, झुठाई^F, झूठ; कृत्रिमता^F, नकलीपन, जालीपन ।

falsetto फ़ॉल्से'टो n. (pl. ·os) कृत्रिम स्वर, अस्वाभाविक स्वर, साधारणसे अधिक ऊँचा स्वर, भों-भोंकी आवाज^F ।

falsidical फ़ैल्सि'डिकॅल् a. भ्रमात्मक, मिथ्या अर्थ-द्योतक, गलत मानी बतानेवाला ।

falsifiable फॉल्'सिफाइॲबॅल् a. कूटकरणीय, मिथ्या सिद्ध करनेमें सहज या योग्य ।

falsification –फ़िके'शॅन् n. कूटकरण, मिथ्याप्रदर्शन, भ्रान्तकथन, अशुद्धीकरण, कूटरचना^F, जालसाजी^F, (का०) **मिथ्या बनाना;** ~ table **झूठी सारिणी^F ।**

falsifier –'सिफ़ाइॲर् n. कूटकर्ता, मिथ्या सिद्ध करनेवाला ।

falsify –इ v.t. (दर्श०) **मिथ्या करना,** मिथ्या सिद्ध करना, दूषित करना; अशुद्ध या गलत करना, उलटना; आशाभंग करना, निराश करना, आशाओं^Fपर पानी फेरना; भय मिटाना, हटाना; (दस्तावेजमें) जाल करना, गढ़ना; असत्य या बनावटी रूपमें प्रस्तुत करना ।

falsity फ़ॉल्'सिटि n. मिथ्यात्व, कापट्य, कपटता^F, असत्यता^F, कृत्रिमता^F, झूठ ।

falter फ़ॉल्'टॅर् v. i. & t. अटक-अटककर बोलना, हकलाना, तुतलाना; हतोत्साह होना, विमुख होना, डिग जाना, ठमकना; डगमगाना, हिचकिचाना, लड़खड़ाना, लटपटाना, मचकना; ~ *out* अटक-अटक या रुक-रुककर बोलना, हकलाकर कहना, तुतलाकर बोलना ।

faltering –रिंग् n. & a. स्खलन, स्वरभंग; हिचकिचानेवाला, आगा-पीछा करते हुए, हिचकिचाते हुए ।

falx फैल्क्स् n. निमस्तिष्क-प्रकोष्ठ; ~ cerebri (चि०) (श० र० शा०) **प्रमस्तिष्क दात्र ।**

fam. familiar, family.

F.A.M. Free and Accepted Masons.

fama clamosa (L) n. प्रचलित दुर्नाम ।

fame[1] फ़ेम् n. यश, कीर्ति^F, श्री^F, आदर, मान, गौरव, प्रतिष्ठा^F, ख्याति^F, प्रसिद्धि^F, नाम; जनश्रुति^F, लोकप्रवाद, चर्चा^F, *house of ill* ~ वेश्यागृह, रण्डीखाना ।

fame[2] v.t. लोकश्रुत होना, प्रसिद्ध होना, मशहूर होना; (भू० कृ०) (शौर्य आदिके लिए) लोकविश्रुत, प्रतिष्ठित, विख्यात, सुकीर्तित, प्रसिद्ध ।

famed –ड्' a. प्रसिद्ध, विख्यात ।

fameless –म्'लिस् a. कीर्तिहीन, यशोहीन ।

familial फ़ॅमि'लिॲल् a. कुलागत, (शिक्षा०) **कौटुम्बिक,** (मनो०) **पारिवारिक,** एक परिवार अथवा कुटुम्बके (गुण, दोष आदि) ।

familiar –ल्यॅर् १. n. अन्तरंग सुहृद्, घनिष्ठ मित्र, साथी, लँगोटिया यार; पादड़ी या अध्यक्ष-पादड़ीके घरपर निर्धारित कार्य करनेवाला व्यक्ति; २. a. अन्तरंग, घनिष्ठ, प्रगाढ़; (किसी विषयसे) सुपरिचित, सुज्ञात, सुविदित (~ *example*), पूर्णपरिचित, (रसा०) **परिचित,** विज्ञात, जाना बूझा; स्वतन्त्र, स्वाधीन, शिष्टाचारके विरुद्ध; प्रचलित, प्रसिद्ध, साधारण; अपने कुटुम्ब या कुलका, अपने परिवारका, अपने वंश या घरानेका; ~ spirit or ~ भूत, जिन ।

familiarism –रिज़्म् n. घनिष्ठोंके मध्य ही प्रयुक्त वाक्य, अन्तरंग व्यवहार आदि ।

familiarity –लिॲ'रिटि n. अन्तरंगता^F, सुहृदता^F, मैत्री^F, घनिष्ठता^F, परिचय, मित्रता^F, जानपहचान^F; स्वतन्त्रता^F, स्वातन्त्र्य, स्वाधीनता^F, बड़ों और छोटोंके साथ समव्यवहार; रति भावना^Fसे घनिष्ठता^F, (बहु०) लाड़-प्यार, चुम्बनादि; ~ *breeds contempt* अति-परिचयादवज्ञा^F, कद्र कम करता है रोजका आना जाना ।

familiarization –ल्यॅराइज़े'शॅन् n. **परिचायक** (~*flight*); विख्यातीकरण, अभ्यासीकरण, परिचयीकरण ।

familiarize –ल्यॅराइज़् v.t. परिचित होना, सुपरिचित कराना, अभ्यास करना, आदी बनाना; सुविख्यात करना, प्रसिद्ध करना, प्रख्यात करना, सुविदित करना ।

familism फ़ै'मिलिज़्म् n. पारिवारिक भावना^F, कुटुम्ब-वाद, परिवारवाद; परिवारवादियोंका सिद्धान्त ।

family* –लि n. (प्राणि०) **परिवार*, कुटुम्ब*,** वंश, गृह, कुल, जाति^F, पूर्वजकी सन्तानें^F, पीढ़ी^F, सजातीय मनुष्य, एक ही जाति^F या नस्ल^Fके लोग, घराना, कुनबा, कौम; समूह, (प्रायः) वर्गका उपविभाग; परस्पर सम्बद्ध जातियों^Fका दल; सहलक्षणीय वस्तुओं^Fका समूह, समान वस्तुओं^Fका ऐक्य; सन्तति^F, सन्तान^F, औलाद^F; माता-पिता, बच्चे या सम्बन्धी (जो साथ रहें या न रहें); एक परिवारके सदस्य माता-पिता, बच्चे, सेवक आदि; राजनैतिक अथवा धार्मिक सम्बन्धोंसे संयुक्त राष्ट्रों या व्यक्तियोंका भ्रातृभाव, बन्धुता^F; T.; ~ arrangement कौटुम्बिक या पारिवारिक प्रबन्ध; ~ Bible वंशावली-बाइबिल^F; ~ butcher etc. घरों या परिवारोंको मांसादि देनेवाला कसाई; ~ head कर्ता; ~ likeness सम्बन्धियोंके बीच सादृश्य, सदृशता^F, थोड़ा-बहुत साम्य; ~ living पादरीकी वृत्ति^F जिसको परिवारका प्रधान

दानस्वरूप देता है; ~ man परिवारवाला व्यक्ति, गृहस्थ; ~ tree (का०) **वंशवृक्ष**, वंशावली; happy ~ विभिन्न जाति^F^के पशु जो एक ही पिंजड़ेमें रहते हैं; Holy ~ चित्रमें चित्रित माता^F^ मेरी^F^, ईसादेव, सेण्ट यूसुफ, सेण्ट जॉन और सेण्ट इलिज़ाबेथ^F^; *in the ~ way* गर्भवती^F^;
~ agreement, ~ allotment, ~allowance, ~ area, ~ arrangement, ~ atavism, ~ budget, ~ constellation, ~ custom, ~ debt, ~ doctor, ~ earnings, ~ expense, ~ farm, ~ feast, ~ feud, ~ freedom, ~ head, ~ history, ~ hospital, ~ hotel, ~ meeting, ~ member, ~ name, ~ party, ~ pedigree, ~ pension, ~ pension funds, ~ physician, ~ planning, ~ quarters, ~ ration card, ~ relation, ~ rest house, ~ settlement, ~ sites, ~ size, ~ style, ~-ticket, ~ use, ~ wage, ~ ward, ~ wing.

famine फ़ै'मिन् n. दुष्काल, (अर्थ०) **दुर्भिक्ष,** (अर्थ०) **अकाल,** अनाहारसमय, आहाराभाव; किसी विशिष्ट वस्तु^F^का अभाव, कष्ट, दुर्लभता^F^; किल्लत^F^; क्षुधा^F^, बुभुक्षा^F^, भूख^F^ (*die of ~*); अवृष्टि^F^; ~ fever (चि०) पुनरावर्ती ज्वर, तंद्रिक ज्वर; ~ prices किसी वस्तु^F^के अभावके कारण बढ़ा हुआ मूल्य, अकालके समयमें बढ़ा हुआ मूल्य; ~ stricken अकालपीड़ित;
~ camp, ~ code, ~ duty, ~ expenditure, ~ form, ~ insurance fund, ~ insurance grant, ~ programme, ~ relief, ~ relief fund, ~ relief measure, ~ statements.

famish -मिश् v.t. & i. भूखों मरना या मारना, फाके करना; *be ~ ing* (बोल०) क्षुधार्त होना, भूख^F^ लगना।

famished -ड्' a. क्षुत्क्षाम, क्षुधार्त, बुभुक्षाग्रस्त, बुभुक्षित।

famishing -शिंग् a. क्षुधित, बुभुक्षात्रस्त, भूखा।

famishment -श्-मेन्ट् n बुभुक्षा^F^, अनाहार, क्षुत्पीडा^F^, बुभुक्षामरण, भूखसे मरनेकी स्थिति^F^।

flix फ़्लिक्स्' n. उमा[F], आभ्यन्तरिक ऊर्णा[F]।

float¹ फ़्लोट् n. तैरती हुई घास[F] या बर्फ[F] आदिका ढेर; (क०) प्रवहमान वस्तु[F], प्लव, तिरौंदा; (~ *run*) (नौवि०) **तरिंदा; सिरना,** तूंबी, T; ताने-बानेका डोरा; मछली[F]के शरीरका वह भाग जिसके सहारे मछली[F] तैरती है; (रंगमंचपरका) प्रकाश; (प्रा० भूगोल) **उत्प्लविका, तरणिका,** तरणी; बेड़ा, घड़नई[F], घन्नई[F], **(तुम्बी;)** उडप; एकहरी काटकी रेती[F], (मछली[F]के शिकारमें) तैरता हुआ काग या पर; करनी[F], थापी[F], पलस्तरको चिकना करनेका हथियार; खोखला गोला (जो हौजकी टोंटी[F] या नली[F]को ठीक रखता है); पहियोंपर बना मंच; रात्रि-प्रकाश; एक प्रकारकी छोटी या नीची गाड़ी[F]; ~-bridge पीपों या उडपका पुल, नौसेतु; ~chamber **प्लव कोष्ठ,** T; ~sam (नौवि०) **बहता माल; ~tank तरण टंकी;** ~-stone प्लवोपल, पत्थरका औजार जो खुरदुरी ईंटों[F]को चिकना करता है।

~ gauge, ~ level, ~ stone, ~ test, ~ trap, ~ valve.

float² v.t. & i. प्रवाहित करना, प्रवहमान करना, तैरा देना, बहाना; जलमग्न करना, जलप्लावित करना, डुबो देना; धारा[F]के साथ बहना, तैरना; **उतराना;** (जल आदिका हलकी वस्तु[F]को) साथ-साथ ले चलना, साथ बहाना, सहारा देना, ऊपर उठाये रखना, सँभाले रहना; (रेत[F], चट्टान[F] या तटपर आये हुए जहाजका) प्रवाहमें आना, पानीपर आ जाना; तरल पदार्थमें बिना किसी रोकके लटका होना, रुका रहना; हवा[F]में किसी वस्तु[F]को उड़ा देना; वायु[F]में तैरना, उड़नेमें लटके रहना; (अफवाह[F]) उड़ाना; आँख[F] या मस्तिष्कके सामने नाचना; चक्कर काटना, घूमना, मँडराना; (वाणि०) (योजना[F] आदिका) आरम्भ करना, कार्यान्वित करना, कार्यरूपमें लाना, (कोई व्यापारिक संघ या नयी योजना[F]) निकालना, चालू करना, चलाना; (वाणिज्यमें, हुण्डी[F]का) प्लवमान होना या रहना, प्रचारमें होना, प्रचलित होना, मान्य होना, चालू होना, जारी रहना।

floatable –'टॅबॅल् a. (नदी[F], नाले आदि) जिनमें बाँस, धन्नियाँ[F], शहतीर आदि बह सकें; प्लाव्य, तरणीय, तैरने या बहने योग्य, बहाऊ।

floatge –टिज् n. प्लवमान वस्तु[F], किसी वस्तु[F]का बहता हुआ ढेर, प्रवहमान ढेर; **प्लवन** (~ *test*), तरण, प्रवाह,

बहाव, तैराव; हलकापन; विनष्ट जहाजके सामान (को लेनेका अधिकार); प्लाविता^F, बहनेकी क्षमता^F, पार्श्व भागका स्पर्श करनेवाले जलधरातलके ऊपर जहाजका भाग, उपर्यंश, उज्जलांश, जहाजका वह भाग जो जलके ऊपर हो; नदी^Fमें तैरनेवाले जहाज आदि।

floatation, flot-, –टे'शॅन्, फ़्लोट्- n. व्यापारिक संघ या कम्पनी^F या कारबारकी स्थापना^F, स्थापन, प्रारम्भण, प्रारम्भ करना; **कर्जा चालू करना**। (रसा०, भौ०) **प्लवन**, तरण, प्लाविता^F, प्रवाह, बहाव, तैराव; centre of ~ प्लवन केन्द्र।

floater –'टॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें); रेलवेका प्रतिज्ञालेख्य, प्रतिरक्षापत्र आदि जो प्रतिभू या जमानतके रूपमें रहते हैं; सरकारी हुण्डीका प्रमाणपत्र; (बहु०) (वणिक०) **तरती**।

floating[1] –टिंग् n. प्लवन, तिरना, तरण; (यन्त्र०) **प्लस्तर** करना।

floating[2] a. **प्लवमान**, प्लवी, आदि क्रियागत अर्थोंमें, **तिरता, तैरता**, अस्थिर, **अस्थायी**, चल, अल्पकालिक, परिवर्तनशील, चढ़ने-उतरनेवाला, बढ़ने-घटनेवाला; **यायावर, तिरता, चलायमान**, (~rib), चलता, चालू (*the ~ population*); ~ battery युद्धपोत; ~ bridge नौसेतु, प्लवसेतु, पुलका वह भाग जो पीपेपर बना हो, **नावपुल, तैरता पुल**, अस्थायी पुल और घाट; ~ charge **चलभार**; ~ floor **अधरतल**; ~ glass तापमापी; ~ kidney एक विशिष्ट रुग्णावस्था^F जिसमें गुर्दे अपने स्थानसे हट जाते हैं; ~ light तरणी-प्रकाश, तैरता हुआ दीपयुक्त लंगर, मार्गनिर्देशक प्रकाशपोत; ~ money **फालतू रुपया**; ~ rib हिलती पसली;

~ assets, ~ body, ~ capital, ~ curve, ~ debt, ~ derrick, ~ dock, ~ fired policy, ~ foundation, ~ indebtedness, ~ island, ~ liability, ~ list, ~ mine, ~ mortgage, ~ moss, ~ pain, ~ parts, ~ pier, ~ plate, ~ policy, ~ population, ~ ribs, ~ root, ~ security, ~ stage, ~ stream, ~ tangles, ~ timber.

floccillation फ़्लॉक्सिले'शॅन् n. (चि०) वस्त्रलुंचनोन्माद, वस्त्र-आच्छेदन (एक बीमारी^F जिसमें रोगी कपड़े फाड़ने लगता है)।

floccose फ़्लॉ'कोस् a. (वन०) ऊर्ण-क्षुपाच्छन्न, ऊनी, जटादार।

flocculate –'क्यूलेट् v.t. **उर्णित करना**।

flocculation –क्यूले'शॅन् n. गुम्फन, लोष्टन, गुफ्फे बनना; **संकनन** (~ *limit*); **संसादन; ऊर्णीभवन, ऊर्णन**; ऊर्णिकायन; (रसा०) समाक्षेपण;

~ limit, ~ ratio, ~ reaction.

floccule –'क्यूल् n. **ऊर्णिका**^F, गुफ्फा, ऊनकी लच्छी^F।

flocculence –लॅन्स n. लोष्टमयता^F; ऊर्णीमत्ता^F, बालदार स्थिति^F।

flocculent –न्ट् a. (रसा०) **गुम्फमय, गुफ्फेदार**; ऊर्ण्य, ऊर्णासदृश, उर्णीमत्, ऊर्णामय, **ऊर्णी**, ऊनी, ऊनदार, घनीभूत, गुफ्फेदार।

flocculise –लाइज़् v.t. **ऊर्णित करना**।

flocculose –लोस् a. दे० FLOCCULOUS.

flocculous –लॅस् a. ऊर्णमय, ऊनी; **ऊर्णाभी**, गुफ्फेदार।

flocculus –लॅस् n. (pl. -*i*) (चि०) **दन्तुर पिंडिका**^F (अनुमस्तिष्ककी); निपालिका^F; ऊर्णिका^F, बालोंका छोटा गुच्छा, चुटिया^F।

floccus(L) –'कॅस् n. (pl. -*i*) ऊर्णा-राशि^F; ऊनकी लच्छी^F; (वन०) चुटिया^F; पूँछ^F; ऊर्ण-गुच्छ, ऊर्ण-शिख।

flock[1] फ़्लॉक्' n. ऊर्णा-स्तुक, ऊन, रुई^F आदिका गुच्छा, फेंटा, लट^F, लच्छा; (बहु०) (दीवार^Fपर लगाया जानेवाला कागज बनानेके लिए) पिसा हुआ ऊन या चिथड़ा; (बहु०) गद्दे भरने या बनानेके लिए रद्दी बचे हुए ऊन या चिथड़े; (रसा०; बहु०) हलके और बिखरे हुए ढेर (जो तहोंमें दबा दिये गये हों); ~-bed गद्दा जिसमें रद्दी ऊन और चिथड़े भरे हों।

flock[2] १. n. जनसमूह, यूथ, वृन्द, संघ, झुण्ड, दल, गिरोह, जत्था (*come in ~s*); शिष्यवृन्द, शिष्यपरिवार, शिष्यसमुदाय; शिशुपरिवार, शिशुसमूह, बच्चोंका झुण्ड; पक्षिपरिवार, खगवृन्द, पशुकुल, जीवदल; धार्मिक समाज या जमावड़ा; लट^F, लच्छा, गुच्छा; २. v.i. किसी एक उद्देश्यसे एकत्र होना, टुकड़ी^F बनाकर जाना, अधिक संख्या^Fमें जाना या चलना, जुड़ना, एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना; *birds of the same feather ~ together* दे० BIRD.

flocky –'कि a. लच्छेदार, गुच्छेदार, लटदार।

floe फ़्लो' n. **हिमप्लव, हिमवाह, बर्फ^Fकी तैरती चादर**^F या सिल^F, बहता हुआ बर्फका टुकड़ा, डला।

flog फ़्लॉग्' v.t. (घोड़े आदिको) आगे बढ़ाना, कोड़े लगाकर चलाना; कशाघात करना, **कोड़े लगाना**, छड़ी^F, कोड़े आदि से मारना, छड़ी^F आदिसे मरम्मत^F करना; बार-बार बंसी^F लगाना, मछली^F पकड़नेकी डोर डालना; किसी व्यक्तिमें (गुण, विद्या^F आदिका) प्रवेश करना; (ग्रा०) परास्त करना, पराजित करना, मात करना, हराना; किसी व्यक्तिके (आलस्य, सुस्ती^F आदिको) भगाना, हटाना; ~ *dead horse* शक्ति^Fका अपव्यय करना, शक्ति^F व्यर्थ करना।

flogging –गिंग् n. कशाप्रहार, कशाघात, **कोड़े मारना**।

flong फ़्लॉन्ग् n. छपाई^Fके लिए मुद्रण-पत्रपट्ट, **फ्लांग**।

flood फ़्लड् १. n जलप्लावन, जलप्रलय, ओघ, जलप्लाव, **पूर**, (प्रा० भूगोल) **भराव, बाढ़**^F, (प्रा० भूगोल) **बहिया**^F, सैलाब^F; ज्वार; जलप्रवाह, मूसलाधार जलवृष्टि^F, वर्षा^F; धारा^F (~*s of rain*); प्राचुर्य, बाहुल्य, बहुतायत^F, (का०) समुद्र, नदी^F, नाला; २. v.t. & i. (वर्षा^Fका नदी^Fमें) बाढ़^F ला देना, पानीसे भर देना; **बाढ़ आना**,

भर जाना, अधिक मात्राFमें आना, गिरना या बहना; जलमय करना, जलमग्न करना, जलप्लावित करना, डुबो देना (ला० भी, *was ~ed with letters*); (आग लगे मकान या खानFमें) अधिक पानी छोड़ना या डालना; सिंचाईF करना, सींचना; गर्भाशयसे अत्यधिक रक्तस्राव होना, बच्चेदानीFसे अत्यधिक खूनका आना; ~irrigation (कृषि०) **प्रवाहितसिंचाईF, तोड़सिंचाईF,** ~-gate पूरद्वार, **बाढ़ द्वार,** जलद्वार, बाँगीF, मोरीF, नालीF; ~-light ओघ-प्रकाश, **परिप्रदीप्तिF, पूरप्रदीप्तिF, पूरप्रदीपक,** प्रकाश-पुंज; *The F~s* प्रलय, जलप्लावन;

~board, ~ capacity, ~cock, ~ control, ~ embankment, ~ escape, ~ hatch, ~ irrigation, ~ level, ~ lighting, ~-mark, ~ plain ~ protection, ~ tide, ~ time, ~ warnings, ~ water, ~ way.

flooding –'डिंग् n. (कृषि०) **रक्तप्रवाह,** (चि०) (गर्भाशयसे अत्यधिक) रक्तस्राव; (कृषि०) **आप्लावन, अधिसिंचन, बाढ़F आना;** बाढ़F।

floodometer –डॉ'मि`टर n. पूरमान, जलौघ-मापक।

floor* फ्लोऑर् १. n. भूमिF, भूपृष्ठ, (प्रा० भूगोल) **पृष्ठ,** (प्रा० भूगोल) **तल*, कुट्टिम, फर्श*,** गचF; कोष्ठ, पोट, तल्ला, मंजिलF; फर्श या धरातलका क्षेत्रफल; समुद्र या गुफा आदिका तल, पेंदीF, (गहराईFकी अन्तिम सीमा); **फलक, खड़ातख्ता,** T., तख्ते आदि जिनसे फर्श बनाया जाता है, घरके एक ही तलपर बने हुए कमरोंकी पंक्तिF; सभास्थल, सदन, गृह, मंच; २. v.t. फर्शका काम देना; फर्श जड़ाना, लगाना, जमाना, फर्श बनवाना; किंकर्तव्य-विमूढ़ करना, व्यग्र या व्याकुल कर देना, घबड़ा देना; मार गिराना, मात करना, हराना, लिटा देना; (पाठ-शालाFमें विद्यार्थीको) बिठा देना; basement ~ **तह-खाना, तहघर,** भौंरा; first-~ दूसरा कोठा, दूसरा तल्ला या मंजिलF; ~ ceiling **छतगीरीF;** ~-cloth कुट्टिम वस्त्र, भूमिच्छद, जाजिम, कपड़ेका फर्श जो कालीनके स्थानपर बिछाया जाता है; ~-lamp फर्शपर गड़े हुए किसी धातुFके खम्भेपर रखा हुआ दीया या लैम्प; ~ leader **सदनीय दल नेता;** ~ price निम्नतम मूल्य; ground ~ मकानका भूमितल या पहला तल्ला, **पहला खन;** *take the ~* स्वाभिप्राय प्रकट करना, वाद-विवादमें भाग लेना, बोलना;

~ area, ~ board, ~ boarding, ~ finishing, ~ head, ~ jack, ~ knee, ~-level, ~ load, ~ man, ~ member, ~ plan, ~ plate, ~ polish, ~ price, ~ stand, ~ stop, ~ way, ~ work.

floorage –रिज् n. फलक-क्षेत्र, तल-क्षेत्र, फर्शका स्थान।

floorer –'रर n. निरुत्तर कर देनेवाला तर्क या दलीलF; व्याकुल कर देनेवाला समाचार; समाप्त कर देनेवाला प्रहार, बेहोश करनेवाली चोटF, गहरी चोटF, गिरा देने-वाला घूँसा; कठिन प्रश्न या पर्चा जिसका उत्तर लिखना कठिन हो।

flooring –रिंग् n. मंच, प्लेटफार्म; फर्शपर बिछायी जानेवाली वस्तुF (~ *tiles*); फर्श बनानेका सामान, **फर्शका मसाला।**

floorless –र्'लि`स् a. निर्भूमि, निस्तल, बिना फर्शके।

flop फ़्लॉप' १. n. (ग्रा०) (पुस्तकF, क्रीडाF आदिकी) अचानक समाप्तिF, असफलताF; धमाका, फड़फड़F, फड़-फड़ाहटF; २. v.t. & i. (ग्रा०, पुस्तकF, क्रीडाF आदिका) यकायक समाप्त होना, पटकाना, पटकना; झूमना, फड़-फड़ाना; (पानीपर किसी चपटी चीजFके गिरानेसे) ध्वनिF पैदा होना, किसी कोमल शरीरके गिरनेसे भारी और मन्द ध्वनिF करना; भद्दी चालFसे चलना-फिरना; लापरवाहीFसे नीचे फेंकना, इस प्रकार फेंकना कि ध्वनिF निकले; धपसे बैठना, झुकना या लेटना; ३. int. & adv. भारी और ऊँची ध्वनिFसे, धपसे, धमसे, भद्देपनसे, बेढंगे तरीकेसे, लापरवाहीFसे।

floppiness –'पिनि`स् n. बेढंगापन, लँगड़ापन।

floppy –पि a. मन्द, कुन्द, सुस्त; भद्दा, बेढंगा, लापर-वाहीका।

Flor., Fla., Fa. Florida.

flora फ़्लोऑ'र् n. पुष्पदेवीF, बनदेवीF, (ज्यो०) अष्टम क्षुद्रग्रह, पादपजात, उद्भिज्जात, (प्रा० भूगोल) (विशिष्ट प्रदेश या युगकी) **वनस्पतिF** (की तालिकाF या सूचीF), **पेड़पौधे।**

floral –रॅल् a. (वन०) **पुष्प-,** कौसुम, पुष्पीय, फूल-सम्बन्धी; वनस्पतीय, वनस्पति-विषयक; ~ design **फुलकारी।**

~ diagram, ~ formula, ~ zone.

floreate फ़्लॉऑ'रिऐट् v.t. पुष्पाच्छादित होना, कुसुम-संकुल होना, फूलोंसे ढक जाना; पुष्पालंकृत होना।

florence फ़्लॉ'रॅन्स् n. 'फ़्लॉरॅन्स' नगरमें बनी मंदिराF।

Florentine फ्लॉ'रॅन्टाइन् n. & a. अधिपीतातिरक्त; एक प्रकारका बटा हुआ रेशम; फ़्लॉरॅन्स नगरका (निवासी), ⊙ T.

florescence फ़्लॅरे`'सॅन्स् n. पुष्पकाल, फूलनेकी अवस्थाF या समय, खिलावटF; पुष्पवासF, फूलोंकी सुगन्धिF।

floret –फ़्लॉऑ`रिट् n. लघु पुष्प, छोटा फूल; (वन०) पुष्पक, गुल्चा, T., उन छोटे-छोटे फूलोंमेंसे एक जो सब मिलकर एक बड़ा फूल बनाते हैं।

floriage –रिइज् n. कुसुम, सुमन, पुष्प, प्रसून, फूल।

floriate –रिऐट् v.t. पुष्प-चित्र बनाकर अलंकृत करना, फूल-पत्तियोंFसे सजाना।

floriated –टि`ड् a. प्रसून चित्रणयुक्त, पुष्पालंकृत, फूल-पत्तियोंFसे सजा हुआ।

floriation –ऐ'शॅन् n. पुष्प-सज्जाF, कुसुमालंकरण, फूलोंकी सजावटF।

floricultural –फ़्लॉऑरिकल्'चॅरॅल् a. पुष्पकृषिFसे सम्बन्धित, फूलोंकी खेतीFसे सम्बन्धित।

floriculture –'रिकल्च्युॲर् n. पुष्पकृषि, (कृषि०) **पुष्पोत्पादन,** फूलोंकी खेतीF, बागबानीF।

floriculturist –चॅरिस्ट् n. **पुष्पविज्ञानी**, पुष्पकृषक, फूलोंकी खेती^{F} करनेवाला।

florid फ़्लॉ'रिड् a. पुष्पसज्जित, भड़कीला, भड़कदार, चमकीला, दिखावटी; (साहित्यिक, कलात्मक या संगीत-शैली^{F}से सम्बन्धित) अलंकारयुक्त, अत्यलंकृत, शब्दाडम्बर-युक्त, सजा हुआ; रक्त, रक्ताभ, अरुण, लाल, बहुत रंगीन।

floridity, -ness –फ़्लॉरि'डिटि, -नि`स् nn. राग, अरुणिमा^{F}, रक्तिमा^{F}; अलंकारमयता^{F}, चमक-दमक^F, तड़क-भड़क^F, दिखावा, सजावट^F, रंगीनी^{F}।

floridus –फ़्लॉ'रिडॅस् n. (वन०) सुपुष्पी, खूब खिलने-वाला फूल।

floriferous –फ़्लॅरि'फ़ॅरॅस् a. पुष्पप्रद, पुष्पोत्पादक, बहुपुष्पी, **फुलही**, बहुत फूल पैदा करनेवाला (बीज या पौधा)।

florification फ़्लॉऑरिफ़िके'शॅन् n. पुष्पण, फूलनेकी क्रिया^{F}।

floriform –फ़्लॉ'रिफ़ॉर्म् a. कुसुमाकार, प्रसूनरूप।

florilegium(L) फ़्लोऑरिली'जिॲम् n. पुष्प-संग्रह, कुसुम-चय; सुसंग्रह; n. (pl.- *gia*) चयन, संकलन।

florin –फ़्लॉ'रिन् n. ब्रिटेनमें आजकल २ शिलिंगका एक सिक्का; (प्रा०) ब्रिटेनमें एडवर्ड तृतीयके समयका ६ शिलिंगका एक सिक्का; विभिन्न कालोंमें प्रचलित स्वर्ण या रजत मुद्रा^{F}, फ्लोरिन।

florist –फ़्लोऑ'रिस्ट्, फ़्लॉ'रिस्ट् n. पुष्पवेत्ता, पुष्प-शास्त्री, फूलोंका ज्ञान रखनेवाला व्यक्ति, **पुष्पविक्रेता**, पुष्प-व्यवसायी, **पुष्पोत्पादक**, फूलोंका व्यापारी, पुष्पकृषक, फूलमाली, फूल उगानेवाला व्यक्ति।

floristic –'टिक् a. प्रसूनात्मक, फूल-सम्बन्धी; **पादपी** (~ *composition*)।

floruit फ़्लोऑ'रुट् n. (निश्चित जन्मदिवस या मृत्युदिवस अज्ञात होनेपर) अनुमानित जीवनकाल, कल्पित जीवनावधि^{F}।

flory फ़्लॉ'रि a. दिखावटी, कृत्रिम; चमकीला; अलंकृत।

floscular, -lous –फ़्लॉस्'क्यूलॅर्, -लॅस् aa. पुष्पक-युक्त, जिसमें बहुतसे छोटे-छोटे फूल हों।

floscule –ल् n. (वन०) पुष्पक, गुल्चा, छोटा फूल; गुच्छा।

floss फ़्लॉस्' n. **लोमक**, T., कच्चा रेशम (जो रेशमके कीड़ेके कोयेके चारों ओर लिपटा होता है); ~ silk वह रेशम जो सस्ते कपड़ोंमें प्रयुक्त होता है।

flossy –'सि a. कच्चे रेशमकी भाँति, कच्चे रेशमका।

flota फ़्लो'टॅ n. व्यापारी बेड़ा।

flotage फ़्लो'टिज् n. दे० FLOATAGE.

flotant –'टॅन्ट् a. हवा^{F}में तैरने (उड़ने) वाला।

flotation –टे'शॅन् n. प्लवनशीलता^{F}, तैरना; संचालन (कम्पनी^{F} आदिका)।

flotilla फ़्लॅटि'लॅ n. नावों^{F} या छोटे जहाजोंका बेड़ा, छोटा बेड़ा; रणपोतसमूह, विध्वंसक बेड़ा; **नौकागण**, लघुनौसमूह; T.।

flotsam फ़्लॉट्'सॅम् n. कस्तूरा मछली^{F} या सीपके कीड़ेके अण्डे-बच्चे; (नौवि०) **प्लुतक**, विनष्ट पोतका प्रवहमान भग्नावशेष, **बहता माल**, टूटे हुए जहाजका माल और सामान (जो पानीपर तैरता पाया जाता है); बेड़ा।

flounce[1] फ़्लॉउन्स्' १. n. अंगविक्षेप, कम्पन, झटका, हचका; झपट^F, झटक-पटक^F; २. v. i. शरीरको इधर-उधर फेंकना, प्रवेश कर जाना, हाथ-पैर झटकते हुए जाना, आवेशमें झपटना, घुस पड़ना, पटकना, फड़फड़ाना, तड़-फड़ाना, उछलना, तड़पना।

flounce[2] १. n. झालर^F, लहँगे या घाँघरेकी झालर^{F}का कपड़ा; २. v.t. झालर^F लगाना, चुनना या टाँकना।

flouncing –'सिंग् n. झालर^F, झालर^{F}का कपड़ा।

flounder[1] फ़्लॉउन्'डॅर् n. पृथा^{F}, (एक छोटी और चपटी मछली^{F}) फ्लाउण्डर।

flounder[2] १. n. गिर-गिराकर, ठोंकरें^{F} खा-खाकर आगे बढ़नेकी चेष्टा^{F}; २. v. i. गिर-गिराकर बढ़ना, ठोकरें^{F} खा-खाकर आगे बढ़नेकी चेष्टा^{F} करना (जैसे कीचड़ या पानीमें), लुढ़कना; कठिनता^{F}के साथ प्रबन्ध कर पाना, ठीक-ठीक प्रबन्ध न कर पाना, कुप्रबन्ध करना, अशुद्धियाँ^{F} कर बैठना, गलतियाँ^{F} कर बैठना।

flour फ़्लॉउॲर् १. n. चूर्ण, **चून**, चूर; **आटा**, पिसान; चालनेके पश्चात् बचा हुआ आटा, चोकर; white ~ मैदा; २. v.t. पीसकर आटा बनाना ⊙; आटा या मैदा छिड़कना, बुरकना; ~ beetle **आटेकी सुरसुरी**^{F}।

flourish[1] –'रिश् n. (क्व०) विकास, वृद्धि^{F}, समृद्धि^{F}, उन्नति^{F}, शक्ति^{F}, बढ़ती^{F}, तेज (*in full* ~); (संगीत) (किसी व्यक्तिके स्वागतमें तुरही^{F}, नरसिंहा आदिका) निर्घोष, स्वन, तोड़ा, गिटकिरी^{F}; सुर या अलाप, अलंकार-युक्त पद; हाथ, हथियार आदिके कौशल, कला^{F}, पैंतरे; गर्वोक्ति^{F}, डींग^F; अलंकारयुक्त वर्णन, अलंकृत भाषा^{F} या अभिव्यंजना^{F}, अलंकारमय पंक्ति^{F}; लेख-सज्जा^{F}; आडम्बर, मण्डन, सजधज^F।

flourish[2] v.t. & i. जीवित होना, रहना, होना, उन्नतावस्था^{F}में होना, युवावस्था^{F}में होना, यौवनमें होना; समृद्ध होना, सफल होना, उन्नति^{F} करना, फलना-फूलना, पनपना, विकसित होना, पूर्णशक्ति^{F}से बढ़ना; (संगीत) गाने-बाजेके साथ सुर मिलाना, अलापना; अस्त्र-शस्त्रका संचालन करना, इधर-उधर घुमाना या हिलाना, पैंतरे बदलना; (अंगोंको) इधर-उधर चलाना या फेंकना; (हस्त-लिपि^{F}) अलंकृत करना, सजाना, सँवारना; आडम्बर करना, अपनी किसी वस्तु^{F}को तड़क-भड़क^{F}के साथ दिखाना, इतराना, इठलाना।

flourishing –शिंग् a. प्रकर्षोन्मुख, विकासशील, सफल होनेवाला।

flourishy –शि a. अलंकृत, आडम्बरपूर्ण, निर्घोष-युक्त, अलाप या सुरसे सम्बन्धित।

floury फ़्लॉउॲ'रि a. मैदादार, मैदेका, आटे जैसा, आटेका; ~ feel **पिष्ट मृदुता**^{F}।

flout फ़्लॉउट' १. n. आक्षेप, अवज्ञा^{F}, निरादर; ताना;

घृणा^F; उपहास, हँसी^F, बोली-ठिठोली^F, मजाक; २. v.t. आक्षेप करना, अवज्ञा^F करना, अपमान करना, निरादर करना; शब्द या कार्य द्वारा घृणा^F प्रकट करना; उपहास करना, हँसी^F उड़ाना, व्यंग्य कसना, बोली^F या ताना मारना, मजाक उड़ाना।

flouter –'टॅर् n. ताना मारनेवाला।

flow फ़्लो १. n. नदीका (भौ०, रसा०) **प्रवाह**, वेग, धारा^F, (कृषि०, प्रा० भूगोल) **बहाव**, (प्रा० भूगोल०, रसा०) **बहना**; उत्थान, वेला, धारा^Fका चढ़ाव, (*ebb and ~*); प्रवाहित परिमाण, (जल आदिकी) प्रवाह-मात्रा^F; अग्रगति^F, प्रवृत्ति^F, प्रगति^F; (वस्त्र, आकृति^F आदिका) घटाव-बढ़ाव, उतार-चढ़ाव; प्रवहमान या बहता हुआ तरल पदार्थ; (कृषि०) **स्राव**; स्रोत, क्षरण, उद्गार, उमड़^F; (चि०) आर्तव; अत्यधिक आर्तव स्राव; अत्यधिक द्रव स्राव, २. v. i. प्रवाहित होना, बहना; (प्रा०) अधिक परिमाण या मात्रा^Fमें होना (*land ~ing with milk and honey*); (वस्त्र, केश आदिका) हिलना, लहराना, लटकना; (रक्तका) संचार होना, दौड़ना, दौरा होना; (मदिरा^Fका) ढलना, बिना रोकटोकके उड़िल पड़ना, बह चलना; (व्यक्तियों या वस्तुओं^Fका) अधिक संख्या^Fमें आना-जाना; (गणना^Fमें) बहुत थोड़ा-थोड़ा करके निरन्तर घटना या बढ़ना; उमड़कर बहना, उमड़ना; (साहित्यिक शैली^F, बात^F आदिमें) निर्बाध धारा^Fका होना, अस्खलित प्रवाह होना; परिणामस्वरूप निकलना; उबलना, निकल पड़ना, उछल पड़ना, फूट पड़ना, उमड़ उठना; (रक्तका) फूटकर बहना, जारी होना; ~ hole (रसा०) **गला**; ~ irrigation **तोड़ सिंचाई^F**; ~-off **अफवाह**; ~ tide **चढ़ता ज्वार**; ~ sheet **प्रक्रम चित्र**; *~ of soul* रुचिकर वार्तालाप, प्रिय संलाप; *~ of spirit* स्वाभाविक प्रफुल्लता^F, प्रसन्नता^F;

~ curve, ~ discontinuity, ~ index, ~ meter, ~ pattern, ~ process, ~ rate, ~ velocity.

flowage फ़्लो'इज n. प्रवहण, प्रवाह, बहाव।

flower* फ्लाउ'अॅर् १. n. (वन०) प्रसून, कुसुम, (कृषि०, वन०) **पुष्प***, (कृषि०) **फूल***, सुमन, फलपिता; प्रसव, कलिका^F, कली^F, गुंचा, फूल देनेवाला पौधा, फूलनेवाला पौधा; विकास, यौवन, प्रौढ़ावस्था^F, युवावस्था^F (*in ~*), विकसितावस्था^F, जीवनका सर्वोत्तम भाग (*in the ~ of his age*); अलंकारयुक्त शब्दप्रयोग शैली^F, अलंकारमय वाक्य या वाक्यांश या वचन; रत्न, अलंकार; उत्कृष्ट या उत्तम वस्तु^F, चुनी हुई या छँटी हुई वस्तु^F, चुनाव या पसन्द^Fकी वस्तु^F, तत्त्व, सार, सारांश, उत्तमांश, सर्वोत्कृष्ट या सर्वश्रेष्ठ भाग; फेन जो खमीर या किण्व उठनेके बाद बनता है, मैल जो उबाल^F आनेके बाद पैदा होता है; (रसा०; बहु०) ऊर्ध्वपातनसे प्राप्त चूर्ण, उत्सादनके पश्चात् अवशिष्ट चूर्ण, शोधनेके बाद बचा हुआ चूर (*~s of sulphur* etc.); (चि०, बहु०) आर्तव, २. *v.t. & i.* पुष्पित होना, विकसित होना, पुष्प उत्पन्न करना, फूल पैदा करना, फूलना, फूल देना, खिलना; पुष्पित करना, पुष्प लाना, फूलने देना, खिलने देना, किसी वस्तु^Fमें फूल बनाना, फूलोंसे सजाना, गुलबूटे बनाना; फेन छोड़ना; मण्डित करना; ~-bed क्यारी^F; ~-girl मालिनिया; ~-pot पुष्पपात्र, गमला; ~s of speech (प्रायः व्यंग्यमें) अलंकारमय वक्तृता^F या वचन, लच्छेदार भाषा^F, ~-vase पुष्पकलश; *no ~s* यह सूचना^F कि जनाजेमें हार या माला^F आदिकी आवश्यकता^F नहीं है; *one ~ makes no garland* अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता;

~ beetle, ~-bell, ~ bud, ~ bulb, ~ chart, ~-crowned, ~-cup, ~-decked, ~ embroidered, ~-frequenting birds, ~-garden, ~-head, ~-piece, ~-scented, ~-service, ~show, ~-stalk, ~-stock, ~-top, ~ year.

flowerage –रिज् n. सुमन, कुसुम-समुदाय; पुष्पन-पद्धति^F, फूलनेका काल।

flowered –ॅड् a. पुष्पित, कुसुमित, विकसित; पुष्पवत्, प्रफुल्ल, प्रफुल्लित; पुष्पधारी, फूलदार, फूलदार चीजों^Fसे सजा हुआ।

flowerer –रॅर् n. पुष्पित होनेवाला पौधा, फूलनेवाला पौधा।

floweret –रिॅट् n. पुष्पक, कली^F, गुलचा; छोटा फूल, नन्हा-सा फूल।

floweriness –रिनिॅस् n. सुमन-समृद्धि^F, प्रसून-पूर्णता^F, पुष्पमयता^F, अलंकारपूर्णता^F, फूलोंसे लदा होना।

flowering –रिंग् १. n. **पुष्पन, फूल आना**; २. a. खिलनेवाला, फूलनेवाला, फूलदार; ~ plant पुष्पी पौधा;

~ almond, ~ ash, ~ fern, ~ glume, ~ period, ~ shoot, ~ stage, ~ stem, ~ stimulation, ~ time, ~ year.

flowerless –र्'लिॅस् a. अकुसुम, प्रसूनरहित, पुष्पशून्य, कुसुमविहीन, निफूला; अलंकारहीन।

flowery –रि a. कुसुमयुक्त, पुष्पमय; प्रसूनपूर्ण, फूलोंसे लदा हुआ, फूलोंभरा, फूलोंवाला, अलंकृत, अलंकारयुक्त, अलंकारमय, मण्डित, लच्छेदार (*~ language*)।

flowing[1] फ्लो'इंग् a.= FLUENT.

flowing[2] a. प्रवाहपूर्ण आदि क्रियागत अर्थोंमें; (रेखाएँ^F, वक्ररेखाएँ^F, परिधिरेखाएँ^F) चिकनी खिंची हुई; (शैली^F) सरल, प्रवाहमय, निर्बाध, अस्खलित, अप्रतिहत; ~ junction (रसा०) चल संगम, **प्रवाही संगम**।

flowingness –निॅस् n. प्रवाह, प्रवाहपूर्णता, बहाव।

flown फ़्लोन्' a. (प्रा०) प्रफुल्ल; फूला हुआ, सूजा हुआ, पूर्ण, युक्त, भरा हुआ (*~ with insolence and wine*)।

F.L.S. Fellow of the Linnaean Society; Folklore Society.

Flt. Lt. Flight Lieutenant.

flu फ़्लू' n. INFLUENZA का संक्षिप्त।

flubdub ⊙ फ़्लब्'डब् n. चाटुकारिता^F, चापलूसी^F, खुशामद^F।

fluctuant फ़्लक्'च्युअॅन्ट् a. अस्थिर, उच्चावचयनयुक्त, घटता-बढ़ता।

fluctuate –एट् v.t. परिवर्तित होना, अनियमित रूपसे बदलना, अस्थिर होना, **घटना-बढ़ना**, कम-अधिक होते रहना, इधर-उधर होते रहना, डगमग होना, उठना-बैठना; (क्व०) **उच्चावचन होना**, लहर^F की तरह ऊपर-नीचे होना, चढ़ना-उतरना, लहराना, चढ़ाव-उतार होना; विचलित होना, दोलायमान होना, बदलते रहना, डगमगाना, हिचकिचाना; उतार-चढ़ाव करना, झुलाना, डुलाना।

fluctuating –टिंग् a. **अस्थिर**, उच्चावच, **परिवर्ती**, **चल**, **चंचल**, ऊपर-नीचे, **घटता-बढ़ता**, उतरता-चढ़ता; ~ assets, ~ charges, ~ temperature, ~ variation.

fluctuation –ए'शॅन् n. (चि०) तरंग-समगति^F, **उच्चावचन**, अनियमितता^F, अस्थिरता^F, **दोलन**, **चांचल्य**, (रसा०) **विलोलन**, (रसा०, प्रा० भूगोल) **उतार-चढ़ाव**; डगमग^F, **घटबढ़**, **घटाव-बढ़ाव**, **घटाबढ़ी**^F; घटती-बढ़ती^F, कमी-बेशी^F।

flue[1] 'फ़्लू n. एक प्रकारका मछली^F फँसानेका जाल।

flue[2] n. नरम रोवाँ; रूईके रोओंके जमानेसे बनी वस्तु^F।

flue[3] n. कुछ बायलरोंमें पानी गर्म करनेके लिए लगा हुआ ट्यूब या नली^F; वाहिनी^F, धूमपथ, धूममार्ग, ताप-वाहक मार्ग, **चिमनी**^F, (~*dust*) धुएँका मार्ग, चिमनी^F-का **धुआँकस**, धुआँर (~ *tube*); ~ pipe वाहिनी^F, चिमनी^F, नाल; (संगीत) (वायुमार्ग, मुँहसे बजाये जाने-वाले बाजेमें) नलकी^F के अन्दर हवा^F का रास्ता, T.

flue[4] v.t. & i. एक ओरकी अपेक्षा^F दूसरीको संकीर्ण करना, गावदुम^F बनाना, झरोंखेको अन्दर या बाहरकी ओर चौड़ा करना।

fluency फ़्लू'अॅन्सि n. वाग्विभव, वाक्चापल्य, वाक्पटुता^F; धाराप्रवाहिता^F; अनर्गलता^F, गति^F, प्रवाह, धारा^F (वाणी^F में)।

fluent –न्ट् १. n. घटने-बढ़नेवाली मात्रा^F; २. a. (गणित) (प्रवाहनमें) घटने-बढ़नेवाला; (गति आदि) चारु, मनोहर, सरल, सहज; (शा० अर्थमें क०) गतिशील, प्रवाहशील, धारावाही; जारी रहनेवाला, रवाँ; (वक्तृता^F या शैली^F) वाक्पटु, धाराप्रवाह; अनर्गल, अनवरत, अनिरुद्ध, प्रचुर, तैयार; (का०) तरल, प्रवाहोन्मुख, बहनेके लिए उद्यत, चलता; (क्र०) अस्थिर, परिवर्तनीय, द्रव।

fluey फ़्लू'इ a. रोयेंदार, नरम रोयेंकी तरह, रोयेंकी बनी हुई।

fluff फ़्लफ़् १. n. होंठ या गालपर कोमल और छोटे-छोटे बाल; नरम रोयें या बालोंका समूह, ढेर; कोमल लोम, रोयाँ; कम्बल आदिसे झड़नेवाला लोम, रोयाँ; (ग्रा०) अभिनयका वह भाग जो अभिनेताको पूर्णरूपसे ज्ञात न हो; २. v.t. किसी वस्तु^F को रोयेंकी तरह कोमल बनाना; (चमड़ेके मांसवाले भागको) कोमल और चिकना बनाना; (ग्रा०) अभिनयमें गलती^F करना; शरीर फुलाना।

fluffiness –'फ़िनिॅस् n. रोयेंदार होना, रोयेंदारी^F।

fluffy –'फ़ि a. फुलफुला, रोयेंदार, रोयेंका बना हुआ।

flugelmann फ़्लू'जॅलॅमॅन् n. दे० FUGLEMAN.

fluid फ़्लू'इड् n. & a. द्रववस्तु^F, द्रव या तरल पदार्थ, पानी; द्रुत, अस्थिर (चि०, रसा०, प्रा० भूगोल, जीव०) **तरल**, विलीन, द्रव; प्रवाही; ~ coefficient **तरलता गुणांक**; ~ savings नकद बचत; ~ assets, ~ density, ~ dynamics, ~ drachm measure, ~ dram, ~ extract, ~ friction, ~ lubrication, ~ mechanics, ~ medium, ~ ounce, ~ pressure, ~ resources, ~ stage, ~ thrust.

fluidify –'डिफाइ v.t. द्रव बनाना, तरल करना, पानी-सा बनाना।

fluidity, fluidness –डिटि, –निॅस् nn. द्रवता^F, (रसा०, भौ०) **तरलता**^F, प्रवाहिता^F, विलय।

fluidimeter –डि'मिॅटॅर् n. **तरलतामापी**।

fluke[1] फ़्लूक् n. पुच्छपालि; छिद्रिपत्र; एक प्रकारका अण्डाकार आलू; (चि०) पर्णकृमि, एक परजीवी कीड़ा (यकृतादिमें रहता है), पर्णाभ; (क्र०) एक प्रकारकी चपटी मछली^F।

fluke[2] n. (बहु०) ह्वेल मछली^F की पूँछ^F; फाल, भाला, बर्छी^F आदिका नुकीला सिरा; लंगरका भूमि^F में गड़नेवाला सिरा, लंगरका पंजा, वह चौड़ा और त्रिभुजाकार भाग जो जहाज या नाव^F के लंगरपर होता है।

fluke[3] १. n. भाग्यवशात् या यकायक ठीक पड़नेवाला आघात; २. v.t. & i. संयोगसे ठीक सधनेवाला आघात करना, ऐसे ही आघात पाना; अचानक मारना या चोट^F करना।

flukiness –'किनिॅस् n. अचानक आघात या चोट^F-का होना।

fluky –कि a. उपर्युक्त आघात या चोटवाला।

flume ⊙ फ़्लूम् १. n. कन्धरा^F, द्रोणी^F, नददरी^F, गहरी घाटी^F जिसमें नदी^F बहती हो, खड्ड; प्रवाहिनी^F, नालिका^F, (बनावटी) नाली^F, ढलवीं नाली^F, २. v.t. & i. नाली^F बनाना, नाली^F मेंसे ले जाना; *go up the* ~ दुःख पाना।

fluminous –'मिनिॅस् a. सरिदापूर्ण, सरिदावृत्त, नदियों^F से भरा हुआ या घिरा हुआ।

flummery फ़्ल'मॅरि n. निरर्थक या क्षुद्र बातें^F, मिथ्या स्तुति^F या प्रशंसा^F, बेवकूफीकी बातें^F (दूध, मैदा, अण्डा आदिसे तैयार किया हुआ) हलुवा, लपसी^F, दलिया; (प्रा०) जई^F के आटेको उबालकर बनायी गयी लपसी^F और उसका तैयार किया हुआ भोजन।

flummox, flummux फ़्ल'मॅक्स् v.t. (ग्रा०) किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना, चकित करना, आश्चर्यमें डालना, विस्मित कर देना, व्यग्र कर देना, घबड़ा देना।

flump फ़्लम्प् v.t. धड़ाकेसे गिरना।

flung फ़्लन्ग् p.t. & p.p. of FLING.

flunkey फ़लन्'कि n. नीच व्यक्ति, चाटुकार, गँवार, खुशामदी; (प्रायः घृणा^F से) परजीवी, वर्दी पहने हुए नौकर, दास, चाकर, चोबदार, जमादार, चपरासी, अर्दली।

flunkeydom –किडॅम् n. चाटुकारों या चोबदारों और अर्दलियोंकी श्रेणी^F; इनका हलका।

flunkeyism –किइज़्म् n. चाटुकारिता^F, चोबदार या अर्दलीका काम, खुशामदीपन।

fluo(r)-, fluoro- तरस्व-, तरस्विनी- (जैसे, *fluorhydric, fluoroscope*)।

fluor फ़्लू'ऑर् n. तरस्व, T: मणिसदृश एक धातु^F (जो सरलता^F से पिघलायी जाती है और जिसके अन्दर फ्लोरीन मिला रहता है); ~ albus (चि०) श्वेत प्रदर; ~-spar तरस्व, फ्लोरस्पार।

fluoresce फ़्लूऑरे'स v.t. आशमान होना, प्रतिदीप्त होना, रंगीन प्रदीप्ति^F और गुणका प्रदर्शन करना।

fluorescence –'सॅन्स् n. तरस्व-आशा^F, (भौ०, रसा०) **प्रतिदीप्ति**^F, प्रकाशतरंग^F; विकिरणन।

fluorescent –न्ट् a. आशमान, देदीप्यमान, जाज्वल्यमान, (रसा०) **प्रतिदीप्त**, विकिरणित;
~ dye, ~ effect, ~ lamp, ~ lighting, ~ screen, ~ tube.

fluoric फ़्लुऑ'रिक् a. तरस्विक, दे० FLUORESCENT.

fluoride –'ॲराइड् n. तरस्वेय, प्लविद, (रसा०) **फ्ल्यूराइड**।

fluorine –रिन् n. (रसा०) तरस्विनी^F, (रसा०) **फ्लूरीन**^F, एक अधातु तत्त्व, एक हरी गैस^F।

fluorite फ़्लू'ॲरिट् n. = FLUORSPAR; T.

fluorogen फ़्लुऑ'रॅजॅन् a. **प्रतिदीप्तिकर**।

fluoroscope फ़्लुऑ'रॅस्कोप् n. तरस्वेक्ष यन्त्र, दीप्तिवीक्षक यन्त्र; **प्रतिदीप्तदर्शी**।

fluoroscopy –'पि n. तरस्वेक्षा^F, दीप्तिवीक्षण।

fluorotype फ़्लुऑ'रॅटाइप् n. फोटोग्राफकी एक पुरानी पद्धति^F।

flurry फ़ल'रि १. n. उत्तेजना^F, जोश, हलचल^F, घबड़ाहट^F, हड़बड़ी^F, खलबली^F, अचानक वर्षा^F, अचानक झड़ी^F ⊙; झोंका, आँधी^F, तूफ़ान; ह्वेल मछली^F की प्रसव-पीड़ा^F; २. v.t. (जल्दबाजी^F करके या शोरगुल करके) घबड़ा देना, जोश ला देना, हलचल मचा देना, हड़बड़ा देना, खलबली पैदा कर देना।

flush[1] फ़्लश्' १. n. खगवृन्द, पक्षियोंका समूह (जो एक साथ उड़ाया जाता है), टोली^F; २. v.t. & i. (पक्षियोंको) उड़ा देना; उड़ जाना।

flush[2] n. **सम्प्रवाह**, (कृषि०) **प्रवाहन** (~ *pasteurization*), जलका वेगपूर्ण प्रवाह, पानीका तेज **बहाव**; जलप्रवाह द्वारा नाली^F का प्रक्षालन; ज्वरका आवेग, बुखारकी तेजी^F; किसी संवेग या विजय^F आदिके कारण प्रफुल्लता^F, प्रसन्नता^F, संवेग, ओज; शक्ति^F, स्वस्थता^F, तेज, बल, ताजगी^F, आकस्मिक बाहुल्य, आधिक्य, प्रचुरता^F; बदनारुणिमा^F, रक्तिमा^F, राग, लालिमा^F, ललाई^F, पन-चक्कीके पहियेसे पानीको गिरनेवाली धारा^F; चेहरेपर रक्तका संचार, खूनका दौरा; प्रकाश या रंगकी कान्ति^F; दमक^F, चमक^F; ~ latrine स्वक्षाल्य, जलबहाऊ शौचालय;
~ cistern, ~ pipe, ~ system.

flush[3] v.t. & i. (नाली^F आदिको) पानीसे साफ करना, **बाहर निकालना**, धोना; प्रोत्साहन देना, दर्प, दर्प अथवा आवेगमें प्रज्वलित करना, भड़काना (*~ed with exercise*); कान्तिमय या दीप्तिमान करना, चमकाना, दमक लाना; (चेहरेका) तमतमा जाना, लाल हो जाना, सुर्ख हो जाना, शर्मिन्दा हो जाना, शर्मिन्दा करना; फुलाना; (रक्तका) दौड़ना और चेहरेको लाल कर देना; उद्धावन करना, वेगके साथ निकलना, उछल कर बाहर आना, निकल भागना; कान्तिमय होना, चमकना, दमकना; (चरागाहमें) पानी भर देना; पौधेमें नये अंकुर निकलना, (पौधेका) नये अंकुर फेंकना (प्रेरणार्थक भी, जैसे, *rain ~es the plants*)।

flush[4] n. ताशके एक ही रंगके पत्ते, फ्लश।

flush[5] १. v.t. जोड़को भरकर धरातलके बराबर कर देना, **सपाट करना**, समतल करना, चौरस करना, बराबर करना; २. a. परिपूर्ण, भरपूर, लबालब; समतल, **सपाट** (*~ deck, ~ pointing*) चौरस, बराबर, हमवार; सम्पन्न, समृद्ध, बहुल, पर्याप्त; (मुद्रा^F) प्रचुर, अधिक, भरापूरा; ~ bolt **सपाटी**^F, **चटखनी**^F;
~ plating, ~ paragraph.

flushing –'शिंग् a. & n. (कृषि०) **प्रक्षालन**, **संधावन**, जलधावन, उद्धावन, सम्प्रवाहण; **बहाव**; धुलाना; **सम्प्रवाहक**;
~ cistern, ~ rim, ~ tank.

flushness फ़्लश्'निस् n. सम्पन्नता^F, बहुलता^F, प्रचुरता^F।

fluster फ़्लस्'टॅर् १. n. चित्तभ्रम, उन्माद, मोह; आकुलता^F, व्याकुलता^F, व्यग्रता^F, किंकर्त्तव्यविमूढ़ता^F, दौड़धूप^F, घबड़ाहट^F, हड़बड़ी^F, खलबली^F, तमतमाहट^F, बेचैनी^F; २. v.t. & i. व्यग्र या व्याकुल कर देना, घबड़ा देना; मदिरा पिलाकर अर्द्धमूर्छित कर देना, किंकर्त-व्यविमूढ़ कर देना, बेहोशी^F ला देना; व्यग्र या आकुल हो जाना, घबड़ाना, दौड़धूप^F करना, जल्दी करना, खलबली^F में पड़ जाना, हड़बड़ाना, हड़बड़ा जाना।

flustery –रि a. व्यग्र, व्याकुल, भ्रान्त, भ्रमितचित्त, किंकर्त्तव्यविमूढ़, घबड़ाया हुआ।

flustrate –ट्रेट् v.t. व्यग्र करना, किंकर्त्तव्यविमूढ़ करना, भ्रम में डालना, घबड़ा देना, हड़बड़ा देना।

flute फ़्लूट्' १. n. वेणु, वंशी^F, मुरली^F, बाँसुरी^F; **लम्बी धारी**^F; स्तम्भपर खुदी हुई खड़ी नाली^F, इसी प्रकारकी नाली^F जो अन्यत्र बनायी गयी हो, जैसे झालरों^F में; अरगन बाजाका पर्दा जिसमेंसे बाँसुरी^F की-सी ध्वनि^F निकलती है; २. v.t. & i. बाँसुरी^F में कोई राग या रागिनी^F बजाना, वंशी^F बजाना, मुरली^F टेरना; बाँसुरी^F-

की-सी ध्वनि[F]में सीटी[F] बजाना, गाना या बोलना।

fluted –'टिड् a. बाँसुरी[F]की-सी ध्वनिवाला; प्रणालित खाड़ेदार (~ *hole*); अलंकृत।

fluter –'टर् n. वेणुवादक, मुरली-गायक।

flutina –टिनॅ n. वेणुका, ताल देनेके लिए वेणु-सा वाद्य-यन्त्र।

fluting फ़्लू'टिंग् n. नालीमत्ता[F], लम्बीधारी[F] बनाना, खम्भे आदिपर नाली[F] बनाना, बेलबूटे बनाना, नक्काशी[F] करना।

flutist फ़्लू'टिस्ट n. वेणु-विशारद, बंशीधर, मुरली-धर, बाँसुरी[F] बजानेवाला।

flutter फ़्लॅ'टर् १. n. पक्षस्पन्दन, फड़फड़ाहट[F]; स्पन्दन, स्फुरण, विकम्प; कम्पन, सम्भ्रम, संवेग, चित्त-भ्रम, चित्तवेग (*make a~*); व्याकुलता[F], अतिव्यग्रता[F], घबड़ाहट[F] (*be in a~*); (ग्रा०) जुएका दाँव, जुएकी बाजी[F], जोखिम; २. v.t. & i. पर मारना, पर झाड़ना, पर फड़फड़ाना; (ध्वजा[F] आदिको) आन्दोलित करना, हिलाना, फहराना; (नाड़ी[F]का) निर्बल और अनियमित-रूपसे चलना, स्पन्दित होना, कम्पित होना, काँपना; व्यग्र या व्याकुल करना, घबड़ा देना; भाग जाना, उड़ जाना, मँड़राना; व्याकुल या व्यग्र होना या घबड़ाना, हड़बड़ाना; इठलाना, तड़पना; ~echo उत्स्फुरित ध्वनि[F] बहुलित प्रतिध्वनि[F]; ~ fading स्फुरित मन्दन।

flutterer –र् n. स्फुरण करनेवाला; पक्षस्पन्दन करने-वाला, फड़फड़ानेवाला, व्यग्र करनेवाला।

fluttering –रिंग् १. n. स्फुरण[F], स्पन्दन; २. a. कम्पमान अस्थिर।

fluty फ़्लू'टि a. मुरली[F]की ध्वनि[F]की भाँति मनोहर, स्पष्ट, मृदु, मधुर, हलकी।

fluvial फ़्लू'विॲल् a. नदीकृत, (~ *plain*) वाहकृत, जलवाहकृत, नदीसे सम्बन्धित, नदी[F]का, नदियों[F]में पाया जानेवाला; ~ action नदीक्रिया[F]।

fluvialist –लिस्ट् n. सरिद्विज्ञान-वेत्ता, नदी-शास्त्री।

fluviatic –ऐ'टिक् a. सरिदीय, नदी-सम्बन्धी; नदियों[F]से फलीभूत, नदी[F]से निर्मित।

fluviatile –'विॲटाइ(टि)ल् a. (वन०) जलवाहकृत, नदीकृत, नदी[F]में पैदा होने या रहनेवाला; ~ realm नदीपरिमण्डल।

fluvio- –विॲ· नदी- (जैसे, *~-graph*, *~ meter*)।

fluviograph फ़्लू'विॲग्राफ n. सरिता-मान, नदी-लिख, नदियों[F]का उतार-चढ़ाव नापनेका यन्त्र।

fluviology –ऑ'लॅजि n. सरिद्विज्ञान, नदी-शास्त्र।

fluviomarine फ़्लूविॲमॅरीन्' a. सिन्धुवाही, नदीवास्य।

flux फ़्लक्स्' १. n. (चि०) प्रद्रावक; गालक, द्रावण; निस्सरण, स्यन्द, निकास, बहाव; क्षरण, स्राव-प्रवाह; रक्तस्राव, मल, गोबर या खून आदिका बाहर निकलना, अतिसार, (पहले) पेचिश[F]; परिवर्तनमयता[F]; परिवर्तनोंका निरन्तर क्रम (*in a state of ~*); (गणित०, भौ०) अभिवाह, निस्स्यन्दन, T. किसी सीमित क्षेत्रके आरपार किसी द्रवकी गति[F], निर्धारित समयमें, किसी क्षेत्रको पार करनेवाली मात्रा[F] या परिमाण; बाढ़[F], चढ़ाव (*~ and reflux*, प्रायः ला०); (गणित) रेखासंघ, अबाध, या निरन्तर गति[F] (*line is the ~ of a point*); वायु[F] आदिका बहाव, धारा[F], बाढ़[F], तेजी[F]; T. २. v.t. & i. द्रावकका प्रयोग करना, द्रव बनाना, द्रवित करना, तरल करना, गलना, पिघलना; अधिक मात्रा[F]में बहना, प्रवाहमें निकलना, धारा[F]में बाहर आना; ~ oil (रसा०) सुद्रावक तेल;

~ coil, ~ density, ~linkage, ~method.

fluxible –'सिबॅल् a. द्राव्य, स्यन्दनीय, गलने योग्य।

fluxility –सि'लिटि n. द्राव्यता[F], गलनीयता[F]।

fluxing –सिंग् a. द्रावक, स्रावक (~ *agent*).

fluxion फ़्लक्'शॅन् n. (क०) प्रवाहन, प्रवाह, बहाव; (विकृति[F]) किसी अंग में द्रव संचय; (गणित) प्रवाहका अनुपात या गति[F], (क०) सतत परिवर्तन; *method of ~s* न्यूटनका कलन।

fluxional, fluxionary –नॅल्, –नॅरि aa. प्रवाही, प्रवाह-सम्बन्धी, प्रवाह-विषयक, प्रवाहका; बहाववाला; अस्थिर, प्रवहमाण।

fly[1] फ़्लाइ' n. मक्षी[F], मक्षिका[F], मक्खी[F], माछी[F], प्राकृतिक अथवा कृत्रिम मक्खी[F] (मछली[F]के शिकारमें प्रयुक्त); मक्खियों[F] द्वारा उत्पन्न पौधोंका रोग (a good deal of ~ exists); १. n. ~ lelister (चि०) तेलनी मक्खी[F] कुचलनेसे उत्पन्न फफोला; ~-blow मांस आदिपर मक्खी[F]का अण्डा; २. v.t. गन्दा या दूषित करना; अण्डे देना; ~-blown (ला० एवं शा०) दूषित; ~-book मछली[F]के चारेका काम देनेवाली मक्खियों[F]के रखनेका डब्बा या बटुवा; ~-catcher शलभाश, एक मक्खीमार पक्षी; मक्खियों[F]को फँसानेका जाल; ~-fish (v. i.) बंसी[F]में मक्खी[F] लगाकर मछली[F] मारना; ~-flap चँवर, मोरछल, चौरी[F]; ~-paper माक्षिकपत्र; मक्खी-मार कागज; *a~in the ointment* आनन्दमें बाधक एक नगण्य वस्तु[F], *break ~ on wheel* शक्ति[F]का अपव्यय करना, आवश्यकता[F]से कम या अधिक शक्ति[F] क्षीण करना; *~ on wheel* वह व्यक्ति जो अपने प्रभावका गलत अनु-मान करता है; *no ~ ies on him* etc. (ग्रा०) किसी व्यक्ति या वस्तु[F]की क्षमता[F]की प्रशंसा[F];

~ agaric, ~ attack, ~-breeding, ~catcher-warbler, ~-fisher, ~-fishing, ~flowers, ~ honeysuckle, ~ infection, ~ menace, ~ net, ~-proof, ~ proof arrangement, ~ proofing, ~ proof pan-type latrine, ~tail, ~-light cover, ~ trap.

fly[2] n. उड्डयन, उत्पतन, उड़ान, वह दूरी[F] या फासला जितनी दूर[F]तक उड़ा जाये; पर्दा और स्टेजके बीचका स्थान; काज, कपड़ेकी वह पट्टी[F] जिसमें काज बने रहते हैं या जो काजोंके ऊपर रहता है; रंगमंचके ऊपरका स्थान; एक घोड़ेवाली किरायेकी गाड़ी[F]; घड़ी[F] और मशीन[F]का गति-नियामक यन्त्र, चाल[F]को ठीक करनेकी कल[F]; तम्बूके

द्वारका पर्दा; **पताका,** झण्डेका वह भाग जो डण्डेसे सबसे अधिक दूर होता है, डण्डेसे लेकर कोनेतक झण्डेकी चौड़ाई[F]; ~ back **प्रत्यावर्तन;** ~-leaf निरंक पत्र, पत्र संन्धी[F], कोरा पन्ना (विज्ञापन या इश्तिहारका) सादा वर्क; ~ man वह व्यक्ति जो नाट्यशाला[F]में रस्सी[F] खींचनेके लिए नियुक्त रहता है; एक घोड़ेवाली गाड़ी[F]का ड्राइवर; ~-over **घुमाव;** ~-post **सलामी उड़ान[F];** ~-sheet सहवर्ती विज्ञापन, दो या चार पन्नोंका विज्ञापन, इश्तिहार; ~-wheel **गतिपालक चक्र, गतिपाल पहिया;** प्रचक्र, चक्का; *on the* ~ गति[F]में, गतिशील, उड़ती हुई दशा[F]में, उड़ान[F]पर;

~ boat, ~ index, ~ plane, ~ sheet, ~ shunting, ~ winch.

fly[3]* v.t. & i. (*flew, flown*) उड्डयन करना, (हवा[F]में परके सहारे) उड़ना*; हवाई जहाजमें जाना या उड़ना; (कबूतर या पतंगको) उड़ाना* (*made sparks* ~); (बाजका) शिकारके लिए चक्कर लगाना, ऊपर-ऊपर उड़ना; कतराना, बचना, भाग खड़ा होना, भाग जाना (*must ~the country*); द्रुतिगति[F]से चलना, झपटना, बढ़ना; तेजी[F]से जाना या उठना या गुजरना; यात्रियोंको विमान द्वारा ले आना और ले जाना, विमानका मार्गनिर्देशन करना, उड़नेका रास्ता बताना; कूदना, जल्दी[F]से जाना, कुलाँच[F] मारना; (झण्डेको) लहराते हुए रखना, फहराना, लहराना; (झण्डा, बाल, वस्त्र आदिका) हिलना, लहराना, उड़ना, फहराना, फड़फड़ाना; चहरदीवारी[F] या टट्टी[F]को पार कर जाना, कूद जाना, लाँघ जाना, फाँद जाना; पतंग उड़ाना; ~-away (व्यक्तियोंकी) चंचलता[F], चपल या अस्थिर बुद्धि[F]; high-flown आडम्बरमय, उन्नत, ऊपर उठा हुआ, फूला या सूजा हुआ; ~*a kite* (जनता[F] तथा विदेशी राज्योंके रुखको देखकर) अपना मार्ग निर्धारित करना; यह ज्ञात करना कि हवा[F] किस ओर बह रही है; सिफारिशी हुण्डी[F]से रुपया इकट्ठा करना या जुटाना, ~ *at, upon* झपटना; ~ *high* उच्चाभिलाषी होना, बहुत आकांक्षा[F] या लालसा रखना; ~ *out* उद्दण्ड कार्य कर बैठना, क्रोध करना, आपेसे बाहर होकर अनाप-शनाप बकना; ~*'to arms* युद्धके लिए उद्यत होना, झटसे हथियार उठाना।

fly[4] a. (ग्रा०) सजग, सचेत, जाग्रत्, सावधान, होशियार, खबरदार; ~squad **चल दस्ता।**

fly-boy –'बाऍ n. पत्र-वट्ट, उद्वाहक, हरकारा।

flyer, flier –ऑर्'-'ॲर् n. विमानचालक, हवाबाज; फलाँग, छलांग; (यंत्र०) **सादा पैड़ी[F];** असाधारण या अति तीव्रगति[F]से जानेवाला जानवर, पहिया आदि; उड़नेवाला पक्षी या चिड़िया[F] (प्रायः, *high, poor,* ~etc.)।

flying –'इंग a. (क्रियागत अर्थोंमें) उड्डयी, **उड़न** (~*boat*); वेगशील, द्रुतगामी (~*column*); उतावली[F]में किया हुआ या लिया हुआ; **हवाई** (~ *manoeveres*) त्वरायुक्त, त्वरितगति, उड़ता हुआ, तेज; अविचारित, अनैमित्तिक, द्रुत, उतावला, चलते-फिरते (~ *visit*); झूलता हुआ, लटकता हुआ, ऊँचा (~*bridge*); blister (चि०) जल्दी-जल्दी स्थानान्तर किया जानेवाला विस्फोटजनक; ~-boat, समुद्री विमान, **उड़न नौका[F];** ~-bomb उड्डयी प्रस्फोट, कर्णधार-विहीन स्फोटक विमान (जिसका सिरा टकराकर विस्फोट उत्पन्न करे), उड़न बम, हवाई-गोला; ~bulwork **मुरैठा;** ~level **आशुतल;** ~-buttress दीवार[F]का चाकरूप बाँध या पुश्ता (जो खम्भेसे दीवार[F]तक ढालू और प्रायः महराबदार हो); ~-colours पूर्ण सफलता[F] या विजय[F]; फहराती हुई पताका[F], लहराते हुए झण्डे; ~-dog एक प्रकारका चमगादड़; ~fish नभोमीन[F], उड़ाकू मछली[F]; Barbado के निवासियोंका उपनाम; ~ferry **रज्जुनीव;** ~-fox वल्गुल, बड़बागल, गेदुर; ~-jump दौड़कर छलांग[F] मारना; ~light (नौवि०) **हलका तैरना;** ~-machine वायुयान; ~-man वैमानिक, विमानमें उड़नेवाला; ~squad द्रुतगामी दल, उड़ाकी टोली[F], (पुलिस[F]का) **तूफानी दस्ता;** ~shore (यंत्र०) **रोक[F];** ~squadron (श्रम०) **तूफानी दल;**

~accident, ~control, ~fishes, ~hours, ~jib, ~ limitation, ~ officer, ~ system, ~time.

flype फ़्लाइप्' v.i. & t. विवस्त्र करना, निरावरण करना, नंगा करना; अंशतः प्रविष्ट करना, कुछ भाग अन्दर डालना।

F.M. Food Manual; foot-and-mouth; Forest Manual; Field Marshal.

fm. fathom.

F.M.D. foot-and-mouth diseases.

F.M.S. Federated Malay States; Fellow of the Medical Society.

F.N. final notice; fore-noon.

F.O. Field Officer; Flag Officer; Flaying Officer; Foreign Officer; Full Organ; farm overseer; Food Officer.

fo., (fol. भी**)** folio.

f.o.b. free on board

foal फ़ोल्' १. n. (कृषि०) **अश्वशावक,** अश्वक, बालघोटक, खरशाव, टट्टू, घोड़े या गधे आदिका बच्चा, **बछेड़ा** या **बछेड़ी[F];** colt ~ **बछेड़ा;** ~filly **बछेड़ी[F];** २. v.t. & i. जनना, जन्म देना, घोड़ी[F] या गधी[F]का **ब्याना,** बच्चा देना; *in with* ~ गर्भवती, गर्भिणी, गाभिन।

foalfoot –'फ़ुट् a. = COLT'SFOOT.

foam फ़ोम् १. n. (का०) समुद्र-झाग, (नौवि०, रसा०) **झाग;** (कृषि०, नौवि०) **फेन;** पसीना, उत्स्वेक, (हिलानेडुलानेसे ऊपर उठे हुए) बुलबुले, बुल्ले; २. v.i. (रसा०) **फेन देना;** (प्याला आदिका) झागदार शराब[F]से भर जाना, झाग उड़ाना, झाग बनकर उड़ जाना, फेन या झाग निकालते हुए चलना या दौड़ना; (पानी आदिका) फेनदार होना, फेनिल होना, मुँहसे फेन या झाग निकलना या आना, झाग निकालना, फेन उगलना या गिराना; (ad.)**फेनिल, झागदार;** ~*at the mouth* क्रोध करना;

~-born, ~bow, ~crested, ~extinguisher, ~-flanked, ~flecked, ~generator, ~-girt, ~glass, ~-lit, ~-painted, ~rubber, ~theory, ~unit, ~white.

foamed –'ड् a. **फेनिल, झामी, झागदार,** (*~clay, concrete*)।

foaming –मिंग् n. (रसा०) **फेनन, फेनियाना, फेन देना।**

foamless –लिॅस a. अफेण, बिना फेन या झागके।

foamlessness –निॅस् a. फेन-राहित्य, बिना फेनकी स्थिति^F^।

foamy –'मि a. झागदार, फेनदार।

fob^1^ फ़ॉब्' n. घटीकोष, घड़ी^F^ आदि रखनेकी छोटी जेब^F^ जो पहले बिरजस आदिमें होती थी; २. v.t. जेब^F^में रख लेना, डाल लेना।

fob^2^ n. (कृषि०) फेन, **झाग**।

fob^3^ v.t. किसी व्यक्तिको धोखा देकर (खराब चीज^F^) दे देना; (किसी कम मूल्यवाली वस्तु^F^को) मूल्यवान् और अच्छा बनाकर किसीके सिर मँढ़ देना; छल कपट करना, धोखा देना, ठगना।

focal फ़ोकॅल् a. एकत्रित, एक केन्द्र या स्थानपर स्थित, किरण-केन्द्रीय, (निर्दे० ज्या०) **सनाभि, नाभीय,** नाभ्य, नाभि, T; ~ depth **संगम गहराई;** ~ epilepsy क्षतज अपामार; ~distance **नाभीय दूरी**^F^; नाभ्यन्तर, संगमान्तर; ~length नाभ्यायाम;

~- chord, ~ conices, ~ coordinates, ~illumination, ~interval, ~length, ~line, ~plane, ~point, ~power, ~property, ~ratio, ~type.

focalization –लाइज़े'शॅन् n. नाभीयन, केन्द्रीकरण, स्पष्टीकरण, अभिसरणीकरण; ~ line नाभिरेखा^F^; ~ power नाभ्य शक्ति^F^।

focalize –'कॅलाइज़् v.t. नाभीयन करना, एक केन्द्र-विन्दुपर लाना, संकेन्द्रित करना।

focimetry फ़ॅसि'मिॅट्रि n. नाभिमिति^F^, केन्द्रमिति^F^।

F.O.C.R. forest offence case report.

fo'c'sle n. = FORECASTLE.

focus फ़ो'कॅस् १. n. (गणि०, यन्त्र० भी) **नाभि**^F^; (गणि०) **संगम,** T.; ध्वनितरंगों^F^का अभिसरणविन्दु; (प्रकाश, ताप, आदिका) किरणविन्दु, विकिरणविन्दु; (रोग, कार्य, आदिका) **केन्द्र,** मुख्य क्षेत्र, केन्द्रस्थान; **उद्गमकेन्द्र,** लेन्स आदिका नाभ्यायाम या नाभ्यान्तर; **संकेन्द्रक;** संकेन्द्र (*in, out of, bring into,* ~); २. v.t. & i. एक विन्दुपर अभिसरण करना या होना, मिलना या मिलाना; केन्द्र या नाभिमें लाना, संस्पष्ट करना, एकाग्र करना; (आँख^F^, लेन्सकी) नाभि^F^ या फोकसको व्यवस्थित बनाना, वेन्द्रण ठीक करना, **फोकस करना।**

focusing –सिंग् a. & n. नाभीयन, **संकेन्द्रण,** संकेन्द्रक; **फोकस करना; फोकसी**^F^**; फोकसन;**

~ coil, ~ hood, ~ knob, ~ scale, ~screen, ~ screw, ~ stud, ~ tube, ~ lever.

fodder फ़ॉ'डॅर् n. यवस, पशुभोजन, सूखी घास^F^, तृण, **चारा,** (पशुपालन०, कृषि०) चरी^F^, भूसा; २. v.t. चारा देना, भुस देना;

~ crop, ~-cutter, ~-grass, ~ reserve.

fodderless –लिॅस् a. बिना चारा भूसाके।

F.O.E. Friends of Europe.

foe फ़ो' n. (काव्य आदिमें) प्रतिपक्षी, विरोधी, रिपु, विपक्षी, अरि, शत्रु, वैरी, दुश्मन; ~ man (प्रा०) रणशत्रु या दुश्मन।

Foeniculum फ़ीनिक्यू'लॅम् n. बड़ी सौंफ^F^।

f(o)etal फ़ी'टॅल् a. **भ्रूण-,** गर्भ-, भ्रूणविषयक, गर्भस्थ या अण्डस्थ शिशुसे सम्बन्धित; ~ period गर्भावधि^F^; ~ monstrous विकटांग गर्भ;

~ circulation, ~ cortex, ~ dystokia, ~ heart, ~ monstrosity, ~ skull.

foetation –टे'शॅन् n. गर्भधारण, गर्भावस्था^F^, भ्रूणधारण।

f(o)eticide –'टिसाइड् n. भ्रूणहत्या^F^, भ्रूणवध, गर्भ-हत्या^F^, गर्भाशयस्थ या अण्डस्थ शिशुकी हत्या^F^।

foetid फ़ी(फ़े)'टिड् a. = FETID.

foetor फ़ी'टॅर् n. दुर्गन्ध^F^, बदबू^F^।

foetus, fetus फ़ी'टॅस्, फ़ी'टॅस् nn. गर्भाशय; गर्भावस्था^F^, (चि०, श० र० शा०) **भ्रूण** (*~ development*) **गर्भ,** पिण्ड; गर्भस्थ शिशु, बच्चा, गर्भाशयस्थ शिशु चार महीनेसे जन्मतक।

F.O.G. full outturn guarantee.

fog^1^ फ़ॉग् १. n. लम्बी घास^F^ (जो जाड़ेके समय खड़ी छोड़ दी जाती है); काई^F^, पहिली फसल^F^ कट जानेके बाद उगी हुई घास^F^; २. v.t. भूमि^F^को ऐसी दशा^F^में छोड़ देना कि उसपर घास^F^ उगी रहे; जानवरोंको ऐसी घास^F^ खिलाना।

fog^2^ १. n. कुज्झटिका^F^, धूमिका^F^, कूहा, (कृषि०) **कोहरा,** (रसा०, प्रा० भू०) **कुहरा, कुहासा,** कुहेलिका^F^; अन्धकार, अँधेरा, कुहरेके कारण धुँधलापन; (फोटोमें) विकासित प्लेट या तख्ती^F^परका अन्धकार या धुन्ध^F^; २. v. t. & i. कुहरेकी तरह आवृत्त कर लेना, छा जाना, घेर लेना, ढक जाना; **धूमिल करना या होना;** (फोटोको) धुँधला कर देना; व्यग्र कर देना, चकित कर देना, विस्मित कर देना, घबड़ा देना, परेशान कर देना; (रेलवेमें) कूहा-संकेतको पटरी^F^पर रखना; (बागका) नमी^F^के कारण मुरझा जाना, मर जाना; ~-bank कूहापुंज, **कोहरापुंज,** कोहरेका बादल; ~ horn कूहाशृंग, जहाजोंको कुहरेका संकेत करनेके लिए एक बाजा या हार्न; ~ man (रेलवेमें) धौमिक; **कुहासिया;** = FOGGER. ~-signal धूमिका-संकेत, **कुहासा सिगनल, कुहरा-संकेत,** कूहा-संकेत; *a ~ cannot be dispelled by a fan* ओस^F^ चाटे प्यास^F^ नहीं बुझती; *in a ~* किंकर्तव्यविमूढ़, व्यग्र, व्याकुल, परेशान, घबड़ाया हुआ, हैरान;

~ bell, ~ blue, ~ bow, ~ buoy, ~ dog,

~ eater, ~ fruit, ~ gauge, ~ horn, ~ siren.

fogey –'गि n. = FOGY.

fog(e)ydom –गिडॅम् n. प्रतिक्रियावादी, प्राचीन विचारके लोगोंका गिरोह या समाज ।

foggage –गिज् n. = FOG'; (स्कॉट०) चराई^F ।

fogged –ग्ड्' a. (फ़ोटो^F) धूमिलित, धूमिल ।

fogger –'गॅर् n. धौमिक, कुहासंकेतको गाड़ी^Fकी पटरी^Fपर रखनेवाला व्यक्ति ।

fogginess –गिनिॅस् n. कुहाकीर्णता^F, अस्पष्टता^F, अन्धकार, धुँधलापन, धुन्ध^F ।

foggy –गि a. कुहाकीर्ण, कुहावृत्त, कुहरेसे आच्छन्न या घिरा हुआ, कुहरेदार, कुहरेसे सम्बन्धित, कुहरेकी भाँति, कुहरेका; अस्पष्ट, धूमल, धुँधला, गावदी, गड़बड़ (*has only a ~ idea of it*); अव्यक्त, अन्धकारमय ।

fogram फ़ो'ग्रैम् १. n. पुराणपन्थी, प्राचीन परिपाटी^F-का व्यक्ति, दकियानूस, लकीर^Fका फकीर; २. a. प्राचीन, पुराना ।

fogy, -gey फ़ा'गि, फ़ॉगि n. पुराणपन्थी, प्राचीन विचारका व्यक्ति, बुड्ढा, पुराना फूँस, = FOGRAM.

fogyish –गिइश् a. कुछ पुराने विचारका-सा ।

fogyism –गिइज़्म् n. पुराणपन्थ, प्राचीन विचारके लोगोंका मत ।

foh फ़ो inter. छिः, थू-थू, तिरस्कारसूचक अव्यय ।

foible फ़ाएॅ'वॅल् n. (शस्त्रक्रीड़ा^F) तलवार^Fकी धार^Fका बीचसे नोक^F तकका भाग; चरित्रदौर्बल्य, चरित्रहीनता^F, अगुण, दोष, छिद्र, न्यूनता^F, दुर्बलता^F, निर्बलता^F, हीनता^F, वैकल्य, कमी^F, ऐब, कमज़ोरी^F ।

foil[1] फ़ाएॅल' १. n. (स्था०) खिड़की^Fका चाप, खिड़की^Fकी बँगड़ी^F; (रसा०) पर्णीका^F, पर्णी^F, पन्नी^F, धातु^F जिसको कूट-पीटकर पतली चद्दर^Fका रूप दे दिया जाता है (*gold ~*); इस धातु^Fकी चद्दर^F, टीन और पाराका मिश्रण; २. v.t. (खिड़की^Fके ऊपर) चाप लगाकर सुसज्जित करना, खिड़की^Fपर बँगड़ियाँ^F लगाना (*~ed arch*) ।

foil[2] १. n. (प्रा०) विफलता^F, निष्फलता^F, निवारण, परिहार, पराजय^F, हार^F; शिकारका रास्ता; २. v.t. & i. निष्फल या व्यर्थ कर देना, निवारण करना, परिहार करना, परास्त कर देना, हरा देना, मारकर भगा देना, खदेड़ देना, मात कर देना; (शिकारी कुत्तोंको धोखा देनेके लिए उनका रास्ता) काट देना; *run, run upon, the ~* उसी मार्गपर दुबारा दौड़ना ।

foil[3] n. कुन्द धार^Fकी तलवार^F (जिसकी नोक^Fपर एक बटन लगी होती है और जो अभ्यास करनेमें प्रयुक्त होती है) ।

foilable –'लॅबॅल् a. निवार्य, पराजेय, हराने योग्य ।

foiled –ल्ड् a. कुन्दधार^Fकी तलवार^Fकी तरह; ध्वस्त, पराजित, हारा हुआ ।

foiler –'लॅर् n. पर्णायकः दूसरेको घबड़ानेवाला ।

foin फ़ाएॅन् v.i. बर्छी^F या तलवार^F भोंकना, घुसेड़ना ।

foison फ़ाएॅ'ज़्न् n. अधिकता^F, प्रचुरता^F ।

foist फ़ाएॅस्ट्' v.t. किसीके सिर नकली चीज^F थोपना; प्रामाणिक वस्तु^Fकी तरह चालू करना, असली कहकर चलाना, बुरी चीज^Fको अच्छी चीज^F कहकर देना; धोखा या चालाकी^Fसे मिश्रण करना, कोई बुरी चीज^F मिला देना, मिलौनी^F करना ।

foister –'टॅर् n. कपटी, चालसाज, ठग ।

-fold फ़ोल्ड् -गुण, -गुणित, -गुना (जैसे, *two ~, ten~*) ।

fold[1] फ़ोल्ड् १. n. (ला०) धर्मसंघ, गिरजाघर; व्रज, मेषगोष्ठ, भेड़ों^Fका घेरा या बाड़ा, गोण्डा; २. v.t. (भेड़ों^F-को बाड़ेमें) घेर देना, बन्द कर देना, घुसेड़ देना, ओलियाना, खेतमें खाद देनेके लिए इसमें भेंड़^F घेर रखना, भेड़^F बैठाना ।

fold[2]* १. n. वलिवस्त्रभंग, भंज, भंजन (चि०) वलि^F; साँप, रस्सी^F आदिकी कुण्डली^F; (भूगर्भ०) वलन, परत^F या तह^Fकी मोड़^F, शिकन; मोड़की लकीर^F; पर्वत आदिमें नीचा स्थान, कोना, घाटी^F, दो तहोंके बीच रिक्त स्थान, तह^F*, (*carried it in a~ of her dress*); पुट, पुटक; २. v.t. & i. तह^F होना*, दोहरा होना, मुड़ जाना, दोहरा या तह होनेके योग्य होना; (किसी वस्तु^Fके एक भागको पीछे या नीचे) तहा देना; तह करना, भांजना*, दोहरा करना, दोहर देना, मोड़ देना; आवृत्त करना, आच्छादित करना, ढकना, लपेट देना (*~it in paper*); (हाथोंको) इकट्‌ठा करना, जोड़ना; लिपटना, चिपटना; आलिंगन करना, लिपटाना; गुणा करना; (भुजा^F आदिसे) किसी चीज^Fको जकड़ना ।

folded –'ड्डि॑ड् a. भंजित, भाँजा हुआ, तह किया हुआ; वलित, गुणीकृत; ढँका हुआ; द्विरावृत्त, पुटीकृत; ~ layers, ~ mountain.

folder –डॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) (बहु०) तह हो जानेवाला चश्मा, मुड़नेवाली ऐनक^F; पुस्तिका^F, तह किये हुए विज्ञापन, इश्तिहार आदि ⊙; T., कागजको तह करने या मोड़नेकी मशीन^F ।

folderol फ़ॉल्'डॅरॉल् n. मूर्खता^F, निरर्थक बात^F ।

folding फ़ोल्'डिंग् १. n. भंजन, सलवट^F, सिकुड़न^F, शिकन^F, मोड़^F (तह^F करनेपर पड़ जानेवाली) भाँज^F, (कृषि०) भेड़^F बिठाना, २. a. भंज्य; टूटवाँ, मुड़वाँ, ~ door(s) टूटवाँ दरवाजे (जो खोलनेपर अपने आप बन्द हो जाते हैं और दोनों पाखोंपर जड़े होते हैं); ~ handle टूटवाँ दस्ता; ~ *up* मोड़ करके इकट्‌ठा करना, कसा हुआ या दृढ़ बना देना;
~ chair, ~ department, ~ joints, ~ machine, ~ screen, ~ staff, ~ stool, ~ watertap, ~ wedge.

foldless –'लिस् a. बिना तह या भांजका, स्तरहीन ।

foliaceous फ़ोलिए'शॅस् a. पीट पीटकर पतला किया हुआ; पर्णिल, पत्रित; पत्तोंसे सम्बन्धित, पत्तोंका; पर्णाकार, पर्णसदृश, पत्ती^Fकी भाँति, पत्ती^Fके समान, जिसके अंग पत्तेकी भाँति हों (*~ appendage*) ।

foliage –'लिइज् n. (वन०) पर्णावली^F, पर्णसमूह,

पल्लवचय, पल्लवगुच्छ, पर्ण, दल, पत्र, फूल-पत्ती^F, पत्ते, पत्तियाँ^F, ~-leaf (वन०) **सत्यपत्र,** बिना पंखुड़ियों^Fका पत्ता।

foliaged –लिऐ ॅज्ड् a. पल्लवगुच्छयुक्त, पर्णावलियुत, पर्णयुत, पत्तेदार, पत्तोंवाला।

folia linguae –लिअॅ लिंगुअॅ (चि०) **जिह्वापुटक।**

foliar फ़ो'लिअॅर् a. पर्णीय, पर्ण-सम्बन्धी; ~ spur लघुशाखा;
~ diagnosis, ~ gap, ~ stipule, ~ strand, ~ structure.

foliate[1] –एट् v.t. & i. पन्ने गिनना, पुस्तकों^Fके पत्रोंपर क्रमशः नम्बर लगाना; (द्वारमस्तक, महराव) पत्तियों^Fसे अलंकृत करना, पत्तियों^Fसे सजाना; पतली परतों^F या झिल्लियों^Fमें विभाजित करना, पीटकर पत्ती^F कर देना, झिल्ली^F कर देना, परत^F बना देना, पन्नी^F बनाना।

foliate[2] –अॅट् a. पर्णावृत, पत्रयुक्त, पत्तीदार, पत्तियों-वाला; पत्राकार, पत्ती^Fके सदृश, पत्ती^Fकी भाँति; निश्चित संख्या^Fमें पत्तियाँ^F रखनेवाला।

foliated –टि ॅड् a. **पर्णित, पर्णालंकृत, पत्रित,** पत्तियों^Fसे भरा हुआ;
~ rock, ~ structure.

foliation –एॅ शॅन् n. (भू०) पत्राभायन; पन्नोंपर नम्बर लगाना; पत्तियों^Fसे अलंकार या सजावट^F करना; **पल्लवन,** पर्णन, पीट-पीटकर परत, झिल्ली^F या पन्नी^F बनाना।

foliature –'लिअेच्युअॅर् n. पत्रस्तवक, पत्तोंका झुरमुट; पत्रविभूषण, पत्तेदार सजावट^F।

foliferous फ़ॅलि'फ़ॅरॅस् a. पत्रोत्पादक, पत्ते पैदा करनेवाला।

folio[1] फ़ो'लिओ १. n. छपी हुई पुस्तक^Fकी पृष्ठसंख्या^F; पर्णक, चर्मपत्र, पृष्ठ, (वाणि०) **पन्ना; पृष्ठयुग्म,** एकभंज; चौपन्ना; शब्दोंकी संख्या^F; चौपेजी पुस्तक^F या जिल्द^F, (*a ~ book* भी); वहीखाते आदिका पृष्ठ; या counter ~ प्रतिपर्णक; *in ~* केवल एक बार भाँजे गये कागजके तख्तेपर लिखी या छपी हुई पुस्तकें^F।

folio[2] v.t. पन्ना लगाना, पर्णक-संख्या^F लगाना।

foliobranchiate फ़ोलिअॅब्रैन'किअॅट् a. (प्राणिवि०) अंगपर्णसे युक्त, पत्रयुक्त, पत्तेजैसे गलफड़ेवाला।

foliolate –लेट् a. किसलययुक्त, पत्रयुक्त।

foliole –ओल् n. किसलय, कोंपल^F, छोटी पत्ती^F, मिश्रित या यौगिक पत्ती^Fका एक टुकड़ा।

folioning फ़ो'लिओनिंग् n. (अर्थ०) **पन्ना इन्दराज।**

foliose फ़ो'लिओस् a. पत्रयुक्त, **पत्तेदार** (~ *lichen*)।

folious –अॅस् a. पत्तेदार; झीना, निस्सार, पतला।

folium –अॅम् n. (pl. *-ia*) (शा०) अनुमस्तिष्ककी वलियाँ^F; **दलाभ,** पर्ण, पत्र, पत्ता।

folk फ़ोक्' n. (बहु०) जनसमूह, जनसाधारण, **लोक,** जनता^F; (प्रा०) **जन,** राष्ट्र, जाति^F, लोग; जनसमूहसे सम्बन्धित, जन-सम्बन्धी (*~-custom*); ~-lore **लोकज्ञान,** लोकवार्ता^F, किस्सा-कहानी^F, लोकविचार, जनविश्वास या मत, लोकविश्वास आदिका अध्ययन;
~ belief, ~ custom, ~ dance, ~ ethics, ~ etymology, ~land, ~literature, ~lorist, ~ migration, ~ mind, ~ mote, ~ music, ~ myth, ~ psychology, ~ right, ~-song, ~ speech, ~-tale, ~-tune, ~ ways.

folky manner ⊙ फ़ो'कि मैं'नॅर् n. मित्रतापूर्ण व्यवहार।

follicle फ़ॉ'लिकॅल् n. (वन०) रेशमका कोवा; स्यूनिका^F, कूप, **गर्त,** शरीरस्थ रसस्रावी कूप, (चि०, कृषि०, वाणि०) **पुटिका^F, पुटक,** झिल्लीदार छोटी थैली^F।

follicular –'क्यूलॅर् a. **पुटक-,** पुटिका-, रेशमके कोयेसे सम्बन्धित; कूपीय, कूपिल, रसस्रावी कूपसे सम्बन्धित;
~ cavity, ~ cell, ~fluid, ~ layer.

folliculated –लेटि ॅड् a. रेशमके कोयेवाला; कूपयुक्त, पुटकमय।

folliculitis फ़ॉलिक्यूलाइ'टिस् n. (चि०) कूपशोथ, पुटिकाशोथ, कूप-कोप, स्यूनिका-कोप, ग्रन्थि-कोप या शोथ, ग्रन्थि-शोथ।

folliculous –क्यूलॅस् a. (त्रि०) पुटिका-युक्त, कूपयुक्त, स्यूनिकायुक्त, ग्रन्थिमय।


forrader –᱾डॅर् adv. (ग्रा०) = FORWARD (*get no* ~) ।

forrel फ़ॉ᱾रॅल् n. = FOREL.

forsake फ़ॅसे᱾क् v.t. (*forsook*, *forsaken*) त्याग करना, उत्त्याग करना, मैत्री[F] भंग करना, सहायता[F] हटाना या वापस ले लेना, सम्बन्धविच्छेद करना, त्यागना, तजना, छोड़ देना ।

forsaken–कॅन् a. त्यक्त, उत्यक्त; विच्छिन्न, छोड़ा हुआ ।

forsaking –᱾किंग् n. परित्याग ।

forsay, foresay फ़ॅसे᱾, फ़ोअॅसे᱾ vv.t. वर्जित करना, मना करना, रोकना ।

forsooth फ़ॅसू᱾थ् adv. निःसन्देह, सचमुच, वास्तवमें, निश्चय ।

forspend फ़ॅस्पे᱾न्ड् v.t. परिश्रान्त करना, जीर्ण करना, उकताना, थकाना, उबा देना ।

forspent –न्ट् a. परिश्रान्त, थकामाँदा, थका हुआ ।

forswear फ़ॅस्वेॲर् v.t. (p.t. *forswore*, p.p. *forsworn*) मिथ्याशपथ ग्रहण करना, शपथपूर्वक त्याग करना, सौगन्ध[F] तोड़ना, शपथ[F] लेकर छोड़ना; ~ *oneself* कपट सौगन्ध[F] खाना, मिथ्याशपथ[F] ग्रहण करना, झूठी॰गंगाजली[F] उठाना, झूठी कसम[F] खाना ।

forsynthia फ़ॅसिन्᱾थिॲ n. पीले फूलोंवाली एक झाड़ी[F] ।

fort[1] फ़ॉर्ट᱾ n. दुर्ग, गढ़, कोट, गढ़ी[F], क़िला, मोरचा; उत्तरी अमेरीकामें वाणिज्य-केन्द्र, व्यापारिक मण्डी[F] ।

fort[2] a. (चि०) तीव्र ।

fortalice –᱾टॅलिस् n. (प्रा०, का०) छोटा गढ़, छोटा किला, छोटा मोरचा; गढ़ी[F], किला ।

forte फ़ॉर्ट᱾ १. n. किसी व्यक्तिकी विशेष शक्ति[F], विशेषता[F], विशेष गुण; मुठिया[F]से लेकर मध्यतक तलवार[F]की धार[F]; २. adv. दृढ़तापूर्वक, बल देकर, जोरसे ।

forth- फ़ॉर्थ आगे (जैसे, ~ *with*) ।

forth फ़ॉर्थ᱾ १. adv. बाहर, घरसे बाहर, दरवाजेसे बाहर (*sail*~); प्रत्यक्ष रूपमें, सामने (*come*~); (समय) भविष्यमें, आगेको, अबसे; आगेकी ओर; २. prep. (प्रा०) बाहरकी ओरसे; *and so*~ आदि, वगैरह; और इसी प्रकारसे, इसी तरह; *back and* ~ चारों ओर, इधर-उधर, आगे-पीछे; *so far*~ उस सीमा[F]तक ।

forthcoming –क᱾मिंग् a. आसन्न, भविष्यमें होनेवाला, सन्निकट; **आगामी**; भावी, आगे आनेवाला ।

forthgoing –गो᱾इंग् n. अग्रगमन, आगे निकलनेकी क्रिया[F] ।

forth-issuing फ़ॉर्थ्-इ᱾स्यूइंग् a. अग्रसर, आगे आनेवाला ।

forth-right फ़ॉर्थ्-राइट्᱾ adv., n. & a. १. n. सीधा मार्ग (*~s and meanders*); २. a. सीधा जानेवाला; प्रवीण, चतुर; निश्चायक, निर्णायक; अद्विग, अटल; स्पष्टवक्ता, निर्भीक, स्पष्ट, खरा, मुँहफट; ३. adv. (प्रा०) तुरन्त, फौरन ।

forthwith फ़ॉर्थ᱾विद् –थ् adv. झटिति, शीघ्र, आशु, अविलम्ब, तत्काल, तत्क्षण, तुरन्त, **उसी समय**, फौरन ।

fortieth फ़ॉर᱾टिॲथ् a. & n. चत्वारिंश, चत्वारिंशत्तम, चालीसवाँ, चालीसवाँ भाग ।

fortifiable फ़ॉर᱾टिफ़ाइॲबॅल् a. दृढ़ बनाने योग्य, पुष्ट करने योग्य, किलाबन्दी[F]के योग्य, मोर्चाबन्दी[F]के लायक ।

fortification –फ़िके᱾शॅन् n. (सेना०) दुर्गनिर्माण, गढ़बन्दी या **किलाबन्दी[F]**की कला[F] या विद्या[F]; (प्रायः बहु०) रक्षणात्मक उपाय, दीवालें[F] और मीनारें आदि, दुर्ग, कोटः (चि०) प्रबलीकरण, पुष्टीकरण, दृढ़ीकरण, शक्तिवर्धक बनाना; (अलकोहल मिलाकर) शराब[F]का तीक्ष्णीकरण ।

fortifier –᱾टिफ़ाइॲर् n. किलाबन्दी[F] करनेवाला ।

fortify –इ v.t. & i. किलेबन्दी[F] करना, मोर्चेबन्दी[F] करना; (नगर, सेना[F], अपनेको रक्षणात्मक उपायोंसे) सुरक्षित करना या सुसज्जित करना; (भवन आदिके निर्माणको) सुदृढ़ करना, प्रबल करना, पुष्ट बनाना; (कथनका) समर्थन करना, पुष्ट करना; प्रोत्साहन देना, नैतिक अथवा मानसिक बल देना, सहिष्णुता[F] लाना, शक्तिप्रदान करना, बल देना; (विटामिनसे, भोजनको) पौष्टिक बनाना; मदिरा[F]में मदिरासार मिलाकर तीक्ष्ण करना, अल्कोहॉल मिलाकर (शराब[F]को) तेज करना ।

fortis फ़ॉर᱾टिस् a. = FORT[2].

fortissimo फ़ॉर्टि᱾सिमो a. & adv. (संगीत) उच्चस्वरमें ।

fortitude –᱾टिट्यूड् n. (कष्ट या विपत्ति[F]में) धैर्य, धृति[F], सहनशक्ति[F], सहनशीलता[F], उत्साह या साहस, पौरुष; (प्रा०) बल, शक्ति[F], वीर्य, ताकत[F] ।

fortitudinous –᱾डिनॅस् n. धैर्यशील, धीर ।

fortlet फ़ॉर्ट᱾लिट् n. लघुदुर्ग, छोटा किला या गढ़ ।

fortnight फ़ॉर्ट᱾नाइट् n. मासार्ध, अर्धमास, पक्ष, द्विसप्ताह, दो सप्ताह, पखवारा, १५ दिन; *to-day*, *this day*, *Monday*, etc. ~ आजसे, सोमवार आदिसे १४ दिन ।

fortnightly –᱾लि १. a. पाक्षिक, पक्षमें एक बार होनेवाला; २. adv. पक्षमें एक बार, पन्द्रह दिनमें एक बार; ~bulletin, ~diary, ~list, ~nutation, ~pending, ~progress, ~report, ~requisition, ~return, ~statement, ~tide, ~weighments.

fortress फ़ॉर्'ट्रि्स् १. n. सैन्यदुर्ग, **गढ़ी**^F, गढ़, कोटला; २. v.t. (का०) रक्षा^F करना, दुर्गका काम देना, बचाव करना।

fortuitism फ़ॉर्ट्यू'इटिज़्म् n. भाग्यवाद, दैववाद, नियतिवाद।

fortuitist –टिस्ट् n. भाग्यवादी, दैववादी, अदृष्टवादी।

fortuitous –टस् a. **आकस्मिक**, दैवायत्त, भाग्याधीन, दैवाधीन, **दैवकृत**, अनायास; ~ event **दैवी घटना**।

fortuitousness –निस् n. आकस्मिकता^F, दैवायत्ति^F, भाग्याधीनता^F, दैवाधीनता^F, दैवयोग।

fortuity –टि n. आकस्मिक या अवांछित घटना^F या बात^F, दैवघटना^F, दैवयोग, आकस्मिकता^F, दैवायत्ति^F, दैविकता^F, दैवाधीनता^F।

fortunate –च्यूनॅट् a. सौभाग्यपूर्ण, भाग्यवान्, भाग्यशील, धन्य; उपकारक, कल्याणमय, शुभ, मंगलमय, मंगलयुक्त, अनुकूल।

fortunateness –निस् n. सौभाग्यशालिता^F, भाग्यवत्ता^F, सौभाग्य; मंगल, शुभ।

fortune[1] –'चुन्, –च्यून् n. विधि^F, भाग्य, दैव, अदृष्ट, संयोग; भावी, भवितव्यता^F, अच्छा या बुरा भाग्य, होनी^F, कर्म, किस्मत (*tell* person *his*~); सम्पत्ति^F, समृद्धि^F, ऐश्वर्य, धन; सौभाग्य, अच्छा भाग्य; ~-hunter विवाहके लिए धनिक कन्या^Fको खोजनेवाला; ~-teller गणक, दैवज्ञ, ज्योतिषी, कार्तान्तिक, दैवचिन्तक, डाकोत, शगुनिया; F~ भाग्यदेवी^F, श्री^F, लक्ष्मी^F; ~ *favours the brave* उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी^F:, साहससे लक्ष्मी^F आती है, उद्यमीकी लक्ष्मी चेरी; ~ *knocks at least once at every* one's *door* कभी-न-कभी कोढ़ीके भी भाग जागते हैं; *make a* ~ समृद्ध होना, धनी होना; *make* one's ~ समृद्धिशाली होना, उन्नति^F करना; *marry a* ~ धनिक लड़की^Fसे विवाह करना; *spent a small* ~ *on it* इसपर अधिक धन व्यय किया; *try* one's ~ भाग्यकी परीक्षा^F करना, भाग्य आजमाना, भाग्य टटोलना।

fortune[2] v.t. दैवयोगसे हो पड़ना, अकस्मात् आ पड़ना; (प्रा० एवं का०) हो जाना, घटित हो जाना (*it~d that*)।

fortuneless –चुन्(च्यून्)–लिस् a. भाग्यहीन, हतभाग्य, अभागा; ऐश्वर्यहीन, निर्धन, सम्पत्तिहीन, धनहीन, गरीब।

forty फ़ॉर्'टि १. n. चालीस वर्षकी आयु^F या अवस्था^F (*after*~); २. a. चत्वारिंशत्, चालीस, ४०; ~one इकतालीस, ~ two बयालीस, ~ three तेतालीस, ~four चवालीस, ~five पैंतालीस, ~six छियालीस, ~seven सैतालीस, ~eight अड़तालीस, ~nine उनचास; ~winks भोजनके पश्चात् थोड़ा सो जाना; roaring ~ies ३०° और ५०° दक्षिणी अक्षांशके बीच समुद्रका तूफ़ानी भाग; the~ies स्कॉटलैण्डके उत्तरी पूर्वी तट और नार्वेके दक्षिणी पश्चिमी तटके बीचका समुद्री क्षेत्र; the F~-five जेम्स द्वितीय या उसके पुत्र प्रिटेण्डरके अनुयायियों द्वारा १७४५ में किया हुआ विद्रोह या क्रान्ति^F।

forum फ़ोॲ'रॅम् n. (इति०) **मंडम**; न्यायालय, न्यायाधिकरण, न्यायसभा^F, कचहरी^F, अदालत^F (ला० *the~ of conscience* etc.); जनसभा^F, सार्वजनिक स्थान, मण्डी^F, चौपाल^F, विक्रयपीठ, हाट^F, अखाड़ा, चौक, बाजार; **वाक्पीठ**, वादस्थल, गोष्ठी^F, वादसभा^F, सार्वजनिक वादविवादका स्थान या मंच; **क्षेत्र**, **स्थल**; actus~ **घटना-स्थल**।

forward[1]* फ़ॉर्'वॅर्ड् १. n. **आगा**; (फुटबाल, हाकी आदिमें) अगली पंक्ति^Fके खिलाड़ी; २. a. **अग्र-**, पुरोगामी, अग्रगामी, प्रौढ़, आगे बढ़ा हुआ, बढ़ा-चढ़ा; पूर्वकालिक, समयसे पहले; समाप्त-प्राय (पौधा, मौसम, फसल^F); निर्लज्ज, अविनीत, प्रगल्भ, उद्धत, उजड्डु; अकालप्रौढ़, अकालपक्व; तत्पर, व्यग्र, उद्यत, प्रस्तुत, तैयार, उतावला; अग्रिम, अग्रस्थ, **अग्र**, **अग्रसर**, **आगल**, **आगे**; **अगला***(*the~path*); समक्ष, सम्मुख, सामना (*the~horizon*); (नौवि०) जहाजके अगले भागका; (वाणिज्य) भावी उपज^Fसे सम्बन्धित (*~contract*); ~message **अग्रप्रेषित सन्देश**; ~portrage वहन व्यय; ~programme भावी कार्यक्रम; ~school, party, opinions उन्नत विचार, मत, दल; *go~and fall, go backward and mar all* आगे जायँ तो टाँगें^F टूटें, पीछे मुड़ें तो आँखें^F फूटें;

~ area, ~ base, ~ bearing, F ~ Block, ~bundle, ~charge, ~contract, ~delivery, ~draught, ~estimate, ~exchange, ~flag, ~mail, ~markets commission, ~motion, ~movement, ~position, ~post, ~price, ~purchase, ~rally, ~reaction, ~reference, ~sale, ~shipment, ~shipping order, ~total, ~trade, ~trading, ~transaction, ~troop, ~unit.

forward[2] v.t. उन्नति^Fकी गति तीव्र करना, उन्नति^Fकी ओर बढ़ाना, अग्रसर करना; अग्रसारित करना, अग्रप्रेषित करना, आगे बढ़ाना; (पत्र आदि) **आगे भेजना**, अगले पतेपर भेजना; (शिथिल अर्थमें) (माल आदि) भेजना, रवाना करना।

forward[3] adv. उन्नति^F करते हुए, आगे बढ़ते हुए; अग्रतः, समक्ष, सम्मुख, सामने, आगेकी ओर; निरन्तर आगे (*rushing*~), (सेना^Fको आदेश) 'आगे बढ़ो'; भविष्यकी ओर (*from this time* ~); (नौवि०) अगले भागमें, जहाजके अगले भागतक, आगे-आगे; अग्रिम, आगे, पहले (*send him*~); *bring*~ किसी वस्तु^Fके प्रति ध्यान आकृष्ट करना, सामने लाना; *can't get any~er*, or (प्रायः, बोल०) *forrader* आगे न बढ़ सकना; *come*~(किसी पद या कार्य आदिके लिए) आगे आना, (किसी कार्यको करनेके लिए) प्रस्तुत हो जाना या तैयार हो जाना; *go* ~ आगे बढ़ते रहना, बढ़ते जाना; *look*~

आशावादी होना, दूरदर्शी बनना, भविष्यका ध्यान रखना, सामने देखना।

forwarded –र्डिड् a. **अग्रप्रेषित** (*~traffic*)।

forwarder –र्ड्'र् n. उन्नति-गति^F को तीव्र करनेवाला, अग्रनेता।

forwarding –र्डिङ् a. & n. प्रेषक, अग्रप्रेषी; अग्रसारी (*~letter*); **अग्रप्रेषण,** अग्रसारण, माल-असबाब भेजनेका (कार्य);

~agent, ~merchant, ~note, ~station.

forwardness –र्ड्-निस् n. प्रगल्भता^F, धृष्टता^F, निर्लज्जता^F, उजड्डपन, दिलेरी^F।

forwearied, forworn फ़ॅवीं'रिड्, फ़ॅवॉ'न् aa. (प्रा०) परिश्रान्त, थका हुआ, थका-माँदा।

fossa, fosse फ़ॉ'सॅ, फ़ॉस्' nn. (चि०, श० र० शा०) **विवरक,** विवर, (श० र० शा०) **खात,** झुर्री^F, गड्ढा; (लम्बी संकीर्ण) परिखा^F, खाई^F, नहर^F, खन्ती^F; ~incudis **स्थूणक खात;** ~oralis **अंडाभ खात;** ~terminalis अन्त्य खात।

fossette –'से्ट् n. (श० र० शा०) खातिका, खाति^F, गड्ढा।

fossick फ़ॉ'सिक् v.i. (ग्रा०) इधर-उधर ढूँढ़ना, छानबीन^F करना, खोज^F करना, तलाश^F करना।

fossicker –कॅर् n. गवेषक, छान-बीन^F करनेवाला, खोजी।

fossil फ़ॉ'सिल् १. n. (प्रागैतिहासिक) जीवावशेष, उत्खात द्रव्य, (प्रा० भूगोल) **जीवाश्म,** प्रस्तरित वस्तु^F, शिलीभूत पदार्थ, T; २. a. प्रागैतिहासिक, पुराकालीन, प्राचीन, पुराना; प्रस्तरित, पाषाणित, शिलीभूत, शिलाभव, शिलाजात (*~bones*); उत्खात, जो खोदकर निकाला जाये, जो दबा हुआ पाया जाये (*~fuel* etc.);

° ~ape, ~evidence, ~man, ~remains.

fossilate –लेट् v.t. प्रस्तरीभूत करना, प्रस्तरित करना, शिलीभूत करना।

fossilation –ले'शॅन् n. प्रस्तरीकरण, शिलीकरण।

fossiliferous –लि'फ़ॅरॅस् a. प्रस्तरिल, जीवाश्मयुत, पाषाणित।

fossilist –सिलिस्ट् n. जीवाश्मविज्ञ, धातु-विद्या^F जाननेवाला।

fossilization –लाइज़े'शॅन् n. जीवाश्मन, प्रस्तरीकरण, शिलीकरण।

fossilize –सिलाइज़् v.t. & i. प्रस्तरिल करना या होना, शिलीभूत करना या होना; पत्थर बनना या होना।

fossorial –सॉ'रिॲल् a. निखनक, खनन-सम्बन्धी, खोदनेवाला; ~adaptation, **खनन-अनुकूलन।**

foster[1] फ़ॉस्'टॅर् n. पोषक, पोषित, धात्रेय, पोष्य या पोषकजन; ~-brother **धात्रेय,** धात्रीपुत्र, **सहपालित भ्राता,** दूधभाई, कोकाभाई, कोका ~-child पोष्यशिशु, पालित बालक, लेपालक; ~daughter पोष्यपुत्री^F, पालितात्मजा^F; ~-father **धाता,** धातृ पिता, धर्मपिता; प्रतिपालक, **पालकपिता;** ~-mother **धात्री, धाय^F, पालक माता^F,** मातृका^F, अंकपालिका^F, प्रतिपालिका^F, धात्री^F; उपमाता^F; (कृषि०) **पोषिका मुर्गी^F;** ~mother-box (कृषि०) **आश्रय बक्स;** ~-parent पालक पिता-माता^F, प्रतिपालक माँ-बाप; ~-sister **धात्रेयी^F,** धात्रीपुत्री^F, **सहपालिता बहन^F;** ~-son पोष्यपुत्र, पालित-पुत्र, लेपालक बेटा।

foster[2] v.t. (प्र०) सस्नेह पालन-पोषण करना, उन्नति^F देना, आगे बढ़ाना, लालन-पालन करना, पालना, दूध पिलाना; (छाती^F से लगाकर) गरम रखना; (परिस्थितियों^F का) अनुकूल होना; (किसी भावना^F को) उत्साहित करना, प्रोत्साहन देना, हृदयमें स्थान देना।

fosterage –टॅरिज् n. धात्रेयपालन, प्रतिपालन; पालन-पोषण, धायका काम; धात्री या दूधपिलायी रखनेकी प्रथा^F।

fosterer –रॅर् n. उन्नायक, प्रोत्साहक, पालक, पोषक।

fosterling –टॅलिंग n. पोष्य शिशु, संरक्षित या आश्रित शिशु।

fostress –ट्रिस् n. उन्नायिका^F, धात्री^F, पालिका^F, पोषिका^F।

fother[1] फ़ॉ'दॅर् n. बोझा; सीसेका एक पुराना माप।

fother[2] v.t. (जलयानमें) किसी छिद्रको बन्द करना।

fou फ़ू a. प्रमत्त, धुत्त, खूब शराब^F पिये हुए।

fougasse फ़ुगास्' n. स्फोट-विवर, कुण्ड (बारूद^F के लिए)।

fought फ़ॉट्' p. & p.-p. of FIGHT.

foul फ़ाउल्' १. n. न्यायविरुद्ध या अनुचित वस्तु^F, कोई कपटपूर्ण या नियमविरुद्ध वस्तु^F; (घुड़सवारी^F, खेलने या दौड़नेमें) नियमविरुद्ध खेल, उलझन^F, फँसाव, मुठभेड़^F, टक्कर^F; २. v.t. & i. अपमानित करना, मानहीन करना, अनादृत कर देना, कलुषित करना, भ्रष्ट करना, परिदूषित करना, पापमय कर्मोंसे नीच होना, मलिन करना, गन्दा या गँदला करना या होना; अवरुद्ध होना या करना, रोकना, रुक जाना, बन्द करना या हो जाना; **कड़ी^F लग जाना;** मुठभेड़ होना, भिड़ जाना, लड़ाना, अटकाना, टक्कर खाना; (सवारियों या रेलगाड़ी^F की पटरी^F, चौराहेको) अवरुद्ध कर देना, रोक देना; बन्द करना; **उलझना;** (लंगर या तारको) फँसा देना, उलझा देना; ३. a. कलुषित, अपवित्र, अशुद्ध, मलदूषित, परिदूषित, मलिन, मैला, **गन्दा,** गँदला (*~ linen*); (ग्रा०) घृणोत्पादक, अरुचिकर, उबा देनेवाला; घृण्य, घृणित, दुर्गन्धित, दुर्गन्धमय, सड़ा-गला, घिनौना, बदबूदार; अशुद्ध, अस्वास्थ्यकर या हानिकर तत्त्वसे युक्त (*~ air*); अवरुद्ध, रुका हुआ, बन्द (*~ gun-barrel*); संशोधनोंसे भरपूर (*~ copy*); (वायु) विरुद्ध, विरोधी; उलझा हुआ, संकीर्ण, फँसा हुआ; (*rope is ~*); झगड़े-झंझट^F में, टक्कर^F में; (जहाजका तल) ऐसा गन्दा जिसमें समुद्रकी घास^F और सीपी आदि लिपट गयी हों; (मौसम) प्रचण्ड, धुँधला, तूफानी, बरसाती, **बुरा,** खराब (*~ weather*); गर्ह्य, निन्द्य, पापी, दुष्ट, नीच, निकृष्ट, गन्दा (*~ deed*); नियमविरुद्ध, न्यायविरुद्ध, अन्यायसंगत, अनुचित, कपटयुक्त (*~ blow*); (अण्डे देनेपर या अण्डे देनेके पश्चात् मछलियाँ^F) दुर्दशामय, बुरी

परिस्थिति[F]में; अश्लील, विरूप, रूपहीन, कुरूप, भद्दा (अव अधिक बोल० *fair or ~*); ४. adv. अनुचित, नियम-विरुद्ध या अनियमित रूपसे (*hit him ~*); ~ bill **रोगसूचक पत्र**; ~ brood मधुमक्खियोंका एक रोग; ~ clay **चिकनी मिट्टी**[F]; ~ ground कुतल; ~ language अपशब्द; ~ mark उल्लंघन-चिह्न; ~-mouthed दुर्मुख, दुर्भाषी, अश्लील, बदजबान; ~ play (ला०) कपट, धोखा, कूटकर्म, पाप; ~ weather **बुरा मौसम**; the ~ fiend पिशाच, राक्षस, शैतान; *play one ~* कपट करना, कपटपूर्वक व्यवहार करना, छल करना, धोखा करना; *through fair and ~* यथा-तथा, सभी उपायोंसे, जैसे-तैसे ।

foulard फ़ू'लार् n. रेशम या सूत और रेशमसे मिलकर बना हुआ कपड़ा; इस कपड़ेका रूमाल ।

foule (F) n. चमकदार हल्का, ऊनी वस्त्र ।

fouling फ़ॉउ'लिंग् n. परिदूषण, कलुषित या भ्रष्ट करनेकी क्रिया[F], गन्दा होना; (सैन्य०) **रुकना या फँसना**; ~ holes **गैस छेद**; ~ mark **उल्लंघन चिह्न** ।

foulness –'नि`स n. घृण्यता[F], दुष्टता[F], नीचता[F]; अशुद्ध या मलिन वस्तु[F], दुर्गन्धित पदार्थ; विरोध, नियम-हीनता[F], प्रचण्डता[F], अश्लीलता[F], कुरूपता[F], अशुद्धता[F], अपवित्रता[F], दुर्गन्धि[F], मलिनता[F], गन्दगी[F] ।

foumart फ़ू'मार्ट् n. गन्धमार्जार, गन्धबिलाव, एक प्रकारकी बिल्ली[F] ।

found[1] फ़ॉउन्ड्' v.t. & i. (भवन, नगर) संस्थापित करना, स्थापित करना, खड़ा करना; प्रस्थापना[F] करना, नींव[F] डालना, बुनियाद[F] डालना; (संस्था[F]को) प्रारम्भ करना, प्रवृत्त करना, विश्वास करना, आश्रित रहना, (तर्क आदिका) आश्रित होना, टिकना; (धनसम्पत्ति[F], विभाजन नियम, कथा, आदिका) (किसी आधार, नियम, आदिपर) आधारित करना, आधार बनाना, निर्माण करना, बनाना (*is ~ed in justice* etc.); *well, ill*, etc. *~ed* तर्कपूर्ण, न्यायसंगत, न्याय्य; निराधार, तर्कहीन ।

found[2] v.t. (घुलनशील धातु[F] और काँचके सामानको) गलाकर बनाना; (काँचके लिए बालू[F] आदिको) पिघलाना या गलाना, (धातु[F]को) गलाकर ढालना ।

foundation –न्डे'शॅन् n. भित्तिमूल[F], गृहमूल[F], नेम, नीवि[F], नींव[F], बुनियाद[F]; प्रतिष्ठापन, संस्थापन, स्थापना[F], निर्माण; न्यास; **धर्मादा**, T. विद्यालय या औषधालय जैसी संस्था[F] या इसकी आय[F]; आधारशिला[F]; **आधार**, तत्त्व, मूल, मूल सिद्धान्त (*report has no ~*); शरीर या जमीन[F] जिसपर अन्य भाग आश्रित किये जायँ जैसे स्त्रियों[F]का घाँघरा, जालीदार कामकी बखिया[F]; ~ bed **नींव तला**; ~-muslin वस्त्रों और टोपियों[F]को कड़ा करनेके लिए प्रयुक्त एक चिपचिपा कपड़ा, बकरम; ~ school स्थायी वृत्तिप्राप्त पाठशाला[F]; ~-stone आधार-शिला[F], नींव[F]का पत्थर;

~ concrete, ~ level, ~ pits, ~ plate, ~ ring.

foundational –नॅल् a. आधारात्मक, तात्त्विक, मौलिक ।

foundationer –नॅर n. स्थायीवृत्तिप्राप्त छात्र ।

founder[1] –'डॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) प्रतिष्ठाता, प्रतिष्ठापक या संस्थापक; प्रवर्त्तक; **ढलैया**; ~'s kin संस्थापकके सम्बन्धी (जो निर्वाचित किये जाने या वरीयता[F] या रियायत[F] प्राप्त करनेके अधिकारी हों) ।

founder[2] १. n. (परिश्रम करनेके कारण) घोड़ेके पाँवकी सूजन[F]; २. v.t. & i. (घोड़ेका) थककर गिर पड़ना, धँसना, लँगड़ा हो जाना, लँगड़ाना; ढेर हो जाना; (घोड़ेको) थकाकर गिरा देना, ढेर कर देना; (भवन, पृथ्वी[F], आदिका) धराशायी होना, बैठ जाना, गिर पड़ना, ढह पड़ना; **गर्क होना, बूड़ना**, (जहाजका) पानीसे भरकर डूब जाना, (जहाजको) पानी भरकर डुबो देना ।

founderous –रॅस् a. थकाकर गिरानेवाला, धराशायी करनेवाला ।

foundership –र्-शिप् n. प्रतिष्ठापकत्व, संस्थापकत्व ।

foundery –रि n. = FOUNDRY.

foundling फ़ॉउन्ड्'लिंग n. उत्सृष्ट अपत्य, लब्धक, **अपविद्ध बालक या शिशु**, वातपुत्र, अज्ञात माता-पिताका निराश्रय बच्चा ।

foundress फ़ाउन्'ड्रि`स् n. प्रतिष्ठापिका[F], संस्थापिका[F] ।

foundry फ़ॉउन्'ड्रि n. कुप्यशाला[F], सन्धानी[F], **ढलाई-घर** (*~ works*), ढलाई[F]का कारखाना; ~man कुप्यक, ढलाई-मिस्तरी; ~-mould **ढलाई साँचा**; ~ shop ढलाई शाला[F] ।

fount[1] फ़ाउन्ट् n. (का० या भाषणमें) निर्झर, उद्गम, प्रभव, उत्स, सोता, चश्मा, फौवारा; तैलधानी[F], डब्बा, लैम्पके तेलका या कलम[F]की स्याही[F]का पात्र या आधार ।

fount[2] n. छापेके एक साँचेके अक्षर, एक प्रकारके या एक नापके टाइप, फाण्ट ।

fountain –'टिन् n. निर्झर, उत्स, (प्रा० भू०) **उत्स्रोत**, उद्गम, प्रभव, जलयन्त्र, मूल (नदी[F] आदिका) सोता, चश्मा, (प्रा० भू०) **फौवारा** (ला० भी *crown is the ~ of honour*); फौवारेके रूपमें निकलनेवाली जलधारा[F]; लैम्प, छापाखाना आदिका तेल, स्याही[F]का पात्र; ~-head उत्स, आदिहेतु, आदिकारण, मूलस्रोत, मूलहेतु; ~-pen फाउन्टेन पेन, मसिझरिणी-लेखनी[F] ।

fountained –ड् a. निर्झरयुक्त, जहाँ निर्झर हो, सोते या फौवारेवाला ।

four फ़ोॲर' १. n. चारकी संख्या[F]; (सेनामें बहु०) चार-चारकी पंक्ति[F], (बहु०) चार प्रतिशत सामान या भण्डार, (इति०) चार पेनी[F] भरकी शराब[F], स्पिरिट[F]; चार व्यक्तियों या वस्तुओं[F]का समूह; २. a. **चतुः, चार**, ४; (लुप्त पद) चार (बजे) (*~o'clock*), चार (घोड़े) (*carriage* etc. *and ~*); ~-ale (प्रा०) ४ पेंस प्रति क्वार्टके भावसे बेची जानेवाली शराब[F], ~berth चारशायिका डिब्बा; ~-centred **चतुष्केन्द्री**; ~ figures १००० से ९९९९ तक अंक; ~-flush ⊙ रूक्ष, ढीठ; ~-flusher ⊙ = HUMBUG; ~-footed चतुष्पद, चौपाया; ~-handed चार हाथवाला (बन्दर), (खेल) जिसमें चार

खिलाड़ी हों, (बाजा) जिसे दो व्यक्ति बजाते हैं; ~-hundred ⊙ सामाजिक संघ, सामाजिक नेता; ~-in-hand चार घोड़ोंकी गाड़ी^F, (adv. भी, जैसे, *drive* etc. *~-in-hand*); ~ penny ४ पेंसकी रजतमुद्रा^F, चार पेनीवाला; ~-poster चँदवा सँभालनेके लिए चार डण्डोंसे युक्त विस्तर या बिछौना; चार मस्तूलोंवाला जहाज; ~-score चार कोड़ी^F, अस्सी; ~-seater चार सीटवाली गाड़ी^F; ~-square ठोस नींव^Fपर आश्रित, स्थिर; वर्गाकार ~-wheeler **चौपहिया**^F, चार पहियेकी किरायेकी गाड़ी^F; ~ *by two* राइफल^Fको साफ करनेका कपड़ा; *on all ~s* हाथों और घुटनोंके बल चलना; (ला० भी) सर्वथा सदृश, अनुरूप, समान (*the cases are not on all ~s*);

~-ball, ~-berth compartment, ~-coloured, ~-cornered, ~ corners, ~-coupled locomotives, ~-cylindered, ~-dimensions, ~-dram bottle, ~-eyed, ~-eyes, ~freedoms, ~-furrow plough, ~-headed, ~-horned antelope, ~-leaved, ~-legged, ~-lettered, ~-lobed, ~-locular, ~-masted, ~-master, ~-oared, ~-parts formula, ~pence, ~ply, ~-power pact, ~-rayed, ~-rowed barley, ~s cover, ~-screw instrument, ~-sided, ~-storied, ~-striped, ~-striper, ~-stroke oil-engine, ~-wheeled.

fourchette फ़ूअॅर्से ॅट् n. (चि०) भगाङ्गलिका^F, (शल्य०) शल्य-चिकित्सा^Fमें प्रयुक्त एक काँटा;

fourfold फ़ोअॅर्'फ़ोल्ड् a. & adv. चतुर्गुण, चार गुना, चौगुना, **चौहरा** ।

fourgon (F) फ़ूअॅर्'गॉन् n. भारशकट, शस्त्रास्त्रवाहिनी शकटी^F, एक प्रकारकी माल ढोनेकी गाड़ी^F; असबाबकी गाड़ी^F ।

fourneau फ़ूअॅनों' n. (सेना) बारूदखाना, तोपखाना ।

foursome फ़ोअॅर्'सॅम् n. (गोल्फ०) चार व्यक्तियोंका संघ या दल, चौकड़ी^F; दो-दो खिलाड़ियों द्वारा खेला जानेवाला गोल्फका खेल ।

fourteen –टीन्' a. चतुर्दश, चौदह, १४ ।

fourteenth –थ्' a. & n. चतुर्दश, चौदहवाँ, चौदहवाँ भाग ।

fourth –र्थ्' १. n. चतुर्थांश, चौथाई भाग; (बहु०) चतुर्थ श्रेणी^Fकी वस्तुएँ^F, चौथे दर्जेकी चीजें^F; (संगीत) तुरीयावस्था^F, वह अन्तराल जिसमें वर्णक्रमानुसार चार सुर हों, इस प्रकारकी स्वर-संगति^F; २. **चतुर्थ, चौथा** (*~ ventricle*) ।

foussa फ़ू'सॅ n. हिंसारु, एक जंगली बिल्ला ।

fovea फ़ो'विॲ n. (श०-र० शा०) गर्त, (चि०) **गर्तिका**^F; (जीव०) **खात**, गड्ढा; ~ capitis **ऊरुशिरा गर्तिका**; ~ centralis **केन्द्र-गर्तिका, केन्द्र गर्त**; ~ trochlearis **चक्रक (कंटक) गर्तिका**^F ।

foveal, foveolate, foveate –ॲल्, –ॲलेट्, –ॲट् aa. (वन०) गर्तिकायुक्त, गर्तयुक्त, खातयुक्त, गड्ढेदार ।

fowl* फ़ॉउल् १. n. कुक्कुट, पालतू (कृषि०) **मुर्गा*** या **मुर्गी**^F (*barn-door ~*); मुर्गेका मांस; (क्व०) पक्षी, चिड़िया^F, (क्व० केवल *wild ~* में); चिड़ियाँ^F, इनका खाया जानेवाला मांस; २. v. i. जंगली चिड़ियों^Fका शिकार करना, पकड़ना, जालमें फँसाना;

~ house, ~ pox, ~ shed, ~ yard.

fowler –'लॅर् n. व्याध, बहेलिया, चिड़ीमार, जंगली चिड़ियों^Fका शिकारी ।

fowling –लिंग् n. कुक्कुटाखेट, पक्षिवध, जंगली चिड़ियों^Fका शिकार या जालमें फँसाना; ~-net पक्षिजाल; ~ piece शिकारी बन्दूक^F, चिड़ियों^Fके शिकार करनेकी बन्दूक^F ।

fox[1] फ़ॉक्स् n. लोमशी^F, **लोमड़ी**^F, लोखड़ी^F; धूर्त, मक्कार, चालाक मनुष्य; उत्तरी नक्षत्र या तारामण्डल; (रंग) अवरक्तातिपीत; धरानाप्र, डोरी; ~-brush लोमड़ी^F-की पूँछ^F; ~-earth लोमड़ी^Fकी माँद^F; ~-evil बालखोरा, बाल झड़नेकी बीमारी^F; ~-glove डिजिट्यालिस, एक हृद्य औषधि^F; ~-hound लोमश-आखेटक, लोमड़ियों^Fका शिकार करनेवाला कुत्ता; ~-hunt n. & v. i. शिकारी कुत्तोंके साथ लोमड़ी^Fका शिकार करना; ~-hunter शिकारी कुत्तोंकी सहायता^Fसे लोमड़ी^Fका शिकार करनेवाला; ~-nut कण्टपद्म; ~-tail लोमश-पुच्छ, लोमड़ी^Fकी पूँछ^F; एक प्रकारकी घास^F; ~-terrier लोमश-कुक्कुर, छोटे बालोंका एक कुत्ता जो लोमड़ी^Fको जमीन^F खोदकर निकाल लेता है; ~-trot अमरीकाका एक प्रकारका नृत्य; *a sleeping ~ catches no poultry* जागै सो पावै, सोवै सो खोवै; *~ and geese* बोर्ड या चौखटेपर खेला जानेवाला एक खेल;

~-coloured, ~-faced, ~fish, ~-grape, ~-grass, ~-hide, ~-hunting, ~-nosed, ~ shark, ~ship, ~skin, ~-skinned, ~-tailed, ~-visaged, ~-wolf, ~wood.

fox[2] v.t. & i. (ग्रा०) धोखा देना, चाल^F चलना, चालाकी^F करना, चालबाजी^F करना; कपटपूर्वक काम करना, छल करना, मक्कारी^Fसे काम लेना, चालाकी^Fसे काम करना; (पुस्तक^Fके पन्नों, नक्काशी^F आदिपर) धब्बे डालकर गंदा करना ।

foxed –'सिॅड् a. धब्बेदार, बदरंग; लक्षित, चिह्नित ।

foxiness –सिनिॅस् n. मक्कारी^F, चालबाजी^F, चालाकी^F; भुकड़ी^F लग जानेके कारण क्षति^F या हानि^F; ललाई^F; चटक^F ।

foxish –सिश् a. लोमशी^F-सम्बन्धी; लोमड़ी^Fकी तरह चालाक ।

foxlike –स्'लाइक् a. लोमशीवत्, लोमड़ी^Fके समान ।

foxy –'सि a. लोमशी^F-सम्बन्धी, लोमड़ी^Fकी भाँति मक्कार, धूर्त, चालबाज, चालाक, काइयाँ; फफूँदी^F या भुकड़ीवाला; (चित्र०) लालभूरा, चटकदार रंगवाला ।

foy फ़ाएँ' n. विदाई^Fके पूर्वका भोज ।

foyer (F) फ़्वा'ये n. रंगशाला-विश्रामकक्ष; (इति०)

स्तर; नाट्य-शाला[F]में एक विशिष्ट कक्ष।

foyson = FOISON.

F.P. fire plug; former pupil; foot-pound.

f.p. fire-plug; freezing point.

F.P.A. Family Planning Association; Field Publicity Assistant.

f.p.a. free of particular average.

F.P.B. Finger Print Bureau.

f.p.c. for private circulation.

F.P.I. Food Procurement Inspector.

f.p.m. fet per minute.

F.P.R.L. Forest Products Research Laboratory.

F.P.S. foot-pound-second; Fellow of the Philosophical (Pathological, Philological, *or* Physical) Society.

F.R. fundamental rules; Forest Ranger; financial rules; final report.

Fr. France; French; Friar; Friday; forester.

fr. fragment; franc; (**frcs.** भी), francs, frequently.

fra (It) n. भ्राता, भाई।

F.R. fresh receipt.

frab फ्रैब् v.t. (बोली) कष्ट देना, तंग करना, दिक करना।

frabjous फ्रैब्'जॅस् a. अत्युत्तम, परमोत्कृष्ट; हर्षित, प्रफुल्ल, प्रमुदित, प्रसन्नचित्त, खुश।

fracas फ्रैका n. कोलाहलपूर्ण झगड़ा, दंगा, हुल्लड़, ऊधम, मारपीट[F], हंगामा, लड़ाई[F]।

frack फ्रैक्' n. (होटलके) नौकरकी पोशाक[F]।

fractile फ्रैक्'टिल् a. = FRAGILE.

fraction फ्रैक्'शॅन् n. (रसा०) प्रभाज, भाग, प्रभाग, खण्ड, अंश, टुकड़ा; (ग०) अपूर्णांक, **भिन्न**; प्रभु यीशुके भोजनका वितरण; improper ~ अनुचित या अशुद्ध भिन्न; proper ~ (ग०) उचित भिन्न, शुद्ध भिन्न; vulgar ~ (ग०) साधारण भिन्न।

fractional, -ary -नॅल्, -अॅरि aa. प्रभक्त, (चि०, रसा०) **प्रभाजी, प्रभाजित**; प्रभागशः, खण्डात्मक; **अवशेष**, अपूर्ण, **आंशिक**; (ग०) भिन्नीय, **भिन्नपरक**, **भिन्नात्मक**; उपर्युक्त (यीशुके) भोजन वितरणसे सम्बन्धित; ~ certificate **भिन्नपरक प्रमाणपत्र**; ~application, ~certificate, ~co-efficient, ~ combustion, ~ count, ~ crystallization, ~ currency, ~ distillation, ~ exponent, ~ number, ~ oxidation, ~precipitation, ~ share, ~ test meal, ~ weights.

fractionate -नेट् v.t. (रसा०) **प्रभाजन** करना, अंशन करना, (मिश्रणके) विभिन्न तत्त्वोंको आसवन द्वारा अलग करना।

fractionation -ने'शॅन् n. (रसा०) **प्रभाजन**, अंशन, खण्डन, तरल-मिश्रणके तत्त्वोंको अलग-अलग करना।

fractionator--शॅनेटॅर् n. प्रभाजक, खण्डक।

fractionist -निस्ट् n. (राज०) प्रतिपक्षी, विपक्षका सदस्य या नेता।

fractionize -नाइज् v.t. (ग०) विखण्डित करना, खण्ड-खण्ड करना, भिन्नोंमें तोड़ना, टुकड़े करना।

fractionlet -लिॅट् n. अल्पांश, भिन्नक, लघु खण्ड या भाग, छोटा टुकड़ा।

fractious फ्रैक्'शॅस् a. अदम्य, दुष्ट, क्रोधी, कलहकारी, वामशील, चिड़चिड़ा, झगड़ालू, लड़ाका, तुनुकमिजाज।

fractiousness -नॅस् n. अदम्यता[F], दुष्टता[F], क्रोध, वामशीलता[F], चिड़चिड़ापन, झगड़ालूपन।

fracture फ्रैक्'च्युअॅर् १. n. भंग, (चि०, श० र० शा०, कृषि०) **विभंग, विभंजन**, भग्न, अस्थिभग्न, **अस्थिभंग**, हड्डी[F]का टूट जाना; (ध्वनि०) मूलस्वरका स्थानापन्न मिश्र-स्वर; (यन्त्र०) भंग, टूट[F]; हथौड़ेसे तोड़नेके बाद दृष्टिगोचर होनेवाली धातु[F]की तह[F]; २. v.t. & i. अस्थिभंग करना, (हड्डी[F]) तोड़ देना, **टूटना**, चटकाना; क्रमभंग करना, दरार[F] पैदा करना; compund ~ **विवृत अस्थिभंग**; सव्रण, अस्थिभग्न ~ dislocation सन्धि भग्न; simple ~ **संवृत अस्थिभंग**, अव्रण अस्थि भग्न।

fractured -'चॅर्ड् a. भग्न, टूटा हुआ (~ *surface*)।

fraenum फ्री'नॅम् n. (श० र० शा०) बन्ध; सुगमता[F]से न मुड़नेकी दशा[F]।

F.R.Ae.S. fellow of the Royal Aeronautical society.

fragile फ्रै'गाइल् a. सुकुमार, मृदु, क्षयी, विनश्वर, सुभेद्य, (वाणि०) **भंगुर**, (~*ice*) भंगशील, भिदुर, टुटहा, नाजुक, भुरभुरा, शीघ्र टूटनेवाला (~ *goods*)।

fragileness -निस् n. सुकुमारता[F], मृदुता[F]; सुभेद्यता[F]; विनश्वरता[F], भंगशीलता[F], भिदुरता[F]; पेशलता[F]।

fragility फ्रॅगि'लिटि n. मृदुता[F], विनश्वरता[F], सुभेद्यता[F], भंगशीलता[F], **भिदुरता**[F], भुरभुराहट[F], टुटहापन।

fragment फ्रैग्'मॅन्ट् n. अपखण्ड, अपूर्ण अंश, विलग अंश, विशीर्ण वस्तु[F]का अवशेष भाग; शकल, (रसा०, प्रा० भूगोल) विखण्ड, **खण्ड, अंश, भाग, टुकड़ा**, (जीव०) **संविभाग**।

fragmental -मेन्'टॅल् a. दे० FRAGMENTARY; ~rock **खण्डमय शैल**।

fragmentary -मॅन्'टॅरि a. अंशात्मक, आंशिक, खण्डात्मक।

fragmentation -टे'शॅन् n. अपखण्डन, **विखण्डन**, शकलीकरण, खण्डीकरण, टुकड़े-टुकड़े होना; (जीव०) **संविभजन**; ~bomb विस्फोट होनेपर छोटे-छोटे टुकड़ोंमें विशीर्ण होनेवाला बम।

fragmented -'मॅन्टिॅड a. शकल-खण्डित, टुकड़ोंमें टूटा हुआ।

fragor फ्रे'गॉर् n. तीव्र ध्वनि[F]; संघात (दो वस्तुओं[F]का)।

fragrance फ्रे'ग्रॅन्स् n. परिमल, सौरभ, सुवास, आमोद,

(कृषि०) सुगन्धि[F], सुरभि[F], सुगन्ध[F], खुशबू[F]।

fragrancy –सि n. दे० FRAGRANCE.

fragrant –न्ट् a. सुवासिक, आमोदयुक्त, सुगन्धित, गन्धयुक्त, सुरभित, महकीला, खुशबूदार; ~ smell सुगन्ध।

F.R.A.I. fellow of the Royal Anthropological Institute.

frail[1] फ्रेल् n. नागरमोथा घासकी टोकरी[F] (जिसमें अंजीर, किशमिश आदि भरकर बाहर भेजे जाते हैं)।

frail[2] a. (स्त्रियाँ[F]) दुश्चरित्रा[F], व्यभिचारिणी; दुश्चरित्र, अनैतिक, चरित्रहीन, (नैतिक दृष्टि[F]से) निर्बल, दुर्बल, क्षीण, दुबला पतला, कमजोर; अस्थायी, नश्वर, अनित्य, भंगुर, भिदुर, भंगशील (~ *life*)।

frailness –निॅस् n. त्रुटि[F], दोष, प्रमाद, दौर्बल्य, दुर्बलता[F]; अनैतिकता[F], पापप्रवणता[F]; भंगुरता[F], नश्वरता[F]।

frailty फ्रेल्'टि n. त्रुटि[F], दोष, प्रमाद, दौर्बल्य, दुर्बलता[F], भंगुरता[F], ऐब; पापप्रवणता[F], गलती[F] करने या लालच[F]के चंगुलमें फँसनेकी सम्भावना[F]।

fraise[1] फ्रेज़् n. (दुर्ग०) कँगूरा, पत्थर या लकड़ी[F]का सीधा या ढालू बाड़ा या कठघरा (जो किलेके प्राचीरकी नींव[F] और खाई[F]के बीच सुरक्षा[F]के लिए लगाया जाता है)।

fraise[2] n. रुखानी[F], टाँकी[F], वृत्ताकार छिद्रको चौड़ा करने या घड़ी[F]के पहियोंमें दाँते बनानेके लिए एक औजार।

F.R.A.M. fellow of the Royal Academy of Music.

framable फ्रे'मॅबल् a. निर्माण योग्य, निर्मापनीय; चौखटा लगाने योग्य; ढालने योग्य, गढ़ने योग्य; कल्पनीय।

framboesia फ्रैम्बी'ज़िॲ n. (चि०) याज, परङ्गी[F], फिरङ्ग सदृश त्वचाकी एक छूत[F]की बीमारी[F]।

frame[1]* फ्रेम्' n. आवेष्टन, चतुष्काष्ठ, **चौखटा***; किसी भवनकी रूपरेखा[F], **ढाँचा; फ्रेम; पसली**[F]; रचना[F]; निर्माण, विधान, गठन[F], बनावट[F]; कंकाल, मानवशरीर या पाशविक शरीर (*sobs shook her* ~), **पंजर, हाड़का**, ठाठ, ढचर, (किसी वस्तु[F]का आन्तरिक) अवलम्बन या टेक[F]; गेंद[F]को रखनेके लिए एक तिकोना चौखटा, इस प्रकार रखी गयी गेंद[F], खेलका चक्कर जब कि गेंद चौखटेमें डाल दी जाती हैं; योजना[F]; प्रबन्ध, सुव्यवस्था[F], परिपाटी[F] (*the* ~ *of society*); (खनि०) कच्ची धातु[F]को साफ करनेके लिए ढालू तख्ता; चौखटा लगा हुआ चित्र या आकार (*the* ~ *of heaven*); (उद्यान०) (पौधोंको सर्दी[F]से सुरक्षित रखनेके लिए) सन्दूकके आकारका एक रोगनी चौखटा; अस्थायी (मानसिक) वृत्ति[F], अवस्था[F], भावना[F], दशा[F]; टेलीवीजन द्वारा देखा गया सम्पूर्ण चित्र (~ *synchronization*); ~-up ⊙ षड्यन्त्र, भीतरी चाल[F], ~-work सन्धार, रूपरेखा, ढाँचा (शा० एवं ला०);

~-bridge, ~-house, ~-saw, ~shield, ~-spacing.

frame[2] v.t. & i. चौखटेका काम देना, चौखटा लगाना (*landscape ~d in an archway*); (विचारोंको कार्यानुकूल बनाना या ढालना; (काम करनेके लिए) उद्यत करना, तैयार करना, (कार्योंको किसी उद्देश्यके प्रति) निर्दिष्ट करना, संचालित या प्रेरित करना; (अमरीकी ग्रा०) षड्यन्त्र रचना, किसीके विरुद्ध मिथ्या दोषारोपण करना; विभिन्न भागोंको जोड़कर बनाना; निपुण या पटु होनेके चिह्न प्रकट करना, प्रवीण होनेके लक्षण दिखाना; कल्पना[F] करना, सोचना; किसी डिजाइन[F] या नक्शेके अनुसार निर्माण करना, प्रकट करना, **रचना करना**, बनाना, गढ़ना; जमाना, जड़ना, बिठाना, फिट करना; (शब्दोंका) स्पष्ट उच्चारण करना; ~ *charges* **आरोप लगाना**; ~ *up* (अमरीकी ग्रा०) अशुभ भावना[F]से किसी कार्यकी पूर्व व्यवस्था[F] करना; (दौड़[F], निर्वाचन, आदिका) झूठा या जाली फल बना लेना।

framed –ड्' a. **ढाँचेदार** (~ structure); ~ floor, **जुड़वाँ छत**[F]।

frameless –म्'लिॅस् a. बिना चौखटेका।

framer –'मॅर् n. चौखटा लगानेवाला; निर्माता, रचयिता, बनानेवाला, जड़नेवाला, ढालनेवाला, गढ़नेवाला; कल्पना[F] करनेवाला।

framing फ्रेमिंग् n. चौखटा लगाना, गढ़न[F], बनावट[F], **ढाँचा, पंजर; जुड़ाई**[F], **जोड़ना**; ~chisel **साल रुखानी**[F];

~ joint, ~ plan, ~ ribband.

franc फ्रैन्'क् n. फ्रांसका एक सिक्का = लगभग ९ आने।

franchise फ्रैन्'चाइज़् n. **मताधिकार; अनुदत्ताधिकार**, वोट देनेका अधिकार; नागरिकता[F]; विशेषाधिकार; ⊙ किसी भार अथवा उत्तरदायित्वसे वैधानिक मुक्ति[F]; **मुक्तांश**; ~ de L'Hotel आवासोन्मुक्ति[F]।

Franco- फ्रांस- (जैसे, ~*-German*, ~*phil(e)*, ~*phobe*)।

francolin फ्रैन्'कॅलिन् n. तित्तिर, चकोर।

francolite –लाइट n. तित्तिरि, चकोरके सदृश।

Francophil(e) फ्रैन्'कॅफिल् n. & a. फ्रांसका पक्षपाती (व्यक्ति)।

Francophobe –कोब् n. & a. फ्रांससे सदैव खटका रखनेवाला (व्यक्ति)।

francophobia –बिॲ n. फ्रान्सोन्माद, फ्रान्सका डर।

frangibility फ्रैन्जिबि'लिटि n. नश्वरता[F], भंगुरता[F], भंजनीयता[F], भंगशीलता[F], भिदुरता[F]।

frangible –जिबॅल् a. क्षयी, नश्वर, अस्थायी, भंगुर, भंगशील, भंजनीय, भिदुर, सहज टूटने योग्य।

frangibleness –निॅस् n. दे० FRANGIBILITY.

frangipane, -ani फ्रैन्'जिपेन्, -ऐनि n. एक प्रकारकी बादामकी मिठाई[F]; क्षीरचम्पक, लाल चमेली[F] (का इत्र)।

frank[1] फ्रैन्क् १. n. करमुक्ति परिपत्र; (प्रा०) शुल्कमोचक हस्ताक्षर, करमोचक हस्ताक्षर; २. v.t. (प्रा०) (पत्रादि-पर) हस्ताक्षर करना ताकि वह बिना महसूल जा सके; किसी समाजमें सम्मिलित होनेका अनुमति-पत्र दे–

सामाजिक परिपत्र देना; (किसी व्यक्तिके) यातायातमें सुविधा^F देना; निःशुल्क ले जाना।
frank[3] a. निर्व्याज, निष्कपट, निश्छल; स्पष्ट, स्पष्ट-भाषी, स्पष्टवक्ता, सरल, खरा, साफ, खुला।
Frank[8] n. फिरंगी, पश्चिमी यूरोपवाला।
frankalmoign फ्रैन्'कॅल्माएॅन् n. भूकरमुक्ति^F, इंग्लैण्डमें धार्मिक संस्थाओं^Fका विना कर दिये भूमि^Fपर अधिकार।
franked फ्रैन्'किॅड् a. अंकित (जैसे, ~ *article*)।
Frankenstein's monster फ्रैन्'कॅन्स्टाइन्'स् मॉन्स्'टॅर् n. वह वस्तु^F जो अपने स्रष्टाके लिए ही खतरनाक हो जाये।
franker –फ्रैन्'कॅर् n. (पोस्टआफिसमें प्रयुक्त) टिकटकी मोहर^F लगानेकी मशीन; मुद्रामुद्रा-यन्त्र।
Frankfort black फ्रैन्क्'फॅर्ट् ब्लैक् n. ताम्रपत्रपर रेखांकन करनेमें प्रयुक्त अति काला रंजक द्रव्य।
frankfurt(er) ⊙ फ्रैन्क्'फॅर्ट्'(ॲर्) n. (ऋतु^Fके अनुसार) डब्बोंमें भरी हुई जर्मन चाट^F।
frankincense फ्रैन्क्'इन्सेॅन्स् n. लोबान, लोहबान।
franking फ्रैन्'किंग् a. अंकन-, अंकन करनेवाला या वाली (जैसे, ~ *machine*); अंक्य कर या महसूलसे मुक्त करना (*a ~ duty*); ~ privileges, मुक्त डाक-विशेषाधिकार।
franklin फ्रैन्क्'लिन् n. (प्रा०) (चौदहवीं और पन्द्रहवीं शताब्दी^Fका) जमींदार जो उच्चकुलका तो न हो परन्तु उसे नागरिक अधिकार प्राप्त हों।
franklinite फ्रैन्क्'लिनाइट् n. रक्तकुप्यिज, एक स्फटिक, T.
frankness फ्रैन्क्'निॅस् n. निष्कपटता^F, निश्छलता^F; स्पष्टता^F, स्पष्टभाषिता^F, सरलता^F, खरापन।
frantic फ्रैन्'टिक् a. अनियन्त्रित, उन्मत्त, मदविक्षिप्त, पागल, दीवाना; संरब्ध, अतिक्षुब्ध, व्यस्तचित्त, क्रोधोन्मत्त, आपेसे बाहर।
frap फ्रैप्' v.t. (जलयानकी) रज्जु^Fको दृढ़ निबन्धन करना, कसना, कसकर बाँधना।
frappe फ्रै'पे (F) a. (मदिरा^F) बरफ़^Fमें लगी हुई, ठण्डी की हुई।
F.R.A.S. Fellow of the Royal Astronomical Society; Fellow of the Royal Asiatic society.
frass फ्रैस्' n. डिम्भमल, लारवाका छोड़ा हुआ विष्ठा।
frat. fraternise.
frate (It). n. साधु, संन्यासी।
frater फ्रेॅटॅर् n. (इति०) = REFECTORY.
fraternal फ्रॅटे'र्'नॅल् a. सहोदरीय, भ्रातृसदृश, भ्रातृवत्, बन्धुवत्, भ्रातृक, भाईचारेका, भाईबन्दोंका, आपसका, बिरादराना; ~ delegates साथी प्रतिनिधि; ~ order भ्रातृत्वपूर्ण समाज; ~ twins भिन्न यमज।
fraternity –'निटि n. सौभ्रात्र, भ्रातृत्व, भ्रातृभाव, बन्धुता^F, बन्धुत्व, बन्धुभाव, भाईचारा, भाईपन, भाई-बन्दी^F, बिरादरी^F; संघ, समिति^F, समाज, मण्डली^F; धार्मिक संघ या संस्था^F।
fraternization फ्रैटॅर्नाइजे'शॅन् n. मित्रवत् या भ्रातृ-भावना^Fसे मिलना-जुलना, भाईचारेका व्यवहार; भाईचारा।
fraternize –'टॅर्नाइज् v.i. मित्रवत् आचरण करना, भ्रातृभाव स्थापित करना, मैत्री करना, भ्रातृभावसे मिलना, मित्रता^F जोड़ना, भाईचारेका व्यवहार करना, भाईबन्द बनाना, भाईचारा करना, मिलना-जुलना।
fratery फ्रे'टॅरि n. भिक्षुओंका मठ।
fratricidal फ्रै(फ्रे)'ट्रिसाइडॅल् a. भ्रातृघातक या भ्रातृवधसे सम्बन्धित, भगिनीघातक या भगिनीवधसे सम्बन्धित।
fratricide –ड् n. भ्रातृघात, भ्रातृ-हत्या^F; भ्रातृ-हन्ता, भ्रातृ-घातक, भाईमार।
Frau, f- (G) फ्राउ, फ्र्- n. श्रीमती^F, विवाहिता नारी^F, पत्नी^F।
fraud फ्रॉड् n. धूर्तता^F, चातुरी^F, चाल^F, चालबाजी^F; (का०) प्रतारणा^F, परिवंचना^F, कपट^F, प्रपंच, धोखा; (क्र०) प्रवंचन, छला-दान, छल, ठगी^F, धोखेबाजी^F, जालसाजी^F, दगा; pious ~ किसी व्यक्तिको लाभ पहुँचानेके लिए किया गया कपट या छल।
fraudful –फुल् a. धूर्ततापूर्ण, प्रतारणायुक्त, परिवंचनापूर्ण।
fraudulence, fradulency –'ड्यूलॅन्स्, –सी n. छद्मपरायणता, छल, धूर्तता^F, कपटता^F, धोखेबाजी^F, मक्कारी^F, चालबाजी^F।
fraudulent –न्ट् a. छलपूर्ण, धूर्त, कपटपूर्ण, कपटी, छली, प्रतारक, प्रवंचक, कूट, ठग, धोखेबाज, मक्कार, धोखेका, धोखा देनेवाला, चालबाज; बेईमान, झूठा; ~ claim, ~ conveyance, ~ creditor, ~ declaration, ~ device, ~ enrolment, ~ intent, ~ note, ~ persuasion, ~ possession, ~ preference, ~ settlement, ~ suit, ~ travelling, ~ use.
fraught फ्रॉट् a. परिपूर्ण, आकीर्ण, पूर्ण, संकुल, युक्त, भरपूर, भरा पूरा, लदा हुआ; ~*with* (ला०) (आपत्ति^F, विपत्ति^F, दुःख, अर्थ आदिसे) परिपूर्ण, संसृष्ट, आस्पद, मिश्रित, युक्त, भरा हुआ।
fraulein फ्राएॅ'लाइन् (G) n. कुमारी^F।
fraxinella फ्रैक्सिनेॅ'लॅ n. महागन्धा^F (जड़ी बूटी^F)।
fray[1] फ्रे' n. कलह^F, युद्ध, द्वन्द्व, (शा० या ला०, *eager for the ~*) हंगामा, लड़ाई^F; झगड़ा, बखेड़ा, दंगा, फसाद, शोरगुल।
fray[2] v.t. & i. किनारेपर घिसकर चिथड़े हो जाना, खुरदुरा हो जाना, तार-तार हो जाना; (किसी बुनी हुई वस्तु^Fके) किनारेको सुलझाना, खोलना या उधेड़ना, पतला करना, रगड़ना, घिसना, मिटाना।
fraying –'इंग् n. खुरदुरा हो जानेकी दशा^F।

frazil फ्रैज़िल' n. कलमी बर्फ, पानीके नीचे बनी बरफ^F, नदी^{F}की तह^{F}में जमी बर्फ^F।

frazzle फ्रै'ज़ॅल् ⊙n. परिश्रान्त दशा^{F}, निर्बल अवस्था^{F}, थकी हुई दशा^{F}; *to beat to a ~* पूर्णतया परास्त कर देना।

F.R.C.O. Fellow of the Royal College of Organists.

F.R.C.O.G. Fellow of the Royal College of Obstetrics and Gynaecology.

F.R.C.P. Fellow of the Royal College of Physicians.

F.R.C.P.Ed. Fellow of the Royal College of Physicians of Edinburgh.

F.R.C.S. Fellow of the Royal College of Surgeons.

F.R.C.S.Ed. Fellow of the Royal College of Surgeons of Edinburgh.

F.R.C.S.I. Fellow of the Royal College of Surgeons of Ireland.

F.R.C.V.S. Fellow of the Royal College of Veterinary Surgeons.

F.R.Econ S. Fellow of the Royal Economic Society.

F.R.E. Fellow of the Royal Society of Engineers.

freak फ्रीक् n. लीला^{F}, कामचार, स्वैरिता^{F}, चंचलता^{F}, चपलता^{F}, चलचित्तता^{F}, तरंग^F, सनक^F, उमंग^F, मौज^F, वहम (*out of mere ~*); तरंग^{F}का फल, उमंग^{F}का परिणाम; ~ damage **असाधारण क्षति या टूटफूट**; ~ of nature भगवान्की लीला^{F}, कोई असाधारण वस्तु^{F}।

freaked –ड्' a. विचित्र धारियोंवाला, विचित्र चित्ती या धब्बेवाला, चित्तर-मित्तर।

freakish, freaky –'किश्, –कि aa. स्वैरी, चपल, लोलमति, तरंगी, उमंगी, मौजी, सनकी।

freakishness –निॅस् n. सनक^F, तरंग^F, झक^F।

freckle फ्रे'कॅल् १. n. (बहु०) झाई^F, चित्ती^{F}, शरीरपर हलके भूरे रंगका धब्बा; २. v.t. & i. चित्ती^{F} पड़ना या डालना।

freckled, freckly –ड्, –'क्लि a. झाँईदार, चित्तीदार।

free[1]* फ्री a. स्वाधीन, स्वतन्त्र*; **स्वच्छन्द**, बन्धनमुक्त, अपराधीन; (राज्य, इसके नागरिक या संस्थाएँ^{F}) स्वायत्त, बेरोक; सर्वसुलभ, प्रवेशमुक्त, सभीके लिए खुला हुआ; प्रतिबन्धमुक्त, जिसे करनेकी आज्ञा^{F} दी जा सके (*it is ~ for* or *to him to do so*); (वन०) **मुक्त**, अप्रतिहत, अनिरुद्ध, **अबन्ध, अयुक्त**, अबद्ध, बन्धनहीन, निरर्गल, निरवरोध, **अबाध**, निर्बाध, शिथिल, बाधाहीन, ढीला-ढाला; (वायु^{F}) अस्थिर, अनुकूल, जो प्रतिकूल न हो, डाँवाडोल, निर्विघ्न, वांछित वस्तुओं^{F}से रहित, बाधाओं^{F}से मुक्त; (रसा०) **मुक्त**, (वन०) **अलग्न**, असंयुक्त, अमिश्रित; (शक्ति^{F}) सुलभ, कार्यमुक्त, खाली; शासनमुक्त, अबाधित, अनर्गल (*~ step*); अनाक्षरिक, (अनुवाद) अर्थवाहक, खुला; (साहित्यिक शैली^{F}) उन्मुक्त, जिसमें साहित्यके नियमोंका पालन न किया जाता हो (*~ verse*); अपवादरूप, विमुक्त, छूटा हुआ, बरी, रिहा (*~ from the ordinary rules*); शुल्कमुक्त, **निःशुल्क**, पथशुल्कमुक्त, करमुक्त, **मुफ्त** (*~ education*); (जिसको पौरजनके अधिकार प्राप्त हों) (*made ~ of the city*) नागरिक; (*~ of the house*); (कहानी^{F}, बातचीत^F आदि) अशिष्ट, अश्लील, घटिया, रद्दी, खुली; स्वेच्छापूर्ण, स्वेच्छायुक्त, स्वतः प्रवृत्त, बिना बलका; निर्भीक, निर्भय, निष्कपट, स्पष्ट, स्पष्टवादी; धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ; सुविदित, सुपरिचित, घनिष्ठ, आगे बढ़ा हुआ, बेधड़क; विपुल, प्रचुर, अनल्प, अधिक, बहुत; ~ acid **असंयोजित अम्ल; मुक्त अम्ल, मुक्त एसिड**; ~ allowance **वजन की छूट**; ~-blown **साँचे बिना फूँका हुआ**; ~-board (नौवि०) **शीर्षान्तर, खुली जगह^F**, T. जहाजका वह भाग जो जलप्रवाह और डेकके मध्य हो; (*~certificate, ~ deck, ~ length, ~ marking*); ~-booter **जलदस्यु**; ~ carbon **अविलेय कार्बन, असंयुक्त कार्बन**; ~-born जन्मजात नागरिक; ~ Church राज्यसे असम्बद्ध गिरजाघर; प्रोटेस्टैण्ट गिरजा; ~ fight निर्बाध युद्ध, खुली लड़ाई^F, ~-flowing **सुप्रवाही**, मुक्तप्रवाही; ~-grace अप्रार्थित ईश्वरीय कृपा^{F}, अवांछित अनुकम्पा^{F}; ~ hand (चित्रकारी^{F}) मुक्तहस्त, बिना किसी नापजोख^{F}के खिंची हुई; ~-handed पुण्यात्मा, दाता, मुक्तहस्त, उदार, दानी; ~-hold n. **पूर्ण सम्पदा^{F}**, निष्कर सम्पत्ति^{F}, उन्मुक्त भूम्यधिकार, माफी जमीन^F; a. आत्मधृत, निरधीन, माफी जागीर^{F}में अधिकृत; ~-holder उन्मुक्त भूम्यधिकारी, उन्मुक्त अधिस्वामी, माफी जागीरदार; ~-labour स्वतन्त्र व्यक्तियोंका श्रम (न कि दासोंका); ~lance **स्वतंत्र**, पत्रकार जो कर्मचारी न हो; आधुनिक राजनीतिज्ञ या तार्किक व्यक्ति जो किसी दलका न हो; (यूरोपके मध्ययुगका) सैनिक जो धनके लिए युद्धमें भाग ले; ~-list निःशुल्क सूची^{F}, ऐसे व्यक्तियोंकी सूची^{F} जिन्हें निःशुल्क प्रवेशकी आज्ञा^{F} हो; प्रशुल्कमुक्त सामान; ~-liver, -living स्वाश्रयी, स्वतन्त्रजीवी; भोजनप्रिय व्यक्ति; भोजनप्रियता^{F}; ~-love अनुद्वाहित सहजीवन, उन्मुक्त प्रेम, अबाधित प्रेम, (वह प्रेम जिसपर विवाह आदिका बन्धन न हो); ~-man स्वतन्त्र व्यक्ति, स्वाधीन व्यक्ति, उदास, स्वाधीन नागरिक, स्वतन्त्र राज्य-नागरिक, स्वाधीन नगर या कम्पनी^{F} आदिका सदस्य; F. ~ Mason ~ and Accepted Masons नामक संघका सदस्य; ~ masonry उपर्युक्त **सदस्योंकी** पद्धति^{F} एवं संस्था^{F}, इसी प्रकारके व्यक्तियोंके बीच गुप्त समझौता, सहज सहानुभूति^{F}; ~ of charge निःशुल्क; ~ period (ज्यो०) **कम्पान्तर**; ~ pilotage **विकल्पी कनहार सेवा^{F}**; ~ of charge **निःशुल्क, मुफ्त**; ~ play **ढील^F, गुंजाइश^F**; ~ rain **पर्याप्त वर्षा**; ~-spoken स्पष्टवक्ता, स्फुटवादी, मुँहफट; ~-stone

सुछेघाश्म, सुछेद्य पत्थर, भुरभुरा पत्थर; एक प्रकारका शफतालू जिसके पकनेपर इसकी गुठली^F ढीली पड़ जाती है; (रंग) अवपीतारक्त; ~-swimming जंगम; ~-thinker स्वतन्त्र मनीषी, स्वतन्त्र चिन्तक, स्वतन्त्र विचारक, स्वतन्त्र चेता; तार्किक, बुद्धिवादी, हेतुवादी, नास्तिक, धार्मिक विचारोंका त्याग करके सोचनेवाला व्यक्ति; ~-thinking मुक्त विचारक, स्वतन्त्र चिन्तनशील; ~-thought मुक्तचिन्तन, स्वतन्त्रविचार; ~-trade अबाध व्यापार, मुक्त व्यापार, निःशुल्क व्यापार, कर-मुक्त व्यापार; ~-trader अबाध व्यापारी, उन्मुक्त व्यापारी, निःशुल्क व्यापारी, करमुक्त व्यवसायी; ~-wheel मुक्त-चक्र, साइकिलका एक पुर्जा, फ्री ह्वील^F, खुला घूमना, ~-will स्वेच्छा^F, स्वतन्त्र संकल्प, स्वतन्त्र इच्छा^F; स्वतन्त्र इच्छाशक्ति^F; *am ~ to confess* मैं स्वीकार करनेके लिए उद्यत हूँ; ~ *and easy* शिष्टाचारहीन बीड़ी^F आदि पीनेवालोंका (व्यवहार); ~*of his money* मुक्तहस्त, दाता, उदार, दानी, खर्चशाह;

~ acting, ~ air, ~ armed, ~ article, ~ association, ~atmosphere, ~baloon, ~banking, ~boat, ~ boundary surface, ~-bred, ~cell formation, ~ central, ~central placentation, ~ city, ~coinage, ~ competition, ~consent, ~course, ~-cutting steel, ~delivery, ~ despetoh, ~ distribution, ~ dropping, ~ edge, ~ election, ~ electron, ~ end, ~ energy, ~ enterprise, ~ evaporation, ~ excess, ~ exchange rate, ~ expansion, ~ family ward, ~ fatty acids, ~ filament, ~ fishery, ~-floating, ~ flow, ~-footed, ~ gift, ~ goods, ~ grant, ~ grantee, ~ grazing, ~-grown, ~ gyre, ~ hearted, ~ iron, ~ issue, ~ junction, ~ licensing, ~ light soil, ~ list, ~ market, ~ martins ~ medical attendance, ~-minded, ~ mintage, ~-mouthed, ~ movement, ~ navigation, ~ nitrogen, ~ nucleus, ~ oscillations, ~ oxygen, ~ parcel ticket, ~ pardon, ~ pass, ~ passage, ~ passholder, ~ path, ~ port, ~ pratique, ~ profession, ~ quarters, ~ quartz, ~radical, ~ ration, ~ replacement, ~ rotation, ~ scholar, ~service, ~ ships, ~ silica, ~soil, ~ space, ~-spirited, ~ stamp-marking machine, ~ standing, ~ state, ~ stipule, ~studentship, ~suffix, ~supply, ~surface, ~tax, ~ tentage, ~ territory, ~ ticket ~ *time*, ~ tolerance, ~-tongued, ~ traffic, ~ *transit*, ~ translation, ~ user, ~ vector, ~ *vibration*, ~ vision, ~ ward, ~ water, ~ *world*, ~ *woman*.

free² v.t. स्वतन्त्र करना, मुक्त करना, छोड़ देना, उद्धार करना, बचाना; स्पष्ट करना, सुलझाना, झंझट^F से छुड़ाना; निकालना (~ *paper*); ~*d man* (रोमन इति०) मुक्त दास।

freeboot फ्री'बूट् v.i. डाका डालना, डकैती^F करना।

freebooter –टॅर् n. दस्यु, लुटेरा, बटमार, डाकू या डकैत।

freebootery –टॅरि n. लूट^F, डाका, डकैती^F, लूट-पाट^F।

freebooting –टिंग् n. & a. डाका डालनेवाला, समुद्री डकैती^F।

freedom फ्री'डॅम् n. अदासता^F, वैयक्तिक स्वतन्त्रता^F या मुक्ति^F; स्वच्छन्दता^F, राजनीतिक, स्वतन्त्रता^F; स्वातन्त्र्य, आज़ादी^F; स्पष्टता^F, स्पष्टवादिता^F, निर्भीकता^F, बेधड़कपन (*take ~s with*); निर्बाध या स्वच्छन्द प्रयोग (*has the ~ of the library*); कार्यस्वातन्त्र्य, करनेका अधिकार; (भौतिक) स्वतन्त्रता^F, गतिशीलता^F; आत्मनिश्चय या आत्मनिर्णयका अधिकार, संसमिति^F या नगर या कारपोरेशनके अधिकार; सुविधा^F, आसानी^F, सरलता^F; कर्तव्यमुक्ति^F, भारमुक्ति^F, भारहीनता^F, हानि-शून्यता^F, दोषशून्यता^F, दोषमुक्ति^F, दोषराहित्य; ~ of speech आदि, वाक् स्वातन्त्र्य।

freeness –निॅस् n. निर्विघ्नता^F; स्वतन्त्रता^F, आज़ादी^F।

freer –ऑर् n. & a. स्वतन्त्रता^F देनेवाला; स्वतन्त्रकर।

freeship –'शिप् n. निःशुल्कता^F।

Freesia फ्री'ज़िॲ n. T. आशा^F अन्तरीपका आइरिस फूलके सदृश एक घुण्डीदार फूल।

freest फ्री'इस्ट् a. स्वतन्त्रतम।

freezable फ्री'ज़ॅबॅल् a. जो बर्फ^F-सा जम सके, श्यानीय।

freeze –ज़् १. n. श्यान, जमना (प्रा० भूगोल); हिमीकरण, हिमीभवन, (प्रा० भूगोल) जमाव; पालाका आगमन, पालेकी अवस्था^F, पालेका समय; (श्रम०) बन्धन; (मूल्य, पारिश्रमिक, आदिका) निर्धारण, स्थिरीकरण, बन्धन (*wage ~*); २. v.t. & i. (*froze, frozen*) पाला या बर्फ^F से अकड़ जाना; बहुत सर्दी प्रतीत करना; घनीभूत करना या होना; बर्फ^F से ढक जाना, जमकर बर्फ^F हो जाना; (तरल पदार्थको) बर्फ^F बना देना, जमा देना; हिमीभूत करना, हिमीभूत होना; जमना; भयके कारण ठण्डा पड़ जाना; (भावोंपर) तुषारापात करना, अशक्त कर देना, (शक्तियों^F को) निस्सहाय कर देना, ठण्डा कर देना; ठण्डक पहुँचाकर कठोर करना, कड़ा या सख्त बना देना, क्षति^F पहुँचाना, मार डालना (*frozen to death*); प्रशीतन द्वारा (मांस आदिको) सुरक्षित रखना, ठण्डक पहुँचाकर मांस आदिको सड़ने-गलनेसे बचाना; (मूल्य, पारिश्रमिक आदि) निर्धारित करना, स्थिर करना; (ऋण, आदेय आदिको) (अल्पकालके लिए या सदाके लिए) अनुपलभ्य बनाना; ~-out ताशका खेल जिसमें खिलाड़ी पूँजी^F समाप्त होनेपर अलग हो जाता है; ~ *on to* दृढ़तापूर्वक पकड़ना, चिपक जाना, कसे रहना; ~ one's

blood आतंकित करना, भय देना, डराना, खून सुखा देना; ~ *to death* पालेसे मर जाना, बर्फ़Fके कारण ठण्डा हो जाना; ~ *out* (ग्रा०) व्यापार, सभा या समाज आदिसे अलग कर देना; *it* ~*s etc.* पाला पड़ रहा है, बर्फ़F पड़ रही है।

freezer –'ज़र् n. श्यानक, श्यान-यन्त्र, (कृषि०) **हिमकारी**, बर्फ जमानेका यन्त्र।

freezing –ज़िंग् n. (प्रा० भूगोल, कृषि०) **हिमायन, हिमीकरण, जमना**, a. (क्रियागत अर्थोंमें); **हिमकारी**, अतिशीतल, बहुत ठण्डा; (व्यवहार) शुष्क, रूखा; ~ level **हिमस्तर;** ~ mixture श्यान मिश्रण, (कृषि०, रसा०) **हिमकारी मिश्रण, हिममिश्रण**, तरल पदार्थोंको जमानेका लवण और बर्फ़Fका मिश्रण या कोई अन्य मिश्रण; ~-point (रसा०, कृषि०) **हिमांक**, श्यानांक।

freight फ्रेट् १. n. वस्तुभाटक, **वहनशुल्क, वस्तुभाड़ा, माल भाड़ा**; (जहाज या गाड़ीF पर ढोनेका) **भाड़ा** या किराया; जलमें मालका ले जाना या ढोना; **भार**, माल, बोझा, सामान, असबाब; जहाजका बोझा, नौभार, भाड़ेका माल; २. v.t. (माल ढोनेके लिए या यात्रियोंके लिए जहाजको) किरायेपर लेना या देना; माल लादना, भरना; ~locomotive **माल गाड़ीFका इन्जन**; ~train ⊙ मालगाड़ीF;

~ broker, ~ car, ~charges, ~deposit, ~ insurance, ~ memo, ~ note, ~paid, ~ register, ~ repaid.

freightage –'टिज् n. जहाजको किरायेपर लेना या देना; बोझा, माल; लदौनीF, भाड़ा, माल ले जानेका व्यय या खर्च, वहनभाटक, वस्तुभाड़ा।

freighter –टर् n. जहाजको किरायेपर देनेवाला, माल लादनेवाला; **भारवाही**, बोझा ढोनेवाला विमान, माल-असबाब ढोनेवाला जहाज, मालका हवाई जहाज, **माल जहाज**, लद्दू जहाज; मालको लेने और आगे भेजनेवाला; ~ aircraft **भारवाही वायुयान।**

freightless –ट्'लिस् a. भाटकरहित, बिना किराया।

fremescence फ्रिमे'सॅन्स् n. गुर्राहटF, गुनगुनाहटF, बड़बड़ाहटF।

fremescent –न्ट् a. गुर्रानेवाला, गुनगुनानेवाला, बड़बड़िया।

fremitus n. (चि०) परिस्पृश्यकंपन।

French फ्रेन्च्' १. n. फ्रांसीसी भाषाF; २. a. फ्रांसीसी गुणोंसे युक्त, फ्रांसनिवासियोंके गुणवाला; फ्रांसीसी, फ्रांस या फ्रांसनिवासियोंसे सम्बन्धित; ~ bean वृक्कशिम्बीF, फ्रांसकी लोबियाF या सेमF; ~ beige भवरक्तपीत, एक हलका लाल-पीला रंग; ~ blue नीला रक्त, कुछ-कुछ लाल नीला रंग; ~ bulldog जतुकर्णक, चमगादड़के-से कानवाला एक छोटा कुत्ता; ~ chalk स्निग्ध खटीF, टेलखड़ीF, खड़ियामिट्टीF, ~ curve अवर्तुलक, बिना गोलाईFकी टेढ़ी रेखाF, ~ drain (पत्थरके टुकड़ोंकी) पानीको सोख लेनेवाली नालीF; ~green अवपीताति-हरि, हलका पीला; ~ grey एक रंग जिसमें सफेद, लाल और नीला रंग मिला रहता है; ~ horn व्याधश्रृंग, शिकारी सींगा (बाजा); ~ man फ्रांसीसी व्यक्ति, फ्रांस राष्ट्र या देशका निवासी, फ्रांसीसी जातिFका व्यक्ति; ~ marigold झण्डुक, गेंदा; ~ pea क्षुद्रकलाय, छोटी मटरF; ~ polish १. n. मसृण-मार्ज, लकड़ीFकी एक चिकनी पालिशF; २. v.t. फ्रांसीसी ढंगकी पालिशF लगाना; ~-polisher फ्रांसीसी पालिशF करनेवाला; ~ red श्रृंगारारक्त, अलता, महावर; ~ roof **दुढालु छतF**, ढालू छतF; ~ scarlet अधिरक्त, गहरा लाल; ~ sea wormwood खुरपुष्पिकाF; ultramarine = FRENCH·BLUE; ~ vermilion अधिरक्त, सिन्दूरीF; ~ window दुटवाँ दरवाजा जो खिड़कीF और दरवाजे दोनोंका काम दे; ~ woman फ्रांसीसी स्त्रीF; ~yellow मध्यरक्तपीत, हलका लाल पीला; the ~(बहु०) फ्रांसीसी; *take ~ leave* बिना आज्ञाF या सूचनाFके चले जाना या कोई काम करना।

Frenchification –चिफ़िके'शॅन् n. रूप, गुण, व्यवहार आदिमें फ्रांसीसी बनाना।

Frenchify –चिफ़ाइ v.t. (प्रायः बहु०) फ्रांसीसी रूप, गुण या रीति-रिवाजका बनाना।

frenching –चिंग् n. (कृषि०) **चित्ती रोग।**

Frenchless –च्'लिस् a. फ्रांसीसी भाषाF न जाननेवाला।

Frenchness –'निस् n. फ्रांसीसीपन।

Frenchy –'चि n. & a. फ्रांसीसी गुणोंवाला (व्यक्ति)।

frenetic फ्रे'ने'टिक् a. उन्मत्त, सनकी; विक्षिप्त, पागल।

frenulum फ्रे'न्यूलॅम् n. (चि०) छोटा बंध।

frenum फ्री'नॅम् n. बंध, (किसी अंगको हिलानेमें रुकावटF डालनेवाला) स्नायु; ~ linguae (चि०) जिह्वासीवनीF, जिह्वा बंध।

frenzied फ्रॅन्'जिड् a. उन्मत्त, भ्रान्तचित्त, पागल, सनकी।

frenzy –ज़ि १. n. उन्माद या पागलपन, अल्पकालीन उन्मत्तताF, मानसिक विक्षिप्तताF, चित्तविभ्रम, सनकF, (क्व०) विक्षिप्तताF या पागलपनका भयानक आक्रमण या दौरा; निर्बुद्धिताF, घोर मूर्खताF; विक्षिप्तावस्थाFका रोष, क्रोध या व्याकुलताF; २. v.t. (प्रायः भू० कृ० में) उन्मत्त करना, विक्षिप्तावस्थाF उत्पन्न करना, क्रुद्ध करना।

frequency फ्री'क्वॅन्सि n. **आवृत्तिF, बारंबारताF**, अभीक्ष्णताF, पौनःपुन्य, (नाड़ीFकी) प्रतिमिनटकी गतिF; (सांख्यिकी) किसी घटनाFके यथार्थ और सम्भव संघटनोंकी संख्याFका अनुपात; (भौ०) (कम्पन आदिकी) आवृत्तिF, निर्धारित समयमें बारंबारताF, क्षिप्रताF;

~ allotment, ~ band, ~ bridge, ~ changer, ~ channel, ~ converter, ~current, ~ curve, ~deviation, ~diagram, ~discriminator, ~distortion, ~distribution, ~ divider, ~doubler, ~filter, ~function, ~graph, ~group, ~meter, ~modulation,

~ modulator, ~ monitor, ~ multiplier, ~polygon, ~range; ~rectangle, ~response, ~ shift, ~space, ~spectra, ~stability, ~ surface, ~ table, ~ tolerance.

frequent[1] फ्रिक्वे॑न्ट् v.t. (किसी स्थान, समाज, सभा^F, घरपर) स्वभावतः जाना, नित्य जाना, प्रायः जाना, बार-बार जाना।

frequent[2]* फ्री॑क्वेन्ट् a. बहुशः घटमान, प्राय घटित होनेवाला, साधारण, बार-बार होनेवाला, एकके बाद दूसरा होनेवाला; (नाड़ी^F की गति^F) तीव्र, तेज; सामान्य (*it is a ~ practice to*); विपुल, प्रचुर, अनेक, अधिक, **आवर्ती** (*~ association*), बारम्बार, **बहुल**, बहुत, समीपस्थ; **बहुशः***, अविरत, नित्य, सतत, अभ्यस्त (*a ~caller*)।

frequentation फ्री(फ्रे॑)क्वेन्टे॑शॅन् n. नित्य घटन, प्रायः आना-जाना।

frequentative फ्रिक्वे॑न्'टॅटिव् n. & a. (व्या०) (क्रिया^F या क्रिया^F का रूप या गण) यङन्त, जो किसी कार्यका अधिक या बार-बार होना प्रकट करे।

frequenter –टॅर् n. नित्य जानेवाला, प्रायः जानेवाला।

frequently फ्री॑क्वॅन्ट्-लि adv. असकृत्, भूयोभूयः, पुनः-पुनः, मुहुर्मुहुः, अनेकशः, बहुशः, प्रायः, प्रायशः, अभीक्ष्ण, बार-बार, अक्सर।

frescade फ्रे॑स्'केड् n. मन्दगति^F, मरियल चाल^F।

fresco फ्रे॑स्'को १. n. (पलस्तर सूखनेके पहले दीवाल^F या छत^F पर) जलमिश्रित रंगसे चित्रणकी विधि^F; (प्रा० भू०) **भित्ति-चित्र**; २. v.t. (चित्र, दीवाल आदिको) इस प्रकार चित्रित करना।

fresh फ्रे॑श्' १. n. (दिन, साल आदिका) प्रारम्भिक भाग (*in the ~ of the morning*); नदी^F में जलका वेग, चढ़ाव, बाढ़^F; २. a. निर्मल, स्वच्छ, साफ, चमकीला, चमकदार (*a ~ complexion*); स्वस्थ, तेजवान; सरस, स्वादिष्ट, ताजा, जो उच्छिष्ट या बासी न हो (*~ fish*); अम्लान, तीव्र, टटका, ताजा (*~ flowers*); सबल, अश्रान्त, अक्लान्त, चुस्त, फुर्तीला (*never felt ~er*); नव, अभिनव, नवीन, नूतन, नया; हरा (*~ wound*); जिसका पहलेसे ज्ञान न हो; प्रत्यग्र, हालका; (जलवायु^F) शक्तिप्रद, स्वास्थ्यकर, शुद्ध, विशुद्ध, शीतल; अनुभवशून्य, अपरिपक्व, कच्चा; आस्वाद्य, पेय, अलवण, मधुर, मीठा (*~ water*); मद्यपानके कारण उत्तेजित, गतियुक्त; अन्य, विभिन्न, अतिरिक्त, आगेका (*begin a ~ chapter*); धृष्ट, ढीठ, बेधड़क⊙; ३. adv. नवीनतापूर्वक, नूतनता^F के साथ; हालमें (*~-caught*); ~ butter सादा मक्खन जिसमें नमक न मिला हो; ~man, विश्वविद्यालयकी प्रथम कक्षा^F का विद्यार्थी; नौसिखुआ; ~-run (मछली^F) जो समुद्रसे हालमेंही पकड़कर लायी गयी हो; ~water **अक्षार जल** (*~ deposit, ~ limestone*), **मीठा पानी**; अलवण-जल, मीठे जलका, न कि समुद्री जलका; ~water sailor कच्चा, नौसिखुआ, अनाड़ी; *a ~ wind* तीव्र वायु^F, तेज हवा^F; *as ~ as paint* बिलकुल चुस्त, बहुत फुर्तीला;

~-air inlet, ~ appointment, ~-baked, ~ breeze, ~-caught, ~-cleaned, ~ clearings, ~-coloured, ~-cooked, ~-cut, ~ deposit, ~ evident, ~-faced, ~-fallen, ~ fracture, ~ fruits, ~ gale, ~ grounds, ~group, ~ice, ~-killed, ~-laid, ~ lease, ~-leaved, ~ liver, ~-looking, ~-made, ~mineral, ~-picked, ~ receipt, ~ sheet, ~ start, ~ suit, ~ ticket, ~-watered, ~ weather, ~wind.

freshen –'शॅन् v.t. & i. नवीन होना या करना, ताजा होना या करना, तेज होना या करना; मधुर करना या होना, शुद्ध करना या होना, चुस्त करना या होना, हरा करना या होना; **ब्याना**।

freshener –नॅर् n. नवकर्त्ता, नवीनकारी।

fresher –शॅर् n. नवीन व्यक्ति; नवागन्तुक छात्र; **नौसिखिया**।

freshet फ्रे॑'शि॑ट् n. पानीका चढ़ाव, **बाढ़**^F; (समुद्रमें गिरनेवाले पानीका) वेग।

freshness फ्रे॑श्'नि॑स् n. अम्लानता^F, शुद्धता^F; अनुभवशून्यता^F, प्रत्यग्रता^F; नूतनता^F, नवीनता^F; विभिन्नता^F, शीतलता^F, ताजापन, वीर्य, चुस्ती^F; माधुर्य, मिठास^F।

fret[1] फ्रे॑ट्' १. n. समकोण बनाती हुई रेखाओं^F की चित्रकारी^F या नक्काशी^F; (भौ०) **सारिका**^F, २. v.t. चित्रविचित्र करना, रंग बिरंग बनाना; (छत^F को) नक्काशी^F सजाना; ~-saw **टेढ़ीआरी**^F, फूलबूटे बनानेमें पतली लकड़ी^F को काटनेकी आरी^F, ~work भूषातक्षण, फूलबूटेदार नक्काशी^F या कटावका काम; नक्काशीदार लकड़ी^F T.

fret[2] १. n. सन्ताप, दुःख, क्रोध, झुँझलाहट^F, चिड़चिड़ापन, परेशानी^F (*in a ~*); (चि०) खरोंच^F, घर्षण^F, कक्ष्या रोग; २. v.t. & i. असन्तोष या दुःखसे अपनेको कष्ट पहुँचाना (*~ away* or *out* one's *life* etc.), व्यथित होना, क्षुब्ध होना, उद्विग्न होना, खीझना; कष्ट देना, तंग करना, छेड़ना, चिढ़ाना, परेशान करना; (जलको) आन्दोलित करना, व्याकुल करना, अशान्त करना, उद्विग्न करना, खलबली करना, लहराना, हिलोरना, झकोरना; कुतरकर कष्ट पहुँचाना, खा लेना, काटना, चबाना, कुतरना, घिसना; (नदी^F आदिका) चट्टानों^F से टक्कर खाकर बहना, छोटी-छोटी लहरें उठना, बहना; काटना, छीलना, घिसाना, (मार्ग) निकालना या बनाना; *~ and fume* क्षुब्ध होना, अधैर्य प्रकट करना, क्रोधकी दशा^F में बेचैनी^F दिखाना, खीझना, झल्लाना।

fret[3] n. (संगीत) **सारिका**^F; अंगुलिकूट, परदा; कुछ तारदार बाजोंकी खूँटियाँ^F।

fretful, fretty –'फ़ुल्, –'टि aa. क्रोधी, कोपी, चण्ड, वामशील, शीघ्र कुपित होनेवाला, चिड़चिड़ा।

fretfulness –निॅस् n. क्रोध, उद्वेग, क्षोभ, झुँझलाहट^F, चिड़चिड़ापन, परेशानी^F।

fretted –'टिड् a. तक्षित; झर्रीदार।

fretter –टॅर् n. सन्तापी, खीझनेवाला, खिझानेवाला।

F.R.G.S. Fellow of the Royal Geographical Society.

F.R.H. Forest Rest-House.

F.R.Hist.S. Fellow of the Royal Historical Society.

F.R.H.S. Fellow of the Royal Horticultural Society.

F.R.I. Forest Research Institute..

Fri. Friday.

friability, friableness फ्राइअॅबि'लिटि, –निॅस् nn. भिदुरता^F, आसानी^Fसे चूर होना, नरमाहट^F, **भुरभुरापन**।

friable –अॅबॅल् a. सुचूर्ण्य, अवचूर्ण्य, भिदुर, चूर्ण होने योग्य, सरलतासे चूर-चूर होनेवाला, नरम, **भुरभुरा**, फुसफुसा।

friar फ्राइ'अॅर् n. ईसाइयोंकी विशिष्ट धार्मिक शाखा^Fका श्रमण, तपस्वी, योगी, यति, मुनि, साधु या संन्यासी; ~'s balsam संयुत धूप-निष्कर्ष, श्रमणधूपियास, लोबानका कम्पाउण्ड टिंचर, (कृषि०) **फ्रायर बाल सम**।

friarly –लि a. ईसाई संन्यासियोंका, इनसे सम्बन्धित।

friary –रि n. ईसाई विहार, ईसाई साधुओंका आश्रम, मठ।

F.R.I.B.A. Fellow of the Royal Institute of British Architects.

fribble फ्रि'बॅल् १. n. तुच्छ, नीच, ओछा, बेहूदा; २. v.i. तुच्छता^F करना, नीचता^F करना, निरर्थक कार्य करना, ओछा काम करना, ओछापन करना, लड़कपन करना।

fribbler –लॅर् n. ओछा काम करनेवाला।

F.R.I.C. Fellow of the Royal Institute of Chemistry.

fricandeau फ्रि'कॅन्डो १. n. बोटी^F, उबले हुए या भुने हुए गोश्तका टुकड़ा; २. v.t. बोटियाँ^F तैयार करना या बनाना।

fricassee फ्रिकॅसी १. n. बोटी^F, गोश्तका टुकड़ा (जो उबालकर या भूनकर मसाला लगाकर खाया जाता है); २. v.t. बोटी^F-बोटी^F गोश्तका भोजन बनाना।

fricative फ्रि'कॅटिव् n. & a. संघर्षी, घर्षी, (व्यंजन)।

F.R.I.C.S. Fellow of the Royal Institute of Chartered Surveyors.

friction फ्रिक्'शॅन् n. घृष्टि^F, (गति वि०, भौ०, प्रा० भूगोल, नौवि०) **घर्षण**, अभिघर्षण, संघर्षण, **रगड़**^F; (ला०) (विचारों, इच्छाओं^F, स्वभावों, मतों आदिका) संघर्ष, मतभेद, झगड़ा, टक्कर^F; औषधके रूपमें मर्दन, मालिश^F; (भौ०, यन्त्र०) प्रतिरोध; ~-clutch, -cone, -disk, -gear(ing), संघर्ष द्वारा गति^F उत्पन्न करनेवाले पुर्जे; ~ couple **घर्षण बलयुग्म**; ~ clamp, ~ factor, ~fuse, ~ horse-power, ~ matches, ~ pile, ~ ring, ~ roller, ~ tester, ~ tube, ~ wheel.

frictional –नॅल् a. **घर्षण-**, घर्षणी, घार्षणिक, **घर्षण-संबन्धी**, संघर्षी, प्रतिरोधात्मक; **असन्तुलनात्मक**; ~ forces, ~resistance, ~unemployment.

frictionless –न्-लिॅस् a. **घर्षणरहित**, संघर्षहीन, संघर्षरहित, प्रतिरोधशून्य।

Friday फ्राइ'डे n. **शुक्रवार**, शुक्कर; Good F ~ ईस्टर पर्वके पूर्वका शुक्रवार (जो ईसाके मृत्युदण्डके स्मरणमें मनाया जाता है)।

friend* फ्रेन्ड' १. n. सहचर, सुहृद्, मित्र*, सखा, संगी, साथी, दोस्त; (बहु०) सम्बन्धी, नातेदार, रिश्तेदार, वे लोग जो किसीके उत्तरदायी हों; संरक्षक, शुभचिन्तक, हितैषी, उपकारी (*no ~ of* or *to order*); अनुकूल व्यक्ति, पक्षका आदमी; (शिथिल अर्थमें) परिचित व्यक्ति, अजनबी आदमी (*my ~ in the brown hat now left me*); सहायक वस्तु^F (*my shyness was here my best ~*); सहायक, यार; नामके पहले प्रयुक्त (*~ Jones*); धार्मिक-समुदाय विशेषका अनुयायी; २. v.t. (का०) मित्र बनाना, सहायक होना, सहायता^F देना, दोस्त बनाना; female girl ~ सखी^F, सहेली^F; *a ~ at court* न्यायालय-मित्र, न्यायपरामर्शक, ऐसा व्यक्ति जिसके प्रभावसे अर्थसिद्धि^F हो; ***a ~ in need is ~ indeed*** समयपर काम देनेवाला ही मित्र है; ***better lose a jest than lose a ~*** ऐसी हँसी^F अच्छी नहीं जिससे दोस्ती^Fमें फरक आवे; *he that doth lend doth lose a ~* अपना दीजै दुश्मन कीजै; *make ~s* मित्र बनाना, मैत्री^F स्थापित करना; *my honourable ~* (लोकसभा^Fके सदस्य एक दूसरेका इस प्रकार उल्लेख करते हैं); *my learned ~* (न्यायालयमें एक वकील दूसरे वकीलको इस प्रकार सम्बोधित करता है); *Society of F ~ s* एक धार्मिक सम्प्रदाय; *when a good cheer is lacking ~s will be packing* बिगड़ेमें दोस्त भी किनारा कर जायँगे।

friended –'डिड् a. मैत्रीकृत, अनेक मित्रवाला।

friendless –'लिॅस् a. सुहृद्रहित, मित्रहीन, सहायक-शून्य, असहाय।

friendlessness –निस् n. मित्रहीनता^F, सहायक-शून्यता^F।

friendliness –'लिनिॅस् n. सौहार्द, मित्रभाव, मित्रता^F, हितबुद्धि^F, हितेच्छा^F, हितकामना^F, स्नेह-शीलता^F, सहानुभूति^F, अनुकूलता^F, कृपा^F, दया^F।

friendly –लि १. n. (बहु० के साथ) मित्र प्रदेशका निवासी; २. a. हितेच्छुक, सहायक; **मित्र**, अशत्रु, अनुकूल, पक्षका (*~ nation*); उपकारक, हितकर, शुभचिन्तक, हितैषी, कृपालु, स्निग्ध, स्नेहशील; **मित्रसदृश**, मित्रवत् आचरण करनेवाला; ३. adv. (क्व०) मित्रवत्, मित्रके रूपमें (*used us ~*); ~ action (का०) मैत्री-पूर्ण कार्यवाही^F या अभियोग (जो निर्णयके लिए न्यायालयमें

प्रस्तुत किया जाता है न कि शत्रुता^F के कारण); F~ Society मित्रसंस्था^F, हितकारी समिति^F, बीमारी^F अथवा वृद्धावस्था^F में कष्टके निवारणार्थ बीमा समिति^F, ~ terms मैत्री^F, मित्रता^F।

friend-like –'लाइक् a. = FRIENDLY.

friendship –'शिप् n. सौहार्द, मित्रत्व, मैत्री^F, मित्रता^F, बन्धुता^F; मैत्रीभाव, प्रीति^F, दोस्ती^F।

frier फ्राइ'अॅर् n. भूननेवाला; भूननेका बर्तन।

frieze[1] फ्रीज़्' n. (एक ओर रोयेंवाला) मोटा ऊनी कपड़ा; (यंत्र०) **प्रस्तरगल**।

frieze[2] n. चित्रवल्लरी, खम्भेके ऊपर कानिसके ठीक नीचेका भाग; चूड़ी^F, गोला; ~-panel (दरवाजेके) ऊपरका दिलहा।

friezed –ड्' a. रोएँदार, रोमवान्।

frig, fridge फ्रिज़', फ्रिज्' nn. (बोल०) = REFRIGERATOR.

frigate फ्रि'गॅट् n. (आधु० शिथिल अर्थमें) गश्ती जहाज; महाकाय रणपोत; (हालके प्रयोगमें) रणपोत, एक मस्तूल-का जहाज, छोटा बिना डेकका पोत; (प्रा०) क्षुद्र रणपोत (जिसपर २८ से ६० तोपें^F लगी हों); T., ~-bird दस्युकाक, उष्णकटिबन्धकी एक बड़ी शिकारी चिड़िया^F।

fright फ्राइट् १. n. भयंकर मनुष्य, भयानक आकृति-वाला व्यक्ति; भय, उद्वेग, त्रास, आतंक, **भीति**^F, व्यग्रता^F, डर; २. v.t. (का०) भयभीत करना, भय देना, डरना, दहलाना, सहमाना।

frighten –'टॅन् v.t. भयभीत करना, त्रास देना, शंकित करना, भय देना, डराना, दहलाना, सहमाना; भयभीत करके स्वीकार करा लेना, मनवा लेना, त्रास देकर (किसी स्थानसे) भगा देना।

frightened –ड् a. भयभीत, त्रस्त, शंकित, सहमा, डरा हुआ; कायर।

frightful –ट्'फ़ुल् a. (ग्रा०) भीम, भीषण, कराल, घोर, दारुण, विकट, (प्रा०) भयानक, भयावह, रौद्र, भयंकर, डरावना; क्षोभोत्पादक, कष्टपूर्ण, स्तम्भकारी, दुःखपूर्ण; बीभत्स, घृणापूर्ण, घृणावह, घिनौना, भद्दा; भयत्रस्त, भयभीत, डरा हुआ।

frightfulness –नि`स् n. बीभत्सता^F, घृणामयता^F, घिनौनापन।

frightsome –सॅम् a. = FRIGHTFUL.

frigid फ्रि'जिड् a. शीतल, ठण्डा, जमा हुआ; अरोचक, अरुचिकर, निःस्वाद, फीका; निरुत्साहकारी, उत्साह भंग करनेवाला; निरुत्साह, निःस्नेह, उदासीन, कठोर, रूखा; ~ region, zone **शीत कटिबन्ध**।

Frigidaire –डेॲर् n. REFRIGERATOR का मूलनाम।

frigidity, frigidness फ्रिजि'डिटि, फ्रि'जिड्नि`स् nn. शैत्य, ठण्ढापन, शीतलता^F, ठण्डक, जाड़ा, सर्दी^F; अरोचकता^F, उदासीनता^F, उदासी^F, निर्ममता^F, उत्साह-शून्यता^F, स्नेहाभाव, रूखापन।

frigorific फ्रिगॉरि'फ़िक् a. अतिशीतल; बहुत ठण्ढा; शीतलतादायक, ठण्ढा करनेवाला।

frill फ्रिल्' १. n. (बहु०) आडम्बर, निरर्थक शृंगार, दिखावा, सजावट^F (*puts on ~s*); झल्लरी^F, झालर^F, मगजी^F, (फोटो०) तख्ती^F या प्लेट^F के किनारेपर गिलेटीन-की झिल्ली^F; अन्त्रबन्धनिका^F, पशुकी आँतों^F की झिल्ली^F; पशु-पक्षी या पौधेके पंखों, बालोंकी झालर^F; २. v.t. & i. झालर^F लगाकर सजाना; प्लेटके किनारे-किनारे सिकुड़न^F पड़ना, सिमटना।

frilled –ड् a. आडम्बरमय, झालरदार (*~ lips*); (फोटो०) जिसमें गिलेटीनकी सिमटनेवाली झिल्ली^F लगी हो।

frillery –'लॅरि n. झल्लरीसमूह, झालरों^F का क्रम, झालरें^F।

frillies –लिज़् n. (बोल०) झालरदार साया या पेटीकोट।

frilling –लिंग् n. झालर^F लगाना या टाँकना, झालर^F या बेल बनाना; आडम्बर करना।

frilly –लि a. झल्लरित, झालरदार।

fringe फ्रिन्ज् १. n. (प्रा० भू०) **उपान्त, तटीय प्रान्त**; झल्लरी^F, किनारे-किनारे डोरोंकी लटकनी हुई झालर^F या झब्बेदार किनारा, झब्बा, किनारा, **धारी**^F, हाशिया, T., पशु या पौधेके बाल, रेशेका किनारा या झालर^F; सिरके सामने लटकते बाल; T.; २. v.t. मगजी^F लगाना, झालर^F या झब्बेसे सजाना; Newgate ~ मुँडी हुई ठोड़ी^F के नीचे लटकती हुई डाढ़ी^F; coastal ~ **प्रवाल तट**; ~ benefits अनुषंगी लाभ।

fringeless –ज्'लि`स् a. झल्लरी-रहित, जिसमें झालर^F न लगी हो, बिना झालर^F या झब्बेका।

fringing –'जिंग् n. झालर^F या झब्बा लगाना; ~ reef **तटीय प्रवालभित्ति**^F; (नौवि०) **अनुतट जलशैल**।

fringy –'जि a. झालरदार, झब्बेदार।

fripper फ्रि'पॅर् n. पुरातनवस्त्र-व्यवसायी, जीर्णवसन-विक्रेता, पुराने कपड़ोंकी खरीद-फरोख्त करनेवाला।

frippery –रि n. चिथड़े, उच्छिष्ट, उतरन-पुतरन; कम मूल्यवाली भड़कीली वस्तु^F, छोटी बढ़िया वस्तु^F; अलंकार, आडम्बर, ठाटबाट, सजधज^F, कपड़ेकी अनावश्यक सजावट^F, टीपटाप^F; (साहित्यिक शैली^F में) आडम्बर, निःसारता^F, खोखलापन, थोथापन।

frisette (F) फ्रिजे`ट् n. कृत्रिम भ्रमरक, माथेपर धारण की जानेवाली नकली घुँघराली लट^F; माथेपरका घूँघर, काकुल^F, जुल्फ^F।

friseur (F) फ्रीज़र् n. केशसज्जा-विशारद; नाई, हज्जाम।

frisk फ्रिस्क्' १. n. क्रीडा^F, नाच, उछलकूद^F, फुदकन^F, कुलेल^F; २. v.t. & i. क्रीडा^F करना, नाचते-कूदते चलना, उछलना-कूदना, फुदकना, कूदना-फाँदना, कुलेल^F करना।

frisket फ्रिस्'कि`ट् n. मुद्रण-साँचा, छापनेसे पूर्व मशीन^F-पर कागज रखनेका स्थान।

friskful फ्रिस्क्'फ़ुल् a. स्फूर्तियुक्त, प्रफुल्ल, फुर्तीला, चुलबुल, तेज।

friskiness –'फ़िनि`स् n. स्फूर्ति^F, प्रफुल्लता^F, चुलबुलापन, फुर्ती^F, क्रीडा^F, नाच, उछलकूद^F, कुलेल^F।

frisky –कि a. प्रफुल्ल, उल्लसित, सानन्द, चपल, चुलबुला, प्रसन्नता^F में इधर-उधर दौड़नेवाला, नाच-खेल करनेवाला, उछल-कूद करनेवाला, कुलेल^F करनेवाला।

frit फ्रिट् १. n. आद्राव, काँच बनानेके लिए बालू^F और चकमक पत्थर आदिका योग; T; तेजाबी मसाला (जिससे चीनी मिट्टी^F के नरम बर्तन बनाये जाते हैं); २. v.t. आद्रवण करना, काँच बनानेके लिए बालू^F और चकमक पत्थरका योग तैयार करना, थोड़ा भाग फूँकना, तपाना और पिघला देना।

frith फ्रिथ्' n. सागर-संगम, वेला-संगम; सम्भेद, खाड़ी^F।

fritillary फ्रिटि'लॅरि n. एक तितली^F; कुमुदिनी^F जैसा एक पौधा, सोसन।

fritter[1] फ्रि'टॅर् n. पूआ-विशेष (जिसमें फल आदिके टुकड़े डाले जाते हैं, *apple* ~)।

fritter[2] v.t. (समय, धन, शक्ति^F आदिका) नष्ट करना, खण्ड-खण्ड करना, अपव्यय करना, निरुद्देश्य व्यय करना, काटना।

fritterer –रॅर् n. समयका अपव्ययी, समय नष्ट करनेवाला।

frivol फ्रि'वॅल् v.t. & i. (धन, समयका) अपव्यय करना, मूर्खता^F के साथ व्यय करना, नष्ट करना; मूर्खतापूर्ण कार्य करना, तुच्छता^F करना, तुच्छ होना, ओछापन करना, ओछा होना, छिछोरा होना।

frivolity, frivolousness –वॉ'लिटि, –नि`स् nn. निष्फलता^F, असारता^F, निरर्थकता^F, नगण्यता^F, क्षुद्रता^F, तुच्छता^F, लघुता^F, **ओछापन**, हलकापन, **छिछोरापन**।

frivolous –'वॅलॅस् a. निर्बोध, मूर्ख, मन्दबुद्धि; क्षुद्रतायुक्त, तुच्छतापूर्ण; निष्फल, असार, निरर्थक, नगण्य, क्षुद्र, **तुच्छ, नजीव**, हलका, ओछा, छिछोरा।

friz(z)[1] फ्रिज्' १. n. काकुल^F की लटें^F, घुँघराले बाल, घुँघरालापन; २. v.t. (बाल या व्यक्तिको) घुँघराला बनाना, छल्ले डालना, मरोड़ना, टेढ़ा करना, मोड़ना, तोड़ना; चाकू, छूरी^F या झाँवेंसे (चमड़ा आदिको) सुधारना या साफ करना।

frizz[2] v. i. छनछन करना, तलते समय छनछनाहट^F का शब्द करना।

frizzle[1] फ्रिज़ॅल् १. n. घुँघराले बाल; २. v.t. & i. बालोंको तोड़कर घुँघराले बनाना, बालोंको छोटे-छोटे बल देना, मरोड़ना, बटना।

frizzle[2] v.t. & i. छनछनाहट^F शब्दके साथ तलना, भूनना या सेंकना।

frizzly –ज़्'लि a. घुँघराला, घूँघरदार, बलदार।

frizzy –जि a. घुँघराला, छल्लेदार, घूँघरदार, घुँघराले बालवाला।

F.R.Met.S. Fellow of the Royal Meteorological Society.

F.R.M.S. Fellow of the Royal Microscopical Society.

F.R.N.S. Fellow of the Royal Numismatic Society.

fro फ्रो' adv. इतस्ततः, इधर-उधर, (केवल *to &* ~ में), यहाँ-वहाँ, आगे-पीछे, दो स्थानोंके बीच बार-बार आने-जानेका; दूर, उधरको, परे।

frock फ्रॉक्' १. n. स्त्रियों^F का एक वस्त्र; वासा, बच्चेका फराक; नाविककी ऊनी जरसी^F; भिक्षुका चोगा जिसकी आस्तीनें^F लम्बी होती हैं; (ला०) पादड़ीका गुण या विशेषता^F; २. v.t. पादड़ीके कार्यसे युक्त करना, पादड़ीका पद या कार्य देना; ~-coat पुरुषोंका लम्बा कोट (जो सामनेसे कटा नहीं होता)।

Froebelism फ्र'बॅलिज़्म् n. (किंडरगार्टनकी तरहकी) एक शिक्षाविधि^F।

frog[1] फ्रॉग्' n. प्लवंगम, मण्डूक, दर्दुर, भेक, **मेंढक**, टरू^F; (व्यंग्यसे) फ्रांसीसी व्यक्ति (जो मेंढकका गोश्त खाता है); ~ belly (चि०) बच्चोंमें पेटका अफारा; ~ eye disease **प्रान्तवर्णी रोग**; ~ gate (चि०) प्लवंगति^F; ~-in-the-throat (बोली^F) कर्कश, अमधुर, कटु, कड़ा; ~ man निमज्जक, गोताखोर, शत्रुके विरुद्ध जलमें कार्यवाही^F करनेके लिए सुशिक्षित व्यक्ति; ~'s-march कैदीको जकड़कर और उसका मुँह नीचे करके ले चलना; ~-fish, ~-hopper, ~-mouth.

frog[2] n. घोड़ेके टापकी पुतली^F, घोड़ेकी टाप^F के तलुवेके बीचमें सींगकी तरहकी एक नरम लचकदार वस्तु^F, T.।

frog[3] n **संगीन लटकन**^F, (फौजी कोट^F के बटन और काजको बन्द करनेका एक विशेष) बँधना; (कमरपेटी^F से लटकती हुई तलवार^F का) कोप, म्यान^F या खलीता।

frog[4] n. दिला^F, किश्ती^F, डुब्बी^F; फल, लोहेका नालीदार टुकड़ा (जो गाड़ी^F की पटरीमें उस स्थानपर रखा जाता है जहाँसे शाखा^F बनती है), T.।

frogged –ड्' a. बन्धनयुक्त, बटनदार।

froggery –'गॅरि n. दादुर-समुदाय; भेक-सर, मेंढक पालनेका तालाब।

Froggy[1] फ्रॉ'गि n. फ्रांसीसी (मेंढक खानेके कारण ऐसा नाम)।

froggy[2] a. भेकसदृश, मेंढककी तरह; मण्डूकयुक्त, भेकमय, जिसमें मेंढक हो, मेंढकवाला।

froise फ्रॉइज़् n. मांस-मिश्रित बड़ा केक।

frolic फ्रॉ'लिक् १. n. उल्लास, आनन्द, उत्फुल्लता^F, प्रफुल्लता^F, प्रसन्नता^F, आमोद-प्रमोद, रंगरलियाँ^F, चुलबुलाहट^F, चचलता^F, चपलता^F, क्रीडा-कौतुक, विहार, किलोल^F, केलिक्रीडा^F, खेलकूद^F; २. v.i. (p.t. *frolicked*) क्रीडा-विहार करना, नाचना, उछलकूद^F करना, किलोल^F करना, फुदकना, छलाँग^F मारना, चौकड़ी^F भरना; ३. a. (प्रा०) उल्लसित, आनन्दित, उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, प्रसन्न, चंचल, चपल, उछल-कूद करनेवाला, खिलाड़ी, चुलबुला।

frolicsome –'सॅम् a. परिहासशील, केलिकर, उल्लासी, क्रीडापर, केलिप्रिय, कौतुकी, खिलाड़ी।

frolicsomeness –नि`स् n. परिहासशीलता^F,

क्रीडापरता^F, केलिप्रियता^F ।

from* फ्रम्', फ्रॉम्' prep. से*, आरम्भ करके (*~2nd July*); से, दूरी^Fपर (*ten miles ~ Rome*); से, लेकर (*~ above, below*); से, भिन्न (*doesn't know black ~ white*); से, आनेवाला, (*gifts ~ Providence*); से, उत्पन्न (*dig gravel ~ pit*); से, कारण (*died ~ fatigue*); *~ a child* शैशवसे, बचपनसे; *~day to day* प्रतिदिन; *~generation to generation* पीढ़ी^F-दर-पीढ़ी^F; *~ time to time* यदा कदा, समय-समयपर, कभी-कभी; *~ year to year* वर्षानुवर्ष, साल-बसाल ।

frond –ड्' n. (वन०) **अपुष्प पर्ण,** सपत्रक वृन्त, पलाश; (कृषि०) **तालपत्र;** T. पशुके कुछ अंगोंमें पत्तेके आकारका प्रसरण या विस्तार ।

frondage –'डिज् n. अपुष्पपर्णसमूह, पलाशसमूह, पशु-पत्र प्रसारण या विस्तार ।

frondescence फ्रॉन्डे'सॅन्स् n. (वन०) पलाशोन्मीलन, पत्तियों^Fके खुलनेकी दशा^F ।

frondescent –न्ट् a. पत्तेमें परिवर्तित होनेवाला; पत्रमय, पत्रसंकुल; पत्रवत्, पत्तेकी तरह ।

frondiferous –डि'फ़ॅरॅस् a पलाश-जनक, पत्रोत्पादक।

frondivorous –'वॅरॅस् a. (भौमिकी०) पत्राशजीवी, पर्णभक्षी, पत्राहारी, पत्ते खाकर जीवित रहनेवाला ।

frondose, -ous –'डोस्, –'डॅस् aa. (वन०) अपुष्प पर्णसे आच्छन्न, पलाशावृत्त ।

frons फ्रंस n. (श०र०शा०) भाल, मस्तक, ललाट माथा, T.

front* फ्रन्ट्' १. n. **अग्र, सीमाग्र;** सम्मुख भाग, **मुखदिशा^F,** अग्रभाग, अगाड़ी^F; (*of* के साथ) सामना*, सामनेका भाग, आगेका भाग (*in ~*); आनन, वदन, मुख, मुँह, चेहरा (*~ to ~*); (का०) मस्तक, भाल, ललाट, माथा; (स्था०) इमारत^Fका अगला भाग; (ला०) संगठित संस्था^F, संगठन, मोर्चा (*home ~*); युद्धस्थल, रणभूमि^F, (सेना०) युद्धके लिए उद्यत सैन्यदल या जहाज, सेनामुख, हरावल; केशगुच्छ, लच्छा; कमीज^Fका सीना; समुद्रतटीय आश्रयस्थलका विचरणस्थान; २. v.t. & i. सम्मुख होना, सामने खड़ा होना; (किसीकी ओर) देखना, मुँह करना, मुँह फेरना; मुखभाग बनाना; (सड़क^F आदिकी ओर) मुँह करना; विरोध करना, सामना करना, भिड़ना, डटना; ३. a. सम्मुख स्थित, सामनेका; ~beam **अग्रधारा, अग्रअंश;** ~ cover **आवरण मुख;** ~ door, ~ entrance **प्रवेश द्वार,** प्रमुख द्वार, आगेका दरवाजा, फाटक; ~ page (समाचारपत्रका) मुख पृष्ठ, **पहला पृष्ठ;** *come to the ~* व्यक्त या सुप्रकट होना, प्रमुख होना, स्पष्ट होना; *go to the ~* सेना^Fमें सम्मिलित होकर युद्धमें भाग लेना; *have the ~* निर्लज्ज होना, दिलेर होना, निधड़क होना; *in ~ of* सामने, आमने-सामने, आगे;

~ axle, ~ cone, ~ course, ~ elevation, ~ lens, ~ saw, ~ scale, ~ seat, ~ truck, ~ wall.

front a front फ्रॉन्ट् ए फ्रॉन्ट् (F) adv. सम्मुख, आमने-सामने ।

frontage –'टिज् n. (सैन्य०) मुखदिशा^F, फ्रण्ट; मुखभाग, **पुरोभाग,** अग्रभाग, **सामनेका हिस्सा,** सामना, अगले भागका विस्तार या सीमा^F; मकानका सामनेका भाग; किसी एक ओरका भाग, दृश्य, खुला हुआ भाग; सैन्य-स्थल; मकान और सड़क^Fके बीचका भाग, सड़क^F या जलसे स्पर्श करता हुआ भूमिभाग ।

frontager –'जॅर् n. (भूमि^Fके) अग्रभागका स्वामी, मुखभागमें रहनेवाला ।

frontal[1] फ्रन्'टॅल् n. **ललाट,** गृहमुख; (कृषि०) **ललाटिका^F;** वेदी^Fके अग्रभागका आच्छादन ।

frontal[2] a. अग्र, (चि०, श०र०शा०) **ललाट,** सामनेका, सामनेपर; मस्तकका, **ललाटीय;** ललाटका, भालका, T. ~ attack सामनेकी ओरसे किया हुआ आक्रमण; ~ fonticulus **ब्रह्मरन्ध्र;**

~ area, ~ bone, ~ border, ~ breadth, ~ clasper, ~ crest, ~ eminence, ~ ganglion, ~ gland, ~ lobe, ~ nerve, ~operculum, ~ pole, ~region, ~ ridge, ~segment, ~ sinus, ~ spine, ~ surface, ~ suture, ~ tuberosity.

frontate फ्रॅन्'टॅट् a. (वन०) पलाशवर्द्धन, पत्तेकी तरह बढ़नेवाला ।

frontier फ्र(फ्रॉ)न्'टीअॅर् n. **सीमा^F, सीमान्त,** सरहद^F; सीमान्त प्रदेश या प्रान्त; (गुण०) सीमान्त प्रान्तीय, प्रत्यन्त; ~ sman सभ्य जगतकी सीमा^Fपर या इसके परे रहनेवाला व्यक्ति;

~ area, ~ custom, ~ formalities, ~post, ~ route, ~ trade, ~ traffic, ~ village.

Frontignac फ्रॉन्'टिन्यैक् n. एक प्रकारकी मदिरा^F।

frontispiece फ्रन्'टिस्पीस् १. n. (मुक्केबाजी^Fमें ग्रा०) मुख, चेहरा; मत्था, माथा; अलंकृत द्वार, मकानका मुखभाग, आगेका भाग, सजा हुआ फाटक; पुस्तक^Fके आवरणपृष्ठ या मुखपृष्ठपर या किसी भागमें बना हुआ चित्र; २. v.t. पुस्तक^Fके आवरणपृष्ठ या अन्य किसी भागमें चित्र बनाना।

frontless फ्रन्ट'लिस् a. बिना अग्रभागका, जिसका अगला भाग न हो; (क०) निर्लज्ज, धृष्ट, ढीठ, बेशरम, बेहया ।

frontlet –'लिट् n. पशुका मस्तक या माथा; मुकुट, किरीट, मरतकपरकी पट्टी^F, सरबन्द, सरपेंच; वेदी^Fके आच्छादनके ऊपर तना हुआ कपड़ा ।

fronto- **ललाट-,** मस्तक, माथा (संयोगमें, जैसे, *~-dental, ~-nasal, ~ parietal*) ।

frontognesis फ्रॉन्टॅजे'निसिस् n. **सीमाग्रजनन ।**

frontology फ्रॉन्टॉ'लॅजि n. **सीमाग्रिकी^F ।**

frontolysis फ्रॉन्टॉ'लिसिस् n. **सीमाग्रक्षय ।**

fronton फ्रन्'टॅन् n. गृहमुख, गृह आदिका सड़क^Fकी ओरका भाग ।

frontward, frontwards फ्रॅन्ट'वॅर्ड, –ज a. &

adv. सामने, सामनेकी ओर, आगे।

frore फ्रोऑर् a. पालेसे ठिठुरा हुआ, जमा हुआ।

frost फ्रॉस्ट् १. n. (कृषि०, प्रा० भूगोल) तुषार, तुहिन, हिम, श्यान, **पाला**, कुहरा, जमना, जमाव; जलके हिमांकसे कम तापक्रमकी अवस्था^F, (*ten* etc. *degrees of* ~); बर्फ^F की जमी हुई अवस्था^F या घनत्व (*there is still* ~ *in the ground*); जमी हुई ओस^F या भाप^F (*windows covered with* ~); असफलता^F ⊙; उत्साह भंग करनेवाला प्रभाव, उत्साहहीनता^F, फीकापन; २. v.t. (पौधे आदिको) पाला मार जाना, मर जाना, जल जाना; तुषाराच्छन्न करना, पालेसे ढक देना, शक्कर^F आदिकी तह^F से ढक देना; (घोड़ेकी नाल^F में) कीलें^F लगाकर जमा देना; (बालोंको) सफेद बनाना; (काँच या धातु^F के) धरातलको दानेदार या खुरदुरा बनाना; ~-bite (चि०) हिमदाह, तुषाराघात, कड़ी सर्दी^F से खाल^F की सूजन^F या खाल^F के नीचेकी सड़न^F; ~-bitten (चि०) हिमदग्ध, तुषारध्वस्त, पालेका मारा हुआ, कड़ी सर्दी^F के कारण गला हुआ; ~-bound तुषारावृत; *white, hoar*, or *black* ~ तुहिनमय, तुषारयुक्त; तुहिनहीन, तुषारशून्य;

~ alarm, ~-beaded, ~-bell, ~ bird, ~ bow, ~ break; ~-burnt, ~ canker, ~ crack, ~-cracked, ~-fettered, ~-free, ~-hardiness, ~-hardy, ~ holes, ~ injury, ~-killed, ~-lifting, ~-nail, ~ nipped, ~ polygon, ~ precautions, ~ proof, ~ pure, ~-rent, ~ resistance, ~-rib, ~ ring lock, ~-riven, ~-smoke, ~ tender, ~ warnings, ~-work.

frosted –'टिड् a. तुषाराच्छन्न; तुषाराहत, **तुषारित**; उत्साहहीन।

frostiness –टिनिस् n. तुषाराच्छन्नता^F, शीत^F, ठण्डक^F; उत्साहहीनता^F, रुखापन, उदासी^F, फीकापन।

frosting –टिंग् n. तुषाराच्छादन, शक्कर^F की तरह जमा देना।

frostless –'लिस् a. तुषारहीन, तुहिनशून्य, बिना पालेका।

frosty –'टि a. तुषाराच्छन्न, तुहिनावृत; पालेके कारण शीतल, सर्द, ठण्डा; निरुत्साह, उत्साहहीन, उदास, रूखा, फीका।

froth फ्रॉथ् १. n. फेनक, (रसा०) **झाग; फेन** (*~-floatation*) असार वस्तु^F, निःसार पदार्थ; मैल^F, निरर्थक बात^F, बकवाद^F, बकबक^F; गाज^F; १. v.t. & i. (शराब^F आदिमें) झाग पैदा करना, **झगियाना**, फेन लाना; **झाग देना**, झाग या फेन उठाना, झाग निकालना या उड़ाना, फेन उगलना।

frothiness –'थिनिस् n. फेनपन; असारता^F, निःसारता^F, खोखलापन, ओछापन, हलकापन।

frothy –थि a. फेनिल, झगीला, (रसा०) **झागदार**; असार, निःसार, हलका, खोखला, पोला, खाली; बकवादी, बकबकी।

frou-frou फ्रू-फ्रू n. वस्त्रोंकी सरसराहट^F, फड़फड़ाहट^F, खड़खड़ाहट^F।

frounce[1] फ्राउन्स्' n. झुर्री^F, चुन्नट^F, सिकुड़न^F, शिकन^F, तह^F; घुँघरालापन; आडम्बरयुक्त अलंकरण, दिखावटी सजावट^F।

frounce[2] v.t. & i. चुन्नट^F डालना, तहियाना; घुँघराला बनाना; झुर्रीदार होना या बनाना; भृकुटी कुटिल करना, भौंह^F चढ़ाना।

frow फ्राउ' n. जर्मन महिला^F।

froward फ्रो'वर्ड् a. (प्रा०) अदम्य, दुष्ट, उच्छृंखल, दुर्दम, ढीठ, हठीला, हठी, अड़ैल, जिद्दी।

frowardness –निस् n. अदम्यता^F, दुष्टता^F, वक्रभाव, उच्छृंखलता^F, हठ, ढिठाई^F, जिद्द^F।

frown फ्राउन् १. n. भ्रूभंग, भृकुटि^F, चढ़ी हुई भौंह^F या त्योरी^F; अस्वीकृति^F, घुड़की^F, घूरना; क्रोध, तलमलाहट^F; २. v. t. & i. भ्रूभंग करना, त्योरी^F चढ़ाना, नाक-भौंह^F चढ़ाना, भौंहें^F सिकोड़ना, अस्वीकृति^F प्रकट करना; भौंह^F चढ़ाकर (चुनौती^F आदि) प्रकट करना, त्योरी^F चढ़ाकर चुनौती^F देना; (बाधा या बाधकको) घूरकर या त्योरी चढ़ाकर दबा देना, चुप कर देना, घुड़कना, आँख^F दिखाना, घूरना, रोक देना; (भविष्यका) विषादमय अथवा अन्धकारमय पहलू प्रस्तुत करना या सामने लाना।

frowning –'निंग् a. भृकुटिविकारयुक्त, भ्रूभंगिमायुक्त, क्रुद्ध, त्योरी^F चढ़ाये हुए, गुस्से।

frowst फ्राउस्ट्' १. n. (बोल०) कमरेमें बदबूदार गर्मी^F, घमस^F, ऊमस^F, घुटन^F; २. v.i. ऊमस^F में घूमना या रहना।

frowsty –'टि a. सड़ान्धवाला, गन्दा, ऊमसवाला, बूदार।

frowziness फ्राउ'ज़िनिस् n. दुर्गन्धि^F, सड़ान्ध^F, ऊमस^F, घमस^F, बदबू^F; मलिनता^F, भद्दापन, गन्दगी^F।

frowzy, -ghy, -sy –ज़ि, –घि, –ज़ी aa. उग्रगन्ध, दुर्गन्धियुक्त, बदबूदार; मलिन, मैला कुचैला, गन्दा, घिनौना, खराब; घिरा हुआ, बन्द।

frozen फ्रो'ज़ेन् p.p. & a. निश्चलीकृत, जडीकृत; **अवरुद्ध**, अवरोधित, स्तम्भित; (~ *assets*) जमा हुआ, श्यान, **बर्फ़ानी** (~ *cargo*)।

F.R.P.S. Fellow of the Royal Photographic Society.

F.R.S. Fellow of the Royal Society.

F.R.S A. Fellow of the Royal Society of Arts.

F.R.S.Ed. Fellow of the Royal Society, Edinburgh.

F.Rs.(Gen.) Financial Rules (General).

F.R.S.G.S. Fellow of the Royal Scottish Geographical Society.

F.R.S.L. Fellow of the Royal Society of Literature.

F.R.S.S. Fellow of the Royal Statistical Society.

F.R.S S.A. Fellow of the Royal Scottish Society of Arts.

fructescence फ्रक्टे'स्'सॅन्स् n. फलवत्ता; फलद काल।

fructiferous फ्रक्टि'फ़ॅरॅस् a. (बहु) फलद, फलदायी, फलदार, फली, फलनेवाला, फलवाला।

fructification –फ़िके'शॅन् n. फलोत्पादन, (वन०) **फलन,** फलना, फल उपजानेकी विधि^F, फलना या फलने की क्रिया^F; फलावली^F, पौधेकी उत्पादनेन्द्रिय^F, पौधेका फलफूलवाला भाग।

fructiform –'टिफ़ार्म a. फलाकार, फलरूप।

fructify –टिफ़ाइ v.t. & i. (शा० एवं ला०) फलवान् होना फल उत्पन्न करना, फलना, फल देना; गर्भाधान करना, उर्वर करना, उपजाऊ बनाना, फलवान् बनाना।

fructivorous –टि'वॅरॅस् a. फलभक्षी, फलभोगी, फलाहारी।

fructose –टोस् n. (कृषि०, रसा०) **फलशर्करा**^F, फलधु^F, फलोंकी शक्कर^F, **फलकी चीनी**^F, फलके रससे तैयार की गयी शक्कर^F, T.

fructuous –टयूॲस् a. फलद, फलदायी, फलमय, फलयुक्त, फल उत्पन्न करनेवाला, फल देनेवाला; सफल।

frugal फ्रू'गॅल् a. मितव्ययिता^F के साथ व्यय किया गया, अल्प मूल्यवाला, कम खर्चवाला; परिमितव्ययी, मितव्ययी, अल्पव्ययी, कम खर्चू।

frugality, -ness –गै'लिटि, –नि'स् nn. परिमित व्यय, **मितव्ययिता**^F, अल्प व्यय, किफ़ायत^F, कम खर्च।

frugiferous –गि'फ़ॅरॅस् a. फलोत्पादक; फल या धान्य पैदा करनेवाला।

frugivorous –'वॅरॅस् a. फलभोजी, **फलभक्षी,** फलसेवी, फलपर निर्भर रहनेवाला, फलसे पेट भरनेवाला।

fruit* फ्रूट् १. n. (कृषि०, वन०) **फल*** (बहु०में भी ~*s of the earth*); (प्रायः बहु०) भोज्य वनस्पति^F पदार्थ, कन्द-फल (~*s of the earth*); (भोजनके अन्तमें) फल एवं मिष्टान्नका आहार ⊙; (एक० या बहु०) परिणाम, फल, नतीजा; (बहु०) आय^F, आमदनी^F (*the ~s of industry*); कर्मफल; बीज, (जीववि०) सन्तति^F, अपत्य^F, सन्तान^F (~ *of the body*); २. v. t. & i. **फलना,** फल उत्पन्न करना, फल देना, फल लाना, फलाना; ~-bearing फलोत्पादक; ~-cake वह मिठाई^F जिसमें मुनक्का, अंगूर आदि फल पड़े हों; ~carrier (नौवि०) **फलवाही**^F; ~fall **फलझड़;** ~-knife फल काटनेका चाकू या छुरी^F; ~salad फलभोग, फलोंका व्यंजन या फिरनी^F; ~setting **फलना;** ~-sugar (रसा०) **फलशर्करा**^F, फलोंकी शक्कर^F (जैसे, ग्लूकोज, फ्रक्टोज आदि): *the tree is judged by its ~* इन्सान अपने बोलसे पहचाना जाता है:

~bat, ~-bearing tree, ~blight, ~body, ~cocktail, ~ crop, ~culture, ~ development, ~development adviser, ~development board, ~dots, ~fall, ~fly, ~-grower, ~-growing, ~juice, ~man, ~marketing, ~paste, ~-pigeon, ~preservation, ~preservative, ~- producing, ~ products, ~specialist, ~spots, ~spur, ~squash, ~-stalk, ~syrup, ~technology, ~tree, ~utilization, ~ vegetables, ~ woman, ~worm.

fruitage –'टिज् n. फल (समूहात्मक अर्थमें), फलोच्चय, फलगुच्छ, फलसमुदाय, फलागम, फलभार, **फलन।**

fruitarian –टॅऍ'रिॲन् n. फलाहारी, फलभोजी, फलसेवी।

fruited –'टिड् a. फलदार।

fruiter –'टॅर् n. फलद वृक्ष, फलदार पेड़, (*a sure~*); फल उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति; फल लादनेका जहाज; फलविक्रेता, कुँजड़ा।

fruiterer –'टॅरॅर् n. (fem. *fruiteress*) फलविक्रेता, फल बेचनेवाला।

fruitful –ट्'फ़ुल् a. उर्वर, उपजाऊ, उपजाऊ बनानेवाला; फलदायक, लाभजनक, लाभदायक, सफल, लाभकर; प्रजनिष्णु, बहुपत्य, बहुप्रज, सन्तानोत्पादक (शा० एवं ला०, *a session ~ in great measures*)।

fruitfulness –नि'स् n. फलनगुण; उर्वरत्व, उपजाऊपन; लाभजनकता^F; प्रजनिष्णुता^F, सन्तानोत्पादकता^F; प्राचुर्य, आधिक्य, बहुतायत^F।

fruitiness –टिनि'स n. फलस्वाद, अंगूरका स्वाद।

fruition फ्रू'शॅन् n. **फलन** (~*period*); सुखोपभोग, आस्वाद, उपभोग, अनुभव, अभीष्ट वस्तु^F की प्राप्ति^F, आशाओं^F आदिकी उपलब्धि^F।

fruitist फ्रू'टिस्ट् n. फलविज्ञ, फलमाली।

fruitive फ्रू'टिव् a. सुखोपभोग-सम्बन्धी, आस्वादात्मक, स्वादिष्ट।

fruitless फ्रूट्'लि'स् a. वन्ध्य, विफल, अफल, निष्फल, फलहीन; निष्प्रयोजन, निरर्थक, अनर्थक, व्यर्थ, प्रभावशून्य, अकारथ, बेकार।

fruitlessness –नि'स् n. वन्ध्यापन, विफलता^F, निष्फलता^F, फलशून्यता^F, निरर्थकता^F, प्रभावशून्यता^F।

fruitlet –'लि'ट् n. (वन०) लघुफल; फलस्तबक, फलोंका गुच्छा।

fruity –'टि a. फलीय, फलसम्बन्धी, फलका; लज्जायुक्त (अभिरुचि^F), कलंकपूर्ण (व्यसन), अश्लील हास्यसे युक्त; (बोल०) द्योतक, सांकेतिक; विस्तृत, चौड़ा; (मदिरा^F) अँगूरी, अंगूरके स्वादवाली।

frumentaceous फ्रूमॅन्टे'शॅस् a. गोधूममय, धान्यसदृश, गेहूँका-सा।

frumenty, furmety फ्रू'मॅन्टि, फ़र्'मि'टि n. दूधमें उबाला हुआ और लौंग^F, दालचीनी^F, शक्कर^F आदिके साथ पकाया गया बिना भूसी^F का गेहूँ, दलिया।

frump फ्रम्प् n. दब्बो, फूहड़, बेढंगा वस्त्र धारण किये हुए प्रचीन परिपाटी^F की स्त्री^F।

frumpish, frumpy –'पिश्, 'पि aa. फूहड़, फूहड़ औरत[F]का ।

frush फ्रश' a. भिदुर, भंगशील, टुटहा ।

frustrate[1] फ्रस्ट्रेट्', फ्रस्' ट्रेट् v.t. आशा भंग करना, निष्फल करना, विफल करना; निराश करना, भग्नाश करना, निरर्थक करना, व्यर्थ करना, हताश करना, प्रयत्न व्यर्थ करना, कुण्ठित करना, उद्यम भंग करना, खण्डित करना, तोड़ देना, निकम्मा कर देना, रद्द करना ।

frustrate[2] a. (प्रा०) विफलीकृत, भग्नाश, वृथाभूत, हताश, अकृतार्थ, व्याहत, प्रतिहत, मोघीकृत ।

frustrated –टि ड् a. ~saving **निर्लोभ बचत**[F] ।

frustration –ट्रे'शॅन् n. विफलीकरण, विफलता[F], निष्फलता[F], **भग्नाशा, आशाभंग,** कुण्ठा[F], **नैराश्य, हताशा**[F] (~ *tolerance*); खण्डन, पराजय[F], हार[F], रोक[F], रुकावट[F]; **प्रयोजन-नाश, विवशता**[F] ।

frustrative –'ट्रेटिव् a. पराजयकारी, खण्डनकारी, हताशाजनक, भग्नाशाकारी, कुण्ठाशील ।

frustule फ्रस्'ट्यूल् n. (वन०) संकपाट, दोनाली शंख ।

frustum फ्रस्'टॅम् (घ० ज्या०, ग०) **छिन्नक,** छिन्न अंश, पेंदा, तला ।

frutescent फ्रटे'सॅन्ट् a. गुल्मसदृश, क्षुपिल, गुल्मवत्, गुल्मावृत, झाड़ीदार, झाड़ीकी तरह ।

frutex फ्र'टेॅक्स् n. (वन०) गुल्म, **क्षुप,** झाड़ी[F] ।

fruticetum फ्रूटिसे'टॅम् n. गुल्म, क्षुपचय, झाड़ियों[F]का झुण्ड ।

fruticolous फ्रुटि'कॅलॅस् a. (वन०) **क्षुपाश्रयी, फलाश्रयी ।**

fruticose फ्रू'टिकोस् a. (खनिज पदार्थ, उद्भिद् प्राणी आदि) (वन०) गुल्मवत्, गुल्मसदृश, क्षुपवत्, **क्षुपी, क्षुपिल** (~*lichen*), क्षुपसदृश, झाड़ीदार ।

fruticous, fruticulose –कॅस्, 'कुलोस् aa. = FRUTICOSE.

fry[1] फ्राइ' n. **पोना,** मत्स्यसंघात, अण्डेसे हालमें ही निकले हुए मछली[F]के बच्चे (~*food, net*); पोताधान, अधिक संख्या[F]में उत्पन्न होनेवाले अण्डे बच्चे, जीवोंके बच्चे; दो वर्षकी सामन मछली[F], small ~ छोटे-छोटे नगण्य प्राणी, छोटे-छोटे बच्चे ।

fry[2] १. n. पशुओंका भूनकर खाने योग्य भाग; भुना हुआ गोश्त, तला हुआ मांस; २. v.t. & i. भूनना, भूँजना, तलना, बघारना, छौंकना; (ला०) विक्षुब्ध होना ।

fryer, frier –'ॲर्, –'ॲर् n. मछली[F] भूननेवाला; मछली[F] भूनने या तलनेका पात्र ।

frying –'इंग् n. सम्भर्जन, छौंकना, बघारना, **भूनना, तलना;** ~-pan तवा, भूँजनेका पात्रविशेष, तलनेकी कड़ाही[F], *out of ~-pan into fire* आसमानसे गिरा खजूरपर अटका, छोटी विपत्ति[F]से छूटकर बड़ी विपत्ति[F]में ।

f s. *faire suivre,* to be forwarded.

F.S. Fabian Society; Field Service; Farm Superintendent; felling series; foresights.

F.S.A. Fellow of the Society of Arts; Fellow of the Society of Antiquaries (**Scot.,** of Scotland).

F.S.A.A. Fellow of the Society of Incorporated Accountants and Auditors.

F.&S.C. Forms & Stationery Clerk.

F.S.E. Fellow of the Society of Engineers.

F.S.K. Factory storekeeper.

F.S.K.R.M. Factory store-keeper, raw materials.

F.S.R. Field Service Regulations.

F.S.S. Fellow of the Statistical Society.

F.T. Free Trade.

ft. faint; foot; feet; fort; fortified.

F.T.C.D. Fellow of Trinity College, Dublin.

fth., fthm. fathom.

F.T.U. Federation of Trade Unions.

fub फब्' v.t. प्रतारण करना, वंचना[F] करना ।

fubby फ'बि a. स्थूल, चर्बीयुक्त, चरबीदार ।

fubsy फब्'ज़ि a. स्थूल, मोटा, छोटा-मोटा ।

fuchsia फ्यू'शॅ n. स्रस्तसुमन, फूशा, एक झाड़ीदार पौधा (जिसके फूल नीचेकी ओर लटकते रहते हैं) ।

fuchsine फ़क्'सिन् n. (रसा०) सिन्दूरी रंग, T.

fuchsite फ़ूक्'साइट n. श्वेत अभ्रक, अभ्रकका एक प्रकार ।

fucivorous फ़्युसि'वॅरॅस् a. समुद्रघासभक्षी, सेवार-भोजी, शैवालाहारी ।

fucoid –'काएॅड् a. शैवाल-सम्बन्धी, सिवारका, फ्यूकस-से सम्बन्धित ।

fucoidal–डॅल् a. सागर-शैवाल-सम्बन्धी, काई[F](सेवार[F])-का, काई[F] जैसा ।

fucus –'कॅस् n. शैलघास[F], आवर्णी[F], एक प्रकारकी समुद्री सेवार[F] (जिसके पत्ते चपटे और चमड़ेकी तरह होते हैं), फ्यूकस ।

fuddle फ़'डॅल् १. n. उन्मत्तता[F], मदोन्मत्तता[F], नशा; उतना समय जबतक मदिरा[F]का प्रभाव रहता है (*on the* ~); किंकर्तव्यविमूढ़ता[F], व्यग्रता[F], व्याकुलता[F]; २. v.t. & i. मदोन्मत्त करना, मद्यपानसे मत्त होना या करना, मतवाला होना या करना; अधिक मात्रा[F]में मदिरापान करना, बहुत पीना; मदिरा[F] पिलाकर संज्ञाशून्य करना, जड़ीभूत करना, व्यग्र करना, व्याकुल करना, किंकर्तव्य-विमूढ़ करना, घबड़ा देना, बेहोश करना ।

fuddler –लॅर n. पानासक्त, मदिरापायी, शराबी, पियक्कड़ ।

fudge[1] फ़ज् n. & int. प्रलाप, गप्प[F], निरर्थक वार्तालाप; समाचारपत्रके छपते-छपते छापा गया कोई समाचार (~*box*); बकवाद ! वाहियात; दूध, चीनी[F] आदिसे बनी हुई नरम दानेकी एक मिठाई[F]; (रंग) निरक्तपीत ।

fudge[2] १. जोड़[F], पट्टी[F], चकत्ती[F], पैवन्द; २. v.t. & i. जोड़ना, पूरा करना, चकत्ती[F] लगाना, पैवन्द लगाना,

कामचलाऊ या कपटपूर्ण ढंगसे मिलाना, भड़कीला बनाना; ऐसे उपायोंका उपयोग करना।
fudgy –'जि a. कुरूप, भद्दा, बुरा।
Fuehrer, Fuh- फ़्युअॅ'रॅर्, फ़्युअॅ- nn. नेता, अधिनायक, क़ायदे-आज़म।
fuel फ़्यू'इल् १. n. समिधा^F, इन्धन, (रसा०, प्रा० भूगोल) **ईंधन**, कोयला, लकड़ी^F आदि; उद्दीपक वस्तु^F, उत्तेजना^F, भड़कानेवाला पदार्थ, भड़कावा; २. v.t. & i. आग^F में इन्धन देना या डालना, ईंधन लगाना; ईंधन प्राप्त करना, इन्धन लाना; *adding~to fire* आग^F में घी डालना, जलेपर नमक छिड़कना, भड़काना;
~charge, ~cock, ~consumption, ~filter, ~mixture, ~oil, ~pipe, ~pump, ~service, ~stages, ~ store, ~ supervisor, ~ system, ~tank, ~tap, ~technology, ~yard.
fuelling –लिंग् n. समिधा^F, इन्धन, **ईंधन**, कोयला, लकड़ी आदि; इन्धन देनेकी क्रिया^F; **तेल भरना**।
fuff¹ फ़फ़्' n. प्रश्वसन, फूँक^F।
fuff² v.i. फुलाना; ष्ठीवन करना।
fuffy –फ़ि a. हलका और मुलायम, फूला हुआ।
fug फ़ग् १. n. कमरेमें घमस^F या ऊमस^F; कोने आदिमें इकट्ठी हुई धूल^F, गर्द और जाला; २. v.i. ऊमस^F का अनुभव करना, ऊमस^F या घमस^F में होना।
fugacious फ़्यूगे'शॅस् a. अस्थिर, क्षणिक, अनित्य, **अल्पजीवी**, चंचल, चपल, लोल, **तरपाती**, पलायनशील।
fugacity –गै'सिटि n. अस्थिरता^F; क्षणिकता^F, अनित्यता^F, चंचलता^F, चपलता^F, **पलायनशीलता**^F, (रसा०) **विच्युति**^F, **निःसृति**^F T.
fugal फ़्यू'गल् a. संगतिपूर्ण सुरोंवाले पदके सदृश, दे० FUGUE.
-fuge -वर्जी- (जैसे, *-calci ~*); नाशक, उड़ाऊके अर्थमें (जैसे, *febri~, vermi~*)।
fuggy फ़'गि a. ऊमसदार, घमसदार, बन्द।
fugitive फ़्यूजिटिव् n. शरणार्थी, निर्वासित व्यक्ति; (आपत्ति^F, शत्रु, मालिक या न्यायके पाससे) भाग जानेवाला, प्रपलायक, फ़रारी, भगेड़ू, **भगोड़ा**, भग्गू; २. a. (चि०) परिभ्रमणशील, स्थान परिवर्तनकर जैसे पीड़ा^F; पलायी, पलायनशील, भागनेवाला, **फरार**, भगोड़ा; क्षणिक, क्षणभंगुर, अस्थायी, चपल; (साहित्य आदि) क्षणस्थायी, सामयिक, अस्थायी रुचिका; ~colour (रसा०) **कच्चा रंग**।
fugitiveness –नि॑स् n. परिवर्तनशीलता^F, पलायनशीलता^F, भगोड़ापन।
fugitometer फ़्यूजिटॉ'मिटॅर् n. (रसा०) **धूमपाश्चक**।
fugle फ़्यू'गॅल् v.i. संयोजक होना, प्रतिनिधि होना, पथप्रदर्शन करना, अग्रणी होना, नेता बनना।
fugleman –मॅन् n. प्रबन्धक, संयोजक, प्रणिधि, पथप्रदर्शक, अग्रणी, नेता; पलटनको कवायद^F सिखानेवाला सैनिक।
fugue फ़्यूग्' १. n. स्वरसंगीतयुक्त पद, T; २. v.t. & i. क्रमयुक्त पदको गाकर दिखाना, ऐसी रचना^F करना, ऐसा पद बनाना।
fuguist –'गिस्ट् n. स्वरसंगत पदका गायक, ऐसे पदका रचयिता।
Fuhrer फ़्यूअॅ'रॅर् n. = FUEHRER.
-ful -पूर्ण (जैसे, *master~, dire~, grate~, trust~, forget~, help~, thank~, hand~, box ~, house ~, church ~, spoons ~, cups~*)।
fulcra फ़ुल्'क्रॅ n. (जीव०) कंटाभ शल्क।
fulcrate फ़ुलक्रॅट् a. (वन०) आधारयुक्त; पक्षशल्कयुक्त, कंटाभशल्कयुक्त।
fulcrum –'क्रॅम् n. (वन०; प्रायः बहु०) उपावयव, उपांग, जैसे लतातन्तु, कोपलें^F: प्रभावोत्पादक साधन; (यन्त्र०) उपष्टम्भ, आश्रय, स्कम्भ, (स्थिति वि०, भौ०, यन्त्र०) **आलम्ब**, आधार, सहारा, टेक^F, (*~point*); पक्षशल्क।
fulfil फ़ुल्फ़िल्' v.t. (समय या कार्यको) समाप्त करना, परिपूर्ण करना, पूर्ण करना; (आज्ञा^F या विधानको) कार्यरूपमें परिणत करना, कार्यान्वित करना; (वचन या भविष्यवाणीको) सत्य करना, सम्पन्न या पालन करना, निर्वाह करना, पूरा करना, निबाहना; (शर्तों^F के) अनुसार चलना, मानना, पाबन्द होना; (इच्छा^F या प्रार्थना^F को) सफल करना, सन्तुष्ट करना; (उद्देश्यके) अनुकूल होना, सिद्ध करना।
fulfiller –'लॅर् n. साधक, निर्वाहक, पूर्ण करनेवाला, पूरक।
fulfilment –ल्'मॅन्ट् n. पूर्ति^F, पूर्णता^F, निष्पत्ति^F, पूरण, सम्पन्नता^F, सिद्धि^F, निर्वाह, संतुष्टि^F, पालन, नबेड़ा।
fulgency फ़ल्'जॅन्सि n. प्रभा^F, कान्ति^F, उज्ज्वलता^F, दीप्तता^F, दीप्ति^F, द्युति^F।
fulgent –न्ट् a. (का० एवं भाषण) द्युतिमान्, दीप्तिमान्, उज्ज्वल, चमकदार, चमकीला।
fulgor फ़ल्'गॅर् n. आभा^F, कान्ति^F, चमक^F।
fulgorous –'रॅस् a. प्रकान्त, चकाचौंध^F करनेवाला, चमकदार।
fulgural –फ़ल्'गॅरॅल् a. विद्युदीय, बिजली-सम्बन्धी।
fulgurant –रॅन्ट् a. विद्युद्वत् स्फुरणशील, बिजली^F की तरह कौंधनेवाला; (चि०) शंकुस्फोटनवत्, चुभनेवाला, तीव्र और भयानक।
fulgurate –रे'ट् v.i. बिजली^F की तरह चमक उठना या कौंधना, विद्युत्स्फुरण होना।
fulguration –रे'शॅन् n. विद्युद्दहन, (चि०) (ऊतकोंका) ताड़िदाघात, बिजली^F से आहत होनेकी अवस्था^F; शंकुस्फोटनवत् वेदना^F।
fulgurite फ़ल्'गराइट्, -ग्यूराइट् n. वज्रावशेष; अभिस्फोटका एक प्रकार।
fulgurous फ़ल्'गॅरॅस् a. विद्युद्वत्, = FULGOROUS.
fulham फ़'लॅम् n. (प्रा०) वह पांसा जिसके अन्दर

कोई धातु भरकर एक ओर भारी कर देते हैं ताकि जब फेंका जाये तो उसी ओर गिरे जिधर भारी हो।

Fulham Palace फ़ु'लॅम् पै'लॅस् n. लन्दनके बिशप या धर्माध्यक्षका राजकीय निवास-स्थान।

fuliginosity फ़्यूलिजिनॉ'सिटि n. धूमवत्ता^F, धूमलता^F, धुँधलापन, धुएँसे स्याह पड़नेकी अवस्था^F।

fuliginous –'जिनॅस् a. धूम्नी, काला, स्याह, कजरारा, जो धुएँसे काला पड़ गया हो, धुँधला, काजल जैसा।

full* फ़ुल् १. v.t. चुन्नटदार बनाना, फालतू कपड़ेको चुन देना; २. a. भरा हुआ (~ *of vitality*); अखण्ड, अन्यून, **पूर्ण***, **पूरा***, अपने नामके सर्वथा अनुकूल, पूर्णतया अनुभूत, पूरा-पूरा दिखायी पड़नेवाला (*it was ~ summer*); (संज्ञाके रूपमें प्रयुक्त) चरमोत्कर्ष, चरमसीमा^F, सर्वोच्च स्थान (*moon is past the ~*); समस्त, अखिल, निखिल, समग्र, अशेष, सकल (*cannot tell you the ~ of it*); (हृदय आदि) भावमय, संवेगाकुल, भरा-भरा; पूरित, सम्पूर्ण, परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ, लबालब (~ *to the brim* or ~ *up*); (किसी विषयमें) तल्लीन, मग्न, सराबोर, डूबा हुआ (~*of himself*); पर्याप्त, विपुल, प्रचुर, सन्तोषजनक, अधिक (*a ~ meal*); स्थूल, भरा हुआ, मोटा, फूला हुआ, उभड़ा हुआ (वेश, वस्त्र), चुननदार; (मनुष्योंके विषयमें प्रा०) आहारयुक्त, अन्नमय, खूब भोजन किये हुए (*a ~ stomach*); (मुख्यतः प्रा०) किसी वस्तु^Fसे युक्त, शोभित (~ *of years and honours*); तीव्र, प्रचण्ड (प्रकाश); तेज, गहरा, चटक (रंग); वेगपूर्ण, प्रबल (गति^F ~ *gollop*); ३. adv. पूर्णतया, सर्वथा, पूर्णरूपसे, (~ *six miles*); (मुख्यतः का०) अधिक, बहुत (~ *fain*); ठीक-ठीक, बिलकुल ठीक (*hit him ~ on the nose*); आवश्यकता^Fसे अधिक (*this chair is ~ high*); ~ age **वयस्कता**^F; ~-back फुटबालमें पीछेका खिलाड़ी; ~and down (नौवि०) **भरा-पूरा**; ~ blood **सगा**; ~-blooded सोदर्य, सगा; अभिजात, कुलीन, उत्तम कुलका; वीर्यवान्, वीर, साहसी, जोशीला; इन्द्रियपरायण, विषयासक्त, इन्द्रियलोलुप, कामुक; ~-blown प्रस्फुट, प्रस्फुटित, विकच, प्रफुल्ल, पूर्णविकसित, खिला हुआ; ~-bodied हृष्टपुष्ट; खूब नशीली शराब^Fका; ~-bottomed (कृत्रिम केश या विग) पीछेकी ओर लम्बा; ~ brother, sister सहोदर, सगा भाई, सहोदरा, सगी बहिन; ~ cock (सैन्य) (घोड़ा) **पूरा** चढ़ाना; ~-drive सरपट; ~-ended **गोल मुँहा**; ~ face पूरा चेहरा (जो दर्शकके सम्मुख हो); ~-fledged पूर्णांग; ~ grown प्रौढ़, प्रवृद्ध, प्ररूढ़, परिपक्व, वयस्क, पूर्णवयस्क, पूरा बढ़ा हुआ; ~ moon सकलेन्दु, पूर्णेन्दु, **पूर्ण चन्द्र**, पूर्ण चन्द्रमा, **पूर्णिमा**^F, **पूर्णमासी**^F; ~-mouthed (वक्तृता^F, शैली^F आदि) सुरीली, ओजपूर्ण, वेगयुक्त, कर्णप्रिय, मधुर; (कुत्तोंका) जोरसे भों-भों करना, भूँकना; (जानवर, मवेशी) जिसके सब दाँत निकल आये हों, बराबर, पुजा हुआ, तौला हुआ; ~ of life सजीव, प्राणवान्; ~ payment चुकता; ~ point or stop पूर्ण विराम; ~ reach and burden **पूरी धारिता**^F, **पूरी समाई**^F; ~ *time* **पूर्णकालिक**; ~-timer स्कूलके सभी घण्टोंमें उपस्थित रहनेवाला; *at ~ length* भूमि^Fपर फैला हुआ या पड़ा हुआ, लम्बा पड़ा हुआ; *in ~* सविस्तर, विस्तारसे, पूर्णतः पूर्ण विवरणके साथ; *in ~ swing* दे० SWING; *to the ~* सर्वथा, बिलकुल, अन्ततक, अन्तिम सीमातक;

~ allotment, ~ amount, ~ annealing, ~-attended, ~-banked, ~-bearded, ~ bearing, ~ belief, ~-bellied, ~ bench, ~bent, ~ black, ~-bloomed, ~ bodied coin, ~-boled, ~-bosomed, ~ carrying capacity, ~-celled, ~ charge, ~-charged, ~ chemical analysis, ~ cloth, ~ compensation, ~contraposition, ~cost, ~court, ~-cream, ~ depth, ~ details, ~ discharge, ~ dose, ~-drawn, ~ dress, ~ employment, ~ endorsement, ~equilibrium, ~-eyed, ~-faced, ~ facility, ~ fare, ~ fee, ~ finance, ~-grown, ~ hand, ~-handed, ~ height ~ inspection, ~inversion, ~-laden, ~leather, ~ legal capacity, ~ length, ~ line, ~load, ~ marks, ~ medals, ~ mouth, ~ outturn guarantee, ~-paid, ~ parcels, ~ particulars, ~ pay, ~ plantations, ~ power, ~-powered, ~-pressed, ~ pulse, ~ radiation, ~ radiator, ~ rate, ~ reach, ~ report, ~-rigged, ~ ripe, ~-ripened, ~ satisfaction, ~ scale, ~ shot, ~ size, ~-sized, ~ speech, ~ statement, ~ stocking, ~ strength, ~ supply, ~-time duty, ~ time-job, ~-time occupation, ~-toned, ~ value, ~-wagon load, ~ water-rate, ~ wave, ~ weight.

full² v.t. (कपड़ेको) साफ करके कलफ देना, धोना, मलना।

fuller¹ –'लॅर् n. रजक, धोबी, कपड़ेको साफ करके कलफ करनेवाला; ~'s earth संकोचक-मृत्तिका^F, (कृषि०) **मुलतानी मिट्टी**^F, खार^F, रेह^F, सज्जी^F।

fuller² १. n. घोड़ेकी नाल^Fका ठप्पा; ढालनेका नालीदार ठप्पा; २. v.t. ठप्पा लगाना, गढ़ना।

fullish फ़ु'लिश् a. पूर्ण, पूरा-पूरा, लगभग।

ful(l)ness –ल्'निॅस् n. पूर्णता^F, सम्पूर्णता^F, परिपूर्णता^F, समग्रता^F, अशेषता^F, विपुलता^F, प्राचुर्य, बाहुल्य, पर्याप्तता^F, तल्लीनता^F, भावमयता^F; (ध्वनि, रंग आदिका) माधुर्य, सुरीलापन, गहराई^F, चटक^F; *the ~ of the heart* संवेग, भाव, भावना^F, उमंग^F; *the ~ of time* निर्दिष्ट समय, निर्धारित समय, निश्चित समय।

fully –'लि adv. सर्वशः, सर्वथा, बिलकुल; पूर्ण, पूर्णतः, पूर्णतया, अशेषतः, सम्पूर्णतः, पूरा पूरा, पूरे तौरसे।

fulmar फ़ुल्'मॅर् n. हिमचिल्ली, मुर्गाबी^F^के बराबर एक समुद्री पक्षी ।
fulminant फ़ल्'मिनॅन्ट् a. (रोग) स्फूर्जक, अकस्मात् बढ़नेवाला; विस्फोटक, बिजलीकी तरह चमकनेवाला, गरजनेवाला, तड़ाके या धमाकेके साथ फटनेवाला ।
fulminate[1] –नॅट् n. (रसा०) T. एक विस्फूर्ज, विस्फोटक पदार्थ, चंचलीय ।
fulminate[2] –नेट् v.t. & i. विस्फोट होना, बिजली^F^-की तरह चमकना, धड़ाकेके साथ फूटना, फटना, दमकना या कौंधना, कड़कना; (किसीके विरुद्ध सरकारी तौरपर) दोषारोपण करना; तिरस्कारपूर्ण या निन्दात्मक लेख निकालना या छापना, भर्त्सना^F^ या तिरस्कार करना, घुड़कना, धमकाना ।
fulmination –नेॅ'शॅन् n. गर्जना^F^, विस्फोटन, स्फूर्जन, वज्रनिर्घोष; दोषारोपण; तिरस्कार, निन्दा^F^, भर्त्सना^F^; घुड़की^F^ ।
fulminatory –'मिनेटॅरि a. विस्फोटक; तिरस्कारमय, निन्दात्मक ।
fulmine –न् v.t. & i. विस्फोट-ध्वनि^F^में बोलना, गरजना ।
fulminic –'निक् a. स्फोटीय, स्फूर्ण, गर्जित; ~ acid चंचलिक अम्ल, स्फोटाम्ल, T. अम्ल, T.
fulsome फ़(फ़ु)ल्'सॅम् a. घृणोत्पादक, घिनौना, विरस, (अधिकता^F^के कारण) नीरस, (चाटुकारिता^F^, दासता^F^ या अति स्नेह) उबा देने या उकता देनेवाला ।
fulsomeness –नि॑स् n. घृणात्मकता^F^, घिन^F^, घिनौनापन, विरसता^F^, नीरसता^F^, ऊब^F^, उकताहट^F^ ।
fulvid फ़ल्'विड् a. = FULVOUS.
fulvous –वॅस् a. पिंगल, रक्तपीत, भूरा, धूसरवर्णका, गेहुँआ, ललाई^F^के साथ पीला ।
fumacious फ़्यूमे'शॅस् a. धूम्रपूर्ण, धुएँसे भरा हुआ ।
fumade –मेड् n. धूम्रमीन^F^, धूमायित मछली^F^ ।
fumage फ़्यू'मिज् n. चूल्हे चौकेका भाड़ा ।
fumaginous फ़्यूमे'जिनॅस a. धूमिल ।
fumarole फ़्यू'मॅरोल् n. वातिमुख, (प्रा० भू०) धूम्र-छिद्र, वाष्पमुख, T, ज्वालामुखीका धूमनिर्गमपथ ।
fumatory –मॅटॅरि १. n. धूम्रकक्ष, धूएँका स्थान; २. a. = FUMACIOUS.
fumble फ़म्'बॅल् १. n. अदक्ष कार्यविधान, अनाड़ीपन-की चेष्टा^F^ या प्रयत्न, फूहड़पन, फूहड़पनका काम; २. v.t. & i. अनाड़ीकी तरह पकड़ना या काम करना, घबड़ाहट^F^के साथ किसी वस्तु^F^को सँभालना; हाथसे इधर-उधर ढूँढ़ना, टटोलना, टोना, टोहना; उलट-पलट करना, घालमेल करना ।
fumbler –लॅर् n. फूहड़पनसे काम करनेवाला; टटोलने-वाला ।
fume फ़्यूम् १. n. प्रश्वास^F^, साँस^F^, वाष्प, भाप^F^, (रसा०) धूम, धूमोद्गार, धूमिका^F^, गन्धमय धुआँ; जलमय वाष्प; संरम्भ, क्रोधका आवेश (*in a* ~) विषैली भाप^F^ जो पेटसे उठकर मस्तिष्कमें जाती है (*the ~s of wine* etc.); २. v.t. & i. धूम देना, धुआँ देना, धुआँ उगलना, धुआँ या भाप^F^ निकालना, छोड़ना, उड़ाना; धूमादिसे सुगन्धित करना, धूनी^F^ देना; (भाप^F^ आदिका) ऊपर चढ़ना, निकल जाना; (फोटो^F^की प्लेट^F^ और बलूतकी लकड़ी^F^पर उनके रंगको गहरा करनेके लिए) रासायनिक ढंगसे नौसादरका धुआँ देना; क्रुद्ध होना, भभकना, चिड़-चिड़ा जाना, चिड़चिड़ाना, खीझना, गुस्सा होना; ~ absorber, ~ chamber, ~ cupboard.
fumeless –लि॑स् a. धूमहीन, धुँएसे रहित ।
fumet फ़्यू'मे॑ट् n. मृग-पुरीष, हरिण इत्यादिका गोबर ।
fumet, fumette फ़्यूमे॑ट् n. बहुत दूर रखे शिकार-की दुर्गन्ध^F^ ।
fumid फ़्यू'मिड् a. धूमवान्, धूम्रयुक्त ।
fumidity, -ness –'डिटि, –नि॑स् nn. धूमवत्ता^F^, धूम्रयुक्तता^F^ ।
fumiferous –'फ़ॅरॅस् a. धूम्रप्रद, धुआँ छोड़नेवाला ।
fumigant –'मिगॅन्ट् n. (कृषि०, वन०, चि०) धूमक, धूमकर, प्रधूमद, धूमद, धूपक, धुआँरी^F^, धुआँ देनेवाला एक पदार्थ ।
fumigate –गेट् v.t. धूनी^F^ देकर शुद्ध करना, धूनी^F^ देना, धुआँ देना, धुँआरना; सुगन्धित करना, धूप^F^ देना, सोंधाना, धुपाना; २. a. धूमद; धुआँरित ।
fumigation –गे॑'शॅन् n. धूपन, (चि०) प्रधूमन, धूमन, धूम्रीकरण, धूमीकरण, धूनी, धुँआरा, धुँआ देना, धूनी देना ।
fumigator –'मिगेटॅर् n. धूमकर्ता, धूनि^F^ करनेवाला ।
fuming –'मिंग् a. सधूम, धूमायमान ।
fumishness –शिनि॑स् n. = FRETFULNESS.
fumitory –'मिटॅरि n. पित्तपापड़ा, शाहतरा (जो पहले ओषध^F^में प्रयुक्त होता था) ।
fumose फ़्यू'मोस् a. धूममय, वाष्पयुक्त ।
fumy –मि a. धूममय, धुएँसे भरा हुआ, वाष्पयुक्त, भापवाला ।
fun फ़न् n. क्रीड़ा^F^, कौतुक, केलि^F^, खेल, तमाशा, खेलकूद^F^; प्रहसन, स्वाँग, परिहास, हँसीमजाक, दिल्लगी^F^; २. v.i. क्रीड़ाकौतुक करना, खेलकूद^F^ करना; *for* or *in* ~ परिहासमें, हँसी^F^में, मजाकमें; *make ~ of, poke ~ at* परिहास करना, हँसी^F^ उड़ाना, उल्लू बनाना ।
funambulation फ़्यूनैम्ब्यूले'शॅन् n. रज्जु-नृत्य, नटबाजी^F^, रस्सेपरका नाच ।
funambulatory –'ब्यूलेटॅरि a. रज्जुनृत्य-सम्बन्धी, नटका-सा ।
funambulist –लिस्ट् n. नट, रस्सेपर चलनेवाला ।
function फ़न्क्'शॅन् १. n. (ग०) श्रित, फल, फलन; T. महत्त्वपूर्ण सामाजिक सम्मेलन, समारोह, उत्सव; नियोग, अधिकार; प्रकार्य, कर्तव्य, कृत्य, (चि०, कृषि०, वन०, रसा०, वाणि०) कार्य, क्रिया, स्वाभाविक कार्य, कर्म, वृत्ति^F^, व्यापार, व्यवसाय, धर्म, काम; T. २. v.i. कार्य निष्पन्न करना, कर्तव्य पालन करना, कार्य करना, काम करना, क्रिया करना ।

functional –नॅल् a. (श०र०शा०) (रोग) कार्मिक, इन्द्रिय-कर्म-सम्बन्धी, (इन्द्रिय) कर्मरत, कार्यशील, **क्रियाशील** (~ *group*); **कार्य-कार्यात्मक**; (~ *in*) वृत्तिमूलक; (गणित) श्रेत, फलीय, **फलनीय, फलनिक** (~ *relationship*), 'फलनक, फल-सम्बन्धी; (क्र०) व्यावसायिक, लौकिक, आचारविहित, केवल आचारात्मक, दिखाऊ; ~ activity कर्तृत्व; ~ theory (दर्शन०) वृत्तिमूलक सिद्धान्त;
~ areas, ~ commission, ~ defects, ~ dependence, ~ determinant, ~ information, ~ relationship, ~ requirements, ~ test.

functionalism –लिज़्म् n. वृत्तिवाद, **कृत्यवाद**, कार्यफलवाद; **कार्यात्मकता**।

functionalization –लाइज़े'शॅन् n. (श्रम०) **कर्मशः विभाजन**।

functionary –नॅरि १. n. कृत्यकारी, कार्यकर्त्ता, कार्य-निर्वाहक; (pl.) कर्मचारी, अधिकारी, कर्मी, **अहलकार**; २. a. राजकीय, शासकीय, कार्यालय-सम्बन्धी, सरकारी।

functionate –नेट् v.i. कार्य निष्पन्न करना, कार्य निबाहना; = FUNCTION.

functioning –निंग् a. **कृत्यकारी**।

functionless –'लिॅस् a. निष्कार्य, कृत्यहीन, कर्तव्य-रहित, व्यापारशून्य, कर्मविहीन।

functus officio फन्क्टॅस् ऑफिशिॲ a. अ-**भारमुक्त**।

fund फ़न्ड्' १ n. (अर्थ०) सुरक्षित निधि^F, कोष, पूँजी^F, **फण्ड**; (बहु०) धन-निधि^F, धनकोष, खजाना; राशि^F, संचय, संग्रह, आगार, स्थायी पूँजी^F, भण्डार (*a ~ of commonsense*); ~ holdings **निधि-निर्धारण**; २. v.t. (क्र०) संग्रह करना, संचित करना, संचय करना, एकत्र करना, भण्डारमें रखना, जमा करना; राज्यऋणमें पूँजी^F लगाना, रुपया लगाना; (अल्पकालीन ऋणको) नियत ब्याजपर स्थायी ऋणमें परिवर्तित कर देना; in ~s धनी, रुपयावाला, मालदार, धन-रखनेवाला, रुपया रखनेवाला; provident ~ निर्वाहनिधि; sinking ~ ऋणपरिशोध-निधि^F, **निक्षेप-निधि**^F; the ~s राज्यऋण (*has £ 100,000 in the ~ s*)।

fundable –'डॅबॅल् a. निधीय, जिसे मूलधनमें परिवर्तित किया जा सके।

fundament फ़न्'डॅमॅन्ट् n. चूतड़; शरीरका बैठकका भाग; गुदा, और समीपवर्ती भाग।

fundamenal फ़न्डॅमॅ'न्'टॅल् १. n. (प्रायः बहु०) मूल तत्त्व, प्रधानतत्त्व, सार, मूलसिद्धान्त, मूलनियम; (संगीत) मूलस्वर, प्रधान सुर; २. a. (रसा०) **मौलिक, मूल, मूलभूत**, प्रायमिक, अनिवार्य, सारभूत, आधारभूत, प्रमुख, प्रधान, मुख्य (*a ~ change*); ~ note **मूलस्वरक**; (संगीत) मूलस्वर, तारका सबसे धीमा सुर; ~ operation **प्रधान संक्रिया**^F;
~ binding, ~ cause, ~ change, ~ conception, ~ construction, ~ difference, ~ disequilibrium, ~ factor, ~ features, ~formula, ~ freedoms, ~ frequency, ~ human rights, ~interval, ~ lattice, ~laws, ~motive, ~particle, ~plane, ~principles, ~ property, ~proposition, ~rights, ~root, ~ rules, ~ series, ~ set, ~ stage, ~ star, ~ syllogism, ~ system, ~ theorem, ~ tissue, ~ tone, ~unit, ~ value, ~ wave-length.

fundamentalism ⊙ –लिज़्म् n. आदिसिद्धांतवाद, मूल सिद्धान्तोंका अक्षरशः पालन, रूढ़िवाद।

fundamentalist –लिस्ट् n. & a. रूढ़िवादी, रूढ़िगत धार्मिक मतोंका पालक, प्राचीन मतानुयायी, मूल सिद्धान्त-वादी।

fundamentality –टै'लिटि n. मौलिकता^F, प्राथमिकता^F, प्रामुख्य, प्रधानता^F।

fundamentally –'टॅलि adv. मूलतः, अनिवार्यतः, मुख्यतः, प्रधानतः मौलिक रूपमें।

funded फ़न्'डिॅड् a. **निधिबद्ध**, निधीयित, सरकारी बाण्डमें लगाया हुआ; ~debt **निधि ऋण**।

funding –डिंग n. **निधीयन, निधिकरण**, (~*system*)।

fundless –ड्'लिॅस् a. निधिहीन, निर्धन, खाली।

fundus फ़न्'डॅस् n. (चि०) बुध्न, बैठक^F।

funebrial फ़्यूनी'ब्रिॲल् a. (क्र०) अन्त्येष्टिविषयक, अन्त्य-क्रिया^F से सम्बन्धित (*custom is ~in origin*)।

funeral फ़्यू'नॅरॅल् १. n. शवयात्रा^F, जनाजेका जलूस; **अन्त्येष्टि**^F, अन्त्येष्टिसंस्कार, अन्त्यक्रिया^F, दाहकर्म, उत्तरकर्म, क्रियाकर्म; (बोल०) अमंगल विचार, अप्रिय दृष्टिकोण (*that's your ~*); व्यापार, व्यवसाय ⊙; ~ director ⊙ महाब्राह्मण, अचारज; २. a. **अन्त्येष्टि**, अन्त्य, मातमी (~*party*); home ⊙ महाब्राह्मण-व्यापार, अचारजका व्यवसाय; ~ pile **चिता**; *it's not my ~* (ग्रा०) मेरा इसमें कुछ नहीं;
~ bakemeats, ~feast, ~jar, ~show.

funerary –रॅरि a. शवयात्रा-सम्बन्धी, अन्त्येष्टि-सम्बन्धी; ~ cult **शवोपासना**^F; FUNERAL.
~ goddess, ~monuments, ~vase.

funereal –नीॲ'रिॲल् a. अन्त्येष्टि समुचित, प्रेतक्रिया-सम्बन्धी, विषादयुक्त, शोकावह, दुःखमय, अन्धकारमय, उदास।

funest फ़्यूनेस्ट्' a. घातक, प्राणघाती; भयंकर, शोचनीय, दयनीय, खेदजनक।

fungal, fungic फ़न्'गॅल्, फ़ंगिक् a. सर्पच्छत्रकका, मघुरिकाविषयक, कुकुरमुत्तासे सम्बन्धित, **फफूँदिय**, फफूँदी (~ *action*)।

fungibles –फ़न्'जिबॅल्ज़् pl. (अर्थ०) **चिरभोग्य वस्तुएँ**^F।

fungicide फ़न्'जिसाइड् n. छत्रकनाशक पदार्थ, कवकमार, (रसा०) **कवकनासक**, कवकनाशी, (वन०) **कवकनाशिका**F, (चि०) **फफूँदनाशी**, फफूँदको नष्ट कर देनेवाला पदार्थ, **फंगसनाशी** ।

garnishee –शी' n. ऋण-लग्नक, प्राधमर्ण, **अनुऋणी,** ऋणीका ऋणी (~ *order*)।

garnisher –'निशॅर् n. अलंकारिक, खानेकी थाली^{F} चुननेवाला।

garnishing –निशिंग् n. अलंकरण, सजाना, चमकाना, चुनना; अलंकार, मण्डन, सजावट^F; **जूटकी पट्टी^{F} लगाना**।

garnishment –श्'मॅन्ट् n. **अनुऋणी-करण,** प्राधमर्ण सूचना^{F}; (श्रम०) **वेतन रोक;** खानेकी थालियों^{F}की सजावट^F।

garnishry –श्रि n. भूषण, आभूषण, विभूषण, अलंकार, सज्जा^{F}, सजावट^F।

garniture –निट्युअॅर् a. चुननेका कार्य, सजाव,

सजावटF; वेशभूषाF, परिधान, वस्त्र; बन्दरवार, झालरF, फर्नीचर, सामान, असबाब।

garotte गॅरॉट् n. = GARROTTE.

garran गैॅरॅन् n. पहाड़ी टट्टू।

garret[1] गैॅरि ॅट् n. चन्द्रशालाF, उत्तरागार, शिरोगृह, अट्टालिकाF, छतFका कमरा, सबसे ऊपरकी मंजिलFका कमरा, अटारीF, (ग्रा०) सिर (*be wrong in the* ~); ~ room दुछत्तीF अटारीF।

garret[2] v.t. (स्था०) दीवारF आदिमें ईंटोंF या पत्थरोंके बीच रोड़े या पत्थरके टुकड़े भर देना।

garreteer –टीअॅर् n. अट्टवासी, अटारीवाला, गैरिटमें रहनेवाला, गैरिटीयर।

garrison गैॅरिसॅन् १. n. गढ़सेनाF, (~ *hospital*) दुर्गरक्षक, रक्षक सेनाF, दुर्गसैन्य, दुर्गसेनाF, स्थापित सेनाF (जो दुर्ग, नगर आदिकी रक्षार्थ हो); गढ़, T. (~*engineer*); २. v.t. सेनाF निवेश करना, दुर्ग आदिकी रक्षार्थ सेनाF नियुक्त या स्थापित करना, सेनास्थानके लिए अधिकृत करना, मोर्चाबन्दीF करना, किलेमें रखना।

garrot गैॅरॅट् n. समुद्री बत्तख; (शल्य०) निपीड़बंध (रक्तस्रावरोधी)।

garrotte गॅरॉट १. n. गला घोटकर बटमारीF; स्पेनका मृत्युदण्डयन्त्र (जिससे अपराधीका गला घोटकर प्राणान्त किया जाता है), गला घोटनेका पेंच, गारोत, गॅरॅट; २. v.t. लूटनेके लिए गला घोटना, बटमारीFके लिए गला घोटना; गला घोटकर मृत्युदण्ड देना या मारना।

gar(r)otter –ॅटॅर् n. गला घोटकर मारनेवाला डाकू या जल्लाद।

garrotting –टिंग् n. गला घोटना, गला घोंटकर मार देना।

garrulity, garrulousness गॅरूलिटि, –लसनि ॅस् nn. अतिवाद, बहुभाषिताF, वाचालताF, बातूनीपन, बकवादF, बड़बड़ाहटF।

garrulous गैॅरुलॅस् a. मुखर, वाचाल, अतिभाषी, बहुभाषी, वाचाट, बातूनी, गप्पी; (विहग, धारा आदि) कूजनमय, चहचहाता, कल-कल-ध्वनिमय, चूँ-चूँ करनेवाला।

garter गार्'टॅर् १. n. पादाबन्धक, मोजा बाँधनेका तस्मा, गेटिस; २. v.t. मोजोंके तस्मे बाँधना, गेटिस बाँधना; G~ King of Arms 'नाइट' वर्गकी सर्वोच्च श्रेणीF; *the G~* इंग्लैण्डके नाइटपदकी सर्वोच्च मर्यादाF (का विशिष्टचिह्न), उसकी सदस्यताF।

garth गार्थ्' n. (प्रा० और बोल०) विहार या मठके भीतरका खुला स्थान, छोटा घेरा, हाता, आँगन, बगीचा, घुड़दौड़Fके घोड़ोंका घेरा।

gas गैस् १. n. वातिF, वायव्य, कोई भी वायव आकार या सूक्ष्मतम द्रव (ऐसा द्रव जो साधारण तापमानसे तरल या ठोस न हो जाय), (प्रा० भूगोल, चि०, वन०, रसा०, जीव०) गैसF; इस प्रकारका द्रव; (*poison* ~ भी) विषैली गैसF (शत्रुसैन्यपर प्रयुक्त); पेट्रोल, गैसोलाइन ⊙; गुब्बारा या बैलून भरनेकी हाइड्रोजन आदि; नाइट्रस आक्साइड गैसF जो संज्ञाशून्य कर देती है (प्रायः *laughing* ~); (खनन) firedamp का वायुFके साथ विस्फोटक मिश्रण; गैसFकी जेटF; वाताधिक्य, वाताधिकताF; दम्भ, ढोंग, डींगF, कोरी बकवासF, व्यर्थकी बकवासF, बड़F, २. v.t. & i. गैसF प्रदान करना, गैसFकी पूर्तिF करना (कमरे, रेलगाड़ीF आदिमें,) गैस-विषाक्त होना, गैसFके विषसे प्रभावित होना; (स्थान, शत्रुपर) विषैली गैसF छोड़ना; डींगF मारना, कोरी बकवासF करना, बड़बड़ाहटF करना, बातेंF बनाना, शेखीF बघारना; ~-bag गैसFका थैला; बकवासF करनेवाला; हवाई जहाजका वाति-पात्र, हवाई जहाजका गुब्बारा, वातिF; ~-bracket वाति-नाड, गैस-नलीF, दीवारFमें लगा हुआ गैस पाइप; ~-coal गैसFका कोयला; ~engine गैसFका इंजन; गैस-इंजन, ~-fitter व्यापारी या कारीगर जो घरोंमें गैसFकी व्यवस्थाF करते हैं; ~ helmet, -mask विषैली गैसFसे रक्षा करनेवाला टोप या हेल्मेट, गैस ढक्कन, गैस मास्क; ~-meter गैस-मापक-यन्त्र, गैसFकी मात्राF लिपिबद्ध करनेवाला यन्त्र, गैसमीटर; ~-ring वातिवलय, छिद्रिल वलय (जिससे गैसF निकलती है जिसपर खाना आदि पकाते हैं); गैस-वलय; ~-shell विषैली गैसFका बम (प्रायः तरल अवस्थाFमें), गैस-शेलF; ~ tank गैस-मापक-यन्त्र, गैसोमीटर; ~-works वातिशालाF, गैस-उत्पादन-कार्यालय, गैसFका कारखाना; *step on the* ~ ⊙ ऐक्सेलरेटर पैडलको पैरोंसे दबाकर मोटर-इंजनको संचालित करना, (ला० भी);

~-absorbing, ~ absorption, ~ analysis, ~ apparatus, ~ appliances, ~ attack, ~ bacillus, ~ block, ~ bomb, ~ bubble, ~ bubbler, ~-burette, ~-burner, ~ cap, ~carbon, ~cell, ~chamber, ~-charged, ~ circulator, ~coke, ~-condenser, ~constant, ~consumption, ~-container, ~-cooker, ~counter, ~coupon, ~cylinder, ~-driven, ~ electrode, ~ engineering, ~ equation, ~escape, ~-field, ~-filled, ~ film, ~-fired, ~ fittings, ~ free, ~-furnace, ~ gangrene, ~ gangrene antitoxin, ~-gauge, ~-generator, ~-globe, ~-heated, ~-heater, ~-holder, ~ house, ~ jar, ~-jet, ~-laden, ~ lamp, ~ light, ~ lighting, ~ lime, ~ lock, ~main, ~-maker, ~ man, ~manometer, ~ mantle, ~ mask, ~-mechanic, ~motor, ~oil, ~-operated, ~-oven, ~pipe, ~-plant, ~-plant driver, ~-producer, ~-proof cover, ~ pump, ~-purifier, ~refrigeration, ~regulator, ~reservoir, ~resisting, ~ retort, ~ separator, ~-stove, ~-tap, ~-tar, ~ testing, ~-thermometer, ~-tight, ~ trap, ~ trough, ~ tube, ~-tubing, ~-vacuole, ~-volumeter, ~ warfare, ~ washer, ~-washing bottle, ~ water,

~-welding, ~ well.

Gascon गैस्'कॅन् n. दम्भी, डींगिया, गाल बजानेवाला।

gasconade गैस्कॅनेड्' १. n. दम्भ, डींग^F, बड़बोलापन, शेखी^F; २. v.i. डींग^F मारना, शेखी^F बघारना।

gasconader –'डॅर् n. दम्भी व्यक्ति, डींग^F मारनेवाला, गाल बजानेवाला।

gaseity गॅसी'इटि n. गैस^F की विशेषता^F या गुण।

gaselier गैसि'लीअॅर् n. गैस^F का झाड़, अनेक कल्लेवाला गैस-लैम्प।

gaseous गे(गै)'सिॲस् a. वातीय, वातिमय, (प्रा० भूगोल, रसा०, चि०) **गैसीय,** गैस-सा, गैस^F का वायुरूप;
~ exchange, ~ fuel, ~ pressure, ~ state.

gaseousness –निॅस् n. वातीयता^F, वातिमयता^F, गैस-सा होना।

gash गैश्' १. n. दीर्घक्षत, दीर्घच्छेद, गम्भीर क्षत, गहरा घाव, गहरा बड़ा घाव; गहरा बड़ा चीरा लगानेका कार्य; चोट^F, चीरा, वार; २. v.t. गहरा घाव करना, चीरा देना।

gasifiable गै'सिफ़ाइॲबॅल् a. गैस^F बनाने योग्य।

gasification –सिफ़िके'शॅन् n. वातीयन, वातिकरण, (रसा०) **गैसीभवन, गैसीकरण,** खान^F में पड़े कोयलोंसे गैस^F बनाना।

gasiform –'सिफ़ॉर्म् a. वाति-तुल्य, गैस-सदृश, गैस-जैसा।

gasify –फ़ाइ v.t. **गैसीभूत करना या होना,** गैसीकरण करना, (रसा०) **गैस^F बनाना।**

gasket गैस्'किॅट् n. रस्सी^F या डोरी^F जिसमें पिस्टन (चकली^F) या नाव^F के जोड़ों आदिको बाँधते हैं; **गास्केट^F,** बाल बाँधनेकी छोटी रस्सी^F या डोरी^F।

gaskins गैस्'किन्ज़् n. pl. लम्बा मोजा; **ऊपरी जंघा।**

gasless गैस्'लिॅस् a. निर्वात, गैस-रहित, बिना गैस^F का।

gasolene, -ine गै'सॅलीन्, –ईन् n. (रसा०) **पेट्रोल**⊙; T., एक उड़ जानेवाला ज्वलनशील द्रवपदार्थ जो ताप और प्रकाश पैदा करनेमें काम आता है, पेट्रोलियमसे प्राप्त द्रवपदार्थ, गैसोलीन।

gasometer गॅसॉ'मिॅटॅर् n. वातिमान; गैस-आगार, गैस-भाण्डार (जहाँसे नलकियों^F द्वारा गैस^F का वितरण होता है) (मौ०) **गैसमापी,** (रसा०) गैसपात्र, गैस^F रखनेका बर्तन।

gasometric –सॅमे'ट्रिक् a. वात्यागारीय, वातिमान-विषयक, गैसभण्डार-सम्बन्धी; ~ apparatus **गैसमापी उपकरण।**

gasometry गॅसॉ'मिॅट्रि n. वात्यागार-विज्ञान, वातिमान-शास्त्र, गैसभण्डार-विद्या^F।

gasoscope गै'सॅस्कोप n. वाति-दर्श, गैसदर्शक-यन्त्र, वातिदर्शक-यन्त्र।

gasp गैस्प् १. n. कष्टश्वास^F, हाँफी^F, हाँफा; २. v.t. & i. साँस^F फूल जाना. हाँफना; *at one's last* ~ अन्तिम साँस^F के समय, मरते समय, मौत^F की हिचकियाँ^F लेते समय; ~ *life* etc. *away* or *out* साँस^F का निकल जाना, मर जाना, दम तोड़ देना; ~ *out* हाँफते हुए कहना; *the last* ~ मृत्युकाल, अन्तकाल, अन्त समय।

gasper गैस्पॅर् n. (विशे०, ग्रा०) सस्ता सिगरेट।

gassed गैस्ड्' a. विषवाति-युक्त, जहरीली गैस^F से आक्रान्त।

gasser गैं'सॅर् n. बक्की, व्यर्थ बकवास^F करनेवाला।

gassiness गै'सिनिॅस् n. शाब्दिक आटोप^F, शब्दाडम्बर, बड़^F।

gassy –सि a. गैसपूर्ण, वातिमय, गैस-सा; (बात^F आदि) शब्द-बहुल, भाव-शून्य।

gast(e)ropod गैस्ट्रॅपॉड् n. शम्बूक, उदरपाद, T. एक प्रकारका घोंघा।

gasteropodous –टॅरॉ'पॅडॅस् a. उदरपाद-सम्बन्धी, घोंघेका।

gastral गैस्'ट्रॅल् a. = GASTRIC.

gastralgia –ल्'जिॲ n. जठरशूल, जठरार्ति, जठरगद, पेटपीड़ा^F।

gastric –'ट्रिक् a. (चि०) **आमाशय-,** आमाशयिक, **जठरीय, जठर,** जाठर, पेटका; ~ fever जठर ज्वर; ~ fistula जठरन्दर; ~ juice **आमाशय-रस,** जाठर रस, आमरस;
~ artery, ~ canal, ~ gland, ~ impression, ~ ulcer, ~ vacuole, ~ vein.

gastritis –ट्राइ'टिस् n. **आमाशय-शोथ,** जठर-शोथ, **जठरार्ति^F,** उदरदाह, उदर-प्रदाह।

gastr(o)- गैस्ट्र जठर-, उदर- (जैसे, ~-*enteric*, ~ *cele*, ~ *tomy*)।

gastrocele –'ट्रॅसील् n. जठरवर्ध्म, पेटका हर्निया।

gastrocnemius –ट्रॉक्नी'मिॲस् n. (चि०) **परापिण्डिका^F,** T.

gastroduodenal –ट्रॅड्यूॲडी'नॅल् a. **आमाशय ग्रहणी** (~ *artery*)।

gastroenteritis –ट्रॲे'न्ट्रॅराइ'टिस् n. **जठर अन्त्रार्ति^F, जठरान्त्र शोथ।**

gastrointestinal ट्रॅइन्ट्रे'स्'टिनॅल् a. **जठरान्त्र,** आमाशयान्त्रीय, (~ *disorder*)।

gastrologer गैस्ट्रॉ'लॅजॅर् n. पाचक, महाराज, रसोइया, बावर्ची।

gastrologist –लॅ'जिस्ट् n. पाकदक्ष, पाकविद्; (चि०) जठर रोग-विज्ञानी।

gastrology –जि n. पाकविद्या^F, पाककला^F; जाठरिकी^F, जठर रोगविज्ञान।

gastronome –'ट्रॅनोम् n. पाकविद्या^F का पारखी, उदरपरायण व्यक्ति।

gastronomer –ट्रॉ'नॅमॅर n. पाकदक्ष, भोजनविलासी, उदरपरायण, पेटू।

gastronomic, -al ट्रॅनॉ'मिक्, -ॲल् aa. पाककला-सम्बन्धी, सुभोजनविलास-सम्बन्धी, पेटपूजा^F^का।

gastonomist -ट्रॉ'नॅमिस्ट् n. रन्धनकुशल, पाककुशल, चतुर सूपकार।

gastronomy -मि n. उत्तम आहारकी कला^F^ और विज्ञान; उदरपरायणता^F^।

gastrophile -'ट्रॅफ़ाइल् n. स्वन्न-प्रेमी, स्वादिष्ट, भोजनका प्रेमी।

gastroscope -ट्रॅस्कोप् n. (चि०) जठरेक्ष, जठर-वीक्ष, जठर-दर्श, जठर दर्शक यंत्र, गास्ट्रोस्कोप।

gastroscopy ट्रॉस्'कॅपि n. (चि०) जठर-परीक्षण, जठर-वीक्षण।

gastrosoph -ट्रॅसॉफ् n. = GASTRONOMIST.

gastrostomy -ट्रॉस्'टॅमि n. (शल्य०) जठरमुख निर्माण, जठरंदर बनाना, बाह्यत्वचा^F^से पेटतक भोजनका मार्ग बनाना।

gastrotomy -ट्रॉ'टॅमि n. (शल्य०) जठरच्छेदन, पेट चीरनेकी क्रिया^F^।

gastrotympanites -पॅनि'टस् n. (चि०) प्रत्याध्मान, प्रत्यानाह, वायु^F^से आमाशयका फूलना।

gate[1] गेट्' १. n. प्रतिहार, **द्वार, कपाट,** दरवाजा, **फाटक;** गिरि-संकट, दो पहाड़ोंका मध्यवर्ती संकीर्ण पथ, घाटी^F^, दर्रा; प्रवेश करने या निर्गमका साधन; लकड़ी^F^ या लोहेके जँगले या कठघरेका द्वार; (प्रा०) नगरका न्यायस्थल; मैच आदि देखनेवालोंकी संख्या^F^; द्वारधन, प्रवेशद्वारपर उगाहा हुआ रुपया (~-*money* भी); २. v.t. (कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्डमें) कॉलिजसे बाहर निकलनेका निषेध करना; ~-bill (कैम्ब्रिज और ऑक्स-फोर्डमें) विद्यार्थियोंके अतिकालसे आनेका लेखा, अति-कालका अर्थदण्ड, विलम्बदण्ड; ~-crasher (ग्रा०) (नृत्य आदिके उत्सवमें) अनामन्त्रित पहुँचनेवाला; ~ house नगर-द्वारका कारागार, पार्क आदिकी ड्योढ़ी^F^; ~-legged table द्वारपदी मेज^F^, (जिसके पायोंके मोड़नेसे ऊपरी भाग बन्द हो जाता है); ~man द्वारपाल, दरबान; ~-money प्रवेश-शुल्क, खेलकी फीस^F^, ~way तोरण, द्वारपथ, फाटकमेंका रास्ता; द्वारमार्ग, **प्रवेशद्वार,** दरवाजा, फाटक; ~ *of ivory, horn* झूठे सच्चे सपने लानेवाला द्वार;

~-attendant, ~bell, ~-book, ~guard, ~-keeper, ~ pass, ~ pier, ~post, ~-register, ~-sale quota, ~ sentry, ~ sergant, ~ supervisor, ~tender, ~ward, ~wayman, ~ wire, ~woman, ~works, ~ wright.

gate[2] n. (उत्तरी इंग० में संज्ञा^F^के साथ प्रत्ययवत्) मार्ग, सड़क^F^।

gateau गाटो' n. फ्रान्सीसी केक।

gated गे'टिड् a. द्वारयुक्त, कपाटमय, दरवाजेदार, फाटकदार।

gateless -ट्'लिस् a. द्वारहीन, विना दरवाजेका, विना फाटक।

gather गै'दॅर् १. n. (रसा०) **पिण्डक;** २. v.t. & i. धन जोड़ना, 'दौलत^F^ जमा करना; संग्रह करना, **एकत्र करना,** इकट्ठा करना, बटोरना, जमा करना; उपलब्ध या प्राप्त करना (जीवन, श्वास^F^), शक्ति^F^ संग्रह करना; संगठित होना, एकत्र होना; चेष्टा^F^के लिए, विचार या शक्ति^F^ आदिको एकत्र करना; आधिक्य होना, बढ़ना (*complexion ~ s colour*); फसल^F^ काटना, कटनी^F^ करना, तिहाई काटना, लवनी^F^ करना; चुनना, बीनना, तोड़ना, लोढ़ना; (तथ्योंका) समाहार करना, उपसंहार करना, भूमि^F^से उठाना; (अवयव या व्यक्तिको) **समेट लेना,** सिकोड़ लेना; वृद्धि^F^ होना, बढ़ोतरी^F^ होना (*the tale ~ed like a snowball*); निष्कर्ष निकालना, समझना, बूझना, परिणामपर पहुँचना; मोड़ना, समेटना, लपेटना (पोशाक^F^, भौं^F^), (कपड़ेमें) प्लेट^F^ डालना; फोड़ेका पकना, मुँह बनना, उभरना; ~ *breath* आराम करना, दम लेना; ~*ed to* one's *fathers* पितृलोक जाना, दिवंगत होना, मर जाना; ~ *way* जहाजका गतिशील होना, **गति^F^ पकड़ना;** *rolling stone ~s no moss* इधरसे उधर लुढ़कनेवाले आदमीको कुछ हाथ नहीं आता।

gatherable -रॅबॅल् a. संग्राह्य, एकत्रीकरणीय, इकट्ठा करने योग्य।

gatherer -रॅर् n. संचेता, **संग्रहीता,** संग्राहक, एकत्रित करनेवाला, इकट्ठा करनेवाला, बटोरनेवाला।

gathering -रिंग् n. (क्रियागत अर्थमें) संग्रहण, **समूहन,** इकट्ठा करना, अभिवर्द्धन आदि; सभा^F^, संघ, जनसमूह, भीड़^F^, जलसा, मजलिस^F^; मवाद; ~ ground **स्रवणक्षेत्र।**

gathers -र्ज् n. (pl.) लपेट^F^, परिधान या पोशाक^F^का वह भाग जो समेट लिया जाता है।

Gatling गैट्'लिंग् n. कलवाली तोप^F^ या मशीनगन^F^, एक प्रकारकी मशीनगन^F^।

G.A.T.T. General Agreement on Tariffs and Trade.

gauche (F) गोश्' a. (गणि०) **विषमतली** (*~quadrilateral*); भद्दा, भोंडा, फूहड़; अशोभन, अशिष्ट।

gaucherie (F) -शॅरी' n. अशिष्टता^F^, असभ्यता^F^, मूर्खता^F^, गँवारपन, फूहड़पना; बेवकूफी^F^, चूतियापन्थी^F^, अशोभनता^F^, अशिष्टता^F^।

Gaucho गॉउ'चो, गॉचो n. यूरो अमेरिकी, यूरोप और अमेरिकाके मूलवासीकी सम्मिलित नसल^F^का व्यक्ति, गॉचो।

gaud गॉड् n. (pl.) उत्सव, समारोह, धूमधाम^F^, रंग-रेलियाँ^F^, टीमटाम^F^; भड़कीला आभूषण, भड़कदार चीज^F^, भड़कीला पहिरावा।

gaudeamus -डिॲ'मॅस् n. विद्यार्थि-समारोह, छात्रोत्सव; आनन्दोत्सव।

gaudery -'डॅरि n. कृत्रिम वस्तुएँ^F^, दिखावटी सामान।

gaudiness -डिनिॅस् n. अतिशोभा^F^, प्रदर्शन, भड़कीलापन, तड़क-भड़क^F^, दिखावा, नुमाइश^F^।

gaudy[1] -डि n. धूमधाम^F^ या टीमटाम^F^की दावत^F^;

~-day उत्सवका दिवस; कॉलिजके प्राचीन छात्रोंकी दावत^{F}का दिन ।

gaudy² a. प्रदर्शनात्मक, समुज्ज्वल, कान्तिमान; दिखाऊ, रँगाव-चुनाववाला; भड़कीला, तड़क-भड़कदार, नुमाइशी^{F} (पोशाक^F, सज्जा^{F}, साहित्यिक शैली^{F} आदि) ।

gauffer ⊙ गॉ'फ़र् n. एक प्रकारका केक ।

gauge¹, gage ⊙ गेज', गेज' n. आमान, निर्दिष्ट माप^F, **प्रमापी, अन्तर्माप**, T., पैमाना, नाप^F; विस्तार, परिमाण, क्षमता^{F}, समाई^F; रेल^{F}की पटरी^{F}की चौड़ाई^F या अन्तर; (नौवि०, *gage*) वायु^{F}के अनुसार पोतकी अवस्थिति^{F}; पात्रमें लग्न माप-चिह्न (जो उसमें स्थित वस्तु^{F}की ऊँचाई^F सूचित करते हैं), यन्त्र या तार आदिके विस्तारके परीक्षण और निर्धारणका यन्त्र; परिमाण या भारमापक-यन्त्र (जिसके द्वारा दर्षा^{F}, प्रवाह, वायु^{F}, ज्वार आदिका मापन होता है); (मुद्रण०) हाशिया बनानेकी पट्टी^{F}; समानान्तर रेखाएँ^{F} खींचनेवाला बढ़ईका औज़ार; गोनिया; आलोचन, अनुमान, परीक्षणका साधन, मानदण्ड, कसौटी^{F}, broad ~ महान्तर, ४ फुट ८½ इंचसे अधिक चौड़ी पटरी^{F}; (कृषि०) **पनसाल**; narrow~ लघ्वन्तर, ४ फुट ८½ इंचसे कम तंग पटरी^{F}, standard ~ ४ फुट ८½ इंचकी चौड़ी पटरी^{F}; ~ wheel (कृषि०) गहराई-नियामक, *take the ~ of* नापना, अन्दाज लगाना;

~ arch, ~ cock, ~ glass, ~ glass protector, ~ line, ~mortar, ~ permanent, ~ report, ~ plug, ~ pressure, ~ reader, ~rod, ~schedule, ~ tie.

gauge² v.t. मापना, माप करना (द्रवपदार्थकी गहराई^{F}की, परिमाणी मात्राओं^{F} या भारकी जैसे वर्षा^{F}, वायु^{F}); समाई^F नापना, गुंजाइश^F मालूम करना (पीपे आदिकी); परिनिश्चित आकार-प्रकार देना, एकरूप करना, एकसाँ करना; अनुमान करना, जाँचना, आँकना अन्दाजा करना (व्यक्ति, चरित्र आदिका) ।

gaugeable –जेबॅल् a. मापनीय, माप योग्य ।

gauger –जॅर् n. मापक, नापनेवाला; अनुमान करनेवाला ।

gauging –जिंग n. **मापन, समापन**, प्रमापन, अन्तर्मापन, मापना; ~-rod आमानशलाका^{F}, पीपेकी समाई^F नापनेका आबकारोंका यन्त्र ~ trowel कन्नी^{F} ।

Gaul गॉल्' n. (हास्य०) फ्रांसीसी, फ्रेंचमैन; प्राचीन गॉलका निवासी ।

Gauleiter गॉउ'लाइटॅर् n. नात्सी प्रान्तपति, प्रदेशपाल ।

Gaulish गॉ'लिश् n. & a. प्राचीन गॉलकी (भाषा^{F}); (हास्य०) फ्रांसीसी ।

gault गॉल्ट्' n. (भूगर्भ०) चिकनी मिट्टी^{F}की तह^F, (उच्च और निम्न हरितबालुका^{F}के बीच चिकनी मिट्टी^{F} और अवमृद्^{F}के स्तर) ।

gaum¹ गॉम्' n. चिपचिपाहट^F; चिपचिपा पिण्ड; लेप, पोत; (नयी वार्निश^{F}की-सी) चमक^F, ओप, आब^F ।

gaum² v.t. दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना; लेपना, लीपना, पोतना; बाधा^{F} डालना, रुकावट^F पैदा करना ।

gaunt गॉन्ट्' a. विकृत, विरूप, भयानक; अस्थिचर्मावशिष्ट; क्षीण, कृश, दुबला, पतला, सूखा ।

gauntlet¹ गॉन्ट्'लिट् n. (प्रा०) हस्तत्राण, हस्तांगुलिबंध, लोहेका दस्ताना; मोटा दस्ताना; *fling, throw, down the* ~ मुकाबलेके लिए चुनौती देना; *pick, take, up, the* ~ चुनौती^{F} स्वीकार करना, बीड़ा उठाना, मैदानमें आना ।

gauntlet², gantlet गैन्ट्'लिट ⊙ nn. *run the* ~ सिपाहियोंके मध्यसे बेंत या कोड़े खाते हुए जाना; सैनिक, नाविक या स्कूली दण्ड (ला० भी, आलोच्य या आलोचित होना) ।

gauntleted –टिड् a. दस्तानादार, दस्ताना पहने हुए ।

gauntness गॉन्ट्'निस् n. भयानकता^{F}; कृशता^{F} ।

gauntry गॉन्'ट्रि n. तिपाई^F; = GANTRY.

gauze गॉज़्' n. पतला पारदर्शी रेशमी या सूती वस्त्र, तारकी जाली^{F}, (रसा०, भौ०) **गाज़**; हलका कोहरा;

~ bandage, ~ pad, ~ ring.

gauziness –'ज़िनिस् n. पारदर्शिता^{F}, जालीदारी^{F} ।

gauzy –'ज़ि a. रेशमी या सूती पारदर्शी वस्त्र जैसा सूक्ष्म, बारीक, महीन, जालीदार, जालीसदृश ।

gave गेव्' p.t. GIVE से ।

gavel गै'वॅल् n. (अमे०) नीलामकी बोली^{F} बोलनेवाले या सभापतिकी हथौड़ी^{F}, मुँगरी^{F} ।

gavelkind गै'वॅल्काइन्ड् n. (कानूनी) पुत्राधिकार, वेल्स और केण्टमें प्रचलित उत्तराधिकार कानून जिसके अनुसार बिना वसीयत^F किये मरनेवाले व्यक्तिकी सम्पत्ति^{F} उसकी सन्तानोंमें बराबर विभक्त कर दी जाती है ।

gavial गे'विॲल् n. मकर, घड़ियाल ।

gavotte गॅवॉट' n. सामान्य समयका गीतांश (प्रत्येक पद तृतीय आघातपर प्रारम्भ होनेवाला); १८वीं शती^{F}का मन्द या शिथिल नृत्य, गावोतेका संगीत ।

gawk¹ गॉक्' n. मूर्ख, गावदी, झेंपू, लजाधुर या फूहड़ आदमी, भोंड़ा ।

gawk² v.i. मुँह फाड़कर देखना ।

gawkiness किनिस् n. बेढंगापन, झेंपूपन, बेतुकापन ।

gawky –कि n. & a. मूर्ख, झेंपू, बेढंगा, भद्दा, बेहूदा, भोंड़ा (आदमी) ।

gay गे' a. सुवेश, सुसज्जित, प्रदर्शनात्मक, भड़कीला, नुमाइशी, शोख; शानदार; हास्यरसिक, विनोदी, प्रमुदित, प्रफुल्लचित्त, जिन्दादिल; (अमे० ग्रा०) प्रगल्भ, वाचाल, बक्की, बड़बोला; (व्यंग्य) दुष्कर्मजीवी, दुश्चरित्र, लम्पट ।

gayety = GAIETY.

gaysome –'सॅम a. हृष्ट, हर्षित, मोदमय, प्रसन्न ।

gaz. gazette; gazetteer.

gaze गेज्' १. n. प्रेक्षण, ताक^F, टकटकी^{F}; २. v.t. दृष्टि^{F} जमाना, टकटकी^{F} लगाकर या बाँधकर देखना, ताकना, घूरना (*at, on, upon*); *stand at* ~ ताकते या घूरते रहना ।

gazebo गेज़ी'बो n. झरोखा।

gazelle गॅज़े'ल् n. छोटा सुन्दर कुरंग, मृग, हरिण, हिरन।

gazer गे'ज़र् n. टकटकी[F] लगाकर देखनेवाला।

gazette गॅज़े'ट्' १. n. घोषपत्र, **राजपत्र**, तीन सरकारी गजटोंमें एक (*London*, *Edinburgh*, *Belfast*, *G~*) वार्तापत्र, विज्ञप्तिपत्रिका[F], **सूचनापत्र**, समाचार-पत्रिका[F], प्रकाशन, **गज़ट**, (~ *notification*); २. v.t. राजपत्रित करना, सरकारी गजटमें घोषित होना।

gazetted –टि'ड् a. राजपत्रित, गजटेड;
~holidays, ~officer, ~ post, ~ service.

gazetteer गैज़ि'टीअर् n. भौगोलिकी, भौगोलिक ज्ञान-कोष, **सर्वसंग्रह**, भूवृत्त, विवरणिका[F], **गज़ेटियर**।

gazing-stock गे'ज़िंग्-स्टॉक् n. दर्शनीय पदार्थ, दिखावटी वस्तु[F]; घृणास्पद, घृणापात्र।

gazogene, gas- गैं'जॅगीन्, गैस्- n. वातिजन; सोडावाटर बनानेका यन्त्र, गैजोजीन।

G.B. Great Britain, General Branch.

G.B.& I. Great Britain and Ireland.

G.B.B. Government Breeding Bull.

G.B.C. General Book Circular.

G.B.E. (Knight *or* Dame) Grand Cross of the British Empire.

G.B.S. George Bernard Shaw.

G.C. George Cross; General Clerk; Good Conduct; Group Captain.

G.C.A. Ground Control(led) Approach *or* Control Apparatus.

G.C.B. (Knight) Grand Cross of the Bath.

g.c.f. greatest common factor.

G.C.H. (Knight) Grand Cross of Hanover.

G.C.I.E. (Knight) Grand Commander of the Indian Empire.

G.C.M. or **g.c.m.** greatest common measure; दे० H.C.F. भी।

G.C.M. General Court-Martial.

G.C.M.G (Knight) Grand Cross of St. Michael and St. George.

G.C.R. Good Conduct Remission.

G.C.S.I. (Knight) Grand Commander of the Star of India.

G.C.V.O. (Knight) Grand Cross of the (Royal) Victorian Order.

Gd. Gadolinium.

G.D.A. Govt. Diploma Auditing.

Gdns. Gardens.

gear गीअर् १. n. दन्तुर चक्रक, दाँतीदार पहियों आदिका जोड़, दाँतेदार पहिया; कल-पुरजे, औज़ार; घोड़ों आदिका साज; (मौ०, नौवि०) **योक्त्र**, **T. साधन**; उपस्कर, उपकरण, सम्भार, सामग्री[F], **सामान**, माल-असबाब, वस्तुएँ[F], पोशाक[F], सज्जा[F] आदि (प्रा०); वर्तन-भाँड़ा; जहाजकी रस्सियाँ[F] आदि; २. v.t. & i. मशीन[F]में पुरजे जोड़ना या लगाना, मशीन[F]को चालू स्थिति[F]में लाना; दाँतीदार पहियेका ठीक बैठना; उद्योग-शाला[F] अथवा कार्यक्रमके साथ जोड़ देना, साज कसना, साज लगाना (प्रायः ~ *up*); योक्त्र; गियर; ~-box, ~-case दन्तिधान, दाँतीदार पहियेका आवरण या खोल, T; ~-spur **बड़ी गरारी**[F], बड़ा गियर; ~-wheel दन्तिचक्र, दाँतीदार पहिया; high ~ गतिवर्धक-चक्र, उच्च दन्तुर चक्रक; low ~ मन्दगामी दन्तुर चक्रक; ~ *down* मन्दगामी दन्तुर चक्रक संलग्न करना; ~ *up* तेज़ करना; *in* ~ संलग्न, चालू; *out of* ~ असंलग्न, असम्बद्ध, बन्द, बिगड़ा हुआ;
~ lever, ~ pinion, ~ ratio, ~ shift, ~ teeth, ~ train.

gearing –'रिंग् n. दाँतीदार पहियोंका क्रम; वर्तन-भाँड़ा, उपकरण, सामान; गियर लगाना।

gearless –र्'लि'स् a. बिना दन्तुर चक्रका या गीअरका।

geat गीट्' n. साँचेका छेद।

G.E.C. General Electric Company.

geck[1] गे'क् n. उपहास-पात्र, घृणा-पात्र, भोला मनुष्य, सीधा आदमी; उपहासात्मक संकेत; घृणा[F], उपहास, हँसी[F]।

geck[2] v.t. & i. उपहास करना, हँसी[F] उड़ाना; घृणा[F] करना, नाक-भौं[F] चढ़ाना।

gecko गे'को n. (pl. ~*s*, ~*es*) आगारगोधिका[F], छिपकली[F], बिसतुइया[F], गेकोक[F]।

gee[1], **gee-gee** जी, जी'-जी n. (बोल०) घोड़ा।

gee[2], **gee-ho, gee-(h)up, gee-wo** जी, जी'-हो', जी'-(ह्)अप्', जी'-वो intt. (घोड़ों आदिके लिए आदेश-व्यंजक शब्द) घोड़ोंको चलाने या मोड़नेकी आवाजें; बढ़ो और तेजी[F]से, डट् डट्; (प्रायः) दायें मुड़ो, टिक् टिक् करके हाँको या चलाओ।

gee[3] ⊙ जी' int. यह ! जी !

geese गीज़्' n. pl. GOOSE से।

Geez गी'ज़् a. हबशी भाषा[F], इथियोपी।

geezer गी'ज़र् n. (ग्रा०) बुड्ढा, बूढ़ा, डोकरा।

Gehenna गि'हे'नॅ n. नरक, दोजख, जहन्नुम; सन्त्रास, उत्पीड़न और दाहनका स्थान।

geisha गे'शॅ n. जापानी नर्तकी[F], गेशा[F]।

Geissler tube गाइस्'लॅर् ट्यूब् n. एक बन्द-नालिका[F] जो विद्युत्[F] प्रवाहित होनेपर प्रज्वलित हो जाती है।

geist गाइस्ट्' (G) n. मेधाविता[F], मनस्विता[F]।

geitonogamy गाइटॅनॉ'गॅमि n. पुष्पपरागण।

gel जे'ल्' n. (रसा०) **झिल्लि**[F], जल।

gelastic जि'लैस्'टिक् a. हास्य-जनक, हँसी[F] पैदा करने-वाला, हासविषयक, हँसी[F]का।

gelatigenous जे'लॅटि'जिनॅस् a. श्लेषामय, श्लेषाप्रद।

gelatin(e) जे'लॅटि(टी)न् n. (रसा०, चि०) **श्लेषा**[F], झिल्लि[F], स्नेह, **सरेस**, (रासायनिक पदार्थ जो JELLIES

का आधार है और पशुओंके स्नायुरज्जु, स्नायुबन्धनों या स्नायुपट्टिका^F, अस्थिसन्धि^F, चमड़े आदिको थोड़े जलमें उबालनेसे बनता है), (रसा०, चि०) **जिलेटिन;** ~ paper जिलेटीनका कागज (जो फोटोग्राफीके काम आता है)।

gelatinate जि`लै'टिनेट् v. i. & t. श्लेषा^F बनना या बनाना, श्लिपि^F बनना या बनाना, सरेस बनना या बनाना, चटनी^F बनना या बनाना।

gelatination –ने'शॅन् n. श्लेषण, सरेस बनना या बनाना, चटनी^F या मुरब्बा बनानेकी क्रिया^F।

gelatiniform जे`लॅटि'निफ़ॉर्म् a. जिलेटिन-सा।

gelatinify –फ़ाइ v.t = GELATINATE.

gelatinization जि`लैटिनाइजे'शॅन् n. श्लिपीयण, (रसा०) **श्लिषीकरण, श्लेषीकरण,** श्लेषण, **जिलेटिनीकरण।**

gelatinize –'टिनाइज़् v.t. & i. श्लिषीयण करना, श्लिषीकृत करना, चिपचिपा करना या होना, जिलेटिन बनाना।

gelatinoid –नाएँड् n. & a. जिलेटिनीय, जिलेटिन-सा।

gelatinous –नॅस् a. (रसा०) **श्लिषीय, श्लेषी,** (~*tissue*), लसदार, चिपचिपा, लसलसा, जिलेटिनवाला, **जिलेटिनी।**

gelation जि`ले'शॅन् n. ठण्डक द्वारा घनीकरण, ठण्डक देकर ठोस करनेका कार्य, जमाना।

geld गे`ल्ड् v.t. पुंस्त्वहरण करना, क्लीव या नपुंसक बनाना, अण्डकोष निकाल देना, बद्धी करना, बधिया करना, खस्सी करना, आख्ता करना।

geldable –'डॅबॅल् a. पुंस्त्वहरणीय, क्लीवकरणीय, नपुंसक करने योग्य।

gelder –डॅर् n. क्लीवक, बद्धी करनेवाला, खस्सी करनेवाला।

Gelder-rose = GUELDER-ROSE.

gelding –'डिंग् n. बद्धी घोड़ा या कोई अन्य पशु, बधिया, खस्सी, आख्ता; (कृषि०) **खस्सी करना।**

gelid जे`लिड् a. हिम-शीतल, अत्यन्त शीतल, ठण्ढा, हिमसदृश, हिमवत्, बर्फ-सा।

gelidity –'डिटि n. हिमशीतलता^F, अत्यन्त शीतलता^F, ठण्ड^F, सरदी^F।

gelidness –ड्निॅस् n. = GELIDITY.

gelignite जे`लिग्नाइट n. (रसा०) श्लिप-स्फोट, T, नाइट्रोजन और ग्लिसरीनसे निर्मित विस्फोटक पदार्थ।

gelotometer जे`लॅटॉ'मि`टॅर् n. हासमान, ठहाका मापनेका यन्त्र।

gem जे`म् १. n. **रत्न,** मणि, बहुमूल्य पत्थर, हीरा, जवाहर; उत्कीर्ण रत्न, मूल्यवान् या स्वल्प मूल्यवान् खचित मणि; किसी वस्तु^Fका श्रेष्ठ अंश या भाग, अत्यन्त सुन्दर या महत्त्वपूर्ण वस्तु^F; कलिका^F, कली^F, मुकुल^F; २. v.t. मणियोंसे भूषित करना या सजाना।

gemel जे`मॅल् n. (~ *ring* भी) दो कड़ी^Fका छल्ला।

gemellus जे`'मॅलॅस् n. (चि०) **यमला;** ~ inferior **निम्न यमला;** ~ superior **ऊर्ध्व यमला।**

geminate[1] जे`'मिनेट् v.t. युग्मों या जोड़ोंमे रखना या लगाना, युग्मों या जोड़ोंमें दुहराना, दुहरा करना, दुगुना करना।

geminate[2] –नॅट् a. (प्रा०) द्विक, युग्म, युग्मकोंमें संयोजित, जोड़ा-जोड़ा।

gemination –ने'शॅन् n. युग्मीकरण, जोड़ोंमें रखना; (चि०) कलिकाभवनसे उत्पादन।

Gemini, g- जे`'मिनाइ, जे`'मिनि १. n. **मिथुन,** युग्म; जोड़ा; मिथुन राशि^F; २. int. आश्चर्यव्यंजक शब्द, अरे!

gemma जि`'मॅ n. कैलिका^F, कुड्मल, मुकुल, कली^F, रुहा^F, टूसा, कोंढ़ी^F; (जन्तु०) **जेम्मा^F,** निम्नपिण्डीय प्राणियोंमें कली-जैसा विकास; (काई आदिमें) लघुकोशीय पिण्ड (जिससे नवीन पौधेका आरम्भ होता है); (वन, गणि०) **जेम्मा** (~ *cup*); (गणि०) **प्रथम उत्तरकिरीट।**

gemmaceous –मे'शॅस् a. कलिका-सम्बन्धी, मुकुलीय, कली^Fका।

gemmate[1] जे`मेट् v. i. मुकुलोत्पादन द्वारा विकसित होना, टूसे निकलना, कोंढ़ी^F निकलना।

gemmate[2] –मॅट् a. कलिकामय, टूसों भरा, टूसेसे निकला हुआ, कोंढ़ीदार, कली^Fसे उत्पन्न।

gemmation –मे'शॅन् n. **मुकुलकायन,** मुकुलों द्वारा उत्पादन, अतिवृद्धि^F और पार्थक्य द्वारा जनक पौधेमेंसे अन्य पौधेकी उत्पत्ति^F; कुड्मलीयन, कुड्मलकी व्यवस्था^F, कली^Fका कार्य या ढंग, मुकुल क्रम, कोंढी^F या टूसेका ढंग; (वन०) **जेम्मासमुद्भवन।**

gemmative –'मेटिव् a. कुड्मल-सम्बन्धी, मुकुल-विषयक, टूसे या कोंढ़ीवाला।

gemmeous जे`'मिअॅस् a. रत्न-सम्बन्धी, रत्न-विषयक; मणिमय, रत्नवत्, रत्न-सदृश।

gemmiferous जे`मि'फ़ॅरॅस् a. मुकुलपूर्ण, मुकुलजन्मा; रत्नगर्भ, मणिप्रसू, मणिपूर्ण।

gemmiform –मिफ़ॉर्म् a. मुकुलवत्, कली-जैसा; **जेम्मा रूप;** रत्नसदृश।

gemminess जे`'मिनि`स् n. मणिमयता^F, मणिवत्ता^F, रत्न-जैसा होना, रत्नमयता^F।

gemmiparity जेमिपै'रिटि n. पुनर्मुकुलन, पुनः कलियाँ^F खिलना।

gemmiparous –'पॅरॅस् a. मुकुलित, मुकुलज, टूसों भरा।

gemmology जे`मॉ'लॅजि n. मणिविद्या^F, रत्न-विज्ञान, रत्नशास्त्र।

gemmule जे`'म्यूल् n. **मुकुलक,** कुड्मिका^F, कलिका^F; अंकुर।

gemmuliferous –लि'फ़ॅरॅस् a. कुड्मिकाजनक, कलिकाप्रसू।

gemmy जे`'मि a. मणिमय, मणिवत्, रत्न-जैसा, रत्नजटित, रत्नमय, रत्नोंसे पूर्ण।

gemot जि`मोट् n. समाज, सभा^F, गोष्ठी^F, ज़माव,

मीटिंग[F]।

gen जे`न्' n. विश्वस्त वृत्त, विश्वस्त वृत्तान्त, विश्वसनीय समाचार।

Gen. Genesis; General.

gen. gender; genitive; genus.

-gen -जन, -जनक, -उत्पादक (जैसे, *hydro* ~, *nitro*~, *cyano*~); -उत्पत्ति, -उत्पादन (जैसे, *acro* ~, *endo* ~, *thallo* ~)।

gena जी`न्' n. गण्ड, गाल, **कपोलिका**।

genal -नॅल् a. गण्डस्थलीय, गालका।

genappe[1] जि`नैप्' n. ऊनका तागा, बटा हुआ नरम ऊन, जिनैप्पी।

gendarme ज़ॅन्'डार्म्, जे`न्डार्म्' (F) n. मार्गरोधी चट्टान[F]; सैनिक।

gendarmerie (F) ज़ॅन्डार्मेरी' n. सशस्त्र पुलिस[F], सिपाही; सैन्य दल, पुलिस[F]का दस्ता।

gender जे`न्'डॅर् n. (व्या०) लिंग।

genderless -लिॅस् a. लिंगरहित।

gene जीन्' n. (प्राणिवि०) पित्रैक, (कृषि०, वन०) **जीन**, वैज्ञानिक इकाई[F]; मुख्य तत्त्व या पदार्थ जिसका जीवाणु कोष युग्मयुक्त होता है और जो एक-एक मूलसे प्राप्त होते हैं;

~ change, ~ complex, ~ frequency, ~ interaction, ~ locus, ~ manifestation, ~ mutation, ~ pair, ~ substitution, ~ symbol.

ganealogical जी(जे`)नि`ॲलॉ'जिकॅल् a. वंशपरम्परागत; आनुवंशिक; ~ tree **वंशवृक्ष**, वंशावली[F], वंशानुक्रम, शजरा।

genealogist -ऐ'लॅजिस्ट् n. वंशावलीप्रणेता, वंशावलीविशारद, वंशक्रमज्ञ, **वंशावली** विद्या[F]का पण्डित।

genealogize -लॅगाइज् v. t. & i. वंशक्रम बनाना; वंशानुक्रमका अन्वेषण करना।

genealogy -लॅजि n. वंशानुक्रम, वंशपरम्परा[F], वंशवृक्ष, वंशक्रम, **वंशावली**[F], पीढ़ी[F]; (इति०) **शजरा**; वंशावली[F]का अनुसन्धान या अन्वेषणा[F]; पौधों या प्राणियोंका पूर्वरूपसे विकासक्रम।

genera जे`'नॅरॅ n. pl. GENUS से।

generable जे`'नॅरॅबॅल् a. उत्पाद्य, उत्पन्न करने योग्य, पैदा करने लायक।

general[1] जे`'नॅरॅल् n. (pl. अब क्वचित्) सामान्य नियम, सामान्य लक्षण, सामान्य सिद्धान्त; (सेना०) फील्डमार्शलके नीचेका पद, जनरलका पद (शिष्टतापूर्वक *lieutenant*-~ & *major*-~ भी); **सैन्यनायक**, सेनाध्यक्ष, चम्वधिपति, सेनानी, (सेना[F]का अधिकारी) कर्नलके पदसे बड़ा पद, जरनैल; (उपाधियोंमें संलग्न जैसे, *post-master* ~), अध्यक्ष, प्रमुख जिसका क्षेत्र या अधिकार अनियन्त्रित हो; सेना[F]का कमाण्डर; the ~ (प्रा०) जनता[F]; युद्धकुशल, रणनिपुण (*a good* ~); जेसुइटों और डोमिनिकनोंका धार्मिक मुखिया।

general[2]* a. (कृषि०) **सामान्य** या **साधारण***, (कृषि०, गणि०, कलन०) **व्यापक** (~ *equation*), बहुप्रचलित, **आम**; सार्वजनिक, सामुदायिक, निर्विरोध, वर्गसामान्य, (~ *word*); वर्गमुक्त, सार्वभौम, सार्वजनीन, सार्विक, सार्व; निष्पक्ष; प्रधान, **महा**- (*auditor* ~); अनिर्धारित, अनिश्चित, अस्पष्ट (*spoke only in* ~ *terms*); सामाजिक; किसी एक विभागसे न बँधा हुआ, अविशेष या समुचित या स्थूलरूपसे संगत, व्यावहारिक दृष्टि[F]से पर्याप्त (~ *resemblance*); ~ acceptance **पूर्ण स्वीकृति**; ~ assembly **महासभा**; ~ anaesthesia **व्यापक संवेदनहारी**; ~ call **सामूहिक बुलावा**; ~ devastation **व्यापक नाश**; ~ confession (गिर्जेमें उपस्थित जनोंका पादरीके समक्ष) सार्वजनिक रूपसे पापस्वीकरण; ~ dealer सर्ववस्तु विक्रेता, बिसाती; ~ election महानिर्वाचन; (सामूहिक) साधारण निर्वाचन, आम **चुनाव**; ~ good **सार्वजनिक हित**; ~ hospital **बड़ा अस्पताल**; ~ manager **महाप्रबन्धक**; ~ post दिनकी पहली डाक[F]; एक प्रकारका खेल; G~Post Office महाप्रेषालय, बड़ा डाकखाना, जेनरल पोस्ट ऑफिस; ~ practitioner प्रत्येक रोगकी चिकित्सा[F] करनेवाला डाक्टर, आम डाक्टर; ~ public जनसाधारण; ~ reader सामान्य या साधारण पाठक; ~ secretary **प्रधान सचिव, महामंत्री**; ~ servant परिचारक, सेवक, नौकर; *as a* ~ *rule* सामान्यतः, साधारण रूपसे; *in a* ~ *way* सामान्यतया; *in* ~ साधारणतः, सामान्यतः;

~ ability, ~ account, ~ acquaintance, ~ act, ~ administration, ~agent, ~ application, ~ assistant, ~ average, ~ board, ~ body, ~ case, ~ cause, ~ character, ~ charges, ~ charges account, ~circular, ~classification, ~ clauses, ~ commission, ~ committe, ~ concept, ~ condition, ~ control,~council, ~counsel, ~ diary, ~ director, ~ discussion, ~ duties, ~ factor, ~ features, ~ fund, ~ gallary, ~ grammar, ~ idea, ~ inference, ~ integral, ~ issue, ~law, ~layout, ~ ledger, ~ manager, ~ manure, ~ medicine, ~ meeting, ~ note, ~ notion, ~ nursing, ~ opinion, ~ order, ~ partnership, ~ practice, ~ primitive, ~ principle, ~ procedure, ~ proposal, ~ purchasing power, ~ realise, ~reconnaissance, ~ relativity, ~ release, ~ reserve, ~ revenue, ~ rule, ~ salute, ~section, ~ solution, ~ stamp, ~ statement, ~ stone, ~ strike, ~surgery, ~ synthesis, ~ term, ~ trend, ~ verdict, ~ ward, ~ welfare, ~ will.

generalism –लिज़्म् n. सामान्य विचार, जनमत, जनता^F^का ख्याल।

generalissimo जे`नॅरॅलि'सिमो n. दलपति, संयुक्त स्थल तथा जल और वायुसेना^F^का सेनाधिपति, कमाण्डर, जेनरलिसिमो।

generality जे`नॅरॅ'लिटि n. सामान्यधर्मता^F^, साधारणता^F^, **सामान्यता^F^**, व्यापकता^F^; सन्दिग्धार्थता^F^, अस्पष्टता^F^; बहुमत, परिमाण, मुख्यरूप; साधारण वक्तव्य, सामान्य युक्ति^F^, सामान्य सिद्धान्त।

generalizable –'नॅरॅलाइज़ॅबॅल् a. सामान्यानुमेय, साधारण नियमोंमें परिणत करने योग्य।

generalization –ज़े'शॅन् n. सामान्यन, **सामान्यीकरण**, सामान्यीकृति^F^, **व्यापकीकरण**, सामान्यदर्शन, सामान्यसिद्धान्त (जो निगमन द्वारा उपलब्ध हो)।

generalize –'नॅरॅलाइज़् v.t. & i. सामान्यानुमान करना, सामान्य सिद्धान्त बना लेना, विशेषसे सामान्य अनुमान निकालना; सामान्य भाव प्रदान करना, साधारण नियमोंमें परिणत करना, सामान्य या जातिनाम देना; सामान्य व्यवहारमें लाना; सामान्य भावका प्रयोग करना, अ-स्पष्ट बोलना या कहना, अस्पष्ट बनाना; सामान्य वक्तव्य या कथनको तथ्यों आदिपर आधृत करना; (चित्रकला^F^) वर्गसामान्य या टाइपगत विशेषताओं^F^को चित्रित करना; (गणित, दर्शन०) **व्यापक बनाना**, सामान्यीकृत रूपमें प्रस्तुत करना।

generalized –ड् a. व्यापक, **व्यापकृत, सामान्यीकृत;**
~ cause, ~ deviation, ~ regression, ~ theorem.

generally –लि adv. सामान्यतः, सामान्यतया, सामान्य नियमके रूपमें; निर्विशेषतया, वैशिष्ट्यहीनतापूर्वक, सामान्य अर्थमें; अधिकांशतः, प्रायः, बहुधा, व्यापक या विशद रूपसे, विस्तृत रूपसे; ~speaking सामान्यतः, साधारणतया।

generalship जे'नॅरॅल्'शिप् n. सेनाध्यक्षत्व, जरनैलका पद या ओहदा; कूटनीति^F^, दक्षतापूर्ण प्रबन्ध, नीति^F^, ढब; सैनिक दक्षता^F^, रणकौशल, युद्धनैपुण्य।

generalty –ल्टि n. = GENERALITY.

generant जे`नॅरॅन्ट् n. उत्पादी, उत्पादक, पैदा करनेवाला।

generate –रेट् v.t. अस्तित्वमें लाना, उत्पन्न करना, (ग० भी) **जनन करना**, उपजाना, पैदा करना (प्राणियों, पौधों आदिको, प्रायः pass. में; मनोदशा^F^, परिणाम, वस्तु^F^की दशा^F^ या स्थिति^F^; घर्षण, प्रकाश, ताप, दबाव, दाब, विद्युत्^F^ आदि)।

generating –टिंग् n. & a. जनन-; **जनक**, उत्पादक; ~ function **जनन फलन**, ~ station. बिजली^F^ घर।

generation –रे'शॅन् n. प्रसव, उत्पादन, जनन, वंश, सन्तति^F^; पूर्वज, पुरखा, (कृषि०, जीव०) **पीढ़ी^F^**, (*have known them for three ~s*); प्राकृतिक या कृत्रिम पद्धति^F^से उत्पादन, उपज^F^; समवयस्क या समकालीन जन, एक ही युग या कालके व्यक्ति, युग, पीढ़ी^F^, (शताब्दी^F^का तृतीयांश या तीस वर्षका काल)।

generative –'नॅरॅटिव्, –'नॅरेटिव् a. **जनक**, जननशील, **उत्पादक**, पैदा करनेवाला, उपजाऊ; **जनन-**, उत्पादन या जनन-सम्बन्धी;
~ cell, ~ nucleus, ~ organ, ~ system, ~ tissue.

generator –रेटॅर् n. उत्पादक, जन्मदाता, (घ० ज्या०) **जनक**; (वाष्प, विद्युत्^F^, गैस^F^ आदिका) (नौवि०, भौ०) **जनित्र**, ~ room उत्पादक यन्त्र, जेनरेटर।

generatrix –ट्रिक्स् n. (गणित) = GENERANT.

generic जि`ने'रिक् a. अविशिष्ट, निर्विशेष, सामान्य, साधारण; प्रजातीय, **जातीय**, (~ *property*), जातिगत, वर्गीय, वर्गगत; व्यापक, पूरे समुदाय या वर्गके (किसी व्यक्तिके) लिए प्रयुक्त।

generosity जे`नॅरॉ'सिटि n. **उदारता^F^**, उदारात्मता^F^, **औदार्य**, वदान्यता^F^, महात्मता^F^, त्याग, दानशीलता^F^, दान-पुण्य, ~ error **पक्षपात त्रुटि^F^**।

generous –'नॅरॅस a. उदार, उदारमना, दानशील, वदान्य, जो क्षुद्र और संकीर्ण न हो; (आहार, मदिरा^F^, रंग) पूर्ण, ऋद्ध, समृद्ध; पुष्कल, आधिक्यपूर्ण, अतिशय, पर्याप्त; (भूमि^F^) उर्वर, उपजाऊ।

generousness –निॅस् n. उदारता^F^, दानशीलता^F^, वदान्यता; पूर्णता^F^, ऋद्धता^F^, समृद्धता^F^, पुष्कलता^F^, आधिक्यपूर्णता^F^, अतिशयता^F^, पर्याप्ति^F^; उर्वरता^F^, उपजाऊपन।

genesic जि`ने'सिक् a. जन्म-सम्बन्धी, उत्पत्ति-विषयक।

genesiology –नीसिऑ'लॅजि n. (चि०) प्रजोत्पादन विज्ञान, जननशास्त्र, उत्पत्ति-शास्त्र।

genesis जे`नि'सिस् n. जनन, जन्म, उत्पत्ति^F^; प्रारम्भिक रूप, मूल, मूलरूप; इंजीलका पहला अध्याय जिसमें सृष्टि^F^का वर्णन है, जेनिसिस।

genet जे`निट् n. कर्दम, कीच; गन्धमार्जार (की खाल^F^), मुश्की बिलाव (की खाल^F^)।

genethliac जि`ने'थ्'लिऐक् n. ज्योतिषी, पत्रावाचक, कुण्डलीशोधक; (pl.) ज्योतिष।

genetic जि`ने'टिक् a. **औत्पत्तिक, आनुवंशिक**, (~ *factor*) जननिक, प्रादुर्भाव-सम्बन्धी, उत्पत्ति-विषयक; जनन- (~ *classification*)।

geneticist –टिसिस्ट् n. उत्पत्तिविज्ञानी, (कृषि०) **जननविज्ञानी**, जनन-विद्या-वेत्ता।

genetics –टिक्स् n. (बहु०) पैत्रागतिकी^F^, उत्पत्ति विज्ञान, जननविद्या^F^, (कृषि०) **जनन-विज्ञान**, उत्पत्ति-विषयक शास्त्र, (वन०) **आनुवंशिकी^F^**, (जीव०) **आनुवंशिक तत्व**, अनुवंश तत्त्व।

geneva जि`नी'वॅ n. अनाज और बेरीके योगसे तेज की हुई शराब^F^।

Genevan, -vese जि`नी'वॅन्, –वे`स्' १. aa. जिनेवी, जिनेवा-सम्बन्धी, जिनेवाका; २. nn.

जिनेवावासी।

genial जी'निअॅल् a. प्रिय, अनुकूल, स्वास्थ्यकर, वृद्धिकारक (जलवायु^F, हवा^F आदि); वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, उत्पादक, उपजाऊ (~ *bed*, *instinct*, क्वचित्); मिलनसार, नम्र, प्रसन्नचित्त; रुचिर, मनोहर, रमणीय, सुखप्रद, सुखद, सुखावह, हर्षकारक, मोदप्रद, आनन्दप्रद, आनन्दपूर्ण; प्रतिभा-सम्बन्धी (क्वचित्)।

genial जि'नाइ'अॅल् a. (श०र०शा०) चिबुकीय, चिबुक या ठोड़ी-सम्बन्धी।

geniality जीनिअै'लिटि n. प्रसन्नचित्तता^F, आनन्द-पूर्णता^F, मोदप्रदता^F, मिलनसारी^F, जिन्दादिली^F; रुचिरता^F, रमणीयता^F।

genialize –'निअॅलाइज् v.t. प्रसन्नचित्त या जिन्दादिल होना या करना, मिलनसार बनाना।

genicular जि'नि'क्यूलॅर् a. जानु, **जानु-सम्बन्धी** (~ *artery*)।

geniculate, -ated, –लॅट्, –अेटिड् aa. (श०र० शा०) मुग्न, जानुसदृश, **जानुनत, नतभुजाकार**, वक्र, घुटनेकी तरह मुड़ा हुआ; ग्रन्थिल, गाँठदार, जोड़दार।

geniculation –लें'शॅन् n. ग्रन्थिलता^F, ग्रन्थिमयता^F, गाँठदार होना।

genie जी'नि n. प्रेत, जिन्न (अरबी कहानियों^Fमें वर्णित)।

geniohyoid जीनिअॅहाइ'आॅइड् n. (चि०) **चिबुक कण्ठिका^F**, T.

genista जि'निस्'टॅ n. कण्टकलाय, सेमाजनी गुल्म, पीले फूलोंवाली झाड़ी^F विशेष, जनिस्टा।

genital जें'निटॅल् १. n. (pl.) (चि०, जीव०) **जननेन्द्रिय**; २. a. (चि०, जीव०) **जनन, जनन-सम्बन्धी**;

~ aperture, ~ cell, ~ cord, ~ duct, ~ opening, ~ organ, ~ plate, ~ pure, ~ ridge, ~ segment, ~swelling, ~ system, ~type, ~ vein.

genitival जॅनिटाइ'वॅल् a. संतति-सम्बन्धी, पीढ़ी-सम्बन्धी; सम्बन्धकारक-सम्बन्धी।

genitive जें'निटिव् n. & a. ~case *or*~ सम्बन्ध-कारक।

genitalia –टॅलिअॅ n. **जननेन्द्रिय, जनन-उपांग**।

genito- जनन- (जैसे, ~*-intestinal*, ~*-urinary*)।

genitor जें'निटॅर् n. जनयिता, जनक, पिता, बाप; पूर्वज, पूर्वपुरुष, पुरखा।

genitrix, genetrix –ट्रिक्स्, –ट्रिक्स् nn. जनयित्री^F, जन्मदात्री^F, माँ^F; पूर्वजा^F, पुरखिन^F।

geniture –च्युॲर् n. जनन, पैदाइश^F; सूत्रपात, आरम्भ; उत्पत्ति^F, जन्म।

genius जी'निअॅस् n. (pl. *geniuses*) **प्रतिभा-शाली, प्रतिभावान**, प्रतिभाशाली व्यक्ति; प्रज्ञा^F, मेधा^F, **प्रतिभा^F**, श्रेष्ठ बौद्धिक शक्ति^F, मतिप्रकर्ष, सहजात और असामान्य कल्पनाप्रवणता^F, रचनात्मकता^F, क्षमता^F; स्वभाव, प्रकृति^F, सहज योग्यता^F या निपुणता^F; किसी स्थानका संग या प्रसंग या प्रेरणा^F; आधिदैविक सत्ता^F, दैत्य, पिशाच; रक्षक उपदेवता, किसी स्थान या व्यक्तिका रक्षक प्रेत या जिन्न; जाति^F या युग आदिके प्रचलित विचार; किसी भाषा^F या कानून आदिका वैशिष्ट्य, पद्धति^F, गति^F, मूलतत्त्व; good, evil, ~ सुदेव, दुर्देव, दो विरोधी देवदूत या जिन्न (जो किसी व्यक्तिके मोक्ष अथवा बन्धनके लिए सचेष्ट रहते हैं)।

Gene. General.

genocide जें'नॅसाइड् n. (सयत्न) जाति-विनाश, **जनवध**।

genotype जें'नॅटाइप् n. **आनुवंशिकरूप**, समजाति^F, समज (जीव०, कृषि०) **जीन आकृति^F**।

genre ज़ॅन्र् (F) n. प्रकार, भेद; (विशे० चित्रकला^F-की) शैली, ढंग।

genro जें'न्'रो n. ज्येष्ठ राजनीतिज्ञ।

gens n. (इति०) **गोत्र**।

gens d'eglise (F) n. पादरी लोग।

gens de guerre (F) n. सैनिक लोग।

gens de lettres (F) n. साहित्यिक लोग।

gent जें'न्ट्' n. सज्जन (GENTLEMAN का संक्षिप्त-रूप); सज्जन होनेका दावा करनेवाला, बना हुआ सज्जन (हास्य०)।

gent. gentleman.

genteel जॅन्टील्' a. (प्रायः व्यंग्यपूर्ण) शिष्ट, अभि-जात, कुलीन, आर्य, उच्चवर्गीय, उच्चवर्गोचित, उच्चवर्ग-सम्बन्धी, सुवस्त्र, सुवेश, सुन्दर, सुसज्जित, सजा-सजाया, बाँका, छैला, फैशनेबल।

genteelism –'लिज़्म् n. परिष्कृत प्रयोग, मृदु शब्द, सद्भाषा^F।

genteelness –ल्'निॅस् n. शिष्टता^F, उच्चवर्गीयता^F, आभिजात्य, उच्चवर्गोचितता^F, उच्चवर्गसम्बन्धिता^F, सुवस्त्रता^F, सुवेशता^F, सुन्दरता^F, सुसज्जितता^F, सजा-सजाया होना, बाँकापन, छैलापन।

gentian जें'न्'शन्, जें'न्'टिअॅन् n. किरात, कुलका नीले फूलवाला पौधा, (कृषि०) **जैनशियन** (~*tincture*), जॅशन; ~ bitter जॅशनकी जड़^Fकी पौष्टिक औषध^F; ~ violet एक रंग; (चि०) सूत्रकृमिकी उत्तम औषधि^F।

gentile जें'न्'टाइल् n. & a. नास्तिक, मूर्त्तिपूजक या असभ्य, गैर-ईसाई; जातीयतासूचक, राष्ट्रीयता-व्यंजक (शब्द), जातीय, किसी जाति^Fका; (अमरीकी मॉर्मन सम्प्र-दायमें) जो मॉर्मन-वर्गका न हो, गैरमॉर्मन, काफिर, गैर-यहूदी T; भद्र, आर्य, सौम्य, मृदुल।

gentiledom –डॅम् n. काफिर-प्रदेश, मूर्त्तिपूजक वर्ग।

gentilesse जें'न्टिलें'स् n. शिष्टता^F, सद्व्यवहार, सौजन्य; सज्जनता^F, कुलीनता^F।

gentilise –'टिलाइज् v.t. शिष्टोंकी श्रेणी^Fमें उठा देना, सज्जनवर्गमें मिलाना, कुलीनोंकी कोटि^Fमें मानना।

gentilism -लिज़्म् n. मूर्त्तिपूजा^F।

gentilitial -लि'शल् a. जातीय, राष्ट्रीय; अभिजात, कुलीन-वर्गीय।

gentility -'लिटि n. (प्राय; व्यंग्यमें) अभिजात्य, कुलीन स्वभाव, सामाजिक श्रेष्ठता^F, सद्व्यवहार; अभिजन, शिष्ट या भद्र जन या महिला^Fकी मर्यादा^F, (अधुना क्वचित्); shabby ~ अभिजातमन्यता^F, आभिजात्य-आडम्बर, अमीराना ठाठ बनाये रखनेकी कोशिश^F।

gentle -'टॅल् १. n. (pl. ग्राम्य) भद्रजन, भले लोग, बड़े आदमी; मक्षिजातक या मक्खी^Fका बच्चा जो मछली^F-के शिकारमें चारेका काम देता है (a. *soft* मृदुलके प्रा० अर्थमें); २. v.t. घोड़ेको दृढ़तापूर्वक परन्तु नर्मी^Fसे चलाना, घोड़ा फेरना; ३. a. (प्रा०) सभ्य, शिष्ट, वदान्य, उदार, भलेमानस (अब भी लेखकों द्वारा सविनोद प्रयुक्त ~ *reader*) में); उच्चकुलोत्पन्न, सुजात, कुलीन; (जन्म, रक्त, वंश, व्यवसाय आदि) सम्मान्य, भद्रजनोचित, सम्मानपूर्ण, कुलीनोंका-सा; अनुशासित, शास्य, पालतू; (औषधि^F) धीरे-धीरे प्रभाव डालनेवाली, हलकी; **मन्द**, धीमी, हलकी (हवा^F); (नियम आदि) **सरल**; सदय, नम्र, कोमल, कृपालु; सह्य, क्रमिक, स्वल्प, थोड़ा, हलका, (*a ~ slope*) हलका (*a ~ heat*); (प्रा०) शस्त्रधारणका अधिकारी, जिसे हथियार बाँधनेका अधिकार हो (अब केवल ~ *and simple* में और समासोंमें जैसे, ~ *folk*); the ~craft बंसीसे मछली^F मारनेका कार्य; the ~ sex नारी^F, स्त्री^F;

~-born, ~-bred, ~-breeze, ~-browed, ~-eyed, ~-handed, ~-hearted, ~ looking, ~-mannered, ~-minded, ~-mouthed, ~-natured, ~ slope, ~-spoken, ~ undulation.

gentlehood -हुड् n. शिष्टता^F, कुलीनता^F, कुलीन-की मर्यादा^F, या विशेषता^F।

gentleman -मॅन् n. सज्जन, भद्रजन, सम्मानित व्यक्ति, शिष्ट व्यक्ति, महानुभाव, **भद्र पुरुष**, धनी, भलामानुस, रईस; सुजात पुरुष, सद्विचारपूर्ण व्यक्ति (*the ~'s psalm*); उच्चकुलोत्पन्न व्यक्ति जो किसी राजा या सरदारकी गृह-सेवा^Fमें नियुक्त हो (~ *in waiting* आदि); वह व्यक्ति जिसकी गणना^F अमीरों या कुलीनोंमें तो न हो पर जिसे शस्त्रधारणका अधिकार हो (मुख्यतः प्रा०); व्यवसायी (शिष्टतापूर्ण), (बहु०, भाषणमें) पुरुष, श्रोता, श्रीमान्; (pl. sing. n. के रूपमें) पुरुषोंका सार्वजनिक शौचालय; ~-at-arms राजकीय अंगरक्षक; ~ commoner आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिजका सुविधा^F-प्राप्त विद्यार्थी; ~'s agreement प्रतिष्ठा^Fके आधारपर किया हुआ समझौता (जिसका कानूनी उपयोग न हो); ~'s ~ सरदार या सामन्तका परिचारक, सेवक; ~ usher दौवारिक, सरदार या सामन्तका सेवक, पेशकार, ड्योढ़ीदार; old ~ शैतान।

gentlemanhood, -ship -हुड्, -शिप् nn. शिष्टता^F, धनाढ्यता^F, कुलीनता^F; रईसी^F, सरदारी^F।

gentlemanlike -लाइक् a. शिष्ट, सभ्य, विनीत, भद्रव्यक्ति-सदृश, शिष्टजनोचित, उच्चजनोचित।

gentlemanliness -लिनिस् n. आभिजात्य, शिष्टता^F, कुलीनता^F, सज्जनता^F, शिष्टता^F, सभ्यता^F; रईसी^F।

gentlemanly -लि a. भद्रजनोचित; भद्रजनोचित-व्यवहार करनेवाला, भद्रव्यक्तिसदृश, सौम्य, भद्र।

gentleness -निस् n. **भद्रता^F, सौम्यता^F**; अनाविष्टता^F, क्रमिकता^F, कोमलता^F, मन्दता^F, मुलायमियत^F; नम्रता^F, सदयता^F, विनीतता^F, नरमी^F।

gentlewoman -वुमॅन् n. अभिजात महिला^F, सन्नारी^F, कुलीन महिला^F।

gentlewomanhood -हुड् n. सन्नारीत्व।

gentlewomanliness -लिनिस् n. कुलीन या अभिजात महिलाओं^Fकी प्रकृति^F, आभिजात्य, नारीशिष्टता^F।

gently -टॅलि adv. कोमलतापूर्वक, सदयता^Fसे, नरमी^Fसे; शान्तिपूर्वक, नम्रता^Fसे, धीरे-धीरे, आहिस्ते; भद्रपुरुषों या भद्र महिलाओं^Fके सदृश; ~ born सत्कुलजात, सुजात, कुलीन, अच्छे घरानेका।

gentrice -ट्रिस् n. (प्रा०) अभिजातता^F, अभिजात्य, कुलीनता^F, उच्चकुलका होना।

gentry -ट्रि n. (व्यं०) महानुभाव, पुरुषवर्ग, भद्रपुरुष; अमीरों या सामन्तोंके नीचेका वर्ग।

genu जी'न्यू n. (चि०) जानु, घुटना।

genual जे'न्यूअल् a. जानु-सम्बन्धी।

genuflect जे'न्यूफ़्लेक्ट् v.i. घुटनोंके बल खड़ा होना, घुटने टेकना।

genuflector -टॅर् n. जानुक्षेपी या घुटनोंके बल खड़ा होनेवाला।

genuflectory -रि a. जानुनति-सम्बन्धी।

genuflexion -क्'शॅन् n. जानुनति^F, उपासना^Fके लिए घुटना टेकनेका काम।

genuine जे'न्यूइन् a. प्रमाणयुक्त, प्रामाणिक, वास्तविक, **यथार्थ** (~ *demand*), निर्मल, अकपट, स्वाभाविक, अकृत्रिम, सच्चा, बेबनावट; मौलिक, प्रसिद्ध स्रोत या लेखकसे समुद्भूत या निकली हुई; **विशुद्ध**, शुद्ध जन्मका, खरा, **असली**।

~ coin, ~ production, ~ signature, ~ statement, ~text,

genuineness -निस् n. मौलिकता^F, विशुद्धता^F, अकपटता^F, प्रामाणिकता^F, सच्चापन, खरापन; स्वाभाविकता^F।

genus जी'नॅस् n. (pl. *genera*) (जन्तु०, वन०) श्रेणी^F, वर्ग, **वंश**, जाति^F, वृन्द, गण, (तर्क०, भाषा०) प्रजाति^F; (शिथिलतापूर्वक) क्रम, प्रकार, भेद, summum ~ **पराजाति**।

Geo. George; Georgia.

-geny विकास, -शास्त्र, -विज्ञान (जैसे; *anthropo ~*, *crystallo ~*)।

geo- भू-, ज्यो- (जैसे, ~ *chemistry*)।
geoanticline जीअ‍ॅऐन्'टिक्लाइन् n. **विस्तीर्ण अवनति**।
geobiont जीअ‍ॅबाइ'ऑन्ट् n. (जीव०) **भूवासी**।
geobiotic जीअ‍ॅबिऑ'टिक् a. भूमिजीवी।
geocentric जीअ‍ॅसे'न्'ट्रिक् a. **भूकेन्द्रीय, भूकेन्द्रिक,** भौकेन्द्रिकताव्यंजक, भौकेन्द्रिकतायुक्त;
~ coordinates, ~ latitude, ~ motion, ~ parallax, ~ motion, ~ velocity.
geocentricism –ट्रिसिज़्म् n. भूकेन्द्रवाद, भौकेन्द्रिकवाद, भौकेन्द्रिकवाद (यह सिद्धान्त कि पृथिवी^F केन्द्रमें है)।
geochronology जीअ‍ॅक्रॉ'नॉ'लॅजि n. भूतैथिकी^F, **भूकालक्रम**।
geocyclic जीअ‍ॅसाइ'क्लिक् a. भूचक्रीय।
geode जी'ओड् n. गुहाग्रन्थि^F, (भू०) **रन्ध्र-ग्रन्थिका^F**; धराकृति^F, पत्थरमें वह गड्ढा जिसमें स्फटिक या अन्य खनिजपदार्थकी तह^F या रेखा^F चढ़ी हो।
geodesic, geodetic –डे'सिक्, –डे'टिक् aa. भूगणितीय, भूमापन-सम्बन्धी; **अल्पान्तरीय**; T.; (~ *geometry*), ~ line धरातलपर दो बिन्दुओंके बीचकी सबसे छोटी रेखा^F।
geodesist –ऑ'डि'सिस्ट् n. ज्यामितज्ञ, भूमापनविज्ञ।
geodesy –सि n. ज्यामिति^F, (गणि०) **भूगणित,** भूमापन; T.
geodetic जीअ‍ॅडे'टिक् a. (ग०) **भूगणितीय**।
geodetical –अ‍ॅडे'टिकॅल् a. ज्यामितीय, भूमापन-सम्बन्धी, भूपृष्ठीय।
geodic जीऑ'डिक् a. धराकार।
geodynamic जीअ‍ॅडाइनै'मिक् a. भूगतिक।
geog. GEOGRAPHY.
geognostic, -al जीअ‍ॅग्नॉस्'टिक्, -अ‍ॅल् aa. भूगर्भविद्या-सम्बन्धी।
geognosy –ऑग्'नॅसि n. रचनाभौमिकी^F, किसी मण्डलकी भूगर्भविद्या^F; शिला^F विशेषकी खनिजविशेषता^F, वर्ग और विभाजनकी विद्या^F।
geogonic –अ‍ॅगॉ'निक् a. भूगठन-शास्त्रीय, भूरचना-शास्त्र-विषयक।
geogony –ऑ'गॅनि n. (*geogeny* भी) भूगठनशास्त्र, भूरचनाशास्त्र, भूनिर्माण-शास्त्र।
geographer जिऑ'ग्रॅफ़र् n. भौगोलिक, भूगोलविद्, (भू०) **भूगोल-वेत्ता, भूगोलज्ञ,** भूगोलशास्त्री।
geographic, -ical जीअ‍ॅग्रै'फिक, -इकॅल् aa. (भू०) **भौगोलिक**; ~ latitude अक्षांश; ~ al mile विषुवत् रेखा^F पर १० देशान्तर या लगभग २००० गज; ~ tongue (चि०) भौगोलिक जिह्वा^F, संग्रहणीमें नक्शे-के समान रेखांकित सव्रण जीभ^F;
~coordinates, ~ distribution, ~ limits, ~ meridian, ~ mobility, ~ pole, ~ range, ~ shifts.
geography जिऑ'ग्रॅफ़ि n. भूपरिचय, भूवृत्तान्त, भूविवरण, भूगोल; भूगोलशास्त्र, भूगोलका ग्रन्थ या विषय।
geolatry जिॲ'ऑ'लॅट्रि n. भू-पूजन, पृथ्वी-पूजन, भू-उपासना^F।
geologic, -al जीअ‍ॅलॉ'जिक्, -अ‍ॅल् aa. (भू०) **भूवैज्ञानिक,** भूगर्भ-भौवृत्तीय, भौमिकीय, **भूतत्त्वीय,** भूगर्भ-सम्बन्धी, ~ formation **शैल-समूह;**
~ age ~ classification, ~column, ~ epoch, ~ era, ~factor, ~history, ~period, ~ process, ~record, ~ survey, ~time.
geologist जिऑ'लॅजिस्ट्, n. (भू०) **भूवैज्ञानिक, भूविज्ञानविद्**। भूतत्त्वज्ञ, भौमिकीविज्ञ, भूगर्भविद्, भूगर्भशास्त्री।
geologize –लॅजाइज् v.t. & i. भौमिकीयन करना, भूमि^F-का भू-गर्भीय दृष्टि^F से परीक्षण करनेमें समय लगाना; उक्त शास्त्रीय ढंगसे स्थान-परीक्षण करना।
geology –लॅजि n. (भू०) **भौमिकी^F, भूविज्ञान,** भूतत्त्व, भूवृत्त, भूविद्या^F, भूगर्भशास्त्र; मण्डलकी भूगर्भ-शास्त्रीय प्रकृति^F।
geol. geology.
geom. geometry.
geomagnetic जीअ‍ॅमैग्ने'टिक् a. **भूचुम्बकीय**।
~equator, ~ latitude, ~ longitude, ~ prospecting, ~ time.
geomancer जी'अ‍ॅमैन्सॅर् n. भूशकुन-ज्ञानी, भंडुरी।
geomancy –सि n. भूशकुन-विद्या^F।
geomantic –'टिक् a. भूशकुन-सम्बन्धी।
geometer जिऑ'मि'टॅर् n. भूमितिवेत्ता, रेखागणितज्ञ; डिम्भकीट जो आगे चलकर तितली^F बन जाता है, भुनगा, फतिंगा, कीड़ा-मकोड़ा।
geometric, -ical जीअ‍ॅमे'ट्रिक्, -इकॅल् aa. रैखिकीय, रेखागणितीय, रेखागणित-सम्बन्धी, रेखागणितकी; (घ० ज्या०) **ज्यामितीय**; (गणि०) **गुणोत्तर**; ~ al progression ज्यामितीय या गुणोत्तर श्रेणी जैसे १ : ३ : ९ : २७ : ८१;
~capacitance, ~construction, ~diagram, ~ drawing, ~figure, ~mean, ~model, ~ optics, ~ path, ~ pen, ~ pitch, ~ratio, ~ reasoning, ~ representations, ~ series, ~ shape, ~ similitude, ~ solid, ~ solution, ~ spider, ~staircase, ~units.
geometrician –मि'ट्रि'शॅन् n. रैखिकीविद्, भूमितिज्ञ, ज्यामितिज्ञ।
geometrize जिऑ'मि'ट्राइज् v.t. & i. ज्यामितीय पद्धति^F से कार्य करना या आकृति बनाना।
geometry –ट्रि n. रैखिकी^F; (गणि०) **ज्यामिति^F, भूमिति^F, रेखागणित**।
geomorphology जीअ‍ॅमॉर्फॉ'लॅजि n. भू-पटल-रचना^F, (भू०) **भू-आकृति-तत्त्व,** पृथ्वी^F के धरातलका आकार-प्रकार।

geonavigation जीॲनैविगे'शॅन् n. भू-नौविज्ञान।

geophagist जिॲऑ'फॅजिस्ट n. मृद्भक्षी, मिट्टी^F खानेवाला।

geophagous –फॅगॅस् a. मृद्भक्षी, मिट्टी^F खानेवाला।

geophagy –गि n. मृद्भक्षण, मृदशन, मिट्टी^F खानेका कार्य।

geophilic जीॲफि'लिक् a. भूमि^F के अन्दर पकनेवाला, पृथ्वी^F के ऊपर या नीचे रहनेवाला।

geophilous जिॲऑ'फिलॅस् a. भूमि^F के अन्दर फल पकानेवाला; (वन०) **भूसंसर्गी, भूम्यावर्ती,** अधोभूमिज, पृथ्वी^F के ऊपर या नीचे रहनेवाला; छोटे तनेवाला, T.

geophysical जीॲफि'जिकॅल् a. भूभौतिकीय, भूभौतिक, (~ *prospecting*), भूभौतिक-शास्त्रीय।

geophysics –क्स् n. (भू०) **भूभौतिकी^F,** भूभौतिक-शास्त्र।

geopolar जीॲपो'लॅर् a. भूध्रुवीय।

geopolitics जीॲपॉ'लिटिक्स् n. **भू-राजनीति^F,** भौगोलिक राजनीति^F।

geoponic जीॲपॉ'निक् a. कृषीय, कृषि-शास्त्रीय, कृषि-सम्बन्धी।

geoponics –क्स् n. कृषिशास्त्र, कृषि-विज्ञान।

geopotential जीॲपटे'न्शॅल् a. (ज्यौ०) **भूस्थितिज।**

George जॉर्ज् n. Garter प्रतीकके अन्तर्गत सम्मिलित एक जवाहर या मणि, ऑर्डर ऑव गार्टरका प्रतीक, सेण्ट जार्जकी मणिमय मूर्ति; इंग्लैण्डका संरक्षक सन्त; वायुयानका चालक यन्त्र (ग्रा०); by ~ जॉर्जकी शपथ^F (आश्चर्यमें); ~ Cross, Medal १९४० में संस्थापित वीरता^F का पदक, क्रॉस; Saint ~'s cross बीचोबीच एक दूसरेको काटती हुई लाल पट्टीवाला पदक, क्रॉस या सलीबकी आकृति^F विशेष।

georgette जॉर्जे'ट् n. एक प्रकारका बारीक रेशमी कपड़ा, जॉर्जेट।

Georgian जॉर्'जिॲन् a. इंग्लैण्डके प्रथम चार जॉर्जोंके कालसे सम्बन्धित; ~ glass **तापसह काच।**

Georgic¹ जॉर्'जिक् n. कृषिकाव्य।

georgic² a. कृषिसंबंधी; ग्राम्य, ग्रामीण, गँवारू।

geosphere जीॲस्फीॲर् n. स्थल-मण्डल; भूखण्ड।

geostatics जीॲस्टै'टिक्स् n. भूस्थिति-शास्त्र, भूस्थैतिकी^F।

geostrophic जीॲस्ट्रॉ'फिक् a. भूव्याकोची, **भूव्यावर्ती** (वायु)।

geotectonic जीॲटे'क्टॉ'निक a. भूव्यावर्ती, भूरचना-सम्बन्धी।

geothermic जीॲथॅ'र्'मिक् a. भूतापी।

geotropic जीॲट्रॉ'पिक् a. भूमध्यानुवर्ती, (वन०) **भू-अभिवक्र।**

geotropism जिॲऑ'ट्रॅपिज्म् n. **भू-अभिवर्तन,** भूम्यावर्तना^F, भूमध्यानुवर्तित्व; (वन०) **भू-अभिवक्रण,** गुरुत्वाकर्षण संयोगसे पौधोंका विकास।

Ger. German.

ger. gerund.

Geranium जॅरे'निॲम् n. कषायमूल, चंगोरी, सुन्दर फूलवाला पौधा जिसमें सारसकी चोंच^F से फल आते हैं, जिरेनियम; जिरेनियमका-सा लाल रंग।

geratology जे'रॅटॉ'लॅजि n. ह्रासविद्या^F, अपक्षयविज्ञान, जराविज्ञान।

gerbil जॅर्'बिल् n. दक्षिण अफ्रीकाका चूहा।

gerent जी'रॅन्ट् n. शासक, नियामक, नियन्त्रक; प्रबन्धक, व्यवस्थापक, कर्ताधर्ता।

gerfalcon जर्'फ़ॉक्न्, जर्'फ़ॉल्कॅन n. उत्तरी देशोंका बड़ा बाज।

geriatric जे'रिऐ'ट्रिक् a. जरा-सम्बन्धी, वृद्धावस्था^F तथा उसके रोगोंके औषध-विज्ञानसे सम्बन्धित।

geriatrician –ॲट्रि'शॅन् n. जराका पारंगत चिकित्सक।

geriatrics –'ट्रिक्स् n. pl. (चि०) वृद्ध चिकित्सा^F, जराव्याधिकी^F, वृद्धावस्था^F तथा उसके रोगोंसे सम्बन्धित औषध-विज्ञानकी शाखा^F।

geriatrist –ॲट्रिस्ट् n. जराचिकित्सक, वृद्धावस्था^F के रोगोंका विशेषज्ञ।

geriatry –ट्रि n. वृद्धावस्था^F का रोग।

germ जर्म्' १. n. जीव या पौधेका मूल तत्त्व, अंकुर, बीज; (चि०) डिम्ब, अविकसित भ्रूण; बीजाणु; कीटाणु, **जीवाणु;** सूक्ष्म जन्तु; (ला०) मूलसिद्धान्त, स्रोत, उद्गम, मूलदशा^F; **जनित्र;** २. v. i. अंकुरित होना, उगना (केवल ला०); ~ cell (कृषि०, जीव०) **जनन कोशिका^F;** *in* ~ अविकसित;

~ band, ~ gland, ~ hillock, ~ layer, ~ nucleus, ~ plant, ~ plasm, ~ pore, ~ theory, ~ track, ~ tube, ~ warfare.

German¹ जर्'मॅन् १. n. जर्मनीका निवासी, जर्मनीकी भाषा^F; जर्मन; २. a. जर्मनीका निवासी, जर्मनीकी भाषा-सम्बन्धी; ~ measles (चि०) जर्मन रोमान्तिका रोग, खसरा; ~ Ocean उत्तरीसागर; ~ sausage एक मांसमिश्रित चटनी^F, जर्मन सॉस^F; ~ silver, निकल, जस्ते और ताँबेकी मिलावट^F, (रसा०) **जर्मन सिलवर;** ~ text प्राचीन टाइपके अँग्रेजी अक्षर (जो जर्मन अक्षरोंसे मिलते-जुलते हैं); High ~ दक्षिणी जर्मनीकी भाषा^F जो अब पूरे जर्मनीकी साहित्यिक भाषा^F है; Low ~ जर्मनीकी बोलियाँ^F जो हाई जर्मन नहीं हैं, पश्चिमी जर्मनीके सभी रूप जिसमें इंगलिश और डच भी सम्मिलित हैं;

~ band, ~ black, ~ camomile, ~ orange, ~ pore, ~ process, ~ tamarisk, ~ verdigris.

german² जर्'मॅन् a. सहोदर, सोदर, सगा, निकटका सम्बन्धी (*cousins* ~)।

germander जर्मैन्'डॅर् n. पौधेका भेद (विशे० ~ *speedwell*)।

germane जर्मेन्' a. सम्पृक्त, प्रसंगोपान्त, संगत, सम्बद्ध, सम्बन्धित।

Germanic जर्मै'निक् a. जर्मन, जर्मनीका; g~ (रसा०) सिकतिक।
Germanism -'मॅनिज़्म् n. जर्मनवाद, जर्मन रीति^F, जर्मन शैली^F, जर्मन मुहावरा।
Germanity -मैं'निटि n. जर्मनोंके विशिष्ट गुण।
Germanization -मॅनाइज़े'शॅन् n. जर्मनीकरण, जर्मन बनाना या बनना।
Germanize -मॅनाइज़् v.t. & i. जर्मनीकृत करना, जर्मन बनना या बनाना, जर्मन मुहावरेमें बदलना।
Germanomania -मॅनॅमे'निॲ n. जर्मनप्रेम, जर्मनासक्ति^F, जर्मनपरायणता^F, जर्मनी देश या उसकी वस्तुओं^F का चाव।
Germanophile -मैं'नॅफिल a. जर्मनप्रेमी।
Germanophobia -नॅफो'बिॲ n. जर्मन-भीति^F, जर्मन-भय।
germen जर्'मेन् n. अण्डाशय, पुष्पयोनि^F।
germicidal जर्मिसाइ'डॅल् a. जीवाणुनाशक।
germicide -'मिसाइड् n. & a. जीवाणुघ्न, रोगाणुमार, (रसा०) जीवाणुनाशक, (चि०, कृषि०) जीवाणुमार, जीवाणुघाती, जीवाणुनाशी, कीटाणुघाती (पदार्थ)।
germifuge -मिफ्यूज् a. (चि०) जीवाणु निष्कासक, जीवाणु निकालनेवाली।
germinal -मिनॅल् a. भ्रूणीय, डिम्ब-, विकासकी प्रारम्भिक दशा^Fमें स्थित; रोहि-, बीज-, (कृषि०) बीजाणुगत (~ *variation*), जीवाणु सम्बन्धी।
germinant जर्'मिनॅन्ट् a. (प्रायः ला०) उपजानेवाला, उगनेवाला; जीवाणुयुक्त।
germinate -नेट् v. t. & i. अभिवर्द्धित करना, अंकुरित करना, उगाना, उपजाना, उत्पन्न करना, पैदा करना; अंकुरित होना, उद्भिन्न होना, उपजना, उगना, निकलना, फूटना (शा० और ला०)।
germinating -टिंग् a. रोही, उद्भेदी, उगाऊ (~ *seed*)।
germination -ने'शॅन् n. (वन०, कृषि०) जनन, अंकुरण, स्फुटन, उद्भव, उद्भेद;
~ capacity, ~ energy, ~ factor, ~percentage, ~ temperature, ~ test.
germinative -'मिनॅटिव् a. रोही, उद्भेदनशील, उगानेवाला, (चि०) जीवाणु-सम्बन्धी।
germinator -नेटॅर् n. उद्भेदक, उत्पन्न करनेवाला, उपजानेवाला, उगानेवाला।
germanium जार्मै'निॲम् n. जर्मनधातु (१८८५ में प्राप्त)।
germplasm जर्म्'प्लैस्म् n. जनन-द्रव्य, (कृषि०) जनित्र-द्रव्य, पित्र्य-द्रव्य, रज।
germule जॅर्'म्यूल् n. जीवाणुक, कीटाणुक, छोटा कीड़ा।
gerontocracy जॆं(गॆं)रॉन्टॉ'क्रॅसि n. स्थविर-तन्त्र, वृद्ध-तन्त्र, वृद्ध-शासन, बूढ़े आदमियोंका राज।
gerontology जेरॉन्टॉ'लॅजि n. जरा-विज्ञान, वृद्ध-रोग-विज्ञान, वृद्धावस्था^F तथा रोगोंका वैज्ञानिक अध्ययन।

-gerous (प्रयोगमें ~-*igerous*) -भृत्, -युक्त, -धारी।
gerrymander, jery- गे'रिमैन'डॅर्, जे'रि- १. n. निर्वाचनमें किसी दलके लाभार्थ अनुचित राजनीतिक प्रभाव डालनेका कार्य; २. v.t. अनुचित राजनीतिक प्रभाव डालकर निर्वाचनमें किसी वर्ग या दलको लाभ पहुँचाना।
gerrymanderer -रॅर् n. राजनीतिक निर्वाचनमें लाभके लिए अनुचित प्रभाव डालनेवाला व्यक्ति।
gerund जे'रॅन्ड् n. क्रियावाचक संज्ञा^F, संज्ञार्थक क्रिया^F, अंग्रेजी क्रियामें -ing जोड़कर बनायी हुई संज्ञा^F (*his doing this is doubtful*); ~-*grinder* लैटिन भाषा^Fका अध्यापक।
gerundial, -ival जॅरन्'डिॲल्, जेरॅन्डाइ'वॅल् aa. क्रियार्थक, क्रियावाचक संज्ञा-सम्बन्धी।
gerundive-डिव् n. & a. क्रियावाचक संज्ञा-सा, क्रियावाचक संज्ञा^Fका; gerund से बना हुआ क्रियात्मक विशेषण जिसमें *that should be done* आदिके भाव हों।
gesso जे'सो n. एक प्रकारका प्लास्टर जो चित्रकला^F और मूर्तिकला^Fमें प्रयुक्त होता है, जेसो।
gest[1], **geste** जे'स्ट्, जे'स्ट्' nn. वीरगाथा^F, साहसिक कार्योंकी कथा^F; वीरकार्य, साहसिक कार्य।
gest[2], **geste** nn. अंग-विक्षेप, संकेत, इंगित, इशारा; व्यवहार, आचरण, सलूक।
gestation -टे'शॅन् n. (चि०, श०र०शा०) सगर्भता^F, गर्भावधि^F, गर्भधारण, गर्भवहन, गर्भधारणकाल, गर्भावस्था^F; ~period गर्भावधि^F।
gestatorial जेस्टॅटोॲ'रिॲल् a. वाह्य, वहनीय, ले जाने योग्य।
gestatory -'टॅटॅरि a. गर्भवहन-विषयक, गर्भधारण-सम्बन्धी।
gestic जे'स्'टिक् a. व्यावहारिक, व्यवहारात्मक, आचरणीय; अंगविक्षेपात्मक, संकेत-सम्बन्धी।
gesticulate जेस्टि'क्यूलेट् v.t. & i. इंगित करना, शारीरिक चेष्टाओं^F या अंगचालन द्वारा आशय व्यक्त करना, अभिनय करना, हाव-भाव व्यक्त करना।
gesticulation -ले'शॅन् n. अंगविक्षेप, अंगहार, इंगित, शरीर-चेष्टा^F, हाव, आशयव्यंजक अंगचालन।
gesticulative -'क्यूलॅटिव् a. सांकेतिक, संकेतसूचक, हावपूर्ण।
gesticulator -लेटॅर् n. अंगविक्षेपक।
gesticulatory -रि' a. सांकेतिक, संकेतसूचक, हावपूर्ण।
gestural जे'स्'चॅरॅल् a. अंग विक्षेप-विषयक, अंगहार-सम्बन्धी, चेष्टासम्बन्धी, सांकेतिक, मुद्रा-विषयक।
gesture -'च्युॲर् n. & v.t. & i. अंगविक्षेप, अंगहार, चेष्टा^F, इंगित, सैन^F, इशारा (~*language*); संकेत, अंगभंगिमा^F, भावभंगी^F, हाव, भावव्यंजना^Fके लिए या भाषणमें प्रभावके लिए अंगविक्षेप या अंगचालनका प्रयोग; ~of goodwill सद्भावना प्रकाशन।

get[1] गे'ट्' n. बच्चा देना, बच्चे, झोल, वियान, ब्यान (जानवरोंका)।

get[2]* v.t. & i. (*got, p.p. gotten* ⊙) (परिवर्तिं०) उपलब्ध करना; प्राप्त करना, पाना*, अर्जन करना, कमाना (*cannot~ a living*); जीतना (*~the upper hand*); लाभ उठाना, लाभ करना (*got little by it*); ग्रहण करना, लेना; संकलन या योगफलरूपमें प्राप्त होना (*we~9. 5 as the average*); पा जाना, पा लेना (कोई वांछित वस्तु^F); आदान करना, पारिश्रमिक या उपहार आदिके रूपमें प्राप्त करना; हाथ आना, हाथ लगना; मिलना; होना, पड़ना; महिमान्वित होना आदि (~ *fame*); निर्माण करना, बनाना ⊙; साख^F जमना या होना; प्रसिद्ध होना; परिणामपर आना, (प्रार्थना^F, माँग^F, जाँच^F आदिसे) निकालना (*could not ~ leave*); समाहार करना, संक्षिप्त करना, समेटना; लगा लेना (~ *measles*); इकट्ठा करना, समेटना, बटोरना; रखनेमें सफल होना, लाना, लानेमें सफल होना (*got it over* या *across*); बनाना, कराना (*~them ready*); व्यवस्था^F करना, प्रबन्ध करना, जुगाड़ करना, जुटाना (*we can ~ it for you*); (अब प्रायः केवल जानवरोंके विषयमें) ब्याना; सहना, (लाठी^F आदि) खाना, भुगतना, बरदाश्त करना, (बोल० perf. में) पासमें होना, रखना (*have not got a penny*); पकड़ना, फाँसना (मछली^F आदि); (बोल०) पाना, जीमना, (भोजन आदि) (बोल०) समझना (व्यक्ति या वस्तु^Fको); प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना, उद्यत करना, तैयार करना, दबाव डालना, उकसाना, उभाड़ना, खड़ा करना; २. int. (ग्रा०) ऋणमुक्त होना, चुकाना; होना, हो जाना (~ *married*); आने या जानेमें सफल होना; करने लगना (*they got talking*); (*infin.* सहित) प्रकृति^F या आदत^F होना (*one soon ~s to like it*); ~-up साज-सज्जा^F; *~about* एक जगह^Fसे दूसरी जगह^F जाना, आना-जाना, चलना-फिरना, बीमारी^Fके बाद टहलना; (अफवाह^Fका) फैलना; *~across* or *over* (ग्रा०) प्रभावशाली होना, श्रोताओंतक पहुँचना; *~ahead* अग्रसर होना, बढ़ना; *~along* प्रबन्ध करना, मिलजुलकर या मेलजोलसे रहना, जैसे-तैसे चलाना, सफल होना, आगे बढ़ना, निभना या निभाना; *~along with you !* (बोल०) दूर हो, मूर्ख, परे हट; *~a move on* (ग्रा०) प्रस्थित होना, चलचलाव करना; *~at* पहुँचना (~-at-able a.); पूछकर निश्चय करना, मालूम करना, पकड़ना, कब्जा करना, (ग्रा०) बनाना, छेड़ना, घूस^F लेना, लँच^F लेना, (ग्रा०) प्रहार करना, आक्रमण करना (*who are you~ting at*); *~away* ⊙ प्रस्थान करना, भागना, (आज्ञार्थक) दूर हो; ~awaymen (सैन्य०) **अपधावक;** *~away with it* निर्विघ्न कार्य करना, कार्यमें सफल होना, प्रतिशोधसे बच निकलना, भाग जाना; *~back* ⊙ खोयी हुई वस्तु^F पाना, घर लौट आना; *~back* हट जाना, रह जाना; *~back* one's or *some of* one's *own* (ग्रा०) प्रतिशोध या बदला लेना; ~ (*the*) *better of* हावी होना; *~beyond* अतिक्रमण करना; *~clear of* मुक्त होना, छूटना; *~down* उतरना; ~one's *hand in* घनिष्ठ सहयोगी बनना; *~in* गाड़ी^Fमें बैठना या पैठना; प्रहार करनेमें सफल होना; समयपर कर देना; फसल काटकर घर लाना, लहना लेना; उगाहना; संसद^F या पार्लमेण्ट^Fका सदस्य चुना जाना; *~in* प्रवेश करना; *~in to* (बोल०) पहनना (कपड़े, बूट), चढ़ जाना (नशा); *~it* मार खाना, मरम्मत^F होना, डाँटा जाना; *~it into* one's *head* विचार द्वारा सन्तुष्ट होना, कोयल होना; *~knowledge* or *wind of* ज्ञान प्राप्त करना, अफवाह^F सुनना; *~off* (घोड़े आदिसे) उतरना; पीछा छुड़ाना, छुटकारा पाना, हट जाना, न ठहरना (घास^F आदि परसे); *~off* किंचित दण्डसे ही छूट जाना, सस्ते छूट जाना, निकल भागना, छुट्टी^F या रिहाई^F हो जाना; प्रस्थान करना, भाग जाना, रवाना होना; सो जाना; *~off with* प्रेमासक्त होना, सखी-सखा होना; *~on* चढ़ना, सवारी^F करना (घोड़े आदिपर); भाषण करनेके लिए खड़ा होना; *~on* ⊙ अधिकृत करना, अधिकार करना, कब्जा पाना; *~on* पहुँचना, नगिचाना (अवस्था^F आदि *be ~ting on for*); जैसे-तैसे प्रबन्ध करना या चलाना, काम चलाना, सहमत होना, मिलकर या मेलजोलसे रहना, सुखी होना, निभाना; उन्नति^F करना (*~on* or *~out* काम करना या जाना), आगे बढ़ना; वस्त्र धारण करना, रखना (कदम); *~on to* ⊙ समझ लेनेमें सफल हो जाना; *~out* (*imperat.*) दूर हो, मूर्ख; प्रकाशित करना, वर्णन करना, मालूम कर लेना, प्रकट हो जाना, °खुल जाना; ~ out of निकलना या भाग जाना; (*got out of bed on wrong side*) रोषपूर्ण है, उनका मिजाज खराब है; *~out of hand* नियन्त्रणसे बाहर होना, काम आदि पूरा करना या होना, धीरे-धीरे आदत^F छोड़ना, कामसे बचना, प्राप्त करना या निकालना (सूचना^F या खबर^F), उपलब्ध करना (रुपया) (किसी व्यक्तिसे); ~ *out of sight*, one's *depth* आँख^Fसे ओझल हो जाना, इतने गहरे पानीमें होना कि खड़ा न रहा जा सके; *~over* पूर्ण करना, समाप्त करना (कठिन कार्यको); (तर्क०, गवाही^Fको) अप्रामाणिक सिद्ध करना, जीत लेना (कठिनाइयों^Fको), (ग्रा०) फाँसना, चरका देना; पूरा करना, तय करना (दूरी^F, काम आदि), दूर होना (आश्चर्य, बीमारी^F आदि); *~religion* धर्मपरिवर्तन करना; *~rid of* पीछा छुड़ाना, छुटकारा पाना; ~ *round* (मीठी बातों^Fसे) तैयार कर लेना, राजी कर लेना, बच निकलना, टाल देना; *~s there* ⊙ सफल होना है; *~the gate* ⊙ दरवाजेके बाहर निकाल दिया जाना, *~the wind up* (ग्रा०) भयकातर होना; भयभीत होना; *~through* पहुँचना, पहुँचाना (अन्तिम सीमा^Fतक), (विधेयक) स्वीकृत हो जाना, पारित हो जाना, कालक्षेप करना, कालयापन करना; *~through* परीक्षा^Fमें उत्तीर्ण होना, सफल होना, निकल जाना, गन्तव्य या मंजिलपर पहुँचना या लाना; *~through with* कर डालना, बरदाश्त कर ले जाना;

~*to* आरम्भ करना, शुरू करना (उद्योग, व्यापार आदि); ~*together* ⊙ एकत्र करना, इकट्ठा करना; ~*under* जोर कम कर देना (आग^F^का); ~*under way* (नौवि०) चल पड़ना; ~ *up* उठना, जाना; सवारी^F^ करना; परीक्षा^F^के विषयोंको तैयार करना; उत्पन्न करना, पैदा करना; (क्रिकेटकी गेंद^F^का) टप्पा या गड्ढा खाकर उछलना, संघटन करना; पैरोंपर खड़ा होना; कपड़ेपर इस्तरी^F^ आदि करना; सँवारना, सजाना (बाल, शरीर, नेपथ्य, छपाई^F^ और किताब^F^की जिल्दबन्दी^F^); उपहार देने योग्य बनाना; (आग^F^, हवा^F^, समुद्रका) भीषण होना, उग्र होना; (खेलका) जमना; भड़काना (*I got my back up* मैं स्वयं रुष्ट हुआ); अभिनय करना, बनावटी भाव प्रकट करना या दिखाना; ~(person) *upon a subject* किसी व्यक्तिको प्रस्तुत प्रसंगपर लाना; ~*wind* प्रसिद्ध हो जाना, फैल जाना; ~*wise to* ⊙ (से) परिचित होना; ~*with child* गर्भवती होना; *where has it got to* उसका क्या हुआ ?

getable –'टेबल् a. प्राप्य, ग्रहणीय, प्रापणीय।

getaway गे'ट्'अॅवे n. पलायन (*make* one's~)।

getter –'टॅर् n. प्रापक व्यक्ति, **ग्राहक**, ग्रहीता, पानेवाला।

getting –टिंग् n. प्रापण, लब्धि^F^, ग्रहण, पाना।

get-up गे'ट्'अॅप् n. बनावट, ठाठ, साजसज्जा, (पुस्तक आदिका) **गेट-अप**।

Geum जी'अॅम् n. भद्रशाक, नान्दीवर्ग, गुलाब-जैसा एक पौधा, जीयम, एवेंस।

gewgaw गीऊ'गॉ n. तुच्छ वस्तु^F^, जगमगाते आभूषण, भड़कीले खिलौने।

geyser गे'ज़र्, गाइ'ज़र n. (प्रा० भूगोल०) **उष्णोत्स**, गर्म पानीका सोता या चश्मा, गीज़र; पानी गरमानेका एक विशेष चूल्हा, हमाम।

G F.S. Girl's Friendly Society.

g.gr. great gross (144 doz.).

gharry गै'रि n. गाड़ी^F^।

ghastliness गा(गै)स्ट्'लिनिस् n. विवर्णता^F^, पीलापन; भयानकता^F^, विकटता^F^, डरावनापन।

ghastly –'लि a. उत्कम्पक, भीषण, कराल, भयावह, भयंकर, भैरव, भयानक, पैशाचिक, प्रेत रूप, डरावना; विवर्ण, निष्प्रभ, म्लान, मृतवत्, पीत; (बोल०) आक्षेप योग्य; (मुसकान आदि) हठात् आकृष्ट, व्यथापूर्ण; (adv. मुख्यतः a. के साथ जैसे ~ pale)।

gha(u)t गॉट्' n. द्रोणी^F^, घाटी^F^, दर्रा; नदीतट, तीर, घाट, किनारा; burning-~ श्मशान घाट; Eastern G~s पूर्वीघाट; Western G~s सह्याद्रि, महेन्द्र पर्वत, पश्चिमी घाट।

ghee गी' n. घृत, घी।

gherkin गर्'किन् n. कण्टककर्कटी^F^, छोटी ककड़ी^F^, खीरा।

ghetto गे'टो n. यहूदियोंका मुहल्ला या यहूदी टोला, गेटो।

Ghibelline गि'बॅलिन् १. n. राजवादी, सम्राट्के पक्षका व्यक्ति; २. a. राजवादी, सम्राट्-पक्षीय।

Ghibellinism –निज़्म् n. राजवाद, सम्राट्का पक्ष-ग्रहण।

ghost गोस्ट्' १. n. प्रेत, भूत; प्रतिच्छाया^F^, छायामय रूपरेखा^F^ या सादृश्य; क्षीण व्यक्ति, दुबला-पतला आदमी; मृतात्मा^F^; ईश्वरकी आत्मा^F^, जीवनका सिद्धान्त; गूढ़ लेखक, भूत लेखक, वह कलाकार या लेखक जो पैसोंके बदले दूसरोंके नामके लिए रचना^F^ करे; (प्रकाश०) छाया^F^ उपबिम्ब या धब्बा जो दूरदर्शकयन्त्रके क्षेत्रमें शीशेकी खराबी^F^से दिखायी देता है; २. v.t. & i. प्रेत या भूत-बाधा^F^ होना, भूत लगना (क्वचित्); भूतलेखकके रूपमें काम करना; ~line **कपट रेखा**^F^; ~ signal **आभासी संकेत; कपट संकेत;** ~ town **उजाड़नगर;** ~-word कूट शब्द; *give up the* ~ दिवंगत होना, मर जाना; *not the* ~*of a chance* बिलकुल आशा^F^ नहीं; *raise, lay* ~प्रेत या भूत बुलाना या दूर करना।

ghosthood –'हुड् n. प्रेतत्व, भूतपन।

ghostlike –'लाइक् a. प्रेत तुल्य, भूत-सा।

ghostliness –'लिनिस् n. पारमार्थिकता^F^, प्रेतत्व; भूतपन।

ghostly –लि a. (प्रा०) पारमार्थिक, आत्मिक, धार्मिक; भूत-प्रेत-सम्बन्धी, भूतका-सा; ~ comfort, counsel आत्मिक धैर्य या परामर्श जो पादरी द्वारा दिया जाता है; ~ father, adviser, director वह पादरी जिसके समक्ष पाप-स्वीकृति^F^ की जाय; *our* ~ *enemy* शैतान।

ghoul गूल् n. पूर्वी कहानियों^F^में शवभोजी प्रेत, पिशाच, गाउल।

ghoulish –'लिश् a. पिशाचवत्, गाउलका-सा।

G.H.Q. General Head Quarters.

ghyll गिल्' n. गहरी दरार^F^, कन्दरा^F^, दर्रा, खड्ड।

G.I. (U. S. Army) Government (or General) Issue—hence—Common Soldier.

G.I.A.D. Government of India, Army Department.

giansar जिंअन्सर n. (गणि०) **जियंसर, एकादशकालीय**।

giant जाइ'अॅन्ट् १. n. असमान्य या असाधारण शक्ति^F^, योग्यता^F^, धृति^F^ आदि गुणोंसे सम्पन्न व्यक्ति; असाधारण पुरुष; दीर्घकाय व्यक्ति, पशु या पौधा; वृहत्काय पुरुष, भीमकाय व्यक्ति, राक्षस, दैत्य, **दानव**, यूरेनस (आकाश) और जीओ (पृथ्वी^F^) के पुत्रोंमेंसे एक या टारटरस (दितिपुत्र) जिसने देवोंसे युद्ध किया, जायण्ट; २. a. **बृहत्**, महान्, असाधारण आकार या शक्तिसे युक्त, **भीमकाय**, अतिकाय, विशालकाय, दैत्याकार (प्रायः पौधोंके नामोंमें); ~-molecule **भीमाणु, विशाल अणु;** ~('s)-stride बड़े-बड़े डग भरनेवाला यन्त्रविशेष;
~ cell, ~ climber, ~ fibre, ~ heron, ~ puffball, ~ reed, ~ star, ~ whale.

giantess –टिस् n. राक्षसी^F^, दैत्या^F^, विकटाकार स्त्री^F^, पिशाचिनी^F^।

giantism –टिज़्म् n. महाकायता^{F}, दैत्यता^{F}, राक्षसपन।

giantlike –ट्-लाइक् a. भीमकाय, महाकाय, विकटाकार, दैत्याकार।

giantship –शिप् n. असामान्यता^{F}, असाधारणता^{F}; दीर्घकायता^{F}, भीमकायत्व।

giaour जॉउअर्' (F) n. विधर्मी, काफिर।

gib[1] गिब्', जिब्' n. धारिपट्ट, क्रेनका हत्था, T.

gib[2] गिब्' n. (~cat भी) बिडाल, बिल्ला, (विशे०) खस्सी बिल्ला।

Gib. Gibralter.

gibber गि (जि)'बॅर् १. n. प्रलाप, बड़-बड़^{F}, लष्टम-पष्टम, गपड़-सपड़, अनाप-शनाप; २. v. i. बन्दरकी तरह किल-किलाना, बड़-बड़ाना, गिलबिलाना, जल्दी-जल्दी बात^F करना जो समझ^{F}में न आये।

gibberish गि'बॅरिश् १. n. अण्ड-बण्ड, अनाप-शनाप, अबोधगम्य वार्ता^{F}, त्रुटिपूर्ण बात^F, निरर्थक ध्वनि^{F}, समझसे बाहरकी भाषा^{F} या बातचीत^F, बड़बड़^{F}; २. a. अनर्थक।

gibbet जि'बि ट् १. n. (मूल०) फाँसी^{F}, फाँसी^{F} द्वारा मृत्यु^{F}; (परवर्ती) मृत्युदण्डके बाद अपराधीके शवको लटकानेका लट्ठा, फाँसी^{F}, टिकठी^{F}; २. v.t. फाँसी^{F}पर लटकाना; फाँसी^{F} द्वारा मृत्युदण्ड देना; कुत्सा^{F} या निन्दा^{F} करना।

gibble-gabble गि'बॅल्-गै'बॅल् n. व्यर्थकी बात^F, उल्टा-सीधा, अनाप-शनाप, बकवास^F।

gibbon गि'बॅन् n. शाखा-मृग, लंगूर, लम्बे हाथोंवाला एक बन्दर, गिबन।

gibbose गि'बोस् a. ककुन्मय, वक्र, कूबड़दार, कुबड़ा, डीलदार।

gibbosity –बॉ'सिटि n. (चि०) कुब्जता^{F}, प्रोद्वर्ध, उभार, फुलाव।

gibbous –'बॅस् a. उन्नतोदर, **विस्फीत**, उन्नत, उभारदार, उभरा हुआ; (चन्द्र या ग्रहोंके विषयमें) **अर्धाधिक** (~ *moon*), वृत्तसे कम और अर्द्धवृत्तसे अधिक प्रकाशित; कुब्जयुक्त, कुँबड़ा।

gibe, jibe जाइब्', जाइब्' १. n. उपहास, मजाक, ठठ्ठा, बोली-ठोली^{F}, ताना, टिपोरी^{F}; २. v.t. & i. उपहास करना, ताना मारना, टिपोरी^{F} करना।

giber –'बॅर् n. उपहास करनेवाला, टिपोरिया, ठिठोलिया।

giblets जिब्'लि ट्स् n. pl. छिछड़े, मुर्गे आदिका वह भाग जो पकानेसे पहले अलग कर लिया जाता है जैसे कलेजा, पचौनी^{F}, अँतड़ी^{F}; पंजे, डैनेके बाहरी जोड़; ~ soup वह शोरबा, झोल या जूस जो ओझड़ी^{F} आदिसे बनाया जाता है।

gibus जाइ'बॅस n. एक प्रकारका हैट।

G.I., C. & I. Government of India, Commerce and Industry Department.

giddiness गि'डिनि स् n. घूर्णन, **चक्कर**, घुमरी^{F}; अचेतनता^{F}, बेसुधी^{F}, हलकापन, ओछापन।

giddy –डि १. v.t. & i. अचेत होना या अचेत करना, बेसुध होना या बेसुध करना; २. a. चक्कर लानेवाला, घुमरी^{F} पैदा करनेवाला (*a ~ precipice*); घुमड़ी^{F}से ग्रस्त, घुमरीवाला; चकरानेवाला, चक्कर खानेवाला, जिसका सिर चकराता हो (बीमारी^{F}, सफलता^{F} आदिसे) सवेग भ्रममाण, वेगपूर्वक चक्कर खाता हुआ; अस्थिर, चपल, लोल, उन्मत्त, चलचित्त, उद्वेजनीय, अस्थिरचित्त, मानसिक रूपसे बेसुध, मनमौजी, हलका, ओछा; ~-brained विचारशून्य; ~-paced अस्थिर, लड़खड़ाता; *play the ~ goat* मूर्खतापूर्ण आचरण करना।

G.I.,E D. Government of India, Education Department.

G.I.,F.D. Government of India, Finance Department.

gift गिफ्ट्' १. n. अर्पण, परिदान (*would not have it at a ~*); **उपहार**; उपदान, प्रीतिदान, पारितोषिक, उपायन, उपढौकन, उपहारकी वस्तु^{F}; (कानून) **दान**, देन, **भेंट**^{F}, हिब्बा; नैसर्गिक दान, प्राकृतिक दान; प्रतिभा^{F}, दिव्य गुण, नैसर्गिक योग्यता^{F} या क्षमता^{F}; २. v.t. उपहार या भेंट^F देना; ~ deed दानपत्र, हिब्बानामा; ~ horse उपहार या दानका घोड़ा; *the living is in the ~ of* उसका जीवन दानका जीवन है।

gifted गिफ़्'टि ड् a. मेधावी; प्रतिभाशाली, गुणी, नैसर्गिक योग्यतायुक्त;

~ gratuity, ~ journal, ~ parcel.

gig[1] गिग्' n. टमटम^F, T; दोपहिया एक घोड़ेकी गाड़ी^{F}; नौका-प्रतियोगिता^{F}की नाव^F; हलकी नाव^F जो पोतके साथ रहती है; ~-lamps (ग्रा०) चश्मा, ऐनक।

gig[2] n. मछली^{F}के शिकारका भाला या बर्छा।

gigantean जाइगॅन्टी'ॲन् a. राक्षसी, भीमकाय, विकट, भयानक।

gigantesque –गैन्टे'स्क्' a. बृहत्काय, देउ-सरीखा।

gigantic –'टिक् a. बृहत्काय, अतिकाय, महाकाय; विराट्, असाधारण रूपसे विशाल, प्रकाण्ड, बड़ा भारी।

gigantism –'गॅन्टिज़्म् n. अतिकायत्व, **अतिकायता**^{F}, राक्षसत्व, भीमकायता^{F}, विकटता^{F}, भयानकता^{F}, T.

gigantology –टॉ'लॅजि n. राक्षस-विज्ञान, दैत्यविज्ञान, राक्षसशास्त्र।

gigantomachy –'मॅकि n. राक्षसयुद्ध, दैत्ययुद्ध।

gigantopteris –पिटेरिस n. (इति०) **बृहत्पत्र**।

giggle गि'गॅल् १. n. अशिष्ट हास्य, अस्फुट हँसी^{F}, अशिष्ट हँसी^{F}, दबा हुआ, ठठ्ठा या ठहाका; २. v. i. (अनु०) अशिष्ट, उद्धत और अनुशासनहीन लड़की^{F}की तरह हँसना, दाँत निकालना; रह-रहकर हँस पड़ना, ठठ्ठा मारना, खी-खी^{F} करना, फूहड़पनेसे हँसना।

giggler –लॅर् n. अशिष्ट हँसी^{F} करनेवाला, दाँत निपोरनेवाला, खीस^F निकालनेवाला।

giglet गिग्'लि ट् n. मूर्ख बाला^{F}, बेहूदी लड़की^{F}।

giglot गिग्'लॅट् n. विचलित, अस्थिर, चलायमान।

gigman गिग्'मॅन् n. बग्घीवाला; बना हुआ आदमी।

gigolo जि'गॅलो n. व्यावसायिक सहनर्तक या नृत्यकार।

gigot जि'गॅट् n. मांसजंघा ।

gigue जिग' n. = JIG.

G.I., H.D. Government of India, Home Department.

Gilbertian गिल्बर'टिॲन् a. = GROTESQUE.

gild[1] गिल्ड' v.t. (p. ~*ed*, *gilt*, pp. ~*ed*) (रसा०) **स्वर्णित करना,** सुवर्णरोपण करना, **सोना चढ़ाना,** सोनेका पानी चढ़ाना, मुलम्मा करना; सुनहले प्रकाश या रंगसे रँगना, चमकाना; धनसे अवगुण ढँकना, दौलत^{F}से आँसू पोंछना; पुष्पित वाणी^{F}से अलंकृत करना, शब्दाडम्बर करना; G~ed Chamber हाउस ऑव् लॉर्ड्स; ~ed or gilt spurs सामन्त पदका प्रतीक; ~ed youth धन और फैशनवाले तरुण ।

gild[2] n. = GUILD.

gild[3] n. (कृषि०) **खस्सी घोड़ा** ।

gilder –'डॅर् n. स्वर्णारोपक, मुलम्मासाज, मुलमची^{F} ।

gilding –डिंग् n. स्वर्णारोपण, मुलम्मासाजी^{F}, गिलटका काम ।

gill[1] गिल' १. n. (प्रायः pl.) (वन०) पंखिका^{F}; (जीव०) मछली^{F} आदिकी श्वासेन्द्रिय^F, जल-श्वसनिका; **क्लोम,** गलफड़ा, T; जबड़ेपर का गोश्त, गाल, आदमीके जबड़े और कानके नीचेका मांस; मुर्गेके गलेसे लटकनेवाला मांस; कुकुरमुत्ते आदिके निचले तलपर चमकीली धारियाँ^{F}; २. v.t. मछली^{F}के पेटकी थैली^{F} साफ करना, मछली^{F}का पोटा साफ करना; कुकुरमुत्तेकी धारियाँ^{F} दूर करना; जालसे मछली^{F} फँसाना या पकड़ना; ~-flirt आवारा लड़की^{F}; ~-net क्लोम-पाश, जाल जिसमें मछली^{F} गलफँड़ोंसे फँसती है; *rosy about the ~s* हृष्टपुष्ट, स्वस्थ;

~ arch, ~ chamber, ~ cover, ~ filament, ~ fungus, ~ lamina, ~ membrane, ~ net, ~-net boat, ~ plate, ~ pouch, ~ rake, ~ raker, ~ slit.

gill[2] n. तंग पहाड़ी सोता, पतली पहाड़ी धारा^{F}; गहरी वृक्षावृत घाटी^{F} ।

gill[3] जिल् n. द्रव पदार्थोंके नापनेका परिमाण, सामान्य गिलासका आधा, चौथाई पिण्टकी माप^F, गिल ।

Gill[4] n. *Jack and* ~ लड़का और लड़की^{F} ।

gilled गिल्ड् a. गलफड़ेदार ।

gillian जि'लिॲन्, –'ल्यॅन् n. बाला^{F}, बालिका^{F}, लड़की^{F}; प्रणयिनी^{F}, प्रेमिका^{F}; कामुक बाला^{F}, कामुक लड़की^{F} ।

gillie गि'लि १. n. स्काटलैण्डमें शिकारियोंके साथ रहनेवाला नौकर या छोकरा; स्काटलैण्डके पहाड़ी सरदारका भित्तिपुष्प ।

gillyflower गि'लिफ्लॉउ'ॲर् n. रजिकाबन्धु, एक फूल ।

gilt[1] गिल्ट' n. मुलम्मा, झोल; ~-edged परम, **उत्कृष्ट, उत्तम** (~ bill); ऐसे संचयन, प्रलेख, प्रतिभूति^{F} आदि जिसे सरक्षक या ट्रस्टी प्राथमिकता^{F} प्रदान करे या वह उत्तम समझे; ~-head एक मछली^{F}; *take the ~ off the gingerbread* किसी वस्तु^{F}की दिखाऊ चमक-दमक^F दूर करना ।

gilt[2] n. शिशुशूकरी^{F} ।

gimbal जिम्'बॅल् n. जहाजके कुतुबनुमा और कालमापन यन्त्रोंको आड़ा रखनेका यन्त्र; **जिम्बल, छल्ले** ।

gimcrack जिम्'क्रैक् १. n. नुमाइशी चीज^F; निष्प्रयोजन भूषण, क्षुद्र आभूषण, खिलौना; २. a. निरर्थक, निकम्मा, दिखाऊ और भड़कीली ।

gimcrackery –कॅरि n. आडम्बर, दिखावट^F, नुमाइशी वस्तुएँ^{F}; खिलौना ।

gimcracky –कि a. नुमाइशी, दिखाऊ; तुच्छ, क्षुद्र, निरर्थक, बेकार, मुलम्मेदार, कलईदार ।

G.I.,M.D. Government of India, Military Department.

gimlet जिम्'लिट् n. वेधनिका^{F}, आविध, वर्मा, **बरमी** (~ *nail*), T. छेद करनेका औजार ।

gimmal जि'मॅल् n. = GEMEL.

gimmer जि'मॅर् n. एक-दो बरसकी भेड़^{F} ।

gimp[1], **gymp** गिम्प्', गिम्प्' n. गोटका मोटा हाशिया या किनारा; रेशम आदिकी लाइन^F जो तारसे बँधी हो; एक रेशमी कन्नी^{F} या गोट^F, तारके साथ बटी हुई रेशम या सूतकी डोरी^{F} या किनारी^{F} ।

gimp[2] जिम्प् a. स्फूर्त, फुर्तीला ।

G.I.,M.S.D. Government of India, Military and Supply Department.

gin[1] जिन्' १. n. आवर्तनी^{F}, ओटनी^{F}, रुई^F ओटनेकी मशीन^F, **जिन;** बोझ उठानेका यन्त्रविशेष; जाल, पाश, फन्दा; २. v.t. आवर्तन करना, बिनौले निकालना, ओटना; फन्देमें फाँसना, जालमें पकड़ना ।

gin[2] n. एक प्रकारकी शराब^F, **जिन;** ~-mill = GINSHOP; ~.palace बड़ी टीमटाम^{F}का शराबखाना; ~-shop जिनकी दुकान^F; ~-sling ⊙ शीतल पेय या शरबत (जिसमें जिन और सुगन्धित पदार्थका योग रहता है) ।

ginger जिन्'जॅर् १. n. आर्द्रक, शृंगवेर, (कृषि०) **अदरक^F,** हलका अरुणाभ पीतरंग, लाली लिये पीला रंग; स्फूर्ति^{F}, उत्साह, उत्तेजना^{F}, जोश; २. v.t. अदरककी चाशनी^{F} देना; (ला०, किसीको) उत्तेजित करना, उभारना, उकसाना, बढ़ावा देना; दौड़ानेके लिए घोड़ेके चूतड़को छेड़ना, घोड़ेको खोदना; ३. a. लाल-पीले रंगका, भड़कीला, दिखाऊ; ~ ale, ~-beer, ~-brandy, ~-pop, ~wine शुण्ठीरा, अदरककी झागदार शराब^F; ~ bread अदरक पड़ी मीठी रोटी^{F} या टिकिया^{F}, सोंठ^{F}की मीठी रोटी^{F}; ~ bread nut, ~-nut अदरक-पड़े छोटे बिस्कुट; छोटे बटन जैसे केक; ~-race अदरककी जड़^{F}, अदरक; ~ wine शृंगवेर मदिरा^{F}, एक ब्रिटिश शराब^F ।

gingerly –लि १. a. स्पृष्ट, पददलित; २. adv. शनैः-शनैः, डरते-डरते, सावधानी^{F}से, अत्यन्त अवधानपूर्वक ।

gingery –रि a. आर्द्रकमिश्रित; आविष्ट, उत्तेजित ।

gingham गिन्'गॅम् n. (बोल०) छाता; रंगीन सूतका बुना हुआ धारीदार कपड़ा, सूती या सनका एक कपड़ा, जिंगाम।

gingival जिन्जाइ'वॅल् a. (श० र० शा०) दन्तमांससम्बन्धी, मसूड़ेका।

gingivitis –जिवाइ'टिस् n. दन्तमांसशोथ, मसूढ़ेकी सूजन^F^।

gingle –गिल् १. n. शिंजन, झन-झन^F^का शब्द, टनटनाहट^F^; २. v.t. झन-झन^F^ शब्द करना।

ginglymoid गि(जि)न्'ग्लिमाऍड् a. (चि०) कोरसंधिसम।

ginglymus –मॅस् n. (श० र० शा०) **कोरसन्धि^F^**, जोड़का एक प्रकार।

gin-house जिन्-हॉउस् n. आवर्तन-गृह, जहाँ रुई^F^से बिनौला निकाला जाता है, =GINNERY.

ginnery जि'नॅरि n. आवर्तनगृह, कपास^F^से बीज अलग करनेका कारखाना।

ginning –'निंग् n. (कृषि०) **आवर्तन**, ओटाई^F^ (कृषि०) **ओटना, बेलना**; रुई^F^से विनौला निकालनेका कार्य;
~ capacity, ~ factory, ~ mill, ~out-turn, ~ percentage.

ginseng जिन्'सेॅन्ग् n. एक औषधोपयोगी पौधा, जेन्शेन्।

gippo जि'पो n. (सेना० ग्रा०) रस, झोल, शोरवा, यखनी^F^, जूस।

gippy जि'पि n. (सेना० ग्रा०) मिस्री सैनिक।

gipsy, gy- जिप्'सि, जि- n. रोमणी, यायावर, एक खानाबदोश जाति^F^, कंजड़, जिप्सी; शरारती, चाँचड़ा या काली स्त्री^F^; ~ bonnet स्त्रियों^F^की टोपी^F^ विशेष; ~ rose एक पौधा; ~ table हलकी तिपाई^F^ या मेज^F^, जिप्सी मेज^F^।

gipsydom, gy- –डम्, जि- n. यायावर-संसार, रोमणी-जगत्, जिप्सी दुनिया^F^; यायावर-जीवन, रोमणी-जीवन, जिप्सी जिन्दगी^F^।

gipsyfy, gy- सिफ़ाइ, जि- v.t. यायावर करना, खानाबदोश बनाना (प्रायः p.p. ~ *ied*), जिप्सी या रोमनी बनाना।

gipsyhood, gy- सिहुड, जि- n. यायावरत्व, खानाबदोशी^F^, जिप्सीपन, रोमनीपन।

gipsyish, gy- –सिइश, जि- a. यायावरीय, जिप्सीप्राय, जिप्सी जैसा।

gipsyism, gy- सिइज्म्, जि n. यायावरत्व, जिप्सीपन।

giraffe जिरा(रै)फ़् n. महाग्रीव, उष्ट्रचित्रक, अफ्रीकाका एक चौपाया जानवर, जराफा, **जिराफ**।

girandole जि'रॅन्डोल् n. (आतिशबाजी^F^का) चक्कर, चर्खी^F^, चर्खी छूटनेका कार्य; चक्कर खाता हुआ पानी; जड़ाऊ कर्णफूल या बाली^F^; मोमबत्तियों^F^का झाड़।

girasol (e) जि'रसॉ(सो)ल् n. **सूर्यकान्त**, चकमक, एक बहुमूल्य मणि या पत्थर, **गिरासोल**।

gird[1] गर्ड् १. n. परिहास, विनोद, हँसी^F^, मजाक; २. v.i. (*at* के साथ) परिहास करना, व्यंग्य करना, ताना मारना, मजाक करना, टिपोरी^F^ करना।

gird[2] v.t. (~*ed or girt*) पेटी^F^ या पट्टुकेसे कसना; (का० या भाषण०; ~*ed* या *girt*) (कमरबन्द आदि) चारों ओर लपेटना, पटुका बाँधना, पेटी^F^ बाँधना; पेटी^F^ या कमरबन्दमें तलवार^F^ बाँधना; (कपड़ोंको पेटी^F^से) कसना; सशक्त करना, दृढ़ करना; घेरना, जकड़ना; घेरा डालना; ~ *oneself*, one's *loins* परिकरबद्ध होना, कटिबद्ध होना, कमर^F^ कसना, कमर^F^ बाँधना (प्रायः *up* के साथ)।

girder –'डॅर् n. निष्कम्भ, अयोधरणी^F^, **धरण**, लोहे या फौलादकी धरन^F^, **गाटर, गर्डर**, धन्नी^F^, कड़ी^F^, शहतीर^F^; छत^F^ या पुलकी डाट^F^;
~ bridge, ~ seating, ~ spans, ~ stay.

girding –डिंग् n. निष्कम्भ, धरण, अयोधरणी^F^, गाटर, गर्डर; धरन^F^, धन्नी^F^, शहतीर; (पुल इत्यादिका) डाट; परिहासक; विनोदक, मजाकिया आदमी; पटुका बाँधनेवाला आदमी।

girdle[1] गर्'डॅल् १. n. **परितक्षण**, परिवेष्टन, घेरा, (वन०) **रशना^F^**, (चि०, श० र० शा०, कृषि, वाणि०) **मेखला^F^**, कटिसूत्र, करधनी^F^, पेटी^F^, पटुका, कमरबन्द; राशिचक्र; (श० र० शा०) ऊर्ध्व और अधः अंगोंका आस्थिक अवलम्ब, चपनी^F^, (*pelvic* or *hip* ~); बक्कल^F^ या छाल^F^ छीलकर बनाया हुआ घेरा; काटे हुए हीरेका अंश जो राजमुकुटके आधारसे अलग, सज्जा^F^से संश्लिष्ट रहता है; २. v.t. पेटी^F^ बाँधना, पटुका बाँधना; घेरना, घेरेमें लाना; (वृक्षके आसपास) आलवाल बनाना;
~ band, ~ belt, ~ bone, ~ bundle, ~ structure, ~-tailed lizard, ~ trace, ~ view.

girdle[2] n. (स्काट० और उत्तरी०) तवा, कड़ाही^F^; ~-cake वह केक जो तवेपर बनाया जाय।

girdler –लॅर् n. कटिबन्धक, कटिबन्धकर्ता, पेटी^F^ बाँधनेवाला, वलयक, वलयकारक, घिराव करनेवाला; कटाहकार, कड़ाही^F^ बनानेवाला, तवा बनानेवाला।

girl* गर्ल् n. बालिका^F^, कन्या^F^, कुमारी^F^, बाला^F^, बच्ची^F^, लड़की^F^*; प्रेयसी^F^, प्रेमिका^F^; परिचारिका^F^, सेविका^F^, नौकरानी^F^, बाँदी^F^, लौंडी^F^, टहलुई^F^; best ~ प्रेयसी^F^, प्रिया^F^, प्रियतमा^F^, ~ guides बालचारिका^F^, बालचरों जैसा लड़कियों^F^का संघटनविशेष।

girlhood –'हुड् n. बालिकावस्था^F^, बालभाव, कन्यापन, कुमारीत्व।

girlish –'लिश् a. बालिकासदृश, कन्यावत्, शर्मीला; भोला।

girlishness –निॅस् n. कन्यात्व, शालीनता^F^, बालापन, शर्मीलापन, भोलापन।

girn गर्न् v.i. गुर्राना; शीघ्र क्रोधमें आना, जल्दी गुस्सा खाना, चिड़चिड़ा होना, खीझना, बड़बड़ाना।

girnel गर्'नॅल् n. धान्यागार, गोदाम, बखार; भाण्डार, भोजनसुरक्ष, आटा या खाना रखनेकी पेटी^{F} ।

Girondist जिरॉन्'डिस्ट् n. & a. फ्रांसीसी असेम्बली^{F} (१७९१-३) में उदार प्रजातन्त्रवादी दलका सदस्य ।

girouette ज़िरुॲ'ट् n. वातदिग्दर्शक, वातदर्शक; (राजनीति इत्यादिमें) अस्थिरचेता व्यक्ति, अवसरवादी; समाक्रान्तक, कर्तक, छाँटनेवाला माली ।

girt गर्ट् १. n. परिधि^{F}, किसी वस्तु^{F}के (जो चिपटी न हो) चतुर्दिककी माप^F, घेरा; २. v.t. गोलाई^F नापना; (पेड़ आदिका) घेरा मापना; लपेटना, पेटी^{F} कसना ।

girth n. १. परिधि^{F}, (श० र० शा०) घेरा, लपेट^F; किसी वस्तु^{F}के घेरेकी माप^F; घोड़ेकी तंग^F; २. v.t. & i. घेरना; तंग कसना; घेरेकी माप^F करना ।

gist जिस्ट् n. निष्कर्ष, तात्पर्य, सार, सारांश, भाव, भावार्थ, अभिप्राय, निचोड़ ।

gitano जिटा'नो n. (विशे० स्पेनका) यायावर, रोमणी, जिप्सी ।

gite जीट्' n. शरणस्थल; वासस्थान, निवासस्थान ।

gittern गि'टॅर्न् n. सारंगी^{F}, एक प्रकारका वाद्य, गिटारका प्रारम्भिक रूप, गिटर्न ।

giusto जूस्'टो adv. ठीक समयमें ।

give[1] गिव्' n. लोच^F, नमनीयता^{F}, लचकीलापन; लचक^F (*there is no ~ in a stone-floor*); गुंजाइश: *~ and take* आदान-प्रदान, लेन-देन, अन्योन्य सुयोग या सुविधा^{F}, पारस्परिक वार्तालाप, आपसी समझौता ।

give[2]* v.t. & i. (*gave, given*) (सामान्य अर्थ) प्रदान करना, देना* (*I gave him a book*); उपहार देना, अर्पण करना, भेंट^F करना, नजराना देना, हिब्बा देना; प्रस्तुत करना, सौंपना, सुपुर्द करना, पेश करना, (आनुकूल्य, सम्मान, आदि); विवाहकी अनुमति^{F} देना (कन्या^{F} आदिको प्रायः दानमें); वसीयत^F करना; करना, लगाना (विश्वास, प्यार, दिल); (ईश्वर आदिका); प्रदान करना (योग्यता^{F} आदि); चुकाना, अदा करना; समर्पण करना, लगाना (*gave his life to it*); फैसला देना (*gave the case for*); क्रिकेटमें निर्णय देना (*~ batsman out* or *not out*); देना (उद्यानगोष्ठी^{F}, भोज, गेंद^F); मारना, जमाना (*~ a jump*); आशीष या दुआ देना; (p.p., लेख) तिथि-अंकित करना; हस्तान्तरण करना, वितरण करना, दे देना, सौंपना, किसीको भोजन देना, परोसना; औषध^F देना, दवा^{F} देना; वचन देना; (निश्चयनके लिए) विश्वास दिलाना, भेजना, कर गुजरना; पहुँचाना (प्रशंसा^{F}, प्रेम, प्यार, सन्देश, बधाई^F आदि); रखने देना, दिलाना (*~ solitude ~s it its only charm*); (खिड़की^{F}, द्वार आदिका किसी ओर) खुलना; शिथिल हो जाना, पीछे हटना, सिकुड़ जाना, बैठ जाना, दब जाना, गिर पड़ना, ढीला पड़ना, बह जाना; अभिनय करना, आचरण करना, पाठ करना, पढ़ना, गाना (अंश आदि); प्रदान करना, किसीके नाम कर देना, लिख देना; मान लेना, मंजूर करना (*he was ~n the contract*); अनावृत्त करना, प्रकट करना, प्रस्तुत करना, सामने रखना (*~ good example*)); परिणाम या उपजके रूपमें देना (*analysis ~s the following figures*); स्रोत, या उद्गम होना, प्रदान करना, साझी बनाना (*gave me his sore throat*); *~ a back* उछाल^{F}के लिए खड़ा होना; *~ and take* समझौता करना; *~ a blow* प्रहार करना; *~ a person to understand, know* सूचना^{F} देना, कहना; *~ a piece of one's mind* बलपूर्वक मतभेद प्रकट करना; *~ as good as one gets* खरे-खरे शब्दोंमें उत्तर देना, मुँहतोड़ उत्तर देना; *~ away* कन्यादान करना, (कन्या^{F}) समर्पित करना; दुल्हन^{F}को दूल्हेके साथ विदा करना; पुरस्कार वितरण करना; दानपत्र लिख देना, दे डालना; रहस्योद्घाटन करना, हँसी^{F} उड़ानेके लिए भेद खोलना; *~ back* प्रत्यर्पण करना, लौटा देना; वापस करना, हटाना, देना; उलटा फेरना; *~birth to* जन्म देना, पैदा करना, जनना; *~ chase* पीछा करना, खदेड़ना, चहेटना, पहेटना; *~ ear to* ध्यान देना, सुनना, कान लगाना, कान देना; *~ effect to* कार्यान्वित करना, प्रभावी बनाना, लागू करना; *~ forth* उद्गीरण करना, प्रकट बताना, प्रचार करना, बोलना, फैलाना, कहना, बताना, जताना; *~ ground* परास्त होना, स्थान छोड़ना, हार जाना, पीछे हटना; *~ in* निवेदन करना, वर्णन करना, प्रकट करना, दावेमें कमी करना, छूट^F देना, हटना, त्याग करना, (p.p.) पूरकरूपमें जोड़ना; *~ in to* मान जाना, झुक जाना; *~ it him* मरम्मत^F करना, मारना, पीटना; *~ me* मुझे दो—पसन्द है; *~ off* बाहर करना, निकालना (धुआँ आदि); *~ one's ears* त्याग करना, कुर्बानी^{F} करना; *~ one self airs* प्रदर्शन करना, आडम्बर करना, *~ one self trouble* कष्ट झेलना, दुःख उठाना; *~ one self up* निराश होना, छोड़ देना; *~ one what for* (ग्रा०) दण्ड देना, झिड़कना, फटकारना; *~ out* घोषणा^{F} करना, प्रकट करना, मुँहसे निकालना, कह देना, फैलाना, बाँटना; अफवाह^F उड़ाना; थककर रह जाना, चुकना, कम पड़ना; *~over* तज देना, छोड़ना (आदत^F, टेव^F, बान^F); हस्तान्तरण करना; मुँह फेरना, परे रहना, विमुख रहना; काम छोड़ना; *~ place* बैठ जाना, हार मानना; एक व्यक्तिके स्थानपर दूसरेका आना, किसीके लिए जगह^F बनाना, जगह खाली करना; *~ rise to* हेतु होना, कारण होना; *~ the lie to* झूठा आरोप लगाना; *~ the time of the day* शुभ प्रभात आदि कहना, नमस्कार कहना; *~ tongue* भौंकना; *~ to the world* घोषणा^{F} करना; *~ up* समर्पण करना, पदत्याग करना, त्याग देना, तज देना, छोड़ देना, अलग होना, इस्तीफा देना; अभिभूत हो जाना, भावित हो जाना (भावसे); प्रयत्न या चेष्टा^{F}का परित्याग कर देना; सम्बन्धविच्छेद करना; (ref. & p.p.) प्रकट कर देना, उघाड़ देना (सहअपराधियोंके नाम आदि); निराश हो जाना, आशा^{F} छोड़ देना; असाध्य या अनुपचरणीय कहकर छोड़ देना; आदत^F होना, लत^F होना, टेव^F होना; *~ way* हट जाना, टूट जाना; ~

(*you*) ⊙ किसीकी अगवानी^{F} करना।

give, gy- गाइव्' n. निगड़^{F}, बेड़ी^{F}।

giveable –'वॅबॅल् a. दातव्य, देय, देने योग्य।

given –वॅन् a. (क्रियागत अर्थोंमें), दिया हुआ; ~ name ⊙ ईसाई नाम; ~ *in marriage* ⊙ विवाह कर देना; ~ *out* ⊙ घोषित; ~ *over* दुर्गुणी, विपथचारी^{F}, बुराई^{F}को समर्पित।

giver –वॅर् n. दाता, देनेवाला आदि, (क्रियागत अर्थ)।

giving –विंग् १. n. प्रदत्त या समर्पित वस्तु^{F}; अर्पण, समर्पण, दान, प्रदान, देना; २. a. समर्पयिता, दानशील, दाता, प्रदाता, देनेवाला; ~elevation उत्सेध देना, ऊँचा करना।

gizzard गि'जार्ड् n. कुछ मछलियों^{F}, कीड़ों, आदिका सदन्त पक्वाशय, **पेषणी^{F}**, पक्षीकी द्वितीय पाकस्थली^{F}, पोटा, गिजर्ड; *fret* one's ~ तंग करना या होना, परेशान करना या होना, दिक करना या होना; *stick in* one's ~ (ला०) अप्रिय होना, गलेसे नीचे न उतरना।

Gk. Greek.

G.L. General Ledger; Grand Lodge; Grazing Licence.

Gl. Glucinum (now officially, beryllium)

glabella ग्लाबे'लॅ n. (चि०) **भ्रूमध्य**, स्पपनी^{F}।

glabrate ग्ले'ब्रॅट a. चिक्कण, चिकना।

glabrescent –बे'सॅन्ट् a. निर्लोम; अलोम, लोमशून्य, विना रोएँका।

glabrous –'ब्रॅस् a. चिक्कण, **चिकना**; (श० र० शा०) केशहीन, **अरोमिल**, विना बालोंका, चिकने चमड़ेवाला, चिकनी खाल^{F}का।

glace (F) ग्ला'से a. चिक्कणतल, चिकनी सतह^{F}का; चिकना, पालिश^F किया हुआ।

glacial ग्लै,सिॲल्, ग्ले'शिॲल्, ग्ले'श्ल् a. **हैम**, (भौ०) **हिमानी**, हिमानीय, हिमज, हिमजात; (चि०) काचाभ, काचमय; (प्रा० भूगोल०) **हिमनदीय**, **गलेश्वरीय**, तुषारघटित, तुषारमय, हिमरूप, बर्फीला; ~epoch, era, period हिम-काल, हिमयुग; ~ age, ~ boulder, ~ deposit, ~ drift, ~ epoch, ~ period, ~ plain, ~ soil, ~ striae.

glacialist –लिस्ट् n. हिमक्रियावादी, हिमक्रियाज्ञानी, हिम-शकुन-शास्त्री।

glaciate –अेट् v.t. हिमाच्छादित करना, हिम या बर्फ बनाना।

glaciated –टि'ड् a. हिमशिलासे आवृत्त, हिमनदके नीचे; (प्रा० भूगोल) **हिमनदी-रंजित** (~ *country*), हिमाच्छादित, हिममण्डित, हिमग्रस्त, हिमप्रभावित; बर्फकी चादरसे ढका हुआ।

glaciation –ओ'शॅन् n. (प्रा० भूगोल) **गलेश्वरीकरण**, **हिमानीभवन**, हिमानीक्षरण, हिमाच्छादन, हिममण्डन, हिमायन।

glacier –'सिॲर n. (प्रा० भूगोल) हिमानी^{F}, हिमराशि^{F}, हिमसंहति^{F}, मन्द-प्रवाहिनी नदी^{F}, हिमनद, **हिमनदी^{F}**, (~ *breeze*), तुषार-नदी^{F}; **गलेश्वर**।

glaciered –र्ड् a. हिमशिलाच्छन्न, हिमाच्छादित, बर्फकी चट्टानोंसे ढका हुआ।

glaciology –ऑ'लॅजि n. हिमक्रिया-विज्ञान।

glacis ग्लै(ग्ले)'सिस्, ग्लासी n. स्यन्दा^{F}, **प्रवणता^{F}**, किलेसे नीचेकी ओरका ढालू किनारा, **ढाल^F**, ग्लेसी^{F}।

glad ग्लैड्' १. v.t. (प्रा०) तुष्ट या प्रसन्न करना; २. a. आनन्दित, उल्लसित, आह्लादित, तुष्ट, प्रसन्न, मगन, खुश (केवल pred. *I am*~); (प्रकृति^{F} आदि) प्रसन्न-चित्त, सुन्दर, अच्छा, खुशदिल; (घटना^{F} और समाचार) तुष्टिकर, हर्षप्रद; (दृष्टि^{F}, भाव, आदि) आनन्दव्यंजक, आनन्दमय, आनन्दपूर्ण; ~ rags (ग्रा०) इतवारके वस्त्र, त्यौहारी कपड़े; the ~ eye (ग्रा०) उल्लासपूर्ण या कामातुर दृष्टि^{F}; प्रेम दृष्टि^{F}।

gladden –'डॅन् v.t. तुष्ट करना, प्रसन्न करना।

gladdening –निंग् a. हर्षकर, आनन्दप्रद, प्रसन्नता-दायक।

glade ग्लेड' n. वनपथ, वनमार्ग, जंगलके वृक्षोंके बीचका खुला मैदान या रास्ता।

gladiate ग्लै'डिॲट् a. खड्गाकार, तलवार^{F}के आकारका।

gladiator –अेटॅर् n. वाग्मी, वाक्पटु, राजनीतिक आदि विवादोंमें दक्ष व्यक्ति; खड्गमल्ल, मल्ल, असिक्रीड़क, पहलवान, अखाड़िया, तलवार या दूसरे शस्त्रोंसे युद्ध करनेके लिए प्रशिक्षित व्यक्ति।

gladiatorial –ॲटॉ'रिॲल् a. वादकुशलता-सम्बन्धी; खड्गमल्ल-सम्बन्धी, असिक्रीड़ा-सम्बन्धी, अखाड़ियेका।

gladiatorship –'डिॲटॅर्-शिप् n. विवादिता^{F}, विवादी कार्य, विवादी मनुष्यका काम, अखाड़ियापन।

Gladiolus ग्लैडिओ'लॅस्, ग्लॅडाइ'ॲलॅस् n. कृपाणपर्ण पौधा, खंगिकालता^{F}, एक फूलदार वृक्ष; (चि०) मध्योरोस्थि^{F}, (छातीका) मध्यफलक, **ग्लेडियोलस**।

gladness ग्लैड्'निॅस् n. (का०) हर्ष, आनन्द, प्रसन्नता^{F}।

gladsome –'सॅम् a. हर्षित, आह्लादित, तुष्ट, प्रसन्न।

gladsomeness –निॅस् n. हर्ष, आनन्द, उल्लास, प्रसन्नता^{F}।

Gladstone ग्लैड्'स्टॅन् n. & a. (~ *bag* भी) एक प्रकारका हलका सफरी हैण्डबैग, सफरी बैग।

Glagol ग्लै'गॉल् n. ग्लैगोली^{F} (स्लावोनी) वर्णमाला^{F}।

Glagolitic –लि'टिक् a. प्राचीनतम स्लावोनी वर्ण-माला-सम्बन्धी।

glair ग्लेॲर् १. n. अण्डश्विति^{F}, सफेदी^{F}; वह चिपकनेवाला पदार्थ जो अण्डेसे बनाया जाता है, लसदार पदार्थ; कोई लसदार या चिपकनेवाली वस्तु^{F}; २. v.t. अण्डेकी सफेदी^{F} या कोई अन्य लसदार वस्तु^{F} मल देना, पोत देना।

glaireous –'रिॲस a. श्वितिमय, सफेदीवाला, लसदार।

glairy -रि a. अण्डेकी श्विति-सा, सफेदीवाला, लसदार।

glaive ग्लेव् n. (प्रा० और का०) चौड़ी धारवाली तलवार^F, चौड़े फलकी तलवार^F।

Glam. Glamorganshire.

glamorous ग्लै'मॅरॅस् a. मोहक, आकर्षक, जादूका।

glamour -र् १. n. आकर्षण, इन्द्रजाल, जादू, टोना, टोटका; आकर्षक सौन्दर्य, चकाचौंध^F; २. v.t. मोहित करना, मोह लेना, जादू चलाना, जादू मारना, जादू डालना, जादू करना, टोना चलाना।

glance¹ ग्लान्स्' १. n. दृष्टिपात, दृक्पात, चितवन^F, कनखी^F; तिरछी गति^F या रगड़^F, (क्रिकेट) चोट जो गेंदको बल्लेसे लगायी जाय; **उछट**; (आकस्मिक गति^Fसे प्राप्त) **भास**, झलक^F; २. v.t. देखना, थोड़ी देर^Fके लिए दृष्टि^F डालना, उड़ती या उचटती हुई दृष्टि^F डालना; लाँघ जाना, सरसरी बहस^F करना; जगमगाना, चमकना, झलकना, दमकना; उचटना, खिसक जाना (हथियार आदिका); sidelong ~ कटाक्ष, कनखी^F; ~ *at* व्यंग्यपूर्ण संकेत करना, सरसरी दृष्टि^F डालना, उड़ती हुई दृष्टि^F डालना; ~ *down, up* etc. दृष्टिनिक्षेप करना, दृष्टि^F डालना; ~ one's *eye at* or *over* ध्यान देना, दृष्टि^F दौड़ाना, निगाह^F फेरना; ~ *over* सरसरी तौरपर पढ़ना, देख जाना, एक नजर^F डालना।

glance² n. प्रभासित कच्ची धातु^F (*copper, lead,* ~), T.

glancing -सिंग् n. ~ angle **संस्पर्शकोण, विसर्प कोण।**

gland¹ ग्लैन्ड् n. (श० र० शा०) (चि०, श० र० शा०, कृषि०, वन०, वाणि०) **ग्रन्थि**^F, रस स्रवण करनेवाला अंग (जैसे स्तन-ग्रंथी, लसीकाग्रन्थि^F), गाँठ^F, गिल्टी^F, गुल्थी^F, **ग्लैण्ड**; (वन०) ग्रन्थिकोष या पौधेके मूलरूपमें क्रोषवर्ग; ~ cells **ग्रन्थि-कोशिका**^F।

gland² n. (यन्त्र०) पिस्टन-रॉडपर भराई^F (पैकिंग^F) को कसनेके लिए नली^F (ट्यूब^F)।

glandered -'डॅर्ड् a. (चि०) कनार, रोगविशेषसे ग्रस्त (घोड़ा)।

glanderous -डॅरॅस् a. कनार रोगसे प्रभावित।

glanders -डॅर्ज़् n. pl. (चि०) कनार, अश्वग्रन्थि^F, घोड़ोंका एक गाँठदार छूत^Fका रोग; गलसूजन^F (जब मनुष्यको लग जाय)।

glandiferous ग्लैन्डी'फ़ॅरॅस् a. फलदायी, फलवाला, सुपारीदार।

glandiform -'डिफ़ॉर्म् a. ग्रन्थि-सदृश; सुपारी-जैसा।

glandless ग्लैन्ड्'लिॅस् a. ग्रन्थिहीन, बिना गिल्टीका।

glandular -'ड्यूलॅर् a. **ग्रन्थि-**, ग्रान्थिक, (वन०) **ग्रन्थिल**, ग्रन्थिमय, ग्रन्थिस्वरूप;

~ cells, ~ epithelium, ~ hair, ~ tissue.

glandulation -ले'शॅन् n. ग्रंथिकावस्था^F, ग्रन्थिस्थिति^F; ग्रन्थि-निर्मिति^F, ग्रन्थिका-रचना^F।

glandule -ड्यूल् n. ग्रन्थिका^F, छोटी गिल्टी^F।

glanduliferous -लिफ़ॅरस् a. ग्रन्थिकामय, ग्रन्थिकावत्, गिल्टीदार।

glandulose -'ड्यूलोस् a. (वन०) ग्रन्थिका-सदृश, गिल्टीनुमा।

glandulous -लॅस् a. ग्रन्थिमय, गिल्टीदार।

glans ग्लान्स्' n. ग्रन्थिवत्-निर्मिति^F, ग्रन्थिका^Fके आकारकी रचना^F; (लिंगकी) मणि^F, सुपारी^F; पुलिन-नारिकेल, बीचनट; ~penis **शिश्न-मुण्ड**, शिश्नमणि^F।

glare ग्लेअॅर्' १. n. दीप्ति^F, ज्योति^F, द्युति^F, प्रभा^F, प्रकाश, चौंधानेवाला प्रकाश, **चौंध**^F, चकाचौंध^F, चिलचिलाती धूप^F; जगमगाहट^F, चमक^F; स्थिर दृष्टि^F, कठोर या कड़ी दृष्टि^F; २. v.t. & i. (प्रकाशका) चकाचौंध^F करना, जगमगाना, चमचमाना, दीप्त करना या होना; स्थिर या भयंकर दृष्टि^Fसे देखना; दृष्टि^Fसे व्यक्त करना (घृणा^F, चुनौती^F आदि); प्रत्यक्ष होना, अत्यधिक प्रकट होना, दृष्टि^Fमें चुभना, उजागर होना।

glareal ग्लेअॅ'रिअॅल् a. शुष्क भूमि^Fपर उगनेवाला।

glareous -अॅस् a. कंकड़मय, कँकरहा; कंकड़पर उगनेवाला।

glaring ग्लेअॅ'रिंग् a. उद्दीप्त, ज्योतित, चकासमान, प्रकाशमान, प्रभापूर्ण, उज्ज्वल, चौंधियानेवाला, चमकदार; सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष; ~ disparity घोर असमानता^F, ~ mistake भयंकर भूल^F।

glaringness -निॅस् n. सुस्पष्टता^F, जाज्वल्यमानता^F, देदीप्यमानता^F, चमक^F।

glary -रि a. देदीप्यमान, समुद्दीप्त, भड़कीला।

glass¹* ग्लास् n. (रसा०, प्रा० भूगोल, यन्त्र०) **काच, शीशा***; शीशेका गिलास; शीशेके आभूषण, खिड़कियाँ^F, ग्रीन हाउस (काचगृह); शीशे-जैसी चीजें^F; दर्पण, आरसी, आईना; काच, ताल; (pl.) ऐनक, चश्मा; चित्रको ढकनेका शीशा; गिलास, पेयपात्र, गिलासभर पेय (*a friendly* ~); रेतघड़ी^F, बालू घड़ी^F; गाड़ी^Fकी खिड़की^F; पौधोंके लिए शीशेका ढाँचा या ठाठर; वायुमान, ऋतु-काच; अण्वीक्षण यन्त्र, दूरदर्शक काच, परीक्षण-काच, क्षेत्र-काच, ऑपेरा काच; ~-blower काच-धमाता, काच-धम, मनिहार, शीशागर; ~ case काचावरण, शीशेका डब्बा (वस्तुओं^Fके रखने या प्रदर्शनके लिए), शीशेदार आलमारी^F; ~-cloth काचप्रोंछ, काचका बढ़िया बुना हुआ सूत या धागा, काचवस्त्र, शीशा साफ करनेका कपड़ा; ~-cutter (रसा०) **काच-कर्त्तक**, शीशा काटनेका औजार, शीशा काटनेवाला; ~-dust पालिशके लिए शीशेका चूर्ण; ~ eye काचकी कृत्रिम आँख^F; घोड़ोंकी अन्धता^Fका प्रकार; ~-house काचगृह या शीशेका कारखाना, शीशाघर; (पौधों या फोटोग्राफी^Fके लिए), (ग्रा०) सैनिक-जेल^F; ~-paper काच-पत्र, काचचूर्णवाला कागज; **रेगमाल**; ~ technology **काँच-शिल्प**; ~-ware **काचभाण्ड, काच या शीशेका सामान**; ~ wool **तन्तुकाच, काच ऊन**, काचकी **रूई**^F, काचका तागा; *a ~ of antimony* सीसेका गिलास;

has had a ~ too much अधिक पी गया, अधिक चढ़ा ली;

~ bangles, ~ basin, ~ bead, ~ beaker, ~ bell-jar, ~-borer, ~-boring outfit, ~ bottle, ~-bottomed, ~-built, ~ capillary stopcock, ~ coach, ~-coated, ~-coloured, ~ cover, ~-covered, ~ crab, ~ crete, ~ ~-cutting, ~cuttings, ~-cylinder machine, ~ disc, ~ distilling apparatus, ~-eater, ~ electrode, ~-eyed, ~ fabrication, ~ factory, ~ figure, ~ fish, ~flask, ~flowers, ~ frame ~-fronted, ~-fronted case, ~ furnace, ~ green, ~-hard, ~ inkpot, ~ jar cover, ~ jug, ~ lamp, ~-lined, ~-lining, ~-maker, ~ maker's shop, ~ making, ~ man, ~mantle, ~ marking, ~-measuring cylinder, ~ pad, ~ painting, ~ pane, ~-panelled, ~ partition, ~ pipette, ~ plate, ~ protector, ~ reduction tube, ~ reflector, ~ rod, ~ rope, ~ sediment, ~ sheet, ~ silk, ~ slab, ~slide, ~ spiral, ~ sponge, ~ spoon, ~ spring tensimeter, ~ statuary, ~ still, ~ stopper, ~ substitute, ~ technologist, ~ tiles, ~-topped, ~ tough, ~ tube, ~ tubing, ~-tubing cutter, ~ tumbler, ~ vessel, ~ weed, ~ window, ~ with care, ~ work, ~worker, ~ works, ~ worm.

glass² a. काच-, काचीय ।

glass³ v.t. शीशेमें बन्द करना, घेरना, (क्वचित्) शीशा जड़ना, शीशा लगाना या मढ़ना; प्रतिबिम्ब डालना (प्रायः refl. *trees ~ themselves in the lake*); (आँखोंको) निष्प्रभ करना (क्वचित्) ।

glasses ग्लासेज n. उपनेत्र, चश्मा ।

glassful –फ़ुल् n. गिलास^F^भर कोई वस्तु^F^ ।

glassiness –'सिनिॅस् n. निर्मलता^F^, चमक^F^, चिकनापन ।

glassless –स्'लिॅस् a. काचशून्य, बिना शीशेका ।

glasslike –लाइक् a. काचवत्, काच-सदृश, शीशेके समान ।

glassy –'सि a. (रसा०) **काचाभ, काचोपम, काच-सदृश,** शीशेका; (आँखें) निष्प्रभ, पथराई हुई; (पानी) पारदर्शक, निर्मल, शीशेजैसा स्वच्छ (~ *calm, surface*) ।

Glaswegian ग्लैस्वी'जिॲन् a. & n. ग्लासगो-वासी, ग्लासगोका निवासी ।

Glauber's salt(s) (ग्लॉउ)ग्लॉ'बर्'स् सॉल्ट् (स्) n. (कृषि०, रसा०) सोडियमका सल्फेट, सज्जी^F^का नमक, **ग्लोबर लवण** ।

glaucescence ग्लॉसे'सॅन्स् n. हरिनीलन, नीलाभ होनेकी क्रिया^F^ ।

glaucescent –न्ट् a. हरिनील, मेघनील, नीलाभ, **समुद्री हरे** रंगका ।

glaucoma ग्लॉको'मॅ n. काचबिन्दु, मोतियाबिन्द, T., ग्लाकोमा, आँख^F^की बीमारी^F^ जिसमें भीतरी दबाव बढ़कर दृष्टि^F^ शनैः-शनैः जाती रहती है ।

glaucomatous –मॅटॅस् a. मोतियाबिन्दका रोगी, ग्लाकोमाका रोगी; ग्लाकोमा सम्बन्धी ।

glaucous ग्लॉ'कॅस् a. (विशे० प्राकृ० इति०) **हरिनील,** मेघनील, हलका भूरा लिये हरा या नीला, मटियाला; (वन०) अंगूरी आभासे युक्त (वन०) **नीलहरित,** ईषद्हरित या नील ।

glaze ग्लेज् १. n. पालिश^F^, कलप; आँख^F^का जाला; तह^F^, तल; (रसा०) **कांचिका; लुक;** शीशेका रोगन, घड़ीकी पालिश^F^; चिकनाहट^F^, चिकनाई^F^, आब^F^, **चमक^F^,** ओप^F^; T. २. v.t. & i. काचन करना, **काचित करना, काँच चढ़ाना, लुक करना, ग्लेज करना,** घरमें शीशेकी खिड़कियाँ^F^ लगाना, तसवीर^F^में शीशा मढ़ाना, शीशे जड़ना, शीशे लगाना; घोंटकर चमकाना; जाला पड़ना; (कपड़े, चमड़े आदिपर) किसी चमकदार वस्तु^F^की तह^F^ देना, कलप देना; बर्तन भाड़ेपर काचिस करना; (कुम्हारी^F^) शीशेका रोगन करना, घोंटना, रोगन करना या घोंट्च ढ़ाना; चित्रमय तलको मार्जित करना; कलप करना ।

glazed –ड्' a. काचित (~ *tile*), **कँचाई, चमकीला, चमकायी हुई, चमकदार;** ~ paper (रसा०) काचित-पत्र, चमकीला कागज, **चिकना कागज,** रेगमाल;

~ brick, ~ door, ~ fireclay, ~ frost, ~ pot, ~ stone ware, ~ tile, ~ ware.

glazer –ज़ॅर n. **ओपकार,** काचकार, शीशा जड़नेवाला आदमी ।

glazier –ज़ॅर्, –जिॲर् n. **काँचसन्धाता, शीशागर,** खिड़कियों^F^ आदिमें शीशा जड़नेवाला; *is your father a~?* (हास्य०) क्या आपके पिता शीशे की तरह पारदर्शी हैं ?

glaziery –जिॲरि n. काचसन्धान, शीशासाजीका काम या कारखाना ।

glazing –ज़िंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें), **काच लगाना, काँच चढ़ाना, कँचाना,** शीशेकी जड़ाई^F^ आदि; शीशे-का लुक, ओप^F^, कलप, पालिश^F^; काँच ।

glazy –ज़ि a. चमकदार ।

gleam ग्लीम् १. n. किसी गुण आदिकी किरण^F^, झलक^F^ (*an occasional ~ of humour*); कान्ति^F^, प्रभा^F^, चमक-दमक^F^, आबदारी^F^; २. v.i. झलक^F^ जाना, चमकना, दमकना ।

gleaming–'मिंग् a. प्रभासमान, ज्योतिर्मय, उद्‌द्योतित, कान्त, चमकीला, चौंधियानेवाला, आबदार ।

gleamy –'मि a. = GLEAMING, चमकदार, झलकता हुआ ।

glean ग्लीन् v.t. & i. बालें^F^ तोड़कर खेत साफ करना; बालें^F^ इकट्ठा करना, चुनना, बीनना (सीला); संग्रह

करना, इकट्ठा करना, बटोरना (तथ्य, समाचार आदि)।

gleaner –'नॅर् n. संग्रहीता, बालें^F या शिल बटोरनेवाला।

gleaning –निंग् n. उंछकर्म, शिलावृत्ति^F, बिनाई^F।

glebe ग्लीब्' n. (का०) क्षेत्र, धरती^F, भूमि^F, मिट्टी^F; गिरजेसे सम्बद्ध भूमि^F, T, वह भूमि^F जो पादरीको वेतनके निमित्त मिली हो या प्रदत्त हो।

glede ग्लीड्' n. चील^F।

gledge ग्लेज्' v.i. अपांग दर्शन करना, तिरछी नजर^Fसे देखना।

glee ग्ली' n. उल्लास, हर्ष, आनन्द, रंगरेलियाँ^F, गीत-रचना^F जो तीन या अधिक किशोर गायकोंके लिए हो।

gleed ग्लीड्' n. प्रज्वलित अंगार, जलता हुआ कोयला; निरक्तापीत, एक प्रकारका पीताभ लाल रङ्ग।

gleeful –'फुल् a. आह्लादपूर्ण, तुष्ट, आनन्दित, प्रसन्न।

gleek ग्लीक् n. कपट, कूटता^F, चाल^F, निरादर, अपमान, उपहास, व्यंग्य, ताना, बोली^F।

gleeman –'मॅन् n. भ्रामी संगीतज्ञ, पर्यटनशील गवैया।

gleesome –'सॅम् a. प्रसन्न, मगन।

gleet ग्लीट्' n. (चि०) पुराना सोजाक, (स्रावयुक्त)।

gleety –'टि a. (चि०) पुराने सोजाकसे पीड़ित।

gleization –'जेशॅन् n. (कृषि०) काईमिट्टी^F बनाना, T.।

glen ग्लॅन् n. दरी^F, द्रोणी^F, कन्दरा^F, तंगवादी^F, सकरी घाटी^F।

glene ग्ली'नी n. तारा, तारिका^F, पुतली^F।

glengarry ग्लॅन्गॅ'रि n. स्कॉटलैण्डके पहाड़ी लोगोंकी टोपी^F, ग्लेंगरी^F।

glenoid –'नॉएड् १. a. (श०र०शा०) उत्तान-गर्त-सम, गुहासम, हड्डियोंके जोड़के गड्ढेवाला; २. n. अंससन्धि^F, (कृषि०) स्कन्धास्थि^F; ~ cavity (चि०) उत्तानगुहा^F, T; अंस उलूखल; ~fosse हनुखात; अंस खात।

gley ग्ली' १. v.i. कटाक्ष करना, तिरछी^F नजर^Fसे देखना; २. a. ऐंचाताना, तिरछा।

gleyed –ड्' a. ऐंचाताना, तिरछी आँखवाला।

glib ग्लिब् १. a. (गति^F) सुगम, अबाध, चपल (क्वचित्), मसृण, चिक्कण, (धरातल) समतल, साफ, चिकना; शब्द-बहुल, द्रुतवाक्, वाक्चपल, बहुभाषी, बकवादी, बड़बड़िया; (भाषा^F) प्रवाहपूर्ण, सरपट।

glibness –'निॅस् n. मसृणता^F, चिक्कणता^F, चिकनाई^F; अबाधता^F, निर्बाधता^F, चापल्य, फिसलन^F, द्रुतभाषिता^F, वाक्चापल्य, गिलबिलाहट^F, बड़बड़ाहट^F।

glidder –ग्लि'डॅर् a. पिच्छिल, फिसलाऊ, चिकना।

glide–ड n. स्रवण, सर्पण, संसर्पण, फिसलन^F; (ध्वनि०) ध्वनिविकार; (भाषा, संगीत), T, श्रुति, वादन या कण्ठ-स्वरको बिना बन्द किये सुर बदलते जाना; २. v.t. & i. फिसलना, थिरकना, सरकना, जाने देना (*light airs ~d her on her course*); विसर्पण करना, समगति^F या क्रमसे चलते जाना, सरकते जाना, फिसलते जाना (साँप, चिड़िया^F, यान, द्रव, व्यक्ति, जहाज, स्केटिंग आदि); धीरे-धीरे जाना, चुपके-चुपके जाना, दबे पाँव जाना, चोरी^Fसे जाना; धीरे-धीरे बदलना; इंजन बन्द करके उड़ना (हवाई जहाजका); (समय आदि) निकल जाना, लापरवाही^Fमें चला जाना, बीतते जाना; off-~ पश्चश्रुति; on ~पूर्वश्रुति; ~angle, ~approach, ~path.

glider –'डॅर् n. विसर्पक, शनैः-शनैः फिसलनेवाला; बिना इंजनका विमान, ग्लाइडर (*~bomb*)।

gliding –डिंग् a. (चि०, श० र० शा०) अल्पसारी, संसर्पी, विसर्पी, (*~joint*) विसर्पण, स्रवण, खिसकना, सरकना।

glidingly –लि adv. शनैः-शनैः, धीरे-धीरे, चुपके-चुपके, दबे पावों, अनजाने।

glim ग्लिम्' n. (ग्रा०) प्रकाश, आलोक, रोशनी^F; मोमबत्ती^F, लालटेन^F, दीया।

glimmer –'मॅर १. n. आभास, मन्द प्रकाश, टिमटिमाहट^F, आशा आदिकी झलक^F; अस्पष्ट विचार; २. v.i. रहरहकर चमकना, टिमटिमाना, जगमगाना, झलमलाना।

glimmering –'रिंग् १. n. प्रस्फुरण, मन्द प्रकाश, क्षीण रोशनी^F; अस्पष्ट विचार, धुँधला ख्याल; २. a. मन्द, क्षीण, अव्यक्त, अस्पष्ट।

glimmery –'रि a. मन्दप्रकाशी, क्षीण रोशनीवाला, धुँधला; अस्पष्ट विचारवाला।

glimpse ग्लिम्प्स्' १. n. आभास, झलक^F; क्षण; २. v.t. & i. स्वल्पवीक्षण करना, अर्द्धवीक्षण करना, झलक^F पाना या देना⊙; (का०) पौ फटना, झलक^F मारना, झलक^F दिखाना।

glint ग्लिन्ट्' १. n. कौंध^F, लौका, झलक^F; दमक^F, चमक^F; २. v.t.& i. कौंधना, लौका लौकना, जगमगाना, चमचमाना, चमक पड़ना; परावर्तित करना, चमकाना (प्रकाश)।

glisette ग्लिसें'ट् n. (गणि०) विसर्पिका^F।

glissade ग्लिसाड् १. n. (पर्वतारोहण) किसी वस्तु^Fकी सहायता^Fसे फिसलनेका कार्य या फिसलना (खड़ी चट्टान^F या हिम आदिपर); २. v.i. नीचेकी ओर फिसलना।

glisten –ग्लि'सॅन् १. जगमगाहट^F, चमक^F, दमक^F; २. v.i. जगमगाना, रह-रहकर चमकना; दमकना, झलकना।

glistening –सॅनिंग् a. प्रभासित, द्युतिमान, भास्वर, चमकदार; स्निग्ध, चिकना, जगमगाता।

glister –ग्लिस्'टॅर् १. n. (प्रा०) चमक^F, दमक^F; २. v.i. (प्रा०) जगमगाना, दमकना।

glistering –रिंग् a. प्रभासमान, द्युतिमान, भासुर, उज्ज्वल, चमकता हुआ, चमचमाता, दमकता।

glitter –ग्लि'टॅर् १. n. दीप्ति^F, प्रभा^F, कान्ति^F, चमक^F, दमक^F, भड़कीलापन; २. v.i. जगमगाना, जोरोंसे चमकना, दमकना; जगमग करना, भड़कीला होना, भड़कदार होना (जवाहर आदिका)।

glittering –रिंग् a. = GLISTERING.

glittery –रि a. प्रभामय, द्युतिमान, चकासमान, चमकदार।

gloam ग्लोम्' v.i. अन्धकार होना, अँधेरा होना, अँधियारा होना, सँझलौका होना।

gloaming –'मिंग् n. गोधूलि^F, शाम^Fका अँधेरा, झुटपुटा, सँझलौका, धुँधलका।

gloat ग्लोट्' v.i. प्रेम और वासना^Fकी दृष्टि^Fसे देखना, बुरी दृष्टि^Fसे देखना आदि; ~*over*, मोहित होना, तुष्ट होना।

global ग्लो'बॅल् a. व्यापक, **सार्वत्रिक**, सार्वभौम, विश्वव्यापी, **विश्व-**; वर्तुल, गोल;

~ affairs, ~ leadership, ~ property, ~ tender.

globate –'बॅट् a. गोलाकार, ग्लोबके आकारका।

globe –ब' १. n. भूमण्डलका (*terrestrial*~) या आकाश-मण्डलका (*celestial*~) मानचित्र, भूमिगोल, गोल, **भूमण्डल, ग्लोब**; सूर्य, ग्रह, नक्षत्र; पृथ्वी^F, धरती^F; **गोलक, गोला**; (श० र० शा०) अक्षिगोलक, आँख^Fका डेला, ढेला, ढेंढ, टेंट; **गोलचिमनी**; सुवर्णगोलक, (सम्राट् या राजाका प्रतीक); २. v.t. & i. गोलाकार बनाना या बनना; ~-fish गोलाकार मछली^F, फुल्लमत्स्य^F, ~-flower गोलकुसुम, गोल पीछे फूलोंवाला एक पौधा; ~ -trotter भू-पर्यटक; ~ -trotting भूपर्यटन।

globoid –'बाएँड् n. & a. (वन०) **गुलिकाभ**, गोलाकार वस्तु^F, गोली^F, वर्तुल, मण्डलाकार, **गोल-सा**।

globose, globous ग्लॅबोस्, ग्लो'बॅस् aa. पिण्डाकार, वर्तुल, गोल, गोलाकार।

globosity –बॉ'सिटि n. पिण्डत्व, मण्डलत्व, वर्तुलता^F, गोलाई^F।

globular ग्लॉ'ब्यूलॅर् a. वर्तुलाकार, **गोलिकाकार, गोलाकार**, ग्लोबके आकारका, **गोल**; लघुशोणित गोलकोंसे निर्मित;

~beaker, ~bowl, ~process.

globularity –लै'रिटि n. मण्डलत्व, गोलाई^F; गोल शोणित कणियुक्तता^F।

globule–'ब्यूल् n. (रसा०) **गोलिका^F**, वृत्त, गोल अणु, गोलक, विन्दु या गोली^F, रवा, गोल दाना।

globulin –लिन् n. आवर्तुलि^F; रक्तगोलिका^F, ग्लोब्यूलिन^F, लालरक्तकणका मुख्य प्रोटीन जातीय पदार्थ।

globus pallidus –बॅस् 'पैलीडॅस n. (चि०) **पाण्डुर पिण्ड**।

globy ग्लो'बि a. गोलकाकृति, भूगोलाकार, ग्लोबके आकारका।

glochid –चिड्' n. (वन०) **शूलाकार बाल, कटीला बाल**।

glochidiate ग्लॅकि'डिॲट् a. प्रलोमी, **लोमांकुशित**, दो सिरोंवाले रोयेंसे युक्त।

glockenspiel ग्लॉ'कॅनस्पील् n. हथौड़ी^Fसे पत्तियों^Fपर बजनेवाला बाजा।

glome ग्लोम् n. (फूलोंका) गोल शीर्ष, गोल सिर।

glomerate¹ –ग्लॉ'मॅरॅट a. (वन०, श० र० शा०) पिण्डीकृत, **संमुंडकित**, कांदुकीयित, मण्डलीकृत, गुच्छेदार, गोलमोल, इकट्ठा।

glomerate² –रेट् v.t. गोलाकार बनाना, मण्डलीकृत करना।

glomeration –रे'शॅन् n. मण्डलरूप, गोलीयम, एकत्र होकर गोल होनेकी क्रिया^F।

glomerule –ग्लॉ'मॅरूल् n. (चि०) रक्त-ऊति-समूह, रक्त-वाहिनियाँ^F; **केशिका स्तवक**, गुत्सक, (वृक्कान्तर्-गत) खूनके पिण्ड; पुष्प-पिण्ड, (वाणि०) **केशिका-गुच्छ**, गुच्छा।

glomus –ग्लॉ'मॅस् n. (जीव०) **बहुकेशिका गुच्छ**।

gloom¹ –ग्लूम् n. अस्पष्टता^F; अन्धकार, धुंध, धुँधलापन, अँधेरा; अवसाद, विषाद, नैराश्य, सूनापन, उदासी^F।

gloom² v.t. & i. अस्पष्ट या धुँधला करना; सांधकार करना या होना, अँधेरा कर देना, मेघाच्छन्न करना या होना, घिर जाना; सूना या उदास कर देना, उदासी^Fसे घिर जाना, उदासी^F छा जाना; सविषाद होना, उदास होना या दिखायी देना, अवसन्न करना या होना; क्षुब्ध कर देना या होना; त्योरियाँ^F चढ़ाना, नाक^F भौं^F चढ़ाना।

iliac इ'लिॲक् a. (चि०) **श्रोणि-**[F], **श्रोणि-फलक-**, श्रोणि-फलकीय पृष्ठनितम्ब, जघनप्रदेशीय, पेड़्का, कूल्हेका; ~ artery, ~ bone, ~crest, ~ fosse, ~ gland, ~process, ~vein.
ill. Illinois.
ill. illustration; illustrated.
iliacus इलिॲकस् n. (चि०) **श्रोणिफलका** ।
iliocostalis –ॲकौस्टैलिस n. **श्रोणि पर्शुकी**[F] ।
iliocostocervicalis –स्टॅसर्विकेलिस् (चि०) **श्रोणि पर्शुक ग्रीविका**[F] ।
ilium (J) इ'लिॲम् n. (चि०) श्रोणिफलक; =ILEUM.
ilk इल्क् a. (*of that* ~) वही, एक, प्रत्येक; उसीका; वर्ग, समूह, परिवार (*that* ~) ।
ill[1] इल्' n. दुर्दैव, अनिष्ट, दुर्भाग्य; रोग, दोष, बुराई[F]; (pl.) आप्ति-विपत्ति[F], विकार ।
ill[2]* a. अस्वस्थ, व्याधित, रोगी, रोगग्रस्त, व्याधियुक्त, बीमार; कु-*, बुरा*, खराब; अव्यवस्थित; नैतिक दृष्टिसे बुरा (~ *fame*); अशुद्ध, कुत्सित, गर्ह्य, निन्द्य, अप-, असाधु (~ *blood*, ~ *humour*, ~ *temper*); हानिप्रद, अनिष्टकर, अशुभ (~ *weeks grow apace*); विनाशकारी, विध्वंसकारी, अनिष्टकारी (*it is an ~ wind that blows nobody good*); कठिन, दुः-, (~ *to please*); अप्रवीण, अनिपुण, अदक्ष, अकुशल, दोषमय (~ *management*); अनुचित, असंगत, अपूर्ण, अधूरा (~ *success*) ।
ill[3] adv. अविवेकपूर्ण ढंगसे (~-*advised*); बुरी तरह, अनाड़ीपनसे (*behaved*~); प्रतिकूलतया (*it would have gone ~with him*); अपूर्ण रूपसे, अधूरे ढंगपर; कदाचित्, कभी-कभी, कठिनाईसे (*it ~ became him to speak*); ~-advised अनुपपन्न, कुमन्त्रित, अपमर्शित, अविवेकी, अदूरदर्शी बहकाया हुआ; ~-affected अस्वस्थ, अव्यवस्थित; ~-assorted कुवर्गित, ~-being **दुःस्थिति**; ~-boding अशुभ, अमंगल; ~-bred अशिष्ट, असंस्कृत, असभ्य, अशिक्षित, दुःशील, दुर्वृत्त, कुशील, अविनीत; ~breeding अशिष्टता[F], असभ्यता[F], अविनय[F], अविनीतता[F], दुःशीलता[F], गँवारपन, बदतमीजी[F]; ~-conditioned कुस्वभावी, दुःस्वभावी, दुःस्थित, दुर्गत; ~-disposed ईर्ष्यालु, द्वेषी; द्रोही, क्रुद्ध, अप्रसन्न, नाराज; ~-fated दुर्भाग्यशाली, दुर्दैवग्रस्त, दैवोपहत, दुर्भाग्य लानेवाला, अभागा; ~-favoured कदाकार, विकृत, अपरूप, असुन्दर, कुरूप, भद्दा, भोंडा; आपत्ति-जनक, अप्रीतिकर; ~-gotten अनुचित साधनोंसे प्राप्त, हरामका; ~-humour चिड़चिड़ापन; ~-humoured क्रोधी, चिड़चिड़ा; ~-judged अविमृष्ट, दुरालोचित, अपरीक्षित; अविचारित, निर्विवेक, मूर्ख, मूढ़; ~-mannered अशिष्ट, असभ्य, दुर्विनीत, दुर्वृत्त, कुशील; ~ nature अशिष्टता[F], कुशीलता[F], असभ्यता[F], गँवारपन, उजड्डपन; ~-natured अशिष्ट, कुशील, असभ्य, चिड़-चिड़ा, उजड्ड; ~-omened अनिष्ट शंसी, अशुभसूचक; ~-starred मन्दभाग्य, अभागा, दुर्भाग्यशाली; ~-tempered क्रोधी, दुष्प्रकृति, दुष्टस्वभाव, दुःशील; ~-timed अकाल, अनवसर, अप्राप्तकाल, बुरे अवसरका; ~-treatment **दुर्व्यवहार**, ~-turn अपकार, अनिष्ट, वैर, निर्दयतापूर्ण कार्य; ~-use दुरुपयोग करना, दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना; ~ will मात्सर्य, द्रोह, **द्वेष-वैमन्य**, दुर्भाव, **दुर्भावना**[F]; ~-wisher अशुभेच्छु, दूसरेकी हानि[F] चाहनेवाला; *do an ~ turn to* person अनिष्ट करना, हानि[F] पहुँचाना; ~ *at ease* व्यग्र, व्याकुल, बेचैन, परेशान; ~-*got* ~-*spent* पापका धन प्रायश्चित्तमें जाता है, जैसे आया वैसे गया; ~-*gotten goods seldom prosper* चोरी[F]का धन मोरी[F]में जाता है; *speak ~ of* भर्त्सना[F] करना, निन्दा[F] करना, बुराई[F] करना; *take* ~ बुरा मानना;
• ~-accoutred, ~-accustomed, ~ afford, ~-blood, ~-born, ~-breeding, ~-fame, ~-featured, ~-health, ~-paid, ~-tamed, ~-treatment, ~-willer.
illapse[1] इलैप्स्' n. अन्तःसर्पण, विसर्पण, फिसलन, सरकन; अन्दर सरक जाना; एक मिथोद्वार, पारस्परिक द्वार, एक वस्तु[F]की दूसरी वस्तु[F]में पहुँच[F]; अचानक अधिकार ।

illapse[2] v.t. अन्तःसर्पण करना, विसर्पित होना, फिसलना, सरकना, बीतना, अन्दर सरक जाना।

illation इलेʼशॅन् n. निगमन, व्यवकलन, अनुमान, परिणाम, फल; निष्कर्ष, सिद्धान्त।

illative –ʼटिव् a. निगमनात्मक, अनुमानात्मक, अनुमानीय, अनुमानिक; परिणामसूचक;
 ~ conversion, ~particles, ~ sense.

illaudable इलॉʼडॅबॅल् a. कुप्रशंसार्ह, कुप्रशंसनीय, गर्हणीय, निन्द्य, निन्दनीय।

illegal इलीʼगॅल् a. **अवैध,** न्यायविरुद्ध, नियमविरुद्ध, **गैरकानूनी;**
 ~ absence, ~ contract, ~ cultivation, ~ cutting, ~ dealing, ~ distraint, ~emigration, ~ evidence, ~gaming, ~ gratification, ~ lockout, ~ obligations, ~possession, ~ practice, ~ sale, ~ transaction, ~ trespass, ~ war.

illegality –गैʼलिटि n. **अवैधता**[F], अवैधानिकता[F], न्यायविरुद्धता[F]।

illegalize इलीʼगॅलाइज् v.t. अवैध करना, अवैधानिक बना देना, गैरकानूनी करार देना।

illegibility इलेˇजिबिʼलिटि n. अवाच्यता[F], अपाठ्यता[F], अस्पष्टवर्णता[F], गिचपिचाहट[F]।

illegible –ʼजिबॅल् a. अवाच्य, दुर्वाच्य, **अपाठ्य,** अस्पष्टाक्षर, अस्पष्ट, अव्यक्त, जो पढ़ा न जा सके, गिचपिच।

illegitimacy इलिˇजिʼटिमॅसि n. अवैधता[F], अवैधानिकता[F], विधिविरोध; अनौचित्य; विजन्य, वैजात्य, **जारजता**[F], हरामीपन, दोगलापन; अशुद्धि[F]; विलक्षणता[F]।

illegitimate[1] –मॅट् n. अवैध सन्तान[F], जारज, विजात सन्तति[F], दोगली या हरामी औलाद[F], हराम।

illegitimate[2] a. **अवैध,** (~ *hypothesis*), अन्याय्य, अवैधानिक, विधिविरुद्ध; अनुचित, अनुपयुक्त, अयोग्य; अवैधज, विजात, **जारज,** अनौरस, विजन्मा, दोगला, हरामी; अशुद्ध, खोटा, गलत; विलक्षण, अद्भुत, असाधारण।

illegitimate[3] –मेट् v.t. अवैध घोषित करना, गैरकानूनी बताना, जारज या अनौरस घोषित करना, दोगला या हरामी ठहराना; विलक्षण सिद्ध करना।

illegitimation –मेʼशॅन् n. अवैधीकरण; जारजीकरण, विजन्मीकरण; विलक्षण प्रमाणित करना।

illiberal इलिʼबॅरॅल् a. दासोचित; अनुदार, संकुचित, तंगदिल; असभ्य, अशिष्ट, गँवार; संकीर्ण-हृदय, तंगदिल, ओछा; कृपण, कंजूस, सूम।

illiberality –रैʼलिटि n. दासौचित्य; अनुदारता[F], अनौदार्य; गँवारपन; संकीर्णता[F], संकीर्णहृदयता[F], तंगदिली[F]; कृपणता[F], कंजूसी[F]।

illiberalize –ʼबॅरॅलाइज् v.t. दासोचित बनाना; अनुदार बनाना; अशिष्ट बनाना, गँवार बनाना; संकीर्ण बनाना; कृपण बनाना, कंजूस बनाना।

illicit इलिʼसिट् a. **अवैध, अधर्म्य,** विधिविरुद्ध, विवर्जित, **निषिद्ध,** प्रतिषिद्ध; अनुचित, **अयुक्त,** अननुज्ञात, अननुमत, **अनुचित;**
 ~ cohabitation, ~ connection, ~ conversion, ~ cultivation, ~disposal, ~distillation, ~ emigration, ~ export, ~ gains, ~ generalisation, ~ import, ~intercourse, ~ process, ~ production, ~ sale, ~spirit.

illicitness –निॅस् n. अवैधता[F], अधर्म्मता[F], गैरकानूनीपन; अननुज्ञातत्व, प्रतिषेध; अनौचित्य, अयुक्तता।

illimitability इलिमिˇटबिʼलिटि n. असीमता[F], निःसीमता[F], अमेयता[F], अनन्तता[F]।

illimitable –ʼमिटॅबॅल् a. असीम, निःसीम, अपार, अमेय, अमित, अनन्त, बेहद।

illimitableness –निॅस् n. निःसीमता[F], असीमता[F], अमेयता[F], अनन्तता[F], बेहदपन।

illimited –टिड् a. असीम, निःसीम, निरवधि, अपरिसीमित, अनन्त, अछोर।

illinition –निशʼन् n. मरहम-लेप, मरहम-लेपन; लेप किया हुआ मरहम; (विशे॰ खनिजोंपर) अन्य पदार्थोंका लेप।

illiquid इलिʼक्विड् a. अतरल, ठोस; (कानून) अस्पष्ट, अनिश्चित, अप्रीतिकर, अविश्वास्य, (अर्थ॰) **बेनकद।**

illision इलिʼज़ॅन् n. आघात, संघर्ष, धक्का, भिड़न्त[F], रगड़[F], टक्कर[F]।

illiteracy इलिʼटॅरॅसि n. **निरक्षरता**[F], निरक्षर-भट्टाचार्यता[F], अशिक्षा[F], अप्रबुद्धता[F], विद्याशून्यता[F], गँवारपन।

illiterate[1] –रॅट् n. अशिक्षित या निरक्षर व्यक्ति, निरक्षर भट्टाचार्य, अव्युत्पन्न या अप्रबुद्ध व्यक्ति, अपढ़ आदमी।

illiterate[2] a. अशिक्षित, निरक्षर, निरक्षर भट्टाचार्य; अज्ञ, अप्रबुद्ध, अव्युत्पन्न, विद्याविहीन, अनपढ़, अपढ़।

illiterateness –निॅस् n. निरक्षरता[F], निरक्षर भट्टाचार्यत्व, अशिक्षा[F], अबुद्धत्व, विद्याशून्यता[F], विद्याविहीनता[F]।

illness इल्ʼनिॅस n. अस्वस्थता[F], रोग, **बीमारी**[F]; बुराई[F]।

illogical इलॉʼजिकॅल् a. तर्कहीन, अतार्किक, तर्कशून्य, **तर्कविरुद्ध,** असंगत।

illogicality, illogicalness –कैʼलिटि, –निॅस् n. तर्कशून्यता[F], तर्कराहित्य, तर्कहीनता[F], युक्तिविरोध, असंगति[F]।

illth इल्थ् n. (का॰) दुर्दशा[F], बुरा या फटा हाल; **हानिकर पदार्थ।**

illude इलू(ल्यू)ड् v.t. प्रतारणा[F] करना, कपट करना, झाँसा या धोखा देना, चालबाजी[F] करना।

illume इलू(ल्यू)म् v.t. (का॰) प्रकाशवान् करना, प्रकाशित करना, चमकाना।

illuminable –'मिनेबॅल a. प्रभास्य, प्रभासनीय, प्रकाश्य, प्रकाशनीय, प्रकाशित करने योग्य, रोशनी^F करने लायक।

illuminance –नॅन्स् n. (भौ०) **प्रदीप्ति घनत्व**, प्रभा-घनता^F।

illuminant –नॅन्ट् n. प्रभासक, प्रकाशक, (रसा०) **प्रदीपक**, चमकानेवाला।

illuminate –नेट् v.t. प्रभासित करना, प्रदीप्त करना, ज्योतित करना, चमकाना; आध्यात्मिक या बौद्धिक प्रकाश प्रदान करना; प्रकाश डालना, मत प्रकट करना; प्रकाश (दीपक इत्यादि) से सजाना; पाण्डुलिपि^Fके आदि वर्णपर सोने-चाँदी^F या रंगका काम करना।

illuminated –टिड् a. **दीप्त, प्रदीप्त, द्योतित,** प्रभासित, ज्योतिर्मय, **दीपित**^F; चमकदार; प्रकाश-सज्जित; ज्ञानप्रकाशित; ~ map **रोशन नक्शा**; ~ fountain (भौतिक०) प्रभासित उत्स।

illuminati, illuminist इलू(ल्यू)मिने'टाइ, इलू(ल्यू) मिना'टी, इल् (ल्यू) 'मिनिस्ट् nn. विशिष्ट-ज्ञानी; अत्यधिक पाण्डित्यका ढोंग करनेवाला व्यक्ति; १७७६ ई० में स्थापित एक आस्तिक गुप्त सभा^F।

illuminating इलू(ल्यू)'मिनेटिंग् n. प्रदीपन, प्रभासित करनेकी क्रिया^F, प्रभासन; ~ power **प्रदीपन-क्षमता**^F, प्रदीपन शक्ति^F, चमकानेकी ताकत^F, **प्रदीपकता**^F; २. a. **प्रदीपक**, (~ *gas*) प्रकाशदायी।

illumination –ने'शॅन् n. (प्रा० भूगोल, रसा०) **प्रदीप्ति**^F, (~ *motor*, ~*photometer*) **ज्योति**^F, प्रभासन, द्योतन, प्रकाशन, उद्भासन, उज्ज्वलन, दीप्ति^F, दीपितता^F, द्योतितता^F, द्युति^F, प्रकाश-सज्जा^F, जगमगा-हट^F, सजावट^F; ज्ञानप्रकाश।

illuminative –'मिनेटिव् a. प्रकाशमय, प्रकाशनात्मक, दीप्तिवह, द्युतिकर; ज्ञानशील, ज्ञानात्मक।

illuminator –टॅर् n. प्रभासक, दीप्ति^F करनेवाला, ज्योतित करनेवाला; चमक^F लानेवाला।

illumine –न् v.t. ज्ञान देना; प्रदीप्त करना, प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

illuminism –निज़्म् n. आध्यात्मिक ज्योति^F, परम ज्योति^Fका सिद्धान्त।

illus. illustrated, illustration.

illusion इलू'ज़न् n. भ्रान्ति^F, **भ्रम, माया**^F, इन्द्रजाल, विमोह, व्यामोह; मरीचिका^F, छल, धोखेकी टट्टी^F।

illusionism –निज़्म् n. मायावाद, बाह्य सत्ता^Fमें अविश्वास, भ्रमवाद।

illusionist –निस्ट् n. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर; भ्रमवादी, बाह्य सत्ता^Fमें अविश्वास करनेवाला।

illusive इलू'सिव् a. मिथ्या, मायामय, भ्रमपूर्ण, भ्रान्ति-कर, भ्रमात्मक, छली।

illusiveness –निॅस् n. भ्रान्तिकरता^F, भ्रमात्मकता^F, भ्रमपूर्णता^F, माया^F, कपट, छल।

illusoriness –सॅरिनिॅस् n. भ्रान्तिपूर्णता^F, भ्रमोत्पाद-कत्व, मायाविता^F।

illusory –रि a. **भ्रामक**, भ्रान्तिकर, भ्रान्तिजनक, भ्रमोत्पादक, **आभासी**, मायामय, मायावी, छली; ~ appointment, ~ association, ~ promise.

illustrate इ'लॅस्ट्रेट् v.t. स्पष्ट करना; व्याख्या^F करना; सोदाहरण स्पष्ट करना, **उदाहरणके साथ समझाना**, सचित्र बनाना, चित्रयुक्त करना, चित्र द्वारा सुसज्जित करना।

illustrated –टिड् a. सोदाहरण, उदाहरणयुक्त, उदाह-रणसहित; (~ *talk*), सचित्र (~ *article*)।

illustration –ट्रे'शॅन् n. **निदर्शन, निदर्शना**^F, व्याख्या^F, स्पष्टीकरण; **दृष्टान्त, उदाहरण; चित्र, निदर्शन-चित्र।**

illustrational –नॅल् a. = ILLUSTRATIVE.

illustrative –ट्रेटिव् a. चित्रमय; निदर्शी, **दृष्टान्त-**, उदाहरणस्वरूप; ~ poetry चित्र-काव्य।

illustrator –'लस्ट्रेटॅर् n. व्याख्याता, स्पष्टीकर्ता; निदर्शक, उदाहरण या चित्र द्वारा स्पष्ट करनेवाला।

illustratory –'ट्रॅटॅरि a. = ILLUSTRATIVE.

illustrious इलस्'ट्रिॲस् a. विश्रुत, प्रख्यात, प्रसिद्ध, प्रथित, सुविख्यात, यशस्वी, गौरवयुक्त, नामी, मशहूर।

illustriousness –निॅस् n. कीर्ति^F, ख्याति^F, विश्रुति^F, प्रसिद्धि^F; यश, गौरव।

illuviation इल्यूवि'ऐशॅन् n. (कृषि०) **विनिक्षेपण**।

illy ⊙ = ILL.

I.L.O. International Labour Office (*or* Organization).

I.Loco. E. Institute of Locomotive Engineers.

I.L.P. Independent Labour Party.

I.M. Act Indian Mines Act.

il penseroso (It) n. विचारमग्न व्यक्ति।

im-[1] अ-, अन-, (*b*, *m*, *p* के पूर्व, जैसे, ~*becile* ~*mature*, ~*mortal*, ~*possible*); दे० IN[1,2] भी।

im-[2] = IN[1] (~*mure*, ~*pel*, ~*port*)।

I.M.A. Indian Medical Association; Indian Military Academy.

image[1] इ'मिज् n. चित्र, मूर्त्ति^F, **प्रतिमा**^F; आकृति^F, आकार, रूप; बिम्ब; **प्रतिबिम्ब**, परछाईं^F; प्रतिरूप, प्रतिकृति^F, प्रतिच्छाया^F (*he is the very ~ of his father*); आदर्श, नमूना; सादृश्य, उपमा, रूपक; भावना^F, भाव; ~ frequency **छायावृत्ति**^F; ~-breaker, ~-breaking, ~ dissector, ~distance, ~formation, ~lantern, ~space, ~worship.

image[2] v.t. चित्र या मूर्त्ति^F बनाना; प्रतिमा^F बनाना; प्रतिबिम्बित करना, परछाईं^F डालना, चित्रित करना; विचार बनाना, कल्पना^F करना; आदर्श होना, नमूना होना।

imageable –'जॅबॅल् a. चित्र्य, मूर्त्ति^F बनाने योग्य;

प्रतिबिम्बित करने योग्य; सविस्तर वर्णनीय; आदर्श होने योग्य, नमूना बनने लायक।

imageless –मिज़्'लिॅस् a. मूर्तिहीन, प्रतिमाहीन, प्रतिबिम्बशून्य, निराकार; आदर्शरहित, संकल्पहीन, भावशून्य।

imagery –जॅरि n. **बिम्बसृष्टि**F, **कल्पनासृष्टि**F, प्रतिमा-विधान; **प्रतिमावली**F, चित्रावली F; वासनाF, **कल्पना**F; **मूर्ति-कला**F, संगतराशीF; लाक्षणिक चित्रण।

imaginable इमै'जिनॅबॅल् a. कल्पनीय, सम्भाव्य (*the greatest difficulty* ~)।

imaginal –नॅल् a. (कीड़ेकी) तुरीयावस्थाFसे सम्बन्धित; परिकल्पनात्मक, संकल्पनात्मक, कल्पित, भावना-शक्ति-सम्बन्धी, मनगढ़न्त।

imaginary –नॅरि a. (गणित भी) काल्पनिक, **कल्पित**, **अधिकल्पित**, संकल्पज, मनोरथसृष्ट, परिकल्पनात्मक, मनगढ़न्त, **ख्याली**;
~ angle, ~ circle, ~intersection ~line, ~ link, ~ number, ~ part, ~ point, ~root.

imagination –ने'शॅन् n. परिकल्पन, संकल्पन; स्वेच्छाकृत संकल्प; **कल्पना**F, भावनाF, संकल्प; भावना-शक्तिF, कल्पना-शक्तिF।

imaginational –नॅल् a. आदर्शवादी, कल्पनावादी, कल्पनायुक्त, कल्पनाशील।

imaginationalism –लिज़्म् n. आदर्शवाद, कल्पनावाद; कल्पनाशीलताF।

imaginative –'जिनॅ(ने)टिव् a. कल्पनामय, कल्पनाशील, कल्पित, **कल्पनात्मक** (~ *process*), परिकल्पनात्मक; भावना-विषयक, भावनापूर्ण।

imaginativeness –निॅस् n. कल्पनात्मकताF, संकल्पनात्मकताF, कल्पनाशीलताF, भावशीलताF।

imagine इमै'जिन् v.t. कल्पनाF करना, मस्तिष्कमें चित्र बना लेना; विचार करना, चिन्तन करना, सोचना; अनुमान करना, ख्याल दौड़ाना, समझना (*cannot ~ what he is doing*); मानना, कल्पित करना, विचार रखना, रायF रखना।

imaginer –नॅर् n. कल्पना-प्रिय, परिकल्पक, कल्पनाF करनेवाला; विचारक, सोचनेवाला।

imagining –निंग् n. कल्पनाF करना।

imagism इ'मॅजिज़्म् n. चित्रणवाद, यथार्थ-चित्रणवाद।

imagist –मॅजिस्ट् n. चित्रणवादी (कवि)।

imago इमे'गो n. (प्राणि०, चि०) (pl. *imagines*, *imagos*) (कीड़ेकी तुरीयावस्थाF, जैसे तितलीF), **पूर्णकीट**, T.

imam, imaum इमॅम्', इमॉम्' n. (अ०) इमाम, मुल्ला।

imamate इमॉ'मॅट् n. इमाम-प्रदेश, इमामका क्षेत्र।

imbecile इम्'बि सी(सि)ल् a. & n. १. **अल्पबुद्धि**, अल्पमति, (व्यक्ति), दुर्बलमनस्क, जड़बुद्धि, क्षीण-बुद्धि, निर्बुद्धि (पुरुष), मूढ़, मूर्ख (व्यक्ति), बालिशबुद्धि (बौद्धिक-स्थितिF, ३ से ७ वर्षके बालकके समान) व्यक्ति, २. निर्बल, अशक्त, **दुर्बल**, नामर्द।

imbecilitate –सि'लिटेट् v.t. अल्पमति बनाना, निर्बुद्धि बनाना, बुद्धू बनाना, मूर्ख बनाना; कायर या नामर्द बनाना।

imbecility –टि n. मूर्खताF, मूढ़ताF, न्यूनबुद्धिताF, बालिशत्व, बुद्धिदुर्बलताF, बेवकूफीF; (शरीर या मनकी) दुर्बलताF; दुर्बलमनस्कताF, कायरताF, नामर्दीF।

imbed इम्बे'ड् v.t. लेटना; जटित करना, जड़ना।

imbedded –'डिॅड् a. **अन्तर्भूत**; जटित।

imbibe इम्बाइब्' v.t. मनमें धारण कर लेना, **अन्तर्ग्रहण करना**, हृदयंगम करना, ग्रहण करना, लेना, पाना, समझ जाना; पीना, पान करना; साँसF लेना; शोषण करना, सोख लेना, चूस लेना।

imbiber –बॅर् n. अवधारी, अवधारयिता, अवधारक व्यक्ति, मनमें समझ लेनेवाला आदमी।

imbibition इम्बिबि'शॅन् n. **अन्तर्ग्रहण**, हृदयंगमीकरण; श्वासग्रहण; (वन०) **आशोषण**, अन्तःशोषण, **अन्तश्चूषण**, चूषण।

imbricate[1] इम्'ब्रिकेट् v. t. & i. खपरैलFकी तरह सजाना या सजना, ढेर लगाना।

imbricate[2] –कॅट् a. व्यवस्थित, खपरैलFकी तरहकी सजावटFका।

imbrication –के'शॅन् n. सुव्यवस्थित ढेर, खपरैलFकी तरहकी सजावटF।

imbricative –ब्रिकेटिव् a. व्यवस्थायुक्त, खपरैलFकी सजावटFका।

imbroglio इम्ब्रो'ल्यो n. क्लिष्ट स्थितिF, जटिलताF, उलझनF; अव्यवस्थित ढेर।

imbrue इम्ब्रू' v.t. रक्तसे हाथ या तलवार रंगना, तर करना।

imbrute, em- इम्ब्रूट्', इॅम्- v.t. क्रूर बनाना, कठोर बनाना, निर्दय बनाना, हिंस्रक बनाना, जंगली बनाना।

imbue इम्ब्यू' v.t. अनुप्राणित करना, उत्तेजित करना, प्रभावित करना, रंगना, भिगो देना, तर करना, सराबोर करना।

imburse इम्बर्स्' v.t. बटुएमें रखना, मनीबेगमें रखना, जमा करना, अदा करना; खर्च करना, चुकाना, चुकता कर देना।

I.M.C.O. Inter-Governmental Maritime Consultative Organization.

I.M.D. Indian Medical Department.

I. Mech. E. Institute of Mechanical Engineers.

I.M.F. International Monetary Fund.

I.M.F.L. Indian Made Foreign Liquor.

imfructescence इम्फ्रॅक्टे'सॅन्स् n. (वन०) **फलन**, **फलावली**F।

imit. imitative.

imitability इमिटॅबि'लिटि n. अनुकरणीयता^F, अनुगमनीयता^F, अनुग्रहणीयता^F।

imitable –'मिटब्ल् a. अनुकरणीय, अनुगम्य, अनुग्रहणीय।

imitate –टेट v.t. अनुकरण करना, अनुगमन करना, नकल^F करना; नकल^F भरना; भँडैती^F करना, जोकरी^F करना; सदृश होना, सादृश्य ग्रहण करना।

imitation –टे'शॅन् n. **अनुकरण,** अनुगमन, **अनुकृति^F;** प्रतिलिपि^F, **नकल^F;** (रसा०) **कृत्रिम रूप;** (गुणवाचक) **कृत्रिम, नकली,** बनावटी; एक ही रागको विभिन्न सुरोंमें दुहराना।

imitational –नॅल् a. अनुकरणात्मक, अनुकरण-मूलक, अनुकरण-सम्बन्धी; नकली।

imitative –'मिटेटिव् a. **अनुकरणात्मक, अनुकारी;** अनुकरणशील, कृत्रिम, बनावटी, नकली; ~shape **अनुकृतरूप, अनुकृति^F।**

imitativeness –निॅस् n. अनुकरणात्मकता^F, अनुगमनात्मकता^F, कृत्रिमता^F, नकलीपन।

imitator इ'मिटेटॅर् n. अनुकर्ता, अनुगामी, अनुसारी, अनुयायी, अनुगतिक, नकलची।

immaculacy इमै'क्यूलॅसि n. विशुद्धता^F, निष्कलंकता^F, निर्मलता^F।

immaculate –लॅट् a. विशुद्ध, निर्मल, निष्कलंक, पवित्र, बेदाग; त्रुटिहीन, निर्दोष; I~ Conception (कुमारी मेरी^F का) निष्कलंक गर्भधारण।

immaculateness –निॅस् n. दे० IMMACULACY.

immalleable –इमै'लिॲबॅल् a. अकुट्टय, कड़ा।

immanacle इमै'नॅकॅल् v.t. निगडित करना, बेड़ियाँ^F डालना, रोकना।

immanation इमॅने'शॅन् n. निर्गम, निर्गमन, बाहर निकलना।

immane इमेन्' a. निर्दय, क्रूर, अत्याचारी, जंगली; बृहद्, विशाल, बड़ा।

immanence, -cy इ'मॅनॅन्स, –सि nn. अन्तर्भूति^F, अन्तर्निहितता^F, अन्तर्व्याप्ति^F, अन्तःस्थिति^F; (ईश्वरकी) सर्वव्यापिता^F।

immanent –न्ट् a. अन्तर्भूत, अन्तर्निहित, अन्तर्व्याप्त, अन्तःस्थ, भीतरी; **अनुगत, अनुस्यूत; अन्तर्यामी; सर्वव्यापी,** सर्वान्तर्यामी (ईश्वर), ~activity आत्मगत क्रिया^F।

immanentism –टिज़्म् n. ईश्वरसत्तावाद, ईश्वरकी सर्वव्यापकता^F, सर्वान्तर्यामिता^F।

immanity इमै'निटि n. व्यापकता^F, विशालता^F, व्याप्ति^F, क्रूरता^F, निर्दयता^F, अत्याचारिता^F।

immarcescible इमार्से'सिबॅल् a. (किंचित् अशुद्ध रूप *immarcessible*) अम्लान, अविवर्ण, अक्षय्य, अविनाशी।

immarginate इमार्'जिनॅट् a. प्रान्त-हीन, प्रान्त-विहीन, बिना हाशियेका, बिना मार्जिनका।

immaterial इमॅटीॲ'रिॲल् a. अपार्थिव; **अभौतिक,** (~ *wealth*), अमूर्त्त, अशरीरी, निरवयव; सारहीन, असार, नगण्य, तुच्छ, अनावश्यक, महत्त्वहीन, यत्किंचित्।

immaterialism –लिज़्म् n. अभौतिकतावाद, अमूर्त्तवाद, निराकारवाद, आत्मवाद, प्रत्यक्षवाद।

immaterialist –लिस्ट् n. अभौतिकतावादी, अमूर्त्तवादी, निराकारवादी, प्रत्यक्षवादी।

immateriality –ॲ'लिटि n. अपार्थिवता^F, अभौतिकता^F, अमूर्त्तता^F, निरवयवता^F, नगण्यता^F, तुच्छता^F, अनावश्यकता^F, महत्त्वहीनता^F।

immaterialize –'रिॲलाइज़् v.t. अभौतिक बनाना, अमूर्त्त या अशरीरी करना, तुच्छ बनाना, नगण्य करना।

immature इमॅट्युॲर् a. अप्रौढ़, **अपरिपक्व, अपक्व,** अप्राप्तकाल, अकालिक, असम्पूर्ण, **अपूर्ण, कच्चा;** (जैसे, ~ *bucks*, ~ *soil* ~ *stage*)।

immatureness, immaturity –निॅस, –'रिटि nn. अप्रौढ़ता^F, अपरिपक्वता^F, कचापन।

immeability इमिॲबि'लिटि n. अप्रवाह, घनता^F, अद्रवता^F।

immeasurability इमेॅझॅरॅबि'लिटि n. दे० IMMEASURABLENESS.

immeasurable –'झॅरॅबॅल् a. अमेय, दुर्मेय, अमित अनन्त, अपरिमित, अपार, विशाल, महान्, अथाह, बहुत बड़ा।

immeasurableness –निॅस् n. अमेयता^F, अपरिमेयता^F, दुर्मेयता^F, अनन्तता^F, अपारता^F, विशालता^F महानता^F।

immediacy इमी'डिॲसि n.=IMMEDIATENESS (दर्श०) **अव्यवहितत्व।**

immediate –ॲट् a. **अव्यवहित** (~*descent*, ~*inference*), **अनन्तर,** व्यवधानशून्य; अपरोक्ष, सीधा निरन्तर, बिनान्तर, **संनिकृष्ट; संलग्न,** लगा हुआ **आसन्न,** सन्निहित, निकटतम, समीपतम, सन्निकट (~*danger*, ~*family*, ~*neighbour*); **तुरन्त अविलम्ब,** तुरत, (~*action*, ~*despatch*); **फौरी, जरूरी; तात्कालिक, तत्काली, तत्काल** (~ *death*, ~*delivery*, ~*notice*, ~*reply*) इत्यादि, ~and easy सीधा-सादा;

~annuity, ~antecedent, ~apprehension, ~call, ~cause, ~employer, ~intention, ~knowledge, ~memory, ~officer, ~reserve, ~slip, ~solution, ~telegram.

immediately –लि adv. तुरत, तत्काल, तुरन्त, अव्यवहित रूपसे, फौरन।

immediateness –निॅस् n. अव्यवहिति^F; व्यवधानशून्यता^F; तात्कालिकता^F, अपरोक्षत्व, अनन्तरता^F, सीधापन।

immedicable इमे'डिकॅबॅल् a. (चि०) **दुश्चिकित्स्य,** असाध्य, ला-इलाज, ला-दवा।

immemorable इमि'मॉरॅबॅल a. असरणीय, सरणातीत;

अतीत, अति प्राचीन, बहुत पुराना।

immemorial इमि`मॉ'रिअॅल् a. स्मरणातीत, अस्मृत, स्मृति^F^के बाहर; पुरातन, अतिप्राचीन, बहुत पुराना (*~usage*)।

immense इमे`न्स् a. अपरिमित, असीम, अमित, विशाल, महान्, दीर्घकाय, बृहत्, बहुत बड़ा; (ग्रा०) उत्कृष्ट, अत्युत्तम, बहुत बढ़िया।

immenseness, immensity –'निॅस्, –'सिटि nn. अपरिमेयता^F^, असीमता^F^, विशालता^F^, उत्कृष्टता^F^, बड़ाई^F^।

immensurability –स्युअॅरॅबि'लिटि n. अमेयता^F^, असीमता^F^, अपारता^F^, अगाधता^F^, अथाहपन।

immensurable –'स्युअॅरॅबॅल् a. अमेय, अमित, असीम, अगाध, अपार, अथाह।

immerge इमॅर्ज्` v.t. & i. डूबना, डुबोना, गोता लगाना; गोता देना।

immerse इमर्स्` v.t. **निमज्जित करना या होना,** जलसमाधि^F^ देना, निमग्न करना, बोरना, **डुबाना,** डुबो देना; अवगाहित करना; सरसे पैरतक गोता देना; गाड़ना, दफन करना; (ऋण, कठिनाई^F^, विचार आदिमें) मग्न करना, लीन करना, तत्पर करना, भिड़ाना।

immersed –ड् a. जलमग्न, **निमज्जित,** आप्लावित, निमग्न, डूबा हुआ।

immersible –'सिबॅल् a. अवगाह्य, आप्लावनीय, निमज्जनीय, डुबोने लायक; अभिषेक-योग्य, खिष्टीय दीक्षा-स्नान-योग्य इत्यादि।

immersion –'शॅन् n. अवगाहन, आप्लाव, **निमज्जन,** (*~test*), **डुबाना, डुबकी**^F^ (*~proof*), गोता; अभिषेक, खिष्टीय दीक्षा-स्नान; (ला०) (विचार आदिमें) निमग्नता^F^, तल्लीनता^F^, तत्परता^F^; (ग० ज्यो०) **निमीलन,** युतिभेद, लोप।

immesh इमे`श्' v.t. उलझाना, जाल फेंकना, जाल बिछाना, जाल डालना, फँसाना।

immethodical इमि`थॉ'डिकॅल् a. क्रम-विहीन, अव्यवस्थित, बेढब, बेढंगा।

immethodicalness –निॅस् n. क्रम-विहीनता^F^, अव्यवस्था^F^।

immigrant इ'मिग्रॅन्ट् a. & n. आव्रजक, **आप्रवासी,** आवासी, देशान्तराधिवासी, परदेश-निवासी, आगन्तुक, प्रवासी नागरिक।

immigrate –ग्रेट् v.i. & t. आप्रवास करना, देशान्तरमें जा बसना; ले जाकर बसाना या ठहराना।

immigration –ग्रे'शॅन् n. **आवसन, आप्रवासन,** आव्रजन, अन्तरावास, देशान्तराधिवास, विदेशनिवास, उत्प्रवास; आवास;

~authority, ~certificate, ~commissioner, ~depot, ~fee, ~laws, ~officer, ~regulations, ~restrictions.

imminence, -cy इ'मिनॅन्स्, -सि nn. सान्निध्य, सन्निकटता^F^, सामीप्य, सन्निकृष्टता^F^।

imminent –न्ट् a. सन्निहित, **सन्निकट,** समीप, निकटवर्ती, **आसन्न,** आश्रित, सिरपर, पास, आनेवाला।

immingle इमि`गॅल् v.t. मिश्रित होना, मिलना।

immiscibility इमिसिबि'लिटि n. अमिश्रणीयता^F^, न मिलाने योग्य होना।

immiscible –'सिबॅल् a. (रसा०) **अमिश्रय, अमिश्रणीय।**

immit इमिट् v.t. सन्निविष्ट करना, प्रविष्ट करना, अन्तर्भूत करना, भीतर डालना, शामिल करना।

immitigable इमि'टिगॅबॅल् a. अशम्य, अनल्प्य, जिसे मन्द या थोड़ा नहीं किया जा सकता।

immix इमिक्स् v.t. सम्मिश्रित करना, मिलाना।

immixture –'स्चॅर् n. मिश्रण, मिलावट^F^; ग्रस्तता^F^, लिपटा होना, फँसा होना।

immobile इमो'विल् a. (रसा०) अटल, **अचल, निश्चल,** स्थिर।

immobility –मॅबि'लिटि n. अटलता^F^, **अचलता**^F^, **निश्चलता**^F^, स्थिरता^F^; निष्कम्पता^F^, कम्पहीनता^F^, ठहराव।

immobilization –मोबिलाइज़े'शॅन् n. स्थायीकरण, स्थिरीकरण, निश्चलीकरण, ठहराव।

immobilize –'बिलाइज़् v.t. **गतिहीन करना,** अचल करना, स्थिर कर देना, हिलना-डुलना बन्द कर देना; किसी सिक्केकी चलन^F^ बन्द कर देना।

immoderacy इमॉ'डॅरॅसि = IMMODERATENESS.

immoderate –रॅट् a. अमित, अपरिमित, अत्यन्त, अतिमात्र, अत्यधिक; अतिशय।

immoderateness –निॅस् n. आधिक्य, अधिकता^F^, अतिशयता^F^।

immoderation –रे'शॅन् n. आधिक्य, अधिकता^F^, असंयम; अतिशयता^F^।

immodest इमॉ'डिस्ट् a. असभ्य, अशिष्ट, अभद्र, अश्लील, बदतमीज़; अविनीत, प्रगल्भ, धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ।

immodesty –टि n. असभ्यता^F^, अशिष्टता^F^, अभद्रता^F^, अश्लीलता^F^, बदतमीज़ी^F^; अविनय^F^, प्रगल्भता^F^, धृष्टता^F^, निर्लज्जता^F^, ढिठाई^F^।

immolate इ'मॅलेट् v.t. यज्ञके बलिपशुका हनन करना, बलि^F^ चढ़ाना; (ला०) बलि^F^ देना, (उपहारस्वरूप) अर्पित करना, बलिदान करना।

immolation –ले'शॅन् n. पशुमेध, यज्ञके बलिपशुका हनन; बलि^F^, बलिदान।

immolator –'मलेटॅर् n. यज्ञके बलिपशुका हनन करनेवाला।

immomentous –मे`न्टॅस् a. महत्त्वहीन, तुच्छ।

immoral इमॉ'रॅल् a. नीतिविरुद्ध, **अनैतिक,** (*~obligation*); गर्ह्य, निन्द्य, भ्रष्ट, बुरा; दुर्वृत्त, पापी, आचारहीन, दुराचारी, दुश्चरित्र, व्यभिचारी, अधर्मी, व्यसनी।

immoralism –लिज़्म् n. **नीति-उदासीनता, रूढ-नीतिद्रोह,** नीतिद्रोह।

immorality –मरै'लिटि n. **अनैतिकता**[F], **अनीति**[F], अनाचार; गर्हा[F], निन्दा[F]; दुष्टाचरण दुर्वृत्तता[F], दुश्चरित्र्य, व्यभिचारिता[F]।

immortal[1] इमॉर्'ट्‌ल् n. अमर व्यक्ति; (विशे० बहु०) देवता; चिरस्मरणीय ग्रन्थकर्त्ता; फ्रांसकी विद्वत्परिषद्‌का सदस्य; प्राचीन ईरानका राजकीय अंगरक्षक।

immortal[2] a. अमर्त्य, अमर; दिव्य, दैवी, देवविषयक, अविनाशी, अनश्वर, अक्षर; अविकारी; चिरप्रसिद्ध, चिरख्यात, चिरस्मरणीय, अमिट; (बोल०) अनन्त, नित्य, सनातन, शाश्वत, चिरकालिक, चिरस्थायी।

immortality –टै'लिटि n. अमरत्व, अविनाशिता[F]; दिव्यता[F]; नित्यता[F], चिरस्थायित्व, चिरकालिकता[F]; चिरप्रसिद्धि[F], चिरख्याति[F]।

immortalization –टॅलाइज़े'शॅन् n. अमरीकरण, अविनाशीकरण, चिरस्थायीकरण, चिरप्रसिद्धीकरण; = IMMORTALITY, अमरत्व।

immortalize –'टॅलाइज् v.t. अमर-अजर करना, अमरत्व प्रदान करना; चिरप्रसिद्ध करना, चिरख्याति[F] देना; शाश्वत करना, नित्य बनाना; चिरस्थायी करना।

immortelle इमॉर्टे'ल् n. सदाबहार फूल।

immortification –टिफ़िके'शॅन् n. तपहीनता[F], असंयम, अप्रत्याहार, अनिग्रह।

immovable इमू'वॅबॅल् a. **स्थावर** (~ *property*), स्थायी, अटल, अडिग; **अचल** (~*joint*), निश्चल, अपरिवर्तनीय; भावशून्य, भावनाहीन, निरावेग; (क़ानून) अचल (सम्पत्ति[F])।

immovableness, immovability –नि'स्, –वि'लिटि nn. अचलता[F], स्थायित्व, स्थिरता[F], दृढ़ता[F], निश्चलता[F], अपरिवर्तनशीलता[F]; भावहीनता[F]।

immovables –ब्ल्ज़् n. (pl.) **अचल सम्पत्ति**[F], **स्थावर सम्पदा**[F]।

immune[1] इम्यून्' n. व्याधिक्षम व्यक्ति, (रोगादिसे) प्रतिरक्षित व्यक्ति, बचा हुआ आदमी, प्रतिरक्षित।

immune[2] a. (चि०) रोगक्षम, व्याधिक्षम; (विष छूत[F] आदिसे) मुक्त, विमुक्त, क्षम; उन्मुक्त, रोग-प्रभाव-मुक्त, **निरापद, प्रतिरक्षित,** बचा हुआ; ~body **प्रतिरक्षक पिण्ड**।

immunity –'निटि n. प्रमुक्ति[F], **उन्मुक्ति**[F], विमोचन, छूट[F], छुटकारा; स्वतन्त्रता[F], विमुक्ति[F]; प्रतिरोध, **प्रतिरक्षा**[F], **निरापदता**[F]; **रोग प्रभाव-मुक्ति**[F], छूत रोग आदिका निरोधक; (मनो०) **अप्रभाव्यता**[F]।

immunization –नाइज़े'शॅन् n. (चि०) रोगक्षमताकरण, मुक्ति[F], विमुक्ति[F], **प्रतिरक्षण**, छूट[F], छुटकारा।

immunize –'म्यूनाइज़् v.t. रोगक्षम करना, (रोग आदिसे) मुक्त करना, विमुक्त करना, रक्षित करना, छूट[F] देना, छुटकारा देना।

immunology –नॉ'लॅजि n. (चि०) रोगक्षमता[F]-विज्ञान, **प्रतिरक्षा-विज्ञान**।

immunotherapy ⊙ इम्यूनॅथे'रॅपि n. (चि०) रोगक्षमता[F]-चिकित्सा[F]; **प्रतिरक्षा**[F]-**चिकित्सा**[F]।

immure इम्युअॅर्' v.t. कारावासमें रखना, कैद[F] रखना, चारदीवारी[F]में बन्द करना, घेर रखना; स्वयंको कैद[F] कर लेना, स्वयंको घेरेमें डाल लेना।

immurement –'मन्ट् n. कारावास, बन्धन, कैद[F]।

immutability, immutableness इम्यूटॅबि'लिटि, –नि'स् nn. अपरिवर्तनीयता[F]; स्थिरता[F], अटलता[F], निश्चलता[F]; निर्विकारिता[F], निर्विकल्पता[F], अविकार।

immutable –'टॅबॅल् a. अपरिवर्तनीय, स्थिर, सनातन, नित्य, अटल, निश्चल; निर्विकार, निर्विकल्प।

I.M.N.S. Indian Military Nursing Service.

Imp. Imperial; *Imperator*, Emperor.

imp. (also **imperf.**) imperfect; (also **imper.**) imperative; *imprimature*, let it be printed; (also **impers.**) impersonal.

imp[1] इम्प् n. पिशाच शिशु, छोटा राक्षस, भूतना, छोटा शैतान; दुष्ट बालक, बदमाश या शरारती लड़का; (प्रा०) शिशु, छोकड़ा, बच्चा; उत्तराधिकारी।

imp[2] v.t. (क्र०) विस्तृत करना, विस्तार करना, वृद्धि[F] करना, फैलाना, बढ़ाना, जोड़ना; ~*the wings of* (bird) पक्षीकी उड़ान[F]को बढ़ाना; उड़नेमें योग देना।

impacable इम्पे'कॅबॅल् a. अशमनीय, शान्त न करने योग्य।

impact[1] इम्'पैक्ट् n. **आघात**, समाघात, संघात, प्रतिघात, संघर्ष, **संघट्ट**, (ग०भौ०) **संघट्टन**, धक्का, **टक्कर**[F], भिड़न्त[F];

~allowance, ~crusher, ~noise, ~pressure, ~resistance, ~test.

impact[2] v.t. स्थिर करना, दृढ़ कर देना, कसना; ~ed fracture (चि०) मज्जागुनव अस्थिभङ्ग।

impaction –क्'शॅन् n. (चि०) संघट्टन, संघर्षण; स्थिरीकरण, दृढ़ीकरण, दबाव, कसाव।

impaint इम्पेन्ट्' v.t. रंजित करना, रंगोंसे चित्रित करना।

impair इम्पेअॅर्' v.t. तोड़-फोड़ देना, खराब करना, बिगाड़ना, नुकसान पहुँचाना; क्षीण करना, निर्बल करना, कमजोर करना।

impaired –ड् n. असमर्थ; ~ worker **असमर्थ कर्मी**।

impairer –'रॅर् n. क्षीण करनेवाला, निर्बल करनेवाला; कमजोर बनानेवाला; क्षतिकारक, हानि[F] पहुँचानेवाला, नुकसान करनेवाला।

impairment –र्'मॅन्ट् n. क्षति[F], ह्रास, **क्षीणता**[F], हानि[F], कमी[F], घटी[F], तोड़-फोड़, नुकसान।

impale इम्पेल्' v.t. सूली[F] देना; मेख[F] गाड़कर प्राणदण्ड देना; (क्र०) खूँटों या मेखों'से जँगला घेरना, नोकदार लकड़ियों[F]का जँगला घेरना।

impalement –मॅन्ट् n. शूलारोपण, सूली[F]पर चढ़ाना; नोकदार लकड़ियों[F]का जँगला।

impalpability इम्पैल्पॅबि'लिटि n. (चि०) अपरिस्पृश्यता[F], अस्पर्शलभ्यता[F]; स्पर्शातीतत्व; दुर्बोधता[F], दुर्ग्राह्यता[F];

अस्पृश्यता^F ।

impalpable –'पॅबॅल् a. अपरिस्पृश्य, अस्पर्शलभ्य, स्पर्शातीत, अनुभवातीत; दुर्बोध, दुर्ग्राह्य, अस्पृश्य, अतिसूक्ष्म, **अस्फुट** ।

impaludism इम्पै'ल्यूडिज़्म् n. दलदलमें रहनेवाले व्यक्तियोंका दुःस्वास्थ्य, जीर्णविषमज्वर-ग्रस्तता^F ।

impanate इम्पे'नॅट्, इम्'पॅनॅट् n. (खीष्टका शरीर) संस्कारके पश्चात् तैयारकी गयी रोटी^F में सन्निविष्ट ।

impanation –पॅने'शॅन् n. खीष्टके शरीरका रोटी^F में निर्माण ।

impanel इम्पै'नॅल् दे० EMPANEL.

imparadise, em- इम्पै'रॅडाइज़्, ऍम्- v.t. स्वर्ग बना देना, नन्दन कानन बना देना; स्वर्गमें पहुँचा देना; हर्षोन्मत्त करना, अपूर्व आनन्दकी अवस्था^F में पहुँचा देना ।

imparisyllabic इम्पैरिसिलै'बिक् a. & n. असमाक्षरी, (संज्ञा^F) जिसमें कारकोंके न्यूनाधिक अक्षर हों ।

imparity इम्पै'रिटि n. वैषम्य, विषमता^F, असाम्य, असमानता^F, वर्गभेद, ऊँच-नीचका भेद ।

impark इम्पार्क्' v.t. पार्कमें बन्द कर देना, भूमि^F को पार्क या बगीचेके लिए घेरना, पार्क बनाना ।

imparkation –कें'शॅन् n. बाड़ाबन्दी^F, पशुओंको पार्क या बगीचेमें घेरना; भूमि^F को पार्क या बगीचेके लिए घेरना ।

imparl इम्पार्ल' v.i. & t. मन्त्रणा^F करना, परामर्श करना, वार्तालाप करना, बातचीत^F करना ।

imparlance –'लॅन्स् n. वाद-स्थगन, समझौता, सन्धि^F करनेका अवसर, समझौतेकी मुहलत^F ।

impart इम्पार्ट्' v.t. **देना** (~*instruction*); समर्पित करना, प्रदान करना; (समाचार आदि) देना, विदित करना, प्रकाशित करना, सुझाना, जताना ।

impartation, impartment –टें'शॅन्, –'मॅन्ट् nn. भागदान, समर्पण; कथन, प्रकटीकरण ।

imparter –'टॅर् n. दाता, प्रदाता, समर्पयिता; वेदक, निवेदक, प्रकाशक, प्रकट करनेवाला ।

impartial इम्पार'शॅल् a. **निष्पक्ष**; उदासीन; तटस्थ; अनुत्कण्ठित; अनासक्त;
~ enquiry, ~ juror, ~ jury, ~ view.

impartiality –शिऐ'लिटि n. **निष्पक्षता**^F, समदर्शिता^F, समता^F, न्याय्यता^F ।

impartibility इम्पार्टिबि'लिटि n. अविभाज्यता^F ।

impartible –'टिबॅल् a. **अविभाज्य,** पूरा (~*estate*) ।

impartite –टाइट् a. अविभक्त, अविभाजित, समूचा ।

impassable इम्पा'सॅबॅल् a. अगम्य, **अलंघ्य,** दुस्तर, दुर्गम, दुस्तार्य, गहन ।

impassableness, impassability –नॅस, इम्पासॅबि'लिटि nn. अगम्यता^F, अलंघ्यता^F, दुस्तरता^F, दुर्गमता^F, गहनता^F ।

impasse इम्पास्' n. विकट स्थिति^F, **गतिरोध,** घोर संकट; बन्द गली^F या कूचा ।

impassible इम्पै'सिबॅल a. जड़, अचेतन, चेतनाहीन; रागातीत, सुखदुःखाक्षम, क्लेशानुभवरहित; = IMPASSIVE.

impassibleness, impassibility –नॅस्, –सिबि'लिटि nn. जड़ता^F, अचेतनता^F, चेतनाहीनता^F; क्षतिशून्यता^F, अपकारराहित्य, हानिहीनता^F; सुखदुःखाक्षमता^F, क्लेशानुभवराहित्य ।

imassion इम्पै'शन् v.t. भावोंको उत्तेजित करना, जोश दिलाना ।

impassionable –नॅबॅल् a. भावोत्तेजनात्मक, जोश दिलानेवाला ।

impassionate –नॅट् a. आतुर, भावोत्तेजित, आवेशपूर्ण, जोशसे भरा हुआ ।

impassioned –न्ड् a. भावोत्तेजित, आवेशपूर्ण, जोशीला ।

impassive –'सिव् a. भावहीन, आवेगरहित, निरावेग; धीर, उदासीन, अनुद्विग्न, स्थिर, शान्त, अक्षुब्ध; संवेदनाशून्य, संवेगरहित; सुखदुःखाक्षम, क्लेशानुभवरहित ।

impassiveness, impassivity –नॅस्, –'विटि n. भावहीनता^F, आवेगराहित्य; स्थैर्य, स्थिरता^F; धैर्य, धीरता^F; उदासीनता^F, अनुद्विग्नता^F; संवेदनाशून्यता^F, सुखदुःखाक्षमता^F ।

impastation इम्पेस्टे'शॅन् n. प्रगाढ़ रंजन, गाढ़े रंगसे चित्रित करना; लेई^F तैयार करना; लेई^F से चिपकाना या बन्द करना ।

impaste इम्पेस्ट्' v.t. गाढ़े रंगसे चित्रित करना; लेई^F तैयार करना, लेई^F से चिपकाना या बन्द करना ।

impasto इम्पैस्'टो n. (चित्र०) रंग थोपना, रंग-थोपाई^F ।

impatience इम्पे'शॅन्स् n. अधीरता^F, व्यग्रता^F; व्याकुलता^F, अधैर्य, असहिष्णुता^F, प्रबल उत्सुकता^F, उतावलापन ।

impatient इम्पे'शॅन्ट् a. अशान्त, व्यग्र, व्याकुल, अधीर, असहिष्णु, अक्षम, अतिउत्सुक, उतावला ।

impavid इम्पै'विड् a. अभीत, निर्भय, भयरहित, निडर ।

impawn इम्पॉन्' v.t. बन्धक रखना, गिरो^F रखना; **आड़ रखना;** (ला०) प्रतिज्ञा^F करना, सौगन्ध^F खाना, कसम^F खाना ।

impayable (F) इम्पे'ॲबॅल्, ऐम्पेया'बॅल् a. अनमोल; (बोल०) साधारण सीमा^F को पार करनेवाला, अमूल्य ।

impeach इम्पीच्' v.t. आक्रमण करना; छिद्रान्वेषण करना, गलतियाँ^F निकालना; दोषारोपण करना, **महाभियोग लगाना, अधिक्षेप करना,** दोषी ठहराना ।

impeachable इम्पी'चॅबॅल् a. दोषारोप्य, अधिक्षेप करने योग्य, कलंक लगाने योग्य, त्रुटि^F लगाने योग्य, अभियोग लगाने योग्य ।

impeacher –चॅर् n. आक्षेपक व्यक्ति, आक्रामक व्यक्ति, तौहीन करनेवाला आदमी; कलंक लगानेवाला आदमी; दोषारोपी ।

impeachment –च्'मॅन्ट् n. **अधिक्षेप,** आक्रमण,

तौहीन; **महाभियोग,** अभियोजन, दोषारोपण, कलंक।

impearl इम्पर्ल v.t. मोती बनाना, मोती जैसा बनाना; मोती जड़ना, मोतियोंसे सजाना।

impeccability इम्पे`कॅबि'लिटि n. पापातीत, अपाप, निष्पापत्व, पापहीनता^F; निर्दोषता^F, त्रुटिहीनता^F।

impeccable –'कॅबॅल् a. पापातीत, अपाप, निष्पाप; निर्दोष, त्रुटिहीन।

impeccancy –न्सि n. = IMPECCABILITY.

impeccant –न्ट् a. पापातीत, अपाप, निष्पाप; निर्दोष, त्रुटि^Fहीन।

impecuniosity इम्पि`क्यूनिऑ'सिटि n. निर्धनता^F, दरिद्रता^F, गरीबी^F।

impecunious –'निअॅस् a. निर्धन, धनहीन, दरिद्र, गरीब।

impedance इम्पी'डॅन्स् n. (विद्युत्^F) प्रतिष्टम्भ, अवरोध, **अवबाधा, संरोध, रोध** (~ *matching*), रुकावट^F; ~ bond अवबाधबन्ध, प्रतिष्टम्भ बन्ध; ~ coil **अवबाधिता कुंडली**।

impede –ड् v.t. अवबाधित करना, बाधा^F पहुँचाना, **अड़चन^F डालना,** रोकना; गाड़ी^Fके आगे काठ रखना।

impedient –'डिअॅन्ट् a. रोधी, अवरोधी, बाधक, रुकावटी।

impediment –म्पे`'डिमॅन्ट् n. अवबाधा^F, अवरोध, विघ्न, प्रतिबन्ध, रोक^F, रुकावट^F, **अड़चन^F**, रोड़ा; गाड़ी^Fके आगेका काठ; (pl. ~s या *impedimenta*) सैन्य सामग्री^F, सेना^Fका माल-असबाब; ~ *in* one's *speech* हकलाहट^F; ~ *in law* वैध अवरोध।

impedimenta –मे`न्'टॅ n. (pl.) सामान; रसद^F।

impedimental –टॅल् a. बाधात्मक, अवरोधपूर्ण, विघ्नशील, प्रतिबन्धमय, रोड़े अटकानेवाला।

impeditive –'डिटिव् a. रोधी, अवरोधी, बाधक, रुकावटी।

impel इम्पे`ल् v.t. बाध्य करना, प्रवृत्त करना, उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना, चलाना, ठेलना, रेलना, आगे बढ़ाना, ढकेलना, उकसाना, उभाड़ना।

impellent –'लॅन्ट् a. & n. प्रेरक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक, प्रोत्तेजक, प्रणोदक, उकसानेवाला, उभाड़नेवाला, ढकेलनेवाला; प्रेरक शक्ति।

impeller –लॅर् n. **प्रेरक,** प्रोत्साहक, **आन्तरनोदक,** प्रणोदक व्यक्ति, प्रोत्तेजक व्यक्ति, उकसानेवाला आदमी, उभाड़नेवाला आदमी।

impen इम्पे`न् v.t. बाड़ेमें बन्द करना; घेरना, बाड़^F लगाना।

impend इम्पे`न्ड् v. i. लटकना, झूलना; (ला० खतरेका) सरपर मँडराना, सरपर लटकना; आसन्न होना, सन्निकट होना, समीप होना।

impendence, -cy –'डॅन्स्, –सि nn. आलम्बन, लटकना, झूलना; आसन्नता^F, सन्निकटता^F।

impendent –न्ट a. समुपस्थित, आसन्न, सन्निकट, समीपवर्ती।

impending –'डिङ् a. **आसन्न,** निकटवर्ती, (~ *danger*)।

impenetrability इम्पे`नि`ट्रॅबि'लिटि n. दे० IMPENETRABLENESS.

impenetrable –'निट्रॅबॅल् a. **अभेद्य,** अछेद्य; अप्रवेश्य, अथाह, दुर्भेद्य, दुर्गम, अगम्य, अपार, गहन, रहस्यपूर्ण; विचारातीत, बुद्धि^Fके बाहर।

impenetrableness, impenetrability –नि`स्, –बि'लिटि nn. **अवेध्यता^F**, अभेद्यता^F, दुर्भेद्यता^F, अछेद्यता^F, अप्रवेश्यता^F, अगम्यता^F, अपारता^F, गहनता^F, रहस्यपूर्णता^F, अथाहपन; विचारातीतत्व।

impenetrate –'निट्रेट् v.t. प्रवेश कर जाना, घुस जाना, गहरा धँसना, भीतर उतर जाना, गहरे रूपसे दूर^F-तक धँसते चले जाना।

impenitence, -cy इम्पे`'निटॅन्स्, –सि nn. खेदशून्यता^F, पश्चात्तापहीनता^F; निष्ठुरता^F, कठोरता^F, ढिठाई^F, कट्टरपन।

impenitent –न्ट् a. अननुतापी, पश्चात्तापहीन, खेदशून्य, निष्ठुर, कठोर।

imperatival इम्पे`रॅटाइ'वॅल् a. आज्ञार्थक।

imperative[1] –'रॅटिव् n. आज्ञार्थ, आज्ञासूचक अर्थ।

imperative[2] a. (व्या०) आज्ञावाचक; **आज्ञात्मक,** आदेशात्मक, आज्ञापक, आदेशक, नियोजक; **अवश्यकरणीय,** अत्यावश्यक, बहुत जरूरी; अनिवार्य, अवश्य कर्तव्य, अनुपेक्ष्य, अनुल्लंघ्य; अदम्य, दबंग; ~ mood आज्ञार्थ।

imperativeness –नि`स् n. आदेशात्मकता^F, आज्ञात्मकता^F, अनुपेक्ष्यता^F, अनुल्लंघ्यता^F, अवश्यकरणीयता^F।

imperator (L) इम्पॅरे'टॅर् n. बलाधिकृत, सेनानायक, सेनानी, T; सम्राट्, महाधिराज, बादशाह।

imperatorial –रॅटॉ'रिअॅल् a. बलाधिकृत या सेनानायकसे सम्बन्धित; साम्राजिक, साम्राजकीय।

imperceptibility, imperceptibleness इम्पॅसे`प्टिबि'लिटि, –नि`स् nn. अलक्ष्यता^F, अगोचरता^F, अतीन्द्रियता^F, अति सूक्ष्मता^F।

imperceptible –'टिबॅल् a. अतीन्द्रिय, **अप्रत्यक्ष, अगोचर,** अलक्ष्य, अगम्य, अविभाज्य, अस्पष्ट, अव्यक्त, इन्द्रियातीत, **दुर्ग्राह्य,** इन्द्रियागोचर; अतिसूक्ष्म, **सूक्ष्म,** महीन, बारीक।

imperception –'शॅन् n. अतीन्द्रियता^F, अगम्यता^F, असंलक्ष्यता^F, अगोचरता^F, अदृश्यता^F, अज्ञानता^F; (चि०) सदोष बोधक्षमता^F।

imperceptive –'टिव् a. अतीन्द्रिय, असंलक्ष्य, अतिसूक्ष्म।

impercipient –सि'पिअॅन्ट् a. अप्रत्यक्ष, परोक्ष; अगोचर, इन्द्रियातीत।

imperfect[1] इम्पे`र्'फिक्ट् n. अपूर्णकाल।

imperfect[2] a. **अपूर्ण,** असमाप्त, असम्पन्न, अधूरा, अधबना; सछिद्र, **सदोष,** त्रुटिपूर्ण; (व्या०) ~ tenses अपूर्णकाल (जैसे, *he is, will be, going* परन्तु प्रायः

भूतकाल; जैसे, *he was singing*);
~ centering, ~ cleavage, ~ competition, ~ delegation, ~ figure, ~ flower, ~ hybridization, ~ imitation, ~ knowledge, ~ ownership, ~ partition, ~sentence, ~ similarity, ~ state, ~ tense.

imperfectible –म्पर्फ़ेॅक्'टिबॅल् a. अपूर्ण्य, सदोष।

imperfection, imperfectness –'शॅन्, –पेॅर्'फ़िॅक्ट्-निॅस् nn. अपूर्णता^F, असमाप्ति^F, सदोषता^F, त्रुटिमयता^F, अगुणत्व; दोष, त्रुटि^F, अवगुण, कमी^F, खोट।

imperforable इम्पर्'फ़र्वॅल् a. अछिद्रणीय, नीरन्ध्रणीय, जिसमें छेद न किया जा सके।

imperforate –रॅट् a. अछिद्र, अछिद्रिल, नीरन्ध्र, रन्ध्रहीन; (श० र० शा०) (सहज) छिद्रहीन।

imperforated –रेटिॅड् a. अछिद्र, अछिद्रिल, नीरन्ध्र, रन्ध्रहीन, अछेद्य, अभेद्य।

imperforation –रे'शॅन् n. (चि०) रुद्धछिद्रता^F, अछिद्रता^F, अछिद्रिलता^F, नीरन्ध्रता^F, रन्ध्रहीनता^F, अछेद्यता^F, अभेद्यता^F।

imperial इम्पीअॅ'रिॲल् a. **साम्राज्य-सम्बन्धी, साम्राज्यिक,** ग्रेटब्रिटेनसे सम्बन्धित; सम्राट्से सम्बन्धित, साम्राजिक; सर्वप्रधान, सर्वप्रमुख, सब कुछ, सर्वेसर्वा; प्रभावशाली; प्रतापवान्, ऐश्वर्यपूर्ण, महान्, मान्य; पूज्य; अत्युत्कृष्ट, भव्य, शानदार; (कागज) २२×३२ इंच साइज; ठोडी^Fके ऊपर उगनेवाली दाढ़ी^Fका छोटा भाग; माल असबाबके लिए एक सन्दूक; ज़ारके समयकी रूसी मुद्रा^F; ~federation साम्राज्य-संघ, व्यापारिक संघ; ~gallon आढक, राजकीय गैलन; ~ maund पक्का मन; ~ preference साम्राज्य अधिमान; **साम्राज्य-तरजीह^F**, साम्राज्यके विभिन्न भागोंसे आये हुए मालपर अपेक्षाकृत कम कर लगाना; ~ purple निनीलारक्त, रक्ताभ नील रँग; ~ red सम्राट् रक्त; ~ sand grouse बृहत् ककर पक्षी; ~ scarlet सम्राट् शोण; I~ War Museum साम्राजिकयुद्ध कौतुकालय।

imperialism –लिज़्म् n. **साम्राज्यवाद,** शहंशाही; व्यापार संघ-व्यवस्था^F।

imperialist –लिस्ट् n. सम्राट् भक्त; साम्राज्यवादी, साम्राजिक शासनका पक्षपाती; ब्रिटिश साम्राज्यवादका पक्षपाती।

imperialistic –'टिक् a. साम्राज्यवादीय, साम्राज्य-सम्बन्धी, शाही।

imperiality –ऐॅ'लिटि n. सम्राट्शासन, सम्राटतन्त्र; सम्राडधिकार, राजाधिकार।

imperialize –'रिॲलाइज़् v.t. साम्राज्यमें सम्मिलित करना।

imperil इम्पेॅ'रिल् v.t. आपद्ग्रस्त करना, संकटापन्न करना, आपत्ति^Fमें डालना, जोखिममें डालना।

imperilment –मॅन्ट् n. विपन्नता^F, भीति^F, संकटग्रस्तता^F, संकटापन्नता^F।

imperious इम्पीअॅ'रिॲस् a. दृप्त, धृष्ट, उद्धत, अभिमानी, ढीठ, हेकड़ीबाज, अत्याचारी, निरंकुश, घमण्डी; अनुपेक्षणीय, अनुल्लंघनीय, अत्यावश्यक, बहुत जरूरी।

imperiousness –निॅस् n. दर्प, दृप्ति^F, धृष्टता^F, औद्धत्य, अत्याचारिता^F, निरंकुशता^F, ढिठाई^F, हेकड़ी^F, घमण्ड; अत्यावश्यकता^F, अनुपेक्षणीयता^F, अनुल्लंघनीयता^F।

imperishability, imperishableness इम्पेॅरिशॅबि'लिटि, –निॅस् nn. अनश्वरता^F, अक्षरता^F।

imperishable –'रिशॅबॅल् a. अनश्वर, अक्षय्य, अव्यय, अविनाशी, अमर, अक्षर।

imperishableness –निॅस् n. दे० IMPERISHABILITY.

imperium इम्पेॅ'रिॲम्, इम्पीअॅ'रिॲम् (L) n. **सर्वोच्चशक्ति;** परमसत्ता^F; निरपेक्ष शक्ति^F; आधिपत्य, प्रभुत्व, पूर्णाधिकार; साम्राज्य, अधिराज्य।

impermanence, impermanency इम्पर्'मॅनॅन्स्, –सि nn. नश्वरता^F, क्षणिकता^F, अस्थायित्व, अचिरता^F।

impermanent –न्ट् a. अस्थिर, नश्वर, क्षणिक, अस्थायी, अचिर।

impermeability, impermeableness इम्पर्मिॲबि'लिटि, –निॅस् nn. अनतिवेध्यता^F, अभेद्यता^F, अछेद्यता^F, अगम्यता^F, अप्रवेश्यता^F, दुर्गमता^F, गहनता^F, **अपारगम्यता^F**।

impermeable –'मिॲबॅल् a. अनतिवेध्य, **अभेद्य,** अछेद्य, अगम्य, अप्रवेश्य, दुर्गम, गहन, (वन०) **अपारगम्य** (~ *rock*)।

impermissible इम्पर्मि'सिबॅल् a. अनादेश्य, अननुज्ञेय, अनाज्ञेय, अवैध, अधर्म्य, अन्याय्य, अस्वीकार्य, अग्राह्य, अनुचित।

imperscriptible इम्पर्स्क्रिप्'टिबॅल a. लिखित प्रमाणहीन, जिसका कोई प्रमाण न हो।

impersonal इम्पर्'सॅनॅल् a. अवैयक्तिक; व्यक्तित्वहीन; अकर्तृक, अव्यक्तिवाचक; ~ ledger **सामान्य खाता;** ~ verb भाववाच्य क्रिया^F, जैसे *it rains* में।

impersonality –नै'लिटि n. व्यक्तित्वशून्यता^F; अव्यक्तिवाचकता^F, अकर्तृकत्व।

impersonate[1] –'सॅनेट् v.t. मूर्त्तीकरण करना, मानवीकरण करना, व्यक्तित्वका आरोप करना, शारीरिक रूपमें समुपस्थित करना; पररूप या छद्मवेष धारण करना, भेष बदलना, जाली आदमी बनना, किसीके स्थानपर काम करना, पार्ट करना।

impersonate[2] –नॅट a. मानवरूप; छद्मवेषी, जाली।

impersonation –ने'शॅन् n. मूर्त्तीकरण, मानवीकरण, व्यक्तित्वारोपण; **पररूपण, पररूपधारण,** छद्म, वेषपरिवर्तन; छद्मव्यक्तिता^F।

impersonative –'सॅनेटिव् a. **प्रतिरूपण,** मूर्त्तीकरणसे सम्बन्धित, मानवीकृत, पररूपधारी।

impersonator –टॅर् n. मूर्त्तीकरण करनेवाला, मानवीकरण करनेवाला, छद्मवेषधारी, पररूपधारी, वेष बदलने-

वाला; (पात्रका) पार्ट करने- वाला।

impersonify –पॅर्सा'निफ़ाइ v.t. मूर्तीकरण करना, मानवीकरण करना, व्यक्तित्वारोपण करना; पररूप धारण करना।

imperspicuity इम्पॅर्सिपक्यू'इटि n. अस्पष्टता^{F}, संदिग्धता^{F}, अज्ञान, अन्धकार।

impertinence इम्पर्'टिनॅन्स् n. धृष्टता^{F}, अशिष्टता^{F}, प्रगल्भता^{F}, असभ्यता^{F}, अविनय^F, ढिठाई^F, शेखी^{F}, गुस्ताखी^{F}; अनधिकारप्रवेश, अप्रासंगिकता^{F}, असंगति^{F}, निरर्थकता^{F}।

impertinency –सि n. = IMPERTINENCE.

impertinent –न्ट् a. धृष्ट, अशिष्ट, प्रगल्भ, असभ्य, अविनीत, अक्खड़, ढीठ, गुस्ताख; अनधिकार-प्रवेश-सम्बन्धी, अप्रासंगिक, असंगत, निरर्थक।

imperturbability, imperturbableness इम्पॅर्टर्बॅ'बि'लिटि, निॅस् nn. शान्तचित्तता^{F}, स्थिरता^{F}, धीरता^{F}, उत्तेजना-हीनता^{F}, अविचलता^{F}, अक्षोभ्यता^{F}, विकारशून्यता^{F}।

imperturbable –'र्बॅबॅल् a. शान्त, शान्तचित्त, स्थिर, धीर, उत्तेजना-हीन, अविचल, अक्षोभ्य, निर्विकार।

imperturbation –र्बे'शॅन् n. शान्ति^{F}, स्थिरता^{F}, धीरता^{F}, अक्षोभ, अविचलता^{F}, विकारशून्यता^{F}, उत्तेजनाहीनता^{F}, शान्तचित्तता^{F}।

imperturbed –'र्बॅड् a. शान्त, स्थिर, धीर, अक्षुब्ध, अविचल, विकारशून्य, उत्तेजनाहीन।

imperviability, imperviableness इम्पर्विॲबि'लिटि, निॅस् nn. = IMPERVIOUSNESS.

imperviable –'र्विॲबॅल् a. अभेद्य, अछेद्य, दुर्भेद्य, अगम्य, दुर्गम, गहन, अप्रवेश्य, ठस।

impervious –'र्विॲस् a. (प्रा० भूगोल) **अपारगम्य** (~ *rock*), (रसा०) **अप्रवेश्य, अभेद्य,** अछेद्य इत्यादि (~ *coat, layer, shell, wall*)।

imperviousness –निॅस् n. अभेद्यता^{F}, अछेद्यता^{F}, दुर्भेद्यता^{F}, अगम्यता^{F}, गहनता^{F}, अप्रवेश्यता^{F}।

impetiginous इम्पिटि'जिनॅस् a. फुंसी^{F} निकलनेवाले चर्मरोगसे ग्रस्त।

impetigo इम्पि'टाइ'गो n. पूयदार फुंसियों^{F} का चर्मरोग।

impetrate इम्'पिट्रेट् v.t. प्रार्थना^{F} करके प्राप्त करना, चिरौरी^{F}-विनती^{F}से पाना; (क्र०) याचना^{F} करना, माँगना।

impetration –ट्रे'शॅन् n. प्रार्थना^{F} द्वारा प्राप्ति^{F}; याचना^{F}, माँग-जाँच^F।

impetrative –'पिट्रेटिव् a. प्रार्थना^{F}-प्राप्य, विनय-लभ्य, प्रार्थना^{F} या विनय^{F}से पाने योग्य।

impetratory –ट्रॅरि a. प्रार्थना^{F}-लभ्य, विनयशील, याचनात्मक, चिरौरीवाला।

impetuous इम्पे'ट्यूॲस a. अतिवेगशील, शीघ्रगामी, प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, तीक्ष्ण, तेज; आशुकर्ता, बहुत जल्दबाज।

impetuousness, impetuosity –निॅस्, ऑ'सिटि nn. अतिवेगशीलता^{F}; शीघ्रगामिता^{F}, प्रचण्डता^{F}, उग्रता^{F}, तीव्रता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, तेजी^{F}; आशुकर्तृत्व, जल्दबाजी^{F}।

impetus इम्'पिटॅस् n. बल, **वेग, संवेग,** आवेग, गतिशक्ति^{F}, तेजी^{F}; (ला०) प्रणोदन, प्रोत्साहन, प्रोत्तेजन, प्रेरणा^{F}।

impi इम्'पि n. काफ़िर योद्धाओंकी एक टुकड़ी^{F}।

impierceable इम्पीॲर्'सॅबॅल् a. अभेद्य, अछेद्य।

impiety इम्पाइ'इटि n. अधार्मिकता^{F}, अधर्मिता^{F}, नास्तिकता^{F}, भक्तिहीनता^{F}, अपवित्रता^{F}, अश्रद्धा^{F}, अधर्मशीलता^{F}, पाप; कर्तव्यशून्यता^{F}, अश्रद्धा^{F}, भक्तिशून्यता^{F}।

impignorate इम्पिग्'नॅरेट् v.t. बन्धक रखना, गिरवी^{F} रखना, गहने रखना, रेहन रखना।

impignoration –रे'शॅन् n. बन्धक, गिरवी^{F}, गहना, रेहन।

impinge इम्पिन्ज् v.i. & t. धक्का खाना, टक्कर^F लगना, लड़ जाना, भिड़ जाना, (ग० भी) टकराना; (v.t. प्रा०) धकियाना, धक्का देना, **टकराना।**

impingement –'मॅन्ट् n. संघट्ट, धक्का, टक्कर^F।

impious इम्'पिॲस् a. नास्तिक, अभक्त, अधार्मिक, अपवित्र, अपुण्यशील, भ्रष्ट, पापिष्ठ, देवनिन्दक, असाधु, दुष्ट।

impiousness –निॅस् n. अधार्मिकता^{F}, अभक्ति^{F}, अपुण्यशीलता^{F}।

impish इम्'पिश् a. पिशाचवत्, पिशाची, राक्षसी, शैतानी; दुष्ट बालककी तरह।

impishness n. पैशाचिकता^{F}, दुष्टता^{F}, शैतानी^{F}।

implacability इम्प्लै(ले)कॅबि'लिटि n. अप्रशम्यता^{F}, निष्ठुरता^{F}; अप्रसाद्यता^{F}।

implacable a. अनाराध्य, अप्रशम्य; कठोरहृदय, निष्ठुर, निर्दय; अप्रसाद्य।

implacableness –निॅस् n. = IMPLACABILITY.

implant इम्प्लान्ट v.t. (चि०) निरोपण; प्रविष्ट करना, घुसेड़ना; गाड़ना; मस्तिष्कमें प्रतिष्ठापित कर देना, जमाना, मनमें बैठा देना; रोपना, लगाना, बोना।

implantation–टे'शॅन् n. **गर्भरोपण,** घुसेड़ना, [illegible]; प्रतिष्ठापन; **निरोपण,** रोपना, लगाना, बोना।

implanted –'टिड् a. निरोपित, **रोपित,** कलम^F किया हुआ।

implate इम्प्लेट् v.t. आच्छन्न करना, आवरण रखना, ढकना, बन्द करना; प्लेट^F रखना।

implausibility इम्प्लॉज़ॅबि'लिटि n. असत्यता^{F}; सन्दिग्धता^{F}, अविश्वास्यता^{F}, अविश्वस्तता^{F}।

implausible –'ज़ॅबॅल् a. असत्य; सन्दिग्ध, अविश्वास्य, अविश्वस्त।

impleach इम्प्लीच v.t. अन्तर्वयन करना, बुनना, बुनाई^F करना।

implead इम्प्लीड् v.t. अभियोग चलाना, नालिश करना; **पक्षकार बनना।**

impledge इम्प्लें'ज् v.t. बन्धक रखना; गिरवी^F रखना, रेहन रखना।

implement[1] इम्'प्लिमॅन्ट n. **साधन**, उपकरण, घरके सामान; (pl.) सामग्री^F, साजसामान, बोरियाबस्तर, उठुक-तुठुक; (विशेष pl.) उपस्कर, यन्त्र, हथियार, **औजार**, (~ *shed*)।

implement[2] v.t. (मुख्यतः स्कॉट०) परिपालन करना, अनुबन्ध या ठीके आदिको पूरा करना; वादा पूरा करना, निबाहना; अभिपूर्त्ति^F करना, बढ़ाकर पूरा करना; **कार्यान्वित करना**।

implemental मे'न्'टॅल् a. अभिपूरक, कार्यान्विति-सम्बन्धी, वादा निबाहनेसे सम्बन्धित।

implementation मॅन्टे'शॅन् n. **कार्यान्विति**^F, **कार्य-रूप देना**, अनुबन्धपूर्णता^F, अभिपूर्त्ति^F, परिपालन, **अमल**, वादेका पूरा होना।

implementiferous –टि'फॅरॅस् a. प्रागैतिहासिक यन्त्रयुक्त, अतिप्राचीन हथियारोंसे युक्त।

impletion इम्प्ली'शॅन् n. पूर्णाकरण, परिपालन, कार्यान्वय; भरना, पूरा करना; पूर्णता^F, सम्पूर्णता^F, निःशेषता^F।

implex[1] इम्प्लें'क्स् n. जटिलता^F, पेच, उलझन^F।

implex[2] a. जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ।

implexion –'शन् n. जटिलता^F, पेच, उलझन^F।

implicate[1] इम्'प्लिकॅट् n. तात्पर्य, व्यंजना^F, अभिप्राय।

implicate[2] –केट् v.t. आलिप्त करना, लपेटना, फँसाना, उलझाना, फाँस लेना; अर्थ निकालना; तात्पर्य निकालना, अनुमान निकालना, सम्मिलित करना, मिलाना।

implication –के'शॅन् n. लिप्ति, फँसाव, उलझाव, लपेट^F, उलझन^F, पेच; **आशय**, गूढ़ार्थ, निहितार्थ, तात्पर्य, **विवक्षा**, **अभिप्रेत अर्थ**, फलितार्थ, भावार्थ, मतलब, **मंशा**^F; अनुमान, संकेत।

implicative –'प्लिकेटिव् a. आनुमानिक, संकेत करनेवाला, तात्पर्य बतानेवाला।

implicit इम्प्लि'सिट् a. विद्यमान, उपस्थित, **निहित**, सन्निहित; उपलक्षित, गर्भित, संकेतित, (कलन) **अस्पष्ट**, अव्यक्त; निश्चित, निर्विवाद;

~ faith, ~ function, ~ relation, ~ rent, ~ response, ~ weighing.

implicitness –नि'स् n. सन्निहितत्व, उपलक्षण; भरोसा; सांकेतिकता^F; निश्चय।

implied इम्प्लाइड्' a. सार्थक, अर्थयुक्त, साभिप्राय, अभिप्राय-युक्त, **विवक्षित**, संकेतित, सूचित; निहित, **अन्तर्निहित**, अव्यक्त, अस्पष्ट; ध्वनित, **लक्षित**, उपलक्षित;

~ conditions, ~ consent, ~ contract, ~ notice, ~ powers, ~ trust, ~ warranties.

implode इम्प्लोड्' v.i. अन्तःस्फुटित होना, आभ्यन्तर विस्फोट होना, भीतर फटना; उच्चारणमें विस्फोट होना।

imploration इम्प्लोअॅरे'शॅन् n. अभ्यर्थना^F, याचना^F, प्रार्थना^F, विनय^F, घिघियाना, चिरौरी^F, मिन्नत^F।

imploratory –'रॅटॅरि a. अभ्यर्थनीय, अभ्यर्थना-विषयक, याचना-सम्बन्धी; प्रार्थनीय, विनय-शील, चिरौरी-मिन्नत-सम्बन्धी।

implore –र् v.t. अभ्यर्थना^F करना, याचना^F करना, माँगना; (किसी व्यक्तिको कोई काम करनेके लिए) प्रार्थना^F करना, अनुनय^F-विनय^F करना, घिघियाना, चिरौरी-मिन्नत^F करना।

implorer –'रॅर् n. अभ्यर्थक, याचक; विनय^F करनेवाला, चिरौरी-मिन्नत^F करनेवाला।

imploring –'रिङ् a. अभ्यर्थनापूर्ण, याचनापूर्ण, विनययुक्त, विनयी।

imploringness –नि'स् n. अभ्यर्थना^F, याचना^F; अनुनय^F, विनय^F, चिरौरी^F, मिन्नत^F।

implosion इम्प्लो'ज़न् n. अन्तःस्फोट, अन्तर्विस्फोट, आभ्यन्तर विस्फोट, अन्दरकी ओर विस्फोट।

implosive –'सिव् a. अन्तःस्फोटनीय, अन्तर्विस्फोट्य, अन्दरकी ओर विस्फुटित होने योग्य।

imply इम्प्लाइ v.t. अस्पष्ट होना, अव्यक्त होना; ध्वनित करना; उपलक्षित होना; अर्थ निकलना, तात्पर्य होना, अभिप्राय होना, संकेत करना, सूचित करना।

impocket इम्पॉ'किट् v.t. जेबियाना, जेबमें रखना, पाकिटमें रखना।

impolder इम्पोल्'डॅर v.t. निम्न भूमि^Fको जोतने-बोने योग्य बनाना; निम्नक्षेत्रको जोतना बोना, खेतिहर बनाना।

impolicy इम्पॉ'लिसि n. कुनीति^F, दुर्नीति^F; अनौचित्य।

impolite इम्पॅलाइट्' a. असभ्य, अभद्र, अशिष्ट, अनार्य, अविनीत, दुःशील, रूखा, उजड्ड, गँवार।

impoliteness –'नि'स् n. असभ्यता^F, अभद्रता^F, अविनय^F, दुःशीलता^F, गँवारपन, उजड्डपन।

impolitic इम्पॉ'लिटिक् a. अनीतिज्ञ, अबुध, अविवेचक, विवेकहीन, अदूरदर्शी; अवैध, नीतिविरुद्ध, न्यायविरुद्ध, अनुचित।

imponderability इम्पॉन्डॅरॅबि'लिटि n. अगुरुता^F, लघुता^F, सूक्ष्मता^F, निर्भारता^F, भारहीनता^F, अत्यन्त हलकापन; अकल्पनीयता^F।

imponderable[1] –'डॅरॅबॅल् n. निर्भार वस्तु^F, बहुत हलकी चीज^F।

imponderable[2] a. लघु, सूक्ष्म, निर्भार, अगुरु, भारहीन, बहुत हलका; (ला०) अविचार्य, अकल्पनीय।

imponderableness –नि'स् n. = IMPONDERABILITY.

imponderous –'डॅरस् a. = IMPONDERABLE.

imponent[1] इम्पो'नॅन्ट् n. कार्य-निर्देशक व्यक्ति, निर्धारक।

imponent[2] a. कार्य-निर्देशक, निर्धारी।

imporous इम्पोअॅ'रॅस a. अछिद्रिल, अरन्ध्रिल, छिद्र-विहीन, रन्ध्रहीन, बेछेद; दृढ़, ठोस।

import[1] इम्'पॉर्ट n. **आशय**, तात्पर्य, **अभिप्राय**, अर्थ,

ध्वनि^F, व्यंजना^F, अभिप्राय; महत्त्व, गुरुता^F; (pl.) आयात वस्तुएँ^F; (नौवि०, अर्थ०) **आयात;** ~advisory council, ~allocations, ~bank, ~certificate, ~control enquiry committee, ~control organization, ~control permit, ~control regulation, ~control relaxation, ~control schedule, ~duty, ~goods, ~-in-bond, ~-licence, ~licence fee, ~list, ~merchant, ~pass, ~permit, ~price, ~quota, ~restrictions, ~s commodities, ~surplus, ~tariff, ~trade, ~trade control.

import² v.t. आयात करना, अर्थ देना, संकेत करना, ध्वनित करना; अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, जताना, बताना; प्रयोजनमय होना; महत्त्वपूर्ण होना (*questions that ~us nearly*)।

importability–टॅबि'लिटि n. आयात करनेकी क्षमता^F।

importable –'टॅबॅल् a. आयात करने योग्य।

importance इम्पॉर्'टॅन्स् n. **महत्त्व,** गरिमा^F, गौरव, बड़प्पन; गुरुत्व, गुरुता^F, उत्कर्ष; प्रतिष्ठा^F, सम्मान; आडम्बर, दम्भ।

important* –न्ट् a. **महत्त्वपूर्ण*** (*~call, ~qualities*), **आवश्यक, जरूरी;** गरिमामय, गौरवपूर्ण; गुरु, उत्कृष्ट; प्रतिष्ठित, सम्मानित, दम्भी।

importation इम्पॉर्टे'शॅन् n. आयात।

imported –'टिड् a. **आयात** (*~ goods, ~ malaria*)।

importer –टॅर् n. आयातक, आयातकर्त्ता, आयात करनेवाला।

importunacy इम्पॉर्'ट्यूनॅसि n. IMPORTUNITY.

importunate–न्टॅट n. निर्बन्धशील, निर्बन्धपर, आग्रही, हठी, जिद्दी, बहुत पीछे पड़नेवाला; अत्यावश्यक, बहुत जरूरी।

importunateness –निॅस् n = IMPORTUNITY.

~ borer, ~ certificate, ~ curve, ~ felling, ~ gauge, ~ measure, ~ percent, ~ register.

incremental –मे'न्टॅल् a. स्फीत्यात्मक, वृद्धिशील; लाभ-सम्बन्धी, मुनाफेका।

increscent इन्क्रे'सॅन्ट् a. वर्द्धनशील, बढ़नेवाला।

incriminate इन्क्रि'मिनेट् v.t. **अभिशस्त करना**, दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना; अभियोगमें फँसाना, अपराधमें जकड़ना।

incriminating –टिंग् a. **अभिशंसी**।

incrimination –ने'शॅन् n. **अभिशंसन**, अभियोजन, दोषारोपण।

incriminatory –'मिनॅटॅरि a. अपराधात्मक, अभिशंसक, अभियोगात्मक।

incross इन्'क्रॉस् a. (कृषि०) **अन्तःप्रजनित**, (~ *breed*)।

incrust इन्क्रस्ट् v.t. आवृत्त करना, पपड़ी^F चढ़ाना; (चि०) पपड़ी बनना।

incrustation –टे'शॅन् n. आवरण, परत, कड़ा लेप, मकानमें संगमरमर आदिकी तह^F: (रसा०, यंत्र०, चि०) **पपड़ी**^F; (ला०) स्वभावमें दृढ़ता।

incubate इन्'क्यूबेट् v.t. & i. अण्डे सेना, अण्डोंपर बैठना।

incubation –बे'शॅन् n. (चि०) **उद्भवन**, अण्डे सेना; (कृषि०) **ऊष्म-नियंत्रण**, (पवित्रात्मा^Fका) चिन्तन; (निदान०) निलायन, रोगकी प्रारम्भिक अवस्था^F; ~ period (चि०) संचयन काल, उद्भवनकाल; **परिपाक**।

incubative, incubatory –'क्यूबेटिव्, –टरि aa. अण्डपोषणसे सम्बन्धित, अण्डे सेनेवाला।

incubator –टॅर् n. (कृषि०) उष्मपोषण यन्त्र, **ऊष्मक**, ताप-संचालनीय अण्डस्फोटनयन्त्र, **ऊष्म नियंत्रक, अण्डे सेनेकी मशीन**^F; (जीव०) **उद्भवन-पात्र**, इन्क्यूबेटर।

incubus इन्'क्यूबॅस् n. दुःस्वप्न, भयावह स्वप्न; दुःस्वप्नकी भाँति सतानेवाला व्यक्ति या वस्तु^F।

inculcate इन्'कॅल्केट् v.t. अन्तर्निविष्ट करना, पुनः पुनः समझाना, मस्तिष्कमें बैठा देना, जमाना।

inculcation –के'शॅन् n. अन्तर्निविष्टि^F, मनमें बैठाना, समझाना; दिलमें जमाना।

inculcator –'कॅल्केटॅर् n. अन्तर्निवेशक, मनमें बैठानेवाला, समझानेवाला।

inculpable इन्'कॅल्पॅबॅल् a. अनिन्द्य, निष्कलंक, अकलंक, **निर्दोष**।

inculpate इन्'कॅल्पेट् v.t. **अभिशस्त करना**, दोषारोपण करना, अपराध लगाना, अपराधमें फँसाना, अभियोगमें रगड़ना।

inculpation –पे'शॅन् n. अभिशंसन, दोषारोपण, अपराध लगाना; अभियोगमें फँसाव।

inculpatory –'पॅटॅरि a. **अभिशंसी**, दोषारोपणसे सम्बन्धित, अपराध लगानेवाला, अभियोगमें फँसानेवाला।

incult इन्कल्ट् a. अकृष्ट, परती; अशिष्ट, असभ्य, अविनीत, उद्धत, रूखा।

incumbency इन्कम्'बॅन्सि n. कार्यभार, पदाधिकार; भार, बाध्यता^F; कार्यकाल, पादरीका इलाका।

incumbent[1] –न्ट् n. पदग्राही, पदधारी, भारवाही पादरी, धार्मिक पदका अधिकारी, आश्रयी।

incumbent[2] a. **धारक, पदस्थ**; उचित, अत्यावश्यक, आवश्यक, अवश्यकरणीय, कर्तव्य रूपमें जरूरी, **लाज़िम**; आश्रित, निर्भर, **आश्रयी**, (*it is ~ on you to warn them*)।

incumbered इन्कम्'बॅर्ड् a. **भारग्रस्त**, ऋणभारग्रस्त (~ *estate*)।

incumbrance इन्कम्'ब्रॅन्स् n. = ENCUMBRANCE.

incunable इन्क्यू'नॅबॅल् n. sing. दे० INCUNABULA.

incunabula (L) इन्क्यूनै'ब्यूल n. (pl.) प्रारम्भिक युग या अवस्था^F; जन्मस्थान; (sing. *incunabulum*) आरम्भिक मुद्रण, १५०१ के पूर्वकी मुद्रित पुस्तकें^F; आरम्भिक युग, आरम्भिक अवस्था^F।

incur इन्क्' v.t. ग्रस्त होना, अपने ऊपर लेना, उठाना,

(खतरे इत्यादिमें) स्वयंको डालना; ~ cost खर्च करना।

incurability, incurableness –क्यूॲरॅबि'लिटि, –नि॑स् n. असाध्यता^F, अशमनीयता^F, असमाधेयता^F, अपरिहार्यता^F।

incurable[1] –'रॅबॅल् n. असाध्य या अशमनीय पुरुष, दुरुपचार्य या दुस्साध्य जन; अप्रतिकार्य या अपरिहार्य मनुष्य।

incurable[2] a. अचिकित्स्य, असाध्य (~ *disease*); अशमनीय, असमाधेय, अपरिहार्य।

incurableness –नि॑स् n. = INCURABILITY.

incuriosity इन्क्यूॲरिऑ'सिटि n. जिज्ञासाराहित्य, अनुत्सुकता^F, अकुतूहलत्व; अरुचिकरता^F, अप्रियता^F; लापरवाही^F।

incurious –'रिॲस् a. जिज्ञासारहित, अनुत्सुक, कुतूहल-रहित; अरुचिकर, अप्रिय (प्रायः *not* ~); असावधान, लापरवाह।

incuriousness –नि॑स् n. = INCURIOSITY.

incurrable इन्क'रॅबॅल् a. किया जाने योग्य; (कानून) उठाया जाने योग्य, लिया जाने योग्य।

incurrence –'रॅन्स् n. (कानून) दायित्व, भारवहन, जिम्मेदारी^F लेना; (जीववि०) अन्तर्वाहिता^F, आवाहिता^F।

incurrent –न्ट् a. (जीव०) आवाही (~*pore*)।

incursion इन्कर्'शन् n. शिघ्राक्रमण, अचानक आक्रमण, अभियान, आक्रमण, धावा, चढ़ाई^F, हमला।

incursive –'सिव् a. अभियानात्मक, आक्रमणसम्बन्धी, धावेका।

incurvate[1] इन्कर'वॅट् a. अन्तर्वक्र, आकुंचित, आनत, झुका हुआ, मुड़ा हुआ।

incurvate[2] –वेट् v.t. अन्तर्वक्र होना, आकुंचित करना, आनत करना, झुकाना, लचाना, मोड़ना।

incurvation –वे॑'शॅन् n. अन्तर्वक्रता^F, आकुंचन, आनति^F, झुकाव, मोड़।

incurvature –'वॅच्युॲर् n. = INCURVATION.

incurve[1] –कर्व् n. अन्तर्वक्रता^F।

incurve[2] –र्व्' v.t. अन्तर्वक्र कर देना, अन्दरकी ओर झुका देना, वक्र करना, नवा देना, मोड़ना, झुकाना।

incurvity –'विटि n. = INCURVATION.

incus इन्'कॅस् n. (चि०) निघाति^F, निघाति-अस्थिका^F, अङ्कुशक, स्थूणक T; मध्यकर्णकी एक महीन मध्यकी हड्डी^F; (मनो०) निहाई।

incuse[1] इन्क्यूज़्' n. मुद्राचिह्न, सिक्केपर लगा हुआ ठप्पा।

incuse[2] v.t. मुद्रित करना, चिह्नित करना, अंकित करना, ठप्पा लगाना।

incuse[3] a. मुद्रित, चिह्नित, अंकित, ठप्पा लगाया हुआ।

incut इन्कट् a. (विशे० छपाईमें) बीचमें भरा गया; काटकर रखा गया, काटकर बिठाया गया।

Ind. India; Indiana.

I.N.D. same as. I.N.D.

ind., indic. indicative.

ind. independent; index; indication.

indagate इन्'डॅगेट् v.t. ढूँढ़ना, खोजना, पता लगाना; (चि०) सूक्ष्म, अन्वेषण।

indebted इन्डे॑'टिड् a. ऋणग्रस्त, ऋणी, देनदार, कर्जदार; अनुगृहीत, कृतज्ञ, उपकृत, अहसानमन्द; बाधित।

indebtedness –नि॑स् n. ऋणिता^F, ऋणग्रस्तता^F, कर्जदारी^F; अनुगृहीतत्व, कृतज्ञता^F, अहसान; बाध्यता^F।

indecency इन्डी'सॅन्सि n. अशिष्टता^F, अभद्रता^F, ग्राम्यता^F; अश्लीलता^F; अशोभनत्व, अनुपयुक्तता^F, अनौचित्य।

indecent –न्ट् a. अशिष्ट, अभद्र, ग्राम्य; अश्लील; अशोभन, अनुपयुक्त, अनुचित।

indeciduous इनि डसि'ड्यूस् a. अप्रपाती, नित्यपत्री, स्थायी, सदा हरा-भरा।

indecipherable इन्डिसाइफरॅबॅल् a. दुर्बोध्य, अस्पष्ट, अपाठ्य, दुर्वाच्य।

indecision इन्डिसि'ज़न् n. अनिर्णय, विकल्प, वितर्क, संशय, सन्देह, असमंजस, दुविधा।

indecisive –'सिव् a. अनिर्णयात्मक, अनिर्णीत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, दोलायमान, दुविधापूर्ण, संशयात्मक; अस्थिर, ढुलमुल, डावाँडोल।

indecisiveness –नि॑स् n. अनिर्णयात्मकता^F, अनैश्चित्य, सन्दिग्धता^F, दोलायमानता^F, अस्थिरता^F, दुविधापूर्णता^F, संशयात्मकता^F, डावाँडोल स्थिति^F।

indecl. indeclinable.

indeclinable इन्डिक्लाइ'नॅबॅल् १. a. अविभक्तिक, अव्यय, अविकार्य; २. n. निपात।

indecomposable इन्डीकॅम्पो'ज़ॅबॅल् a. अविघटनीय, अविश्लेषणीय, अविभाज्य, अविच्छेद्य, दृढ़सम्बद्ध।

indecorous इन्डिकोॲ'रॅस, इन्डे॑'कॅरॅस् a. अनुचित, अनुपयुक्त; अशिष्ट, अभद्र, ग्राम्य, बेहूदा।

indecorousness –नि॑स्, –नि॑स n. अनौचित्य, अनुपयुक्ति^F; अशिष्टता^F, अभद्रता^F, ग्राम्यता^F, बेहूदापन।

indecorum इन्डिकोॲ'रॅम् n. = INDECOROUSNESS.

indeed[1] इन्डीड' adv. यथार्थतः, वस्तुतः, सचमुच (*he was, ~, a remarkable man*); अवश्य, निस्सन्देह (*I shall be very glad ~*); क्यों नहीं!–व्यंग्यात्मक रूपमें दुहराते हुए (*who is this Mr. Smith?–who is he, ~!*); स्वीकारात्मक रूपमें, अवश्यमेव, निश्चय, ठीक (*there are ~ exceptions*); (प्रश्न०) अच्छा!, सचमुच?, ऐसा?

indeed[2] int. व्यंग्य, घृणा^F, अविश्वास आदिका द्योतक (जैसे वाह!, जी हाँ!, और क्या!, हो न हो!)।

indef. indefinite.

indefatigability, indefatigableness इन्डिफ़ैटिगॅबि'लिटि, –नि॑स् n. अध्यवसाय, अश्रान्ति^F, अक्लान्ति^F, अशिथिलता^F, अनथकपन।

indefatigable –'टिगॅबॅल् a. अध्यवसायी, अश्रान्त,

अक्लान्त, अशिथिल, अनथक।

indefeasibility इन्डिफ़ीज़िबि'लिटि n. अपराज्ञेयता^F, अपरिहार्यता^F, अत्याज्यता^F, अव्यर्थता^F।

indefeasible –ज़िबॅल् a. अपराजेय, अपरिहार्य, **अजेय;** अत्याज्य, अशून्यीकार्य; **अलोप्य** (विशे० ~ *right*)।

indefectible इन्डिफ़ेॅक्'टिबॅल् a. त्रुटिरहित, निर्दोष; अक्षुण्ण, अक्षय।

indefensibility इन्डिफ़ेॅन्सिबि'लिटि n. अपरित्राणीयता^F, अरक्षणीयता^F, असमर्थनीयता^F।

indefensible –'सिबॅल् a. अपरित्राणीय, अरक्षणीय, असमर्थनीय।

indefinable इन्डिफ़ाइ'नॅबॅल् a. अवर्णनीय, अवाच्य, अभाष्य, परिभाषा-रहित।

indefinite इन्डे'ॅफ़िनिट् a. अस्पष्ट, अनिर्धारित, अनियत, **अनिश्चित,** अनिर्दिष्ट, सन्दिग्ध, गोलमोल; असीम, निःसीम, बेहद; ~ article अंग्रेजीमें a, an; ~ *integral,* ~ form, ~period, ~*proposition.*

indefinitely –लि adv. अनिश्चित रूपेण, अनिश्चयतः।

indefiniteness, indefinitude –निॅस्, इन्डिॅफ़िनिट्यूड् nn. अस्पष्टता^F, अनिश्चितता^F, अनिर्धारण, अनिर्दिष्टता^F, सन्दिग्धता^F, गोलमाल।

indehiscent इन्डिॅहि'सॅन्ट् a. (वन०) अव्यानमुख, **अस्फुटनशील, अस्फोटी,** स्फोटशून्य, बन्द।

indeliberate इन्डिॅलि'बॅरॅट a. अपूर्व-चिन्तित, अपूर्व-विचारित, बिना समझे-बूझे, अनजानेमें।

indelibility इन्डेॅलिबि'लिटि n. अनपनेयता^F, अमोचनीयता^F, अलोप्यता^F, अमिट होना, पक्का होना।

indelible –'लिबॅल् a. अनपनेय, अलोप्य, अमिट, पक्का।

indelibleness –निॅस् n. = INDELIBILITY.

indelicacy इन्डे'ॅलिकॅसि n. अशिष्टता^F, धृष्टता^F; ग्राम्यता^F, रूखापन, भद्दापन; अविनय^F, अश्लीलता^F, निर्लज्जता^F; अकुशलता^F, अनाड़ीपन, फूहड़पन।

indelicate –कॅट् a. अशिष्ट, धृष्ट; ग्राम्य, रूखा, फूहड़, भद्दा; अविनीत, अश्लील, निर्लज्ज; अकुशल, अनाड़ी, भोंदू।

indemnification इन्डेॅम्निफ़िके'शॅन् n. क्षतिपूर्ति^F, **क्षतिपूरण,** हर्जाना; वैधानिक उत्तरदायित्वसे मुक्ति^F, माफ़ी^F।

indemnify –'निफ़ाइ v.t. **क्षतिपूर्ति^F करना, निष्कृति^F करना,** तावान भरना, हानि^Fसे बचानेकी जमानत देना, हर्जाना देना; रक्षा^F करना, बचाना; **तारण करना,** वैध उत्तरदायित्वसे मुक्त करना।

indemnitee –निटी' n. क्षतिपूर्ति^F पानेवाला, हर्जाना पानेवाला।

indemnitor –'निटॅर् n. क्षतिपूर्ति^F करनेवाला, हर्जाना देनेवाला।

indemnity –टि n. क्षतिपूरण, **क्षतिपूर्ति^F, निष्कृति^F,** हानिरक्षा^F, **हर्जाना;** ~ bond **क्षतिपूरणबन्ध।**

indemonstrable इन्डिॅमॉन्'स्ट्रॅबॅल् a. अप्रतिपाद्य, प्रमाणातीत, असाध्य।

indent[1] इन्'डेॅन्ट् n. दन्तीकरण, गहरी दरार^F, गड्ढा, छेद, खाँचा, खुट्टा, दरज।

indent[2] इन्डेॅन्ट्', इन्'डेॅन्ट् n. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र, कारनामा; **माँगपत्र,** सामान मँगानेके लिए सरकारी अधियाचन; माल मँगानेके लिए विदेशी आज्ञापत्र, व्यापारी वस्तुओं^Fका व्यादेश; **इण्डेन्ट; फरमाइश^F;**
~ checker, ~-keeper, ~ number, ~ register, ~ section.

indent[3] इन्डेॅन्ट्' v.t. & i. वक्ररेखा^F द्वारा प्रलेख या दस्तावेजको दो भागोंमें विभक्त करना; दोहरा प्रलेख या दस्तावेज तैयार करना; (मुद्र०) परिच्छेद आरम्भ करनेके लिए हाशियेसे हटकर छापना; (लिखित) अधियाचन करना; व्यादेश देना, प्रतिज्ञापत्र द्वारा माल मँगानेकी आज्ञा^F देना।

indent[4] v.t. दाँते बनाना, दाँतेदार बनाना; चिह्नित करना, ठप्पा मारना, मुहर^F लगाना।

indentation –'डेॅन्टे'शॅन् n. (प्रा० भूगोल) **दन्तुरता^F,** दन्तीकरण, दन्तुरीकरण, **दन्तुरण; दन्तुरता,** दाँता, खाचा, कटाव; वक्ररेखा^F; (छपाई^F) छूट^F; तट इत्यादिपर गहरी दरार^F; (ध्वनि०) जगह^F छोड़कर आरम्भ करना।

indented –'टिड् a. **दन्तुरित,** दन्तीकृत, दन्तुरीकृत, **दाँतेदार, दंदानी,** कटावदार, **गंडेदार।**

indenter –टॅर् n. पाँचा (एक दाँतेदार यन्त्र)।

indenting –टिंग् n. **दन्तुरण, खाँचे बनाना;** २. a. **दांतेदार** (~*roller*)।

indention –'शॅन् n. दन्तुरीकरण, दनदाना, दाँता; (परिच्छेदका) छूटदार हाशिया; सागर-तटपरकी गहरी दरार^F।

indentor इन्डेॅन्टॅर् n. व्यादेशक, **माँगकर्ता।**

indenture[1] इन्डेॅन्च्यॅर् n. दन्तुरीकरण, दनदाना, दाँता; **कोष्ठक,** T; समविभक्त प्रालेख, बराबर भागोंमें बँटा हुआ दस्तावेज; **अनुबन्धपत्र, इकरारनामा,** मुद्रित प्रतिज्ञापत्र या **इकरारनामा;** तालिका^F, वस्तु-सूची^F, प्रमाणपत्र।

indenture[2] v.t. प्रतिज्ञापत्र या इकरारनामे द्वारा बाँधना, वचनबद्ध करना; सेवा^Fकी समाप्ति^Fपर प्रतिज्ञा-पत्र वापस ले लेना।

independence इन्डिॅपे'न्'डॅन्स् n. **स्वातंत्र्य,** स्वतंत्रता^F, **स्वाधीनता^F,** आजादी^F; स्वतन्त्र आय^F, व्यक्तिगत आमदनी^F; I~Day **स्वतन्त्रा-दिवस;** ~ league स्वतन्त्रता-संघ।

independency–सि n. = CONGREGATIONALISM; स्वतन्त्र राज्य, स्वतन्त्र देश।

independent[1] –न्ट n. स्वतन्त्र राजनीतिक-व्यक्ति; गिरजाघरकी स्वतन्त्रता^Fका पक्षपाती।

independent[2] a. **स्वतन्त्र, स्वाधीन,** आजाद; अनाश्रित, अपरवश, अपराधीन; निरपेक्ष;

~assortment, ~authority, ~banking, ~brigade area, ~characters, ~charge, ~comparison, ~contract, ~ coordinates, ~covenant, ~day, ~division, ~equation, ~events, ~ frequencies, ~ function, ~income, ~party, ~primitive, ~quantity, ~science, ~survey, ~variables, ~variation, ~work, ~worker.

indescribability इन्डि॑स्क्रैबॅबि॑लिटि n. अस्पष्टता[F], अनिश्चितता[F]; वर्णनातीतत्व, अकथनीयता[F], अनिर्वाच्यता[F]।

indescribable –'बॅबॅल् a. अस्पष्ट, अनिश्चित; वर्णनातीत, अकथनीय, अनिर्वाच्य, अकथ।

indestructibility इन्डि॑स्ट्रक्टिबि॑लिटि n. अक्षय्यता[F], **अनश्यता[F]**, अनश्वरता[F], अमरता[F], **अविनाशिता[F]**।

indestructible –'टिबॅल a. अक्षय्य, अनश्वर, अमर, अविनाशी।

indeterminable इन्डि॑टॅर्'मिनॅबॅल् a. अनिश्चेय, संदिग्ध, अनिर्धार्य; (झगड़ा इत्या०) अनिर्णेय।

indeterminacy n. = INDETERMINATION.

indeterminate –नॅट् a. (ग०) **अनिर्धारित, अनिर्धार्य,** अनिर्वचनीय, अस्पष्ट; सन्दिग्ध; अनिर्दिष्ट, **अनिश्चित,** अनियत, कच्चा; (राशि[F]) **अपरिमित,** अनिर्धृत; ~duty, **अविहित कर्तव्य;** ~ expression (गणित०) अपरिमित व्यंजक; ~ sentence (क़ानून) अनियमित दण्डादेश;

~equation, ~ form, ~ group, ~term, ~variation, ~vowel.

indeterminateness, indetermination–नि॑स्, –ने॑'शॅन् nn. संशय, अनिर्णय, आशंका[F], **अनिश्चितता[F]**, दोलायमान अवस्था[F]; अनिर्दिष्टता[F]; अस्पष्टता[F]; संदिग्धता[F], कच्चापन; अनियति, अपरिमिति, अनिधृति।

indetermined –'मिन्ड् a. आशंकित, संशय-युक्त, अनिर्णीत, अनिश्चयपूर्ण, दोलायमान, बेठिकाने।

indeterminism –निज़्म् n. अनिर्धारणवाद, अनिश्चयवाद, **अतन्त्रतावाद, अनियतिवाद**।

indeterminist –निस्ट् n. अनिर्धारणवादी, अनिश्चयवादी।

indevotion इन्डि॑वो॑'शॅन् n. अभक्ति[F]।

indevout इन्'डिवॉउट् n. अधर्मात्मा, अधर्मनिष्ठ, अभक्त।

index इन्'डॅक्स n. (pl. *indices* उच्चारण इन्डिसिस्) तर्जनी[F], नाप[F] इत्यादि बतानेकी सुई[F]; प्रदर्शक, **सूचक, अभिसूचक** (जैसे, ~*number*); **संकेतसूची[F]**, क्रमिसूची[F], अनुक्रमणिका[F], अनुक्रमणी[F], ससन्दर्भ विषय-तालिका[F], (~*diagram*); घड़ी[F]की सुइयाँ[F]; (गणि०, चि०) **सूचकांक, घातांक,** ~ arm **निर्देश बाहु;** ~error **आरम्भिक त्रुटि[F], कोणीय त्रुटि[F];** (गणि०) **सूचकत्रुटि[F];** ~finger देशिनी[F], तर्जनी[F]; ~locorum स्थान-नामावली[F], स्थान-तालिका[F]; ~ of refraction (भौ०) **वर्तनांक;** ~rerum विषय-सूची[F], ~verborum शब्दसूची, शब्दानुक्रमणी[F], विषयानुक्रमणिका[F];

~arm bubble tube, ~bristol, ~card, ~card cabinate, ~card register, ~clerk, ~correction, ~exponent, ~fibre, ~form, ~glass, ~historiogram, ~hypermetropia, ~locorum, ~map, ~mark, ~number, ~ number formula, ~plan, ~ register, ~sheets, ~sketch, ~slip, ~table, ~value, ~volume.

indexer –'सॅर् n. अनुक्रमणीकार. ससन्दर्भ विषय-तालिका-लेखक, क्रम-सूची-सम्पादक।

indexical –'सिकॅल् a. सूचीपत्रवत्; अनुक्रमणिका-सम्बन्धी, सूचीपत्र-सम्बन्धी, विषय-तालिका[F]-का।

indexing –'डे॑क्सिङ् n. अनुक्रमण, अनुक्रमणी बनाना, **सूचीकरण,** सूचीबद्ध करना; **सूचक बनाना**।

indexless –स्-लि॑स् a. अनुक्रमणिकाशून्य, तालिका-विहीन, सूचीरहित।

Indian इन्'डिअॅन् a. भारतीय, हिन्दुस्तानी; अमरीकाका आदिवासी, इण्डियन;

~Air Force, ~company, ~delegation, ~Embassy, ~itinerary, ~made, ~mission, ~Ocean, ~postage, ~railway, ~red, ~ rubber, ~service, ~sub-continent, ~tourist.

Indianist –निस्ट् n. भारतभारतीविद्, भारतीय विद्याविशारद।

Indianization –नाइज़े॑'शॅन् n. भारतीयकरण।

indianize –'डिअॅनाइज़् v.t. भारतीयकरण ..., भारतीय बनाना।

indicant इन्'डिकॅन्ट् १. a. निर्देशक; २. n. = INDICATOR.

indicanuria ⊙ इन्डिकेन्युअॅरिअॅ n. (चि०) नीलमेह।

indicate –केट् v.t. (चि०) सुझाना, प्रस्तावित करना; संक्षेपतः कहना, थोड़ेमें बयान करना; प्रतीक होना, चिह्न-स्वरूप होना; संकेत करना, इशारा करना; घोषित करना, बताना, जताना; प्रकट करना, प्रदर्शित करना।

indicated –टि॑ड् a. संकेतित, सूचित, **निदर्शित, निर्दिष्ट,** ~ horse-power (सुई[F] द्वारा) प्रदर्शित अश्व-बल, **सूचित अपूर्व-शक्ति[F]**।

indication –के॑'शॅन् n. चिह्न, लक्षण, निदर्शन, प्रदर्शन; **संकेत** (~*bell*), इशारा।

indicative[1] –'कॅटिव् n. (~*mood* भी) निश्चय अर्थ, स्वार्थ; लक्षण।

indicative[2] a. प्रकाशक, बोधक, प्रदर्शक, निर्देशक, सूचक, परिचायक; स्वीकार या अस्वीकारसूचक।

indicator, indicant –'डिकेटॅर्, –कॅन्ट् nn. प्रकाशन करनेवाला, **संकेतक,** बोधक, व्यंजक, **सूचक,** निर्देशक, प्रदर्शन करनेवाला, निर्देशन करनेवाला; (भौ०) **सूची[F]**, किसी यन्त्रकी सुई[F]; **सूचक रेखाचित्र;** (चि०) निदान या चिकित्सा-सूचक लक्षण।

innicatory –ऍरि a. द्योतक, व्यंजक, **सूचक** (~ *diagram*), ज्ञापक, निर्देशात्मक, संकेतात्मक; **घातांक** (~*equation*)।

indices दे० INDEX; (भू०) **अक्षांक**; (ग०) **घातांक**।

indicial ⊙ इन्डि'सिअॅल् a. संकेतात्मक, सूचनात्मक; **घातांक-**; अनुक्रमणी-सम्बन्धी।

indicium(L) लक्षण, संकेत-चिह्न।

indicolite इन्डि'कॅलाइट् n. नीलाश्म, T.

indict इन्डाइट् v.t. अभ्यारोपित करना, **अभ्यारोपण लगाना,** अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना, दोष लगाना।

indictable –'टॅबॅल् a. अभ्यारोप्य, अभियोगार्ह, अपराध्य, दोषारोपण करने योग्य।

indictee –टी' n. अभ्यारोपित, अभियुक्त, अपराधी।

indicte(o)r –'टॅर् n. अभियोगकर्ता, अपराध लगानेवाला।

indiction इन्डिक्'शॅन् n. पंचदश वर्ष-चक्र, पन्द्रह-पन्द्रह वर्षोंमें समय-विभाजन; घोषणा^F^।

indictive ⊙ –'टिव् a. उद्घोषित, प्रोद्घोषित, घोषित।

indictment इन्डाइट्'मॅन्ट् n आरोपण-विधि^F^; अभियोग-पत्र, आरोप-पत्र; लांछन, **अभ्यारोपण,** अभिशंसन, **अभियोग,** दोषारोपण; bill of ~ अपराध-लेख, लिखित आरोप।

indifference इन्डि'फ़रॅन्स् n. **उदासीनता**^F^, औदासीन्य, उपेक्षा^F^, अनासक्ति^F^, विरक्ति^F^, अनीहा^F^, अस्पृहा^F^; तटस्थता^F^, **निस्संगति**^F^; (अर्थ०) **अनधिमान** (~*curve*); नगण्यता^F^, तुच्छता^F^, महत्त्वहीनता^F^ (*a matter of* ~); ~point (मनो०) **विभेदक बिन्दु**।

indifferent¹ –न्ट् n. निष्पक्ष या समबुद्धि व्यक्ति; (दर्शन०) **उदासीन वस्तु**^F^।

indifferent² a. **उदासीन,** विरक्त, अनासक्त, बेलाग; समदर्शी, समबुद्धि, समभाव, निरपेक्ष, निरीह; निष्पक्ष, तटस्थ; नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन; अन्यमनस्क।

indifferentism –टिज़्म् n. तटस्थतावाद, उदासीनतावाद; समबुद्धि^F^, समभाव; उदासीनता^F^, तटस्थता^F^।

indifferentist–टिस्ट् n. तटस्थतावादी, उदासीनतावादी; समबुद्धि पुरुष, समभाव व्यक्ति; उदासीन, तटस्थ व्यक्ति।

indigenal¹ इन्डि'जिनॅल् n = INDIGENE.

indigenal² a. = INDIGENOUS.

indigence, -cy इन्'डिजॅन्स्, -सि nn. दारिद्र्य, दैन्य, दरिद्रावस्था^F^, गरीबी^F^।

indigene इन्'डिजीन् n. देशी व्यक्ति या वस्तु^F^, स्वदेशी व्यक्ति या वस्तु^F^, स्वदेशोत्पन्न व्यक्ति या पदार्थ।

indigenous –'जिनॅस् a. देशीय, स्वदेशजात, **देशज, देशी, देसी;**

~banking, ~interpreter, ~*malaria*, ~stores, ~system, ~*variety*।

indigent इन्'डिजॅन्ट् n. दरिद्र, दीन, निःस्व, अकिंचन, निर्धन, गरीब।

indigest इन्डि-जे'स्ट् a. अपचा; अनियमित।

indigested इन्डिजे'स्टिड् a. अमूर्त, निराकार, आकृतिहीन; अविचारित; (चि०) अपाचित, अनपचा, जो हजम न हुआ हो; कच्चा।

indigestibility –टिबि'लिटि n. अपाच्यता^F^, दुष्पचता^F^, दुर्जरता^F^; अग्राह्यता^F^, अग्रहणशीलता^F^।

indigestible –'टिबॅल् a. (शा० एवं ला०) अपाच्य, **अपच्य,** दुष्पच, अपचनीय, दुर्जर; (ला०) अग्राह्य, अमान्य।

indigestion –'शॅन् n. अग्निमान्द्य, मन्दाग्नि^F^, (चि०, श०र०शा०, कृषि०) **अजीर्ण, अपच**^F^**,** अपचन, **बदहजमी**^F^; (शा० एवं ला०) अजीर्णता^F^, बुद्धि^F^की अग्राह्यता^F^।

indigestive –'टिव् a. अग्निमान्द्य-सम्बन्धी, मन्दाग्नि-ग्रस्त बदहजमीसे परेशान; अपचशील, अजीर्ण करनेवाला, बदहजमी करनेवाला।

indign इन्डाइन् a. अयोग्य, नालायक, निकम्मा।

indignant इन्डिग्'नॅन्ट् a. रोषाकुल, क्रोधाभिभूत, रोषयुक्त, कुपित, समन्यु, अतिक्रुद्ध, गुस्से।

indignation –ने'शॅन् n. (अधमता^F^ या दुराचारसे उत्पन्न) आक्रोश, रोषावेश, रोष, क्रोध, मन्यु, गुस्सा (~*at* a thing, *with* or *against* person); ~ meeting आक्रोश-सभा^F^, रोष-सभा^F^।

indignity –'निटि n. अवज्ञा^F^, अपमान, अवमान, परिभव, पराभाव, तिरस्कार, धिक्कार; अशिष्ट आचरण, अयोग्य व्यवहार।

indigo इन्'डिगो n. नीली, **नील,** (रसा० शा०) निनील; (भौ०) **जम्बुकी**^F^;

~-bird, ~blue, ~brown, ~carmine, ~-carmine blue, ~colour, ~copper, ~disulphonate, ~extra, ~extract powder-paste, ~-gelatine, ~gluten, ~green, ~grey, ~leaves, ~new blue, ~-pink, ~press, ~pure, ~red, ~reduced, ~salt, ~seed, ~solution, ~-substitute, ~sweepings, ~synthetic powder, ~vat, ~violet, ~white, ~yellow.

indigotic –गॉ'टिक् a. नीला, नीलाभ, कुछ नीला।

indigotin इन्'डिगॅटिन् n. (रसा०) नील, नीलतत्त्व।

indirect इन्डि रे'क्ट् a. वक्र, कुटिल, चक्करदार, टेढ़ा-मेढ़ा; (अर्थ शा०) **विलोम;** असत्य; असरल; (कलन, वन०, प्रा० भूगोल, दर्शन०) **अप्रत्यक्ष, परोक्ष,** अप्रकट; (व्या०) ~object परोक्ष कर्म (*give him the book* में *him*); ~quotation, speech अपरोक्ति^F^; ~ passive परोक्ष कर्मवाच्य (*I was told it* में *I*); ~speech परोक्ष-कथन, अन्यपुरुष-कथन (*he said, "I will help you"* = DIRECT; *he said that he would help me* = ~);

~agent ~appointment, ~approach, ~cell, ~cell division, ~charge, ~circulating, ~ confession, ~ co-variation,

~demand, ~ description, ~ differentiation, ~ election, ~ evidence, ~enquiry, ~fire, ~influence, ~interference, ~intention, ~knowledge, ~observation, ~production, ~reduction, ~reflex, ~representation, ~selection, ~target, ~tax, ~taxation, ~testimony, ~trade, ~utility, ~vision, ~wages.

indirection –'रॅशन् n. परोक्ष साधन, अप्रत्यक्ष उपाय; कपट, छल, धोखा, झाँसा ।

indirectly –लि adv. परोक्षतः, अप्रत्यक्षरीतिसे ।

indirectness –क्ट्'निॅस् n. वक्रताF, कुटिलताF, चक्कर; टेढ़ामेढ़ापन; परोक्षताF, अप्रत्यक्षताF, असरलताF ।

indiscernible[1] इन्डिसॅर'निबॅल् n. अदृश्य या अप्रत्यक्ष वस्तुF, अविवेच्य वस्तुF; identity of ~s अभिन्नतावाद, गुणभिन्नतावाद ।

indiscernible[2] a. अदृश्य, अप्रत्यक्ष, अप्रकट, अविवेच्य ।

indiscerptibility इन्डिसे'र्प्'रिबि'लिटि n. अनश्वरताF, अविनाश्यताF, अक्षय्यताF, अविलेयताF ।

indiscerptible –'टिबॅल् a. अनश्वर, अविनाश्य, अक्षय्य, अविलेय ।

indisciplinable इन्डि'सिप्लिनॅबॅल् a. अननुशास्य, अविनेय, अशास्य, असंयम्य ।

indiscipline –न् n. **अनुशासनहीनता**F, अविनयF, असंयम; विश्रृंखलताF, अराजकताF ।

indiscoverable इन्डिस्क'वॅरबल् a. अमृग्य, अनन्वेष्य, अनन्वेषणीय, खोजसे परे ।

indiscreet इन्डिस्क्रीट्' a. अविचक्षण, अदूरदर्शी, अविवेकी, नासमझ, नादान ।

indiscreetness –'निॅस् n. अविचक्षणताF, अदूरदर्शिताF, अविवेक, नासमझीF, नादानीF ।

indiscrete इन्डिस्'क्रीट a. अविभक्त, अखण्डित, अभिन्न ।

indiscretion इन्डिस्क्रे'शॅन् n. अविमर्श, अनवधान, प्रमाद; राजकीय रहस्यका आकस्मिक उद्घाटन; अविवेक, असमीक्षाF, अविचार; सामाजिक नीतिFका उल्लङ्घन; calculated ~ रहस्यका विचारित उद्घाटन ।

indiscriminate इन्डिस्क्रि'मिनॅट् a. अविवेकी, अभेदकारी, विवेकशून्य, **अंधाधुंध**; विश्रृंखल, अन्यवस्थित, अण्डवण्ड, गड्ड-वड्ड ।

indiscriminateness –निॅस् n. अभेदकारिताF, विवेकशून्यताF; विश्रृङ्खलताF, अव्यवस्थाF, अण्डबण्ड, गड्ड-वड्ड ।

indiscriminating –नेटिंग् a. अविमृश्यकारी, अविवेकी, अभेदकारी, विवेकशून्य, नासमझ ।

indiscriminative –नॅटिव a. अविमृश्यकारी, अविवेकी, अभेदकारी, अविवेकशील ।

indispensability, indispensableness इन्डिस्पे न्सॅबि'लिटि, –निॅस nn. अपरिहार्यताF, अनुपेक्ष्यताF, अपरित्याज्यताF अनिवार्यताF, आवश्यकताF ।

indispensable –'सॅबॅल् a. **अपरिहार्य**, अनुपेक्ष्य, अपरित्याज्य, अनिवार्य, अत्यावश्यक, लाज़मी ।

indispose इन्डिस्पोज़्' v.t. अस्वस्थ करना; असमर्थ करना, अक्षम बनाना, अयोग्य करना; विमुख करना, विरक्तिF उत्पन्न करना, अनिच्छुक करना, अरुचिF पैदा करना, दिल फेर देना ।

indisposed –ड्' a. (चि०) ईषत्स्वस्थ, अस्वस्थ; विमुख, अनिच्छुक ।

indisposition, indisposedness इन्डिस्पॅज़ि'-शॅन्, –डनिॅस nn. (चि०) ईषद्स्वास्थ्य, अस्वास्थ्य; अस्पृहाF, अनीहाF, अनिच्छाF; विमुखताF, विरक्तिF, अरुचिF ।

indisputability, indisputableness इन्डिस्प्यूटॅबि'लिटि, –निॅस् nn. निर्विवादताF, निश्चितताF, अप्रतिपाद्यताF, सर्वमान्यताF ।

indisputable –'टॅबॅल् a. अविवाद्य, निर्विवाद, अवधारित, निश्चित, अप्रतिपाद्य, सिद्ध, सर्वमान्य ।

indissociable इन्डिसो'शॅबॅल् a. अविच्छेद्य, अवियोज्य, अविभाज्य, अविच्छेदनीय, अपृथक्करणीय; एकाग्र ।

indissolubility, indissolubleness इन्डिसॅलुबि'लिटि, –निॅस् nn. अद्रवणीयताF, अक्षरणशीलताF, अगलनशीलताF, अविलेयताF; चिरस्थायित्व ।

indissoluble –'सॅलुबॅल, –सॉ'लुबॅल् a. अद्राव्य, अक्षरणशील, अगलनशील, अविलेय, अलोपनीय; अलंघ्य; अछेद्य (~ *bond*); स्थिर, चिरस्थायी, टिकाऊ, पक्का ।

indissolvable इन्डिजॉल्'वॅबॅल् a. अलोपनीय, अगलनीय, न घुलने योग्य ।

indistinct इन्डिस्टिन्क्ट् a. दुरूह, **अस्पष्ट** (~speech), अस्फुट, अविस्पष्ट, धुँधला; अनिर्दिष्ट: विश्रृंखल, अव्यवस्थित, गड़बड़, गोलमाल ।

indistinction –क्'शॅन् n. = INDISTINCTNESS.

indistinctive –'टिव् a. अस्पष्ट; अस्फुट, अविस्पष्ट, धुँधला; अनिर्दिष्ट; विश्रृंखल, अव्यवस्थित, गड़बड़ ।

indistinctness –ट्'निॅस् n. अस्पष्टताF; अस्फुटताF; अविस्पष्टताF, धुँधलापन; अनिर्दिष्टताF; विश्रृंखलताF, अव्यवस्थाF, गड़बड़ीF ।

indistinguishable इन्डिस्टिन्'ग्विशॅबॅल् a. **अप्रमेय**, अपरिज्ञेय, अविवेच्य, अपरिच्छेद्य, अविभेद्य ।

indistributable इन्डिस्ट्रि'ब्यूटॅबॅल a. अविभाज्य, अवितरणीय ।

indite इन्डाइट्' v.t. रचनाF करना, लिपिबद्ध करना, लिखना, लेखबद्ध करना ।

inditement –मॅन्ट् n. रचनाF, लेखन ।

inditer –'टॅर् n. रचयिता, ग्रन्थकर्त्ता, लेखक ।

indiv. individual.

indivertible इन्डिवर्'टिबॅल् a. अनपवर्त्य, अटल, न हटाने योग्य ।

individual[1] इन्डिवि'ड्यूॲल् n. **व्यक्ति, व्यष्टि**, एक आदमी, अकेला मनुष्य, किसी वर्गका अकेला व्यक्ति;

(ग्रा०) जन, आदमी (*an ~ of somewhat prepossessing appearance*)।

individual² a. अकेला, एक, एकमात्र; विशेष, खास; विशिष्ट; विशिष्ट गुणवाला; **व्यक्तिगत, वैयक्तिक,** अपना, जाती; अलग-अलग; ~ classes एकैक वर्ग; ~village एक-एक गाँव; ~uniqueness व्यक्ति-वैचित्र्य;

~ account, ~ adaptation, ~agreement, ~ bargaining, ~ development, ~differences, ~ freedom, ~ good, ~ inspection, ~ instruction, ~ intuition, ~ judgment, ~ liberty, ~line, ~ notice, ~prophylaxis, ~ proprietor, ~ response, ~ security, ~ stalk, ~ training, ~ trait, ~ treatment, ~ variation, ~ wealth.

individualism –लिज़्म् n. **व्यक्तिवाद, व्यष्टिवाद,** अहंवाद।

individualist –लिस्ट n. **व्यक्तिवादी,** व्यष्टिवादी, अहंवादी।

individualistic –'टिक् a. व्यक्तिवादीय, व्यष्टिवादी, अहंवादीय; व्यक्तिप्रधान, **व्यष्टिनिष्ठ; व्यष्टिपरक;** ~ perfetionism **व्यष्टिपूर्णतावाद।**

individuality –ऐ'लिटि n. वैयक्तिकता^F^, विलग सत्ता^F^, **व्यक्तित्व;** व्यक्तिगत स्वभाव, विशिष्टत्व।

individualization –ॲलाइज़े'शॅन् n. विशिष्टीकरण; निर्दिष्टीकरण, निश्चयीकरण।

individualize –'ड्यूॲलाइज़् v.t. वैशिष्ट्य प्रदान करना, विशेषता^F^ देना; निर्दिष्ट करना, निश्चय करना।

individuate –एट् v.t. वैशिष्ट्य प्रदान करना, व्यक्तिगत रूपमें परिणत करना।

individuation –ए'शॅन् n. **व्यक्तायन,** व्यक्तीकरण, विशिष्टीकरण, व्यक्तिगत रूपमें परिवर्तन; (चि०) व्यक्ति-व्यविकसन क्रिया^F^।

indivisibility, indivisibleness इन्डिविज़िबि'-लिटि, –नि॑स् nn. **अविभाज्यता^F^,** अनंशनीयता^F^, अभेद्यता^F^।

indivisible¹ –ज़िबॅल् n. अतिसूक्ष्म कण, अतिलघु अणु।

indivisible² a. **अविभाज्य,** अखण्ड्य, अनंशनीय, अभेद्य।

indo- भारत-, भारतीय (*~-Aryan, ~-Chinese, ~-European, ~-Germanic, ~-Iranian*)।

indocile, indocible इन्डो'साइल, इन्डॉ'साइ(सि)ल्; इन्डॉ'सिबॅल् aa. दुर्दम, चण्ड, दुर्दान्त, स्वैरी, अविनेय, अवश्य, अनायत्त, स्वच्छन्द।

indocility इन्डॅसि'लिटि n. दुर्दमता^F^, दुर्दान्तता^F^, स्वैरिता^F^, अवश्यता^F^, अविनय^F^, अविनेयता^F^, अनायत्तता^F^, स्वच्छन्दता^F^।

indoctrinate इन्डॉक्'ट्रिनेट् v.t. शिक्षा^F^ देना, उपदेश देना, सीख^F^ देना; मत प्रतिपादित करना, किसी मतमें शिक्षा^F^ देना।

indoctrination –ने'शॅन् n. शिक्षण, उपदेश, सीख^F^; मत-शिक्षण, सिद्धान्त-शिक्षण।

indolence, -cy इन्'डॅलॅन्स, –सि (–pl.) nn. तन्द्रिलता^F^, मन्दता^F^; निश्चेष्टता^F^, **अकर्मण्यता,** निरुद्यमता^F^, अनुद्योग, कार्य-विमुखता^F^, आलस्य, निठल्लापन, सुस्ती^F^।

indolent –न्ट् a. तन्द्रिल, मन्द, निश्चेष्ट, निरुद्यम, कार्यविमुख, आलसी, निठल्ला, सुस्त; (चि०) मन्दगति^F^, अल्पपीड़ाकर (जैसे, व्रण, अर्बुद आदि)।

indologist इन्डॉ'लॅजिस्ट n. भारतविद्याज्ञ, भारतीय-विद्याशास्त्री, भारत-भारतीविद्।

indology –जि n. भारतीय विद्या, भारत-शास्त्र, भारत-भारती^F^।

indomitable इन्डॉ'मिटॅबॅल् a. दुर्दम, अदम्य, दुर्दान्त, अप्रधर्ष्य, अबाध्य, आग्रही, दबंग, हठी, जिद्दी।

indoor इन्'डोॲर् a. अन्तरङ्ग, अन्तर्वासी, आभ्यन्तर, **भीतरी,** घरके अन्दर होनेवाला (*~ games*); सदावर्त या सदाव्रतके अन्तर्गत (*~ relief*); ~ patient अन्तरंग रोगी;

~ department, ~ hospital, ~ house surgeon, ~ noise, ~ register, ~ ticket, ~ treatment, ~ ward.

indoors –ज़्' adv. घरके अन्दर, मकानके भीतर; गुप्त-रीति^F^से।

indorsation, indorsement, endorsement इन्डॉर्से'शॅन्, इन्डॉर्स्'मॅन्ट, ऍन्डॉर्स्'मॅन्ट् nn. अनुमोदन, प्रमोदन, अनुमोदन; (हस्ताक्षर) पृष्ठांकन, पृष्ठलेख; हुण्डी^F^-का **बेचान।**

indorse –र्स्' v.t. पृष्ठांकित करना, पृष्ठलेखन करना; अनुमोदन करना; हुण्डी^F^ बेचना।

indorsee –सी' n. पानेवाला, हुण्डी^F^का बेचान लेनेवाला।

indraught, -draft इन्'ड्राफ़्ट्, -ड्राफ़्ट् nn. अन्तराकर्षण; अन्तःप्रवाह, अन्तर्धारा।

Ind.Ter. Indian Territory.

indubious इन्ड्यू'बिॲस् a. असन्दिग्ध, निश्चित, सन्देहहीन।

indubitable इन्ड्यू'बिटॅबॅल् a. सुनिश्चित, असन्दिग्ध, अनाशंक्य, सुनिर्धारित, ठीक।

indubitableness –नि॑स् n. सुनिश्चतता^F^, असन्दिग्धता^F^, अनाशंक्यता^F^, सुनिर्धारण।

induce इन्ड्यूस्' v.t. **प्रलोभन देना,** प्रलुब्ध करना, लुभा लेना, फुसलाना; प्रवृत्त करना, **प्रेरण करना, अभिप्रेरित करना,** प्रोत्साहित करना, लगाना, उभाड़ना, बहकाना; (विद्युत्०) अन्तःप्रेरणा^F^ द्वारा (तरंग^F^) उत्पन्न करना; आगमन करना, अनुमान करना, निर्णयपर पहुँचना।

induced –ड् a. उत्पादित (*~ malaria*), प्रोत्साहित, (रसा०) **प्रेरित,** अभिप्रेरित (वन०) **परिप्रेरित;**

~ colour, ~ consumption, ~ current, ~ draught, ~ malasia, ~ movement, ~pole,

~ radiation, ~ radio-activity, ~ transmutation.

inducement –स्'मॅन्ट n. **प्रलोभन**, प्रवर्तन, लोभ, फुसलाहट[F]; **अभिप्रेरणा**[F], प्रणोदन, प्रोत्साहन ।

inducer –'सॅर् n. प्रलोभक, प्रवर्त्तक; प्रणोदक, प्रोत्साहक ।

inducible –सिबॅल् a. प्रलोभनीय, प्रवर्तनीय; प्रणोदनीय, प्रोत्साहन देने योग्य ।

induct इन्डक्ट्' v.t. अधिकार देना, कब्जा देना; पदासीन करना, प्रवेश कराना; प्रवर्तित करना, प्रारम्भ करना ।

inductance –'टॅन्स् n. **प्रेरकत्व**, (~ *bridge*), **प्रेरकता**[F], प्ररोचता[F], प्ररोची कुण्डल, चुम्बकीय उत्पादन, चुम्बकीय कुण्डली[F]में आत्मोत्पादनका गुणक ।

inductile इन्डक्'टाइ(टि)ल् a. अतन्य, अकोमल, कठोर, बे-लचक ।

inductility –टि'लिटि n. अतन्यता[F], अकोमलता[F], कठोरता[F], बे-लचीलापन ।

induction इन्डक्'शॅन् n. प्रवेश, अधिकारप्रदान; (प्रा०) उपोद्घात, पूर्वपीठिका[F], भूमिका[F], प्रस्तावना[F]; (प्रमाणमें) तथ्योपस्थापन, तथ्योंका प्रस्तुतीकरण; (दर्शन०) **आगमन**, अनुमान; (मनो०) **प्रेरण**, प्ररोचन, उपपादन, उन्नयन, एक वैद्युत या चुम्बकीय पिण्ड द्वारा दूसरेमें विद्युत्[F] या चुम्बक उत्पन्न करना; (गणि०) **आगम**; ~-coil प्ररोची कुण्डल, **प्रेरण-कुण्डली**[F];

~ elbow, ~ furnace, ~ motor, ~ period, ~ regulator, ~ system.

inductive, inductional –टिव्,– नॅल् aa. **प्रेरणिक**; **आगमनिक**, **आगमनात्मक**, **आगमिक**, अनुमानात्मक, आगमनपर निर्भर; वैद्युत या चुम्बकीय उपपादनसे सम्बन्धित, (यन्त्र०) **प्रेरक**; ~ logic आगमन-शास्त्र, ~ method, **आगमन-प्रणाली**[F]; **आगमन रीति**[F]; ~ syllogism व्याप्त्युनुमय;

~classification, ~coupling, ~definition, ~enquiry, ~~fallacy, ~inference, ~leap, ~ probability, ~ reactance, ~ reasoning, ~ syllogism.

inductiveness –निॅस् n. निगमनात्मकता[F], अनुमानात्मकता[F], उपपादनशीलता[F] ।

inductivity –टि'विटि n. निगमनात्मकता[F], अनुमानात्मकता[F], निगमन-निर्भरता[F]; वैद्युत या चुम्बकीय उपपादन ।

inductor इन्डक्'टॅर् n. पादरीको अधिकार दिलानेवाला व्यक्ति; **प्रेरित्र**, **प्रेरक**, वैद्युत उपपादन यन्त्रका कोई भाग; (~ s) **प्रेरक** ।

inductometer इन्डॅक्टॉ'मि`टर् n. **परिवर्त्ती प्रेरकत्व** ।

indue इन्ड्यू' v.t. = ENDUE.

indulge इन्डल्ज्' v.t. & i. तुष्ट करना या होना, तृप्त करना या होना; प्रसन्न करना, खुश करना; प्रश्रय देना, अनुमति[F] देना; आनन्द प्रदान करना; दिल खोलकर आनन्द लूटना; आसक्त होना, लिप्त होना, शौक बढ़ना ।

indulgence –'जॅन्स् n. तोषण, तर्पण, आत्मरंजन, **अतिभोग**, **अतिसेवन**, आसक्ति[F], मजा; आत्मतृप्ति[F], आत्मसन्तोष; प्रदत्त विशेषाधिकार; दण्ड-मुक्ति[F]; कृपा[F], अनुग्रह[F], मेहरबानी[F] ।

indulgent –न्ट् a. दयालु, कृपालु, दयावान्, मेहरबान; आदी, शौकीन; आसक्त, लिप्त ।

indulger –जॅर् n. आसक्त व्यक्ति, लिप्त मनुष्य, भोगी ।

indult इन्डल्ट्' n. पादड़ीकी विशेषाज्ञा[F] ।

indumentum इन्ड्यूमे`न्'टॅम् n. लोमाच्छादन, **प्रच्छद**, लोमावरण, वालोंका ओढ़ना ।

indurate इन्'ड्यूॲरेट् v.t. & i. कठोर या कठिन बनना, कठोर बनाना; निष्ठुर बनना, निष्ठुर बनाना, निर्दय बनना, निर्दय बनाना, कड़ा करना, दिल पत्थर कर लेना; दृढ़ हो जाना, पक्का हो जाना; a. कठिन हुआ, कठिनोभूत ।

indurated –टि`ड् a. **दृढ़ीभूत** ।

induration –रे'शॅन् n. कठोरीकरण, **दृढ़ीकरण**; निष्ठुरीकरण, कठोरता[F], निष्ठुरता[F], निर्दयता[F], दृढ़ता[F], कड़ाई[F] ।

indurative –'ड्यूॲरेटिव् a. कठोर, निष्ठुर, काठिन्यमय, निर्दय बना देनेवाला ।

indusium इन्ड्यू'जिॲम् n. (pl. -*ia*) (चि०) कलात्मक आवरण; उल्व; (वन०) **पुन्जच्छद**, बीजधानी ।

industrial[1] इन्डस्'ट्रिॲल् n. औद्योगिक, उद्योगी पुरुष, व्यवसायी जन, उद्यमी व्यक्ति; उद्योग संस्था; (pl.) (वाणि०) **उद्योग-शेयर**, उद्योगकी सम्मिलित पूँजी[F] ।

industrial[2] a. (अर्थ०, प्रा० भूगोल) **औद्योगिक**, व्यावसायिक, उद्यम-सम्बन्धी; (अर्थ०) **उद्योग-सम्बन्धी**, उद्योगोचित, व्यवसायोपयुक्त, उद्यमयोग्य;

~ accident, ~ alcohol, ~ arbitration, ~ area, ~ art, ~ assurance, ~ bank, ~ Board, ~ capitalism, ~ centre, ~ chemistry, ~ combination, ~ concern, ~council, ~credit, ~crisis, ~democracy, ~depression, ~ development, ~ discipline, ~ disease, ~disputes, ~ dust, ~ efficiency, ~enterprise, ~espionage, ~establishment, ~ fatigue, ~ filtration, ~ fluctuation, ~ ~ health, ~housing, ~hygiene, ~injuries, ~ jurisprudence, ~ maintenance, ~ nursing, ~ peace, ~production, ~prosperity, ~ psychology, ~ pursuits, ~ relation, ~ revolution, ~ safety, ~ salt, ~ sand, ~ scheme, ~ school, ~ society, ~ stage, ~ standardisation, ~ statistics, ~ test, ~ training, ~ tribunal, ~ unrest, ~ wages ~ waste.

industrialisation –लाइज़े'शॅन् n. (अर्थ०) **उद्योगीकरण** ।

industrialism –'ट्रिॲलिज़्म् n. **उद्योगवाद** ।

industrialist –लिस्ट् n. उद्योगवादी; उद्योगविशेषज्ञ; **उद्योगपति**।

industrialize –लाइज़् v.t. उद्योगीकिरण करना।

industrious –अॅस a. **परिश्रमी, उद्योगी,** श्रमशील; अध्यवसायी।

industry* –'इंडस्ट्री n. परिश्रम, मेहनत^F; अध्यवसाय, कर्म्मशीलता^F, कर्मनिष्ठा^F; **उद्योग*,** (~ *division*), व्यवसाय, उद्यम।

indwell इन्ड्वे'ल् v.t. & i. निवास करना, रहना, बसना, घुसना, अधिकार जमाना; स्थायीरूपसे उपस्थित् रहना।

indweller –'लॅर् n. निवासी, स्थायी निवासी।

indwelling –लिंग् १. n. अन्तर्वास, (हृदयमें) निवास; २. a. अन्तर्हित, अन्तःस्थित।

-ine¹ n. -ईय, -विषयक, -सम्बन्धी, -का, -रूपका, -स्वरूपका (*adamant~, div~, mar~, clandest~, vespert~, Florent~, Carol~, bov~, equ~; capr~, fel~*)।

-ine² =INA-¹ (स्त्रीलिंग संज्ञाओं^Fके बनानेमें, जैसे, *hero~*)।

-ine³ संज्ञा^F (विशे० रसायनशास्त्रीय) बनानेमें प्रयुक्त (*rap~, discipl~, doctr~, medic~, lup~, constat~, dent~, brilliant~, nectar~, iod~, carol~, Cathar~*)।

inebriant इनी'ब्रिअॅन्ट् a. & n. उत्तेजक (पदार्थ), मादक (वस्तु^F), नशीली (चीज^F)।

inebriate¹ –अॅट् n. मदिरा-सेवी, पियक्कड़, शराबी।

inebriate² a. मदोन्मत्त, उन्मद, मदमस्त, मतवाला, धुत्त, नशेमें चूर।

inebriate³ –एट् v t. (शा० एवं ला०) मदोन्मत्त करना, उन्मद बनाना, मदमस्त करना, मतवाला बना देना, नशेमें चूर कर देना।

inebriation, inebriety –ए'शॅन्, –ब्राइ'इटि nn. मदोन्मत्तता^F, उन्माद, मद, मदमस्ती^F, मतवालापन, खुमार, नशा।

inebrious –'ब्रिअॅस् a. नसेड़ी, शराबी, पियक्कड़।

inedibility इने'डिबि'लिटि n. अखाद्यता^F, अभोज्यता^F, अभक्ष्यता।

inedible –'डिबॅल् a. **अखाद्य,** अभोज्य, **अभक्ष्य**।

inedited इने'डिटिड् a. अप्रकाशित; सम्पादकीय संशोधनके बिना प्रकाशित; अप्रमाणित, असम्पादित, असंशोधित, अपरिष्कृत।

ineffability इने'फ़बि'लिटि n. अवर्ण्यता, अकथनीयता।

ineffable इने'फ़ॅबॅल् a. अकथनीय, अवर्ण्य, वर्णनातीत, प्रशंसा^Fके बाहर।

ineffableness –नॅस् n. =INEFFABILITY.

ineffaceability इनि'फ़ेसॅबि'लिटि n. अनपनेयता^F, अविलोपनीयता^F।

ineffaceable –'सॅबॅल् a. अनपमार्ज्य, अविलोपनीय, अनपनेय, अमिट।

ineffective इनि'फ़े'क्'टिव् a. **अप्रभावी,** (~*agent*), **निष्फल** (~ *cell*), व्यर्थ, निरर्थक, निष्प्रभाव, अकारथ, बेकार; अक्षम, अयोग्य, निकम्मा, नालायक; कलाशून्य, कलाप्रभावशून्य।

ineffectiveness –नॅस् n. अप्रभाविता^F, निष्फलता^F; व्यर्थता^F, निरर्थकता^F, निष्प्रभाव, असाधकता^F; अक्षमता^F, अयोग्यता^F, निकम्मापन, नालायकी^F; कलाशून्यता^F, कला-प्रभावशून्यता^F।

ineffectual इनि'फ़ेक'ट्यूअॅल् a. निष्फल, निष्प्रयोजन, **निष्प्रभाव,** व्यर्थ, अकारथ, बेकार।

ineffectuality –ऐ'लिटि n. निष्फलता^F, निष्प्रयोजनता^F, प्रभावहीनता^F, व्यर्थता^F।

ineffectualness –'ट्यूअॅलनॅस् n. =INEFFECTUALITY.

ineffervescence इने'फ़ॅर्वे'सॅन्स n. अप्रबुद्बुदन, न बुदबुदाना, न बलकना, न उबलना, न उफनाना।

inefficacious इने'फ़िके'शॅस् a. (चि०^F आदि) निष्फल, व्यर्थ, प्रभावहीन।

inefficaciousness –नॅस n. निष्फलता^F, व्यर्थता^F, प्रभावहीनता^F।

inefficacy इने'फ़िकॅसि n. (चि०^F आदिकी) अगुणकारिता^F, गुणहीनता^F, प्रभावशून्यता^F, व्यर्थता^F, प्रभावहीनता^F।

inefficiency इनि'फ़ि'शॅन्सि n. अयोग्यता^F, अक्षमता^F, **अकुशलता^F,** अकौशल, अदक्षता^F, नालायकी^F; निष्फलता^F, निरर्थकता^F।

inefficient –न्ट् a. अयोग्य, **अकुशल,** अक्षम, **अदक्ष,** नालायक; निष्फल, निरर्थक।

inelaborate इनि'लै'बॅरॅट् a. अव्याख्यात, अविस्तारित।

inelastic इनि'लैस्'टिक् a. (भौ० गतिवि०) **अप्रत्यास्थ,** असंकोचनीय, बे-लोच, बे-लचक; (अर्थ०) **मूल्यनिरपेक्ष,** अटल, दृढ़, हठी;
~ collision, ~ demand, ~ supply.

inelasticity –टि'सिटि n. असंकोचनीयता^F, लोचहीनता^F; (अर्थ०) **मूल्यनिरपेक्षता^F,** अप्रत्यास्थता^F, दृढ़ता^F, हठ।

inelegance, -cy इने'लिजॅन्स्, -सि nn. लावण्यहीनता^F, लालित्यशून्यता^F, अप्रशस्तता^F; अश्लीलता^F, असभ्यता^F, अभद्रता^F, गँवारपन, भद्दापन, भोंड़ापन; अपरिष्कृति^F, अपरिमार्जन, शुष्कता^F।

inelegant इने'लिजॅन्ट् a. अशोभन, अप्रशस्त, अश्लील, असभ्य, अभद्र, गँवार, भद्दा, भोंडा; अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, शुष्क।

ineligibility इने'लिजिबि'लिटि n. अनिर्वाचनीयता^F, निर्वाचनाक्षमता^F; **अपात्रता^F,** अनुपयुक्तता^F, अमान्यता^F।

ineligible –'लिजिबॅल् a. अनिर्वाचनीय, **अपात्र,** निर्वाचनके अनुपयुक्त; अनुपयुक्त, अमान्य, अग्राह्य।

ineloquent इने'लॅक्वॅन्ट् a. अवाग्मी, अवाक्पटु, कुवक्ता, अभाषणकर्ता।

ineluctable इनि`लक्'टॅबॅल् a. परिहार्य, अनिवार्य, अपरित्याज्य, अवश्यम्भावी।

inenarrable इनि`नै'रॅबॅल a. अवर्ण्य, अवर्णनीय, अकथनीय।

inenergetical इनै`नॅर्जे`'टिकॅल् a. अनूर्जस्वित, ऊर्जा-विहीन, शक्तिहीन, कमजोर।

inept इनै`प्ट् a. असंगत, अप्रासंगिक, अनुपयुक्त; मूर्खतापूर्ण, हास्यजनक।

ineptitude, ineptness –'टिच्यूड्, –नि`स् nn. असंगति^F, अप्रासंगिकता^F, अनुपयुक्तता^F; मूर्खतापूर्णता^F, हास्यजनकता^F।

inequable इनी(नै`)'क्वॅबॅल् a. विषम, असम।

inequality इनि`क्वॉ'लिटि n. वैषम्य, विषमता^F, असमानता^F, असाम्य, विभेद, असादृश्य, (गणित मी) **असमता^F**, कमी-बेशी^F; अदक्षता^F; ऊबड़-खाबड़पन, ऊँच-नीच; (ग० ज्यो०) पथभ्रंश, मार्ग-विच्युति^F।

inequilateral इनीक्विलै`टॅरॅल् a. विषमभुजीय।

inequitable इनै`'क्विटॅबॅल् a. अन्याय्य, न्यायविरुद्ध, अनुचित; **साम्यहीन**।

inequity इनै`'क्विटि n. अन्याय, अधर्मता^F, बेइनसाफी^F।

ineradicable इनि`रै`डिकॅबॅल् a. अछेद्य, अनुन्मूलनीय।

inergetical इनर्जे`टिकॅल् a. निर्वीर्य, निस्तेज; शिथिल, ढीला।

inerm इनर्म् a. (वन०) अकंटक, बिना काँटेका।

inerrability, inerrancy इनै`रॅबि'लिटि, इनै`'रॅन्सि nn. अदोष, दोषशून्यता^F, अत्रुटिशीलता^F, त्रुटिहीनता^F।

inerrable –'रॅबॅल् a. निर्दोष, त्रुटिहीन।

inerrancy –रॅन्सि n. = INERRBILITY.

inerrant –रन्ट् a. निर्दोष, त्रुटिहीन।

inerratic इनै`रै`'टिक् a. व्यवस्थित, स्थायी, स्थिर, अविचल, दृढ़।

inert इनर्ट्' a. जड़, निश्चेष्ट, अविचल, गतिहीन; **निष्क्रिय, जड़**, (रसा०, भौ०) अक्रिय (~ *gas*), क्रिया-शून्य; मन्द, तन्द्रिल, अलस, सुस्त;

~ atmosphere, ~ matter, ~ porefillers.

inertia इनर्'शिअॅ n. (भौ०, गतिवि०) **अवस्थितित्व, जड़ता^F**, जाड्य, स्थिरता^F, **निश्चेष्टता^F, अचलता^F**, निष्क्रियता^F, गतिहीनता^F, अनुद्योग, तन्द्रिलता^F, आलस्य, सुस्ती^F; vis ~e जड़-शक्ति^F।

inertial –ॲल् a. **जड़**, जड़त्वीय;

~ body, ~ force, ~ frame, ~ mass.

inertion –शॅन् n. जड़ता^F, स्थिरता^F, निष्क्रियता^F, गतिहीनता^F, अनुद्योग, तन्द्रिलता^F, सुस्ती^F।

inertness इनर्ट्'निस् n. जड़ता^F, निश्चेष्टता^F, अविचलता^F, गतिहीनता^F; निष्क्रियता^F, क्रियाशून्यता^F; मन्दता^F, तन्द्रिलता^F, आलस्य, सुस्ती^F।

inerudite इनै`'रयूडाइट् a. अविद्वान्, अपण्डित।

inescapable इनि`स्के'पॅबॅल् a. अटल, **अनिवार्य**, अवश्यम्भावी (~ *requirement*)।

in esse (L) adv. वस्तुतः, वास्तवमें।

inessential इनिसे`न्'शॅल् a. निर्वार्य; त्याज्य, परिहार्य, अनावश्यक, बेकार।

inestimable इनै`स'टिमॅबॅल् a. अननुमेय, अपार, अगाध।

ineunt इ'निअन्ट् a. अन्तःप्रवेशी, अन्तर्गामी, अन्दर जानेवाला।

inevasible इनि`वे`जिबॅल् a. अछलनीय, अप्रतारणीय; अनुपेक्षणीय, न टालने लायक।

inevident इनै`'विडॅन्ट् a. अस्पष्ट, अप्रकट, गोल।

inevitability, inevitableness इनै`विटॅबि'लिटि, –नि`स् nn. अनिवार्यता^F, अवश्यम्भाविता^F, अपरिहार्यता^F, भवितव्यता^F, नियति^F, अवारणीयता^F, अनुपेक्षणीयता^F; घनिष्ठता^F; प्राकृतिकता^F, प्रामाण्यता^F, प्रामाणिकता^F।

inevitable –'विटॅबॅल् a. अवश्यम्भावी, अपरिहार्य, भवितव्य, अनिवार्य, अवारणीय, अनुपेक्षणीय; अत्यन्त घनिष्ठ; सर्वथा, प्राकृतिक, प्रामाण्य, प्रामाणिक।

inexact इनि`ग्जैक्ट् a. अयथार्थ, अशुद्ध, अनिश्चित, अनिर्धारित, अतथ्य, गलत।

inexactitude, inexactness इनि`ग्जैक्'टिच्यूड्, –नि`स् nn. अयथार्थता^F, अतथ्यता^F, अशुद्धता^F, अनैश्चित्य, अनिर्धारण।

in excelsis (L) adv. उच्च कोटि^F पर।

inexcusable इनि`क्स्क्यू'जॅबॅल a. अमर्षणीय, अक्षम्य, अमार्जनीय।

inexcusableness –नि`स् n. अमर्षणीयता^F, अक्षम्यता^F, अमार्जनीयता^F।

inexecutable इनि`ग्जे`'क्यूटॅबॅल् a. अविधेय, असम्पाद्य, अकार्य।

inexecution –क्यू'शॅन् n. अविधान, असम्पादन, अकार्य।

inexertion इनि`ग्जॅ'र'शॅन् n. अनुद्यम, अचेष्टा^F, अप्रयत्न, अप्रयास, अपरिश्रम, अव्यापार।

inexhausted इनि`ग्जॉस्'टिड् a. अक्लान्त, अक्षत; निःसीमित, अपार, बेहद।

inexhaustibility –टिबि'लिटि n. अव्ययता^F, अक्षय्यता^F; निःसीमता^F, अपारता^F, प्रचुरता^F, बेहदपन।

inexhaustible –'टिबॅल् a. **अव्यय, अनन्त**, असीम, अक्षय, अक्षयशील, अक्षय्य, निस्सीम, अपार, बेहद, (~ *resources*)।

inexhaustibleness –नि`स् n. = INEXHAUSTIBILITY.

inexhaustive –टिव् a. अव्यापक, शून्य, अक्षय्य, निःस्सीम, अपार, अनन्त, प्रचुर, बेहद।

inexistent इनि`ग्जिस्'टॅन्ट् a. अवर्ती, अभूत, अमूर्त, जिसकी सत्ता^F न हो।

inexorability, inexorableness इनै`क्सॅरॅबि'लिटि, –नि`स् nn. निर्दयता^F, क्रूरता^F, निष्ठुरता^F, कठोरता^F; कठोरचित्तता^F; अनमनीयता^F, अपरिवर्तन-

शीलता^F^।

inexorable –'सॅरॅबॅल् a. अननुनेय, निर्दय, क्रूर, निष्ठुर, कठोर; अनमनीय; अपरिवर्त्तमशील।

inexpansible इनि`क्स्पैन्'सिबॅल् a. अविस्तीर्य, अतान्य, न फैलानेवाला।

inexpectant इनि`क्स्पे`क्'टॅन्ट् a. निराश, निराशावादी।

inexpedience, -cy इनॅक्स्पी'डिॲन्स्, -सि nn. अनर्हता^F^, अनुपयुक्तता^F^, इष्टप्रतिकूलता^F^, समयविरोधी; अनौचित्य।

inexpedient –न्ट् a. अनर्ह, **अकार्योचित,** असमयोचित, इष्टप्रतिकूल, **अनुपयुक्त,** अनुचित।

inexpeditious इने`क्स्पि`डि'शॅस् a. अद्रुत, शिथिल, अक्षिप्र, आलसी, ढुलमुल, ढीला, सुस्त।

inexpensive इनॅक्स्पे`न्'सिव् a. अल्पमूल्य, सस्ता।

inexpensiveness –नि`स् n. अल्पमूल्यत्व, सस्तापन।

inexperience इनॅक्स्पीॲ'रिॲन्स् n. अनुभवहीनता^F^, अनाड़ीपन।

inexperienced –ड् a. अनुभवहीन, अनाड़ी।

inexpert इनॅक्स्पर्ट' a. अदक्ष, अपटु, अप्रवीण, अकुशल, अनाड़ी।

inexpertness –'नि`स् n. अदक्षता^F^, अपाटव, अपटुता^F^, अप्रवीणता^F^, अकुशलता^F^, अनाड़ीपन।

inexpiable इने`क्स्'पिॲबॅल् a. (अपराध) अशोध्य, प्रायश्चित्तातीत; (क्रोध आदि) अशान्त्य, दुस्तोष्य।

inexplicability, inexplicableness इनॅ`क्स्प्लिक`बि'लिटि, –नि`स् nn. अव्याख्येयता^F^, अविश्लेष्यता^F^।

inexplicable –'प्लिकॅबॅल् a. अव्याख्येय, अविश्लेष्य।

inexplicit इनॅक्स्प्लि'सिट् a. अस्पष्ट, अव्यक्त, अनिश्चित, अनिर्धारित।

inexplicitness –नि`स् n. अस्पष्टता^F^, अव्यक्तता^F^, अनिश्चितता^F^, अनिर्धारण।

inexplorable इने`क्स्प्लोॲ'रॅबॅल् a. अनन्वेषणीय, अमृग्य, न खोजने योग्य।

inexplosive इनॅक्स्प्लो'सिव् a. स्फोटशून्य, अविस्फोटनशील।

inexpressible[1] इनॅक्स्प्रे'सिबॅल् n. (विशे॰ pl.) (हास्य॰) पैजामा।

inexpressible[2] a. अनभिवाच्य, अकथनीय, अवर्णनीय।

inexpressive –सिव् a. अवाच्यात्मक, अकथनात्मक, अवर्णनात्मक; अनभिवाच्य, अकथनीय, अवर्णनीय।

inexpressiveness –नि`स् n. अवाच्यात्मकता^F^, अकथनात्मकता^F^, अवर्णनात्मकता^F^; अवाच्यता^F^, अकथनीयता^F^, अवर्णनीयता^F^।

inexpugnable इनॅक्स्पग्'नॅबॅल् a. (शा॰ एवं॰ ला॰) अभेद्य, दुर्भेद्य, अजेय, दुर्जेय।

inextensible इनॅक्स्टे`न्'सिबॅल् a. अविस्तार्य, (ग॰भी) **अवितान्य,** अप्रसारणीय।

in extenso (L) adv. पूर्णतया, पूरी तरहसे।

inextinguishable इनॅक्स्टिन्'ग्विशॅबॅल् a. (शा॰ एवं ला॰) अनिर्वापनीय; अशम्य, न बुझने योग्य।

inextirpable इने`क्स्'टिर्पबॅल् a. अनुन्मूलनीय, अमूलोच्छेदनीय, पक्का, गहरा।

in extremis (L) adv. मृतप्राय, मृत्यु^F^के निकट।

inextricable इने`क्स्'ट्रिकॅबॅल् a. अनुन्मोचनीय, जटिल, विकट, उलझा हुआ, पेचदार, बेढब।

inf. in fine, finally.

inf. *infra*, below; infantry; infinitive.

infall इन्'फ़ॉल् n. आक्रमण, चढ़ाई^F^, धावा; पतन, उतार, गिराव; संगम, समागम, मेल, जंकशन।

infallibilism इन्फ़ै'लिबिलिज़्म् n. (पोपसे सम्बन्धित) अमोघत्ववाद; दोषाक्षमतावाद, निरपराधत्ववाद।

infallibilist –लिस्ट् n. (ईसाई धर्ममें) अमोघत्ववादी; दोषमुक्तिवादी, निरपराधत्ववादी।

infallibility –'लिटि n. अमोघत्व; निर्भ्रान्ति^F^, दोषाक्षमता^F^, निरपराधत्व।

infallible –'लिबॅल् a. **अमोघ, अचूक;** दोषाक्षम, **अव्यभिचारी,** निरपराध्य।

infallibleness –नि`स् n. = INFALLIBILITY.

infamize इन्'फ़ॅमाइज़् v.t. कुख्यात करना, बदनाम करना, कलंकका टीका लगाना।

infamous –मॅस् a. कुख्यात, कलंकित, बदनाम; घृण्य, निन्द्य, घृणित, घिनौना; (कानून) गर्हित, कुत्सित।

infamy –मि n. कुख्याति, अपयश, अपकीर्ति^F^, कलंक, अपवाद, प्रतिष्ठा-भंग, बदनामी^F^; घृणा^F^, कुत्सा^F^।

infancy इन्'फ़ॅन्सि n. विकासकी आरम्भिक अवस्था^F^; **शैशव,** बाल्यकाल, शैशवावस्था^F^, बचपन, छुटपन; अवयस्कता^F^, नाबालगी^F^।

infant –न्ट n. **शिशु** (दो वर्ष तक), बाल, बच्चा; अवयस्क, नाबालिग; ~ clinic शिशुविरुजालय; ~ school शिशुपाठशाला^F^।

~ card, ~ feeding, ~ flood, ~ hygiene, ~ industry, ~ mortality, ~ prodigy, ~ psychology, ~ welfare, ~ welfare centre.

infanta इन्फ़े`न्टॅ n. (स्पेनकी) राजकुमारी^F^।

infante इन्फ़े`न्टे n. (स्पेनका) राजकुमार।

infanticidal –फ़ैन्टिसाइ'डॅल् a. शिशुहत्या-सम्बन्धी, बालवधीय।

infanticide[1] –'टिसाइड् n. **शिशु-हत्या**^F^, बालहत्या^F^, बालवध।

infanticide[2] n. शिशुहन्ता, शिशुघातक।

infantile, infantine –'फ़ॅन्टाइल्, –इन् aa. **शैशवकालीन;** शैशविक, **शैशव,** शैशवीय, **शिशु-,** शिशुसम्बन्धी, बालकीय, शिशुवत्, बालवत्; ~ paralysis बाल-पक्षाघात; ~ uterus (चि॰) शिशुसम अविकसित गर्भाशय;

~ amnesia, ~ complex, ~ death rate,

~ mortality.

infantilism —फ़ैन्'टिलिज़्म् n. चिर-शैशव, शैशविकता^F, बालिशता^F, शिशुता^F; शिशुवत्ता^F, बालरूपता^F, बालक-सदृशता^F (प्रौढ़ अवस्था^F प्राप्त होनेपर भी)।

infantry इन्'फ़ॅन्ट्रि n. पदाति, पैदल सेना^F, T; ~ man पदाति सैनिक, पैदल सेना^F का सिपाही; mounted ~ घोड़ों द्वारा स्थानान्तरण करनेवाली पैदल सेना^F।

infatuate इन्फ़ै'ट्यूअेट् v.t. प्रणयोन्मत्त करना, प्रेममें अन्धा करना, मोहित करना, मुग्ध करना, प्यारमें दीवाना बनाना; मूढ़ बनाना, बुद्धू बनाना।

infatuated —टिड् a. प्रणयोन्मत्त, मोहित, मुग्ध, दीवाना।

infatuation —अे'शॅन् a. प्रणयोन्माद, मुग्धता^F, प्रेमान्धता^F; मूढ़ता^F, मोह, व्यामोह, दीवानापन।

infaust इन्फ़ास्ट्' a. अननुकूल, अभागा, भाग्यशून्य, हतभाग्य, कुलक्षणी, अपशकुनी।

infeasibility इन्फ़ीज़िबि'लिटि n. अशक्यता^F, अकार्यता^F, अव्यवहार्यता^F।

infeasible —'ज़िबॅल् a. अव्यवहार्य, अकार्य, अकरणीय।

infect इन्फ़े'क्ट्' v.t. (पवन इत्यादिको) संदूषित करना, गन्दा करना, विषैला करना, जहरीला करना; (शा० एवं ला०) उपसर्ग, सङ्क्रमण या छूत^F लगना; अनुप्राणित करना, दिलमें बात^F जमा देना।

infected —'टिड् a. उपसृष्ट, रोगाणुग्रस्त, संक्रान्त, विषाक्त, संदूषित, भ्रष्ट, छुतहा।

infecter —टॅर् n. संदूषक, संक्रमणकारी, उपसर्गकारी, छूत^F लगानेवाला।

infectible —टिबॅल् a. संक्रमणीय, दूषणीय, विषाक्त करने योग्य।

infection —'शॅन् n. (चि०, पशुपालन, जीव०) संक्रामण, उपसर्ग, संक्रमण, संदूषण, रोग-संक्रमण, रोगसंचार, संक्रम, छूत^F, बीमारी^F का उड़कर लगना; नैतिकपतन; (उदाहरण, सहानुभूति^F आदिका) प्रसरणशील प्रभाव;

~ court, ~ group, ~ immunity, ~ period, ~ rate, ~ stage, ~ thread.

infectious —शॅस् a. (चि०, पशुपालन, कृषि०, नौवि०, जीव०) रोगसंक्रामक, रोगसंचारी; संक्रामक, औपसर्गिक, सांक्रामिक, छूत^F का (~ *disease*); प्रसरणीय, प्रसरणशील, फैलनेवाला।

infectiousness —नि`स् n. (चि०) औपसर्गिकता^F, संक्रामकता^F, प्रसरणशीलता^F।

infective —'टिव् a. (चि०) उपसृष्ट करनेवाला, संदूषित करनेवाला, गन्दा करनेवाला, विषैला करनेवाला, जहरीला करनेवाला; संक्रमणशील, उपसर्गी, संक्रामी, संक्रामक रोग फैलानेवाला, छूत^F लगानेवाला; अनुप्राणित करनेवाला, दिलमें बात^F जमानेवाला; ~ period (चि०) उपसर्गकाल, संक्रमणकाल;

~ density, ~ larva, ~ ratio, ~ stages.

infectiveness, infectivity —नि`स्, इन्फ़े`क्टि'विटि n. औपसर्गिकता^F, संदूषणात्मकता^F, विषैलापन; संक्रमणशीलता^F, संक्रामक रोग फैलाना, छूत^F फैलाना; अनुप्राणात्मकता^F।

infecund इन्फ़ी(फ़े`)'कन्ड् a. वन्ध्य, अफल, निष्फल, अनुत्पादी, प्रजनन-शक्तिहीन, बाँझ।

infecundity इन्फ़ि`कन्'डिटि n. वन्ध्यता^F, अफलता^F, निष्फलता^F; प्रजनन-शक्तिहीनता^F, बाँझपन।

infelicific इन्फ़ीलिसि'फ़िक् a. दुःखदायक, असुखजनक।

infelicitous —'सिटॅस् a. दुःखदायक, असुखकर, अप्रसन्नतासूचक।

infelicity —टि n. अप्रसन्नता^F, असुख, दुःख; आपत्ति^F, विपत्ति^F, दुर्भाग्य; अयोग्यता^F, अक्षमता^F।

infelt इन्फ़े`ल्ट्' a. हार्दिक, मार्मिक; हृदयस्पर्शी।

infer इन्फ़र्' v.t. अनुमान करना, तर्क करना, निर्णयपर पहुँचना, नतीजेपर पहुँचना; अर्थ देना, सूचित करना।

inferable, inferrable, inferrible —'रॅबॅल्, —रॅबॅल्, —'रिबॅल् aa. अनुमेय, तर्क्य, तर्कसाध्य; अर्थ देने योग्य, सूचित करनेवाला।

inference —'फ़ॅरॅन्स् n. (ग० भी) अनुमिति^F, अनुमान, अध्याहार, अध्याहरण, निर्णय, परिणाम, अवनिश्चय; निष्कर्ष।

inferential —रे`न्'शॅल् a. (दर्शन०) आनुमानिक (~ *fallacy*), अनुमानात्मक, तार्किक, निर्णयात्मक, तर्कसिद्ध, अनुमित, अवनिश्चित (~ *knowledge*)।

inferiae इन्फ़ी'रिई n. (रोम०) श्राद्ध, पितृतर्पण।

inferior[1] इन्फ़ीअॅ'रिअॅर् n. निम्नतर श्रेणी^F का व्यक्ति, छोटा (*kind to* ~*s*)।

inferior[2] a. (वन०, कृषि०) अधोवर्ती, अधःस्थित, नीचस्थ, निम्नतर, निम्न, निचला; अवर, अश्रेष्ठ, निकृष्ट, तुच्छ, निम्नस्तरका, घटिया; कक्ष्यावर्ती (नक्षत्र); (वन०) पुष्पकोशके नीचेका (बीजकोश), बीजकोशके नीचेका पुष्पकोश; (मुद्रण०) पाद, साधारण वर्णोंके पैरमें स्थित (जैसे, H_2, C_n); ~ characters (ध्वनि०) पाद अक्षर;

~ artery, ~ class, ~ conjunction, ~ obli-crops, ~ court, ~ judge, ~ limit, ~ oblique, ~ planet, ~ proprietor, ~ rectus, ~ servant, ~ service, ~ staff.

inferiority —ऑ'रिटि n. अधःस्थिति^F; हीनता^F, अपकृष्टता^F, अधमता^F, न्यूनता^F, तुच्छता^F, घटियापन; ~ complex हीनभावना^F, हीनता-ग्रन्थि^F, आत्महीनता^F, हीनम्मन्यता^F।

infernal इन्फ़र्'नॅल् a. नारकीय, नरक-सम्बन्धी; नरक योग्य, पैशाचिक; घृण्य; व्यग्र, व्याकुल, हक्काबक्का; ~ machine एक विनाशकारी विस्फोटक यन्त्र।

inferno इन्फ़र्'नो n. पाताल, नरक; भयावह दृश्य।

inferomedial इन्फ़े`रॅमी'डिअॅल् a. (चि०) निम्न अभिमध्य (~ *surface*)।

inferrible इन्फ़'रिबॅल् a. = INFERABLE.

infertile इन्फ़र्'टाइ(टि)ल् a. (भूमि०) अनुर्वर, ऊसर,

बंजर, अनुपजाऊ; (चि०) बाँझ, वन्ध्य ।

infertility –टि'लिटि n. (कृषि०) **अनुर्वरता**^F, **असंसेचनता**^F, ऊसरपन, बंजरपन, अनुपजाऊपन; (चि०) वन्ध्यता^F, बाँझपन ।

infest इन्फे'स्ट् v.t. आकीर्ण करना, मँडराना, भरा होना, पटा होना; तंग करना, पीड़ा^F देना, सताना; (चि०) जन्तुबाधित करना, जन्तु-जुष्ट करना ।

infestation –टे'शॅन् n. पर्याक्रमण, आकीर्णन, मँडराना; **पीड़ा**^F, **बाधा**^F, तंगी^F, छेड़छाड़^F; (चि०) **जन्तुबाधा**^F (~ *index*) ।

infested –'टि'ड् a. (चि०) जन्तुजुष्ट, पिस्सू, यूका इत्यादिको धारण किया हुआ ।

infeudation इन्फ्यूडे'शॅन् n. भूप्रदान, सम्पदा^F देना, जागीर^F पर अधिकार पाना या देना ।

infibulate –बुले'ट् v.t. (अँकुसी^F इत्यादिसे) कसना, बाँधना, जकड़ना ।

infibulation इन्फिब्यूले'शॅन् n. कसाव, बन्धन, जकड़न^F; (चि०) शिश्नमणिपर शिश्नचर्मको या योनि^F के दोनों भगोष्ठोंको एक साथ बाँधनेका शल्यकर्म ।

infidel[1] इन्'फिडेल् n. अभक्त, धर्मनिन्दक, अनीश्वरवादी; ईसाईधर्मके विरोधी धर्मका अनुयायी; नास्तिक व्यक्ति, **काफिर** ।

infidel[2] a. अविश्वासी; अभक्तिपूर्ण ।

infidelity –'लिटि n. नास्तिकता^F, धर्मद्रोह, ईसाईमतमें अविश्वास, **विश्वासघात**, अभक्ति^F, **श्रद्धाहीनता**^F, अनास्था^F; **दाम्पत्य-च्युति**^F, पतिपत्नी^F में अविश्वास ।

infidelize –'फिडॅलाइज् v.t. & i. अभक्त या धर्मनिन्दक बनना या बनाना, नास्तिक बनना या बनाना, काफिर बनना या बनाना ।

infield इन्'फील्ड् n. कृषियोग्य भूमि^F; घरके आस-पासके खेत; कृषिभूमि^F; (क्रिकेट) विकेटका समीपवर्ती मैदान ।

infiltrate इन्फिल्'ट्रेट् v.t. & i. **अन्तःसरण करना**; अन्तःप्रवेश करना; निस्यन्दन द्वारा डालना, निस्यन्दन द्वारा प्रवेश करना या व्याप्त होना, अन्तःस्रुत होना ।

interrogational –नल् a. प्रश्न-विषयक, प्रश्न-सम्बन्धी।

interrogative[1] –टरॉ'गटिव् n. प्रश्नवाचक शब्द, विशे० 'कौन', 'क्या' आदि सर्वनाम।

interrogative[2] a. **प्राश्निक**, प्रश्नीय, प्रश्नरूप, प्रश्नात्मक; **प्रश्नार्थक**, प्रश्नवाचक, प्रश्नसूचक (*a~ sentence*); ~character (गणित) प्रश्नार्थक स्वरूप।

interrogator –टे'रगेटर् n. **पृच्छक**, प्रश्नकर्ता, सवाल करनेवाला, जिरह^F करनेवाला; **अन्वेषित्र, अन्वेषी**।

interrogatory[1] –टरॉ'गटरि n. (प्रायः बहु०) प्रश्न, प्रश्नावली^F, **प्रश्नमाला^F**, जिरह^F।

interrogatory[2] a. प्रश्नवाचक, प्रश्नार्थक, प्रश्नात्मक (*~tone*)।

in terrorem(L) adv. चेतावनी^Fकी तरह।

interrupt इन्टरप्ट्' v.t. हस्तक्षेप करना, भंग करना, बीचमें रोक देना; अवरुद्ध करना, अन्तर्बाधा^F पहुँचाना, अन्तरायित करना, विघ्न डालना, अड़ंगा लगाना, अडाना, रोड़ा अटकाना; क्रम भंग करना, सिलसिला बिगाड़ देना, तोड़ना।

interrupted –'टिड् a. हस्तक्षिप्त, अन्तरित, भंग,

बीच-बीचमें रुका हुआ; अवरोधित, अवरुद्ध, बाधित; खण्डित, क्रमभंग-युक्त; ~profile **विषम पार्श्विका**ᶠ।

interrupter –'टर् n. दे० = INTERRUPTOR.

interruption–'शन् n. हस्तक्षेप; **अवरोध**, अन्तर्बाधाᶠ, **विघ्न, बाधा**; व्यवधान, विच्छेद, क्रमभंग, **व्याघात, टोक**ᶠ, सिलसिला टूट जाना; ~in service **सेवा**ᶠ**में व्यवधान**।

interruptive –'टिव् a. अवरोधनीय, हस्तक्षेपणीय, बाधामूलक, विघ्नबाधाशील।

interruptor –'टर n. हस्तक्षेपक; **अन्तरायित्र, अन्तरायक, अवरोधक**, अन्तर्बाधक, विघ्न पहुँचानेवाला, क्रमभंग करनेवाला, अकाजी, सिलसिला तोड़नेवाला; अवरोधक यन्त्र।

interruptory –रि a. हस्तक्षेपात्मक; अवरोधात्मक, अन्तर्बाधात्मक, विघ्न पहुँचानेवाला; क्रमभंग करनेवाला।

interscapular इन्टर्स्कैप्यूलर् a. अन्तरंसीय, अंसफलकान्तरीय।

interscind इन्टर्सिन्ड् v.t. काटना।

inter se(L) adv. परस्पर, आपसमें।

intersect इन्टर्सेक्ट्' v.t. & i. मिथश्छेदन करना, **प्रतिच्छेदन करना**, छेदन करना, विभक्त करना, **काटना**।

intersecting –'टिंग् a. मिथश्छेदी, छेदक, **प्रतिच्छेदी**, विभक्त करनेवाला, काटनेवाला (~*lines*)।

intersection –'शन् n. मिथश्छेदन, मिथश्छेद, (ग० भी) **प्रतिच्छेद, कटान** (~angle), **प्रतिच्छेदन, काट**, कटाव, चीर (~*of a line*); **चौराहा**।

intersectional –नल् a. मिथश्छेदीय; परस्पर विभक्त करनेवाले; अन्तरनुभागीय।

intersegmental इन्टर्सेग्मेन्टल a. अन्तःखण्ड-, **खण्डान्तर**, अन्तःखण्ड-विषयक, अन्तःखण्ड-सम्बन्धी (~*arteries*)।

intersex इन्'टर्सेक्स् n. (कृषि०, जीव०) **मध्यलिंगी, अन्तर्लिंगी**, मध्यस्थ लिंगी व्यक्ति, लिंगान्तर व्यक्ति।

intersexual –'स्यूअल् a. (कृषि०, जीव०) **मध्यलिंगीय**, सन्दिग्धलिङ्गीय, लिंगान्तर व्यक्ति-विषयक, परिवर्तित-लिंग-सम्बन्धी।

intersexuality –ऐ'लिटि n. **मध्य-लिंगता**ᶠ, लिंगान्तरताᶠ, परिवर्तित-लिंगताᶠ।

intersow इन्टर्सो' v.t. = INTERSPERSE.

interspace इन्'टर्स्पेस्' n. अन्तर, अन्तःस्थान, बीचका स्थान; मध्यवेला, **अन्तराल**, मध्यान्तर, मध्यावकाश, इण्टरवल।

interspacing,–सिंग् n. अन्तरालन, मध्यान्तरण, बीचमें स्थान छोड़ना।

interspecific इन्टर्स्पेसि'फिक् a. (वन०, जीव०) **जात्यन्तर, अन्तर्जातीय** (~*cross*, ~*struggle*)।

intersperse इन्टर्स्पर्स्' v.t. अन्तःकीर्ण करना, **विकीर्ण करना**, बिखेरना, छितराना; चित्रविचित्र करना, रंग-बिरंगा करना।

interspersion –'शन् n. अन्तःकीर्णन, विकिरण, संकिरण, बिखराव, छितराव; चित्र-विचित्रताᶠ, रंग-बिरंगापन।

interspinous इन्टर्स्पाइ'नस् a. (चि०) **कण्टकान्तर** (~bones)।

interstate ⊙ इन्'टर्स्टेट् a. अन्ताराज्य, **अन्तर्राज्य, अन्तर्राज्यीय**, अन्ताराजकीय;
~politics, ~quarantine, ~trade.

interstellar, -ry इन्टर्स्टे'लर्, -री aa. तारकमध्यस्थ, (ग०) **अन्तरातारकीय**, तारान्तरीय, तारोंके बीच स्थित।

interstice इन्टर्स'टिस्, इन्'टर्सटिस् n. रन्ध्र, छिद्र, **अन्तराल**, दरारᶠ; अन्तःस्थान, बीचकी जगहᶠ।

interstitial –'शल् a. रन्ध्रीय, छिद्र-सम्बन्धी, **अन्तरावकाशी, अन्तरालीय**, अन्तरालस्थ, दरार-वाला, बीचके स्थानमें स्थित;
~ cells, ~ compound, ~ structure, ~ tissue.

interstratification इन्टर्स्ट्रैटिफिके'शन् n. अन्तःस्तृति; अन्तःस्तरीकरण।

interstratified इन्टर्स्ट्रै'टिफिड् a. अन्तःस्तृत, मध्यस्तरित, बीचकी परतवाला।

intertangle इन्टर्टैन्'गल् v.t. अन्तःप्रतिपाशित करना, एक दूसरेमें उलझाना या फँसाना।

intertanglement –मन्ट् n. अन्तःप्रतिपाश, फँसाव, उलझाव, उलझन।

interterritorial इन्टर्टेरिटॉ'रिअल् a. अन्तःप्रादेशिक, अन्तर्राज्यक्षेत्रीय।

intertexture इन्टर्टे'क्स्'च्युअर् n. अन्तर्वयन, अन्तस्तन्तुविन्यास, अन्तारचनाᶠ, आन्तरिक बुनावटᶠ।

intertribal इन्टर्ट्राइ'बल् a. अन्तर्वनजातीय, अन्तर्जनजातीय, अन्तर्वनजाति-सम्बन्धी।

intertrochanteric इन्टर्ट्रोकैन्टे'रिक् a. (चि०) **शिखरकान्तर** (~*crest*)।

intertropical –'पिकल् a. अन्तरुष्णदेशीय, **अन्तरवलयिक, अन्तरुष्णवलयिक**, अन्तरुष्णप्रदेशीय, अन्तरुष्णकटिबन्धीय।

intertwine इन्टर्ट्'विन् v.t. & i. अन्तर्जटित करना, अन्तर्जटित होना, अन्तर्वलित करना या होना, गूँथना, बटना, उलझना।

intertwined –वाइन्ड् a. अन्तर्जटित, अन्तर्वलित, गुथा।

intertwinement –मॅन्ट् n. अन्तर्गुन्थन, अन्तर्वलन, गूँथनᶠ।

intertwist इन्टर्ट्विस्ट् v.t. अन्तर्व्युद्वेष्टित करना, एक दूसरेमें मिलाकर बटना, मरोड़ना, भाँजना।

interval इन्'टर्वल् n. (ग० भी) **अन्तर, अन्तराल, अवकाश, मध्यावकाश, मध्यान्तर**, इण्टरवल; विराम, विरतिᶠ, विश्राम; व्यवधान, छिद्र, छेद, दरारᶠ; **समयान्तराल, कालान्तराल**, (संगीत) स्वरान्तराल, दो सुरोंके

मध्यका अन्तर;
~curves, ~estimation, ~lines.

intervallic -वैं'लिक् a. अन्तरालीय, अन्तरालस्थ, मध्यान्तरीय, अवकाशीय, आभ्यन्तर; विरामीय, विरति-सम्बन्धी, विश्रामीय; व्यवधानीय।

intervene इन्टॅवीन् v.i. व्यवधान डालना, **अन्तराक्षेप करना**, बीचमें टपक पड़ना, **बीचमें पड़ना; हस्तक्षेप करना**, मध्यस्थता^F करना, विघ्न डालना, बाधा^F पहुँचाना; दो वस्तुओं^F के मध्यमें रहना।

intervened -ड् a. अन्तरित।

intervener -'नॅर् n. आपत्तिकर्त्ता, उजरदार।

intervenient -निअन्ट् a. अन्तर्वर्ती, बीचमें टपक पड़नेवाला, बीचमें आ पड़नेवाला; हस्तक्षेप करनेवाला, मध्यस्थता^F करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, बाधा^F पहुँचानेवाला।

intervening -निंग् a. अन्तरित, अन्तःस्थ, **मध्यवर्ती**, अन्तर्वर्ती, बीचमें आ पड़नेवाला;
~holidays, ~layer, ~side, ~vowels, ~wall.

intervention -वेंन्'शॅन् n. **हस्तक्षेप**, मध्यस्थता^F, **दखल, बीचमें आना**; अन्तराय, अन्तरायण, व्यवधान, विघ्न, बाधा^F, रुकावट^F।

interventionism -निज़्म् n. (अर्थ०) **नियमनवाद**।

interventionist -निस्ट् n. अन्तरायणवादी, मध्यस्थ।

interventor -'टॅर् n. अस्थायी प्रशासक, अन्तरिम अधिकारी, कच्चा अफसर।

interview[1] इन्'टॅव्यू n. संगमन, **समालाप, साक्षात्कार**, अन्योन्य दर्शन, **भेंट**^F, मुलाकात^F, सम्वाददाता एवं वक्तव्यदातामें मुलाकात^F, **इण्टरव्यू**; साक्ष परीक्षा^F।

interview[2] v.t. समालाप करना, संगमन करना, समक्षकार करना, साक्षात्कार करना, (अन्योन्य) दर्शन करना, भेंट^F करना, मुलाकात^F करना; इण्टरव्यू करना।

interviewee -यूई' n. संगामी, समालापी, **समालाप्य**।

interviewer -'टॅव्यूॲर् n. संगन्ता, **समालापक**, साक्षात्कारी, **प्रश्नकर्ता, भेंटकर्ता**, समक्षकारी, भेंट^F करनेवाला, इण्टरव्यूमें प्रश्न करनेवाला।

intervisible इन्टॅविं'ज़िबॅल् a. अन्तर्दर्शनीय, **अन्तर्दृश्य, मिथोदृश्य**, एक स्थानसे दूसरे स्थानतक देखने योग्य।

inter viros (कानून) **जीवित दशा^F में**।

intervocalic इन्टॅवॅकै'लिक् a. (ध्वनि०) स्वर-मध्यस्थ, स्वरान्तरीय, दो स्वरोंके बीच स्थित।

intervolve इन्टॅवॉ'ल्व् v.t. अन्तःकुंचित करना, परस्पर लपेटना।

interweave इन्टॅवीव्' v.t. संयुक्त करना, मिश्रित करना, मिला देना, जोड़ना; संजटित करना, अन्तर्वलित करना, परस्पर बुनना, परस्पर गूथना।

intestacy इन्टे'स्टॅसि n. **इच्छापत्रहीनत्व**, अरिक्थपत्रता^F, मृत्युलेखशून्यता^F, **निर्वसीयता**^F।

intestate[1] -टॅट n. इच्छापत्रहीन व्यक्ति, अरिक्थपत्र व्यक्ति, मृत्युलेखविहीन पुरुष।

intestate[2] a. इच्छापत्रहीन, अरिक्थपत्र, **निर्वसीय**, मृत्युलेख-विहीन, विना वसीयत (*he died* ~)।

intestinal इन्टॅ'स्टाइ'नॅल् a. (चि०, श० र० शा०, कृषि०) **आन्त्र-, अन्त्र-, आन्त्रिक**, अन्त्रीय, आन्त्र-सम्बन्धी, आँत^F का;
~ activity, ~artery, ~ catarrh, ~colic, ~ epithelium, ~gland, ~ juice, ~ lumen, ~ tissue, ~ tract, ~ vein, ~ wall.

intestine[1] -टिन् n. (चि०, श० र० शा०, कृषि०) , **आन्त्र**^F, लघुवृहत्‌आन्त्र^F, **अन्त्र, आँत**^F, **अँतड़ी**^F; large ~ **वृहदान्त्र**^F; small ~ **क्षुद्रान्त्र**^F।

intestine[2] a. आभ्यन्तर, आन्तरिक, भीतरी; गार्ह्य, घरेलू; ~ motion (शरीरकी) आभ्यन्तर क्रिया^F।

inthral इन्थ्रॉल् v.t. =ENTHRAL.

intimacy इन्'टिमॅसि n. घनिष्ठता^F, अभिन्नता^F; सहजता^F; अवैध लैंगिक सम्बन्ध।

intimate[1] -मॅट् n. सुहृद, अन्तरंग मित्र, दिली दोस्त।

intimate[2] -मेट् v.t. **प्रज्ञापित करना**, अवगत कराना, सूचित करना।

intimate[3] -मॅट् a. सुपरिचित; (रसा०) **घनिष्ठ**, (~ *contact*) प्रगाढ़, अन्तरंग, निकट, गहरा, दिली (~ *friendship*); आवश्यक, स्वाभाविक, सहज; आध्यात्मिक, आभ्यन्तर; (दैनन्दिनी) भावमय।

intimation-मे'शॅन् n. **प्रज्ञापन, सूचना**^F, सन्देश, चेतावनी^F, **इत्तला**^F।

intimidate इन्टि'मिडेट् v.t. **अभित्रस्त करना**, सन्त्रस्त करना, भयभीत करना, डराना, धमकाना।

intimidation -डे'शॅन् n. तर्जन, त्रासन, **अभित्रास**, सन्त्रास, भय, डर, धमकी^F, डाँट-डपट^F।

intimidator -'मिडेटॅर n. सन्त्रस्त करनेवाला; भयभीत करनेवाला, डरानेवाला, डाँट^F या धमकी^F देनेवाला।

intimidatory -रि a. सन्त्रासकीय, भयोत्पादक, भयंकर, भयभीत करनेवाला।

intimity इन्टि'मिटि n. गोपनीयता^F, एकाकीपन, एकान्त, एकान्तवास, निर्जनता^F; आभ्यन्तरिकता^F, आन्तरिकता^F, भीतरीपन।

intinction इन्टिन्क्'शॅन् n. (ईसाई) दीक्षित व्यक्तिको देनेके लिए रोटी^F को मदिरा^F में डुबोना।

intine इन्'टिन, -टीन n. (वन०) **आन्तरचोल, आन्तावरण**।

intitule(d) इन्टि'ट्यूल(ड) दे० ENTITLE(D).

INTLEX International Teleprinter Exchange.

into इन्'टु prep. मध्यमें, भीतर, में, अन्दर (*come ~ the garden*); (परिवर्तन, दशा^F, फलका द्योतक) में (*turn stones ~ gold*); (गणि०) गुणित, गुणा ($4 \times 2 = 8$)।

intolerable इन्टॉ'लॅरॅबॅल् a. दुस्सह, असह्य, असहनीय, अक्षन्तव्य, बर्दाश्तसे बाहर।

intolerableness -निॅस् n. असह्यता^F, असहनीयता^F.

अक्षन्तव्यता^F।

intolerance –रॅन्स् n. अक्षमा^F, **असहिष्णुता**^F, असह्यता^F, असहनशीलता^F, अक्षन्तव्यता^F।

intolerant –रॅन्ट् a. असहनशील, असहिष्णु, अक्षम, अक्षन्तव्य, अमर्षण, असहनशील, कट्टर।

intoleration – रे'शॅन् n. असहिष्णुता^F, असह्यता^F, असहनीयता^F, अक्षमता^F, अक्षन्तव्यता^F, अमर्षणीयता^F।

intonable इन्'टॅनेबॅल् a. स्वरयोग्य, गेय।

intonate –नेट v.t. सुर उत्पन्न करना; संगीतशब्दोत्पादन करना; स्वर-कम्पन करना।

intonation –ने'शॅन् n. **ध्वनि, उच्चावचन,** स्वरविन्यास, **स्वरशैली**^F, स्वरोत्पादन, संगीत शब्दोत्पादन, स्वरकम्पन।

intone –टोन्' v.t. संगीतमय सुरमें प्रार्थना^F करना; विशिष्ट सुरमें गाना या उच्चारण करना।

intorsion इन्टॉर्'शन् n. प्रतिपाशन; गुम्फन, न्युद्वेष्टन, बटना; वक्रीयन, घुमाव, ऐंठन^F (विशे० पौधेकी)।

intort इन्टॉर्ट्' v.t. प्रतिपाशित करना, उलझाना; बटना, वक्र करना, घुमाना, ऐंठना, मरोड़ना।

in totidem verbis (L) adv. इतने शब्दोंमें।

in toto (L) adv. **संपूर्णतः**, पूर्णरूपसे, पूरी **तरहसे**।

intoxation इन्टॉक्से'शॅन् n. (चि०) विषाक्तता^F, विषायण।

intoxicant[1] इन्टॉक्'सिकॅन्ट् n. मादक द्रव्य।

intoxicant[2] a. मादक, नशेवाला।

intoxicate –केट् v.t. मत्त करना, सुरामत्त करना, मदोन्मत्त करना, नशेमें लाना, मदहोश करना, मस्त करना; जोश दिलाकर आपेसे बाहर कर देना।

intoxicated–टिड् a. मत्त, सुरामत्त, मदोन्मत्त, मदहोश, जोशमें आपेसे बाहर (*with, by* के साथ)।

intoxicating –टिंग् a. **मादक,** उन्मादक, **नशीला** (~ *drugs*)।

intoxication –के'शॅन्स् मादकता^F, **मत्तता**^F; **मद,** उन्माद, मदहोशी^F, नशा; (चि०) विषाक्तता^F, विषायण।

intra इन्ट्रॉ = INTER-, आभ्यन्तर-, **आन्तर, आन्तरिक, अन्तः**, भीतरी (~ *area,* ~ *articular,* ~ *atomic,* ~ *class,* ~ *group,* ~ *molecular,* ~*ocular,* ~ *segmental,* ~ *thyroid*)।

intracellular इन्ट्रॅसे'ल्युलॅर a. कोषाभ्यन्तर, (जीव०) अन्तः कोशिक **अन्तः कोशिकी, आन्तर कौशिक**।

intractability, intractableness इन्ट्रैक्टॅबि'लिटि, निस nn. दुर्दमता^F, दुर्दान्तता^F, अदम्यता^F, दुराराध्यता^F, अवश्यता^F, अविनेयता^F, दुर्निग्रहण, दुराधर्षण, दुःशास्यता^F, उच्छृंखलता^F, अविनय^F, चीमड़पन, कड़ाई^F, मुँहजोरी^F।

intractable –'टॅबॅल a. दुर्दम, दुर्दान्द, अदम्य, अवश्य, दुराराध्य, अविनेय, दुर्निग्रह, दुराधर्ष, दुःशास्य, उच्छृंखल, अविनेय, ढीठ, चीमड़, मुँहजोर, पेचीदा; ~ soil अकृष्य भूमि^F।

intractile इन्ट्रैक्'टिल् *a.* = INTRACTABLE.

intracuteneous –इन्ट्रॅक्यूटे'निअॅस् n. अन्तस्त्वक्।

intradermal इन्ट्रॅडॅर्'मॅल् a. अन्तस्त्वक्।

intrados इन्ट्रे'डॉस् n. (यंत्र) **भितल्ला**।

intramundane इन्ट्रॅमन्'डेन् a. पार्थिव, भौतिक, जागतिक, सांसारिक।

intramural इन्ट्रॅम्युअॅ'रॅल a. अन्तःप्राचीर, प्राचीरके भीतर, परकोटेके अन्दर, चारदिवारी^Fके भीतर; कक्षान्तर्गत।

intra muros (L) adv. चारदीवारोंके भीतर।

intramuscular इन्ट्रॅमस्'क्यूलॅर् a. (चि०) **अन्तःपेशी, पश्यभ्यन्तर** (~ *injection*)।

intranquillity इन्ट्रैन्क्वि'लिटि n. अशान्ति^F, अनीरवता^F, बेचैनी^F।

in trans. *in transitu*, in transit.

intrans. intransitive.

intransigency इन्ट्रैन्'जिजॅन्सि, n. (राजनीति^Fमें) दुराग्रह, कट्टरता^F, हठ।

intransigent[1] –न्ट् n. दृढ़ या हठी राजनीतिज्ञ, कट्टर आदमी।

intransigent[2] a. (राजनीति^Fमें) दृढ़, दुराग्रही, हठी, कट्टर।

intransitive[1] इन्ट्रान्'सिटिव् n. (व्या०) अकर्मक क्रिया^F।

intransitive[2] a. (व्या०) अकर्मक।

in transitu (L) adv. मार्गमें।

intransmissible इन्ट्रैन्जमि'सिबॅल् a. अपरीषणीय, अदूरप्रेषणीय, पहुँचाने या भेजनेके कार्यके अयोग्य।

intransmittability –मिटॅबि'लिटि n. अपरीषणीयता^F, अदूरप्रेषणीयता^F।

intransmutability इन्ट्रैन्ज्म्यूटॅबि'लिटि n. अपरिवर्तनीयता^F, अनिमेयता^F।

intransmutable –'टॅबॅल् a. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य।

intraspecific इन्ट्रैस्पे'सि'फिक् a. **अन्तर्जातीय** (~ *relations*)।

intrant इन्'ट्रॅन्ट् n. प्रवेशी, (विद्यालयमें) प्रवेश करनेवाला।

intra parietes (L) चारदीवारी^Fके भीतर।

intravenous इन्ट्रॅवी'नॅस् a. अन्तःशिरा^F, **शिराभ्यन्तर** (~ *injection*)।

intra vires (L) (कानून) **शक्त्यधीन,** अधिकाराधीन, अधिकारगत।

intravital इन्ट्रॅवाइ'टॅल् a. **अन्तर्जीवित,** (चि०) जीवितावस्थिक।

intrench इन्ट्रे'न्च्' v.t. खात-निर्माण करना, खाई^F बनाना।

intrenchant 'चॅन्ट् a. अकाट्य, न काटने योग्य।

intrepid इन्ट्रे'पिड् a. निःशंक, निर्भय, अशंक, साहसी, निडर, शूर, बहादुर, दिलेर।

intrepidity –ट्रिपि'डिटि n. निःशंकता^F, निर्भयता^F, आशंकता^F, साहस, शूरता^F, निडरपन, बहादुरी^F,

दिलेरी^F ।

intricacy, intricateness इन्'ट्रिकॅसि, -नि॑स nn. गूढ़ता^F, अस्पष्टता^F; विषमता^F, गहनता^F, उलझन^F, मुश्किल^F; दुर्ग्राह्यता^F, दुर्बोधता^F, जटिलता^F, उलझाव, पेच ।

intricate -केट् a. गूढ़, अस्पष्ट; विषम, असरल, गहन, उलझा हुआ, मुश्किल; दुर्ग्राह्य, दुर्बोध, जटिल, दुर्गम; पेचीदा (~ *details, problems*) ।

intrigant इन्'ट्रिगॅन्ट् n. उपजापक, षड्यन्त्रकारी, कपट-प्रबन्धक व्यक्ति, साजिश करनेवाला ।

intrigue[1] -ट्रीग्' n. गुप्त प्रेम, जार सम्बन्ध, आशनाई^F; उपजाप, **कपटयोग**, अभिसन्धि^F, षड्यन्त्र, छल, कपट-प्रबन्ध, साजिश^F ।

intrigue[2] v. i. & t. गुप्त प्रेम करना, जार सम्बन्ध बनाना, व्यभिचार करना, आशनाई^F रखना; उपजाप करना, षड्यन्त्र करना, कपटप्रबन्ध करना, साजिश^F करना; (बोल०) भ्रान्ति^F उत्पन्न करना; कौतूहल पैदा करना ।

intriguer -'गॅर् n. = INTRIGANT.

intriguing -गिंग् a. उपजापक, षड्यन्त्रकारी, कपट-सम्बन्धी, साजिश^F करनेवाला; मनोहर ।

intrinsic, -al इन्ट्रिन्'सिक, -ॲल् aa. अन्तर्निहित, आभ्यन्तर, **आन्तर**, अन्तःस्थ, अन्तर्जात, आन्तरिक, अन्तर्गत, **भीतरी**; सहज, स्वभाविक, वास्तविक, यथार्थ, **नैज, निज-, निजी**;

~ articulation, ~behaviour, ~energy, ~equation, ~luminosity, ~muscle, ~pressure, ~property, ~value, ~weight.

intrinsicality -कै'लिटि n. आभ्यन्तरिकता^F, आन्तरिकता^F, अन्तर्गति^F; सहजता^F, स्वाभाविकता^F, यथार्थता^F, वास्तविकता^F ।

intro- अन्तः, अन्तःप्रवण, अन्तरुन्मुख (~ *duce*, ~ *flexion*, ~ *gression*) ।

intro, introd. introduction.

introception इन्ट्रॅसे'प्'शॅन् n. **अन्तर्धारण** ।

introcession इन्ट्रॅसे'शॅन् n. (चि०) अंगनिषदन, अन्तर्निमज्जन, अंगका बैठ जाना ।

introduce इन्ट्रॅड्यूस्' v.t. परिचय देना या परिचय कराना; समाविष्ट करना; उपस्थित करना; ले जाना; प्रस्तुत करना, पेश करना; सूत्रपात करना, आरम्भ करना, शुरू करना; प्रयोगमें लाना, प्रचलित करना; **पुरःस्थापित करना**, संसद्^F में विधेयक रखना; प्रस्तावना^F लिखना, भूमिका^F बाँधना, आमुख लिखना ।

introducer -'सॅर् n. प्रवेशक; परिचायक, उपस्थाता, उपस्थापक; सूत्रपातकर्ता; प्रस्तावना-लेखक ।

introduction -डक्'शॅन् n. समावेशन, उपस्थापन; **परिचय**; प्रवेश, सूत्रपात, **उपक्रम**, आरम्भ, शुरूआत^F; प्रयोग, प्रचलन; **पुरःस्थापन**, प्रस्तुतीकरण, (विधेयक) पेश करना; **प्रस्तावना**^F; **भूमिका**^F, विषय-प्रवेश, प्राक्कथन, मुखबन्ध, **आमुख**; letter of ~ परिचय-पत्र ।

introductory, introductive -'टॅरि, -टिव् aa. प्रवेशसाधक; परिचायक, परिचयात्मक; प्रारम्भिक, **आरम्भिक**; प्रयोगात्मक, प्रचलनात्मक; पुरःस्थापनात्मक प्रस्तावनात्मक, भूमिकास्वरूप, आमुख रूपमें ।

introflexed इन्ट्रॅफ्ले'क्स्ट' a. अन्तर्वक्रित, भीतरकी ओर झुका हुआ ।

introflexion -'शन् n. अन्तर्वक्रता^F; भीतरकी ओर झुकाव ।

introgression इन्ट्रॅग्रे'शन् n. आभ्यन्तर गति, **अनुक्रमण**, अन्तर्गमन, अन्तरागमन, भीतर आना या जाना ।

introjection इन्ट्रॅजे'क्'शॅन् n. (जीव०) **अन्तर्निदेश** ।

intromission इन्ट्रॅमि'शॅन् n. अन्तर्रोपण, अन्तर्निवेश, अन्तःक्षेप, सम्मेलन; प्रवेशाज्ञा^F; स्वीकृति^F ।

intromit -मिट्' v.t. अन्तर्निविष्ट करना, अन्तःक्षिप्त करना, सम्मिलित करना, घुसेड़ना; प्रवेशाज्ञा^F देना, भीतर आने देना, लेना, स्वीकार करना ।

intromittent -'टॅन्ट a. अन्तर्निवेशक, अन्तःक्षेपी, **विक्षेपी**, सम्मिलित करनेवाला, घुसेड़नेवाला; प्रवेशाज्ञापक, भीतर आने देनेवाला; स्वीकारी ।

introrse इन्'ट्रॉर्स् a. **अन्तर्मुख**, अन्तर्भेदी; (वन०) अक्षाभिमुख ।

introspect इन्ट्रॅस्पे'क्ट्' v.i. अन्तर्दृष्टि^F डालना, आत्मदर्शन करना, आत्मपरीक्षण करना, अन्तर्निरीक्षण करना, भीतर देखना ।

introspection -क्'शॅन् n. अन्तर्दृष्टि^F, **अन्तर्दर्शन**, आत्मदर्शन, आत्मपरीक्षण, अन्तरवलोकन, अन्तर्निरीक्षण ।

introspectionism निज़्म् n.अन्तर्दर्शित्व, अन्तर्दृष्टित्व, अन्तर्निरीक्षणत्व, आत्म-परीक्षणत्व ।

introspectionist -निस्ट n. अन्तर्द्रष्टा, आत्मदर्शक, अन्तर्निरीक्षक, आत्मपरीक्षावादी ।

introspective-'टिव a. **अन्तर्दर्शी**, अन्तर्दृष्टिविषयक, आत्मदर्शनात्मक, अन्तर्निरीक्षणात्मक, आत्मपरीक्षण (~ *method*) ।

introspectiveness -नि॑स् n. अन्तर्दृष्टि^F, आत्मपरीक्षण, आत्मदर्शनात्मकता^F, अन्तर्निरीक्षणात्मकता^F ।

introsusception इन्ट्रॅससे'प्'शॅन् n. = INTUSSUSCEPTION.

introversion इन्ट्रॅवर्'शन् n. प्रत्याहार, अन्तर्वलन, अन्तःप्रवृत्ति^F, **अन्तर्मुखता**^F, चित्तका भीतरकी ओर लगाव ।

introversive, introvertive -'सिव, -'टिव् aa. अन्तःप्रवृत्यात्मक; अन्तर्मुखीय, चित्तको भीतरकी ओर लगानेवाला ।

introvert[1] -'ट्रॅवर्ट् n. **अन्तर्मुखी** व्यक्ति, अन्तर्वर्त्ती अवयव ।

introvert[2] v.t. अन्तर्वर्तित करना, भीतर मोड़ना, चित्तको भीतरकी ओर लगाना; (विशे०. जीववि०) अंग आदिको अपने घोंघे या नलकी^F में खींचना ।

introvertive -'टिव् a. दे० INTROVERSIVE.

intrude इन्ट्रूड् v.t. & i. अनाहूत आना, बिना आज्ञा^F के

प्रवेश करना, बलात् घुस जाना, टाँग[F] अड़ाना; प्रविष्ट करना, ठूँसना, घुसना, घुसाना, सरपर मढ़ना, (भि०) भीतर उभर आना।

intruder –डर् n. अनाहूत आगन्तुक, **अतिक्रमी,** बलात् प्रवेष्टा, घुस जानेवाला, टाँग[F] अड़ानेवाला; प्रवेशक, अपधारक, ठूँसनेवाला, सरपर लाद देनेवाला, सरपर मढ़ देनेवाला; आक्रमणकारी वायुयान।

intrusion –ज़न् n. अनाहूत आगमन, बिना आज्ञा[F] प्रवेश, बलात् प्रवेश, टाँग[F] अड़ाना; प्रवेशन, ठूँसना, अनधिकार चेष्टा[F], अपधारण, अनुचित हस्तक्षेपः (प्रा०, भूगोल) **अन्तःभेदन, अन्तर्भेदन,** (भूगर्भ०) नितोदन, दो स्तरोंके मध्य द्रवणावस्था[F]में चट्टान[F]का भीतरकी ओर प्रवेश; बिना लोकमतके स्काटलैण्डके गिरजाके पादरीकी **नियुक्ति[F],** (चि०) भीतरी उभार।

intrusionist –निस्ट् n. अपधारक, अनधिकार चेष्टावादी, अयुक्त नियुक्ति[F]का पोषक।

intrusive –'सिव् a. अनाहूत, अतिक्रमी, टाँग[F] अड़ानेवाला, अपधारी, बलात्कारी, अनुचित हस्तक्षेपक; **अन्तःभेदी, अन्तर्भेदी;** ~ rock नितुन्न चट्टान[F], **अन्तर्भेदी शैल।**

intrusiveness –नि`स् n. धृष्टता[F], अनाहूत आगमन, टाँग[F] अड़ानेका स्वभाव, अनुचित हस्तक्षेपत्व।

intrust इन्ट्रस्ट्' v.t. प्रतिपादित करना, न्यस्त करना, सौंपना।

intubate इन्'ट्यूबेट् v.t. (कण्ठनली[F]को खुला रखनेके लिए उसमें) नलकी[F] लगाना।

intubation –बे'शन् n. (चि०) काष्ठान्तर्नलिकानिवेशन; निनालन, कण्ठनली[F]में नलकी[F] लगाना।

I.N.T.U.C. Indian National Trade Union Congress.

intuit इन्'ट्यूइट् v.t. प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना, अन्तर्ज्ञान द्वारा जानना।

intuition –इ'शन् n. अन्तःस्फूर्ति[F], अन्तप्रेरणा[F]; अन्तर्दृष्टि[F], अन्तर्बोध, **अन्तःप्रज्ञा[F], अन्तर्ज्ञान; दर्शन, अध्यात्मदर्शन, ईक्षावृत्ति[F], विशेषज्ञान,** आशुज्ञान, सहज-बुद्धि[F], सहजबोध, तात्कालिक ज्ञान, सहज स्फूर्ति[F]; अपरोक्षानुभूति[F]।

intuitional –नल् a. नैसर्गिक, अन्तःस्फूर्त्यात्मक, अन्तःप्रेरणात्मक; **अन्तःप्रज्ञ,** अन्तर्दृष्ट्यात्मक, अन्तर्ज्ञानात्मक; आशुज्ञानात्मक, सहज बोधात्मक, तात्कालिक ज्ञान-सम्बन्धी।

intuitionalism, intuitionism –लिज़्म्, –निज़्म् nn. अन्तर्प्रेरणावाद, सहजस्फूर्तिवाद, **अन्तर्ज्ञानवाद, अन्तःप्रज्ञावाद,** सहजबोधवाद।

intuitionalist, intuitionist –नॅलिस्ट्, –निस्ट् nn. अन्तःस्फूर्तिवादी, अन्तर्ज्ञानवादी, सहजबोधवादी; अन्तर्बोधशील।

intuitive –'इटिव् a. **अन्तःप्रज्ञ** (~ *vision*), अन्तःस्फूर्तिकर, अन्तर्प्रेरणीय, अन्तर्दृष्टीय, **अन्तर्ज्ञानीय** (~ *activity*); आशुज्ञानीय, सहजबोधनीय; सहज (~ *knowledge*)।

intuitiveness –नि`स् n. अन्तःस्फूर्तिकरता[F], अन्तःप्रेरणीयता[F]; अन्तर्दृष्टि[F], अन्तर्ज्ञान; आशुज्ञान, सहजबोध।

intuitivism –विज़्म् n. अन्तर्ज्ञानवाद, सहजज्ञानवाद।

intuitivist –विस्ट् n. सहजज्ञानवादी, अन्तर्ज्ञानवादी, सहजबोधवादी।

intumesce इन्ट्यूमे`स्' v. i. (गर्मी[F]से) स्फीत होना, उत्फुल्ल होना, फूलना, बढ़ना, सूजना, फैलना।

intumescence –'सॅन्स् n. **स्फीति[F],** शोथ, शोफ, **फुटकी[F],** फुल्लता, फूलन, सूजन[F], **फूल जाना।**

intumescent –न्ट् a. उत्फुल्ल; स्फीत, शोथित, शोफयुक्त, सूजा हुआ।

intussusception इन्'टॅसॅसे`प्'शॅन् n. **अन्तराधान,** अन्तराग्रहण, (चि०) अन्त्रान्त्रप्रवेशन, अन्त्रावेशन, **आँत[F] चढ़ना,** अँतड़ों[F]के एक भागका दूसरेमें चला जाना।

intwine इन्ट्विन् v.t. & i. परिष्वजन करना, आलिंगन करना, भेंटना, लपटाना; ऐंठना, बटना, लपेटना, गूँथना।

intwist इन्ट्विस्ट्' v.t. मिलाकर बाँटना।

inumbrate इनम्'ब्रेट् v.t. निरातप करना, छाया[F] करना, धूप[F]से बचाना।

inunction इनन्क्'शॅन् n. तैललेप, तैलमर्दन, (कृषि०) **विलेपन,** मालिश[F]।

inundant इ'नॅन्डॅन्ट् a. अभिप्लावी, बाढ़वाला।

inundate –डेट् v.t. नीरलग्न करना, अभिप्लुत करना, जलप्लावित करना, जलपूरित या जलमय करना, बाढ़[F] लाना, बाढ़[F]से भरना; (ला०) भरमार[F] करना, रेलपेल[F] करना।

inundation इनॅन्डे'शॅन् n. जलौघ, तोयविप्लव, नीरोपप्लव, जलवृद्धि[F], **आप्लावन,** जलप्रलय, **आप्लाव,** पूर, बाढ़[F], चढ़ाव; (यन्त्र०) **समज्जन;** ~ canal, ~ flooding, ~ season.

inurbane इनॅबेन् a. असभ्य, अविनीत, अशिष्ट, अविनयशील, उजड्ड।

inurbanity इनॅबॅ'निटि n. असभ्यता[F], अविनय[F], अशिष्टता[F], अविनयशीलता[F], उजड्डपन।

inure, en- इन्युअॅर्', इॅन्- v.t. & i. (कानून) प्रयोगमें आना, कार्य्यान्वित होना, काम आना; अभ्यस्त होना, आदी होना, आदत[F] डालना; (रूपरेखा[F]) तैय्यार करना ⊙।

inured –र्ड' a. अभ्यस्त, परिचित, आदी।

inurement –र्'मॅन्ट् n. अभ्यस्तता[F], आदीपन।

inurn इनर्न्' v.t. कलशाधिस्थ करना, अस्थि-अवशेषको घड़ेमें रखना।

inutile इन्यू'टिल् a. मोघ, निष्फल, व्यर्थ, निरर्थक, निकम्मा, फिजूल, बे-फायदा।

inutility –'लिटि n. मोघता[F], बिफलता[F], निष्फलता[F], व्यर्थता[F], निरर्थकता[F], निकम्मापन, फिजूली[F]।

in vacuo (L) adv. निर्वातमें, रिक्त स्थानमें, खाली जगह[F]में।

inv. *invenit*, designed it; inventor;

invented; invoice.

invade इन्वेड्' v.t. अतिक्रमण करना, हस्तक्षेप करना, घुसना, दखल देना; धावा करना, चढ़ बैठना; आक्रान्त करना, आक्रमण करना, चढ़ाई^F करना, हमला करना ।

invader –'डर् n. अतिक्रमण करनेवाला, हस्तक्षेप करनेवाला, दस्तन्दाजी^F करनेवाला; धावा करनेवाला, चढ़ बैठनेवाला; आक्रान्ता, आक्रमणकारी, चढ़ाई^F करनेवाला, हमलावर ।

invaginate इन्वै'जिनेट् v.t. अन्तर्विष्ठ करना, अन्तर्वक्र करना, भीतरकी ओर पलटना, उलट देना; म्यान^F में रखना, गिलाफ चढ़ाना ।

invagination –ने'शन् n. अन्तर्वक्रीकरण, अन्तर्वलन, **अन्तर्गमन, अन्तर्वेशन,** पलटना, उलटना; गिलाफ चढ़ाना; (चि०) सावरणीभवन, आन्त्रान्त्रप्रवेशन; हार्नियाका एक शस्त्रकर्म ।

invalid¹ इन्'वॅलीड् n. अशक्त जन, रोगी व्यक्ति, बलहीन पुरुष, कमजोर आदमी ।

invalid² –ड्', –'वॅलीड् v.t. & i. रुग्ण होना, अक्षम होना, अशक्त होना, बलहीन होना; अक्षम मानना, अशक्त मानना, बलहीन समझना; (बीमारी^F के कारण) सेवामुक्त करना, नौकरी^F से अलग कर देना; (रोगसे) अक्षम कर देना, अशक्त बना देना ।

invalid³ –'वलीड् a. अक्षम, **दुर्बल, निबल** (~ *chair*, ~ *passenger*), **असमर्थ,** रुग्ण, **अशक्त,** बलहीन; ~ certificate अशक्तता-प्रमाण-पत्र; ~ cookery अशक्तार्थ पाकविधि^F ।

invalid⁴ इन्वै'लिड् a. **अमान्य,** नियमविरुद्ध, अवैध, असाधु, निष्प्रमाण, अप्रामाणिक (~ *return*) ।

invalidate –डेट् v.t. अवैध करना, निष्प्रमाण ठहराना, असाधु बनाना, **अमान्य ठहराना;** अशक्त या असमर्थ करना, रद्द करना ।

invalidation –डे'शन् n. अवैधीकरण, निष्प्रमाणीकरण, **अमान्यकरण;** अशक्तता^F, असमर्थीकरण ।

invalidhood, invalidism –'वॅलीड्-हुड्, –डिज़्म् nn. (चि०) जीर्णामयता^F, अक्षमता^F, असमर्थता^F, अशक्तता^F, निर्बलता^F, दुर्बलता^F ।

invalidity –लि'डिटि n. अवैधता^F, अप्रामाणिकता^F, **अमान्यता^F;** अक्षमता^F, असमर्थता^F, निर्बलता^F, निबलता^F, दुर्बलता^F, अस्वस्थता^F ।

invalidness –वै'लिड्-निस् n. = INVALIDITY.

invaluable इन्वै'ल्यूअॅबॅल् a. अनर्घ्य, अनर्घ, बहुमूल्य, अतिमूल्य, अमूल्य, अनमोल ।

invar इन'वार् n. गिलट और फौलादका मिश्रण ।

invariability, invariableness इन्वेअॅरिअॅबि'लिटि, –निस् nn. नित्यता^F, स्थिरता^F, अविकार्यता^F, अचलता^F, दृढ़ता^F, अपरिवर्तनीयता^F, अपरिणम्यता^F ।

invariable –'रिअॅबॅल् a. नित्य, **नियत** (~ *association*, ~ *antecedent*), स्थिर, अविकार्य, अचल, (ग०) **अचर** (~ *cone*), सतत, **अपरिवर्ती, अपरिवर्तनीय,** अपरिणम्य; स्थायी, दृढ़, अटल; ~ concomitance **निरपवाद सहचार ।**

invariant¹ इन्वेअ'रिअॅन्ट् n. (रसा०) **शून्य जल-राशि, निश्चर ।**

invariant² a. नित्य, स्थिर; अविकार्य, **अचर, अचल,** (गणि०) **निश्चर,** अपरिवर्ती, अपरिणम्य, अविकारी, अटल ।

invasion इन्वे'ज़न् n. अतिक्रमण, हस्तक्षेप; आक्रमण, धावा, **चढ़ाई^F, हमला;** (चि०) रोगका आक्रमण या आरम्भ ।

invasive –'सिव् a. अतिक्रामक, हस्तक्षेपक; आक्रामक, आक्रमणकारी, चढ़ाई करनेवाला, हमला करनेवाला ।

invection इन्वे'क्'शन् n. अतिक्रामण, आक्रमण, अभियान, चढ़ाई^F, हमला; = INVECTIVE.

invective –'टिव् १. n. दुरुक्ति^F, कटूक्ति^F, निन्दावाक्य; भर्त्सना^F, अधिक्षेप, डाँट^F, फटकार^F, गाली^F; २. a. निन्दक, अपवादक ।

inveigh इन्वे' v. i. झिड़ककर बोलना, फटकारना, बुरा-भला कहना, अच्छी तरह खबर^F लेना ।

inveigher –'अॅर् n. अभिशंसक, झिड़ककर बोलनेवाला, फटकारनेवाला, बुरा-भला कहनेवाला, अच्छी तरह खबर^F लेनेवाला ।

inveigle इन्वी(वे)'गॅल् v.t. मुग्ध करना, विलोभित करना, लुभा लेना, फुसला लेना, पट्टी^F पढ़ाना, फाँस-लेना ।

inveiglement –'मॅन्ट् n. विलोभन, लोभ, फुसलाहट^F, पट्टी^F पढ़ाना, फाँस लेना ।

inveigler –लॅर् n. मोहन, विलोभक व्यक्ति, लोभक व्यक्ति, फुसलानेवाला आदमी, पट्टी^F पढ़ानेवाला, फँसानेवाला ।

invendible इन्वे'न्'डिबॅल् a. अविक्रेय, न बिकाऊ ।

invenit, invenerunt (L) v. sing & pl. 3rd pers. (अमुक-अमुक व्यक्तियोंने इस कार्यको) सम्पन्न किया है ।

invent इन्वे'न्ट्' v.t. कल्पना^F करना, मनगढ़न्त करना, (झूठी कहानी^F) गढ़ना; आविष्कार करना, ईजाद करना ।

invented –'टिड् a. उपायज्ञात, कल्पना-योजित; आविष्कृत ।

inventful –फ़ुल् a. उपायज्ञ, आविष्कार-कुशल, कल्पनाशील ।

inventfulness –निस् n. उपायज्ञता, परिकल्पना-योजन, निर्माण-कुशलता^F, कल्पनाचातुर्य, आविष्कार-कौशल ।

invention* –न्'शन् n. काल्पनिक कथा^F, मनगढ़न्त कहानी^F; **गवेषण, उपज्ञा^F, आविष्कार*, ईजाद;** उपायज्ञता^F, काल्पनिकता^F, निर्माण-कौशल, कल्पना-चातुर्य; I~ of the Cross तीन मईका उत्सव (जिस दिन कांसटैण्टाइन, ३२६ ई०, की माता^F हेलेना^F ने क्रासका पता लगाया था); *necessity is the mother of* ~ आवश्यकता^F आविष्कारकी जननी^F है ।

inventive –'टिव a. उपायज्ञ, कल्पना-योजक, निर्माण-

कुशल, कल्पनाचतुर, आविष्कारशील, आविष्कार-कुशल; ~ faculty नवनिर्माण-शक्ति, आविष्कारिक बुद्धि।

inventiveness –नि॑स् n. उपायज्ञता^F, कल्पना-योजकता^F, निर्माणकुशलता^F, कल्पनाचातुर्य, आविष्कार-कौशल।

inventor –टॅर् n. **उपज्ञाता,** कल्पनायोजक, निर्माण-कुशल, उपायज्ञ, कल्पनाचतुर, **आविष्कर्ता, आविष्कारक, ईजादकर्त्ता।**

inventory[1] –रि n. **सूची^F, तालिका^F, वस्तु-सूची^F,** विवरण-सूची^F; विवरण-सूची^F में उल्लिखित सामग्री^F, **फर्द।**

inventory[2] v.t. मालकी तालिका^F या विवरण-सूची^F बनाना।

inventress इन्वे॑न्'ट्रिस् n. उपज्ञात्री^F, कल्पनानियोजिका^F, निर्माण-कुशल महिला^F, कल्पनाचतुरा^F, आविष्कर्त्री^F।

inveracity इन्वॅरै॑'सिटि n. असत्यता^F, झूठ।

invermination इन्वॅर्मिने॑'शॅन् n. (चि०) कृमि-रुग्णता^F; = HELMINTHIASIS.

inverse[1] इन्वर्स्, इन्'वे॑र्स् n. विलोम क्रम; प्रतिलोमत्व, विपर्यास, पर्य्यास, व्यत्यय, वैपरीत्य, व्यत्यास, प्रातिलोम्य, व्युत्क्रम; (दर्श०) **प्रतिपर्यावर्तित वाक्य;** अधोत्तरस्था^F, प्रतीप, औंधापन, उलटापन; ~ proportion, ratio व्युत्क्रमानुपात, व्युत्क्रमनिष्पत्ति^F।

inverse[2] a. **प्रतिलोम,** विपर्यस्त, पर्यस्त, **व्यस्त,** व्यत्यस्त, विपरीत, व्युत्क्रान्त, (रसा०) **व्युत्क्रम, विलोम,** प्रतीप, औंधा, उलटा;
~ correlation, ~ curve, ~ function, ~ order, ~ point, ~ probability, ~ proportion, ~ ratio, ~ variation.

inversion –'शॅन् n. **अंतर्वर्तन,** (दर्श०) **प्रतिपर्यावर्तन,** अपवर्तन, **विपर्यय; प्रतिलोमन, प्रतिलोमीकरण,** (भौ०, गणि०) **उत्क्रमण** (~ *temperature*), विपर्यास, पर्यास, वैपरीत्य, प्रातिलोम्य, व्युत्क्रम, प्रातीप्य, **प्रतीपन,** औंधापन, उलटापन; (संगीत) विपर्यास क्रिया^F, व्युत्क्रम-विधि^F; ~ temperature **संक्रमणांक, संक्रमणताप।**

inversive –'सिव् a. प्रतीपी, **प्रतिलोमी** (~ *geometry*), विपर्ययशील, प्रतिलोमात्मक, प्रतीप बनानेवाला, औंधा करनेवाला, उलटा करनेवाला।

invert[1] इन्'वर्ट् n. विपरीत (लैंगिक) वृत्ति^F का व्यक्ति; उलटा चाप; **पेंदा;** (रसा०) **अपवर्तन;** ~ sugar **प्रतीप शर्करा^F।**

invert[2] –र्ट्' v.t. (रसा०) **अपवृत्त करना,** विपर्यस्त करना, **प्रतीप करना,** औंधा कर देना, पलटना, उलटना; व्युत्क्रमण करना; (चि०) सलिङ्ग कामुकता^F; उत्क्रमण करना, क्रमभंग करना; (संगीत) सुरोंका आपेक्षिक परिवर्तन करना।

invert[3] –'वर्ट् a. (रसा०) **अपवृत्त** (~ *sugar*), विपर्यस्त, औंधा, उलटा; ~ *channel* (पेंदी^F) **नाली^F।**

invertebrate[1] इन्वर्'टिब्रॅट् n. **अपृष्ठवंशी, अकशेरुकी,** मेरुदण्डहीन प्राणी, बे-रीढ़का पशु, (ला०) निर्बल पुरुष, अदृढ़ व्यक्ति।

invertebrate[2] a. अपृष्ठ, **अपृष्ठवंशी, अकशेरुकी,** अपृष्ठकशोथ, मेरुदण्डहीन, रीढ़^F **-हीन, रीढ़रहित,** बे-रीढ़^F-का; निर्बल, अस्थिर, अदृढ़।

inverted इन्वर्'टि॑ड् a. **विपर्यस्त,** विलोमकृत, प्रतिलोमित, **अधोमुखी** (~ *image*), प्रतीपित; प्रतीप, औंधा, **उलटा;** व्युत्क्रान्त, उत्क्रान्त; ~ commas उद्धरण-चिह्न, आवरण चिह्न (*what is "German peace"* or *'German peace'?* में); ~ egoism **परावृत्तस्वार्थ;** ~ rim **अन्तर्गत किनारा;**
~ amplifier, ~ condenser, ~ cycloid, ~ image, ~ siphon, ~ vision.

invertend इन्वॅर्'टे॑न्ड् n. (दर्शन०) **प्रतिपर्यावर्त्य वाक्य।**

invertible –टिबॅल् a. **प्रतिलोम्य,** विपर्यास्य, पर्यास्य, वैपरीत्य योग्य, प्रतिलोमोपयुक्त, व्युत्क्रम्य, औंधा करने योग्य, उलटा करने लायक।

invest इन्वे॑स्ट्' v.t. & i. विनियुक्त करना, (धन या पूँजी) **लगाना;** घेरा डालना, घेरना; वस्त्र पहनना, पोशाक^F या लिबास पहनाना; वेष्टित करना, आवृत्त करना; गुणोंसे आभूषित करना, सुसज्जित करना; प्रदान करना, देना; बिल्ला लगाना या पहनाना; (सैन्य०) **सन्धान करना;** ~ *in* (बोल०) क्रय करना, खरीदना, रुपया फँसाना, माल खरीदनेमें पैसा लगाना।

investigable –'ग्गिबॅल् a. अन्वेष्य, अनुसन्धेय, अनुसन्धानयोग्य, खोजयोग्य, छान-बीन^F करने योग्य, जाँच-पड़ताल^F के योग्य, तहकीकात^F के लायक।

investigate –गेट् v.t. अन्वेषण करना, **अनुसन्धान करना,** खोज^F करना, **छान-बीन^F करना,** जाँच-पड़ताल^F करना, तहकीकात^F करना, खोजना, पता लगाना।

investigation –गे॑'शॅन् n. **अन्वेषण, अन्वेषणा^F, अनुसन्धान, खोज^F, जाँच^F** (~ *inspector*), **छीन-बीन^F,** जाँच-पड़ताल^F, तहकीकात^F, **तफ़्तीश^F।**

investigator –'टिगेटॅर् n. **अनुसन्धाता, अनुसन्धानकर्ता, अन्वेषक,** खोज^F करनेवाला; छानबीन^F करनेवाला; तहकीकात^F करनेवाला; गुप्तचर, भेदिया, जासूस⊙।

investigatory, investigative –टॅरि, –टिव् aa. अनुसन्धानात्मक, अन्वेषणशील, खोज-सम्बन्धी, छान-बीन^F से सम्बन्धित, जाँच-पड़ताल^F से सम्बन्धित, तहकीकाती।

investing इन्वे॑स्'टिंग् १. n. विनियोजन, निवेशन; २. a. **निवेशी** (~ *company*); ~ bone **कलास्थि।**

investitive –टिटिव् a. प्रतिष्ठापक, संस्कार-सम्बन्धी।

investiture –ट्युॲर् n. प्रतिष्ठापन, पदस्थापन, अभिषेक, **मानाभिषेक,** संस्कार, भूषा^F, सज्जा^F; ~ *ceremony* **मानाभिषेक।**

investment –ट्'मॅन्ट् n. आवरण, घेरा; (अर्थ०) **निवेश,** विनियोग, विनियोजन; धनविनियोग करना, (रुपया) लगाना; विनियुक्त धन; **पूँजी-निवेश, निधान, लगी पूँजी^F, लगा धन,** लागत^F; परिधान, वेषभूषा^F,

लिबास, पोशाक^F; प्रतिष्ठापन, पदस्थापन, अभिषेक, संस्कार; ~ account, ~ allowance, ~ bank, ~ banker, ~ commission, ~ cost, ~ credit, ~ department, ~ fluctuation fund, ~ house, ~ ledger, ~ register, ~ security, ~ trust.

investor –'टॅर् n. विनियोक्ता, धनका विनियोग करनेवाला, रुपया लगानेवाला।

inveteracy इन्वे'टॅरॅसि n. प्ररूढ़ता^F, गाढ़ता^F, बद्धमूलता^F, सुदृढ़ता^F; दुर्दमता, घातकता; वयोवृद्धत्व, चिरस्थायित्व, चिरकालिकता^F, बहुकालिकता^F, पुरानापन।

inveterate –रॅट् a. प्ररूढ़, गाढ़, गहरा, बद्धमूल, सुदृढ़, कट्टर, पक्का; (चि०) दुश्चिकित्स्य; दुर्दम, घातक, जानलेवा; वयोवृद्ध, चिरस्थायी, चिरकालिक, बहुकालिक, पुराना।

inveterateness इन्वे'टॅरॅट्नॅस् n. प्ररूढ़ता^F; गाढ़ता^F, बद्धमूलता^F, सुदृढ़ता^F; (चि०) दुश्चिकित्स्यता^F; दुर्दमता^F, घातकता^F; वृद्धत्व, चिरस्थायित्व, चिरकालिकता^F, बहुकालिकता^F।

invexed इन्वे'क्स्ड् a. (अप्र०) नतोदर, मेहराबदार।

inviability इन्वाइॲबि'लिटि n. अजीव्यता^F, न जीनेकी अवस्था^F।

inviable –'ॲबॅल् a. अजीव्य, न जीने योग्य।

invidious इन्वि'डिॲस् a. ईर्ष्यास्पद, मत्सरावह, असूयाकर, द्वेषजनक, रोषजनक, क्रोधोत्पादक, अप्रसन्न करनेवाला।

invidiousness –निॅस् n. मत्सरावहत्व, असूयाकरता^F, द्वेषजनकता^F; ईर्ष्या^F, डाह^F, जलन^F; रोषजनकता^F, क्रोधोत्पादकता^F।

invigilate इन्वि'जिलेट् v.i. (परिक्षार्थियोंका) अन्तरीक्षण करना, निगरानी^F करना, देखभाल^F करना।

invigilation –ले'शॅन् n. (परीक्षार्थियोंका) वीक्षण, अन्तरीक्षण, निगरानी^F, देखभाल^F, चौकसी^F।

invigilator –'जिलेटॅर् n. (परीक्षार्थियोंका) वीक्षक; **निरीक्षक**, अन्तरीक्षक, निगरानी^F करनेवाला।

invigorate इन्वि'गॅरेट् v.t. अनुप्राणित करना, उत्तेजित करना, जान^F डालना, शक्ति^F भरना; तेजोवृद्धि^F करना, शक्ति^F देना, बल देना, पुष्ट करना।

invigoration –रे'शॅन् n. उत्तेजना^F, तेजोवृद्धि^F; उत्तेजन, तेजोवर्द्धन, शक्तिदान, बलदान।

invigorative –'गॅरॅटिव् a. उत्तेजक, जान^F डालनेवाला, शक्तिप्रद, बलदायक, पुष्टिकारक।

invigorator –रेटॅर् n. उत्तेजक, जान^F डालनेवाला, तेजोवृद्धिकर, शक्तिप्रद, बलप्रद, पुष्टिकारक।

invincibility, invincibleness इन्विन्सिबि'लिटि, –निॅस् nn. अपराजेयता^F, अजय्यता^F, दुर्जयता^F, अवश्यता^F, दुरासदता^F, अदम्यता^F, अजेयता^F।

invincible –'सिबॅल् a. अपराजेय, अजय्य, दुर्जय, अवश्य, दुरासद, अदम्य, अजेय।

inviolability, inviolableness इन्वाइॲलॅबिलिटि, –निॅस् nn. अनतिक्रम्यता^F, अलंघ्यता^F, **अलंघनीयता^F**, **अनपकार्यता^F**, **अनतिक्रांति^F**, अनुल्लंघनीयता^F, भंगायोग्यता^F, अबाध्यता^F, अभेद्यता^F।

inviolable –'ॲलॅबॅल् a. अनतिक्रम्य, अलंघ्य, अनुल्लंघनीय, भंगायोग्य, अबाध्य, अभेद्य।

inviolacy, inviolateness –लॅसि, –निॅस् nn. अनतिक्रमण, अनुल्लंघन; अक्षति^F, अखण्डता^F, अभग्नता^F, अभिन्नता^F; पवित्रता^F, अदूषण।

inviolate –'ॲलॅट् a. **अनतिक्रान्त**, अनुल्लंघित; अक्षत, अखण्ड, अभग्न, अभिन्न; पवित्र, अदूषित।

invious इन्'विॲस् a. अदलनीय, अपददलनीय, अदलित, अपददलित।

invisibility, invisibleness इन्विज़िबि'लिटि, –निस् nn. तैरोहित्य, परोक्षता^F; अन्तरितता^F; दर्शनातीतत्व, गोचरातीतत्व, **अदृश्यता^F**, दुर्दर्शता^F, दुर्लक्ष्यता^F, अलोप्यता^F।

invisible –'ज़िबॅल् a. तिरोहित, अन्तर्हित, परोक्ष, अन्तर्धान, अन्तरित (*when I called she was ~*); अचाक्षुष, दृष्ट्यविषय, दर्शनातीत, गोचरातीत, **अदृश्य**, दुर्दर्श, दुर्लक्ष्य, अलोप, अलख (~ *ink, light*); ~ hand **अदृश्य शक्ति^F**; *the* ~ ईश्वर, निराकार प्रभु; अचाक्षुष विश्व, अदृष्ट लोक।

invitation इन्विटे'शॅन् n. अभ्यर्थना^F, **निमन्त्रण**, (~ *card*, ~ *office*), आमन्त्रण, नेवता, दावत^F, बुलावा।

invitatory –वाइ'टॅटरि a. अभ्यर्थनीय, आमन्त्रणीय, निमन्त्रण-सम्बन्धी, दावती, बुलावेका।

invite[1] –ट् n. अभ्यर्थना^F, आमन्त्रण, नेवता, दावत^F, बुलावा।

invite[2] v.t. आमन्त्रित करना, निमन्त्रित करना, निमन्त्रण देना, नेवता भेजना, दावत^F देना, बुलावा भेजना; आकृष्ट करना, खींचना; प्रलोभन देना, लुभाना; याचना^F करना, माँगना, मँगवाना; (किसी वस्तु^F का) अनिच्छापूर्वक कारण बनना; प्रार्थना^F करना, विनती^F करना; ~*attention* ध्यान आकृष्ट करना।

invitee –टी n. आमन्त्रित, **निमंत्रित**।

inviter –'टॅर् n. अभ्यर्थक, आमन्त्रक, निमन्त्रक, नेवता देनेवाला, दावत^F देनेवाला।

inviting –टिंग् a. अभ्यर्थी, आमन्त्रक, निमन्त्रक।

invitrifiable इन्वि'ट्रिफाइॲबल् a. अकाचरणीय, काँच न बननेवाला।

invitro (चि०) अन्तः पात्र।

inviro (चि०) अन्तर्जीव।

invocate इन्'वॅकेट् v.t. = INVOKE.

invocation –के'शन् n. सरस्वती^F का आह्वान; ईशावाहन, देवस्तुति^F, ईशप्रार्थना^F।

invocatory, invokatory –वॉ'कॅटरि, -'वॅकेटरि aa. सरस्वती^F के आह्वानसे सम्बन्धित; ईशावाहन-युक्त, देवस्तुत्यात्मक, ईशप्रार्थना-विषयक।

invoice[1] इन्'वाॅइस n. (अर्थ०, ग०) **बीजक**,

चालान, T;
~ book, ~ foil, ~ proforma.

invoice² v.t. (मालका) **बीजक बनाना,** चालान तैयार करना ।

invoke इन्वोक्' v.t. (सहायता^F, प्रतिशोध आदिके लिए) याचना^F करना, विनती^F करना; (मन्त्रों द्वारा आत्मा^F का) आह्वान करना, बुलाना; दुहाई^F देना; नाम स्मरण करना, नाम लेना; ईश-सौगन्ध^F खाना, ईश्वरकी कसम^F खाना ।

involucral इन्'वॅलूक्रॅल् a. **विचक्रिल,** वृन्तपत्रच्छदीय, फलप्राकार-विषयक, फलावरण-सम्बन्धी; आच्छादनीय; आवरण-सम्बन्धी ।

involucrate –'क्रॅट् a. सवृन्तपत्रच्छद, फलप्राकार-युक्त, फलावरण-युक्त ।

involucre –'वॅलूकॅर् n. (वन०) **निचक्र, निवेष्टन,** वृन्तपत्रच्छद, फलप्राकार, फलावरण; (श०र०शा०) आच्छादन, आवरण ।

involuntariness इन्वॉ'लन्टॅरिनिॅस् n. अस्वैरिता^F, अकाम्यता^F, अनिच्छा^F, विवशता^F ।

involuntary –रि a. अस्वैरी, अकाम्य, अनिच्छु, स्वेच्छाविरुद्ध, **असंकल्प** (~ *action*), **अनैच्छिक** (~ *muscle*) ।

involute¹ इन्'वॅलूट् n. (ग०) **प्रतिकेन्द्रज,** आवलय, वक्रगामी विन्दु-पथ ।

involute² a. **प्रतिकेन्द्रित,** (रेखा०) अन्तर्वलयित, आवलित, कुण्डलीदार, चक्करदार; गहन, जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ; (वन०) अन्तर्वलित, अन्तःसंवलित, अन्तर्लुण्ठित, अन्तर्वक्र ।

involuted –टिॅड a. = INVOLUTE².

involution –'शॅन् n. आवलन; गहनता^F, जटिलता^F, पेचीदापन, उलझन^F, चक्कर; (चि०) **प्रत्यावर्तन** (प्रसूतिके पश्चात् गर्भाशयका यथापूर्व होना); अन्तर्वलय, **अन्तर्वलन** (~ *pencil*), अन्तःसंवलय, **गर्भाशय-संकुचन;** अन्तर्लुण्ठन, उलझाव, पेच, लपेट^F; (ग०) **घातक्रिया^F, घातकरण,** घातन, संवर्गीकरण ।

involutional –नॅल् a. आवलनीय, आवलन विषयक; गहन, जटिल; अन्तर्वलित, अन्तःसंवलययुक्त, अन्तर्लुण्ठन-सम्बन्धी; (ग०) घातक्रियात्मक, संवर्गीकरण-सम्बन्धी ।

involve इन्वॉल्व् v.t. **द्योतित** करना, संकेत करना, अर्थ देना; सन्निहित करना या होना, अन्तर्धारित करना, अन्तर्भूत करना, अन्तर्गत करना, शामिल करना, मिलाना, ले लेना; **अन्तर्ग्रस्त करना या होना, फँसना, फाँसना;** फँसाना, सानना; उलझाना; आवेष्टित करना, ढाँकना, मूँदना, लपेटना; अन्तर्वलित करना, भीतरकी ओर चक्कर देना ।

involved –ड् a. (p.p.) अन्तर्ग्रस्त, अन्तर्गत, सन्निहित, गूढ़, गम्भीर, पेचीदा, उलझा हुआ (*an ~ sentence*); ग्रस्त, फँसा हुआ; ध्वनित (~ *meaning*) ।

involvement –व्'मॅन्ट् n. अर्थकृच्छ्रता^F, आर्थिक संकट; अन्तर्ग्रस्तता^F; आवेष्टन, लपेट^F, उलझन^F; संयोग, सम्मेलन; विकट समस्या^F, गुत्थी^F ।

invulnerability, invulnerableness इन्वल्नॅरॅबि'लिटि, -निॅस् nn. वज्रांगता^F, क्षताक्षमता^F, अवेध्यता^F, अभेद्यता^F ।

invulnerable –नरॅबल् a. वज्रांगी, क्षताक्षम, अवेध्य, अभेद्य ।

inwall इन्वाल् n. (यन्त्र०) **स्तूपिका^F** ।

inward¹ इन्'वॅर्ड् n. (pl.) अन्त्र, आँतें^F, अँतड़ियाँ^F ।

inward² a. अन्तर्मुख, अन्तर्दिश, आभ्यन्तरिक, आन्तरिक; आध्यात्मिक, मानसिक; **आवक;** ~ bound **आनेवाला,** अन्तःस्थ, अन्तर्भूत, अन्तर्वर्ती, भीतरी; (वाणि०) **आगत,** आवक, **आगामी,** आनेवाला;
~ circulation, ~ clearing, ~ clerk, ~ consignment, ~ ensign, ~ freight, ~ invoice, ~ luggage, ~ mails, ~ parcels, ~ register, ~ ticket, ~ waybills.

inward(s) –ज् adv. आत्मा^F में, मनमें; अन्तर्मुखी, भीतरकी ओर, अन्दरकी ओर; आगत, आनेवाला ।

inwardness –निॅस् n. अन्तर्मुखत्व, अन्तर्दिशत्व, आभ्यन्तरिकता^F, अन्तर्वर्तित्व, अन्तःस्थिति^F, भीतरीपन; सार, तत्त्व, अन्तःप्रकृति^F, अन्तःकरण, आध्यात्मिकता^F ।

inweave, -en इन्वीव्,–ईन्- v.t. (शा० एवं ला०) बीचों-बीच बुनना, परस्पर बुनना, परस्पर जोड़ना, मिलाना, बाँधना ।

inwit इन्'विट् n. चेत, आत्मा^F, अन्तःकरण, अन्तःशक्ति^F ।

inwrap इन्रैप्' v.t. आच्छादित करना; आवृत्त करना, लपेटना ।

inwrought इन्रॉट्', इन्'रॉट् a. सम्मिश्रित, खूब मिला हुआ; खचित, जटित, जड़ाऊ; बेलबूटेदार, कामदार, जरी^F-का काम किया हुआ ।

I.O. Investigation Officer.

I.O.F. Independent Order of Foresters.

I. of M. Isle of Man.

I.O.G.T. Independent Order of Good Templars.

I.O.J. International Organization of Journalists.

I.O.M. Isle of Man; Indian Order of Merit.

I.O.O. Inspecting Ordnance Officer; Institute of Opthalmic Opticians.

I.O.U. I owe you.

I.O.W. Isle of Wight; Inspector of Works.

iodate आइ'अॅडेट् n. जम्बीय, जम्बिक लवण, आयोडीन-का नमक, T.

iodic –ऑडिक् a. जम्बिक, आयोडीन-सम्बन्धी ।

iodide –'अॅडाइड् n. जम्बेय, अन्य तत्त्वसे आयोडीनका मिश्रण, T.

iodine –इन् n. जम्बुकी, (चि०, कृषि०, रसा०)

आयोडीन, (~ *green*, ~ *number*, ~ *value*) ।

iodism -डिज़्म् n. आयोडात्यय, **आयोडीनका** प्रमादी प्रभाव ।

iodize -डाइज़् v.t. जम्बेयित करना, आयोडीन मिलाना ।

iodoform -ओ'डॅफ़ॉर्म्, -'ॲडफ़ॉर्म् n. जम्बुवम्रल, (कृषि०) **उर्ध्वपातित, आयोडीन,** (कृषि०, रसा०) आयोडोफार्म, पीली उपसर्ग-नाशक औषधि^F^ ।

-ion -इॲन् भाववाचक संज्ञा^F^ बनानेमें, (*commun ~, leg~, opin~, rebell~, relig~, un~*); *-tion, -sion, -nion, -ation, -ition* में अन्त होनेवाले संज्ञाशब्दोंमें भी (*connec~, ten~, dict~, port ~* आदि) ।

ion आइ'ॲन् n. (भौ०, ज्यो०, रसा०) अयन, विद्युदणु ।

ionic[1] -ऑ'निक् a. **आयनिक, आयनी,** विद्युदणु-सम्बन्धी; ~ medication (चि०) रसविद्युत्धनाग्रके द्वारा गम्भीर अङ्गोंमें भेषजावचरण;
~ atmosphere, ~ bombardment, ~ current, ~ exchange, ~ mass, ~ micalle, ~ mobility, ~ order, ~ stato, ~ strength, ~ theory, ~ velocity.

Ionic[2] आइऑ'निक् a. आयोना (यूनान) का (~*dialect*) ।

ionisation आइॲनाइज़े'शॅन् n. **आयनन;**
~ chamber, ~ constant, ~ coefficient, ~ potential.

ionise -ॲनाइज़् v.t. **आयनित करना या होना** ।

ionising -ज़िंग् a. **आयनकारी** (~ *agent*, ~ *radiation*) ।

ionosphere आइओ'नॅस्फ़ीॲर् n. **आयनमण्डल** (रेडियोका) ।

ionotopy आइॲनॉ'टॅपि n. **आयन-विमोचन** ।

-ior[1] इॲर् -IOUR की दूसरी वर्तनी^F^ (जैसे, *warrior* में) ।

-ior[2] इॲर् -तर, से अधिक (जैसे, *sen ~, super ~, ulter ~*) ।

iota आइओ'टॅ n. यूनानी *i*; कण, अणु, लेश, विन्दुमात्र, कणमात्र ।

I O U आइ ओ यू n. (=I OWE YOU) धा० ते० (धारयामि ते) ऋणस्वीकृति-पत्र, ऋणकी रसीद^F^ ।

I.P. Indian Police; Inspector of Police.

I.P.C. Indian Penal Code.

I.P.D. *In Praesentia Dominorum*, In Presence of the Lords (of Session.)

-iour -क, -कर, कारक, -कर्ता (जैसे, *sav ~*) ।

-ious -मय, -युक्त, -द्योतक, -गुणवान् (जैसे, *rebell ~ caut ~, contradict ~*; अंग्रेजी^F^में *-ion* में अन्त होनेवाले संज्ञा^F^-शब्दोंमें *-ious* लगता है) ।

ipecacuanha इपि'कैक्यूऐ'नॅ n. वनमूल, एक वमनकारी जड़ी^F^, (कृषि०) इपीका कुन्हा (~ *wine*) ।

I.P.P. Schedule India-Pakistan Passport Schedule.

I.P. rate Issue Price Rate.

I.P.S. Indian Police Service.

ipse dixit (L) n. उसका शब्द, उसकी बात^F^ ।

ipseity इप्से'इटि n. आत्मा^F^, आत्मत्व, अपनापन ।

ipsilateral a. (चि०) **समपक्षी** ।

ipsissima verba (L) n. pl. संयत शब्दावली^F^ ।

ipso facto (L) adv. **तथ्यतः, स्वतः,** इसी बात^F^से ।

ipso jure (L) adv. **विधितः,** कानूनसे ।

I.P.U. International Portal nion.U

I.Q. Intelligence Quotient.

i.q. *idem quod*, the same as.

i.q.e.d. *in quod erat demonstrandum* जो प्रमाणित होना था ।

I.R. Indian Railways; Inland Revenue; Inspection Report.

Ir. Iridium; Irish.

ir-[1] =IN[1] (~*rigate*, ~*ritate*) ।

ir-[2] (*r* के पूर्व) = IN (~ *regular*, ~ *responsible*) ।

I.R.A. Irish Republican Army.

irade इरा'डि n. इरादा, तुर्कीके सुल्तानका लिखित प्रनिश्चय या फर्मान ।

irascibility आॲरैसिबि'लिटि, इरैसिबि'लिटि n. चण्डता^F^, पित्त-प्रकृति^F^, क्रोधशीलता^F^, चिड़चिड़ापन, गुस्सा ।

irascible -'सिबॅल्, a. चण्ड, संरम्भी, क्रोधशील, क्रोधी, चिड़चिड़ा, गुस्सैल ।

irascibleness -निॅस् n. = IRASCIBILITY.

irate आॲरेट्' a. कुप्त, क्रुद्ध, रुष्ट, नाराज, खफा, गुस्सेसे भरा ।

I.R.B. Irish Republican Brotherhood.

I.R.C. International Red Cross.

I.R.C.D. Inspection Report of Cattle Disease.

I.R.C.S. Indian Red Cross Society.

ire -र् n. (काव्य०) कोप, क्रोध, रोषयुक्त, नाराजगी^F^, गुस्सा ।

ireful -'फुल् a. कोपयुक्त, क्रोधयुक्त, क्रोधी, रोषयुक्त, नाराज, गुस्सेसे भरा ।

Irel. आइरल Ireland.

Irene आइरी'नी n. (ग्रीक) शान्तिकी देवी, शान्ति, T.

irenic, -al आॲरी(रे)'निक्, -ॲल् aa. शान्तीच्छु, शान्तिस्थापक, सन्धिकर्ता, सुलह^F^ करनेवाला ।

irian आॲ'रिॲन् a. (आँख^F^की) पुतली^F^का ।

iridaceous आॲरिडे'शॅस् a. कुंकुमवर्गीय, केसरकुलीय ।

iridal आॲ'रिडॅल् a. इन्द्रधनुषी, इन्द्र-चाप-विषयक, इन्द्रधनुष-सम्बन्धी ।

iridescence इरिडे'सॅन्स् n. वर्णदीप्ति^F^, **वर्णच्छटा,** सतरंगापन ।

iridescent –न्ट् a. वर्णबहुल, **बहुवर्णभासी,** सतरंगा, रंगबिरंगा (~ *crystal*)।

iridium आअॅरि'डिअॅम् n. घनातु, इरीडियम।

iridize आअॅ'रिडाइज़् v.t. वर्णदीप्त करना, सतरंगा बनाना, सातरंगोंसे युक्त करना, इंद्रधनुषी रंगोंसे युक्त करना।

iris आअॅ'रिस् n. गोलोमी[F], श्वेतदूर्वा[F], केसर, कुंकुम, (आँख) आइरिस; **तारामण्डल, तारापरिवेच,** कृष्णा, कृष्णमण्डल, **परितारिका-पट्ट, परितारिका**[F], (आँख[F]की) **पुतली**[F]; T, सप्तवर्णदर्शक स्फटिक-विशेष; (चि०) हैमवती[F], बालवच, ईर्सा सोसन, जिसका मूल वामक और रेचक है।

irised आअॅ'रिस्ड् a. सप्तवर्णमय, इन्द्रधनुषी, सतरंगा।

Irish आअॅ'रिश् १. a. आयलैण्डका (~*man*, ~*woman*); २. n. आयलैंण्ड-निवासी, आयलैंण्डकी भाषा[F]; ~hurricane **व्यर्थका बवण्डर।**

iritis आअॅराइ'टिस् n. (चि०) तारामण्डलशोथ, तारास्फीति[F], पुतली[F]की सूजन[F]।

irk अर्क् v.t. (प्रा०) तंग करना, उकता देना, थका देना, उबा देना, सताना (*it ~s me, him* etc.)।

irksome अॅर्क्'सॅम् a. आयासहेतुक, क्लान्तिजनक, क्लेशप्रद, खेदकर, तंग करनेवाला, उकता देनेवाला, थका देनेवाला, उबा देनेवाला, भारी।

irksomeness –निस् n. आयासहेतुकता[F], क्लान्तिजनकता[F], क्लेशप्रदता[F], खेदजनकता[F], उकताहट[F], थकावट[F], ऊब[F]।

I.R.O. Inland Revenue Office; Inspector of Registration Offices; International Refugee Organization.

iron[1]* आअॅर्न्' n. अयस, कृष्णायस, **लोह, लोहा*;** (ला०) कठोरता[F], दृढ़ता[F], कड़ापन, चुस्ती[F] (*a man of ~*); लौहभस्म; लोहेका औजार या हथियार; लोहेकी सलाख[F], दागनेका छड़; गोफका बल्ला, स्तरी[F], इस्तरी[F]; (pl.) निगड, हथकड़ी[F], जंजीर[F], रकाब[F]; पादावलम्बन या पैरकी टेक[F]; ~age **लौहयुग,** यन्त्रयुग; निर्दय युग, कलियुग, क्रूरकाल; ~-bound लौहावृत्त, लौहाबद्ध; (ला०) दारुण, कठोर, कड़ा, सख्त; (तट) चट्टानी, चट्टानों[F]से घिरा हुआ; ~clad[1] n. लौहपोत, लोहेकी चादरों[F]का जहाज; ~clad[2] a. लौहाच्छन्न, **लौहावृत,** लौहरक्षित; ~content, **लोहांश;** I~CROSS प्रशा और आस्ट्रियाके युद्धका चिह्न; ~ curtain n. **लोहावरण,** रहस्यका अभेद्य पर्दा (*Soviet ~curtain*) ~curtain a. लौहनिर्मित; निर्दयी, कठोर, दृढ़, जिद्दी, बेदर्द; I~Duke वेलिंगडनका ड्यूक; ~grey[1] n. भूरा रंग, हालमेंही तोड़े गये लोहेका रंग; ~-grey[2] a. भूरा, हालमेंही तोड़े गये लोहेके रंगका; ~ hand **लौह उपयन्त्र;** ~ horse इंजिन, बाइसिकिल[F], तिनपहिया साइकिल[F]; ~lung लोह-फुप्फुस, कृत्रिम श्वास[F]-प्रश्वास[F]के लिए लोहेका एक डब्बा; ~master लोहकार, लुहार, लोहा बनानेवाला; ~ -mould १. n. मुर्चेका या स्याही[F]का धब्बा; २. v.t. & i. मुर्चेका या स्याही[F]का धब्बा डालना या पड़ना; ~rations सैनिकोंके लिए सुरक्षित खाद्य सामग्री[F]; I~side पराक्रमी पुरुष, शूरवीर जन; (pl.) क्रामवेलके सैनिक, ~tyre (यन्त्र०) **हाल, पट्टा;** ~work लोहरचना[F], **लोहेका काम;** ~works (sing. or pl.) लोहेका कारखाना; *don't have so many ~s in the fire* एकै साधे सब सधे, सब साधे सब जाय; *have too many ~s in the fire* एक साथ तमाम कार्य आरम्भ करना; *in ~s* शृङ्खलाबद्ध, शृङ्खलित, बेड़ी[F]-हथकड़ी[F]में जकड़ा हुआ; *~out* ⊙ चिकनाना, चिकना करना; *strike while the ~ is hot* बहती गंगा[F]में हाथ धोना, अवसरपर कार्य करना, अवसरका लाभ उठाना; *the~entered into his soul* वह शृङ्खलाबद्ध हो गया, वह बेड़ी[F]से जकड़ा गया;

~acetate, ~alum, ~anchor, ~angle, ~arrows, ~arsenate, ~axe, ~axle, ~bacteria, ~band, ~-banded, ~-bar, ~bark, ~barrel, ~beam, ~bearing, ~black, ~bloom, ~blue, ~boiler, ~bolt, ~-branded, ~bromide, ~brown, ~buff, ~cap, ~ carbide, ~carbonate, ~-cased, ~casing, ~chain, ~chain cable, ~chloride, ~chloride solution, ~cistern, ~citrate, ~clad switch, ~ compounds, ~ core, ~ -core transfer, ~cotter, ~door mat, ~drum, ~dust, ~-faced, ~-fastened, ~file, ~filings, ~-fisted, ~-forged, ~formate, ~-founder, ~-foundry, ~frames, ~furniture, ~gate, ~gib, ~girder, ~glance, ~grass, ~gutter, ~hammer, ~-handed, ~hard, ~hat, ~hearted, ~heater, ~hoop, ~-hooped, ~iodide, ~-jasper, ~-jawed, ~joist, ~lacquer, ~ lactate, ~ladder, ~lattice tower, ~like, ~-lined, ~liquor, ~man, ~nails, ~-nickel alkaline cell, ~nitrate, ~ochre, ~ore, ~oxide, ~-pan, ~phosphate, ~pipe, ~pole cap, ~powder, ~process, ~ pyrites, ~ quinine citrate, ~ red, ~ retort, ~-ribbed, ~ ring, ~rivet, ~ rod, ~ rope, ~-rust, ~ safe, ~ saffron, ~ salt, ~ sand, ~ sash, ~ scale, ~-scrap, ~screw, ~screw jack, ~shoe, ~shot, ~shovel, ~shutter, ~-sided, ~-silicate, ~sleeper, ~smelter, ~smith, ~spade, ~spike, ~spinel, ~spoon, ~spring, ~still, ~stirrup, ~-stone, ~ tank, ~-tipped, ~tongs, ~tool, ~trough, ~tube, ~tyre, ~ valerate, ~valve, ~vat, ~ware, ~washers, ~weight, -~winged, ~wire handle, ~wire netting, ~wood, ~wood tree, ~yellow.

iron[2] v.t. लौहावृत्त करना, लोहेसे मढ़ना; शृंखलाबद्ध करना, हथकड़ी^F पहनाना; इस्तरी^F करना।

ironer –नॅर् n. इस्तरी करनेवाला, लोहा करनेवाला, धोबिन^F।

ironic, -al आॲरॉ'निक्, -अॅल् aa. वक्रोक्तिपूर्ण, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यपरायण, व्यंग्यात्मक, व्यंग्यभाषी; ~expression व्यंग्योक्ति^F, वक्रोक्ति^F, ताना।

ironing आॲ'रॅनिंग् n. इस्तरी^F करना, मशीन^F करना, लोहा करना (~*board*)।

ironist आॲ'रॅनिस्ट् n. व्यंग्यभाषी व्यक्ति, ताना मारनेवाला।

ironmonger आॲ'र्न्मन्गॅर् n. अयस्कार, लौहकार, लोहार; लौहव्यापारी, लोहेका सामान बेचनेवाला, लोहिया।

ironmongery –रि n. लौह-व्यापार।

irony[1] आॲ'रनि n. दैवदुर्विपाक, दैवदुर्विलास; दैवदुर्नियोग, विडम्बना^F; व्याजोक्ति^F; व्यंग्य, व्यंग्योक्ति^F, ताना, बोली^F; ~of fate विधि-विडम्बना^F; Socratic ~ विपक्षीका खण्डन करनेके लिए अज्ञानका छल या बहाना।

irony[2] a. लौह, लौहसदृश; लोहेका-सा।

irradiance, -cy इरे'डिॲन्स्, -सि nn. द्युति^F, कान्ति^F, प्रदीप्ति^F, तेज, आभा^F; प्रकाश, चमक^F।

irradiant –न्ट् a. द्युतिमान्, कान्तिमान्, प्रदीप्त, आभायुक्त, प्रकाशित, चमकीला।

irradiate –एट् v.t. देदीप्यमान करना, द्युतिमान् होना, कान्तिमान् होना, प्रदीप्त करना या होना, आभायुक्त करना या होना, प्रकाशित करना या होना, चमकाना; (मुखको) हर्षोदीप्त करना, खुशी^Fसे दमकाना या चमकाना; (ला०, विषयपर) प्रकाश डालना।

irradiated –टिड् a. रश्मिविकिरणित, रश्मिविकिरित, किरणीयित, किरणित।

irradiation –ए'शॅन् n. (शा० एवं ला०) रश्मिविकिरण, किरण भावन, समाकिरणन, किरणीयन, किरणन, द्योतन, कान्तिजनकता^F, प्रदीपन, विभासन, आभाजनकता^F, प्रकाशन, चमकाना; द्युति^F, तेज, प्रकाश, दीप्ति^F, चमक^F; ~of pain (चि०) समन्ततः प्रसारी, चारोंओर फैलनेवाली पीड़ा^F।

irrational[1] इरै'शॅनॅल् n. अपरिमेय अंक, करणीगत अंक।

irrational[2] a. (ग०, मूल आदि) अपरिमेय, करणीगत; विवेकवर्जित, अबोध, बुद्धिहीन, बुद्धिशून्य, अविवेकी; अविवेकात्मक, तर्कशून्य, तर्कविरुद्ध, तर्कहीन, युक्तिहीन, अयुक्त, अयुक्तिक;
~asceticism, ~dispersion, ~function, ~number.

irrationality –नै'लिटि n. अपरिमेयता^F; बुद्धिशून्यता^F, अविवेक; तर्कशून्यता^F, तर्कविरुद्धता^F, तर्कहीनता^F, युक्तिहीनता^F, अयुक्ति^F।

irrationalize –'शॅनॅलाइज् v.t. अपरिमेय बनाना; बुद्धिशून्य करना, अविवेकी बनाना; तर्कशून्य करना।

irrealizable इरि'ॲलाइ'ज़ॅबॅल् a. असाध्य, अपूर्य, असंवेद्य।

irrebuttable इरि'बॅटॅबॅल् a. अविच्छेद्य, अविच्छेदनीय, अखण्ड्य, अखण्डनीय, अप्रत्याख्येय।

irreceptive इरि'सॅप्'टिव् a. अग्राह्य, अग्राहणशील, अनादाननीय।

irreciprocal इरि'सिप्रॅकॅल् a. अनन्योन्य, अमिथः, अपारस्परिक।

irreclaimable इरि'क्ले'मॅबॅल् a. असुधार्य, असंशोपनीय, गया-बीता।

irrecognizable इरे'कॉग्नाइज़ॅबॅल् a. अमान्य, अनभिज्ञेय, न पहचानने योग्य।

irreconcilability, irreconcilableness इरे'कॅन्साइलॅबि'लिटि, –नि'स् nn. अशाम्यता^F, दुराराध्यता^F, असंधेयता^F, असंगति^F, अन्योन्य विरोध, बेमेलपन।

irreconcilable[1] –'कॅन्साइलॅबॅल् n. प्रचण्ड शत्रु, दुर्दम शत्रु, कड़ा दुश्मन, कट्टर विरोधी।

irreconcilable[2] a. अशाम्य, दुराराध्य, असंधेय, असंगत, विरोधी, बेमेल।

irrecoverable इरि'कॅवॅरॅबॅल् a. असमाहार्य, अप्रत्यादेय, अशोध्य (~ *loss*), अपूर्णीय, पुनरलभ्य, अप्रतिप्राप्य, अप्राप्य, असाध्य, लाइलाज, गया-बीता।

irrecoverableness –नि'स् n. असमाहार्यता^F, अप्रत्यादेयता^F, पुनरलभ्यता^F, अपुनःप्राप्यता^F।

irrecusable इरि'क्यू'ज़ॅबॅल् a. ग्राह्य, स्वीकार्य, अत्याज्य।

irredeemability इरि'डीमॅबि'लिटि n. असंशोध्यता^F, अनुद्धार्यता^F, असुधार्यता^F, अनिष्क्रेयता^F।

irredeemable –'मॅबॅल् a. (नोटें) अनिष्क्रेय, अनुद्धार्य, (जिनके बदलेमें सरकार^F मुद्रा^F देनेका उत्तरदायित्व नहीं लेती); गया-बीता; असंशोध्य, अशोध्य, असुधार्य; (अर्थ०) अप्रतिदेय (~*debenture*, ~*share*), अनवसेय, अनावधिक, गैरमियादी।

irredeemableness –नि'स् n. अनिष्क्रेयता^F, अनुद्धार्यता^F; असंशोध्यता^F, अशोध्यता^F, अनवसेयता^F, अनावधिकता^F।

irredentism इरि'डॅन्'टिज़्म् n. (कूट०) अयुक्त संयोजनवाद।

irreducibility इरि'ड्यूसिबि'लिटि n. अकाट्यता^F, अह्रास्यता^F, अलघुकरणीयता^F, असरलकरणीयता^F, अपरिवर्तनीयता^F।

irreducible –'सिबॅल् n. अखण्डनीय (~*element*), अकाट्य, अह्रास्य, अलघुकरणीय (~*ideal*), असरलकरणीय, अपरिवर्तनीय, कम-से-कम, (~*minimum*, *hernia*)।

irreducibleness –नि'स् n. = IRREDUCIBILITY.

irreflection इरि'फ्लॅक्'शॅन् n. अप्रतिबिम्बता, अप्रतिबिम्बहीनता; अविचार, अविचारात्मकता।

irreflective इरि'फ्ले'क्'टिव् a. अविचार्य, अविचारात्मक, अचिन्त्य, अचिन्तनीय; अप्रतिबिम्ब्य, अप्रतिबिम्बशील।

irreformable इरि`फ़ॉर'मॅबॅल् a. असंशोध्य, अनुद्धार्य, असुधार्य।

irrefragability इरि`फ्रॅजिबि'लिटि n.=IRREFUTABILITY.

irrefragable इरे`फ्रॅगॅबॅल् a. अकाट्य, अखण्डनीय, अबाध्य, निर्विवाद, अडिग, निरुत्तर, अप्रत्याख्येय।

irrefrangible इरिफ़्रैन्'जिबॅल् a. अविवर्तनीय, न मोड़ने योग्य; अलंघनीय, अनुल्लंघनीय।

irrefutability, irrefutableness इरे`फ़्यूटॅबि'लिटि, –नि`स् nn. अखण्ड्यता^F^, अनिराकार्यता^F^, अप्रत्याख्येयता^F^, अकाट्यता^F^।

irrefutable इरे`फ़्यूटॅबॅल् a. **अखण्ड्य,** अखण्डनीय, अनिराकार्य, अप्रत्याख्येय, अकाट्य, निरुत्तर।

irregular इरे`ग्यूलॅर् a. & n. असंगत, **असम्मित,** बेडौल; (वन०) **असमाकृति; विषम** (*~hexagon*), उच्चावच, ऊँचानीचा (धरातल); विधिविरुद्ध, अनैयमिक, नियमविरुद्ध, अनियमी, (वन०, प्राणि०, ग०) **अनियमित,** (रसा०) **अनियत,** बेकायदा; असम (*~slope*); अव्यवस्थित (वस्तु^F^), बेतरतीब (चीज^F^), बेढब; क्रमविरुद्ध, क्रमहीन; निपातित (शब्दप्रकार); अस्थायी (सेना^F^), **कच्ची पलटन^F^;**

~bone, ~depth, ~doublet, ~fluctuation, ~indorsement, ~out line.

irregularity –लै`रिटि n. असंगति^F^, असमता^F^, बेडौलपन; विषमता^F^, उच्चावचत्व, ऊँचानीचापन; विधिविरुद्धता^F^, अनैयमिकता^F^, नियमविरुद्धता^F^, अनियमितता^F^, बेकायदगी^F^; अव्यवस्था^F^, क्रमहीनता^F^, बेतरतीबी^F^।

irrelative इरे`लॅटिव् a. पूर्ण, स्वतन्त्र, निरपेक्ष, असम्बद्ध, निःसम्बद्ध, अप्रासंगिक, असंगत, बेलगाव, बेजोड़।

irrelevance, -cy इरे`लिवॅन्स्, -सि nn. **असम्बद्धता^F^,** अप्रासंगिकता^F^, अयथार्थता^F^, अनावश्यकता^F^, **विसङ्गति^F^,** असंगति^F^।

irrelevant –न्ट् a. **असम्बद्ध,** अप्रासंगिक, अयथार्थ, अनावश्यक, **विसंगत,** असंगत (*~conclusion*)।

irreligion इरि`लिजॅन् n. अभक्ति^F^, अपूजा^F^, देवनिन्दा^F^, अधर्म, धर्मलोप।

irreligionist –'जॅनिस्ट् n. अभक्त, अपूजक; देवनिन्दक, अधर्मी, धर्मविरोधी।

irreligious –जॅस् a. अभक्त, अपूजक, देवनिन्दक, धर्महीन, अधार्मिक, अधर्मी।

irreligiousness –नि`स् n. अभक्ति^F^, अपूजकता^F^, देवनिन्दा^F^; धर्महीनता^F^, अधर्म, धर्मलोप, अधार्मिकता^F^।

irremeable इरि`मीॲबॅल् a. अनिवर्त्य, अप्रत्यावर्ती, अप्रतिवर्त्य।

irremediable इरि`मीडिॲबॅल् a. निरुपाय, उपायातीत, अप्रतिविधेय, अप्रतिकार्य, अचिकित्स्य, दुःसाध्य, असाध्य, लाचार।

irremediableness –नि`स् n. निरुपायता^F^, उपायातीतता^F^, **अप्रतिविधेयता^F^, अप्रतिकार्यता^F^, अचिकित्स्यता^F^,** दुःसाध्यता^F^, असाध्यता^F^, लाचारी^F^।

irremissible इरि`मि'सिबॅल् a. अनिवार्य, अवश्यकरणीय; अक्षम्य।

irremissive इरि`मि'सिव् a. अजस्र, अनवरत, सतत, निरन्तर।

irremovability, irremovableness इरि`मूवॅबि'लिटि', –नि`स् nn. अनपनेयता^F^, अपरिहार्यता^F^, अत्याज्यता^F^।

irremovable –'वॅबॅल् a. अनपनेय, अपरिहार्य, अत्याज्य; अचल, स्थिर, अटल।

irreparable इरे`पॅरॅबॅल् a. (घाव, हानि^F^ आदि) असाध्य, असमाधेय, अप्रतिकार्य, अपूरणीय, जीर्णोद्धारातीत।

irreparableness, irreparability –नि`स्, बि'लिटि nn. असमाधेयता^F^, असाध्यता^F^, अप्रतिकार्यता^F^, अपूरणीयता^F^, जीर्णोद्धारातीतत्व।

irrepealability इरि`पीलॅबि'लिटि n. अखण्डनीयता^F^, अनिवार्यता^F^, अनिवारणीयता^F^, अनपाकरणीयता^F^।

irrepealable –'लॅबॅल् a. अनिरसनीय, अखण्डनीय, अनिवारणीय, अनपाकरणीय।

irreplaceable इरि`प्लेसॅबॅल् a. अद्वितीय, अक्षतिपूरणीय, अपूरणीय, जीर्णोद्धारातीत।

irreprehensible इरे`प्रिहे`न्'सिबॅल् a. निर्दोष, निष्कलंक, कलंकरहित।

irrepressible –'सिबॅल् a. & n. अदम्य, दुर्दम (पुरुष), अदमनीय (व्यक्ति)।

irreproachability इरि`प्रोचॅबि'लिटि n. अगर्ह्यता^F^, अनिन्द्यता^F^, निर्दोषता^F^, निष्कलंकता^F^।

irreproachable –'चॅबॅल् a. अगर्ह्य, अनिन्द्य, निर्दोष, निष्कलंक।

irreproachableness –नि`स् n.=IRREPROACHABILITY.

irreproducible इरि`प्रॅड्यू'सिबॅल् a. अप्रत्युत्पाद्य, अप्रत्युद्भावनीय।

irreprovable इरि`प्रूवॅबॅल् a. निष्कलंक, निर्दोष, अनिन्द्य।

irresistance इरि`जिस्'टॅन्स् n. दुर्धरता^F^, दुर्निवारता^F^, अप्रतिकार्यता^F^; अनवरोध, अप्रतियत्न, अविरोध।

irresistibility, irresistibleness इरि`जिस्टिबि'लिटि, –नि`स् nn. दुर्धरता^F^, अरोध्यता^F^, दुर्निवारता^F^, अप्रतिकार्यता^F^, अनिवार्यता^F^।

irresistible –'टॅबॅल् a. दुर्धर, अरोध्य, दुर्निवार, अप्रतिकार्य, अनिवार्य, बेरोक।

irresoluble इरे`जॉलु(ल्यू)बॅल् a. अविभाज्य, अविलेय, अगलनीय, असाध्य।

irresolute –इरे`जॅलूट् a. चलवृत्ति, चंचलधी, लोलबुद्धि, चलचित्त, अधीर, अस्थिरमति; दोलायमान, अस्थिर, दुविधामें पड़ा हुआ।

irresoluteness, irresolution –नि`स, लू`शॅन् nn. चलवृत्तिता^F^, चंचलधीत्व, चपलता^F^, लोलबुद्धित्व,

अधीरता^F, चलचित्तता^F; दोलायमानता^F, अस्थिरता^F।

irresolvability इरि॑ज़ॉल्वॅबि॑लिटि n. (समस्या^F की) जटिलता^F, गहनता^F, टेढ़ापन, पेचीदापन; अविभाज्यता^F, अविश्लेषणीयता^F।

irresolvable –'वॅबॅल् a. (समस्या^F) जटिल, गहन, टेढ़ा, पेचीदा; अखण्डनीय, अविभाज्य, अविश्लेषणीय; असाधनीय; ~nebula (गणि०) अविभेदनीय निहारिका^F, अपृथक् दर्शनीय नीहारिका^F।

irrespective इरि॑स्पे॑क्'टिव् a. बिना अपेक्षा^F के, विचार किये बिना, बिना ध्यान दिये, निरपेक्ष; बिना प्रसंगके (प्रायः quasi adv. *the posts were filled ~of nationality*)।

irrespirable इरे॑स्'परॅबॅल् a. अश्वस्य, अश्वसनीय, साँस^F न लेने योग्य।

irresponsibility इरि॑स्पॉन्सिबि॑लिटि n. अनुत्तरदायित्व, गैरजिम्मेदारी^F।

irresponsible –'सॅबॅल् a. अनुत्तरदायी, गैरजिम्मेदार।

irresponsive –'सिव् a. अप्रत्युत्तरदायी, अनुत्तरदायी, प्रतिवचन न देनेवाला; प्रभावग्रहणशील।

irresponsiveness –निॅस् n. अनुत्तरदायित्व; प्रभावग्रहणशीलता^F।

irrestrainable इरि॑स्ट्रे'नॅबॅल् a. अनिग्राह्य, अनिग्रहणीय, असंयम्य, असंयमनीय।

irretention इरि॑टे॑न्'शॅन् n. धारणाक्षमता^F, रोक रखनेकी असमर्थता^F।

irretentive –'टिव् a. अप्रतिधारणात्मक, धारणाक्षम, न धारण करने योग्य, न रखने योग्य।

irretentiveness –निॅस् n. अप्रतिधारणात्मकता^F, धारणाक्षमता^F।

irretrievability इरि॑ट्रीवॅबि॑लिटि n. असमाधेयता^F, अप्रतिकार्यता^F, असाध्यता^F, पुनरलभ्यता^F, असमाहार्यता^F, अपुनःप्राप्यता^F।

irretrievable –'वॅबॅल् a. असमाधेय, अप्रतिकार्य, असाध्य, पुनरलभ्य, असमाहार्य; अपुनःप्राप्य।

irretrievableness –निॅस् n. = IRRETRIEVABILITY.

irreverence इ॑रे॑वॅरॅन्स् n. अश्रद्धा^F, अधिक्षेप, अवमान, अवज्ञा^F, परिभव, पराभव, तिरस्कार, अनादर।

irreverent –न्ट् a. श्रद्धाहीन, अधिक्षेपक, अवमानशील, अवज्ञाकारी, परिभवकर्ता, तिरस्कारपूर्ण, अनादरकारी।

irreverential –रे॑न्'शॅल् a. अधिक्षेपात्मक, अवमानात्मक, परिभवात्मक, पराभवजनक; तिरस्कारपूर्ण, अनादरपूर्ण; अश्रद्धात्मक।

irreversibility, irreversibleness इरि॑वर्सिबि॑लिटि, –निॅस् n. अपरिवर्तनीयता^F, अनिवर्त्यता^F, अपरिवर्त्यता^F, अप्रतिवर्त्यता^F।

irreversible –सॅबॅल् a. अपरिवर्तनीय, अपरिवर्त्य, अप्रतिवर्त्य, अनिवर्त्य, (~ *change*), अप्रत्यावर्ती (~*cell*), अनुत्क्रमणीय, अनपलट।

irrevocability इरे॑वॅकॅबि॑लिटि n. अटलता^F, अखण्ड्यता^F, अपरिवर्तनीयता^F, कड़ापन; विस्मृति^F, अपुनःस्मरणीयता^F।

irrevocable –'वॅकॅबॅल् a. अखण्ड्य, अपरिवर्तनीय, अविलोप्य, अनन्यथाकरणीय, अटल; विस्मृत, अपुनःस्मरणीय।

irrevocableness –निॅस् n. = IRREVOCABILITY.

irridescence ⊙ इरिडे॑'सॅन्स् n. (ज्यौ०) रंगदीप्ति^F।

irrigable इ॑रिगॅबॅल् a. भूसेचनीय, सींचनेयोग्य, आबपाशी^F करने लायक; स्फूर्ति^F लाने योग्य; धोने-बहाने लायक (घाव)।

irrigant इ॑रिगॅन्ट् a. भूसेचक, आबपाशी^F करनेवाला।

irrigate –गेट् v.t. (भूमि^F को) सींचना, सिंचाई^F करना, पानी देना, आबपाशी^F करना; जलप्लावित करना, जलयुक्त करना; (ला०) स्फूर्ति^F देना, ताजगी^F लाना; घावपर निरन्तर पानी डालते रहना।

irrigation –गे'शॅन् n. क्षेत्रपायन, भूसेचन, सेचन, सिंचन, (कृषि०, प्रा० भूगोल) सिंचाई^F, आबपाशी^F (*major, minor* ~); (कृषि०) प्रक्षालन; (चि०) जल-से या जलधारासे धोना; जल-प्लावन;

~advantages, ~agreement, ~alarm, ~branch, ~canal, ~cess, ~channel, ~department, ~development loan, ~district, ~engineer, ~engineering, ~equipment, ~facilities, ~panchayat, ~project, ~rates, ~requirements, ~revenue, ~society, ~staff, ~system, ~tank, ~water, ~water rate, ~well, ~works.

irrigational –'नॅल् a. भूसेचन-सम्बन्धी, सेचनीय, सेचन-विषयक, सिंचाईवाला, जलसिंचन-सम्बन्धी।

irrigative –'रिगेटिव् a. सींचनेवाला, आबपाशी^F करनेवाला; स्फूर्ति^F लानेवाला; निरन्तर तरल औषध^F डालनेवाला।

irrigator –टॅर् n. भूसेचक, सेचक, आबपाशिया, जलधावनका उपकरण, सिंचाई^F का साधन।

irriguous –'ग्यूॲस् a. प्रसिंचित, अभिसिंचित, सुसिंचित, अच्छी तरह सींचा हुआ, आर्द्र, तर, भीगा, गीला, नम।

irrision इरि॑'ज़ॅन n. प्रहसन, उपहास, हँसी^F, खिल्ली^F, मजाक।

irrisory –'सॅरि a. प्रहसनात्मक, उपहासात्मक।

irritability, irritableness इरि॑टॅबि॑लिटि, –निॅस n. उद्दीप्यता^F, (चि०) क्षोभ्यता^F, क्षोभशीलता^F, उत्तेजनप्रवणता^F, उत्तेज्यता^F, उत्तेजनशीलता^F, संवेदनशीलता^F, चिड़चिड़ापन, तुनुकमिजाजी^F।

irritable –'रिटॅबॅल a. आशुक्षुब्ध, उत्तेजन-प्रवण, उद्दीप्य, संवेदनशील (~*weakness*), विकारशील; आशुक्रोधी, अचिररोषी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज; (श० र० शा०) उत्तेजनाशील, उत्तेजनाप्रवण।

irritancy[1] –टॅन्सि n. क्षुब्धता^F, क्षोभ, कोप, रोष, क्रोध, चिड़चिड़ापन, झुंझलाहट^F, तुनुकमिजाजी^F।

irritancy² n. (क़ानून) प्रवृत्तिहीनता^F, शून्यकारिता^F, व्यर्थीकरण।

irritant –टॅन्ट् a. & n. (रसा०, चि०) उत्तेजक, प्रकोपक, क्षोभक, उत्तेजनाजनक (वस्तु^F), विकारजन्य (पदार्थ), संवेदनोत्पादक (वस्तु^F), प्रदाहजनक (ओषध^F); (ला०) कष्टदायक, सन्तापक; (क़ानून) शून्यकारी, वृथाकर (~*clause*)।

irritate –टेट् v.t. (*at, by, with, against* के साथ) उद्दीप्त करना, उत्तेजना^F उत्पन्न करना; क्षुब्ध करना, संवेदना^F उत्पन्न करना, विकार उत्पन्न करना; क्रुद्ध करना, रुष्ट करना, चिढ़ाना, कुढ़ाना, भड़काना, गुस्सा दिलाना; खुजलाना, लाल करना; (क़ानून) शून्य^F एवं व्यर्थ करना।

irritating –टिंग् a. (चि०) उत्तेजक, क्षोभकर, क्षोभकारी, प्रकोपी (~*odour*)।

irritation –रेशॅन् n. उद्दीपन, उत्तेजना^F, क्षोभ, क्षोभण, संवेदना^F, विकार; प्रदाह, सन्ताप, जलन^F, क्रोध, रोष, क्षोभ, कुढ़न^F, चिड़चिड़ाहट^F, गुस्सा, तैश।

irritative –'रिटेटिव a. सन्तापक, उत्तेजनात्मक, क्षोभमय, संवेदनशील, विकारशील; क्रोधात्मक, रोषात्मक, भड़कने-भड़कानेवाला, तैश दिखानेवाला।

irrupt इरप्ट् v.i. सेंध^F लगाना, प्रवेश करना, घुस जाना।

irruption –प्शॅन् n. निर्भेदन, अग्रप्रवेश; अभियान, आक्रमण, अभिधावन, चढ़ाई^F, धावा, हमला।

irruptive –'टिव् a. निर्भेदी, निर्भेदनशील, अभिधावनात्मक।

I.R.S. Indian Revenue Service.

is इस v. BE का वर्तमानकालिक रूप, है।

is- = ISO- (~*acoustic*, ~*anomaly*)।

I.S. Internal Security.

Isabella, Isabel इज़ॅबॅ'लॅ, इ'ज़ॅबे'ल a. & n. आधूसरपीत (वर्ण), कच्चा पीला (रंग)।

isabelline –'लिन् a. आधूसरपीत, भूरे-पीले रंगकी।

isagogic, -al आइसॅगॉ'जिक्, -ॲल् a. प्रारम्भिक, भूमिका-स्वरूप।

isagon आइ'सॅगॉन् n. समकोण-क्षेत्र।

I.S. & E. Inspector, Shops and Establishments.

isanthous आइसैन्'थॅस् a. सदापुष्पी।

I.S.C. Indian Service Congress; Indian Staff Corps.

ischiatic, -dic इस्किऐ'टिक्, -डिक् a. कुकुन्दरास्थीय, आसनास्थिक, नितम्बीय, नैतम्बिक, चूतड़का।

ischemia ⊙ इस्की'मिॲ n. (चि०) स्थानिक रक्ताल्पता^F।

ischiocavernosus ⊙ इस्किऑकैवॅर्नो'सॅस् n. (चि०) शिश्नप्रहर्षणी^F।

ischium ⊙ इस्'किॲम् n. (वाणि०, चि०) कुकुन्दरास्थि^F, आसनास्थि^F, आसनास्थिका^F, T.

ischuria इस्क्यू'रिॲ n. (चि०) मूत्राघात, मूत्रक्षय; मूत्रावरोध, मूत्ररोध।

I.S.E. Indian Service of Engineers.

-ise¹ संज्ञा^F बनानेमें प्रयुक्त (*franch*~, *merchand*~, *exerc*~)।

-ise² दे० IZE.

isenergic आइसिनर्'जिक् a. समूर्जस्वित, बराबर ऊर्जायुक्त, समान शक्तिवाला।

-ish¹ -विषयक, -सम्बन्धी,-का (*Brit* ~, *Dan* ~, *heathen*~, *outland*~); दुर्गुणार्थक विशेषण बनानेमें, (*fopp* ~, *monk* ~, *swin* ~); वस्तुओं^F के नामसे विशेषण (*book*~, *hell*~); क्रियाविशेषणमें भी (*snapp* ~, *stand-off*~, *upp*~); ईषत्, किंचित्-, कुछ (*stiff*~, *yellow*~); -समीप, आसपास (*eight*~, *forty*~)।

-ish² करना, बनाना अर्थमें क्रिया^F बनानेमें (*admon*~, *establ*~, *lav*~, *rel*~, *pun*~)।

Ishmael इश्'मेइॅल् n. जातिभ्रष्ट व्यक्ति, बहिष्कृत व्यक्ति, समाजच्युत व्यक्ति, इस्माईली।

Ishmaelite –लाइट् n. जातिभ्रष्ट व्यक्ति, समाजच्युत पुरुष।

I.S.I. Indian Standards Institute.

-isk लघु (*aster*~)।

island¹ आइस्'लॅन्ड् n. द्वीप (~*continent*, ~*platform*), टापू*, जजीरा; जहाजका ऊपरी ढाँचा या पुल; अलग-थलग जगह^F, एकान्त वनभूमि^F; कोषाणु समूह, (श०र०शा०) कोशा समूह, ऊतकका अलग भाग; ~s of the blest पितृलोक, स्वर्ग, ~dotted द्वीप-विन्दुकित (*sea*); ~strewn द्वीप-विकीर्ण (*sea*)।

island² v.t. द्वीप बनाना, टापू बनाना; पृथक् करना, अलग करना; द्वीपवत् विन्दुओंसे अंकित करना।

islanded –डिड् a. द्वीपीयित, द्वीप-समूह-युक्त।

islander –डॅर् n. द्वीपनिवासी, एकान्तवासी।

isle आइल् n. द्वीप, उपद्वीप, टापू।

islet आइ'लिट् n. द्वीपिका, द्वीपक, लघुद्वीप, छोटा टापू; विलग स्थल या भूखण्ड।

-ism¹ -त्व, -ता, -वाद (*bapt*~, *hero*~, *barbar*~, *conservat*~, *Lenin*~, *Gandh*~, *Gallic*~, *archa*~, *alcohol*~)।

ism² इ'ज़्म् n. वाद, सिद्धान्त, मत।

ismatic, -al –मैटिक्, -ॲल् a. सिद्धान्त-सम्बन्धी, वादीय।

iso- आइसो, स-, सम-, तुल्य-, (~*bilateral*, ~*chore*, ~*cortex*, ~*diametric*, ~*electric*, ~*magnetic*, ~*morphic*, ~*osmotic*, ~*product*)।

I.S.O. Imperial Service Order.

isobar आइ'सॅबार n. (कृषि०, रसा०, भौ०, प्रा०भूगोल, नौवि०), सम्भारिक; समपीडरेखा^F, समदाब रेखा^F।

isobaric –बैरिक a. समभाररेखीय, समदाबयुक्त; समदाब (~*process*) समदाबी, समदाबिक (~*transformation*)।

isochromatic आइसॅक्रॅमैटिक a. समवर्णीय, सवर्ण,

एक ही रंगका।

isochronal आइसॅक्रो'नॅल् a. = ISOCHRONOUS.

isochronism –सॉ'क्रॅनिज़्म् n. समवपात; समवप्रवणता^F, **समकालत्व,** समकालीनता^F, समकालावर्तिता^F, समकालिता^F।

isochronous –नॅस् a. (पेण्डुलमकी भाँति) तुल्यकम्पी; समकालिक (~*motion*), समकालावर्ती।

isochrous आइ'सॅक्रोॲस् a. समवर्णी, सवर्ण, एकरंगा।

isoclinal, isoclinic आइसॅक्लाइ'नॅल्, क्लि'निक् aa. समावपाती, **समनतिक, समनत** (~ *fold*, ~*strata*); **समनमन, समनमन रेखा**^F; समप्रवण।

isocryme आइ'सॅक्राइम् n. समशीतरेखा।

isodont आइ'सॅडॉन्ट् a. समदशन, समदन्त, एक ही प्रकारके दाँतोंका।

isodynamic आइसॅडिनै'मिक् a. समशक्ति^F, **समबल** (~*line*), **समगतिक,** बराबर गति^Fका।

isogamy आइसॉ'गॅमि n. (जीव०) **समयुग्मन, समसंयुग्मन।**

isogeotherm आइसॅजी'ॲथॅर्म् n. अन्तर्भू-समतापदर्शिका^F, अन्तर्भू-समताप रेखा^F।

isoglass आइ'सॅग्लास n. (भाषा०) समविकार रेखा^F।

isogon आइ'सॅगॉन् n. समकोण क्षेत्र, बराबर कोणोंसे युक्त आकृति^F।

isogonal –सॉ'गॅनॅल् a. **समदिक्पाती रेखा**^F; **तुल्यकोणिक;** समकोणक्षेत्रीय, समकोणीय, **तुल्यकोण,** अनुकोणीय, समकोण क्षेत्र-सम्बन्धी;

~conjugates, ~mapping, ~property, ~representation, ~transformation.

isogonic –सॅगॉ'निक् a. **समदिक्पाती** (~*line*), समदिक्पातीय, **समकोणिक** (~*line*), समविनत, **तुल्यकोण,** जो (चुम्बकीय परिवर्तनके) समान कोणोंका द्योतक हों।

isogram आइ'सॅग्रैम् n. समरेखा^F।

isohel ⊙ आइ'सॅहे`ल् n. समधर्मदर्शिका^F, **समआतप रेखा**^F।

isohyet आइसॅहाइ'ऍट् n. समवर्षा-दर्शिका^F, **समवृष्टि-रेखा**^F।

isolate आइ'सॅलेॅट् १. a. **एकल खोर, अकेल सुरा;** २. v.t. (रसा०) शोधना; संक्रामक रोगीका आवागमन निषिद्ध करना; **विच्छिन्न करना, वियुक्त करना,** विलग करना, **पृथक् करना, अलग करना,** अलगाना।

isolated –टिॅड् a. अलग्नकृत, **विलग, विलगित, पृथक्कृत, एकल** (~*dust-storm*); **वियुक्त, विच्छिन्न; अलग-थलग** (~ *position*): **एकाकी,** एकैक, इक्का-दुक्का;

~block, ~burst, ~calamities, ~fall, ~group, ~growth, ~ideal, ~island, ~loop, ~point, ~plots, ~position, ~post, ~rail, ~singularity, ~system, ~value, ~wall.

isolating –टिंग a. (भाषा०) अयोगात्मक।

isolation –ले'शॅन् n. एकलन, **विसंपर्कन,** अलग्नकरण, **पृथक्करण;** विच्छेद; पार्थक्य, **विविक्ति,** अयोग, पृथक्ता^F, विलगाव, (रसा०) **अलगाव;** ~hospital *or* ward (संक्रामक रोगियोंका) पृथक् अस्पताल या विभाग; ~camp, ~culture, ~period, ~strips, ~ward.

isolationism –निज़्म् n. तटस्थतावाद, पृथक्त्ववाद, **विविक्तिवाद।**

isolationist –निस्ट् n. तटस्थतावादी, पृथकत्ववादी, **विविक्तिवादी।**

isolator आइ'सॅलेटॅर् n. विच्छेदक, पृथक्कर्ता, विलगाव करनेवाला, अलगानेवाला; संक्रामक रोगीका आवागमन-नियन्त्रक।

isomagnetic आइसॅमैग्ने`टिक a. **समचुम्बकीय** (~ *chart, line*)।

isomer आइ'सॅमॅर् a. **समअवयवी।**

isomerian, isomeric आइसॅमीॲॲ'रिॲन्, आइसॅमे`रिक् aa. (रसा०) **समावयवी,** समानुपात (~ *values*)।

isomeride आइसॉ'मॅराइ(रि)ड् n. **सम-अवयवी।**

isomerisation –इज़े'शॅन् n. **सम-अवयवीकरण।**

isomerism –'मॅरिज़्म् n. **समअवयवता**^F।

isometric -al आइसॅमे`ट्रिक्, -ॲल् १. a. सममाप, सममात्रीय, **सममितीय,** समपरिमाण, समान माप^Fका; **सम-आयतनी;** (~ *line*) **तुल्यदूरीय,** २. n. सममापीय रेखा^F।

isometropia आइसॅमे`ट्रॉ'पिॲ n. (मनो०) **दृष्टिसमिति**^F।

isomorph आइ'सॅमॉर्फ् n. (रसा०) **सम आकृतिक।**

isomorphic –'फिक् a. (रसा०) **सम आकृतिक;** (ग०) **एकैक समाकारी** (~*extension*, ~ *mapping*)।

isomorphism –फिज़्म् n. (रसा०) **समआकृतिकता**^F; (ग०) **एकैक समाकारिता**^F, T.

isomorphous –फॅस् a. **सम-आकृतिक।**

isomorphism आइसॅमॉर्'फिज़्म् n. **समरूपता, समाकृतिकता, तुल्यरूपता,** सम आकृति^F, सम आकार, सदृश आकृति^F, समान रूप।

isomorphous –फॅस् a. (रसा०) **सममणिभीय;** समाकृति, **समाकृतिक,** समाकार, सदृशाकृति, समरूप, समान तुल्य बनावट^Fका।

isoneph आइ'सॅनेॅफ् n. **सममेघरेखा**^F।

isonomy आइसॉ'नॅमि n. समाधिकार, अधिकार-समता^F, अधिकार-सादृश्य, अधिकार-तुल्यता^F, अधिकारकी बराबरी^F।

isoperimetric, -al आइसॅपे`रिमे`ट्रिक्, -ॲल् aa. (गणि०) **समपरिमापी,** समपरिधिक, (~*problem*)।

isopiestic –ॲ'स्टिक् a. (भू०) **समातुलन** (~*level*); (रसा०) **समदाब** (~ *method*)।

isopod आइ'सॅपॉड n. समपाद, केकड़े-जैसा एक पपड़ेदार जीव, T.

isopyonic आइसॅपिऑ'निक् a. (ज्यौ०) **समघनत्व-रेखीय।**

isosceles आइसॉ'सॅलीज् a. (ग०) **समद्विबाहु** (~ *triangle*)।

isostasy आइसॉस्'टॅसि n. संतोल, भूसंतोल, **समस्थिरता**[F]; **समस्थानिक।**

isostatic –सॅस्टै'टिक् a. संतोलीय, संतोल-विषयक, भूसमतलन-, भू-संतोल- सम्बन्धी; समगतिक, **समस्थिर;**
~ balance, ~ compensation, ~equilibrium, ~ readjustment, ~ response.

isotach आइ'सॅटैक् n. (ज्यौ०) **समवायुगतिरेखा**[F]।

isothere आइ'सॅथीॲर् n. समोष्णरेखा[F]।

isotherm आइ'सॅथर्म् n. **समताप** (रेखा[F]), **समतापीयक।**

isothermal –'मॅल् a. & n. **समतापी, समतापीय,** समताप-दर्शक रेखा[F];
~ atmosphere, ~change, ~compression, ~curve, ~ enclosure, ~ expansion, ~ line, ~ process, ~surface.

isotonic आइसॅटॉ'निक् a. (रसा०, चि०) **समपरासारी, समपरिसारी;** समतान, **समतानी;** समबल, **समबली; सावयव;**
~ coefficient, ~contraction, ~ solution.

isotope आइ'सॅटोप् n. (भौ० रसा०, चि०) समस्थानी, **समस्थानिका**[F]; T.

isotopic आइसॅटॉ'पिक् a. **समस्थानिकीय, आइसोटोपीय;**
~ analysis, ~ constitution, ~weight.

isotropic आइसॅट्रॉ'पिक् a. **समदिक्** (~*body*, ~ *radiation*); ~ *line* **वृत्तीय रेखा**[F]।

isotropy आइसॉ'ट्रॅपि n. (ग०) **समचिह्नता**[F], **समदिकता**[F]।

I.S.S. Indian Sugar Stardard; International Student Service.

issuable इ'स्यूॲबॅल् a. निकास्य, निकासनीय, निर्गम्य, निर्गमनीय; प्रस्रवणीय; निःस्रवणीय; विवाद्य, विवदनीय; प्रेषणीय; प्रकाश्य, छापने योग्य, जारी करने योग्य।

issuance ⊙ ॲन्स् = ISSUE[1], प्रकाशन, आदि; चालान, इजरा।

issue[1] –यू n. निर्गम-मार्ग, **निकास,** निकासन, बाहर जानेका द्वार; (नदीका) मुख, मुहाना; सन्तति[F], सन्तान[F], अपत्य, औलाद[F] (*without male* ~); प्रस्राव, निःस्राव, **निर्गम,** निकासी (~*price*), समाप्ति[F], अन्त; रक्तस्राव, खूनका बहाव; विजातीय या क्षोभक द्रव्य रखकर बनाया तथा रखा हुआ पूयस्रावी व्रण; फल, परिणाम; **विवादपद, वाद-पद, वाद-विन्दु,** वादविषय, **तनकीह; विचार वस्तु**[F], विचार्य विषय; प्रकाशन, अंक; प्रेषण (~*section*); at ~ (व्यक्ति) परस्पर-विरोधी; (वस्तु[F]) विवादास्पद; ~ of fact वाद विषय; ~ of law विवाद विषय; ~ of money धनकी निकासी[F]; *in the* ~ अपूर्ण अवस्था[F]में; *join* ~ विवाद करना, बहस[F] करना, विपक्ष द्वारा प्रस्तुत वाद विषय मान लेना;
~ bay, I ~ Branch, ~ clerk, ~ column, ~ department, ~note, ~number, ~orders, ~ price rate, ~ rate, ~ register, ~ reminders, ~-room, ~ section, ~ statement, ~ vat, ~ voucher.

issue[2] v.i. & t. (प्रायः ~ *out, forth*) निकलना, निकल पड़ना, पैदा होना, फूटना, रसना; प्रकाशित होना, छप जाना; परिणाम निकलना, फल निकलना, परिणत होना, फल होना, अन्त होना; प्रकाशित करना, मुद्रित करना, छापना, **निकालना, जारी करना; देना;** निकलना या बह चलना, बाहर आना, पैदा होना, उगना, उठना, जारी होना।

issueless –लिस् a. निर्गमहीन, रक्तस्रावशून्य, बेनिकास; निर्वंश, निःसन्तान, सन्तानशून्य; सन्ततिहीन।

issuer –ॲर् n. निर्गामी; प्रेषक; प्रकाशक; प्रस्रावी, निस्रावी (वस्तु[F])।

issuing –इंग् a. निर्गामी, निर्गमन-, निकलनेवाला (~ *gases*, ~ *officer*); ~house **इजरा-घर।**

I.S.T. Indian Standard Time.

-ist- वादी -मतावलम्बी (*Darwin~, fatal~, athe~, ventriloqu~*); -कार, -साज (*dent~, tobaccon~, balloon~*); अन्य व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ[F] बनानेमें भी (*antagon~, plagiar~*)।

-ister -ज्ञ, -ज्ञाता, -विद्, -शास्त्री (*chor ~, palm ~, soph~*)।

isthmian इस्थ्'मिॲन् a. योजक, योजकीय, संयोग-भूमिका[F], भूडमरूमध्यीय; आशयग्रीवा[F]से सम्बन्धित।

isthmus –मॅस, इस्'मॅस् n. संयोगभूमि[F], **थलसंधि**[F], **भूसंधि**[F], **स्थल-संयोजक,** भूडमरूमध्य; T; (श० र० शा०, वन०) **संयोजक,** अनुमस्तुलुगयोजक, यौनिक, आशयग्रीवा[F], अन्तर्ग्रीवा[F]।

it[1]. इट् n. ITALIAN का संक्षिप्त रूप, शराब (*gin & ~*)।

it[2] pron. यह, वह; (बोल०) चरमसीमा[F], पराकाष्ठा[F] (*for barefaced lying you really are ~*)।

I.T. Income-Tax.

It. Italian.

ita est (L) ऐसा ही है।

ital. italic.

Italian इटै'ल्यॅन् १. a. इताली, इटलीका; २. इताली, इटली-वासी; इताली भाषा[F]; ~millets, (कृषि०) कँगनी[F]; (~ *cloth, garden, hand-writing*); ~ millet **कंगनी।**

Italianate –नेट् a. इताली-वैशिष्ट्य-सम्पन्न, इटलीकी विशेषताओं[F]से युक्त।

italic[1] इटै'लिक् n. (pl.) कणिक, तिर्यगक्षर, तिरछे टाइप।

italic[2] a. प्राचीन इटली-सम्बन्धी; ~ type (१५०० ई० में वेनिस निवासी ऐल्डस मैनुशस द्वारा आविष्कृत) कणिक,

तिरछा टाइप।

italicize –लिसाइज़् v.t. तिर्यगक्षर बनाना, तिरछे अक्षरोंमें छपाई^F करना।

itch¹ इच्' n. उत्कट लालसा^F, तीव्र इच्छा^F; कण्डूति^F, कण्डू^F, **खुजली**^F, खाज^F, खारिश^F।

itch² v.t. उत्कट लालसा^F होना, तीव्र इच्छा^F होना; कण्डूया^F उत्पन्न होना, खुजलाना, खुजली^F उठना, खाज^F पैदा होना, *scratch where it ~es* जहाँ खुजली^F हो वहाँ खुजलाना।

itchiness –'चिनिस् n. उत्कट इच्छा^F, चस्का, चाट^F, लत^F; खर्जु, कण्डूति^F, खुजलाहट^F, **खुजली**^F।

itchy –चि a. कण्डूमय, कण्डूल, खुजलीवाला, खाज^F का।

-ite¹ अपत्यवाचक, -सम्बन्धी, का, (संज्ञा^F एवं विशेषण बनानेमें; जैसे, *Stagir ~, Sybar ~, Durham~, Shelley~*)।

-ite² जीवाश्मीय अथवा खनिजवाचक संज्ञाएँ^F बनानेमें, -इज (*ammon~, belemn~, anthrac~, haemat ~, graph~, darwin~*); अंग (*cer~, som~*); शर्करा^F (*dulc~, pin~*); विस्फोटक (*cord~, dynam~*); व्यापारी पदार्थ (*ebon~, vulcan~*)।

-ite³ –*itus* में अन्त होनेवाले लैटिन भूतकृदन्तोंसे विशेषण बनानेमें (*erud~, compos~*); संज्ञाएँ^F बनानेमें भी (*appet ~*); *-it-* से युक्त लैटिन भूत-कृदन्तमूल शब्दोंसे क्रिया^F बनानेमें (*exped ~, un~*)।

I.T.F. International Trade Fair.

item¹ n. (समाचार-पत्र आदिमें) समाचार-विवरण; पद, **विषय**, विषयक्रम, प्रकरण; वस्तु^F, (अर्थ०) **मद**, बाबत; **कालम**; (हिसाब-किताबमें) प्रकरण, विषय या मदका उल्लेख।

item² आइ'टॅम् adv. तथैव, भी, उसी प्रकार।

itemize⊙ आइ'टॅमाइज़् v.t. प्रकरणशः पदबद्ध करना, उल्लेख करना, एक-एक मद लिखना, मदोंमें बाँटना, **मदवार करना**।

iterance, iterancy, iteration इ'टॅरॅन्स, –सि, –रे'शॅन् nn. पुनरावृत्ति^F, पुनर्कथन, **पुनरुक्ति**^F, पुनर्वचन, दुहराना, दोहराव।

iterate –रेट् v.t. पुनरावृत्ति^F करना, पुनरुक्ति^F करना, दुहराना, फिर कहना।

iteration –रे'शॅन् n. पुनरावृत्ति^F, **पुनरुक्ति**^F।

iterative –रॅटिव् a. पुनरावृत्तीय, पुनरावृत्यात्मक, पुनरुक्ति^F करनेवाला, दुहरानेवाला।

-ites दे० = ITE¹, अनुयायी (*congress~, Gandh~*)।

Ithuriel's spear इथ्यूॲरिॲल्स् स्पीॲर् n. सत्यता^F-की अचूक परीक्षा^F, खोटेखरेकी कसौटी^F।

ithyphallic इथिफै'लिक् a. (इति०) **महालिंगी**।

itineracy, itinerancy आइ(इ)टि'नॅरॅसि, आइ(इ)-टि'नॅरॅन्सि nn. भ्रमणशीलता^F, खानाबदोशी^F, सैलानीपन।

itinerant –न्ट् a. **भ्रमणशील**, परिभ्रामी, सैलानी, घूमता-फिरता (*~ worker*)।

itinerary¹ –रॅरि n. यात्रापथ, यात्रा-मार्ग, दौरा, रास्ता; यात्रा-क्रम, **मार्ग-सूची**, **भ्रमण-सूची**; यात्रा-विवरण, यात्रावृत्त, भ्रमण-वृत्तान्त, सफरनामा; पथप्रदर्शक पुस्तक^F, मार्गनिर्देशिका^F।

itinerary² a. यात्रा-सम्बन्धी, भ्रमण-सम्बन्धी, परिभ्रमणात्मक, यात्रीय, सफरी; मार्गीय, पथ-सम्बन्धी।

itinerate –रेट् v. i. भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, यात्रा^F करना, घूमना, भटकना, दौरा करना, गश्त^F लगाना।

itineration –रे'शॅन् n. भ्रमण, परिभ्रमण, यात्रा^F, घूमना, भटकना, सफर, गश्त^F।

-ition = ION, (लैटिनके तृतीय या चतुर्थ गणके भूत-कृदन्त-मूल शब्दोंमें प्रयुक्त, *perd~, part~*)।

-itious¹ -आत्मक, -युक्त (*fact~*)।

-itious² वास्तवमें *-it* में अन्त होनेवाले लैटिन-मूल शब्दोंमें *-ious* जोड़ा जाता है; जैसे, *ambitious, nutritious*; क्र० इसका रूप *-icious* हो जाता है, जैसे, *malicious*)।

-itis -कोप, -प्रकोप, -दाह (*appendic~, bronch~, card~, laryng~*)।

I.T.O. International Trade Organization; Income Tax Officer.

-itous -युक्त, -उत्पादक, -जनक (*calam~*)।

itself इटसे'ल्फ़्' pron. स्वयं, आप-ही-आप, अपने-आप, अपने तईं; *by ~* = ITSELF; *in ~* स्वयंमें, स्वयं ही, स्वतन्त्ररूपसे, अपने-ही-आप।

I.T.U. International Tele-communication Union.

I.T.U.C. Indian Trade Union Congress.

I.T.V. Insusceptible to Vaccination.

-ity दे० -TY (*com ~, prior~*)।

I.U. International Unit.

I.U.C.W. International Union for Child Welfare.

-ium वैज्ञानिक तत्त्वोंके नाम बनानेमें प्रयुक्त (*sod~, potass ~*)।

I.U.O.T.O. International Union of Official Travel Organization.

-ive, -iff संज्ञा^F बनानेमें (*bailiff, plaintiff; captive, native, relative*)।

-ive -प्रवृत्त्यात्मक, -स्वभावात्मक, -प्रकृतिका, -स्वभावका (विशेषण बनानेमें प्रयुक्त; *act~, amus~, coerc~, decis~, extens~, fert~*)।

ivied आइ'विड् a. सिरपेंचेकी लतावाला।

ivory आइ'वॅरि n. pl. गजदन्त, हस्तिदन्त, हाथीदाँत; (चि०) अनेकमणियों^F का दन्त द्रव्य; (ग्रा० pl.) पाँसा, सण्टेका खेल, पियानोकी खूँटियाँ^F, बिलियर्डबाल; (sing. या pl.) दन्त, दाँत; (pl.) हाथीदाँतकी वस्तुएँ^F; black ~ (अफ्रीकाके) हब्शी दास या गुलाम; ~black नागदन्त वर्ण, (रसा०) **दन्ति कज्जलि**, हाथीदाँतके कोयलेसे बनाया गया काला रंग; ~ carver **दन्तकार**; ~-nut

(द० अ० के) खजूरकी गुठली^{F}; ~tower दे० TOWER; vegetable ~ (द० अ० के) खजूरकी कठोर बीजसार या श्वेत कल्क;

~ bangles, ~ brown, ~ comb, ~ protractor.

I.V.R.I. Indian Veterinary Research Institute.

I.V.S. Indian Veterinary Service.

ivy आइ'वि n. सिरपेंचेकी लता^{F}, (*geranium* ~, ~ *tree*, *poison* ~ अनेक भेद)।

I.W.D. Inspector Watch and Ward.

I.W.W. Industrial Workers of the World.

-ix स्त्रीप्रत्यय (*testatr*~)।

I.Y. Imperial Yeomanry.

izar n. (गणि०) **पंचर्म भूतेश,** T.

izard इ'ज़ॅड् n. (पिरैनीज पर्वतमें प्राप्य) कृष्णसार।

izard इ'ज़ॅड् n. (प्रा०) Z वर्ण (*from A to I*~)।

-ize -करना, बनाना (*catech* ~, *apostat* ~, *sympath* ~, *pulver* ~, *anglic* ~, *mobil* ~, *calvin* ~, *oxid* ~)।

izzat इ'ज़ॅट् n. यश, प्रतिष्ठा^{F}, मर्यादा^{F}, मान, इज्जत^F।

J

J, j जे', जे' letter अंग्रेजी वर्णमाला^{F}का दसवाँ अक्षर, ज; (pen) जे वर्णांकित या जे मुहर^{F}से युक्त चौड़ी नोक^F (की कलम^F); J मार्का कलम^{F}की निब^F।

J. Jew; Jewish; Justice (Judge).

j journal.

J.A. Joint Account.

jaal-goat जे'अॅल-गोट्, याल-गोट् n. वन्य अज, जंगली बकरा।

jab जैब्' १. n. आकस्मिक आघात, (किसी नोकीली वस्तु से) त्वग्भेदन, आघात या प्रहार; (सेना०) आविद्ध भालेका पुनरावेधन, भोंकी हुई संगीन^{F}को निकाले बिना फिरसे घुसेड़नेकी क्रिया^{F}; २. v.t. वेधना, निर्दयता^{F}से चुभोना, विद्ध करना, (किसी चीज^{F}को) सहसा घुसेड़ना, छेदना, भोंकना, घाव करना।

jabber जै'बॅर् v.t. & i. जल्दी-जल्दी और अस्पष्ट बोलना; बन्दरों आदिके समान किलकिलाना, कटकटाना; प्रलाप करना, जल्पना, बढ़-चढ़कर बातें^{F} करना, बकवाद^F करना, अण्ड-बण्ड बकना, बकझक^F करना, बकना, बहकना, बड़बड़ाना।

jabberer –रॅर् n. जल्पक व्यक्ति, प्रलापक, बकवादी, द्रुतभाषी, बकबकी, बकबकिया, गिलबिली आदमी, गिटपिटी आदमी, गड़बड़िया, बक्की।

jabbering –रिंग् n. जल्पना^{F}, प्रलाप, निरर्थक वाग्धारा^{F}, द्रुत-कथन, द्रुत-भाषण, अव्यक्त वचन, बकवाद^F बड़बड़, बकझक^F, गिलबिल^F, गिटपिट^F।

jabiru जै'बिरू n. क्रौंच, जुबरू पक्षी।

jaborandi जैबॅरैन्'डि n. स्वेदन-पत्र, एक वृक्षकी सूखी पत्तियाँ^{F}।

jabot जैबो' n. मर्दोंकी कमीज^{F}के अग्रभागकी झालर^F; स्त्रियों^{F}की चोली^{F} या अँगिया^{F}की नक्काशीदार झालर^F, अथवा किनारी^{F}, गोट^F।

jacana जैकॅना n. जल-कपोत, झिल्लीदार पंजोंवाला उष्णदेशीय जलपक्षी^{F}।

jacent जे'सॅन्ट् a. आलम्बित, पड़ा हुआ; आलसी, मन्द, तन्द्रालु, सुप्त।

jacinth जै(जे)'सिन्थ् n. मणि, आरक्त नारंगी रंगका रत्न, गोमेदका एक प्रकार या उपभेद।

jack[1] जैक्' n. श्रमजीवी, श्रमिक, फुटकर मजदूर, कर्मी, मजूर; (ताशमें) गुलामका पत्ता; अनुचर, छोकरा, लौंडा, गुरगा; विशेषतः साधारण जनोंमें प्रतीक-स्वरूप, जॉन (John) नामका प्रचलित या लौकिक रूप; मांस भूननेका पलटा या सीकचा, कल^F, घुमानेका यन्त्र; भारी बोझ उठानेवाली कल^F; उत्थाप या उत्तोलक-यन्त्र, अड्डा, टेकन, धुरेको जमीनसे उठानेवाला यन्त्र (*carriage* ~); पुर्जे; एक मछली^{F}, मछली^{F}का बच्चा; खिलाड़ियोंके लक्ष्यसिद्ध्यार्थ कन्दुक या गेंद^F; धूर्त, दुष्ट, शठ, पाजी⊙; black ~ प्रायः राल बिरौजा आदिसे अनुलिप्त सिझाये चमड़ेका; everyman ~ प्रत्येक व्यक्ति, हर एक आदमी, ~ of all trades प्रत्येक विषयमें हस्तक्षेप करनेवाला, हरफनमौला; J~-a-dandy बना-ठना व्यक्ति, बाँका, छैला, रसिया; ~ arch **छतडाट^F, जैकमहराब**; ~ass गर्दभ, गदहा; दुर्बुद्धि, जड़बुद्धि; दम्भी, पाखण्डी, ढोंगी; **थैला**; ~boot घुटनेके ऊपरतकका जूता; ~daw चोर काक, मीनारोंमें छिपकर रहनेवाला कौआ; J~ Frost चेतनायुक्त कुहरा, सजीव अवश्याय; J~in office उपद्रवी, उद्दण्ड, दम्भी, घमण्डी, तंग करनेवाला, चिड़चिड़ा या शैतान अधिकारी या अफसर; ~-in-the-box सन्दूक खुलते ही बाहर आ जानेवाला खिलौना या क्रीडनक, अग्निक्रीड़ा या आतिशबाजी^{F}का एक रूप, स्प्रिंगदार खिलौना; J~-in-the-green ग्रीष्मोत्सव (May Day) के खेलोंमें पत्तियों^{F}से ढके चौखटेमें बन्द व्यक्ति; ~in-the-pulpit⊙ एक पौधा; J~ Ketch बधिक, हत्यारा, जल्लाद; उद्धर्षक; ~-knife मूठदार बड़ा जेबी चाकू; ~-o'-lantern (प्रायः ला०) इन्द्रजाल, माया^{F}, छल, जाल, राक्षसी आग^F, अगिया बैताल; ~-plane **मोटा रन्दा**; ~pot स्वच्छन्द, निरंकुश, परम स्वतन्त्र; (ताश) संयुक्त नीवी^{F}, परिपण या दाँव; ~ pudding विदूषक, मसखरा, मजाकिया, भाँड; देहाती, गँवार, उजड्ड, ~-rafter ओरी^{F}की छोटी बल्ली^{F}, धरन^F या कड़ी^{F}, **अधकड़ी^{F}**; ~-snipe छोटी जाति^{F}का चाहा पक्षी; ~-

straw गोबर-गणेश, निकम्मा आदमी; ~ stray **तिर पाल तार**; ~ tar साधारण नाविक, माँझी, मामूली मल्लाह; ~-towel बेलनसे लटकती बिना किनारेकी तौलिया^F; *before you could say J ~ Robinson* अकस्मात्, अचानक, एकाएक, शीघ्रता^Fसे, क्षणभरमें, पलक मारते, पलभरमें, दमभरमें, तेजी^Fसे, जल्दी^Fसे; ~ *up* परित्याग कर देना, त्यागना, छोड़ना;

~ brick, ~ knife, ~ plug, ~ rope, ~ screw, ~ staff, ~ stay, ~ strip.

jack[2] v.t. गाड़ी^Fके पहियेको उत्थापक या उत्तोलकयन्त्रसे उभाड़ना, उठाना।

jack[3] n. राष्ट्रसूचक पोतध्वज, जहाजके सामनेका राष्ट्र-चिह्नांकित झण्डा, निशान, **पाइट झण्डा** (*British ~*); ~-staff ध्वजस्तम्भ, **ध्वजदण्ड**, झण्डेका डण्डा; **डण्डा**।

jack[4] n. पैदल सिपाहियोंका बिना आस्तीन^Fका कोट; मदिराभाण्ड, कुप्पा, शराब^Fका बर्तन।

jack[5] n. कण्टकिफल, पनस या कटहलके समान एक फल; ~ fruit पनस, **कटहल**;

~ pine, ~ rose, ~ tree, ~ wood.

jackal जै'कॉल् १. n. वंचक, धूर्त; श्रृगाल, जम्बुक, सियार, गीदड़; (ला०) प्रारम्भिक और झंझटी कार्य करनेवाला; २. v.i. धूर्तता^F करना; अभिनय करना, स्वांग भरना।

jackanapes जै'कॅनेप्स् n. (प्रा०) शाखामृग, वानर, बन्दर; अविनीत, धृष्ट, गुस्ताख; आडम्बरी, धृष्ट बालक, बना हुआ व्यक्ति, बाँका, छैला, दम्भी।

jackaroo जै'कॅरू n. (ग्रा०) अनभ्यस्त (व्यक्ति), साधक, अननुभवी, बिना मँजा व्यक्ति, नवसिखुआ; नवमित्र, नया सहवासी, नयासाथी।

jacket जै'किट् n. पशुचर्म, जानवरकी खाल^F; बाह्य आच्छादन, बायलरका बाह्यावरण; रंगीन और कलात्मक पुस्तकावरण, जैकिट^F; निचोल, कंचक, बाह्यवस्त्र, मिरजई^F, कोट, बण्डी^F, सदरी^F, फतुही^F, (रसा०) **जाकेट**; ~ layer (रसा०) **चोलक**, *cover with ~* आवरण चढ़ाना, आवृत्त करना, वस्त्राच्छादन करना, कपड़ेसे ढँकना, ओढ़ना, ओढ़ाना, जाकट पहनना या पहनाना; *dust his ~* उसे मारो, उसे पीटो; *potatoes boiled in their ~s* छिलके सहित उबाले हुए आलू।

jackstays जैक्'स्टेज् n. पालकी रस्सियाँ^F या फाँसियाँ^F।

Jacob जे'कॅब् n. (*~'s ladder* भी) सफेद अथवा नीले फूलोंका एक पौधा; (नौवि०) **झूला-सीढ़ी**^F; रस्सी^Fकी सीढ़ी^F।

Jacobean जैकॅबी'अन् a. काले वलूतके रंगका, काले माजूफलके रंगका, काले ओकके रंगका; काला; सेण्ट जेम्स-सम्बन्धी, जेम्स प्रथमके शासनकालका, T, अवनिश्चायक।

Jacobin[1] जै'कॅबिन् n. विद्रोही, उग्र मौलिकतावादी, कठोर सुधारवादी; सन्त डोमिनिकके सम्प्रदायका ईसाई संन्यासी T.।

jacobin[2] n. पारावत, कबूतर; झुके डुप परोंवाली कपोत।

Jacobinic, -al -निक्, -अॅल् aa. प्रजातन्त्रवादी; विद्रोही, जैकोबी।

Jacobinism -'कॅबिनिज़्म् n. विद्रोह, प्रजातन्त्रवाद, उग्र सुधारवाद।

Jacobite जै'कॅबाइट् a. जेम्स द्वितीय अथवा उसके पुत्र 'दि प्रिटेण्डर'का अनुयायी।

Jacobitical -बि'टिकॅल् a. जेम्स द्वितीयका समर्थक।

Jacobitism -'कॅबाइटिज़्म् n. जेम्स द्वितीयके समर्थकोंका मत।

jacobus जको'बॅस् n. (pl. *-es*) जेम्सकालीन एक स्वर्ण-मुद्रा^F।

jaconet जै'कॅनिट् n. श्लक्ष्णा^F, औसत मोटाई^Fका सूती कपड़ा (विशेषतः पुलटिस^F चढ़ानेके लिए रंगीन) जलरुध्; नयनसुख, जैकोनेट (एक प्रकारका वस्त्र)।

Jacquard loom जै'कार्ड् लूम् n. चित्रलवेम, चित्रित वस्त्र बुननेके लिए जे० एम० जैकार्ड द्वारा आविष्कृत साधित्र संवलित करघा।

jacquerie (F) जैकॅरी' n. कृषक-विद्रोह, खेतिहर-विद्रोह; (१३५७–५८) फ्रांसके सामन्तोंके विरुद्ध कृषक-विद्रोह; कृषक-जागरण।

jacta est alea (L) पाँसा पड़ गया।

jactation जैक्टे'शॅन् n. फेरना, फेरनेकी क्रिया^F; (बीमारी^Fसे) अशान्ति^F, बेचैनी^F; शारीरिक उद्विग्नता^F; अहम्मन्यतापूर्ण बातें^F करना, बढ़-चढ़कर बातें^F करना।

jactitation जैक्टिटे'शॅन् n. (रोगमें) तिलमिलाहट^F, तड़फड़ाना, तड़प^F; अवयव या मांसपेशियों^Fमें झटका, तनाव, खिंचाव, विकत्थन; ~ of marriage विवाह-विकत्थन; मिथ्यापति या मिथ्यापत्नी^F बननेका ढोंग।

jaculate जै'क्यूलेट् v.t. फेंकना।

jaculation -ले'शॅन् n. उत्क्षेपण, क्षेप, फेंकना।

jaculator -'क्यूलेटॅर् n. क्षेपक, उत्क्षेपक, फेंकनेवाला।

jaculatory -लॅटॅरि a. क्षेपकीय; क्षेप्य।

jacure-अॅर् n. जलपोत, (छोटा) जहाज।

jade[1] जेड' १. n. (भर्त्सनार्थ प्रायः गाली^Fके रूपमें प्रयुक्त) वेश्या^F, दुश्चरित्रा^F, छिनाल^F; टट्टू, थका हुआ या जीर्ण घोड़ा; २. v.t. (विशेषतः p. p.) क्लान्त करना, शीर्ण करना, कठिन परिश्रमसे थक जाना, थकाना, घिस जाना, रगड़ना।

jade[2] n. हरित, नील या श्वेत वज्रमणि, हरितमणि, हरिताश्म, हीरा; (रसा०) **संग यशब**।

jadeite जे'डाइट् n. हरितमणि, हरिताश्म, हरिद्वज्रमणि, हरा हीरा।

jadish जे'डिश् a. १. उपहासास्पद; दुष्ट, दुश्चरित्र, बुरा, छिनाल; २. हरिताश्मवत्, हरितमणि-सदृश; हरिद्वज्रमणि-सदृश, हरे हीरे-जैसा।

jaeger ये'गॅर् n. (*J ~* भी) शुद्ध ऊनी वस्त्र, जेगर कपड़ा।

J.A.E.I. Junior Assistant Electric Inspector.

Jaffa जै'फ़ॅ n. एक प्रकारकी मरुस्थलीय नारंगी^F।

jag[1] जैग्' n. उत्क्षेप, चट्टान^Fका नोकीला भाग, कोना, दाँता; विभाजनः (यन्त्र०) **कँटीला काबला**।

jag² v.t. दाँतेदार बनाना, गडढेदार बनाना, खुरदरा करना, दाँते डालना; आक्रम या बेढंगा फाड़ना, ऊबड़-खावड़ बनाना।

jag³ ⊙ n. (बोली^F) पीनेवालोंकी मण्डली^F, पीनेकी चौकड़ी^F, पीनेका दौर।

jagged –ड् a. अचिक्कण, विषम, असम, खुरखुरा, खुरदुरा; **कँटीला** (~ *bolt*), दाँतेदार, दँतीला।

jaggedness –'गि ड्‌नि स् n. खुरदुरापन, खुरखुरापन।

jagger जैं'गर् n. विषम रूपसे काटनेवाला, दँतीला बनानेवाला।

jaggery जैं'गरि n. तालकी खाँड^F, ताड़-गुड़; कच्ची चीनी^F, देशी खाँड^F, शक्कर^F; (रसा०) **गुड़**।

jaggy जैं'गि a. प्रक्षिप्त, नोकदार, नोकीला; = JAGGED.

jaghir(e) जॅगीअॅर्' n. जिर्ती, जागीर^F।

jaghirdar –'डार n. जिर्तेदार, जागीरदार।

jaguar जैं'ग्वर्, जैं'ग्यूअॅर् n. कर्वर, चित्रक, चीता, जंगली बिल्ला।

jail जेल् n. कारा^F, कारागार, **कारागृह**, कारावास, **जेल**^F, बन्दीखाना, कैदखाना; ~ fever (चि०) टैफस ज्वर, तन्द्रिक ज्वर;

~ bird, ~ budget, ~ delivery, ~ department, ~employ, ~employment, ~ factory, ~ history ticket, ~ hospital, ~ industries, ~ land, J ~ Manual, ~ manufactory, ~ order book, ~ precincts, ~ press, ~ service, ~ staff, ~ superintendent, ~ supplies, ~-warden, ~ warrant.

jailor –'लॅर n. कारापति, **कारापाल**, कारागार-स्वामी, कारावासाध्यक्ष, **जेलर**।

Jainism जाइ'निज़्म् n. जैनमत, जैनधर्म।

jakes जेक्स्' n. संसर्गी; सहयोगी, सहकारी; = PRIVY.

jalap जैं'लॅप् n. रेचकन्द, विरेचक ओपधि^F, जुलाव, (कृषि०) **जलापा**, T.।

jalapin –पिन् n. रेचक या विरेचक ओपधि^F, जुलाब, जलापाका ग्लूकोसाइड।

jalousie जैं'लूज़ी n. वातायनच्छद, (वेनिसका) खिड़की^F-का पर्दा।

jam¹ जैम्' १. n. भ्रमजाल, जंजाल, कठिनाई^F, हैरानी^F; निपीडपुंज, जमाव; अवरोध, दाब, दवाव, रोक^F; संकुलन, पाशन, भीड़^F, (यन्त्र आदिके लिए) इस कारण रुकावट^F; २. v.t. & i. (समाचार, यन्त्र) अन्यत्र प्रयोग द्वारा दुर्बोध बनाना, (बेतारका तार) गड़बड़ कर देना, बिगाड़ना; **कसना, जाम करना**; (कल^Fके किसी पुर्जेको) ऐसा गाड़ देना या जकड़ देना कि वह काम न कर सके; (मार्ग आदिका) अवरोध करना, भीड़^F मचाना, रोक^F लगाना; जोरसे घुसेड़ना; किसी वस्तु^Fमें पच्चरकी तरह ठुँक जाना, कसकर घुस जाना या जमकर बैठ जाना, जमना, अटकना, फँसना, जाम होना; दबाकर तत्त्व निकालना, भींचना, रौंदना, पीसना, दबाना, निचोड़ना; (वस्तुओं^Fको) दबाकर एकाकार करना, ठस कर देना; ~ nut **बन्धक ढिबरी**^F।

jam² n. फलपाग, **मुरब्बा; जैम**, ~-stroke पेण्डुलम (pendulum) का आघात; real ~ (ग्रा०) अपूर्व आतिथ्य, सुन्दर भोज, अच्छी मेहमानदारी^F, खासा भोजन, शानदार स्वागत-सत्कार, भारी दावत^F।

Jamaica जमे'क n. (~ *rum* भी) जमेकाका ठर्रा (मदिरा^F)।

jamb जैम्' n. पक्ष, द्वार या खिड़की^F आदिका पक्खा, T.; (pl.) चूल्हेके बने पाखे या कोने; ~ stone (यन्त्र०) **कौला**।

jambok जैम्'बॉक् n. कषा (अफ्रीकी), चाबुक।

jamboree जैम्बॅरी' n. (ग्रा०) समारम्भ, समारोह, उत्सव, बालचरोंका वृहत् प्रदर्शन, चहल-पहल^F, रँगरेली^F, जशन।

jamdani जैम्'डानी n. भारतीय मलमल, जामदानी^F।

jamming जैं'मिंग् n. **संकुलन**, रोध, अवरोध, रोक^F, रुकावट^F, **जाम करना; गड़बड़ डालना**; ~ handle **कसनेवाला हत्था**।

jammy जैं'मि a. लागी, संलागी, लसलसा, चिपचिपा; मुरब्बेवाला, मुरब्बेसे ढका हुआ।

jampan जैम्'पैन् n. (भारतमें पर्वतीय इलाकोंमें प्रयुक्त) पालकी^F, डोली^F, झम्पान।

Jan. January.

jane जेन्' n. (ग्रा०) महिला^F।

janet जें'निट् n. (कृषि०) **खच्चरी**^F।

Jan(e)ite जें'नाइट् n. जेन आस्टेनके उपन्यासोंका प्रशंसक या प्रेमी।

jangle जैन्'गॅल् १. n. (प्रा०) झंझट, झगड़ा, तकरार^F, बखेड़ा, हुज्जत^F, फसाद; २. v.t. & i. कठोर शब्द निकालना, कर्कश आवाज^F (करना); उच्चारण करना, बेसुरे या कोलाहलमय बोल बोलना, बेसुरी आवाज^F करना, बेताल बजाना, झनझनाना, झनकारना, चिल्लाना; (घण्टे आदिसे) कर्णकटु शब्द निकालना; झगड़ना, तकरार^F करना, हुज्जत^F करना, फसाद करना।

jangler –लॅर् n. वाक्कलह-प्रिय व्यक्ति, जबानी लड़नेवाला आदमी, झंझटिया, झगड़ालू, बखेड़िया, हुज्जती।

jangling –लिंग् n. वाक्कलह^F, वाग्युद्ध, जबानी लड़ाई^F, तकरार^F, झगड़ा, बखेड़ा, झक-झक^F।

janitor जैं'निटॅर् n. (fem. *janitress*, *janitrix*) प्रतिहार, द्वाररक्षक, द्वारपाल, ड्योढ़ीदार, दरबान, चौकीदार, पहरेदार; रक्षक, रक्षा^F करनेवाला, रखवाली^F करनेवाला ⊙।

janizary, -nissary जैं'निज़ॅरि, यैं'निसॅरि n. (ला०) अत्याचार, परोत्सादन या परपीड़ा^Fके वैयक्तिक साधन या उपकरण; तुर्कोंका पदाति या पैदल सिपाही, तुर्कोंकी पैदल सेना^Fके सुल्तानके शरीररक्षक दलमेंसे एक।

jannock जैं'नॅक् a. (बोल०) ऋजु, विशुद्ध, विस्पष्ट, सच्चा, ईमानदार, खरा, सीधा, बिना मिलावट।

Jansenism जैन्'सॅनिज़्म् n. (ईसाई मत) जैनसनवाद।

Jansenist –निस्ट् n. (ईसाई) जैनसनवादी।

Jansenistic –'टिक a. जैनसनवाद-सम्बन्धी, जैनसनवादी।
janty = JAUNTY.
January जैन्यूअरि n. जनवरी^F, वर्षका प्रथम मास।
januis clausis (L) adv. बन्द कमरेमें।
Jap जैप' १. n. जापानी, जापान निवासी; २. a. जापानी, जापानका।
Japan जपैन्' १. n. जापानका साम्राज्य; (*j*~) कड़ा रोगन, लेप, कड़ी वार्निश^F; लाखका काम, जापानी ढंगका कार्य, जापानी नमूनेका काम; २. v.t. जापानी लेपके समान काला और चमकदार बनाना, जापानी ढंगसे लेप चढ़ाना, जापानी रोगन लगाना, जापानी वार्निश^F करना; ~ earth कत्था।
Japanese जैपनीज़्' n. & a. जापानी (~ *camphor*, *language*)।
Japanesque जैपेने'स्क्' a. जापानी ढंगका।
japanner जपै'नॅर् n. जापानी, लाक्षीयक, वारनिश^F करनेवाला।
jape जेप्' १. n. परिहास, उपहास, हँसी^F, मजाक, ठट्ठा, दिल्लगी^F; २. v. i. (साहित्य) परिहास करना, उपहास करना, हँसी^F करना, मजाक करना, ठट्ठा करना, दिल्लगी^F करना।
japery –'पॅरि n. (विदूषकका) हास, परिहास, उपहास, व्यंग्य, विनोद।
Japhetic जॅफे'टिक् a. भारोपीय, इण्डो-युरोपीय, नूहके पुत्र जफेथका या उनका वंशज।
japonic जॅपॉ'निक् a. जापानी, जापान-सम्बन्धी।
japonica –कॅ n. जापानी नासपाती^Fके पौधोंके प्रकार।
japonicize –निसाइज़्' v.t. जापानी करना, जापानी बनाना।
jar[1] जार्' n. कलह^F, झगड़ा, लड़ाई^F, तकरार^F; विरोध, असंगति^F, अनन्वय, विसंवाद, तनातनी^F, बेमेल; स्पन्दन, कम्पन; संघर्षण ध्वनि^F, तीव्र नाद, कर्कश स्वर, (नसों^F या भावोंका) स्फुरण, थरथराहट^F, कड़ी आवाज^F; आघात, रोमांच, सिहरन^F, धक्का, चोट^F।
jar[2] v.t. & i. संघर्ष करना, कलह^F मचाना, झगड़ा करना या होना, झगड़ना, लड़ना, लड़ाई^F करना, तकरार^F करना; विसंवाद करना, असहमत होना; स्पन्दित होना, विपरीत ढंगसे थरथराना, कम्पित करना या होना; काँपना, कँपाना, सिहरना; प्रतिध्वनित होना या करना, खड़खड़ाना, झनकारना, गूँजना; कर्कश शब्द करना या होना, कड़ी^F आवाज^F निकालना, बेसुरी^F आवाज^F निकालना; कर्कश लगना, कान खाना, बुरा लगना; कर्कश शब्दोंसे चोट^F पहुँचाना; सदमा पहुँचाना; कर्कश स्वरमें बजाना; धमनियों^Fको आघात, धक्का या चोट^F पहुँचाना; अव्यवस्थित कर देना, उलट-पलट देना ⊙।
jar[3] n. कलश, (भौ०, रसा०) **मर्तबान**, (मुठियासहित या बिना मुठिया^Fके) घड़ा, मटका, पत्थरका बर्तन, शीशेका बर्तन; T; हाँडी^F, नाँद; *a*~ अर्धनिमीलित, अधखुला, कुछ-कुछ खुला; *on the, on a, on* ~ (बोल०) = AJAR.
jardinieve (F) नक्काशीदार गमला।
jarful –'फुल् n. कलशपूर, घटभर, कुम्भभर, गागरभर, घड़ाभर।
jargon[1] जार्'गॅन् n. पक्षियोंका कलरव, चिड़ियों^Fका चहचहाना; दुर्भाषा^F, गँवारू भाषा^F; अर्थहीन वाक्य, अनर्थक वचन, अनर्गल शब्द, अशिष्ट या जंगली भाषा^F, अपरिचित बोली^F (*critics'* ~); लष्टम-पष्टम, गपड़-सपड़।
jargon[2], **jargoon** जार्'गॅन्, जार्गून् n. लंका गोमेद, T, = ZIRCON.
jargonelle जार्गॅने'ल् n. समयपर सबसे पहले तैयार होनेवाली नाशपाती^F, जल्दी पकनेवाली नाशपाती^F।
jargonize जार्'गॅनाइज़् v.t. & i. असभ्य या जंगली भाषा^Fका प्रयोग करना, अनर्गल वाक्य बोलना, अनर्थक बोलना।
jarl जार्ल् n. नेता, मुखिया, लीडर।
jarovization जैरॅवाइज़े'शन् n. (वन०) **वासन्तीकरण**।
jarrah जै'रा n. एक गोंद देनेवाला कपूर्र वृक्ष, T.
jarvey जार्'वि n. (pl. -*s*) कोचवान, किरायेकी गाड़ी^F चलानेवाला।
jas. james.
jasey जे'सि n. (प्रा० ग्रा०) कृत्रिम केश, बालोंकी टोपी^F।
jasmin(e), **jassamin(e)** जैस्'मिन्(अ), जे'सॅमिन्(अ) n. नवमल्लिका^F, मालती^F, सुमना, सप्तला, माधवी^F, वासन्ती^F; मल्लिका^F, यूथिका^F, चम्पक, (वन०) **चमेली**^F, जुही^F, आदि आरोहणशील सुगन्धित फूलोंकी लता^F।
jasper जास्'पॅर् n कपिशमणि, (रसा०) **सूर्यकान्तमणि**, एकी रत्न, (रसा०) **जास्पर**;
~ green, ~ opal, ~ pink, ~ red.
jaspery –रि a. कपिशमणिवत्, सूर्यकान्तमणि-सदृश, जैस्पर जैसा।
jaspideous जैस्पि'डिॲस् a. कपिशमणिवत्, सूर्यकान्तमणि-सदृश; कपिशमणियुक्त, सूर्यकान्तमणियुक्त।
jaundice जॉ(जा)न्'डिस् १. n. **कामला रोग**, **पीलिया**, यरकान; (ला०) विकृत विचार, दृष्टिदोष, इसके कारण विशृंखलित दृष्टि^F; २. v.t. (किसीको, किसीके निर्णय आदिको, चित्तको) ईर्ष्यान्वित करना, मनको ईर्ष्यालु या डाही बनाना; कामला रोगसे पीड़ित होना, पीलियाकी बीमारी^F हो जाना।
jaundiced जॉन्'डिस्ड् a. पाण्डुरोगी; विशृंखलित, विकृत; पक्षपातपूर्ण।
jaunt जॉ(जा)न्ट् १. n. पर्यटन, विहार, सैर-सपाटा, मटरगश्त^F; २. v.i. विहार करना, आमोद-प्रमोदके लिए यात्रा^F करना, आनन्दके लिए भ्रमण करना या घूमना, टहलना, फिरना, घूमना, सैर करना।
jauntiness –टिनिॅस n. बाँकपन, अलबेलापन,

जिन्दादिली^F।

jaunty –टि १. n. जहाजी पुलिसका प्रधान या अध्यक्ष; २. a. प्रसन्नचित्त, अकारण संतुष्ट, हँसमुख; बाँका, अलबेला, जिन्दादिल।

jaup जॉप' v.t. छलछलाना, फलफलाना, हिलकोरना।

Javan, Javanese जा'वॅन्, जैवॅनीज़्' १. nn. जावानिवासी व्यक्ति, मध्य जावाकी भाषा^F; २. aa. जावानिवासी, जावा-सम्बन्धी, जावान, जावानी।

javelin जैव्'लिन् n. शक्ति^F, हलका भाला, **नेजा**, बरछी^F; ~ men (न्यायालयमें) चोबदार, भालाबरदार।

jaw जॉ' १. n. **हनु, जम्भ, जबड़ा; कल्ला;** (बोल०) मुखरता^F, परोपदेश, वाचालता^F; गाली-गलौज^F, तकरार^F; रीढ़वाले पशुओंमें रोमन्थ करनेका अंग; (pl.) मुखकी हड्डियाँ^F; (pl.) बाँक; (pl.) पर्वतकी संकीर्ण घाटी^F, पहाड़का तंग दर्रा; २. v.i. & t. (ग्रा०) बकना, वक्तृता^F झाड़ना, भाषण देना, व्याख्यान करना, लगातार बोलते जाना, बहुत बोलना; ~-bone **हन्वस्थि^F,** जबड़ेकी हड्डी^F; ~-breaker उच्चारणमें कठिन शब्द, मोटा शब्द; ~-crusher **दन्तुलदलित्र,** ~-fallen हताश, उदास; *hold your* ~ चुप रहो, बक-बक^F मत करो।

jawed –ड्' a. सहनु, सजम्भ, जबड़ेवाला।

jawy जॉइ a. हनुविषयक, जम्भ-सम्बन्धी, जबड़ेका; वाग्मी, वाचाल, मुखर, बकबकी, गप्पी।

jay जे' n. (ला०) धृष्टवक्ता, मूर्ख बकवादी व्यक्ति, गोबरगणेश, गँवार, गप्पी, बातूनी ⊙; (योरपका) नीलकंठ पक्षी; **~-walker** ⊙ गमनागमनके नियमोंका पालन न करनेवाला पैदल।

jazz जैज़् १. n. कोलाहल, शोरगुल, हल्ला-गुल्ला, हुल्लड़, भद्दा कार्यक्रम; नीग्रो जातिमूलक गीतिनाट्य, संयुक्तराष्ट्र अमेरिकाका देसी नृत्य और गीत; २. v.t. & i. शोरगुल करना, हुल्लड़बाजी^F करना; गीतिनृत्य करना, नाचना या उन्मत्त होना, जाज़का अनुकरण करना, जाज़ (बैण्ड) बजाना या नाचना; ३. a. धृष्ट, भड़कदार, चटक, बेसुरा, गँवारू, भँडई^F, शोख; रूखा; ~ band पियानो, तुरही^F, सक्सोफोन, बंजो और ढोल आदिका बैंड।

J.C. *Juris consultus*, Jurisconsult; Jesus Christ; Justice Clerk; Judicial Contingencies.

J.C.D. *Juris Civilis Doctor*, Doctor of Civil Law.

J.C.O. Junior Commissioned Officer.

J.D. Joint Director.

jealous जे'लॅस् a. (*of* के साथ); **ईर्ष्यालु,** द्वेषी; असहिष्णु, असहनशील (अधार्मिक लोगोंके प्रति), कट्टर; सशंकित, सतर्क, सजग; प्रेम या सद्भावना^Fमें शंकालु, आशंकित, सशंक, अपने अधिकारोंके प्रति सावधान; **चौकन्ना,** खबरदार।

jealousy –सि n. **ईर्ष्या^F, द्वेष, मात्सर्य,** डाह^F, जलन^F।

jean जेन्, जीन् n. मोटा सूती कपड़ा; खूब बटा हुआ सूती कपड़ा, जीन; (pl.) (गन्दे काम करते समयका) बाह्य वस्त्र, ढीला पायजामा, संयुक्त कोट-पायजामा आदि।

J.E.E. Junior Electrical Engineer.

jeep ⊙ जीप n. काम देनेवाली या कामकाजी छोटी मोटरगाड़ी^F, **जीप^F,** जीपगाड़ी^F।

jeer[1] जीअॅर् n. (pl.) पालके डाँड़ समेटने और फैलानेका उत्तोलक यन्त्र।

jeer[2] १. n. उपालम्भ, उपहास, व्यंग्य, ताना, बोली-ठोली^F; हँसी^F, ठट्ठा, मजाक, दिल्लगी^F; २. v.i. & t. उपहास करना, उपालम्भमय मजाक उड़ाना; व्यंग्य करना, ताना मारना; हँसी^F करना, ठट्ठा करना।

jeerer –'रॅर् n. उपालम्भक, व्यंग्यकर्ता; ताना मारनेवाला, हँसोड़, मजाकिया, दिल्लगीबाज।

jeering –रिंग् a. उपालम्भपूर्ण, व्यंग्यात्मक, उपहासयुक्त।

jehad जि'हाड् n.=JIHAD.

Jehovistic जि'होविस्'टिक् a. (बाइ०) जेहोवीय, (महादेव) 'जहोवा' सम्बन्धी।

Jehu जी'ह्यू n. (हास्य) चालक, संचालक, प्रचण्ड चालक, तीव्र या द्रुत चालक, हाँकनेवाला, ड्राइवर।

jejune जि'जून् a. अनुर्वर, अनुपजाउ, ऊसर, बंजर; शुष्क, नीरस, रसहीन, निस्सार, रूखा-सूखा; किंचित, अल्प, अपर्याप्त, थोड़ा, बहुत कम, नाकाफी।

jejuneness जि'जून्'निॅस् n. अनुर्वरता^F, अनुपजाऊपन, ऊसरपन, बंजरपन; शुष्कता^F, नीरसता^F, विरसता^F, निःसारता^F, रसहीनता^F, निःसत्त्वता^F, तत्त्वहीनता^F, फीकापन।

jejunum जे'ज्यू'नॅम् n. (कृषि०) **मध्यलघ्वन्त्र;** (श०र०शा०, चि०, कृषि०) **मध्यान्त्र^F,** बीचकी छोटी आँत^F।

Jekyll and Hyde जे'किल् ॲन्ड् हाइड् n. द्विष्ठ व्यक्तित्ववान्, दो व्यक्तित्वोंका एक व्यक्ति (यथा, स्टीवेंसनके *Dr. J.* और *Mr. H.*)।

jellied जे'लीड् a. (जेलीकी तरह) बनीभूत, जमा हुआ; गाढ़ा।

jellify जे'लिफ़ाइ v.t. & i. शीरे-सा बनाना, लसदार होना।

jelly* जे'लि १. n. (रसा०) **अवलेह*, सान्द्र द्रव,** श्लेष्यक, लबाबदार सामिष लपसी, फलों आदिके रसोंका पाग, मुरब्बा, मीठी चटनी^F, **जेली^F;** २. v.t. & i. जेली-सा बनना या बनाना, जेली-सा जमना या जमाना; ~-bag जेली^F या शीरा छाननेका थैला; ~-fish T, 'मेडुसा^F' या समुद्री NETTLE मछलियों^Fकी लोकप्रिय संज्ञा^F; ~ graph श्लेष्यक लेख, जेली^Fकी लेखन कला^F।

jemadar जे'मॅडार् n. (आंग्ल-भारतीय, बोल०) मेहतर, भंगी, (घरका) झाड़ू देनेवाला; प्रधान भृत्य, मुख्य नौकर; हिन्दुस्तानी पुलिस-अधिकारी, हिन्दुस्तानी पुलिस-अफसर; जमादार; हिन्दुस्तानी फौज^Fका छोटा देशी अधिकारी।

jemimas जि'माइ'मॅज n. (pl.) (बोल०) जूतोंका

आवरण, जूतोंके ऊपर रक्षार्थ वस्त्र, लचीले किनारोंके जूते।

jemminess जे´मिनिस् n. सुवेषता^{F}; सरलता^{F}; स्वच्छता^{F}, सफाई^F।

jemmy[1] जे´मि n. खाद्यस्वरूप भेंड़^{F}का सिर; सेंध^F मारनेकी सबरी^{F}।

jemmy[2] a. सुवेष, सरल; स्वच्छ, साफ-सुथरा।

je ne sais quoi (F) वर्णनातीत, अवर्णनीय।

jennet जे´निट् n. छोटे कदका स्पेनका घोड़ा।

jenneting जे´निटिंग् n. ऋतु^{F}से पहले होनेवाला सेबका उपभेद।

jenny जे´नि n. क्रेन (इंजिन उठानेका यन्त्र विशेष); ग्रामीण लड़की^{F}; जनाना, मेहरा; खचरी^{F}; गधी^{F}; चल-यन्त्र; बिलियर्डकी चोट^F; ~wren 'रेन^F' नामक फुदकनेवाली चिड़िया^{F}, spinning-~ चर्खी^{F}; चर्खा, खचरी^{F}।

jeofail जिफ़ेल् n. (कानून) बहस^{F}में बहक जाना।

jeopardize, jeopard⊙ जे´पर्डाइज़्, जे´पर्ड् vv.t. आपत्ति^{F}में छोड़ना, संकटमें डालना, विपत्ति^{F}में डालना, जोखिममें डालना, खतरेमें डालना; आपद्ग्रस्त करना।

jeopardous –डस् a. विपद्युक्त, विपत्तिमय, संकटमय, आपत्तिग्रस्त, जोखिमदार, खतरेदार।

jeopardy –डि n. विपद्^{F}, संकट, आपत्ति^{F}, बिपत्ति^{F}, आशंका^{F}, भय, जोखिम, खतरा।

jequirity जिक्वि´रिटि n. गुंजा^{F}, रत्ती^{F}, रत्ती^{F}की झाड़ी^{F}।

Jer. Jeremiah.

jerboa जे´र्बोअ, जे´र्'बोअ n. चपलाखु; खरगोश, अफ्रीकाकी मरुभूमि^{F}का पिछली लम्बी टाँगोंवाला और खूब उछलनेवाला एक पशु, जरबोआ।

jereed जॅरीड् n. भल्ल, भाला, बर्छी^{F}।

jeremiad जे´रि´माइ'अॅड् n. विलाप, दुःखपूर्ण विनय या पुकार, शोक-रुदन, दर्दभरी फरियाद^F।

Jeremiah जे´रि´माइ'आ n. दुःखमय भविष्य बतानेवाला, निन्दक, समयकी निन्दा करनेवाला।

Jericho जे´रिको n. फिलिस्तीनका एक नगर; *go to*~ नष्ट होना, मिट जाना, चौपट होना; नरकमें जाओ, भाड़में पड़ो।

jerid जॅरीड् (Arab.) n. भाला, नेजा; भालेबाजी^{F}-का खेल, n. JEREED.

jerk[1] जर्क् १. n. मांसपेशियों^{F}में स्वतः संकोच, तनाव, मरोड़, ऐंठन^F; समुच्छल, हचकोला; आघात, प्रतिघात, धक्का, झकोर, झटका; (pl.) हाथ-पैर, अवयवों, अंगों या चेहरेकी अनिच्छित गतिशीलता^{F} या फड़कन^F; २. v.t. & i. झटकेके साथ हिलना या चलना, हचकोला देना; संचित गति^{F}से फेंकना; झटकेके साथ मरोड़ना, झटकेसे खीचना, धक्का देना, झकझोरना, झकोरना; झड़झड़ाना, झटकारना।

jerk[2] v.t. सिझाना; गाय^F बैल आदिके मांसको बोटी^{F}-बोटी^{F} करके धूप^{F}में सुखाकर रख छोड़ना।

jerker –कॅर् n. क्षेपक, उच्छालक, झटका देने या खानेवाला; सींगवाली एक (मछली^{F})।

jerkin जर'किन् n. कुर्ती^{F}, चमड़ेकी मरदानी चुस्त सदरी^{F} या फतुही^{F}, जरकिन^F; ~ head (स्था०) नकटी छत^F।

jerkiness जर'किनिस् n. आघात, प्रतिघात, संकोच, मरोड़^{F}, धक्का, ऐंठा^{F}, झकोर, झटका।

jerky –कि n. आघातमय, ऐंठनदार, झकोरनेवाला, मरोड़नेवाला, धक्का देनेवाला, झटका देनेवाला; उत्तेजना^{F}-के कारण फड़कनेवाला, सिकुड़नेवाला।

jeroboam जॅरबो'अॅम् n. (*J*~ भी) शराब^{F}की बड़ी बोतल^F।

jerque जर्क् v.t. (जलयानोंमें) निर्यात-प्रतिषिद्ध वस्तुओं^{F}की तलाशी^{F} लेना।

jerquer जर्'कॅर n. (जलपोतोंमें) निर्यात-निषिद्ध वस्तुओं^{F}की तलाशी^{F} लेनेवाला, T.

jerry जे´रि n. कागजी घर, तुच्छ पदार्थोंसे बने घर; रद्दी घटिया सामान, (ग्रा०) पेशाबका बर्तन, पेशाबदान; जर्मनजाति^{F}, जर्मनीके लोग, जर्मन सैनिक, जर्मन सेना^{F}-का सिपाही; ~-builder तुच्छ सामग्री^{F}से बनानेवाला; ~-building बेढंगा रद्दी मकान, रद्दी सामानोंसे बना घर; ~-built रद्दी और बेढंगा बना हुआ, तुच्छ सामग्री^{F}-से बना; ~-shop सस्ती शराब^{F}की दुकान^F।

jerrymander जे´रिमैन'डॅर् दे० GERRYMANDER का अशुद्ध प्रकारान्तर।

jersey जर्'जि n. (pl. -s) इंग्लिश चैनल (सागर) के द्वीपोंमेंसे एक; (बुनी और चिपकी हुई) ऊनी बण्डी^{F}; (स्त्रियों^{F}की चुस्त बुनी हुई) चोली^{F} या अंगिया^{F}, बनियाइन^F, वास्कट^F, फतुही^{F}, जरसी^{F}।

jess जे´स' १. n. (चमड़े रेशम आदिका) छोटा तसमा, फुँदना, पेटी^{F}, फीता या पट्टी^{F}; २. v.t. बाजके पैरमें तसमा या फीता बाँधना।

jessamine जे´समिन् n. = JASMINE.

jessamy जे'समि a. मालती-वासित; रसिया।

jesse जे´सि n. बहुशाखी दीपाधार, बहुशाखी दीपस्तम्भ।

jesserant जे´सॅरन्ट् n. कवचित सदरी^{F}, लोहेकी पट्टियों^{F}वाला बख्तर।

jest जे´स्ट् १. n. स्वांग, उपहास-पात्र, उपहास-वस्तु^{F}, (*a standing* ~); उपालम्भ; व्यंग्य, विनोद-हास्य, परिहास, उपहास, मजाक, ठट्ठा, खिल्ली^{F}, हाहा-हीही^{F}, हँसी^{F}, ठठोली^{F}, दिल्लगी^{F}; परिहासोक्ति^{F}, प्रहसन, व्यंग्य भाषण, विनोद भाषण; २. v. i. व्यंग्य करना, उपहास करना, विनोद करना, खिल्ली^{F} उड़ाना, हँसी^{F} करना, छेड़ना, छेड़खानी^{F} करना, मजाक करना, ठठोली^{F} करना, ठट्ठा करना, दिल्लगी^{F} करना; ~-book चुटकुलोंकी पुस्तक^F।

jester –'टॅर् n. विदूषक, भाँड, हँसोड़, मसखरा, ठिठोलिया, ठट्ठेबाज, मजाकिया, दिल्लगीबाज।

jestful –ट्'फुल् a. व्यंग्यमय, परिहासजनक, ठिठोलिया, ठट्ठेबाज, मजाकिया, दिल्लगीबाज।

Jesuit जे´ज्यूइट n. (ला०) छद्मवेशधारी, वाकछली,

कपटी, धूर्त, छली, मक्कार, धोखेबाज, जालिया; कैथोलिक सम्प्रदायमें स्थापित ईसाई दल (Society of Jesus) का सदस्य; ~s bark (चि०) सिंकोनाकी छाल^F।

Jesuitic जे`स्यूइटिक् a. = JESUITICAL.

Jesuitical –कॅल् a. कपट-सम्बन्धी, कपटपूर्ण, छलयुक्त, जेसुइट सम्प्रदाय सम्बन्धी।

Jesuitism जे`स्यूइटिज़्म् n. छल, कपटीपन, धोखेबाजी^F, मक्कारी^F; जेसुइट धर्म।

Jesuitize –टाइज़् v.t. कपट करना, छल करना, धोखा देना, मक्कारी^F करना।

Jesuitry –ट्रि n. छल, कपट, धोखा, मक्कारी^F; जेसुइट सम्प्रदायकी-सी नीति^F।

jet¹ जे`ट् १. n. कृष्ण प्रस्तर, कड़ा काला पत्थर, संगमूसा (~ *armlet*); २. a. गहरे चमकीले रंगका, संगमूसेके रंगका; ~-black काला स्याह।

jet² n. क्षिप, चंचु^F, नली^F, टोंटी^F, (रसा०, भौ०) प्रधार, धार^F, क्षुति^F, फव्वारा; वाष्प, वाति^F आदि; T.; ~ *aircraft* जेट वायुयान;

~ condenser, ~ engine, ~ propulsion, ~ stream, ~ tones.

jet³ v.t. & i. धारा^F प्रवाहित होना, वाष्प फेंकना, धार^F निकालना, फव्वारा छोड़ना या छूटना, बहना।

jetsam जे`ट्सम् n. क्षिप्तक, फेंका माल, (जहाजपरका) फटाया सामान।

jettiness जे`टिनि`स् n. कृष्णाश्मवत्ता^F, कृष्णता^F, कालापन, अत्यन्त काला रंग।

jettison जे``टिसॅन् १. n. जहाजको हल्का करनेके लिए माल उतारना, असवावको उसपरसे पानीमें फेंकनेकी क्रिया^F; फेंक देना; २. v.t. इस प्रकार (सामान, माल, असवाव-को) जहाजसे उतारना, बाहर फेंकना।

jetton जे`टॅन् n. पित्तल रोध, पित्तलावरोध, पीतलका मोहरा।

jetty¹ जे``टि n. अन्तरणी, पक्का घाट, जेटी^F, जहाजसे माल उतारनेका मंच या घाट; धक्का, सुदृढ़ दीवार^F; बाँध या पुल (बन्दरगाह या किनारेकी रक्षा^F के लिए)।

jetty² जे``टि a. गहरे काले रंगका, चमकीले काले रंगका, काला।

jeu de mots (F) n. वाग्विलास, शब्द-श्लेषका प्रयोग।

jeune premier (F) n. बालकोचित संचालन।

jeunesse doree (F) n. रसिया युवक, छैला।

Jew जू १. n. यहूदी, इब्रानी (*rich as a* ~); शोषक, निर्दय उत्तमर्ण, चूषक, बलपूर्वक उपभोग करनेवाला, अत्यधिक सूद वसूल करनेवाला; पूरा बनिया, पक्का लाला, बाप, कादयाँ; २. v.t. धोखा देना, छलना, ठगना, मात करना, दगा^F करना; ~-baiting यहूदियोंका शोषण या उत्पीड़न, यहूदियोंकी हिंसा^F; ~'s-harp एक सारंगी^F, मुरचंग; ~'s-mallow एक साग।

jewel* जूइल् १. n. मणि, रत्न*, नग, लाल; बहुमान्य या बहुमूल्य व्यक्ति या वस्तु^F; रत्नजड़ित आभूषण, जड़ाऊ गहना, जेवर; २. v.t. रत्नोंसे भूषित करना, मणिसे अलंकृत करना, रत्नसे सुसज्जित करना, हीरे जवाहिरात जड़ाना, सजाना, जड़ाऊ जेवर पहनाना; the ~-house लन्दन प्रासादका रत्नगृह।

jewelled –ड् a. रत्नित (~ *bearing*, ~ *pivots*)।

jeweller, jeweler ⊙ –लॅर्, –लॅर nn. मणिकार, रत्नकार, रत्नजीवी, जौहरी, जड़ाऊ जेवर बेचनेवाला, सर्राफ।

jewellery, jewelery ⊙ –रि, –रि nn. रत्नराशि^F, मणिपुंज; रत्नाभूषण, जड़ाऊ भूषण, जवाहिरात, भूषण, गहने, जेवर; रत्न व्यवसाय, जवाहिरातका कारबार।

Jewess जूइस n. यहूदिन^F।

Jewish –इश् a. यहूदियोंका, यहूदी-सम्बन्धी; यहूदी जाति^F का, यहूदीकी नस्ल^F का, यहूदी।

Jewishness –नि`स् n. यहूदीपन।

jewry जुॲरि n. नगर आदिमें यहूदियोंका मुहल्ला, यहूदी टोला; यहूदी जाति^F, यहूदी सम्प्रदाय।

Jezebel जे``ज़िबॅल् n. अपने चेहरेको रँगनेवाली स्त्री^F; परित्यक्ता^F, बदनाम या वेश्या स्त्री^F।

J.H.S same as *I.H.S.*; Joint Honorary Secretary.

jib¹ जिब् n. बाहु, भुजा, वकयन्त्र या क्रेनका आगेका हिस्सा, (जहाजमें सबसे आगेका) त्रिभुजाकार बादबान, (जहाजका सबसे आगेका) तिकोना पाल; डाँड़, खिब; cut of his ~ अपनी निजी सूरत^F, शक्ल, चेहरा; ~-boom जहाजके अग्रभागका निकला हुआ मस्तूल; जहाजके तिरछे मस्तूलके आरपार लगी बल्ली^F; ~-door द्वार-प्रवाहिका^F या नाली^F जो अदृश्य रखनेके लिए प्रायः चित्रित दीवाल^F से ढकी रहती है; ~ sail गाब; ~-topsail आगे सिरेवाला पाल।

jib² v.t. & i. (पाल आदिको) एक ओरसे दूसरी ओर हटाना; (पाल आदिका) इधर-उधर झोंका खाना, हटना; (ला०, घोड़ेका) आगे बढ़नेसे इनकार करना, अड़ना; आगे बढ़नेकी जगह^F अगल-बगल होना, आगे-पीछे करना, जमना; ~ *at* (किसी गति^F, मार्ग या व्यक्तिमें) घृणा^F प्रदर्शित करना, उदासीनता^F या अनिच्छा^F प्रकट करना, नाक-भौं^F चढ़ाना।

jibbah जि`बॅ n. (विशे० मुसलमानोंका) ऊर्ध्ववस्त्र, उपरिवस्त्र, अंगरखा, जिब्बा।

jibber जि`बॅर् n. अड़ियल घोड़ा।

jibe जाइब् v.t. व्यंग्य करना, उपहास करना, ताना मारना; जुगुप्सा^F करना, घृणा^F करना।

jiffy जि`फि n. (बोल०) अत्यन्त अल्पकाल, अल्प समय, निमेष, क्षण, पल (*in a* ~, *wait half a* ~)।

jig¹ जिग् n. मनोहर नृत्य, अलबेला नाच; ऐसे नाचका संगीत; नाचकी गत^F; किसी कल^F के अंगोंको नचानेवाला यन्त्र।

jig² v. i. & t. नाचना, अलबेला नाच नाचना, तेजी^F और झटकेसे ऊपर और नीचे झूलना; चलनी^F में रखकर पानीके भीतर झकझोर कर (कच्ची धातु^F के) मोटे और पतले कण अलग करना, छानना; ~ saw छोटा आरा

(खिलौने बनानेके लिए); ~ saw puzzle चित्रखण्ड-प्रहेलिका^F, आरेसे कटे टुकड़े-टुकड़े चित्र।

jigger[1] जि'गॅर n. (चि०) चिक्कर^F; बालुका पिस्सू; छोटी चरखी^F, छोटा पाल; छड़ी^F की टिकिन^F (ग्रा०) पतले; लौह-शिरकी गदा^F; नियारिया, नियारनेवाला; ~ mast चार पालोंकी नाव^F या पोतका सबसे पिछला पाल।

jigger[2] v.t. (केवल कर्मवाच्यमें) (शपथ^F के रूपमें) *I'm ~ed* मेरी शपथ^F, अपनी कसम^F।

jigger[3] n. द्रुत नर्तक, जिग नाचनेवाला; चक्र, चाक; कुम्हारका चक्र, चाक; खनिक, नियारिया; खनि-चालनी^F, खनिज-छलनी^F।

jiggered –र्ड् a. किंकर्त्तव्यविमूढ़, आश्चर्यचकित, घबराया हुआ, हक्का-बक्का।

jiggery-pockery जि'गॅरि-पो'कॅरि n. प्रवंचन, ठगबाजी^F, छल, कपट, छलावा।

jigging जि'गिंग् n. (कच्ची धातु^F) चालना, छानना।

jiggish जि'गिश् a. फुल्ल, प्रफुल्ल, हर्षित, मुदित, आनन्दित।

jiggle जि'गॅल् १. n. मन्द धक्का, हलका झटका; २. v.t. शनैः-शनैः झुलाना, धीरे-धीरे चलाना, हलके-हलके झटके देना, धीरे-धीरे धक्का देना।

jihad जिहाड' n. (ला०) साम्प्रदायिक युद्ध, सैद्धान्तिक संग्राम, किसी सिद्धान्तके विरुद्ध युद्ध, धर्मयुद्ध, विधर्मियोंके साथ मुसलमानोंकी धार्मिक लड़ाई^F, जिहाद^F।

jill जिल्' n. युवती^F, नवयुवती^F, महिला^F, स्त्री^F, जवान औरत^F, लुगाई^F; ~-flirt दुश्चरित्रा^F, छिनार^F।

jillet जि'लि ट्' n. चपला^F, कुलटा नवयुवती^F; हरजाई औरत^F, धोखेबाज औरत^F, छिनार^F।

jilt जिल्ट्' १. n. विप्रलम्भिका^F, प्रतारिका^F, वंचिका^F, छिनार^F; (क्व०) विप्रलम्भक, प्रतारक, वंचक, स्त्री^F को प्रेममें धोखा देनेवाला पुरुष, छलिया; २. v.t. प्रतारना, छलना, ठगना, प्रेममें विश्वासघात करना, छल करना, धोखा देना।

Jim Crow ⊙ जिम् क्रो' n. हब्शी, नीग्रो; j ~ c ~ नामी, लोहेकी छड़^F, सब्बल; ~ car रेल^F में हब्शियोंका अलग डिब्बा।

jimmy जि'मि n. JEMMY; (ग्रा०) पौण्ड, अशरफी^F।

jimp जिम्प्' a. पूत, पावन, स्वच्छ, साफ-सुथरा; सुन्दर, खूबसूरत; स्वाकृति, सुन्दर आकार या चेहरेवाला, सुघड़, छरहरा; हलका, थोड़ा।

jingle जिन्'गॅल् १. n. आयरलैण्ड या आस्ट्रेलियाकी छपदार दो पहिया गाड़ी^F; अनुप्रासयुक्त कविता^F या छन्द; अनुप्रास, ध्वनि^F की शब्दोंमें आवृत्ति^F; शिंजन, शिंजा, झनत्कार^F, झनकार^F, छनकार^F, छनछन^F, झनझन^F, टनटन^F; २. v. i. & t. (लेखका) अनुप्रास तथा तुक आदिसे पूर्ण होना; झनत्कार करना, छनकार करना; झनकारना, झनझनाना, छनछनाना, खनखन करना, टुनटुनाना।

jingo जिन्'गो १. n. (pl. -es) दम्भपूर्ण देशभक्त, उद्धत राष्ट्रवादी, झगड़ालू नीतिका समर्थक, लड़ाकू नीति^F को माननेवाला, शेखीबाज देशभक्त या राजनीतिज्ञ, T; २. a. दम्भी, शेखीबाज; झगड़ालू, धक्केबाज; ३. int. द्रोक्ति^F या शपथ^F, कसम^F (*by ~, by the living ~ !*)।

jingoism –गोइज़्म् n. दम्भपूर्ण देशभक्तकी नीति^F, उद्धत राष्ट्रवाद, झगड़ालू नीति^F, लड़ाकू नीति^F, जिंगोवाद; धक्केबाजी^F, धक्केशाही^F।

jingoist –इस्ट् a. दम्भी देशभक्त, झगड़ालू नीति^F का समर्थक, लड़ाकू नीति^F को माननेवाला, शेखीबाज देशभक्त, झगड़ालू पालिसी^F का हामी, जिंगोवादी, धक्केबाज।

jingoistic –'टिक् a. झगड़ालू नीति^F का, लड़ाकू नीति-सम्बन्धी; धक्केबाजीवाला, जिंगोवादी।

jink जिन्क्' १. n. टाल-मटोल^F, खिसकाव; २. v. i. & t. टालना, टलना, खिसकना, सरकना, सरकाना; high ~s हास-विनोद, मनोविनोद, खेल-तमाशा।

jinn जिन्' n. pl. भूत, प्रेत, शैतान, जिन्न, जिन।

jinnee –नी' n. (pl. *jinn*, fem. *-yeh*), (मुसलमानी भूतविद्या^F) प्रेत, भूत, जिन्न।

jinricksha जिन्रिक्'शॉ n. जापानी रिक्शा, जिनरिक्शा।

jinx ⊙ जिन्क्स्' n. (ग्रा०) सत्यानाशी व्यक्ति, अशुभ व्यक्ति या वस्तु^F, करमकटा व्यक्ति, करमजरुआ।

jitter जि'टॅर् १. n. विश्वास, बल, भरोसा; उद्विग्नता^F, अत्यधिक उत्तेजना^F, अत्यधिक घबराहट^F; २. v. i. उत्तेजित होकर कार्य करना, उत्तेजित होना, काँपना, घबराना, घबराहट^F के साथ काम करना; ~ bug ज्वारीकी नाच; घबरानेवाला आदमी।

jitters ⊙ –र्स् n. pl. त्रास, असम्भावित भय, अतर्कित भय; अति भय, अति आतंक, अतीव निराशा^F, संत्रास।

jittery जि'टॅरि a. अति भीत, अति आतंकित, अतीव निराश, अतीव हतोत्साहित।

jiu-jitsu जू-जॅट्सू n. जु-जित्सू, जापानी कुश्ती^F।

J.J. Junior Jailor.

JJ. Judges.

Jn. Junction.

Jno. John.

jnr. junior.

jo जो' n. प्रणयिनी^F, प्रेयसी^F, प्रियतमा^F, प्यारी^F।

job[1] जॉब् n. कर्त्तव्य, कार्य, व्यक्तिगत लाभके लिए लेन-देन; (बोल०) कामकाज, काम, धन्धा, नौकरी^F, चाकरी^F; श्रम, कृत्यक, छोटा-मोटा काम, ठेकेका काम, मजदूरी^F; bad ~ निष्फल कार्य, बेकार परिश्रम, नाकाम कोशिश^F; ~ costing लागत निकालना; ~ instruction कार्य-अनुदेशन, काम सिखाना; ~ master किरायेपर घोड़ा-गाड़ी देनेवाला; ~ opening खाली काम, खाली जगह^F; ~ work नियत कार्य, उजरती काम, *do* person's ~ नष्ट कर देना, मार डालना, समाप्त कर देना, सत्यानाश करना; *on the* ~ (ग्रा०) तत्पर, सावधान, चौकस; कार्यरत, काममें लगा हुआ;

~ account, ~ analysis, ~ analyst, ~ card, ~ content, ~ environment, ~factor, ~ grading, ~ instructor, ~ order, ~ ques-

tionnaire, ~ selling, ~ specification, ~ splitting.

job² v.i. & t. किसी बात^F को अनुचित या गन्दे ढंगसे देखना; सार्वजनिक वस्तु^F का व्यक्तिगत लाभमें उपयोग करना; दलालके रूपमें माल खरीदना या बेचना, दलाली^F करना; निश्चित समय या कार्यके लिए घोड़ा या गाड़ी^F किरायेपर लेना या देना; काम करना, छोटा-मोटा काम करना, धन्धा करना, नौकरी^F करना, चाकरी^F करना, मजदूरी^F करना; करते जाना, जारी रखना ⊙।

job³ १. n. हलका घाव, चोट^F, चुभन^F, घुसेड़^F; २. v.t. & i. (किसी वस्तु^F में) घुसना, चुभना; (घोड़ेको) लगामके दबानेसे झटकना; हलका घाव लगाना, घायल करना, चुभोना, भोंकना।

Job⁴ जोब् n. पोपसे निचला पादरी जिसका उल्लेख Book of Job, O.T. में है; ~'s comforter झूठा सुखदायी; *would try the patience of* ~ उबा देता है।

jobation जोबे'शन् n. (बोल०) तीव्र भर्त्सना^F, कड़ी फटकार^F, कड़ी डाँट^F।

jobber जॉ'बर् n. घूस लेनेवाला; ठेकेदार, किरायेपर लेनेदेनेवाला; (वाणि०, अर्थ०) व्यापारी दलाल, मुकद्दम, आढ़तिया, T; ~'s turn (वाणि०) व्यापारी दलालका नफा।

jobbernowl जॉ'बर्नोल् n. (बोल०) उल्लू, बुद्धू, भोंदू।

jobbery जॉ'बरि n. स्वार्थाचार, स्वार्थ-साधन, अनाचार, क्षुद्र कार्य, दुर्भावनापूर्ण काम; दलाली^F; आढ़त^F; घूसखोरी^F, बेईमानी^F।

Jock जॉक् n. हाइलैण्डका सिपाही या सेना^F।

jocky –'कि १. n. (pl. -s) युवक, लड़का, छोकरा; धावक; घुड़दौड़^F का पेशेवर घुड़सवार, जॉकी, (बोल०में हाइलैण्डका सिपाही भी); ठग, मक्कार; २. v.t. & i. (*away, in, out* के साथ) प्रतारना, छलना, धोखा देना, ठगना, दगा करना; ठगीना, धोखा खाना; छलसे किसीको बाहर करना या अन्दर लाना; J~Club न्यू मार्केटकी क्लब^F या गोष्ठी^F; घुड़दौड़-समिति^F, T.

jockeydom –डॅम् n. छोकरोंका दल या कार्य।

jockeyism –इज़्म् n. अश्वारोहणाभ्यास, घुड़सवार-(का अभ्यास)।

jockeyship –शिप् n. घुड़दौड़^F के पेशेवर घुड़सवार-की मजदूरी^F या भाड़ा।

jocko जॉ'को (pl. -s) एक प्रकारका वनमानुष।

jocose जॅकोस् a. हास्यपूर्ण, परिहासपूर्ण, विनोदात्मक; विनोदी, प्रमोदी, परिहासक, ठट्ठेबाज, मसखरा, दिल्लगीबाज, मज़ाकिया, खुशमिजाज, हँसोड़।

jocoseness, jocosity –'निॅस्, जॅकॉ'सिटि nn. प्रमोद, हास्य, विनोद, परिहास, ठट्ठा, मसखरापन, छिछोलियापन, ठट्ठेबाजी^F, खुशमिजाजी^F।

jocular जॉ'क्यूलॅर् a. परिहासपूर्ण, हास्यात्मक, प्रमोदपूर्ण विनोदात्मक, रसिक, आनन्दी, आनन्ददायक, हास्यप्रिय, सरस, दिल्लगीबाज, हँसोड़।

jocularity –लै'रिटि n. परिहास, हास्य, प्रमोद, विनोद, आनन्द, हास्यप्रियता^F, रसिकता^F, सरसता^F, ठट्ठेबाजी^F।

jocund जॉ(जो)'कॅन्ड् a. प्रहृष्ट, मुदित, प्रमुदित, आनन्दहृदय, प्रसन्नहृदय, प्रसन्नचित्त, आनन्दी, हँसमुख, हँसोड़, रंगीला, ज़िन्दादिल।

jocundity, jocundness जॅकन्'डिटि, -निॅस् nn. प्रहर्ष, मोद, प्रमोद, आनन्द, उल्लास, रँगीलापन, ज़िन्दादिली^F।

jodhpurs जोड्पुअॅर्ज़ n. चूड़ीदार (जोधपुरी) पायजामा।

Joe n. (ग्रा०) अस्वीकृति^F, इन्कार; *not for* ~ मेरे लिए नहीं।

Joe Miller जो मि'लॅर् n. चेस्टनट, बादामकी जाति^F-का एक फल; विकृत हास्य, विःस्वाद व्यंग्य, सड़ा मज़ाक, बासी मज़ाक।

joey जो'इ n. (pl. -s) धानी कुरंगक, धानी शिशुकुरंगक, शिशुकंगारू, छोटा कंगारू, कंगारूका बच्चा; चवन्नी^F (बोल०)।

jog जॉग् १. n. मन्द गति^F, धीमी चाल^F; हिलाव, धक्का, हचकोला, झटका, हलकी^F, दुलकी^F; २. v.t. & i. (*on, along* के साथ) कष्टपूर्वक चलना, मुश्किल^F से पैर उठाना, कठिनाई^F से कदम उठाना, सपरिश्रम डेग बढ़ाना, घिसटना, गिरते-पड़ते चलना; झूमते हुए चलना, हिलते-डुलते जाना; स्मरण करना या कराना, स्मृति^F जाग्रत करना या कराना, याद^F ताजा करना या कराना; व्यक्तिको कुहनी^F से मारना या धक्का देना, हिलाना, डुलाना; प्रस्थान करना, चल देना, राह^F लेना, रवाना होना (*we must be* ~*ging*); किसी न किसी तरह काम चल जाना, किसी न किसी तरह समय बिताना (*we must* ~ *on somehow*); ~*trot* मन्दगति^F, धीमी चाल^F, हलकी दुलकी^F, ठुमुक चाल^F, (ला०) सामान्य गति^F या चाल^F।

jogger –'गॅर् n. अक्षिप्रगामी व्यक्ति, अद्रुतगामी पुरुष, धीरे-धीरे चलनेवाला।

joggle¹ जॉ'गॅल् १. n. हचकोला, हिलका-सा झटका, हलका धक्का, झोंका; २. v.t. & i. हचकोला देना, झकझोरना, झटकेसे हिलाना या हिलना, धक्के देना।

joggle² १. n. दन्दाना, दो टुकड़ोंमेंसे एकका दाँता, जोड़नेवाली कील^F या पच्चर; लकड़ी^F के टुकड़ों या पत्थरके टुकड़ोंका जोड़; पाँव; २. v.t. दो टुकड़ोंको पच्चरके द्वारा जोड़ना; खम देना।

Johannisberger जोहै'निस्बॅ'र्गॅर् n. रेइंगोके जोहानिसबर्गकी सफेद और बढ़िया शराब^F।

John जॉन् n. ईसाइयोंका पुरुषवाची नाम; ~Bull पक्का अंग्रेज; अंग्रेजी राष्ट्र; ~ Chinaman यथार्थमें चीन निवासी, पक्का चीनी; ~ Company ईस्ट इण्डिया कम्पनी^F; ~ Doe कानूनमें कल्पित व्यक्तिका नाम; ~-O'-Groat's (-House) स्काटलैण्डका उत्तरी प्रदेश; ~'s disease पुराना कीटाणु अतिसार; *from* ~-*O'-Groat's to Land's End* पूरा ग्रेटब्रिटेन होकर;

~'s *disease* पुराना अतिसार ।

Johnian जॉ'निॲन् १. n. सेण्ट जॉन्स कॉलेज कैम्ब्रिज-का सदस्य; २. a. सेन्ट जॉन्स कॉलेज कैम्ब्रिजका या तत्सम्बन्धी ।

Johnny जॉ'नि n. छैला या बाँका व्यक्ति; J~Raw अनुभवहीन, अनगढ़ नौसिखिया ।

Johnsonese जॉन्सॅनीज़् n. जॉन्सनकी-सी शैली^F, दुरूह लेख ।

joilt ⊙ जाएॅल्ट् v. = BLOW.

join* जाएॅन् १. n. संगम, योजन-रेखा^F, जोड़; केन्द्र-विन्दु, नुक्ता; २. v.t. & i. (दो विन्दुओंको) सीधी रेखा^F द्वारा मिलाना, गठबन्धन करना या होना, ब्याह करना या कराना, गाँठ^F जोड़ना; मैत्री^F होना या करना या कराना, दोस्ती^F करना या कराना; दूसरोंके साथ हिस्सा बँटाना; **संयुक्त करना या होना**; इकट्ठा करना, मिलाना, मिलना, जुटना, **जोड़ना***, साँटना, सटना, सटाना, गठना, गाँठना, लगाना, भिड़ाना, चिपकना, चिपकाना, शामिल करना या होना; सभासद होना, सभाका सदस्य होना या बनना; कार्य ग्रहण करना, स्थान प्राप्त करना, जगह^F पाना; **सेवा^F आरम्भ करना**, सम्बन्धित होना, आ मिलना (*the Cherwell ~s the Thames below Oxford*); साथ आना (व्यक्तिके), **शामिल होना**, साथ होना; ~ing time कार्यग्रहण काल; ~ *battle* युद्ध आरम्भ करना, लड़ाई^F शुरू करना; ~ *hands* हाथ मिलाना, अपने हाथोंको मिलाकर बाँधना; (ला०) व्यवसाय या काममें सम्मिलित होना या शामिल होना; ~ *issue* सम्मिलित होना, साथ देना; ~ *up* भरती^F होना; **जोड़ना, जुड़जाना ।**

joinder -'डॅर् n. (कानून) **संयोजन**, जोड़, ऐक्य, मिलाव ।

joiner -'नॅर् n. योजक, बढ़ई, कारीगर, जोड़नेवाला, मिलानेवाला ।

joinering -रिंग् n. काष्ठकरण, कठिहारी, कठिहारेका काम, बढ़ईका काम; ~ shop **जुड़ाईखाना ।**

joinery -'नॅरि n. योजकर्म, **जुड़ाई^F**, बढ़ईका काम, बढ़ईगीरी^F, फर्नीचर आदिका पेशा या कारखाना ।

joining -निंग् n. **जोड़**, गाँठ^F; **जोड़ना; कार्यग्रहण;** ~ date, ~ time, ~ report.

joint जाएॅन्ट् १. n. **सन्धि**, मिलाव, (कृषि०) **जोड़**, गाँठ^F, (हड्डियों^Fकी भी); **सम्भेद, दर्ज;** कब्जा, दो ढाँचों-को मिलानेवाला विन्दु या यन्त्र, चट्टान^Fकी दरार^F अथवा गर्त या विवर; अवयव, अंग; वृक्षका स्कन्ध या प्रकाण्ड; (ग्रा०) अफीमका गैरक़ानूनी या गुप्त अड्डा; मद्यशाला^F, शराबखाना ⊙; २. v.t. ग्रन्थि^F बैठाना, सन्धि^F जोड़ना; मिलाना, गिरह^F बाँधना, गाँठ^F लगाना, जोड़ मिलाना, जोड़ लगाना, टुकड़े-टुकड़े जोड़ना; अंगभंग करना, अवयवों को जोड़ परसे काटना या टुकड़े-टुकड़े करना; इमारत^Fके रद्दे में जोड़को गारेसे भरना; ढाँचोंको जोड़ना या मिलाना; ३. a. संधियुक्त; जोड़वाला; मिश्रित, सम्मिश्रित, **संयुक्त**, समवेत, मिला-जुला (~ *action*); अविभक्त, साझेका; साझेदार (~ *owners*); ~ box **जोड़बक्स ;** ~ family अविभक्त परिवार, **संयुक्त परिवार या कुटुम्ब;** ~-filling **सन्धि-पूरण;** ~ probability संयुक्त **प्रायिकता^F**, ~ rule **कोनिया^F**; ~ secretary सह-सचिव; ~ stock सामूहिक निधि^F, साझा धन; (कृषि०) **संपुजित, संयुक्त पूँजी^F**; सम्मिलित पूँजी^F; संयुक्त पूँजी^Fके आधारपर निर्मित या चालित (*~stock bank*); ~ stool जोड़दार तिपाई; *during their ~ lives* जबतक वे दोनों जीवित रहें; *out of ~* (हड्डियाँ^F) सन्धि^Fसे स्थानान्तरित, जोड़से उतरा हुआ; विशृंखलित, क्रमरहित, गड़बड़, बेसिलसिला;

~ account, ~ airport, ~ annuity, ~ application, ~ attestation, ~ auditor, ~ author, ~ bank, ~ bank account, ~ board, ~ capital, ~ committee, ~ concurrence, ~ consultation, ~ control, ~ controller, ~ draft, ~ effect, ~ electorate, ~ fund, ~ funds, ~ heir, ~ liability, ~ life policy, ~ magistrate, ~ meeting, ~ name, ~ note, ~ operation, ~ opinion, ~ petition, ~ probability, ~ representation, ~resolution, ~returns, ~secretary, ~ security, ~services, ~session, ~ sitting, ~sovereignty, ~staff, ~stock farming, ~ supervision, ~ supply, ~ support, ~ tenancy, ~ tenant, ~ venture, ~ will.

jointed '-टिड् a. सन्धिमय, सन्धि-युक्त, गठीला, गठीले जोड़वाला; संयुक्त ।

jointer -टॅर् n. **युक्तक**, बिजली^Fके तारोंको जोड़ने-वाला कारीगर; टुकड़ोंको जोड़नेवाला; कन्नी^F, राजका गारा भरनेवाला औजार; जोड़की तख्ती^F ।

jointing -टिंग् n. **संधान, संभेदन**, सन्धिकरण, सन्धि-योग, सन्धि-निर्माण, (यंत्र०) **दरजबन्दी^F**, जोड़ बनाना, जोड़ मिलाना; ~ compound **जोड़ लगानेका मसाला ।**

jointless -ट्'लिस् a. ग्रन्थिहीन, सन्धिरहित, बिना गाँठ^Fका, **बिना जोड़का**; स्कन्धरहित; विवर या दरार-हीन ।

jointress जाएॅन्'ट्रिस् n. स्त्री-धनवाली विधवा^F, उत्तरा-धिकारिणी पत्नी^F ।

jointure ज्युअॅर १. n. विधवाधन, स्त्रीधन, पति-सम्पत्ति; २. v.t. स्त्री^Fके नाम सम्पत्ति^F लिख देना, स्त्री^Fके नाम धनका वसीयतनामा लिखना ।

joist जाएॅस्ट् n. धरणिका^F, **कड़ी^F**, धरन^F, बल्ली^F, शहतीर, धन्नी^F ।

joisted -'टिड् a. धरणिकायुक्त, कड़ीवाला, धरनयुक्त, बल्लीदार, शहतीरदार, धन्नीदार ।

joke जोक् १. n. परिहास, उपहास, विनोद; हास्य, हँसी^F, मजाक, ठट्ठा, दिल्लगी^F, खिल्ली^F, ठठोली^F, लतीफा; उपहासजनक स्थिति^F, व्यंग्यपूर्ण परिस्थिति^F; २.

& i. परिहास करना, उपहास करना, विनोद करना, करना, मजाक करना, दिल्लगी^F करना, ठट्ठा , ठठोली^F करना, मसखरापन करना, छेड़ना, ^F उड़ाना; practical ~ व्यावहारिक परिहास, की हरकत^F; *it is no* ~ जान^F गम्भीर है।

et –'लिट् n. लघु उपहास, तुच्छ विनोद, ओछा मजाक।

–'कॅर् n. (ताशमें) ट्रम्पवाला पत्ता, **जोकर;**) व्यक्ति, आदमी; विदूषक, मसखरा, मजाकिया, हँसी^F करनेवाला, ठठोलिया, दिल्लगीबाज़।

g –'किंग् n. उपहास, मजाक, हँसी ठट्ठा।

–कि a. परिहासपूर्ण, विनोदात्मक, हँसी-मजाक-, खिल्लीभरा।

d ⊙ जॉ'लिड् a. प्रसन्नचित्त, आनन्दी।

ication जॉलिफ़िके'शॅन् n. विनोदीकरण, आनन्द, ता^F, रंगरेलियाँ^F; मौज-बहार^F, मस्ती^F।

y –'लिफ़ाइ v.i. & t. आनन्द मनाना, रंगरेलियाँ^F ना, खुशियाँ^F मनाना; प्रफुल्लित होना या करना, न्दित करना या होना, मस्त करना या होना।

ness जॉ'लिनि स् n. प्रमोद, आनन्द, हर्ष, खुशी^F।

ty जॉ'लिटि n. प्रहर्ष, आनन्द, उल्लास, उत्सव, द-प्रमोद, रंग-रस, रास-रंग, चहचहे, कहकहे, ऐश, न।

जॉलि १. n. (ग्रा०) राजकीय जहाजी बेड़ा; २. v.t. कारी^F करना, चापलूसी^F करना, खुशामद^F करना; त करना, प्रफुल्लित करना, परिहास करना, हँसी^F ना, ठठोली^F करना, ठट्ठा करना, मजाक करना, गी^F करना; ३. a. प्रमत्त, मस्त, हलकी चढ़ाये हुए; व-सम्बन्धी, आनन्दका; (बोल०) आनन्दी, जिन्दादिल, मिजाज (प्रायः व्यंग्यपूर्ण) (*he must be a ~ fool do it*), प्रमोदप्रिय, परिहासशील; मग्न, विनोदशील, दी, रसिक, मस्त, खुश; उल्लसित, सानन्द, प्रहृष्ट, दित, आनन्दित, प्रसन्नचित्त; आनन्दमय, मनोहर, रम; ४. adv. (बोल०) अधिक, बहुत (*he will be avage*); ~-boat जहाजकी छोटी नाव^F; the ~ l कामदेव।

जोल्ट' १. n. संक्षोभ; उद्घात, झटका, हचका, हच-, धक्का; २. v.t. & i. झटका देकर हिलाना, हचका , धक्के देना, हचकोला मारना।

er –'टॅर् n. धक्का देनेवाला, झटका देनेवाला।

y–टि a. झटका देनेवाला, झटकेके साथ चलनेवाला, का देनेवाला।

ah जो'न n. दुर्भाग्यशील, अभागा, करमघट्ठुआ, नजरुआ, मनहूस आदमी।

athan जॉ'नॅथन् n. (*Brother~*भी) संयुक्तराष्ट्र रिकाका आदर्श निवासी; रेगिस्तानी सेवका एक भेद।

gleur(F) जॉन्'ग्लॅर् n. ग्रामी गन्धर्व, भ्रमणशील ण, घुमक्कड़ भाँट; चारण।

quil जॉ(ज)न्'किल n. एक प्रकारकी नरगिस^F या डिल फूल।

jordan जॉ'र्डन् n. मूत्रपात्र, पेशाबदान, पाखानेका बर्तन।

Jordan almond जॉ'र्डन् आ'मॅन्ड् n. मलागाका एक बढ़िया बादाम।

jorum जॉ'रॅम् n. पानपात्र, प्यालाभर शराब^F, शराब^Fका प्याला, जाम।

joseph जो'ज़िफ़ n. (J~भी) धर्मनिष्ठ व्यक्ति, साधु पुरुष, धार्मिक व्यक्ति, संयमी, ब्रह्मचारी; १८वीं शताब्दी^Fमें स्त्रियों^Fकी घुड़सवारी^Fकी लम्बी पोशाक^F।

Josh. Joshua.

joskin जॉस्'किन् n. (ग्रा०) अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य पुरुष, उद्धत व्यक्ति, उजड्ड आदमी, घामड़, देहाती आदमी, गँवार, लण्ठ।

joss जॉस्' n. चीनकी देव प्रतिमा^F या मूर्त्ति^F; ~-house चीनी मन्दिर; ~-stick चीनी धूप^F; अगरकी किस्मकी बत्ती^F जो सुगन्धि^Fके लिए जलाते हैं।

josser –'सॅर् n. मूढ़ पुरुष, मूर्ख व्यक्ति, गँवार आदमी; लड़का, छोकरा, छोकड़ा (बोल०)।

jostle जॉ'सॅल् १. n. धक्कम-धक्का, टक्कर^F, ठेल-पेल^F; २. v.i. & t. किसी वस्तु^Fके लिए किसी व्यक्तिसे झगड़ना; धक्का देकर हटाना, धक्कम-धक्का करना, कुहनी^F मारना, झटकना, झटका देना, धक्का देना, धक्का खाना, रेल-पेल^F करना, ठेलना, ढकेलना, टकराना।

jot जॉट् n. अल्पल्प, किंचित्, लेश, कण, लवमात्र, रत्ती^F, तिल, बहुत कम, थोड़ा, जरा; २. v.t. (प्रायः ~*down*) शीघ्र लिखना, संक्षेपमें लिखना, थोड़ा-सा लिखना, जल्दी-जल्दी लिखना, लिख रखना, टाँकना।

jotting –'टिंग् n. स्मृति-पत्र, टिप्पणी^F; ~error टिप्पण भूल^F।

joule जूल्' n. ऊर्जा^F, (विद्युत^F) कार्य या शक्ति^Fकी इकाई^F, **जूल** (~*cycle*)।

jounce जॉउन्स् १. v.t. धक्का देना, झटका देना, झँक-झोरना, धकियाना, झटकारना; २. n. झटका, झकझोर, टिप्पा।

jour de fete(F) पर्वदिवस, पर्व, त्यौहार।

journal जर्'नॅल् n. (वाणि०) **दैनिकी^F, दैनिक पंजी^F, रोजनामा, रोजनामचा;** चिट्ठा, घटनाओं^Fका दैनिक अभिलेख; दैनिक समाचार-पत्र, दैनिक अखबार; **पत्रिका^F,** सामयिक पत्र-पत्रिका^F; जहाजका रोजनामचा या दैनन्दिनी^F; T, कमानी^Fके ऊपर शहतीर या धुरेका हिस्सा; बही-खाता; ~-box धुरी^F और कमानी^Fकी चूल^F, निभ्रमिधान; the ~s संसद^Fका दैनिक अभिलेख या वृत्त-पत्र; संसद्-पत्रिका^F;

~entry, ~friction, ~proper, ~register.

journalese –लीज़्' n. समाचार-पत्रोंकी शैली^F या भाषा^F, अखबारी बोली^F।

journalism –'नॅलिज़्म् n. **पत्रकारिता,** अखबार-नवीसी^F।

journalist –लिस्ट n. **पत्रकार,** अखबार-नवीस।

journalistic –'टिक् a. पत्रकारिता-सम्बन्धी, पत्रकारिता^F-

का, अखबार-नवीसोंका, (~*career*)।

journalize –'नॅलाइज़् v.t. & i. अभिलिखित करना, पंजीयन करना, व्यक्तिगत दैनिकी^F रखना, रोजनामचा लिखना, रोजनामचेमें दर्ज करना।

journey जर्'नि १. n. (pl. ~s) (स्थल) पर्यटन, प्रवास, भ्रमण, यात्रा^F, सैर^F (किसी निश्चित समयके लिए, *4 day's* ~); देशाटन, सफर, परिभ्रमण (प्रायः पृथ्वी^F-का); २. v.t. पर्यटन करना, देशाटन करना, भ्रमण करना, यात्रा^F करना, सैर^F करना, सफर करना; ~man[1] परसेवी शिल्पकार, कमेरा, दूसरोंके लिए काम करनेवाला योग्य कारीगर या मिस्तरी; ~man[2] (ज्योतिष) T; गौण पर्यवेक्षणकारी राशि^F; ~-work दैनिक वेतनका काम, ठीकेका काम; *take, undertake, perform, a* ~ यात्रा^F करना;

~charges, ~log book, ~purposes, ~ ticket, ~undertaken.

journeyer–निअॅर् n. पर्यटक, प्रवासी, यात्री, मुसाफिर।

joust, just जूस्ट्, जस्ट् १. n. घोड़ेपर सवार दो नाइटोंके बीच भाले या बर्छी^Fसे युद्ध; २. v.i. भाले या बर्छी^Fसे युद्ध करना, लड़ना।

Jove[1] जोव् n. बृहस्पति, रोमका प्रधान देवता, जुपिटर, गुरु; *by* ~ गुरुभगवान्की शपथ^F, जुपिटरकी कसम^F।

jovial जो'विअॅल् a. प्रमोदकारी, आमोदजनक, मनोरम, उत्सव-सम्बन्धी; प्रहृष्ट, आनन्दी, आनन्दमग्न, प्रसन्नचित्त, प्रफुल्लित, प्रसन्न, हँसमुख, हँसोड़, जिन्दादिल, खुश-मिजाज।

joviality –अैलिटि n. प्रहर्ष, प्रसन्नता^F, प्रफुल्लता^F, आनन्द, जिन्दादिली^F, खुशमिजाजी^F।

jovialness –'विअॅल्-निस् n.=JOVIALITY.

Jovian जो'विअॅन् a. बृहस्पतिका, गुरुका; जोवसदृश, जोवके समान, जुपिटर-सम्बन्धी, जुपिटरका।

jowl जॉउल् n. कपोल, गाल; जबड़ा, जबड़ेकी हड्डी^F; सालमन^F या दूसरी मछलियों^Fका सिर और गर्दन^F; गल-कम्बल, चिड़ियों^Fके गलेका पोटा, गर्दन^Fपर लटकनेवाला मांस; *cheek by* ~ दे० CHEEK.

jowler –'लॅर् n. आयतहनु कुकुर, बड़े जबड़ेका कुत्ता।

joy[1] जाॅइ n. उल्लास, हर्ष, प्रफुल्लता^F, आनन्द, प्रसन्नता^F, मोद, खुशी; आनन्दमयी वस्तु^F, प्रसन्नतोत्पादक वस्तु^F; ~-bells उत्सवोंपर बजनेवाले घण्टे; ~-ride (ग्रा०) चोरी^Fकी सैर^F, मोटर^F वगैरहकी सैर^F; ~stick (ग्रा०) हवाई जहाजको काबूमें रखनेवाला यन्त्र।

joy[2] v.i. & t. आनन्दित करना या होना, हर्षित होना या करना, आनन्द मनाना, प्रसन्न करना या होना, निहाल करना, खुश होना या करना, बागबाग होना या कर देना।

joyance –'अॅन्स् n. प्रमोद, आनन्द, उल्लास, उत्सव।

joyful –'फ़ुल् a. आनन्दित, हर्षित, उल्लसित, मुदित, प्रसन्न, खुश।

joyfulness –निॅस n. प्रफुल्लता^F, उल्लास, आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता^F, प्रसन्नचित्तता^F, खुशी^F।

joyless –'लिॅस् a. आनन्दशून्य, निरानन्द, आनन्दरहित, हर्षरहित, मोदरहित, अप्रसन्न, खिन्न, नाखुश, बेमजा।

joylessness –निॅस् n. आनन्दशून्यता^F, निरा- आनन्द-राहित्य, हर्ष-राहित्य, मोद-राहित्य, मोदाभाव, अप्रसन्नता^F; उदासी^F, मनहूसी^F, बेमजा

joyous –'अॅस् a. हर्षोत्फुल्ल, आनन्दपूर्ण, आ- आनन्ददायक, हर्षजनक, उल्लासकारी, मोदमय, आनन्दित, प्रसन्न, खुश।

joyousness –निॅस् n. हर्षोत्फुल्लता^F, आनन्द- आनन्दमयता^F, आनन्ददायकता^F, हर्षजनकता^F, कारिता^F, मोदमयता^F, प्रसन्नता^F।

J.P. Justice of the Peace.

jr., jun., jur. junior.

jt. joint.

juba[1] जू'बॅ n. केसर, सटा, अयाल, आल; चुटिया^F।

juba[2] n. जूबा, (प्राचीन नीग्रो नृत्य)।

jubate जू'बेट् a. केसरी, सटायुक्त, अयालवाला वाला।

jubbah जू'बॉ n. अँगरखा, जुब्बा।

jubilance, jubilation जू'बिलॅन्स्, –ले'श हर्षोत्सव, आनन्द, प्रमोद, प्रफुल्लता^F, उल्लास, रंगरेली^F, खुशी^F।

jubilant –न्ट् a. हर्षित, आनन्दित, प्रमुदित, प्र- हर्षोत्फुल्ल, उल्लसित, खुश।

jubilantly –लि adv. सहर्ष, सानन्द, मोदपूर्व

jubilate –लेट् v.i. हर्ष मनाना, आनन्दि- प्रमुदित होना, प्रफुल्ल होना, उल्लसित होना, मनाना, उल्लास प्रकट करना; खुशी^F मनाना।

jubilate(L) –'लेट् n. जयघोष, विजय-ध्वनि^F

jubilation –ले'शॅन् n. हर्षोद्घोष, आनन्दोद्गा- दाभिव्यक्ति^F, उल्लासोक्ति^F = JUBILANCE.

jubilee जू'बिलि n. पापके दण्डसे मुक्त करने- प्रहर्ष, अत्यानन्द, अतिप्रसन्नता^F; महोत्सवानन्द, उत्सवकाल, बड़े हर्ष या आनन्द प्रमोदका समय; nd J~ हीरकजयन्ती^F, साठवें वर्षका महोत्सव वर्ष; Golden ~ स्वर्णजयन्ती^F, पचासवें वर्षका पचासवीं वर्षगाँठ^F; Silver J~ रजतजयन्ती^F, वर्षका महोत्सव, पचीसवीं वर्षगाँठ^F।

J.U.D. *Juris utriusque Doctor*, both of Canon and of Civil Law.

jud., judg. judge.

Judaic जूडे'इक् a. यहूदी, यहूदा-सम्बन्धी।

Judaical –कॅल् a. = JUDAIC.

Judaism –'डेइज़्म् n. यहूदी धर्म, यहूदीपन यत^F।

Judaist –इस्ट् n. यहूदी, यहूदाका अनुयायी।

Judaization –डेआइज़े'शॅन् n. यहूदीकरण बनाना; यहूदी-परम्परानुगमन, यहूदी-व्यवहारानु

Judaize –'डेआइज़् v. i. & t. यहूदी बनाना, यहूदी रंगमें रँगना; यहूदीय प्रथाओं^F या धार्मिक कृत्योंका अनुसरण करना, पालन करना या मानना।

Judaizer –ज़ॅर् n. यहूदीकारक, यहूदी बनानेवाला; यहूदी-परम्परानुगन्ता, यहूदी-व्यवहारका अनुसरण करनेवाला।

Judas जू'डॅस् n. (j ~ भी) झाँकनेके लिए द्वारमें छिद्र; यहूदा, यीशुके साथ कपट करनेवाला उनका शिष्य, यीशुका अभक्त शिष्य, कुख्यात विश्वासघाती, राजद्रोही, देशद्रोही, बागी, गद्दार; J~-colour रक्तवर्ण, लाल रंग; J~-coloured रक्तवर्णकी (दाढ़ी^F आदि); J~-tree एक बैंगनी फूलवाला पेड़।

judge* जज् १. n. विशेषज्ञ, गुणादोषज्ञ, परीक्षक, रसज्ञ, (*am no ~ of that*); निर्णेता, निर्णायक, पंच; **न्यायाधीश***, न्यायाध्यक्ष, धर्माध्यक्ष, धर्माधिकारी, अधिकरणिक, विचाराधिपति; न्यायकर्त्ता, दण्डनायक, जज; (ईश्वर) सर्वोच्च निर्णायक, महान् न्यायाधीश; इजरायलमें जोशुआके और राजाओंके शासनकालके बीच एक अस्थायी अधिकारी या अफसर; (pl.) बाइबिल^Fकी पुस्तक^F; २. v.t. & i. **निर्णय करना,** तय करना, फैसला करना; अनुमान लगाना, धारणा^F बनाना, विचार बनाना, राय^F बनाना; मुकदमा सुनना, मामलेकी सुनवाई^F करना; न्यायालयमें दण्डाज्ञा^F देना; निर्णयपर पहुँचना, विचार बनाना; निर्णय बनाना, हुक्म या फैसला बनाना; न्यायाधीश या निर्णायकके रूपमें काम करना; **आँकना;** J~-Advocate General महान्यायविक्ता, न्यायालयका सर्वोच्चाधिकारी; ~-made law **निर्णीत विधि^F,** न्यायाधीशके निर्णयोंपर आधृत सिद्धान्त।

judgematic, -al जजमै'टिक्, -ॲल् aa. (बोल०) प्राज्ञ, चतुर, विवेकी, विवेकशील, समझदार।

judgement, -gment जज'मॅन्ट्, -ज्'मॅन्ट् n. **निर्णय,** विनिर्णय, **फैसला;** निर्धारण, **निश्चय,** संकल्प; न्यायवाक्य; **संबोधन,** गुण-दोषविवेचन, विवेचन, परिच्छेद; अनुमान, विचार, राय^F (*in my ~*); **संश्लेषात्मकवृत्ति^F, समीक्षावृत्ति^F,** विचारणशक्ति^F, विचक्षणता^F, विवेकशीलता^F, **विवेक;** प्रज्ञा^F, बुद्धि^F, चतुरता^F, समझ^F; (दैवकोपका प्रतीक-स्वरूप) दुर्भाग्य, दरिद्र (*it is a ~ on you for getting up late*); ~creditor निर्णीत उत्तमर्ण, निर्णीत ऋणदाता, आज्ञप्तिधारी, डिगरीदार; ~-day कल्पान्त दिवस, प्रलय-दिवस, निर्णय-दिवस, अन्तिम हिसाबका दिन; ~debt निर्णीत ऋण; ~ debtor निर्णीत अधमर्ण, निर्णीत ऋणी; ~-seat न्यायपीठ, न्यायासन, धर्मासन; *the last ~* प्रलयके समय ईश्वर प्रदत्त निर्णय या न्याय।

judger –'जॅर् n. न्यायकर्ता, निर्णायक, निर्णय करनेवाला।

judgeship –ज्'शिप् n. न्यायाध्यक्षत्व, न्यायाधीशत्व, **न्यायाधीश-पद।**

judicable जू'डिकॅबॅल् a. न्याययोग्य, विचारणीय, विवेचनीय, निर्णययोग्य।

judicate –केट् v.t. & i. = JUDGE; विवेचन करना।

judication –के'शॅन् n. विवेचन; निर्णय, न्याय, फैसला।

judicative –'डिकॅटिव a. निर्णयशील, न्याय या निर्णय देनेका अधिकारी, न्यायाधिकारसम्पन्न; विवेकी।

judicator –केटॅर् n. विवेचक, विवेक्ता; न्यायाधीश, निर्णायक, जज।

judicatory –'डिकॅटॅरि १. n. न्यायकरण, निर्णयदान; धर्मसभा^F, व्यवहाराधिकरण, न्यायसभा^F, न्यायालय, अदालत, कचहरी^F, कोर्ट^F; २. a. निर्णयात्मक, विवेचनात्मक; न्याय-संबंधी।

judicature –केच्युॲर् n. **न्यायालय,** धर्मसभा^F, न्यायसभा^F, न्यायपालिका^F, न्यायसंहति^F; न्यायाधीशसमूह, न्यायाध्यक्षसमुदाय, न्यायाधीश-गण; न्यायाधीशका कार्यकाल; न्यायकरण; निर्णयदान; न्यायशासन, न्यायाधिकार, अधिकारक्षेत्र; Supreme Court of J~ सर्वोच्च न्यायालय।

judicial जूडि'शॅल a. न्याय-, **न्यायिक,** निष्पक्ष, पक्षपातहीन; वैचारिक, विचारात्मक, विवेचनात्मक, न्यायाधीशोचित, न्यायाध्यक्षके उपयुक्त, न्यायाध्यक्षके अनुरूप, न्यायाधीशीय, न्यायाध्यक्षीय, न्यायाधीशका, जजी; निर्णायक, न्यायप्रदाता, न्यायकारी (*a ~ assembly*); न्यायालयोचित, न्यायालयीय, न्यायसभा^Fके उपयुक्त, न्यायसभा^Fका, न्यायालय द्वारा किया गया, **अदालती;** ईश्वरीय न्यायके रूपमें दण्ड प्राप्त; ~ murder वैधानिक परन्तु न्यायविरुद्ध मृत्युदण्ड; ~ officer **न्यायाधिकारी,** ~ separation पति-पत्नी^Fका वैध वियोग;

~ act, ~ assistant, ~authority, ~clerk, ~ cognizance, ~ commissioner, ~ confession, ~ custody, ~ decision, ~ department, ~ determination, ~ discretion, ~ enquiry, ~ function, ~ law, ~lock-up, ~ magistrate, ~ notice, ~ oath, ~ opinion, ~ order, ~ outlook, ~ power, ~ precedent, ~ proceeding, ~ process, ~pronouncement, ~ record, ~report, ~ service, ~ stamp, ~ trial, ~ tribunal, ~ work, ~ writ.

judiciary –शॅरि n. **न्यायांग,** न्यायसंहति^F, **न्याय तंत्र, न्यायपालिका^F;** न्यायाधीशोंका समुदाय, न्यायकर्त्ता, सामूहिक रूपमें किसी राज्यके न्यायाधीश या न्यायाध्यक्ष, न्यायविभाग।

Judiciary –शिॲरि a. **न्यायकारी, न्यायालय-सम्बन्धी।**

judicious –शॅस् a. व्यवहारकुशल; प्राज्ञ, चतुर, दूरदर्शी, बुद्धिमान, सावधान, समझदार; विवेकी, विवेकशील सूक्ष्मदर्शी; न्यायसम्मत, उचित, सविवेक, युक्त।

judiciousness –निस् n. न्यायसम्मतता^F, औचित्य; व्यवहारकौशल, सूक्ष्मदर्शिता^F, दूरदर्शिता^F, चतुरता^F, बुद्धिमत्ता^F, विवेक, विवेकशीलता^F, समझ^F।

judo जू'डो n. जूडो^F (जापानी कुश्ती^F)।

jug[1] जग् n. कुम्भी^F, घट, कलश, वुदक्पात्र, हाँडी^F, जग; (ग्रा०, *stone*-~ भी) कारागार, कारावास, कैदखाना; ~-bandled ⊙ एकदेशीय, एकांगी।

jug[2] v.t. (खरगोशको) जग या हाँडी^F में पकाना या उबालना (प्रायः p.p. में); (ग्रा०) कारावासमें रखना, कैद^F करना।

jug[3] v.i. चहकना, चहचहाना, 'जग' 'जग' बोलना; ~-~, ~ nn. 'जग' 'जग'की ध्वनि^F।

juga जूगा n. (गणि०) जूगा, **एकादश कालिय**।

jugal जू'गल् १. a. (चि०) जोड़नेवाला; कपोलीय, कपोल-विषयक, कपोल-सम्बन्धी, गालका; हन्वांस्थि-सम्बन्धी, जबड़ेकी हड्डी^F का २. n. ~*bone* (चि०) गण्डास्थि^F; (वाणि०) **गण्डिका**^F; ~ point युगबिन्दु।

jugate जूगॅट् a. संयुक्त, परस्पर संलग्न, जुड़ा हुआ।

jugful जग् फुल n. कलश-भर, (वह मात्रा^F जो कलशमें आ सके)।

Juggernaut जग्'ॲर्नाॅट् n. जगन्नाथ (पुरी)।

juggins ज'गिन्ज् n. (ग्रा०) बुद्धू, गोबरगणेश।

juggle ज'गल् n. दृष्टिबन्धन; हस्तलाघव, कपट, छल, धोखा, कूटता^F, प्रतारणा^F, हाथकी सफाई^F, बाजीगरी^F, जादूगरी^F; २. v. i. & t. हस्तलाघव प्रदर्शित करना, हाथकी सफाई^F दिखाना, बाजीगरी^F दिखाना, जादूगरी^F दिखाना; धोखेसे कोई वस्तु^F उड़ा लेना, ठगना, छलना, आँखों^F में धूल^F झोंकना, चालाकी^F या जादूगरी^F से हटा देना, रख देना या परिवर्तित करना; ~ *with* (तथ्योंको) अन्यथा प्रस्तुत करना, गलत रूपमें समुपस्थित करना; प्रतारित करना, छल करना; धोखा देना, ठगना।

juggler –लॅर् n. ऐन्द्रजालिक, मायाजीवी, कुहकजीवी, मदारी, जादूगर, बाजीगर; ठग, धूर्त, कपटी, छली, मक्कार, धोखेबाज।

jugglery –लॅरि n. इन्द्रजाल, माया^F, कुहक^F, हस्तलाघव, हस्त-चापल्य, दृष्टिबन्ध, दृष्टिमोह, जादूगरी^F, बाजीगरी^F; छल, कपट, धूर्तता^F, धोखा, चालाकी^F, मक्कारी^F; ~ of words शब्दजाल, शब्द-पाखण्ड।

juggling –लिंग् n. इन्द्रजालत्व, माया^F, कुहक^F, हस्तलाघव, हस्तचापल्य, दृष्टिबन्धन, जादूगरी^F, बाजीगरी^F; छल, कपट, धूर्तता^F, धोखा, मक्कारी^F।

jugular ज(जू)'ग्यूलॅर् १. n. (चि०) **जगुलर, ग्रीवा**^F, **गल**, (~ *vein* भी) मातृका^F, कण्ठ्य शिरा^F, कण्ठ या गर्दन^F की नस^F, नैगली शिरा^F, मन्याशिरा^F; २. a. **गल-**, मन्या^F, कण्ठस्थ, कण्ठ्य, गरदन^F या **गलेका**, गरदन^F या गलेसे सम्बन्धित, नैगली, मन्या-सम्बन्धित; (मछली^F) पेटपरी मछली^F;
~ arch, ~ canal, ~ fossa, ~ nerve, ~ notch, ~ plate, ~ process, ~ surface, ~ trunk, ~ vein.

jugulate –लेट् v.t. गला काटना या घोंटना; (ला०) अवरुद्ध करना, (विशे०) चिकित्सा^F से तुरन्त रोगकी रोकथाम^F करना।

jugum ज्यू'गॅम् n. (इति०) **युग्मदंड, जुगुम**।

juice जूस् n. (ला०) रस, यूष, जूष, सत्त्व, सार, निचोड़, निर्यास, द्रव, आँसव, स्वरस, **रस**, अर्क, शोरवा; (ग्रा०) इंजन आदिमें प्रयुक्त पेट्रोल या बिजली^F; ~-extractor रस-निस्सारक।

juiceless –'लिस् a. निःसार, असार, सारशून्य, सत्त्वरहित, द्रवरहित, आसवशून्य, रसविहीन, अरस, विरस, नीरस, बेरस, सूखा।

juiciness –'सिनिस् n. यूषमयता^F, रसाढ्यता^F, रसपूर्णता^F, सरसता^F, रसमयता^F, रसीलापन।

juicy –सि a. यूषमय, रसाढ्य, रसपूर्ण, सरस, रसमय, बहुरस, रसभरा, रसीला; मनोरंजक, रुचिकर, उत्कृष्ट बौद्धिक स्तरका, रोचक, मजेदार; (कला ग्रा०) प्रगाढ़ रंगका, रसीला, प्यारा-प्यारा; (मौसम) बरसाती, पनीला, तर।

jujenum ज्यू'जि'नॅम् n. (जीव०) **अग्रक्षुद्रान्त्र, T.**

ju-jitsu जू जॅट्सू n. = JU-JUTSU.

juju जू'जू n. तावीज; मूर्त्ति^F, प्रतिमा^F।

jujube जू'जूब् n. बदर, **बेर**; उनाव; उनावकी चासनी^F से युक्त या इस फलकी तरहकी चासनीवाली खाँसी^F की गोली^F।

ju-jutsu, jiu-jitsu जू-जॅट्सू, जू-जॅट्सू n. जापानी कुश्ती^F।

Jul. July.

julap, julep जू'लिप् n. शराब^F और जलका बर्फदार या मसालेदार मिश्रण ⊙; उत्तेजक औषधद्रव्य; मधुर द्रव औषधि^F।

Julian calendar जूलि'ॲन् कॅ'लिॅन्डॅर् n. **जूलियसी पंचांगपद्धति**^F **या कलेण्डर**, जुलियस सीजर द्वारा प्रचालित पत्रा या कलेण्डर।

julienne जूलिएॅन्' n. सबजीका शोरुआ।

Juliet cap जू'लिएॅट् कैप् n. मनकेदार टोपी^F।

July जूलाई' n. वर्षका सातवाँ मास, जुलाई^F।

jumbal, -ble[1] जम्'बॅल्, -बॅल् n. विभिन्न प्रकारकी चुरचुरी पतली मीठी टिकिया^F, नानखताई^F।

jumble[2] n. सम्मिश्रण, व्यामिश्रण, संकुलता^F, गड्डबड्डु, घोलमेल; अव्यवस्थित समूह या ढेर; धक्कम-धक्का, हचका; ~-sale बाजारमें फुटकल सस्ती^F वस्तुओं^F का विक्रय।

jumble[3] v.i. & t. व्यामिश्रित करना, मिलाना, गड्डबड्डु करना, घालमेल करना, खिचड़ी^F करना; अव्यवस्थित रूपमें इधर-उधर भटकना।

jumblement मॅन्ट् n. ~ JUMBLE[2].

jumbly –लि a. अव्यवस्थित, गडमड, खिचड़ीदार, मिलाजुला।

jumbo जम्'बो n. (*pl.* -s) अतिसफल व्यक्ति; बहुत मोटा, भद्दा व्यक्ति, भद्दा पशु या पदार्थ।

jump[1]* जम्प्' n. **प्लुति**^F (~ *assistant*, ~*discontinuity*), उत्प्लवन, उत्पतन, कूर्दन, उछाल^F, **कूद**^F, **कुदान**, कूदना, **झम्प**, फलांग^F, चौकड़ी^F, **छलांग**^F, फाँद^F; अकस्मात् परिवर्तन, अन्तर; मूल्य आदिमें आकस्मिक वृद्धि^F; भड़क^F, चौंक^F।

jump² v.i. & t. उत्प्लवन करना, **कूदना,** उछलना, **छलांग**^F **मारना,** चौकड़ी^F भरना, फाँदना, फलांगना; उछल पड़ना, चौंक^F पड़ना, भड़कना; अपने स्थानसे एकदम उठ पड़ना, उचक पड़ना; मूल्य आदिकी अकस्मात् वृद्धि^F होना, मूल्यका अचानक बढ़ जाना; सहमत होना, एकमत होना; (द्वार, फाटक आदिको) छलांग^F मारकर लांघ जाना; रेलगाड़ी^Fका पटरी^Fपरसे उतर जाना; कड़ाही^F-में उलट-पुलटकर पकाना; (किसी वस्तु^Fपर) झपट पड़ना; (पूर्वभोक्ता द्वारा परित्यक्त सम्पत्ति^Fपर) तुरन्त अधिकार कर लेना; पहलेसेही अनुमान भिड़ाना; बरमेसे छिद्र करना; विहंगम दृष्टि^F डालना, सरसरी निगाह^Fसे देखना; कूदने या छलांग^F मारनेमें सहायता^F करना; चौंका देना; अकस्मात् किसी निर्णयपर पहुँचना; झटसे परिणाम निकालना; ~ *at* (ला०) तुरन्त स्वीकार करना या मान लेना; ~ *down* person's *throat* उद्दण्ड रूपमें उत्तर देना; टोक देना या रोक देना; ~ *in* झपटकर गाड़ी^F आदिमें चढ़ना; ~ *out of* one's *skin* आश्चर्यसे उछल पड़ना या चौंक^F पड़ना; ~ *upon* (दोषी व्यक्ति आदिको) धमकाना, जोरसे डाँटना, खबर लेना, धौंस^F जमाना; आक्रमण करना, चढ़ बैठना, टूट पड़ना।

jumpable जम्'पॅबॅल् a. कूदनीय, छलांग^F मारने योग्य, उछलने योग्य, कूदने योग्य, उचकने लायक, चौंकने लायक।

jumper¹ –पॅर् n. कुदक्कड़, छलांग^F लगानेवाला, कूदनेवाला, उछलनेवाला; **झम्पक,** सब्बल, **झब्बल,** गदाला, एक बड़ा बरमा; (मस्तूल का) हरा रस्सा; फुदकनेवाला कीड़ा जैसे पिस्सू; कीर्तनिया, वेल्समें मैथाडिस्ट मतका भक्त।

jumper² n. स्त्रियों^Fका ढीला-ढाला जाकेट या वस्त्रविशेष; नाविकोंकी ढीली-ढाली सदरी^F; **जम्पर।**

jumpiness –पिनिस् n. उत्प्लवनता^F, कुदाव, उछलाव, फँदाव।

jumping –पिंग् १. n. **झम्पिन,** उछाल^F, कूद^F, फाँद^F; २. a. उछलनेवाला (विशे० पशु, जैसे, ~ *deer*); ~-rope ⊙ कूदनेकी रस्सी^F।

jumpy –पि a. उत्प्लवनशील, कुदक्कड़, उछलने कूदनेवाला, छलांग^F या फलांग^F मारनेवाला, चौकड़ी^F मारनेवाला।

junc. junction.

juncaceous, juncous जन्के'शॅस, जन्'कॅस् aa. नडाम।

junction जन्क्'शॅन् n. **सन्धि**^F**,** संश्लेष, संघात, सन्धिस्थान, **योग, जोड़,** गाँठ^F; **संगम,** समागम, सम्मिलन, सम्मेल, **मेल,** मिलाव; **जंक्शन;** ~ point **संगम, सीमाबिन्दु;** ~*star* **योगतारा;**

~ box, ~ circuit, ~ line, ~ station, ~ value.

juncture –'ट्युअॅर् n. संकटकाल, संकटवेला^F; संघट्टन, घटनाओं^Fका समागम, अवस्था^F, कार्यावस्था^F, परिस्थिति^F (*at this* ~); मुहूर्त्त, वेला^F, काल, समय; सन्धि^F, सन्धिस्थान, संगम, मिलनस्थान, जोड़; मेल, सम्मेल, समागम, मिलाव।

June जून' n. जून मास।

jungle जन्'गल् n. विपिन, अटवी, वन, जंगल; ~ fever विषमज्वर, जंगल-ज्वर; मलेरिया; ~ scrub **जंगली झाड़ियाँ;**

~-babbler, ~ bush-quail, ~-cat, ~-clearing operations, ~-crow, ~-fowl, ~ grape-vine, ~ green, ~ hen, ~ maina, ~ myna, ~ nightjar, ~ owlet, ~ rice, ~-sparrow, ~ striped squirrel, ~ transplants, ~ warfare, ~ wren-warbler.

jungled –ड् a. वनयुक्त, वनमय, जंगली।

jungly –लि a. वन्य, वनीय, जंगलका, जंगली।

junior जू'निअॅर् १. n. निम्नतर श्रेणी^F या पदवी^Fका व्यक्ति, जूनियर (*is my* ~); २. a. कनीयस, कनिष्ठ, **अवर,** छोटा, छोटी अवस्थावाला (~ *branch* इत्यादि); निम्नतर श्रेणी^F या पदवी^Fका, कम स्थिति^Fका; ~ Accountant **अवर लेखाकार;**

~ associate, ~ branch, ~ division, ~ interpreter, ~ officer, ~ partness, ~ psychologist, ~ secretary, ~ teacher, ~ time scale.

juniorate –रॅट् n. (ईसाई समाजमें) पादरी होनेके पूर्व अवर व्यक्तियोंके लिए दो वर्षका पाठक्रम।

juniority –ऑ'रिटि n. **अवरता**^F, कनिष्ठता^F, छोटापन।

juniper जू'निपॅर n. हपुषा^F, हबुषा^F, हाऊबेर, धूप चन्दन, नुकीली पत्तियों^Fकी एक सदाबहार झाड़ी^F।

junk¹ जन्क' १. n. कचरा, कूड़ाकरकट, कूड़ा-कवाड़ ⊙; पिण्ड, ढेला, टुकड़ा; क्षारयुक्त मांस, नमकीन गोश्त; एक ह्वेल^F मछली^Fका स्नायुतन्तु-पिण्ड; पुराना रस्सा, **रद्दी रस्सा,** जंक; २. v.t. टुकड़े-टुकड़े कर डालना, बड़े-बड़े टुकड़े करना; ~ man ⊙ गुड्डा, पुराने कपड़ोंका खिलौना।

junk² n. चपटे पेंदेका चीनी जहाज; ~-shop ⊙, ~-store समुद्री गुदाम, जहाजके पुराने सामानकी दुकान^F।

junked ⊙ –ड' a. परित्यक्त।

Junker¹ युन्'कॅर् n. जर्मन सामन्त, जंकर।

Junker² (G) अभिजात युवक।

junket जन्'किट् १. n. भोज, ज्यौनार, दावत^F; मलाईदार लस्सी^F; मिष्टान्न, मिठाई^F; **सैर**^F; २. v.t. भोज करना, दावत^F करना; वन-विहार करने जाना।

junketing –टिंग् n. भोजदान, दावत^F देना; वन-विहार; मौज।

Juno जू'नो n. (pl. -s) तृतीय उपग्रह, तीसरा नक्षत्र, तृतीय क्षुद्रग्रह; रमणी^F, सुन्दरी^F, लावण्यवती स्त्री^F, परी^F; शुभा^F, जुपिटरकी पत्नी^F, जूनो^F।

junta जन्'टॅ n. स्पेन या इटलीकी विचारक अथवा प्रशासक परिषद्^F, जुन्ता।

junto जन्'टो n. (pl. -s) गुप्तसभा^F, राजनैतिक दल,

मण्डली^F, टोली^F, जत्था, गुट।

jupe (F) जूप् n. (स्त्रियों^F का धोती^F के नीचे पहननेका) घाँघरा, लँहगा, पेटीकोट, साया।

Jupiter जू'पिटर् n. **बृहस्पति** (नक्षत्र), **गुरु**; देवराज इन्द्र, **जुपिटर**।

Jupiter Pluvius (L) n. इन्द्रदेव, वर्षाऋतु^F।

jupon जूपान्, जू'पॅन् n. घाँघरा; लँहगा, पेटीकोट।

jural जुअॅ'रॅल् a. = JURISTIC.

jura publica जूरॉ पब्लिकॅअ n. (कानून) **सार्वजनिक अधिकार**।

jura regia –रेजिअॅ n. (कानून) **राज्याधिकार**।

jurassic जुअॅरै'सिक् a. जूरा नामक पर्वतका; दानेदार चूनेके पत्थरवाला, जूरा पर्वतकी भाँति, T, (~ period)।

jurat जुअॅ'रॅट् n. (चैनल द्वीपमें) न्यायाधीश; नगरशासक, पौरशासक।

juratory –टॅरि a. सौगन्ध-युक्त, कसमवाला।

jure divino (L) adv. ईश-नियमतः, दैवी-नियमानुसार।

jure humano (L) adv. मानव-नियमतः, मानव-नियमानुसार।

juridical जुअॅरि'डिकॅल् a. **न्यायिक**, वैध, अदालती, कानूनी (~ *custom*), न्यायिक कार्यविधिसे सम्बन्धित, न्यायिक कार्यवाहीका, न्यायविधान-सम्बन्धी, अदालती कार्रवाई^F से सम्बन्धित।

jurisconsult जुअॅरिस्कॅन्सल्ट् n. **विधिवेत्ता**, विधि-विशारद, विधानविद्, न्यायज्ञ, न्यायनिपुण; अभिवक्ता, वकील।

jurisdiction जुअॅरिस्डिक्'शॅन् n. **अधिक्षेत्र, अधिकार क्षेत्र**, अधिकार-सीमा^F, न्यायक्षेत्र, न्यायसीमा^F, **अमलदारी^F; क्षेत्राधिकार**, वैधानिक सत्ता^F, न्याय अधिकार, वैध अधिकार, **अधिकारिता^F**, अधिकार; न्याय-परिपालन।

jurisdictional –नॅल् a. न्यायक्षेत्र-सम्बन्धी, **क्षेत्राधिकारिक**, न्याय अधिकारका, न्यायप्रशासनीय; अधिकार-क्षेत्रीय (~ *limit*)।

Jurisp. Jurisprudence.

jurisprudence जुअॅरिस्प्रू'डॅन्स् n. न्यायदक्षता^F, धर्मशास्त्रनैपुण्य, स्मृतिप्रवीणता^F; **न्यायशास्त्र**, व्यवहारविद्या^F, धर्मशास्त्र, **विधिशास्त्र**, स्मृति^F; *medical* ~ विधिवैद्यक, न्यायवैद्यक।

jurisprudent –न्ट् n. & a. **न्यायशास्त्री**, धर्मशास्त्रज्ञ, नैयायिक, विधिशास्त्रज्ञ, विधिज्ञ, स्मृतिज्ञ।

jurisprudential –डे'न्'शॅल् a. न्यायशास्त्र-सम्बन्धी, धर्मशास्त्रीय, विधिशास्त्रीय, स्मार्त।

jurist जुअॅ'रिस्ट् n. नैयायिक, विधिकार, विधानकार, स्मृतिकार; न्यायार्थी; न्यायस्नातक, विधिस्नातक, विधिछात्र, विधानविद्यार्थी; कानूनगो; **विधिवेत्ता, विधिनिष्णात**, न्यायज्ञ, न्यायनिपुण, विधिविशारद।

juristic, -al –'टिक्, -ॲल् aa. **न्यायशास्त्र-सम्बन्धी, न्यायशास्त्रीय, विधि-परक**, विधानकार विषयक, विधानज्ञ-सम्बन्धी; ~ person **विधि-व्यक्ति**।

juror जुअॅ'रॅर् n. शपथजन, शपथग्राही, शपथग्रहीता, कसम^F खानेवाली; पंच, न्यायसभ्य, जूरीसभ्य, जूरी^F का सदस्य।

jury –रि n. पारितोषकीय प्रतियोगिता^F की निर्णायक समिति^F; धर्मशास्त्रज्ञ, पंच, शप्त न्यायज्ञ, न्यायसभ्य, जूरी^F; grand ~ महान् पंचायत^F, महान्यायसभा^F, १२ से २३ व्यक्तियोंतकका पंचसमुदाय या न्यायसभा^F; ~-box पंचासन, न्यायसभ्यासन; ~ man पंच, न्यायसभ्य, शप्तजन, जूरी^F के लोग; ~ of matrons महिला-न्यायसभ्य; महिला शप्तजनी^F; ~woman महिला पंच, न्यायसभ्या^F; special ~ विशेष पंच, विशेष न्यायसभ्य, विशेष जूरी^F; trial, common, petty, ~ बारह व्यक्तियोंकी जूरी^F (जिनके निर्णय सर्वसम्मत होते हैं)।

jury-mast जुअॅ'रि-मास्ट् n. आपाती मस्तूल, **कामचलाऊ मस्तूल**, विनष्ट अथवा विच्छिन्न मस्तूलके स्थान-पर लगाया गया अस्थायी मस्तूल।

jus (L) n. (कानून) **विधि; अधिकार**।

jus civile (L) n. व्यवहार विधि^F, **अर्थविधि^F**, दीवानी कानून।

jus civitatis (L) n. नागरिक अधिकार।

jus gentium (L) n. **अन्तर्राष्ट्रीय विधि^F**।

jus naturae (L) n. **प्राकृतिक विधि^F**, प्रकृति-नियम।

jus publicum (L) n. **लोक-विधि^F**।

jus sacrum (L) n. **धर्मनियम**।

jussive ज'सिव् a. (व्या०) आदेशनिर्देशक, आदेशबोधक, आज्ञासूचक।

just[1] जस्ट् a. यथार्थ, उचित (*a ~ reward*); युक्त, उपयुक्त, समुचित, (~ *compensation*); ठीक (~ *below*); प्रमाणित, सुदृढ़, युक्तिसंगत, साधार, आधारित (~ *resentment, fear*); **न्याय्य**, न्यायपूर्ण, **न्यायोचित** (~ *cause*), न्यायशील, न्यायपरायण, निष्पक्षपाती, न्यायसंगत; सच्चा, निष्कपट, सीधा, ईमानदार।

just[2] adv. (बोल०) सर्वथा, निश्चय रूपसे ⊙ (*it is ~ splendid*); (ग्रा०, *Won't I ~ give it him!*); तदैव, तभी, ठीक उसी समय; अभी-अभी, हालमें (*I have ~ seen him pass*); मात्र, केवल, थोड़ा, सिर्फ (*I ~ managed it*); पूर्णरूपेण, ठीक-ठीक, पूरा-पूरा, बिलकुल (~ *at that spot*); कुछ-कुछ (~ *visible*); ~ *now* तुरन्त, अभी-अभी, हालमें, थोड़ी देर पहले; *that is ~ it* यही तो विचारणीय प्रश्न या समस्या^F है।

juste milieu (F) n. ठीक औसत^F।

justice जस्'टिस् n. न्याय, इंसाफ; न्यायालयीय कार्यविधि^F या कार्यवाही^F, अदालती कार्रवाई^F (*Court of J~*); न्याय, न्याययुक्तता^F, न्यायसंगति^F, निष्पक्षपात; युक्तता^F; धर्माचरण, सदाचार; **न्यायाधीश, न्यायाधिपति**, न्यायाध्यक्ष, **न्यायपति**, न्यायमूर्त्ति^F, जज; पुरशासक, मजिस्ट्रेट; J~ of the Peace शान्ति-दण्डाधिकारी, पुरशासक या मजिस्ट्रेट; *do ~ to* न्याय करना, न्यायसंगत व्यवहार करना, इंसाफ करना; *do one-self*

~ अपनी योग्यता^F की लाज^F रखते हुए काम करना।

justiceship –शिप् n. न्यायाधिकार, न्यायाधिपतित्व, न्यायाध्यक्षत्व, न्यायाधीशका पद, जजका पद, जजी।

justiciable जस्टि'श्यॅबॅल् १. n. (दूसरेके) अधिकारक्षेत्रमें आनेवाला व्यक्ति; २. a. न्याययोग्य, **न्याय्य,** न्यायसीमा^F या क्षेत्रके अधीन; निर्णेय, व्यवहार्य, **वादयोग्य।**

justiciar –श्यॅर n. न्यायाधिपति, प्रधान विचारक, प्रधान विचारपति; नार्मन और पूर्व प्लैटेजेनेट राजाओंके समयका प्रधान राजनीतिक एवं क़ानूनी प्राधिकारी।

justiciary –रि १. n. न्यायाधिपति, न्यायप्रशासक; प्रधानविचारक, प्रधानविचारपति; २. a. न्यायप्रशासकीय, न्यायप्रशासनसे सम्बन्धित।

justifiability जस्टिफ़ाइॲबि'लिटि n. न्याय्यता^F, समर्थनीयता^F, न्यायसंगति^F; प्रमाणित करनेकी समर्थता^F या क्षमता^F।

justifiable –'फ़ाइॲबॅल a. **तर्कसंगत,** न्याय्य, न्यायानुमोद्य, न्यायसंगत; समर्थनीय, उचित, ठीक; ~ homicide न्यायक्षम्य मानवहत्या^F; आत्मरक्षा^F या अपराधनिरोधके लिए किसी व्यक्तिका वध।

justifiableness –नि`स् n. = JUSTIFIABILITY.

justification जस्टिफ़िके'शॅन् n. औचित्य-समर्थन, दोषशुद्धि^F, न्यायसंगत सिद्ध करना; समर्थन, युक्तता^F, प्रतिपत्ति^F, उपपत्ति^F, प्रामाणिकता^F; **तर्क-संगतता^F, तर्कसंगति;** औचित्य।

justificative, justificatory –'टिफ़िकेटिव्, –टॅरि a. प्रमाणक, समर्थक, समर्थन करनेवाला, न्यायसंगत प्रमाणित करनेवाला।

justifier –फ़ाइॲर् n. दोषनिवारक न्याय करनेवाला, औचित्य-समर्थक, न्याय्य प्रमाणित करनेवाला।

justify –इ v.t. न्याय्य प्रमाणित करना, औचित्य दिखाना, समर्थन करना, सार्थक सिद्ध करना, **उचित या ठीक प्रमाणित करना, सफाई देना;** न्यायसंगत मानना, **न्यायसंगत सिद्ध करना;** (अधिकार) यथेष्ट आधार समुपस्थित करना; उत्तम वक्तव्य आदि देना; (रिक्त स्थानको सफाई^F के साथ पूर्ण करनेके लिए टाइपकी पंक्ति^F को) व्यवस्थित करना; (यीशुकी करुणा^F के भरोसे) पापदण्डसे मुक्त करना; ~ *bail* जमानत^F देनेमें समर्थ होना।

justle ज'सॅल् n. = JOSTLE.

justness जस्ट्'नि`स् n. न्याय्यता^F, युक्तता^F, औचित्य, सत्यपरायणता^F, समौचित्य, यथार्थता^F, निष्पक्षपातिता^F, न्यायसंगति^F, न्यायपरायणता^F, अपक्षपात, सच्चाई^F, ईमानदारी^F।

jut जट्' १. n. उद्गत वस्तु^F, उत्क्षेप, प्रलम्बन, बाहर निकला हुआ भाग; प्रालम्ब, आगेकी ओर निकला हुआ भाग, नोक^F; २. v. i. उद्गत होना, प्रक्षिप्त होना, प्रलम्बित होना, आगेको निकलना या बढ़ना, उभरना, बाहर निकलना।

jute[1] जूट् n. पट्टशण, **पटसन, पाट,** सन, **पटवा,** जूट; ~ cloth, ~ colour, ~ cuttings, ~ mill, ~ packing, ~ plant, ~ rope, ~ seed, ~ stick, ~ twine, ~ waste, ~ webbing, ~ yarn.

Jute[2] n. ब्रिटेनपर पाँचवीं एवं छठी शताब्दी^F में आक्रमण करनेवाली एक जर्मन जाति^F, ज्यूट।

juvenescence जूवेने'सॅन्स् n. (शैशवसे) युवावस्था^F (में परिवर्तन)।

juvenescent –न्ट् a. नवयुवक, युवावस्था^F में कदम रखनेवाला, नौजवान।

juvenile जू'विनाइल् १. n. बाल, **अल्पवयस्क,** तरुण, **किशोर,** कुमार, **नवयुवक,** नौजवान आदमी; (pl. व्यापार ग्रा०) बच्चोंकी पुस्तकें^F; (प्रा० भूगोल) **सैगमज;** २. a. तारुणिक, तरुण, नवयुवक, यौवनमय, नौजवान; **बाल-सम्बन्धी;** ~ condition बालावस्था^F; ~ convict, ~ court, ~ delinquency, ~ delinquent, ~ employment, ~ foliage, ~ jail, ~ offender, ~ prisoner, ~ ward.

juvenileness –नि`स् n. = JUVENILITY.

juvenilia जूवॅनि'लिॲ n. (pl.) (ग्रन्थकारकी) युवावस्था^F-की कृतियाँ^F।

juvenility जूवॅनि'लिटि n. कैशोर्य, तारुण्य, नवयौवन, कौमार्य, युवावस्था^F, नौजवानी^F, बालपन।

juxta- सं-, (~ *medullary*)।

juxtapose जक्स्टॅपोज़' v.t. (वस्तुओं को) पास-पास रखना, अगल-बगल रखना, साथ-साथ जोड़ना।

juxtaposition –पॅज़ि'शॅन् n. सान्निध्य, सन्निधान, **आसत्ति, सन्निधि^F,** सन्निकर्ष, समीपता^F, निकटता^F, साथ-साथ रखना, अगल-बगल रखना।

juzail n. ज्यू'ज़ेल् n. अफ़गानी बन्दूक^F, जूज़ेल^F।

K

K. k. के, के अँग्रेजी वर्णमाला^F का ग्यारहवाँ अक्षर, क; अंकोंमें = २५०; (रसा०) पोटाशियम।

K. (or k.) Kelvin (thermometer scale); *King* (monarch, cards, chess).

K. *kalium*, potassium.

kaama का'मे n. = HARTEBEEST.

kabala कै'बॅलॅ n. = CABBALA.

kabbalah कै'बॅलॅ n. = CABBALA.

kabob कॅबॉब् n. कबाब।

kadi का(के)'डि n. काज़ी।

Kafir कै'फ़ॅर् n. काफ़िर, उद्यान-प्रदेशवासी, काफ़िरस्तानी।

kaftan कैफ़्'टॅन्, कैफ़्टॅन्' n. = CAFTAN.

kago (Jap.) का'गो n. (जापानी) पालकी^F, मियाना, कागो; कोगो, बेंतकी बनी हुई डोली^F।

lifeless –'लिॅस् a. गतप्राण, निष्प्राण, निःसत्व, निर्जीव, अजीव, मुरदा, बेजान; सत्वहीन।

lifelessness –निॅस् n. निःसत्त्वताF, प्राणहीनताF, निष्प्राणताF, निर्जीवताF, मुर्दापन।

lifelike –लाइक् a. प्राणवत्, प्राणवान्; यथावत्, यथातथ, जीता-जागता।

lifeline –'लाइन् n. हाथमें पड़ी जीवन-रेखाF।

lifer लाइ'फ़र n. (ग्रा०) आमरण कारावासका दण्ड-प्राप्त व्यक्ति, आजीवन बन्दी, उम्र कैदी।

lifetime लाइफ़'टाइम् n. जीवन-काल।

lift[1] लिफ़्ट' n. उत्थापन, उत्तोलन; (बूटकी एड़ीFमें) चमड़े-की एक तहF; उत्कर्ष, प्रतिप्राप्तिF, आरोह, चढ़ाव; (भूमिकाF) **उत्थान**, उभार, उठाव, उठानF; उद्ग्राह, उद्वहन (विमानका वायु-भार); उत्थापयन्त्र, **लिफ़्ट**; (भौ०) **उत्थापक** (~ *lever*, *pump*);

~ attendant, ~ canal, ~ cleaner, ~ irrigation, ~man, ~ mechanic, ~ valve.

lift²* v.t. & i. उद्वहन करना, उद्वाहन करना, उत्थापन करना, उठाना*; उभारना, उचकाना, ऊँचा करना; (विशे० जानवर इत्यादि) चुराना; (अंश, अवतरण इत्यादि) उड़ा लेना, उतार लेना; (तम्बू आदि) उखाड़ना, ऊपर उठाना; उछालना; (जहाजका लहरोंपर) उभरना, उठना; (बादल, इत्यादि) छटना, हटना; (फर्शका) उभरना, फूलना; ~ *a hand* किंचिन्मात्र प्रयत्न करना, प्रहार करना; ~ *up* one's *head* पुनः उन्नति^F करना, गिरकर फिर सँभलना; ~ *up* one's *heel* ठोकर चलाना।

lift³ n. आकाश, स्वर्ग।

liftable –टॅब्‌ल्‌ a. उद्वाहनीय, उठाने योग्य।

lifted⊙ –टिड्‌ a. उत्क्षिप्त, उत्थापित, ऊपर उठाया हुआ; ~ *his debts* ऋण चुका दिया।

lifter –टॅर्‌ n. उद्वहित्र, उठानेकी कल^F; उचक्का; ~ hammer **यान्त्रिक हथौड़ा, मशीनी हथौड़ा।**

lifting –टिंग्‌ n. **उद्वहन, उत्थापन;** २. a. **उत्थापक;** ~ capacity, ~ chain, ~ gear, ~ hooks, ~lever, ~ power, ~ pump, ~tackle.

ligament लि'गॅमॅन्ट्‌ n. (प्रा०) बन्धन, ऐक्य-बन्धन, पट्टी^F; (श० र० शा०) **स्नायु^F**, नस^F, पट्ठा; पाश, अस्थि-बन्ध, स्नायुपट्टिका^F, स्नायु-जाल।

ligamental –मे'न्‌टॅल्‌ a. अस्थि-बन्धनात्मक, स्नायु-विषयक, स्नायवी; पट्टीवाला।

ligamentary –'गॅमॅन्टॅरि a. स्नायु-सम्बन्धी, स्नायवी।

ligamentous –टॅस्‌ a. स्नायु-, अस्थि-संयोजक, स्नायु-युक्त, स्नायु-सम्बन्धी; ~ action **स्नायु-क्रिया^F।**

ligan लाइ'गॅन्‌ n. नौकावशेष, समुद्रमें डूबी हुई वस्तुएँ^F।

ligate लाइ'गेट्‌ v.t. (शल्य०) (धमनी-शिरादिको) सूत्रकी गाँठ^F बाँधना।

ligation –गे'शॅन्‌ n. आवेष्टन, वेष्टन, पट्टी।

ligature¹ लि'गॅच्युअॅर्‌ n. ग्रन्थि^F, गाँठ लगानेके द्रव्य या वस्तु^F; बन्धनि, बन्धनी^F, पट्टी^F, तनी^F; तन्तु; **बन्ध,** अनुबन्ध; (मुद्रण) युक्ताक्षर, जुड़वाँ अक्षर।

ligature² v.t. पट्टी^F बाँधना, जोड़ मिलाना, सूत्रसे गाँठ^F लगाना।

ligger लि'गॅर्‌ n. फलक, फट्टा, तख्ता; फाँसी^Fके तख्तेका पटरा; चक्की^Fका निचला पाट; पटरेका पुल; बिस्तरकी चद्दर^F; सामन मछली^F; मछली^F मारनेकी चारा लगी हुई डोरी^F।

light¹* लाइट्‌ n. **प्रकाश***, ज्योति^F, रोशनी^F (*saw a distant ~*); दर्शन-माध्यम; उजाला, उजास; (चाक्षुष नाड़ियों^Fका) संवेदन, प्रवेग; प्रकाशकी मात्रा^F, किसी वस्तु^Fकी सामान्य मात्रा^F; अनुकूल दृष्टि^F, अनुकूल पक्ष; (का०) दृष्टि^F, (ग्रा०, pl.) आँखें^F; (जलती हुई) प्रकाशकी^F, **बत्ती^F**, मोमबत्ती^F, लैम्प, **दीप**, दीया, चिराग; (नौवि०) पोत दीप, दीप-स्तम्भ, प्रकाश-स्तम्भ, प्रकाश-गृह; ज्ञान-सूर्य, पाण्डित्य-प्रकाश; ज्ञान, बोध; ज्ञानोदय, बोधोदय; बुद्धि^F, मानसिक शक्ति^F; (धर्म शा०) स्वर्गीय ज्योतिष्कता^F, बोधोदय, ज्ञानोन्मेष; गवाक्ष, जालमार्ग, वातायन, झरोखा, रोशनदान; (चित्र०) चित्रणमें प्रकाशमय अंश; (कानून) खिड़की^Fपरका प्रकाश; लपट^F, चिनगारी^F; beam of ~ **प्रकाश दण्ड**; ~house **जलदीप; प्रकाश-स्तम्भ, दीप-स्तम्भ, दीपघर,** *bring to ~* प्रकाशित करना, उद्घाटित करना, प्रकट करना; *come to ~* प्रकट होना, उद्घाटित होना, प्रकाशित होना, ज्ञात होना; *in a good ~* दृश्य, दिखाई पड़नेवाला; *in the ~ of these facts* (इस) दृष्टि^Fसे, (इन) तथ्योंकी सहायता^Fसे; *see the ~* प्रकाशित होना, प्रकाशमें आना, उत्पन्न होना, पैदा होना; *stand in* one's ~किसीकी धूप^F छेंकना, सफलता^Fमें बाधक होना; *throw, shed, ~ upon* प्रकाश डालना, व्याख्या^F करना, स्पष्ट करना;

~ charges, ~ cluster, ~ curve, ~-demander, ~ displacement, ~ dues, ~ duties, ~ energy, ~ filter, ~ flux, ~ intensity, ~ keeper, ~ meter, ~quantum, ~ radiation, ~ ray, ~ ship, ~ signal, ~ spot, ~ wave, ~-year.

light² v. t. & i. (~ *ed* or *lit*) प्रकाशित करना, जलाना, रोशन करना, उजाला करना, रोशनी^F देना, जलाना, सुलगाना, आग^F लगाना; (नेत्रों^Fमें) दीप्ति^F होना या उत्पन्न करना; चमक^F उठना, चमकने लगना; दिखाना, रास्ता बताना; ~ *on* पाना।

light³ a. सुप्रकाश-युक्त, अन्धकारशून्य; हलका वर्ण।

light⁴ a. **मन्द, हलका, हल्की,** (नौवि०) **अनलदा, खाली;** अल्पभार, कम वजनी (~ *gold*); लघु-भार-विषयक; लघु भारके निमित्त निर्मित (~ *ship*); निर्मित (भवन) नाति विशाल, मनोरम, लघु एवं प्रशस्त; फीका; पतला, भुरभुरा; (शराब^F इत्यादि) अगरिष्ठ, हल्की; (अक्षर) आघातरहित; अमहिम, महत्त्वहीन; लघु, क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य; अगम्भीर, परिहास-प्रिय; कामासक्त, दुश्चरित्र; गत्वर, स्फूर्तिवान्‌, फुर्तीला; चल, चपल, अस्थिर, अदृढ़; सुसह्य, सहज, सोढव्य; सुगम, निरायास; कृत; प्रसन्न (~ *heart*); (नींद) अप्रगाढ़, उचट जानेवाली; प्रफुल्ल, प्रसन्न, निरवसाद, आशान्वित; भ्रान्त, विभ्रान्त, क्षिप्त, बहका हुआ; ~-armed सामान्य शस्त्रास्त्र-सज्जित; ~ engine **अकेला इंजन;** ~-fingered चौर्य-पटु, चोरी^Fमें निपुण; ~ hand (शा० एवं ला०) सुचारु व्यवस्था^F, कुशल-प्रबन्ध; ~ horse लघुशस्त्र, अश्वानीक; ~ industries **उपभोक्ता उद्योग;** ~ infantry (सेना०) **लघुभार पदातिका^F**; ~of nature स्वाभाविक बुद्धि^F; ~-o'-love स्वैरिणी^F, व्यभिचारिणी^F, हरजाई^F; ~-skirts व्यभिचारिणी स्त्री^F;

~ anti-aircraft, ~ artillery, ~ ash, ~-bearded, ~ bitter ale, ~ blow, ~ blue, ~-bodied, ~-bomber, ~-brained, ~breeze, ~ Brunswick green, ~ buff, ~ camphor oil, ~ canvas, ~castings, ~ coin, ~-coloured, ~ coloured plumage, ~-complexion-

ed, ~ cork, ~ draught, ~ duty, ~ flint, ~-foliaged, ~-footed, ~ green, ~ grey, ~ gun, ~-headed, ~-hearted, ~-hessian, ~iron ladder, ~labour prisoner, ~-limbed, ~ literature, ~ loam, ~ machine, ~ magnesia, ~ metal, ~ music, ~ nucleus, ~ occupation, ~ oil. ~ ~ orange, ~ petroleum, ~ platinum group, ~ platinum metal, ~ pressure, ~programme, ~ proof, ~ railway, ~ rain, ~ red, ~ red silver ore, ~ refreshment, ~-robed, ~-rooted, ~ shade, ~ showers, ~-skinned, ~ soil, ~-spirited, ~ straw colour, ~ string, ~ structurals, ~ tank, ~ thinning, ~ tractor, ~ traffic, ~-transport vehicle, ~ weight, ~-winged, ~ wood, ~ year, ~ yellow.

light[5] adv. हलकेपनसे।

lightable –'टॅबॅल् a. प्रकाश्य, प्रद्योत्य, प्रज्वाल्य।

lighted –टि ड् a. प्रकाशमान्, जलता हुआ।

lighten[1] –टॅन् v.t. & i. प्रकाशित करना, उजाला करना, रोशनी^F डालना; चमकाना, दमकाना; (बिजली^F) गिराना; चमकना, दमकना।

lighten[2] v.t. & i. हलका करना, भार कम करना, बोझ कम करना; धैर्य देना, धीरज बँधाना, जी हल्का करना; (ला०, विषादि) लघूकृत करना, घटाना; घटना, कम होना, हलका होना।

lightening –निंग् n. प्रकाशन, प्रज्वलन, उद्दीपन, चमकना; ~ hole **अल्पभारकारी छिद्र, हलका करनेवाला छेद**; ~pains (चि०) बिजली^F की तरह बीच-बीचमें होनेवाली तीव्र वेदना^F, ~strike **तत्काल हड़ताल^F**।

lighter[1] –टॅर् n. दीपक, ज्वालक, प्रज्वालक।

lighter[2] n. अवतारक, (जहाजपर माल के लिए) हलकी नाव^F, **मालबोट^F**, चिपटी नौका^F, (नौवि०) **पड़ाव**; लाइटर।

lighter[3] v.t. (लाइटर नौका^F में रखकर) माल ले जाना।

lighterage –रिज् n. (लाइटर नौका^F से) सामान उतारना; (नौवि०) **मालबोट-भाड़ा; पड़ाव-भाड़ा**; (जहाजका) पड़ाव भाड़ा, माल चढ़ाने-उतारनेका शुल्क।

lighterman –र्मॅन् n. लाइटरका नाविक।

lighting लाइ'टिंग् n. प्रकाशन प्रकाशन; प्रकाश-प्रबन्ध; **बत्ती^F जलाना**; ~ charges **प्रकाश-व्यय**।

lightish –टिश् a. अंशतः हल्का, हल्का-सा।

lightkeeper लाइट्'कीपॅर् n. प्रकाश-स्तम्भ-रक्षक।

lightless –लिॅस् a. प्रकाशशून्य, प्रकाशरहित, ज्योतिहीन, बे-चिराग, अँधेरा; अन्धा।

lightness लाइट्'निॅस् n. लघिमा^F, लघुता^F, लघुत्व, फुर्ती^F, हलकापन; सुख, सौकर्य।

lightning लाइट्'निंग् n. सौदामिनी^F, **तड़ित्^F**, (~ *discharge*), विद्युत्^F, कौंधा^F, **बिजली^F**; chain ~ कटावदार बिजली^F; forked ~ लहरिया बिजली^F; ~ arrester **तड़ित^F-रोधक, बिजली^F-रोधक**; ~ calculator **आशु-गणक**; ~ bug ⊙ खद्योत, जुगनू; ~ conductor तड़िद्वाहक; **तड़ितपट्टी^F**; ~ protector **तड़ित^F-रक्षक, बिजली^F-रक्षक**; ~ rod तड़ित छड़, **तड़ित^F-दण्ड, बिजली^F-छड़**; ~ ship **प्रकाश-नौका^F, दीप नाव^F**, ~ streak **विद्युल्लता^F, तड़ित^F-रेखा^F**; strike आकस्मिक हड़ताल^F; ~ stroke तड़िद्घात, तड़ित आघात, sheet ~ फैली हुई बिजली^F; *like* ~, *with* ~*speed* द्रुत गति^F से, शीघ्रता^F से।

lights लाइट्स् n. (pl.) भेड़^F और सुअर आदिके फफड़े।

lightship लाइट्'शिप् n. जलमें तैरनेवाला एक प्रकाशगृह।

lightsome लाइट्'सॅम् a. कान्त, कमनीय, सुन्दर, हलका; सानन्द, प्रफुल्ल, प्रसन्न; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला; (क्व०) प्रकाशदायक, प्रकाशपूर्ण; दीप्तिमान्, तेजोमय, सुप्रकाश; चमकीला, उजला।

lightsomeness –निॅस् n. कमनीयता^F; स्फूर्तिवत्ता^F, स्फूर्ति^F, फुर्ती^F; आनन्द, प्रसन्नता^F, प्रफुल्लता^F, प्रकाशपूर्णता^F, दीप्तिमत्ता^F, तेजोमयता^F, सुप्रकाश, उजालापन।

light-spirited –स्पिरिटिॅड् a. हृष्ट, प्रसन्न।

lightweight लाइट'वेट् n. ६७ किलोग्रामसे कम वजनका आदमी।

lightyear लाइट'यीअॅर् n. प्रकाशवर्ष, ज्यौतिष वर्ष।

lign-aloes लाइनै'लोज् n. अगरु।

ligneous लिग'निॅअॅस् a. (वन०) **काष्ठवत्**, काष्ठमय, लकड़ीवाला, काठका।

ligni- काष्ठ- (~ *ferous*, ~ *form*, ~ *fy*, ~ *fication*)।

ligniferous –नि'फ़ॅरॅस् a. काष्ठप्रद, काष्ठपूर्ण, लकड़ीवाला।

lignification –फ़िके'शॅन् n. काष्ठीकरण, लगुड़ीयन।

ligniform –'निफ़ॉर्म a. काष्ठाकार, काष्ठवत्, लकड़ी^F-जैसा।

lignify –फ़ाइ v. t. & i. लगुडीयन करना, लकड़ी^F बना देना या बन जाना।

lignin –'निन् n. (कृषि०, वन०, रसा०) लगुडि^F, लकड़ी^F का रस, **लिगनिन**।

ligniperdous –निपॅ'र्डॅस् n. (कीड़े) काष्ठ-विनाशक।

lignite –'नाइट् n. वभ्रु-अंकार, लगुडांगार, **भूरा कोयला**, (भूरे रंगका कोयला), (रसा०, प्रा० भूगोल) **लिग्नाइट**।

lignitic –टिक् a. लगुडांगारवत्, लगुडांगारीय।

lignose लिग'नॉस् n. (नाइट्रो-ग्लेसरोन और काष्ठ तन्तुओंसे बना) एक विस्फोटक पदार्थ; = LIGNIN.

lignum लिग्'नॅम् n काष्ठ, लकड़ी^F।

lignum vitae लिग्'नॅम् वाइ'टी n. हीरक-दारु, हीरा लकड़ी^F; अत्यन्त कठिन लकड़ीका दक्षिण अमेरिकाका एक वृक्ष।

ligroin लिग्'रॅइन् n. एक शोधित पेट्रोलियम, T.

ligula लि'ग्यूलॅ n. जिह्विका^F, जिह्वावत् मस्तिष्कका एक अंग; (घास^F की) पत्ती^F का चौड़ा भाग, पट्टी-जैसी पंखुड़ी; T.

ligular -लॅर् a. जिह्वा^F-, जिह्वीय, जीभ^F का, **लिगुला-**।

ligulate -लॅट् a. **पट्टाकार,** पट्टी^F के आकारका (~*floret*), जिह्वित, जिह्वावत् अंगयुक्त।

ligulated -लेटिड् a. = LIGULATE.

ligule -ग्यूल् n. (वन०) जिह्विका^F, T. मस्तिष्कमें चतुर्थ विलय समीपवर्ती एक अंग।

ligurite लि'ग्यूराइट् n. एक हरित स्फानिज।

likable लाइ'कॅबॅल् a. रुचिकर, कमनीय, पसन्द करने योग्य।

likableness -निस् n. रोचकता^F, कमनीयता^F, पसन्दगी^F।

like[1] लाइक् n. (प्रायः pl.) अभिरुचि^F, **रुचि^F, पसन्द,** चाह^F।

like[2] v. t. & i. भाना, पसन्द होना; समृद्ध होना, फूलना-फलना; चाहना, पसन्द करना, रीझना; आकर्षण अनुभव करना, अच्छा लगना; अनुकूल होना (*the food does not ~ me*)।

like[3] n. समान पुरुष, समान वस्तु^F (*mix with your ~s, did you ever see the ~ of it*); ऐसा काम, ऐसी बात^F (*will never do the ~ again*)।

like[4]* a. तद्वत्, तुल्य; **सदृश, समान*** (*the two letters are very ~*), अनुसार, अनुरूप, (*that is ~ your impudence*), अनुहार, बराबर, जैसा*, सा; (भौ०) **सजातीय** (~ *poles*); **समदिश;** सम्भाव्य, समर्थ, उपयुक्त; *and the ~* इत्यादि (*painting, music & the ~*); ~ *a shot* तुरन्त, बिना चीं-चपड़; स्वेच्छया, इच्छापूर्वक; ~ forces (भौ०) **अनुकूल बल;** ~-minded समरुचि, समविचार; ~ *cures* ~ विषस्य विषमौषधम्, आग^F का जला आग^F से अच्छा होता है; ~ *draws* ~ चोर-चोर मौसेरे भाई; ~ *father* ~ *son* जैसा बाप वैसा बेटा, जैसी माय^F वैसी धिया^F; ~ *master* ~ *man* अन्धी देवियाँ^F लूले पुजारी, जैसा स्वामी वैसा सेवक; *something* ~ लगभग ऐसा।

like[5] adv. (प्रा०) सम्भवतः; उसी पद्धति^F से, उसी प्रणाली^F से; उसी ढंगसे, उसी प्रकार, उसी अंशमें।

like[6] conj. जैसा (*cannot do it ~ you do*)।

-like -वत्, -सम, -सदृश, -समान (*child~, god~, woman~, coward~, human~, sword~*)।

likeable लाइ'कॅबॅल् a. प्रिय, काम्य, मनोहर, रोचक।

likelihood लाइक्'लिहुड् n. सम्भावना^F, **सम्भाविता^F,** सम्भवता^F, डौल; *in all* ~ सम्भवतः।

likeliness -लिनिस् n. सम्भाव्यता^F, सम्भवता^F।

likely[1] -लि a. सम्भाव्य, **सम्भावनीय, सम्भावी,** भवितव्य, घटनीय; योग्य, उपयुक्त (*the likeliest place for smugglers*); तुल्य; होनहार।

likely[2] adv. सम्भवतः, (प्रायः *most or very* ~)।

liken लाइ'कॅन् v.t. उपमा^F देना, तुलना^F करना, सदृश प्रमाणित करना, मिलाना।

likeness लाइक्'निस् n. सादृश्य, समानता^F, साम्य, एकरूपता^F, समरूपता^F, अनुरूपता^F, आनुरूप्य, औपम्य, अनुहारिता^F; प्रतिरूप, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुलिपि, आकार, मूर्ति, प्रतिमा (*take one's ~*); अनुहार व्यक्ति, अनुरूप वस्तु^F।

likewise -'वाइज् adv. & conj. तद्वत्, तत्सदृश, उसी प्रकार; उसी तरह; (वाइ०) इसके अतिरिक्त और भी।

likin ली'कीन् n. (चीनमें) परिवहन-शुल्क।

liking लाइ'किंग् n. रुचिकर वस्तु^F, पसन्दकी चीज^F; अभिरुचि^F, रुचि^F, इच्छा^F, प्रीति^F, तुष्टि^F, अनुराग, पसन्द, चाह^F; शौक़ (*for* के साथ)।

lil ⊙ लिल् LITTLE का रूपान्तर।

lilac लाइलॅक् n. **नीलक,** नील, लाइलैक, (एक फूलका पौधा); नीला रंग, प्ररक्तातिनील, (हलका गुलाबी जामुनी रंग)।

liliaceous लिलिए'शॅस a. कुमुदिनी-वत्, कुई^F की तरह; कुमुदिनीका।

lilied लि'लिड् a. नलिनीमय, लिलीमय, लिली-सज्जित।

Lilliputian लिलिप्यू'शॅन् n. वामन, बौना, नाटा, ठिगुना।

lilt[1] लिल्ट् n. ताल-लयपूर्वक गाया हुआ गाना।

lilt[2] v.t. & i. ताल-लय-पूर्वक गाना, मस्ती^F में उछलना-गाना।

lily लि'लि n. **कुमुदिनी^F,** नलिनी^F, (वन०) **लिली^F;** अतिश्वेत वस्तु^F; अतिशुद्ध व्यक्ति; (गुण०) श्वेत, दूधिया (~ *hand, maid*); lilies & roses सुन्दर वर्ण; ~-livered भीरु, कायर, डरपोक; ~ of the valley लिली^F सदृश एक वासन्ती लता^F; ~ green, ~ jasmine, ~ pond, ~-trotter.

lily-handed -हैन्'डिड् a. कोमल श्वेत हाथोंवाला।

lily-pad -पैड् n. कुमुदिनी-पर्ण; कुई^F की पत्ती^F।

lily-white -ह्वाइट् a. कुमुदिनीवत् श्वेत, कुई^F की तरह सफेद।

limaceous लिमे'शॅस् a. मन्थरवत्, केंचुएका, केंचुए-जैसा।

limacon लि'मॅकॉन् n. (गणि०) **मन्थरक,** T.

limaciform, limacoid -'सिफ़ॉर्म्, -'काएड् aa. मन्थराकार, केंचुए-जैसा।

limation -'शॅन् n. भरण, पूरण, भरनेकी क्रिया^F; (ला०) त्रुटियाँ^F सुधारनेकी क्रिया^F।

limb[1] लिम् n. गात्र, **अंग,** हाथ-पाँव, अवयव, (चि०) **पाद,** हाथ-पाँव सम अंग; शरारती लड़का, शैतान लड़का (~ *of the devil*); (चि०, वन०) **शाखा^F, पत्रदल,** प्रशाखा, मुख्य शाखा^F; ~blight (कृषि०) **दलविवर्णता^F;** वाक्य-खण्ड; पर्वत-कूट; fore ~ (कृषि०) **अग्रपाद;** ~ of the law वकील, सिपाही।

limb[3] v.t. अंगछेदन करना, अंग-भंग करना, हाथ-पाँव काटना।

limb[3] n. (वैज्ञा०; धरातलका) कोर, किनारा; कोण-मापक-यन्त्र; (सूर्य-चन्द्र आदिका) छोर; (दल, पंखड़ी^F या पत्तेका) फैला भाग।
limbate लिम्'बेट् a. भिन्न-भिन्न किनारेका।
limbec लिम्'बेक् n. आसवपात्र, भबका।
limbed लिम्ब्ड् a. गात्रमय, अंगयुक्त।
limber[1] लिम्'बर् n. & v.t. गाड़ी^Fका जुआ (डालना), (तोपगाड़ी^Fका अग्रभाग) संयुक्त करना, जोड़ना या मिलाना।
limber[2] n. (नौवि०) नाव^Fका एक जलवाहक छेद; ~ ~hole (नौवि०) **नितल छेद**।
limber[3] v.t. लचीला बनाना या होना; **हाथ जमाना**।
limber[4] a. नम्य, लचीला, लचकदार, नरम, फुर्तीला; ~-neck (चि०) ग्रीवा-शिथिलता^F, मुर्गियोंके बच्चोंका एक रोग।
limbic लिम्'बिक् a. तटीय, प्रान्तीय, किनारेवाला, गोटदार।
limbless लिम्'लिस् n. अपंग, निरवयव, अंगहीन (प्रायः ~ *bird*)।
limbo लिम्'बो n. (pl. -s) नरक, नरकके समीपका प्रदेश; कारा, जेल^F, कैद^F; उपेक्षावस्था^F, विस्मृति^Fकी स्थिति^F।
limbus लिम्'बस् n. (चि०) किनारा, सीमा; विभिन्न रंगोंका किनारा या गोट^F।
lime[1] लाइम्' n. लासा; चूर्ण, चूर्णक, **चूना**, कलई^F, **अनबुझा चूना**; चूर्ण-प्रस्तर, चूनेका पत्थर, ~-cast कलई^Fकी ऊपरी परत^F; ~ kiln चूनेकी भट्ठी^F; *milk of lime* **दुधिया चूना**; slaked ~ बुझा हुआ चूना; ~ light (रसा०) **चूना-प्रकाश**, अत्यधिक प्रकाश; (ला०) अति प्रसिद्धि^F, अति ख्याति^F; quick-~ **अनबुझा चूना**, ~ wash n. & vt. **सफेदी** (करना), **चूनेकी पुताई** (करना);
~ blue, ~ green, ~ nitrogen, ~ paste, ~ plaster, ~ requirement, ~-rock babbler, ~ sludge, ~ stone, ~ sulphur, ~ water.
lime[2] v.t. फँसाना, लासा लगाना; चूना मिलाना, चूना डालना; जोड़ना, साँटना, चिपकाना।
lime[3] n. निम्बुक, **जम्बीर, खट्टा नीबू**; ~-juicer⊙ (नौवि०) ब्रिटिश नाविक (limey⊙ भी); ब्रिटिश पोत।
lime[4] n. (एक प्रकारका वृक्ष) लाइम।
lime-burner लाइम्-बर्'नर् n. चूर्ण-प्रज्वालक, चूना जलानेवाला।
lime-hound लाइम्'हॉउन्ड् n. जंगली सुअरका शिकारी कुत्ता।
limeless लाइम्'लिस् a. चूर्ण-विहीन, बिना चूनेका।
limen लाइ'मेन् n. (मनो०) चेता^F, प्रणोदना^F, आवश्यक अल्पतम स्नायविक उत्तेजना^F; (चि०) **देहली^F**।
lime-pit लाइम्-पिट n. चूर्णक-गर्त, चूनेसे चमड़ा पकानेका गड्ढा; चूना पत्थरका चौकोर खड्डा।
Limerick लि'मॅरिक् n. निरर्थक कविता^F।
limestone लाइम्'स्टोन् n. चूर्णप्रस्तर, **चूना-पत्थर, चूनेका पत्थर**;
~ desert, ~ pan, ~ rock.
lime-twig –ट्विग् n. चूर्णाच्छादित शाखा^F, लासेवाली टहनी^F।
limicolous लिमि'कॅलॅस् a. (जीववि०) पंक-वासी, कीचड़^Fमें रहनेवाला।
liminal-nary लि'मिनॅल्, -नॅरि a. देहली^Fपर, द्वारपर; (चि०) मुश्किलसे इन्द्रियग्राह्य; चेतना^Fके कमसे कम द्वारपर; **अल्पतम**।
liming लाइ'मिंग् n. चूर्णलेपन, चूनेकी पुताई^F; (कृषि०) **चूना डालना**।
limit[1]* लि'मिट् n. अवधि^F, **सीमा^F***, (~ *curve*) सीमा-बन्ध, परिसीमा^F, परिबन्ध, पराकाष्ठा^F, हद्द^F; चरम-सीमा^F; **मर्यादा^F**; (pl.) सीमाएँ^F, संसीमा^F, सीमारेखा^F, सीमान्त; प्रतिबन्ध, रोक^F; inferior ~ निकटतम तारीख^F; अल्पतम परिमाण या संख्या^F; ~ point **गुच्छ-बिन्दु**; superior ~ अन्तिम तारीख^F; अधिकतम परिमाण या संख्या^F; *is the* ~ (ग्रा०) असह्य है, अन्तिम उपाय है।
~ curve, ~ load, ~ point, ~ switch.
limit[2] v.t. सीमा^F बाँधना, परिसीमित करना, प्रतिबन्ध या रोक^F लगाना, रोकना, पाबन्द करना; सीमा^F होना।
limitable –टॅबल् a. सीमाबद्ध।
limitarian –टेॲ'रिॲन् n. & a. सीमित-संख्यक-मानवतावादी, लिमिटेरियन।
limitary –'मिटॅरि a. सीमाबद्ध, हद्दका; नियन्त्रित, प्रतिबन्धयुक्त।
limitation –टे'शॅन् n. **परिसीमन, सीमा-निर्धारण**, हदबन्दी^F; परिमिति^F, परिमितता^F, सावधिकता^F, ससीमता^F; कुयोग्यता^F, अयोग्यता^F; **परिसीमा^F**; प्रतिबन्ध, **सीमाबन्ध**; रोक^F, कैद^F; प्रतिबन्धक अवस्थिति^F, प्रतिबन्धक नियम; (मुकदमेकी) **अवधि^F**, मीयाद^F; **मर्यादा^F**।
limited –'मिटिड् a. **सीमित, परिसीमित, परिमित**, सावधिक, **ससीम**, परिबद्ध, तंग; **मर्यादित; लिमिटेड**;
~ ability, ~ application, ~ area, ~ character, ~ company, ~ concern, ~ defence, ~ density, ~ interest, ~ jurisdiction, ~ liability, ~ market, ~ monarchy, ~ number, ~ option, ~ owner, ~ partner, ~ partnership, ~ payment, ~ period, ~ primitive, ~ quota, ~ right, ~ stock, ~ supply, ~ tender, ~ time, ~ totality, ~ universe, ~ value, ~ vote.
limitedness –निस् n. सीमितता^F, परिसीमितता^F, परिबद्धता^F।
limiter –टर् n. परिबाधक, **सीमाकारी**, परिसीमित करनेवाला, परिबद्ध करनेवाला; एक ईसाई संन्यासी; **सीमित्र**।

limiting –टिंग् a. सीमाकारी (~*factor*); सीमान्त (~ *points*); चरम (~ *density*); सीमा; ~value सीमांक;

~ condition, ~ equilibrium, ~ form, ~ friction, ~ points, ~ velocity.

limitless –ट्'लिस् a. असीम, अनन्त, अमित, बेहद।

limitour लि'मिटॅर् n. सीमितदेशीय संन्यासी।

limitrophe लि'मिट्रोफ़ a. सीमावर्ती, सीमा^F के समीप।

limner लि'टॅर n. पापिन स्त्री^F, ढीठ लड़की^F; निकम्मा घोड़ा, अड़ियल टट्टू; दुष्ट व्यक्ति, नीच आदमी, शैतान।

limn लिम्' v.t. (प्रा०, चित्र) चित्रित करना, अंकित करना; वर्णन करना, चित्रण करना।

limner –नॅर् n. चित्रकार, चित्ररंजक, चितेरा।

limnetic लिम्ने'टिक् a. शुद्धजलवासी, सरसीजीवी, झीलजीवी, मीठे पानीमें रहनेवाला (~ *animal*, ~ *zone*)।

limnology लिम्नॉ'लॅजि n. कासारिकी^F, कासार-विज्ञान; सरिज्जीवन-शास्त्र, सरोवर-जीव विज्ञान।

limonite लाइ'मॅनाइट् n. (रसा०, भू०, कृवि०) कपिशिज, भूरा कोयला, लिमोनाइट।

limous लाइ'मॅम् a. पंकिल, कीचड़दार।

limousine लि'मुज़ीन् n. लिमूसीन, बन्द मोटरकार।

limp[1] लिम्प् n. लँगड़ी चाल^F।

limp[2] v.t. लँगड़ाकर चलना, लँगड़ाना; (छन्दमें) यतिभंग होना; (क्षतिग्रस्त यान आदिका) मन्द-मन्द चलना, कठिनाई^F से चलना।

limp[3] a. (जिल्दबन्दी) अकठोर, नम्य, लचीला, कोमल, ढीला, नरम; नरम जिल्दवाला; (ला०) शिथिल, अशक्त, निर्बल।

limper लिम्'पॅर् n. पंगु, लँगड़ा, लँगड़ाकर चलनेवाला।

limpet लिम्'पिट् n. अश्मलागी, (चट्टानों^F से चिपकनेवाला) घोंघा T; चिपका रहनेवाला व्यक्ति।

limpid लिम्'पिड् a. निर्मल, विमल, शुभ्र, स्वच्छ, स्पष्ट, साफ।

limpidity, limpidness –डिटि, –नॅस् nn. निर्मलता^F, विमलता^F, शुभ्रता^F, स्वच्छता^F, स्पष्टता^F, सफाई^F।

limping लिम्'पिंग् १. n. लंगता^F, पंगुता^F, लँगड़ापन; २. a. (वाणि०) पंगु (~ *standard*), लँगड़ा।

limpness –'नॅस् n. अशक्तता^F, लचीलापन; लँगता^F, लँगड़ापन।

limy लाइ'मि a. चूर्णमय, चूर्णवत्, चूनिया, चूनेका-सा, चूनेदार; चूर्णोपम, सान्द्र, चिपचिपा, लसलसा।

lin लिन् n. अतसी^F, अलसी^F; जलाशय, प्रपात-सरोवर, झरनेसे बना हुआ सरोवर; = LINN.

linage लाइ'निज् n. = LINEAGE.

linament लि'नॅमॅन्ट् n. लिंट, घावपर बाँधनेकी पट्टी^F।

linarite लिना'राइट् n. सीसे और ताँबेका सल्फेट, T.

linch लिन्च n. = LINCHET.

linchet –'चिट् n. अकृष्ट भूमि^F, गैर-जोती जमीन^F, परती^F।

linchpin लिन्च्'पिन् n. अक्षकील, धुरेकी कील।

Lincoln green लिन्'कॅन् ग्रीन n. अवहर्यतिपीत लिंकन ग्रीन।

lincrusta लिन्क्रस्'टॅ n. एक वस्त्र-विशेष।

Lincs. Lincolnshire.

linctture लिन्क'च्युॲर् n. अवलेह, लेह, चाटा।

linctus –टॅस् n. अवलेह, चाटा।

linden लिन्'डन् n. वासच्छाय, लिंडन, (नीबूजाति^F-का वृक्ष-विशेष)।

line[1] लाइन्' n. सनका बढ़िया लम्बा धागा।

line[2]* n. लाइन^F*; श्रृंखला^F, पंक्ति^F*, कतार⊙; माला^F, श्रेणी^F, सिलसिला; दिशा^F, ओर^F; सूत्र, डोर, धागा, रस्सी^F; (नौवि०) आरसा; तार (~*unit*); (pl.) अदृष्ट, भाग्य, नियति^F, दैव; नियम, विधान, सिद्धान्त, नीति^F; दिशा^F (~ *of policy*), रेखा^F*, लीक^F*, लकीर^F; रेखांकन, रेखाकरण; रंगकी धारी^F; सीवन^F; छोटी नाली^F; मत्स्यरज्जु^F (~-*fishing*); झुर्री^F; (गणित) गतिशील-बिन्दु-पथ; रूपरेखा^F, रूप, सूरत-शक्ल^F, खाका; (pl.) मानचित्र, ड्राफ्ट; सीमा^F, हद्द^F, मेंड़^F, सरहद^F (*dividing* ~); छोटा वर्ण या अक्षर; (छन्द) चरण; (pl.) वाक्यांश; वंशानुक्रम, वंश-परम्परा, पीढ़ी^F; (~ *of breeding*); वंश, घराना, खानदान, नस्ल^F; पथ, मार्ग, रेल-पथ, पटरी^F, सड़क^F (*up, down* ~); (शिकार) सवारी^F का मार्ग; कार्यपद्धति^F; विचार-पद्धति^F ⊙; पद्धति^F, परिपाटी^F, परम्परा^F (*on these* ~*s*); आचरण-पद्धति^F; कार्यक्षेत्र, व्यवसायक्षेत्र; प्राकार, परिखा^F, प्राचीर; (pl.) आवास (officers' ~); hard ~s संकट, कठिनाई^F; दुर्भाग्य, अभाग्य; ~abreast पोतोंकी समानान्तर पंक्ति^F; ~ ahead एक श्रृंखला^F या पंक्ति^F के अनुगामी पोत; ~-engraving रेखा-उत्कीर्णन, रेखा^F खोदनेका कार्य; ~ instrument तारयंत्र; ~ of action कार्यकी दिशा^F, कार्यका रूप; ~ of beauty वक्र रेखा^F; ~ of fault - भ्रंश-रेखा^F; ~ of life, fortune, etc. (सामु० शा०) जीवन-रेखा^F, भाग्य-रेखा^F इत्यादि; ~ plan (नौवि०) रेखा-चित्र; ~-space gauge अन्तर मापक, दूरी-मापक; ~ storm ⊙ अयनीय झंझा, अयनीय तूफान; ~ man (टेलीफोन आदिका) लाइनमैन, लाइनवाला; the L~ विषुवत् रेखा^F; *all along the* ~ (प्रायः ला०, साफल्य आदिके विषयमें) प्रत्येक बिन्दुपर; *come, bring, into* ~ अनुकूल होना या करना; सहयोगार्थ प्रेरित करना; *draw the* ~ सीमा^F निर्धारित करना; *in* one's ~ अपने धन्धेसे संलग्न; ~ *upon* ~ क्रमशः, धीरे-धीरे; *on the* ~ सम्मुख; अनिश्चित, ढुलमुल; *read between* ~*s* गूढ़ार्थ समझना; *take, keep to*, one's *own* ~ (प्रायः ला०) अपने स्वतन्त्र ढंगपर रहना; *toe the* ~ (ला०, राजनीति^F) नीति^F अंगीकार करना, सिद्धान्त स्वीकार करना;

~ absorption spectrum, ~ badges,

~ balance, ~ block, ~ breeding, ~ clear, ~ close, ~ closed, ~ coil, ~ conic, ~ coordinates, ~curves, ~ diagram, ~ drawing, ~ drop, ~ equation, ~ finder, ~ flow, ~ focus, ~ frequency, ~ geometry, ~ inspector, ~ integral, ~ jack, ~ lamp, ~ man, ~ number, ~ plan, ~ planting, ~ ranger, ~ screen, ~ source, ~ sowing, ~space lever, ~ spacing, ~spectrum, ~squall, ~ telephony, ~terrace, ~ unit, ~ voltage, ~ width, ~ work.

line[3] v.t. & i. पंक्ति^F खींचना, रेखा^F खींचना, लकीर^F खींचना, सतरें^F बनाना; रेखामय होना, झुरी^F डालना; झुर्रियों^Fसे भर जाना (*a face ~d with old age*); रेखाचित्र बनाना, चयन करना, चुनना, भर देना; (सैन्य०) पंक्तिबद्ध करना, कतारमें खड़ा करना; पंक्तिबद्ध होना, पंक्तियों^Fमें फैलना; ~ *for* ⊙ (किसी वस्तु^Fके लिए) दौड़ना; ~ *through* काट देना, काटा लगाना; ~ *up* ⊙ पंक्ति^F बनाना कतार^Fमें खड़े होना; ~ *with* समनुकूल होना ।

line[4] v.t. अस्तर लगाना, अस्तरका काम देना; ढकना, (पर्स, पाकेट, पेट आदि) भरना ।

lineage, linage लि'नि ̆इज्, लाइ'निज् nn. पंक्तिबन्धन, पंक्तिकरण; पंक्तिसंख्या^F, पंक्तिद्वारा माप^F, पंक्ति^Fके अनुसार भुगतान; सन्तति^F, सन्तान^F, **अन्वय**, वंश, **वंशावली**^F, वंशानुक्रम, **वंशपरम्परा**^F, कुल, गोत्र, घराना, नस्ल^F; **परम्परा**^F ।

lineal लि'नि ̆अल् a. पैतृक, वंशज, वंशानुक्रमिक, परम्परीण, परम्पराप्राप्त, **परम्परागत**, कुलक्रमागत (~ *descent, heir*); **एकायामी** (~ *expansion*); (क्वचित्) रूपमय; रेखामय, रेखा^Fका; **रेखा^F-सम्बन्धी**, रेखा^F-, डोरे-जैसा, धागेका; ~ feet **अनुरेखाफुट** ।

lineality –ऐ'लिटि n. अन्वयत्व, कौलीन्य, कुलीनता^F; उद्रेखितत्व, रेखांकितत्व ।

lineament लि'नि ̆ॲमॅन्ट् n. (usu. pl.) रेखा^F, वदनाकृति^F, मुखाकृति^F, मुखचर्या^F, चेहरा-मोहरा ।

linear लि'नि ̆ॲर् a. (यन्त्र०, रसा०, ग०, भौ०) रेखा^F-, **रैखिक, रेखीय, अनुरेख**, रेखावत्, रेखाबद्ध, रेखामित, पंक्तिमय; (गणित०) **एकघात**, एकघाती (~ *hypothesis*); (भौ०) **अनुदैर्घ्य**; लम्बा, तंग और समान चौड़ाई^Fका; ~ arch **बहुभुज वक्र**;

~ absorption, ~ acceleration, ~ accelerator, ~ amplification, ~ current, ~ detection, ~detector, ~diagram, ~difference, ~ dimension, ~ elasticity, ~ element, ~ expansion, ~ expansivity, ~ function, ~ graph, ~ magnification, ~ measure, ~ molecule, ~ momentum, ~ motion, ~ network, ~ regression, ~ strain, ~ velocity.

linearity –ऐ'रिटि n. उद्रेखण, रेखांकन, रेखाओं^Fसे बनाना ।

lineate(d) –'नि ̆ऍट् a. उद्रेखित, रेखांकित, रेखा-निर्मित; **रेखाकार** ।

lineation –ऍ'शॅन् n. रेखांकन, रेखा-व्यवस्था^F, रूप, नक्शा ।

lined[1] लाइन्ड्' a. अन्तःस्तरित, पक्का (~ *well*) ।

lined[2] a. उद्रेखित, रेखांकित, पंक्तिबद्ध; ~ up ⊙ पंक्तिबद्ध ।

linen* लि'नि ̆न् n. क्षुमा^F, क्षौम, क्षौम-वस्त्र, छालटी^F, लिनन*का कपड़ा; (pl.) इसका विशेष प्रकार; कमीजें^F, चादरें^F इत्या०; ~-draper क्षुमाविक्रेता, लिनेनका फुटकर विक्रेता; ~ room **वस्त्र-कक्ष**; *wash* one's *dirty* ~ *at home* घरकी बातें^F घरमें ही रखना; ~ tape, ~ store, ~ store-room.

linenette –ने ̆ट्' n. नकली लिननं ।

liner लाइ'नॅर् n. (प्रायः पैसेंजर जहाजोंकी लाइन^Fका) पंक्तियान, **लाइनर**; आस्तर, आन्तरखण्ड; (कृषि०) **अस्तर**; पंक्तिक, रेखाकार ।

linesman लाइन्ज़्'मॅन् n. युद्धरत-सैनिक; (खेलमें) = LINEMAN.

ling[1] लिंग्' n. (उत्तरी यूरोपकी लम्बी पतली मछली^F), लिंग^F ।

ling[2] n. क्षेप्यज, झलड़ी^F, एक प्रकारकी छोटी झाड़ी^F ।

-ling[1] -क, -इका, लघु-क (*cod* ~, *gos* ~, *duck*~, *lord*~, *prince*~); विशेषणों द्वारा संज्ञाएँ^F बनानेमें (*gray*~, *dar*~, *young*~); क्रिया-विशेषणोंसे भी (*under*~); अन्य संज्ञाएँ बनानेमें भी (*hire*~, *nurs*~, *sap*~) ।

-ling[2] परिस्थिति^F या शर्त^Fके अर्थमें क्रिया-विशेषण बनानेमें (*dark*~) ।

lingel लिन्'गॅल् n. (मोचीका) मोमी डोरा ।

linger लिन्'गॅर् v. i. & t. विलम्ब करना, देर लगाना, ढील करना; ठहरना, रुक जाना; संकल्प-विकल्प करना, विचारकर बात-चीत^F करना; (जैसे-तैसे) घसीटना, चलना या निभाना, (पीड़ा^F या बीमारी^F) बढ़ना, फैलना ।

lingerer –रॅर् n. चिरकारी, विलम्बी, विलम्बकारी, दीर्घसूत्री, विलम्बशील ।

lingerie (F) लन्ज्रि' n. क्षौम-वसन, सनके कपड़े; (स्त्रियों^Fका) अधोवस्त्र, अण्डरवेयर; सनके कपड़ोंका स्टाक ।

lingering लिन्'गॅरिंग् १. n. विलम्ब, काल-यापन; २. a. विलम्बी, विलम्बित, विलम्बगति^F, विलम्बमान (~ *disease*), दीर्घकालिक, चिरकालीन ।

linget लिन्'गे ̆ट् n. धातु पिण्ड, लोहपिण्ड, डला ।

lingo लिन्'गो n. (pl. ~*es*) (व्यंग्य) परभाषा^F, विदेशी भाषा^F, विषय विशेष-शब्दावली^F, वर्ग-विशेष-शब्दावली^F, वर्ग-भाषा^F ।

lingua franca लिन्'ग्वॅ फ्रैन्'कॅ n. सामान्य भाषा^F, देश-भाषा^F; राष्ट्रभाषा^F; (विशे०इटैलियन, फ्रेंच, ग्रीक और स्पेनिशका) भाषा-मिश्रण ।

lingual –वॅल् a. & n. (श०र०शा०) **जिह्वा**[F]-, जिह्वा[F]-सम्बन्धी; मूर्धन्य, मूर्धस्थानीय (ध्वनि[F]); भाषण या भाषा[F]-सम्बन्धी;
~ *artery*, ~ gyrus, ~ lymph gland, ~ nerve ~ swelling, ~ tonsil, ~ tubercle, ~ vein.

lingualize –लाइज् v.t. मूर्धस्थानीय उच्चारण करना या बनाना।

linguiform –ग्विफ़ॉर्म् a. (वन०, श० र० शा०, जन्तुवि०) जिह्वाकार, जिह्वारूप, जिह्वा[F]के आकारका।

linguist –ग्विस्ट् n. भाषाविज्ञ, **भाषाविद्**, शब्दशास्त्री, **भाषाशास्त्री, भाषाविज्ञानी**, भाषावैज्ञानिक; बहुभाषाविद्।

linguistic –'टिक् a. भाषात्मक, भाषागत, भाषा-सम्बन्धी, भाषा-विषयक; भाषावैज्ञानिक; ~ science भाषाविज्ञान; ~ usage भाषा-प्रयोग।

linguistics –क्स् n. भाषा-विज्ञान।

lingula –'ग्यूलॅ n. (चि०) **जिह्विका**[F]; एक जिह्वाकार जीव, चिपिटजिह्व, L.।

lingular, lingulate लिन्'गुलॅर्, लिन्गुलेट् a. (वन०) जिह्वाकार।

linguo- जिह्वा- (~*dental*)।

linguo-dental लिन्ग्वॅडे'न्टॅल् a. जिह्वादन्त्य (ध्वनि[F])।

linhay लिन्'हे n. ओसार, ओसारा, बारहदरी।

liniment लि'निमॅन्ट् n. मृत्य, द्रव, प्रलेप, **लेप**, अभ्यंजन, तिला (मालिश[F]की दवा[F]), (कृषि०) **लिनिमेन्ट**।

lininess लाइ'निनि'स् n. रेखामयता[F]; रेखाधिक्य; वलिमयता[F]; झुर्रीदारी[F]।

lining लाइ'निंग् १. n. (रसा०) **संस्तर**; आस्तर, **अस्तर**; दे० LINE[4], पंक्तिबन्धन।

link[1] लिन्क् n. **शृंखला**[F], संयोग, **कड़ी**[F], (ग० भी) लिंक; (मोजे आदिकी) संधि[F], **बन्ध**, बन्धपाश, फंदा, बुनाई[F]का टाँका; **सम्पर्क, सम्बन्ध** (~ *sign*); (रसा०) **बन्धता**[F], संयोजक भाग, **योजक**, संयोजक वस्तु[F]; अन्तरालको भरनेवाला; (माला[F]; क्रम या अनुक्रमका) अंग; सम्बन्ध; T.; ~ boy मशाल-वाहक लड़का, मशालची; ~ chain **कड़ीदार जंजीर**।

link[2] v.t. & i. शृंखलाबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना, शृंखलांकन करना, ग्रथित करना, संयुक्त करना, जोड़ना, मिलाना; हाथमें हाथ दबाना; हाथमें हाथ देना; सम्बद्ध करना या होना (~ *in* or *through*)।

link[3] n. उल्का, (सन इत्यादिकी) मशाल[F]; ~ man मशालची।

linkage –'किज् n. शृंखलता[F]; (वन०, कृषि०, जीव०) **सहलग्नता**[F] (~ *theory, value*), **बन्धता**[F], **सहवर्तिता**[F], सहानुबन्ध, बन्ध, ग्रथ, ग्रथन; **संधान**, (विद्युत्[F]) स्पन्दवर्तनांक; ~ bearing **जोड़ धारुक**; ~ group **सहवर्ती समूह**।

linked –क्ड् a. ग्रथित, संश्लिष्ट, संयुक्त, **सम्बद्ध**, शृंखलित, **जुड़ा हुआ**।

linking –'किंग् n. सम्बन्धन, **शृंखलन, शृंखलीकरण**, जोड़ना, जुड़ाई[F] (~ *method*)।

links लिन्क्स् n. (pl.) वेला-भूमि[F], सागरतटीय भूमि[F]; गॉल्फ़का मैदान; कफ़के जुड़वाँ बटन।

linn लिन् n. (मुख्यतया स्कॉट०) निर्झर, झरना; निर्झरताल; गहरी घाटी[F]; (पहाड़ीकी) खड़ी दीवार[F]।

Linn. Linnaean.

Linn(a)ean लिनी'अॅन् a. & n. पौधों और प्राणियोंके वर्गीकरणकी पद्धति[F] (का अनुयायी)।

linnet लि'निट् n. चटक, एक धूसर-वर्ण गायक पक्षी, लिनट।

lino ली'नो n. = LINOLEUM.

linocut लाइ(लि)'नकट् n. आतस्य-चित्रण, डिजाइन[F] बनाना; (ऐसे) साँचेसे बने चित्र, लाइनोकट।

linoleum लिनो'लिअॅम् n. (सं० *lino* भी) आतस्य, (इंजी०) **लिनोनमदा**, किरमिचका बिछानेका कपड़ा, T.

linoleumed –ड् a. आतस्ययुक्त, जिसपर किरमिच-वस्त्र बिछा हो।

linotype लाइ'नॅटाइप् n. पंक्तिमुद्र, लिनोटाइप, T.

linseed लिन्'सीड् n. (कृषि०) तीसी[F], (कृषि०) उमा[F], **अतसी**[F], **तीसी**[F], **अलसी**[F]; अलसी[F]का बीज; ~ cake (कृषि०) **अलसी[F]की खली**[F];
~ fabric, ~ flax, ~-gram, ~ meal, ~ oil, ~ poultice, ~ seed.

linsey लिन्'जि n. = LINSEY-WOOLSEY.

linsey-woolsey लिन्'ज़ि-वुल्'ज़ि १. n. मोटे ऊन और सूतका मिश्रित कपड़ा; २. a. निस्सार, थोथा; मिला-जुला, गंगाजमनी।

linstock लिन्'स्टॉक् n. (इति०) ज्वलनशलाका[F], ज्वाला[F], ज्वालावाही दण्ड, मशाल[F], **तोप**[F]का पलीता।

lint लिन्ट् n. तूलिपट, लिंट, लिननकी नरम पट्टी[F]; व्रण-बन्धनमें प्रयुक्त एक मोटा क्षौमवस्त्र;
~ bells, ~ bow, ~ cloth.

lintel लिन्'टॅल् n. द्वाराग्रकाष्ठ, द्वारोर्ध्वदारु, उत्तरंग, **सरदल, सरदाल, लिंटल**; मयूरक, मयूर, दाल।

lintelled –ड् a. द्वाराग्र प्रकाष्ठयुक्त, उत्तरंगित, सरदल-वाला।

linters –टर्ज़ n. pl. बिनौलोंपरके छोटे रेशे।

linum लाइ'नॅम् n. अतसी[F]।

liny लाइ'नि a. रेखामय, रेखाधिक, वलिमय, झुर्रीदार।

lion लाइ'अॅन् n. **सिंह**, केसरी, शेर बबर; नरव्याघ्र, नरशार्दूल, पुरुष-सिंह, दुर्दान्त पुरुष, अति पराक्रमी व्यक्ति; (pl.) नगरके दर्शनीय स्थल (*see, show, the ~s*); महान् साहित्यकार, प्रसिद्ध पुरुष; सिंहराशि[F]; अवरक्तपीत; ~ gate **सिंहद्वार**; ~-heart, ~-hearted, शूरवीर, बहादुर, शेरदिल; ~-hunter **सिंहाखेटक**, शेरका शिकारी; ~-key **सम्पर्क-विपर्क कुंजी**; ~ reading **ओष्ठभाषाज्ञान**; ~'s mouth शेरका मुँह, भय-स्थान, संकट-स्थान; ~'s provider गीदड़, स्यार; ~'s share

सबसे बड़ा हिस्सा; ~'s skin झूठा रौब; *twist ~'s tail* बड़े आदमीको छेड़ना।

lionesque –ने'स्क् a. शार्दूलवत्, सिंह-सदृश, शेर-जैसा।

lioness –'ऑनि'स n. सिंही^F, सिंहिनी^F, शेरनी^F।

lionet –नि'ट् n. सिंहशावक, सिंहशिशु, शेरका बच्चा।

lionism –निज़्म् n. सुप्रसिद्ध जनोंको निमन्त्रित करनेकी धुन^F।

lion-like –न्-लाइक् a. सिंह समान।

lionize लाइ'अनाइज़् v.t. & i. (आगन्तुकोंको) नगरके दर्शनीय स्थान दिखाना; दृश्य देखना; (गौरव-प्रदर्शनार्थ ख्यातजनोंको) निमन्त्रित करना; भद्र व्यवहार करना।

lip¹* लिप् n. अधर, **ओष्ठ, होंठ***; (रसा०) **चंचु, चोंच^F**, टोंट^F; (सैन्य०) **लब**; धृष्टता^F, अशिष्टता^F, बेअदबी^F; (बर्तन, छिद्र, घाव आदिका) किनारा; (गुण०) अधर-निःसृत, उच्चारित, जबानी; अहार्दिक; अवास्तविक; ~-deep अवास्तविक; ~ key **सम्पर्क-विपर्क कुंजी^F**; ~ language (गूँगे-बहरोंकी) ओष्ठ-भाषा^F; lower ~ (चि०) अधर; ~-reading ओष्ठशब्दज्ञान; **ओष्ठपठन; ओष्ठ भाषा-विज्ञान**; ~ service दिखावटी सेवा^F; झूठा, दिखावेका, ऊपरी, छिछला; ~stick रंजनशलाका^F, लिपस्टिक; ~ worship झूठी पूजा^F; *hang on* one's *~s* किसीके एक-एक शब्दको सादर सुनना।

lip² v.t. ओठोंसे छूना, होंठोंसे लगाना, चुम्मा लेना, चूमना, प्यार करना; (जलका) तटस्पर्श करना, किनारेको छूना; (गेंद^Fका) किनारेपर मारना, किनारेतक पहुँचना, अन्दर न प्रविष्ट होना; मन्द-मन्द बोलना, घुस-फुस करना, गुनगुनाना; बुदबुदाना।

lip(a)emia लिपी'मिअ n. (चि०) **रक्तवसाक्तता^F**।

lipless –'लि'स् a. ओष्ठहीन, अधरविहीन; चंचुहीन, चोंचरहित।

liplet –लि'ट n. ओष्ठवत् क्षुद्र भाग।

lipogram लि'पग्रैम् n. एक लेखनविधि, अवर्णलेखन।

lipography लिपॉ'ग्रफि n. अक्षरलोप, वर्णलोप।

lipoid लि'पॉइड् a. विमेदाभ, **स्नेहाभ**, लिपाइड।

lipolysis लिपॉ'लिसिस् n. (चि०) वसा-विश्लेषण, **वसा-विघटन**।

lipoma लिपो'म n. वसार्बुद।

lipomicron लिपो'मिक्रॉन् n. (चि०) **वसाणु**।

lipotropy लिपॉ'ट्रपि n. (चि०) **वसा-नियंत्रण**।

lipped लिप्ड् a. ओष्ठयुक्त, अधरमय; चंचुमय, चोंचयुक्त।

lipper लि'पर् n. (नौवि०; सागरके तलका) तरंगायन, तरंगायित होना, लहरियापन, उछाल^F।

lippitude लि'पिट्यूड् n. (चि०) नेत्रवर्त्मशोथ, नेत्रव्याधि^F, चुन्धापन, आँख^F दुखना, आँख^F उठना, आँख^F आना।

lippy¹ लि'पि n. तीन पावका माप।

lippy² लि'पि a. लटकते हुए होंठोंवाला।

lipuria लिप्युअ'रिअ n. (चि०) **वसामेह**।

liq. liquid.

liquate लिक्वेट्' v.t. द्रवित करना, पिघलाना, गलाना।

liquation –वे'शन् n. (रसा०) द्रावविवेचन, द्रवीकरण, **विगलन, गलनोत्तर विलयन**, गलावट^F, पिघलाकर अलग करना।

liquefacient –वि'फ़े'शंन्ट् a. & n. तरलक, द्रावक, पिघलानेवाला।

liquefaction –फ़ैक्'शन् n. (रसा०, भौ०) **द्रावण, द्रवण, द्रवीकरण**; तरलन, विलयन, गलनेका कार्य, पिघलाहट^F।

liquefactive –'क्वि'फ़ैक्टिव् a. द्रवशील, पिघलाने योग्य, गलाने योग्य।

liquefiable –फ़ाइअ'बल् a. दे० LIQUEFACTIVE.

liquefied ⊙ –फ़िड् a. तरलित, **द्रवित** (~*gas*), द्रावित, पिघलाया हुआ।

liquefier –फ़ाइअ'र् n. द्रावक यन्त्र, (भौ०) **द्रावी**, पिघलानेवाला यन्त्र।

liquefy –ई v.t. & i. तरलन करना, तरल बनाना, **द्रवित करना, द्रव बनाना**, द्रव होना, पिघलाना, पिघलना, गलाना, गलना।

liquescence, -cy लिक्वे'सॅन्स्, -सि nn. द्रवणीयता^F, पिघलनेका गुण।

liquescent –न्ट् a. द्रवणशील, पिघलता हुआ, पिघलनेवाला।

liqueur लिक्युअॅर् n. मधिरा^F, मीठी तेज शराब^F; (मदिरा^Fमें पड़नेवाला) अल्कोहलका सीरा;
~brandy, ~-glass, ~-stand.

liquid* लि'क्वि(काइ)ड् १. n. (यन्त्र०, प्रा० भूगोल, भौ०, रसा०) **द्रव***, रस, जल, द्रवपदार्थ; र, ल वर्ण; २. a. **तरल***, जलीय, जलमय, पनिहा; द्रवरूप, पानी-सा, पतला, जलसदृश; पारदर्शी, पारभासी, चमकीला; (उच्चारण या ध्वनि^F) सुस्पष्ट, प्रवाहपूर्ण, प्रवाही, बहता हुआ; सामंजस्यपूर्ण; अकण्ठ्य, स्वरवर्णवत्; अस्थिर, अस्थायी (*has very ~ principles*); (वाणि०) **अनिरुद्ध**; (रोक^F, सम्पत्ति^F, प्रतिभू आदि) दुष्परिवर्तनीय; (pl.) (ध्वनि०) र-ल ध्वनियाँ^F (~*sounds* भी);
~assets, ~film, ~fuel, ~gas, ~heat, ~interior, ~jet, ~limit, ~lustre, ~manometer, ~manure, ~medium, ~oxygen, ~paraffin, ~petrol, ~security, ~sky, ~state.

liquidate लि'क्विडेट् v.t. & i. ऋण-शोधन करना, कर्ज चुकाना, भरपाई^F करना, चुकता करना; हिसाब साफ करना; **समाप्त करना**, समेट लेना, समापन करना, परिसमापन करना, छुटकारा पाना; (कम्पनी^F, फर्म) अवसायन करना, निस्तारण करना, **निर्धारित करना; अपाकृत करना**; भुगताना, बन्द करना; ऋण-निर्धारण करना, हानि-निर्धारण करना, अदा करना, चुकाना।

liquidated –टि'ड् a. **निर्धारित, अपाकृत; समाप्त, निर्णीत** (~*charges*), अवसायित, मुक्त।

liquidation –डे'शन् n. अवसायन, परिशोधन, शोधन,

अपाकरण, (अर्थ०) **परिसमापन, समापन,** भुगतान, चुकौता; कारोबार बन्द करनेका कार्य; **निर्धारण;** ऋण-निर्धारण, हानि-निर्धारण; *go into* ~ दिवालिया होना; दीवाला बोलना।

liquidator –डेटॅर् n. अवसायक, **अपाकर्ता, समापक, परिसमापक,** (~ *accounts*), ऋण-व्यवस्थापक, ऋण-शोधी प्रबन्धक।

liquidity, liquidness –डिटि, -निस् n. तारल्य, तरलता^F, द्रवत्व, रसत्व, द्रवभाव, प्रवाहमयता^F, पतलापन; ~preference (वाणि०) नकदी प्राथमिकता^F, **रोकड़ी तरजीह**^F।

liquidize –'डाइज़् v.t. तरलित करना, द्रव बना देना, पिघलाना, गलाना।

liquor[1] लि'कॅर् n. **औषध-जल;** उत्सर्गका तरल भाग, शल्य-क्रिया^F द्वारा निःसृत द्रव; सुरा^F, मद्य, मदिरा^F, आसव, शराब^F ⊙; **पान;** पानी, अर्क; **द्रव,** रस; विलयन, तरली^F, घोल; ~ amnii (चि०) **गर्भोदक, उल्वोदक;** *worse for* ~ मत्त, धुत्त;
~-licensee, ~seller, ~shop, ~-testing instrument.

liquor[2] v.t. & i. सुरा पीना, पान करना; (जूतेको) चर्बी^Fसे चिकनाना, उसमें तेल देना; (माल्ट आदि) पानीमें भिगोना।

liquorice, licorice लि'कॅरिस, लि'कॅरिस् nn. (कृषि०) मधुयष्टि^F, **मुलेठी**^F, जेठी मधु^F; मुलेठी^Fका पौधा।

liquorish लि'कॅरिश a. सुरा-प्रेमी, मदिरा-प्रिय, पियक्कड़।

liquorishness –निस् n. सुराप्रियता^F।

lira लीॲ'र n. **अफ्रीकन मुरली, लिरा;** (इटलीके सिक्के-की इकाई^F) लीरा = ९ आने; ५६ पैसे।

liripoop लि'रिपूप् n. स्नातकों और याजकोंका परिधान; विद्वत्ता^F, पाण्डित्य; कौशल।

Lisbon लिज़्'बॉन् n. लिस्बनी मदिरा^F, पुर्तगाली शराब^F।

lisle लाइल् a. दीर्घतन्तु, लम्बी ताँतवाला; घना बटा हुआ; ~thread बढ़िया दृढ़ बटा हुआ डोरा।

lisp[1] लिस्प् n. तुतलाहट^F; (लहरों^Fकी) छलछलाहट^F; (पत्तोंका) मर्मर, सरसराहट^F।

lisp[2] v.i. & t. तुतलाना, अस्पष्ट उच्चारण करना 'स' और 'स्र' अक्षरोंका।

lis pendes लिस्पेन्डे'स् n. **लंबित वाद**।

lisper –'पॅर् n. तुतलानेवाला, तुतरहा।

lissom(e) लि'सॅम् a. नम्य, आनम्य; लचीला, लोचदार, नरम; स्फूर्तिशील, फुर्तीला।

lissom(e)ness –निस् n. नम्यता^F, आनम्यता^F, लचीलापन, नरमी^F; स्फूर्ति^F, फुरती^F।

lissotrichous ⊙ लिसॉ'ट्रिकॅस् a. मृदुरोममय, कोमल केशयुक्त, नरम बालोंवाला।

list[1]* लिस्ट् n. क्रम, अनुक्रम, पंक्ति^F; सूचीपत्र, **सूची**^F*, लिस्ट; छोर, कोर, किनारा; कन्नी^F, किनारी^F, कपड़ेकी धज्जियाँ^F; **चपती**^F; (नेजाबाजी^Fके) अखाड़ेका घेरा या कट-घरा; (ला०) दंगल, अखाड़ा; (कृषि०) **मेंड़**^F; (परिवहन) **झुकाव;** concurrent ~ समवर्ती सूची^F; ~system **सूची-मतदान पद्धति**^F; *enter the ~s* अखाड़ेमें आकर लड़ना, सामना करना।

list[2] v.t. & i. किनारी^F लगाना, किनारों^Fपर धज्जियाँ^F बाँधना; सूची^F बनाना, सूची^Fमें अंकित करना, **फेहरिस्त**^F**में** दर्ज करना; सेनामें भरती^F करना या होना, रंगरूट बनाना या होना, नाम लिखना या लिखाना।

list[3] n. & v.i. नति^F (होना), (जहाजमें) **झुकाव** (हो जाना); झुक जाना।

list[4] v.t. इच्छा^F करना, चाहना, पसन्द करना।

list[5] v.i. & t. (प्रा०) ध्यानपूर्वक सुनना, कान देना।

listed –टिड् a. सूचीबद्ध, अधिसूचित।

listel –'टॅल् n. क्षुद्र रज्जु^F, छोटी रस्सी^F।

listen लि'सॅन् v.i. & t. सुनना, कान लगाकर सुनना; अनुरोध मानना, बहकावेमें आना; ~*in* दूरभाषी-सन्देशमें टिका-टिक करना।

listener –नॅर् n. **श्रोता, सुननेवाला;**
~report, ~research, ~survey.

listening-post –निंग्-पोस्ट् (सन्तरीकी) **सुननेकी चौकी**^F।

lister –'टॅर् n. सूचीकर्ता; एक अमरीकी हल, **मेंड़कर**।

listerine –'टॅरिन् n. एक पूतिरोधी औषधि^F, लिस्टरीन।

Listerism–रिज़्म् n. (शल्य-चिकित्सा^Fमें) संक्रमणनाशक शस्त्रकर्मकी, लीस्टर-पद्धति^F।

listing –टिंग n. कन्नी^F, गोट^F, कोर^Fका कपड़ा; उत्कूल, कोर^F, किनारा; **सूचीकरण, सूचीबद्ध करना,** सूची^F बनाना, (कृषि०) क्यारी^F बनाना, डोली^F बनाना, **मेंड़**^F **बनाना**।

listless लिस्ट्'लिस् a. प्रमादी, अनवहित, असावधान, उदासीन, अनाकृष्ट, जड़, निःस्पृह, निरीह, निरुत्सुक, अनुद्योगशील, निरुद्योग, बेखबर।

listlessness –निस् n. अनवधान, असावधानी^F, **उदासीनता**^F, शिथिलता^F, अनाकर्षण, अस्पृहा^F, अनिच्छा^F, अनीहा, **अनौत्सुक्य,** अनुद्योगशीलता^F, उद्योगहीनता^F, जड़ता^F, मान्द्य।

lit लिट्' दे० LIGHT[3]; ~ *up* (ग्रा०) मदमत्त, नशेमें धुत्त।

lit. literally; literature.

litany लि'टॅनि n. कीर्त्तन, (श्रोताओंद्वारा पुनरावृत्त गिरजेके) प्रार्थना-गीत; L~ बाइबिल^Fमें सम्मिलित भजन।

litas लिटस् n. प्राचीन लिथुआनियाका सिक्का = ३१ पैसे।

litchi लीची' n. लीची^F, (एक चीनी फल)।

Lit.D. Literarum Doctor, Doctor of Letters.

liter ⊙ = LITRE.

literacy लि'टॅरॅसि n. **साक्षरता**^F, (~ *percentage*), अक्षरज्ञान, लेखज्ञान।

literal –रॅल् a. & n. वर्णात्मक, **शाब्दिक,** (~ *sense*,

~ *translation*), आक्षरिक, अक्षरबद्ध, **अक्षर-**, अक्षरशः, वर्णगत; शब्दशः, यथाशब्द, मूलार्थक, मूल, मुख्य, शब्दार्थानुसारी; अभिधेय, वाच्य, प्रकृत, अरूपक, अलंकारवर्जित; नीरस, शुष्क, तथ्यवादी, अरोचक; अनतिशय्य, अत्युक्तिरहित, अतिरंजनशून्य (~ *decimation*)।

literalism –लिज़्म् n. शब्दानुसारिता^F, वाच्यार्थशीलता^F, मूलानुसारिता^F; शब्दार्थवाद, वाच्यार्थवाद, अभिधेयार्थवाद, प्रकृतार्थवाद; शब्दका प्रतिशब्द; **अक्षरचर्या**।

literalist–रै'लिस्ट n. मूलवादी, शब्दवादी, वाच्यार्थवादी, **अक्षरचारी**।

literality –रै'लिटि n. मूलार्थ, मुख्यार्थ, प्रकृतार्थ, शब्दार्थ, वाच्यार्थ, अभिधा^F; = LITERALNESS.

literalize –'रॅरॅलाइज़ v.t. वाच्यार्थ ग्रहण करना, शब्दशः अर्थ लेना, शाब्दिक बनाना।

literally –लि adv. अक्षरशः, शब्दशः, शब्दतः, यथाशब्द।

literalness –ल्'निस n. शाब्दिकता^F, आक्षरिकता^F; नीरसता^F, शुष्कता^F।

literariness –रॅरिनिस् n. साहित्यिकता^F, शास्त्रीयता^F, ग्रान्थिकता^F।

literary –रि a. साहित्य-, **साहित्यिक**, साहित्य-विषयक (~ *language*, ~ *word*); आप्त, शास्त्रीय; ~ *property* रचना^F का सर्वाधिकार; ~ *work* साहित्यिक रचना^F।

literate –रॅट् a. & n. साक्षर, पढ़ा-लिखा; विद्यावान्, साहित्यिक, साहित्यानुरागी; (विश्वविद्यालयीय उपाधि^F के विना) पादरी बननेवाला व्यक्ति।

literati(L) –रे'टाइ n. pl. पण्डितवर्ग, विद्वज्जन, विद्वान् पुरुष, शिक्षित व्यक्ति।

literatim (L) adv. शब्दशः, शब्द-क्रमसे; अक्षरशः, मूलतः।

literator –'रॅरेटॅर् n. साहित्यकार, साहित्यवेत्ता, विद्वान्।

literature –रॅच्युॲर n. वाङ्मय, **साहित्य**; (प्रा०) साहित्यिक संस्कृति; साहित्यिक रचना^F (*engaged in* ~); साहित्यिक व्यवसाय (~ *was represented by*); साहित्य-क्षेत्र; विषय-विशेषकी पुस्तकें^F; (बोल०) मुद्रित वस्तु^F, छपी हुई सामग्री^F।

lith लिथ् n. सन्धि^F, जोड़; अंग, विभाग; फाँक^F।

-lith -शैल, -अश्म, -उपल (*aero* ~, *mono*~)।

lith.; litho; lithog. lithograph; lithography.

litharage लिथार्ज् n. (रसा०) रजत-फेन, मुर्दारसंग, **मुर्दासंग, मुर्दासंख, मुर्दासींग**।

lithate –लि'थॅट् n. आम्लिक-लवण, तेजाबी नमक, लिथेट।

lithe लाइद् a. नम्य, आनम्य, मृदु, कोमल, लचीला, मुलायम, नरम।

litheness –'निस् n. नम्यता^F, आनम्यता^F, कोमलता^F, लोच^F।

lither लि'दॅर् a. नम्य, लचीला, फुर्तीला; (प्रा०) बुरा, आलसी।

lithesome लाइद्'सॅम् a. दे० LITHE.

lithiasis लिथाइ'ॲसिस् n. अश्मरी^F, पथरी^F का रोग।

lithic लि'थिक् a. लथिक, लिथियमका; पथरीवाला।

lithium लि'थिॲम् n. (रसा०) लथ्वातु; **लिथियम** (धातुक तत्त्वविशेष);

~ bromide, ~ carbonate, ~ chloride, ~ citrate, ~ hydrogen tartrate, ~ phosphate, ~ sulphate.

lith(o) अश्म-, उपल-, प्रस्तर-, पाषाण-, शिला- (~ *chromy*, ~ *culture*, ~ *machine*, ~ *phone*).

lithochromatics लिथॅक्रॅमै'टिक्स् n. प्रस्तर-वर्णमुद्रण; शिलावर्णमुद्रण।

lithoclast लि'थॅक्लैस्ट् n. (गुर्देकी) अश्मरीभञ्जक, पथरी^F को तोड़नेवाली मशीन^F।

lithodomous लिथॉ'डॅमॅस् a. गुहावासी, कन्दरानिवासी।

lithofracteur लिथॅफ्रैक्'टॅर् n. प्रस्तर-विस्फोटक।

lithogenic लिथॅजे'निक् a. **प्रस्तरी**, प्रस्तर-, अश्म-, शिला-; ~ process **प्रस्तर-रचना^F, अश्म-रचना^F**।

lithogenous लिथॉ'जिनॅस् a. प्रस्तरोत्पादी।

lithograph[1] लि'थॅग्राफ् n. **शिलामुद्र, शिलामुद्रक**; पत्थरका छापा, T; शिलामुद्रण, पत्थरपर लिखकर छपाई^F-का कार्य।

lithograph[2] v.t. शिलामुद्रण करना, पत्थरपर लिखकर छपाई^F करना; शिलोत्कीर्ण करना, पत्थरपर लिखना; **लिथो करना**।

lithographed –ड् a. शिलामुद्रित, पत्थरसे छपा।

lithographer –थॉ'ग्रॅफॅर् n. शिलामुद्रक, शिलालेखक, शिलोद्रेखक, प्रस्तरोत्कीर्णक, पत्थरपर (या पत्थरसे) छापनेवाला।

lithographic, -al –थॅग्रै'फिक् (ल) a. **मुद्रण-, अश्मलेखी, मुद्रणीय**, (~*limestone*), शिलामुद्रणीय, शिलामुद्रण-सम्बन्धी, लिथोग्राफी^F-विषयक।

lithography –थॉ'ग्रॅफि n. शिलालेखनविद्या^F, **शिलामुद्रण**, पत्थर- **(लिथो) की छपाई^F**; शिलोद्रेखन, प्रस्तरोत्कीर्णन, अश्मलेखन, लिथोग्राफी^F।

lithoid लि'थॉएड् a. प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पत्थरके समान।

lithoidal –'डॅल् a. = LITHOID.

lithological लिथॅलॉ'जिकॅल् a. शैलिकीय, शैल-विज्ञान-विषयक, अश्मरी-विज्ञान-सम्बन्धी, प्रस्तर-विज्ञान-सम्बन्धी।

lithologist –थॉ'लॅजिस्ट् n. शैलिक, पाषाण-ज्ञानी, प्रस्तर विज्ञानी, पत्थरोंका जानकार; (चि०) अश्मरी-विज्ञ।

lithology –जि n. शैलिकी^F, शैलशास्त्र, प्रस्तर-विज्ञान, चट्टानों^F की विद्या^F; (चि०) अश्मरी विज्ञान।

litholysis –लिसिस् n. अश्मरी-द्रावण, पथरी-घोलन।

lithomancy लि'थॅमैन्सि n. (पत्थरोंसे) प्रस्तर ज्यौतिष, भविष्यदर्शन, भविष्यका पता लगाना।

lithomarge –लि'थॅमार्ज् n. गुँधी हुई चीनी मिट्टी^F।

lithontriptor लिथॉन्'ट्रिप्टॅर् n. = LITHOTRIPTOR.

lithophagous लिथॉ'फ़गॅस् a. प्रस्तर-छेदक, पत्थरछेदी; प्रस्तरभक्षी (जैसे शुतरमुर्ग)।

lithophyll लि'थॅफिल् n. प्रस्तरित दल।

lithophyte लि'थॅफ़ाइट् n. (जन्तु०) पुर्वेगक; (वन०) शैलोद्भिद्, **पाषाणोद्भिद**, पत्थरपर उगानेवाला पौधा, T. प्रवाल, मूँगा।

lithopone लि'थॅफोन् n. (एक श्वेत रासायनिक द्रव्य), (रसा०) **जस्ती सफेद रोगन; लिथोपोन**।

litho-printing लि'थॅप्रिन्टिंग n. शिलामुद्रण।

lithosphere लि'थॅस्फीअॅर् n. **स्थलमण्डल**, स्तरमण्डल, भूपर्पटी^F।

lithotint लि'थॅटिन्ट n. प्रस्तरचित्र।

lithotome -लि'थॅटोम् n. मूत्राशयच्छेदक, लिथोटोम।

lithotomic, -al टॉ'मिक, -अॅल् aa. अश्मरी शल्यकर्म-सम्बन्धी, अश्मरी-छेदन-सम्बन्धी।

lithotomist -थॉ'टॅमिस्ट् n. अश्मरी-शल्य-चिकित्सक, अश्मरीछेदक, पथरी^F निकालनेवाला डक्टर।

lithotomize -माइज़् v.t. अश्मरी-शस्त्र-क्रिया^F करना, पथरी^F काटकर निकालना।

lithotomous -मॅस् a. मूत्राशयच्छेदक-सम्बन्धी, पथरी-छेदक।

lithotomy -मि n. मूत्राशयच्छेदन, अश्मरी-छेदन, (अश्मरी^F या पथरी^F निकालनेके लिए) मूत्राशयच्छेदनकी शस्त्रक्रिया^F।

lithotripsy लि'थॅट्रिप्सि n. = LITHOTRITY.

lithotriptor थॉ'ट्रिप्टॅर् n. अश्मरी-भञ्जक, पथरी-भञ्जक, लिथोट्रिप्टर।

lithotrite, lithotritor -'थॅट्राइट्, -टॅर n. = LITHOTRIPTOR.

lithotrity -थॉ'ट्रिटि n. अश्म-भञ्जन, (पथरी^F की) शल्य-चिकित्सा^F।

Lit. Hum. *litterae humaniores*, Humane Letters (in Oxford University), the Humanities.

lithy लि'थि a. नम्य, लचीला; मृदु, कोमल, नरम।

litigable लि'टिगॅबॅल् a. वादीय, विवादास्पद, मुकदमा लड़ने योग्य।

litigant -गॅन्ट् a. विवादी, वादी, विवादार्थी, **वादकारी**, अभियोग-व्यसनी, वादविग्रही, मुकदमा लड़नेवाला, झगड़ालू, मुकदमेबाज।

litigate -गेट् v.i. & t. **वाद करना**, मुकदमा लड़ना, वाद चलाना, दावा करना, नालिश^F करना, अदालत^F करना; (कानूनी पहलूपर) विवाद करना; बहस^F करना।

litigated -टिड् a. वादानुगत, अदालती।

litigation -गे'शॅन् n. विवाद, वाद, झगड़ा, दावा, वादिता^F, **वादकरण, मुकदमेबाजी**^F; विवादुकता^F, **अभियोग-व्यसनता**।

litigator -'टिगेटॅर् n. विवादविग्रही, मुकदमेबाज।

litigious -जॅस् a. वादशील, वाद-व्यसनी, वादग्रस्य, विवादप्रिय, विवादार्थी, मुकदमेबाज; विवाद-सम्बन्धी, मुकदमा-सम्बन्धी; झगड़ालू, लड़ाका, बखेड़िया।

litigiousness, litigiosity -निॅस्, -जिऑ'सिटि nn. वादशीलता^F, वादव्यसन, वादग्रस्यता^F, विवादप्रियता^F, विवदिकता^F, मुकदमेबाजी^F का चस्का; झगड़ालूपन, लड़ाकापन, बखेड़ियापन।

litmus लि'ट्मॅस n. शेवल, एक नीलवर्ण काई^F (रसा०, ग०) **लिटमस**; रंजक पदार्थ-विशेष, ~-paper शेवल-पत्र, लिटमस कागज।

litotes लाइ'टॅटीज़् n. वक्रोक्ति^F, मृदु व्यंग्य, कोमल व्यंग।

litre ली'टॅर् n. (रसा०) (मीटर-पद्धति^F में धारिता^F की इकाई^F), **लिटर**।

Litt. D. *Litterarum Doctor*; Doctor of Letters.

litter[1] लि'टर् n. आस्तरण; शिविका^F, गद्देदार सवारी^F, **डोली**^F, पालकी^F, नालकी^F, **लिटर**; (बीमारों-घायलों आदिके लिए) गद्देदार ढाँचा या डोली^F; (पशुओंकी) तृणशैय्या^F; (कृषि०) **पशु-बिछाली**^F; (छितराया हुआ) **कचरा**, कूड़ा-करकट, घास-फूस, गोबर और खरपात; उत्साहहीनता^F; अस्तव्यस्तता^F, अव्यवस्था^F, गड़बड़; (जानवरोंका) शावक-समूह, एक बारमें उत्पन्न बच्चे, झोल।

litter[2] v.t. & i. बिचाली^F डालना, (घास^F) बिछाना; (अस्तबलमें) तृण बिछाना; अव्यवस्थित फैला देना, बेठाँव ढेर कर देना; फैला हुआ होना; बच्चे देना, बियाना।

litterateur(F) लिटॅरॅटॅर्' n. साहित्यिक, साहित्यिक व्यक्ति।

littery -'टॅरि a. अव्यवस्थित, कूड़े-करकटसे भरा-पूरा।

little[1] लि'टॅल् n. सूनु, सुत, शिशु, बच्चा (*the~ones*)।

lordling –लिंग् n. लघु श्रीपति, क्षुद्र अधिपति, नाममात्रका राजा, छोटा अमीर।
lordly –लि a. महत्, महान्, प्रभुयोग्य, राजार्ह, राजोचित, सामन्त जनोचित; सदर्प, गर्वित, धृष्ट, साहंकार, अभिमानी, घमण्डी; उन्नत, उदात्त; तेजस्वी, ओजस्वी, दीप्तिमान्।
lordolatory –डॉ'लॅट्रि n. प्रभु-सेवा^F, स्वामिपूजा^F, श्रीपति-पूजा^F, लक्ष्मीपति-पूजा^F, उमरा-परस्ती^F।
lordosis लॉर्डो'सिस् n. (रीढ़की) अग्रकुब्जता^F।
lordship लॉड्'शिप् n. प्रभुत्व, श्रीपतित्व, आधिपत्य, स्वामित्व, शासन, अधिकार, अधिकार-क्षेत्र; प्रदेश, राज्य, जमीन्दारी^F, जागीर^F; प्रासाद; लार्डका व्यक्तित्व; your~ श्रीमन्, अत्रभवान्; his~ तत्रभवान्।
lore[1] लोॲर् n. नियम, सिद्धान्त; विद्या^F, ज्ञान, विद्वत्ता^F, पाण्डित्य; जनश्रुति-संकलन, तथ्य-संग्रह।
lore[2] n. (प्राक्० इति०; चिड़ियोंकी आँखों^F और ऊपरी जबड़ेके मध्य) धारीदार जगह^F; (सर्पोंमें) आँख^F और नथुनेकी मध्यवर्ती धारी^F।
lorette लॅरे'ट् n. लम्पट, बदमाश आदमी; दरबारी^F।
lorgnette लॉन्'येट् (F) n. वृन्तकाच, दूरवीक्ष, लोर्नेत, लम्बी कमानी^Fका चश्मा।
lorica लराइ'कॅ n. (चमड़ेका) बटुआ, बेग।
loricate[1] लॉ'रिकेट् v.t. पटलाच्छादित करना, लेप चढ़ाना, मढ़ना।
loricate[2] –कॅट् a. पटलयुक्त, (जन्तुवि०) कवचयुक्त, दृढ़ पटलाच्छादित, सुरक्षात्मक अस्थिमय।
lorication –के'शॅन् n. आवरण, कवचाच्छादन, वसनाच्छादन।
loriner लॉ'रिनॅर् n. (*lorimer* भी) धातुयन्त्रकार, धातुओंके औजार बनानेवाला, लोहार।
lorn लॉर्न् a. (का० एवं हास्य०) निर्जन, वीरान, उजाड़; एकाकी, परित्यक्त, अनाथ, अशरण, असहाय, खोया हुआ, गया बीता, बेचारा।
loro account (अर्थ०) **तदीय लेखा।**
lorry लॉ'रि n. (ट्राम-लाइनोंपर चलनेवाला) ठेला, ट्रक^F; (सैन्य०) निवहयान, भारयान, मोटर-लारी^F, **लारी^F,** छकड़ा।
lory n. मधुशुक, (तोते जैसा पक्षी-विशेष), लोरी^F।
losable लू'जॅबॅल् a. खोने योग्य, हारने योग्य।
lose लूज् v.t. & i. (*lost*) विहीन होना, वंचित होना, गँवाना, खोना; नष्ट हो जाना, लुप्त हो जाना, मिट जाना; दिवंगत हो जाना, मर जाना; क्षतिग्रस्त होना, असुविधा^Fमें होना, हानि^F उठाना; असमर्थ होना, असफल होना, विफल होना; समय नष्ट करना, अवसर खो देना, न पाना, न पकड़ पाना, न देख पाना, न सुन पाना; परास्त होना, दाँव खोना, हारना; विपथित होना, पथभ्रष्ट होना, विचलित होना, बहकना, भूलना, चूकना, भटक जाना; अप्रसिद्ध होना, विस्मृत होना; ~ *ground* गिरना; ~ oneself घबड़ाना; ~ one's *temper* क्रुद्ध होना, झुँझलाना, बिगड़ना; ~ *time* पिछड़ना।
losel लो'जॅल् n. (प्रा०) दुश्चरित्र, आवारा, निकम्मा।
loser लू'जॅर् n. (प्रायः क्रियागत अर्थोंमें) खोनेवाला; दौड़^Fमें हारनेवाला व्यक्ति, रेसमें हारनेवाला घोड़ा; (बिलियर्ड) हारकी बाजी^F।
losing –जिंग् a. क्षतिकर, हानिकारक।
loss* लॉस् n. संक्षय, उपक्षय; अलाभ, क्षति^F, **हानि^F, नुकसान***, कमी^F, घाटा*; लोप, च्युति^F, व्यय; (व्यक्ति,

वस्तुF, धनका) नाश; (हानिFसे समुत्पन्न) अव्यवस्थाF; ~statement **क्षति-विवरण**; *at a~* स्तब्ध, किंकर्तव्य-विमूढ़, हक्का-बक्का।

lost लॉस्ट् दे० LOSE भी; **लुप्त**, खोया गया; गया-बीता; ~ bankrate, ~ bill, ~ deed, ~ note, ~ property, ~ star, ~ ticket, ~ time.

lot¹ लॉट् n. नियतिF, दैव, भाग्य, भागधेय; दैवगतिF, भवितव्यताF, (*it falls to me* or *my~*) स्थितिF, दशाF; अंश, भाग, हिस्सा; निश्चय, चुनाव; (व्यक्तिविशेष-का) भू-खण्ड, स्थान, भूमिF, जगहF ⊙; थोक माल, **ढेर**, नीलामकी ढेरीF; सजातीय संख्याF, सम्बद्ध मात्राF; पुष्कल परिमाण, भीड़-भीड़F; भाग्यपत्र; गुटिकाF, गुट्टीF; ~ money (अर्थ०) **नीलाम् कमीशन, दस्तूरी**; the ~ सम्पूर्ण, समग्र, साराका सारा; *cast ~* पाँसा डालना; *draw ~s* गुट्टीF चुनकर निश्चय करना।

lot² v.t. विभक्त करना, हिस्से करना, बाँटना।

lota लोट् n. लोटा।

loth लोथ् दे० LOATH.

Lothario लॅथेअॅरिओ n. (pl. -s) कामुक, लम्पट, लोथेरियो।

lotion लो'शॅन् n. द्रव ओषधिF, धावन (कृषि०, चि०) **लोशन**; दूषित स्थानको धोनेके लिए बाहरसे प्रयुक्त औषधF; रंग साफ करनेकी दवाF।

lottery लॉ'टॅरि n. भाग्यदाF, **लाटरी**F (*~office*); गुटिकापात; (ला०) भाग्यकी बातF, भाग्यका खेल, किस्मत-की चीजF, जुआ (*marriage is a~*)।

lotto लॉ'टो n. जुएका खेल विशेष, ताशका एक खेल, लाटो।

lotus लो'टॅस् n. जलज, पंकज, पद्म, **कमल**, कँवल; (मिस्र और एशियाकी) कुमुदिनीF, नलिनीF; ~-eater तन्द्रालु, निष्क्रिय; लोटस-भक्षी; ~-eating तन्द्रालुताF, निष्क्रियताF, आरामतलबीF; तन्द्रालु; ~land तन्द्राF एवं विलासिताFका स्थान।

loud¹* लॉउड् a. महत्, गुरु, उच्च, उत्ताल, ऊँचा*, भारी, जोरका; निर्घोषमय, कोलाहलपूर्ण; (रंग, परिधान इत्यादि) चाक-चक्यपूर्ण, प्रदर्शनात्मक, भड़कीला, चमक-दार; ~ report **धमाका**; ~ speaker विपुल-भाष, ध्वनि-विस्तारक यन्त्र, **लाउड स्पीकर**।

loud² adv. तालस्वरसे, जोरसे, ऊँचे स्वरसे; (*don't talk so ~*)।

louden –'डॅन् v. उच्चघोषयुक्त, (आवाजF) ऊँची करना।

loudish –डिश् a. अंशतः उच्चस्वर-युक्त।

loudness –ड्'निॅस् n. उच्चताF, महत्त्व, उत्तालताF; उद्घोषताF, **ध्वनि तीव्रता**F, **तारत्व, प्रबलता**F, उच्चस्वरत्व, जोर, शोर; ~ level **प्रबलता**F**का स्तर, (ध्वनिका) प्रबलता-तल**।

lough लाच् n. अम्बुधि, सागर, समुद्र; समुद्रबाहु, झीलF।

lounge¹ लॉउन्ज् n. पर्यटन-प्रवृत्तिF, परिभ्रमणकी चाटF, मटरगश्तीF; भ्रमण या अटनका स्थान, (विशे०) प्रवेश कक्ष, बरामदा या गैलरीF; **विश्राम-कक्ष**; उपवेशिकाF, मकानका बैठकखाना; कोच, सोफा, आराम-कुर्सीF; सुतल्प; ~suit साधारण कपड़े।

lounge² v.i. & t. मन्दगमन करना, आवारागर्दीF करना, मटरगश्तीF करना; (आलस्यमें) कालक्षेप करना, समय गँवाना।

lounger –'जॅर् n. आलसी व्यक्ति, आलसी, प्रमादी, कालक्षेपक, उदासीन; आवारागर्द।

lounging –'जिंग् १. n. आलस्य; २. a. अलस, मन्द।

loup लाउप् v.i. नृत्य करना, नाचना; फुदकना, कूदना, फाँदना; भागना।

lour¹, lower¹ लॉउअॅर्, लाउअॅर् n. भ्रूक्षेप, घुड़कीF, कड़े तेवर; (आकाश आदिकी) सघनताF, आच्छन्नताF, अवसादमयताF।

lour², lower² v.i. भ्रूक्षेप करना, भृकुटीF चढ़ाना, क्रुद्ध होना, घुड़कना, माथेपर बल डालना, त्यौरियाँF चढ़ाना।

loury, lowery –'रि, –'रि aa. आच्छन्न; श्याम, कृष्ण, काला।

louse लाउस् n. (pl. *lice*) **यूक**F, यूकाF, जूँF, जुँआ, परोपजीवी; लिक्षा; स्तनपायी जीव।

lousiness –उ'जिनॅस् n. यूकाजुष्टताF, यूकमयताF, यूकापूर्णताF।

lousy –जि a. बहुयूक, यूकापूर्ण, जुष्ट जुओंसे भरा हुआ; (ग्रा० भी) घृण्य, घिनौना, नीच, अधम, कमीना।

lout¹ लॉउट् n. ग्रामीण, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी, उजड्ड आदमी, देहाती, अनाड़ी।

lout² v.t. (प्रा०) नम्र होना, नत होना, सादर झुकना।

loutish –'टिश् a. अभद्र, अशिष्ट, ग्राम्य; स्थूलमति, उल्लू, गँवार।

loutishness –निॅस् n. अभद्रताF, अशिष्टताF, गँवार-पन, उजड्डपन।

louver, -vre लूॅवॅर्, -वॅर् nn. तिर्यग्वातायन, धूम-रन्ध्र, धूमनिर्गम, धूमपथ, धुँआरा; रन्ध्रपटल, **झिलमिली**F, तख्तोंका रोशनदान।

louvered –र्ड् a. तिर्यवाग्वातायनमय, धूमपथ-युक्त, धुँवारादार; **झिलमिलीदार** (*~door*)।

lovable लॅ'वॅबॅल् a. प्रिय, स्नेहार्ह, प्यारा।

lovableness –निॅस् n. प्रियताF, स्नेहार्हताF, प्यारा-पन।

lovage लॅ'विज् n. यवानीF, अजमोदा, अजवाइनF, लवेज।

love¹* लव् n. **प्रेम***, प्रणय, स्नेह, राग, प्रीतिF, **रति**F, चाहF, **अनुराग**, प्यार*; काम-वासनाF, वात्सल्य; प्रेम-भाव, श्रृंगार, श्रृंगारभाव, प्रेमदेव, मदन, कामदेव; प्रेयसीF, प्रणयिनीF, प्राणवल्लभाF; प्रेमपात्र, प्रिय व्यक्ति, सुन्दर वस्तुF; (खेल) शून्य, रिक्त; ~ all (खेलमें) दोनों ओर शून्य; ~-apple टमाटर; ~-begotten जारज, हरामी;

~-child अवैध सन्तान^F, जारज सन्तान^F; हरामी बच्चा, ~-feast (सम्मान्य आमोदार्थ) भोज, दावत^F; ~-in-a-mist अपर्याप्त साधनोंमें विवाह; ~-knot दुहरी गाँठ^F; ~-letter प्रणयपत्र, प्रेमपत्र; ~-lorn प्रेमोपेक्षित; ~-making प्रेम-विहार, प्रणय करना, प्रेम करना; ~sick प्रेमातुर, प्रणय-विह्वल, कामार्त, अनंगतप्त, विरही, वियोगी; *be in, fall in,* ~ प्रेमासक्त होना, प्रणय-लिप्त होना; *labour of* ~ आनन्दपूर्ण कार्य या श्रम, परस्वार्थका कार्य; *for the* ~ *of* के निमित्त, के नामसे; *play for* ~ *my* ~ दयित, दयिता^F, प्रिय, प्रियतमा^F, *play for* ~ केवल मनोरंजनके लिए खेलना; *there is no* ~ *lost between them* परस्पर घृणा^F करते हैं;

~-affair, ~-bitten, ~-crossed, ~-entangled, ~-filter, ~grass, ~lock, ~- mad, ~match, ~-smitten, ~song, ~-starved, ~-story, ~-stricken, ~-token.

love² v.t. & i. प्रणय करना, अनुराग करना, प्रेम करना, प्यार करना; प्रशंसा^F करना, प्रशंसा^F से प्रसन्न होना; प्रवृत्तिशील होना, झुकाव होना (*children* ~ *to ape their elders*); (बोल०) हर्ष-पूर्वक करना, चाहना, पसन्द करना (*I should* ~ *to come*) ।

loved –ड् a. प्रिय, कान्त, वल्लभ, प्यारा ।

Lovelace लव्'लॅस् n. लम्पट, व्यभिचारी, लवलेस (नाम) ।

loveless –'लिॅस् a. अप्रिय, असुन्दर; प्रेमविहीन, प्रेम-शून्य ।

lovelessness –निॅस् n. प्रेमराहित्य, प्रेमाभाव ।

lovelihead –लिहेॅड् n. सौन्दर्य, कमनीयता^F, मनोहरता^F ।

loveliness –लिनिॅस् n. कान्ति^F, सौन्दर्य, शोभा^F, लावण्य, चारुता^F, अभिरामता^F, चित्ताकर्षकता^F ।

lovely –लि a. कान्त, शोभन, सुभग, सुन्दर, प्रिय, चारु, मंजु, मंजुल, मनोरम, मनोहर, प्यारा, अभिराम, कमनीय, ललित, रमणीय; (बोल०) सुखकर, हर्षवर्द्धक, आनन्द-कारक, दिलचस्प ।

lover –'वॅर् n. प्रेमी, प्रणयी, अनुरागी, कान्त, वल्लभ, चाहनेवाला; (pl.) प्रेमी युग्म; जार, स्त्री-लोलुप, यार ।

lovey –वि n. (प्रेमपूर्ण सम्बोधन) प्रिये^F, प्यारी^F ।

loving –विंग् a. प्रिय, प्रेमी, प्रणयी, स्नेही, अनुरागी (*your* ~ *friend*); प्रेमव्यंजक, प्रेमप्रकाशक, प्रणय-दर्शक, प्रेममय, प्रणयपूर्ण; प्रणय-जन्य, प्रेम-जनित; ~ kindness कृपा^F, अनुग्रह, हार्दिक सम्मान ।

lovingness –निॅस् n. प्रेम, प्रणय, स्नेह, अनुराग-शीलता^F ।

low¹ लो' n. रेभण, रम्भण; हंभा, हंभारव, राँभ^F, डिडकार^F ।

low² v.i. & t. रेभण करना, हंभारव करना, राँभना, (गाय^F-बैलकी तरह) डडकारना, बाँ-बाँ करना ।

low³ n. निम्न या नीचा (व्यक्ति या वस्तु^F); निम्नताप-क्षेत्र; **निरनदाब-क्षेत्र;** (⊙) निम्नतल, निम्नस्तर, निम्न आकार ।

low⁴* a. **निम्न,** अधःस्थ, **नीचा*,** निचला*, अतुंग, अनुच्च, छोटा (~*house, stature*); नीच*, अधम, ओछा; **अल्प,** कम; **हलका;** अवर, अश्रेष्ठ, हीन, खल, अवरेण्य, क्षुद्र, अशिष्ट, निर्मर्याद, सामान्य, साधारण; निकृष्ट, अपकृष्ट, तुच्छ, अश्लील, कमीना, छिछला, ग्राम्य, भोंड़ा, भद्दा; रूक्ष, निस्सार, निःसत्त्व, निस्तेज, निष्प्राण, शीर्ण, दलित; अपोषक, अपौष्टिक; (स्वर) मृदु, कोमल, **मन्द,** अनुदात्त; धीमा, हलका (~*fever*), **अल्प,** कम, थोड़ा; रिक्त, समाप्त, समाप्तप्राय; अभिनव, प्रत्यग्र, नवीन-तम, ताजा; (~*church* भी) बिशपोंकी अवज्ञा करने-वाला, अधार्मिक, धर्मविरोधी; अयाजकीय, अपुरोहितीय; ~-bred कुपोषित, अच्छी तरह न पाला-पढ़ाया गया; ~brow असंस्कृत रुचि^F; ~browed छोटे मत्थेवाला; L~Church (इंगलैण्डके गिरजेकी शाखा^F-विशेष) लो चर्च; L~Countries नीदरलैण्ड्स, हालैण्ड और बेल्जियम; ~-down ⊙ वस्तुस्थिति^F, ~-down नीच, अधम, कमीना; ~dress छातीके ऊपर नंगा कपड़ा; ~land **उपत्यका^F, निम्नभूमि^F,** निम्न देश, L~land (a.) लोलैण्ड-सम्बन्धी; ~latitudes **निम्न अक्षांश,** विषुवत् रेखा^F के निकटवर्ती अक्षांश; ~life निम्न वर्गका जीवन; ~lying निम्न, **निम्नस्थ, निचला;** ~-minded नीच, असभ्य, असंस्कृत, कमीना; L~Sunday ईस्टरके बादका रविवार; ~tide **भाटा;** ~water **मरकताल, निम्न जल;** *at~est* कम-से-कम; *bring* ~ अपकर्ष करना, अवनति^F करना, ह्रास करना, पतन करना; *high & ~* प्रत्येक, सभी; *in ~ water* दरिद्र; संकटमें, कष्टमें, किसी कठिनाई^F में; *lay* ~ नीचा दिखाना, पछाड़ देना; *lie* ~ (थककर) गिर पड़ना, दुबक जाना; (ग्रा०) मौन रहना, अवसरकी घात^F में रहना, प्रतीक्षा^F में रहना;

~altitude, ~altitude fighter, ~altitude plantations, ~birth, ~-bombing, ~-born, ~-bowed, ~browed, ~caste, ~-caste quarters, ~-ceilinged, ~ charge, ~ cloud, ~ comedy, ~ condition, ~conducting, ~conductor, ~cost, ~country, ~cover, ~diet, ~diligence, ~dip, ~duty area, ~exchange, ~-flung, ~flying, ~fog, ~forehead, ~forest, ~ forking, ~- frequency, ~- geared, ~-grade, ~-grade metamorphism, ~head, ~-head plant, ~-heat, ~-heeled, ~land plain, ~level, ~-lying area, ~magnifying power, ~marsh, ~masonary weir, ~neck, ~-necked, ~normal, ~pitch, ~-pitched, ~power, ~pressure, ~pressure area, ~price, ~-priced, ~-principled, ~-purposed, ~quality site, ~rainfall, ~range, ~rates, ~relief, ~rent, ~-set, ~shade, ~-sided trunk, ~-sided wagon, ~-spirited,

~spirits, ~spoken, ~stumps, ~temperature, ~tension, ~thinning, ~tide mark, ~-tongued, ~trajectory, ~vacuum, ~-value stamps, ~-voiced, ~voltage, ~wages, ~-waisted, ~water, ~wattage, ~-wheeled, ~wine, ~witted, ~yielding variety.

low[5] adv. नीचे, तले, अवर स्थिति[F] में, निम्न अवस्था[F] में, (*hangs* ~); अपर्याप्त; निःसत्त्व आहारपर (*live ~ for a time*); स्फुट स्वरमें, मन्द-मन्द स्वरमें, धीरे-धीरे, धीमे (*talk*~); निकट कालमें, अभी हालमें (*find it as ~as the 18th century*); ~*down* बहुत नीचे।

lower[1] लो'अॅर् v.t. & i. उतारना, झुकाना, नीचा करना; (नौवि०; नौका[F] का) सिन्धुमें जलावतरण करना, पाल खोलना; लम्बाई[F] कम करना, ऊँचाई[F] घटाना; (मूल्य आदिका) ह्रास होना, घटना, गिरना, नीचे आना; (वेग या लय) कम होना या करना; अपचयन करना, अपकृष्ट करना, असम्मान करना; स्वास्थ्य घटना, तन्दुरुस्ती[F] गिरना।

lower[2] v.i. तिमिरावृत होना, मेघाच्छन्न होना; भृकुटी[F] चढ़ाना।

lower[3] a. (*comp.*) (गणित) **अधः**, नीचस्थ, **निम्नतर, निम्न, निचला, नीचेका** (~ *orders and clauses*); लघु, लघुतर (~*value*); ~case (ध्वनि०) **छोटे अक्षर**; ~deck (नौवि०) **खेवा, खेवा सैनिक;**
~age limit, ~bound, ~boundary, ~case, ~chamber, ~class, ~court, ~criticism, ~deck, ~establishment, ~extremity, ~formation, ~House, ~integral, ~jaw, ~limit, ~motion, ~pitch, ~post, ~salt, ~school, ~storey, ~unit, ~world.

lowering –'रिंग् १. n. **अवनयन, अवतरण;** (~*position*, ~*test*); **कम करना;** नीचे करना, उतारना आदि क्रियागत अर्थोंमें; दुर्दिन, तम, अँधेरा; २. a. अन्धकारमय, अँधेरा, मेघाच्छन्न, तमोवृत, बदलीदार; ~wedge **ठोकनी फन्नी**[F]।

lowermost, lowest –वर्मोस्ट्, -वेस्ट् a. अधस्तम, निम्नतम, सबसे निचला, लघुतम।

lowest लो'इॅस्ट् a. **निम्नतम,** (~*oxide*, ~*position*), **लघुतम**।

lowing लो'इंग् १. n. हम्भा, (गाय[F], इत्यादिका) रम्भण, राँभना, वँबाना; २. a. रँभानेवाली।

lowish लो'इश् a. निम्नप्राय, अंशतः नीचा।

lowliness लो'लिनि॑स् n. निरहंकार, विनय[F], सुशीलता[F], शालीनता[F], नम्रता[F]।

lowly –लि a. विनीत, विनयशील, सुशील, शालीन, नम्र, निरभिमान, अनुद्धत, अनहंकार, सीधा-सादा।

lowness –'नि॑स् n. निम्नता[F], नीचता[F], अधमता[F], हीनता[F], ओछापन, नीचापन, निचाई[F]; अवसन्नता[F], विषाद, दैन्य, उदासी[F], विषण्णता[F], खिन्नता[F]।

loxodrome लॉक्सॅ'ड्रोम् n. (गणि०) **एक दिश, नौपथ**।

loxodromic –'मिक् a. (नौवि०) एकदिश, तिर्यक् सन्तरण-सम्बन्धी।

loyal लाएँ'अॅल् a. & n. विश्वासी, विश्वास-भाजन, कृतज्ञ, वफादार, नमकहलाल; राजनिष्ठ, देशभक्त, भक्त, आसक्त, राजभक्त, **निष्ठावान्**, अनुरागी; वशवर्ती; प्रणयमें अविचलित, पक्का, सच्चा।

loyalism –लिज़्म् n. राजभक्ति[F], भक्ति[F]।

loyalist –लि॑स्ट् a. राजभक्त, राज्यनिष्ठ, भक्त।

loyalize –लाइज़् v.t. राजभक्त बनाना, राज्यनिष्ठ बनाना आदि।

loyalty –टि n. **निष्ठा**[F], **भक्ति**[F], प्रभुभक्ति[F], **राजभक्ति**[F], दृढ़भक्ति[F], स्वामिभक्ति[F], सतीत्व, आसक्ति[F], अनुराग; वाध्यता[F], **वफादारी**[F], नमकहलाली[F]।

lozenge लॉ'जि॑न्ज् n. विषमकोण समचतुर्भुजाकार हीरक-विशेष; विषमकोण समचतुर्भुजाकार शील्ड; खिड़की[F]-का विषमकोण समचतुर्भुजाकार शीशा; (चि०) **चूष,** चूषिका[F], टिकिया[F]; मिठाई[F] की गोलियाँ[F]।

lozenged–ड् a. विषमकोण समचतुर्भुजाकार; (खिड़की[F]) विषमकोण समचतुर्भुजाकार शीशेवाली।

L.P. Lord Provost.

l.p. low pressure.

L.P. Act Legal Practitioners' Act.

L.P.C. Last Pay Certificate.

L.P.S.A. Application for Authorisation to Drive.

L.R. Law Reports; Legal Remembrancer.

L.R.A.M. Licentiate of the Royal Academy of Music.

L.R.C.P. Licentiate of the Royal College of Physicians (~E., of Edinburgh).

L.R.C.S. Licentiate of the Royal College of Surgeons.

L.R.I. Lac Research Institute.

L.R.M. Land Revenue Manual.

L.S. Linnaean Society; *loco sigilli*, place of the Seal; Leave Salary; Leprosy Specialist; Livestock Supervisor.

l.s. left side.

L.S.A. Licentiate of the Society of Apothecaries.

L.S.D. *librae, solidi, denarii*, Pounds, Shillings, Pence.

£.s.d. अॅल्'अॅ'स्डी n. पौण्ड, शिलिंग और पेंस; धन, सम्पत्ति[F], रुपया-पैसा।

L.S.E.S. Lower Subordinate Engineering Service.

L.S.G.D. Local Self-Government Diploma.

L./Sgt. Lance Sergeant.

L.S.I. Livestock Inspector.
L.T. Low Tension.
Lt. Lieutenant.
L.T.C. Lawn Tennis Club.
Lt. Col. Lieutenant-Colonel.
Ltd. Limited.
Lt.-Gen. Lieutenant-General.
L.T.M. Licence in Tropical Medicine.

lubber ल'बॅर् n. स्थूलमति, मूर्ख, लण्ठ, गोबर-गणेश, बुद्धू, गँवार; स्थूलजन, कदाकार-व्यक्ति, बेढंगा तैराक; ~ line **सूचक रेखा**ᶠ, **अन्नी**ᶠ।

lubberlike–लाइक् a. कदाकार, भद्दा, बेढंगा।

lubberliness –लिनि`स n. कदाकारताᶠ, भद्दापन, गँवारपन, हँसोड़पन।

lubberly –लि a. & adv. स्थूल, कदाकार, भद्दा, बेढंगा, मोटू, बेडौल, फूहड़।

lubric लू(ल्यू)'ब्रिक् a. पिच्छिल, चिक्कण, चिकना, फिसलनेवाला, चञ्चल।

lubricant –कॅन्ट् a. & n. (चि०; कृषि०, रसा०, भौ०, यंत्र) **स्नेहक**, (इंजी०) **स्नेहकर**, उपस्नेह, स्निग्ध, **स्नेह, चिकनाई**, उपस्नेहक (द्रव्य), (कृषि०) **ओंगन**।

lubricate –केट् v.t. समान करना, चौरस करना; उपस्नेहन करना, अभ्यंजन करना, स्निग्धीकरण करना, **चिकना करना, चिकनाना, तेल देना**, पिच्छिल करना।

lubricating –टिंग् १. n. उपस्नेहन, स्निग्धीकरण, चिकनाना; २. a. (कृषि०) **स्नेहक** (~*fluid*), चिकनानेवाला (~*oil*)।

lubrication –कॆ`शॅन् n. (कृषि०, रसा०, भौ०) **स्नेहन**, उपस्नेहन, अभ्यंजन, स्निग्धीकरण, **चिकनाना**, (कृषि०) **ओंगना, तेल देना**, तेल देनेका कार्य; चिक्कणताᶠ, चिकनाहटᶠ।

lubricator –ब्रिकेटॅर् n. **स्नेहक**, चिकनानेवाला, **तेल-दान**; तेल देनेकी कुप्पीᶠ।

lubricious, lubricous –ब्रि`शॅस्, लॅ'ब्रिकॅस् aa. मेदुर, श्लक्ष्ण, स्निग्ध, चिक्कण, चिकना; पिच्छिल; प्रियंवद, प्रियभाषी, मिठबोला, चाटुकार; कामुक, लम्पट।

lubricity –'सिटि n. मेदुरताᶠ, श्लक्ष्णताᶠ, स्निग्धताᶠ, चिक्कणताᶠ, फिसलनᶠ; चिकनाहटᶠ; पिच्छिलताᶠ; प्रियंवादिताᶠ, चाटुकारीᶠ, मिठबोलापन; कामातुरताᶠ, कामुकताᶠ, लम्पटताᶠ।

lucarne ल्यू (लॅ)कार्न् n. (गिर्जेके जीनेमें बना हुआ) लघु वातायन, छोटी खिड़कियाँᶠ।

Lucca लू'कॅ, ल'कॅ n. (~ *oil*) अच्छी किस्मका जैतूनका तेल।

luce लूस्, ल्यूस् n. (मत्स्य विशेष), ल्यूस।

lucency –'सन्सि n. दीप्तिᶠ, तेजस्विताᶠ, जाज्वल्यमत्ताᶠ, पारभासकताᶠ, चमकीलापन।

lucent –न्ट् a. दीप्त, तेजस्क, जाज्वल्यमान्, पारभासक, स्वच्छ, निर्मल, उज्ज्वल, चमकदार, चमकीला।

lucernal लू(ल्यू)सॅर्'नॅल् a. दीपयुक्त, लैम्पका (~ *microscope*)।

lucerne लू(ल्यू)सर्न् n. (वन०) शोषातिजीवा, (एक पौधा), **लूसर्न, रिज़का**।

lucid लू(ल्यू)'सिड् a. (का०) दीप्त, दीप्तिमान, प्रकाशमय, सुप्रभ, उज्ज्वल, स्वच्छ, प्रांजल, विमल, निर्मल, साफ, निथरा, चमकीला; (कृमि०, वन०) ᶠस्निग्ध-दीप्त-तल, चिकना चमकीला तल; (प्रायः ला०; साहित्य०) विशद, स्पष्ट, सुव्यक्त, स्पष्टार्थ; प्रसन्नचित्त; ~ *interval* **स्वस्थ अन्तराल**, पागलपन या घबड़ाहटᶠके बीचका स्वस्थ काल।

Lucida –'सिडॅ n. (जीववि०) प्रकाशकाय, जुगनू आदि जीव।

lucidity, lucidness लॅसि'डिटि, –नि`स् nn. मनोवैशद्य, स्वच्छताᶠ, मनोवैमल्य, उज्ज्वलताᶠ, स्पष्टताᶠ, प्रसाद, प्रांजलताᶠ, सफाईᶠ; दीप्तिᶠ, कान्तिᶠ, शोभाᶠ, प्रभाᶠ, द्युतिᶠ।

Lucifer लू(ल्यू)'सिफ़ॅर् n. शुक्र; (रसा०) T; **दियासलाई**ᶠ; ~ match **घर्षणी दियासलाई**ᶠ।

luciferous –'फ़ॅरॅस a. दीप्तिकर, प्रकाशक, चमकीला, T.

luciform –सिफ़ॉर्म् n. तेजोमय, प्रकाशमान्, दीप्तियुक्त।

lucifugous –'फ्यूगॅस a. चौंधियानेवाला।

luck लक् n. दैव, दैवयोग, भाग्य, भागधेय, विधिᶠ, नियतिᶠ, भवितव्यताᶠ, अदृष्ट, किस्मतᶠ; ~-penny (खरीदारको लौटाया गया) थोड़ा रुपया; *as ~ would have it* दुर्भाग्यसे; *just my ~* वही दुर्भाग्य।

luckily –'किलि adv. दैवात्, भाग्यवशात्, भाग्यसे; सौभाग्यसे।

luckiness –किनि`स् n. सौभाग्यवत्ताᶠ, धन्यताᶠ, पुण्यवत्ताᶠ, सौभाग्यशालिताᶠ, खुशकिस्मतीᶠ।

luckless –क्'लि`स् a. अधन्य, अभाग्य, मन्दभाग्य, भाग्यहीन, दैवोपहत, अभागा।

locklessness –नि`स् n. अधन्यताᶠ, अभाग्यताᶠ, भाग्यहीनताᶠ, अभागापन।

lucky[1] ल'कि n. (ग्रा०) पलायन, भाग जाना।

lucky[2] a. भाग्यवान्, सौभाग्यवान्, धन्य, पुण्यवान्, भाग्यशाली; (संयोगतया) शुद्ध, ठीक; ठीक तीर-तुक्केका; समयपर होनेवाला; शुभ, भद्र, मंगल, नेक; ~-bag, -tub (न्यूनाधिक दामकी वस्तुओंᶠसे भरा) भाग्य परखनेका झोला; ~ day, ~ guess, ~ hit, ~man, ~ penny ~ shot, ~ stone, ~ store.

lucrative लू(ल्यू)'क्रॅटिव् a. अर्थद, फलावह, प्रलाभी, लाभकर, लाभजनक; (कानून) निर्मूल्य (~ title)।

lucrativeness –निस् n. अर्थदताᶠ, फलावहताᶠ, प्रलाभ, लाभजनकताᶠ; (कानून, सम्पत्तिᶠकी) निर्मूल्यताᶠ।

lucre –कॅर n. आयᶠ, अर्थागम, फलोदय, अर्थप्राप्तिᶠ, सुलाभ, लाभ, आमदनीᶠ; धन, पैसा।

Lucretia लुक्रे'शॅ n. सतीᶠ, पतिव्रताᶠ, सम्मानित जीवन बितानेवाली महिलाᶠ।

luctation लक्टे'शॅन् n. संघर्ष, संग्राम, द्वन्द्व, लड़ाईᶠ।

lucubrate लू(ल्यू)'क्यूब्रेट् v.i. पाण्डित्यपूर्ण वादविवाद करना, (लिखकर) विचार व्यक्त करना; नैश अध्ययन करना, रात^F में पढ़ना; अध्ययनपूर्ण ग्रन्थ लिखना।

lucubration –ब्रे'शॅन् n. रात्र्यभ्यास, नैश अध्ययन, दीपालोकमें अध्ययन, रात^F का स्वाध्याय; (विशे०) पाण्डित्यपूर्ण रचना^F।

lucubrator –क्यूब्रेटॅर् n. नैश अध्येता।

lucubratory –रि a. रात्रि-लिखित, रात्रि^F का लिखा हुआ।

luculent लू(ल्यू)'क्यूलॅन्ट् a. पारदर्शक, (कथित) निर्मल, विमल, स्वच्छ, साफ; सुव्यक्त, सुस्पष्ट (~*explanation, proof*)।

luculite –'लाइट् n. चूनेका काला पत्थर।

lud ⊙ लड्' n. (*my* ~) = LORD.

Luddite ल'डाइट् n. (सन् १८१२–१८ तकके) इंग्लैंडके गरम दलका सदस्य।

ludicrous लू(ल्यू)'डिक्रॅस् a. परिहासजनक, उपहासास्पद, हास्यजनक, **हास्यास्पद,** हास्य, हासकर, असंगत, अजीब, भद्दा, भोंड़ा।

ludicrousness –नॅस् n. परिहासजनकता^F, उपहासास्पदता^F, हास्यजनकता^F, भद्दापन, भोंडापन।

ludo ल्यू(लू)'डो n. (एक प्रकारका खेल), लूडो।

lues लू'ईज् n. (चि०) क्वचित् प्लेग; फिरंग रोग, फिरंगोपदेश, उपदंश, गर्मी^F; महामारी^F।

luetic लॅऍ'टिक् a. फिरंग-सम्बन्धी, फिरंग-ग्रस्त।

luff[1] लफ्' n. **अन्तर्भुजा,** पालका वायु^F की ओरका पार्श्व, मस्तूलका हवाई पहलू; पोतके आगेका सबसे चौड़ा भाग; ऋतुमान; ~-tackle (नौवि०) जहाजकी लम्बी रस्सी^F।

luff[2] v.i. & t. (पोतके अग्र भागको) वातानुकूल करना, **अनुवात होना, हवा^F के साथ होना,** हवा^F की ओर घुमाना; (नौका^F, ~*ing match*) प्रतिद्वन्द्वी नौका^F का वायु^F की अनुकूलता^F को प्राप्त कर लेना।

luffa = LOOFA.

Luftwaffe लुफ्ट्'वॉफ़ॅ n. जर्मन् वायुसेना^F।

lug[1] लग् n. (मछली^F के चारेका) एक बड़ा समुद्री कीड़ा, लग।

lug[2] n. दे० LUGSAIL.

lug[3] n. (स्कॉट०) कर्ण, कान; (लोहेके साँचे आदिका) दस्ता; ~-chair आराम कुर्सी^F।

lug[4] n. सबल आकर्षण, बलपूर्वक खिंचाव; **पकड़, अटक।**

lug[5] v.t. & i. बलपूर्वक खींचना, घसीटना, ढोना; तानना; खींचनेकी चेष्टा^F करना, ले जानेका उद्योग करना; (बात^F या विषयको) खींच-तानकर ले आना, घुमा-फिराकर ले आना।

luge ल्यूज् (Swiss dial.) n. & v.i. छोटी हिमगाड़ी (पर चलना)।

luggage ल'गिज् n. उपस्कर, सम्भार, यात्रा-सामग्री^F, **सामान,** बोरिया-बँधना, गठरी-मोटरी^F, माल, असबाब; ~ compartment, ~ office, ~ porter, ~ rate, ~ ticket, ~ van.

lugged लग्ड् a. (यन्त्र०) **पकड़दार** (~ *wheel*); **गंडेदार** (~ *bar*)।

lugger ल'गॅर् n. (पृष्ठ भागमें चतुष्कोण पालयुक्त) एक छोटा पोत, **लगर।**

lugsail लग'सॅल् n. **लगपाल,** एक प्रकारका चतुष्कोण पाल।

lugubrious लू(ल्यू)ग्यू'ब्रिॲस् a. कारुणिक, दुःखात्मक, शोकात्मक, शोचनीय; शोकार्त, विषण्ण, विषादमय, उदास, रंजीदा।

lugubriousness –नॅस् n. कारुणिकता^F, दुःखात्मकता^F, शोकात्मकता^F, शोचनीयता^F; शोकार्तता^F, विषण्णता^F, विषादमयता^F, उदासी^F, रंजीदगी^F।

lukewarm लू(ल्यू)क'वॉर्म a. & n. कोष्ण, कवोष्ण, मन्दोष्ण, अल्पोष्ण, ईषदुष्ण, **गुनगुना, कुनकुना;** निरुत्सुक (व्यक्ति), उत्साहहीन, मन्दोत्साह (पुरुष), निरुत्साह, उदासीन (जन)।

lukewarmness –नॅस् n. कोष्णता^F, कवोष्णता^F, मन्दोष्णता^F, ईषदुष्णता^F, कुनकुनापन; मन्द उद्योग, निरौत्सुक्य, मन्दोत्साहता^F, औदासीन्य, उदासीनता^F।

lull[1] लल् n. शान्ति^F, अक्षोभ, उपशम; (शा० एवं ला०; तूफान इत्यादिमें) निर्वात, ह्रास, उतार।

lull[2] v.t. & i. लोरियों^F से सुलाना, थपकियाँ^F देकर सुलाना; चालबाजी^F से टालना, झूठी तसल्ली^F दे देना; (प्रायः pass.; सागर, झंझा आदिका) शान्त करना या होना, चुप करना, थम जाना, धीमा करना, घटाना, घटना, उतारपर होना।

lullaby[1] ल'लॅबाइ n. स्वापगीत, लोरी^F,

lullaby[2] v.t. लोरियाँ^F गाकर सुलाना।

lumbaginous लम्बे'जिनॅस् a. कटिवात-सम्बन्धी, कटिवेदना-सम्बन्धी।

lumbago –'गो n. कटिवेदना^F, कटिवात, कमर^F का गठिया रोग, शूल रोग।

lumbar[1] –'बर् n. (कृषि०, चि०) **कटि^F, कमर^F;** ~ region कटि प्रदेश; ~ vertebra **कटि कशेरुक;** ~ vein **कटि शिरा^F।**

lumbar[2] a. (चि०) **कटि-,** कटि-सम्बन्धी, कटिदेशीय, कटिसन्निहित, कटिदेशस्थ, कमर^F का; ~puncture (चि०) कटिवेध।

~ artery, ~ curvature, ~ enlargement, ~ nerve, ~ region, ~ trunk, ~ vein.

lumber[1] लम्'बॅर् n. भार, बोझा; प्रकाष्ठ, निरर्थक पदार्थ, काठ-कबाड़, निकम्मी चीज^F, अँगड़-खँगड़, अगड़म-बगड़म; अतिमेद, फालतू चर्बी^F; अनगढ़ इमारती लकड़ी^F ⊙; ~ dealer = TIMBER merchant; ~ jack ⊙ = TIMBER-yard; ~-room खराब लकड़ी^F रखनेका कमरा;

~ carrier, ~ men, ~-mill, ~-scales, ~-trade, ~ wagon.

lumber[2] v.t. & i. (*up, over* के साथ) मार्ग छेंकना, रास्ता रोकना, जगह[F] घेरना; (काठ-कबाड़की भाँति) ढेर लगा देना; जंगली लकड़ी[F] काटना और तैयार करना।

lumber[3] v.i. (*along, past, by* के साथ) भद-भदाते हुए चलना, भद्दी तरहसे चलना।

lumberer लम्'बॅरॅर् n. वन्यकाष्ठ-कर्तक, लकड़हारा, जंगली लकड़ी[F] काटकर तैयार करके भेजनेवाला।

lumbering -रिंग् १. n. प्रकाष्ठ-कर्तन, लकड़ी[F] काटना; २. a. भद्देपनसे चलनेवाला।

lumberman लम्'बॅर्मॅन् n. कठहाड़ीका नौकर; LUMBERER.

lumbersome लम्'बॅर्-सॅम् a. भद्दी चाल[F]-वाला, बेढंगी चाल[F]-वाला।

lumbo- कटि- (~-*abdominal*, ~*dorsal*)।

lumbrical लम्'ब्रिकॅल् n. (~ *muscle* भी) अंगुलि-पेशी[F], **अनुकण्डरा**।

lumen ल्'मे'न् n. (वन०, चि०, जीव०) **अवकाशिका पुटी[F]**, T.

Lumière ल्'मिअेअॅर् a. (~ *process*) रंगीन भाचित्रकी एक विधि[F]।

luminance ल्(ल्यू)'मिनॅन्स् n. चकासा, आलोक, दीप्ति[F], प्रकाश, **ज्योतिर्मयता[F]**।

luminant -नॅन्ट् a. चकासी, प्रकाशमय, चमकदार।

luminary -नॅरि n. ज्योति[F], ज्योतिष्क, नक्षत्र, प्रकाश-ग्रह; आध्यात्मिक ख्याति[F], नैतिक, या बौद्धिक प्रसिद्धि[F]; तेजस्वी व्यक्ति, लब्ध-प्रतिष्ठ पुरुष; शिक्षक, गुरु, मानवी-चित शिक्षादाता।

laminate -नेट् v.t. द्योतित करना, चमकाना।

lumination -नेशॅन् n. अवदीप्ति[F], प्रकाश, चकासा, चमक[F]।

luminescence -ने'सॅन्स् n. (रसा०, भू०, भौ०) **अवदीप्ति[F], संदीप्ति[F]**; (जीव०) **प्रदीप्ति[F]**; चकासा, प्रकाश, चमक[F]।

luminescent -न्ट a. **संदीप्तिशील**, चकासी, प्रकाश-मय, चमकदार; ~ zone **संदीप्ति[F]-मण्डल, संदीप्ति[F]-क्षेत्र, संदीप्ति[F]-ज़ोन**।

luminescing -सिंग् n. चकासन, चमकाना।

luminiferous -नि'फ़ॅरॅस् a. (रसा०) **तेजोवाही, प्रकाशवाही**, प्रकाशी, प्रकाशकर, प्रकाशमय, आलोककारी (~ *ether*)।

luminism -'निज़्म् n. (चित्रकारी[F]) प्रकाश-चित्रण।

luminosity लॅमिनॉ'सिटि n. चकासिता[F], **दीप्ति[F], ज्योति[F]** (~*curve*), प्रकाशमयता[F], चमकीलापन।

luminous ल्(ल्यू)'मिनॅस् a. तेजोमय, प्रभावान्, भासुर, चमकीला, चमकदार; **ज्योति[F]**- सप्रकाश, प्रकाश-मय, आलोकमय, चकासी, **ज्योतिर्मय, ज्योतिष्मान्, प्रदीपी**, तेजस्वी; शुभ्र, **दीप्त, द्युतिमान**, उज्ज्वल, आलो-कित, साफ़; (लेखक आदि) विषय-प्रकाशक, विषय-प्रबोधक, प्रवर्तक;

~ body, ~ column, ~ density, ~ efficiency, ~ energy, ~ flames, ~ flux, ~ insect, ~ intensity, ~ organ, ~ patch, ~ power, ~ reflectance.

luminousness, luminosity -नॅस्नॅस्, लॅमिनॉ'सिटि nn. सप्रकाशता[F], प्रकाशमयता[F]; **दीप्ति[F], द्युति[F]**, चमक[F], आलोकमयता[F], चकासित्व, तेजस्विता[F] इत्यादि।

lumme ल'मि int. हाय रे!

lump[1] लम्प् n. (एक काँटेदार सुरमई मछली[F]), लम्प।

lump[2]* n. **पिण्ड, लोष्ट, ढेला**; डला, नटुली[F]; लोंदा, लोई[F]; राशि[F], ओघ, ढेर; अतिपरिमाण, आधिक्य; ~ sugar डलेवाली चीनी[F]; रोग, ग्रन्थि[F], गाँठ[F], गिल्टी[F]; आघात, चोट[F]; स्थूलकाय व्यक्ति, मिट्टी[F]का लोंदा, गोबर-गणेश, भद्दा आदमी; ~ sum पिण्ड, राशि[F], **एकराशि[F], एकमुश्त; एकमूँठ[F]** (~ *freight*), **एककमी** (~ *charter*); *in the* ~थोक; *is a* ~ *of selfishness* अत्यन्त स्वार्थी हैं; ~ *in throat* (भावावेशमें) कण्ठरोध;

~ allotment, ~ sucker, ~ sum allotment, ~ sum payment.

lump[3] v.t. & i. (*together, with* के साथ) राशी-कृत करना, एकत्र करना, ढेर करना या होना; समान समझना, बराबर समझना; (घोड़े, घटना आदिपर) सारा धन लगा देना; ग्रन्थियाँ[F] बनना, गिल्टी[F] होना, गुमड़े पड़ जाना; भद्देपनसे चलना या बैठना, बेढंगेपनसे चलना या बैठना।

lump[4] v.t. अप्रसन्न होना, जैसे-तैसे निर्वाह करना।

lumper लम्'पॅर् n. (जहाजका) भारवाहक, बोझिया कुली; (इकट्ठा काम लेकर दूसरोंको बाँटनेवाला) छोटा ठेकेदार; वर्गविभाजक, वर्गीकरण करनेवाला; स्थूल-श्रेणी-विभाजक।

lumpiness लम्'पिनि'स् n. गठीलापन।

lumping लम्'पिंग् a. प्रचुर, अधिक (~ *weight*); बृहत्, विशाल, बड़ा।

lumpish -पिश a. स्थूल, भारी, मोटा, भद्दा; स्थूलबुद्धि, जड़वत्, मन्द, मन्थर, मट्ठर, सुस्त; मूर्ख, पोंदू।

lumpishness -निस् n. भारीपन, भद्दापन; शैथिल्य, सुस्ती[F]।

lumpy -पि a. **पिण्डी**, पिण्डीभूत, गठीला, गुमड़ेदार, गिल्टीदार, गाँठदार, ढेलेवाला, **ढेलेदार**; स्थूल, भद्दा, भारी; (जल) क्षुब्ध, अशान्त, तरंगित।

luna लूनॉ n. (रसा०) रजत[F], **चाँदी[F]**; चन्द्रमा, चाँद।

lunacy लू(ल्यू)'नॅसि n. **उन्माद**, विक्षिप्तता[F], वातुलता[F], **पागलपन**, सिड़ीपन; बुद्धिभ्रंश, चित्त-विक्षेप, मानसिक विकार, मानसिक अवस्था[F]; वज्रमूढ़ता[F]।

lunar[1] लू(ल्यू)'नॅर् n. चान्द्र पर्यवेक्षण, चान्द्र दूरी[F]; (कलाई[F]की) चन्द्रास्थि[F], वक्र चन्द्री हड्डी[F]।

lunar[2] a. इन्दुकीय, **चन्द्र-, चान्द्र**, चन्द्र-विषयक, चाँद-सा; (कीर्ति[F], प्रकाश आदि) मन्द, फीका, हलका; (विशे० कलाई[F]की हड्डी[F]) चन्द्राकार, वक्रचन्द्राकार; रजत, रजत[F]-का, चाँदी[F]का, ~ caustic **क्षारक रजत**; सिल्वर नाइट्रेट; ~ distance चाँद और किसी अन्य ग्रहके

चीचकी दूरी^F; ~ month चान्द्रमास; ~ nodes चन्द्र-ग्रहणकी कक्षा^F; ~ politics अव्यावहारिक प्रश्न; ~ rain-bow चन्द्र-धनुष;
~ atmospheric tide, ~ cycle, ~ day, ~ eclipse, ~ equation, ~ halo, ~ nutation, ~ observation, ~ perturbation, ~ table, ~ theory, ~ tide, ~ varition, ~ year.

lunarian –नेअॅ'रिअॅन् n. चन्द्र-निवासी; चन्द्र-ज्ञानी (ज्योतिषी या नाविक)।

lunary –'नॅरि a. चान्द्र, चन्द्रमा-विषयक, चाँद-सम्बन्धी।

lunate, -ated –नेट्, -एटिड् aa. **अर्धचन्द्राकार,** अर्द्धचन्द्राकृति, वक्रचन्द्राकार, **अर्धचन्द्राभ, हिलाली,** (~*bone*) आधे चाँद सा।

lunatic लू(ल्यू)'नटिक् a. & n. वातुल या **उन्मत्त** (पुरुष), विक्षिप्त (व्यक्ति), हतबुद्धि, **पागल** (आदमी), दीवाना (आदमी), बावला (~ *convict*); (कार्य आदि) क्षिप्त, विक्षिप्त, विकृतमस्तिष्क, अत्यन्त मूर्खतापूर्ण; ~ asylum **पागलखाना**।

lunation लू(ल्यू)ने'शॅन् n. **चान्द्र मास।**

lunch[1], luncheon[1] लन्च्', 'लन्'चन् n. उपाहार, **मध्याह्न-भोजन,** विकाल भोजन, **खाना,** लंच; ~ interval उपाहारावकाश।

lunch[2], luncheon[2] v. i. & t. भोजन करना, जीमना; भोजन देना, लंच देना।

lune लून्', ल्यून्' n. (रेखा०) चाप, **इन्दुक,** अर्द्धचन्द्र; अर्द्धचन्द्राकार द्रव्य या आकृति^F।

lunette लू(ल्यू)नेट' n. (गुम्बद या छत^Fका) **अर्द्धचन्द्रक,** (छत^Fका) गवाक्ष, मोखा, मेहराबी रोशनदान; (दो अग्र-भाग एवं दो पश्चभागयुक्त) विशाल दुर्ग; उन्नतोदर काच, ऐनकका उभरा शीशा; गाँसी^F, गिलोटिनमें गर्दन^F डालनेका छिद्र।

lung लन्ग्' n. **फुफ्फुस, फेफड़ा;** good ~s ऊँची या बड़ी आवाज^F; ~ fish **द्विरवासी मीन;** ~ fever (चि०) फुफ्फुसपाक, न्योमोनिया;
~-book, ~ bud, ~ deflation, ~ fluke, ~ inflation, ~ respiration, ~ tissue, ~ trouble.

lunge[1], longe[1] लन्ज, लन्ज् nn. बागडोर^F; घोड़ा फेरनेका मैदान।

lunge[2], longe[2] vvt. (बागडोर द्वारा) घोड़ेको मैदानमें फेरना।

lunge[3] n. पटेबाजी^Fका हाथ, तलवार^Fकी हूल^F; आकस्मिक अग्रगति^F, हल्ला, झपट^F।

lunge[4] v. i. & t. (असिवाहन कला^Fमें) तलवार^F हूलना, तलवार^F भोंकना (*at, out* के साथ); मुक्केबाजी^Fमें) कन्धेसे धकियाना, कन्धेसे टक्कर^F मारना; (घोड़ेका) लात झाड़ना, लात मारना; (तलवार^F, डंक आदि) वेगसे मारना, जोरसे चलाना; धावा करना, झपटना, हल्ला करना, टूट पड़ना।

lunged लन्ड्' a. फुफ्फुसयुक्त, फेफड़ेवाला।

lungless –ग्'लिस a. फुफ्फुसरहित, बिना फेफड़ेका।

lungwort लन्ग'वर्ट् n. स्वर्णधान्य।

luniform लू(ल्यू)'निफार्म् a. चन्द्राकार, चन्द्राकृति।

lunisolar लू(ल्यू)निसो'लॅर् a. **चान्द्र-सौर** (~ *tide*), चन्द्र-सूर्य सम्बन्धी; ~ precession **चान्द्रसौर अयन।**

lunkah लन्'कॅ n. (एक प्रकारकी तेज हिन्दुस्तानी चुरुट), लंका।

lunt लन्'ट n. प्रचण्ड अग्निकाण्ड, तेज आग^F; धुँआ।

lunula लू(ल्यू)'न्यूलॅ n. अर्द्धचन्द्र, **चन्द्रिका^F; चन्द्र भूषण;** (चिं०) **नखचन्द्रक,** नखमूलका अर्धचन्द्राकृति भाग।

lunular, lunulate –लॅर्, –लॅट् aa. अर्द्धचन्द्राकार।

lunule –ल् n. अर्द्धचन्द्राकार आकृति^F।

lupin(e)[1] लू(ल्यू)'पिन् n. द्विदल, शमी धान्य, (एक उद्यानारोपित पौधा), ल्यूपिन; (प्रायः pl.) ल्यूपिन या उसका बीज।

lupine[2] लू(ल्यू)'पाइन् a. वृकवत, भेड़िये जैसा; भेड़ियेका।

lupoid, lupous लू(ल्यू)'पाएड्, लू(ल्यू)'पॅस् aa. लूपस स्वरूप, लूपस-सम्बन्धी।

lupulin ल्यू'प्यूलिन् n. पराग-चूर्ण।

lupus लू(ल्यू)'पॅस् n. चिरकारी त्वग्यक्ष्मा; (गणि०) **वृक, लूपस।**

lurch[1] लर्च् n. विपत्ति^F, संकट, मुसीबत^F, आपत्काल; *leave in the* ~ संकटावस्था^Fमें साथ छोड़ देना, मित्र-परित्याग, सुहृत-परित्यजन।

lurch[2] n. अवस्खलन, लड़खड़ाहट^F, (एक ओरको) आकस्मिक झुकाव, **झोंका, झटका;** घात।

lurch[3] v. i. अवस्खलित होना, लड़खड़ाना, अचानक (जहाजका) उलटना, एक ओर झुक जाना, **झोंका खाना,** कलाबाजी^F खाना; = LURK[2].

lurcher लर्'चॅर् n. धूर्त, वंचक, उठाईगीर, चोर, चोट्टा; कौटिक कुक्कुर, (एक दोगला कुत्ता), लर्चर।

lurdan, lurdane, lurden लर्'डॅन्, –डेन् nn. मूर्ख व्यक्ति, मूढ़ जन; मन्द व्यक्ति, आलसी मनुष्य, भोंदू आदमी।

lure[1] ल्युअॅर्' n. (प्रलोभनार्थ) आमिष, चर्म-पक्षी, चमड़ेकी चिड़िया^F, T., प्रलोभक वस्तु^F; मोहक गुण; आकर्षण, प्रलोभन, विलोभन, फुसलाहट^F।

lure[2] v.t. (चर्म-पक्षी दिखाकर) बाजको बुलाना; (व्यक्ति या पशुको), (प्रायः *away* या *into* के साथ) आकर्षित करना, प्रलोभित करना, लुभाना, ललचाना, फुसलाना, झाँसा देना।

lurid ल्युअॅ'रिड् a. मलिनप्रभ, म्लान, विवर्ण, पाण्डु, फीका, पीला; (आकाश आदि) तमोवृत, अन्धकारपूर्ण, भयानक, भयंकर, डरावना, तूफानी; उग्र, घोर, अस्वाभाविक; (वन० आदि) मलिन, मैला, धुँधला (*casts a ~ light on*)।

luridness –निस् n. म्लानता^F, विवर्णता^F, पीलापन; भयानकता^F, भयंकरता^F, तूफानीपन; उग्रता^F,

अस्वाभाविकता[F]; मैलापन, बादामीपन, धुँधलापन।

lurk[1] लर्क् n. = LURKING-place.

lurk[2] v. i. **प्रच्छन्न होना,** निलीन होना, छिपना, दुबकना, ताक[F] लगाना, घात[F] में बैठना (*in, under, about* के साथ); *on the ~* छिपकर देखते हुए।

lurker –'कर् n. दुबकनेवाला, घात[F] में छिपकर बैठनेवाला मनुष्य।

lurking –'किंग् a. **प्रच्छन्न,** निलीन, छिपा हुआ; ~-place गुप्ति; निलय, प्रच्छन्न वास, गूढ़ स्थल, गुप्त स्थान।

lurry ल'रि n. बड़बड़ाहट[F]; भीड़[F]।

luscious ल'शॅस a. सुस्वादु, स्वादिष्ठ, कमनीय, मधुर, मजेदार, मीठा; ससौरभ, सुगन्धिमय, अत्यधिक सुगन्धि[F]-वाला; (भाषा[F] या शैली[F]) ललित, माधुर्यमय।

lusciousness –नि्स् n. सुस्वादुता[F], स्वादिष्ठता[F], कमनीयता[F], मधुरता[F], मजा, मिठास[F], लज्जत[F], मीठापन; ससौरभत्व, सुगन्धिमयता[F], लालित्य, माधुर्य।

lush[1] लश् n. पेया, मद्य, मदिरा[F], कादम्ब, शराब[F]।

lush[2] v.t. & i. खूब शराब[F] पिलाना, शराब[F] पिलाकर धुत कर देना; पीना, पान करना।

lush[3] a. (विशे० घास) रसयुक्त, सान्द्र, सरस, रसीला, संकुलित, घना।

lushy ल'शि a. (ग्रा०) मधुमत्त, मस्त, धुत्त, पिये हुए, चढ़ाये हुए, शराब[F] पिये हुए।

Lusitanian ल्यूसिटे'निअॅन् a. पुर्तगाली, (प्रा०) लुसिटानियाका।

lusk लस्क् a. निष्क्रिय, आलसी, सुस्त।

lust[1] लस्ट् n. **काम,** ऐन्द्रिय आसक्ति[F], वासना[F]; सम्भोगेच्छा[F], कामासक्ति[F], **कामुकता**[F], मैथुनेच्छा[F]; आवेगपूर्ण कामना[F], आवेशमयी आकांक्षा[F], स्पृहा[F], वांछा[F], लालसा[F], लोभ (*~ of conquest, battle*)।

lust[2] v.t. सावेग कामना[F] करना, उत्कट इच्छा[F] रखना, शौक रखना।

lustful –'फ़ुल् a. कामी, कामासक्त, विषयी, कामार्त्त, व्यसनी, लम्पट, कामातुर; लालसापूर्ण।

lustfulness –नि्स् n. कामातुरता[F]; लालसापूर्णता[F]।

lustihood, lustiness[1] लस्'टिहुड्, –टिनि्स् nn. सबलता[F], मांसलता[F], सत्त्व, दृढ़ांगता[F], हट्टाकट्टापन, जोर।

lustiness[2] –टिनि्स् n. कामुकता[F]; लालसापूर्णता[F]।

lustral लस्'ट्रल् a. पावन, शुद्धिकर, शोधक, प्रक्षालन-सम्बन्धी; संस्कार-सम्बन्धी, पावनीकरण-समारोहमें व्यवहृत।

lustrate –ट्रेट् v.t. (बलिप्रदान, सांस्कारिक प्रक्षालन द्वारा) संस्कार करना, पावन करना, पूत करना, पवित्र बनाना, साफ करना, धोना।

lustration –ट्रे'शॅन् n. संस्कार, शुद्धि[F], शोधन, पावनीकरण, पवित्रीकरण, सफाई[F]।

lustrative –'ट्रॅटिव् a. पावन, शोधक।

lustre[1] लस्'टॅर् n. **द्युति**[F], दीप्ति[F], **कान्ति**[F], प्रभा[F], प्रकाश, **चमक**[F], दमक[F]; तेज, ओजस्विता[F], तेजस्विता[F], उद्योत, प्रताप; प्रभामय लावण्य, कान्तिमान् सौन्दर्य; शोभा[F], भव्यता[F]; गौरव, गरिमा[F], प्रताप, महिमा[F], वैशिष्ट्य (*add ~ to*); (समपार्श्व काचका) दीपवृक्ष, झाड़-फानूस; दीप्तिमान् तल; एक चमकीला ऊन।

lustre[2] v.t. (वस्त्र, मिट्टी[F]के बर्तन आदिको) चमकाना, चमक[F] लाना।

lustre[3] n. दे० LUSTRUM.

lustreless –लि्स् a. निस्तेज, कान्तिहीन, निष्प्रभ, द्युतिहीन, दीप्तिहीन, बिना चमक[F]का; उदास।

lustrine, lustring ⊙ लस्'ट्रिन्, –ट्रिंग् nn. चीनांशुक, चमकीला रेशमी वस्त्र।

lustrous लस्'ट्रॅस् a. सुप्रभ, **द्युतिमान,** दीप्तिमान्, कान्तिमान्, उज्ज्वल, उजला, चमकीला; तेजस्वी; शोभन।

lustrum लस्'ट्रॅम् n. (pl. *-a, -s*) (ज्यौ०) **पंचवर्षक;** पाँच वर्षकी अवधि[F]।

lusty लॅस्'टि a. व्यूढोरस्क, महाकाय, वज्रदेह, दृढ़काय, दृढ़ांग, मांसल; महाबल, ससत्त्व, बलवान्, सबल, बलिष्ठ, मोटा, मोटाताजा, हट्टाकट्टा; स्फूर्तिमान्, फुर्तीला।

lusus लू (ल्यू)'सॅस् n. = FREAK.

lusus naturae (L) n. प्रकृति-वैचित्र्य।

lutanist लू (ल्यू)'टॅनिस्ट् n. वैणिक, वीणावादक, बीन[F] बजानेवाला।

lute[1] लूट्, ल्यूट् n. शार्ङ्गी[F], सारंगी[F], वीणा[F], विपंची[F], तन्त्री[F], बीन[F]।

lute[2] n. पंक, मृदु मृत्तिका[F], चिकनी मिट्टी[F]; सीमेण्ट[F]; निर्वात जोड़ाई[F], एयरटाइट जुड़ाई[F], छिद्र बन्द करनेका काम।

lute[3] v.t. (छेदको) चिकनी मिट्टी[F]से बन्द करना, सीमेण्ट[F]-से बन्द करना।

lutein ल्यू'टिइन् n. (कृषि०, चि०) डिम्बपीतक, **पीतिस्राव, पीतिका**[F], जर्दी[F], अण्डेका पीला भाग, T, डिम्बपुटिकाका पीला वर्णक।

luteo- ईषत्पीत-, आपीत-, नारंगी- (*~-fulvous*)।

luteolin लू (ल्यू)'टिअॅलिन् n. आपीति[F], एक पीला रंग।

luteolous –लॅस् a. आपीत, ईषत्पीत, पीताभ, पिलाई[F] लिये हुए।

luteous –अॅस् a. पीतवर्ण, पक्का पीला, मटियाला।

luter लू (ल्यू)'टॅर् n. = LUTANIST.

lutescent ल्यूटे'सॅन्ट् a. पीतवर्ण, नारंगी रंग जैसा।

lutestring लू (ल्यू)ट्'स्ट्रिंग् n. उज्ज्वल रेशमी-वस्त्र; वीणा[F]के तार।

Lutetian लू (ल्यू)टी'शन् a. पेरिसी, पेरिस-सम्बन्धी।

Lutheran लू (ल्यू)'थॅरॅन् a. & n. मार्टिन लूथरका (अनुयायी), विद्रोही सिद्धान्तवादी गिर्जेका (सदस्य)।

Lutheranism –निज़्म् n. लूथरमत, लूथरका सम्प्रदाय।

Lutheranize –नाइज् v. i. लूथरमतवादी बनाना या बनना।

lutist लू (ल्यू)'टिस्ट् n. = LUTANIST.

lutose लू (ल्यू) टोस् a. मृत्तिकावृत, मृत्तिकाच्छादित, मिट्टी[F]से ढँका हुआ।

lux लक्स् १. n. ज्योति[F], प्रकाशकी इकाई[F], T; २. v.t. = LUXATE.

luxate लक्'सेट् v.t. स्थानभ्रष्ट करना, (हड्डी^F या जोड़ें) उतार देना, उखाड़ना।
luxated –टि'ड् a. सन्धिभ्रष्ट, त्रुटितसन्धि^F।
luxation –से'शॅन् n. अस्थिभंग, संधिविश्लेष, (हड्डी^F या जोड़का) सरकाव, संधि-विश्लेष; उखाड़।
luxe (F) n. गौरवशाली, शानदार।
lux mundi (L) n. जगत्प्रकाश।
luxometer ⊙ लक्सों'मि'टॅर् n. **लक्समापी।**
luxuriance लक्स्युअॅ'रिॲन्स् n. अतिस्फीति^F, अतिवृद्धि^F, समृद्धि^F, वृद्धिबाहुल्य; उद्रेक, आधिक्य, अतिशयता, बहुतायत^F।
luxuriancy –न्सि n. = LUXURIANCE.
luxuriant –न्ट् a. अति, अत्यन्त, अतिबहुल, अत्यधिक, प्रचुर, सुप्रचुर; प्रवर्द्धिष्णु, अतिसमृद्ध; (शा०, ला०, कल्पना^F आदिके विषयमें) अतिरिक्त, व्यतिरिक्त, अतिस्फीत, उर्वर, व्युत्पन्न; (साहित्यिक या कलात्मक शैली^F) अलंकृत, सजावटी।
luxuriate लक्स्युअॅ'रिएट् v. i. भोग-विलास करना, आनन्द मनाना, सुख भोगना, मौज^F उड़ाना, चैनकी बंशी^F बजाना, मजे उड़ाना।
luxurious –अॅस् a. विलासी, विषयासक्त, भोगपरायण, विषयसेवी, सुखभोगी, सुखपरायण; सविलास, विलासमय, अतिसुखावह, सुखकर, आनन्दपूर्ण, सुखप्रद।
luxuriousness –नि'स n. विलासिता^F, विषयासक्ति^F, भोगपरायणता^F; विलासत्व, विलासमयता^F; अतिसुखावहता^F, सुखकरता^F, आनन्दपूर्णता^F, सुखप्रदता^F।
luxurist लक्'सॅरिस्ट् n. भोगवादी, विलासी मनुष्य।
luxury –रि n. विषय-सुख, भोगसक्ति^F, सुखोपभोग, सुखासक्ति^F, ऐयाशी^F, **ऐश**, रंगरास; **विलास**, सुखास्वाद, भोग, सुख; भोग-साधन, सुख-साधन, विलासमयता^F, विलास-बाहुल्य; **विलास-वस्तु^F**, उपकरण; स्वादु, अन्न।
L.V. Licence Vendor.
L.V.A.S. Laboratory Veterinary Assistant Surgeon.
L.V.C. Laboratory Veterinary Compounder.
l.w. long wave.
L.W.M. Low Water Mark.
L.W.O. Liaison and Welfare Officer.
L.W.P. Leave Without Pay.
-ly¹ -ईय, -आत्मक, -युक्त, -विषयक, -सम्बन्धी, -का (*king~, scholar~, soldier~*)।
-ly² -पूर्वक, -ढंगसे, -के साथ, से (क्रियाविशेषण बनाने में, *feeb~, gent~, strong~, wrong~*)।
lyam लाइ'ॲम् n. रस्सी^F, लियम^F; (एक शिकारी कुत्ता) ~-hound आखेटक श्वान, शिकारी कुत्ता, खूनी कुत्ता।
lycanthrope लाइ'कॅन्थ्रोप् n. वृकोन्मादी, भेड़िया-पागल।
lycanthropy –कैन्'थ्रॅपि n. **वृकोन्माद**, वन्यपशून्माद, उन्मादरोग-विशेष।
Lyceum लाइसी'ॲम् n. साहित्यिक संस्था^F, विद्यालय; भाषण-कक्ष, उपदेश-स्थल, शिक्षण-स्थान; ~ bureau ⊙ भाषण संस्थान, लेक्चर एजेन्सी^F।
lych-gate लिच'-गेट् = LICH-GATE.
lychnoscope लिक्'नॅस्कोप् n. (गिरजेमें कोढ़ियोंके लिए) वातायन, खिड़की^F।
lyddite लि'डाइट् n. कड्विक स्फोट, (भक से उड़जानेवाला एक पदार्थ)।
Lydian लि'डिॲन् a. & n. (एशिया माइनर के प्राचीन भाग) लीडियाका (निवासी), लीडियायी (भाषा^F); ~ mode प्राचीन ग्रीक पद्धति^F, स्त्रैण रीति^F, जनाना ढंग।
lye लाइ' n. घोल, पल्पूलन; क्षारोदक, सज्जीदार पानी, खार मिला हुआ पानी।
lygon लि'गॉन् n. सिंह और बाघिन^Fका बच्चा।
lying¹ लाइ'इंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) लेटना; लेटनेकी स्थिति^F; लेटनेका स्थान (*soft, dry~*); **असत्य भाषण,** मिथ्या-भाषण; **~-in प्रसवाश्रयण;** प्रसवमाना^F, प्रजायिनी^F; ~-in hospital प्रसवालय, **प्रसवाश्रय, ~-up ओट^F।**
lying² a. वंचक, प्रवंचना-पूर्ण, असत्य, निराधार, झूठा; अनृतवादी लबार; (क्रियागत अर्थोंमें) लेटा हुआ, पड़ा हुआ।
lyke-wake लाइक्-वेक् n. (रात्रि^Fमें) शव-रक्षण, लाश^Fकी पहरेदारी^F।
lymph लिम्फ्' n. निर्मल जल, शुद्ध पानी; (श० र० शा०) लिम्फ; (टीका लगानेके कार्यमें प्रयुक्त) चेचकका रस, टीकेका अन्य रस; ~ scrotum (चि०) लसिका^F-वृषण, लसायनियों^Fकी स्फीति^Fसे वृषणवृद्धि^F;
~ drop, ~ duct, ~ gland, ~ heart, ~ node, ~ register, ~ result, ~ stream, ~ vaccination.
lymphad लिम्'फैड् n. (स्काटलैण्ड) छोटा पोत, नौका^F, नाव^F, एक पालका जहाज।
lymphadenitis लिम्फॅडि'नाइ'टिस् n. रसग्रन्थ्यर्ति^F, लसीका^F-ग्रन्थशोथ, लसीका^F-ग्रन्थिशोथ।
lymphagogue –फॅगॉग् n. (चि०) लसिकावर्धक।
lymphatic¹ –फै'टिक् n. रसनाली^F, लसीका^F-नालिका^F।
lymphatic² a. लसीकीय, पंछा-सम्बन्धी, लिम्फ-विषयक; **लसीका^F-**, लसिकायनीय, **लसिका^F-सम्बन्धी**, लसीका^F-वाही, लसीका^F-वाहिनी; (व्यक्ति या स्वभाव) स्रस्त, च्युत, ढीला-ढाला; पाण्डुर, पीतवर्ण; निष्क्रिय, अकर्मण्य; ~duct (कृषि०) लसीका^F-वाहिनी^F;
~ capillary, ~ fluid, ~ gland, ~obstruction, ~ organ, ~ spaces, ~ system, ~ trunk, ~vessel.
lymphocyte –'फॅसाइट् n. (चि०) लसीकोशा, **लसीकाणु**, लसिका^F-कायाणु, **लसिका^F-कणिका^F**, लसीका^F-ग्रन्थि^F, यकृत्प्रदाह, तिल्ली^Fकी सूजन^F।
lymphoid –फाएॅड् a. (चि०) **लसीकाभ** (*~tissue*)।
lymphous –फॅस a. लसीकापूर्ण, लिम्फदार।

lyncean लिन्सी'ॲन् a. तीव्रदृष्टि, तीक्ष्णदृष्टि।

lynch लिन्च' n. & v.t. अत्याचार वध (करना); चित्र-वध (करना), तुरन्द न्यांय (करना), लिंच विधि^F (से प्राणदण्ड देना), मारपीट^F (करना)।

lynx लिन्क्स् n. वनमार्जार, बनबिलाव, **विड़ाल**, लिंक्स; ~-eyed तीक्ष्ण दृष्टिवाला।

Lyon लाइ'अॅन् (या ~ *King of Arms*) (स्काट-लैण्डका) अग्रदूत, बड़ा सरदार।

lyophile लि'ॲफिल् a. (चि०) **द्रवप्रिय**।

lyophilic –फि'लिक् a. (चि०) **द्रवस्नेही, द्रवप्रिय**।

lyophobe –लि'ॲफोब् n. (चि०) **द्रवद्विष**।

lyophobic –फॉ'बिक् a. (चि०) द्रवद्वेषी, **द्रवविरोधी** (~ *colloid*)।

Lyra लाइअॅ'रॅ n. एक नक्षत्र-समूह, लीरा (गणि०) **लाइरा, वीणा**।

Lyraid, Lyrid लाइऑ'रेड, लाइअॅ'रिड् nn. लगभग २० अप्रैलको लाइरा (lyra) से उत्पन्न होनेवाली उल्का^F।

lyrate लाइअॅ'रॅट n. (प्राकृ० इति०) वीणाकार।

lyre ल'ॲर्' n. शार्ङ्गी^F, **वीणा^F**, विपंची^F, बीन^F, T; ~-bird वीणापुच्छ, आस्ट्रेलियाका एक पक्षी।

lyric¹ लि'रिक् n. गीतिकाव्य, लिरिक; (pl.) गेय छन्द, प्रगीत।

lyric² a. वैणिक, वीणा^Fका, वीणा-सम्बन्धी; गेय, गीता-त्मक, गीतिमय, गीतपरक; (कवि०) गीतिकार; (कविता^F) रचयिताके आन्तरिक विचारोंको अभिव्यक्त करनेवाली; ~ poetry गीतिकाव्य; ~ stage = OPERA.

lyrical –कॅल् a. वैणिक, गेय, गीतिमय, गीतात्मक।

lyricism –रिसिज़्म् n. गेयत्व, गेयता^F, गीतवैशिष्ट्य; गीत-व्यंजना^F; गीतिमयता^F; उदात्त भाव, सुललित भाव।

lyricist –सिस्ट् n. गीतकार।

Lyrid लाइअॅ'रिड् n. (लीरा नक्षत्र-पुंजका) एक नक्षत्र।

lyrist लाइअॅ'रिस्ट् n. वैणिक, वीणावादक, बीनकार।

lysis लाइ'सिस् n. (चिकित्सा^F) शोथनिवारण, **कोशवि-लयन**, उपशमन, अपक्षय, विलयन, **संलयन**, धीरे-धीरे रोगोपशमन; fever ~ अदारुण ज्वर मोक्ष, धीरे-धीरे ज्वरोपशमन।

lysol लाइ'सॅल् n. (कृषि०, चि०) **लाइसोल**, एक संक्रमणनाशक ओषधि^F।

lythrum लाइथ्रॅम् n. अग्निज्वालक, रक्तकुसुम।

lync

lync

ज्ञान